केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) एवं NCTE पाठ्यक्रम पर आधारित
केन्द्रीय एवं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, पंजाब एवं
हरियाणा राज्यों की शिक्षक पात्रता परीक्षा

सामाजिक अध्ययन

ज्ञान-कोश

(विस्तृत विश्लेषण एवं व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र)

(कक्षा VI से VIII के शिक्षकों हेतु)

संपादन एवं संकलन
CTET & TETs यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स परीक्षा विशेषज्ञ समिति

कम्प्यूटर ग्राफिक्स
बालकृष्ण एवं चरन सिंह

संपादकीय कार्यालय
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
मो. : 9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com

प्रकाशन घोषणा
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर,
यूथ काम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है
फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

मूल्य : 495/-

विषय-सूची

भाग-1

■ UP TET & CTET (VI-VIII) सामाजिक अध्ययन : नवीनतम् परीक्षा पाठ्यक्रम 4

उत्तर प्रदेश TET (UPTET)

■ उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2021 सामाजिक अध्ययन..... 5-15
व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2022)
■ उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता (UPTET) परीक्षा, 2019 सामाजिक अध्ययन 16-23
व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 8 जनवरी, 2020)

केन्द्रीय TET (CTET)

■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (21-01-2022) 24-39
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (17-01-2022) 40-55
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (12-01-2022) 56-70
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (11-01-2022) 71-85
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (10-01-2022) 86-101
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (08-01-2022) 102-116
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (07-01-2022) 117-132
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (06-01-2022) 133-147
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (05-01-2022) 148-164
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (04-01-2022) 165-181
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (03-01-2022) 182-198
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (01-01-2022) 199-213
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (31-12-2021) 214-226
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (30-12-2021) 227-241
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (29-12-2021) 242-254
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (28-12-2021) 255-268
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (27-12-2021) 269-283
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (24-12-2021) 284-300
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (23-12-2021) 301-314
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (22-12-2021) 315-329
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (21-12-2021) 330-343
■ CTET, 2021 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (20-12-2021) 344-356
■ CTET, 2020 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (31-01-2021) 357-370
■ CTET, 2019 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (08-12-2019) 371-384

भाग-2

■ CTET 2019 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (07-07-2019) 1-17
■ CTET 2018 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (09-12-2018) 18-25
■ CTET 2016 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (18-09-2016) 26-35
■ CTET 2016 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (21-02-2016) 36-42
■ CTET 2015 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (20-09-2015) 43-49
■ CTET 2015 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (22-02-2015) 50-56
■ CTET 2014 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (21-09-2014).....57-63
■ CTET 2014 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (16-02-2014) 64-70
■ CTET 2013 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (28-07-2013) 71-76
■ CTET 2012 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (18-11-2012)..... 77-82
■ CTET 2012 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (29-01-2012) 83-89
■ CTET 2011 सामाजिक अध्ययन व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (26-06-2011) 90-98

उत्तर प्रदेश TET

- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2018 सामाजिक अध्ययन 99-103
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 18 नवम्बर, 2018)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2017 सामाजिक अध्ययन 104-109
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 15 अक्टूबर, 2017)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2016 सामाजिक अध्ययन 110-115
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 19 दिसम्बर, 2016)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2016 सामाजिक अध्ययन 116-122
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 2 फरवरी, 2016)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2014 सामाजिक अध्ययन 123-127
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 23 फरवरी, 2014)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2013 सामाजिक अध्ययन 128-132
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 27 जून, 2013)
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 133-137
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 13 नवंबर, 2011)

उत्तराखंड TET

- उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2013 सामाजिक अध्ययन 138-143
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII) (परीक्षा तिथि : 12 नवंबर, 2013)

पंजाब TET

- पंजाब शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 144-148
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)

हरियाणा TET

- हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 149-152
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)
- हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2012-13 सामाजिक अध्ययन 153-157
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)
- हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2014 सामाजिक अध्ययन 158-163
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)
- हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2015 सामाजिक अध्ययन 164-167
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)

राजस्थान TET

- राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 168-172
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)
- राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2012 सामाजिक अध्ययन 173-176
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)

बिहार TET

- बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 177-181
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)
- बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2013 सामाजिक अध्ययन 182-186
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)

छत्तीसगढ़ TET

- छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011 सामाजिक अध्ययन 187-192
  व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (VI-VIII)

उत्तर प्रदेश (UP TET) एवं केन्द्रीय (CTET) शिक्षक पात्रता परीक्षा
नवीनतम पाठ्यक्रम (कक्षा VI से VIII के लिए)
सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

V. सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

60 प्रश्न

(क) विषय-वस्तु **40 प्रश्न**

I. इतिहास

- कब, कहाँ और कैसे
- प्रारम्भिक समाज
- प्रथम कृषक और चरवाहे
- प्रथम शहर
- प्रारम्भिक राज्य
- नए विचार
- प्रथम साम्राज्य
- सुदूरवर्ती भूभागों के साथ सम्पर्क
- राजनैतिक गतिविधियाँ
- संस्कृति और विज्ञान
- नए सम्राट और साम्राज्य
- दिल्ली के सुल्तान
- वास्तुकला
- साम्राज्य का सृजन
- सामाजिक परिवर्तन
- क्षेत्रीय संस्कृतियाँ
- कम्पनी शासन की स्थापना
- ग्रामीण जीवन और समाज
- उपनिवेशवाद और जनजातीय समाज
- 1857-58 का विद्रोह
- महिलाएं और सुधार
- जाति व्यवस्था को चुनौती
- राष्ट्रवादी आंदोलन
- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत

II. भूगोल

- एक सामाजिक अध्ययन तथा एक विज्ञान के रूप में भूगोल
- ग्रह : सौरमण्डल में पृथ्वी
- ग्लोब
- अपनी समग्रता में पर्यावरण : प्राकृतिक और मानव पर्यावरण
- वायु
- जल
- मानव पर्यावरण : बस्तियाँ, परिवहन और संप्रेषण
- संसाधन : प्रकार – प्राकृतिक एवं मानवीय
- कृषि

III. सामाजिक और राजनीतिक जीवन

- विविधता
- सरकार
- स्थानीय सरकार
- आजीविका हासिल करना
- लोकतंत्र
- राज्य सरकार
- मीडिया को समझना
- लिंग-भेद समाप्ति
- संविधान
- संसदीय सरकार
- न्यायपालिका
- सामाजिक न्याय और सीमांत लोग

(ख) अध्यापन संबंधी मुद्दे **20 प्रश्न**

- सामाजिक विज्ञान/सामाजिक अध्ययन की अवधारणा और पद्धति
- कक्षा की प्रक्रियाएं, क्रियाकलाप और व्याख्यान
- विवेचित चिंतन का विकास करना
- पूछताछ/अनुभवजन्य साक्ष्य
- सामाजिक विज्ञान/सामाजिक अध्ययन पढ़ाने की समस्याएं
- स्रोत – प्राथमिक और माध्यमिक
- प्रोजेक्ट कार्य
- मूल्यांकन

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता (UPTET) परीक्षा-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-IV

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2022)

1. Bhilai steel plant is located in
भिलाई इस्पात कारखाना स्थित है–

(a) Jharkhand/झारखंड में
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ में
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में
(d) Odisha/ओडिशा में

Ans. (b) : भिलाई इस्पात कारखाना छत्तीसगढ़ में स्थित है। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 ई. में रूस के सहयोग से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में की गयी तथा उत्पादन 1959 से प्रारम्भ हुआ। यह संयंत्र कोलकाता मुम्बई रेलमार्ग पर स्थित है। यहाँ लौह अयस्क डल्ली राजहरा खानों से तथा कोयला कोरबा और करगाली खानों से प्राप्त होता है। बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना रूस के सहयोग से 1964 में बोकारो (झारखण्ड) में स्थापित किया गया। राउरकेला-इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से 1959 ई. में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थापित किया गया।

नोट–स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) की स्थापना जनवरी 1954 को की गयी।

2. Which one of the following rocks is an example of sedimentary rock?
निम्नलिखित शैलों में से कौन-सी अवसादी शैल का उदाहरण है?

(a) Marble/संगमरमर (b) Slate/स्लेट
(c) Shale/शैल (d) Granite/ग्रेनाइट

Ans. (c) : 'शैल' अवसादी चट्टान का उदाहरण है। पृथ्वी तल पर आग्नेय व रूपान्तरित चट्टानों के अपरदन व निक्षेपण के फलस्वरूप निर्मित चट्टानों को अवसादी चट्टान कहते हैं। इन्हें परतदार चट्टान भी कहा जाता है। इनके निर्माण में जैविक अवशेषों का भी योगदान होता है।

(क) यांत्रिक क्रियाओं द्वारा निर्मित चट्टान–बलुआ पत्थर, कांगलोमेरेट या गोलाश्म, चीकामिट्टी, शैल तथा लोएस।

(ख) जैविक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–चूना पत्थर, कोयला, पीट आदि।

(ग) रासायनिक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–खड़िया मिट्टी, सेल खड़ी नमक की चट्टान।

चट्टान तीन प्रकार की होती है–
1. आग्नेय चट्टान
2. अवसादी चट्टान
3. रूपान्तरित चट्टान

3. The tail of a comet always points
पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव होती है–

(a) away from the sun/सूर्य से दूर
(b) towards the sun/सूर्य की ओर
(c) towards North-East/उत्तर-पूर्व की ओर
(d) towards South-East/दक्षिण-पूर्व की ओर

Ans. (a) : पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव सूर्य से दूर होती है ये आकस्मिक धूल बर्फ और हिमानी गैसों के पिंड हैं जो सूर्य से दूर अंधेरे क्षेत्र में रहते हैं। सूर्य के चारों ओर ये लंबी किन्तु अनियमित या असमकेन्द्रित कक्षा में घूमते रहते हैं, जब ये सूर्य के समीप से गुजरते हैं तो गर्म होकर इन गैसों की फुहार निकलती है जो लंबी चमकीली पूँछ के समान प्रतीत होती हैं। सामान्य अवस्था में पुच्छल तारा (कॉमेट) बिना पूँछ का होता है। पुच्छल तारा के शीर्ष को 'कोमा' कहते हैं।

नोट– हैलेका धूमकेतु 76 वर्षों के अंतराल पर दिखाई पड़ता है।

4. Which one of the following is associate with fault?
निम्नलिखित में से कौन भ्रंश से सम्बन्धित है?

(a) Strike valley/नतिलम्ब घाटी
(b) Anticlinorium/समपनति
(c) Hogback/हॉगबैक
(d) Graben/ग्राबेन

Ans. (d) : भ्रंश घाटी का विकास तब होता है जब दो भ्रंश रेखाओं के बीच की चट्टानी स्तम्भ नीचे की ओर धस जाती है। तब तनाव जनित बल के कारण दो भूखण्डों का विपरीत दिशा में खिसकाव होता है, तब इसका निर्माण होता है, भ्रंश घाटियाँ लंबी, संकरी व गहरी होती हैं इन्हें जर्मन भाषा में 'ग्राबेन' कहा जाता है। विभिन्न स्थानों पर संपीडन की भिन्नता के कारण कभी-कभी एक वृहत अपनति में कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ मिलती हैं ऐसी आवृत्ति को समपनति कहते हैं। इसी तरह जब असामान्य संपीडन के कारण एक बृहत अभिनति के अन्तर्गत कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ बन जाती हैं तो उस वृहद अभिनति को समभिनति कहते हैं। इन दोनों स्थलाकृतियों को पंखाकार वलन कहते हैं।

5. Which one of the following is not a tropicana desert?/निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है?

(a) Arabia/अरबिया (b) Atacama/अटाकामा
(c) Gobi/गोबी (d) Kalahari/कालाहारी

Ans. (c) : गोबी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है, जबकि अरबिया, आटाकामा, कालाहारी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल हैं। गोबी मरुस्थल चीन और मंगोलिया में स्थित हैं यह विश्व के ठंडे रेगिस्तानों में से एक हैं जहाँ तापमान शून्य से चालीस डिग्री नीचे तक चला जाता है, यह मरुस्थल अल्ताई पर्वतमाला से घिरा हुआ है।

- सहारा मरुस्थल विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है।

विश्व के रेगिस्तान –	**विस्तार क्षेत्र**
काराकुम मरुस्थल –	तुर्कमेनिस्तान
अटाकामा मरुस्थल –	उत्तरी चिली

नोट–'थार' रेगिस्तान एक उष्णकटिबंधीय मरुस्थल है इसका विस्तार भारत और पाकिस्तान में है।

6. Which Part of the Indian Constitution deals with Fundamental Rights?
भारतीय संविधान का कौन-सा भाग मौलिक अधिकार से संबंधित है?

(a) Part II/भाग II (b) Part I/भाग I
(c) Part III/भाग III (d) Part IV/भाग IV

Ans. (c) : भारतीय संविधान का भाग-III मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित है। यह अमेरिका के संविधान से लिया गया है। संविधान में इसका उल्लेख अनुच्छेद 12 से 35 तक में दिया गया है। संविधान के भाग-3 को भारत का मैग्नाकार्टा कहा जाता है। मूल अधिकारों को संविधान द्वारा सुरक्षा प्रदान की गयी है जो राष्ट्र के लिये आवश्यक हैं।

मूल रूप से संविधान में 7 मूल अधिकार प्रदान किये गये थे, लेकिन बाद में 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की सूची से हटा दिया गया है। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300 क के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया। वर्तमान में छः मूल अधिकार हैं–

1. समता का अधिकार अनु. 14-18
2. स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 19-22
3. शोषण के विरूद्ध अधिकार अनु. 23-24
4. धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 25-28
5. संस्कृति एवं शिक्षा सम्बन्धी अधिकार अनु. 29-30
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार अनु. 32

7. Which one of the following Amendment of the Constitution of India deals with the issue of strengthening of the Panchayat Raj?
पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय संविधान संशोधन किया गया?

(a) 44th Amendment/44 वाँ संशोधन
(b) 42nd Amendment/42 वाँ संशोधन
(c) 73rd Amendment /73 वाँ संशोधन
(d) 86th Amendment/86 वाँ संशोधन

Ans. (c) : पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय संविधान सभा द्वारा 73वां संविधान संशोधन 1992 में किया गया तथा 1993 में लागू हुआ। भारत में पंचायती राज शब्द का उल्लेख ग्रामीण स्थानीय स्वशासन से सम्बंधित है। राजस्थान देश का पहला राज्य था जहाँ पंचायती राज की स्थापना हुयी। पंचायतीराज व्यवस्था की शुरूआत 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया। इस अधिनियम ने भारत के संविधान में एक नया खंड भाग-IX सम्मिलित किया गया, इसे 'पंचायत' के नाम से जाना जाता है। अनुच्छेद 243 से 243 'ण' तक में सम्मिलित है। इस अधिनियम ने संविधान में 11वीं अनुसूची भी जोड़ी। इस अनुसूची में 29 विषय सम्मिलित हैं।

नोट– संविधान के अनुच्छेद 40 को एक व्यावहारिक रूप दिया जिसमें कहा गया है कि, ''राज्य, ग्राम पंचायतों को गठित करने के लिये एक कदम उठायेगा।

8. The office of International Court of Justice is situated in
अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है–

(a) London/लंदन (b) New York/न्यूयार्क
(c) The Hague/द हेग (d) Paris/पेरिस

Ans. (c) : अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग (नीदरलैण्ड) में स्थित है। इसकी स्थापना 1945 ई. में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गयी और अप्रैल 1946 से काम करना शुरू किया। इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा 9 वर्षों के लिये चुना जाता है। ये दोनों निकास एक समय पर लेकिन अलग-अलग मतदान करते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में भारतीय न्यायाधीश का क्रम– सर बेनेगल राव (1952-53), नागेन्द्र सिंह (1985-1988), रघुनंदन स्वरूप पाठक (1989-1991), दलवीर भण्डारी (27 अप्रैल 2012 से अब तक)।

यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस फ्रांस में है।

9. Population control and family planning is listed in which Schedule in the Indian Constitution?
जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अंतर्गत किस सूची में शामिल है?

(a) Union list/संघ सूची
(b) State list/राज्य सूची
(c) Concurrent list/समवर्ती सूची
(d) Residual subjects/अवशिष्ट विषय

Ans. (c) : जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अन्तर्गत समवर्ती सूची में शामिल हैं। संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची का उल्लेख सातवीं अनुसूची में हैं। संघ सूची में मूल रूप से 97 विषय (वर्तमान में 100 विषय), राज्य सूची में मूल रूप से 66 विषय (वर्तमान में 61 विषय) और समवर्ती सूची में 47 विषय शामिल थे।

संघ सूची के विषय–भारतीय रिजर्व बैंक, संघ लोक का ऋण, डाकघर बचत बैंक, रेल, रक्षा उद्योग, जनगणना, अखिल भारतीय सेवाएँ आदि।

राज्य सूची–लोक व्यवस्था, पुलिस, पथकर, कृषि आय पर कर, राज्य लोक ऋण, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि।

समवर्ती सूची–बाट माप जिनके अन्तर्गत मानकों का नियत किया जाना, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक बीमा नियोजन, जन्म-मरण सांख्यिकी जिसके अन्तर्गत जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण है।

10. Which one of the following Directive Principles related to Foreign Policy?/निम्नलिखित में से कौन-सा निदेशक सिद्धांत विदेश नीति से संबंधित है?

(a) Article 49/अनुच्छेद 49
(b) Article 48/अनुच्छेद 48
(c) Article 50/अनुच्छेद 50
(d) Article 51/अनुच्छेद 51

Ans. (d) : अनुच्छेद-51 नीति निदेशक सिद्धान्त के अन्तर्गत विदेश नीति से सम्बंधित है, इसका आशय यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना तथा राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखना।

- राष्ट्रीय महत्व वाले घोषित किये गये कलात्मक या ऐतिहासिक अभिरुचि वाले स्मारक या स्थान या वस्तु का संरक्षण करना–अनुच्छेद 49।
- कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास करना–अनुच्छेद 48।
- पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करना–अनुच्छेद 48(A)।
- राज्य की लोक सेवाओं में, न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करना–अनुच्छेद 50।
- ग्राम पंचायतों का गठन और उन्हें आवश्यक शक्तियां प्रदान कर स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने की शक्ति प्रदान करना अनुच्छेद 40।

11. Inversion of temperature means
तापक्रम विलोमता का अर्थ है–

(a) Increase of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम
(b) Decrease of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ घटता तापक्रम
(c) Constant temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ स्थिर तापक्रम
(d) Fluctuating temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ अस्थिर तापक्रम

Ans. (a) : तापक्रम विलोमता का अर्थ है, बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम। सामान्य नियम के विपरीत जब वायुमण्डल में ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में कमी की जगह वृद्धि होने लगती है तब यह स्थिति तापीय विलोमता कहलाती है। इस स्थिति में तापमान की उर्ध्वाधर प्रवणता उलट जाती है एवं वायु की शीतल परतें नीचे तथा गर्म परतें ऊपर स्थापित हो जाती हैं। जब गर्म हवा ठंडी हवा के ऊपर स्थापित हो जाती हैं तो वहां कोहरा बनता है। इस तरह का कोहरा जाड़े की रातों में प्रायः धुन्ध सा रहता है क्योंकि चिमनियों के धुएं विलोमता परत में पहुँचकर इसे आसान बना देते हैं।

12. Which one of the following reservoirs is associated with Rihand Project?
निम्नलिखित जलाशयों में से कौन रिहन्द परियोजना से सम्बन्धित है?

(a) Govind Ballabh Pant Sagar
गोविन्द वल्लभ पंत सागर
(b) Gandhi Sagar/गाँधी सागर
(c) Jawahar Sagar/जवाहर सागर
(d) Govind Sagar/गोविन्द सागर

Ans. (a) : 'रिहन्द परियोजना' गोविन्द वल्लभ पंत सागर जलाशय से सम्बंधित हैं। रिहन्द परियोजना उ.प्र. में सोन की प्रसिद्ध घाटी में उसकी सहायक नदी रिहन्द पर बनाया गया है, इस बांध के पीछे गोविन्द वल्लभ पंत सागर नामक एक कृत्रिम झील बनाई गयी हैं। यह भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील हैं। यह म.प्र. तथा उ.प्र. की सीमा पर स्थित हैं।

चंबल परियोजना यमुना की सहायक चम्बल नदी पर संयुक्त रूप से बनाई गयी हैं इस परियोजना के अन्तर्गत म.प्र. में गांधी सागर बांध तथा राजस्थान में राणा प्रताप सागर बांध, जवाहर सागर बांध बनाए गये हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चंबल नदी श्रेणी में मृदा का संरक्षण करना है।

भाखड़ा नांगल परियोजना–पंजाब हिमाचल प्रदेश में सतलत नदी पर बनाया गया है यह देश की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है, भाखड़ा नांगल बांध संसार का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बांध है, बांध के पीछे बनी झील गोविन्द सागर झील है।

13. Shipki La is the famous mountain pass of
शिपकीला प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है–

(a) Uttarakhand/उत्तराखण्ड का
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर का
(c) Sikkim/सिक्किम का
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश का

Ans. (d) : शिपकीला दर्रा हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है। यह दर्रा शिमला को तिब्बत से जोड़ता है।

लद्दाख क्षेत्र में स्थित काराकोरम दर्रा भारत का सबसे ऊँचा दर्रा है, यहाँ से चीन को जाने वाली सड़क भी बनायी गयी है। जोजिला दर्रा जास्कर श्रेणी में स्थित है, इससे श्रीनगर से लेह का मार्ग गुजरता है। बनिहाल दर्रे से जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग गुजरता है तथा जवाहर सुरंग भी बनिहाल दर्रे में है।

सिक्किम में स्थित नाथूला व जैलेप्ला दर्रे का व्यापक महत्व है, यहाँ से दार्जलिंग व चुम्बी घाटी से होकर तिब्बत जाने का मार्ग है।

नोट–थांगला, माना, नीति व लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड के कुमायूँ श्रेणी में स्थित है।

14. Social studies teacher should have the knowledge of subject matter as well
सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय-वस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए–

(a) Teaching methods/शिक्षण विधियों का
(b) Educational objectives/शिक्षा के उद्देश्यों का
(c) Teaching technology/शिक्षण तकनीक का
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (*) : सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय वस्तु के साथ-साथ शिक्षण विधियों, शिक्षा के उद्देश्यों तथा शिक्षण तकनीक का भी ज्ञान होना चाहिए। जिस ढंग से शिक्षक शिक्षार्थी को ज्ञान प्रदान करता है उसे शिक्षण विधि कहते हैं।

शिक्षण की विधियाँ आगमन विधि आदि हैं।

शिक्षण विधि	**–**	**प्रतिपादक**
मांटेसरी विधि	–	मारिया मांटेसरी
किंडर गार्टन विधि	–	फ्रोबेल

नोट– इस प्रश्न में (a), (b) तथा (c) तीनों विकल्प सही है।

15. The most useful teaching material for Geography is/भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री है–

(a) Map/मानचित्र (b) Calendar/कैलेण्डर
(c) Flash Card/फ्लैश कार्ड (d) Barometer/बैरोमीटर

Ans. (a) : भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री 'मानचित्र' है। मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते हैं।

भौतिक मानचित्र–पृथ्वी की प्राकृतिक आकृतियों जैसे–पर्वत, पठार, नदियाँ, मैदान महासागरों इत्यादि को दर्शाने वाले मानचित्रों को भौतिक या उच्चावच मानचित्र कहा जाता है।

थिमैटिक मानचित्र–कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र, वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहा जाता है।

नोट–मानचित्र के तीन घटक है–

1. दूरी 2. दिशा 3. प्रतीक

16. 'Ashtadhyayee' was written by 'अष्टाध्यायी' के लेखक थे–

(a) Panini/पाणिनि (b) Vedavyas/वेदव्यास
(c) Shukadeva/शुकदेव (d) Valmiki/वाल्मीकि

Ans. (a) : अष्टाध्यायी के लेखक पाणिनी हैं–

पुस्तक		लेखक
महाभारत	–	वेद व्यास
रामायण	–	वाल्मीकि
पंचतंत्र	–	विष्णु शर्मा
प्रेमवाटिका	–	रसखान
दशकुमार चरितम्	–	दण्डी
अष्टाध्यायी	–	पाणिनी
मुद्राराक्षस	–	विशाखदत्त
अर्थशास्त्र	–	चाणक्य (विष्णुगुप्त)

17. The Second Buddhist Council was held during the reign of/द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किसके राज्यकाल में हुआ था?

(a) Mahapadmananda/महापद्मानन्द
(b) Udayabhadra/उदयभद्र
(c) Shishunaga/शिशुनाग
(d) Kalashoka/कालाशोक

Ans. (d) : द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन कालाशोक के राज्यकाल में हुआ था। बौद्ध सभाएँ जो आयोजित की गयी।

सभा	समय	स्थान	अध्यक्ष	शासनकाल
प्रथम बौद्ध संगीति	483 ई.पू.	राजगृह	महाकस्सप	अजातशत्रु
द्वितीय बौद्ध संगीति	383 ई.पू.	वैशाली	सुबुकामी	कालाशोक
तृतीय बौद्ध संगीति	251 ई.पू.	पाटिलपुत्र	मोगलिपुत्त तिस्स	अशोक
चतुर्थ बौद्ध संगीति	ई. की प्रथम शताब्दी	कुण्डलवन (कश्मीर)	वासुमित्र/ अश्वघोष	कनिष्क

नोट–चतुर्थ बौद्ध संगीति के बाद बौद्ध धर्म दो भागों में हीनयान एवं महायान में विभाजित हो गया।

18. Akbar constructed 'Ibadat-Khana' in अकबर ने 'इबादत खाना' का निर्माण करवाया था–

(a) Fathehpur Sikri/फतेहपुर सीकरी में
(b) Agra/आगरा में
(c) Delhi/दिल्ली में
(d) Sikandara/सिकंदरा में

Ans. (a) : अकबर ने इबादतखाना का निर्माण फतेहपुर सीकरी में करवाया था, जिसका अर्थ पूजा का घर होता है। इसका निर्माण 1575 ई. में किया गया था। इबादत खाना में अकबर विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ चर्चा करते थे।

इमारत	निर्माणकर्ता	स्थान
ताजमहल	शाहजहाँ	आगरा
लाल किला	शाहजहाँ	दिल्ली
अकबर का मकबरा	जहांगीर	सिकन्दरा
पुराना किला	शेरशाह सूरी	दिल्ली
शालीमार बाग	जहांगीर	श्रीनगर
कुतुबमीनार	कुतुबुद्दीन ऐबक	दिल्ली
ढाई दिन का झोपड़ा	कुतुबुद्दीन ऐबक	अजमेर (राजस्थान)
अकबर का किला	अकबर	इलाहाबाद

19. The Arya Samaj was founded in the year आर्य समाज की स्थापना हुई थी–

(a) 1870 A.D./1870 ई. में
(b) 1865 A.D./1865 ई. में
(c) 1875 A.D./1875 ई. में
(d) 1880 A.D./1880 ई. में

Ans. (c) : आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में मुम्बई में हुयी थी। इसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने की थी।

संस्थाएं	स्थापना वर्ष	संस्थापक
ब्रह्म समाज	1828	राजाराम मोहन राय
सत्यशोधक समाज	1873	ज्योतिबा फुले
वेलूर मठ	1897	स्वामी विवेकानन्द
रामकृष्ण मिशन	1897	स्वामी विवेकानन्द
अभिनव भारत संस्था	1904	विनायक दामोदर सावरकर
सर्वेन्ट ऑफ इण्डिया सोसाइटी	1905	गोपाल कृष्ण गोखले
गदर पार्टी	1913	लाला हरदयाल
स्वराज पार्टी	1923	मोतीलाल नेहरू चितरंजन दास
फॉरवर्ड ब्लॉक	1939	सुभाष चन्द्र बोस

20. Who among the following was not associated with Kakori case?
निम्न में से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित नहीं है?

(a) Rajendra Lahiri/राजेन्द्र लाहिड़ी
(b) Ramprasad Bismil/रामप्रसाद बिस्मिल
(c) Ashfaqullah Khan/अशफाकउल्ला खाँ
(d) Surya Sen/सूर्य सेन

Ans. (d) : काकोरी कांड से सूर्य सेन सम्बन्धित नहीं हैं जबकि राजेन्द्र लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ काकोरी कांड से सम्बंधित हैं। हाल ही में उ.प्र. सरकार ने काकोरी कांड का नाम बदलकर काकोरी ट्रेन एक्शन कर दिया। इसका नाम इसलिए बदल दिया गया कि कांड शब्द सही भावना को नहीं दर्शाता है। यह घटना 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गांव में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के क्रांतिकारियों द्वारा की गयी थी।

नोट–सूर्य सेन चटगाँव शस्त्रागार लूट (18 अप्रैल 1930) से सम्बन्धित थे। बंगाल के सूर्यसेन (मास्टर दा) ने अंग्रेजों के विरूद्ध प्रबल क्रांतिकारी आन्दोलन का नेतृत्व किया।

21. Which one of the following is the most suitable teaching aid to show proportionate size and shape of continents?
निम्नांकित में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) Physical map of the world
विश्व का प्राकृतिक मानचित्र
(b) Political map of the world
विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(c) Globe/ग्लोब
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : 'ग्लोब' एक सहायक शिक्षण सामग्री है। जिसका प्रयोग महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त हैं। ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है। ग्लोब पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।

भौतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जो पृथ्वी की प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाता है, जैसे पर्वत, पठार, मैदान, महासागर, नदियाँ आदि।

राजनीतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जिसमें देशों, राज्यों, कस्बों, और शहरों का प्रतिनिधित्व उनकी राजनीतिक सीमाओं के साथ किया जाता है।

थिमैटिक मानचित्र–कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं- जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र आदि इस प्रकार के मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहते हैं।

नोट–मानचित्र के तीन घटक हैं–दूरी, दिशा और प्रतीक

22. The suitable method of geography teaching is
भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि है–

(a) Discussion method/वार्तालाप विधि
(b) Tour method/भ्रमण विधि
(c) Story method/कहानी विधि
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि भ्रमण विधि है। भ्रमण विधि एक बाल केन्द्रित शिक्षण विधि है इस विधि में छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं। भ्रमण विधि द्वारा बालक विषय वस्तु का अवलोकन करते हैं। इस विधि से बच्चों में अवलोकन, कल्पना, तर्क, टिप्पणी एवं निरीक्षण क्षमता जैसे कौशलों का विकास होता है। वार्तालाप विधि या बातचीत मनुष्य द्वारा समाज में परस्पर सम्पर्क करने का एक बहुपक्षीय और स्वाभाविक माध्यम है इससे मनुष्य अपने विचारों का आदान प्रदान करता है। कहानी/कथन विधि सामाजिक अध्ययन शिक्षण की एक महत्वपूर्ण विधि है इसके माध्यम से शिक्षक छात्रों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। यह विधि मनोवैज्ञानिक विधि है।

नोट–भ्रमण विधि के जनक पेस्टोलॉजी हैं।

23. A universal language of the map can be understood by way of/मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है–

(a) Conventional symbols/रूढ़ चिह्नों से
(b) Sketch/रेखाचित्रों से
(c) Alphabets/वर्णमाला के अक्षरों द्वारा
(d) Thematic maps/थीमैटिक मानचित्रों से

Ans. (a) : मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को रूढ़ चिन्हों से समझा जा सकता है। रूढ़ चिन्हों से तात्पर्य उन चिन्हों से होता है, जो अलग-अलग भौतिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को प्रदर्शित करने के लिए निर्मित किये जाते हैं। यह चिन्ह किसी विशिष्ट संरचना या विशिष्ट संकेत आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाते हैं और उसी संदर्भ में रूढ़ हो जाते हैं, इसीलिए इन्हें 'रूढ़ चिन्ह' कहा जाता है। जैसे सड़क के किनारे लगे साइन बोर्ड पर यातायात के अलग-अलग चिन्ह, नक्शे आदि पर नदी, तालाब, पेड़, सड़क आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाने वाले चिन्ह।

24. U-shaped valley is formed by
यू-आकार की घाटी का निर्माण होता है

(a) River/नदी द्वारा
(b) Glacier/हिमनदी द्वारा
(c) Winds/पवन द्वारा
(d) Sea waves/सागरीय तरंगों द्वारा

Ans. (b) : यू-आकार की घाटी का निर्माण 'हिमनद' द्वारा होता है। ऊँचाई पर स्थित हिमानियों के पार्श्व अपरदन के कारण इस प्रकार की घाटी का निर्माण होता है, इसका निचला तल चौड़ा एवं चपटा तथा किनारे खड़े होते हैं जिसके कारण इसका आकार U अक्षर के समान प्रतीत होता है।

V आकार की घाटी–V आकार की घाटी पर्वतीय क्षेत्रों में पायी जाती है, V आकार की घाटी का निचला भाग भीतरी समोच्च रेखाओं के द्वारा दिखाया जाता है जो पास-पास स्थित होते हैं तथा जिनके समोच्च का मान कम होता है, बाहर की ओर स्थित समोच्च रेखाओं का मान एक समान रूप से बढ़ता है।

जलप्रपात–किसी नदी तल पर काफी ऊँचाई से पानी का उर्ध्वाधर गिरना जलप्रपात कहलाता है।

रैपिड–कभी-कभी जल प्रपात सोपानी धारा के रूप में गिरता है रैपिड कहलाता है।

25. The capital of Australia is
आस्ट्रेलिया की राजधानी है–

(a) Canberra/कैनबरा
(b) Sydney/सिडनी
(c) Melbourne/मेलबोर्न
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है।

देश	राजधानी	मुद्रा
न्यूजीलैण्ड	वेलिंगटन	डॉलर
टोंगा	नुकोअलाफा	पांग
वानाआतू	पोर्टविला	वातू
पापुआ न्युगिनी	पोर्टमोरेस्वी	किना
पलाऊ	अुरुलमडु	U.S.A डॉलर
डोमिनियन गणतन्त्र	सैटो डोमिंगो	पीसो
एंटीगुआ व बरबुड़ा	सेन्ट जॉन्स	कोलन
प्यूटोरिको	सान जुआन	डॉलर
हैती	पोर्ट ओ-प्रिंस	गोर्डे

26. Who is the founder of Din-i-Ilahi?
दीन-ए-इलाही की स्थापना किसने की?
(a) Humayun/हुमायूँ
(b) Muhammad Gajanavi/मुहम्मद गजनवी
(c) Akbar/अकबर
(d) Shershah Suri/शेरशाह सूरी

Ans. (c) : दीन-ए-इलाही की स्थापना अकबर ने 1582 ई. में की थी। यह विभिन्न धर्मों के बीच मतभेद की खाई को भरने के लिये चलाया गया था। यह एक ईश्वर में विश्वास करता था। इसमें सभी धर्मों के अच्छे तत्व समाहित थे। हुमायूँ ने दीनपनाह नगर की स्थापना की थी। हुमायूँनामा की रचना गुलबदन बेगम ने की थी। महमूद गजनवी के भारतीय आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन की प्राप्ति था, वह एक मूर्तिभंजक आक्रमणकारी था, इसका सबसे चर्चित आक्रमण 1025 ई. में सोमनाथ मन्दिर का आक्रमण था। शेरशाह का मकबरा सासाराम में है। रोहताश गढ़ किला, किला-ए-कुहना नामक मस्जिद का निर्माण शेरशाह के द्वारा किया गया था।

27. In whose region did Hsuan-tsang come to India?
ह्वेन सांग किसके शासन काल में भारत आया था?
(a) Chandragupta Vikramaditya
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Harshvardhan/हर्षवर्धन
(d) Skandgupta/स्कन्दगुप्त

Ans. (c) : ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में आया था। यह 629-645 ई. के बीच भारत में रहा, वह नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन करने तथा बौद्ध ग्रन्थों को एकत्र कर ले जाने के लिये आया था। इसका भ्रमण वृतान्त सी-यू-की के नाम से प्रसिद्ध है। फाहियान गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त द्वितीय (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) के दरबार में आया था। इसने अपने विवरण में म.प्र. की जनता को सुखी एवं समृद्ध बताया।
डाइमेकस सीरियन नरेश आन्तियोकस का राजदूत था, जो बिन्दुसार के दरबार में आया था।
डायोनिसियस- यह मिस्र नरेश टॉलमी फिलाडेल्फस का राजदूत था जो अशोक के दरबार में आया था।
मार्कोपोलो इटली का यात्री था यह पाण्ड्य देश की यात्रा पर आया था।
तारानाथ एक तिब्बती लेखक था।

28. Who among the following emperors was called 'Qalandar'?/निम्नलिखित बादशाहों में से किसे 'कलन्दर' कहा जाता है?
(a) Humayun/हुमायूँ (b) Babur/बाबर
(c) Akbar/अकबर (d) Shahjahan/शाहजहाँ

Ans. (b) : मुगल बादशाह बाबर को 'कलन्दर' कहा जाता है। बाबर का जन्म 1483 ई. में हुआ था। पिता का नाम उमरशेख मिर्जा था जो फरगना के शासक थे। बाबर ने ही मुगल वंश की स्थापना की थी बाबर ने बादशाह की उपाधि धारण की थी। पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलुगमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध तोपची (तोप चलाने वाले) थे जिसने पानीपत के प्रथम युद्ध में भाग लिया था।
- बाबर को अपनी उदारता के लिये कलन्दर की उपाधि दी गयी।
- खानवा के युद्ध (1527 ई.) में बाबर ने राणासांगा के खिलाफ जिहाद का नारा दिया।

नोट–बाबर ने उसकी आत्मकथा बाबरनामा (तुजुक-ए-बाबरी) की रचना तुर्की में की थी। जिसका बाद में अनुवाद फारसी भाषा में अब्दुलरहीम खान खाना ने किया।

29. The Governor General, who partitioned Bengal was/बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल था–
(a) Canning/कैनिंग (b) Curzon/कर्जन
(c) Minto/मिंटो (d) Mayo/मेयो

Ans. (b) : बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल लार्ड कर्जन था। कर्जन ने 19 जुलाई 1905 में बंगाल प्रेसीडेंसी के विभाजन की घोषणा की। अंततः वर्ष 1911 में बढ़ते विरोध के कारण लार्ड हार्डिंग द्वारा बंगाल विभाजन को रद्द करने की घोषणा की गयी।
- लार्ड कैनिंग के समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना 1857 का क्रांति थी।
- लार्ड मिंटो के समय में अलग निर्वाचन व्यवस्था मार्ले मिन्टो सुधार अधि. 1909 द्वारा किया गया।
- लार्ड मेयो के समय में प्रथम जनगणना 1872 में करवायी गयी।

नोट–फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने रिपन को 'भारत के उद्धारक' की संज्ञा दी।

30. Kunwar Singh was the Zamindar of which State?/कुँवर सिंह किस राज्य के जमींदार थे?
(a) Jagdishpur/जगदीशपुर (b) Barrack-pore/बैरकपुर
(c) Avadh/अवध (d) Bitthore/बिठूर

Ans. (a) : कुँवर सिंह जगदीशपुर राज्य के जमींदार थे। 1857 की क्रांति में जगदीशपुर, बैरकपुर, अवध, बिठूर का कुछ न कुछ अपना एक महत्व था। जैसे जगदीशपुर का नेतृत्व कुँवर सिंह ने किया था, 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण गाय और सुअर की चर्बी लगे कारतूस थे। 29 मार्च 1857 को मंगल पाण्डे नामक एक सैनिक ने गाय की चर्बी मिले कारतूसों को मुँह से काटने से स्पष्ट मना कर दिया, 10 मई 1857 ई. के दिन मेरठ की पैदल टुकड़ी 20 N.I. से 1857 की क्रांति की शुरुआत हुयी। दिल्ली का नेतृत्व बहादुरशाह जफर ने किया था, लखनऊ का नेतृत्व बेगम हजरत महल ने किया था।

नोट–1857 ई. की क्रांति के समय भारत का गर्वनर जनरल लार्ड कैनिंग एवं इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री पामर्स्टन थे।

31. How many Suddh and Vikrit swaraas total are there in Hindustani Sangeet?
हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर कितने स्वर होते हैं?
(a) 08/आठ (b) 12/बारह
(c) 07/सात (d) 11/ग्यारह

Ans. (b) : हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर 12 स्वर होते हैं। एक सप्तक में 7 शुद्ध और 5 विकृत कुल 12 स्वर माने गये हैं। शुद्ध स्वर निश्चित स्थान पर रहता है तो शुद्ध स्वर कहलाता है। शुद्ध स्वर 7 माने गये हैं–

षड़ज – सा
ऋषभ – रे
गांधार – ग
मध्यम – म
पंचम – प
धैवत – ध
निषाद – नी

विकृत स्वरों की संख्या 5 है
कोमल स्वर– रे, ग, ध, नी
तीव्र स्वर– म

32. With which Gayald Char Taal is used?
चार ताल का प्रयोग किस गायकी के साथ किया जाता है?

(a) Tarana/तराना (b) Dhamar/धमार
(c) Dhrupad/ध्रुपद (d) Khyal/ख्याल

Ans. (c) : 'चार ताल' का प्रयोग ध्रुपद गायकी के साथ किया जाता है। ध्रुपद हिन्दुस्तानी संगीत के सबसे पुराने और भव्य रूपों में से एक है। अकबर के शासनकाल में तानसेन और बैजूबावरा से लेकर राजा मानसिंह तोमर के दरबार तक ध्रुपद गाने वाले मिलते हैं। ध्रुपद एक काव्यात्मक रूप है, इसमें संस्कृत अक्षरों का प्रयोग किया जाता है।

तराना – यह एक कर्कश प्राकृतिक राग हैं। अमीर खुसरों को इस विधा का जनक माना जाता है।

ख्याल–शब्द फारसी का शब्द है, इसका अर्थ होता है विचार या कल्पना। इस शैली के उद्भव का श्रेय अमीर खुसरो को दिया जाता है। ख्याल को शास्त्रीय स्वरूप प्रदान करने का श्रेय सदानन्द नियामत खाँ को है।

33. Amongst these who is not a "Tabla Player"
इनमें से कौन 'तबला वादक' नहीं है?

(a) Zakir Husain/ज़ाकिर हुसैन
(b) Pt. Kishan Maharaj/पं. किशन महाराज
(c) Ram Das Sharma/राम दास शर्मा
(d) Ahmed Jan Thirakwa/अहमद जान थिरकवा

Ans. (c) : रामदास शर्मा तबला वादक नहीं है जबकि जाकिर हुसैन, पं. किशन महाराज, अहमद जान थिरकवा तबला वादक हैं।

भारत के प्रमुख वाद्य यन्त्र	वादक
सितार	पंडित रविशंकर, निखिल बनर्जी, विलायत खां
तबला	जाकिर हुसैन, गुदई महाराज, किशन महाराज
बांसुरी	पन्नालाल घोष, हरिप्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र कुलकर्णी
सरोद	अमजद अली खां, अली अकबर खां
शहनाई	बिस्मिल्ला खां, अली अहमद हुसैन खां
संतूर	भजन सोपारी, शिवकुमार शर्मा
मृदंग	ठाकुर भीकम सिंह, पालधार रघु
सारंगी	उस्ताद बिन्दु खां, राम नारायण, गोपाल मिश्र
वीणा	एस बालचन्द्रन, बदरूद्दीन डागर

34. Where was first "National Games" Organised?
प्रथम ''राष्ट्रीय खेल'' कहाँ आयोजित हुये?

(a) Mumbai/मुम्बई (b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Kolkata/कोलकाता (d) Chennai/चेन्नई

Ans. (a) : 1940 में बाम्बे (मुम्बई) में प्रथम राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया था। प्रत्येक दो वर्ष बाद राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाता है। इन खेलों को भारतीय ओलम्पिक खेल के नाम से भी जाना जाता है। भारत पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में भाग लिया। 1924 के ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु पहला भारतीय ओलम्पिक खेल 1924 में लाहौर में आयोजित किया गया। इसी खेल का नौवाँ संस्करण मुम्बई में 1940 में आयोजित किया गया, जिसमें इसे राष्ट्रीय खेल नाम दिया गया।

पहला आधुनिक राष्ट्रीय खेल 1985 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

35. "Today India does not need Geeta but needs a football ground." This thought was given by which Thinker?/''आज भारत को गीता की नहीं, बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह किस विचारक ने प्रस्तुत किया है?

(a) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानन्द
(b) Radhakrishnan/राधाकृष्णन
(c) Pluto/प्लेटो
(d) Rousseau/रूसो

Ans. (a) : ''आज भारत को गीता की नहीं बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह विचार स्वामी विवेकानन्द जी का है।

''शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूँसे, बल्कि वास्तविक शिक्षा तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिये तैयार करे''– **सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

''अपने जीवन के संरक्षण के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जान जोखिम में डालने का अधिकार है''– **रूसो**

36. Progeny of nucleus seed is
केन्द्रिक बीज की संतति है–

(a) Foundation seed/आधारीय बीज
(b) Breeder seed/प्रजनक बीज
(c) Certified seed/प्रमाणित बीज
(d) Registered seed/पंजीकृत बीज

Ans. (b) : 'प्रजनक बीज' केन्द्रीय बीज (Breeder seed) की संतति है। आनुवंशिक शुद्धता का उत्पादन और उन कृषकों को उपलब्ध होना, उत्तम बीजों के उत्पादन पर निर्भर रहता है, प्रजनक बीज उत्पादन का कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्रों व राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है इस बीज की थैली पर सुनहरे पीले रंग का बीज के विवरण का लेबिल लगा होता है।

आधार बीज (Foundation Seed)–यह बीज प्रजनक बीज की संतति होती हैं जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था की देखरेख में निर्धारित मानकों पर पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। आधार बीज की थैलियों पर सफेद रंग का प्रमाणीकरण टैग (लेबिल) लगा होता है।

प्रमाणित बीज (Certified seed)–आधार बीज से द्विगुणन कर प्रमाणित बीज तैयार किया जाता है। जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। प्रमाणित बीज की थैलियों पर नीले रंग का टैग लगा होता है।

37. Central Institute of Medicinal and Aromatic Plant is situated at
केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान स्थित है–

(a) New Delhi/नई दिल्ली (b) Hyderabad/हैदराबाद
(c) Bhopal/भोपाल (d) Lucknow/लखनऊ

Ans. (d) : केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान लखनऊ में स्थित है।

भारत के प्रमुख संस्थान	स्थान
भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान	नई दिल्ली
राष्ट्रीय भू-भौतिकी अनुसंधान संस्थान	हैदराबाद
राष्ट्रीय धातु विज्ञान प्रयोगशाला	जमशेदपुर
केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान	रूड़की
राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान	पणजी
केन्द्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान	नागपुर
भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग	कोलकाता

38. The most suitable fruit for marmalad making is/मार्मलेड बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त फल है–

(a) Jamun/जामुन (b) Banana/केला
(c) Malta/माल्टा (d) Bael/बेल

Ans. (c) : मार्मलेड बनाने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त फल माल्टा है। माल्टा नीबू प्रजाति का खुशबूदार एंटी ऑक्सीडेंट और शक्ति वर्धक फल है। इसका रस ही नहीं बल्कि इसका छिलका भी कारगर है। माल्टा के सेवन से गुर्दे की पथरी दूर होती है, चिकित्सक पथरी के रोगियों को माल्टा का जूस पीने की सलाह देते हैं। माल्टा सिट्रस परिवार का फल है, जिसमें विटामिन C पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जामुन खाने से शुगर के रोगी को फायदा होता है, यह रक्त के अन्दर शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है। डायबिटीज के रोगी को प्रतिदिन जामुन के या चूर्ण का सेवन करना चाहिए। जामुन की गुठली ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है।

39. Central Food Technological Research Institute is situated at
केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान स्थित है–

(a) Maharashtra/महाराष्ट्र
(b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मैसूर (कर्नाटक) में स्थित है।

शोध संस्थान	स्थान
टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च	मुम्बई (महाराष्ट्र)
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण	नई दिल्ली
भारतीय पेट्रोलियम संस्थान	देहरादून
केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान	रुड़की
उच्च अक्षांश अनुसंधान प्रयोगशाला	गुलमर्ग
केन्द्रीय जूट प्रौद्योगिकी अनुसंधान	कोलकाता (बैरकपुर)
कोशिकीय तथा आण्विक जीव विज्ञान केन्द्र	हैदराबाद
केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान	जलगोड़ा
केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान	धनबाद

40. Which preservative is used in Jelly making?
जैली बनाने में किस परिरक्षक का प्रयोग होता है?

(a) Pectin/पेक्टिन
(b) Sugar/शर्करा
(c) Sulphite/सल्फाइट
(d) Sulphur dioxide/सल्फर डाईऑक्साइड

Ans. (b) : जैली बनाने में शर्करा परिरक्षक का प्रयोग होता है। जैम, जैली, एवं स्कवैश का परिरक्षण चीनी द्वारा किया जाता है। चीनी के प्रयोग से खाद्य पदार्थ की नमी में कमी आती है जो प्रदूषण करने वाले जीवाणुओं की वृद्धि को नियंत्रित करता है। पेक्टिन सेल की दीवार को संरचनात्मक अखंडता, शक्ति और लचीलापन भी प्रदान करता है जब पेक्टिन को चीनी के साथ गर्म किया जाता है तो उत्पाद मोटा होना शुरू हो जाता है, यह व्यापक रूप से जैम, जैली और मुरब्बा बनाने में किया जाता है। फलों के रस से जैली बनायी जाती है, जबकि फलों के गूदों से जैम बनाया है।
नमक एवं खाद्य तेल का उपयोग सूक्ष्म जीवों की वृद्धि रोकने के लिये सामान्य रूप से किया जाता है। अतः इन्हें परिरक्षण कहते हैं। सोडियम बेजोंइट तथा सोडियम मेटाबाईसल्फाइट सामान्य परिरक्षक हैं।

41. Community Development Programme was started in the year
सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब शुरू किया गया?

(a) 1955/1955 में (b) 1952/1952 में
(c) 1957/1957 में (d) 1960/1960 में

Ans. (b) : देश में सामुदायिक विकास कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1952 में शुरू किया गया। इसके पश्चात ग्रामीण भारत में निवास कर रहे लोगों को प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना 12 अप्रैल 2005 को प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण देश में लागू किया गया है। ध्यातव्य है, कि वर्ष 2013-14 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) तथा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) को मिलाकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) चालू किया गया। 2022-23 में NHM के लिए आवंटन ₹37 हजार करोड़ किया गया हैं।

42. The Supreme Court of India enunciated the Doctrine of Basic structure of the Constitution in India/भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त दिया–

(a) Sajjan Singh case/सज्जन सिंह के मामले में
(b) Shankari Prasad case/शंकरी प्रसाद के मामले में
(c) Golakh Nath case/गोलकनाथ के मामले में
(d) Keshwanand Bharti case
केशवानंद भारती के मामले में

Ans. (d) : भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त केशवानन्द भारती के मामले में दिया। केशवानन्द भारती मामले में 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि अनुच्छेद 368 के तहत संसद को मिली संवैधानिक शक्ति संविधान के मूल ढाँचे को बदलने की अनुमति नहीं देता। स्वतन्त्रता के शुरुआती वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'शंकरी प्रसाद बनाम भारत सरकार मामला (1951)' और 'सज्जन सिंह बनाम राजस्थान सरकार मामला (1965)' जैसे मामलों में निर्णय देते हुये संसद को संविधान में संशोधन करने की पूर्ण शक्ति प्रदान की गयी। 'गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार (1967)' मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ''संसद अनुच्छेद 368 के अधीन मौलिक अधिकारों को समाप्त या सीमित करने की शक्ति नहीं रखती।''

43. Under which Article of the Indian Constitution, the Governor has the power to reserve a bill for the President's assent?
भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्यपाल एक विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है?

(a) Article 108/अनुच्छेद 108
(b) Article 52/अनुच्छेद 52
(c) Article 200/अनुच्छेद 200
(d) Article 213/अनुच्छेद 213

Ans. (c) : भारतीय संविधान के अनु. 200 के अन्तर्गत राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है। संविधान के अनु. 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति की मुहर लगे आज्ञापत्र के माध्यम से होती है।

- अनुच्छेद 52 में राष्ट्रपति का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 108 के अन्तर्गत किसी विधेयक पर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) के मध्य गतिरोध की स्थिति में संविधान सभा द्वारा संयुक्त बैठक का प्रावधान किया गया है। संयुक्त बैठक राष्ट्रपति द्वारा बुलाई जाती है, तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है। अनु. 213 में राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति है जबकि राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति अनु. 123 में है।

44. The Vice-President of India is elected by the members of an electoral college consisting of
भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जाता है, जिसके सदस्य होते हैं–

(a) All members of both Houses of Parliament
संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य
(b) All members of the Council of States
राज्य सभा के सभी सदस्य
(c) Elected members of both Houses of Parliament/संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य
(d) Elected members of the Council of States
राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य

Ans. (a) : भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य द्वारा किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच्च पद होता है। उपराष्ट्रपति का पद अमेरिका के उपराष्ट्रपति के पद की तर्ज पर बनाया गया है। उपराष्ट्रपति को जनता द्वारा सीधे नहीं चुना जाता बल्कि परोक्ष विधि से चुना जाता है। वह संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के निर्वाचक मंडल द्वारा चुना जाता है। उपराष्ट्रपति पद के लिये उसे भारत का नागरिक होना चाहिए, वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो तथा राज्यसभा सदस्य बनने के लिय अर्हित हो।

45. Which country is not the member of SAARC?
कौन-सा देश दक्षेस का सदस्य नहीं है?

(a) Nepal/नेपाल (b) Bhutan/भूटान
(c) Bangladesh/बांग्लादेश (d) Japan/जापान

Ans. (d) : 'जापान' दक्षेस (SAARC) का सदस्य देश नहीं है, जबकि नेपाल, भूटान, बांग्लादेश दक्षेस के सदस्य देश हैं। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The south asian association for regional cooperation (SAARC)) की स्थापना 8 दिसम्बर 1985 को ढाका (बांग्लादेश) में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ की गयी। इस संगठन का मुख्यालय नेपाल के काठमाण्डू में स्थित है वर्तमान में सार्क के आठ सदस्य देश हैं– (1) अफगानिस्तान, (2) बांग्लादेश, (3) भूटान, (4) भारत, (5) नेपाल, (6) मालदीव, (7) श्रीलंका, (8) पाकिस्तान।
नोट–सार्क के वर्तमान महासचिव - एसेला रूवान वीराकून हैं।

46. Saffron is obtained from
केसर प्राप्त किया जाता है–

(a) Leaf/पत्ती से
(b) Bud/कलिका से
(c) Flower stigma/पुष्प वर्तिका से
(d) Calyx/बाह्य दलपुँज से

Ans. (c) : केसर पुष्प वर्तिका से प्राप्त किया जाता है। केसर का वनस्पतिक नाम क्रोकस सैटाइवस है। अंग्रेजी में इसे सैफरॉन के नाम से जाना जाता है। केसर एक सुगंध देने वाला पौधा है। इसके पुष्प की वर्तिकाग्र को केसर, कुंकुम, सैफ्रन आदि कहते हैं।

- लौंग फूल की कली से प्राप्त होता है।
- हेरोइन अफीम पोस्ता से प्राप्त होती है।
- लीची का खाने योग्य भाग - एरिल
- नारियल का खाने योग्य भाग - भ्रूणकोश
- नारंगी का खाने योग्य भाग - जूसी हेयर

47. How many ribs are there in human body
मानव शरीर में कुल कितनी पसलियाँ होती हैं?

(a) 26/छब्बीस (b) 22/बाईस
(c) 24/चौबीस (d) 28/अट्ठाईस

Ans. (c) : मानव शरीर में कुल 24 पसलियाँ होती हैं। पसलियाँ विशेष रूप से मुड़ी हुयी रहती हैं, वे वक्ष की अस्थि एवं मेरुदंड से जुड़कर एक बक्से की रचना करती हैं। इस शंकुरूपी बक्से को पसली पिंजर कहते हैं। वक्ष के दोनों तरफ 12-12 पसलियाँ होती हैं। हमारे शरीर के कुछ महत्वपूर्ण अंग इसमें सुरक्षित रहते हैं।
मनुष्य का कशेरुक दंड 33 कशेरुकों से मिलकर बना है। सभी कशेरुक उपास्थि गद्दियों के द्वारा जुड़े रहते हैं। इन गद्दियों से कशेरुक दण्ड लचीला रहता है। इसका पहला कशेरुक जो कि 'एटलस कशेरुक' कहलाता है, जो खोपड़ी को साधे रहता है।

48. Which disease is prevented by T.A.B. vaccine?
टी.ए.बी. का टीका किस रोग से बचाव करता है?

(a) Diphtheria/डिफ्थीरिया (b) Tuberculosis/तपेदिक
(c) Typhoid/मियादी बुखार (d) Pertussis/काली खाँसी

Ans. (c) : टी.ए.बी. का टीका मियादी बुखार से बचाव करता है। यह सालमोनेला टाइफी जीवाणु द्वारा फैलता है। इससे बुखार, कमजोरी तथा शरीर में दर्द होने लगते हैं। डिफ्थीरिया, कालीखाँसी और टिटेनस के लिए डी.टी.पी. का टीका लगाया जाता है। तपेदिक (टीबी) के लिए बी.सी.जी. का टीका लगाया जाता है।

49. On which day in 'International Yoga Day' celebrated?
'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' किस दिन मनाया जाता है?

(a) 20th June/20 जून (b) 21st June/21 जून
(c) 25th June/25 जून (d) 28th June/28 जून

Ans. (b) : 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' 21 जून को मनाया जाता है।

विश्व शरणार्थी दिवस	20 जून
विश्व युवा दिवस	12 अगस्त
राष्ट्रीय युवा दिवस	12 जनवरी
विश्व वानिकी दिवस	21 मार्च
प्रवासी दिवस	9 जनवरी
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस	28 फरवरी
विश्व विरासत दिवस	18 अप्रैल
विश्व श्रमिक दिवस	1 मई
राष्ट्रीय खेल दिवस	29 अगस्त

50. In which clothes are resin starch used?
किन वस्त्रों में गोंद के कलफ का उपयोग होता है?

(a) Cotton clothes/सूत्री वस्त्र
(b) Woolen clothes/ऊनी वस्त्र
(c) Silken clothes/रेशमी वस्त्र
(d) Nylon clothes/नायलॉन वस्त्र

Ans. (c) : रेशमी वस्त्र में गोंद के कलफ का उपयोग होता है। रेशम प्राकृतिक प्रोटीन से बना रेशा है।
रेशम के कुछ प्रकार के रेशों से वस्त्र बनाए जा सकते हैं। ये प्रोटीन रेशों में मुख्यतः फाइब्रोइन (Fibroin) होता है। ये रेशे कुछ कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है। सबसे उत्तम रेशा शहतूत के पत्तों पर पलने वाले कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है।

51. When "Sports Day" is celebrated?
''खेल दिवस'' कब मनाया जाता है?

(a) 29 August/29 अगस्त (b) 25 August/25 अगस्त
(c) 30 August/30 अगस्त (d) 31 August/31 अगस्त

Ans. (a) : खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल दिवस मनाया जाता है। 29 अगस्त 1905 को इनका जन्म हुआ था। शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिये खेल सबसे अच्छा तरीका है, तथा खेल तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करता है।

पृथ्वी दिवस	22 अप्रैल
विश्व जनसंख्या दिवस	11 जुलाई
हिन्दी दिवस	14 सितम्बर
ओजोन परत संरक्षण दिवस	16 सितम्बर
विश्व खाद्य दिवस	16 अक्टूबर
बाल दिवस	14 नवम्बर
विश्व युवा दिवस	12 अगस्त
विश्व पर्यावरण दिवस	5 जून

52. Who is the author of the most prominent book on yoga "Yog Darshan"?/योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ ''योग दर्शन'' के लेखक कौन हैं?

(a) Maharshi Narad/महर्षि नारद
(b) Maharshi Bharat/महर्षि भरत
(c) Maharshi Patanjali/महर्षि पतंजलि
(d) Maharshi Devdatt/महर्षि देवदत्त

Ans. (c) : योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ ''योग दर्शन'' के लेखक महर्षि पतंजलि हैं।

प्रमुख ग्रन्थ	लेखक
नारद पांचरात्र	महर्षि नारद
चार्वाक	चार्वाक
सांख्य सूत्र	कपिल
न्याय	गौतम
पूर्वमीमांसा	जैमिनी
उत्तर मीमांसा	बादरायण
वैशेषिक	कणाद
अभिज्ञान शाकुन्तलम	कालिदास
प्रियदर्शिका	हर्ष

53. 'Zein' protein is related to which crop?
'ज़ीइन' नामक प्रोटीन किस फसल से सम्बन्धित है?

(a) Soybean/सोयाबीन से (b) Paddy/धान से
(c) Maize/मक्का से (d) Oat/जई से

Ans. (c) : ज़ीइन नामक प्रोटीन मक्का फसल से सम्बंधित है। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन तथा खनिज लवण के अलावा हमारे भोजन में आहारी रेशे और जल भी पाये जाते हैं। प्रोटीन दाल, सोयाबीन, मटर, राजमा, पनीर, अंडा में पाया जाता है, जो शरीर की वृद्धि करने में मदद करते हैं। प्रोटीन शब्द का नामकरण जे. मूल्डर ने 1840 में किया था। यह एक जटिल कार्बनिक यौगिक है। प्रोटीन जीवद्रव्य एवं ऊतकों के निर्माण में भाग लेते हैं बच्चों में प्रोटीन की कमी से क्वाशियोकर एवं मरास्मस नामक रोग हो जाता है। मक्का में व्हाइट बाइट एवं धान में खैरा रोग जस्ता की कमी के कारण होता है। मक्का फसल की उत्पत्ति मध्य अमेरिका में हुयी, जबकि सोयाबीन की उत्पत्ति चीन में हुयी। सोयाबीन के उत्पादन में म.प्र. प्रथम स्थान पर है।

54. Which breed of cow is dual purpose?
गाय की कौन-सी नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है?

(a) Jersey/जर्सी (b) Gir/गीर
(c) Sindhi/सिंधी (d) Tharparkar/थारपारकर

Ans. (d) : गाय की थारपारकर नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है। यह गाय राजस्थान में जोधपुर और जैसलमेर में मुख्य रूप से पायी जाती है। इस नस्ल की गाय भारत की सर्वश्रेष्ठ दुधारू गायों में गिनी जाती है। इस गाय की उत्पत्ति स्थल 'मालाणी' (बाड़मेर) है। राजस्थान में इसे 'मालाणी' नस्ल के नाम से जाना जाता है।

55. India has divided in how many Agro Climatic Zones?/भारत को कुल कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है?

(a) 12 (b) 9
(c) 15 (d) 22

Ans. (c) : भारत को कुल 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया तथा उत्तर प्रदेश को कुल 9 कृषि जलवायु प्रदेशों में बाँटा गया है। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहाँ की आधे से अधिक जनसंख्या कृषि व उससे सम्बन्ध कार्यों में लगी हुयी है। सामान्य रूप से भारत की कृषि पर चार प्रमुख कारकों का प्रभाव पड़ता है।

1. भौतिक कारक 2. संस्थागत कारक
3. संरचनात्मक कारक 4. राजनीति प्रशासनिक कारक

भारत की भौतिक संरचना, जलवायविक एवं मृदा सम्बन्धी विभिन्नताएँ ऐसी है जो यहाँ अनेक प्रकार की फसलों की कृषि को प्रोत्साहित करती है। यहाँ पर मुख्यतः तीन फसलें पैदा की जाती है।

1. रबी की फसल 2. खरीफ की फसल 3. जायद की फसल

56. Who is the writer of 'Rajpoot Painting'?
'राजपूत पेंटिंग' के लेखक कौन हैं?

(a) Rai Krishna Das/राय कृष्ण दास
(b) Ananda K. Coomaraswamy
आनन्द के. कुमारस्वामी
(c) W.G. Archer/डब्ल्यू.जी. आर्चर
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : राजपूत पेंटिंग के लेखक आनन्द कुमार स्वामी हैं जिसे 1916 में लिखा था। जिसमें विभिन्न ऋतुओं का श्रृंगारिक चित्रण कर उनका मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अंकन किया गया है। राजपूत पेंटिंग में पहाड़ी चित्र शैली को भी शामिल किया गया है। इस शैली के अंतर्गत केवल राजस्थान की चित्रकला को ही स्वीकार करते हैं।

57. Folk Art is associated with
लोक कला का सम्बन्ध है–

(a) Painting/चित्रकला से
(b) Regional Art/क्षेत्रीय कला से
(c) Modern Art/आधुनिक कला से
(d) Pre-Historical Art/प्रागैतिहासिक कला से

Ans. (b) : लोक कला का सम्बन्ध क्षेत्रीय कला से है, लोक कला स्थानीय समुदाय की समग्र कलात्मक गतिविधि है, यह एक सामाजिक या जातीय समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित कला है जिन्होंने अपनी संस्कृति को संरक्षित किया है। बिहू नृत्य यह असम के कचारी व कहारी जनजातियों में प्रचलित हैं। घूमर राजस्थान का प्रचलित लोकनृत्य है जिसे भील जनजाति की स्त्रियां करती हैं। पाण्डवानी छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकनृत्य हैं।

भारत की प्रमुख लोक कला–

रंगोली	- महाराष्ट्र	मांडणां	- राजस्थान
साथिया	- गुजरात	चौक पूरना	- उ.प्र.
गोदना	- बिहार	मेंहदी	- राजस्थान
अपहन	- बिहार		

58. Geometrical design is called
ज्यामितीय डिज़ाइन कहते हैं–

(a) Design made by geometrical forms
ज्यामितीय आकरों से बनी आकृति को
(b) Geometrical forms/ज्यामितीय आकारों को
(c) Design made in square/वर्ग में बनी डिज़ाइन को
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : ज्यामितीय डिजाइन ज्यामितीय आकारों से बनी आकृति को कहते हैं। ज्यामिती का एक लंबा बहुमूल्य इतिहास है शब्द ज्यामिती यूनानी शब्द जियोमीट्रोन (Geometron) का अंग्रेजी तुल्य है। जिया का अर्थ भूमि और मीट्रोन का अर्थ है-मापना। इतिहासकारों के अनुसार प्राचीन समय में ज्यामितीय अवधारणाएँ सम्भवतः कला, वास्तुकला, शिल्पकला और भूमि मापन की आवश्यकताओं के कारण विकसित हुयी। वैभवपूर्ण राज भवनों, मंदिरों, झीलों, बांधों और नगरों के निर्माणों कला और वास्तुकला या शिल्प ने इन अवधारणाओं को उजागर किया। किसी डिजाइन के संदेश या प्रसंग को विषय वस्तु कहा जाता है। ये प्रसंग ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि हो सकते हैं। डिजाइन का प्रयोजन या अनुप्रयोग प्रतिफल देना है।

59. Aipan is associated with which State?
ऐपण का सम्बन्ध किस राज्य से है?

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Uttarakhand/उत्तराखण्ड

Ans. (d) : 'ऐपण' का सम्बन्ध उत्तराखंड राज्य से है। मिथिला की चित्रकारी में 'मधुबनी' चित्रकला प्रसिद्ध है। अरचायी कलाओं में, कोहबर, ऐपण, अल्पना, रंगोली जैसे कलाएँ काफी प्रचलित हैं, इन कलाओं का सम्बन्ध शादी त्योहार और उत्सवों से है, इन्हें क्षेत्रीय भाषाओं में अलग-अलग नाम से जाना जाता है।

राजस्थान - मडने	गुजरात - सतिया
महाराष्ट्र - रंगोली	बिहार - अरिकान
उ.प्र. - चौक पूरना	बंगाल - अल्पना

नोट–दक्षिण भारत में इसे कोलम के नाम से जाना जाता है।

60. How many total numbers of Shrutees are there in Hindustani Sangeet?/हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल कितनी संख्या मानी गई है?

(a) 13/तेरह (b) 22/बाईस
(c) 12/बारह (d) 9/नौ

Ans. (b) : हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल संख्या 22 मानी गयी हैं। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का वह छोटे से छोटा नाद जो कानों को स्पष्ट सुनाई दे, व समझा जा सकें श्रुति कहलाता है। शास्त्रकार श्रुति की परिभाषा इस प्रकार करते हैं- ''श्रुयते इति श्रुतिः'' अर्थात जो आवाज कान को सुनाई दे वह श्रुति है।

सप्तक–सात स्वरों के समूह को जब एक क्रम में कहा जाता है अथवा लिखा जाता है तब उसे सप्तक कहते हैं, संक्षेप में हम कह सकते हैं कि सप्तक में सातों स्वर क्रमानुसार होते हैं। उदाहरण के लिये सा, रे, ग, म, प, ध, नी यह एक सप्तक है।

कहरवा–कहरवा ताल में 8 मात्राएँ होती हैं। कहरवा ताल चंचल प्रकृति का ताल है, इसका प्रयोग तबले, ढोलक आदि वाद्यों पर किया जाता है।

मात्रा–संगीत में समय नापने के लिये जिस इकाई का प्रयोग किया जाता है उसे मात्रा कहते हैं। मात्राओं के आधार पर तानों की रचना होती है।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2019
(Class VI-VIII)
सामाजिक अध्ययन
द्वितीय प्रश्न-पत्र
व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 8 जनवरी, 2020)

1. The text of which of the following authors furnishes the details of history of the Kashmir during twelfth century A.D.?
अधोलिखित में से किस लेखक की पुस्तक से कश्मीर के बारहवीं शताब्दी ईसवी के इतिहास का विवरण प्राप्त होता है?

(a) Jalhana/जल्हण (b) Kalidasa/कालिदास
(c) Kalhana/कल्हण (d) Bilhana/बिल्हण

Ans. (c) : कश्मीरी कवि कल्हण द्वारा रचित ''राजतरंगिणी'' में कश्मीर के बारहवीं शताब्दी ईसवी के इतिहास का विवरण प्राप्त होता है। यह संस्कृत साहित्य में ऐतिहासिक घटनाओं के क्रमबद्ध इतिहास लिखने का प्रथम प्रयास है। इसमें आदिकाल से लेकर 1151 ई. के आरम्भ तक के कश्मीर में प्रत्येक शासक के काल की घटनाओं का क्रमानुसार विवरण दिया गया है।

2. Which of the following Sultan of Delhi assumed the title of 'Sikandar Second' (Sani)?
दिल्ली के किस सुल्तान ने 'सिकन्दर द्वितीय' (सानी) की उपाधि धारण की थी।

(a) Sikandar Lodi/सिकन्दर लोदी
(b) Iltutmish/इल्तुतमिश
(c) Balban/बलबन
(d) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलज़ी

Ans. (d) : दिल्ली सल्तनत काल के दौरान खिलजी वंश के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने सिकन्दर ए सानी की उपाधि धारण की। अलाउद्दीन खिलजी को द्वितीय सिकन्दर कहा जाता है।

3. Match the following :
सुमेलित कीजिए :

A.	Raja Ram Mohan Roy/ राजा राम मोहन राय	I.	Ram Krishna Mission/ रामकृष्ण मिशन
B.	Vivekanand/ विवेकानन्द	II.	Prathna Samaj/ प्रार्थना समाज
C.	Dayanand Saraswati/ दयानन्द सरस्वती	III.	Brahma Samaj/ ब्रह्म समाज
D.	M.G. Ranade/ एम.जी. रानाडे	IV.	Arya Samaj/ आर्य समाज

	A	B	C	D
(a)	I	II	III	IV
(b)	III	I	IV	II
(c)	III	IV	II	I
(d)	IV	I	II	III

Ans. (b) : सही सुमेलित है–

राजाराम मोहन राय	–	ब्रह्म समाज (1828 ई. कलकत्ता)
विवेकानन्द	–	रामकृष्ण मिशन (1897 ई. बेलूर)
दयानन्द सरस्वती	–	आर्य समाज (1875 ई. बम्बई)
एम.जी. रानाडे	–	प्रार्थना समाज (1870 ई. में इसके सदस्य बने)

4. Which of the following is called "Mother of Indian Revolution"?
निम्नलिखित में से किसे 'मदर ऑफ इण्डियन रिवोल्यूशन' कहा जाता है?

(a) Annie Besant/एनी बेसेन्ट
(b) Preetilata Vadedar/प्रीतिलता वाडेदर
(c) Kalpana Dutt/कल्पना दत्त
(d) Madam Bhikaji Kama/मैडम भीकाजी कामा

Ans. (d) : मैडम भीका जी कामा को भारतीय क्रान्तिकारियों की माँ (मदर ऑफ इण्डियन रिवोल्यूशन) कहा जाता है। यह महाराष्ट्र की पारसी परिवार से सम्बन्धित थी तथा श्याम जी कृष्ण वर्मा की सहयोगी थी। इन्होंने 1902 ई. में भारत छोड़ दिया तथा यूरोप के विभिन्न देशों एवं अमेरिका में ब्रिटिश शासन के विरूद्ध क्रान्तिकारी प्रचार करने में लगी रहीं। अगस्त 1907 ई. में स्टुगार्ट (जर्मनी) में इन्होंने भारतीय प्रतिनिधि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस में भाग लिया तथा सम्मेलन के अंत में वही पर भारत का राष्ट्रीय तिरंगा फहराया।

5. Who got built 'Sudarshan Lake'?/'सुदर्शन झील' का निर्माण किस शासक के काल में हुआ?

(a) Ashoka/अशोक
(b) Chandragupta/चन्द्रगुप्त
(c) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(d) Bindusara/बिन्दुसार

Ans. (b) : चन्द्रगुप्त मौर्य ने सौराष्ट्र प्रान्त में सुदर्शन झील का निर्माण करवाया था। इस समय यहाँ का शासक पुष्यगुप्त वैश्य था। यह जानकारी रूद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख से प्राप्त होती है। इसी अभिलेख से यह भी पता चलता है कि अशोक के समय में सुदर्शन झील का पुनर्निमाण करवाया गया, उस समय राज्यपाल तुषास्क (यवन) था।

6. The Genealogy of the Pushyabhuti dynasty begins with the name of which of the following kings?
पुष्यभूति राजवंश की वंशावली अधोलिखित किस राजा के नाम से प्रारम्भ होती है?

(a) Prabhakaravardhana/प्रभाकरवर्धन
(b) Adityavardhana/आदित्यवर्धन
(c) Naravardhana/नरवर्धन
(d) Rajyavardhana/राज्यवर्धन

Ans. (c) : थानेश्वर में पुष्य भूमि राजवंश की वंशावली अधोलिखित है–



वर्द्धन वंश की शक्ति व प्रतिष्ठा का संस्थापक प्रभाकर वर्द्धन था प्रभाकर वर्द्धन की मृत्यु के बाद राज्यवर्द्धन थानेश्वर की गद्दी पर बैठा। हर्षवर्द्धन पुष्यभूति वंश का सर्वाधिक प्रतापी राजा था।

7. Which among the following Chalcolithic rural culture is earliest?
अधोलिखित में से कौन–सी ताम्रपाषाणिक ग्रामीण संस्कृति प्राचीनतम है?

(a) Jorwe Culture/जोर्वे संस्कृति
(b) Malwa Culture/मालवा संस्कृति
(c) Ahar Culture/अहार संस्कृति
(d) Kayatha Culture/कायथा संस्कृति

Ans. (c) : पत्थर और ताँबे के उपकरणों के प्रयोग के कारण कहलाने वाली ताम्रपाषाणिक ग्रामीण संस्कृति का सबसे प्राचीनतम साक्ष्य दक्षिण पूर्वी भारत में पायी गई अहार संस्कृति से प्राप्त होते हैं। यह 2600 से 1800 ई. पू. के समय में द.पू. राजस्थान के क्षेत्र में फैली थी। अन्य ताम्र पाषाणिक का काल इस प्रकार है–

कायथा संस्कृति	– 2000 – 1400 ई.पू.
मालवा संस्कृति	– 1900 – 1400 ई.पू.
रंगपुर संस्कृति	– 1700 – 1400 ई.पू.
जोर्वे संस्कृति	– 1500 – 900 ई.पू.

नोट- परीक्षा नियामक प्राधिकारी (PNP) ने इस प्रश्न का उत्तर (d) माना है।

8. Northern India, before rise of Mauryas was divided in :
मौर्य साम्राज्य की स्थापना के पहले समस्त उत्तरी भारत विभक्त था–

(a) Twenty Monarch States/बीस राजतंत्र शासन में
(b) Sixteen Mahajanpadas and Republics
सोलह महाजनपद व गणराज्यों में
(c) Ten Monarch States/दस राजतंत्र शासन में
(d) Two States/दो शासन तंत्रों में

Ans. (b) : मौर्य साम्राज्य के पहले उत्तर भारत सोलह महाजनपदों में विभक्त था। जिसमें दो प्रकार के राज्य थे राजतंत्र और गणतंत्र। इन महाजनपदों की जानकारी बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय और जैन ग्रन्थ भगवती सूत्र से प्राप्त होती है। इसमें मगध, वत्स, कोशल एवं अवन्ति अत्यन्त शक्तिशाली थे।

9. Aram Bagh was constructed by which among the following Mughal Emperor?/आराम बाग अधोलिखित किस मुगल बादशाह ने बनवाया था?

(a) Jahangir/जहाँगीर (b) Babur/बाबर
(c) Humayun/हुमायूँ (d) Akbar/अकबर

Ans. (b) : आगरा में आरामबाग का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने करवाया था। बाबर बगीचों का बहुत शौकीन था। कश्मीर का निशात बाग, लाहौर का शालीमार, पानीपत का काबुली बाग मस्जिद, संभल की जामी मस्जिद, आगरा का मस्जिद, अब्दुल बाकी द्वारा तैयार अयोध्या की बाबरी मस्जिद इत्यादि बाबर के काल में बनवाई गई है।

10. Who started Home Rule Movement in India in 1916?/1916 में भारत में होम रूल आंदोलन की शुरूआत किसने की थी?

(a) G.K. Gokhale/जी.के. गोखले
(b) Gandhiji/गांधी जी
(c) B.G. Tilak/बी.जी. तिलक
(d) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय

Ans. (c) : 1916 में भारत में होमरूल आन्दोलन की शुरूआत बाल गंगाधर तिलक के द्वारा की गई। तिलक ने 16 अप्रैल, 1916 में बेलगांव में हुए प्रांतीय सम्मेलन में होमरूल लीग के गठन की घोषणा की। जोसेफ बैपटिस्टा इसके अध्यक्ष थे। सितम्बर, 1916 में एनीबेसेंट ने भी होमरूल लीग की स्थापना की तथा जार्ज अरूंडेल को संगठन का सचिव नियुक्त किया। तिलक तथा एनीबेसेंट ने किसी प्रकार के व्यवधान से बचने के लिए अपने–अपने कार्यक्षेत्रों का निर्धारण कर लिया। तिलक ने महाराष्ट्र और कर्नाटक तथा एनी बेसेंट ने मद्रास तथा तमिलनाडु को अपना क्षेत्र चुना।

11. Antecedent river is :/पूर्ववर्ती नदी है–

(a) Godavari/गोदावरी (b) Satluj/सतलुज
(c) Ganga/गंगा (d) Yamuna/यमुना

Ans. (b) : पूर्वानुवर्ती नदियाँ वे जलधाराएँ हैं, जो कि स्थलखण्ड में उत्थान होने पर भी अपने मार्ग को ही अपनाती हैं। सतलज एक मात्र पूर्ववर्ती नदी है, जो हिमालय के तीनों श्रेणियों को अपरदित कर प्रवाहित होती है। यह चिनाब की सहायक नदी है। यह मानसरोवर झील के समीप स्थित राकस (राक्षस) ताल झील से निकलती है तथा शिपकीला दर्रे के पास भारत में प्रवेश करती है। भाखड़ा– नांगल बाँध सतलज नदी पर ही बनाया गया है। अन्य पूर्ववर्ती नदियाँ सिन्धु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, तीस्ता, घाघरा काली व गंडक हैं।

12. Outer layer of the earth is called :
पृथ्वी के बाह्य परत को कहते हैं–

(a) Crust/पपड़ी (क्रस्ट)
(b) Lithosphere/स्थल–मण्डल
(c) Hydrosphere/जल–मण्डल
(d) Troposphere/क्षोभ–मण्डल

Ans. (a) : पृथ्वी के आंतरिक संरचना को तीन भागों में विभक्त किया जाता है– 1. क्रस्ट (पपड़ी) 2. मेंटल 3. कोर (क्रोड)



क्रस्ट पृथ्वी की बाह्यपरत है। इसका निर्माण मुख्यतः सिलिका और अल्युमिनियम से हुआ है। क्रस्ट के नीचे मेंटल का विस्तार है जिसका निर्माण सिलिका और मैग्नीशियम से हुआ है। मेंटल के नीचे कोर होता है जिसका निर्माण मुख्य रूप से निकेल और लोहा से हुआ है।

13. Which one of the following is a warm current?
निम्नलिखित में से कौन–सी गर्म धारा है?

(a) Kuroshio current/क्यूरोशिया धारा
(b) Kurile current/कुराइल धारा
(c) Canary current/कनारी धारा
(d) Labrador current/लैब्राडोर धारा

Ans. (a) : सागर तल की विशाल जलराशि की निश्चित दिशा में होने वाली सामान्य गति को महासागरीय धारा कहते हैं।

गर्म जल धारा	ठण्डी जल धारा
क्यूरोशियों की धारा (प्रशान्त महासागर)	ओयाशियो की धारा (प्रशान्त महासागर)
अलास्का की धारा (प्रशान्त महासागर)	पेरू या हम्बोल्ट की धारा
एलनिनो की धारा (प्रशान्त महासागर)	लानिनो
मोजाम्बिकी की धारा (हिन्द महासागर)	प. ऑस्ट्रेलिया की धारा (हिन्द महासागर)
गल्फ स्ट्रीम (अटलांटिक महासागर)	कनारी की धारा (अटलांटिक महासागर)

14. Which one of the following is the cheapest means of transport?/निम्नलिखित में से कौन–सा परिवहन का सबसे सस्ता साधन है?

(a) Road transport/सड़क परिवहन
(b) Air transport/वायु परिवहन
(c) Water transport/जल परिवहन
(d) Rail transport/रेल परिवहन

Ans. (c) : जल परिवहन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का सबसे सुगम व सस्ता माध्यम होता है। यह पत्तन अथवा बन्दरगाह के द्वारा होता है, जो कि अपने पृष्ठ प्रदेशों से रेलमार्गों, सड़कों व अंतः स्थलीय जलमार्गों द्वारा जुड़ा हुआ होता है। कुछ प्रमुख पत्तन हैं– सिंगापुर, शंघाई, रॉटरडम, कोच्चि, कांडला इत्यादि। कुछ नहर प्रणालियाँ– पनामा नहर, स्वेज नहर, कील नहर इत्यादि भी जल परिवहन के माध्यम हैं।

15. Godavari river originates from :
गोदावरी नदी निकलती है–

(a) Amarkantak/अमरकंटक से
(b) Mahabaleshwar/महाबलेश्वर से
(c) Nasik/नासिक से
(d) Betul/बेतूल से

Ans. (c) : प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लम्बी नदी गोदावरी (1465 किमी.) है। पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में स्थित त्र्यंबकेश्वर (नासिक) इसका उद्गम स्थान है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ प्राणहिता, पेनगंगा, वेनगंगा, इन्द्रावली और मंजिरा है। दक्षिण भारत की सबसे लम्बी नदी होने के कारण इसे दक्षिण की गंगा कहते हैं।

16. Suez canal connects :
स्वेज नहर जोड़ती है–

(a) Mediterranean Sea – Red Sea
भूमध्य सागर – लाल सागर
(b) Mediterranean Sea – Arab Sea
भूमध्य सागर – अरब सागर
(c) Mediterranean Sea – Atlantic Ocean
भूमध्य सागर – अटलांटिक महासागर
(d) Red Sea – Arab Sea/लाल सागर – अरब सागर

Ans. (a) : स्वेज नहर विश्व की सबसे बड़ी जहाजी (कृत्रिम) नहर है, जो भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। इस नहर को बनाने में फ्रांसीसी इंजीनियर फर्डीनेंड द लेसेप्स की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। 1869 ई. में तैयार यह नहर मिस्र की नील घाटी के निचले भाग एवं सिंचाई प्रायद्वीप को पृथक करती है। इस पर सबसे उत्तरी पत्तन पोर्ट सईद और दक्षिणी पत्तन पोर्ट स्वेज है। 1956 ई. में मिस्र की सरकार ने इस नहर का राष्ट्रीयकरण कर दिया था।

17. Which of the following is/are the ideal conditions for temperature inversion to occur?
निम्नलिखित में कौन–सा/से ताप–व्युत्क्रमण के लिए आदर्श स्थितियाँ हैं?

A. Cloudy skies/बादलयुक्त आकाश
B. Calm and stable air/शांत एवं स्थिर वायु
C. Long summer days/लंबे ग्रीष्मकालीन दिन

Select the correct answer using the codes given below :
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
Codes :/कूट :

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B only/केवल B
(c) C only/केवल C
(d) B and C only/केवल B और C

Ans. (b) : जब कभी भी किसी क्षेत्र में तापमान के ऊर्ध्वाधर विवरण प्रतिरूप में परिवर्तन आता है अर्थात् ऊँचाई के साथ तापमान में कमी की बजाय वृद्धि दर्ज की जाती है तो इसे तापमान का व्युत्क्रमण या तापीय प्रतिलोमन कहते हैं। शीतकालीन लंबी रातें, स्वच्छ एवं बादल रहित आकाश, शांत वायुमण्डल, शुष्क वायु तथा हिमाच्छादित धरातल आदि इसके लिए आदर्श दशाएं उपलब्ध कराते हैं। तापीय व्युत्क्रमण घने कुहरे को जन्म देता है जिससे दृश्यता कम हो जाती है एवं परिवहन में अवरोध उत्पन्न होता है।

18. Meghalaya Plateau is an extension of :
मेघालय का पठार विस्तार है–

(a) Peninsular Plateau/प्रायद्वीपीय पठार
(b) Tibet Plateau/तिब्बत का पठार
(c) Himalaya/हिमालय
(d) Aravali/अरावली

Ans. (a) : मेघालय का पठार प्रायद्वीपीय पठार का भाग है। प्रायद्वीपीय पठार प्राचीन गोंडवाना भूमि का भाग है एवं त्रिभुजाकार आकृति में है। अरावली, राजमहल और शिलांग की पहाड़ियाँ (मेघालय की पहाड़ियाँ) इस पठार की उत्तरी सीमा पर हैं। दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार अनेक भागों में विभक्त है। इसके अंतर्गत मालवा, बैतूल व बघेलखंड का पठार बुंदेलखण्ड का पठार, दण्डकारण्य पठार, रायल सीमा का पठार, तेलंगाना का पठार, हजारी बाग छोटा नागपुर का पठार शामिल किए गए हैं।

19. Which one of the following agents of erosion is responsible for the formation of sand dunes?
निम्नलिखित में से कौन–सा अपरदन अभिकर्त्ता बालूका स्तूपों (बालू टिब्बा) के निर्माण के लिए उत्तरदायी है?

(a) Wind/पवन
(b) River/नदी
(c) Glacier/हिमनदी
(d) Underground water/भूमिगत जल

Ans. (a) : शुष्क व अर्द्धशुष्क मरूस्थलीय भागों में पवन ही अपरदन का सबसे शक्तिशाली साधन है। पवन द्वारा अपरदन अपघर्षण, सन्निघर्षण तथा अपवहन के रूप में किया जाता है। पवन के अपरदन के द्वारा ज्यूगेन, छत्रशिला, इंसेलबर्ग, बालिका स्तूप, लोएस, यारडांग इत्यादि स्थलाकृतियाँ निर्मित होती है। बालिका स्तूप ऐसे टीले हैं जो हवा द्वारा उड़ाकर लाई गई रेत आदि पदार्थों के जमाव से बनते हैं।

20. Which one of the following is the lower–most layer of the earth's atmosphere?
निम्नलिखित में से कौन–सी पृथ्वी के वायु–मण्डल की सबसे निचली परत है?

(a) Thermosphere/ताप–मण्डल
(b) Troposphere/क्षोभ–मण्डल
(c) Mesosphere/मध्य–मण्डल
(d) Stratosphere/समताप–मण्डल

Ans. (b) : वायुमण्डल अलग–अलग घनत्व तथा तापमान वाली विभिन्न परतों का बना होता है। इसका विस्तार 1000 किमी. की ऊँचाई तक मिलता है। इसे पाँच विभिन्न संस्तरों में विभक्त किया है–
1. क्षोभ मण्डल 2. समताप मण्डल 3. मध्य मण्डल 4. आयन मण्डल 5. बाह्य मण्डल
क्षोभमण्डल, वायुमण्डल का सबसे नीचे का संस्तर है, इसे परिवर्तन मण्डल भी कहते हैं।

21. In which year Fundamental Duties were incorporated in our Constitution?
हमारे संविधान में मूल कर्त्तव्य कब लाया गया था?

(a) In 1979/1979 में (b) In 1976/1976 में
(c) In 1977/1977 में (d) In 1978/1978 में

Ans. (b) : भारतीय संविधान में स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भाग 4क और अनुच्छेद 51(क) को जोड़कर कुल 10 मौलिक कर्त्तव्यों को शामिल किया गया है। 86वें संशोधन, अधिनियम 2002 द्वारा 11वें कर्त्तव्य के रूप में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करने का कर्त्तव्य बच्चों के माता–पिता या संरक्षक पर आरोपित किया गया।

22. In which year 'Panchayati Raj' was first setup?
सर्वप्रथम 'पंचायती राज' का गठन किस वर्ष हुआ?

(a) 1987 (b) 1972
(c) 1968 (d) 1959

Ans. (d) : सर्वप्रथम पंचायती राज की शुरूआत 2 अक्टूबर, 1959 ई. को तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले से की। वहीं पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा 73वें संविधान संशोधन द्वारा प्रदान किया गया।

23. Which of the following are incorporated in 73rd Amendment of the Constitution?
निम्नलिखित में से कौन–सा संविधान के 73वें संशोधन में सम्मिलित है?

A. Zilla Panchayat/जिला पंचायत
B. Kshetra Panchayat/क्षेत्र पंचायत
C. Gram Panchayat/ग्राम पंचायत
D. Nagar Nigam/नगर निगम

Select the correct answer from the codes given below :
नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :
Codes :/कूट :

(a) All the four/सभी चारों
(b) A, B and D/A, B और D
(c) B, C and D/B, C और D
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (d) : 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने से सम्बन्धित है। पंचायती राज संस्थाओं में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत शामिल हैं। इस संविधान संशोधन द्वारा संविधान में भाग 9 को पुनः स्थापित कर अनु. 243 से अनु. 243(O) तक नये अनुच्छेद जोड़े गये और 11वीं अनुसूची जोड़ी गयी।

24. According to the Indian Constitution, which of the following has been given Residuary Powers?
भारतीय संविधान के अनुसार निम्न में से किसे अवशिष्ट शक्तियाँ प्रदान की गई हैं?

(a) Local Bodies/स्थानीय निकायों को
(b) States/राज्य को
(c) Centre/केन्द्र को
(d) States and Centre/राज्य तथा केन्द्र को

Ans. (c) : भारतीय संविधान के अनुसार, अवशिष्ट शक्तियां केन्द्र को प्रदान की गई हैं। संविधान में अवशिष्ट शक्तियों का उल्लेख अनु. 248 में है। अवशिष्ट शक्ति से तात्पर्य ऐसे विषयों पर विधि बनाने की शक्ति से है जिसका उल्लेख 7वीं अनुसूची की किसी सूची के तहत नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान की अनुसूची 7 के तहत विधायी विषयों की तीन सूचियाँ संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती में विभाजित किया गया है।

25. In which country did Prime Minister Narendra Modi went to participate in G–7 Summit in 2019?/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी G–7 शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए 2019 में किस देश में गए थे?

(a) Italy/इटली (b) England/इंग्लैण्ड
(c) Germany/जर्मनी (d) France/फ्रांस

Ans. (d) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी G–7 शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए 2019 में फ्रांस गए थे। 24–26 अगस्त, 2019 के मध्य 45वें शिखर सम्मेलन का आयोजन बिआट्ज (फ्रांस) में किया गया। यह सातवां अवसर है, जब फ्रांस ने इस सम्मेलन की मेजबानी की है। आगामी 46वाँ सम्मेलन वर्ष 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होगा।

26. What is the number of Judges in the Supreme Court of India?/भारत में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या कितनी है?

(a) 34 (b) 30
(c) 31 (d) 33

Ans. (a) : भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की वर्तमान संख्या 34 (33 न्यायाधीश + मुख्य न्यायाधीश) हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में प्रावधान अनु. 124 (2) में दिया गया है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के और उच्च न्यायालयों के ऐसे न्यायाधीशों से परामर्श करने के पश्चात् जिनसे परामर्श करना वह आवश्यक समझे, उच्चतम न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश को नियुक्त करेगा।

27. When was 'Look East Policy' changed to 'Act East Policy'?/'लुक ईस्ट पालिसी' का 'एक्ट ईस्ट पालिसी' में परिवर्तन कब हुआ?

(a) December 2015/दिसम्बर 2015
(b) November 2014/नवम्बर 2014
(c) December 2014/दिसम्बर 2014
(d) November 2015/नवम्बर 2015

Ans. (b) : 'लुक ईस्ट पालिसी' का 'एक्ट ईस्ट पालिसी' में परिवर्तन नवम्बर, 2014 में हुआ। भारत की 'पूर्व की ओर देखो नीति (लुक ईस्ट पालिसी)' वर्ष 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव द्वारा शुरू की गयी थी। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पड़ोसी देशों से ध्यान हटा कर उभरते हुए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों की ओर करना था। केन्द्र की एनडीए सरकार ने नवम्बर 2014 में म्यांमार में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में 'पूरब की ओर देखो' की नीति को 'पूरब में काम करो नीति (एक्ट ईस्ट पालिसी)' के रूप में आगे बढ़ाया है।

28. The Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950 is included in the
उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम, 1950 अन्तर्निहित है–

(a) Twelfth Schedule/बारहवीं अनुसूची में
(b) Ninth Schedule/नवीं अनुसूची में
(c) Tenth Schedule/दसवीं अनुसूची में
(d) Eleventh Schedule/ग्यारहवीं अनुसूची में

Ans. (b) : भारतीय संविधान में वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ हैं। नौवीं अनुसूची में उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम, 1950 अन्तर्निहित है। यह अनुसूची प्रथम संविधान संशोधन अधनियम, 1951 द्वारा जोड़ी गयी है। जबकि दसवीं अनुसूची दल–बदल से, ग्यारहवी, अनुसूची पंचायती राज से तथा बारहवीं अनुसूची नगर पालिका से सम्बन्धित है।

29. Who was the Constitutional Advisor of the Constituent Assembly?
संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार कौन था?

(a) Dr. B.N. Rau/डॉ. बी.एन. राव
(b) Dr. Rajendra Prasad/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) K. Subba Rao/के. सुब्बा राव
(d) K.M. Munshi/के.एम. मुंशी

Ans. (a) : 11 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार डॉ. बी.एन. राव को नियुक्त किया गया। जबकि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किये गये। के.एम. मुंशी संविधान की प्रारूप समिति के सदस्यों में शामिल थे। प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर थे।

30. Which is largest Committee of the Indian Parliament?
भारतीय संसद की सबसे बड़ी समिति कौन–सी है?

(a) The Estimate Committee/प्राक्कलन समिति
(b) The Committee on Public Undertakings
सार्वजनिक उपक्रम समिति
(c) The Public Accounts Committee
लोक लेखा समिति
(d) The Business Advisory Committee
कार्य मंत्रणा समिति

Ans. (a) : भारतीय संसद की सबसे बड़ी समिति प्राक्कलन समिति है। इस समिति का गठन सिर्फ लोकसभा में किया जाता है। इसमें लोकसभा के कुल 30 सदस्य होते हैं, राज्य सभा के सदस्यों को इसमें शामिल नहीं किया जाता है। यह सरकारी अपव्यय रोकने की सिफारिश करती है। अतः इसे 'स्थायी मितव्ययिता समिति' भी कहा जाता है।

31. What is the ideal slogan of Olympic Games?
ओलम्पिक खेलों का आदर्श वाक्य क्या है?

(a) Keep on changing/यह बदलता रहता है
(b) Ever onward/एवर आनवर्ड
(c) Forever higher/फारएवर हायर
(d) Altius, Citius, Fortius
आल्टियस, सीटियस, फोर्टियस

Ans. (d) : ओलम्पिक खेलों का आदर्श वाक्य है– आल्टियस, सीटियस, पोर्टियस। ज्ञातव्य है कि यह 1897 में फादर डिडोन द्वारा रचित है जिसका अर्थ है– तेज, ऊँचा, बलवान। प्राचीन काल में यूनान की राजधानी एथेंस में 1896 में आयोजित किया गया था। ओलंपिया पर्वत पर खेले जाने के कारण इसका नाम ओलम्पिक पड़ा।

32. Who is the recipient of Arjun Award from the following names?
निम्नलिखित में से कौन अर्जुन पुरस्कार विजेता है?

(a) Dara Singh/दारा सिंह
(b) Vishesh Briguvanshi/विशेष भृगुवंशी
(c) Pradeep Khalco/प्रदीप खाल्को
(d) Pulela Gopichand/पुलेला गोपीचन्द

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में पुलेला गोपीचन्द को वर्ष 1999 में अर्जुन पुरस्कार और 2009 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किय गया था। बैडमिंटन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2001 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार और वर्ष 2014 में पद्मभूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

33. How many types of recreation are there?
मनोरंजन कितने प्रकार के होते हैं?

(a) Ten/दस (b) Four/चार
(c) Five/पाँच (d) Eight/आठ

Ans. (c) : मनोरंजन पाँच प्रकार के होते हैं। मनोरंजन एक ऐसी क्रिया है जिसमें सम्मिलित होने वाले को आनन्द आता है एवं मन शान्त होता है। मनोरंजन के कई साधन हैं जैसे– नृत्य, नाटक, संगीत, कवि सम्मेलन, चलचित्र, रेडियो, खेल, मेला इत्यादि।

34. Which of the following is the best Asana for knee strength?/निम्नलिखित में से कौन–सा आसन घुटनों की शक्ति के लिए अच्छा होता है?

(a) Chakrasana/चक्रासन (b) Sukhasana/सुखासन
(c) Vajrasana/वज्रासन (d) Tadasana/ताड़ासन

Ans. (c) : वज्रासन घुटनों को मोड़ने के बाद पैरों पर बैठ कर किया जाने वाला आसन है। यह संस्कृत के शब्द 'वज्र' से बना है, जिसका अर्थ है आकाश में गरजने वाली बिजली। इस योगासन में बैठकर प्राणायाम, कपालभाँति व अनुलोम–विलोम किया जा सकता है। वज्रासन घुटनों की शक्ति के लिए अच्छा है। नियमित रूप से यह आसन करने पर पीठ को मजबूती मिलती है और पीठ के निचले हिस्से की समस्या और साइटिका की समस्या से राहत मिलती है। इस आसन से पाचन ठीक रहता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

35. Where is First National Sports University opened?
प्रथम राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय कहाँ खोली गई है?

(a) Manipur/मणिपुर
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Assam/आसाम

Ans. (a) : मणिपुर में देश का पहला राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय खेला गया है। यह राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के अध्यादेश, 2018 को प्रतिस्थापित करता है जिसे 31 मई, 2018 को प्रख्यापित किया गया था। मणिपुर राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।

36. A hybrid variety of pigeon pea is
अरहर की संकर किस्म है–

(a) Bahar/बहार
(b) I.C.P.L. – 87/आई.सी.पी.एल–87
(c) U.P.A.S. – 120/यू.पी.ए.एस.–120
(d) I.C.P.H. – 8/आई.सी.पी.एच.–8

Ans. (d) : आई.सी.पी.एच. 8 अरहर की संकर किस्म है। अरहर खरीफ के मौसम की प्रमुख दलहनी फसल है। बहार, अमर, आजाद, मालवीय विकास, पारस, मालवीय चमत्कार आदि अरहर की प्रमुख किस्में हैं। अरहर की नवीन किस्में हैं– पुसा 991, 992, MA-6 आदि। IARI द्वारा विकसित अरहर की 120 दिन की अवधि वाली सुप्रसिद्ध किस्म अरहर पुसा–16 है।

37. Which of the following state is called as 'Soyabean state'?/निम्न में से किस राज्य को 'सोयाबीन–राज्य' कहा जाता है?

(a) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश
(b) Maharashtra/महाराष्ट्र
(c) Rajasthan/राजस्थान
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

Ans. (d) : मध्य प्रदेश को 'सोयाबीन–राज्य' कहा जाता है। भारत में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन मध्य प्रदेश में होता है। यह दलहन के बजाय तिलहन की फसल मानी जाती है। शाकाहारी मनुष्यों के लिए इसको मांस भी कहा जाता है क्योंकि इसमें बहुत अधिक प्रोटीन होता है। इसका वानस्पतिक नाम ग्लाईसीन मैक्स है। मध्य प्रदेश के इंदौर में सोयाबीन रिसर्च सेंटर है।

38. Growing of vegetables under "Green House" is known as /''ग्रीन हाउस'' में सब्जियों को उगाने की विधि को कहते हैं–

(a) Kitchen gardening/किचेन गार्डेनिंग
(b) Truck gardening/ट्रक गार्डेनिंग
(c) Vegetable forcing/वेजीटेबल फोर्सिंग
(d) Floating gardening/फ्लोटिंग गार्डेनिंग

Ans. (c) : ''ग्रीन हाउस'' में सब्जियों को उगाने की विधि को 'वेजीटेबल फोर्सिंग' कहते हैं। यह नेट हाउस, ग्रीन हाउस, ग्लास हाउस और अन्य कृत्रिम बढ़ती परिस्थितियों में सब्जियों को उनके सामान्य मौसम से बाहर उगाने की विधि है। इस प्रकार की खेती की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. उत्पादन की लागत सब्जी उत्पादन की अन्य विधि की तुलना में अधिक है।
2. सब्जियों को मजबूत करने के लिए विभिन्न संरचनाएं, ग्रीन हाउस, कोल्ड फ्रेम आदि की आवश्यकता होती है।
3. वेजीटेबल फोर्सिंग खेती सबसे गहन है।
4. पर्यावरण को कृत्रिम रूप से नियंत्रित किया जाता है।
5. यह एक प्रकार का विशेष मांग उन्मुख कार्यक्रम है। इस तरह की खेती में कुछ सब्जियों की फसलें जैसे टमाटर, खीरा, मटर, शतावरी आदि उगाई जाती हैं।

39. The average value of particle density of soil is : मृदाओं के कण घनत्व का औसत मूल्य होता है–

(a) 2.85 g/cm^3/ग्राम/सेमी^{3} (b) 2.56 g/cm^3/ग्राम/सेमी^{3}
(c) 2.65 g/cm^3/ग्राम/सेमी^{3} (d) 2.75 g/cm^3/ग्राम/सेमी^{3}

Ans. (c) : मृदाओं के कण घनत्व का औसत मूल्य 2.65 ग्राम/सेमी^{3} होता है। मृदा वह प्राकृतिक पिण्ड है जो विच्छेदित एवं अपक्षायित खनिजों एवं कार्बनिक पदार्थों के विगलन से निर्मित पदार्थों के परितर्वनशील मिश्रण से परिच्छेदिका के रूप में संश्लेक्षित होती है। यह पृथ्वी को एक पतले आवरण के रूप में ढके रहती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने भारतीय मिट्टियों के आठ मुख्य प्रकार बताये हैं– जलोढ़, काली, लाल, लैटराइट मरुस्थलीय, पर्वतीय, पीट व दलदली और लवणीय एवं क्षारीय मृदायें।

40. Which one of the following is popular system of planting in Hill Region?
निम्नलिखित में बाग लगाने की कौन–सी विधि पहाड़ी क्षेत्रों में अपनाई जाती है?

(a) Square/वर्गाकार (b) Hexagonal/षट्भुजाकार
(c) Quincunx/एकान्तर (d) Contour/समोच्च

Ans. (d) : ढाल के ऊपर एक ही ऊँचाई के अलग–अलग दो बिन्दुओं को मिलाने वाली काल्पनिक रेखा को समोच्च कहते हैं। ढाल के विपरीत समोच्च रेखा पर किसी भी प्रकार की कर्षण क्रिया द्वारा खेती करना, समोच्च खेती कहलाती है। इस विधि द्वारा खेती पहाड़ों पर की जाती है। इसके द्वारा कम वर्षा वाले क्षेत्रों में नमी को सुरक्षित रखा जा सकता है। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में मृदा क्षरण से बचाव, सम्पूर्ण क्षेत्र में नमी का समान वितरण तथा विभिन्न कृषि कार्यों में बचत होती है।

41. Protective nutrients in a Balanced diet are
सन्तुलित आहार में सुरक्षात्मक पोषक तत्व है–

(a) Vitamins and minerals/विटामिन व खनिज लवण
(b) Carbohydrate/कार्बोज
(c) Fat/वसा
(d) Protein/प्रोटीन

Ans. (a) : सन्तुलित आहार में सुरक्षात्मक पोषक तत्व विटामिन एवं खनिज लवण हैं। विटामिन एक प्रकार के पदार्थ होते हैं जो शरीर की विभिन्न प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनकी कम मात्रा ही शरीर के लिए उपयोग होती है इसलिए इन्हें सूक्ष्म पोषक तत्व कहते हैं।

विटामिन
- जल में घुलनशील विटामिन B और C
- वसा में घुलनशील विटामिन A, D, E, K

42. Which one of these is the best method of cooking?/निम्नलिखित विधियों में से भोजन पकाने की सर्वोत्तम विधि क्या है?

(a) Baking/सेंकना (b) Steaming/उबालना
(c) Roasting/भूनना (d) Frying/तलना

Ans. (b) : भोजन पकाने की सर्वोत्तम विधि उबालना है। खौलते पानी में भोज्य पदार्थों को पकाने की क्रिया को उबालना कहते हैं। किसी बर्तन में पानी डालकर चूल्हे पर चढ़ा देते हैं। उसी में भोज्य पदार्थ डाल दिए जाते हैं। इस प्रकार के पके हुए भोज्य पदार्थों के पोषक तत्व बहुत कम मात्रा में नष्ट होते हैं।

43. Trypsin enzyme is helpful in which action?
ट्रिप्सिन एन्जाइम किस क्रिया में सहायक होता है?

(a) Digestion of nucleic acid
न्यूक्लिक अम्ल के पाचन में
(b) Digestion of protein/प्रोटीन के पाचन में
(c) Digestion of carbohydrate/कार्बोहाइड्रेट के पाचन में
(d) Digestion of fat/वसा के पाचन में

Ans. (b) : ट्रिप्सिन एन्जाइम प्रोटीन के पाचन क्रिया में सहायक होता है। यह प्रोटीन तथा पेप्टोन को विलेय अमीनो अम्ल में बदल देता है। यह अग्नाशयी रस है। अग्नाशयी रस में शामिल अन्य पाचक एन्जाइम ऐमिलोप्सिन, एन्टीएप्सिन कार्बोक्सीपेप्टिडेस हैं।

44. Name the Chickenpox virus
चेचक के विषाणु का नाम बताइए।

(a) Bacillus Typhosus/बैसिलस टाइफोसस
(b) Variola virus/वेरीयोला वाइरस
(c) Entamoeba histolytica/एण्टअमीबा हिस्टोलिटिका
(d) Vibrio cholerae/विब्रियो कॉलेरी

Ans. (b) : चेचक एक वायरस जनित रोग है। यह रोग वैरिओला विषाणु द्वारा फैलता है। इसका प्रयोग सम्पूर्ण शरीर पर होता है। रोग वायु द्वारा या रोगी से सीधे सम्पर्क द्वारा फैलता है, इसमें रोगी को ज्वार, सिर में दर्द, जुकाम तथा उल्टियाँ होती हैं, फिर 3–4 दिनों बाद मुँह पर लाल दाने निकल आते हैं।

45. Schafer method is used for :
शेफर विधि का प्रयोग किया जाता है–

(a) Fractured leg bones/टाँग की हड्डी टूटने पर
(b) Someone who is drowning
रोगी के पानी में डूबने पर
(c) Fractured rib/पसली की हड्डी टूटने पर
(d) Unconsciousness/सामान्य मूर्च्छा आ जाने पर

Ans. (b) : रोगी के पानी में डूबने पर कृत्रिम सांस देने के लिए शेफर विधि प्रयोग में लायी जाती है।
वयस्क लोगों में कृत्रिम सांस के लिए शेफर विधि सबसे अच्छी मानी जाती है। शेफर विधि में रोगी को पीठ के बल लिटाकर उसकी पसलियों के ऊपर दबाव बनाया जाता है। यह 2–3 सेकण्ड तक करते हैं, उसके बाद दबाव 2–3 सेकेण्ड तक हटा देते हैं। इस क्रिया को करने से रोगी के फेफड़ों में श्वास की क्रिया प्रारम्भ हो जाती है।

46. Where was the sustainable development explained for first time?/संपोषणीय विकास के संकल्पना की व्याख्या सर्वप्रथम किसमें की गयी है?

(a) First Earth Summit Report
प्रथम पृथ्वी सम्मेलन रिपोर्ट
(b) Human Development Report/मानव विकास रिपोर्ट
(c) World Development Report/विश्व विकास रिपोर्ट
(d) Brundtland Commission Report
ब्रुटलैंड कमीशन रिपोर्ट

Ans. (d) : संपोषणीय विकास की संकल्पना की सर्वप्रथम ब्रटलैण्ड कमीशन रिपोर्ट में की गई थी। संपोषणीय विकास मानव विकास की वह प्रक्रिया है जिसमें पर्यावरण का निम्नीकरण किए बिना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है, साथ ही भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनके उपयोग पर बल दिया जाता है।

47. Which of the following is the National Aquatic Animal of India?/निम्न में से किसे भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव कहा जाता है?

(a) Turtle/कछुआ
(b) Crocodile/घड़ियाल
(c) Aligator/मगर
(d) Dolfin Gangetica/डाल्फिन गैंगेटिका

Ans. (d) : भारत की राष्ट्रीय जलीव जीव डाल्फिन गैंगेटिका है। यह भारत, नेपाल, बांग्लादेश की गंगा, ब्रह्मपुत्र, मेघना और कर्नफुली संगु नदी तंत्र में पाई जाती है, इन्हें वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में रखा गया है। जल प्रदूषण, मछली पकड़ने का जाल, नदियों में गाद का जमा होना और तेल प्राप्त करने के लिए इनका शिकार करना आदि ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से इनकी संख्या में कमी आ रही है।

48. In which year Forest Conservation Act was passed?/किस वर्ष वन संरक्षण अधिनियम पारित किया गया था?

(a) 1980 (b) 1988
(c) 1986 (d) 1990

Ans. (a) : वन संरक्षण अधिनियम 1980 में पारित किया गया था, जिसे 1988 में संशोधित किया गया। ज्ञातव्य है कि वन अधिकारों के लिए अनुसूचित जाति एवं अन्य पारम्परिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 लाया गया।

49. Which of the following is not a green house effect gas?/निम्नलिखित में से कौन–सा हरितगृह प्रभाव गैस नहीं है?

(a) Methane/मिथेन
(b) Nitrogen/नाइट्रोजन
(c) Carbon-di-oxide/कार्बन-डाई–ऑक्साइड
(d) Ozone/ओजोन

Ans. (b) : हरित गृह (ग्रीन हाउस) प्रभाव प्राकृतिक रूप से घटने वाली एक प्रघटना है जिसके कारण वायुमण्डल गर्म बना रहता है। नाइट्रोजन हरितगृह प्रभाव गैस नहीं है। कार्बन डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, मीथेन, क्लोरोफ्लोरो कार्बन, ओजोन, नाइट्रस ऑक्साइड इत्यादि ग्रीन हाउस गैसें हैं।

50. Which of the following is not a soil conservation method?/निम्नलिखित में से कौन–सी मृदा संरक्षण की विधि नहीं है?

(a) Organic manure/जैविक खाद
(b) Crop cycle/फसल चक्र
(c) Pesticides/कीटनाशक रसायन
(d) Check soil erosion/मृदा अपरदन रोकना

Ans. (c) : मृदा संरक्षण के उपाय निम्न हैं–
- वनीकरण एवं पुनर्वनीकरण
- निर्वनीकरण एवं पशुचारण को नियंत्रित करना
- मेड़बंदी एवं कंटूर कृषि
- मल्चिंग
- फसल चक्र कृषि
- पट्टीदार कृषि अपनाना
- ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई
- ढाल के लंबवत जुताई करना।

जबकि कीटनाशक रसायन का प्रयोग फसलों को कीट पतंगों से बचाने के लिए किया जाता है।

51. Sewing machine runs heavily due to which reason?/सिलाई मशीन कब भारी चलती है?

(a) When the thread is clogged in the shuttle
शटल में धागा अटक जाने पर
(b) Lack of oiling and cleaning
तेल की कमी तथा सफाई नहीं करने पर
(c) When the belt is too loose
बेल्ट बहुत ढीला होने पर
(d) More pressure is applied on pressure foot
प्रेशर फुट में ज्यादा दबाव होने पर

Ans. (b) : सिलाई मशीन कपड़े सिलने की मशीन है। यह तेल की कमी तथा सफाई नहीं करने पर भारी चलती है।

52. Calcium deficiency in old age leads to which disease?/वृद्धावस्था में कैल्शियम की कमी से कौन–सा रोग हो जाता है?

(a) Osteomalacia/ऑस्टियोमलेशिया
(b) Rickets/रिकेट्स
(c) Osteoporosis/ऑस्टियोपोरोसिस
(d) Anaemia/एनीमिया

Ans. (c) : वृद्धावस्था में कैल्शियम की कमी के कारण ऑस्टियोपोरोसिस रोग हो जाता है। आस्टियोपोरोसिस अस्थि ढाँचे का ऐसा रोग है जिसमें अस्थि सघनता के कम होने एवं अस्थिमज्जा की संरचना के ह्रास से हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं तथा उनके टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

53. Which element is called protein in haemoglobin? हीमोग्लोबिन में प्रोटीन नामक तत्व कौन–सा है?

(a) Lipoprotein/लिपोप्रोटीन
(b) Haem/हीम
(c) Haemoglobin/हीमोग्लोबिन
(d) Globin/ग्लोबिन

Ans. (d) : लाल रुधिर कणिकाओं में लौह युक्त प्रोटीन पाया जाता है, जिसे हीमोग्लोबिन कहते हैं। जिसमें हीमो वर्णक है इसका रंग लाल होता है इसी कारण रुधिर कणिकाएँ लाल होती हैं, ग्लोबिन एक प्रोटीन है।

54. Which German Educationist's lesson plan is prevalent in Europe and India nowadays? आजकल यूरोप और भारत में किस जर्मन शिक्षाशास्त्री की पाठ योजना पद्धति प्रचलित है?

(a) Herbert/हरबर्ट (b) Froebel/फ्रोबेल
(c) Montessori/माण्टेसरी (d) Dalton/डाल्टन

Ans. (a) : आजकल यूरोप और भारत में हरबर्ट नामक जर्मन शिक्षाशास्त्री की पाठ योजना पद्धति प्रचलित है। हरबर्टीय पाठ योजना अबोधात्मक जन सिद्धांत पर आधारित है जिसमें विद्यार्थी को कोरा कागज माना जाता है और सारा ज्ञान बाहर से दिया जाता है। हरबर्ट ने पाठ चरण बताये– प्रस्तावना, प्रस्तुतीकरण, संगठन, तुलना और मूल्यांकन।

55. Project method is based on : योजना विधि आधारित है–

(a) None of these/इनमें से कोई नहीं
(b) Learning by doing/करके सीखने पर
(c) By listening/सुनने पर
(d) By watching/देखने पर

Ans. (b) : योजना विधि (प्रोजेक्ट विधि) शिक्षण की नवीन विधि मानी जाती है। इसका विकास शिक्षा में सामाजिक प्रवृत्ति के फलस्वरूप हुआ। इसके प्रवर्तक डब्ल्यू.एच. किलपैट्रिक थे। यह विधि अनुभव केन्द्रित होती है अर्थात् यह करके सीखने पर आधारित है।

56. How many Matras are there in Tal Pancham Sawari? पंचम सवारी ताल में कितनी मात्रायें होती हैं?

(a) 15 (b) 16
(c) 12 (d) 14

Ans. (a) : सवारी ताल के अनेक प्रकार होते हैं जिसमें पंचम सवारी ताल एक प्रकार का मशहूर ताल है। जिसका वादन अधिक होता है। इस ताल में 15 मात्रायें होती हैं। इस ताल को कत्थक नृत्य के साथ बजाया जाता है इसका स्वतंत्र वादन भी तबला वादक करते हैं। पंचम सवारी ताल में पेशकारा, कायदा, टुकड़ा, परन आदि सभी कुछ बजाया जाता है।

57. Who is the writer of national song Bande Mataram? बन्दे मातरम देश गान का रचयिता कौन है?

(a) Amir Khusro/अमीर खुसरो
(b) Rabindranath Tagore/रबिन्द्र नाथ टैगोर
(c) Sharat Chandra Chattopadhyay शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय
(d) Bankim Chandra Chatterjee/बंकिम चन्द्र चटर्जी

Ans. (d) : वन्दे मातरम गीत बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा संस्कृत में रचा गया है, यह स्वतंत्रता की लड़ाई में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत था। इसे पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्र में गया गया था।

58. What is the singing time of Rag Bhairav? राग भैरव का गायन समय क्या है?

(a) Night/रात्रि
(b) Morning time/प्रातः काल
(c) Noon/दोपहर
(d) Evening/सायंकाल

Ans. (b) : राग भैरवी थाट का आशय राग है। इस राग को गाने का समय प्रातः काल है। आजकल इस राग में बारह स्वरों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने का चलन बढ़ गया है। जिसमें कलाकार कई रागों के अंगों का प्रदर्शन करते हैं। यह राग भाव–अभिव्यक्ति के लिए बहुत अनुकूल तथा प्रभावकारी है। इसके पूर्वांग में करुण तथा शोक रस की अनुभूति होती है।

59. C : N ratio of normal soil is : सामान्य मृदा में कार्बन : नाइट्रोजन अनुपात होता है–

(a) 20 : 1 (b) 5 : 1
(c) 10 : 1 (d) 15 : 1

Ans. (c) : सामान्य मृदा में कार्बन और नाइट्रोजन का अनुपात 10 : 1 का होता है।

60. The relative proportion of soil separates in a particular soil is called :/विशिष्ट मृदा में मृदा वर्ग कणों के आपेक्षिक अनुपात को कहते हैं–

(a) Soil groups/मृदा समूह
(b) Soil aggregates/मृदा समुच्चय
(c) Soil structure/मृदा संरचना
(d) Soil texture/मृदा कणाकार

Ans. (d) : विशिष्ट मृदा में मृदा कणों के आपेक्षित अनुपात को मृदा कणाकार कहते हैं। कणों (Texture) के आधार पर मिट्टी को कई वर्गों में बाँटा जा सकता है। मिट्टी के किसी नमूने में उपस्थित विभिन्न खनिज कणों के आकार को आधार बनाकर यह वर्गीकरण किया जाता है। मिट्टी के मुख्य घटक हैं– महीन पिसे हुए शैल कण, मृत्तिका (क्ले), जैविक पदार्थ आदि।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 21 जनवरी, 2022)

1. The Kandariya Mahadev temple was constructed by the king of which dynasty?
कंदरिया महादेव मंदिर का निर्माण किस राजवंश के द्वारा करवाया गया?

(a) Cholas /चोल वंश द्वारा
(b) Chandelas /चंदेल वंश द्वारा
(c) Rajputs /राजपूतों द्वारा
(d) Chalukyas /चालुक्यों द्वारा

Ans. (b) : खजुराहो स्थित कंदरिया महादेव मंदिर का निर्माण भारतीय मंदिर स्थापत्य की शैली पराकाष्ठा है। चंदेल राजाओं द्वारा निर्मित खजुराहो के मंदिर अपनी कामोद्दीप एवं श्रृंगार प्रधान प्रतिमाओं के लिए भी बहुत प्रसिद्ध है, इनमें श्रृंगार रस को उतना ही महत्व दिया गया है जितना की मानव की आध्यात्मिक खोज को और उसे पूर्णब्रह्म का ही एक महत्वपूर्ण अंश माना जाता है। इसलिए अनेक हिन्दू मंदिरों मे आलिंगनबद्ध मिथुन को शुभ मानकर उसकी मूर्तियाँ स्थापित की हुई है। खजुराहों में बहुत से मंदिर है, जिसमें से चौसठ योगिनी मंदिर विशेष रूप से उल्लेखिनीय है। यह दसवीं शताब्दी से पहले का है।

2. You are planning a project on 'the earliest agricultural areas in central India'. Which of the following you would be asking students to find out about?
आप मध्य भारत के प्रचीनतम कृषि क्षेत्रों पर परियोजना कार्य की तैयारी कर रहे हैं।
आप छात्रों का निम्न में से किस क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे?

(a) Janintia Hills /जयन्तिया पहाड़ियाँ
(b) Vindhya Hills/विंध्य पहाड़ियाँ
(c) Aravalli Hills/अरावली पहाड़ियाँ
(d) Kirthar Hills/किर थार पहाड़ियाँ

Ans. (b) : आप मध्य भारत के प्राचीनतम कृषि क्षेत्रों पर परियोजना कार्य की तैयारी कर रहे हैं आप छात्रों को विंध्य पहाड़ियों के क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिये कहेंगे। विन्ध्य श्रृंखला दक्षिण में सतपुड़ा श्रृंखला तथा उत्तर पश्चिम में अरावली से घिरी है। पश्चिम में यह धीरे-धीरे राजस्थान के बलुई तथा पथरीलें मरुस्थल से मिल जाता है। उत्तरी मैदान का सबसे विशालतम भाग पुराने जलोढ़ का बना है। वे नदियों के बाढ़ वाले मैदान के ऊपर स्थित है। वे वेदिका जैसी आकृति प्रदर्शित करते हैं प्रायद्वीपीय पठार के दो मुख्य भाग हैं। मध्य उच्च भूमि तथा दक्कन का पठार। नर्मदा नदी के उत्तर में प्रायद्वीपीय पठार का वह भाग जो कि मालवा के पठार के अधिकतर भागों में फैला है उसे मध्य उच्च भूमि के नाम से जाना जाता है।

3. The Mughal emphasised their Timurid descent over their Mongol descent because :
मुग़ल अपने मंगोल वंशीय सम्बद्धता के स्थान पर तैमूर-वंशीय सम्बद्धता पर ज्यादा बल/महत्व देते थे क्योंकि-

(a) they wanted patrilineal affiliation to be given preference./वे अपनी पितृवंशीय सम्बद्धता को वरीयता देना चाहते थे।
(b) Timurids had defeated the Mongols.
तैमूर-वंशीयों ने मंगोलों को हराया था।
(c) Mongols were linked to Uzbegs, one of their competitors. /मंगोल उजबेगों से संबंधित थे।
(d) Timurids patronised poets and painters.
तैमूर वंशज कवियों और चित्रकारों को संरक्षण देते थे।

Ans. (c) : मुगल अपने मंगोल वंशीय सम्बद्धता के स्थान पर तैमूर वंशीय सम्बद्धता पर ज्यादा बल/महत्व देते थे। इसका कारण मंगोल उजबेगों से सम्बंधित थे। मुगल दो महान शासक के वंशज थे। माता की ओर से मंगोल शासक चंगेज खाँ, जो चीन और मध्य एशिया के भागों पर राज करता था, के उत्तराधिकारी ने पिता की ओर से वे ईरान इराक एवं वर्तमान तुर्की के शासक तैमूर (जिसकी मृत्यु 1404 ई. में हुयी) के वंशज थे। परन्तु मुगल अपने को मंगोल कहलवाना पसंद नहीं करते थे। वही दूसरी तरफ मुगल तैमूर के वंशज होने पर गर्व का अनुभव करते थे, क्योंकि उनके इस पूर्वज ने 1398 ई. में दिल्ली पर कब्जा कर लिया था।

4. The reason for the Mughals to recruit mansabdars from diverse backgrounds was to _____.
मुगलों द्वारा अपने मनसबदारों को अलग-अलग परिवेशों से नियुक्त करने का कारण था-

(a) ease the language barrier between the mansabs and the subject/मनसबदारों और प्रजा में भाषायी-रूकावट को कम करने के लिए।
(b) encompass services of nobles from different regions as the empire expanded./जैसे-जैसे साम्राज्य बढ़ा,साम्राज्य के विभिन्न इलाकों से अभिजात्य वर्गों को सेवा में संयोजित करने के लिए।
(c) gather support and loyalty of people from diverse regions./विविध क्षेत्रों के लोगों से निष्ठा और सहयोग प्राप्त करना।
(d) promote the idea of inclusion and universal brotherhood./सबको समाहित करने और सार्वभैमिक भाईचारे के विचार को बढ़ाने के लिए।

Ans. (b) : मुगलों द्वारा अपने-अपने मनसबदारों को अलग-अलग परिवेशों से नियुक्ति करने का कारण, जैसे-जैसे साम्राज्य बढ़ा, साम्राज्य के विभिन्न इलाकों से अभिजात्य वर्गों को सेवा में संयोजित करने के लिये था। 'मनसबदार' शब्द का प्रयोग ऐसे व्यक्तियों के लिये होता था जिन्हें कोई मनसब यानी कोई सरकारी हैसियत अथवा पद मिलता था। यह अकबर द्वारा चलाई गयी श्रेणी व्यवस्था थी, जिसके जरिये (1) पद, (2) वेतन एवं (3) सैन्य उत्तरादायित्व निर्धारित किये जाते थे। पद और वेतन का निर्धारण 'जात' की संख्या पर निर्भर था। जात की संख्या जितनी अधिक होती थी, दरबार में अभिजात की प्रतिष्ठा उतनी ही बढ़ जाती थी तथा उसका वेतन भी अधिक होता था।

5. Which of the following is odd pair ?
System of philosophy- Founder
निम्नलिखित में से कौन-सा विषम जोड़ा है?
दार्शनिक परंपरा- संस्थापक

(a) Vaishesika - Konad/वैशेषिक - कणाद
(b) Nyay- Gautama/न्याय- गौतम
(c) Yoga-Patanjali/योग - पतंजलि
(d) Vedanta-jaimini/वेदांत- जैमिनी

Ans. (d) : सही सुमेलित इस प्रकार है –

दार्शनिक परम्परा	**-**	**संस्थापक**
वैशेषिक	-	कणाद
न्याय	-	गौतम
योग	-	पंतजलि
पूर्व मीमांसा	-	जैमिनी
वेदान्त	-	बादरायण वेदव्यास
सांख्य	-	कपिल

प्राचीन साहित्य में दार्शनिक सम्प्रदायों की संख्या छः मानी गयी है जिसे 'षड्दर्शन' कहा जाता है।

6. Consider the statements (A) and (B) about Mathura and chose the correct answer.
मथुरा के बारे में नीचे दिए गए वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन करें।

(A) Mathura was important for travel and trade connecting north to east and south to west.
मथुरा यातायात और व्यापार के दो मार्गों '' उत्तर से पूर्व'' और ''दक्षिण से पश्चिम'' को जोड़ने की दृष्टि से महत्वपूर्ण था।

(B) Mathura was center for producing fine sculpture.
मथुरा बेहतरीन मूर्तियाँ बनाने का केन्द्र था।

(a) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों सही नहीं है
(b) (A) is true, (B) is false.
(A) सही है (B) गलत है।
(c) (A) is false, (B) is true./ (A) गलत है (B) सही है।
(d) Both (A) and (B) are true.
(A)और (B) दोनों सही हैं।

Ans. (c) : मथुरा यातायात और व्यापार के दो मार्गों उत्तर से पूर्व और दक्षिण से पश्चिम को जोड़ने की दृष्टि से महत्वपूर्ण था। इस प्रकार यह कथन (A) गलत है। क्योंकि मथुरा यातायात और व्यापार के दो रास्तों पर स्थित था इनमें से पहला रास्ता उत्तर से पूरब की ओर और दूसरा उत्तर से दक्षिण जाने वाला था।

मथुरा बेहतरीन मूर्तिया बनाने का केन्द्र था यह कथन सही है। इस प्रकार दिये गये कथन से (A) गलत है और (B) सही है। मथुरा शहर के चारो ओर किलेबंदी थी। इसमें अनेक मंदिर थे। आस-पास के किसान तथा पशुपालक शहर में रहने वाले के लिये भोजन जुटाते थे। लगभग 2000 साल पहले मथुरा कुषाणों की दूसरी राजधानी बनी। मथुरा एक धार्मिक केन्द भी रहा है। यहाँ बौद्ध विहार और जैन मंदिर भी है। मथुरा में प्रस्तर खंडों तथा मूर्तियों पर अनेक अभिलेख मिले हैं।

7. In Mahalwari Settlement, the charge of collecting the revenue was given to ____.
महालवारी बंदोबस्त में राजस्व इकट्ठा करने का दायित्व दिया जाता था।

(a) Village headman/गाँव के मुखिया को
(b) Zamindar/जमींदार को
(c) Taluqdar/तालुकदार को
(d) Ryots/रैयत को

Ans. (a) : महालवारी बन्दोबस्त में राजस्व इकट्ठा करने का दायित्व गाँव के मुखिया को दिया जाता था। बंगाल प्रेसीडेंसी के उत्तर पश्चिमी प्रांतों (इस इलाके का ज्यादातर हिस्सा अब उ.प्र. में है।) के लिये हॉल्ट मैकेंजी नामक अंग्रेज ने एक नयी व्यवस्था तैयार की जिसे 1822 में लागू किया। इस व्यवस्था को स्थायी रूप से तय नहीं किया था, बल्कि उसमें समय-समय पर संशोधनों की गुंजाइश रखी गयी। यह ब्रिटिश भारत के 30% भाग पर लागू की गयी अंग्रेजों ने भू-राजस्व प्राप्त करने के लिये तरह-तरह के कृषि कानून बनाये।

1793 ई. में लार्ड कार्नवालिस ने स्थायी बन्दोस्त व्यवस्था को लागू किया। इस व्यवस्था के अन्तर्गत जमींदार जागीर का मालिक बन गया। यह व्यवस्था ब्रिटिश भारत के 19% क्षेत्र पर लागू थी।

कैप्टन रीड एवं टॉमस मुनरों ने रैय्यतवाड़ी व्यवस्था लागू की। यह व्यवस्था बम्बई, मद्रास, असम में लागू की। इस व्यवस्था के अंतर्गत 51% क्षेत्र शामिल था।

8. Consider the following statements about colonialism in India and choose the correct option./औपनिवेशिक भारत के विषय में दिए गए वक्तव्यों पर विचार करें तथा दिए गए विकल्पों में से सही को चुनियें-

(A) The British extended their control over all the forests./अंग्रेजों ने सभी वनों को अपने नियत्रंण में कर लिया

(B) In these forests people were allowed to practice jhum cultivation, collect fruits and hunt animals.
इन वनों में लोगों को झूम खेती करने /फल इकट्ठा करने और शिकार करने की अनुमति थी।

(C) Forest department faced problem in getting labour when they stopped tribal people from living inside forests.
जब लोगों को वनों के भीतर रहने से रोक दिया तब वन-विभाग को मजदूर प्राप्त करने में कठिनाई हुई।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B)सत्य हैं
(b) Both (B) and (C) are true/ (B) और (C) सत्य हैं
(c) Both(A) and (C) are true/(A) और (C) सत्य हैं
(d) All (A), (B) and (C) are true.
(A), (B) और (C) सत्य हैं

Ans. (c) : औपनिवेशिक भारत के विषय में अंग्रेजों ने सभी वनों को अपने नियंत्रण में कर लिया। जब लोगों को वनों के भीतर रहने से रोक दिया तब वन विभाग को मजदूर प्राप्त करने में कठिनाई हुई। इस प्रकार दिये गये कथनों में से (A) और (C) सही हैं।
आदिवासी समूहों का जीवन जंगलों से जुड़ा हुआ था। अतः वन कानूनों में आये बदलावों से आदिवासियों के जीवन पर भी भारी प्रभाव पड़ा। अंग्रेजों ने सारे जंगलों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया था और जंगलों को राज्य की संपत्ति घोषित कर दिया था। इन वनों में लोगों को स्वतंत्र रूप से घूमने, झूम खेती करने, फल इकट्ठा करने या पशुओं का शिकार करने की इजाजत नहीं थी।

9. Match the reformers to their reform movement :
सुधारकों का उनके सुधार आन्दोलनों से सही मिलान करें।

(A) Periyar/पेरियार	**(i) Brahmo samaj ब्रह्म समाज**
(B)Ghasidas/घासीदास	**(ii) Young Bengal यंग बंगाल**
(C) Keshab chandra Sen/ केशवचंद्र सेन	**(iii) Self-Respect Movement स्वाभिमान आन्दोलन**
(D) Henry Derozio हेनरी डिरोजियो	**(iv) Satnami Movement सतनामी आन्दोलन**

(a) A-iv,B-iii,C-i, D-ii (b) A-iii,B-iv,C-i, D-ii
(c) A-iii,B-iv,C-ii, D-i (d) A-iv,B-iii,C-ii, D-i

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

समाज सुधारक	**-**	**आन्दोलन**
पेरियार	-	स्वाभिमान आन्दोलन
घासीदास	-	सतनानी आन्दोलन
केशव चन्द्र सेन	-	ब्रह्म समाज
हेनरी डिरोजियो	-	यंग बंगाल

पेरियार के नाम से प्रसिद्ध ई.वी. रामास्वामी नायकर एक मध्यवर्गीय परिवार में पले बड़े थे। प्रारम्भिक जीवन में वे सन्यासी थे। बाद में कांग्रेस के सदस्य बने। इन्होंने ही अछूतों के लिये 'स्वाभिमान आन्दोलन' शुरू किया।
मध्य भारत में सतनामी आन्दोलन की शुरुआत घासीदास ने की थी। जिन्होंने चमड़े का काम करने वालों को संगठित किया था।

10. Identify the social reform organisation that focussed mainly on the abolition of caste during colonial rule.
उस सामाजिक सुधार संगठन को चिन्हित करे जिसके द्वारा औपनिवेशिक शासन के दौरान जाति उन्मूलन पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया?

(a) Asiatic Society /एशियाटिक सोसाइटी
(b) Bharat Dharma Mahamandal/भारत धर्ममहामंडल
(c) Sanatan Dharma Sabha /सनातन धर्म सभा
(d) Singh Sabha/सिंह सभा

Ans. (d) : उस सामाजिक सुधार संगठन को चिन्हित करें जिसके द्वारा औपनिवेशिक शासन के दौरान जाति उन्मूलन पर मुख्य रूप से ध्यान 'सिंह सभा' द्वारा दिया गया। सिक्खों के सुधारवादी संगठन के रूप में सिंह सभाओं की स्थापना 1873 में अमृतसर से शुरू हुयी थी। बाद में 1879 में लाहौर में भी सिंह सभा का गठन किया गया। इन सभाओं ने सिक्ख धर्म को अंधविश्वासों से मुक्त कराने का प्रयास किया। उन्होंने सिक्खों को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया जिसमें अक्सर आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ सिक्ख धर्म के सिद्धांतो को भी पढ़ाया जाता था।

11. Christian missionaries through their schools managed to____./ईसाई/क्रिश्चन मिशनरी अपने विद्यालय के माध्यम से ____ कर पाए/ दे पाए

(a) Introduce tribal groups and all castes to ideas of equality and justice./सभी जनजातीय-समूहों और जातियों में समानता और न्याय के विचारों को लागू करना
(b) organise mass movements against castist practices/जातीय रीतिरिवाजों के विरोध में जन आन्दोलनों का गठन
(c) provide work opportunities to people who were regarded as untouchables./जिन्हें अस्पृश्य समझा जाता था उन्हें काम के अवसर
(d) equip children with some resources to make their way into a changing word./बदलती हुई दुनिया के लिए बच्चों को कुछ साधनों के साथ तैयार

Ans. (d) : इसाई, क्रिश्चियन मिशनरी अपने विद्यालय के माध्यम से बदलती हुयी दुनिया के लिये बच्चों को कुछ साधनों के साथ तैयार कर पाए/दे पाए। ईसाई मिशनरियों ने धर्मप्रचारक का अपना काम भारत में सोलहवीं शताब्दी के दौरान शुरू हुआ। ईसाई मिशन अपने को बहुत अर्से तक विशुद्ध धर्मप्रचार तक ही सीमित न रख सके। उन्होंने शैक्षणिक और लोकोपकारी कार्यों में भी दिलचस्पी लेनी शुरू कर दी और भारत के बड़े-बड़े नगरों में कॉलेजों की स्थापना की और उनका संचालन किया। अंग्रेजी भाषा सीखने के उद्देश्य से भारतीय युवक इन कॉलेजों की ओर भारी संख्या में आकर्षित हुये।

12. Consider the following statements about the All India Muslim League and choose the correct option./ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के विषय में इन वक्तव्यों पर विचार कर, सही विकल्प चुनें-

(A) The league desired separate electorates for Muslims./मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचिका की माँग की थी।

(B) The league supported the partition of Bengal./मुस्लिम लीग ने बंगाल-विभाजन का समर्थन किया था।

(C) The formation of the League was the main cause of split in Congress in 1907.
मुस्लिम लीग की स्थापना 1907 में हुए कांग्रेस विभाजन का मुख्य कारण थी।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सत्य है।
(b) Only (B) is true /केवल (B)सत्य है।
(c) Only (A) and (B) are true
केवल (A) और (B) सत्य है।
(d) Only (B) and (C) are true
केवल (B) और (C)सत्य है।

Ans. (c) : ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के विषय में सही कथन इस प्रकार है –

- मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिये अलग निर्वाचिका की माँग की थी।
- मुस्लिम लीग ने बंगाल विभाजन का समर्थन किया था। इस प्रकार सही कथन (A) और (B) है। जबकि मुस्लिम लीग की स्थापना 1906 ई. में हुई थी। इस प्रकार कथन (c) सही है। इसने पृथक निर्वाचक मंडल की माँग की। मुस्लिम लीग की यह माँग 1909 ई. में मार्ले-मिन्टों सुधारों द्वारा पूरी की गयी। 1916 ई. में कांग्रेस ने राष्ट्रीय आन्दोलन में साथ काम करने के वादे के बदले मुस्लिमों के पृथक निर्वाचन की मंजूरी दे दी।

13. Consider these statements about the moderate national leaders resisting colonialism and choose the correct option.
मध्यमार्गी राष्ट्रीय नेताओं के औपनिवेशवाद के विरोध संबंधित निम्न वक्तव्यों पर विचार कर सही विकल्प चुनें-

(A) The moderate leaders criticised British rule in their speeches and sent representatives to different part of the country to mobilise public opinion.
मध्यमार्गी नेता अंग्रेजी राज की भाषणों द्वारा आलोचना करते थे और अपने प्रतिनिधियों को जनता को संगठित करने के लिए देश के विभिन्न भागों में भेजते थे।

(B) The moderate leaders felt that the British had respect for the ideals of freedom and justice, and so they would accept the just demand of Indians.
मध्यमार्गी नेताओं के विचार में अंग्रेज़ स्वतंत्रता और न्याय के विचारों का आदर करते थे अतः वे भारतीयों की न्यायोचित मांगे मान लेगें।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./ (A)और (B) सत्य है, तथा (B), (A) की व्याख्या है।
(b) Both (A) and (B)are true but (B) is not a correct explanation of (A)./ (A)और (B) सत्य है,किन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (B) is false.
(A) सत्य है और (B) असत्य है।
(d) (A) is false but (B) is true.
(A) असत्य है और (B) सत्य है।

Ans. (a) : मध्यमार्गी राष्ट्रीय नेताओं के औपनिवेशिक के विरोध सम्बंधित मध्य मार्गी नेता अंग्रेजी राज की भाषणों द्वारा आलोचना करते थे और अपने प्रतिनिधियों एवं जनता को संगठित करने के लिये देश के विभिन्न भागों में भेजते थे। मध्यमार्गी नेताओं के विचार में अंग्रेज स्वतंत्रता और न्याय के विचारों का आदर करते थे। अतः वे भारतीयों की न्यायोचित माँगे मान लेगें। मध्यममार्गी नेता जनता को ब्रिटिश शासक के अन्यायपूर्ण चरित्र से अवगत कराना चाहते थे। उन्होंने अखबार निकाले, लेख लिखे और यह साबित करने का प्रयास किया कि ब्रिटिश शासन देश को आर्थिक तबाही की ओर ले जा रहा है। उन्होंने भाषणों में ब्रिटिश शासन की निंदा की और जनमत निर्माण के लिये पूरे देश के विभिन्न भागों में अपने प्रतिनिधि भेजे।

14. The Constitution of india came into efect on 26 January in the year_____.
भारत का संविधान लागू किया गया 26 जनवरी सन् :

(a) 1949 /1949 में (b) 1950/1950 में
(c) 1951/1951 में (d) 1952/1952 में

Ans. (b) : भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। चुने गये प्रतिनिधियों की जो सभा संविधान नामक विशाल दस्तावेज को लिखने का काम करती है उसे संविधान कहते हैं। भारतीय संविधान सभा के लिये जुलाई 1946 में चुनाव हुये थे। संविधान सभा की पहली बैठक दिसम्बर 1946 को हुयी थी। भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे। इसने 26 नवम्बर 1949 को अपना कार्य पूरा कर लिया। संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसी दिन की याद में हम हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। संविधान की शुरुआत एक प्रस्तावना के साथ करते हैं। अतः संविधान देश का सर्वोच्च कानून है।

15. Which of the following is an example of old fold mountains?/निम्नलिखित में से कौन-सा पुराने वलित पर्वत का उदाहरण है?

(a) Vosgas/वॉसजेस
(b) Himalayas/हिमालय
(c) Ural/यूराल
(d) Mt. Kilimanjaro/माउंट किलिमंजारो

Ans. (c) : निम्नलिखित में से पुराने वलित पर्वत का उदाहरण यूराल पर्वत है। पर्वत पृथ्वी की सतह की प्राकृतिक ऊँचाई है। पर्वत का शिखर छोटा तथा आधार चौड़ा होता है। यह आस-पास के क्षेत्र से बहुत ऊँचा होता है। पर्वत तीन प्रकार के होते हैं। वलित पर्वत, भ्रंशोत्थ पर्वत तथा ज्वालामुखी पर्वत। हिमालय तथा आल्पस वलित पर्वत है जिनकी सतह ऊबड़-खाबड़ तथा शिखर शंक्वाकार होता है। भारत की अरावली शृंखला विश्व की सबसे पुरानी वलित पर्वत शृंखला है। लेकिन यह विकल्प में नहीं है। अपरदन की प्रक्रिया के कारण यह शृंखला घिस गयी है। उत्तरी अमेरिका के आप्लेशियन, यूराल पर्वत गोलाकार दिखाई देते हैं एवं इनकी ऊँचाई कम है। ये बहुत पुराने वलित पर्वत है।

16. Which of the statements regarding latitude are correct ?/अक्षांश के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(A) The latitude is an imaginary circular line with varied radius./ अक्षांश एक काल्पनिक वृत्ताकार रेखा है जिसकी त्रिज्या विविध है।

(B) The latitude is very important to identify the local time./ अक्षांश समय की पहचान करने के लिए अति महत्वपूर्ण है।

(C) Latitudes are measured in degrees.
अक्षांशों को अंश में मापा जाता है।

(D) The distance from the equator to either of the poles is one fourth of the circle around the earth./ विषुवत वृत्त से दोनों तरफ ध्रुवों के बीच की दूरी पृथ्वी के चारों ओर के वृत्त का एक चौथाई है।

Select the correct answer using the code given below/निम्न संकेत का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D /A, B और D

Ans. (c) : अक्षांश के सन्दर्भ में सही कथन इस प्रकार है –
- अक्षांश एक काल्पनिक वृत्ताकार रेखा है जिसकी त्रिज्या विविध है।
- अक्षांशों को अंश में मापा जाता है।
- विषुवत वृत्त से दोनों तरफ ध्रुवों के बीच की दूरी पृथ्वी के चारों ओर के वृत्त का एक चौथाई है। इस प्रकार सही विकल्प (A) (C) और (D) होगा। विषुवत वृत्त शून्य अंश अक्षांश को दर्शाती है। विषुवत वृत्त उत्तर की सभी समानान्तर रेखाओं को उत्तरी अक्षांश कहा जाता है तथा विषुवत वृत्त के दक्षिण स्थित सभी समानान्तर रेखाओं को दक्षिणी अक्षांश कहा जाता है। इसलिये प्रत्येक अक्षांश के मान के साथ उसकी दिशा यानि उत्तर या दक्षिण को भी लिखा जाता है।

17. The torpic of Cancer passes through wich of the following regions?
कर्क रेखा निम्नलिखित में से कौन-से क्षेत्र से गुजरती है?

(a) Aravalis/अरावली शृंखला
(b) vindhya Range/विंध्य शृंखला
(c) Western Ghat/पश्चिमी घाट
(d) Deccan Plateau/दक्कन का पठार

Ans. (b) : कर्क रेखा विन्ध्य शृंखला क्षेत्र से होकर गुजरती है। भारत का विस्तार उष्ण एवं उपोष्ण दोनों कटिबंधों में है। उष्ण कटिबंध क्षेत्र का विस्तार 23° 30 उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों के मध्य होता है। 23° 30 उत्तरी अक्षांश की रेखा जिसे कि कर्क रेखा कहा जाता है, भारत के मध्य से होकर गुजरती है। यह भारत के कुल आठ राज्यों – गुजरात, राजस्थान, म.प्र., छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पं. बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम से होकर गुजरती है।
नोट– त्रिपुरा तथा बांग्लादेश की सीमा को शून्य रेखा की उपमा प्रदान की गयी है।

18. India is located east of Greenwich at 82°30'E. What will be the time in India when it is 4:00 pm in London?/भारत ग्रीनविच के पूर्व 82°30' पू. में स्थिति है। जब लन्दन में शाम के 4 बजे होंगे तब भारत में क्या समय होगा?

(a) 09:30AM/सुबह के 9:30 बजे होगें।
(b) 9:30PM/ शाम के 9:30 बजे होगें।
(c) 10:30AM/ सुबह के 10:30 बजे होगें।
(d) 10:30PM/ शाम के 10:30 बजे होगें।

Ans. (b) : भारत ग्रीनविच के पूर्व 82° 30 पूर्व में स्थित है। जब लंदन में शाम के 4 बजे होंगे तब भारत में शाम के 9:30 बजे होंगे। भारत ग्रीनविच के पूर्व 82° 30 पूर्व में स्थित है तथा यहाँ का समय ग्रीनविच समय से 5 घंटा 30 मिनट आगे हैं। इसलिये लंदन में शाम के जब 4 बजे होंगे तब भारत में 5 घंटा 30 मिनट जोड़ देने पर शाम के 9:30 बजे होंगे। ग्रीनविच पर स्थित प्रमुख याम्योत्तर पर जिस समय आकाश के सबसे उँचे बिंदु पर होगा, उस समय याम्योत्तर पर स्थित सभी स्थानों पर दोपहर होगा। चूँकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है। अत: वे स्थान जो ग्रीनविच के पूर्व में है उनका समय ग्रीनविच समय से आगे होगा तथा जो पश्चिम में है उनका समय पीछे होगा।

19. Consider the following statements about vegetation and choose the correct option.
वनस्पति के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) The growth of vegetation depends on temperature and moisture./वनस्पति की वृद्धि तापमान और नमी पर निर्भर करती है।

(B) Climate of the place hardly affects the natural vegetation./स्थान की जलवायु मुश्किल से प्राकृतिक वनस्पति को प्रभावित करती ।

(C) Factors like slope and thickness of soil do contribute to the type of vegetation at a given place./स्थान विशेष पर ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई जैसे कारक उस स्थान की वनस्पति के प्रकार में योगदान देते हैं।

(a) Both A and B are correct/ Aऔर B दोनों सही हैं।
(b) Both B and C are correct/ Bऔर C दोनों सही हैं।
(c) Both A and C are correct
A और C दोनों सही हैं।
(d) All A, B and C are correct
A, B और C सभी सही हैं।

Ans. (c) : वनस्पति के सन्दर्भ में सही कथन इस प्रकार है-
- वनस्पति की वृद्धि तापमान एवं नमी पर निर्भर करती है।
- स्थान विशेष पर ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई जैसे कारक उस स्थान की वनस्पति के प्रकार में योगदान देते हैं। इस प्रकार कथन (A) और (C) सही है। किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एवं प्रकार में भी परिवर्तन होता है। आमतौर पर प्राकृतिक वनस्पति को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है–

(क) वन – जो वृक्षों के लिये उपयुक्त तापमान एवं परिपूर्ण वर्षा वाले क्षेत्रों में उगते हैं। इन कारकों के आधार पर सघन एवं खुले वन विकसित होते हैं।
(ख) घासस्थल – जो मध्यम वर्षा वाले क्षेत्र में विकसित होते हैं।
(ग) काँटेदार झाड़ियाँ – काँटेदार झाड़ एवं झाड़ियाँ केवल शुष्क क्षेत्रों में पैदा होते हैं।

20. Which of the following is known as 'Orchards of the world' for the fruit cultivation?
निम्न में से किसे फलों की कृषि के कारण 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है?

(a) Tropical grasslands/उष्णकटिबंधीय घासस्थल
(b) Coniferous forests/शंकुधारी वन
(c) Mediterranean region/भूमध्यसागरीय प्रदेश
(d) Temperate evergreen forests
शीतोष्ण सदाबहार वन

Ans. (c) : भूमध्यसागरीय प्रदेश को फलों की कृषि के कारण 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है। महाद्वीपों के पूर्व एवं उत्तर पूर्वी किनारों के अधिकांश भाग शीतोष्ण सदाबहार एवं पर्णपाती पेड़ों से ढ़ँके हैं। महाद्वीपों के पश्चिमी एवं दक्षिण पश्चिमी किनारे भिन्न हैं। यहाँ भूमध्यसागरीय वनस्पतियाँ पायी जाती हैं। यह अधिकतर यूरोप, अफ्रीका एवं एशिया के भूमध्य सागर के समीप वाले क्षेत्रों में पायी जाती है। भूमध्य सागर के बाहरी प्रदेशो जैसे- संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलीफोर्निया, दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिमी दक्षिणी अमेरिका एवं दक्षिणी-पश्चिमी आस्ट्रेलिया में पायी जाती है। इन प्रदेशों में गर्म शुष्क ग्रीष्म एवं वर्षा वाली मृदु शीत ऋतुएँ होती हैं। इन क्षेत्रों में आमतौर पर संतरा, अंजीर, जैतून एवं अंगूर जैसे फलों का उत्पादन होता हैं। भूमध्य सागरीय वृक्ष शुष्क ग्रीष्म ऋतु में स्वयं को ढाल लेते हैं। उनकी मोटी छाल एवं पत्ती वाष्पोत्सर्जन को रोकती है।

नोट – विश्व का सबसे बड़ा सांप 'एनाकोंडा' उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में पाया जाता है।

21. Consider statements (A) and (B) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A व B पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

(A) The coastline of Indian ocean is identical and irregular./हिन्द महासागर की तटरेखा दन्तुरित और अनियमित है।

(B) The indented and irregular coastline provides ideal location for natural harbours and ports.
दन्तुरित और अनियमित तटरेखा प्राकृतिक पोताश्रयों और पत्तनों के लिए आदर्श स्थिति है।

(a) A is true and B is false/A सही है, जबकि B गलत है
(b) A is false and B is true/A गलत है, जबकि B सही है
(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत है
(d) Both A and B are true/A और B दोनों सही है

Ans. (b) : हिन्द महासागर की तटरेखा दन्तुरित और अनियमित है। यह कथन गलत है बल्कि यह अटलांटिक महासागर के तटरेखा की विशेषता है। दन्तुरित और अनियमित तटरेखा प्राकृतिक पोताश्रयों और पत्तनों के लिये आदर्श स्थिति है। व्यापार की दृष्टि से अटलांटिक महासागर सबसे व्यस्त महासागर है। बड़े से छोटे आकार के आधार पर क्रमशः पाँच महासागार है –
(i) प्रशान्त महासागर
(ii) अटलांटिक महासागर
(iii) हिंद महासागर
(iv) दक्षिणी महासागर
(v) आर्कटिक महासागर

22. Identify the layer of atmosphere from the given features (A)and (B).
दी गयी (A) व (B) विशेषताओं के आधार पर वायुमंडल की परत की पहचान कीजिए।

(A) It contains a layer of Ozone gas.
इसमें ओजोन गैस की परत होती है।

(B) It is free from clouds and associated weather phenomenon./यह बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है।

(a) Troposphere/क्षोभमंडल
(b) Stratosphere/समतापमंडल
(c) Mesosphere/मध्यमंडल
(d) Thermosphere/बाह्यमंडल

Ans. (b) : समतापमंडल में ओजोन गैस की परत होती है। यह बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती हैं। इस प्रकार दिये गये कथन (A) और (B) समताप मंडल की विशेषता है। क्षोभमंडल के ऊपर का भाग समताप मंडल कहलाता है। यह लगभग 50 किमी. की ऊँचाई तक फैला है और इस मंडल में हवाई जहाज उड़ाने के लिये आदर्श स्थिति होती हैं।
हमारा वायुमंडल पाँच परतों में विभाजित है –
(i) क्षोभमंडल
(ii) समताप मंडल
(iii) मध्य मंडल
(iv) बाह्य मंडल/आयनमंडल
(v) बहिर्मंडल

23. Consider the following statements (A) and (B) and correct option.
निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) Air pressure varies according to the temperature at the same sea level.
समान समुद्रतल पर वायुदाब, वायुताप के अनुसार बदलता है।

(B) Areas with high temperature creates a low pressure area./उच्चताप वाले क्षेत्र निम्नदाब क्षेत्र का निर्माण करते हैं।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A/दोनों A तथा B सही है तथा B, A की व्याख्या करता है।
(b) Both A and B are true but b is the correct explanation of A/ दोनों A तथा B सही है तथा B, A की व्याख्या नहीं करता है।
(c) A is true but B is false/ A सही है किन्तु B गलत है।
(d) A is false but B is true / A गलत है, किन्तु B सही है।

Ans. (a) : समान समुद्र तल पर वायुदाब, वायुताप के अनुसार बदलता है और उच्च तापमान वाले क्षेत्र निम्न दाब क्षेत्र का निर्माण करते हैं। दोनों कथन (A) और (B) सही है तथा (B), (A) की सही व्याख्या करता है। ऊष्मा के अवशोषण तथा रुपान्तरण में स्थल व समुद्र में भिन्नता पायी जाती है। दिन के दौरान स्थल भाग समुद्र की अपेक्षा अधिक गर्म होता है। अतः स्थल पर हवाएँ ऊपर उठती है और निम्न दाब क्षेत्र बनता है। मध्य समुद्रतल से वायुमंडल की अंतिम सीमा तक एक इकाई क्षेत्रफल के वायु स्तम्भ के भार को वायुमंडलीय दाब कहते हैं। वायुदाब को मापने की इकाई मिलीबार है तथा वायुदाब को मापने के लिये बैरोमीटर नामक यंत्र का प्रयोग किया जाता है।

24. Why are houses built on stilts?
स्टिल्ट पर मकान क्यों बनाये जाते हैं?

(a) They look good and cheap to construct.
ये दिखने में अच्छे लगते है और कम लागत में बन जाते हैं।
(b) They are suitable for hilly areas
ये पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं।

(c) They prevent water from entering houses the rainy season/ये वर्षा ऋतु में घरों को जल जमाव से बचाते हैं।

(d) they are cooler and keep out the heat
ये गर्मी को बाहर रखते हैं और ठंडे होते हैं।

Ans. (c) : ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने पर्यावरण के अनुकूल घर बनाते हैं। अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में ढाल वाली छत बनाते हैं। जिन स्थानों में वर्षा के समय जल का जमाव होता है, वहाँ ऊँचे प्लेटफार्म अथवा स्टिल्ट पर घर बनाये जाते हैं। वे स्थान जहाँ भवन और बस्तियाँ विकसित होती है। उसे बसाव स्थान कहते हैं।
आदर्श बसाव स्थान के लिये प्राकृतिक दशाएँ –
(i) अनुकूल जलवायु
(ii) जल की उपलब्धता
(iii) उपयुक्त भूमि
(iv) उपजाऊ मिट्टी

25. Due to better health facilities child morality rates are decreasing and survival rates are increasing at younger age. In such a case, population pyramid will be;
अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण बाल मृत्यु दर घट रही है तथा छोटी आयु पर बचने की दर में वृद्धि हुई है। ऐसी दशा में जनसंख्या पिरामिड का क्या रूप होगा।
1. Wider at the base/ आधार पर चौड़ा होगा।
2. Broader in the younger age groups
युवा आयु वर्ग में चौड़ा होगा।
3. Triangular shaped/ उल्टा त्रिभुजाकार होगा।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Only 1 and 2 are correct/ केवल 1 तथा 2 सही हैं।
(b) Only 2 and 3 are correct/केवल 2 तथा 3 सही हैं।
(c) Only 1 and 3 are correct / केवल 1 तथा 3 सही हैं।
(d) All 1, 2 and 3 are correct/सभी 1, 2 तथा 3 सही हैं।

Ans. (a) : अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण बाल मृत्युदर घट रही तथा छोटी आयु पर बचने की दर में वृद्धि हुयी है। ऐसी दशा में जनसंख्या पिरामिड रूप के आधार पर चौड़ा होगा, और युवा आयु वर्ग में चौड़ा होगा। जनसंख्या संघटन हमारी यह जानने में सहायता करता है कि कितने पुरुष हैं और कितनी स्त्रियाँ हैं, वे किस आयु वर्ग के हैं, और वे किस प्रकार के व्यवसाय में लगे हैं। एक देश के जनसंख्या संघटन का अध्ययन करने की एक रुचिकर विधि जनसंख्या पिरामिड है। जिसे आयु लिंग पिरामिड भी कहते हैं।

26. The teacher was dealing with the theme 'population' in her class. She asked students to calculate increase in population using births, deaths, in migration and out migration in a particular region between two points of time. She is giving a task on which of the following concepts?
अध्यापिका अपनी कक्षा में 'जनसंख्या' विषय पर कार्य कर रही थी। उन्होंने छात्रों को दो समय बिन्दुओं के बीच एक विशेष क्षेत्र में जन्म, मृत्यु, अप्रवास एंव उत्प्रवास का प्रयोग करके जनसंख्या में वृद्धि की गणना करने को कहा। वह निम्नलिखित में से कौन सी संकल्पना पर कार्य दे रही हैं?
(a) Density of the population./जनसंख्या की सघनता
(b) Distribution of the population.
जनसंख्या का वितरण
(c) Natural growth of population.
जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि
(d) Rate of Migration in population.
जनसंख्या की प्रवास की दर

Ans. (c) : अध्यापिका अपनी कक्षा में ''जनसंख्या'' विषय पर कार्य कर रही थी। उन्होंने छात्रों को समय बिन्दुओं के बीच एक विशेष क्षेत्र में जन्म, मृत्यु, अप्रवास एवं उत्प्रवास का प्रयोग करके जनसंख्या में वृद्धि की गणना करने को कहा। वह जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि जैसे संकल्पना पर कार्य दे रही है। जन्म और मृत्यु जनसंख्या परिवर्तन के प्राकृतिक कारण हैं। एक देश की जन्म दर और मृत्युदर के बीच के अन्तर को प्राकृतिक वृद्धि दर कहते हैं। विश्व में जनसंख्या बढ़ने का मुख्य कारण प्राकृतिक वृद्धि दर का तीव्रता से बढ़ना है। प्रवास एक अन्य कारण है जिससे जनसंख्या के आकार में परिवर्तन होता है। लोग एक देश में अथवा देशों के बीच एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। उत्प्रवासी वे लोग होते हैं जो देश को छोड़ते हैं। आप्रवासी वे लोग होते हैं जो देश में आते हैं।

27. Consider the following statements (A), (B), (C) and (D) on subsistence agriculture and choose the correct option.
निम्न कथनों A, B, C व D पर गहन कृषि के सन्दर्भ में विचार करें सही विकल्प का चुनाव करें।
(A) It is prevalent in thickly populated areas.
यह सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों में प्रचलित हैं
(B) The area under cultivation and amount of capital used are large.
इनमें विस्तृत कृषि क्षेत्र और ज्यादा पूँजी का उपयोग होता है।
(C) Multiple crops are grown annually.
वर्ष भर विभिन्न फसलें उगाई जाती हैं।
(D) it is prevalent in areas with heavy rainfall.
यह भारी वर्षा क्षेत्रों में प्रचलित है।
(a) Only A and B are correct/केवल A तथा B सही है।
(b) Only C and D are correct/केवल C तथा D सही है।
(c) Only A and C are correct/केवल A तथा C सही है।
(d) Only B and D are correct/केवल B तथा D सही है।

Ans. (c) : गहन कृषि के सम्बन्ध में सही विकल्प इस प्रकार है- यह सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों में प्रचलित हैं और यहाँ वर्ष भर विभिन्न फसले उगाई जाती हैं। इस प्रकार सही विकल्प (A) और (C) होगा। गहन निर्वाह कृषि में किसान एक छोटे भूखंड पर साधारण औजारों और अधिक श्रम से खेती करता है। अधिक धूप वाले दिनों से युक्त जलवायु और उर्वर मृदा वाले खेत में, एक वर्ष में एक से अधिक फसले उगाई जा सकती हैं। गहन निर्वाह कृषि दक्षिणी, दक्षिण पूर्वी और पूर्वी एशिया के सघन जनसंख्या वाले मानसूनी प्रदेशों में प्रचलित है।
आदिम निर्वाह कृषि में स्थानान्तरी और चलवासी पशुचारण शामिल है।

28. Which of the twelve apostle of Jesus Christ is credited with bringing Christianity to India?
ईसा मसीह के बारह धर्म-प्रचारक शिष्यों में से किस संत को भारत में इसाई धर्म लाने का श्रेय दिया जाता है?

(a) St. Thomas/सेंट थॉमस
(b) St. Peter/सेंट पीटर
(c) St. Paul/सेंट पॉल
(d) St. Francis/सेंट फ्रांसिस

Ans. (a) : ईसा मसीह के बारह धर्म प्रचारक शिष्यों में से सेंट थामस नामक संत को भारत में ईसाई धर्म लाने का श्रेय दिया जाता है। क्रिश्चियन (ईसाई) मज़हब एक इब्राहीम वादी धर्म है जो प्राचीन यहूदी धर्म से निकला है। ईशा मसीह का जन्म बैथलेहम में हुआ था। इनके अनुयाइयों के अनुसार ईसा मसीह ईश्वर पुत्र है। ईसाई धर्म का मुख्य ग्रंथ बाइबल है। इस धर्म में मूर्ति पूजा को पाप माना जाता है।

29. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option,
वक्तव्य (A) और (B) के आधार पर सही विकल्प चुनें-

(A) People in Kerala practises different religions such as Judaism Islam, Christianity, Hinduism and Buddhism.
केरल में लोग अलग-अलग धर्मों का पालन हैं, जैसे- यहूदी, इस्लाम, ईसाई, हिन्दु और बौद्ध धर्म

(B) Kerala has been an attracting destination for international travellers and traders since antiquity
सदा से केरल अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों और व्यापारियों का आकर्षण केन्द्र रहा है।

(a) (A) and (B) are true and (B) explains (A)
(A), (B) दोनों सत्य हैं, और (B), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) and (B) are true and (B) does not explains (A)/(A), (B) दोनों सत्य हैं, और (B), (A) की व्याख्या नही करता है।
(c) A is true B is true /(A) सत्य है, (B) असत्य है।
(d) A is false B is true /(A)असत्य है, (B) सत्य है।

Ans. (a) : केरल में लोग अलग-अलग धर्मों का पालन करते हैं। जैसे यहूदी, इस्लाम, ईसाई, हिन्दू और बौद्ध धर्म। सदा से केरल अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों और व्यापारियों का आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस प्रकार कथन (A) (B) दोनों सही हैं और (B) (A) की सही व्याख्या है। वास्कोडिगामा (पूर्तगाल) पानी के जहाज से यहाँ पहुँचा।

30. A teacher askes her students to explain the " putting-out system." Which of the following explanations is correct?
अध्यापक छात्रों को ''दादन व्यवस्था'' की व्याख्या के लिए कहते हैं, इनमें से कौन-सी व्याख्या सही होगी?

(a) Roshan supplies water to coco-cola plant in return for cash payments./रोशन नगद भुगतान पर कोको कोला फैक्ट्री को पानी सप्लाई करता है।
(b) Sujata buys raw mango, pickles them and sell it online./सुजाता कच्चे आम खरीद कर, आचार बनाकर ऑन-लाइन बेचती है।
(c) Reza supplies Tendu Patta to villagers and receives bidi as product./रेज़ा ग्रामीणों को तेंदू पत्ते सप्लाई कर उनसे बीड़ी उत्पाद प्राप्त करता है।
(d) Oliver grows turmeric and sells it to nearby cottage industry workshop/आलिवर हल्दी उगाता है और उसे समीप की कॉटेज उद्योग इकाई कार्यशाला को बेच देता है।

Ans. (c) : अध्यापक छात्रों को ''दादन'' व्यवस्था की व्याख्या करने के लिये कहे हैं। रेज़ा ग्रामीणों को तेंदू पत्ते सप्लाई कर उनसे बीड़ी उत्पाद प्राप्त करता है जैसी व्याख्या सही होगी। व्यापारी और बुनकरों के बीच यह व्यवस्था 'दादन व्यवस्था' जहाँ व्यापारी कच्चा माल देता है और उससे तैयार माल प्राप्त करता है। भारत के अनेक क्षेत्रों में कपड़ा बुनाई के उद्योग में यह व्यवस्था प्रचलित हैं। कच्चे माल को प्राप्त करने और तैयार माल की बिक्री के लिये भी व्यापारियों पर बनी निर्भरता के कारण व्यापारियों का वर्चस्व बन जाता है। दादन व्यवस्था के अन्तर्गत अन्य उत्पाद जैसे पापड़ के लिये आलू, बीड़ी के लिये पत्ता जैसे अन्य समान कारीगर को दिये जाते है।

31. Which government is considered as a representative one ?/किस सरकार को आमतौर पर प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है?

(a) Autocratic/एकतंत्रीय
(b) Monarchy /राजतंत्र
(c) Democratic/लोकतांत्रिक
(d) Laissez faire/अबंधता (लेसेस फेयर)

Ans. (c) : लोकतांत्रिक सरकार को आमतौर पर प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है। लोक तंत्र को सबसे बेहतर बताया गया था क्योंकि यह नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है। व्यक्ति के गरिमा को बढ़ाता है, इसमें गलतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है। यह प्रचलित सम्प्रभुता के सिद्धान्त पर आधारित है अर्थात् सर्वोच्च शक्ति जनता के हाथ में हो। लोकतंत्र दो प्रकार का होता है – (i) प्रत्यक्ष (ii) अप्रत्यक्ष। प्रतिनिधि व्यवस्था में नागरिक अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो देश के शासन और प्रशासन को चलाने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इन प्रतिनिधियों को चुनने की विधि को चुनाव या निर्वाचन कहते है।

32. Consider the statements (A) and (B) and choose the appropriate option

Statements (A) : In India 80 percent of formers have barely enough land income to meet their daily needs.

कथन (A) : भारत में 80 प्रतिशत किसानों के पास अपनी दैनिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त भूमि आय नहीं है।

Statements (B) :In India nearly two out of every five rural families are agricultural labourer. They depend on other people's fields to earn a living. Many of them are landless and own very small plots of land.

कथन (B) : भारत में प्रत्येक पाँच में से लगभग दो ग्रामीण परिवार खेतिहर मजदूर हैं। वे जीविकोपार्जन के लिए अन्य लोगों के खेतों पर निर्भर हैं। उनमें से कई भूमिहीन हैं और उनके पास बहुत छोटे भूखंड हैं।

Select the correct option from the given alternatives. /दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) A is true and B is false
A सत्य है, लेकिन B असत्य है।

(b) A is false and B is true
A असत्य है, लेकिन B सत्य है।

(c) Both A and B are true and B is the correct explanation of A/ A और B दोनों सत्य है और B, A की सही व्याख्या है

(d) Both A and B are false/A और B दोनों असत्य हैं।

Ans. (c) : भारत में 80% किसानों के पास अपनी दैनिक जरुरतों को पूरा करने के लिये पर्याप्त भूमि आय नहीं है और भारत में प्रत्येक पाँच में से लगभग दो ग्रामीण परिवार खेतिहर मजदूर है। वे जीविकोपार्जन के लिय अन्य लोगों के खेतों पर निर्भर है। उनमें से कई भूमिहीन हैं और उनके पास बहुत छोटे भूखंड हैं। इस प्रकार दोनों कथन (A) और (B) दोनों सही है और (B), (A) की सही व्याख्या है। भारत एक कृषि प्रधान देश है। स्वतंत्रता के पश्चात भारत ने अंग्रेजों से पिछड़ी हुयी कृषि अर्थव्यवस्था ही विरासत में पायी थी।

33. Nirmal goes to auction at 3.00 am from where he buys vegetables in bulk. He further sells it to neighbourhood vegetable sellers. What kind of trader is he ?
निर्मल एक नीलामी में तीन बजे जाता है और बड़ी मात्रा में सब्जियाँ खरीदता है। वह फिर उन्हें आस-पास के सब्जी-विक्रेताओं को बेच देता है। वह किस प्रकार का व्यापारी है?

(a) Retailer/खूदरा/ फुटकर व्यापारी
(b) Wholesaler/थोक व्यापारी
(c) Hawker/फ़ेरी लगाने वाला
(d) Vendor/विक्रेता

Ans. (b) : निर्मल एक नीलामी में तीन बजे जाता है और बड़ी मात्रा में सब्जियाँ खरीदता है। वह फिर उन्हें आस-पास के सब्जी विक्रेताओं को बेच देता है। वह थोक व्यापारी है।
फुटकर व्यापारी – फुटकर विक्रेता वह व्यावसायिक ईकाई होती है जो वस्तुओं एवं सेवाओं को सीधे अंतिम उपभोक्ताओं को बेचते हैं।
फेरी लगाने वाला – ये छोटे उत्पादक अथवा मामूली व्यापारी होते हैं जो वस्तुओं को साइकिल, हाथ, साइकिल रिक्शा या अपने सिर पर रखकर तथा जगह-जगह घूमकर ग्राहक के दरवाजे पर जाकर माल का विक्रय करते हैं।
व्यापार से अभिप्राय लाभार्जन के उद्देश्य से वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रय-विक्रय से है।

34. When is the Constitution outlines the division of legislative powers between the center and the states.
What is the system of governance called ?
जब संविधान में केन्द्र एवं राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के विभाजन की रूपरेखा स्पष्ट की गयी हो तो, शासन प्रणाली को क्या कहा जाता है?

(a) Parliamentary/संसदीय
(b) Federal/संघीय
(c) Presidential/अध्यक्षीय
(d) Democratic/लोकतान्त्रिक

Ans. (b) : जब संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के विभाजन की रूप-रेखा स्पष्ट की गयी हो तो, उस शासन प्रणाली को संघीय कहा जाता है। भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएँ –
(i) द्वैध शासन पद्धति
(ii) लिखित संविधान
(iii) शक्तियों का विभाजन
(iv) संविधान की सर्वोच्चता
(v) कठोर संविधान
(vi) स्वतंत्र न्यायापालिका
(vii) द्विसदनीय विधायिका
नोट – भारत की संघीय व्यवस्था कनाडा/कनाडाई मॉडल पर आधारित है।

35. Why was 19th century social reformer and women's rights activist Ramabai given the title 'Pandita'?
उन्नीसवीं शताब्दी की समाज सुधारक और महिला अधिकार कार्यकर्ता रामाबाई को 'पंडिता' की उपाधि क्यों दी गयी थी?

(a) She married into a Brahman family
उनकी शादी एक ब्राह्मण परिवार में हुई थी।

(b) She become a priest and set up a temple in Pune/उन्होनें एक पुरोहित बन कर पुणे में एक मंदिर की स्थापना की।

(c) She was a women educationist who imparted education to men /वह एक ऐसी महिला शिक्षाविद् थीं जो पुरूषों को शिक्षा देती थीं।

(d) She could read and write Sanskrit.
वह संस्कृत पढ़ और लिख सकती थी।

Ans. (d) : उन्नीसवीं शताब्दी की समाज सुधारक और महिला अधिकार कार्यकर्ता रमाबाई को 'पंडिता' की उपाधि इसलिये दी गयी थी कि वह संस्कृत पढ़ और लिख सकती थी। संस्कृत की महान विद्वान पंडिता रमाबाई का मानना था कि हिन्दू धर्म महिलाओं का दमन करता है। इन्होंने पूना में एक विधवा गृह की स्थापना की थी।

36. A teacher wishes to discuss that the Indian Constitution recognises every person as equal. Which of the following examples will most likely find a place in the discussion.
कक्षा में अध्यापक द्वारा '' भारतीय संविधान सभी व्यक्तियों की समानता स्वीकार करता है'' विषय पर चर्चा में कौन-सा उदाहरण स्थान पायेगा?

(a) People standing in a line to cast their vote in an assembly election /विधानसभा मतदान के लिए व्यक्तियों का पक्तियों में खड़े होना।

(b) A stadium full of people cheering the national cricket team./खचाखच भरे हुए स्टेडियम में लोगों का राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मनोबल बढ़ना।

(c) People standing in a line outside the government hospital./सरकारी अस्पताल के सामने लोगों का पंक्तिबद्ध खड़े होना।

(d) People standing in a line to buy movie tickets./लोगों का सिनेमा की टिकट खरीदने के लिए पंक्तिबद्ध खड़े होना।

Ans. (a) : कक्षा में अध्यापक द्वारा ''भारतीय संविधान सभी व्यक्तियों की समानता स्वीकार करता है'' विषय पर चर्चा में विधान सभा मतदान के लिये व्यक्तियों का पंक्तियों में खड़े होना उदाहरण उचित है। समता का अर्थ है - समाज के किसी भी वर्ग के लिये विशेषाधिकार की अनुपस्थिति और बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को समान अवसर प्रदान करने के उपबंध।

37. No citizen shall, on grounds only of religion, race, caste ,sex, place of birth or any of them, be subject to any disability, liability, restriction or condition with regard to access to shops, public restaurants, hotels and place of public entertainment.
Which Article of the Indian Constitution does the above statement highlighted?
कोई भी नागरिक केवल धर्म,नस्ल, जातिय लिंग,जन्म-स्थल या इनमें से किसी के आधार पर दुकानों, सार्वजनिक रेस्तरा, होटल, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों तक पहुँच के सम्बन्ध में किसी भी विकलांगता, दायित्व, प्रतिबंध या शर्त के अधीन नहीं होगा।
भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उपरोक्त कथन पर प्रकाश डाला गया है?

(a) Article 21A/अनुच्छेद 21A
(b) Article 15/ अनुच्छेद 15
(c) Article 343/ अनुच्छेद 343
(d) Article 23/ अनुच्छेद 23

Ans. (b) : कोई भी नागरिक केवल धर्म, वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थल या इनमें से किसी के आधार पर दुकानों, सार्वजनिक रेस्तराँ, होटल, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों तक पहुँच के सम्बन्ध में किसी भी विकलांगता, दायित्व प्रतिबन्ध या शर्त के अधीन नहीं होगा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 में प्रकाश डाला गया है। यह प्रावधान राज्य एवं व्यक्ति दोनों के विरुद्ध विभेद का प्रतिषेध करता है, जबकि पहले प्रावधान में केवल राज्य के विरुद्ध ही प्रतिषेध का वर्णन था। इसमें दो कठोर शब्दों की व्यवस्था है। 'विभेद' और 'केवल' विभेद का अभिप्राय किसी के विरुद्ध विपरीत मामला या अन्य के प्रति उसके पक्ष में न रहना। 'केवल' शब्द का अभिप्राय है कि अन्य आधारों पर मतभेद किया जा सकता है।

38. Consider the following statements and identify an instance that relates to criminal law.
इनमें से कौन-सा उदाहरण फौजदारी कानून से संबंधित है-

(a) A couple wants to apply for mutual divorce.
पति-पत्नी सहमति से सम्बन्ध विच्छेद के लिए आवेदन करते हैं।

(b) A sister askes for her share in her parents' property./बहन माता-पिता की संपत्ति में से अपना हक़ मागती है।

(c) Fagu's ancestral house is sold by his brother without his consent./फागुन के भाई ने उसका पैतृक मकान बिना उसकी अनुमति बेच दिया है।

(d) A girl is harassed regulraly by a group of boys on her way from home to bus stop.
एक लड़की को घर से बस-स्टाप तक जाते हुए लड़कों का समुह तंग करता है।

Ans. (d) : एक लड़की को घर से बस स्टॉप तक जाते हुये लड़कों का एक समूह तंग करता है – यह उदाहरण फौजदारी कानून से सम्बन्धित है। फौजदारी मामले का सम्बन्ध आपराधिक कृत्यों से होता है। हत्या, मारपीट, डकैती, बलात्कार आदि सभी मामले फौजदारी मामले होते हैं। इन सभी मामलों में कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीजर (CRPC) और इंडियन पीनल कोड (IPC) के आधार पर सुनवायी होती है। अपराधिक मामलों में दण्ड कई प्रकार का हो सकता है (जो कि अपराध की प्रकृति पर निर्भर करता है)।

39. Who chaired the committee that examined the socio-economic and educational status of Muslims in India?/भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का जायज़ा लेने वाली समिति की अध्यक्षता किसने की।

(a) B.P Mandal/बी.पी. मंडल
(b) R. Sachar/आर.सच्चर
(c) P.K Thungon/पी.के.थगौन
(d) D.S Kothari/डी.एस. काठारी

Ans. (b) : भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का जायजा लेने वाली समिति की अध्यक्षता आर. सच्चर ने की थी। सच्चर समिति की रिपोर्ट ने मुसलमानों के बारे में प्रचलित दूसरी गलतफहमियों को भी उजागर कर दिया है। आमतौर पर माना जाता है कि मुसलमान अपने बच्चों को सिर्फ मदरसों में भेजता चाहते है। आँकड़ों से पता चलता है कि केवल 4% मुसलमान बच्चे मदरसों में जाते हैं। मुसलमानों के 66% बच्चे सरकारी और 30% बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

40. The Civil Rights movement started in USA to demand :
संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आन्दोलन किस माँग के लिए शुरू हुआ?

(a) Social security for senior African-American citizens/अफ्रीकी-अमेरिकन वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा के लिए।

(b) Voting rights of African-American citizens with disabilities./विशेष क्षमता वाले अफ्रीकी-अमेरिकन नागरिकों के मताधिकारों के लिए।

(c) Voting rights for African-American women
अफ्रीकी-अमेरिकन महिलाओं के मताधिकारों के लिए।

(d) Equal rights of African-American citizens and end of racial discriminination./अफ्रीकी-अमेरिकन नागरिकों के समान अधिकारों और नस्लीय भेदभाव को मिटाने के लिए।

Ans. (d) : संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आन्दोलन अफ्रीकी-अमेरिकन नागरिकों के समान अधिकारों और नस्लीय भेदभाव को मिटाने के लिये शुरू हुआ। नागरिक अधिकार आन्दोलन ने नस्ल, धर्म और राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव को निषेध कर दिया। इसने यह भी कहा कि अफ्रीकी अमेरिकन बच्चों के लिये सब स्कूलों के दरवाजे खोले जाऐंगे।

41. The scope of Geography includes the following:
भूगोल के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

A. Relation between political system and economy/ राजनैतिक व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था के बीच संबंध

B. Art of drawing maps and charts
मानचित्रों एवं चार्टों के चित्रांकन की कला

C. Relations between man and physical environments/मनुष्य और भौतिक वातावरण के बीच संबंध

D. Evolution of mankind and its different races/मानव जाति और उनकी विभिन्न नस्लों का क्रम विकास

Choose the correct options :
सही विकल्प का चयन किजिए :

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and B/ A और B
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (d) : भूगोल के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित है –
- मानचित्रों एवं चार्टों के चित्रांकन की कला
- मनुष्य और भौतिक वातावरण के बीच संबंध
- मानव जाति और उसकी विभिन्न नस्लों का क्रम विकास

इस प्रकार सही विकल्प (B) (C) और (D) होगा।
सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग एक ग्रीक विद्वान इरेटॉस्थेनीज ने किया।

42. The most important challenge before a social teachers is to ____. /सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के समक्ष अति महत्वपूर्ण चुनौती होती है____।

(a) Maintain discipline in the classroom
कक्षा में अनुशासन बनाए रखने की।
(b) Use interdisciplinary approach
अंतः विषयक उपागम को प्रयोग करने की।
(c) Help students do their homework
छात्रों को उनके गृह कार्य में सहयोग करने की।
(d) Prepare students for exams
छात्रों को परीक्षाओं के लिए तैयार करने की।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के समक्ष अति महत्वपूर्ण चुनौती अंतः विषयक उपागम को प्रयोग करने में होती है। अतः विषयक उपागम दो या दो से अधिक विद्यार्जन विषयों के मिश्रित अध्ययन क्षेत्र को कहते हैं। उदाहरण के लिये भूमण्डलीय उष्मीकरण में भौतिकी, भूगोल, जीव-विज्ञान और कई अन्य अंतर्विषयक क्षेत्र हैं। अंत विषयक उपागम अध्ययन विचारों के संश्लेषण और कई विषयों से विशेषताओं के संश्लेषण की अनुमति देता है। साथ ही यह छात्रों के व्यक्तिगत अंतर को सम्बोधित करता है। यह हमें हमारे दैनिक जीवन में अनुभव होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान को आधार प्रदान करता है।

43. More effective learning opportunities in social science education can be provided by:
सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में सीखने के अधिक प्रभावी अवसर प्रदान कर सकते है:

(a) Giving detailed explanation of all topics.
सारे विषयों की विस्तृत व्याख्या के द्वारा
(b) Using more teaching aids.
ज्यादा शिक्षण सामग्री के प्रयोग द्वारा
(c) Conducting periodical tests.
आवधिक परीक्षा के आयोजन द्वारा
(d) Basing the teaching on real life situations.
वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित शिक्षण द्वारा

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में सीखने के अधिक प्रभावी अवसर वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित शिक्षण द्वारा प्रदान कर सकते हैं। बच्चों में प्राकृतिक और सामाजिक पर्यावरण के सम्बन्धों की पहचान करने तथा उन्हें समझने की योग्यता का विकास होना चाहिए। उन्हें प्राकृतिक विविधता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता के बीच समानता की पहचान करना सीखना चाहिए। अवलोकन और अनुभव के द्वारा सामाजिक विज्ञान शिक्षण बच्चों में ज्ञान आधारित क्षमता का विकास कर सकता है। सामाजिक विज्ञान के पठन-पाठन को अधिक असरदार बनाने के लिए स्थानीय, प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर के संग्रहालयों में भ्रमण को शामिल करना चाहिए। इससे उन्हें वास्तविक ज्ञान प्राप्त होगी।

44. A teacher starts her class by discussing a story of a village, where all the adults have gathered to choose their leader. This story could be developed to initiate a discussion on which of the following topics?
एक अध्यापक अपनी कक्षा में अध्यापन एक गाँव की कहानी से शुरू करता है जहाँ सभी लोग गाँव का मुखिया चुनने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह कहानी निम्न में से किस विषय पर चर्चा आरम्भ करने के लिए उपयुक्त रहेगी-

(a) Gram Sabha/ग्राम सभा
(b) Rural livelihood/ग्रामीण जीविका
(c) Rural administration/ग्रामीण प्रशासन
(d) Gandhi swraj/गाँधी-स्वराज

Ans. (a) : एक अध्यापक अपनी कक्षा में, अध्यापन एक गाँव की कहानी से शुरू करता है, जहाँ सभी लोग गाँव का मुखिया चुनने के लिए एकत्रित हुये हैं। यह कहानी ग्राम सभा विषय पर चर्चा आरम्भ करने के लिये उपयुक्त रहेगी। पंचायती राज ग्राम सभा का प्रावधान करता है। इस निकाय में गाँव स्तर पर गठित पंचायत क्षेत्र में निर्वाचक सूची में पंजीकृत व्यक्ति होते हैं। अतः यह पंचायत क्षेत्र में पंजीकृत मतदाताओं की एक ग्राम स्तरीय सभा है। यह उन शक्तियों का प्रयोग करेगी और ऐसे कार्य निष्पादित कर सकती है जो राज्य के विधानमंडल द्वारा निर्धारित किये गये हैं।

45. The following are the steps for explaining that people are product of hereditary and environment. Put these in order of discussion.
निम्नलिखित व्याख्यान के चरण हैं कि लोग वंशागत और वातावरण की उपज हैं।

इन्हें चर्चा के क्रम में लगायें:

(A) Members of groups learn social behaviour from each other./समूह के सदस्य एक दूसरे से सामाजिक व्यवहार सीखते हैं।

(B) People in different environment often have similar behaviour pattern./अलग-अलग वातावरण में लोगों के अक्सर व्यहार के प्रतिमान समान होते हैं।

(C) Community characteristics result from interaction between individuals and groups in an environment/सामुदायिक विशिष्टिताएँ एक वातावरण में लोगों और समूहों के बीच बातचीत /अंतर्क्रिया का परिणाम हैं।

(D) Social systems are affected by values of interacting groups./सामाजिक व्यवस्थाएँ समूहों के पारस्परिक क्रिया-प्रतिक्रिया के मूल्यों से प्रभावित होती हैं।

(a) A, B, C and D/A, B, C और D
(b) A, C, B and D/A, C, B और D
(c) B, A, D and C/B, A, D और C
(d) B, C, D and A/B, C, D और A

Ans. (b) : उपर्युक्त व्याख्यान के चरण हैं कि लोग वंशागत और वातावरण की उपज हैं। इन्हें चर्चा के क्रम में इस प्रकार रखते हैं –
(A) समूह के सदस्य एक दूसरे से सामाजिक व्यवहार सीखते हैं।
(C) सामुदायिक विशिष्टताएँ एक वातावरण में लोगों और समूहों के बीच बातचीत/अंतक्रिया का परिणाम है।
(B) अलग-अलग वातावरण में लोगों के अक्सर व्यवहार के प्रतिमान समान होते हैं।
(D) सामाजिक व्यवस्थाएँ समूहों के पारस्परिक क्रिया-प्रतिक्रिया के मूल्यों से प्रभावित होती है।
इस प्रकार सही क्रम – A, C, B और D होगा।

46. In a social science textbook, we sometimes come across terms and issues that may lead at some discomfort:
What is expected from the teacher in such a situation?
सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक में हम कई बार ऐसी परिभाषाओं तथा मुद्दों से आमना-सामना करते हैं। जिनसे कुछ असुविधा हो सकती है।
इस स्थिति में शिक्षक से क्या अपेक्षा होगी?

(a) Teacher must not bring such terms and issues in the classroom discussions./शिक्षक को कक्षा में ऐसी परिभाषाओं और मुद्दों को चर्चा में नहीं लाना चाहिए।

(b) Teacher should avoid teaching topics that require naming of specific communities/ शिक्षक को ऐसे विषयों को पढ़ने की अवहेलना करनी चाहिए जिसमें धर्म विशेष का नाम देना हो।

(c) Teacher should transact the material with sensitivity and firm commitment to respecting dignity of all students /शिक्षक को सभी छात्रों की गरिमा के प्रति दृढ़ समर्पित भाव से सामग्री का संवेदनशीलता से आदान-प्रदान करना चाहिए।

(d) Teacher should just focus on giving concrete definitions of such terms, issues and proceed further./शिक्षक को ऐसी परिभाषाओं, मुद्दो की सटीक परिभाषाओं को देने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए तथा आगे बढ़ना चाहिए।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में हम कई बार ऐसी परिभाषाओं तथा मुद्दों से आमना-सामना करते हैं। जिनसे कुछ असुविधा हो सकती है।
इस स्थिति में शिक्षक को सभी छात्रों की गरिमा के प्रति दृढ़ समर्पित भाव से सामाग्री का संवेदनशीलता से आदान-प्रदान करना चाहिए। शिक्षक पाठ्यचर्या को विद्यार्थियों तक पहुँचाने और अवधारणाओं को विद्यार्थियों के लिये ग्राह्य भाषा में सरलीकृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। पाठ्यक्रम में शुरू से अंत तक निरंतरता बनाये रखने के लिये विषयों को उचित तर्कसंगत क्रम में व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

47. Read the given scenarios carefully. Which among the following provides an opportunity to a teacher to plan a visit to Delhi monuments with her students?
दिए गए परिदृश्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए।
निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों के साथ दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा करने की योजना बनाने के अवसर प्रदान करता है?

A. Her students askes her what is superstructure, while discussing architecture of Sultanate Era./ सल्तनत युग की वास्तुकला पर चर्चा करते हुए उसके विद्यार्थियों ने उससे विस्तृत अधिरचना के बारे मे पूछा-

B. They were fascinated by the Structure of the " Bangla dome"/वे ''बांग्ला गुंबद'' की संरचना से मंत्रमुग्ध थे।

C. Her students wanted to paint the pillars of Pietra dura for their upcoming art exhibition. /उसके विद्यार्थी अपनी आगामी कला प्रदर्शनी के लिए ''पितरा-डूरा'' के स्तम्भ के पैटर्न को पेंट करना चाहते हैं।

(a) A, B and C/A, B और C (b) A and B/A और B
(c) A and C/A और C (d) B and C/B और C

Ans. (a) :
• सल्तनत युग की वास्तुकला पर चर्चा करते हुये उसके विद्यार्थियों ने उससे विस्तृत अधिरचना के बारे में पूछा।
• वे ''बांग्ला गुबंद'' की संरचना से मंत्रमुग्ध थे।
• उसके विद्यार्थी अपनी आगामी कला प्रदर्शनी के लिये ''पितराडूरा'' के स्तम्भ के पैटर्न को पेंट करना चाहते हैं।
ये सभी परिदृश्य शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों के साथ दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा करने की योजना बनाने के लिये अवसर प्रदान करता है। इसलिये इसके अन्तर्गत सभी विकल्प (A) (B) (C) सही है।

48. The best approach to introduce 'social' inequality' to students at upper primary level is through-
उच्च-प्राथमिक कक्षा में सामाजिक असमानता के संप्रत्यय को आरम्भ करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है-

A. Data/ आँकड़े

B. Photo essay/ चित्र-निबन्ध

C. Lecture/ व्याख्यान

D. Case studies/ केस/व्यक्ति -अध्ययन

Choose the most appropriate teacher activities.
इनमे से सबसे उपयुक्त शिक्षक गतिविधियों का चुनाव कीजिए।

(a) A and B only/केवल A तथा B only
(b) A, B and C only/केवल A, B तथा C only
(c) A, B and D only/केवल A, B तथा D only
(d) B, C and D only/केवल B, C तथा D only

Ans. (c) : उच्च प्राथमिक कक्षा में सामाजिक असमानता के संप्रत्यय को आरम्भ करने के लिये –
(A) आँकड़े
(B) चित्र निबंध
(C) केस/व्यक्ति-अध्ययन का प्रयोग किया जा सकता है। इस प्रकार सही कथन (A), (B) और (D) होगा।

49. As a social science teacher how would you guide your students about identifying bias within texts.
एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में आप छात्रों का पूर्वाग्रह पहचानने में कैसे मार्गदर्शन करेंगे-

A. You would encourage them to only official documents
आप उन्हें केवल सरकारी दस्तावेजों के प्रयोग करने को उत्साहित करेगें।

B. You will encourage students to find evidence regarding what they read
वे जो पढ़ते हैं उसके लिए उन्हें प्रमाण तलाशने के लिए उत्साहित करेंगे।

C. You will ask them to look at the various sources available for that particular event.
आप उन्हें उस विशेष घटना के लिए उपलब्ध विभिन्न स्त्रोतों को देखने के लिए कहेंगे।

D. You will ask them to look at only those sources which are published by well known person.
आप उन्हें उन्हीं स्त्रोतों के देखने के लिए कहेंगे जिन्हें प्रसिद्ध व्यक्तियों ने प्रकाशित किया है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B/A और B (b) Only D/ केवल D
(c) B and C/B और C (d) Only A/ केवल A

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में आप छात्रों को पाठ्य पुस्तक में पूर्वाग्रह पहचानने में मदद करेंगे –
वे जो पढ़ते हैं उसके लिये उन्हें प्रमाण तलाशने के लिये उत्साहित करेंगे और आप उन्हें उस विशेष घटना के लिये उपलब्ध विभिन्न स्त्रोतों को देखने के लिये कहेंगे। इस प्रकार कथन (B) और (C) सही होगा।
किसी वस्तु या व्यक्ति को बिना देखे, बिना समझे, बिना तौले उसके बारे में सही/गलत या कोई भी धारणा कायम कर लेना पूर्वाग्रह कहलाता है। पितृसत्तात्मक समाज में पूर्वाग्रह महिलाओं के प्रति एक हीन भावना उत्पन्न करता है। इससे महिलाएँ सामाजिक विकास में पीछे छूट जाती हैं। इस प्रकार नस्लीय भेदभाव का एक प्रमुख कारण पूर्वाग्रह है।

50. Which of the following questions provide greater scope for developing critical thinking ?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करता है?

A. What are some similarities and differences between the way the Mughals came to power in India and the way English came to power in India?
भारत में मुगलों और अंग्रजों के आने के तरीकों में क्या समानता और क्या भिन्नता है?

B. In 1857 why did a section of the soldiers feel their religious faith was being violated?/1857 में सैनिकों के एक भाग ने क्यों अनुभव किया कि उनके धार्मिक विश्वास को तोड़ा गया है?

C. why do you think some people wanted to preserve the caste system in society?
कुछ लोग जाति-व्यवस्था को क्यों बनाये रखना चाहते हैं? आप इससे क्या समझते हैं।

D. What did the British do to protect the interests of those who converted to Christianity?/ इसाई धर्म अपनाने वालों के हितो की रक्षा के लिए अंग्रजों ने क्या किया?

E. What problems did the shifting cultivators face during British rule?
स्थानांतरित खेती करने वाले किसानों की अंग्रेजी राज में क्या समस्याएँ थी?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए-

(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) B, C and D/ B, C तथा D
(c) C, D and E/ C, D तथा E
(d) A, B and D/ A, B and D

Ans. (a) : भारत में मुगलों और अंग्रेजों के आने के तरीकों में क्या समानता और क्या भिन्नता है।
1857 में सैनिकों के एक भाग ने क्यों अनुभव किया कि धार्मिक विश्वास को तोड़ा गया है।
कुछ लोग जाति व्यवस्था को क्यों बनाए रखना चाहते हैं? आप इससे क्या समझते हैं। जैसे प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने के लिये अधिक अवसर प्रदान करता है? इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) सही होगा।
तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण करते हुये कोई निर्णय लेना आलोचनात्मक चिंतन या समीक्षात्मक चिंतन कहलाता है। यह विषय एक जटिल विषय है और आलोचनात्मक चिंतन की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ हैं। जिनमें प्रायः तथ्यों का औचित्य पूर्ण और पक्षपात रहित विश्लेषण शामिल होता है।

51. Identity an activity which uses inquiry based learning approach./कौन सी गतिविधि पूछताछ/जाँच आधारित उपागम का प्रयोग करती है-
(a) Watching a power point/ slide presentation
पावर पॉइंट या स्लाइड प्रदर्शन देखना।
(b) Visiting a community for data collection
आँकड़े एकत्रित करने के लिए समुदाय में जाना।
(c) Listening to a lecture/व्याख्यान सुनना
(d) Writing an essay on the topic
विषय पर निबंध लिखना।

Ans. (b) : आँकड़े एकत्रित करने के लिए समुदाय में जाना जैसी गतिविधि पूछताछ/जाँच आधारित उपागम का प्रयोग करती है? शिक्षण की प्रणाली को ही उपागम कहते हैं। शिक्षण विधियाँ शिक्षण उपागम पर आधारित होती हैं। एक उपागम शिक्षण विधियों को जन्म देता है। कुछ सीखने का तरीका जो सीखने वालों की मदद करने के लिये कक्षा की गतिविधियों तक चीजों का उपभोग करता है, वह उपागम श्रेणी में आता है। पूछताछ आधारित उपागम से पुराने साहित्य सिद्धांतों एवं तत्वों की योग्यता-अयोग्यता की जाँच पड़ताल की जा सकती है।

52. As a social science teacher which of the following values must be developed among students so that they sustain the energy for critical thinking.
एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक के नाते, निम्नलिखित में से कौन से मूल्यों को विकसित करना चाहिए, जिससे वे समालोचनात्मक सीख को बनाए रख सकें?
A. Mutual respect/ पारस्परिक सम्मान
B. Discipline /अनुशासन
C. Obedience/ आज्ञाकारिता
D. Respect for diversity
विविधता के लिए सम्मान
E. Trust/विश्वास
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and E/ A, C और E
(d) A, D and E/ A, D और E

Ans. (d) : एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक के नाते पारस्परिक सम्मान, विविधता के लिये सम्मान, विश्वास जैसे मूल्यों को विकसित करना चाहिए, जिससे वे समालोचनात्मक सीख को बनाए रख सके। समालोचनात्मक सीख नई या अपरिचित, स्थितियों, विचारों और सुझावों पर लागू करने की क्षमता है। यह तथ्यों घटनाओं आदि को पहचानने या उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। समालोचनात्मक चिंतन के लिये उचित विश्लेषण, मूल्यांकन, निष्कर्ष और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है।

53. Gendering the curriculum can be best understood by
पाठ्यचर्चा में लैंगिक संवेदनशीलता को सर्वोत्तम तरीके से समझा जा सकता है:
(A) increasing the number of references to individual woman. / स्त्री विशेष के अधिक से अधिक उदाहरण देकर।
(B) highlighting the perspectives of women in discussion of themes./विषयों (थीम्स) की चर्चाओं में महिलाओं के दृष्टिकोण को महत्व देकर।
(C) using gender inclusive language during class discussions./कक्षा में चर्चाओं के दौरान लिंग-बोध (जेंडर) सम्मत भाषा के प्रयोग द्वारा।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए-
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (d) : पाठ्यचर्या में लैंगिक संवेदनशीलता को सर्वोत्तम तरीके से समझा जा सकता है –
स्त्री विशेष के अधिक से अधिक उदाहरण देकर।
विषयों (थीम्स) की चर्चाओं में महिलाओं के दृष्टिकोण को महत्व देकर। कक्षा में चर्चाओं के दौरान लिंग-बोध (जेंडर) सम्मत भाषा के प्रयोग द्वारा। इस प्रकार सही कथन (A), (B) और (C) है।
लैंगिक संवेदनशीलता यानि हर लिंग (चाहे पुरुष हो या महिला) का व्यक्ति दूसरे लिंग (चाहे पुरुष हो या महिला) के प्रति सम्मान का भाव रखें। लिंग भेद को दरकिनार कर एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव होना ही लैंगिक संवेदनशीलता है। लैंगिक संवेदनशीलता के माध्यम से समाज में होने वाले अमानवीय आचरण एवं सेवा का उन्मूलन होता है।

54. Which of the following is a primary source to understand Ancient Indian period?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन भारतीय काल को समझने को प्रथमिक स्त्रोत है?
(a) Surat Hundi/सूरत हुंडी
(b) Samundragupta's Prashsasti/समुद्रगुप्त की प्रशस्ति
(c) Kandariya Mahadeva Temple
कंदरिया महादेव मंदिर
(d) Nagabhata's Prashsasti/नागभट्ट की प्रशस्ति

Ans. (b) : समुद्र गुप्त की प्रशस्ति प्राचीन भारतीय काल को समझने का प्राथमिक स्रोत है। अभिलेख एवं सिक्कों से प्राचीन काल के सम्बन्ध में काफी सटीक जानकारी प्राप्त होती है। लेकिन अभिलेखों के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी प्राप्त होती है, इन स्रोतों में मंदिर, इमारतें, स्मारक, मूर्तियाँ, प्रशस्ति, मिट्टी से बने बर्तन प्रमुख हैं। समुद्रगुप्त के बारे में हमें इलाहाबाद में अशोक स्तम्भ पर खुदे एक लंबे अभिलेख से पता चलता है जिसकी रचना समुद्रगुप्त के दरबार में कवि व मंत्री रहे हरिषेण द्वारा की गई है।

55. When teacher is providing students items like research articles, books, photographs, audio and video recordings, materials and websites etc; for a upper primary school, the objective would be towards _____.
उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रोजेक्ट कार्य हेतु जब शिक्षक छात्रों को शोध लेख, किताबें, फोटोग्राफ, ऑडियो और विडियो रिकॉर्डिंग, सामग्री और वेबसाइट आदि जैसी चीजें प्रदान कर रहा है- इनका उद्देश्य होगा-

(a) facilitating the school projects scientifically.
स्कूल परियोजना को वैज्ञानिक रूप से सुगम बनाना।
(b) providing background information as a key component of enquiry process./जाँच प्रक्रिया के प्रमुख घटकों के रूप में पृष्ठभूमि की जानकारी प्रदान करना।
(c) participate on National level seminars, workshops, and conferences./राष्ट्रीय स्तर के सेमिनारों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों आदि में भाग लेने के योग्य बनाना।
(d) teaching review of literature.
साहित्य का समीक्षात्मक शिक्षण।

Ans. (b) : उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रोजेक्ट कार्य हेतु जब शिक्षक छात्रों को साथ लेख, किताबें, फोटोग्राफ, ऑडियों और वीडियों रिकॉर्डिंग, सामग्री और वेबसाइट आदि जैसी चीजें प्रदान कर रहा है। इनका उद्देश्य जाँच प्रक्रिया के प्रमुख घटकों के रूप में पृष्ठभूमि की जानकारी प्रदान करना होगा। प्रोजेक्ट पद्धति में छात्रों को विभिन्न सामाजिक सिद्धांतो तथा मनोवैज्ञानिक नियमों का ज्ञान प्राप्त होता है। इस पद्धति के द्वारा शिक्षण से छात्रों को सीखनें के विभिन्न नियमों, विभिन्न मनोदशाओं, जिज्ञासाओं तथा इच्छाओं का ज्ञान प्राप्त होता है। नये-नये विषयों के प्रति चिंतन करने की प्रवृत्ति का विकास होता है।

56. Which of the following assessment practices provides each student with details of descriptive feedback to further the student's learning?
निम्नलिखित में से कौन-सी आकलन पद्धति छात्रों के अधिगम को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक छात्र को विवरणात्मक प्रतिपुष्टि प्रदान करती है?

(a) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(b) Assessment as learning
अधिगम के तरह आकलन
(c) Assessment of learning/ अधिगम का आकलन
(d) Summative assessment
योगात्मक/सारांशित आकलन

Ans. (a) : अधिगम के लिये आकलन पद्धति छात्रों के अधिगम को आगे बढ़ाने के लिये प्रत्येक छात्र को विवरणात्मक प्रतिपुष्टि प्रदान करती है। अधिगम की प्रक्रिया में बच्चों के सीखने के तरीकों को जानना आवश्यक हो जाता है, जिससे शिक्षण की प्रक्रिया बहुत आसान हो जाती है। शिक्षक वर्ष भर कक्षा के सभी बच्चों का लगातार अवलोकन करें और सुधारात्मक कार्य का प्रयास करता रहे। इससे शिक्षार्थी के ज्ञान, समझ, कौशल और मूल्यों को विकसित करने के लिये एक उपकरण के रूप में उपयोग करने में मदद करता है जिसे वे अपने व्यवहार में प्रतिबिंबित करने में सक्षम होता है। यह छात्रों की क्षमताओं, आवश्यकताओं और त्रुटियों को ध्यान में रखता है।

57. Which of the following questions assesses conceptual knowledge?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-से सम्प्रत्ययात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं?

(A) Suggest three ways to conserve water.
जल संरक्षण के तीन तरीके बताइए।
(B) What kinds of cloth had a large market in Europe? / यूरोप में किस प्रकार के कपड़ों का बड़ा बाजार था।
(C) Discuss the impact of the shortage of judges on the delivery of justice to the litigants./ मुकदमा लड़ने वालों को न्याय देने पर न्यायाधीशों की कमी के प्रभाव की चर्चा कीजिए।
(D) Write in your own words what you understand by the term 'rule of law'./ '' कानून का नियम'' से आप क्या समझते हैं?
(E) How is economic marginalization different from social marginalization?
सामाजिक सीमान्तीकरण/हाशियाकरण आर्थिक सीमान्तीकरण/हाशियाकरण से किस प्रकार भिन्न हैं?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (C) and (D)/ (C) और (D)
(d) (D) and (E)/ (D) और (E)

Ans. (d) : ''कानून का नियम'' से आप क्या समझते है
सामाजिक सीमान्तीकरण, हशियाकरण आर्थिक सीमांतीकरण/ हाशियाकरण से किस प्रकार भिन्न है, जैसे प्रश्नों से सम्प्रत्ययात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं। इस प्रकार सही कथन (D) और (E) है। सामान्यतः किसी शब्द के वास्तविक अर्थ को ही प्रत्यय अथवा सम्प्रत्यय कहते हैं, परन्तु मनोविज्ञान में मनुष्य के मस्तिष्क में किसी वस्तु, प्राणी क्रिया अथवा भावना के किसी मूलभूत गुण के आधार पर बनी जातीय प्रतिमा को प्रत्यय अथवा संप्रत्यय कहते हैं। सम्प्रत्यय उपलब्धि का प्रतिमान का विकास जे. एस. ब्रूनर एवं उसके सहयोगियों ने किया।

58. What is the primary objective of open book examination in social sciences?
सामाजिक विज्ञान में खुली-पुस्तक (ओपन-बुक) परीक्षा उद्देश्य क्या है?

(a) To assess skills of cooperation and collaboration/सहयोग और सामूहिकता के कौशल को आंकना।
(b) To assess content knowledge
विषयगत ज्ञान को आंकना।
(c) To assess social and conditional skills
सामाजिक व संवेगात्मक कौशलों को आंकना।
(d) To assess skills of reflection and critical thinking/प्रतिक्रिया और आलोचनात्मक कौशलों को आंकना।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान में खुली पुस्तक (ओपन बुक) परीक्षा का प्राथमिक उद्देश्य प्रतिक्रिया और अलोचनात्मक कौशलों को आंकना है। सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन की यह विधि महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बात का मूल्यांकन करना निरर्थक है कि बच्चों को विषय की कितनी जानकारियाँ कंठस्थ है। किसी भी पाठ्यक्रम में सारी जानकारी नहीं दी जा सकती और बहुत सारी जानकारी याद रखना सम्भव नही है। इसलिये स्कूली पुस्तक प्रणाली के माध्यम से बच्चे अपने साथ शिक्षण सामाग्री को ले जाने की अनुमति होती है दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि खुली पुस्तक परीक्षा प्रणाली में छात्र प्रश्न पत्र में पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देते समय पुस्तकों की सहायता ले सकेंगे।

59. Read the following questions. Which of them assesses the 'understand' aspect of the cognitive process./निम्नलिखित प्रश्नो को पढ़िए। इनमें से कौन से ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'समझ' पहलू का आकलन करते हैं?

(A) You are a peasant in Alauddin Khalji's reign and you cannot pay the taxes demanded by the Sultan. What will you do?/ आप अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में किसान/कृषक हैं और सुलतान द्वारा मांगे गए करों का भुगतान नहीं कर सकते। आप क्या करेंगे?

(B) Why are some rocks mushroom shaped?/ क्यों कुछ पत्थर मशरूम आकृति के होते हैं?

(C) Suppose the time in Kolkata is 7.00 pm. What will be the time in London which is located nearby Greenwich in the United Kingdom?/ माना कोलकता में शाम के 7.00 बजे का समय है। लंदन जो ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम) में ग्रीनविच के समीप स्थित है वहाँ क्या समय होगा?

(D) Who were the parties involved in the tripartite struggle?/ कौन-कौन सा पक्ष, त्रिपक्षीय संघर्ष मे सम्मिलित था?

(E) Explain the factors causing poverty. गरीबी उत्पन्न करने वाले कारकों/घटकों की व्याख्या कीजिए।

सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (C) and (E)/ (C) और (E)
(c) (B) and (E)/ (B) और (E)
(d) (D) and (E)/ (D) और (E)

Ans. (c) : क्यों कुछ पत्थर मशरूम आकृति के होते हैं। गरीबी उत्पन्न करने वाले कारकों/घटकों की व्याख्या कीजिए। जैसे दृश्य ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'समझ' पहलू का आकलन करते हैं। इस प्रकार कथन (B) और (E) सही है। ज्ञानात्मक प्रक्रिया विकास में मानसिक कल्पना, भाषा, चिंतन, स्मृति, विकास, तर्कना, समस्या समाधान आदि समाहित होते हैं। यह सिद्धान्त बताता है कि सीखने हेतु पर्यावरण और क्रिया की आवश्यकता होती है। इस सिद्धान्त के अनुसार बालकों में चिंतन एवं खोज करने की शक्ति उनकी जैविक परिपक्वता अनुभव एवं इन दोनों की अन्तः क्रिया पर निर्भर है।

60. Read the following questions. Which of them assesses the 'evaluate' aspect of cognitive process?/निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए। इनमें से कौन-सा ज्ञानात्मक प्रक्रिया के मूल्यांकन पहलू का आकलन करता है?

(A) In what way did the British history paintings in India reflect the attitudes of imperial conquerors?/भारत में ब्रिटिश इतिहास के चित्र सामाजिक विजेताओं की अभिवृत्ति को कैसे प्रतिबिम्बत करती हैं/दर्शाती हैं?

(B) The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act 2005 improved the standard of living in India. Do you agree with this statement? Justify. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 ने भारत में जीवन के स्तर को सुधारा। क्या आाप इस कथन से सहमत हैं? उचित ठहराएँ।

(C) If you wish to choose a place to setup chocolate factory, which Indian State you will choose? Why?/ अगर आप चॉकलेट फैक्ट्री को स्थापित करने के लिए स्थान का चयन करना चाहते हैं तो किस भारतीय राज्य को चुनेंगे? क्यों?

(D) Explain the functions of NITI Aayog. नीति आयोग के कार्यों को समझाएँ।

(E) Distinguish between primary and tertiary sector./ प्राथमिक क्षेत्र एवं तृतीयक क्षेत्र के बीच अंतर बताएँ।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (C), (D) and (E)/ (C), (D) और (E)
(d) (D) and (E)/ (D) और (E)

Ans. (b) : महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 ने भारत के जीवन स्तर को सुधारा क्या आप इस कथन से सहमत है उचित ठहराएँ।
अगर आप चॉकलेट फैक्ट्री को स्थापित करने के लिये स्थान का चयन करना चाहते हैं तो किस भारतीय राज्य को चुनेंगे ? क्यों ?
जैसे प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के मूल्यांकन पहलू का आकलन करता है। संज्ञान विचार अनुभव और ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने और समझने की मानसिक प्रक्रिया है।
नोट- रॉस के अनुसार ''चिंतन मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पहलू है।''

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 17 जनवरी, 2022)

1. Who among the following said on the choice of Delhi as captial "The change would strike the imagination of the people of India .....and would be accepted by all as the assertion of an unfaltering determination to maintain British rule in India"?

निम्नलिखित में से किसने दिल्ली के राजधानी के रूप में चुनाव के बारे में यह बात की ''यह बदलाव भारत के लोगों की कल्पना के अनुरूप होगा.... और सभी लोग भारत में ब्रिटिश शासन को बनाए रखने के अदम्य संकल्प के रूप में इसकी सराहना करेंगे''?

(a) Edward Lutyues/एडवर्ड लुटियंस
(b) Viceroy Lytton/वायसरॉय लिटन
(c) Viceroy Hardinge/ वायसरॉय हॉर्डिंग
(d) Herbert Baker/हर्बट बेकर

Ans. (c) : दिल्ली को राजधानी के रूप में चुनने के पीछे वायसरॉय लार्ड हार्डिंग ने यह वजह बताई थी कि यह बदलाव भारत के लोगों की कल्पना के अनुरूप होगा .... और सभी लोग भारत में ब्रिटिश शासन को बनाए रखने के अदम्य संकल्प के रूप में इसकी सरहाना करेंगे।

वास्तुकार हर्बर्ट बेकर की राय में नयी राजधानी अच्छे शासन और एकजुटता का पाषाण प्रतीक होनी चाहिए जो ब्रिटिश शासन के तहत भारत के इतिहास में एक नयी बात है। भारत में ब्रिटिश शासन केवल शासन और संस्कृति की एक परत भर नहीं है अपितु यह एक पनपती हुई नयी सभ्यता है। जिसमें पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों का मिश्रण है।

नोट– एडवर्ड लुटियंस और हर्बर्ट बेकर नाम के दो वास्तुकारों को नयी दिल्ली और इसकी इमारतों का डिजाइन तैयार करने का दायित्व सौंपा गया था।

2. Match the following/निम्नलिखित का मिलान कीजिए:

	List-I/सूची- I		List-II/ सूची- II
a.	Linguist भाषाविद्	(i)	Who can read, write and teach persian/जो फ़ारसी पढ़ना, लिखना और पढ़ाना जानता है।
b.	Munshi मुंशी	(ii)	Who knows language and culture of Asia/जो एशिया की भाषा और संस्कृति का गहन ज्ञान रखता है।
c.	Orientalist प्राच्यवादी	(iii)	Who Knows and studies Several languages/जो कई भाषाओं को जानता और पढ़ता है।
d.	Vernacular वर्नाकुलर	(iv)	local language or dialect as distinct from standard languages/स्थानीय भाषा या बोली जो मानक भाषा से अलग है।

Choose the correct option.

(a) a-(i), b-(iii),c-(iv),d-(ii)
(b) a-(iv), b-(ii),c-(iii),d-(i)
(c) a-(iii), b-(i),c-(ii),d-(iv)
(d) a-(iii), b-(ii),c-(iv),d-(i)

Ans. (c) : सही मिलान इस प्रकार है–

सूची–I	सूची–II
(a) भाषाविद्	(iii) जो कई भाषाओं को जानता और पढ़ता है।
(b) मुंशी	(i) जो फारसी पढ़ना लिखना और पढ़ाना जानता है।
(c) प्राच्यवादी	(ii) जो एशिया की भाषा और संस्कृति का गहन ज्ञान रखता है।
(d) वर्नाकुलर	(iv) स्थानीय भाषा या बोली जो मानक भाषा से अलग है।

3. Which of the following statements is/are true about important pilgrims, visit to India during ancient times.

प्राचीन समय में भारत में तीर्थयात्रियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही हैं?

A. Fa Xian visited India to learn Sanskrit and establish trade links between Chinese and Indian Kings.
फा-शिएन भारत में संस्कृत सीखने और भारतीय व चीनी राजाओं के बीच व्यापार संबंध स्थापित करने आया था।

B. Xuan Zang visited India to see the places associated with the life of Buddha and famous monasteries.
श्वैन त्सांग बुद्ध के जीवन से संबंधित स्थानों व प्रसिद्ध बौद्धमठों को देखने आया था।

C. Chinese Buddhist pilgrims wrote extensively about books they collected and monasteries they visited.
चीनी बौद्ध यात्रियों ने अपने द्वारा इकट्ठी की गई किताबों व देखे गए बौद्धमठों के बारे में विस्तारपूर्वक लिखा।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) Only B/केवल B (d) Only A/केवल A

Ans. (b) : प्राचीन समय में भारत में तीर्थयात्रियों जैसे श्वैनत्सांग बुद्ध के जीवन से सम्बंधित स्थानों व बौद्ध मठों को देखने आया था तथा चीनी बौद्ध यात्रियों ने अपने द्वारा इकट्ठी की गई किताबों व देखे गये बौद्ध मठों के बारे में विस्तारपूर्वक लिखा। फाह्यान चन्द्रगुप्त द्वितीय ''विक्रमादित्य'' के काल में भारत आया था। यह बौद्ध ग्रंथो के अध्ययन तथा प्रमुख बौद्ध स्थानों को देखने की लालसा के कारण भारत आया था। फाह्यान ने पाटिलपुत्र में स्थित अशोक के राजमहल को देवताओं द्वारा निर्मित बाताया है।

4. Read the statements and choose the correct option/निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Chola king Rajendra I built Shiva temple in his capital and he filled it with prized statues seized from defeated rulers.
अभिकथन (A) : चोल राजा राजेन्द्र प्रथम ने अपनी राजधानी में शिव मंदिर का निर्माण करवाया था और उसे पराजित शासकों से ज़ब्त की गई उत्कृष्ट प्रतिमाओं से भर दिया।

Reasoning (R) : Kings built temples to demonstrate their devotion to God and their power and wealth.
कारण (R) : राजा मंदिरों का निर्माण अपनी शक्ति, धन-संपदा और ईश्वर के प्रति निष्ठा के प्रदर्शन हेतु करते थे।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A)की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : राजा मंदिरों का निर्माण अपनी शक्ति, धन, सम्पदा और ईश्वर के प्रति निष्ठा के प्रदर्शन हेतु करते थे। इसी तरह ग्यारहवी शताब्दी के आरम्भ में जब चोल राजा राजेन्द्र प्रथम ने अपनी राजधानी में शिव मंदिर का निर्माण करवाया था तो उसने पराजित शासकों से जब्त की गई उत्कृष्ट प्रतिमाओं से इसे भर दिया। इस प्रकार स्पष्ट है कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

5. Match the following and choose the correct option.
निम्नलिखित का मिलान कीजिए और सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

List-X		List-Y	
a.	Zikr /ज़िक्र	(i)	dancing /नृत्य
b.	Raqs /रक्स	(ii)	singing/गाना
c.	Sama /समा	(iii)	chanting of a name नाम का जाप
d.	Murid/मुरीद	(iv)	disciple/अनुयायी

(a) a-(i), b-(iii), c-(ii), d -(iv)
(b) a-(iv), b-(ii), c-(i),d-(iii)
(c) a-(ii), b-(i), c-(iii),d-(iv)
(d) a-(iii), b-(i), c-(ii),d-(iv)

Ans. (d) : सही मिलान इस प्रकार है–

सूची–I		सूची–II	
(a)	जिक्र	(iii)	नाम का जाप
(b)	रक्स	(i)	नृत्य
(c)	समा	(ii)	गाना
(d)	मुरीद	(iv)	अनुयायी

6. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

Assertion (A) : Sangam texts have been composed and compiled in assemblies of poets that were held in the city of Madurai.
अभिकथन (A) : मदुरई शहर में आयोजित कवियों की सभाओं में संगम ग्रंथों की रचना और संकलन किया गया है।

Reasoning (R) : The sangam poets and the unknown Greeks were contemporaries.
कारण (R) : संगम कवि और अज्ञात यूनानी समकालीन थे।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और(R) दोनों सही हैं तथा सही व्याख्या है (A)की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : तमिल की प्राचीनतम् रचनाओं को संगम साहित्य कहते हैं। इनकी रचना करीब 2300 साल पहले की गई। इन्हें संगम साहित्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि दक्षिण भारत के विभिन्न स्थानों से कवियों और रचनाकारों का सम्मेलन हुआ जिसमें ग्रन्थों की रचना और संकलन किया गया। श्री एन. सुब्रह्मण्यम के अनुसार, संगम काल की अवधि 300 ईसा पूर्व से 300 ईसवी तक मानी जाती है इसी कालखण्ड में यूनानी साहित्यकार मेगास्थनीज, स्ट्रैबो, प्लिनी इत्यादि हुए। जो संगम कवियों के समकालीन थे। अतः A और R दोनों सही है।

7. Which one of the following texts mentions the Gond Kingdom of Garha Katanga that had 70,000 villages?
निम्नलिखित में से किस ग्रंथ/किताब में गढ़ कटंगा के गोंड साम्राज्य का उल्लेख मिलता है जिसमें 70,000 गाँव थे?

(a) Padshah nama/पादशाहनामा
(b) Jahangir Nama/जहाँगीरनामा
(c) Babur Nama/बाबरनामा
(d) Akbar Nama/अकबरनामा

Ans. (d) : अकबर के शासनकाल का इतिहास अकबरनामा में उल्लिखित है जिसमें गढ़कटंगा के गोंड साम्राज्य के 70,000 गाँवों के उल्लेख है। यह अकबर की जीवनी है जिसके लेखक अबुल फज़ल है, राजा संग्राम शाह के अधीन गढ़ा साम्राज्य का विस्तार किया गया था।

8. Match the following related to life in rural India and choose the correct option./ ग्रामीण भारत में जीवन से संबंधित निम्नलिखित का मिलान कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए:

	List-X		List-Y
a.	Fallow/परती	(i)	A field left uncultivated for a while/ कुछ समय के लिए बिना खेती छोड़ दी जाने वाली ज़मीन
b.	Sal/साल	(ii)	A flower used to make alcohol एक फूल जिससे शराब बनाई जाती है।
c.	Mahua/महुआ	(iii)	A tree/एक पेड़
d.	Bewar/ बेवड़	(iv)	A term used for shifting cultivation/घुमंतू खेतों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द

(a) a-(i),b-(ii),c-(iii),d-(iv)
(b) a-(i), b-(iii), c-(ii), d-(iv)
(c) a-(ii), b-(iv), c-(i),d-(iii)
(d) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

सूची–I	सूची–II
(a) परती	(i) कुछ समय के लिए बिना खेती छोड़ दी जाने वाली जमीन
(b) साल	(iii) एक पेड़
(c) महुआ	(ii) एक फूल जिससे शराब बनाई जाती है
(d) बेवड	(iv) घुमंतू खेतों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द

9. Which of the following statements is true about widow remarriage in colonial time?
औपनिवेशिक काल में विधवा विवाह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) A law was passed in 1756 permitting widow remarriage./विधवा विवाह के पक्ष में 1756 में एक कानून पारित किया गया।
(b) Ishwara Chandra Vidyasagar used the ancient texts to suggest that widows could remarry. ईश्वरचंद विद्यासागर ने विधवा विवाह के पक्ष में प्राचीन ग्रन्थों का हवाला दिया।
(c) The number of widows who actually remarried increased after passing of Widow Remarriage Act./विधवा विवाह कानून पारित होने के बाद विवाह करने वाली विधवा महिलाओं की संख्या में काफ़ी बढ़ोतरी हुई।
(d) Those women who remarried were easily accepted by society and even conservative groups appreciated this/जिन विधवाओं ने विवाह किया उन्हें समाज ने आसानी से स्वीकार किया, यहाँ तक कि रूढ़िवादी तबके ने तो इसकी प्रशंसा भी की।

Ans. (b) : प्रसिद्ध समाज सुधारक ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने विधवा विवाह के पक्ष में प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया था। अंग्रेज सरकार की ओर से लार्ड डलहौजी ने उनका यह सुझाव मान लिया और 1856 में विधवा विवाह के पक्ष में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित किया। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने कलकत्ता के संस्कृत कॉलेज में प्रिंसिपल पद पर रहते हुए सभी जातियों को संस्कृत पढ़ने का अवसर प्रदान किया था।

10. Read the following statements A and B and choose the correct option. /निम्नलिखित कथनों A तथा B को पढ़ें तथा सही कथन का चयन करें।

A. Ishwar Chandra Vidyasagar tranlated an old buddhist text that was critical of caste. ईश्वरचंद विद्यासागर ने जाति व्यवस्था की आलोचना करने वाले एक पुराने बौद्ध ग्रन्थ का अनुवाद किया।

B. Some of the social reformers also criticised caste inequalities in India. कुछ समाज सुधारकों ने भारत में जातीय गैर-बराबरी की भी आलोचना की।

(a) Only A is true./केवल A सही है।
(b) Only B is true./केवल B सही हैं।
(c) Both A and B are true./ A तथा B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false./A तथा B दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : कुछ समाज सुधारक जातीय गैर-बराबरी के विरोधी थे। इसलिए उन्होने इसकी आलोचना की। राजा राम मोहन राय ने जाति व्यवस्था की आलोचना करने वाले एक पुराने बौद्ध ग्रंथ का अनुवाद किया। राजा राम मोहन राय को नवजागरण का अग्रदूत कहा जाता है। इनका पहला ग्रन्थ फारसी भाषा में तोहफत-उल-मुहदीन (एकेश्वरवादियों को उपहार) प्रकाशित हुआ जिसमें, मूर्तिपूजा का विरोध किया गया तथा एकेश्वरवाद पर बल दिया गया। इस प्रकार कथन (B) सही है।

11. Read the statements and choose the correct option.कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Dr. B.R.Ambedkar led temple entry movements during the colonial period.
अभिकथन (A) : डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने औपनिवेशिक काल के दौरान मंदिर में प्रवेश आंदोलन की अगुवाई की।

Reasoning (R) : Dr. B.R.Ambedkar wanted people to see the power of caste prejudices within society.
कारण (R) : डॉ. बी.आर. अंबेडकर चाहते थे कि लोग यह देखें कि समाज में जातीय पूर्वाग्रहों की जकड़ कितनी मजबूत हैं।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A)और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A)की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (A) और (R) दोनों सही तथा (R) सही व्याख्या है (A) की। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर 1927 में मंदिर प्रवेश आंदोलन शुरू किया। अम्बेडकर ने 1927 से 1935 के बीच मंदिरों में प्रवेश के लिए ऐसे तीन आन्दोलन चलाए वर्ष 1920 में ''दि ऑल इण्डिया डिप्रेस्ड क्लास फेडरेशन'' की स्थापना की। वर्ष 1924 में बम्बई में बहिष्कृत हितकारणी सभा कि स्थापना की।दिसम्बर 1927 ई. मे बी. आर. अम्बेडकर ने सार्वजनिक कूपों तथा तालाबों से पानी लेने के लिए और अछूतों के अधिकारों की रक्षा के लिए सत्याग्रह प्रारम्भ किया, जिसमें वह पूरे देश को दिखाना चाहते थे कि समाज में जातीय पूर्वाग्रहों की जकड़ कितनी मजबूत है।

12. Which of the following statements are true about the Birsa movement? निम्नलिखित में से कौन-से कथन बिरसा आंदोलन के विषय में सही है?

A. Birsa movement was aimed at reforming tribal society./ बिरसा का आंदोलन आदिवासी समाज को सुधारने का आंदोलन था।
B. Birsa later in his life turned against missionaries and Hindu landlords./ बिरसा अपने जीवन के उत्तरार्द्ध में मिशनरियों और हिन्दू ज़मींदारों का लगातार विरोध करने लगे।
C. The British were trying to restore the traditional land system of the Mundas./ अंग्रेज़ मुंडाओं की पारंपरिक भूमि व्यवस्था को पुनः स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे।
D. The followere of Birsa raised red flag as a symbol of Birsa Raj/बिरसा के अनुयायियों ने बिरसा राज के प्रतीक के रूप में लाल झण्डा फहराया।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A and B only/केवल A और B
(b) C and D only/केवल C और D
(c) B and D only/केवल B और D
(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (a) : बिरसा का आन्दोलन (1895 - 1901 ई.) आदिवासी समाज को सुधारने का आन्दोलन था तथा बिरसा ने मिशनरियों और हिन्दू जमींदारों का लगातार विरोध किया। यह आन्दोलन मिशनरियों, महाजनों, भू-स्वामियों और सरकार को बाहर निकालकर बिरसा के नेतृत्व में मुंडा राज्य स्थापित करना चाहता था। सफेद झंडा बिरसा राज का प्रतीक था। इस प्रकार स्पष्ट है कि दिये गये कथनों में कथन A, B सही है।

13. Read the statements and choose the correct option. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

Assertion (A): Gandhiji asked the indian people to observe 6 April 1919 as a day of non-violent opposition to the Rowlatt Act. कथन (A) गाँधीजी ने लोगों से आह्वान किया कि रॉलट एक्ट का विरोध करने के लिए 6 अप्रैल 1919 को अहिंसक विरोध दिवस के रूप में मनाया जाए।

Reason (R) : Rabindranath Tagore expressed the pain and anger of the country by renouncing his knighthood.
कारण (R) : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी पीड़ा और गुस्सा जताते हुए नाइटहुड की उपाधि लौटा दी।

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A)और(R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है(A)./ की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : गांधी जी ने रॉलट कानून को शैतान की करतूत और निरकुंशतावादी बताया। उन्होने ने लोगों से आह्वान किया कि इस कानून का विरोध करने के लिए 6 अप्रैल 1919 को अहिंसक विरोध दिवस के रूप में मनाया जाय और हड़तालें की जाये। इसी दौरान 13 अप्रैल 1919 को जलियावाला बाग हत्याकाण्ड हुआ जिसके विरोध में रविन्द्र नाथ टैगोर ने अपनी पीड़ा और गुस्सा जताते हुए नाइट हुड की उपाधि वापस कर दी। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं (A) की।

14. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option. कथन तथा को पढ़ें तथा सही विकल्प को चुनें-

Assertion (A): Prime Minister Jawaharlal Nehru developed free India's foreign policy based on the principles of non-alignment in the context of the Cold War. कथन (A): प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत की विदेशी नीति की रूपरेखा शीतयुद्ध के संदर्भ में गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत के आधार पर तैयार की।

Reason (R): The Non-Aligned Movement urged countries to join either of the two major alliances.
कारण (R): गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने दुनिया के देशों से आह्वान किया कि वे दो मुख्य सैनिक गठबंधनों में से किसी एक में शामिल हो जाएँ।

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A). / (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत की विदेश नीति की रूपरेखा शीत युद्ध के सन्दर्भ में गुट निरपेक्षता के सिद्धांत के आधार पर तैयार की लेकिन यह कहना सही नही है कि गुट निरपेक्ष आंदोलन ने दुनिया के देशों से यह आह्वान किया कि वे दो मुख्य सैनिक गठबंधनों में से किसी एक में शामिल हो जाए, क्योंकि गुटनिरपेक्ष आन्दोलन महाशक्तियों के गुटों में शामिल न होने का आंदोलन है। इस प्रकार (A) सही (R) गलत है।

15. Read the statements and choose the correct option. / निम्नलिखित कथन पढें. और सही विकल्प चुनें-

Assertion (A) : The Earth is unique planet in the solar system.
अभिकथन (A) : पृथ्वी सौर मंडल में एक अद्भुत ग्रह है।
Reason (R) : The Earth has water and air which are favourable conditions for survival of life.
कारण (R) : पृथ्वी पर पानी और हवा उपस्थित हैं जो जीवन की उपस्थिति में सहायक हैं।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही है, (R) सही व्याख्या है (A) कि
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं, (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही लेकिन (R) गलत हैं
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : पृथ्वी न तो अधिक गर्म है और न ही अधिक ठंडी। यहाँ पानी एवं वायु उपस्थित है, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। वायु में जीवन के लिए आवश्यक गैसें- आक्सीजन, कार्बन डाई आक्साइड, नाइट्रोजन आदि उपस्थित है। पृथ्वी को नीला ग्रह की संज्ञा भी प्रदान की जाती है, क्योंकि इसके 2/3 भाग में पानी है। इन्हीं कारणों से पृथ्वी सौर मण्डल का सबसे अद्भुत ग्रह है।
इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है और (R) द्वारा (A) की सही व्याख्या होती है।

16. When will all the places along Greenwich meridian have mid day or noon?
कब ग्रीनविच याम्योत्तर पर सभी स्थानों में दिन का मध्य या दोपहर होगी?

(a) The Sun is at the lowest point in the sky over Prime Meridian of Greenwich./जब सूर्य प्रमुख याम्योत्तर ग्रीनविच पर आकाश में सबसे निम्नतम बिन्दु पर होगा।
(b) The Sun is 60° W Prime Meridian of Greenwich./जब सूर्य प्रमुख याम्योत्तर ग्रीनविच के 60^0 प. पर होगा।
(c) The Sun is 30° E of Prime Meridian.
जब सूर्य प्रमुख याम्योत्तर ग्रीनविच के 30^0 पू. पर होगा।
(d) The Sun is at the highest point in the sky over the Prime Meridian of Greenwich./जब सूर्य प्रमुख याम्योत्तर ग्रीनविच पर आकाश में सबसे ऊँचे बिन्दु पर होगा।

Ans. (d) : ग्रीनविच पर स्थित प्रमुख याम्योत्तर पर सूर्य जिस समय आकाश के सबसे ऊँचे बिन्दु पर होगा, उस समय याम्योत्तर पर स्थित सभी स्थनों पर दोपहर होगी। 0° देशान्तर प्रमुख याम्योत्तर है जो ग्रीनविच ब्रिटिश राजकीय वेधशाला पर स्थित है।

17. What would be the distance between Equator and North Pole or between Equator and South Pole if measured in degrees?
विषुवत् रेखा और उत्तरी ध्रुव या विषुवत् रेखा और दक्षिणी ध्रुव के बीच की दूरी क्या होगी; यदि अंश (डिग्री) में नापा जाए?

(a) 120° (b) 360°
(c) 90° (d) 180°

Ans. (c) : विषुवत रेखा और उत्तरी ध्रुव या विषुवत रेखा और दक्षिणी ध्रुव के बीच की दूरी यदि अंश डिग्री में नापा जाये तो 90° की दूरी होगी। 0° अक्षांश विषुवत रेखा होती है।

18. Read the following statements (A) and (R) and choose the correct option.
दिए गए कथनों (A) तथा (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प को चुनें।

(A) Areas lying between the Artic Circle and the North Pole in the Northern Hemisphere are very cold.
उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत्त एवं उत्तरी ध्रुव के बीच के क्षेत्रों में बहुत ठंड पाई जाती है।

(R) The sun does not rise much above the horizon in Frigid Zone and rays are always slanting and provide less heat.
शीत कटिबंध में सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है, तथा किरणें तिरछी पड़ती हैं और कम गर्मी पैदा होती है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) / (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत्त एवं उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणी ध्रुव वृत्त एवं दक्षिणी ध्रुव के बीच के क्षेत्र में ठंड बहुत होती है। क्योंकि यहाँ सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है। इसलिए ये शीत कटिबंध कहलाते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि कथन (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

19. Match the following about the natural vegetation region and the wildlife found in it and choose the correct option.
प्राकृतिक वनस्पति क्षेत्रों एवं इनमें पाए वन्य जीवों के बारे में निम्नलिखित का सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	**Tundra/टुंड्रा**	**(i)**	**Wild buffaloes, bisonsand antilopses जंगलीभैंस, बाइसन, एंटीलोप**
B.	**Tropical deserts/ उष्णकटिबंधीय मरुस्थल**	**(ii)**	**Elephants, zebras and giraffes हाथी,जेबरा, जिराफ़**
c.	**Temperate grasslands/ शीतोष्ण घासस्थल**	**(iii)**	**Seal, musk-oxen and polar bear सील, कस्तूरी बैल, ध्रुवीय भालू**
d.	**Tropical grasslands/ उष्णकटिबंधीय घासस्थल**	**(iv)**	**Snakes, lizards and camels साँप, छिपकली, ऊँट**

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(b) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(c) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(d) A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

सूची–I		सूची–II	
(a)	टुंड्रा	(iii)	सील, कस्तूरी बैल, ध्रुवीय, ध्रुवीय भालू
(b)	उष्ण कटिबंधीय मरुस्थल	(iv)	साँप, छिपकली, ऊँट
(c)	शीतोष्ण घास स्थल	(i)	जंगलीभैंस, बाइसन, एंटीलोप
(d)	उष्ण कटिबंधीय घास स्थल	(ii)	हाथी, जेबरा, जिराफ

20. Match the following terms related to types of rainfall and precipitation with appropriate explanation./निम्नलिखित वर्षा के प्रकार वर्षण को उनकी उचित व्याख्या से सुमेलित करें-

A.	**Convectional rainfall/संवहनी वर्षा**	**(i)**	**Cold air meets the warm air/ठंडी हवा गर्म हवा से मिलती है**
B.	**Precipitation /वर्षण**	**(ii)**	**Warm moist air moves up a mountain,/गर्म आर्द्र वायु ऊपर उठकर पर्वत पर जाती है।**
C.	**Relief (orographic) rainfall/पर्वतीय वर्षा**	**(iii)**	**Clouds become too heavy with moisture, /बादल आर्द्रता से बहुत भारी हो जाते हैं।**
D.	**Cyclonic rainfall चक्रवाती वर्षा**	**(iv)**	**Warm air moves up by evaporation वाष्पीकरण से गर्म हवा ऊपर उठती है।**

(a) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)
(b) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(c) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(d) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

A.	संवहनी वर्षा	(iv)	वाष्पीकरण से गर्म हवा ऊपर उठती है।
B.	वर्षण	(iii)	बादल आर्द्रता से बहुत भारी हो जाते हैं
C.	पर्वतीय वर्षा	(ii)	गर्म आर्द्र वायु ऊपर उठकर पर्वत पर जाती है।
D.	चक्रवाती वर्षा	(i)	ठंडी हवा गर्म हवा से मिलती है।

21. Which of the following statements are true about water available on earth?/पृथ्वी पर उपलब्ध जल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. Only about three percent of total water in earth is fresh water/पृथ्वी में उपलब्ध जलराशि का केवल तीन प्रतिशत (3%) ही अलवण जल है।
B. Oceans possess 90 percent of the total water on earth/पृथ्वी पर उपलब्ध पूरी जलराशि का नब्बे प्रतिशत (90%) जल महासागरों में पाया जाता है।
C. Water on earth is created fresh from atmosphere/वायुमण्डल से पृथ्वी पर स्वच्छ जल बनता है।
D. Glaciers, rivers, springs and ponds are sources of fresh water/हिम नदियाँ, नदी झरने और तालाब स्वच्छ (पीने योग्य) जल के स्रोत हैं।

Chosse the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only A, B and D/केवल A, B और D
(c) Only B, C and D/केवल B, C और D
(d) Only A and D/केवल A और D

Ans. (d) : पृथ्वी का 71% धरातल पानी से आच्छादित है परन्तु अलवणीय जल कुल जल का केवल 3% है। अलवणीय जल (पीने योग्य) के मुख्य स्रोत नदी, झरना एवं हिमनद हैं। पृथ्वी पर स्वच्छ जल हिमनदियाँ एवं वर्षा के जल से प्राप्त किया जाता है।
इस प्रकार पृथ्वी पर उपलब्ध जल के बारे में दिये गये प्रश्नगत कथनों में कथन A और D सही है।

22. Consider the following statements A, B and C and choose the correct option.
दिए गए कथनों A, B तथा C को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें:

A. Atmosphere provides air we breathe.
वायुमण्डल हमें साँस लेने के लिए वायु प्रदान करता है।.
B. Atmosphere protects us from the harmful effects of the Sun's rays.
वायुमण्डल सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभाव से हमारी रक्षा करता है।
C. Atmosphere is divided into four layers starting from the earth's sphere.
वायुमण्डल चार परतों में विभाजित है जो पृथ्वी की सतह से आरंभ होती हैं।

(a) Only A and B are true./केवल A और B सही हैं।
(b) Only B and C are true./केवल B और C सही हैं।
(c) Only A and C are true./केवल A और C सही हैं।
(d) All A, B and C are true./A, B और C सभी सही हैं।

Ans. (a) : वायुमण्डल हमें ऐसी वायु प्रदान करता है जिससे हम साँस लेते हैं। यह हम लोगों को सूर्य की कुछ हानिकारक किरणों से बचाता है। वायुमण्डल को उसके घटकों ताप,दाब के आधार पर पाँच परतों में बाँटा जाता है। इन परतों को पृथ्वी की सतह से शुरू करते हुए क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, आयन मण्डल तथा बर्हिमण्डल में बाँटाते हैं।
इस प्रकार दिये गये कथनों में कथन (A) तथा (B) सही हैं।

23. Consider the following statements. Which of them describes wind?
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें, कौन-सा कथन पवन का वर्णन करता है?
(a) Movement of air from low pressure to high pressure area./निम्नदाब क्षेत्र से उच्च दाब क्षेत्र की ओर गमन करती वायु।
(b) Duststorm and smoke from the wind.
महीन धूल और धुएँ से पवन निर्मित होती है।
(c) The movement of air from high pressure area to low pressure area./उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर गमन करती वायु।
(d) Air movement is not affected by pressure conditions in an area./किसी क्षेत्र में वायु प्रवाह पर दबाव की परिस्थितियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

Ans. (c) : पवन सदैव उच्च वायुदाब क्षेत्र से निम्न वायु दाब क्षेत्र की ओर गति करती है। क्षैतिज रूप में गतिशील हवा को पवन कहते है।

24. Ashok has to go from Mumbai to Delhi to visit his relatives. what modes of transport can Ashok use?
अशोक को अपने संबंधियों से मिलने के लिए मुंबई से दिल्ली जाना है। अशोक परिवहन के कौन-से साधन का उपयोग कर सकता है?
A. Waterways/जलमार्ग B. Roadways/सड़कमार्ग
C. Airways/वायुमार्ग D. Railways/रेलमार्ग
Choose the correct option.
(a) A,B and C/ A,B और C
(b) A, B and D/A,B और D
(c) B, C and D/B,C और D
(d) A, C and D/A,C और D

Ans. (c) : अशोक को अपने संबंधियों से मिलने के लिए मुम्बई से दिल्ली जाना है तो अशोक परिवहन के साधन के रूप में सड़कमार्ग, रेलमार्ग, तथा वायुमार्ग का प्रयोग कर सकता है।

25. Which of the following energy resources is used in most factories in India?
निम्न में से कौन-सा ऊर्जा संसाधन भारत में अधिकतर कारखानों (फ़ैक्ट्रियों) में प्रयोग में लाया जाता है।
(a) Coal/कोयला
(b) Hydro Power/जल ऊर्जा
(c) Solar Power/सौर ऊर्जा
(d) Nuclear Power/परमाणु ऊर्जा

Ans. (a) : कोयला एक बहुतायत मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन है जिसका उपयोग भारत में अधिकतर कारखानों (फैक्ट्रियों) में किया जाता है। इसका उपयोग घरेलू ईंधन में, वाष्प इंजनों में और विद्युत उत्पन्न करने में किया जाता है। भारत मे कोयला उत्पादक प्रमुख राज्य झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं प. बंगाल हैं।

26. Read the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
Assertion (A) : Firewood and fossil fuels are the two main conventional energy sources.
अभिकथन (A) : ईंधन और जीवाशमी ईंधन परंपरागत ऊर्जा के दो मुख्य स्त्रोत हैं।
Reason (R) : Conventional sources of energy are those which have been in common use for a long time.
कारण (R) : ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत वे हैं जो लंबे समय से समान्य उपयोग में लाए जा रहे हैं।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की। ईंधन और जीवाश्म ईंधन परम्परागत ऊर्जा के दो मुख्य स्त्रोत हैं क्योंकि लम्बे समय से सामान्य उपयोग में लाये जा रहे है। जलावन, कोयला, पेट्रोलियम इत्यादि परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत तथा गैर परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत सौर ऊर्जा,पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, बायो गैस इत्यादि है।

27. Match the crop grown with the countries that produce this crop in the largest quantities.फ़सलों को, उन देशों के साथ जहाँ से अत्यधिक मात्रा में उगाई जाती है, के साथ सुमेलित कीजिए।

A.	**Jute/ पटसन**	**(i)**	**Brazil and Egypt ब्राज़ील एवं मिस्र**
B.	**Tea/ चाय**	**(ii)**	**Brazil and Columbia ब्राज़ील एवं कोलंबिया**
C.	**Coffee/ कॉफ़ी**	**(iii)**	**Kenya and Sri Lanka केन्या एवं श्रीलंका**
D.	**Cotton/ कपास**	**(iv)**	**India and Bangladesh भारत एवं बांग्लादेश**

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(b) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)
(c) A-(i), B-(iii), C-(iv), D-(ii)
(d) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

Ans. (d) : सही मिलान इस प्रकार है–

(A)	पटसन	(iv)	भारत एवं बांग्लादेश
(B)	चाय	(iii)	केन्या एवं श्रीलंका
(C)	कॉफी	(ii)	ब्राजील और कोलंबिया
(D)	कपास	(i)	ब्राजील एवं मिस्र

28. Read the statements and choose the correct option./कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Many States financially supports schools and colleges established and run by linguistic minorities.
अभिकथन (A) : कई राज्य भाषाई अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित और संचालित स्कूलों (विद्यालयों) और कॉलेजों (महाविद्यालयों) की आर्थिक रूप से सहायता करते हैं।

Reasoning (R) : Provisions made in the Indian Constitution to protect minorities reflects the nurturing of diversity by the States
कारण (R) : भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्रावधान राज्यों द्वारा विविधता के पोषण को दर्शाता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और(R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की। कई राज्य भाषाई अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित और संचालित स्कूलों (विद्यालयों) और कालेजों (महाविद्यालयों) की आर्थिक रूप से सहायता करते है क्योंकि भारतीय संविधान विविधता का पोषक है जिसमें अनुच्छेद 29 और 30 में धार्मिक और भाषायी अल्संपख्यकों को विशेष अधिकार है।

29. Creation of _____ prevents us from identifying special qualities and skills. It further discourages development of diverse qualities in individuals.
_____ का निर्माण हमें व्यक्ति विशिष्ट ही दक्षताओं एवं विशेषताओं की पहचान करने से रोकता है। साथ-ही-साथ ये व्यक्ति में विभिन्न विशिष्टाओं के विकास को भी अवरुद्ध करता है।

(a) prejudices/पूर्वाग्रह
(b) stereotypes/रूढ़िबद्ध धारणाएँ
(c) inequality/असमानता
(d) discrimination/भेदभाव

Ans. (b) : रूढ़िबद्ध धारणाओं का निर्माण हमे व्यक्ति विशिष्ट की दक्षताओं एवं विशेषताओं की पहचान करने से रोकता है साथ ही साथ, ये व्यक्ति में विभिन्न विशिष्टताओं के विकास को भी अवरुद्ध करता है। जब हम किसी के बारे में पहले से कोई राय बना लेते हैं और उसे हम अपने दिमाग में बिठा लेते हैं तो वह पूर्वाग्रह का रूप ले लेती है। किसी सामाजिक समूह के बारे में आम जनता के मन में पारम्परिक रूप से घर कर गयी धारणा को रूढ़धारणा (stereotype) कहते हैं।

30. In a parliamentary form of government.
संसदीय शासन पद्धति में :

A. The executive is formed by the legislature/ कार्यपालिका का गठन विधायिका द्वारा किया जाता है।
B. The executive is not accountable to the legislature./कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदायी नहीं है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B are true./ A और B सही हैं।
(b) A and B are false./ A और B गलत हैं।
(c) A is true, B is false./ A सही है और B गलत हैं।
(d) A is false, B is true./ A गलत है और B सही हैं।

Ans. (c) : संसदीय शासन पद्धति में कार्यपालिका का गठन विधायिका के द्वारा होता है और कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह होता है। इस प्रकार प्रश्नगत कथनों में कथन (A) सही है जबकि कथन (B) गलत है।

31. The dynamism in a democracy is reflected in
लोकतंत्र में गतिवाद प्रतिबिम्बित होता है :

A. Government passing new laws and launching new schemes and programmes सरकार द्वारा नए-नए कानून तथा योजनाओं और कार्यक्रमों को चालने से
B. People organizing movements around various social and economic issues.
विभिन्न सामाजिक व आर्थिक समस्याओं पर लोगों आन्दोलन द्वारा आयोजित करने से

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A is true./केवल A सही है।
(b) Only B is true./केवल B सही है।
(c) Both A and B are false./ A और B दोनों गलत हैं।
(d) Both A and B are true./ A और B दोनों सही हैं।

Ans. (d) : लोकतंत्र में गतिवाद प्रतिबिम्बित होता है सरकार द्वारा नए-नए कानून तथा योजनाओं और कार्यक्रमों को चलाने से तथा विभिन्न सामाजिक व आर्थिक समस्याओं पर लोगों द्वारा आन्दोलन आयोजित करने से।

32. Which of the following are the features of casual wage labour work in India?
निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में अनियमित वेतन कार्य की विशेषता है?

A. Workers get paid in the form of cash only/मज़दूर को केवल नकद भुगतान किया जाता है।
B. Employers pay a part of salary for those days when workers are sick/जब मज़दूर बीमार होता है, उन दिनों नियोक्ता तनख्वाह के एक हिस्से का भुगतान करता है।
C. At times, workers are expected to work for longer hours/कभी-कभी मज़दूर से ज़्यादा घंटे काम करवाया जाता है।
D. There is little guarantee for regular employment opportunities/नियमित रोज़गार अवसरों की बहुत थोड़ी गारण्टी होती है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A is true./केवल A सही हैं।
(b) Only B and C are true./केवल B और C सही हैं।
(c) Only C and D are true./केवल C और D सही हैं।
(d) Only A, B and C are true.
केवल A, B और C सही हैं।

Ans. (c) : भारत में अनियमित वेतन कार्य की विशेषता यह है कि इसमें कभी-कभी मजदूरों से ज्यादा घंटे काम करवाया जाता है साथ ही इसमें नियमित रोजगार अवसरों की बहुत थोड़ी गारंटी होती है।

33. Match the following about status of employment and choose the correct option.
निम्न का रोज़गारों की उनकी स्थिति के साथ मिलान कीजिए :

A.	**Government hospital doctor/ सरकारी अस्पताल में डॉक्टर**	**(i)**	**Casual wage labourer/ अस्थाई वेतन श्रमिक**
B.	**Roadside Vegetable Vendor/ सड़क किनारे रेहड़ी पर सब्ज़ी बेचने वाला**	**(ii)**	**Employer/ नियोक्ता**
C.	**Garment factory Owner/ कपड़ा फ़ैक्ट्री का मालिक**	**(iii)**	**Self-employed/ स्व-रोज़गार युक्त**
D.	**Agricultural labourer/ कृषि मज़दूर**	**(iv)**	**Regular salaried employee/ नियमित वेतनधारी कर्मचारी**

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(b) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(c) A-(iii),B-(ii), C-(i), D-(iv)
(d) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)

Ans. (b) :

(A)	सरकारी अस्पताल में डॉक्टर -	(iv)	नियमित वेतनधारी कर्मचारी
(B)	सड़क किनारे रेहड़ी पर सब्जी वेचने वाला	(iii)	स्वरोजगार युक्त
(C)	कपड़ा फैक्ट्री का मालिक	(ii)	नियोक्ता
(D)	कृषि मजदूर	(i)	अस्थायी वेतन श्रमिक।

34. Democracy is a better form of government than any other form of government because:
लोकतंत्र सरकार के अन्य स्वरूपों से एक बेहतर स्वरूप है, क्योंकि :

A. It is accountable to the people
यह लोगों के प्रति उत्तरदायी है।

B. It is a representative government
यह प्रतिनिधिक सरकार है।

C. It directly fulfills all needs of the people.
यह प्रत्यक्ष रूप से लोगों की सारी ज़रूरतों को पूरा करती है।

Choose the most appropriate option.
अति उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B/ A और B
(b) B and C/ B और C
(c) A and C/ A और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : लोकतंत्र सरकार एक प्रतिनिधिक सरकार होती है साथ ही यह लोगों के प्रति उत्तरदायी होती है तथा यह जनता की अवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने का प्रयास करती है।
इस प्रकार प्रश्नगत कथनों में कथन (A) तथा (B) सही है।

35. Read the following statements and choose the correct option. /निम्नलिखित कथनों का पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : In order to function impartially the media should provide balanced and independent news
अभिकथन (A) : निष्पक्ष रूप से काम करने के लिए संचार-माध्यम (मीडिया) को संतुलित व स्वतंत्र समाचार उपलब्ध कराने चाहिए।

Reason (R) : Most media like TV or Newspapers are owned by big business houses
कारण (R) : अधिकांश संचार माध्यमें (मीडिया) जैसे: टी.वी. या समाचार पत्रों पर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों का स्वामित्व होता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : प्रश्न में कथन और कारण दोनों सही हैं परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता। निष्पक्ष रूप से काम करने के लिए संचार माध्यम (मीडिया) को सन्तुलित व स्वतन्त्र समाचार उपलब्ध कराने चाहिए ताकि व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता व अखण्डता अक्षुण्ण रहे। वर्तमान समय में अधिकांश संचार माध्यमों (मीडिया) जैसे : टीवी या समाचार पत्रों पर बढ़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों का का स्वामित्व होता है।

36. Doctrine of separation of power means
शक्तियों के बँटवारे का सिद्धांत का अर्थ हैं :

A. one organ of the government should not undertake the functionof the others./सरकार के एक अंग को दूसरे अंग के काम का उत्तरदायित्व/भार अपने ऊपर नहीं लेना चाहिए।

B. one organ of the government should not interfere with the functionof another organ. /सरकार के एक अंग को दूसरे अंग के काम में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

Chosse the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A is true./केवल A सही है
(b) Only B is true./केवल B सही है
(c) Both A and B are true./ A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false./A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : शक्तियों के बँटवारे का सिद्धांत का अर्थ है सरकार के एक अंग को दूसरे अंग के काम में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए तथा सरकार के एक अंग को दूसरे अंग के काम का उत्तरदायित्व/भार अपने ऊपर नहीं लेना चाहिए। शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धान्त फ्रेंच दार्शनिक मान्टेस्क्यू ने दिया था।

37. A secular state in the Indian context is one which /भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्ष राज्य वह है, जो कि :

A. allows individuals the freedom to live by their religous beliefs and practices.
सभी को अपने धर्मिक विश्वासों और तौर-तरीकों को अपनाने की पूरी छूट देता है।

B. does not recognise religion.
धर्म को मान्यता नहीं प्रदान करता है।

C. practices only one religion.
केवल एक धर्म का पालन करता है।

D. Keeps the power of religion and state seperate from other./ धर्म और राज्य की शक्ति को एक-दूसरे से अलग रखता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A/ केवल A (b) Only B/केवल B
(c) Only D/केवल D (d) A and D/ A और D

Ans. (d) : भारतीय संदर्भ में धर्म निरपेक्ष राज्य वह है जो कि धर्म और राज्य की शक्ति को एक दूसरे से अलग रखता है वहीं धर्म निरपेक्षता का अर्थ किसी के धर्म का विरोध करना नहीं है बल्कि सभी को अपने धार्मिक विश्वास एवं मान्यताओं को पूरी आजादी से मानने की छूट देना है।

38. Which Article of the Constituation places a duty upon state to provide a lawyer to any citizen who is unable to engage on due to poverty or any other disability?
संविधान के कौन-से अनुच्छेद के अनुसार ऐसे नागरिकों को वकील उपलब्ध कराने का दायित्व राज्य के ऊपर सौंपा गया है जो निर्धनता/ गरीबी या किसी और कारण से वकील नहीं रख सकते हैं?

(a) Article 44/अनुच्छेद 44
(b) Article 51/अनुच्छेद 51
(c) Article 39 A/अनुच्छेद 39 ए
(d) Article 32/अनुच्छेद 32

Ans. (c) : अनुच्छेद 39 A के अनुसार ऐसे नागरिकों को वकील उपलब्ध कराने का दायित्व राज्य के ऊपर सौंपा गया है जो निर्धनता/गरीबी या किसी और कारण से वकील नहीं कर सकते हैं।

39. Read the following passage :
निम्न गद्यांश को पढ़िए :

'At West virginia (U.S.a) computerised warning and monitoring systems were in place, whereas Union Carbide plant in Bhopal relied on manual gauges and the human sense to detect gas leaks. At the West Virginina plant, emergency evacuation plans were inplace, but non-existent in Bhopal'.
'पश्चिम वर्जीनिया (अमेरिका) में कम्प्यूटरीकृत चेतावनी और निगरानी व्यवस्था मौजूद थी। भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने में गैस के रिसाव के लिए केवल मज़दूरों के अंदाजे के सहारे काम चलाया जाता था। पश्चिम वर्जीनिया में खतरा पैदा होने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था मौजूद थी, जबकि भोपाल में ऐसा कुछ नहीं था।'

Which of the following issues could best be discussed by using above passage?
नीचे दिए गए विकल्पों में से किस पर उपरोक्त गद्यांश के आधार पर चर्चा की जा सकती है?

(a) Indian workers are more competent than the workers at Virgtinia Union Carbide plant./वर्जीनिया के यूनियन कार्बाइड कारखाने पर काम करने वालों से भारतीय मज़दूर अधिक दक्ष हैं।
(b) Sharp differences in safety standards across countries./अलग-अलग देशों के बीच सुरक्षा मानकों में भारी फ़र्क होना।
(c) Superiority of establishing factories ind eveloped countries./विकसित देशों में कारखाने खोलने की श्रेष्ठता।
(d) Hardwork and human sensing powers of Indian workers at Bhopal plant./भोपाल स्थित कारखाने में भारतीय मज़दूरों की कड़ी मेहनत व अंदाज़ा लगाने की शक्तियों का।

Ans. (b) : ''पश्चिमी वर्जीनिया (अमेरिका) में कम्प्यूटरीकृत चेतावनी और निगरानी व्यवस्था मौजूद थी। भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने में गैस के रिसाव के लिए केवल मजदूरों के अंदाजे के सहारे काम चलाया जाता था। पश्चिमी वर्जीनियॉ में खतरा पैदा होने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था मौजूद थी जबकि भोपाल में ऐसा कुछ नहीं था।'' इस गद्यांश के आधार पर अलग-अलग देशों के बीच सुरक्षा मानकों में भारी फर्क होने पर चर्चा की जा सकती है।

40. A social science teacher wants to discuss on the theme 'minimum wages'. Which of the following concepts/sub concepts are most likely to find place in her discussion? सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में -'न्यूनतम वेतन' पर चर्चा करना चाहती है, निम्न में से कौन संप्रत्यय/ उपसंप्रत्यय इसमें शामिल होने की ज़्यादा संभावना है?

A. Protection of workers' interest
मजदूरों के हितों की रक्षा

B. Protection of producer's interest
उत्पादकों के हितों की रक्षा

C. Protection of consumer's interest
उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा

Choose the correct options :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only A/केवल A
(b) Only A and B/केवल A तथा B
(c) Only A and C/केवल A तथा C
(d) All A, B and C/ A, B तथा C सभी

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में 'न्यूनतम वेतन' पर चर्चा करना चाहती है। इस चर्चा में उसे मजदूरों के हितों की रक्षा को शामिल करने की ज्यादा सम्भावना है।

41. Consider the following statements for photographs and pictures in social science textbooks and choose the correct option.
नीचे दिए गए कथनों को सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में दिए गए फ़ोटोग्राफ्स व चित्रों के संदर्भ पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन करें।

A. The visuals explain concepts
दृश्य-सामग्री संप्रत्ययों का विवरण देती है।

B. These images evoke curiosity and attention
ये छवियाँ जिज्ञासा और ध्यानाकर्षण करती हैं।

C. These visuals are used as fillers and make book more attractive./ये दृश्य-सामग्रियाँ पूरक/भराव की तरह तथा पुस्तक को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए हैं।

D. Sometimes visuals provide depiction of concepts better than the words./कई बार दृश्य सामग्रियाँ शब्दों की अपेक्षा संप्रत्ययों को बेहतर तरीके से चित्रांकित करती हैं।

(a) Only A, B and C/केवल A, B और C
(b) Only B, C and D/केवल B, C और D
(c) Only A, B and D/केवल A, B और D
(d) All A, B, C and D/ A, B, C तथा D सभी

Ans. (c) : दृश्य सामग्री सम्प्रत्ययों का विवरण देती है, ये छवियाँ जिज्ञासा और ध्यानाकर्षण करती है तथा कई बार दृश्य सामग्रियाँ शब्दों की अपेक्षा सम्प्रत्ययों को बेहतर तरीके से चित्रांकित करती है। ये सभी कथन सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों में दिए गये फोटोग्राफ्स व चित्रों के सन्दर्भ में सही है।

42. Consider the following statements A and B and choose the correct option./निम्नलिखित कथनों A तथा B को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. Civics as a subject appeared in the Indian school curriculum in the colonial period in the background of increasing 'loyalty' among Indians towards the Raj.
भारतीय विद्यालयी पाठ्यचर्या में एक विषय के रूप में नागरिक शास्त्र औपनिवेशिक युग की देन है, जो भारतीयों में अंग्रेजी राज के प्रति बढ़ती हुई 'निष्ठा' को देखते हुए शामिल किया गया था।

B. Civics imagine civil society as a sphere where more informed citizen could be produced./नागरिक शास्त्र एक ऐसे सभ्य समाज की कल्पना करता है, जो अधिक अवगत नागरिकों का निर्माण कर सके।

(a) Only A is true./केवल A सही है।
(b) Only B is true/केवल B सही है।
(c) Both A and B are true./दोनों A तथा B सही हैं।
(d) Both A and B are false./दोनों A तथा B गलत हैं।

Ans. (d) : दोनों कथन गलत है क्योंकि नागरिक शास्त्र भारतीय विद्यालयी पाठ्यचर्या के विद्यार्थियों में सामाजिक-राजनैतिक चेतना का विकास, सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान तथा नेतृत्व के विकास हेतु सम्मिलित किया गया परन्तु यह भारतीयों में अंग्रेजी राज के प्रति 'निष्ठा' को देखते हुए शामिल नहीं किया गया था।

43. To avoid gender stereotyping in a class, a teacher should needs to _____.
कक्षा में जेण्डर रूढ़िबद्ध धारणा को बनाने से बचाने के लिए एक शिक्षक को _____ चाहिए।

(a) encourage boys to be strong
लड़कों को बलवान बनने के लिए प्रोत्साहित करना।
(b) discourage girls from taking part in wrestling
लड़कियों को कुश्ती में भाग लेने से हतोत्साहित करना
(c) appreciate students good work by saying good girl, good boy/विद्यार्थियों को अच्छी लड़की, अच्छा लड़का कहकर उनके अच्छे कार्यों की सराहना करना
(d) try to put both boys and girls in non-traditional roles/लड़के एवं लड़कियों को अपरम्परागत भूमिकाओं में ढ़ालने की कोशिश करना।

Ans. (d) : कक्षा में जेण्डर रुढ़िबद्ध धारणा को बनाने से बचाने के लिए एक शिक्षक को लड़के एवं लड़कियों को अपरम्परागत भूमिकाओं में ढ़ालने की कोशिश करना।

44. Which of the following approaches to teaching of Social Science is most suited for developing a democratic culture in the classroom?
निम्नलिखित में से कौन-से सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उपागम, कक्षा में लोकतांत्रिक संस्कृति के विकास के लिए अति उपयुक्त हैं?

A. Imparting information given in the textbooks to students./विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक में दी गई जानकारी प्रदान करना।

B. Making learning a participatory process through debates and discussions in the classroom./कक्षा में वाद-विवाद एवं विमर्शों (चर्चाओं) के माध्यम से अधिगम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाना।

C. Working on the self-awareness of both the teacher and the students to mitigate prejudices arising from cultural. soical and class differences./विद्यार्थियों और शिक्षकों के आत्म-बोध पर काम करना ताकि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं स्तरों की भिन्नताओं से उपजे पूर्वाग्रहों को कम किया जा सके।

D. Giving studntes projects, which are easily available in the market./विद्यार्थियों को ऐसी परियोजनाएँ देना जो कि बाज़ार में आसानी से उपलब्ध हों।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both A and B/ A और B दोनों
(b) Both B and C/ B और C दोनों
(c) Both C and D/ C और D दोनों
(d) Both A and D/ A और D दोनों

Ans. (b) : कक्षा में लोकतान्त्रिक संस्कृति के विकास के लिए सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उपागम- कक्षा में वाद-विवाद एवं विमर्शों (चर्चाओं) के माध्यम से अधिगम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाना तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के आत्म-बोध पर काम करना ताकि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं स्तरों की भिन्नताओं से उपजे पूर्वाग्रहों को कम किया जा सके, अति उपयुक्त है।

45. A social science teacher wants to emphasize that 'history help us to understand how present evolved and it tells about past of the present'.Which of the following activities will be most suitable for this?
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका इस बात पर बल देना चाहती है कि 'इतिहास बताता है कि आज की दुनिया कैसे विकसित हुइ और यह हमारे वर्तमान के अतीत के बारे में बताना चाहता है।' इसके लिए कौन-सी गतिविधियाँ उचित रहेंगी?

A. Finding out monuments in the nearby areas and discussing their historic significance and heritage value./आस-पास के क्षेत्र में स्मारक ढूँढ़ना और उनके ऐतिहासिक महत्त्व व पारंपरिक मूल्य का पता लगाना।
B. Asking children to make a list of what Harappans ate./हड़प्पा के लोग क्या खाते थे इसकी एक सूची बनाने के लिए बच्चो से कहना।
C. Asking children to list five things that they buy from market and categorizing them into things which are made in the city/village they live and which are bought by traders from other areas./बच्चों को बाजार से खरीदी जाने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखने तथा उन्हें दो श्रेणियों - वे वस्तुएँ जों उसी शहर/गाँव में जहाँ वे रहते हैं बनने वाली तथा वे वस्तुएँ जो व्यापारियों द्वारा दूसरी जगहों से लाई गई -में विभक्त करने को कहना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A and B/ केवल A तथा B
(b) Only B and C/ केवल B तथा C
(c) Only A and C / केवल A तथा C
(d) All A B and C / A, B तथा C सभी

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका इस बात पर बल देना चाहती है कि इतिहास बताता है कि आज की दुनिया कैसे विकसित हुई और यह हमारे वर्तमान के अतीत के बारे में बताना चाहता है। इसके लिए शिक्षिका आस-पास के क्षेत्र में स्मारक ढूढ़ने और उनके ऐतिहासिक महत्त्व व पारंपरिक मूल्य का पता लगाने तथा बच्चों को बाजार से खरीदी जाने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखने तथा उन्हें दो श्रेणियों - वे वस्तुएँ जों उसी शहर/गाँव में जहाँ वे रहते हैं बनने वाली तथा वे वस्तुएँ जो व्यापारियों द्वारा दूसरी जगहों से लाई गई - में विभक्त करने को कहेगी।

46. Which of the following activities would be highly suitable to teach the topic 'urban administration'?/'नगर प्रशासन' पढ़ाने हेतु निम्न में से कौन-सी गतिविधि सबसे अधिक उपयुक्त है?

A. Visit to a municipal corporation/town panchayat/नगर निगम/नगर पंचायत का भ्रमण
B. Explain the contents of the lesson on urban administration as given in the textbook./पाठ्य-पुस्तक में दिए गए पाठ की विषय-वस्तु को समझाना
C. Encourage students to read the lesson on urban administration in class. /कक्षा में विद्यार्थियों को नगर प्रशासन के पाठ को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना।
D. Doing a project on sanitation facilities in their locality./अपने पड़ोस में सफ़ाई सुविधाओं पर एक परियोजना करना

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C / A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) B and C/ B और C
(d) A and D/ A और D

Ans. (d) : 'नगर प्रशासन' पढ़ाने हेतु निम्न गतिविधि सबसे अधिक उपयुक्त है– नगर निगम /नगर पंचायत का भ्रमण कराना तथा अपने पड़ोस में सफाई सुविधाओं पर एक परियोजना करना।

47. Which of the following topics is suitable for debate in the social science class?/सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वाद-विवाद के आयोजन हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा उपयुक्त विषय है?

A. Major landforms on earth
पृथ्वी के प्रमुख स्थल रूप
B. Government initiatives on poverty alleviation/गरीबी हटाने के लिए सरकारी पहल/योजनाएँ
C. Universal Adult Franchise
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
D. Role of technology in employment generation
रोजगार विकसित करने में तकनीकी का योगदान

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and C/ A और C
(c) B and D/ B और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वाद-विवाद के आयोजन हेतु उपयुक्त विषय है– गरीबी हटाने के लिए सरकारी पहल योजनाएँ तथा रोजगार विकसित करने में तकनीकी का योगदान है।

48. Which of the following classroom activities facilitate contructivist teaching learning processes?/निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सी रचनात्मक शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

A. **Students take the initiative in providing solutions to classroom problems/कक्षा में आने वाली समस्याओं का बच्चों द्वारा पहल करके समाधान उपलब्ध करवाना।**

B. **Textbooks are used as the only teaching learning material in the class./कक्षा में शिक्षण हेतु केवल पाठ्य-पुस्तक को एकमात्र शिक्षण-अधिगम सामग्री के रूप में प्रयोग में लाया जाता है।**

C. **Students are expected to answer from their own words and contextual examples विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शब्दों में तथा संदर्भित उदाहरणों से उत्तर दें।**

D. **Assessment activities are mainly centered around board examination pattern आकलन गतिविधियाँ मुख्यतः बोर्ड परीक्षा प्रतिरूप के आस-पास केन्द्रित होती हैं।**

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B/केवल A तथा B
(b) Only A and C/केवल A और C
(c) Only A, B and C/केवल A, B और C
(d) A, B, C and D/ A, B, C और D

Ans. (b) : कक्षा में आने वाली समस्याओं का बच्चों द्वारा पहल करके समाधान उपलब्ध करवाना तथा विद्यार्थियों से यह अपेक्षा करना कि वे अपने उत्तर अपने शब्दों में तथा संदर्भित उदाहरण के माध्यम से दें, ये दो प्रकार की गतिविधियाँ रचनात्मक शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को बढ़ावा देगी।
रचनात्मक अधिगम के दौरान विद्यार्थी सीखने वाला नए ज्ञान को अपने पहले से सीखे हुए ज्ञान के साथ जोड़कर विकसित करता है।

49. Which of the following classroom activities symbolises development of critical thinking among students?/निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सी विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन के विकास की प्रतीक हैं?

A. **Encourage students to answer each other for questions related to textbook topics विद्यार्थियों को आपस-में पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रश्नों के उत्तर सुनाने के लिए प्रोत्साहित करना।**

B. **Provide more than one explanation for the same phenomena or event/किसी घटना/प्रघटना हेतु एक से अधिक कारणों का वर्णन करना।**

C. **Teacher takes almost all the time to talk than students in each class/प्रत्येक कक्षा में अधिकांश समय में शिक्षिका विद्यार्थियों की बजाय स्वयं ही बातें करती हैं।**

D. **Attempt to answer questions which are expected in examination./परीक्षा में संभावित पूछे जाने वाले प्रश्नों को ही करने की कोशिश करना।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C only/केवल A, B, C
(b) A and C only/केवल A तथा C
(c) A and B only/केवल A तथा B
(d) A and D only/केवल A तथा D

Ans. (c) : विद्यार्थियों को आपस में पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्नों के उत्तर सुनाने के लिए प्रोत्साहित करना, तथा किसी घटना/प्रघटना हेतु एक से अधिक कारणों का वर्णन करना ये दोनों गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिन्तन के विकास के प्रतीक है।

50. Which of the following questions provide opportunities to assess critical thinking skills?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा समालोचनात्मक चिंतन का आकलन करने का अवसर उपलब्ध करवाता है?

A. **Why did Mahatma Gandhi want to teach children handicrafts?/महात्मा गाँधी बच्चों को हस्तकला क्यों सिखाना चाहते थे?**

B. **Name two essential features of democracy. प्रजातांत्रिक सरकार की दो विशेषताएँ बताइये।**

C. **Why do you think we need the government to find solutions to many disputes or conflicts?/आपको क्या लगता है कि सरकार को विभिन्न झगड़ों व विवादों के हल क्यों ढूँढ़ने चाहिए?**

D. **What was the role of zamindar in Mughal adminstration? /मुगल प्रशासन में जमींदार की क्या भूमिका थी?**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C only/केवल A, B, C
(b) A and C only/केवल A तथा C
(c) A and B only/केवल A तथा B
(d) A and D only/केवल A तथा D

Ans. (b) : महात्मा गाँधी बच्चों को हस्तकला क्यों सीखना चाहते थे? तथा आपको क्या लगता है कि सरकार को विभिन्न झगड़ों व विवादों के हल क्यों ढूढ़ने चाहिए? ये दोनों प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन का आकलन करने का अवसर उपलब्ध करवाते हैं।

51. Which of the following would be required as evidences to make an argument that wages in rural India have fallen?/ग्रामीण भारत में भुगतान दरें गिर गई हैं, इस तर्क हेतु निम्नलिखित में से कौन-से साक्ष्यों की तरह प्रस्तुत किए जा सकते हैं?

A. **Refer to nation-wide surveys conducted by government/सरकार द्वारा अखिल भारतीय-स्तर पर किए गए सर्वेक्षण को देखना**

B. **Conduct a survey of households in a few sample villages/कुछ निदर्श (सेंपल) गाँवों में घरों में सर्वेक्षण करना।**

C. **Talk to a few neighborhood farming households/पास-पड़ोस के खेतिहर परिवारों से बात करना।**

D. **Talk to a few agriculatural labourer households/कुछ खेतिहर मजदूर परिवारों से बात करना।**

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A and B only/ A केवल और B
(b) A, B, C and D only/ A, B, C और D
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) A and C only/केवल A और C

Ans. (a) : ग्रामीण भारत में भुगतान की दरे गिर गई है इस तर्क हेतु सरकार द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर किये गये सर्वेक्षण को देखना तथा कुछ निदर्श (सेंपल) गाँवों में घरों में सर्वेक्षण करना साक्ष्य की तरह प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

52. The 'Social and Political life' textbooks discuss many communities for example Dalit, Muslim and poor etc. As a teacher, what would be the most appropriate way to use these texts in the class?/'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' पाठ्य-पुस्तक में कई समुदायों की चर्चा की गई है, जैसे दलित, मुस्लिम व गरीब आदि। एक शिक्षक के तौर पर इन पुस्तकों को कक्षा में प्रयोग करने का सबसे उपयुक्त तरीका क्या होगा?

A. Avoid discomfort in the classroom by giving weightage to other topics./अन्य उपविषयों को ज्यादा महत्त्व देकर कक्षा में असहजता की स्थिति से बचना।
B. Skip using these terms and let students themselve read these sections./इन शब्दों के प्रयोग से बचना और शिक्षार्थियों को इन भागों को स्वयं से पढ़ने देना।
C. Transact issues of these communities with sensitivity./इस समुदायों से संबधित मुद्दों को संवेदनशील तरीके से पढ़ाना।
D. Show high commitment to respecting the dignity of all students./सभी बच्चों की गरिमा का आदर करने की उच्च प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only C and D/केवल C और D
(d) Only B and D /केवल B और D

Ans. (c) : 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' पाठ्य पुस्तक में कई समुदायों की चर्चा की गई है जैसे दलित, मुस्लिम, गरीब आदि। एक शिक्षक के तौर पर इन पुस्तकों को कक्षा में प्रयोग करने का सबसे उपयुक्त तरीक- इस समुदाय से संबंधित मुद्दों को संवेदनशील तरीके से पढ़ाया जाय साथ ही सभी बच्चों की गरिमा का आदर करने की उच्च प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया जाये।

53. Read the following statements and choose the correct option./निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Teaching social sciences from interdisciplinary manner is challenging for teachers.
अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान को अन्तर्विषयक तरीके से पढ़ाना शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण है।

Reason (R) : Textbooks and chapters in social science textbooks are mostly written from the disciplinary perspective as history or geography.
कारण (R) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में अधिकतर पाठ विषयगत दृष्टिगत जैसे इतिहास या भूगोल से ही लिखे गए हैं।

(a) Both (A) and (R) and true and (R) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Boath (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /दोनों (A) तथा (R) सही हैं किन्तु (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है पर (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
दोनों (A) तथा (R) गलत हैं।

Ans. (a) : दोनों (A) तथा (R) सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की। सामाजिक विज्ञान को अन्तर्विषयक तरीके से पढ़ाना शिक्षकों के लिए चुनौती पूर्ण है, क्योंकि समाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में अधिकतर पाठ विषयगत दृष्टिगत जैसे इतिहास या भूगोल से ही लिखे गये है।

54. Identify from among the following the primary sources that have been used to understand the plight of Indian weavers when cotton industries started to grow in Britain. निम्नलिखित में से प्राथमिक स्रोत की पहचान कीजिए जिनका इस्तेमाल भारतीय बुनकरों की दुर्दशा को समझने के लिए हुआ जब ब्रिटेन में सूती कपड़ा उद्योग के विकास की शुरुआत हुई?

A. Petitions received by the Company government in India from weavers, describing their situation./बुनकरों द्वारा अपनी दशा का वर्णन करते हुए भारत में कंपनी सरकार को दिया गया याचिका पत्र
B. Newspaper reports of that time depicting the hardships faced by weavers/उस समय के समाचार पत्रों की रिपोर्ट्स जिनमें बुनकरों द्वारा सही गई कठिनाईयों का वर्णन करना।
C. A book written by a historian on the decline of Indian textiles during the early 19th century/ एक इतिहासकार द्वारा प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान भारतीय कपड़े के पतन पर लिखी गई पुस्तक।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only A and B/केवल A और B
(d) Only B and C/केवल B और C

Ans. (c) : बुनकरों द्वारा अपनी दशा का वर्णन करते हुए भारत में कम्पनी सरकार को दिया गया याचिका पत्र तथा उस समय के समाचार पत्रों की रिपोर्ट्स जिसमें बुनकरों द्वारा सही गई कठिनाइयों का वर्णन किया गया है, प्राथमिक स्रोत हैं जिनका इस्तेमाल भारतीय बुनकरों की दुर्दशा को समझने के लिए हुआ जब ब्रिटेन में सूती कपड़ा उद्योग के विकास की शुरुआत हुई।

55. What is the use of bibliography/references generally provided at the end of a project report?/परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के अंत में सामान्यतः दी गई संदर्भिका का क्या उपयोग है?

A. It gives the details of documents learners referred to prepare the projects./यह उन दस्तावेज़ों का विवरण देती है जिनको परियोजनाएँ बनाते समय अधिगमकर्त्ताओं ने उल्लिखित किया।

B. It is a proof that the learners have collected these materials to develop projects./यह प्रमाण है कि अधिगमकर्त्ताओं ने इन सामग्रियों को परियोजनाओं को विकसित करने के लिए एकत्रित किया था।

C. Learners are giving credit to works done in the field while citing the details. अधिगमकर्त्ता विवरणों का उद्धरण देते समय क्षेत्र में किए गए कार्यों को श्रेय दे रहे हैं।

D. It is the compulsory requirement for a project report and hence included./यह परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के लिए अनिवार्य आवश्यकता है अतः सम्मिलित किया जाता है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/केवल A और B
(b) A and D only/केवल A और D
(c) A, B and C/ A, B और B
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (d) : परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के अंत में दी गई संदर्भिका उन दस्तावेजों का विवरण देती है जिनको परियोजनाएँ बनाते समय अधिगम कर्त्ताओं ने उल्लिखित किया, संदर्भिका प्रमाण है कि अधिगमकर्ताओं ने सामग्रियों को परियोजनओं को विकासित करने के लिए एकत्रित किया था साथ ही यह परियोजना प्रतिवेदनों (रिपोर्ट) के लिए अनिवार्य आवश्यकता है अतः सम्मिलित किया जाता है।

56. Read the following statements and choose the appropriate option./निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement (A) : A portfolio is a deliberate collection of learner's work that demonstrates his or her competance or range of effort.
कथन (A) : पोर्टफ़लियो अधिगमकर्त्ता द्वारा किए गए काम का संकल्पित संग्रह होता है जो उसकी योग्यता अथवा प्रयासों की विविधता को दर्शाता है।

Statement (B) : Rubrics can be used as an assessement tool to assess learner's competence available in the portfolio.
कथन (B) : पोर्टफ़ोलियो में उपलब्ध अधिगमकर्त्ता की योग्यताओं के आकलन हेतु रूबरिक (निर्देश) का प्रयोग एक साधन के रूप में किया जा सकता है।

(a) Only (A) is true./केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true./केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true.
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : पोर्टफोलियो अधिगमकर्त्ताओं द्वारा किये गये काम का संकल्पित संग्रह होता है जो उसकी योग्यता अथवा प्रयासों की विविधता को दर्शाता है। पोर्टफोलियो में उपलब्ध अधिगमकर्त्ता की योग्यताओं के आकलन हेतु रुबरिक (निर्देश) का प्रयोग एक साधन के रूप में किया जा सकता है। ये दोनों कथन सही है।
बालकों के पोर्टफोलियो बनाने का उद्देश्य यह होता है कि पोर्टफोलियो की सहायता से किसी बालक का मूल्यांक करना आसान हो जाता है क्योंकि पोर्टफोलियो समय-समय पर बालकों के होने वाले विकास की जानकारी देता रहता है।
पोर्टफोलियो एक प्रकार का फाइल होता है जिसमें किसी व्यक्ति या बालक के जीवन के सभी क्षेत्रों का क्रमबद्ध जानकारी एकत्रित करके रखा जाता है।

57. Which of the following principles are to be followed while developing evaluation procedures for students studying up to class 8 as per RTE Act 2009?/शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मूल्याँकन कार्य-विधियाँ विकसित करते समय निम्नलिखित में से किन सिद्धान्तों का अनुसरण करना है?

A. Guide parents to teach and complete homework/माता-पिता को पढ़ाने और गृहकार्य को पूरा करने का मार्ग दिखाएँ।

B. Help the child to express it views freely बच्चे को उसके विचार मुक्त रूप से प्रकट करने मे सहायता करें।

C. Make the child free of fear, trauma and anxiety/बच्चे को भय, मानसिक आघात और चिंता मुक्त बनाएँ।

D. Help children to participate in examinations with discipline/बच्चों को परीक्षाओं में अनुशासन के साथ भाग लेने में सहायता करें।

Choose the coorect option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A और B
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B and C/ B और C
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (c) : शिक्षा का अधिकार अधिगम 2009 के अनुसार आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मूल्यांकन कार्य विधियाँ विकसित करते समय निम्न सिद्धांतों का अनुसरण करना चाहिए–
पहला बच्चों को उनके विचार मुक्त रूप से प्रकट करने में सहायता करे, दूसरा बच्चों को भय, मानसिक आघात और चिंता मुक्त बनाएँ।

58. Match the following which shows assessment tools and their major purposes./निम्नलिखित आकलन उपकरणों का उसके मुख्य उद्देश्यों के साथ मिलान कीजिए।

A	**Classroom questioning/ कथा में प्रश्न पूछना**	**(i)**	**Assessing learners on a large scale/ बड़े स्तर पर अधिगमकर्त्ताओं का आकलन**
B	**Peer evaluation/ साथी-मूल्याँकन**	**(ii)**	**Serve for certification of learners/ अधिगमकर्त्ता को प्रमाणीकृत करने का काम**
C	**Term-end examinations/ सत्रांत परीक्षा**	**(iii)**	**Provide remedial measures/ उपचारात्मक तरीके उपलब्ध करवाना**
D	**Written examinations/ लिखित परीक्षा**	**(iv)**	**Know one's own performance vis-a-vis others/ दूसरों के साथ तुलनात्मक रूप से अपने प्रदर्शन की जानकारी होना**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A-(i), B-(iii), C-(iv), D-(ii)
(b) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(c) A-(iii), B-(iv)C-(i), D-(ii)
(d) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

(A)	कक्षा में प्रश्न पूछना	**(iii)**	उपचारात्मक तरीके उपलब्ध करवाना।
(B)	साथी मूल्यांकन	**(iv)**	दूसरों के साथ तुलनात्मक रूप से अपने प्रदर्शन की जानकारी होना।
(C)	सत्रांत परीक्षा	**(ii)**	अधिगमकर्त्ता को प्रमाणीकृत करने का काम
(D)	लिखित परीक्षा	**(i)**	बड़े स्तर पर अधिगमकत्ताओं का आकलन

59. A portfolio is / एक पोर्टफ़लियो है-

A. A random collection of students' work. विद्यार्थियों के कार्यों का यादृच्छिक संग्रहण

B. A purposeful collection of students' work. विद्यार्थियों के कार्यों का सोद्देश्य संग्रहण

C. A collection of students' work for school inspection./विद्यालय निरीक्षण हेतु विद्यार्थियों के कार्यों का संग्रहण

D. An authentic means to assess student's growth over a long period./एक लंबी अवधि में विद्यार्थियों के विकास का एक विश्वसनीय साधन।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both A and C/ A तथा C दोनों
(b) Both B and C/ B तथा C दोनों
(c) Both A and D/ A तथा D दोनों
(d) Both B and D/ B तथा D दोनों

Ans. (d) : विद्यार्थियों द्वारा सम्पन्न कार्यों का उद्देश्यपूर्ण व्यवस्थित संकलन जो विद्यार्थी के उत्तम प्रयासों को दर्शाता है, छात्र पोर्टफोलियो कहलाता है। छात्र पोर्टफोलियो विद्यार्थी के विकास का प्रतिदर्श है जो उसकी शैक्षिक एवं सहशैक्षिक उपलब्धियों को निरूपित करता है। साथ ही यह विद्यार्थियों को उसके द्वारा किये गये कार्यों को दुबारा जाँचने और सुधार का अवसर प्रदान करता है। अर्थात् पोर्टफोलियो एक लम्बी अवधि में विद्यार्थियों के विकास का एक विश्वसनीय साधन है।

60. Which of the following questions assesses the 'evaluative' skills of learners?/निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-से अधिगकर्त्ता के 'मूल्याँकन' कौशल का आकलन करते हैं?

A. Jan Dhan Yojana helped rural people to come out of their poverty. Do you agree with this view? Justify./जन-धन योजना ने ग्रामीण लोगों के गरीबी से बाहर आने में मदद की है। क्या आप इस विचार/मत मात्र से सहमत हैं? उचित ठहराइये।

B. Describe the steps taken by the Government of India to ensure food security in India./भारत में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का वर्णन कीजिए।

C. What is biosphere? How is it important for living organisms?/जैव मण्डल क्या है? यह जीवित प्राणियों के लिए कैसे महत्वपूर्ण है?

D. List a few laws that protect women, children and marginalised sections of the society in India./उन कुछ कानूनों की सूची बनाइए जो महिलाओं, बच्चों व हाशियाई समूहों की सुरक्षा करते हैं।

(a) Only A/केवल A
(b) A and B/केवल A तथा B
(c) B, C and D only/केवल B, C तथा D
(d) A and C only/केवल A तथा C

Ans. (a) : जन धन योजना में ग्रामीण लोगों के गरीबी से बाहर आने में मदद की है क्या आप इस विचार/मत मात्र से सहमत है?- यह प्रश्न अधिगमकर्ता के मूल्यांकन कौशल का आकलन करता है। आकलन सूचनाओं को एकत्रित करने की क्रिया है। आकलन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के पूर्व, दौरान तथा बाद मे होता है वही मूल्यांकन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के उपरान्त होता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 12 जनवरी, 2022)

1. Virashaivism is associated with which of the following personalities?
वीर शैववाद निम्नलिखित में से किस व्यक्ति विशेष से जुड़ा हुआ है?

A. Basavanna/ बसवन्ना
B. Allama Prabhu/ अल्लमा प्रभु
C. Chokhamela/ चोखामेला
D. Akkamahadevi/ अक्कमहादेवी

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (c) : बसवन्ना, अल्लमा प्रभु और अक्कमहादेवी शैववाद से जुड़े हुए हैं। बसवन्ना 12वीं शताब्दी के एक महान शैव सन्त थे जो लिंगायत सम्प्रदाय से जुड़े थे। ये कर्नाटक के बीजापुर जिले में बागवाड़ी ग्राम मे एक ब्राम्हण परिवार में पैदा हुए थे। अल्लमा प्रभु भी लिंगायत सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखते थे। ये 12वीं सदी के कन्नड़ सन्त थे। इसी आन्दोलन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण कवयित्री अक्कमहादेवी हैं। जो बसवन्ना एवं अल्लमाप्रभु के समकालीन थीं। इनका जन्म कर्नाटक के उडुवरी गाँव जिला शिवमोगा में हुआ था। कन्नड़ भाषा मे अक्क शब्द का अर्थ बहिन होता है। चोखामेला महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध सन्त थे जो महार जाति में पैदा हुए थे। इनके गुरू सन्त नामदेव थे। चोखामेला बचपन से ही बिठोबा के भक्त थे।

2. Match the nomenclature in List-I, for people lived in ancient Tamil region, with their profiles in List-II.
निम्नलिखित सूची-I में तमिल क्षेत्र में रहने वाले लोगों का सूची-II में दिए गए उनके व्यावसायिक चित्रण से सही मिलान कीजिए

सूची-I	सूची-II
A. वेल्लार	i. भूमिहीन मजदूर
B. उणवार	ii. स्वतंत्र कृषक
C. अदिमई	iii. बड़े भूस्वामी
D. गृहपति	iv. साधारण हलवाहे

(a) A- iii, B- i, C- iv, D- ii
(b) A- iii, B- iv, C- i, D- ii
(c) A- i, B- iii, C- ii, D- iv
(d) A- ii, B- iv, C- iii, D- i

Ans. (b) :

सूची-I		सूची-I
(a) वेल्लार	-	(iii) बड़े भूस्वामी
(b) उणवार	-	(iv) साधारण हलवाहे
(c) अदिमई	-	(i) भूमिहीन मजदूर
(d) गृहपति	-	(ii) स्वतन्त्र कृषक

वेल्लार जाति को बड़े जमीदार या भूस्वामी के रूप मे जाना जाता है। जो परम्परागत रूप से तमिलनाडु, केरल मे रहते थे। साधारण हलवाहे को उणवार कहा जाता था। भूमिहीन मजदूरों को कदीसियार और अदिमई के नाम से जाना जाता था। गृहपति का आशय स्वतन्त्र कृषक से है।

3. The term "Silk Route" in the ancient period refers to
प्राचीन काल में 'सिल्क रूट' शब्द संबंधित है:

(a) the travelling route of traders from China to other countries carrying silk./चीन से दूसरे देशों में रेशमी कपडें को ले जाने वाला व्यापारियों का यात्रा मार्ग।
(b) sea routes connecting countries in which silk traders sold their products./ समुद्री मार्ग जो उन देशों को जोड़ते थे जहाँ रेशमी कपड़ों के व्यापारी अपने उत्पाद बेचते थे।
(c) roads connecting all the countries in which mulberry plants were cultivated./सभी देशों को जोड़ती सड़कें जहाँ शहतूत के पौधों की खेती होती थी।
(d) road and sea routes in which silk products were traded./सड़क, समुद्री और वायु मार्ग जहाँ रेशमी उत्पादों का व्यापार होता था।

Ans. (a) : सिल्क रूट चीन से दूसरे देशों में रेशमी कपड़े को ले जाने वाला व्यापारियों का यात्रा मार्ग था। सिल्क रूट (रेशम मार्ग) प्राचीनकाल और मध्यकाल में ऐतिहासिक व्यापारिक – सांस्कृतिक मार्गों का एक समूह था जिसके माध्यम से एशिया, यूरोप और अफ्रीका जुड़े हुए थे। इसका सबसे जाना-माना हिस्सा उत्तरी रेशम मार्ग था, जो चीन से होकर पश्चिम की ओर पहले मध्य एशिया में और फिर यूरोप में जाता था। रेशम मार्ग को चीन के हान वंश के महान यात्री चांगछयान ने खोला था। आधुनिक समय में इस मार्ग का प्रयोग कम से कम हो गया है। सिल्क रूट पर नियन्त्रण रखने वाले शासकों में सबसे प्रसिद्ध कुषाण थे।

4. Which one of the following 12th century inscription deliberated on the status of rathakaras (chariot wakers)?/12वीं शताब्दी के निम्नलिखित में से किस शिलालेख में रथकारों (रथ निर्माताओं) की स्थिति पर विचार किया गया है।

(a) Badami Chalukya/ बादामी चालुक्य
(b) Boluvampatti/ बोलुवमपट्टी
(c) Nandi Besaveshwara/ नंदी बसवेश्वर
(d) Uyyakoundan Udaiyur/ उईयाकोंडन उदेयार

Ans. (d) : 12वीं शताब्दी के उइयाकोंडन उदेयार शिलालेख मे रथकारों (रथ निर्माताओ) की स्थिति पर विचार किया गया है। यह शिलालेख तिरुचिनापल्ली तालुका से सम्बन्धित है जो वर्तमान में तमिलनाडु में स्थित है। बोलुवमपट्टी, कोयम्बटूर जिला तमिलनाडु पर वट्टेलुट्टू लिपि में लिपिबद्ध एक तमिल शिलालेख है। चालुक्य वंश की बादामी शाखा को मूल शाखा कहा जाता है। इसके संस्थापक पुलकेशिन प्रथम थे।

5. In her book 'Stripurushtulna' Tarabai Shinde criticized:/अपनी पुस्तक 'स्त्रीपुरूष तुलना' में ताराबाई शिंदे ने आलोचना की :

A. The social difference between men and women/ पुरुषों और महिलाओं के बीच सामाजिक अंतरों की।

B. The natural difference between men and woman/ पुरुषों और महिलाओं के बीच प्राकृतिक अंतरों की।

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A is true/ केवल A सही है।
(b) Only B is true/ केवल B सही है।
(c) Both A and B are true/ दोनों A तथा B सही हैं।
(d) Both A and B are false/ दोनों A तथा B गलत हैं।

Ans. (a) : अपनी पुस्तक 'स्त्रीपुरुष तुलना' में ताराबाई शिन्दे ने पुरुषों और महिलाओं के बीच सामाजिक अन्तरों की आलोचना की। ताराबाई शिन्दे सत्यशोधक समाज की सदस्य थीं और सावित्रीबाई फुले और ज्योतिराव फुले की सहयोगी थी। उनकी यह पुस्तक मूलरूप से मराठी भाषा में 1882 में प्रकाशित हुई थी। इनका जन्म 1850 में बरार प्रान्त (ब्रिटिश भारत) के बुलदाना में हुआ था। इन्होंने जाति व्यवस्था की असमानता के विरुद्ध भी आवाज उठाई थी। इन्होंने पितृसत्तात्मक परिवार की भी आलोचना की थी। शिंदे समाज में महिलाओं की स्थिति और उनके अधिकारों के प्रति आवाज उठाती है।

6. Which one of the following texts compiled in songs of Periyalvar, Andal, Tondara-dippodi Alvar and Nammalvar?/निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में पेरियालवार, अंडाल, तोंडरडिप्पोडी अलवार और नम्माल्वार के गीतों का संकलन किया गया है?

(a) Divya Parabandham/ दिव्य प्रबंधम्
(b) Tevaram/ तेवरम्
(c) Tiruvacakam/ तिरूवाचकम्
(d) Tirumurai/ तिरूमुरयी

Ans. (a) : दिव्य प्रबंधम् ग्रन्थ में पेरियालवार अंडाल तोडरडिप्पोडी अलवार नम्मालवार के गीतों का संकलन है। दिव्य प्रबंधम् मे कुल 4000 पद्यों को संकलित किया गया है। इसकी रचना 12 अलवार सन्तों ने की। अपने वर्तमान रूप में इन पदों का संकलन नाथमुनि ने नवीं से दसवीं सदी में किया। अलवार सन्त भक्ति आन्दोलन के जन्मदाता माने जाते है। इनका काल छठवी से नवीं शताब्दी के बीच रहा। ये विष्णु या नारायण की उपासना करते थे। वेदों के साथ दिव्य प्रबंधम् का पाठ किया जाता था। रामानुज के प्रयासों से दिव्य प्रबंधम् को वेदों के आसन पर स्थापित किया गया।

7. Which one of the following is <u>not</u> the regular taxes collected by the rulers of Mahajanapadas?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक महाजनपद के शासकों द्वारा वसूल किया जाने वाला नियमित कर <u>नहीं</u> हैं?

(a) Taxes on crops/ फसल पर कर
(b) Taxes on craft persons/ शिल्पकार पर कर
(c) Taxes on herders/ चरवाहों पर कर
(d) Taxes on family/ परिवार पर कर

Ans. (d) : परिवार पर कर महाजनपद के शासको द्वारा वसूल किया जाने वाला नियमित कर नहीं था। महाजनपद काल में कर व्यवस्था सुदृढ़ आधार पर स्थापित थी। करों का बोझ मुख्यतः किसानों पर था। उपज का छठा भाग कर के रूप में लिया जाता था। कर संग्रह करने वाले अधिकारियों में सबसे प्रधान 'ग्राम भोजक' था। बौद्ध साहित्य अंगुत्तर निकाय के अनुसार, छठी शताब्दी ई. पू. में भारतीय उपमहाद्वीप में सोलह महाजनपदों के उदय की जानकारी मिलती है। कर देने वालों का आधार बढ़ा और शिल्पी और व्यापारी नये करदाता हो गये। महाजनपद काल आते-आते चरवाहों पर नियमित रूप से कर लिया जाने लगा।

8. Read the statements related to the impact of colonial rule on tribal communities and choose the correct option.
जनजातियों पर औपनिवेशिक शासन के बारे में निम्न कथनों को पढ़े तथा सही विकल्प को चुनें।

A. Reserved forest, private rights or privileges were either absolutely prohibited or allowed only under stringent conditions./ आरक्षित वन, निजी अधिकार या विशेषाधिकार या तो पूरी तरह से प्रबंधित थे या उनमें केवल कड़ी शर्तों के तहत अनुमति दी गई थी।

B. Protected Forest, where the government permitted some rights of the local population or private persons to be exercised./ संरक्षित वन, जहाँ सरकार ने स्थानीय आबादी या निजी व्यक्तियों के कुछ अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति दी।

(a) A is incorrect, B is correct/ A सही है, B गलत हैं।
(b) Both A and B are correct/ दोनों A और B सही हैं।
(c) Both A and B are incorrect/ दोनों A और B गलत हैं।
(d) A is correct, B is incorrect/ A सही है, B गलत हैं।

Ans. (b) : कथन (A) आरक्षित वन निजी अधिकार या विशेषाधिकार या तो पूरी तरह से प्रतिबन्धित थे या उनमें कड़ी शर्तो के तहत अनुमति दी गयी, सही है। कथन (B) संरक्षित वन जहाँ सरकार ने स्थानीय आबादी या निजी व्यक्तियों को कुछ अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति दी, सही है।
भारतीय वन अधिनियम 1878 मे प्रशासन को आरक्षित और संरक्षित वनों का सीमांकन करने में सक्षम बनाया। संरक्षित वनों में लोगों का कोई अधिकार नहीं था जबकि कुछ स्थानीय लोगों को विशेषाधिकार प्राप्त था। इस अधिनियम ने वनों को आरक्षित संरक्षित और ग्राम वनों मे वर्गीकृत किया। इस अधिनियम से जनजातियों का वनों पर से अधिकार समाप्त हो गया। राज्य इसके लिए दण्ड दे सकती थी। वर्ष 2006 में अधिनियमित FRA (Forest Right Act) वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है।

9. Which one of the following is the slogan of Shri Narayana Guru?/निम्नलिखित में से कौन-सा नारा श्री नारायण गुरु द्वारा दिया गया?

(a) One caste, one religion, one god for humankind. मानवता की एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर
(b) One language, one religion, one god for humankind./मानवता की एक भाषा, एक धर्म, एक ईश्वर

(c) One language, one caste, one god for humankind./मानवता की एक भाषा, एक जाति, एक ईश्वर
(d) One religion, and one god for humankind. मानवता का एक धर्म और एक ईश्वर

Ans. (a) : मानवता की 'एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर' (औरु जाति, औरु माथम, औरु दैवम, मानुष्यानु) का नारा श्री नारायण गुरू द्वारा दिया गया। श्री नारायण गुरू का जन्म केरल के तिरुवनन्तपुरम के पास एक गाँव चेमपजंथी में 22 अगस्त 1856 को हुआ था। उनका परिवार इझावा (Ezhava) जाति से संबंध रखता था और उस समय के सामाजिक मान्यताओं के अनुसार इसे 'अवर्ण' माना जाता था। उन्होंने वर्ष 1888 में अरुविप्पुरम में भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर बनाया जो उस समय के जाति आधारित प्रतिबंधों के खिलाफ था। भारत के उपराष्ट्रपति ने श्री नारायण गुरू की कविताओं का अंग्रेजी अनुवाद ''नाट मेनी बट वन (Not Many But One) प्रकाशित किया।

10. Who among the following founded the Self Respect Movement?/निम्नलिखित में से 'स्वाभिमान आंदोलन' किसने शुरू किया।
(a) E. V. Ramaswamy or Periyar ई. वी. रामास्वामी (पेरियार)
(b) Shri. Narayan Guru/ श्री नारायण गुरु
(c) B. R. Ambedkar/ बी. आर. अम्बेडकर
(d) Swami Vivekanand/ स्वामी विवेकानन्द

Ans. (a) : स्वाभिमान या आत्मसम्मान आन्दोलन ई. वी. रामास्वामी (पेरियार) द्वारा 1920 में शुरू किया गया। इस आन्दोलन का उद्देश्य धर्म, जाति, पुरोहितवाद के विरुद्ध जनजागरण करना था। इनका पूरा नाम इरोड वेंकट नायकर रामास्वामी था जो पेरियार नाम से प्रसिद्ध हुए। इनका जन्म तमिलनाडु मे हुआ था। वह तमिलनाडु में एक अत्याधिक प्रभावशाली व्यक्ति थे। इसे द्रविड आंदोलन भी कहा जाता है, स्वाभिमान आंदोलन मूल रूप से पिछड़ी जातियों के लिए समान अधिकारों की मांग कर रहा था और इस आंदोलन का केन्द्रिभूत महिला आधिकार था। तमिलनाडु में कई वर्तमान राजनीतिक दल, जैसे कि द्रविड मुनेत्र कड़गम (DMK) और AIADMK आत्म-सम्मान आंदोलन के लिए अपनी उपत्ति का श्रेय देते है।

11. Read the sentences A, B and C given below and choose the correct option./नीचे दिए गए कथनों A, B तथा C को पढ़े तथा सही विकल्प को चुनें-
A. In 19th century expansion of cities created new demands of labor./ 19वीं शताब्दी में नए शहरों में मजदूरी की माँग बढ़ी।
B. Relatively rich people from villages and small towns began moving to the cities for labor./ गाँवों और कस्बों से अपेक्षाकृत धनी लोग शहरों में मजदूरी के लिए जाने लगे।
C. Although working conditions were very hard, but work in the new locations gave lower castes to get away from the oppressive hold that upper-caste landowners exercised over them./ हालांकि नए स्थानों पर काम की दशाएँ कठोर थी परन्तु यह निचली जातियों के लोग सवर्ण जमींदारों द्वारा उनके जीवन पर दमनकारी कब्जे से छूट निकलने का एक मौका था।
(a) Only A and B are true/ केवल A तथा B सही हैं
(b) Only B and C are true/ केवल B तथा C सही हैं
(c) Only A and C are true/ केवल A तथा C सही हैं
(d) All A, B and C are true/सभी A, B तथा C सही हैं

Ans. (c) : उन्नीसवीं शताब्दी में औद्योगिक क्रान्ति के कारण शहरों में मजदूरों की माँग बढ़ी। औद्योगिक क्रान्ति का प्रमुख उद्योग वस्त्र उद्योग था। मजदूरों की माँग बढ़ने से आर्थिक परिदृश्य में परिवर्तन हुआ। लोग रोजगार की तलाश में शहरों की ओर विस्थापित होने लगे। निचली जातियों को सवर्णों तथा जमीदारों के दमनकारी कब्जे से छूटने का एक उचित अवसर मिला। इस प्रकार कथन A और C सही हैं। गावों और कस्बों से अपेक्षाकृत धनी लोग नही अपितु निर्धन लोग शहरों में मजदूरी के लिए जाने लगे।

12. Which of the following leaders in a popular pictorial representation 'driving Krishna's chariot' was shown guiding other nationalist leaders in the battle against the British by
निम्नलिखित में से कौन-सा नेता एक लोकप्रिय छवि 'कृष्ण के सारथी' के रूप में चित्रण में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध में अन्य राष्ट्रवादी नेताओं का मार्गदर्शन कर रहा था?
(a) Subhas Chandra Bose/ सुभाष चन्द्र बोस
(b) Sardar Vallabhbhai Patel सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) Mohandas Karamchand Gandhi मोहनदास करमचंद गाँधी
(d) Chakravarti Rajagopalachari चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

Ans. (c) : मोहनदास करमचन्द गाँधी एक लोकप्रिय छवि 'कृष्ण के सारथी' के रूप में चित्रण में अंग्रेजो के खिलाफ युद्ध में अन्य राष्ट्रवादी नेताओं का मार्गदर्शन कर रहे थे। चम्पारण सत्याग्रह (1917) में गाँधी जी ने भारत में आन्दोलन का पहला सफल प्रयोग किया। इसी आन्दोलन में उन्होंने राष्ट्रवादी नेताओं का मार्गदर्शन करना प्रारम्भ किया और अन्त समय तक मार्गदर्शन करते रहे। चम्पारण सत्याग्रह से ही रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा उन्हें महात्मा शब्द से विभूषित किया गया। इसके बाद 1920 में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन किया। नमक सत्याग्रह या दाण्डी यात्रा 12 मार्च 1930 को किया। छूआछूत के विरुद्ध दलित आन्दोलन 8 मई 1933 से शुरू किया। 1942 में अग्रेंजो भारत छोड़ो का नारा दिया। महात्मा गाँधी ने हरिजन, इण्डियन ओपिनियन, और यंग इण्डिया पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया था।

13. Read the following statement A and B.
निम्नलिखित कथनों A तथा B को पढ़िए-
A. Aurangzeb issued a farman granting the company the right to trade duty free./ औरंगजेब ने कम्पनी को शुल्क मुक्त व्यापार करने का अधिकार देते हुए एक फरमान जारी किया।
B. The company did not want more concessions and manipulation of existing privileges./कम्पनी अधिक रियायतें नहीं चाहती थी और मौजूदा विशेषाधिकारों में हेर-फेर करने की कोशिश नहीं करती थी
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A is incorrect, B is correct. A गलत है, B सही है
(b) Both A and B are correct./ दोनों A और B सही हैं
(c) Both A and B are incorrect. दोनों A और B सही हैं
(d) A is correct B is incorrect/A सही है, B गलत है

Ans. (d) : औरंगजेब ने कम्पनी को शुल्क मुक्त व्यापार का अधिकार देते हुए एक फरमान जारी किया। यह कथन सही है। जबकि कम्पनी अधिक रियायतें नहीं चाहती थी और मौजूदा विशेषाधिकारों में हेर-फेर करने की कोशिश नहीं करती थी गलत है। 1600 ई. में महारानी एलिजाबेथ ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी को चार्टर या अनुमति दी- भारत में व्यापार करने की। भारत में पहली इंग्लिश कंपनी दिसम्बर 1600 में स्थापित की गई थी। हाँलाकि इससे पूर्व ही अंग्रेजो का भारत मे आगमन हो चुका था। 1608 में विलियम हॉकिन्स के नेतृत्व में भारत के सूरत बन्दरगाह पर अंग्रेजों का जहाज हेक्टर आया। इसके बाद 1615 में ब्रिटेन के संसद सदस्य शाही राजदूत के रूप में जहाँगीर के दरबार में आया। औरंगजेब (1658 - 1707) मुगल साम्राज्य का अन्तिम प्रभावी शासक था।

14. Which of the following statements(s) is/are true about the features of Indian constitution when it was drafted?/निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में सही है/हैं जब इसका प्रारूपण हुआ?

A. It adopted voting rights for communities constituting the largest proportion of India/ इसमें उन समुदायों को जोकि भारत के सबसे बड़े-बड़े अनुपात को संघटित करते हैं उनके मतदान के अधिकारों को अंगीकृत किया गया।

B. It guaranteed equality before the law to all citizens/ इसमें सभी नागरिकों को कानून की नजर में समान माना गया।

C. it offered special privileges for the poorest and most disadvantaged Indians/ इसमें समाज के निर्धन और सबसे वंचित तबकों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only A and C/ केवल A और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (b) : भारतीय संविधान में सभी नागरिको को कानून की नजर मे समान माना जाता है तथा इसमें समाज के निर्धन और सबसे वंचित तबको के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। पहला कथन A सही नहीं है क्योंकि जब से भारत में गणतंत्रात्मक व्यवस्था लागू हुई उसी समय से भारत के प्रत्येक वयस्क नागरिक को मताधिकार का अधिकार प्राप्त हुआ। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में समानता के अधिकार का वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान या इनमें से किसी आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता है। 42वें संशोधन (1976) द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' एवं 'एकता और अखण्डता' शब्द जोड़े गये।

15. Which of the following statements about solar system is correct?
सौर मंडल के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है-

(a) The sun, eight planets and satellites form the solar system./ सूर्य, आठ ग्रह और उनके उपग्रह सौर मंडल बनाते हैं।
(b) The sun, eight planets, satellites, Asteroids and Meteoroids form the solar system.
सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह; क्षुद्रग्रह और उल्कापिंड सौर परिवार बनाते हैं।
(c) The sun, ten planets, satellites, Meteoroids and Asteroids form the solar system.
सूर्य, दस ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह और उल्कापिंड सौर मंडल का निर्माण करते हैं।
(d) The sun, and planets form the solar system.
सूर्य और ग्रह सौर मंडल का निर्माण करते हैं।

Ans. (b) : सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह, क्षुद्र ग्रह और उल्कापिण्ड सौर परिवार बनाते हैं। सौर परिवार का मुखिया सूर्य होता है। सूर्य सौरमण्डल के केन्द्र में स्थित होता है। सौरमण्डल की उष्मा एवं प्रकाश का एकमात्र स्त्रोत सूर्य है। सौरमण्डल के सभी आठ ग्रह एक निश्चित समय में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। बुध, सूर्य से सबसे नजदीक ग्रह है। वृहस्पति सबसे बड़ा ग्रह है। पृथ्वी आकार में पाँचवाँ बड़ा ग्रह है। असंख्य छोटे पिण्ड जो सूर्य का चक्कर लगाते हैं क्षुद्र ग्रह कहलाते है। ये मंगल और वृहस्पति की कक्षाओं में पाये जाते हैं सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़ों को उल्कापिण्ड कहते है।

16. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
नीचे दिए गए वाक्यों A तथा B को पढ़े व सही विकल्प का चुनाव करें।

A. The value of latitude is followed by the word either North or South./ प्रत्येक अक्षांश के मान के साथ उत्तर या दक्षिण भी लिखा जाता है।

B. The longitude of a place is followed by the word either North or South./प्रत्येक स्थान के देशांतर के साथ उत्तर या दक्षिण भी लिखा जाता है।

(a) Only A is true/ केवल A सही है।
(b) Only B is true/ केवल B सही है।
(c) Both A and B are true./ A तथा B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false/ A तथा B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : प्रत्येक अक्षांश के मान के साथ उत्तर या दक्षिण भी लिखा जाता है। भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी या दक्षिणी ध्रुव की ओर कोणीय दूरी का नाम अक्षांश है। 0° अक्षांश को भूमध्य रेखा कहा जाता है। चूँकि कोणीय दूरियों का मान दोनों दिशाओं मे एक ही हो सकता है इसलिए अक्षांशों के मान के साथ उत्तर या दक्षिण भी लिखा जाता है।
उत्तर से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली काल्पनिक रेखाओं को देशान्तर रेखाएं कहा जाता है। इनकी संख्या 360 है। देशान्तर रेखाओं को कोणीय दूरी के साथ पूर्व या पश्चिम लिखा जाता है। ये रेखाएँ एक-दूसरे के समानान्तर नहीं होती। ग्रीनविच वेधशाला से गुजरने वाली रेखा को 0° देशान्तर कहा जाता है।

17. Read the statements and choose the correct option.
कथन पढ़ कर सही विकल्प चुनें:

Assertion A : Torrid zone receives the maximum heat and remains hot throughout the year.
अभिकथन A : उष्णकटिबंध सर्वाधिक गर्मी पाता है और वर्ष भर गर्म रहता है।

Reasoning R : The Mid-day sun is exactly overhead at least once a year on all latitudes between the Tropic of Cancer and the Tropic of Capricorn.
कारण R: कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच सभी अक्षांश रेखाओं पर वर्ष में कम-से-कम एक बार दिन के मध्य सूर्य सिर पर रहता है।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A./ A और R सत्य हैं, R, Aकी सही व्याख्या करता है।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A./ A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की व्याख्या नहीं करता।
(c) A is true but R is false.
A सत्य है पर R सत्य नहीं है।
(d) Both A and R are false./A और R दोनों सत्य हैं।

Ans. (a) : A और R दोनो कथन सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है। उष्णकटिबन्ध, भूमध्य रेखा के पास स्थित है जिसके उत्तर में कर्क रेखा और दक्षिण मे मकर रेखा तक का विस्तृत क्षेत्र है। भूमध्य रेखा के उत्तर में $23\frac{1}{2}°$ तथा दक्षिण में $23\frac{1}{2}°$ के मध्य का क्षेत्र उष्णकटिबन्धीय कहलाता है। उष्ण कटिबन्ध में सूर्य के अधिक प्रभाव के कारण पूरे वर्ष भर गर्म रहता है। यहाँ औसत तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस रहता है।

पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा करने में एक वर्ष ($365\frac{1}{4}$ दिन) का समय लेती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर लम्बवत 23.5 डिग्री झुकी हुई है। पृथ्वी के सूर्य के परिक्रमा करते वक्त कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच सभी अक्षांशों पर वर्ष में कम से कम एक बार दिन के मध्य सूर्य सिर पर रहता है।

18. Read the statements and choose the correct option from the given alternatives.
कथन पढ़ कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें-
Assertion A : Equator is a very important reference point on the globe.
अभिकथन A : विषुवत् रेखा ग्लोब पर एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु है।
Reasoning R: Equator divides the earth into northern hemisphere and southern hemisphere.
कारण R : विषुवत् रेखा पृथ्वी को उत्तरी गोलार्द्ध और दक्षिणी गोलार्द्ध में बाँटती है।
(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A./ दोनों A और R सत्य हैं, R, Aकी सही व्याख्या करता है।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A./ दोनों A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की व्याख्या नहीं करता।
(c) A is true but R is false.
A सत्य है पर R असत्य नहीं है।
(d) Both A and R are false.
दोनों A और R असत्य है।

Ans. (a) : दोनो कथन सही हैं कारण कथन की सही व्याख्या करता हैं। 0° अक्षांश रेखा को भूमध्य रेखा या विषुवत रेखा कहा जाता है। यह उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर स्थित काल्पनिक रेखा है। विषुवत रेखा के उत्तर मे स्थित भू-भाग को उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिण में स्थित भू-भाग को दक्षिणी गोलार्द्ध कहा जाता है। इस रेखा पर प्रायः वर्ष भर दिन और रात की अवधि बराबर होती है। भूमध्य रेखा के निकट वर्ष भर उच्च तापमान बना रहता है। पृथ्वी की सतह पर अधिकतर भू-मध्य रेखीय क्षेत्र समुद्र है।

19. 'If an earthquake happens, the surface of the earth vibrates and vibrates and vibration can travel to far off places'.
Which of the following options refers to terms that helps that helps in understanding earthquakes?/अगर भूकंप आता है तो पृथ्वी की सतह पर कंपन होता है और भूकंम्पी तरंगे दूर सभी दिशाओं में जाती हैं।
निम्न विकल्पों में से कौन-से विकल्प भूकंप को समझने में सहायक होंगे?
(a) Epicentre, Seismograph, Plate boundary
उद्गम केंद्र, भकम्पलेखी, प्लेट सीमा
(b) S waves, Vent, Mantle
एस तरंगे (अनुप्रस्थ तरंगें), निकास (वेंट), मैंटल
(c) P waves, Crater, Lave
पी तरंगें (अनुदैर्ध्य तरंगें), क्रेटर, लावा
(d) Gases, Richer, Exogenic forces
गैसें, रिक्टर, बहिर्जनिक (एक्सोजेनिक) बल

Ans. (a) : उद्गम केन्द्र, भूकम्पलेखी, प्लेट सीमा भूकम्प को समझने में सहायक होगे। भूकम्प का शाब्दिक अर्थ है 'भूमि का कम्पन'। अर्थात् अगर भूकम्प आता है तो पृथ्वी की सतह पर कम्पन होता है और भूकम्पीय तरंगे दूर सभी दिशाओं में जाती है। भूकम्प जिस स्थान से शुरु होता है वह स्थान भूकम्प का उद्गम केन्द्र कहलाता है। भूकम्पों के कम्पनों को अभिलेखबद्ध करने वाला यन्त्र भूकम्पलेखी या सिस्मोग्राफ कहलाता है। प्लेट के सभी किनारे वाले भाग को प्लेट सीमा कहते हैं। यही प्लेटें जब आपस में टकराती हैं तो भूकम्प उत्पन्न होता है। अनुप्रस्थ और अनुदैर्ध्य तरंगे यान्त्रिक तरंगे होती है।

20. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथन पढ़ें, सही विकल्प चुनें-
Assertion A : The relation between the organisms and their surroundings form an ecosystem.
अभिकथन A : सजीव और उनके चारों ओर के वातावरण का परस्पर संबंध परिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है।
Reasoning R : All plants, animals and human beings depend on their immediate surroundings.
कारण R: सभी पौधे, पशु और मनुष्य अपने चारों ओर के वातावरण पर निर्भर हैं।
(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A./दोनों A और R सत्य हैं, R, Aकी सही व्याख्या है।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A./A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, द्वारा A की व्याख्या नहीं होती।
(c) A is true but R is false./ A सत्य है पर R नहीं है।
(d) Both A and R are false./दोनों A और R असत्य है।

Ans. (b) : दोनों कथन सत्य हैं किन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है। पौधे, जीव जन्तु एवं भौतिक पर्यावरण को सामूहिक रूप से 'पारिस्थितिकी तन्त्र' कहा जाता है। 'पारिस्थितिकी तन्त्र' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ए. जी. टान्सले ने किया था। पारिस्थितिकी तंत्र में जैविक अजैविक घटकों के बीच होने वाली जटिल क्रियाएँ सम्मिलित होती है। पारिस्थितिकी यन्त्र के दो घटक होते हैं- जैविक घटक और अजैविक घटक। अजैविक घटको में मृदा, जल, वायु तथा जैविक घटक मे उत्पादक, उपभोक्ता और अपघटक आते हैं। सम्पूर्ण जैवमण्डल एक जटिल पारिस्थितिकी तन्त्र का उदाहरण है।

21. Match the following domains of environment with their examples.
पर्यावरण के क्षेत्रों का सही मिलान उनके उदाहरणों के साथ करें और विकल्प चुनें:

A. Lithosphere स्थल मंडल	**i. Water bodies like rivers. lakes, seas etc. जल समूह- जैसे नदियाँ, झीलें, समुद्र**
B. Atmosphere वायुमंडल	**ii. Plant and animal kingdom./ पौधे, जीव**
C. Biosphere जैवमंडल	**iii. Rocks and minerals. धातु और चट्टान**
D. Hydrosphere जलमंडल	**iv. Thin layers of air consisting of gases. हवा की विभिन्न गैसों से निर्मित तह**

Choose the correct option.
(a) A- ii, B- i, C- iii, D- iv
(b) A- iv, B- iii, C- i, D- ii
(c) A- iii, B- iv, C- ii, D- i
(d) A- i, B- ii, C- iv, D- ii

Ans. (c) :

(A) स्थलमण्डल	-	(iii) धातु और चट्टान
(B) वायुमण्डल	-	(iv) हवा की विभिन्न गैसों से निर्मित तह
(C) जैवमण्डल	-	(ii) पौधे, जीव
(D) जलमण्डल	-	(i) जल समूह- जैसे नदियाँ, झीलें समुद्र

स्थलमण्डल, जलमण्डल और वायुमण्डल तीनो मण्डलों का एक उभयनिष्ठ रूप जीवमण्डल या जैव मण्डल कहलाता है। वे स्थल जहाँ किसी भी रूप में जीवन के निशान विद्यमान हैं जैवमण्डल का अंग है। पृथ्वी की ठोस सतह को स्थलमण्डल, जलीय भाग को जलमण्डल तथा वह भाग जहाँ हवा और गैसें पायी जाती है, वायुमण्डल कहलाता है।

22. Which one of the following gases present in the air is a greenhouse gas?
निम्नलिखित में से कौन-सी वायु में मौजूद गैसों में से ग्रीन हाउस गैस है-
(a) Ozone/ ओजोन
(b) Hydrogen/ हाइड्रोजन
(c) Helium/ हीलियम
(d) Carbon dioxide/ कार्बन डाइऑक्साइड

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में कार्बन डाई आक्साइड (CO_2) ग्रीनहाउस गैस है। नाइट्रस आक्साइड, मीथेन, क्लोरो फ्लोरो कार्बन (cfc) भी ग्रीन हाउस गैसे हैं। कार्बनडाई आक्साइड को मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैस कहा जाता है क्योंकि सूर्य से आने वाली किरणों को यह पृथ्वी पर पहुँचने देती है लेकिन पृथ्वी की गर्मी जब वापस अन्तरिक्ष में जाती है तो यह उसे रोकती है। ओजोन हानिकारक पराबैगनी किरणों को अवशोषित कर लेती है। ओजोन गन्धयुक्त हल्के नीले रंग की गैस है।

23. Air is mixture of various gases. Choose the correct statements about air from the following statements.
वायु विभिन्न गैसों का सम्मिश्रण है। वायु के विषय में सही कथन का चुनाव करें-

A. Plants take nitrogen directly from the air. पौधे वायु से सीधे नाइट्रोजन लेते हैं।
B. Green plants release oxygen gas. हरे पौधे ऑक्सीजन छोड़ते हैं।
C. Helium, Argon, Ozone gases are present in large quantities in the air./ हीलियम, आर्गन और ऑक्सीजन गैस वायु में प्रचुर मात्रा में है।
D. Tiny dust particles are present in the air. छोटे-छोटे धूलिकण वायु में मौजूद हैं।
(a) A and C are true, B and D are false.
A और C सत्य हैं, B और D असत्य हैं
(b) A and D are true, B and C are false.
A और D सत्य हैं, B और C असत्य हैं
(c) B and D are true, A and C are false.
B और D सत्य हैं, A और C असत्य हैं
(d) B and C are true, A and D are false.
B और C सत्य हैं, A और D असत्य हैं

Ans. (c) : वायु विभिन्न गैसों का मिश्रण है। जिसमें सर्वाधिक मात्रा में नाइट्रोजन (78%) पायी जाती है। 21% ऑक्सीजन और अन्य गैसे रहती है। पौधे नाइट्रोजन का अवशोषण नाइट्रेट के रूप में करते है। यह प्रोटीन निर्माण के लिए आवश्यक है। प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मे हरे पौधे ऑक्सीजन मुक्त करते हैं तथा इस क्रिया मे पौधे वायुमण्डल से कार्बनडाई आक्साइड अवशोषित करते है। नाइट्रोजन ऑक्सीजन और कार्बनडाई आक्साइड के बाद वायुमण्डल में हाइड्रोजन, हीलियम, आर्गन, नियान, क्रिप्टान, जीनॉन, ओजोन तथा जलवाष्प एवं धूल के कण पाये जाते है।

24. Why is the temperature in cities higher than in villages?
शहरों में गाँवों की अपेक्षा अधिक तापमान रहता है?
Choose the correct set of statements(s)
सही विकल्प का चयन करें-
A. The concrete and metals in buildings get heated during the day./कंक्रीट और धातु निर्मित भवन दिन में गर्म हो जाते हैं।
B. The asaphalt of roads gets heated up during the day./ ऐसाफेल्ट निर्मित सड़कें गर्म हो जाती हैं।
C. Crowded high rise buildings of cities trap warm air./ भीड़ वाले ऊँचे भवन गर्म हवा रोक लेते हैं।
D. There are more open space and trees in cities./ शहरों में अधिक खुले स्थान और पेड़ होते हैं।
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (a) : शहरों में गॉवों की अपेक्षा अधिक तापमान होता है क्योंकि कंक्रीट और धातु निर्मित भवन दिन में गर्म हो जाते हैं, ऐसाफेल्ट निर्मित सड़कें गर्म हो जाती हैं तथा भीड़ वाले ऊँचे भवन गर्म हवा रोक लेते है। शहरों में नहीं बल्कि गाँवों में अधिक खुले स्थान और पेड़ पौधे होते है।
ऐसाफेल्ट एक चिपचिपा काला गाढ़ा तरल या अर्द्धतरल पदार्थ होता है। जिसे पेट्रोलियम से प्राप्त किया जाता है। ऐसाफेल्ट ऊष्मा को अवशोषित करके वायुमण्डल को गर्म कर देता है।

25. Match the following minerals with their types.
खनिजों का उनके प्रकारों से सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

A. Ferrous Mineral/ लौह खनिज	**i. Limestone/ चूना पत्थर**
B. Fossil fuel/ जीवाश्म ईंधन	**ii. Lead/ सीसा**
C. Non-metallic mineral/ अधात्विक खनिज	**iii. Coal/ कोयला**
D. Non-ferrous mineral/ अलौह खनिज	**iv. Manganese/ मैंगनीज**

Choose the correct option.
(a) A- i, B- ii, C- iv, D-iii
(b) A- iii, B- iv, C- ii, D- i
(c) A- iv, B- iii, C- i, D-ii
(d) A- iii, B- i, C- ii, D- iv

Ans. (c) :

A. लौह खनिज	-	मैगनीज
B. जीवाश्म ईंधन	-	कोयला
C. अधात्विक खनिज	-	चूना पत्थर
D. अलौह खनिज	-	सीसा

वे प्राकृतिक पदार्थ जो भूगर्भ क्रिया द्वारा बाहर निकाले जाते हैं खनिज कहलाते हैं। खनिज तीन प्रकार के होते है। धात्विक खनिज, अधात्विक खनिज और ऊर्जा खनिज। लौह खनिज और अलौह खनिज धात्विक खनिज के अन्तर्गत ही आते हैं।

26. Which of the following activities required for the conservation of wildlife?
वन्य जीवन के संरक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधियाँ/कार्य आवश्यक हैं?
(a) Deforestation and soil erosion.
वनों की कटाई और मृदा अपरदन
(b) Forest fires and landslides.
दावानल (जंगल की आग) और भूस्खलन
(c) National parks and wildlife sanctuaries
राष्ट्रीय उद्यान और वन्य जीव अभयारण्य
(d) Construction activities and poaching.
निर्माण कार्य और शिकार

Ans. (c) : वन्य जीवन के सरंक्षण के लिए राष्ट्रीय उद्यान और वन्य जीव अभ्यारण्य का निर्माण करना आवश्यक है। वन्य जीवन संरक्षण से अभिप्राय उन जन्तु एवं वनस्पतियों से है जो विलुप्त या लुप्त होने की स्थिति मे है। वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु सरकार ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 अस्तित्व में लायी। इस कानून के बनने से पहले भारत में केवल 5 राष्ट्रीय उद्यान थे। जबकि वर्तमान में 104 राष्ट्रीय उद्यान और 551 वन्य जीव अभ्यारण्य हैं। 42वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा वन और जंगली जानवर एवं पक्षियों के संरक्षण को समवर्ती सूची में रखा गया है।

27. Choose the correct option on ways to increase farm production to meet the demands of growing population.
बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए कृषि के उत्पादन को बढ़ाने के तरीकों पर सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. Use of fertilizers and High Yielding Variety Seeds./ उर्वरकों और उच्च उपज वाले बीजों का प्रयोग
B. Increasing the cropped area.
बोए गए क्षेत्र में विस्तार करके
C. Rain dependent agriculture./वर्षा निर्भर कृषि
D. Mechanism of agriculture.
कृषि का मशीनीकरण

Choose the correct option.
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (c) : उर्वरकों और उच्च उपज वाले बीजों का प्रयोग करके, बोए गए क्षेत्र में विस्तार करके तथा कृषि का मशीनीकरण करके बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। उर्वरकों से पौधों को आवश्यक पोषक तत्व की प्राप्ति होती है। साथ ही उन्नत उपज वाले शोधित बीजों का प्रयोग करके उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। 1966-67 में हरित क्रान्ति के आने से देश में कृषि उत्पादन बढ़ा और खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता आयी।

28. Which of the following would be the apt example of explaining the concept of prejudice?
निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वाग्रह की संकल्पना को समझाने के लिए उपयुक्त उदाहरण होगा?
A. People looking at each other equally
लोग एक-दूसरे को बराबरी/समान रूप से देख रहे हैं।
B. People judging other people negatively
लोग अन्य लोगों को नकारात्मक रूप से देख रहे हैं।
C. People respecting each other
लोग एक-दूसरे का सम्मान कर रहे हैं।
D. The feeling of superiority and inferiority
श्रेष्ठता एवं हीनता की भावना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A and C/ A और C (b) B/ B
(c) C/ C (d) B and D/ B और D

Ans. (d) : लोग अन्य लोगों को नकारात्मक रूप से देख रहे हैं और श्रेष्ठता एवं हीनता की भावना, ये दोनो उदाहरण पूर्वाग्रह की संकल्पना को समझाने के लिए उपयुक्त है। पूर्वाग्रह का शाब्दिक अर्थ है 'पूर्व निश्चित निर्णय'। दूसरे शब्दों में किसी व्यक्ति या वस्तु को बिना देखे समझे उसके बारे में सही या गलत धारणा बना लेना पूर्वाग्रह कहलाता है। स्पष्ट है कि उदाहरण A और C पूर्वाग्रह को प्रदर्शित नहीं कर रहे हैं।

29. Which of the following factors influence the diversity of a region?
निम्नलिखित में से कौन-से कारक क्षेत्र की विविधता पर असर/प्रभाव डालते हैं?
A. Different eating and clothing habits
भिन्न खान-पान और कपड़ों की आदतें।
B. Practicing similar religion/ समान धर्मों का पालन
C. Adapting to the geographical areas people inhabit/ लोगों द्वारा अलग-अलग तरह की भौगोलिक स्थितियों में सामंजस्य बैठाना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।
(a) Only A / केवल A (b) A and B/ A और B
(c) B and C/ B और C (d) A and C/ A और C

Ans. (d) : भिन्न खान-पान और कपड़ों की आदत तथा लोगों द्वारा अलग-अलग तरह की भौगोलिक स्थितियों में सामन्जस्य बैठाना क्षेत्र की विविधता पर प्रभाव डालते हैं। जबकि समान धर्मो का पालन करने से एकता स्थापित होगी। इससे एकीकरण की भावना का प्रादुर्भाव होगा। क्षेत्र की विविधता से तात्पर्य एक ऐसे निश्चित क्षेत्र से है जहाँ लोग विभिन्न मत, पंथ, सम्प्रदाय, भाषा व बोली को मानते हुए एक संगठित समाज या समूह में रहते हैं।

30. Who is executive head of the State Government?
राज्य सरकार का कार्यकारी प्रमुख कौन होता है?
(a) The Chief Minister/ मुख्यमंत्री
(b) The Governor/ राज्यपाल
(c) The Chief Secretary/ मुख्य सचिव
(d) The Attorney General/ महान्यायवादी

Ans. (b) : राज्य सरकार का कार्यकारी प्रमुख राज्यपाल होता है। संविधान के अनुच्छेद 154 (1) के अनुसार राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल मे निहित होगी। राज्यपाल मन्त्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करता है। राज्यपाल अपने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं। राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद पर बना रहता है। अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति करता है। अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी पद का प्रावधान है। मुख्य सचिव प्रशासन के सभी मामलों में मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार के रूप में कार्य करता है।

31. Which of the following systems of government was adopted by India?/भारत द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी सरकार की व्यवस्था को चुना गया?
(a) Presidential and Unitary
राष्ट्रपति एवं एकात्मक/ऐकिक
(b) Parliamentary and Federal/संसदीय एवं संघीय
(c) Presidential and Federal/ राष्ट्रपति एवं संघीय
(d) Parliamentary and Unitary
संसदीय एवं एकात्मक/ऐकिक

Ans. (b) : भारत द्वारा संसदीय और संघीय सरकार व्यवस्था को चुना गया। भारत की संसदीय प्रणाली को ब्रिटेन से लिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका को आधुनिक संघवाद का जनक माना जाता है। संसदीय व्यवस्था में व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका सामन्जस्य बनाकर एक साथ कार्य करते है जबकि संघीय व्यवस्था में इनके कार्य पृथक होते है। अध्यक्षीय शासन प्रणाली में सरकार का प्रमुख और राष्ट्र का प्रमुख एक ही व्यक्ति होता है। यह व्यवस्था प्रावधान अमेरिका में है।

32. Which of the following statements is true about life in rural India?/निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन ग्रामीण भारत में जीवन के बारे में सही है?
A. About four-fifths of farmers in India are large farmers./ भारत में कुल किसानों में लगभग हर-पाँचवे में से चार बड़े किसान हैं।
B. Farmers in India get into a debt trap when do not expected yield./ भारत में किसानों को जब अपेक्षित पैदावार नहीं मिलती तब वे कर्ज के जाल में फँस जाते हैं।
C. Small farmers depend mainly on banks for their credit requirements./ छोटे किसान अपनी ऋण-संबंधी जरूरतों के लिए मुख्यतः बैंकों पर आश्रित रहते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Only A and B/ केवल A और B
(d) Only B and C/ केवल B और C

Ans. (b) : कथन B भारत में किसानो को जब अपेक्षित पैदावार नहीं मिलती तब वे कर्ज के जाल में फँस जाते हैं, ग्रामीण भारत के जीवन के बारे में सही है। भारत कृषि प्रधान देश है। यहाँ 70% लोग किसान है। भारत में 10 हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि वाले किसान को बड़े किसान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सीमान्त किसान वे हैं जिनकी अधिकतम जोत एक हेक्टेयर तक होती है। छोटे किसान अपनी ऋण सम्बन्धी कृषि जरूरतों के लिए प्रायः असंस्थागत ऋण अर्थात् सेठ, साहूकार और महाजनों पर आश्रित होते है।

33. Read the following statements and choose the true statements./निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही कथनों का चयन कीजिए-
A. About 60 percent of families in India are working as agricultural laborers/ भारत में साठ प्रतिशत (60%) परिवार खेतिहर मजदूरों के रूप में काम कर रहे हैं।
B. Agricultural laborers migrate to distant places due to limited earning opportunities in villages./ गाँव में सीमित आय उपार्जन के अवसरों के चलते खेतिहर मजदूर दूरवर्ती स्थानों पर प्रवास करते हैं।
C. Agricultural laborers accept lower than market wages for want of regular employment from farmers./ किसानों से नियमित रोजगार की चाहत में खेतिहर मजदूर बाजार में प्रचलित वेतन से कम वेतन स्वीकार करते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only B/ केवल B
(c) Only B and C/ केवल B और C
(d) Only A/ केवल A

Ans. (c) : एक व्यक्ति जो पैसे, या वस्तु या हिस्से में मजदूरी के लिए किसी अन्य व्यक्ति की भूमि पर काम करता है उसे खेतिहर मजदूर माना जाता है। 2001 से 2011 के बीच 76.83 लाख किसान कम हुए लेकिन जोत में कमी आने के कारण खेतिहर मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई है। गाँव में सीमित आय उपार्जन के कारण खेतिहर मजदूर दूरवर्ती स्थानों पर प्रवास करते है। खेतिहर किसान ऐसा रोजगार की तलाश में करते है। खेतिहर मजदूर जीवन निर्वाह हेतु प्रचलित मजदूरी दर से भी कम मजदूरी दर पर कार्य करने को तैयार रहते है।

34. The democratic ethos in a country can be strengthened through/किसी देश में प्रजातंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है-
A. regular conduct of elections
नियमित रूप से चुनाव का आयोजन
B. people's participation in decision making process/ निर्णय प्रक्रिया में जनता की भागीदारी
C. informed public opinion/ जागरूक जनमत
D. strong and committed bureaucracy
समर्पित नौकरशाही

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (b) : नियमित रूप से चुनाव का आयोजन, निर्णय प्रक्रिया में जनता की भागीदारी और जागरुक जनमत ये तीनो क्रियायें किसी देश में प्रजातन्त्र की मजबूती के लिए आवश्यक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के अनुसार- ''प्रजातन्त्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है।'' इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी अनिवार्य है। साथ ही जनता जितनी राष्ट्र के प्रति संवेदनशील और जागरूक रहेगी, उतना ही कुशल जनप्रतिनिधि उपलब्ध होगा।

35. If a curricular material has illustrations of women as housewives and domestic maids and men as engineers and pilots. This type of depiction is likely to promote
एक पुस्तक में स्त्रियों के चित्र गृहणियों एवं घरेलू सहायिकाओं (मेड) के रूप में हैं तथा पुरुषों के चित्र अभियन्ताओं एवं पायलटों के रूप में। इस तरह का चित्रण संभावनीय रूप से बढ़ावा देगा:

(a) Gender empowerment/ जेंडर सशक्तीकरण
(b) Gender role play/ जेंडर नाटकीकरण
(c) Gender sterotyping/ जेंडर रूढ़िबद्ध धारणा बनाना
(d) Gender constancy/ जेंडर समरूपता

Ans. (c) : पुस्तक में स्त्रियों के चित्र गृहणियों एवं घरेलू सहायिकाओ (मेड) के रूप में तथा पुरुषों के चित्र अभियन्ताओं एवं पायलटों के रूप में है। इस प्रकार का चित्र जेंडर रुढ़िबद्ध धारणा बनाता है। जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के बारे में लिंग के आधार पर पूर्वाग्रह से ग्रसित हो तो उसे जेंडर रुढ़िबद्ध कहते हैं। जेंडर सशक्तीकरण या लिंग सशक्तीकरण से आशय उपेक्षित लिंग के लोगों को सशक्त या शक्तिशाली बनाने से है। प्रायः लिंग सशक्तीकरण महिलाओं के सन्दर्भ में ही देखा जाता है। इसी प्रकार उपेक्षित लिंग के समूह को सामाजिक न्याय, अधिकार, कर्तव्य का बोध कराकर सामाजिक समानता लाना जेंडर समरूपता कहलाता है।

36. Read the following statements.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

Statement A : All democratic countries are likely to have a Constitution./ सभी लोकतांत्रिक देशों से उम्मीद की जाती है कि उनके पास संविधान जरूर होगा।

Statement B : All countries that have a Constitution are not necessarily democratic.
ये आवश्यक नहीं है कि जिन देशों के पास अपने संविधान होते है वे सभी लोकतांत्रिक देश ही होंगे।

Select the correct option from the given alternatives./नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both A and B are true./ A और B दोनों सही हैं
(b) Both A and B are false./ A और B दोनों गलत हैं
(c) Only A is true./ Only केवल A सही है
(d) Only B is true./ केवल B सही है

Ans. (a) : कथन A और B दोनो सही है। जेम्स मेडिसन ने कहा है- यदि सभी पुरुष देवदूत होते, तो सरकार की कोई आवश्यकता नहीं होती''। इस आधार पर कहा जा सकता कि संविधान की इसीलिए आवश्यकता पड़ी। संविधान लोकमंगलकारी नियमों का एक संकलन होता है। संविधान सरकार को हमारे नागरिक अधिकारों के उल्लघंन से रोकता है। संविधान देश की राजनैतिक व्यवस्था तय करता है।

37. What is the term used by the Constitution of India to describe India?
भारत के संविधान द्वारा भारत का वर्णन करने के लिए कौन-से शब्द का उपयोग किया गया है?

(a) Federation/ संघ
(b) Union of States/ राज्यों का संघ
(c) Republic/ गणतंत्र
(d) Bharatvarsh/ भारतवर्ष

Ans. (b) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 में कहा गया है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ होगा। भारतीय क्षेत्र इसमें शामिल होगा- राज्यों के क्षेत्र, केन्द्रशासित प्रदेश और भविष्य में प्राप्त किए जा सकने वाले क्षेत्र। भारत का संविधान भारत को राज्यों का संघ बताता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारा संविधान केन्द्र के साथ-साथ राज्य को भी शक्ति प्रदान करता है, फिर भी अधिक शक्ति केन्द्र के पास है। आजादी के बाद, भारत जैसा कि अब है, रियासतों के निर्णय से बना था, जिन्होंने भारत में शामिल होने का फैसला किया। इसलिए, यह स्पष्ट है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को राज्यों के संघ के रूप में वर्णित करता है।

38. What is the role of a judge in a fair trial?
निष्पक्ष सुनवाई में न्यायधीश की क्या भूमिका होती है?

A. The judge decides the innocence of the accused person of the basis of evidence present and in accordance with law./ न्यायाधीश प्रस्तुत प्रमाणों और कानून के अनुसार तय करते हैं कि आरोपी निर्दोष है।
B. The judge conducts the trial impartially and in an open court./ न्यायाधीश निष्पक्ष भाव से और खुली अदालत में मुकदमों का संचालन करते हैं।
C. The judge gives a quick judgment on cases that shake public conscience./ जिन मुकदमों में जनता का अन्तर्विवेक हिल जाता है उन पर न्यायाधीश शीघ्र ही निर्णय सुना देते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A is true./ केवल A सही है
(b) B is false./ B गलत है
(c) Only C is true./ केवल C सही है
(d) Both A and B are true./ A और B दोनों सही हैं

Ans. (d) : निष्पक्ष सुनवाई में वादी और प्रतिवादी को समान भाव से सुना जाता है। जिन मुकदमों में जनता का अन्तर्विवेक हिल जाता है उन पर न्यायाधीश शीघ्र ही निर्णय सुना देते हैं। कथन सही नहीं है क्योंकि न्यायाधीश प्रमाणों और कानूनों के आधार पर निर्णय देते हैं न कि भावनात्मक आधार पर। इसके अतिरिक्त कथन A और B सही हैं।

39. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
निम्न कथनों A तथा B को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें-

A. Right against exploitation says that no one can be forced to work for low wages or under bondage./ शोषण से मुक्ति के अधिकार का अर्थ है कि किसी को भी कम मेहनताना पर काम करने या बंधुआ मजदूर के तौर पर काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

B. Many of the laws related to social justice have their basis in the Fundamental Rights guaranteed by the Indian Constitution.
अधिकतर सामाजिक न्याय संबंधी कानूनों का जन्म भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों से हुआ है।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A./ दोनों A तथा B सही हैं तथा B सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A./ दोनों A तथा B सही हैं किन्तु B सही व्याख्या नहीं करता है A की।
(c) A is true but B is false.
A सही है किन्तु B गलत है।
(d) A is false but B is true.
A गलत है किन्तु B सही है।

Ans. (a) : शोषण से मुक्ति के अधिकार का अर्थ है कि किसी को भी कम मेहनताना पर काम करने या बंधुआ मजदूर के तौर पर काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। अधिकतर सामाजिक न्याय संबंधी कानूनों का जन्म भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों से हुआ है। दोनों कथन सही है तथा कथन B कथन A की सही व्याख्या करता है। सरकार की निरंकुशता पर अंकुश हेतु भारत के संविधान में भारतीय नागरिकों को 6 मौलिक अधिकार प्रदान किए गये हैं। संविधान के भाग तीन (अनुच्छेद 12-35) में मौलिक अधिकारों का वर्णन है। नागरिकों को शोषण से मुक्त रखने के लिए संविधान में अनुच्छेद 23-24 में नागरिकों को शोषण के विरुद्ध अधिकार दिया गया है। शोषण के विरुद्ध अधिकार मानव के दुर्व्यापार और बंधुआ मजदूरी पर रोक लगाता है। बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976 से भारत में बंधुआ मजदूरी को पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया।

40. Which of the following issues are most likely find space in discussion while discussion the issue of Bhopal Gas Tragedy?
'भोपाल गैस त्रासदी' के उदाहरण को लेकर की जाने वाली चर्चा में निम्न में से कौन-से मुद्दों के स्थान पाने की ज्यादा संभावना है?

A. Lower Safety measures/ निम्न स्तरीय सुरक्षा उपाय
B. Production of pesticides/ कीटनाशकों का उत्पादन
C. Cost cutting in industries/उद्योगों में लागत में कटौती
D. Compensation to workers/ मजदूरों को मुआवजा

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (c) : निम्न स्तरीय सुरक्षा उपाय, उद्योगों में लागत में कटौती और मजदूरों को मुआवजा ये तीन मुद्दे हैं जो भोपाल गैस त्रासदी की चर्चा में ज्यादा स्थान पाते है। 'भोपाल गैस त्रासदी' 2-3 दिसम्बर 1984 को मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में यूनियन कार्बाइड नामक कम्पनी के कारखाने से मिथाइल आयसोसायनाइट (MIC) नामक जहरीली गैस के रिसाव से हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हुए। मिथाइल आयसोसायनाइट का उपयोग कीटनाशक बनाने में किया जाता था। इस त्रासदी का मुख्य आरोपी कम्पनी का मुखिया वारेन एण्डरसन था।

41. Which of the following statements about the goals of studying social science is most appropriate?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के बारे में अतिउपयुक्त है/हैं?

A. To learn to respect differences of opinion, lifestyle and cultural practices./ विचार, रहन-सहन और सांस्कृतिक प्रथाओं के अंतरों की भिन्नताओं का सम्मान करना सीखने के लिए।
B. To instill a sense of pride and nostalgia with regard to the past./ अतीत के संबंध में गर्व और विषाद् की भावना पैदा करने के लिए।
C. To grow up as active, responsible and reflective members of society./ समाज के एक सक्रिय, उत्तरदायी और चिंतनशील (Reflective) सदस्य के रूप में विकसित होने के लिए।
D. To understand the society we live in and how it's is structured, managed and governed./ यह समझने के लिए कि हम जिस समाज में रहते हैं उसकी संरचना और प्रबंधन कैसे होता है तथा उसे शासित कैसे किया जाता है।

Choose the appropriate option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान विषय के अध्ययनोपरान्त विद्यार्थी विचार, रहन-सहन और सांस्कृतिक प्रथाओं के अन्तरों की भिन्नताओं का सम्मान करना सीखेगें, समाज के एक सक्रिय, उत्तरदायी और चिन्तनशील सदस्य के रूप में विकसित होगें तथा अपने समाज की संरचना प्रबन्धन और उसके शासन व्यवस्था को सीखगें। इस प्रकार कथन A, C और D सही हैं।
इसके अतिरिक्त सामाजिक विज्ञान शिक्षण से विद्यार्थियों में आधुनिकीकरण के साथ नैतिक मूल्यों का विकास, तर्क एवं चिन्तन शक्ति का विकास होता है।

42. Consider the two statements A and R and choose the correct option.
निम्नलिखित दो कथनों A और R पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion A : There is an urgent need in the social science to shift from ethos of utilitarianism to that of egalitarianism.
अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान में उपयोगितावाद के लोकाचार से समतावाद के लोकाचारों की तरफ स्थानांतरित होना अति आवश्यक है।

Reason R : The social science have traditionally focused on 'developmental' issues, which are important but not sufficient to understand issues of equality, justice and dignity.

अभिकथन (R) : सामाजिक विज्ञान परंपरागत तौर पर 'विकासात्मक' समस्याओं पर केन्द्रित है, जोकि महत्वपूर्ण हैं परन्तु समानता, न्याय और गरिमा से जुड़ी समस्याओं को समझने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A./ A और R दोनों सही है तथा R सही व्याख्या है A की।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A./ A और R दोनों सही हैं परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) Only A is true./ केवल A सही है।
(d) Only R is true./ केवल R सही है।

Ans. (a) : अभिकथन A सही है क्योकि सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्यों में समाज में समानता स्थापित करना अति महत्वपूर्ण है। सामाजिक समानता हेतु अपने लोकाचार में उपयोगितावाद से समतावाद की ओर बढ़ना आवश्यक है।
कारण R सही है। क्योकि परम्परागत रूप से सामाजिक विज्ञान शिक्षण का उद्देश्य केवल विकासात्मक समस्याओं पर केन्द्रित था। सामाजिक विज्ञान का यह उद्देश्य विद्यार्थियों में समानता न्याय और गरिमा से जुड़ी समस्याओं को समझने के लिए पर्याप्त नहीं है अभिकथन R अभिकथन A की सही व्याख्या भी करता है।

43. A social science teacher wants to prepare a lesson plan on the theme 'market'. Which of the following sub concepts are most likely to be part of her plan?
सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका 'बाजार' थीम पर एक पाठ-योजना बनाना चाहती है। निम्न में से कौन-से उप-संप्रत्ययों की उसकी पाठ-योजना का हिस्सा बनने की सबसे अधिक संभावना है?

A. Types of markets/ बाजार के प्रकार
B. Chain of markets/ बाजारों की श्रृंखला
C. Unequal opportunities/ असमान अवसर
D. Agricultural production process/कृषि उत्पादन कार्य
E. Bargain in the market/ बाजार में मोल-तोल करना

Choose the appropriate option
उपर्युक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A, B and C/ केवल A, B और C
(b) Only A, B and E/ केवल A, B और E
(c) Only A, B, C and E/ केवल A, B, C और E
(d) Only A, B, D and E/ केवल A, B, D और E

Ans. (c) : शिक्षिका को 'बाजार' पर पाठ योजना बनाने हेतु पाठ योजना का हिस्सा बनाने में बाजार के प्रकार, बाजारों की श्रृंखला, असमान अवसर और बाजार मे तोल–मोल करना इत्यादि उपसम्प्रत्ययों की सबसे अधिक सम्भावना है। सफल और प्रभावी शिक्षण अधिगम हेतु एक अच्छी पाठ योजना का निर्माण करना आवश्यक होता है। एक उचित पाठ योजना से शिक्षक को शिक्षण प्रक्रिया से विषयान्तर होने की कम सम्भावना होती है।

44. Consider the following statements with reference to a social science classroom.
सामाजिक विज्ञान की कक्षा के संदर्भ में निम्न कथनों को पढ़ें।

A. Children brings in a lot of what happen in the outside world./ बच्चे बाहरी विश्व के तमाम अनुभव कक्षा में लाते हैं।
B. We should take children's experiences as it is in a social science classroom./ सामाजिक विज्ञान की कक्षा में हमें बच्चों के अनुभवों को ज्यों-का-त्यों शामिल करना चाहिए।
C. The reality is portrayed along with an analysis of how we could move towards the ideal.
यथार्थ को दर्शाया जाता है साथ ही यह विश्लेषित किया जाता है कि हम आदर्श की ओर कैसे बढ़ सकते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B are true./ केवल A तथा B सही हैं।
(b) Only B and C are true./ केवल B तथा C सही हैं।
(c) Only A and C are true./ केवल A तथा C सही हैं।
(d) All A, B and C are true./सभी A, B तथा C सही हैं।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में बच्चे बाहरी विश्व के तमाम अनुभवों को कक्षा में लाते है तथा सामाजिक विज्ञान शिक्षण में यथार्थ को दर्शाया जाता है साथ ही विश्लेषित किया जाता है कि हम आदर्श की ओर कैसे बढ़ सकते है। आदर्श श्रेष्ठतम अवस्था को प्रदर्शित करता है। 'आदर्श' क्या होना चाहिए ? इस प्रश्न पर विचार करता है। इस प्रकार सामाजिक विज्ञान की कक्षा में उन्नति की पराकाष्ठा या आदर्श स्थिति को कैसे प्राप्त किया जाय, इसका अध्ययन किया जाता है।

45. Being a social science teacher, what efforts will you make to brake gender stereotypes in your classroom?
सामाजिक विज्ञान के शिक्षक होने के नाते, आप अपनी कक्षा में जेन्डर आधारित रूढ़िबद्ध धारणाओं को समाप्त करने हेतु कौन-से प्रयोग करेंगे?

A. Making girls and boys sit on same benches and rotating this arrangement regularly to give students opportunity to familiarize each other./ छात्र एवं छात्राओं को एक सीट पर बैठाना तथा इस व्यवस्था को साप्ताहिक आधार पर संचालित (Rotate) करना तथा छात्रों को एक-दूसरे से परिचित होने के अवसर देना।
B. Organizing class activities which are gender neutral./ कक्षा में जैन्डर तटस्थ (Gender-Neutral) गतिविधियों को आयोजित करना।
C. Encouraging boys to evaluate girls' answer sheets and vice versa./ लड़कों को लड़कियों की उत्तर पुस्तिका तथा लड़कियों को लड़कों की उत्तर पुस्तिका जाँचने के लिए प्रोत्साहित करना।
D. Assigning responsibilities of maintaining cleanliness in class equally among girls and boys./ कक्षा में स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी समान रूप से छात्र एवं छात्राओं में बाँटना।

(a) A, B and D/ A, B तथा D
(b) B, C and D/ B, C तथा D
(c) A, C and D/ A, C तथा D
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान शिक्षक होने के नाते छात्र एवं छात्राओं को एक सीट पर बैठाना तथा इस व्यवहार को साप्ताहिक आधार पर संचालित करना तथा छात्रों को एक दूसरे से परिचित होने का अवसर देना, कक्षा में जेन्डर तटस्थ गतिविधियों का आयोजन करना और कक्षा में स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी समान रूप से छात्र छात्राओं में बाँटना इत्यादि गतिविधियाँ जेन्डर आधारित रुढ़िबद्ध धारणाओं को समाप्त करने हेतु प्रयोग करेगें। जेन्डर आधारित रुढ़िबद्ध धारणा से आशय किसी विशेष लिंग के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित होना है।

46. The Five E model is considered popular for developing lesson plans in different subjects including social sciences. What is the first step introduced by teachers in this model?
विभिन्न विषयों जिनमें सामाजिक विज्ञान भी शामिल है में पाठ-योजना बनाते हुए पाँच-ई मॉडल काफी प्रचलित हैं। इसके मॉडल के अनुसार शिक्षक पढ़ाने हेतु आरंभ में कौन-से चरण का प्रयोग करेगा?

(a) Evaluate/ इवेल्युवेट (b) Explain/ एक्सप्लेन
(c) Engage/इन्गेज (d) Entertain/ इन्टरटेन

Ans. (c) : पाँच-ई मॉडल के अनुसार शिक्षक पढ़ाने हेतु आरम्भ में इन्गेज चरण का प्रयोग करेगा। इस मॉडल को जैविक विज्ञान पाठ्यक्रम अध्ययन (BSCS) के रूप में विकसित किया गया था। BSCS टीम के प्रमुख अन्नवेषक रोजर बी बी ने इस मॉडल को विकसित किया। पाँच ई मॉडल का क्रम इस प्रकार है। इन्गेज, एक्सप्लोर, एक्सप्लेन, इलैबोरेट तथा इवैल्युएट।

47. Which of the following activities would help develop the concept of democracy trough experiences?
Asking students to _____
निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि अनुभवों के जरिए लोकतंत्र की अवधारणा को विकसित करने में सबसे अधिक सहायक होगी?
छात्रों को _____

(a) do a role play showing the main events is the formation of the first government of independent India./ भूमिका निर्वहन (रोल प्ले) के माध्यम से स्वतंत्र भारत की पहली सरकार बनने की मुख्य घटनाएँ दर्शाने को कहना
(b) reflect on experience of electing the students' council president./ छात्र परिषद् के अध्यक्ष को चुनने के उनके अनुभव के बारे में सोचने को कहना
(c) reflect on experience of getting selected for school teams like debate team, swimming team etc./ वाद-विवाद दल, तैराकी दल, जैसे स्कूल के दलों में चुने जाने के उनके अनुभव के बारे में सोचने को कहना
(d) make a list of various political parties in India./ भारत की विभिन्न राजनैतिक दलों की सूची बनाने को कहना।

Ans. (b) : छात्र परिषद के अध्यक्ष को चुनने की प्रक्रिया के बारे में छात्रो से कहना और उनके अनुभवों के बारे में सोचने को कहना, लोकतन्त्र की अवधारणा को विकसित करने में सबसे अधिक सहायक होगा। लोकतन्त्र ''जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन है''। इस परिभाषा को अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने दिया है।

48. Consider the following statements related to the use of social science textbooks in the classroom./कक्षा में सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों के उपयोग से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

A. Textbook should be seen as the only source of knowledge and any deviation from it should be discouraged./ पाठ्य-पुस्तकों को ज्ञान के एकमात्र स्रोत की तरह देखना चाहिए तथा इससे किसी भी तरह के भटकाव को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए।
B. Learners should be encouraged to go beyond the textbook and to read from various other sources./अधिगमकर्ताओं को पाठ्य-पुस्तकों से परे जाकर तथा अन्य विभिन्न स्रोतों से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
C. Textbooks should be used to test the memorization skills of the students./ पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग विद्यार्थियों के याद करने के कौशल की परख करने के लिए होना चाहिए।
D. Teachers should enable students to connect the information given in the textbooks with their own observations./ शिक्षकों को विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों में दी गई सूचना/जानकारी को अपने स्वयं के अवलोकन के साथ जोड़ने के लिए सबल बनाना चाहिए।

Choose the appropriate option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A is true/ केवल A सही है
(b) Only B is true/ केवल B सही है
(c) Only A and C are true/ केवल A और C सही हैं
(d) Only B and D are true/ केवल B और D सही हैं

Ans. (d) : ज्ञान का एकमात्र स्रोत पाठ्य पुस्तके ही नहीं हैं अपितु अधिगमकर्ता व्यवहारिक जीवन से भी ज्ञान को अर्जित करता है। ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से ज्ञानार्जन होता है। आधुनिक तकनीकी युग दूरस्थ शिक्षा का माध्यम चलचित्रों की सहायता से भी विद्यार्थी ज्ञान प्राप्त करता है। विद्यार्थियों के कौशल की परख उनकी रचनात्मकता एवं दैनिक व्यवहार से होती है। पाठ्य पुस्तक में दी गयी सूचना एवं सिद्धान्तो को व्यवहारिक जीवन में प्रयोग को विद्यार्थियों को प्रेरित करना चाहिए।
इस प्रकार कथन B और D सही है।

49. Which of the following activities provide opportunities for developing critical thinking in the area of Indian Constitution?
निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि भारतीय संविधान के क्षेत्र में आलोचनात्मक चिंतन के विकास के अवसर प्रदान/उपलब्ध कराती हैं?

A. Children may be encouraged memorize different Articles of Indian Constitution/ बच्चों को भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों को याद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
B. Children may be provided with case studies in which people struggled to get different rights referred to in the Indian Constitution./ बच्चे को अध्ययन (केस-स्टडी) उपलब्ध करानी चाहिए जिनमें लोग भारतीय संविधान में उल्लिखित विभिन्न अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं।
C. A lawyer may be invited to list important cases in which he was able to win/ वकील को आमंत्रित किया जाना चाहिए उन महत्वपूर्ण मामलों को सूचीबद्ध करने के लिए जिनमें उसे जीत मिली।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Both B and C/ B और C दोनों

Ans. (b) : बच्चों को अध्ययन (केस-स्टडी) उपलब्ध कराना जिनमें लोग भारतीय संविधान में उल्लिखित विभिन्न अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं, भारतीय संविधान के क्षेत्र में आलोचनात्मक चिन्तन के विकास के अवसर उपलब्ध कराती है। किसी विषय वस्तु के गुण, अवगुण, पक्ष-विपक्ष इत्यादि सभी पक्षों पर तटस्थतापूर्वक विचार करना आलोचनात्मक चिन्तन है।

50. Which of the following questions provide opportunities to promote critical thinking skills?
निम्नलिखित में से कौन-से प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन कौशल को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करते हैं?

A. What role does the Constitution play in people's struggle for equality?/ लोगों के समानता के लिए किए गए संघर्ष में संविधान की क्या भूमिका है?
B. What are the different markets through which cotton travels to become a shirt?/ वे कौन-से विभिन्न तरह के बाजार हैं जिनसे गुजरकर कपास एक कमीज बनती है?
C. Who benefits maximum in the production processes of making a shirt?/ एक कमीज बनाने की प्रक्रिया में किसे सबसे अधिक लाभ मिलता है?
D. What is the different between evergreen forests and deciduous forests?/ सदाबहार वनों तथा पर्णपाती वनों में क्या अन्तर है?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A, B and C only/ केवल A, B तथा C
(b) A, B, C and D/ A, B, C तथा D
(c) A and B only/ केवल A तथा B
(d) A and C only/ केवल A तथा C

Ans. (d) : दिए गये प्रश्नों में लोगो के समानता के लिए किए गये संघर्ष में संविधान की क्या भूमिका है ? और एक कमीज बनाने की प्रक्रिया में किसे सबसे अधिक लाभ मिलता है ?, समालोचनात्मक चिन्तन कौशल को बढ़ावा देने के अवसर उपलब्ध कराते हैं। समालोचनात्मक चिन्तन में व्यक्ति चीजों को खुले दिमाग तथा समभाव से देखता है। चिन्तन एक संज्ञानात्मक प्रक्रिया है।

51. A teacher wishes to help elementary stage students to understand elections held recently in her state. She wants students to see this as a component of democratic process. Which of the sources would be appropriate for this?
प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थी हाल ही में राज्य में हुए चुनावों को समझ सकें उसके लिए एक शिक्षिका सहायता करना चाहती है। वह चाहती है कि विद्यार्थी इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तत्व के रूप में देखें। कौन-सा स्त्रोत इसके लिए उपयुक्त रहेगा?

A. News clips containing the details of election results of the state./ राज्य के चुनाव परिणामों के विवरण वाली समाचार क्लिप।
B. Different articles in the Indian Constitution related to conduct of elections./चुनाव कराने से संबंधित भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेद।
C. Video records of election processes made available in YouTube./चुनाव प्रक्रियाओं के वीडियो रिकॉर्ड यू-ट्यूब पर उपलब्ध कराना।
D. Feature films containing episodes related to elections in USA. संयुक्त राज्य अमेरिका में चुनावों से संबंधित प्रसंगों वाली फीचर फिल्में।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A, B, C and D/ A, B, C और D
(c) B, C and D only/ केवल B, C और D
(d) A and C only/ केवल A और C

Ans. (d) : हाल ही में राज्य मे हुए चुनावों को समझाने एवं विद्यार्थियों को इसे लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के तत्व के रूप में दिखाने के लिए शिक्षिका विद्यार्थियों को राज्य के चुनाव परिणामों के विवरण वाली समाचार क्लिप और विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रियाओं के वीडियो रिकार्ड यू-ट्यूब पर उपलब्ध कराना सबसे उपयुक्त स्त्रोत रहेगा।
ध्यातव्य है कि भारतीय संविधान के भाग 15 में अनुच्छेद 324 से 329 तक निर्वाचन से संबंधित प्रावधान किये गये है।

52. Which of the following option is/are most relevant for promoting social science in elementary schools?
सामाजिक विज्ञान को प्रारंभिक विद्यालयों में बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा/से विकल्प सही है/हैं?

A. Provide students with latest information about societal issues so that they will be able to remember./ विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के बारे में नवीनतम सूचना उपलब्ध कराना ताकि वे याद कर सकें।
B. Emphasize social sciences help in laying the foundation for an analytical and creative mind./ विश्लेषणात्मक और रचनात्मक मानस का आधार रखने में सामाजिक विज्ञान एक अनिवार्य स्त्रोत की तरह सहायता करता है, इस पर बल देना।
C. Constantly remind students that every problem in society can be solved by studying different social sciences./ विद्यार्थियों को निरंतर याद दिलाना चाहिए कि समाज में उपस्थित प्रत्येक समस्या को विभिन्न सामाजिक विज्ञानों के अध्ययन से हल किया जा सकता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Both A and B/ A और B दोनों
(b) Only A/ केवल A
(c) Only B/ केवल B
(d) Only A and C/ केवल A और C

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान को प्रारम्भिक विद्यालयों में बढ़ावा देने के लिए विश्लेषणात्मक और रचनात्मक मानस का आधार रखने में सामाजिक विज्ञान एक अनिवार्य स्त्रोत की तरह सहायता करता है, इस पर बल देना चाहिए। इसके अलावा शिक्षण कार्य को समाज से जोड़ा जाना चाहिए। जिससे छात्र-छात्राओ को सामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिल सके।

53. Read the statements and choose the correct option.
कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion A : Teaching social sciences is increasingly becoming complex and challenging./
अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान पढ़ाना उत्तरोत्तर रूप से जटिल एवं चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

Reason R : There is a shortage of professionally equipped social scientists to teach in educational institutions in India.
कथन (R) : भारत के शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने के लिए पेशेवर रूप से प्रशिक्षण समाज वैज्ञानिकों की कमी है।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A./ A और R दोनों सही हैं तथा R सही व्याख्या है A की।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A./ A और R दोनों सही हैं परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true but R is false./A सही है परन्तु R गलत है।
(d) Both A and R are false./A और R दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : अभिकथन A सामाजिक विज्ञान पढ़ाना उत्तरोत्तर रूप से जटिल एवं चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। कथन सत्य है। क्योकि आधुनिकीकरण के कारण निरन्तर विज्ञान एवं तकनीक के विकास ने मानव समाज के स्वस्थ आधार एवं विशिष्टताओं में परिवर्तन ला दिया है।
कारण R सत्य नहीं है क्योकि भारत के शिक्षण संस्थानो में पेशेवर समाज वैज्ञानिको की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद भी सामाजिक विज्ञान पढ़ाना जटिल हुआ है।

54. Which among the following would one use as a primary source for studying how colonial rule impacted the lives of tribal groups in the Indian subcontinent?
औपनिवेशिक शासन ने भारतीय उपमहाद्वीप में जनजातीय समूहों के जीवन को कैसे प्रभावित किया, के अध्ययन के लिए निम्नलिखित में से किसका इस्तेमाल एक प्राथमिक स्त्रोतों के रूप में किया जा सकता है?

(a) A documentary made on the life of Birsa Munda/ बिरसा मुंडा के जीवन पर बना एक वृत्तचित्र।
(b) A historical fiction written by writer Amitav Ghosh/ लेखक अमिताव घोष द्वारा लिखित एक ऐतिहासिक कल्पना (फिक्शन)।
(c) A chapter in a history textbook dedicated to the situation of tribes under colonial rule/ औपनिवेशिक शासन ने जनजातियों की परिस्थिति को समर्पित इतिहास की पाठ्यपुस्तक में एक पाठ।
(d) Songs that were sung by tribes like the Baigas during that period, and documented by anthropologist Verrier Elwin/ उस काल/समय के दौरान बैगा जैसी जनजातियों द्वारा गाए गए और मानवशास्त्री बेरियर ऐल्विन द्वारा प्रलेखित किए हुए गीत।

Ans. (d) : वह यान्त्रिक उपकरण या गवाह जो सम्बन्धित घटना के समय प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित था। उसे प्राथमिक स्त्रोत कहते हैं। परिभाषा से स्पष्ट है कि उस काल/समय के दौरान बैगा जैसी जनजातियों द्वारा गाए गए और मानवशास्त्री बेरियर एल्विन द्वारा प्रलेखित किए हुए गीत, औपनिवेशिक शासन के भारतीय उपमहाद्वीप में जनजातीय समूहो के जीवन को प्रभावित करने के अध्ययन को एक प्राथमिक स्त्रोत के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।
बैगा जनजाति भारत के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और झारखण्ड में पायी जाती है।

55. If a student proposed to develop a project to understand demographic features of a district, which of the following is required as a possibility?
अगर एक विद्यार्थी एक जिले की जनसंख्यकीय विशेषताओं को समझने के लिए एक परियोजना विकसित करने का प्रस्ताव रखता है।
निम्नलिखित में से किसकी संभावना के रूप में आवश्यकता होगी?

(a) Data collected through household survey
घरों के सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित आँकड़े
(b) Data from the Census of India
भारत की जनगणना से आँकड़े
(c) Data can be collected from Patwari/Village Administrative Officer/पटवारी/ग्राम प्रशासनिक अधिकारी से आँकड़े एकत्रित किए जा सकते हैं।
(d) Newspaper reporting about demographic features appeared in the past/अतीत में उभरी जनसांख्यकीय विशेषताओं के बारे में समाचार-पत्र द्वारा दी गई सूचना।

Ans. (b) : जनसांख्यिकीय विशेषताओं को समझने के लिए एक परियोजना विकसित करने हेतु भारत की जनसंख्या आँकड़ों की अति आवश्यकता होगी। जनसांख्यिकी जनसंख्या का सुव्यवस्थित अध्ययन है। इसे जनांकिकी भी कहा जाता है। इससे जनसंख्या को प्रभावित करने वाले आर्थिक, सामाजिक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के बीच सम्बन्धों का अध्ययन किया जा सकता है।

56. Which of the following are important features of Assessment For Learning (AFL) framework?
निम्नलिखित में से कौन-सी अधिगम के लिए आकलन रूपरेखा (AFL) की मुख्य विशेषताएँ हैं?

A. Individual and specific needs of each child are identified/ प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत एवं विशिष्ट आवश्यकताओं को पहचानना।
B. Used for sharing the learning progress with the stakeholders/ हित धारकों के साथ अधिगम प्रगति को साझा करने के लिए उपयोग।
C. Students' learning is assessed against criteria based on learning outcomes/ अधिगम प्रतिफलों पर आधारित मानदण्ड पर विद्यार्थियों के अधिगम को आँकना।
D. Provide scope to observe changes in learning progress over time./ समयानुसार अधिगम प्रगति में परिवर्तनों के अवलोकन के अवसर उपलब्ध करवाना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) B and C only/ केवल B और C
(c) A and C only/ केवल A और C
(d) A and D only/ केवल A और D

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों मे अधिगम के लिए आकलन की मुख्य विशेषताएँ प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत एवं विशिष्ट आवश्यकताओं को पहचानना तथा समयानुसार अधिगम प्रगति में परिवर्तनों के अवलोकन के अवसर उपलब्ध कराना है। अधिगम के लिए आकलन से आशय एक ऐसे उपकरण से है जिससे विद्यार्थी के ज्ञान, कौशल, समझ व मूल्यों को विकसित किया जा सके।

57. Which of the following principles is true with regard to formulation of curriculum and evaluation procedures for students up to elementary stage, as per RTE Act 2009?
शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार प्रारंभिक स्तर तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए पाठ्यचर्या के सूत्रीकरण और मूल्यांकन कार्यविधियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत सही है?

A. Children should not be given unmanageable homework/ बच्चों को उनसे ना संभलने वाला गृहकार्य नहीं देना चाहिए।
B. It needs to promote all round development of the child/ इसे बच्चे के चहुमुखी (सर्वांगीण) विकास को प्रोत्साहन देना चाहिए।
C. Those who give corporal punishment should be given strict warning/ जो शारीरिक दण्ड देते हैं उनको सख्त चेतावनी देनी चाहिए।
D. Direct children to express their views in a disciplined manner/ बच्चों को अनुशासित रूप से अपने विचारों को व्यक्त/प्रकट करने का निर्देश देना चाहिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Only A and D/ केवल A और D
(b) Only B/ केवल B
(c) Only C/ केवल C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (b) : बच्चे के चहुमुखी (सर्वांगीण) विकास को प्रोत्साहन देना, यह सिद्धान्त शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्रारम्भिक स्तर तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए पाठ्यचर्या के सूत्रीकरण और मूल्यांकन कार्यविधियों के सम्बन्ध मे सही है।
शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 जो भारतीय संविधान के 86वें संविधान सशोधन द्वारा लाया गया है। जिसका वर्णन अनुच्छेद 21A के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। जिसे 1 अप्रैल 2010 से लागू किया गया है।

58. Which of the following cannot be used for school-based assessment activities?
विद्यालय-आधारित आकलन गतिविधियों हेतु निम्न में से क्या उपयोग में नही लाया जा सकता है?
(a) Summative assessment/ योगात्मक आकलन
(b) Formative assessment
रचनात्मक निर्माणात्मक आकलन
(c) Diagnostic assessment/ निदानात्मक आकलन
(d) Placement assessment
स्थापन (प्लेसमेंट) आकलन

Ans. (d) : विद्यालय आधारित आकलन गतिविधियों हेतु स्थापन (प्लेसमेंट) आकलन उपयोग में नहीं लाया जा सकता है। योगात्मक आकलन में विद्यार्थी को ग्रेड व परिणाम दिया जाता है। इससे यह पता चलता है कि विद्यार्थी में कितना सुधार किया गया है। रचनात्मक आकलन से विद्यार्थी को पृष्ठपोषण प्रदान किया जाता है। इससे पता चलता है कि उसमे कहाँ सुधार की आवश्यकता है। निदानात्मक आकलन से छात्रों की समस्याओं का निदान किया जाता है।

59. A portfolio assessment requires:-
पोर्टफोलियो आकलन में आवश्यक होते हैं:
A. Collection of students work.
विद्यार्थियों के कार्यों का संग्रह
B. Collection of tests and tasks given by teacher in a given period./ एक निश्चित अवधि में शिक्षक द्वारा दिए गए कार्यों व परीक्षा-पत्रों का संग्रह
C. A criteria to select works/items to be put in portfolio./पोर्टफोलियो में रखे जाने वाले कार्यों/वस्तुओं के चयन हेतु एक मानदण्ड

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A and B/ A तथा B
(b) B and C/ B तथा C
(c) A and C/ A तथा C
(d) All A, B and C/ A, B तथा C सभी

Ans. (c) : पोर्टफोलियो आकलन में विद्यार्थियों के कार्यों का संग्रह और पोर्टफोलियो मे रखे जाने वाले कार्यों एवं वस्तुओं के चयन हेतु मानदण्ड आवश्यक होते है।
पोर्टफोलियो आकलन में व्यवहार की एक श्रृंखला को ध्यान मे रखा जाता है। एक पोर्टफोलियो एक छात्र के काम का व्यवस्थित रूप से संगठित संग्रह है जो एक विशिष्ट अवधि को कवर करता है।

60. Which of the following questions assesses the 'application' skill of learners?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा अधिगमकर्ताओं के अनुप्रयोग कौशल का आकलन करता है?
A. Which gas creates green house effect in the atmosphere?/ वायुमण्डल में कौन-सी गैस हरितगृह प्रभाव (ग्रीन हाउस इफैक्ट) बनाती है?
B. What is air pressure?/ वायुदाब क्या है?
C. Name three types of rainfall.
वर्षा के तीन प्रकारों के नाम बताइए।
D. What is literacy? List five states which have literacy levels beyond the national level
साक्षरता क्या है? राष्ट्रीय साक्षरता दर से अधिक दर वाले पाँच राज्यों की सूची बनाइए।
E. Private health facilities can mean many things./निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के कई पहलू हो सकते हैं।
(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) D and E/ D और E
(d) A and E/ A और E

Ans. (c) : साक्षरता क्या है? राष्ट्रीय साक्षरता दर से अधिक दर वाले पाँच राज्यों की सूची बनाइये? और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के कई पहलू हो सकते है। इन दोनो प्रश्नों से अधिगमकर्ताओं के अनुप्रयोग कौशल का आकलन होता है। दैनिक जीवन में अवधारणाओं और प्रक्रियाओं का उपयोग करना अनुप्रयोग कौशल है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 11 जनवरी, 2022)

1. The Tamil word to describe heads of three ruling families of Cholas, Cheras and Pandyas is.
एक तमिल शब्द जो तीन राजवंशों, चोला, चेरा और पाण्डया के प्रमुखों के लिए प्रयोग होता था, वह है-

(a) Dakshinapatha/दक्षिण पथ
(b) Maha-mandaleshwara/महा-मंडलेश्वर
(c) Rajarajadeva/राजाराजदेवा
(d) Muvendar/मुवेन्दार

Ans. (d) : मुवेन्दार एक तमिल शब्द है जो तीन राजवंशों चोल, चेर और पाण्डया के प्रमुखों के लिए प्रयोग होता था। मुवेन्दार का अर्थ तीन प्रमुख होता है, मुवेन्दारों के बारे में हमें संगम साहित्य से पता चलता है, दक्षिणपथ से आशय दक्षिण की ओर जाने वाले मार्ग से है, महामण्डलेश्वर राज्य के राज्यपाल के समतुल्य एक पद होता था, चोल वंश के प्रतापी शासक राजेन्द्र चोल को राजाराजदेवा कहा जाता था।

2. The Delhi Sultanate policy of 'internal frontier' meant
दिल्ली सल्तनत की 'भीतरी सीमाओं' की नीति क्या थी?

(a) keeping a check on internal rebellions
आंतरिक विद्रोहों पर काबू रखना
(b) conflict over hereditary rights to appoint successor/उत्तराधिकारी नियुक्ति में पैतृक अधिकारों पर संघर्ष
(c) cutting down forests to consolidate the hinterlands/वनों को काट कर शहरों की पृष्ठिभूमि में स्थित भीतरी भूमि का सुदृढ़ीकरण
(d) maintaining a circle of justice for effective control/प्रभावशाली नियंत्रण के लिए न्याय चक्र का निर्माण

Ans. (c) : दिल्ली सल्तनत की 'भीतरी सीमाओं' की नीति के अन्तर्गत वनों को काटकर शहरों की पृष्ठभूमि में स्थित भीतरी भूमि के सुदृढ़ीकरण से था तथा भीतरी भूमि को किसानों को देकर कृषि कार्य को प्रोत्साहित किया गया वहीं भीतरी सीमा का क्षेत्र गंगा और यमुना के दोआब क्षेत्र तक विस्तृत था। भीतरी सीमाओं का अर्थ है गैरीसन कस्बों के भीतरी इलाकों का सुदृढ़ीकरण, दिल्ली के सुल्तानों ने ऐसा कृषि विस्तार हेतु किया था।

3. Read the statements and choose the correct option :
निम्नलिखित वक्तव्यों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।
The farman issued by Aurangzeb granted
औरंगज़ेब द्वारा जारी किये गए फरमान ने स्वीकृत किया-

A. the East India company the right to trade duty free
ईस्ट इंडिया कम्पनी को शुल्क मुक्त व्यापार का अधिकार
B. private traders the right to trade duty free
निजी व्यापारियों को शुल्क मुक्त व्यापार का अधिकार

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ A और B दोनों ही नहीं

Ans. (a) : औरंगजेब द्वारा जारी किए गये फरमान ने इस्ट इण्डिया कम्पनी को शुल्क मुक्त व्यापार को अधिकार स्वीकृत किया, ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना 1600 ई. में हुई यह कम्पनी भारत में व्यापार के लिए आयी लेकिन धीरे-धीरे अपना शासन स्थापित किया, औरंगजेब ने यह अधिकार कम्पनी को 1691 में दिया एवं ईस्ट इण्डिया कम्पनी सबसे पहले 1608 में सूरत बन्दरगाह पर पहुँची थी।

4. In one of the first settled sites Burzahom, traces of cooking hearths have been found
पहले के पुरास्थलों में से एक पुरास्थल बुर्ज़होम में खाना पकाने के लिए चूल्हों के चिह्न मिले हैं-

(a) inside the huts/झोपड़ियों के अन्दर
(b) outside the huts/झोपड़ियों के बाहर
(c) both inside and outside the huts
झोपड़ियों के अन्दर और बाहर दोनों
(d) far away from the huts/झोपड़ियों से दूर

Ans. (c) : बुर्ज़होम में खाना पकाने के चूल्हों के चिन्ह झोपड़ियों के अन्दर और बाहर दोनों ओर मिले हैं, बुर्ज़होम एक पुरास्थल है जो कश्मीर की घाटी में श्रीनगर से उत्तर पूर्व की ओर स्थित है इसे स्थानीय भाषा में 'प्लेस ऑफ विर्च' कहा जाता था ये भूरे रंग के मृदभाण्डों का प्रयोग करते थे। 1936 में बुर्ज़होम की खुदाई प्रारम्भ हुई यह भारत का सबसे उत्तरी उत्खनित नवपाषाण स्थल है।

5. People who made copies of the manuscripts in the medieval courts are known as
वे लोग जो मध्ययुगीन अदालतों में पाँडुलिपियों की प्रतिकृति बनाते थे उन्हें क्या कहते हैं?

(a) calligraphers/सुलेखक
(b) copiers/प्रतिलिपिक
(c) scribes/लिपिक
(d) muralists/भित्तिकार

Ans. (c) : वे लोग जो मध्ययुगीन अदालतों में पाण्डुलिपियों की प्रतिकृति बनाते थे उन्हें लिपिक या नकलनवीस कहते थे इन दिनों छापेखाने नहीं थे इसलिए हाथ से ही पाण्डुलिपिया बनाते थे। पाण्डुलिपि उस दस्तावेज को कहते हैं जो एक या अनेक व्यक्तियों द्वारा हाथ से लिखी गयी। पाण्डुलिपियों को अभिलेखागार या पुस्तकालयों में सुरक्षित रखा जाता था, पर्यटन एवं संस्कृति मन्त्रालय ने 2003 में राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की स्थापना की।

6. Read the statement (A) and (R) and choose the correct option.
Assertion (A) : Hampi was the centre of commercial and cultural activities.
अभिकथन (A) : हम्पी वाणिज्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र था।
Reason (R) : Muslim merchants, Chettis and European traders thronged the markets of Hampi
कारण (R) : हम्पी के बाजारों में मूरों (मुस्लिम सौदागरों के लिए सामूहिक रूप से प्रयुक्त नाम), चेट्टियों और यूरोपीय व्यपारियों का जमघट लगा रहता था।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) is false, but (R) is true.
(A) गलत है परन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : (A) तथा (R) दोनों कथन सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की, क्योंकि हम्पी वाणिज्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र था। तथा हम्पी के बाजारों में मूरों (मुस्लिम सौदागरों के लिए सामूहिक रूप से प्रयुक्त नाम) चेट्टियो और यूरोपीय व्यापारियों का जमघट लगता था हम्पी को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है। यह तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित है यह 1336 से 1365 तक यह शहर विजयनगर साम्राज्य की राजधानी था।

7. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option.
भारत में ब्रिटिश राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए।
Assertion (A) : East India company introduced Permanent Settlement and Mahalwari Settlement in their territories.
अभिकथन (A) : ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने राज्यक्षेत्र में स्थायी बंदोस्त और महालवारी बंदोबस्त लागू किए।
Reasoning (R) : these settlements were required to improve the agricultural practices, particularly irrigation system.
कारण (R) : इन बंदोबस्त को कृषि पद्धति में खासकर सिंचाई व्यवस्था में सुधार की ज़रुरत थी।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : अभिकथन ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने अपने राज्य क्षेत्र में स्थायी बन्दोबस्त और महालवाड़ी बन्दोबस्त लागू किए सही है क्योंकि स्थाई बन्दोबस्त लार्ड कार्नवालिस द्वारा 22 मार्च, 1723 को लागू किया गया इसे इस्तमरारी बन्दोबस्त के नाम से भी जाना जाता है। महालवाड़ी व्यवस्था ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा 1822 में उत्तर प्रदेश पंजाब और मध्य प्रदेश में लागू की गयी ईस्ट इण्डिया कम्पनी 1608 में सूरत में पहली बार आयी।
कारण (R) सही नही है क्योंकि स्थायी बन्दोबस्त और महालवाड़ी बन्दोबस्त दोनों भू-राजस्व से सम्बन्धित थे न कि सिंचाई व्यवस्था से।

8. Which of the following statement(s) is/are true about Ahoms during the medieval period?
निम्नलिखित कथनों में कौन (सा/से) कथन मध्ययुगीन काल के दौरान अहोम के बारे में सही (है/हैं)?

A. They are migrants from present - day Myanmar/वह मौजूदा/वर्तमान म्यांमार से आये हुए प्रवासी हैं।
B. Ahom state depended on voluntary service for their army/अहोम राज्य उनकी सेना के लिए स्वेच्छिक सेवा पर निर्भर था।
C. Village communities played a crucial role in distributing land to peasants./ग्रामीण समुदायों ने कृषकों को ज़मीन वितरण में निर्णायक भूमिका निभाई।
Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A/केवल A (b) B and C/B और C
(c) A and B/A और B (d) A and C/A और C

Ans. (d) : अहोम मौजूदा/वर्तमान म्यामार से आए हुए प्रवासी हैं और ग्रामीण समुदाय ने कृषकों को जमीन वितरण में निर्णायक भूमिका निभाई दोनों कथन सत्य हैं। अहोम दक्षिण चीन की मोंग माओ या म्यामार की हुकावे घाटी में पाये जाते है तथा अहोम लोग ताई जाति के वंशज हैं। ब्रिटिश लोगों ने अहोम राजाओं के साथ यांडूबू की सन्धि की यह सन्धि 1826 में प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध के बाद हुई।

9. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनें-

(A) Pandita Ramabai founded a widows' home a Poona to provide shelter to widows./पण्डिता रमाबाई ने पूना में एक विधवागृह की स्थापना की जहाँ विधवा महिलाओं को पनाह दी जाती थी।

(B) Pandita Ramabai was a great scholar of Sanskrit./पण्डिता रमाबाई संस्कृत की प्रकाण्ड विदूषी थीं।

(C) Pandita Ramabai wrote a book about the miserable lives of lower-caste women./पण्डिता रमाबाई ने निम्न जाति की महिलाओं की दुर्दशा पर एक किताब लिखी थी।

(a) (A), (B) and (C) are correct/A, B, एवं C सही हैं
(b) (A), and (B) are correct/A एवं B सही हैं
(c) (A) and (C) are correct/A एवं C सही हैं
(d) (B) and (C) are correct/B एवं C सही हैं

Ans. (b) : पण्डिता रमाबाई ने पूना में विधवागृह की स्थापना की जहाँ विधवा महिलाओं को पनाह दी जाती थी तथा पण्डिता रमाबाई संस्कृत की प्रकाण्ड विदूषी थी दोनों कथन सत्य हैं तथा 1919 में ब्रिटिश सरकार में इनको ''कैसर-ए-हिन्द'' से नवाजा था। इनका जन्म मैसूर रियासत के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था इनके पति की मौत के बाद इन्होंने आर्य महिला समाज की स्थापना की। रमाबाई ने 'विपिन बिहारी' नामक दलित जाति के एक वकील से विवाह किया था। 1883 में वे इग्लैण्ड गयी और ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया।

10. Which among the following tried to show through his/her writings that the practice of widow burning had no sanction in ancient texts?
निम्नलिखित में से किसने अपने लेखन द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि प्राचीन ग्रंथों में विधवाओं को जलाने की अनुमति कहीं नहीं दी गई है।
Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Ishwarchandra Vidyasagar/ईश्वरचंद्र विद्यासागर
(b) Pundita Rama Bai/पण्डिता रमाबाई
(c) Raja Rammohan Roy/राजा राममोहन रॉय
(d) Dayananda Saraswati/दयानन्द सरस्वती

Ans. (c) : राजाराममोहन राय ने अपने लेखन द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि प्राचीन ग्रन्थों में विधवाओं को जलाने की अनुमति नहीं दी गयी थी। नवम्बर 1830 में वे सती प्रथा सम्बन्धी अधिनियम पर प्रतिबन्ध लगाने से उत्पन्न सम्भावित अशान्ति का प्रतिकार करने के उद्देश्य से इग्लैण्ड गये थे तथा 1829 में विलियम वेंटिक की मदद से वे सती प्रथा निरोधक कानून बनवाने में सफल हुए थे। राजा राम मोहन राय को आधुनिक भारत के पुनर्जागरण का पिता कहा जाता है।

11. Which among the following practices was used by Nineteenth century reformers to challenge a harmful practice that existed in the society?
निम्नलिखित में से कौन-से तरीके का प्रयोग उन्नीसवीं शताब्दी के सुधारकों ने समाज में फैली (व्याप्त) हानिकारक प्रथा को चुनौती देने के लिए किया?

(a) Staging a dharna against such practices./प्रथाओं के विरुद्ध (विरोध में) धरना देने का।
(b) Name calling the people who were following such practices./जो लोग इन प्रथाओं का अनुसरण करते थे उनको विशेष नाम से पुकारना
(c) Point out a verse or sentence in the ancient sacred texts that supported their point of view./प्राचीन धार्मिक ग्रंथों से ऐसे श्लोक या वाक्य संदर्भित करने का प्रयास करते थे जो उनकी सोच का समर्थन करते हों
(d) Eulogizing the practices of the western societies./पश्चिमी समाजों की प्रथाओं/रीति-रिवाजों का गुणगान करना

Ans. (c) : उन्नीसवीं शताब्दी के सुधारकों ने समाज में फैली (व्याप्त) हानिकारक प्रथा को चुनौती देने के लिए प्राचीन धार्मिक ग्रन्थों से ऐसे श्लोक या वाक्य सन्दर्भित करने का प्रयास करते थे जो उनकी सोच का समर्थन करते हों ऐसे सुधारकों में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, राजा राममोहन राय, स्वामी दयानन्द, आत्माराम पाण्डुरंग, देवेन्द्रनाथ टैगोर, गोपालकृष्ण गोखले इत्यादि थे।

12. Dadabhai Naoroji was a great publicist. Which of the following is a correct explanation of the term 'publicist'?
दादा भाई नौरोजी एक बहुत बड़े 'पब्लिसिस्ट' थे। निम्न में से कौन-सा ''पब्लिसिस्ट'' शब्द को सही से अभिव्यक्त करता है?

(a) Someone who writes in daily newspapers.
वह जो दैनिक समाचार में लेख लिखता हो।
(b) Someone who publicises ideas through various means./वह जो किसी विचार को विभिन्न माध्यम से प्रसारित करता हो।
(c) Someone who is very popular in his circle.
वह जो अत्यंत लोकप्रिय हो।
(d) Someone who holds a public post.
वह जो किसी सार्वजनिक पद पर आसीन हो।

Ans. (b) : दादाभाई नौरोजी एक बहुत बड़े 'पब्लिसिस्ट' थे। इसमें 'पब्लिसिस्ट' शब्द को अभिव्यक्त करने वाला कथन - वह जो किसी विचार को विभिन्न माध्यम से प्रसारित करता हो, पब्लिसिस्ट का शाब्दिक अर्थ है - पत्रकार, प्रचारक या अखबारनवीस दादाभाई नौरोजी को 'भारत का वयोवृद्ध पुरुष कहा जाता है। ''रास्त गफ्तार' नामक प्रमुख पत्र का सम्पादन तथा संचालन इन्होंने किया था। 'पावर्टी ऐंड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया'' पुस्तक की रचना इन्होंने की थी।

13. Match the two columns which show different events and organizations, and the year of formation
दो कॉलम का सुमेल कीजिए जो विभिन्न घटनाओं, संगठनों के निर्माण/स्थापना एवं साल को दर्शा रहे हैं और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	**Rowlatt Satyagraha/रॉलट सत्याग्रह**	**(i)**	**1928**
B.	**Hindustan Socialist Republic Organization/ हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक संगठन**	**(ii)**	**1925**

C. Communist Party of India/ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (iii) 1929

D. Announcement of Purna Swaraj/ पूर्ण स्वराज की घोषणा (iv) 1919

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन करें।

(a) A-(ii), B-(iv), C-(i) and D-(iii)
(b) A-(i), B-(ii), C-(iv) and D-(iii)
(c) A-(iv), B-(i), C-(ii) and D-(iii)
(d) A-(i), B-(iv), C-(ii) and D-(iii)

Ans. (c) :

कालम A		कालम B	
(A)	रॉलेट सत्याग्रह	(iv)	1919
(B)	हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक संगठन	(i)	1928
(C)	भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी	(ii)	1925
(D)	पूर्ण स्वराज की घोषणा	(iii)	1929

रॉलेट सत्याग्रह महात्मा गाँधी के द्वारा शुरू किया गया था। हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एशोसिएशन की स्थापना फिरोज शाह कोटला मैदान (दिल्ली) में हुई इसका उद्देश्य सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम अंग्रेजी सत्ता का सूर्य अस्त करना था, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसम्बर 1925 को कानपुर नगर में एम.एम. राय ने की थी। 31 सितम्बर, 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की घोषणा हुई थी जिसकी अध्यक्षता प. जवाहर लाल नेहरू ने की थी।

14. Who said the following statement in the context of formation of states after India's Independence? "Everything which helps the growth of nationalism has to go forward and everything which throws obstacles in its way has to be rejected..... We have applied this test to linguistic provinces also, and by this test, in our opinion(they) cannot be supported."
स्वतंत्र भारत में राज्यों के गठन के संदर्भ में निम्न कथन किस ने दिया था?
''राष्ट्रवाद की बढ़ावा देने वाली हर चीज़ आगे बढ़नी चाहिए और उसके रास्तें में रुकावट डालने वाली हर चीज़ को खारिज कर दिया जाना चाहिए।..... हमने यही कसौटी भाषायी प्रांतों पर भी अपनाई है और इस कसौटी के हिसाब से हमारी राय में (इस माँग को) समर्थन दिया जा सकता''।

(a) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(b) B.R.Ambedkar/बी. आर. अम्बेडकर
(c) M.K. Gandhi/मोहनदास करमचंद गाँधी
(d) Sardar Vallabhbhai Patel/सरदार वल्लभभाई पटेल

Ans. (d) : स्वतन्त्र भारत में राज्यों के गठन के सन्दर्भ में यह कथन सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था। प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू और उप प्रधानमन्त्री वल्लभभाई पटेल दोनों ही भाषा के आधार पर राज्यों की गठन की नीति के विरोधी थे तथा 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आश्वासन दिया था कि जैसे ही देश आजाद होगा प्रत्येक बड़े भाषायी समूह का अपना अलग प्रान्त होगा।

15. Consider these sentences in the context of planet earth.
पृथ्वी के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें।

A. The axis of earth makes an angle of $66\frac{1}{2}°$ with its orbital plane.
पृथ्वी का कक्षीय समतल के साथ इसका अक्ष $66\frac{1}{2}°$ का कोण बनाता है।

B. Revolution is the movement of the earth on its axis.
पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना परिक्रमण कहलाता है।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) (A) is true and (B) is false
(A) सही है तथा (B) गलत है
(b) (A) is false and (B) is true
(A) गलत है (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are true
(A) तथा (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are false
(A) तथा (B) दोनों गलत हैं

Ans. (a) : (A) सही है तथा (B) गलत है क्योंकि पृथ्वी आकार में पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है, पृथ्वी का अक्ष उसके कक्ष-तल पर बने लम्ब से $23\frac{1}{2}°$ झुका हुआ है, दूसरे शब्दों में पृथ्वी का अक्ष पृथ्वी की कक्षा-तल से $66\frac{1}{2}°$ का कोण बनाता है, जब पृथ्वी सूर्य के चारो ओर घूमती है इसे परिभ्रमण कहते है और जब पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है तो इसे परिक्रमण कहते हैं।

16. How many degrees does the earth rotate in an hour?
पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घंटे में कितने डिग्री (कोण) घूमती है?

(a) 90° (b) 60°
(c) 30° (d) 15°

Ans. (d) : पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घण्टे में 15° घूमती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर (लट्टू की तरह) घूमने में 24 घण्टे समय लेती है जिसे परिभ्रमण या घूर्णन कहते है। पृथ्वी 1 घूर्णन में 360° का कोण बनाती है।
∵ पृथ्वी 24 घण्टे समय लेती है 1 घूर्णन या 360° का कोण बनाने में तो

$\therefore$ 1 घण्टे मे कोण बनाएगी $= \frac{360°}{24 \text{ घंटे}} = 15°$

17. Consider the following statements A, B and C about longitudes and latitudes and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर देशान्तरों व अक्षांशों के संदर्भ में विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) Longitudes are parallel circles.
अक्षांश समांतर वृत्त होते हैं।

(B) Latitudes are parallel circles.
देशांतर समांतर वृत्त होते हैं।

(C) Longitudes are semi-circles.
देशांतर अर्धवृत्त होते हैं।

(a) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) तथा (B) सत्य हैं।
(b) Both (B) and (C) are true
दोनों (B) तथा (C) सत्य हैं।
(c) Both (A) and (C) are true
दोनों (A) तथा (C) सत्य हैं।
(d) Only (B) is true/केवल (B) सत्य है।

Ans. (c) : अक्षांशों के सन्दर्भ में (A) तथा (C) दोनों कथन सत्य हैं, क्योंकि अक्षांश रेखाएँ रेखा न होकर बल्कि यह एक वृत्त है जो पृथ्वी को चारो तरफ घेरती हैं, जबकि देशान्तर रेखाएँ वृत्त न होकर बल्कि रेखाएँ हैं जो एक ध्रुव से शुरू होकर दूसरे ध्रुव पर समाप्त हो जाती हैं एवं देशांतर अर्धवृत्त होते हैं।

कुछ महत्वपूर्ण रेखाओं का विशेष नाम-

1.	23.5° उत्तरीय अक्षांश	कर्क रेखा
2.	23.5° दक्षिणी अक्षांश	मकर रेखा
3.	90° उत्तरी अक्षांश	आर्कटिक वृत्त
4.	90° दक्षिणी अक्षांश	दक्षिणी ध्रुव
5.	0° अक्षांश	विषुवत वृत्त या भूमध्य रेखा
6.	0° देशान्तर	ग्रीनविच रेखा (प्रधान याम्योत्तर रेखा)

नोट- आयोग ने इसका उत्तर (b) माना है परन्तु इस प्रश्न का उत्तर (c) होगा।

18. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) By measuring the angle of the pole star from your place you can know the latitude of your place./अपने स्थान से ध्रुव तारे का कोण मापकर आप अपने स्थान का अक्षांश जान सकते हैं।
(B) To fix the position of a place on earth one needs to know the latitude and longitude of that place./पृथ्वी पर किसी स्थान की स्थिति बताने के लिए उस स्थान के अक्षांश व देशांतर की जानकारी होने की आवश्यकता है।
(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/दोनों (A) तथा (B) सत्य हैं परन्तु (B), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)/दोनों (A) तथा (B) सत्य हैं किन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) true, but (B) is false
(A) सत्य है पर (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है पर (B) सत्य है।

Ans. (b) : दोनों कथन सत्य हैं लेकिन कथन (B) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। हम अपने स्थान से ध्रुव तारे का कोण मापकर अपने अक्षांश को जान सकते हैं क्योंकि पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के ठीक ऊपर ध्रुव तारा है जो क्षितिज से 90° ऊपर है और यदि हम भूमध्य रेखा पर हैं तो ध्रुव तारा नही देखा जा सकता क्योंकि हमारी स्थिति 0° पर है। ध्रुव तारे को उत्तर का तारा भी कहा जाता है।
अक्षांश और देशान्तर से पृथ्वी पर किसी स्थान की स्थिति बताई जाती है। जैसे भारत की स्थिति पृथ्वी पर - 8°4' से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68° से 97°25' पूर्वी देशान्तर है।

19. Which among the following is not a source of fresh water?
निम्न में से कौनसा अलवण जल का स्त्रोत नहीं है।

(a) Ocean/महासागर (b) Rivers/नदियाँ
(c) Ponds/ताल (d) Glaciers/हिमनद

Ans. (a) : महासागर अलवण जल का स्रोत नही है। नदियाँ, ताल, हिमनद और भू-जल अलवण जल के मुख्य स्रोत है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का केवल 2.7% ही अलवण जल है जो पृथ्वी की सतह का $3/4$ भाग जल से अच्छादित है इस जल का 97.3% भाग महासागरों में रहता है। अलवणीय जल मीठा जल होता है जो पीने योग्य होता है, पानी में घुले नमक की मात्रा को लवणता कहते हैं।

20. Read the following statements A, B and C and choose the statements that are acts of endogenic Force
निम्नलिखित कथनों A, B और C को पढ़िए तथा उन कथन/कथनों का चयन कीजिए जो अंतर्जनित बलों के कार्य हैं-

(A) 'There was an earthquake in Afghanistan at 6.00 am today'./''आज सुबह 6:00 बजे अफगानिस्तान में भूकंप आया था''।
(B) 'Mount Fuji has been throwing up lava'./''माऊण्ट फ़्यूजी लावा फेंके जा रहा है''।
(C) 'The glacial moraines have left a trail of deposits at Zermatt.'/''हिमनद हिमोद (मोरेन) ने जर्मेट पर निक्षेपों के निशान छोड़े हैं''।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only A and C/केवल A और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (a) : ''आज सुबह 6:00 बजे अफगानिस्तान में भूकम्प आया'' और ''माउण्ट फ्यूजी लावा फेंके जा रहा है'' ये दोनों क्रियाए अंतर्जनित बल के कारण हो रही है जो बल पृथ्वी के आन्तरिक भाग में घटित होते हैं अंतर्जनित बल कहलाते हैं। अंतर्जनित बलों के कारण भ्रंशन, वलन, भूकम्प इत्यादि क्रियाएँ होती हैं जो बल पृथ्वी की सतह पर उत्पन्न होते हैं उन्हें बर्हिजनित बल कहते हैं।

21. Consider the following statements (A), (B) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) Landforms are found over the continents, not on the ocean floors/स्थलाकृतियाँ महाद्वीपों पर पाई जाती हैं ना कि महासागर की सतह पर।
(B) Natural environment refers to only biotic conditions existing on the earth/प्राकृतिक वातावरण से तात्पर्य पृथ्वी पर पाई जाने वाली केवल जीवीय परिस्थितियों से हैं।
(C) Human environment refers to the activities, creations and interactions among human beings/मानवीय वातावरण से तात्पर्य मनुष्य की परस्पर क्रियाओं, उनकी गतिविधियों एवं उनके द्वारा बनाई गई रचनाओं से है।

(a) Only A is true/केवल (A) सही है।
(b) Only B is true/केवल (B) सही है।
(c) Only C is true/केवल (C) सही है।
(d) Only (B) and (C) are true
केवल (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : मानवीय वातावरण से तात्पर्य मनुष्य की परस्पर क्रियाओं, उनकी गतिविधियों एवं उनके द्वारा बनाई गयी रचनाओं से है। केवल यही कथन सत्य है क्योंकि स्थलाकृति ग्रह विज्ञान की एक शाखा है जिसके अन्तर्गत पृथ्वी या किसी अन्य ग्रह, क्षुद्र ग्रह, उपग्रह के सतह के आकार एवं आकृतियों का अध्ययन होता है। प्राकृतिक वातावरण से तात्पर्य पृथ्वी पर पायी जाने वाली केवल जीवीय परिस्थिति से नहीं है अपितु वह सब कुछ जो मानव निर्मित नही है प्राकृत वातावरण के अन्तर्गत आएगा। भूमि, हवा, पानी, पौधे सभी प्राकृतिक वातावरण में सम्मिलित है।

22. Assertion (A) : High tides help in navigation
अभिकथन (A) : उच्च ज्वार नौसंचालन में सहायक होता है।

Reason (R) : High tides raise the water level close to the shore and help ships to arrive at the harbour more easily.
कारण (R) : उच्च ज्वार जल स्तर को तट की ऊँचाई पहुँचाते हैं जो जहाज को बंदरगाह तक पहुँचाने में सहायक होते हैं।

Choose the correct option from the following/निम्न में से सही कथन का चुनाव करें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/दोनों (A) और (R) सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false
(A) सही है तथा (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : A और R दोनों सही है और R सही व्याख्या करता है A की। ज्वार-भाटा चन्द्रमा और सूर्य के पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण बल के खिचाव के कारण उत्पन्न होता है। अमावस्या और पूर्णिमा के दिन सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी एक सीध में होते है अतः ज्वार सामान्य से 20% अधिक होता है इसे ही दीर्घ या उच्च ज्वार कहा जाता है, उच्च ज्वार नौसंचालन में सहायक होता है। जल स्तर बढ़ जाने के कारण जहाज को बन्दरगाह तक पहुँचाने में सहायक होते हैं।

23. As we go up the layers of the atmosphere
जैसे-जैसे हम वायुमंडल की परतों में ऊपर जाते हैं-
(a) the pressure increase but the temperature decreases/दबाव बढ़ता है, लेकिन तापमान कम होता जाता है।
(b) the pressure decreases but the temperature increases/दबाव कम होता है, लेकिन तापमान बढ़ता जाता है।
(c) the pressure and the temperature remain the same/दबाव और तापमान सामान रहते हैं।
(d) The pressure decreases but the change in temperature varies/दबाव कम होता जाता है, लेकिन तापमान में परिवर्तन होता रहता है।

Ans. (d) : जैसे-जैसे हम वायुमण्डल की परतों में ऊपर जाते हैं दबाव कम होता जाता है, लेकिन तापमान में परिवर्तन होता है। तापमान में यह परिवर्तन ह्रास के रूप में होता है, वायुमण्डल में पाँच परत पायी जाती है– क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, आयन मण्डल और बर्हिमण्डल। क्षोभमण्डल में प्रति 165 मीटर की ऊँचाई पर तापमान 1°C घटता है, समतापमण्डल में तापमान स्थिर रहता है और 20 किमी. के बाद बढ़ने लगता है तथा मध्यमण्डल में ऊँचाई के साथ तापमान घटने लगता है।

24. Read the following statements for physical features of India and choose the correct options:
भारत मे भौतिक रूपकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन कीजिए।
(A) Many popular hill stations are situated in middle Himalaya./बहुत से लोकप्रिय पहाड़ी स्थान मध्य हिमालय में स्थित हैं।
(B) Northern plains are highly populated areas because river plains have fertile land for cultivation./उत्तरी मैदान घनी आबादी वाले क्षेत्र होते हैं क्योंकि नदियों के मैदानों में उपजाऊ भूमि होती है कृषि के लिए।
(C) Western ghats are rich in minerals and are highly populated./पश्चिमी घाट में खनिजों की प्रचुरता है और यह घनी आबादी वाले हैं।
(a) Only A is correct/केवल (A) सही है।
(b) Only B is correct/केवल (B) सही है।
(c) Only A and B are correct
केवल (A) और (B) सही हैं।
(d) Only B and C are correct
केवल (B) और (C) सही हैं।

Ans. (c) : भारत के भौतिक रूपकों के सन्दर्भ में बहुत से लोकप्रिय पहाड़ी स्थान मध्य हिमालय में स्थित है और उत्तरी मैदान घनी आबादी वाले क्षेत्र होते हैं क्योंकि नदियों के मैदान कृषि भूमि के लिए उपजाऊ हैं। हिमालय पर्वत तन्त्र महान हिमालय, मध्य हिमालय और शिवालिक से मिलकर बना है मध्य हिमालय को लघु हिमालय भी कहा जाता है एवं उत्तरी मैदान सिन्धु गंगा तथा ब्रह्मपुत्र इन नदियों से बना है। समृद्ध मृदा आवरण, पर्याप्त पानी एवं कृषि के लिए उपयुक्त होने के कारण भारत का सबसे सघन बसा क्षेत्र है। भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पर्वत शृंखला को पश्चिमी घाट कहते हैं।

25. Uranium found in Ladakh is an example of which kind of resource?/लद्दाख में पाया गया यूरेनियम किस तरह का संसाधन है?
(a) Ubiquitous/सर्वव्यापक
(b) Potential/संभाव्य
(c) Actual/वास्तविक
(d) Renewable/नवीकरणीय

Ans. (b) : लद्दाख में पाया गया यूरेनियम सम्भाव्य संसाधन है क्योंकि लद्दाख में मौजूदा यूरेनियम की सम्पूर्ण मात्रा निर्धारित नहीं की जा सकती। सम्भाव्य संसाधन ऐसे संसाधन को कहा जाता है जिनका वर्तमान में उपयोग नहीं किया जा रहा है परन्तु निकट भविष्य में इनका उपयोग किया जा सकता है।

26. Consider the following statements and choose the correct option./निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) An economically developed country could be a densely populated country./आर्थिक रूप से विकसित देश सघन जनसंख्या वाला देश हो सकता है।

(B) More women in population's base necessarily indicates their better status in society./जनसंख्या के आधार पर महिलाओं का आधिक्य अनिवार्य रूप से समाज में उनकी बेहतर स्थिति को दर्शाता है।

(C) Population pyramid is a tool to study the population composition of a country./किसी देश की जनसंख्या संघटन का अध्ययन करने के लिए जनसंख्या पिरामिड एक साधन है।

(a) Both (A) and (B) are correct.
(A) तथा (B) दोनों सही हैं।

(b) Both (B) and (C) are correct.
(B) और (C) दोनों सही हैं।

(c) Both (A) and (C) are correct.
(A) तथा (C) दोनों सही हैं।

(d) Only (C) is correct./केवल (C) सही है।

Ans. (c) : आर्थिक रूप से विकसित देश सघन जनसंख्या वाला हो सकता है क्योंकि वृहद स्तर पर औद्योगीकरण के कारण पर्याप्त रोजगार सृजन होता है जो मनुष्य की आजीविका का स्रोत है यही कारण है कि अल्पविकसित देशों से लोग विकसित देशों की ओर पलायन करते हैं। जनसंख्या पिरामिड एक देश की जनसंख्या की आयु, लिंग संरचना को दर्शाता है जो देश की जनसंख्या संघटन का अध्ययन करने का एक साधन है, जनसंख्या पिरामिड में कुल जनसंख्या का वर्गीकरण होता है।

27. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Agricultural activity is concentrated in those regions of the world where suitable factors for the growing of crops exist./कृषि क्रियाकलाप विश्व के उन्ही प्रदेशों में संकेन्द्रित हैं जहाँ फसल उगाने के लिए उपयुक्त कारक विद्यमान हैं।

(B) Wool, dairy and poultry products are considered output of agricultural system/ऊन, डेरी तथा कुक्कुट उत्पाद कृषि तंत्र के निर्गतों के अंतर्गत आते हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is true./केवल (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true.
दोनों (A) तथा (B) सही हैं।

(d) Neither (A) nor (B) is true.
न तो (A) और न ही (B) सही हैं।

Ans. (c) : कृषि क्रियाकलाप विश्व के उन्हीं प्रदेशों में संकेन्द्रित है, जहाँ फसल उगाने के उपयुक्त कारक विद्यमान हैं। कथन सही है। किसी भी क्षेत्र में फसल उत्पादन के उपयुक्त कारक मिट्टी, जलवायु, मौसम आदि भौतिक कारक है इसके अतिरिक्त कृषि नीति, प्रौद्योगिकी में सुधार फसल उत्पादन के महत्वपूर्ण कारक हैं।
ऊन, डेरी, कुक्कुट उत्पाद कृषि तन्त्र के निर्गतों के अन्तर्गत आते हैं। उत्पादन की क्रिया में उत्पादन के साधनों को आगत तथा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं को निर्गत कहते हैं।

28. Which of the following language belongs to the Tibeto-Burman family?
निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा तिब्बत-बर्मा परिवार से संबंधित है?

(a) Assamese/असमिया (b) Persian/फ़ारसी
(c) Sindhi/सिंधी (d) Khasi/खासी

Ans. (d) : खासी भाषा तिब्बत-बर्मा परिवार से सम्बन्धित है यह पूर्वोत्तर भारत के मेघालय राज्य में खासी समुदाय द्वारा बोली जाती है, खासी भाषा की अपनी कोई लिपि नहीं है एवं असमिया भारत के असम प्रान्त की आधिकारिक भाषा तथा असम में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है, फारसी ईरान देश की भाषा है। ईरान के एक प्रान्त फारस के निवासियों ने इस भाषा को फैलाया। सिन्धी भारत के पश्चिमी हिस्से और मुख्य रूप से सिन्ध प्रान्त में बोली जाने वाली भाषा है।

29. Social advertising refers to ---------- .
सामाजिक विज्ञापन संकेत करता है ____

(a) making advertisement at social gatherings
सामाजिक सभाओं में जाकर विज्ञापन बनाने की तरफ

(b) bringing people from different sections of society in creating advertisements/विज्ञापन बनाने में समाज के भिन्न भागों के लोगों को शामिल करने की तरफ

(c) creating advertisement with a social message
सामाजिक सन्देश वाले विज्ञापन बनाने की तरफ

(d) making advertisement on social functions
सामाजिक समारोहों में विज्ञापन बनाने की तरफ

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञापन, सामाजिक सन्देश वाले विज्ञापन बनाने की तारीफ करता है ऐसा विज्ञापन जो सामाजिक कल्याण हेतु समाज के किसी बड़े संदेश का प्रसारण किया जाता है सामाजिक विज्ञापन कहलाता है। सामाजिक विज्ञापन जन जागरण हेतु किया जाता है।

30. Consider the following statements A and B select the answer from the alternatives given below-
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) पर विचार कीजिए तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. There are two or more levels of government/सरकार के दो या दो से अधिक स्तर होते हैं।

B. Each level has its own jurisdiction in matters of legislation, taxation and administration/क़ानून, कराधान और प्रशासन के मामले में प्रत्येक स्तर का अपना अधिकार क्षेत्र होता है

(a) A is true and B is false
A सत्य है लेकिन B असत्य है

(b) Both A and B are true/A और B दोनों सत्य हैं

(c) Both A and B are false/A और B दोनों असत्य हैं

(d) A is false and B is true
Aअसत्य है लेकिन B सत्य है

Ans. (b) : सरकार के दो या दो से अधिक स्तर होते हैं तथा कानून, कराधान और प्रशासन के मामले में प्रत्येक स्तर पर अपना अधिकार क्षेत्र होता है, दोनों कथन सत्य है। सरकार के केन्द्रीय स्तर या राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर तथा स्थानीय स्तर होते हैं। कराधान और प्रशासन के मामले में प्रत्येक स्तर की सरकार कानूनन अलग-अलग अधिकृत है, जैसे केन्द्र सरकार प्रत्यक्ष कर, निगम कर इत्यादि का संग्रह करती है। राज्य सरकार - भू-राजस्व कर, मनोरंजन कर, स्टाम्प कर इत्यादि का संग्रह करती है इसी प्रकार सरकार के प्रत्येक स्तर पर कार्यों का भी वितरण किया गया है।

31. Which of the following taxes are collected by administrative organs of the local governments in India?/निम्नलिखित में से कौन-से कर भारत में स्थानीय सरकार के प्रशासनिक अंगों द्वारा एकत्रित किया जाता है?

A. Goods and Services Tax/वस्तु एवं सेवा कर
B. Water tax/जल कर
C. Property tax/संपत्ति कर
D. Income tax/आय कर

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A and B/A और B
(d) B and C/B और C

Ans. (d) : सम्पत्ति कर और जल कर भारत में स्थानीय सरकार के प्रशासनिक अंगों द्वारा एकत्र किया जाता है। सम्पत्ति कर मुख्यतः भूमि, भूमि सुधार, घर, मकान, दुकान इत्यादि पर लागू होता है एवं वस्तु एवं सेवा कर (GST) और आयकर केन्द्र सरकार द्वारा एकत्र किया जाता है। वस्तु एवं सेवा कर एक अप्रत्यक्ष कर है यह भारत में 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ, सम्पत्ति कर और आयकर प्रत्यक्ष कर है तथा निगम कर और उपहार कर भी प्रत्यक्ष कर के उदाहरण है।

32. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option/A और R कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Goods are cheap in the weekly markets/साप्ताहिक बाज़ारों में सामान सस्ता होता है।
(R) There are more shops selling the same goods in the weekly market, hence there is more competition/साप्ताहिक बाज़ार में ज़्यादातर दुकानें एक जैसा सामान बेचती हैं अतः ज़्यादा प्रतिस्पर्द्धा होती है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : साप्ताहिक बाजारों में सामान सस्ता होता है यह कथन सत्य है क्योंकि साप्ताहिक बाजार सप्ताह के किसी एक विशेष दिन एक विशेष स्थान पर आयोजित किया जाता है कथन R भी सही है और A की सही व्याख्या करता है क्योंकि साप्ताहिक बाजार में सामान सस्ता होने का दूसरा कारण ज्यादातर दुकाने एक जैसा सामान बेचती हैं अतः ज्यादा प्रतिस्पर्द्धा होती है, साप्ताहिक बाजार में रोजमर्रा के जरूरत की चीजें बिकती हैं।

33. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option/A और R कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Goods sold in a permanent shop are usually costlier than goods sold in the weekly markets./पक्की दुकानों में बेचे जाने वाला सामान आमतौर पर साप्ताहिक बाज़ारों में बेचे जाने वाले सामान से महँगा होता है।
(R) Permanent shops incur a lot of expenditure in the form of rent, electricity bill, workers' wage etc./पक्की (स्थायी) दुकान को कई तरह के खर्चे जोड़ने होते हैं, दुकानों के किराए, बिजली के बिल, कर्मचारियों की तनख्वाह के रूप में।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (A) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है A की। पक्की दुकानों में बेचे जाने वाले सामान आमतौर पर साप्ताहिक बाजार में बेंचे जाने वाले सामान से मंहगे होते हैं क्योंकि पक्की (स्थायी) दुकानों की लागत दो प्रकार की होती है, स्थायी लागत और अस्थाई लागत। पक्की दुकानों की स्थायी लागतों के कारण सामान आमतौर पर साप्ताहिक बाजारों की अपेक्षा महंगा हो जाते है क्योंकि स्थायी लागतों में दुकान के किराये, बिजली के बिल कर्मचारियों की तनख्वाह इत्यादि है।

34. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option/A और R कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Democratic governments are also often called representative democracies./लोकतांत्रिक सरकारों को प्रायः प्रतिनिधि लोकतंत्र भी कहा जाता है।
(R) People do not participate in the government directly, but instead, choose their representative through election process./सरकार में लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं, बल्कि चुनाव की प्रक्रिया के द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) true, but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : सरकार में लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं यही कारण है कि लोकतान्त्रिक सरकारों को प्रायः प्रतिनिधि लोकतन्त्र भी कहा जाता है इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की। लोकतन्त्र शासन व्यवस्था दो प्रकार की मानी जाती है विशुद्ध या प्रत्यक्ष लोकतन्त्र और प्रतिनिधि या अप्रत्यक्ष लोकतन्त्र, वर्तमान समय के लगभग सभी लोकतन्त्र प्रतिनिधि लोकतन्त्र हैं।

35. Lata sells tea at 5.00am. She then goes to fetch water from a faraway well. After reaching home she cooks food, washes clothes, cleans the house, sweeps and then she goes off to purchase items for her tea shop.
All this together can be referred to as :
लता सुबह के 5:00 (पाँच) बजे चाय बेचती हैं वह बहुत दूर स्थित कुएँ से पानी भरने/लाने जाती है। घर पहुँचने के बाद वह खाना बनाती है, कपड़े धोती है, घर की सफ़ाई करती है, झाड़ू-पोछा करती है और उसके बाद वह अपनी चाय की दुकान के लिए सामान खरीदने जाती है।
इन सबको इकट्ठा उल्लेखित किया जा सकता है:
(a) Care giving/देखभाल कार्य के जैसे
(b) Double-burden/दोहरे-बोझ के जैसे
(c) House work/गृह-कार्य के जैसे
(d) Paid work/भुगतान के बदले कार्य के जैसे

Ans. (b) : लता के इन सभी कार्यों को इकट्ठा करके दोहरे बोझ के जैसे शब्द में उल्लेखित किया जा सकता है। दोहरे बोझ से आशय उन लोगों का कार्य है जो आजीविका हेतु वैतनिक कार्य करते है तदुपरान्त घरेलू कार्य या अवैतनिक कार्य का बोझ भी उन लोगों पर रहता है, दिये हुए वाक्य में वैतनिक और अवैतनिक दोनों प्रकार के कार्यों को लता को करना पड़ता है।

36. Which among the following was <u>not</u> a part of the original constitution of India adopted in 1950?
निम्नलिखित में से क्या 1950 में अपनाए गए भारत के वास्तविक संविधान का एक अंग <u>नहीं था?</u>
(a) Fundamental Rights/मौलिक अधिकार
(b) Directive Principles of State Policy/राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(c) Fundamental Duties/मौलिक कर्त्तव्य
(d) Emergency Provisions/आपातकाल के प्रावधान

Ans. (c) : मौलिक कर्तव्य, 1950 में अपनाये गए भारत के वास्तविक संविधान का अंग नहीं था। आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान के भाग IV-A में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से मौलिक कर्त्तव्य को जोड़ गया। अनुच्छेद 51(A) में कुल 11 मौलिक कर्त्तव्य हैं, तथा 86वाँ संविधान संशोधन (2002) में ग्यारवाँ मौलिक कर्त्तव्य को जोड़ा गया मूल कर्त्तव्यों को सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर जोड़ा गया। संविधान के भाग-3 में मौलिक अधिकार है एवं अनुच्छेद 36-51 नीति निर्देशक तत्व है, आपातकाल का प्रावधान भाग (18) में अनुच्छेद 352-360 तक है।

37. Which one of the following is <u>NOT</u> an example of exercise of Fundamental Rights?
निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार के प्रयोग का उदाहरण <u>नहीं</u> है?
(a) Workers from Bihar go to Punjab to work on the farms./बिहार के मजदूर खेतों पर काम करने पंजाब जाते हैं।
(b) Christian missionaries set up a chain of missionary schools./ईसाई मिशनों से मिशनरी स्कूलों की एक श्रृंखला स्थापित की।
(c) Men and Women government employees get the same salary and allowances./पुरुष और महिला सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन और भत्ते मिलते हैं।
(d) Paternal property is inherited by their children./पैतृक संपत्ति उनके बच्चों को विरासत में मिलती है।

Ans. (d) : पैतृक सम्पत्ति उनके बच्चों को विरासत में मिलती है यह उदाहरण मौलिक अधिकार के प्रयोग का नही है क्योंकि भारत में सम्पत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं बल्कि कानूनी अधिकार है क्योंकि अनुच्छेद 300A कहता है कि 'कानूनी आदेश के बिना किसी भी व्यक्ति को उसकी सम्पत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। 44 वें संविधान संशोधन (1978) से सम्पत्ति के अधिकार को कानूनी अधिकार बनाया गया इसके पहले अनुच्छेद - 31 में सम्पत्ति का अधिकार था।

38. Under Article 22 of the Indian Constitution, which one of the following are Fundamental Rights guaranteed to a person arrested?
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से गिरफ्तार हुए व्यक्ति का आश्वस्त मौलिक अधिकार नहीं हैं?
(A) Right to be informed at the time of arrest of the offence for which the person is arrested/गिरफ़्तारी के समय व्यक्ति को यह जानने का अधिकार है कि गिरफ़्तारी किस कारण से की जा रही है।
(B) Right to be presented before a magistrate within 24 hours of arrest/गिरफ़्तारी के 24 घंटो के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का अधिकार।
(C) Confessions made in police custody need to be recorded and used as evidence against the accused/पुलिस हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को अभिलिखित करने की ज़रूरत है और इसका इस्तेमाल (प्रयोग) आरोपी के विरुद्ध सबूत के तौर पर किया जा सकता है।
(D) Boys below 15 years of age and women cannot be called to the police station only for interrogation/15 साल से कम उम्र के बालक और किसी भी महिलाओं को केवल सवाल पूछने के लिए थाने में नहीं बुलाया जा सकता।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (c) : गिरफ्तार हुए व्यक्ति का अनुच्छेद 22 के अन्तर्गत आश्वस्त मौलिक अधिकार निम्नवत है -
(A) गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को यह जानने का अधिकार है कि गिरफ्तारी किस कारण से की जा रही है।
(B) गिरफ्तारी के 24 घण्टे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का अधिकार है।
(C) 15 साल से कम उम्र के बालक और किसी भी महिलाओं को केवल सवाल पूछने के लिए थाने में नहीं बुलाया जा सकता है। अनुच्छेद 19 से 22 में स्वतन्त्रता का अधिकार है। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 22 कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध के संरक्षण से सम्बन्धित है।

39. Amnesty International Organization volunteers campaign for :/एमनेस्टी इंटरनेशलन ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ़ वालंटियर्स अभियान चलाता है :
(a) Human rights all over the world
पूरी दुनिया में मानवाधिकारों के लिए
(b) Human values worldwide
दुनिया भर में मानवीय मूल्यों के लिए
(c) Human evolution studies
मानव विकास अध्ययन के लिए
(d) Human free education rights
मानव मुक्त शिक्षा अधिकारों के लिए

Ans. (a) : एमनेस्टी इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ वालंटियर्स पूरी दुनिया में मानवाधिकारों के लिए अभियान चलाता है इसकी स्थापना 28 मई, 1961 को लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में की गयी इसके संस्थापक पीटर बेनेन्सन और एरिक बेकर है। इसे 1977 में नोबेल शान्ति पुरस्कार से नवाजा गया एवं 1978 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार से नवाजा गया।

40. The term ghettoisation is most likely reflected in which of the following areas?
घेटोआइज़ेशन शब्द आमतौर पर निम्नलिखित में से कौन-से इलाकों/क्षेत्रों को दर्शाता है?
(a) Area A, where residents of a community have moved in following fears for their lives./इलाका A, जहाँ एक समुदाय के लोग/निवासी अपनी जान के भय के चलते एक साथ रहते हैं।
(b) Area B, where army personnel have set up a camp./इलाका B, जहाँ सेना कर्मचारियों ने कैंप लगाए हैं।
(c) Area C, where residents have moved in as schools here are better./इलाका C, जहाँ निवासी वहाँ के बेहतर स्कूलों के चलते गए हैं।
(d) Area D, where residents belong to elite and privileged class./इलाका D, जहाँ निवासी अभिजात एवं विशेषाधिकृत वर्ग से संबंधित हैं।

Ans. (a) : इलाका A जहाँ एक समुदाय के लोग/निवासी अपनी जान के भय के चलते एक साथ रहते हैं आमतौर पर इस प्रक्रिया को घेटोआइजेशन शब्द से सम्बोधित किया जाता है, एक ऐसा स्थान या स्थल जहाँ अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक साथ रखा जाता है ऐसे स्थान को घेटो कहते हैं। घेटो में रहने की इस प्रक्रिया को घेटोआइजेशन या घेटोयसेशन कहते हैं।

41. Which of the following activities is useful to develop 'critical thinking' skills in history?
निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सी इतिहास में समीक्षात्मक चिंतन के विकास में सहायक होगी?
A. Examining events through facts and evidences/घटनाओं को तथ्यों और सबूतों के आधार पर जाँचना
B. Developing viewpoints on topics through debate and discussion/वाद-विवाद और चर्चा के माध्यम से विषयों पर दृष्टिकोण विकसित करना
C. Learning about events based on a particular historian's account/किसी विशेष इतिहासकार के विचारों के आधार पर घटनाओं के बारे में सीखना
D. Seeing videos in the internet/इंटरनेट पर वीडियो देखना
Choose the correct optio/सही विकल्प चुनिए।
(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only C and D/केवल C और D
(d) Only A and D/केवल A और D

Ans. (a) : घटनाओं को तथ्यों और सबूतों के आधार पर जाँचना तथा वाद-विवाद और चर्चा के माध्यम से विषयों पर दृष्टिकोण विकसित करना ये दोनों गतिविधियाँ समीक्षात्मक चिन्तन के विकास में सहायक होगी। किसी वस्तु, तथ्य या घटना के बारे में प्रत्येक तत्व का विवेचन एवं विश्लेषण करते हुए कोई निर्णय लेना समीक्षात्मक चिन्तन या आलोचनात्मक चिन्तन कहलाता है।

42. According to Kothari Commission, ----------
कोठरी आयोग (कमीशन) के अनुसार -
A. India should not be seen simply in terms of developmentalist aproach./भारत को केवल विकासवादी दृष्टिकोण के संदर्भ से नहीं देखा जाना चाहिए।
B. The problem with this approach has been that it treated poverty, illiteracy and casteism as an obstacle to naion's progress. It also ignored gender issues./इस उपागम में समस्या यह है कि इसमें निर्धनता, निरक्षता और जातिवाद को राष्ट्र के विकास में बाधक माना गया है तथा इसमें जेंडर संबंधी मुद्दे भी उपेक्षित रहे हैं।
Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only A is true/केवल A सही है
(b) Only B is true/केवल B सही है
(c) Both A and B are true/दोनों A तथा B सही हैं
(d) Neither A nor B is true
न तो A सही है और न ही B

Ans. (c) : कोठारी आयोग के अनुसार - भारत को केवल विकासवादी दृष्टिकोण के सन्दर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए तथा इस उपागम में समस्या यह है कि इसमें निर्धनता, निरक्षरता और जातिवाद को राष्ट्र के विकास में बाधक माना गया है तथा इसमें जेंडर सम्बन्धी मुद्दे भी उपेक्षित रहें हैं।
कोठारी आयोग का गठन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में सहायता हेतु 14 जुलाई, 1964 को डॉ. दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में 17 सदस्यों के साथ किया गया इसे ही राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के नाम से जाना जाता है, शिक्षा के बजट में वृद्धि करने का कार्य कोठारी आयोग ने ही किया था इस आयोग ने कम से कम GDP का 6% शिक्षा पर खर्च करने का सुझाव दिया।

43. A teacher wants to engage her students on the theme 'portrayal of women in Indian media'. Which of the following strategy/strategies is/are most suitable?
एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से 'भारतीय मीडिया में महिलाओं का चित्रण' विषय पर बातचीत करना चाहती है। निम्न में से कौन-सी युक्ति/युक्तियाँ सबसे अधिक उपयुक्त रहेंगी।

A. Discussion on advertisements from various newspaers/कई समाचार पत्रों के विज्ञापनों पर चर्चा करना।
B. Interview with a local leader
एक स्थानीय नेता का साक्षात्कार लेना।
C. Collage making and presentation/कोलाज़ बनाना और कक्षा में उसे प्रदर्शित (प्रेजेंटेशन) करना।

Choose the appropriate option
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Both A and B/A तथा B दोनों
(c) Both A and C/A तथा C दोनों
(d) All A, B and C/ A, B तथा C सभी

Ans. (c) : शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से 'कई समाचार पत्रों के विज्ञापनों पर चर्चा करना' तथा 'कोलाज बनाना और कक्षा में उसे प्रदर्शित करना' ये दोनों युक्तियां 'भारतीय मीडिया में महिलाओं के चित्रण' विषय पर बातचीत करने हेतु सर्वाधिक उपयुक्त होगी इस सन्दर्भ में एक स्थानीय नेता का साक्षात्कार युक्ति उपयुक्त नहीं है।

44. Which of the following resources would be useful to introduce elementary school students to the issue of oppression through caste-based discrimination?
छात्रों को जाति आधारित भेदभाव के ज़रिये उत्पीड़न के मुद्दे से परिचित कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन उपयोगी होगा?

(a) Ashokan Edicts/अशोक के शिलालेख
(b) Allahabad University's policies on reservation for backward classes/पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय की नीतियाँ
(c) Universal Declaration of Human Rights/मानव अधिकारों का सार्वजनिक घोषणापत्र
(d) Narrative on childhood experiences of Dr BR Ambedkar/डॉ. बी. आर. अम्बेडर के बचपन के अनुभवों के वृत्तांत

Ans. (d) : छात्रों को जाति आधारित भेदभाव के जरिए उत्पीड़न के मुद्दे से परिचित कराने के लिए डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के बचपन के अनुभवों के वृत्तांन्त उपयोगी होगा। संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वतन्त्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री तथा भारतीय संविधान के जनक थे, इनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर में महू के कालीपट्टन इलाके में हुआ था उनकी जाति को अछूत माना जाता था इसलिए उनका बचपन बहुत मुश्किलों भरा था उन्होंने अपने एक ब्राह्मण शिक्षक महादेव अम्बेडकर के कहने पर अपने नाम के आगे से सकपाल हटाकर अम्बेडकर जोड़ लिया था उनके गाँव का नाम अम्बावड़े था।

45. A teacher wants to discuss struggles against inequality. Which of the following examples would be suited for discussion?
एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ असमानता के विरुद्ध संघर्ष के बारे में चर्चा करना चाहती है। इसके लिए वह अपनी चर्चा में निम्न उदाहरणों में से कौन से उपयुक्त उदाहरण सम्मिलित कर सकती है।

A. Story of Rosa Parks/रोज़ा पार्क्स की कहानी
B. Song titled 'the right to know' [By Vinay Mahajan]/'जानने का हक़' गीत (विजय महाजन द्वारा लिखित)
C. Tawa Matsya Sangh's protest
तवा मत्स्य संघ की एक रैली
D. Any experience from a student's life
शिक्षार्थी के जीवन से कोई उदाहरण

Choose the appropriate option/उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only A, B and C/केवल A, B और C
(b) Only B, C and D/केवल B, C और D
(c) Only A, C and D/केवल A, C और D
(d) Only A, B, C and D/केवल A, B, C और D

Ans. (d) : शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ असमानता के विरुद्ध संघर्ष के बारे में चर्चा करने हेतु उदाहरणस्वरूप रोजा पार्क्स की कहानी, 'जानने का हक' गीत (विजय महाजन द्वारा लिखित), तवा मत्स्य संघ की एक रैली और शिक्षार्थी के जीवन से कोई उदाहरण इत्यादि उपयुक्त हैं।
रोजा लुईज मक्काली पार्क्स अफ्रीकी अमेरिकी नागरिक अधिकार कार्यकर्त्ता थी। तवा मत्स्य संघ महारी समितियों का संघ है जो मध्य प्रदेश के सतपुरा के वनों से विस्थापित निवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती है।

46. Which of the following concepts are necessary to be covered before introducing the concept of 'circle of illumination''?
प्रदीप्ति वृत्त की अवधारणा पर शिक्षण प्रक्रिया शुरु करने से पहले निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा को समझाना आवश्यक है?

A. Orbital plane/कक्षीय समतल
B. Axis of the Earth/पृथ्वी का अक्ष
C. Rotation of the Earth/पृथ्वी का घूर्णन
D. Spherical shape of the Earth
पृथ्वी की गोलाकर आकृति

Choose the correct option/सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) B and D/B और D
(b) A and C/A और C
(c) C and D/C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (c) : पृथ्वी का घूर्णन और पृथ्वी की गोलाकार आकृति की अवधारणा को समझना, प्रदीप्त वृत्त की अवधारणा पर शिक्षण प्रक्रिया शुरू करने से पहले आवश्यक है क्योंकि पृथ्वी के उष्मा एवं प्रकाश का स्रोत सूर्य है। पृथ्वी को गोलाकार आकृति के कारण पृथ्वी का आधा भाग प्रकाशित रहता है और आधा भाग अंधेरे में रहता है, ऐसी अवस्था में पृथ्वी पर जो वृत्त दिन और रात को विभाजित करता है उसे प्रकाश वृत्त या प्रदीप्ति वृत्त कहते हैं। पृथ्वी के घूर्णन या परिभ्रमण तथा परिभ्रमण के कारण ही दिन-रात होते है तथा ऋतुओं में परिवर्तन होता है पृथ्वी का अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमना पृथ्वी का घूर्णन या परिभ्रमण कहलाता है।

47. The Five E model is considered as one of the popular lesson plans used to develop lesson plans in different subjects including social sciences. Which of the following teacher activities does not form part of this model?
विभिन्न विषयों जिनमें सामाजिक विज्ञान भी शामिल है में पाठ योजना बनाते हुए पाँच ई-मॉडल काफी प्रचलित है। निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सा इसका हिस्सा नहीं है।

(a) Evaluate/इवेल्यूवेट (b) Elaborate/इलेबोरेट
(c) Explore/एक्सप्लोर (d) Entertain/एंटरटेनमेंट

Ans. (d) : पाँच ई. मॉडल में एंटरटेनमेंट सम्मिलित नहीं है, पाँच ई. मॉडल में सम्मिलित गतिविधियाँ - इन्गेज एक्सप्लोर, एक्सप्लेन, इलेबोरेट और इवेल्यूवेट हैं। पाँच ई. मॉडल को प्राथमिक विद्यालयों के लिए विज्ञान और स्वास्थ्य पाठ्यक्रम में सुधार के लिए जैविक विज्ञान पाठ्यक्रम अध्ययन (BSCS) के हिस्से के रूप में विकसित किया गया। पाँच-ई. मॉडल एक रचनात्मक मॉडल है इस मॉडल के अन्वेषक के रूप में रोजर बीबी को जाना जाता है क्योंकि ये जैविक विज्ञान पाठ्यक्रम अध्ययन की टीम प्रमुख थे।

48. A geography teacher wants to teach about natural vegetation. Which of the following could she plan for an appropriate classroom based session on the topic?
भूगोल की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में प्राकृतिक वनस्पतियों के बारे में पढ़ाना चाहती है। अपनी कक्षा में इस विषय के लिए एक उपयुक्त सत्र हेतु वह निम्न में से क्या योजना बना सकती है?

A. Bringing pictures of various types of trees/विभिन्न वृक्षों के चित्र लाना।
B. Asking students to bring few objects made up of softwood/विद्यार्थियों को नरम काष्ठ से बनी कुछ चीजें लाने को कहना।
C. Bringing charts comparing the characteristics of various forests and vegetation available in them/विभिन्न वनों व उनमें पाई जानी वाली वनस्पतियों की विशेषताओं और तुलनाओं को दर्शाता चार्ट लाना।
D. Discussing how climate affects the nature of vegetation/जलवायु का वनस्पति की प्रकृति पर प्रभाव की चर्चा करना।

Choose the appropriate option/उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A, B and C/केवल A, B तथा C
(b) Only A, C and D/केवल A, C तथा D
(c) Only B, C and D/केवल B, C तथा D
(d) Only A, B, C and D/A, B, C तथा D सभी

Ans. (d) : प्रश्न में दी गयी चारों गतिविधियों को भूगोल की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में प्राकृतिक वनस्पतियों को पढ़ाने के लिए, योजना में सम्मिलित कर सकती है इन गतिविधियों से छात्र वृक्षों का तुलनात्मक अध्ययन कर सकते है। पौधे और वनस्पति किस प्रकार पर्यावरण एवं जलवायु को प्रभावित करते हैं, इसके बारे में जान सकेगें और पौधों की लकड़ियों से लाभ एवं उनकी विशेषताओं से परिचित होगे।

49. A student in class says, "In ancient India, townships seems to have developed around major temples, just like Madurai and Thanjavur in Tamil Nadu."
Which of the following type of reasoning is the student using while making this statement?
कक्षा का एक छात्र कहता है, ''प्राचीन भारत में, नगर प्रमुख मंदिरों के आसपास विकसित हुए जैसे कि तमिलनाडु में मदुरई और तंजावुर।''
यह कथन कहते समय छात्र निम्नलिखित में से किस प्रकार के तर्क का प्रयोग कर रहा है?

(a) Inductive reasoning/आगमनात्मक तर्क
(b) Deductive reasoning/निगमनात्मक तर्क
(c) Cause-effect reasoning/कारण-प्रभाव तर्क
(d) Reductive reasoning/लघुकारक (रिडिक्टिव) तर्क

Ans. (a) : ''प्राचीन भारत में, नगर प्रमुख मन्दिरों के आस-पास विकसित हुए जैसे कि तमिलनाडु में मदुरई और तंजावुर'' इस कथन को कहते समय छात्र आगमनात्मक तर्क का उपयोग कर रहा है। आगमनात्मक तर्क में हम सामान्य नियमों को उत्पादित करने के लिए ज्ञात तथ्यों का उपयोग करते हैं इसमें निष्कर्ष को सत्य होने की केवल सम्भावना होती है निश्चितता नहीं, तर्क की जिस प्रक्रिया में एक या एक से अधिक कथनों के आधार पर किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचना निगमनात्मक तर्क है।

50. Which of the following questions build 'critical thinking' skills of students on the topic 'daily wage labourers'?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न दिहाड़ी मज़दूरों के विषय पर 'समीक्षात्मक चिंतन' कौशल विकसित करने में सबसे ज्यादा प्रभावी होगा?

(a) Where do daily wage workers live in cities?/दिहाड़ी मज़दूर शहरों में कहाँ रहते हैं?
(b) Are the working conditions better in a call centre compared to a factory?/क्या कारखाने की तुलना में कॉल सेंटर में काम करने की स्थिति बेहतर होती है?
(c) Do factory workers have long working hours?/क्या कारखाने में काम कर रहे लोगों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है?
(d) Which cities across the world have the highest number of daily wage workers?/विश्वभर में किन शहरों में सबसे ज्यादा दिहाड़ी मज़दूर हैं?

Ans. (b) : क्या कारखाने की तुलना में काल सेंटर में काम करने की स्थिति बेहतर होती है? यह प्रश्न दिहाड़ी मजदूरों के विषय पर 'समीक्षात्मक चिन्तन' कौशल विकसित करने में सबसे ज्यादा प्रभावी होगा क्योंकि घटनाओं को तथ्यों और सबूतों के आधार पर जाँचना तथा वाद विवाद और चर्चा के माध्यम से विषयों पर दृष्टिकोण विकसित करने की कला को समीक्षात्मक चिन्तन कौशल कहते हैं।

51. Mr. D'Souza wants his students to empirically find out that 'price levels cannot be very different in a competitive market'.
Which of the following would be an appropriate vacation project for this purpose?
श्री डी. सौज़ा चाहते हैं कि उनके छात्र अनुभव से समझें कि 'प्रतिस्पर्द्धी बाज़ार में कीमतों में अंतर बहुत ज्यादा नहीं हो सकता है'।

इन प्रयोजन से निम्नलिखित में से कौन-सा छुट्टियों में किया जाने वाला प्रोजेक्ट सबसे उपयुक्त होगा?

(a) Collect from news websites the price of 1 litre of petrol over the years and draw a graph./समाचार की वेबसाइटों से पिछले कुछ वर्षों में 1 लीटर पेट्रोल की कीमतें एकत्र करने और उन आकड़ों से एक ग्राफ़ बनाना।

(b) Group different brands of smartphones based on price and derive which brands are competing against each other./कीमत के आधार पर स्मार्टफोन के विभिन्न ब्रांडों को वर्गीकृत करना और यह पता लगाना कि कौन-से ब्रांड एक-दूसरे के खिलाफ़ प्रतिस्पर्द्धा कर रहे हैं।

(c) Go to a weekly vegetable market and as different vendors the price of cabbage./सब्जी के साप्ताहिक हाट पर जाकर विभिन्न विक्रेताओं से गोभी की कीमत पूछना।

(d) Go to a weekly shoe market and note down prices of few types of shoes at each shop./जूते के साप्ताहिक बाज़ार पर जाकर हर दुकान में कुछ प्रकार के जूतों की कीमत लिखकर लाना।

Ans. (c) : ''प्रतिस्पर्द्धी बाजार में कीमतों में अन्तर बहुत ज्यादा नहीं हो सकता है।'' इस अनुभव को समझने के लिए छात्रो को सब्जी के साप्ताहिक हाट पर जाकर विभिन्न विक्रेताओं से गोभी की कीमत पूछना चाहिए।
प्रतिस्पर्द्धी बाजार या पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में 'क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या अधिक होने के कारण कीमते स्थिर होती है इस बाजार में कोई क्रेता कीमत का परिवर्तन नहीं कर सकता है। अल्प विक्रेताओं की स्थिति में विक्रेता आपसी समझौते द्वारा कीमतों को प्रभावित कर सकते है इन कपटपूर्ण समझौतों को ''कार्टेल'' कहा जाता है।

52. Read the following statements related to the problems in teaching social science and choose the correct option.
सामाजिक विज्ञान शिक्षण में आने वाली समस्याओं के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

Assertion (A): Changing nature of interpretation of historical events makes the teaching of social science a more challenging subject.
अभिकथन (A): ऐतिहासिक घटनाओं की बदलती व्याख्याएँ सामाजिक विज्ञान शिक्षण को और भी चुनौतीपूर्ण विषय बना देती हैं।

Reasoning (R): There is lack of sufficient number of teachers to teach social science.
कारण (R): सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है। ऐतिहासिक घटनाओं की बदलती व्याख्याएँ सामाजिक विज्ञान शिक्षण को और भी चुनौतीपूर्ण बना देती है क्योंकि प्रत्येक इतिहासकार घटनाओं की व्याख्या अपने दृष्टिकोण के अनुसार करता है ऐतिहासिक घटनाओं की व्याख्या लोभ, भय, कोरी भावुकतामूलक होकर नहीं करनी चाहिए। इतिहासकार जे.एस. मिल ने विभाजन के बीज अंकुरित करने हेतु इतिहास का विभाजन विकृत कालखण्डों में किया है।

53. You are showing your students a documentary and after half of it is over, you come across a scene that paints a particular community in a negative light.
Which would be the most responsible way of dealing with this situation?
आप अपने छात्रों को एक वृत्तचित्र दिखा रहे हैं और जब वह वृत्तचित्र आधा देखा जा चुका है तो उसमें एक ऐसे दृश्य दिखाया जाता है जो एक विशेष समुदाय को नकारात्मक रूप से चित्रित करता है।
इस तरह की परिस्थिति से निपटने का सबसे ज़िम्मेदारीपूर्ण तरीका क्या होगा?

(a) Ignore the scene and move on with the documentary to avoid wasting time on the unnecessary/उस दृश्य को नज़रअंदाज करें और बाक़ी वृत्तचित्र दिखाएँ जिससे बेकार के मुद्दे पर समय नष्ट न हो।

(b) Tell students that you were not aware of this scene and they should only use their textbook for learning various topics./छात्रों को बताएँ कि आपको इस दृश्य की जानकारी नहीं थी और उन्हें विभिन्न विषयों के बारे में सीखने के लिए केवल अपनी पाठ्यपुस्तक का प्रयोग करना चाहिए।

(c) Analyse the scene along with students, where they can contest the assumptions and generalizations made about the community./छात्रों के साथ उस दृश्य का विश्लेषण करें, जिसके दौरान वे समुदाय के संबंध में पेश की गई धारणाओं और सामान्यीकरणों का विरोध कर सकें।

(d) Continue with the documentary but if there are any students from the community mentioned, apologise to them for the negative portrayal./वृत्तचित्र दिखाना जारी रखें और अगर उस समुदाय का कोई छात्र वहाँ मौजूद हो तो नकारात्मक रूप से समुदाय के चित्रण के लिए क्षमा माँगे।

Ans. (c) : प्रश्न में दी गयी परिस्थिति से निपटने का सबसे जिम्मेदारीपूर्ण तरीका - छात्रों के साथ उस दृश्य का विश्लेषण करें, जिसके दौरान वे समुदाय के सम्बन्ध में पेश की गयी धारणाओं और सामान्यीकरणों का विरोध कर सकें। छात्रों से सम्बन्धित वृत्त चित्र पर तटस्थतापूर्वक सत्य तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए चर्चा करके छात्रों के समक्ष सत्य को उद्भाषित करना चाहिए।

54. A history teacher wants to teach his students about the different battles that took place during the reign of Babur.
Which of the following sources would be a 'primary source' for this?
इतिहास के एक शिक्षक अपने छात्रों को बाबर के शासनकाल के दौरान हुए विभिन्न युद्धों के बारे में पढ़ाना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रोत इसके लिए 'प्राथमिक स्त्रोत' हो सकता है?
(a) Baburnama or the Memoirs of Babur/बाबरनामा या बाबर के संस्मरण
(b) A museum with a collection of clothing and accessories worn by people in Babur's time/एक संग्रहालय जहाँ पर बाबर के शासनकाल में लोगों द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों और सामानों का संग्रह है
(c) Raiders from the North by Alex Rutherford - a book on Mughal Kings/रेडर्स फ्रॉम द नॉर्थ - मुगल राजाओं पर एलेक्स रथरफोर्ड द्वारा लिखी एक किताब
(d) The Illustrated Baburnama - By Som Prakash Verma/सोम प्रकाश वर्मा की 'द इलस्ट्रेटिड बाबरनामा'

Ans. (a) : बाबरनामा या बाबर के संस्मरण को शिक्षक अपने छात्रों को बाबर के शासन काल के दौरान हुए विभिन्न युद्धों के बारे में पढ़ाने के लिए प्राथमिक स्त्रोत हो सकता है इसके अतिरिक्त प्रश्न में दिये गये तीनो स्त्रोत द्वितीयक स्त्रोत हैं। प्राथमिक स्त्रोत वे होते हैं जो किसी व्यक्ति समूह या संगठन द्वारा प्रत्यक्ष रूप से शब्दबद्ध किये गये हैं, प्राथमिक स्त्रोतो से व्युत्पन्न स्त्रोत को द्वितीयक स्त्रोत कहते हैं। बाबरनामा बाबर की आत्मकथा है, बाबर ने इसे तुर्की भाषा में लिखा था तथा बाबर मुगलवंश का संस्थापक था।

55. Which of the following topics could be attempted through a field survey by elementary stage students residing in rural areas as part of project work?
प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थी जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं के द्वारा निम्नलिखित विषयों में से क्षेत्र-सर्वेक्षण के प्रयोग से हल किया जा सकता है?
(a) Landforms on the earth/पृथ्वी की स्थलाकृतियाँ
(b) Life of Chera, Chola and Pandya kings/चेर, चोल और पांड्या राजाओं का जीवन
(c) Temple Architecture/मंदिर वास्तुकला
(d) Farming Practices/कृषि कार्य संबंधी प्रक्रियाएँ

Ans. (d) : प्रारम्भिक स्तर के विद्यार्थी जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं के द्वारा क्षेत्र सर्वेक्षण के प्रयोग से कृषि कार्य सम्बन्धी प्रक्रियाओं को हल किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रारम्भिक स्तर के एक विद्यार्थी को कृषि सम्बन्धी ज्ञान परम्परा प्राप्त होता है क्योंकि विद्यार्थियों को प्राप्त यह ज्ञान केवल सैद्धान्तिक और कण्ठस्थ नहीं अपितु व्यवहारिक होता है।

56. Learning objective: Students will show their understanding of the purposes of Civil Law and Criminal Law.
Which of the following questions is relevant to achieve this learning objective?
शैक्षिक उद्देश्य : छात्र दीवानी क़ानून और आपराधिक कानून के उद्देश्य के बारे में अपनी समझ दर्शाएँगे।
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न इस शैक्षिक उद्देश्य को पूरा करने में उपयुक्त है?
(a) Identify wrong-doings from a newspaper and classify them as civil or criminal law cases along with reasons./समाचार पत्र में उल्लेखित दुराचार चुनें और उन्हें कारणों सहित दीवानी या आपराधिक कानून के मामलों के रूप में वर्गीकृत करें।
(b) Find data of the last 3 years and estimate whether India has more cases under civil or criminal law in general./पिछले 3 वर्षों के आँकड़ों का पता लगाकर अनुमान लगाएँ कि भारत में सामान्यतः अधिक मामले दीवानी क़ानून के या आपराधिक क़ानून के तहत हैं।
(c) Name the different branches of legal system in India and define them./भारत में कानूनी व्यवस्था की विभिन्न शाखाओं के नाम लिखें और उन्हें परिभाषित करें।
(d) Draw flow-charts showing the difference in steps to be followed by the affected party under civil and criminal laws./दीवानी और आपराधिक क़ानून के तहत प्रभावित पक्ष द्वारा अपनाए जाने वाले चरणों में अंतर दर्शाने के लिए फ़्लो-चार्ट बनाएँ।

Ans. (a) : समाचार पत्र में उल्लेखित दुराचार चुनें और उन्हें कारणों सहित दीवानी या आपराधिक कानून के मामलों के रूप में वर्गीकृत करें यह प्रश्न, प्रश्न में दिये गये शैक्षिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपयुक्त है।
वे सभी मामले जिसमें किसी व्यक्ति को कोई अपराध करने के लिए दण्ड की कार्यवाही हो तो वे मामले आपराधिक या फौजदारी मामले कहे जाते हैं और इससे सम्बन्धित कानून आपराधिक कानून कहलाते है। दीवानी मामला वो है जिसमें सम्पत्ति और पद सम्बन्धी अधिकार विवादित हो।

57. Which of the following social science questions provides opportunity to develop students' critical thinking?
निम्नलिखित सामाजिक विज्ञान प्रश्नों में से कौन-सा विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है?
A. In what ways are the work of the Panchayat and the work of the village administrative officer/Patwari related to each other?/पंचायत और ग्राम प्रशासनिक अधिकारी/पटवारी का कार्य एक-दूसरे से किस प्रकार संबंधित होता है?
B. What in your opinion, is the importance of Gram Sabha? Do you think all members should attend Gram Sabha meetings? Why?/आपके अनुसार ग्राम सभा का क्या महत्व है? क्या आपको लगता है कि ग्राम सभा की बैठक में सभी सदस्यों को भाग लेना चाहिए। क्यों?
C. What is the difference between Gram Sabha and Gram Panchayat?/ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत में क्या अंतर है?

Choose the correct option/सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) Only A/केवल A (d) Only C/केवल C

Ans. (a) : पंचायत और ग्राम प्रशासनिक अधिकारी/पटवारी का कार्य एक दूसरे से किस प्रकार सम्बन्धित है ? और आपके अनुसार ग्रामसभा का क्या महत्व है? क्या आपको लगता है कि ग्राम सभा की बैठक में सभी सदस्यों को भाग लेना चाहिए। क्यों? ये दोनों प्रश्न विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।
चिन्तन एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति किसी नयी परिस्थिति का सामना करने अथवा समस्या समाधान करने में अपने पूर्व अनुभवों का प्रयोग करता है। समालोचनात्मक चिन्तन की परिणति समस्या समाधान के रूप में होती है।

58. The Students of class 6 have been assigned the task of creating a project on conservation of wild life in India.
Which of the following would be the most effective method for summative evaluation of this project?
कक्षा 6 के छात्रों को भारत में वन्य जीवों के संरक्षण पर प्रोजेक्ट बनाने को कहा जाता है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस प्रोजेक्ट के योगात्मक आकलन के लिए सबसे प्रभावी तरीका है?
(a) Short test with questions on conservation of wild life/वन्य जीवों के संरक्षण पर प्रश्नों वाली लघु परीक्षा
(b) Students exchanging and assessing each other's project/छात्र एक-दूसरे के प्रोजेक्ट का आकलन करते हैं।
(c) Reflective questions on why and how of wild life conservation/वन्यजीव संरक्षण के कारण और तरीकों पर विचारणीय प्रश्न
(d) Rubric with a set of criteria related to creating the project/प्रोजेक्ट बनाने से संबंधित मानदंडों पर दिशा-निर्देश (रुब्रिक)

Ans. (d) : प्रोजेक्ट बनाने से सम्बन्धित मानदण्डों पर दिशा-निर्देश (रुब्रिक), प्रोजेक्ट के योगात्मक आकलन के लिए सबसे प्रभावी तरीका है। योगात्मक आकलन 'अधिगम के लिए आकलन' के रूप में होता है इसके द्वारा पता चलता है कि विद्यार्थी में कितना सुधार किया गया ये एक निश्चित अवधि के पश्चात होता है। रुब्रिक शिक्षकों को परियोजना, निबन्ध और समूह कार्य करने की अनुमति देता है। रुब्रिक एक असाइनमेंट के लिए सही निर्देशन करता है।

59. Mr. Harpreet asked his students to research and write a short note on "the most pivotal moment that led to 1857 rebellion".
He then wanted to use the submitted assignments for "assessment as learning". What would be the most relevant question for him to ask students?
श्री हरप्रीत अपने छात्रों से 1857 विद्रोह की ओर अग्रसर करने वाली केन्द्रीय घटना पर शोध करके एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखने को कहते हैं।
वे जमा कराये कार्य को 'अधिगम के लिए आकलन' में प्रयोग करना चाहते हैं। उनके लिए निम्न में से कौन-सा प्रश्न पूछना सबसे प्रासंगिक होगा?
(a) What was your thought process in deciding the most pivotal moment?/सबसे महत्वपूर्ण घटना तय करते समय आपकी विचार प्रक्रिया क्या थी?
(b) What resources did you use to conduct the research for your assignment?/आपने अपने कार्य के लिए शोध करने हेतु किन साधनों का उपयोग किया है?
(c) Pair up with a friend and argue to each other why the pivotal moment you choose was most relevant./एक मित्र के साथ वाद-विवाद करें कि आपने जिस महत्वपूर्ण घटना को चुना है वह सबसे प्रासंगिक क्यों है?
(d) What was the impact of the 1857 rebellion? 1857 के विद्रोह का क्या प्रभाव हुआ था?

Ans. (a) : श्री हरप्रीत को अपने छात्रों से, सबसे महत्वपूर्ण घटना तय करते समय आपकी विचार प्रक्रिया क्या थी? प्रश्न पूछना प्रासंगिक होगा इस प्रश्न की सहायता से वे 'अधिगम के लिए आकलन' का प्रयोग कर सकते हैं। अधिगम के लिए आकलन को ही रचनात्मक आकलन कहा जाता है इसे शिक्षार्थी के ज्ञान समझ व कौशल को विकसित करने के एक उपकरण के रूप में समझा जाता है।

60. Four students are looking at a map of India with scale of 1 cm = 100 km.
चार छात्र भारत का एक ऐसा मानचित्र देख रहे हैं जिसका स्केल 1 cm = 100 km है।
Student 1: Let's draw a large scale map our colony now.
छात्र 1: चलिए अब हम अपनी कॉलोनी का एक बड़ा स्केल नक्शा बनाएँ।
Student 2: Why do you feel we need a large paper to draw our colony? A small one is enough.
छात्र 2: हमारी कॉलोनी का चित्र बनाने के लिए हमें बड़े कागज़ की जरूरत क्यों महसूस होती है? एक छोटा कागज़ भी काफी है।
Student 3: Large scale does not mean large paper. We need to change the scale. Let's make it 1 cm = 500 Km.
छात्र 3: बड़े पैमाने की किसी चीज़ का अर्थ यह नहीं है कि बड़े कागज़ की जरूरत होगी। हमें उसका स्केल बदलना होगा। चलिए हम कागज़ पर 1 cm = 500 km लेते हैं।
Student 4: No, no, since we only need to draw our colony, a centimeter can show much less distances.
छात्र 4: नहीं, नहीं, हमें केवल अपनी कॉलोनी का नक्शा बनाना है, इसलिए हम एक सेंटीमीटर का प्रयोग कम दूरी दर्शाने के लिए कर सकते हैं।
Arrange the four students in increasing order of the conceptual clarity (i.e. from least clear to most clear)
चारों छात्रों को सैद्धांतिक स्पष्टता के आधार पर बढ़ते क्रम में लिखें (अर्थात् निम्नस्तरीय स्पष्टता से उच्चस्तरीय तक)
(a) 4 < 1 < 2 < 3 (b) 2 < 1 < 4 < 3
(c) 2 < 3 < 1 < 4 (d) 1 < 3 < 2 < 4

Ans. (c) : चारो छात्रों में सैद्धान्तिक स्पष्टता के आधार पर बढ़ते क्रम होगा - 2 < 3 < 1 < 4
किसी माप या मूल्य को चित्र द्वारा प्रदर्शित करना ही मानचित्र है, हम पैमाने के आधार पर बड़े स्थानों का चित्र एक छोटे से कागज पर रेखांकित कर सकते है जब बहुत से मानचित्रों को एक साथ रख दिया जाता है तो उसे एटलस कहते हैं। मानचित्र विभिन्न प्रकार के हो सकते है जैसे भौगोलिक मानचित्र, राजनैतिक मानचित्र इत्यादि।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 10 जनवरी, 2022)

1. Match the evidence found with the correct archaeological site.
मिले हुए साक्ष्यों का पुरास्थल के साथ मिलान किजिए।

	List I (Grain and Bones/ अनाज और हड्डियाँ)		List II (Sites/ पुरास्थल)
A	Millets, cattle, sheep, goat and pig. ज्वार-बाजरा, मवेशी, भेड़, बकरी, सुअर	(i)	Gufkral (Kashmir) गुफकराल (कश्मीर)
B	Wheat and lentil/ गेहूँ और दलहन	(ii)	Mahagara (Uttar Pradesh) महागड़ा (उत्तर प्रदेश)
C	Hoofmarks on clay Surface/ मिट्टी पर खुरों के चिन्ह	(iii)	Hallur (Andhra Pradesh)/ हल्लूर (आंध्र प्रदेश)
D	Rice and fragmentary animal bones/ चावल, जानवरों की हड्डियों के टुकड़े	(iv)	Koldihwa (Uttar Pradesh) कोल्डिहवा (उत्तर प्रदेश)

(a) A-iii, B-I, C-ii, D-iv (b) A-iv, B-ii, C-iii, D-i
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i (d) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

Ans. (a) :
- ज्वार बाजरा, मवेशी, भेड़, बकरी, सुअर - हल्लूर (आंध्र प्रदेश)
- गेहूँ और दलहन - गुफकराल (कश्मीर)
- मिट्टी पर खुरों के चिह्न - महागड़ा (उत्तर प्रदेश)
- चावल, जानवरों की हड्डियों के टुकड़े- कोल्डिहवा (उत्तर प्रदेश)

नोट : हल्लूर कर्नाटक राज्य में अवस्थित है लेकिन कक्षा 6 में आंध्र प्रदेश में स्थित बताया गया है। इसकी खोज 1962 में नागराजा राव में की थी।
कोल्डिहवा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में है यहाँ से चावल और जानवरों की हड्डियाँ प्राप्त हुई हैं।

2. At which of the following sites of the Indus Valley civilization adults were generally buried in the ground, laid out straight, with the head towards north?/निम्नलिखित में से किस सिंधु घाटी सभ्यता स्थल पर वयस्क लोगों को प्रायः गड्ढे में सीधा लिटा कर दफनाया जाता था, उनका सिर उत्तर की ओर होता था?

(a) Lothal/लोथल (b) Gufkral/गुफकराल
(c) Mehargarh/मेहरगढ़ (d) Inamgaon/इनामगाँव

Ans. (d) : इनामगाँव सिंधु घाटी सभ्यता स्थल पर वयस्क लोगों को प्रायः गड्ढे में सीधा लिटाकर दफनाया जाता था, उनका सिर उत्तर की ओर होता था। इनामगाँव महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। यह घोड़ नदी के तट पर है। लोथल गुजरात राज्य में स्थित बन्दरगाह है। गुफकराल जम्मू कश्मीर तथा मेहरगढ़ पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त में स्थित है।

3. Read the following assertion (A) and Reasoning (R) on 'Empires'
सामाज्यों पर निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िये।

Assertion (A) : Emperors needed more resources as their empire was large and needed big armies for protection
अभिकथन (A) : सम्राटों को अधिक संसाधनों की ज़रूरत थी क्योंकि उनका साम्राज्य बड़ा था और उसकी सुरक्षा के लिए एक बड़ी सेना चाहिए थी।

Reasoning (R) : A large number of officials were appointed to collect taxes and tributes.
कारण (R) : करों एवं शुल्कों को एकत्र करने के लिए अधिक संख्या में अधिकारी नियुक्त किए गए।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : तत्कालीन सम्राटों को शासन संचालन हेतु अत्यधिक संसाधनों की आवश्यकता थी तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्राट अपने पास एक बड़ी सेना रखते थे। चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना में साढे छः लाख सैनिक थे। इतनी विशाल सेना के रख-रखाव हेतु राज्यों से कर संग्रह किया जाता था जिसके लिए कर अधिकारियों की नियुक्ति होती थी। मौर्य साम्राज्य के प्रशासन हेतु 6 समितियाँ थी। छठवीं समिति कर संग्रह का कार्य करती थी। अतः (A) और (R) दोनों सही है और R सही व्याख्या करता है (A) की।

4. Which one of the following statements related to architecture in <u>not</u> correct?
निम्नलिखित में से कौन-सा वास्तुकला से संबंधित कथन सही <u>नहीं</u> है?

(a) The "Keystone" at the centre of the arch transferred the weight of the superstructure to the base of the Arch./मेहराब के मध्य में 'डाट' अधिरचना के भार को मेहराब की आधारशिला पर डाल देती है।
(b) Limestone cement was increasingly used in construction./निर्माण कार्य में चूना-पत्थर सीमेंट का प्रयोग बढ़ गया।
(c) Pietra dura was a technique to place horizontal beams across two vertical columns./पितरा दूरा दो ऊर्ध्वाधर खंभों के आर-पार अनुप्रस्थ शहतीर रखने की एक तकनीक थी।
(d) The weight of the superstructure above the doors and windows was sometimes carried by arches./दरवाज़ों और खिड़कियों के ऊपर की अधिरचना का भार कभी-कभी मेहराबों पर डाल दिया जाता था।

Ans. (c) : पितरा दूरा के संदर्भ में कथन-3 असत्य है। उत्कर्णित संगमरमर अथवा बलुआ पत्थर पर रंगीन, ठोस पत्थरों को दबाकर बनाए गये सुन्दर तथा अलंकृत नमूने 'पितरा-दूरा' कहलाता है। पितरा दूरा शाहजहाँ के द्वारा अपने शासन काल के दौरान शुरु की गयी थी। उसके शासन काल को मुगल वास्तुकला का स्वर्णयुग कहा जाता है। दिल्ली का लाल किला तथा आगरा का ताजमहल पितरा दूरा का प्रसिद्ध और सुन्दर उदाहरण है।

5. Weavers of which community in Thanjavur and Uraiyur, during the Chola dynasty, were producing cloth for the temple flags?
चोल वंश के शासन के दौरान तंजावुर और उरैयुर में कौन-से समुदाय के बुनकर मंदिर के झण्डों के लिए कपड़े तैयार करते थे?
(a) Padmashali/पदमाशाली (b) Devanga/देवंग
(c) Panika/पणिका (d) Saliya/सलिया

Ans. (d) : चोल वंश के शासन के दौरान तंजावुर और उरैयुर में सलिया समुदाय के बुनकर मंदिर के झण्डों के लिए कपड़े तैयार करते थे। ये केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य में आज भी पाए जाते हैं। चोल राजवंश नौंवी शताब्दी से 13वीं शताब्दी तक अत्यन्त शक्तिशाली हिन्दू साम्राज्य था। चोलकला में मंदिर शिक्षा के केन्द्र थे। कई उद्योगों और शिल्पियों को मंदिरों के कारण आजीविका मिलती थी। चोल वंश का संस्थापक विजयालय था।

6. There were a variety of cultural expressions in the medieval period that flourished across the Indian subcontinent.
मध्ययुगीन समय (काल) में विविध प्रकार की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ थीं जो पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फली-फूलीं।
Match the following items in List I with those in List II.
सूची I और II की वस्तुओं का सुमेल कीजिए-

List/ सूची I	List/ सूची II
a) Grammar and Poetics/ व्याकरण तथा काव्यशास्त्र	(i) Rasmanjari रसमंजरी
b) Storytelling/ कहानी सुनाना	(ii) Lilatilakam लीला तिलकम
c) Distinctive style/ विशिष्ट शैली	(iii) Kathak/ कथक
d) Miniature painting/ लघुचित्र	(iv) Gharanas/ घराने

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)
(b) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(c) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(d) a-iv, b-I, c-ii, d-iii

Ans. (b) :

अ.	व्याकरण तथा काव्यशास्त्र	- लीला तिलकम
ब.	कहानी सुनाना	- कथक
स.	विशिष्ट शैली	- घराने
द.	लघुचित्र	- रसमंजरी

लीला तिलकम 14वीं शताब्दी के संस्कृत भाषा का ग्रंथ है। कथक में नृत्यों के माध्यम से कहानियों को व्यक्त किया जाता था। वर्तमान में पद्मश्री डॉ. पुरु दधीच श्रेष्ठ कथक नृत्य गुरु हैं। घराने वंश परम्परा को व्यक्त करती है जो किसी विशिष्ट कला से सम्बन्धित हैं। रसमंजरी के रचनाकार भानुदत्त हैं। ये लघुचित्र प्रायः कपड़े पर बने होते हैं।

7. Match the tribes with the region they have originally lived in.
निम्नलिखित जनजातियों का उनके क्षेत्रों जहाँ वे मूल रूप से रहते हैं के साथ मिलान कीजिए:

List/सूची-I	List/सूची-II
a. Khokhar/ खोखर	(i) Multan & Sind/ मुल्तान और सिंध
b. Langhas&Arghuns/ लंगाह और अरघुन	(ii) Western Himalaya/ पश्चिमी हिमालय
c. Balochis/ बलोची	(iii) Punjab/ पंजाब
d. Gaddis/ गड्डी	(iv) North-West/ उत्तर-पश्चिम

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) a-iii, b-I, c-iv, d-ii (b) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(c) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (d) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

Ans. (a) :

खोंखर	- पंजाब
लंगाह और अरघुन	- मुल्तान और सिन्ध
बलोची	- उत्तर पश्चिम
गड्डी	- पश्चिमी हिमालय

खोखर भारतीय उपमहाद्वीप में पंजाब क्षेत्र का एक समुदाय है। मुल्तान और सिंध में मुगलों द्वारा अधीन किए जाने से पहले लंगाह और अरघुन लोगों का प्रभुत्व अत्यन्त विस्तृत क्षेत्र पर था। बलोची उत्तर पश्चिम सीमा क्षेत्र में पायी जाती है। पश्चिमी हिमालय में गड्डी गडरियों की एक जाति है।

8. Read the following assertion (A) and Reasoning (R) on the problems of indigo cultivators and the Blue Rebellion.
नील के काश्तकारों की समस्याओं और नील विद्रोह पर निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए।
Assertion (A) : In 1859, the ryots of Bengal rose in rebellion, refusing to grow indigo.
अभिकथन (A) : 1859 के बंगाल के रैयतों ने नील की खेती से इन्कार कर दिया और विद्रोह में खड़े हो गए।
Reasoning (R) : They were tired of the oppression forced on them by the zamindars.
कारण (R) : वे ज़मींदारों द्वारा अपने ऊपर किए जा रहे दमन से थक गए थे।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A)is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की। नील विद्रोह की पहली घटना बंगाल में हुई। नील के किसानों को बागान मालिकों के दमन का सामना करना पड़ा, विरोध स्वरूप किसानों ने नील उगाना बन्द कर दिया। इसी घटना को दीनबन्धु मित्र ने अपने नाटक 'नीलदर्पण' में शब्दबद्ध किया है।

9. Pandita Ramabai was an eminent Sanskrit scholar of the 19th century. Following are three statements made by students in a class. Choose the option that reflects her life and views
पंडिता रमाबाई उन्नीसवीं शताब्दी की एक प्रतिष्ठित संस्कृत विदुषी थीं। विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में बनाए गए निम्नलिखित तीन कथन हैं।

A. Hinduism has been progressive towards women./ हिन्दू धर्म महिलाओं के प्रति प्रगतिशील रहा है।
B. Founded a widow's home at Poona./ पूना में एक विधवागृह की स्थापना की।
C. Wrote the book Stripurushtulna, condemning the social differences between men and women.
एक किताब/पुस्तक लिखी 'स्त्री -पुरुष तुलना' जिसमें पुरुषों और महिलाओं के बीच मौजूद सामाजिक भिन्नताओं की आलोचना की गई थी। ऐसे विकल्प का चयन कीजिए जो उनके जीवन और विचारों को दर्शाता है।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only C/केवल C
(d) Only A and B/केवल A और B

Ans. (b) : केवल कथन B सही है। पण्डिता रमाबाई ने पूना में एक विधवागृह की स्थापना की थी। पण्डिता रमाबाई मेडिकल की पढ़ाई हेतु ब्रिटेन गयी थी। 1919 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'कैसर-ए-हिन्द' के तमगे से नवाजा था। रमाबाई 7 भाषाएँ जानती थी। धर्म परिवर्तन कर ईसाई बन गयी थी।

10. Who among the following wrote <u>The Cultivator's whipcord</u>?
निम्नलिखित में से <u>काश्तकार का चाबुक</u> किसने लिखी?

(a) Keshav Chundersen/केशव चन्द्र सेन
(b) Henry Derozio/हेनरी डेरोजियो
(c) Pandita Ramabai/पंडिता रमाबाई
(d) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फुले

Ans. (d) : 'काश्ताकार का चाबुक' पुस्तक की रचना ज्योतिराव फुले ने की है। निर्धन तथा निर्बल वर्ण को न्याय दिलाने हेतु इन्होंने 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। इन्होंने ब्राह्मण पुरोहित वर्ग का विरोध किया था। अपने जीवन काल में उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं- गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए फुले ने 1848 में एक स्कूल खोला।

11. Read the following statements A and B on Varna order.
वर्णक्रम पर निम्नलिखित कथनों A और B को पढ़िए।

A. During later Vedic period, the Brahmanas devided people into four groups called 'Varnas' and this division was based on the system of hierarchy and discrimination against the lower <u>varnas</u>.
उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मणों ने लोगों को चार वर्गों में विभाजित किया, जिन्हें वर्ण कहते हैं और यह विभाजन पदानुक्रम और निचले वर्णों के विरुद्ध भेदभाव पर आधारित था।
B. Many people did not accept the system of <u>varnas</u> laid down by the Brahmanas.
कई लोगों ने ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई सवर्ण व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया।

Choose the correct option/ सही विकल्प चुनें।

(a) A is true but B is false./A सही, किन्तु B गलत है।
(b) A is false but B is true./A गलत है, किन्तु B सही है।
(c) Both A and B are true and A is the reason for B./ A और B दोनों सही हैं और B का कारण A है।
(d) Both A and B are true and A is not the reason for B./ A और B दोनों सही हैं किन्तु B का कारण A नहीं है।

Ans. (c) : A और B दोनों सही है और B का कारण है A। उत्तरवैदिक काल में समाज चार वर्णों में वर्गीकृत था - ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। यह विभाजन पदानुक्रम तथा भेदभाव पर आधारित था। वर्ण की उत्पत्ति संस्कृत के वृ धातु से हुई है जिसका अर्थ है वरण करना या चुनना। कई लोगों ने ब्राह्मणों द्वारा बनायी गयी सवर्ण व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया, इन महान विभूतियों में राजा राममोहन राय, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिवा फुले, पण्डिता रमाबाई इत्यादि हैं।

12. Read the Assertion (A) and Reasoning (R) on nationalist movement and Choose the correct option.
राष्ट्रवादी आंदोलन पर दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): A number of political associations were formed after 1850 by the Indians.
अभिकथन (A): 1580 के बाद भारतीयों द्वारा कई राष्ट्रवादी राजनीतिक संगठनों की स्थापना की गई।

Reasoning (R): The consciousness that the British were exercising control over the resources of India and the lives of its people, and until this was ended India could not be for Indians, emerged during the second half of the nineteenth century.

कारण (R) उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में इस चेतना का उदय हुआ कि अंग्रेज़ भारत में संसाधनों व यहाँ के लोगों की ज़िन्दगी पर कब्ज़ा जमाए हुए हैं और जब तक यह नियंत्रण खत्म नहीं होता, भारत यहाँ के लोगों, भारतीयों का नहीं हो सकता।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : A और R दोनों सही है और (R) सही व्याख्या है (A) की। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अनेक राष्ट्रवादी संत एवं नेताओं के आर्विभाव से भारतीयों में चेतना का उदय हुआ कि अंग्रेज भारत में संसाधनों व यहाँ के लोगों की जिन्दगी पर कब्जा जमाए हुए हैं और जब तक यह नियंत्रण खत्म नहीं होता, भारत यहाँ के लोगों, भारतीयों का नहीं हो सकता। यही कारण है कि 1850 के बाद भारतीयों द्वारा कई राष्ट्रवादी राजनीतिक संगठनों की स्थापना की गया जिनमें आर्य समाज, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, रामकृष्ण सेवा मिशन आश्रम प्रमुख हैं।

13. Arrange the following in chronological order.
निम्नलिखित को काल क्रम में क्रमबद्ध करें:

A. Simon Commission
साइमन कमीशन-Nov- 1927
B. Rowlatt Act/ रॉलट एक्ट- Feb - 1919
C. Khilafat Agitation
खिलाफत आंदोलन- Mar. 1919
D. Dandi March/दाण्डी डी मार्च- Mar – 1930

(a) C, B, A and D/ C, B, और D
(b) B, C, D and A/ B, C, D और A
(c) A, B, D and C/ A, B, D और C
(d) B, C, A and D/ B, C, A और D

Ans. (d) : 18 मार्च, 1919 को रोलेट एक्ट पारित किया गया जिसका उद्देश्य राष्ट्रवादियों की आवाज को कुचलना था। साइमन कमीशन का गठन 8 नवम्बर 1927 को किया गया जो 3 फरवरी, 1928 को भारत पहुँचा, यह 7 ब्रिटिश सांसदों का समूह था जिसके अध्यक्ष जॉन साइमन थे। दिल्ली में 23 नवम्बर 1919 को महात्मा गांधी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय खिलाफत कांफ्रेंस हुई। महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ने के उद्देश्य से प्रसिद्ध दाण्डी मार्च, 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक किया, उस समय वायसराय लार्ड इरविन (1926-31) था। दाण्डी मार्च को नमक सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है। इन ऐतिहासिक घटनाओं का कालक्रम है- रॉलट एक्ट – खिलाफत आन्दोलन- साइमन कमीशन- दाण्डी मार्च।

14. For which of the following causes did the veteran Gandhian Potti Sriramalu die?
निम्नलिखित में से कौन-से मुद्दों के लिए वयोवृद्ध गाँधीवादी पोट्टी श्रीरामुलु की मृत्यु हूई?

(a) He was protesting against Simon Commission. वह साइमन कमीशन का विरोध कर रहे थे।
(b) He was protesting against the division of India./वह भारत के विभाजन का विरोध कर रहे थे।
(c) He was demanding a separate state for Telugu speakers./वह तेलुगु भाषियों के लिए अलग राज्य की माँग कर रहे थे।
(d) he was demanding entry of 'lower castes' into temples./वह निचली जातियों के लिए मंदिर में प्रवेश की माँग कर रहे थे।

Ans. (c) : वयोवृद्ध गाँधीवादी पोट्टी श्रीरामुलु की मृत्यु तेलुगु भाषियों के लिए मद्रास राज्य से अलग आन्ध्र प्रदेश राज्य की माँग करते हुए आमरण अनशन के 58वें दिन हुई। इस आन्दोलन के परिणाम स्वरूप 1 अक्टूबर, 1953 को भाषा के आधार पर पहला राज्य आन्ध्र प्रदेश का गठन हुआ। पोट्टी श्रीरामुलु में नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह और भारत छोड़ो आन्दोलन में जेल की सजाएँ भोगी थी। आन्ध्र क्षेत्र के लिए अपने आत्मबलिदान के लिए श्रीरामुलु को आन्ध्र क्षेत्र में अमरजीवी (अमर होने) के रूप में सम्मानित किया जाता है।

15. Read the statements and choose the correct option./ कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन करें-

Assertion (A): Mercury takes only about 88 days to complete one round along its orbit, as it is nearest to sun.
अभिकथन (A): बुध अपनी कक्षा में एक चक्कर पूरा करने में 88 दिन लगाता है क्योंकि यह सूर्य के सबसे समीप है।

Reason (R): All the eight planets of the solar system move around the sun in fixed elongated paths called orbits.
कारण (R) : सौरमंडल के सभी 8 ग्रह सूर्य के चारों ओर अपने निश्चित दीर्घ वृत्ताकार पथ पर चलते हैं, इसे कक्षा कहते हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) और (R) सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A), (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) द्वारा (A) की व्याख्या सही नहीं होती।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सत्य है, (R) असत्य है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों असत्य हैं।

Ans. (a) : अभिकथन (A) और (R) दोनों सत्य है, R, A की सही व्याख्या करता है। बुध अपनी कक्षा में एक चक्कर पूरा करने में 88 दिन लगाता है क्योंकि यह सूर्य के सबसे नजदीक है तथा नेप्यून सूर्य से सबसे अधिक दूरी पर है जिसको सूर्य की एक परिक्रमा करने में 164 साल लगते हैं। सौरमण्डल के सभी 8 ग्रह सूर्य के चारो ओर अपने निश्चित दीर्घ वृत्ताकार पथ पर चलते हैं, इसे कक्षा कहते हैं। सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रहों का बढ़ते क्रम हैं- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस (अरुण) तथा नेप्च्यून (वरुण)।

16. What will be the time at 30^0E when it is 12 noon at Greenwich?/यदि ग्रीनविच में दोपहर 12 बजे हैं, तो 30^0 पूर्व में क्या समय होगा?

(a) 10.00 AM/10:00पूर्वान्ह
(b) 1.00 PM/1:00 मध्यान्ह
(c) 2.00 PM/2:00 मध्यान्ह
(d) 1.30 PM/1:30 मध्यान्ह

Ans. (c) : यदि ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजे हैं तो 30^0 पूर्व में 2:00 बजे मध्यान्ह (PM) होगा।

$\because$ 1 पूर्वी देशान्तर में जाने में समय लगता है 4 मिनट

$\therefore$ 30^0 पूर्व देशान्तर में जाने में लगा समय $= 30^o \times 4$

$= 120$ मिनट

$= \frac{120}{60}$ घंटा

चूंकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूर्णन करती है अतः पूर्व की ओर जाने पर समय बढ़ेगा। दोपहर के 12 बजे में 2 घण्टा जोड़ने पर 2:00 बजे मध्यान्ह (PM) आएगा।

17. Identify the heat zone of the earth based on the given characteristics.
दी गई सूचना/विशेषता के आधार पर पृथ्वी के ताप कटिबंध पहचानें-

A. Areas are very cold./ अत्यधिक शीत क्षेत्र

B. The sun here does not rise above the horizon./ क्षितिज से ऊपर सूर्य उदय नहीं हो पाता

C. Areas lying between the Arctic Circle and the North Pole and Antarctic Circle and South Pole./ उत्तरी ध्रुव वृत्त और उत्तरी ध्रुव के मध्य क्षेत्र के और दक्षिणी ध्रुव वृत्त और दक्षिणी ध्रुव के मध्य क्षेत्र

D. Sun rays are always slanting and provide less heat./ सूर्य की किरणें टेढ़ी पड़ती है और कम गर्मी देती हैं।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन करें-

(a) Frigid Zone/शीतकटिबन्ध
(b) Torrid Zone/उष्णकटिबन्ध
(c) Temperate Zone/ताप कटिबन्ध
(d) Hot Zone/गर्म कटिबंध

Ans. (a) : प्रश्न में दी गयी सूचनाएँ/विशेषताएँ पृथ्वी के शीत कटिबन्ध क्षेत्र की है। पृथ्वी को तीन ताप कटिबन्धों में बाँटा गया है- उष्ण कटिबंध, शीतोष्ण कटिबंध और शीत कटिबंध। भूमध्य रेखा के उत्तर तथा दक्षिण में 66 डिग्री के ऊपर की अक्षांशीय स्थिति को शीत कटिबन्ध कहा गया है। सूर्य की किरणें तिरछी पड़ने के कारण यहाँ कम गर्मी होती है और अत्यधिक शीत क्षेत्र होता है तथा इस क्षेत्र में क्षितिज से ऊपर सूर्योदय नहीं हो पाता।

18. Match the equator and parallels of latitudes with their location.
विषुवत वृत्त और अक्षांश (समानांतर) रेखाओं का उनकी स्थिति से सुमेल कीजिए:

a.	**Arctic Circle/ उत्तरी ध्रुव वृत्त**	**(i)**	$23\frac{1}{2}^0$ S / **दक्षिण**
b.	**Tropic of Capricorn/ मकर रेखा**	**(ii)**	**90^0 N/ उत्तर**
c.	**Equator/ विषुवत रेखा**	**(iii)**	$66\frac{1}{2}^0$ N / **उत्तर**
d.	**North Pole/ उत्तरी ध्रुव**	**(iv)**	**0^0**

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv
(b) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)
(c) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii
(d) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

Ans. (c) :

उत्तरी ध्रुव वृत्त	-	$66\frac{1^o}{2}$ उत्तर
मकर रेखा	-	$23\frac{1^o}{2}$ दक्षिण
विषुवत रेखा	-	0°
उत्तरी ध्रुव	-	90° उत्तर

0° अक्षांश रेखा विषुवत रेखा है, इसके $23\frac{1^o}{2}$ उत्तर में कर्क रेखा तथा $23\frac{1^o}{2}$ दक्षिण में मकर रेखा है। $66\frac{1^o}{2}$ उत्तर उत्तरी ध्रुव वृत्त तथा $66\frac{1^o}{2}$ दक्षिण दक्षिणी ध्रुव वृत्त की स्थिति है। 90° उत्तर तथा 90° दक्षिण क्रमशः उत्तर तथा दक्षिणी ध्रुव वृत्त है।

19. Which of the following statements is the correct explanation of environment?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पर्यावरण की सही व्याख्या है?

A. The place, things and nature that surround any living organism.
किसी सजीव के चारों ओर का स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति

B. Only human activities on earth./पृथ्वी पर केवल मानवीय क्रियाकलाप

C. Both biotic and abiotic conditions existing on the earth./ पृथ्वी पर जैविक और अजैविक दोनों परिस्थितियाँ।

D. The combination of natural and human-made phenomena./ मानवकृत और प्राकृतिक सभी दृश्य प्रपंच/प्रघटनाएँ

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, C and D/ A, C और D
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : किसी सजीव के चारों ओर का स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति, पृथ्वी पर जैविक और अजैविक दोनों परिस्थितियाँ तथा मानवकृत और प्राकृतिक सभी दृश्य प्रपंच/घटनाएँ पर्यावरण की सही व्याख्या करती है। पर्यावरण 'परि' और 'आवरण' दो शब्दों से मिलकर बना है। जिसमें 'परि' का अर्थ है चारों ओर तथा 'आवरण' का अर्थ घेरे हुए। इस प्रकार पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। पर्यावरण वायु और जलवायु को विनियमित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 23 मई, 1986 को पारित किया गया था।

20. Identify the type of forests based on the features described below.
निम्न वर्णित विशेषताओं के आधार पर वनों के प्रकार की पहचान कीजिए:

A. They are commonly found along the eastern margin of the continents, such as South China.
ये सामान्यतः महाद्वीपों के पूर्वी किनारों पर पाए जाते हैं, जैसे-दक्षिणी चीन।

B. Oak, pine, eucalyptus are examples of the trees found here.
बांज, चीड़ एवं यूकेलिप्टस उदाहरण हैं, पेड़ों के जो यहाँ पाए जाते हैं।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Tropical Evergreen Forest
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(b) Tropical Deciduous Forests
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(c) Temperate Evergreen Forests
शीतोष्ण सदाबहार वन
(d) Temperate Deciduous Forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन

Ans. (c) : शीतोष्ण सदाबहार वन समान्यतः महाद्वीपों के पूर्वी किनारों पर पाये जाते हैं, जैसे- दक्षिण चीन, दक्षिण पूर्व अमेरिका एवं दक्षिण पूर्व ब्राजील। यहाँ बांज, चीड़ एवं यूकेलिप्टस जैसे दृढ़ एवं मुलायम दोनों प्रकार के पेड़ पाये जाते हैं। उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन भूमध्य रेखा के पास पाये जाते हैं। उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन मानसूनी वन होते हैं जो भारत, उत्तरी आस्ट्रेलिया में पाये जाते हैं। इन क्षेत्रों में मौसमी परिवर्तन होते रहते हैं। शीतोष्ण पर्णपाती वन उच्च अक्षांशों में पाए जाते हैं। यहाँ पाए जाने वाले पेड़ हैं- बांज, ऐश चीड़ आदि। ये अपनी पत्तियाँ शुष्क मौसम में झाड़ देते हैं।

21. Match the following natural vegetation with the required rainfall conditions.
प्राकृतिक वनस्पति एवं उसके लिए आवश्यक वर्षा की स्थिति का सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

A.	**Forests/ वन**	**(i)**	**Moderate rainfall/ मध्य वर्षा**
B.	**Grasslands/ घासस्थल**	**(ii)**	**Low rainfall/ न्यून वर्षा**
C.	**Shrubs/ कांटेदार झाड़ियां**	**(iii)**	**Plentiful rainfall/ अत्यधिक वर्षा**

Choose the correct option./सही कथन का चयन करें-

(a) A-(iii), B-(i), C-(ii) (b) A-(ii), B-(iii), C-(i)
(c) A-(i), B-(ii), C-(iii) (d) A-(i), B-(iii), C-(ii)

Ans. (a) :
वन - अत्यधिक वर्षा
घासस्थल - मध्य वर्षा
कांटेदार झाड़ियाँ - न्यून वर्षा
वनस्पतियों में परिवर्तन मिट्टी, जलवायु, तापमान, ऊँचाई इत्यादि के कारण होती है। इन घटकों में अन्तर के कारण प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एवं प्रकार में परिवर्तन होता है। वन उपयुक्त तापमान एवं परिपूर्ण वर्षा वाले क्षेत्रों में उगते हैं। घासस्थल मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में तथा झाड़िया केवल शुष्क क्षेत्रों में होती है क्योंकि शुष्क क्षेत्रों में जल की कम मात्रा उपलब्ध होती है।

22. Which of the following gases is produced by plants during photosynthesis?
इनमें से पौधों द्वारा प्रकाश संश्लेषण (फोटोसिनथिसिस) के दौरान कौन-सी गैस का उत्पादन होता है?

(a) Nitrogen/नाइट्रोजन
(b) Carbon dioxide/कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(c) Oxygen/ऑक्सीजन
(d) Hydrogen/हाइड्रोजन

Ans. (c) : पौधों द्वारा प्रकाश संश्लेषण (फोटो सिनथेसिस) के दौरान ऑक्सीजन गैस का उत्पादन होता है। सभी हरे पौधे स्वपोषी होते हैं। प्रकाश संश्लेषण वह उपापचयी क्रिया है जिसमें पौधे के हरे क्लोरोफिल युक्त भाग सूर्य की ऊर्जा की उपस्थिति में सरल अकार्बनिक पदार्थों जैसे कार्बनडाईआक्साइड और क्लोरोफिलयुक्त जल द्वारा कार्बोहाइड्रेट्स का निर्माण करते हैं तथा आक्सीजन गैस के रूप में बाहर निकालते हैं।

$$6CO_2 12H_2O \xrightarrow[\text{हरित लवक}]{\text{सूर्य का प्रकाश}} C_6H_{12}O_6 + 6O_2 + 6H_2O$$

23. Read the statements A and B and choose the correct option.
निम्नलिखित कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें-
Statement(A): The amount of isolation decreases from equator towards poles.
अभिकथन (A) : आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुव की ओर घटती जाती है।
Statement(B): Solar radiation does not affect the distribution of temperature on earth.
कथन (B) : आते हुए सूर्यताप द्वारा ताप का वितरण प्रभावित नहीं होता।
Choose the correct option/सही विकल्प चुनें-

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) और (B) सत्य हैं (B) द्वारा (A) की व्याख्या होती है।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (B) दोनों सत्य है, परन्तु (B) द्वारा (A) की व्याख्या नहीं होती।
(c) (A) is true but (B) is false./ (A) सत्य है, परन्तु (B) असत्य है।
(d) Both (A) and (B) are false./दोनों (A) और (B) असत्य हैं।

Ans. (c) : आतपन या सूर्य ताप के संदर्भ में कथन (A) सत्य है, परन्तु (B) असत्य है। आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती जाती है क्योंकि पृथ्वी की बनावट एवं उसके अपने अक्ष पर झुकाव के कारण सूर्य का प्रकाश सम्पूर्ण पृथ्वी पर समान मात्रा में नहीं पहुँचता है। आते हुए सूर्यताप द्वारा ताप का वितरण प्रभावित होता है क्योंकि भूमध्य रेखा पर सूर्यताप अधिक प्राप्त होता है तथा ध्रुवों पर सूर्यताप की मात्रा नगण्य होती है।

24. Match the means of transport with their important features.
परिवहन के साधन का सुमेल उस परिवहन की महत्वपूर्ण विशेषताओं के साथ कीजिए।

	List I		List II
A.	**Roadways सड़कमार्ग**	**(i)**	**Fastest ways of transport./ परिवहन का सबसे तीव्र साधन है।**
B.	**Railways रेलमार्ग**	**(ii)**	**Cheapest means for carrying heavy and bulky goods over long distances अधिक दूरी में भारी एवं बड़े आकार वाले सामानों को ढोने के लिए सबसे सस्ता साधन है।**

C.	Waterways जलमार्ग	(iii)	Carry heavy goods and people over long distances quickly and cheaply./ तीव्रता से एवं कम खर्च/व्यय में लोगों का आवागमन एवं भारी सामान को ढोने का
D.	Airways/ वायुमार्ग	(iv)	Most commonly used specially for short distances./ कम दूरी यातायात का सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाला मार्ग।

Select the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(b) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(c) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(d) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)

Ans. (c) :
- सड़क मार्ग - कम दूरी यातायात का सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला मार्ग।
- रेलमार्ग - तीव्रता से एवं कम खर्च/व्यय में लोगों का आवागमन एवं भारी सामान को ढोने का
- जलमार्ग - अधिक दूरी में भारी एवं बड़े आकार वाले सामानों को ढोने के लिए सबसे सस्ता साधन है।
- वायुमार्ग - परिवहन का सबसे तीव्र साधन है।

भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग NH44 है।
हल्दिया से प्रयागराज भारत का सबसे लम्बा जलमार्ग है। इसकी लम्बाई 1620 किमी. है।

25. Access to clean and adequate water sources is a major problem the world is facing today. Choose the methods from the following for conservation of water.
आज के विश्व में शुद्ध तथा पर्याप्त जल स्त्रोतों तक पहुँचना एक बड़ी समस्या बन गई है।
निम्नलिखित में से जल संरक्षण की विधियों का चयन कीजिए।

A. Properly lined irrigation canals.
उचित रूप से पंक्तिबद्ध सिंचाई करने वाली नहरें

B. use of sprinklers drip irrigation.
स्प्रिंक्लरों का उपयोग, टपकन (ड्रिप) विधि से सिंचाई

C. Digging deep wells./गहरे कुएँ खोदना।

D. Water harvesting/ जल संग्रहण

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, C and D/ A, C और D
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (c) : जल संरक्षण की विधियाँ :-
उचित रूप से पंक्तिबद्ध सिंचाई करने वाली नहरें।
स्प्रिंक्लरों का उपयोग, टपकन (ड्रिप) विधि से सिंचाई।
जल संग्रहण।
यद्यपि धरातल का 70 से अधिक भाग जल से भरा हुआ है परन्तु पृथ्वी पर मनुष्य के प्रयोग हेतु कुल जल का मात्र 0.6 भाग ही मृदु जल के रूप में उपलब्ध है। वर्तमान समय में सीमित जल का बड़ा भाग प्रदूषित है। अतः शुद्ध तथा पर्याप्त जल स्त्रोतों तक पहुँचना कठिन समस्या हो गयी है। 1987 में भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय द्वारा प्रथम राष्ट्रीय जल नीति लागू की गयी।

26. Read statements A and B on resources and identify which resource is being referred.
निम्नलिखित कथनों A और B को पढ़िए और किस संसाधन को उल्लिखित किया गया है उसकी पहचान कीजिए।

A. Natural substances become resources only when their original form is changed.
प्राकृतिक पदार्थ केवल तभी संसाधन बनते हैं जब उनका वास्तविक रूप परिवर्तित होता है।

B. technology is both an example of this resource, as well as important factor for generating more of this resource.
प्रोद्योगिकी इस संसाधन का एक उदाहरण है और साथ-साथ इस तरह के और अधिक संसाधन के उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण कारक भी है।

Choose the correct option/सही विकल्प चयन कीजिए।

(a) Abiotic resource/अजैव संसाधन
(b) Actual resource वास्तविक संसाधन
(c) Human resource/मानव संसाधन
(d) Human made resource/मानव निर्मित संसाधन

Ans. (d) : प्रश्न में दिए गए दोनों कथन मानव निर्मित संसाधन की ओर संकेत करते हैं। जब प्राकृतिक पदार्थों का वास्तविक रूप परिवर्तित कर प्रयोग किया जाता है तब वे पदार्थ मानव निर्मित संसाधन कहलाते हैं। लौह-अयस्क तब तक कोई संसाधन नहीं था जब तक लोगों ने उससे लोहा बनाना नहीं सीखा था। लोग प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पुल, सड़क, मशीन और वाहन बनाने में करते हैं जो मानव निर्मित संसाधन के नाम से जाने जाते हैं। प्रौद्योगिकी भी एक मानव निर्मित संसाधन है। प्रत्येक वस्तु जिसका उपयोग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जा सकता है, वह संसाधन है।

27. Match the type of farming with the region where it is mainly practised.
कृषि के प्रकार का सुमेल कीजिए उन क्षेत्रों के साथ जहाँ वे मुख्य रूप से की जाती हैं।

A.	Intensive subsistence Agriculture/ गहन निर्वाह कृषि	(i)	Coffee in Brazil ब्राजील में कॉफी
B.	Plantations/ बागान	(ii)	Temperate grasslands शीतोष्ण घास स्थल
C.	Shifting cultivation/ स्थानांतरीय कृषि	(iii)	Monsoon region मानसूनी क्षेत्र/प्रदेश
D.	Commercial grain Farming/ वाणिज्यिक अनाज कृषि	(iv)	Tropical Africa ऊष्णकटिबंधीय अफ्रीका

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)
(b) A-(iii), B-(i), C-(iv), d-(ii)
(c) A-(i), B-(iv), C(ii), D-(iii)
(d) A-(iv), B-(ii), C-(iii), d-(i)

Ans. (b) :
- गहन निर्वाह कृषि - मानसूनी क्षेत्र/प्रदेश
- बागान - ब्राजील में कॉफी
- स्थानान्तरी कृषि - उष्णकटिबन्धीय अफ्रीका
- वाणिज्यिक अनाज कृषि - शीतोष्ण घासस्थल

गहन निर्वाह कृषि में किसान एक छोटे भूखण्ड पर अधिक श्रम से खेती करता है। यह कृषि दक्षिणी, दक्षिण पूर्वी और पूर्वी एशिया वाले सघन मानसूनी प्रदेशों में प्रचलित है। स्थानान्तरीय कृषि अमेजन बेसिन के सघन वन क्षेत्रों, उष्ण कटिबन्धीय अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और उत्तर पूर्वी भारत के भागों में प्रचलित है। वाणिज्यिक कृषि में फसल उत्पादन और पशुपालन बाजार में विक्रय हेतु किया जाता है।

28. If a school is celebrating festivals, which of the following situations reflects the celebration of diversity?/अगर एक स्कूल त्यौहार मनाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति विविधता के जश्न की दर्शाती है?

(a) Raksha Bhandan in a Haryana school
हरियाणा के स्कूल में रक्षा-बंधन
(b) Onam in a Madhya Pradesh school
मध्य प्रदेश के स्कूल में ओणम
(c) Pongal in a Tamil Nadu school
तमिलनाडु के स्कूल में पोंगल
(d) Holi in a Uttar Pradesh school
उत्तर प्रदेश के स्कूल में होली

Ans. (b) : मध्य प्रदेश के स्कूल में ओणम त्योहार मनाना विविधता के जश्न को दर्शाती है। केरल में महाबली नाम के एक असुर राजा के आदर में लोग ओणम पर्व मनाते हैं, कुछ लोग इसे फसल और उपज के लिए भी मनाते हैं। भारत विविध सभ्यताओं का देश है जहाँ संस्कृति, परम्परा, धर्म और भाषा से अलग होने के बावजूद भी लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। पोंगल तमिलनाडु राज्य का एक प्रमुख त्योहार है। पोंगल का तमिल में अर्थ उफान या विप्लव होता है। यह त्योहार मकर संक्रान्ति से शुरू होकर 4 दिन तक चलता है।

29. Who coined the phrase Unity in Diversity?
किसने अनेकता में एकता का विचार दिया?

(a) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी
(b) Jawahar Lal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(c) Rabindra Nath Tagore/ रवीन्द्रनाथ टैगोर
(d) Sardar Vallabh Bhai Patel
सरदार वल्लभ भाई पटेल

Ans. (b) : जवाहर लाल नेहरु ने अनेकता में एकता का विचार दिया। 'भारत की खोज' किताब में जवाहर लाल नेहरु ने लिखा है कि भारतीय एकता बाहर से थोपी हुई चीज नहीं है बल्कि यह बहुत गहरी है जिसके अंदर अलग-अलग तरह के विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना है। इसमें विविधता की पहचान को प्रोत्साहित किया जाता है। इन सारे तत्वों का वर्णन करते हुए उन्होंने ही हमें 'अनेकता में एकता' के विचार से हमें अवगत कराया। 'भारत की खोज' पुस्तक के रूप में 1946 में प्रकाशित हुई।

30. A system of government in which power is divided between a central authority and various constituent units is called a _____
सरकार की एक ऐसी व्यवस्था जिसमें अधिकारों/शक्तियों को केंद्रीय प्राधिकरण और विभिन्न संघटक इकाईयों के बीच विभाजित किया जाता है, उसे कहते हैं।

(a) Democratic state/लोकतांत्रिक राज्य
(b) Federal state/संघीय राज्य
(c) Unitary state/एकात्मक/ऐकिक राज्य
(d) Communist state/साम्यवादी (कम्युनिस्ट) राज्य

Ans. (b) : सरकार की एक ऐसी व्यवस्था जिसमें अधिकारों/शक्तियों को केन्द्रीय प्राधिकरण और विभिन्न संघटक इकाईयों के बीच विभाजित किया जाता है, उसे संघीय राज्य कहते हैं। संघीय व्यवस्था में सरकार दो या अधिक स्तरों वाली होती है। इस व्यवस्था में अलग-अलग स्तर की सरकारें एक ही नागरिक समूह पर शासन करती है। लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रूप है जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते हैं। एकात्मक शासन में एक स्तरीय सरकार होती है। यही पूरे देश के लिए कानून बनाने, लागू करने का काम करती है जैसे- ब्रिटेन और फ्रांस। साम्यवाद, सामाजिक राजनीतिक दर्शन के अन्तर्गत एक ऐसी विचारधारा के रूप में वर्णित है जिसमें सरंचनात्मक स्तर पर एक समतामूलक वर्गविहीन समाज की स्थापना की जायेगी।

31. Who among the following appoints the secretary of a Gram Panchayat?
निम्नलिखित में से कौन ग्राम पंचायत के सचिव की नियुक्ति करता है?

(a) Panchayat Samiti/पंचायत समिति
(b) Zila Parishad/ज़िला परिषद्
(c) Sarpanch/सरपंच
(d) Government/सरकार

Ans. (d) : सरकार ग्राम पंचायत के सचिव की नियुक्ति करती है। ग्राम पंचायत सचिव को पंचायत कार्यालय का प्रभारी भी कहा जाता है। वह मूल रूप से ग्राम पंचायत, सरकार और ग्राम सभा के बीच की कड़ी है। उसका कार्य ग्राम पंचायत में होने वाले लिपिकीय कार्यों, धन का लेखा-जोखा रखना, ग्राम पंचायत की ओर से पारित प्रस्तावों का रिकार्ड रखना और उनके क्रियान्वयन में मदद करना इत्यादि है। सरपंच स्थानीय स्वशासन के लिए गाँव स्तर पर ग्राम पंचायत का प्रधान होता है। सरपंच का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। पचांयत राज की सबसे ऊपरी संस्था जिला परिषद् है।

32. Read the statements and choose the correct option.
कथनों को पढ़कर सही विकल्प चयन कीजिए।

Assertion (A): Agricultural labourers do not find regular work throughout the year.
अभिकथन (A) : खेतिहर श्रमिकों को सालभर नियमित काम नहीं मिलता है।

Reason (R): The land owners go for cheap labour from other villages.
कारण (R) : भू-स्वामी दूसरे गाँवों से सस्ते श्रमिक ढूँढ़ने जाते हैं।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सहीं हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) in not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनो गलत हैं।

Ans. (b) : खेतिहर श्रमिकों को सालभर नियमित काम नहीं मिलता है। भू-स्वामी दूसरे गाँवों से सस्ते श्रमिक ढूंढने जाते हैं। दोनों कथन सही हैं, परंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की। खेतिहर श्रमिक भूमिहीन हैं या इनके पास भूमि का बहुत छोटा भाग होता है जिस पर उनका जीवन निर्वाह नहीं हो पाता। ये अकुशल, गरीब अस्वस्थ, अशिक्षित होते हैं जिसके कारण इनको साल भर नियमित काम नहीं मिल पाता है। भू-स्वामियों की संख्या कम होने के कारण वे सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी पर श्रमिक ढूंढने दूसरे गाँवों में जाते हैं।

33. In an ideal democracy, the real source of power is/are
एक आदर्श लोकतंत्र में वास्तविक शक्ति का स्त्रोत है/हैं:
(a) the Parliament/संसद
(b) the Judiciary/न्यायपालिका
(c) the People/जनता
(d) the Aristrocrats/अभिजात वर्ग

Ans. (c) : एक आदर्श लोकतंत्र में वास्तविक शक्ति का स्रोत जनता है। चूंकि लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रूप है जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते हैं इसलिए वास्तविक शक्ति जनता में निहित होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा- लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन है। लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होती है, उसकी अनुमति से शासन होता है। लोकतांत्रिक शासन का स्वरूप अधिक जवाबदेही वाला होता है। लोकतंत्र में नागरिकों का सम्मान बढ़ता है तथा इसमें हमें अपनी गलतियों को सुधारने का अवसर भी मिलता है।

34. Which of the following are examples of a stereotype?
निम्नलिखित में से कौन-से रूढ़िबद्ध धारणा के उदाहरण हैं?
A. Girls are emotional, soft spoken and gentle.
लड़कियाँ भावुक, मृदु-भाषी और कोमल होती हैं।
B. Boys and rowdy and physically strong.
लड़के ऊधमी और शारीरिक रूप से बलवान होते हैं।
C. boys and girls are good in Maths.
लड़के और लड़कियाँ गणित में अच्छे होते हैं।
Choose the correct option./सही कथन का चयन करें-
(a) A and B/ A और B
(b) B and C/ B और C
(c) A and C/ A और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : लड़कियाँ भावुक, मृदुभाषी और कोमल होती है, तथा लड़के ऊधमी और शारीरिक रूप से बलवान होते हैं, रूढ़िबद्ध धारणा के उदाहरण हैं। किसी व्यक्ति या वस्तु के बारे में पूर्व निश्चित धारणा को पालना ही रूढ़िबद्ध धारणा से देखा जाता है। रूढ़िबद्धता धर्म, जाति, लिंग, स्थान इत्यादि के आधार पर हो सकती है। रूढ़िवादिता भावनात्मक अनुभव से जुड़े होते हैं।

35. Which of the following articles provide protection to persons arrested or detained under preventive detention law?
निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद हिरासत निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करता है?
(a) Article 17/अनुच्छेद 17
(b) Article 21/ अनुच्छेद 21
(c) Article 22/अनुच्छेद 22
(d) Article 25/अनुच्छेद 25

Ans. (c) : भारतीय संविधान का अनुच्छेद-22 हिरासत निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार या हिरासत में लिए गये व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करता है। राज्य द्वारा किसी व्यक्ति को 'निवारक निरोध' के तहत 4 आधारों पर गिरफ्तार किया जा सकता है-
1. राज्य की सुरक्षा।
2. सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखना।
3. आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति और रख-रखाव तथा रक्षा।
4. विदेशी मामलों या भारत की सुरक्षा।
भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता के उन्मूलन से सम्बन्धित है। अनुच्छेद 21 प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण करता है। अनुच्छेद 25 में अंतःकरण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण की स्वतंत्रता और धर्म का प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता है।

36. The constitution of India defines and demarcates the roles and responsibilities of three organs of the state-namely-the legislature, the executive and the judiciary. This separation of powers ensures
भारतीय संविधान राज्य के तीन अंग-विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के कार्य तथा उत्तरदायित्वों को परिभाषित करता है। ये शक्तियों का बँटवारा सुनिश्चित करता है:
A. prevention of the misuse of power by any organ of the state.
राज्य के किसी भी अंग द्वारा सत्ता के दुरुपयोग को रोकना।
B. a check on the powers of the three organs of the state.
प्रत्येक अंग दूसरे अंग पर अंकुश रखता है।
C. to strengthen the spirit of co-operative federalism in India.
सहकारी संघवाद की भावना को मज़बूती प्रदान करता है।
D. balance of power between all three organs of the state.
तीनों अंगों के बीच सत्ता का संतुलन बना रहता है।
Choose the correct option./सही विकल्प का चयन करें-
(a) A, B and D are true./ A, B तथा D सही हैं।
(b) B, C and D are true./ B, C तथा D सहीं हैं
(c) A, C and D are true./ A, C तथा D सही हैं।
(d) A, B and C are true./ A, B तथा C सही हैं।

Ans. (d) : भारतीय संविधान राज्य के तीन अंग, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका के कार्य तथा उत्तरदायित्वों को परिभाषित करने के साथ-साथ राज्य के किसी भी अंग द्वारा सत्ता के दुरुपयोग को रोकता है, प्रत्येक अंग दूसरे अंग पर अंकुश रखता है तथा सहकारी संघवाद की भवना को मजबूत करता है। प्रसिद्ध फ्रेंच दार्शनिक 'माण्टेस्क्यू' ने शक्ति के पृथक्करण सिद्धांत को प्रतिपादित किया था। उनके अनुसार राज्य की शक्ति उसके तीन भागों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में बाँट देनी चाहिए। भारत के संविधान में अनुच्छेद 50 में कार्यपालिका और न्यायपालिका का उल्लेख किया गया है। सिद्धांत रूप में शासन के तीनों अंग एक-दूसरे के पूरक हैं।

37. Under which Article did the Supreme Court direct the West Bengal government to pay compensation to Hakim Sheikh under Right to health?
किस अनुच्छेद के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय में पश्चिम बंगाल को आदेश दिया कि हाकिम शेख को स्वास्थ्य का अधिकार के अंर्तगत मुआवज़ा दे?

(a) Article 14/अनुच्छेद 14
(b) Article 21/अनुच्छेद 21
(c) Article 25/अनुच्छेद 25
(d) Article 32/अनुच्छेद 32

Ans. (b) : अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को आदेश दिया कि हाकिम शेख को स्वास्थ्य का अधिकार के अन्तर्गत मुआवजा दे। हाकिम शेख एक खेतिहर किसान थे जो चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गये थे। कई चिकित्सालयों ने उनका इलाज करने से मना कर दिया। उन्होंनें मुकदमा दायर किया। तब अदालत ने फैसला सुनाया कि अनुच्छेद 21 में हर नागरिक को जीवन का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है जिसमें स्वास्थ्य का अधिकार है। अतः अस्पताल की लापरवाही के कारण पश्चिम बंगाल सरकार हाकिम शेख को मुआवजा दे। अनुच्छेद-14 विधि के समक्ष समता का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद-32 व्यक्तियों को न्याय मांगने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार देना है।

38. Who was the chairman of the committee that was formed in 2005 to examine the social, economic and educational status of the Muslim community in India?
भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का जायज़ा लेने के लिए 2005 में बनाई/गठित की गई समिति का अध्यक्ष कौन था?

(a) Justice N.V. Ramana/न्यायमूर्ति एन.वी. रमण
(b) Justice Ranjan Gogoi/न्यायमूर्ति रंजन गोगोई
(c) Justice Rajinder Sachar/न्यायमूर्ति राजिन्दर सच्चर
(d) Justice Y.V. Chandrachud
न्यायमूर्ति वाई. वी. चन्द्रचूड़

Ans. (c) : भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का जायजा लेने के लिए 2005 में बनाई गयी समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजिन्दर सच्चर थे। इस समिति में कुल 7 सदस्य थे। समिति ने 403 पेज की रिपोर्ट 30 नवम्बर 2006 को लोकसभा में पेश किया था। मुस्लिम समुदाय की बेहतरी के लिए सच्चर समिति ने 10 प्रमुख सुझाव सौंपे थे। राजिन्दर सच्चर दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायधीश थे। न्यायमूर्ति एन.वी. रमन्ना भारत के 48वें मुख्य न्यायधीश हैं।

39. When a community is forced to live on the fringes of social and economic development, this is known as _____.
जब एक समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक विकास के किनारे पर रहने के लिए ढकेल दिया जाता है, इसे क्या कहते हैं?

(a) Malnourishment/कुपोषण
(b) Displacement/विस्थापन
(c) Marginalisation/हाशियाकरण
(d) Communalisation/सांप्रदायीकरण

Ans. (c) : जब एक समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक विकास के किनारे पर रहने के लिए ढकेल दिया जाता है, इसे हाशियाकरण कहते हैं। ऐसे में हाशियाकृत व्यक्ति समाज के केन्द्र व मुख्य धारा में नहीं रहता। शरीर के लिए आवश्यक संतुलित आहार लम्बे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। जब कोई व्यक्ति अथवा समूह किसी कारण से अपने स्थाई स्थान से हटा दिया जाता है तो इस क्रिया को विस्थापन कहते हैं, जबकि हटाये गये व्यक्ति को विस्थापित कहते हैं। ऐसी विचारधारा या संकीर्ण मनोवृत्ति जिसमें विभिन्न धर्मों तथा सम्प्रदायों के हित आपस में टकराते हैं तथा वे एक दूसरे को अपने विकास में बाधक मानने लगते हैं, साम्प्रदायिकता कहलाती है। साम्प्रदायिकता बनने की क्रिया या प्रक्रिया साम्प्रदायीकरण कहलाता है।

40. Match the livelihoods in List I with the nature of their work given in List II.
सूची I में आजीविकाओं का सूची II में दिए गए उनके कार्य की प्रकृति के साथ सुमेल कीजिए।

	List/ सूची- I		List/ सूची- II
a)	Rickshaw Puller/ रिक्शाचालक	(i)	Shift work and temporary work/ शिफ्ट वर्क, अस्थायी/अनियमित काम
b)	Garment Worker/ कपड़ा उद्योग का कर्मचारी	(ii)	Self-employed and no social security/ स्व-रोज़गार, कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं
c)	Office Worker/ कार्यालय का कर्मचारी	(iii)	Employ other workers and Self-employed/ दूसरे कर्मचारियों को नियुक्त करता है, स्व-राज़गार
d)	Shopkeeper/ दुकानदार	(iv)	Monthly salary मासिक वेतन

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिये:

(a) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)
(b) a-(ii), b-(i), c-(iv), d-(iii)
(c) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)
(d) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

Ans. (b) :

- रिक्शाचालक - स्वरोजगार, कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं
- कपड़ा उद्योग का कर्मचारी - शिफ्ट वर्क, अस्थाई/अनियमित काम
- कार्यालय का कर्मचारी - मासिक वेतन
- दुकानदार - दूसरे कर्मचारियों को नियुक्त करता है, स्वरोजगार

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार- ''वह सुरक्षा जो समाज उचित संगठनों के माध्यम से अपने सदस्यों के साथ घटित होने वाली कुछ घटनाओं और जोखिमों से बचाव के लिए प्रस्तुत करता है, सामाजिक सुरक्षा है।''

41. Which is the following is/are normative concerns of social science?/निम्न में से कौन-सा/से सामाजिक विज्ञान के मानकीय पक्ष हैं?

A. Respect for diversity/ विविधता का आदर

B. Human Values/ मानवीय मूल्य

C. Personal Development/ व्यक्तिगत विकास

D. Freedom/ स्वतंत्रता

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (c) : विविधता का आदर, मानवीय मूल्य तथा स्वतंत्रता सामाजिक विज्ञान के मानकीय पक्ष हैं। सामाजिक विज्ञान से अभिप्राय मानव क्रियाओं और व्यवहारों का उनके सामाजिक समूहों में क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अध्ययन है। सामाजिक विज्ञान के मानकीय पक्ष से आशय सामाजिक मूल्य या नियम हैं जो विभिन्न संदर्भों में सामाजिक व्यवहार को निर्देशित करता है।

42. 'The Social and Political life' textbooks at elementary level use storyboards because
प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्य पुस्तकों में चित्रकथा-पट्टों (स्टोरी बोर्ड्स) का प्रयोग किया गया है, क्योंकि:

(A) they engance the aesthetic value of the book./ ये किताब का सौन्दर्य बोध बढ़ाते हैं।

(B) they draw learners attention into the narrative through use of visuals/ ये चित्रों की जीवंत-प्रस्तुति के सहारे विषय-वस्तु की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षण करते हैं।

(C) they are added in book for student's Entertainment/ ये बच्चों के मनोरंजन हेतु जोड़े गए हैं।

(D) stories are easily available for these books and related topics./इस पुस्तक और इसके विषयों से संबंधित कहानियाँ आसानी से मिल जाती हैं।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनिये-

(a) Only A is true./केवल A सही है।
(b) Only B is true./ केवल B सही है।
(c) Only A, B and C are true.
केवल A, B और C सही है।
(d) Only A, B and D are true.
केवल A, B और D सही है।

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' की पाठ्य पुस्तकों में चित्रकथा पट्टों (स्टोरी बोर्ड्स) का प्रयोग किया गया है क्योंकि इससे चित्रों की जीवन्त प्रस्तुति के सहारे विषय वस्तु की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षण करते हैं। सामाजिक विज्ञान के प्रारम्भिक स्तर पर विद्यार्थी का विषय के प्रति ध्यान आकर्षित एवं रूचि उत्पन्न करने हेतु चित्रकथा-पट्टों (स्टोरी बोर्ड्स) जैसी शैक्षिक तकनीकों का पाठ्य पुस्तकों में प्रयोग किया जाता है। चित्रकथा पट्टों की सहायता से विद्यार्थी को अधिगम में आसानी होती है।

43. A social science teacher is planning to discuss about 'marginalisation' with her students. Which of the following concepts is the most likely to put in her discussion?
सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में 'हशियाकरण' पर चर्चा करने की योजना बना रही है। निम्न में से कौन से संप्रत्यय की उसके द्वारा इस चर्चा में शामिल किए जाने की ज़्यादा संभावना है?

A. Land acquisition and forceful eviction of tribals form their land/ भूमि अधिग्रहण और जनजातीय लोगों को उनकी भूमि से बलपूर्वक निकालना।

B. Stereotypical images about communities/ समुदायों के बारे में पूर्वाग्रह छवियाँ

C. Positive discrimination/ सकारात्मक विभेद

D. Social, economic and educational status of a particular community/ समुदाय विशेष की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A, B and C/ केवल A, B और C
(b) Only B, C and D/ केवल B, C और D
(c) Only A, B and D/केवल A, B और D
(d) Only A, B, C and D/केवल A, B, C और D

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका द्वारा भूमि अधिग्रहण और जनजातीय लोगों को उनकी भूमि से बलपूर्वक और जनजातीय लोगों को उनकी भूमि से बलपूर्वक निकालना, समुदायों के बारे में पूर्वाग्रह छवियाँ, सकारात्मक विभेद तथा समुदाय विशेष की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति को हाशियाकरण पर चर्चा की योजना बनाने में शामिल किए जाने की ज्यादा सम्भावना है। हाशियाकरण का अर्थ किसी को हाशिये या किनारे पर ढकेलना है। ऐसे वह व्यक्ति समाज के केन्द्र व मुख्य धारा में नहीं रहता।

44. As a social science teacher you want to assess your students understanding of 'changes of seasons on earth'. Which of the following activity will most likely find place in your class?
सामाजिक विज्ञान के अध्यापक होने के नाते आप अपने विद्यार्थियों की 'पृथ्वी पर मौसम में परिवर्तन' की समझ का आकलन करना चाहते हैं। आपकी कक्षा में किस गतिविधि को स्थान पाने की सबसे अधिक संभावना होगी?

A. Asking students to note down the timings or sunrise and sunset for about 6 months from old news papers. Also comparing the days and nights and explaining the factors for this difference.

बच्चों को 6 माह तक (पुराने अखबारों से) के सूर्योदय व सूर्यास्त के समय को लिखने को कहना। साथ ही दिन रात के समय की तुलना करने और इस अंतर के कारणों को समझाने के लिए कहना

B. Asking students to draw an ellipse.
एक दीर्घवृत्त का चित्र बनाने को कहना।

C. Asking students to explain revolution of the earth and its relationship with seasons.
विद्यार्थियों को पृथ्वी के परिक्रमण एवं ऋतुओं के संबंध का वर्णन करने के लिए कहना।

D. Asking students to calculate next leap year.
विद्यार्थियों को अगले लीप वर्ष की गणना करने के लिए कहना

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन करें-।

(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only A and C/ केवल A और C
(d) Only C/ केवल C

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान के अध्यापक होने के नाते हमें अपने विद्यार्थियों की 'पृथ्वी पर मौसम में परिवर्तन' की समझ का आकलन करने हेतु बच्चों को 6 माह तक (पुराने अखबारों से) के सूर्योदय व सूर्यास्त के समय को लिखने को कहना चाहिए। साथ ही दिन रात के समय की तुलना करने और इस अन्तर के कारणों को समझाने के लिए कहना तथा विद्यार्थियों को पृथ्वी के परिक्रमण एवं ऋतुओं के सम्बन्ध का वर्णन करने के लिए कहना, इन गतिविधियों को स्थान पाने की सर्वाधिक सम्भावना है।
पृथ्वी पर मौसम में परिवर्तन पृथ्वी का परिक्रमण, घूर्णन तथा अक्षीय झुकाव है। ध्यातव्य हैं कि पृथ्वी अपने अक्ष पर $23\frac{1^{o}}{2}$ झुकी हुई है। पृथ्वी द्वारा सूर्य की एक परिक्रमा करने में 365 दिन 5 घण्टे, 48 मिनट व 46 सेकेण्ड का समय लगता है, लेकिन सुविधानुसार एक वर्ष में 365 दिन मानते हैं।

45. A teacher is discussing conflict resolution and key players in democracy with class VI students.
Which of the following topics is she most likely to be discussing?
एक शिक्षिका कक्षा VI के विद्यार्थियों के साथ लोकतंत्र में मतभेद समाधान और मुख्य भागीदारों पर चर्चा कर रही है।
निम्नलिखित में से किस विषय पर करने की सबसे अधिक संभावना होगी?

(a) Role of government/सरकार की भूमिका
(b) Role of social movements
सामाजिक आंदोलनों की भूमिका
(c) Panchayat Raj system/पंचायती राज (व्यवस्था)
(d) Universal voting in a democracy
लोकतंत्र में सार्वभौमिक (सार्वजनिक) मतदान

Ans. (a) : कक्षा के विद्यार्थियों के साथ लोकतंत्र में मतभेद समाधान और मुख्य भागीदारों पर चर्चा के दौरान शिक्षिका द्वारा सरकार की भूमिका विषय पर चर्चा करने की सबसे अधिक सम्भावना है। एक आदर्श लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, भले ही मतभेद राजनैतिक दलों की व्यक्तिगत् महत्वाकांक्षाएं हो या राष्ट्र के उत्थान के निमित्त हो। इन मतभेदों को ध्यान में रखते हुए हमारे संविधान विशेषज्ञों नें संविधान में कार्यपालिका तथा विधायिका के दायित्वों को बताया है। भारतीय संविधान में केन्द्र व राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वर्णन सातवीं अनुसूची में है जिसमें संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची है।

46. A child who has never been to a village asks how is it is possible to measure fields? as a teacher, which of the following aids would be most appropriate to explain, assuming you have access to all of them?
एक बच्चा जो कभी भी गाँव नहीं गया है वह पूछता है कि खेतों को मापना कैसे संभव है?
एक शिक्षक के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा साधन अति उपयुक्त होगा समझाने के लिए, यह मानते हुए कि आपकी इन सभी पर पहुंच है।

(a) An expert from a village ethnography
गाँव के मानवजाति-वर्णन (नृजाति-वर्णन) से एक उद्धरण
(b) A picture of a Khasra record
खसरा रिकार्ड का एक चित्र
(c) Picture of tools used by a Patwari
पटवारी द्वारा इस्तेमाल किए गए साधनों के चित्र
(d) A map of a village/गाँव का एक मानचित्र

Ans. (c) : बच्चे को खेत के मापन को समझाने के लिए एक शिक्षक को अति उपयुक्त साधन पटवारी द्वारा इस्तेमाल किए गए साधनों का चित्र है। भारत के ज्यादातर भागों में खेती को मापने के लिए गज, जरीब, बिस्वा, बीघा, लट्ठा, एकड़, हेक्टेयर इत्यादि मात्रकों का प्रयोग किया जाता है। भूमि मापने की मानक इकाई हेक्टेयर है। एक हेक्टेयर, 100 मीटर की भुजा वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर होता है।

47. A social science teacher wants students to discuss the theme 'Equality'. Which of the following activities will be most suitable for this?
समाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका समानता के विषय पर अपने विद्यार्थियों की भागीदारी निश्चित करना चाहती है। इसके लिए निम्न में से कौन-सी गतिविधि उपयुक्त होगी?

A. Asking students to discuss about two examples she has already given in the previous class. / पिछली कक्षा में शिक्षिका द्वारा दिए गए उदाहरणों के बारे में विद्यार्थियों को चर्चा करने को कहना।

B. asking students to form small groups and work collectively to find out new examples for equality./ विद्यार्थियों को छोटे समूह बनाकर सामूहिक रूप से 'समानता' के नए उदाहरण ढूंढकर लाने को कहना।

C. Asking students to discuss examples where in people have been treated unequally.
विद्यार्थियों को ऐसे उदाहरणों की चर्चा करने को कहना जहाँ लोगों के साथ असमानता का व्यवहार हुआ हो।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए

(a) Only B/केवल B
(b) Only A and B/ केवल A और B
(c) Only B and C/ केवल B और C
(d) All A, B and C/A, B तथा C सभी

Ans. (c) : शिक्षिका को समानता के विषय पर विद्यार्थियों की भागीदारी निश्चित करने हेतु विद्यार्थियों को छोटे समूह बनाकर सामूहिक रूप से 'समानता' के नये उदाहरण ढूंढकर लाने को कहना तथा विद्यार्थियों को ऐसे उदाहरणों की चर्चा करने को कहना जहाँ लोगों के साथ असमानता का व्यवहार हुआ हो, गतिविधियाँ उपयुक्त होगी। भारत के संविधान द्वारा सभी नागरिकों को समान माना गया है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 तक में समानता के अधिकार को विस्तार से समझाया गया है।

48. While teaching the topic 'Markets', a teacher asks the students, 'How do you think your neighbourhood shop gets its goods?' Why are there shortages of items sometimes?
The teacher is trying to encourage which of the following skills?
बाज़ार विषय को पढ़ाते हुए, शिक्षक विद्यार्थियों से पूछता है, ''आपको क्या लगता है कि आपके पड़ोस की दुकान को उसका सामान कैसे मिलता है? क्यों कभी-कभार चीजों की कमी हो जाती है?
शिक्षक निम्नलिखित में से किस कौशल को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है?
(a) Reasoning/विवेक (तर्क)
(b) Narration/ वृतांत
(c) Extrapolate/ज्ञात से अज्ञात का पता लगाना
(d) Compare/तुलना

Ans. (a) : प्रश्नानुसार शिक्षक विवेक कौशल को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है। किसी विषय के सभी पक्षों को तौलकर एवं तथ्य और वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए विचार करने की कला विवेक कौशल है। आगमन विधि में ज्ञात से अज्ञात, सरल से जटिल की ओर चलकर मूर्त उदाहरणों द्वारा बालकों से सामने नियम निकलवाए जाते हैं। किसी बीती हुई बात या घटी हुई घटना का विवरण वृतान्त कहलाता है।

49. Which of the following questions would be most appropriate to assess critical thinking skills on the topic media?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न 'मीडिया' विषय पर आलोचनात्क चिंतन के कौशल को आँकने के लिए अति उपयुक्त है?
(a) Explain how media gets information for its reports./समझाएँ कि मीडिया को उसके प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के लिए सूचना कैसे मिलती है।
(b) Whose point of view is this article missing out?/इस लेख में से किसका मत छूट गया है?
(c) Provide examples of 'setting agenda'./'मुद्दा तैयार करना' के उदाहरण उपलब्ध कराएँ।
(d) Define the terms 'public protest' and 'censorship'./'सार्वजनिक विरोध' और 'सेंसरशिप' शब्दों को परिभाषित कीजिए।

Ans. (b) : 'मीडिया' विषय पर आलोचनात्मक चिन्तन के कौशल को आँकने के लिए इस लेख में किसका मत छूट गया है? प्रश्न अति उपयुक्त है। किसी विषय वस्तु के तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण करते हुए कोई निर्णय लेना आलोचनात्मक चिन्तन या समीक्षात्मक चिन्तन कहलाता है तथा इस कार्य को करने की कुशलता या दक्षता को आलोचनात्मक चिन्तन कौशल कहते हैं।

50. A student in class says, "*Bandagans* or military slaves had a high status during the times of Khalijs and Tughluqs. So in medieval India. slaves seemed to have held a good position in Sultanate courts."
Which of the following type of reasoning is the student using while making this statement?
कक्षा में एक छात्र कहता है, ''खिलजी और तुगलक के समय में बन्दगानों या सैन्य गुलामों का ऊँचा दर्जा था। इसलिए मध्यकालीन भारत में, गुलामों को सुल्तान के दरबारों में अच्छी पदवी प्राप्त थीं।''
यह कथन बोलते समय छात्र निम्नलिखित में से किस प्रकार के तर्क का प्रयोग कर रहा है?
(a) Inductive reasoning/आगमनात्मक तर्क
(b) Deductive reasoning/निगमात्मक तर्क
(c) Cause-effect reasoning/कारण-प्रभाव तर्क
(d) Reductive reasoning/लघुकारक (रिडक्टिव) तर्क

Ans. (a) : कक्षा में छात्र के कथन से स्पष्ट है कि बोलते समय छात्र आगमनात्मक तर्क का प्रयोग कर रहा है। इस पद्धति के अनुसार कतिपय ऐसे तथ्यों से अध्ययन प्रारम्भ किया जाता है जो या तो ऐतिहासिक होते हैं या प्रयोग के तुलना या निरीक्षण के परिणाम होते हैं। आगमनात्मक तर्क में आधार वाक्य अनुभव द्वारा प्राप्त होते हैं, जैसे प्रश्न में छात्र अपने ऐतिहासिक अनुभव से कहता है कि गुलामों को सुल्तान के दरबार में ऐतिहासिक पदवी प्राप्त थी।

51. In a geography class, a teacher asked her students to locate places on a globe, but she has observed that many of her students are unable to correctly locate places with the given instruction. Which of the following problems are most likely being faced by the students.
भूगोल की एक कक्षा में शिक्षिका विद्यार्थियों को विभिन्न स्थानों को अवस्थित करने को कहती है, पर वह देखती है कि बहुत सारे विद्यार्थी उसके दिए गए निर्देशों के अनुसार स्थानों का सही पता नहीं लगा पा रहे हैं, विद्यार्थी निम्न में से कौन सी समस्याओं का सामना कर रहे हैं?
A. Students cannot read the grid of parallels. विद्यार्थी समानांतरों द्वारा बनी ग्रिड को पढ़ना नहीं जानते।
B. Students do not know how to place directions on a globe./ विद्यार्थी ग्लोब पर दिशाओं का निर्धारण करना नहीं जानते ।
C. Information on directions of latitude and longitudes are not being properly given by the teacher./ शिक्षिका द्वारा अक्षांशों व देशातरों की दिशाओं की जानकारी का सही निर्देश नहीं दिया गया।
Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिय:
(a) Only B is possible./केवल B की संभावना है।
(b) Only A and B are possible
केवल A और B की संभावना है।
(c) Only B and C are possible
केवल B और C की संभावना है।
(d) All A, B and C are possible.
A, B और C सभी की संभावना है।

Ans. (c) : विद्यार्थी शिक्षिका द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि विद्यार्थी समानांतरो द्वारा बनी ग्रिड को पढ़ना नहीं जानते, ग्लोब पर दिशाओं का निर्धारण करना नहीं जानते हैं तथा शिक्षिका द्वारा अक्षांशों व देशान्तरों की दिशाओं की जानकारी का सही निर्देश नहीं दिया गया है। पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण शुद्ध-शुद्ध, ठीक-ठीक दूरी पर खिंची अक्षांश तथा देशांतर रेखाओं का जाल मानचित्र पर किसी स्थान की स्थिति निर्धारण के लिए आवश्यक है।

52. With the help of primary sources, you want to find out more about the time when the East India Company was gradually transforming into a colonial power. Which among these would you choose for the purpose?
आप प्राथमिक स्त्रोतों की सहायता से उस समय के बारे में जानना चाहते हैं जब ईस्ट इण्डिया कम्पनी एक औपनिवेशिक ताकत के रूप में परिवर्तित हो रही थी। इस उद्देश्य हेतु आप निम्न में किसे चुनेंगे?

A. Painting drawn by painters commissioned by the British to commemorate certain events.
विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाओं के कीर्तिमान हेतु ब्रिटिश द्वारा भेजे गए चित्रकारों द्वारा बनाए चित्र

B. Records of speeches delivered by certain British administrators in the British Parliament during that time.
उस समय ब्रिटिश संसद में ब्रिटिश प्रशासकों द्वारा दिए गए भाषणों का रिकार्ड

C. An article in a history journal that talks about the early activities of the British in the Indian subcontinent.
भारतीय उपमहाद्वीप पर ब्रिटिशों द्वारा की गई शुरूआती गतिविधियों संबंधी एक इतिहास पत्रिका में छपा लेख

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A/केवल A
(b) Only C/केवल C
(c) Only A and B/केवल A तथा B
(d) Only B and C/केवल B तथा C

Ans. (c) : इस्ट इण्डिया कम्पनी को एक औपनिवेशिक ताकत के रूप में परिवर्तित होने के बारे में जानने के लिए प्राथमिक स्त्रोत विभिन्न महत्त्वपूर्ण घटनाओं के कीर्तिमान हेतु ब्रिटिशों द्वारा भेजे गए चित्रकारों द्वारा बनाए गए चित्र तथा उस समय ब्रिटिश संसद में ब्रिटिश प्रशासकों द्वारा दिये गये भाषणों का रिकार्ड है, जो आंकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह संस्था/संगठन द्वारा एकत्रित किए जाते हैं, आँकड़ों के प्राथमिक स्त्रोत कहलाते हैं। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना 31 दिसम्बर 1600 ई. में हुई थी। तत्पश्चात् 1608 में कैप्टन हाकिन्स अपने जहाज 'हेक्टर' से सूरत बन्दरगाह पर ईस्ट इंडिया कम्पनी को लेकर आया।

53. A teacher wants her students to inquire about development of industries in her social science classroom. Which of the following activities have more chances to be included in her teaching?
एक शिक्षिका चाहती है कि उसके विद्यार्थी सामाजिक विज्ञान की उसकी कक्षा में पढ़ाए मुद्दे 'उद्योगों के विकास' की जाँच करें। निम्न में से किन गतिविधियों की उनके शिक्षण में शामिल होने की अधिक संभावना है?

A. Asking students to talk to two workers to find out if they are receiving the minimum wages laid down by law.
विद्यार्थियों को दो मजदूरों से बात करके पता लगाने को कहना कि उन्हें कानून द्वारा तय किया गया न्यूनतम वेतन मिल रहा है या नहीं।

B. Asking students to find out the changes in land use pattern in their village /city /town.
विद्यार्थियो को उनके गाँव/शहर/कस्बे में भूमि उपयोग प्रतिरूप में आए बदलावों का पता लगाने के लिए कहना।

C. Asking students to perform a role play on issues of social justice taking examples from their experiences.
विद्यार्थियों को उनके अपने अनुभवों से उदाहरण लेकर सामाजिक न्याय पर एक नाटक खेलने को कहना।

D. Asking students to write about whether the victims of the Bhopal gas tragedy got justice or not.
क्या भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को सामाजिक न्याय मिला है या नहीं- इस विषय पर लिखने को कहना।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A, B and C/केवल A, B और C
(b) Only B, C and D/केवल B, C और D
(c) Only A, C and D/केवल A, C और D
(d) Only A, B and D/केवल A, B और D

Ans. (d) : विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक विज्ञान की कक्षा में पढ़ाये मुद्दे, 'उद्योगों के विकास' की जाँच हेतु शिक्षण में शामिल होने की सर्वाधिक सम्भावित गतिविधियाँ हैं-
अ. विद्यार्थियों को दो मजदूरों से बात करके पता लगाने को कहना कि उन्हें कानून द्वारा तय किया गया न्यूनतम वेतन मिल रहा है या नहीं।
ब. विद्यार्थियों को उनके गाँव/शहर/कस्बे में भूमि के उपयोग प्रतिरूप में आए बदलावों को पता लगाने के लिए कहना।
स. क्या भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को सामाजिक न्याय मिला है या नहीं, इस विषय पर लिखने को कहना।

54. Read the following passage-
"The popular perception of social science is that it is a non-utilitarian subject. As a result, low self-esteem governs the classroom-transaction process, with both teachers and students feeling uninterested in comprehending its contents. From the initial stages of schooling, it is often suggested to students that the natural sciences are superior to the social sciences, and are the domain of 'bright' students."
Considering the above problems related to the study of Social Science, how can teachers make it more relevant for students?

निम्न गद्यांश को पढ़िये-

'यह एक प्रचलित धारणा है कि सामाजिक विज्ञान एक गैर-उपयोगी विषय है। इसके चलते कक्षा अंतर्क्रिया में विद्यार्थियों के स्वाभिमान में कमी आती है तथा अध्यापक और विद्यार्थी दोनों ही इसके विषयांगों को ग्रहण करने में अरूचि का अनुभव करते हैं। स्कूली शिक्षा के आरंभ में ही प्रायः विद्यार्थियों के दिमाग में यह बैठा दिया जाता है कि विज्ञान, सामाजिक विज्ञानों से बेहतर विषय है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की संपत्ति है।'

सामाजिक विज्ञान अध्ययन से संबंधित उपर्युक्त समस्या के संबंध में शिक्षक इसे विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रासंगिक कैसे बना सकते हैं?

A. By emphasising that the social sciences are essential to provide social skills required to adjust to an increasingly interdependent world./बढ़ते अन्तर्संबंधित विश्व में समायोजित होने के लिए सामाजिक विज्ञान द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले सामाजिक कौशलों पर बल देकर

B. By highlighting the fact that the social sciences are vital in laying the foundations of an analytical and creative mind. सामाजिक विज्ञान अन्वेषित व सृजानात्मक मन के विकास के लिए नींव प्रदान करता है, इस बात को रेखांकित करके।

C. By imitating the methods of inquiry used in the physical and natural sciences./ भौतिक व जीव-विज्ञान की अन्वेषण विधियों की नकल करके।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए

(a) Only A is correct./ केवल A सही है।
(b) Only C is correct/केवल C सही है।
(c) Only A and B are correct./केवल A और B सही है।
(d) All A, B and C are correct. सभी A, B और C सही हैं।

Ans. (c) : बढ़ते अन्तर्संबंधित विश्व में समायोजित होने के लिए सामाजिक विज्ञान द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाले सामाजिक कौशलों पर बल देकर तथा सामाजिक विज्ञान अन्वेषित व सृजनात्मक मन के विकास के लिए नींव प्रदान करता है, इस बात को रेखांकित करके, एक अध्यापक सामाजिक विज्ञान विषय को विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रासंगिक बना सकता है। सामाजिक विज्ञान विषय के गुणों को विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट करके तथा व्यावहारिक जीवन में सामाजिक विज्ञान विषय की आवश्यकता को समझाकर एवं विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करके विद्यार्थियों के लिए सामाजिक विज्ञान को प्रासंगिक बना सकता है।

55. Which one of the following assessments tools is generally <u>not</u> considered to evaluate the projects submitted by learners?
निम्नलिखित आकलन के साधनों में से किसका प्रयोग सामान्यतः अधिगमकर्त्ता द्वारा किए परियोजना कार्य के मूल्यांकन हेतु नहीं किया जाता?

(a) Rubrics/रूबरिक्स
(b) Rating scale/श्रेणी पैमाना (रेटिंग स्केल)
(c) Checklist/चैकलिस्ट
(d) Classroom Quiz/कक्षा प्रश्नोत्तरी (क्विज़)

Ans. (d) : आकलन के साधनों में से कक्षा प्रश्नोत्तरी (क्विज) का प्रयोग सामान्यतः अधिगमकर्ता द्वारा किए गए परियोजना कार्य के मूल्यांकन हेतु नहीं किया जाता। आकलन और मूल्यांकन दोनों का उद्देश्य बच्चों की अभिव्यक्ति, क्षमता, अनुभूति आदि का मापन करना है। मूल्यांकन किसी भी शैक्षिक कार्य में किसी भी विषय के पक्ष विपक्ष में सूचना एकत्र करना और विश्लेषण करना है। आकलन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान या पूर्व होता है जिससे छात्र की कमियों को दूर किया जाता है।

56. Which of the following questions assesses the 'application' dimensions of cognitive process of learners?
निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगमकर्त्ताओं की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के अनुप्रयोग पक्ष का आकलन करता है?

A. Give two reasons for declining child sex ratio in India. / भारत में गिरते हुए बाल लिंग-अनुपात के दो कारण दीजिये।

B. If it is 3.30 pm in London which is located nearby Greenwich, what is the time in Kolkata? यदि लंदन जो ग्रीनविच के पास स्थित है, में 3:30 अपरान्ह का समय है, तो उस समय कलकत्ता में कितने बजे होंगे?

C. What is the difference between disguised unemployment and seasonal unemployment? प्रच्छन्न बेरोज़गारी तथा मौसमी बेरोज़गारी में क्या अन्तर है?

D. Which of the following activities can be included in the secondary sector: sandalwood making, quarrying, selling vegetables on roadsides and furniture making? निम्न में से किन गतिविधियों को द्वितीयक क्षेत्रक में शामिल किया जा सकता है- चंदन की लकड़ी को आकृति देना, खादान कार्य, सड़क पर सब्ज़ी बेचना, फर्नीचर बनाना।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D
(d) A and D/ A और D

Ans. (c) : यदि लन्दन जो ग्रीनविच के पास स्थित है, में 3:30 अपराह्न का समय है, तो उस समय कलकत्ता में कितने बजे होंगे? तथा निम्न में से किन गतिविधियों को द्वितीयक क्षेत्रक में शामिल किया जा सकता है- चन्दन की लकड़ी को आकृति देना, खदान कार्य, सड़क पर सब्जी बेचना, फर्नीचर बनाना; अधिगमकर्ताओं की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के अनुप्रयोग पक्ष का आकलन करता है। संज्ञानात्मक प्रक्रिया विचार, अनुभव और ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने और चीजों को समझने की मानसिक प्रक्रिया है।

57. A portfolio is considered as an authentic means of assessment as it-
एक पोर्टफोलियो को आकलन का एक विश्वसनीय साधन माना जाता है, क्योंकि यह-

A. is based on evidence./ साक्ष्यों पर आधारित होता है।

B. provides samples of work which show learning growth over time./ एक अवधि के दौरान हुई शैक्षिक संवृद्धि दर्शाने के लिए कार्य के नमूने उपलब्ध करवाता है।

C. a random collection of variety of student's work./ विद्यार्थियों के विभिन्न तरह के कार्यों का यादृच्छिक संग्रहण होता है।

D. a colourful collection of students work./ विद्यार्थियों के कार्यों का एक रंग-बिरंगा संग्रहण होता है।

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only C and D/ केवल C और D
(c) Only A, B and C/ केवल A, B और C
(d) Only B, C and D/केवल B, C और D

Ans. (a) : एक पोर्टफोलियो को आकलन का विश्वसनीय साधन माना जाता है क्योंकि यह साक्ष्यों पर आधारित होता है तथा एक अवधि के दौरान हुई शैक्षिक समृद्धि दर्शाने के लिए कार्य के नमूने उपलब्ध करवाता है। एक पोर्टफोलियो एक छात्र के काम का विशिष्ट अवधि को कवर करता है। पोर्टफोलियो का अकलन करने में आपको व्यवहार की एक शृंखला को ध्यान में रखना होगा, इसमें प्रदर्शन की अलग-अलग डिग्री शामिल है।

58. Which of the following are mainly used in the assessment for certification?
निम्नलिखित में से मुख्यतः किसका प्रमाणीकरण में प्रयोग किया जाता है?

A. Term end examination/ सत्र-अंत परीक्षा

B. Summative examination/ योगात्मक परीक्षा

C. Formal and Informal observation in Class/ कक्षा में औपचारिक एवं अनौपचारिक अवलोकन

D. Diagnostic evaluation/ निदानात्मक मूल्याँकन

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) C only/ केवल C
(c) A, C and D only/ केवल A, C और D
(d) A, B and D only/ केवल A, B और D

Ans. (a) : सत्र-अंत परीक्षा और योगात्मक परीक्षा का प्रमाणीकरण में प्रयोग किया जाता है। किसी विषय वस्तु को सिद्ध करने की क्रिया प्रमाणीकरण है। एक निश्चित समय या काल में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के सम्पन्नोपरान्त विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु सत्र-अंत परीक्षा का आयोजन होता है वहीं योगात्मक परीक्षण में किसी पूर्व विकसित शैक्षणिक कार्यक्रम, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि, शिक्षण सामग्री की उपयुक्तता की जाँच करना है।

59. Suppose a teacher wants to know the entry behaviours/prior knowledge of learners, which type of evaluation can she go for?
माना एक शिक्षिका अधिगमकर्त्ता के पूर्ववर्ती (पूर्व) ज्ञान को जानना चाहती है, तो वह किस प्रकार के मूल्याँकन को अपनाएगी?

(a) Diagnostic Evaluation/निदानात्मक मूल्याँकन
(b) Placement Evaluation
स्थापन (Placement) मूल्यांकन
(c) Summative Evaluation/योगात्मक मूल्याँकन
(d) Formative Evaluation/रचनात्मक मूल्याँकन

Ans. (a) : शिक्षिका को अधिगमकर्ता के पूर्ववर्ती (पूर्व) ज्ञान को जानने के लिए निदानात्मक मूल्यांकन को अपनाएगी। निदानात्मक मूल्यांकन शिक्षण कार्य के साथ-साथ किया जाता है तथा इसमें जो विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान असफल होते हैं उनकी असफलता के कारण का पता लगाया जाता है। स्थापन मूल्यांकन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को मापने हेतु किया जाता है। योगात्मक मूल्यांकन किसी पूर्व निर्मित शैक्षणिक कार्यक्रम, योजना या सामग्री की समग्र वांछनीयता को ज्ञात करने की प्रक्रिया है। रचनात्मक मूल्यांकन से अभिप्राय किसी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम योजना प्रक्रिया अथवा सामग्री आदि के मूल्यांकन से है।

60. Which of the following questions assess the learners' 'analysis' aspect of the cognitive dimension?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा अधिगमकर्ता की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के 'विश्लेषण' पक्ष का आकलन करता है?

A. When French Revolution did take place? फ्रांसीसी क्रान्ति कब हुई थी?

B. How is food security ensured in India? भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की गई/जाती है?

C. Write essays on (i) Minimum Support Price (ii) Public Distribution system/ निबंध लिखिए- (i) न्यूनतम समर्थन मूल्य (ii) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

D. What do you understand by the word 'government'? List five ways in which you think the government affects your daily life./ 'सरकार' शब्द से आप क्या समझते हैं? उन पाँच तरीकों की सूची बनाइए जिनके द्वारा आपके अनुसार सरकार आपके दैनिक जीवन को प्रभावित करती है।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A and C only/ केवल A और C
(c) B, C and D only/ केवल B, C और D
(d) A, B and D only/ केवल A, B और D

Ans. (c) : भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की गई/जाती है, निबन्ध लिखिए- 1. न्यूनतम समर्थन मूल्य, 2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा 'सरकार' शब्द से आप क्या समझते हैं? उन पाँच तरीकों की सूची बनाइए जिनके द्वारा आपके अनुसार सरकार आपके दैनिक जीवन को प्रभावित करती है? ये तीनों प्रश्न अधिगमकर्ता की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के 'विश्लेषण' पक्ष का आकलन करते हैं। संज्ञानात्मक उन प्रक्रियाओं को संदर्भित करता है जिनके माध्यम से व्यक्ति ज्ञान को उत्पन्न करने और आत्मसात करने में सक्षम होते हैं। 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है, इसे 'कृषि लागत और मूल्य' आयोग द्वारा निर्धारित किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में विशेषकर कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को निर्धारित कीमतों पर उचित मात्रा में विभिन्न उपभोक्ता वस्तुएं बेची जाती है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 08 जनवरी, 2022)

1. Big landlords and warrior chiefs in the Seventh century gained wealth, power and declared themselves as –
सातवीं शताब्दी में बड़े-बड़े भू-स्वामी और योद्धासरदारों ने धन और शक्ति प्राप्त कर, अपने को घोषित किया –

(a) Maha-samanta/महा-समान्त
(b) Rajarajadeva/राजाराजदेव
(c) Dakshinapatha/दक्षिणपथ
(d) Ashuaghosha/अश्वघोष

Ans. (a) : सातवीं शताब्दी में बड़े-बड़े भू-स्वामी और योद्धा सरदारों ने धन और शक्ति प्राप्त कर, अपने को महासामन्त घोषित किया । सामन्त शब्द का अर्थ-मूल रूप से पड़ोसी था। महर्षि बाणभट्ट के अनुसार महासामन्त सामन्त से एक श्रेणी उँचे स्थान पर था। सामन्त निम्नतम और सामान्य प्रकार से जागीरदार थे। बाणभट्ट कृत 'हर्षचरित' से महासामन्तों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

2. Consider statements A, B, C on the king Ashoka and choose the correct answer.
राजा अशोक पर दिए गए A, B, C कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. Ashoka was most famous Magadha ruler. अशोक एक प्रसिद्ध मगध शासक थे।
B. Ashoka's inscriptions were in Pali and written in Brahmi script./ अशोक के अभिलेख पाली भाषा और ब्राह्मी लिपि में थे।
C. Ashoka was the only king who gave up conquest after winning a war./ अशोक अकेले एक ऐसे राजा थे जिन्होंने युद्ध जीतने के बाद अभिजिति को छोड़ा।

(a) A, B and C all correct
A, B तथा C सभी सही हैं।
(b) A and B are correct and C is incorrect
A, B सही हैं तथा C गलत है।
(c) A and B are incorrect and C is correct
A, B गलत हैं तथा C सही है।
(d) A and C are incorrect and B is correct
A, C गलत हैं तथा B सही है।

Ans. (c) : मौर्यवंशीय सम्राट अशोक की राजधानी पाटलीपुत्र (वर्तमान पटना) थी। उसका शासन उत्तर पश्चिम में हिन्दुकुश से लेकर पूर्व में बांग्लादेश और दक्षिण में केरल और तमिलनाडु के उत्तरी क्षेत्रों को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में था। अशोक के अभिलेख प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में लिखे गये थे। उत्तर पश्चिम अभिलेख में खरोष्ठी और अरमाइक लिपि का प्रयोग किया गया था। अतः अशोक केवल मगध का शासक नहीं अपितु उसका शासन क्षेत्र विस्तृत था। केवल कथन C सही है। अशोक ने कलिंग को जीतने के लिए एक युद्ध लड़ा। लेकिन युद्धजनित हिंसा और खून-खराबा देखकर उन्हें युद्ध से वितृष्णा हो गई। उन्होंने निर्णय लिया कि वे भविष्य में कभी युद्ध नहीं करेंगे तथा साम्राज्य का विस्तार नहीं करेगें।

3. The military expeditions into Southern India during early medieval period started in the reign of _____.
प्रारंभिक मध्यकालीन समय में दक्षिण भारत में सैनिक अभियान _____ के समय में हुआ था।

(a) Qutbuddin Aybak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) Shamsuddin Iltutmish/शमसुद्दीन इल्तुतमिश
(c) Jalaluddin Khalji/जलालुद्दीन ख़लजी
(d) Alauddin Khalji/अलाउद्दीन ख़लजी

Ans. (d) : प्रारंभिक मध्यकालीन समय में दक्षिण भारत में सैनिक अभियान अलाउद्दीन ख़लजी के समय में हुआ था। अलाउद्दीन ख़लजी भारत का पहला शासक था जिसने दक्षिण भारत को जीता। अलाउद्दीन की दक्षिण विजय का श्रेय मलिक काफूर को जाता है। मलिक काफूर ने सर्वप्रथम दक्षिण के राज्य देवगिरि पर आक्रमण किया। उस समय देवगिरि पर यादव वंश के शासक रामचन्द्र देव का शासन था।

4. Which of the following Harappan towns are located in Gujarat ?
निम्नलिखित हड़प्पाकालीन नगरों में से गुजरात में कौन स्थित हैं?

(a) Dholavira and Mehrgarh/धौलावीरा और मेहरगढ़
(b) Koldihwa and Rakhi Garhi
कोल्डिहवा और राखीगढ़ी
(c) Lothal and Koldihwa/लोथल और कोल्डिहवा
(d) Dholvira and Lothal/धौलावीरा और लोथल

Ans. (d) : धौलावीरा और लोथल गुजरात राज्य में स्थित है। धौलावीरा गुजरात राज्य के कच्छ जिले में स्थित है, लोथल भी गुजरात राज्य के अहमदाबाद जिले में स्थित है। इसकी खोज 1954 में हुई थी। लोथल सिन्धु सभ्यता का बन्दरगाह था। मेहरगढ़ वर्तमान बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में है। राखीगढ़ी हरियाणा के हिसार जिले में स्थित है। कोल्डिहवा प्रयागराज के दक्षिण-पश्चिम में मेजा तहसील के पास स्थित है।

5. Which of the following statements is true regarding Jainism ?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जैन धर्म के संदर्भ में सही है?

(a) Jainism was supported mainly by priests/मुख्यतः पुरोहितों ने जैन धर्म का समर्थन किया।
(b) Farmers found it easier to follow its rule/किसानों के लिए इन नियमों का पालन करना आसान था।
(c) The teachings of Mahavira were written down in a place called Valabhi 1500 years ago/महावीर की शिक्षाएं 1500 वर्ष पूर्व वल्लभी नामक स्थान पर लिखी गई थीं।
(d) It was very easy for most men and women to follow the rules of Jainism/पुरुषों और महिलाओं के लिए जैन धर्म के नियमों का पालन करना बहुत आसान था।

Ans. (c) : यद्यपि महावीर की शिक्षाएं एक लम्बे कालखण्ड तक मौखिक चलती रहीं लेकिन कालान्तर में 1500 वर्ष पूर्व गुजरात के वल्लभी में महावीर की शिक्षाओं को संकलित किया गया। जैन धर्म का सर्वाधिक अहिंसा पर बल देने के कारण किसानों द्वारा इसका पालन करना कठिन था। महावीर की शिक्षाएँ अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्तवाद पर आधारित था। महावीर ने अपना उपदेश अर्द्धमागधी भाषा में दिया है।

6. You are discussing Khonds and Aptani Nagas in the class. You have to choose the medium in which students will make the states from where these tribes belong.
आप कक्षा में खोंड और अपतानी नागाओं पर चर्चा कर रहे हैं। आपको उस माध्यम का चयन करना है जिस पर छात्र उन राज्यों को चिह्नित करेंगे जिन से ये जनजातियाँ हैं।

Choose the correct option / सही विकल्प का चयन किजिए -
(a) Jharkhand and Nagaland on a map
मानचित्र पर झारखंड और नागालैंड
(b) Gujarat and Meghalaya on a timeline
समय रेखा पर गुजरात और मेघालय
(c) Odissa and Arunachal Pradesh on a map
मानचित्र पर ओड़िसा और अरुणाँचल प्रदेश
(d) Gujarat and Nagaland on a timeline
समय रेखा पर गुजरात और नागालैंड

Ans. (c) : खोंड एक आदिवासी जनजाति है जो भारत के उड़ीसा राज्य की पहाडियों और जंगलों में निवास करती है। यह खोंड कुई या कुवी भाषा बोलते हैं तथा ओडिया लिपि में लिखते हैं। अपतानी या तानी अरुणाचल प्रदेश का जनजातीय समुदाय है जो सूर्य और चन्द्रमा की पूजा करते है तथा इनकी भाषा अपतानी भाषा है।

7. Consider the statements A, B and C on the demand of Indian Silk during the 18th century.
अठारहवीं सदी में भारतीय रेशम के सन्दर्भ में A, B और C कथनों पर विचार कीजिए।
A. Indian silk was in demand in European markets./ भारतीय रेशम की यूरोपीय बाजारों में भारी माँग थी।
B. The fine quality of Indian silk was highly valued and exports of India increased./ भारतीय रेशम की अच्छी गुणवत्ता सबको आकर्षित करती थी और भारत का निर्यात बढ़ा।
C. The Indian silk growers earned well from their trade./ भारतीय रेशम उत्पादक इस व्यापार से अच्छा कमाते थे।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन किजिए-
(a) B and C/ B और C
(b) A and C/ A और C
(c) A and B/ A और B
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (c) : भारतीय रेशम के उच्च गुणवत्तायुक्त होने के कारण यूरोपीय बाजार में इसकी भारी माँग थी। भारतीय रेशम की अच्छी गुणत्ता सबको आकर्षित करती थी और भारत से रेशम का निर्यात भी बढ़ा था। इसके बावजूद भी भारत के रेशम उत्पादक अच्छी आय अर्जित नहीं कर पाते थे क्योंकि औपनिवेशिक काल में अंग्रेज व्यापारी भारतीयों से कच्चे माल लेकर यन्त्रों की सहायता से उत्पादन आरम्भ कर दिया था।

8. Read the statements A and R and choose the correct answer with reference to the East India Company./ ईस्ट इंडिया कम्पनी के सन्दर्भ में निम्न कथनों (A) एवं (R) को पढ़ें एवं सही विकल्प को चुनें:
Assertion (A) : Towards the end of the 18th century, company officials felt the need for encouraging agricultural improvement.
अभिकथन (A) : 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में कम्पनी ने कृषि में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।
Reasoning (R) : The economy was weakening and company was not certain of its revenue income.
कारण (R) : अर्थव्यवस्था संकट में थी और कम्पनी अपनी राजस्व आय को लेकर आश्वस्त नहीं थी।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन किजिए-
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation for (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में कम्पनी नें कृषि में निवेश बढ़ाने की जरुरत पर बल दिया। यही वह समय था जब अंग्रेजों ने व्यापक रूप से नील की खेती के लिए भारतीय कृषकों पर दबाव डालना शुरू किया तथा उस समय अर्थव्यवस्था संकट में थी और कम्पनी राजस्व आय को लेकर आश्वस्त नहीं थीं। कम्पनी अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कृषि निवेश पर बल दिया।

9. Which of the following persons played a significant role in the 19th century in support of widow remarriage ?
निम्नलिखित व्यक्तियों में से किन्होंने उन्नीसवीं सदी में विधवा विवाह के समर्थन में सार्थक भूमिका निभाई?

(a) Rammohan Roy and Henry Derozio
राजा राममोहन राय और हेनरी डेरोजियो
(b) Ishwarchandra Vidyasagar and Veerasalingam Pantulu
ईश्वरचंद्र विद्यासागर और वीरेशलिंगम पंतुलु
(c) Vivekananda and Periyar/विवेकानंद और पेरियार
(d) Rashsundari and Rokeya Sakhawat Hossain
राससुंदरी और रुकैया सखावत हुसैन

Ans. (b) : ईश्वरचंद्र विद्यासागर और वीरेशलिंगम पंतुलु ने उन्नीसवीं सदी में विधवा विवाह के समर्थन में सार्थक भूमिका निभाई। 'हिन्दू विधवा विवाह अधिनियम वर्ष 1856 में आया'। यह अधिनियम समाजसुधारक ईश्वरचन्द्र विद्यासागर के अथक प्रयासों के कारण अधिनियमित किया गया था। उस समय भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग था। मद्रास प्रेजीडेंसी के तेलगू भाषी क्षेत्र में वीरेशलिंगम पतुलु एक साहित्यकार एवं समाजसुधारक थे जिन्होंने विधवा विवाह के लिए एक संगठन बनाया था।

10. Satyashodhak Samaj was founded by –
सत्यशोधक समाज की स्थापना की–
(a) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फुले ने
(b) Haridas Thakur/हरिदास ठाकुर ने
(c) B.R. Ambedkar/बी.आर. अम्बेडकर ने
(d) Ghasidas/घासीदास ने

Ans. (a) : सत्यशोधक समाज की स्थापना 24 सितम्बर 1873में ज्योतिबा फुले नें पूणे (महाराष्ट्र) में की। इसका उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था। 'गुलामगिरि' इनके द्वारा रचित पुस्तक है। इनके विचारों से डा. भीमराव अम्बेडकर बहुत प्रभावित थे। इनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले थी।

11. Which of the following statements is true about caste reforms in the colonial period ?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा औपनिवेशिक काल में जाति सुधारों के संदर्भ में सही है?
(a) Prarthana Samaj was established in Bengal 1867/प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 में बंगाल में हुई।
(b) Henry Derozio was one of the main leaders of Brahmo Samaj/हेनरी डेरोजियो ब्रह्म समाज के एक मुख्य अग्रणी थे।
(c) Singh Sabhas sought to rid Sikhism of caste distinctions/सिंह सभाओं ने सिक्ख धर्म को जातीय भेदभाव से मुक्त कराने का प्रयास किया।
(d) Periyar quoted from the vedic scriptures to argue against caste divisions/पेरियार ने वैदिक शास्त्रों से उद्धरण करते हुए जाति विभाजनों के विरुद्ध दलील दी या पक्ष रखा।

Ans. (c) : औपनिवेशिक काल में जाति सुधारों के संदर्भ में सिंह सभाओं ने सिक्ख धर्म को जातीय भेदभाव से मुक्त कराने का प्रयास किया। सिंह सभा की स्थापना 1873 में 'अमृतसर में हुई। प्रार्थना समाज की स्थापना आत्माराम पांडुरंग तथा महादेव गोबिन्द रानाडे नें बम्बई में 31 मार्च 1867 को की। हेनरी डेरोजियो एक अंग्रेज-भारतीय कवि और हिन्दू कालेज कोलकाता के अध्यापक थे और पेरियार तमिलनाडु के दलित-शोषित गरीबों के मसीहा एवं राजनेता थे।

12. Read statements A and R about employment in British administration and choose the correct option.
ब्रिटिश प्रशासन में रोजगार के सन्दर्भ में (A) और (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
Assertion (A) : Moderates of India's nationalist movement wanted civil service examinations to be conducted both India and Britain.
अभिकथन (A) : भारतीय राष्ट्रवादी आन्दोलन के मध्यमार्गी चाहते थे कि सिविल सेवा की परीक्षा भारत और लन्दन दोनों में आयोजित की जाए।
Reason (R) : They wanted peoples from a few social groups to be given opportunities in the British administration.
कारण (R) : वे चाहते थे कि कुछ सामाजिक गुटों (समूहों) से लोगों को ब्रिटिश प्रशासन में अवसर दिए जाने चाहिए।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : ब्रिटिश प्रशासन में रोजगार के संदर्भ में (A) सत्य है परन्तु (R) कथन असत्य है क्योंकि भारतीय राष्ट्रवादी आन्दोलन के मध्यममार्गी चाहते थे कि सिविल सेवा की परीक्षा भारत और लन्दन दोनों में आयोजित किया जाए लेकिन वे नहीं चाहते थे कि कुछ सामाजिक गुटों (समूहों) से लोगों को ब्रिटिश प्रशासन में अवसर दिए जाने चाहिए।
वर्ष 1857 में मैकाले समिति की सिफारिश पर सिविल सेवा में चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा को शुरू किया गया। जबकि वर्तमान ढांचे की शुरूआत लार्ड कार्नवालिस द्वारा की गयी। 1863 में सत्येन्द्रनाथ टैगोर ने पहले भारतीय के रूप में इस परीक्षा को पास किया।

13. Which of the following statements was/were true about Rowlatt Satyagraha ?
निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन रौलेट सत्याग्रह के सन्दर्भ में सही है?
A. It took place in Punjab and its surrounding regions that led to Jalianwala Bagh atrocities.
यह पंजाब और उसके आस-पास क्षेत्रों में हुआ जिसके कारण जलियाँवाला बाग वाली नृशंसता हुई।
B. Both Hindus and Muslims were united in their participation.
हिन्दू और मुसलमान दोनों ने एकजुट होकर भागीदारी की।
C. It was to protest against denial of fundamental rights such as freedom of expression.
यह विरोध मौलिक अधिकारों जैसे अभिव्यक्ति की आजादी/स्वतंत्रता को नकारने के विरुद्ध था।

D. Rabindranath Tagore renounced his knighthood to express his solidarity with this movement.
रविन्द्रनाथ टैगोर ने इस आन्दोलन के साथ पूर्ण एकता जताने के लिए अपनी नाईटहुड की उपाधि वापस लौटा दी।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन किजिए -

(a) Only A/केवल A
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) Only C/केवल C

Ans. (c) : रॉलेट एक्ट ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित 1919 के अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम का लोकप्रिय नाम था। इस अधिनियम को राष्ट्रीय आन्दोलन को कुचलने के उद्देश्य से लाया गया था। इस अधिनिमय को 'नो दलील, नो वकील, नो अपील, के रूप में वर्णित किया गया। इसके विरोध में महात्मा गाँधी ने 6 अप्रैल 1919 को आन्दोलन प्रारम्भ किया। इसे ही रॉलेट सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है। यह आन्दोलन पूरे देश भर में था इसमें हिन्दु, मुसलमान सहित सभी पंथ, सम्प्रदायों का यथाशक्ति योगदान था। यह आन्दोलन मौलिक अधिकारों जैसे अभिव्यक्ति की आजादी/स्वतन्त्रता को नकारने के विरूद्ध था। रवीन्द्र नाथ टैगोर ने नाइटहुड और महात्मा गाँधी ने कैसर-ए-हिन्द की उपाधि लौटा दी।

14. Read the following statements (A) and (R) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथन (A) और (R) पढ़े एवं सही विकल्प चुनें।

Assertion (A) : Greater emphasis on heavy industry and government regulation of the economy guided the economic policies of the first few decades of Independent India.
अभिकथन (A) : स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में भारी उद्योगों पर जोर दिया गया और अर्थव्यवस्था सरकारी दिशानिर्देशों से चली।

Reasoning (R) : Lifting a large proportion of people to above poverty line and building a modern technical and industrial base were objectives of new India.
कारण (R) : एक बड़ी जनसंख्या को गरीबी से मुक्त करना और तकनीक और औद्योगिक विकास पर आधारित आधुनिक देश का निर्माण करना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation for (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में भारी उद्योगों पर जोर दिया गया और अर्थव्यवस्था सरकारी निर्देशों से चली, स्वतन्त्रता के शुरूआती दशक में ही 15 मार्च 1950 को योजना आयोग की स्थापना हुई और भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया था। दूसरी पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों पर सर्वाधिक बल दिया गया जो महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी
वहीं एक बड़ी जनसंख्य को गरीबी से मुक्त करना और तकनीकी और औद्योगिक विकास पर आधारित आधुनिक देश का निर्माण करना महत्वपूर्ण लक्ष्य था।

15. Tiny bodies that move around the sun and found between Mars and Jupiter are called –
असंख्य छोटे पिंड जो सूर्य का चक्कर लगाते हैं तथा मंगल व बृहस्पतिग्रह की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं, वे कहलाते हैं–

(a) Satellites/उपग्रह (b) Meteoroids/उल्कापिंड
(c) Comets/धूमकेतु (d) Asteroids/क्षुद्र ग्रह

Ans. (d) : असंख्य छोटे पिंड जो सूर्य का चक्कर लगाते हैं तथा मंगल व बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं, क्षुद्र कहलाते हैं। ये ग्रहों से छोटे किन्तु उल्कापिण्ड से बड़े होते है। क्षुद्र ग्रह सूर्य के चारों तरफ अन्य ग्रहों के समान ही दीर्घवृत्तीय कक्षा में पश्चिम से पूर्व (घड़ी की सुई के विपरीत) दिशा में परिक्रमा करते है। 'सेरेस' सबसे बड़ा एवं सर्वाधिक चमकीला क्षुद्र ग्रह है।

16. Which longitude has been recognised as the standard meridian for India ?
कौन से देशांतर को भारत के लिए मानक याम्योत्तर माना गया है?

(a) 42 $1/2^0$E /42 $1/2^0$ पू.
(b) 65 $1/2^0$E /65 $1/2^0$ पू.
(c) 82 $1/2^0$E /82 $1/2^0$ पू.
(d) 84 $1/2^0$E /84 $1/2^0$ पू.

Ans. (c) : $82\frac{1^0}{2}$ पू. देशान्तर को भारत के लिए मानक याम्योत्तर माना गया है। यह भारत के लगभग मध्य से होकर गुजरती है। भारत का मानक समय ग्रीनविच के मानक समय से साढ़े पाँच घण्टा (5 : 30) आगे है। भारत का मानक समय मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) से लिया गया है, मानक समय रेखा भारत के पाँच राज्यों से गुजरती है- उत्तर प्रदेश , मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ , उडिशा और आंध्र प्रदेश।

17. Which of the following statements correctly explain change 'change in seasons' ?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा 'ऋतुओं में परिवर्तन' के व्याख्यान के लिए सही है?

A. Seasons change due to the positioning of the sun around the earth.
ऋतुओं में परिवर्तन पृथ्वी के चारों ओर सूर्य की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है।

B. When the Northern Hemisphere is tilted towards the sun, the areas on the Tropic of Cancer receive heat and experience summer season.
जब उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की तरफ झुका होता है, तब कर्क रेखा वाले क्षेत्रों में ऊष्मा अधिक प्राप्त होती है और गर्मी के मौसम का अनुभव होता है।

Choose the correct option / सही विकल्प का चयन किजिए-

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/A और B दोनों नहीं

Ans. (b) : ऋतु परिवर्तन का कारण पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर परिक्रमण और पृथ्वी का अक्षीय झुकाव है। अर्थात् सूर्य के सापेक्ष पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन है। पृथ्वी 23.5 डिग्री के कोण पर झुकी हुई है इसी झुकाव के कारण ऋतुओं में निरन्तर परिवर्तन होता रहता है जब उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की तरफ झुका होता है, तब कर्क रेखा वाले क्षेत्रों में उष्मा अधिक प्राप्त होती है और गर्मी के मौसम का अनुभव होता है।

18. When it is 2:00 p.m. at Greenwich, what time will it be at 45^0 west to it ?
जब ग्रीनविच पर 2:00 अपराह्न का समय हो तो 45^0 पश्चिम में क्या बजा होगा?

(a) 5:00 p.m./ 5:00 अपराह्न
(b) 5:00 a.m./ 5:00 पूर्वाह्न
(c) 11:00 a.m./ 11:00 पूर्वाह्न
(d) 11:00 p.m./ 11:00 अपराह्न

Ans. (c) : जब ग्रीनविच पर 2:00 अपराह्न का समय हो तो 45^0 पश्चिम में 11:00 अपराह्न होगा।
एक डिग्री देशान्तर 4 मिनट के बराबर होता है।
अतः 45 डिग्री. देशान्तर = 45×4 = 180 मिनट
180 मिनट = 3 घण्टा (1 घण्टा = 60 मिनट)
ग्रीनविच से पश्चिम में समय घटता है। अतः अपराह्न 2:00 से 3घण्टा घटाने पर पूर्वाह्न 11:00 आएगा।
दोपहर के पूर्व का समय पूर्वाह्न तथा दोपहर के बाद का समय अपराह्न कहा जाता है।

19. Consider these statements (A), (B) and (C) for vegetation and choose the correct option.
वनस्पतियों हेतु दिए गए कथनों A, B तथा C पर विचार करें तथा सही विकल्प का चुनाव करें।

A. Grasslands grow in the region of moderate rain and shrubs grow in the dry region.
घास स्थल मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते हैं जबकि झाड़ियाँ केवल शुष्क क्षेत्रों में पैदा होती है।

B. The growth of vegetation depends on temperature and moisture.
वनस्पति की वृद्धि तापमान व नमी पर निर्भर करती है।

C. The change in the type of natural vegetation occurs mainly because of the changes in climatic conditions.
प्राकृतिक वनस्पति में परिवर्तन मुख्यतः जलवायु में परिवर्तन के कारण होता है।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (A) and (B) are true
केवल (A) तथा (B) सही हैं ।
(c) All (A), (B) and (C) are true
सभी (A), (B) तथा (C) सही है।
(d) Only (C) and (B) are true
केवल (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : वनस्पतियों हेतु दिए गये उपरोक्त तीनों कथन सत्य हैं। घास स्थल मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते है। जबकि झाड़ियाँ केवल शुष्क क्षेत्रों में होती है। वनस्पति की वृद्धि तापमान एवं आर्द्रता पर निर्भर करती है तथा प्राकृतिक वनस्पति का स्वरूप वहाँ की जलवायु पर निर्भर करती है। मिट्टी की मोटाई, मिट्टी के प्रकार, आर्द्रता, उँचाई, वर्षा, वनस्पतियों की वृद्धि को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते है। घास के मैदान के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न नामें से जाने जाते है– उत्तरी अमेरिका (प्रेयरी) यूरेशिया (स्टेपीज), अफ्रीका (सवाना) तथा दक्षिणी अमेरिका (पम्पास)।

20. Consider the following statements (A), (B) and (C) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. The gravitational force of earth holds the atmosphere around it.
पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अपने चारों ओर के वायुमंडल को थामे रखता है।

B. Atmosphere only consists of few gases.
वायुमंडल में केवल कई प्रकार की गैस पाई जाती हैं।

C. Biosphere is a narrow zone of the earth where only land and air interact with each other.
जैवमंडल पृथ्वी का एक संकीर्ण क्षेत्र है जहाँ केवल स्थल और वायु परस्पर मिलते हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है
(c) Only (C) is true/केवल (C) सही है
(d) Only (A) and (C) are true
केवल (A) तथा (C) सही है

Ans. (a) : पृथ्वी का गुरूत्वाकर्षण बल प्रत्येक वस्तु को अपनी ओर आकर्षित करती है, अतः पृथ्वी का गुरूत्वाकर्षण बल अपने चारों ओर के वायु मण्डल को थामे रखता है। पृथ्वी सभी वस्तुओं को अपने केन्द्र की ओर आकर्षित करती है इस आकर्षण बल को ही गुरूत्वाकर्षण बल कहते है। वायुमण्डल में गैसों के साथ-साथ धूल के कण और जलवाष्प भी पायी जाती है। जल, थल और वायुमण्डल का वह भाग जहाँ जीवन पाया जाता है जैव मण्डल कहलाता है।

21. Why are poles covered with snow ?/ ध्रुव बर्फ से क्यों ढ़ँके हुए हैं ?
Choose the most suitable explanation from the following statements.
निम्न में से सबसे बेहतर व्याख्या करने वाले कथन का चुनाव करें।

(a) The amount of insolation increases from the equator towards the poles/आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ती है
(b) The amount of insolation decreases from the equator towards the poles/आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है
(c) Temperature and insolation are inversely proportional/तापमान और आतपन व्युत्क्रमानुपाती हैं

(d) During summers and winters, poles have the same temperature/गर्मियों व सर्दियों में ध्रुवों पर समान तापमान पाया जाता है

Ans. (b) : आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है यही कारण है कि ध्रुव सदैव बर्फ से ढ़के रहते हैं। आतपन या सूर्यताप किसी कालावधि में किसी क्षेत्रफल पर पड़ने वाले सौर विकिरण की माप है। आतपन सौर किरणों द्वारा क्षितिज पर बनाए हुए कोण पर निर्भर करता है। दीर्घावृत्ताकार कक्ष पर परिक्रमा करते समय पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी बदलती रहती है। भूमध्य रेखा पर सूर्य लगभग लम्बवत चमकता है तथा ध्रुवों पर सूर्य की किरणें सीधी नहीं पड़तीं।

22. Which of the following is a correct arrangement of the layers of the atmosphere that a roket returning to earth will pass through before it lands on earth ?
निम्नलिखित में से कौन-सा वायुमंडल की परतों का सही अनुक्रम है जिनसे धरती पर उतरने से पहले रॉकेट गुजरेगा ?

(a) Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Troposphere and Exosphere
समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, क्षोभमंडल और बाहिर्मंडल

(b) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere and Exosphere
क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्यवायुमंडल और बाहिर्मंडल

(c) Exosphere, Thermosphere, Mesosphere, Stratosphere and Troposphere
बाहिर्मंडल, बाह्य वायुमंडल, मध्यमंडल, समतापमंडल और क्षोभमंडल

(d) Thermosphere, Exosphere, Stratosphere, Mesosphere and Troposphere
बाह्य वायुमंडल, बाहिर्मंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, और क्षोभमंडल

Ans. (c) : धरती पर उतरते समय राकेट सबसे पहले बर्हिमण्डल, उसके बाद बाह्यमण्डल (आयनमण्डल),मध्यमण्डल, समतापमण्डल होते हुए अन्त में क्षोभमण्डल से गुजरेगा। वायुमण्डल की सबसे निचली परत क्षोभमण्डल है इसमें मौसमी घटनाएँ होती है। इसके उपर समतापमण्डल होता है जिसमें ओजोन परत पायी जाती है। वायुयान उड़ाने की आदर्श स्थिति इसमें पायी जाती है, समतापमण्डल के ठीक उपर लगभग 60 किमी. की ऊँचाई तक मध्यमण्डल है इसके उपर आयनमण्डल या बाह्य वायुमण्डल पाया जाता है। संचार उपग्रह इसी मण्डल में होते है, वायुमण्डल की सबसे उपरी परत बर्हिमण्डल है।

23. Consider these statements on 'Wind' and choose the correct option.
पवनों के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चुनाव करें।

A. Air moves from low pressure to high pressure area.
वायु निम्न दाब वाले क्षेत्र से उच्च दाब वाले क्षेत्र की ओर गति करती है।

B. Rotation of the earth on its axis affects the direction of the wind.
पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना पवनों की दिशा को प्रभावित करता है।

C. Speed of wind near earth's surface gets affected by frictional force.
पृथ्वी के धरातल के पास पवन की गति घर्षण बल से प्रभावित होती है।

(a) Both (A) and (B) are correct
(A) तथा (B) दोनों सही हैं

(b) Both (B) and (C) are correct
(B) तथा (C) दोनों सही हैं

(c) Both (A) and (C) are correct
(A) तथा (C) दोनों सही हैं

(d) All (A), (B) and (C) are correct
सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं

Ans. (b) : पृथ्वी की सतह एवं सतह के ऊपर पवनों के संचरण की दिशा व वेग का निर्धारण, दाब प्रवणता बल, पृथ्वी की घूर्णन गति तथा घर्षण बल आदि द्वारा होता है। पवन उच्च वायुदाब वाले क्षेत्रों से निम्न वायुदाब वाले क्षेत्रों की ओर क्षैतिज रूप से गतिमान होती है। पृथ्वी की घूर्णन गति से उत्पन्न 'विक्षेप बल' या 'कोरिऑलिस बल' के कारण पवन की दिशा मे विचलन होता है।

24. Consider the following statements (A), (B) and (C) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Human settlements flourished and civilizations developed near river valleys.
नदी घाटी के निकट मानव बस्तियाँ पनपने लगीं और सभ्यता का विकास हुआ।

B. The natural conditions do not matter while selecting an ideal site for settlement.
आदर्श बसाव स्थान के चुनाव में प्राकृतिक दशाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता।

C. Scattered settlements are found in cities.
शहरों में प्रकीर्ण बस्तियाँ पाई जाती हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है

(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है

(c) Only (C) is true/केवल (C) सही है

(d) Both (A) and (C) are true
दोनों (A) तथा (C) सही हैं

Ans. (a) : नदी घाटी के निकट मानव बस्तियाँ पनपने लगी और सभ्यता का विकास हुआ था। प्रारम्भिक मनुष्य वनों में और गुफाओं में रहते थे, आखेट के अतिरिक्त जिविकोपार्जन हेतु धीरे-धीरे फसल उगाने का ज्ञान हुआ। इसी कारण बस्तियों का विकास नदी घाटी के लिए हुआ क्योंकि वहाँ सिचाई एवं पीने के लिये पर्याप्त जल की मात्रा उपलब्ध थी और साथ ही भूमि उपजाऊ थी। वे स्थान जहाँ भवन अथवा बस्तियाँ विकसित होती हैं बसाव स्थान कहते है। बसाव स्थान के लिए अनुकूल प्राकृतिक दशाओं का ध्यान रखा जाता था। प्रकीर्ण बस्तियों में मकान प्रायः दूर-दूर होते है जबकि शहरों में घनी बस्तिया पायी जाती है।

25. Which of the following are examples of minerals ? Choose the correct option / निम्न में से कौन से खनिजों के उदाहरण है? सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Graphite/ ग्रेफाइट

B. Salt/ नमक

C. Limestone/ चूना-पत्थर

D. Mica/ अभ्रक

(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)

(b) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

(c) Only (A), (C) and (D)/केवल (A), (C) और (D)

(d) All (A), (B), (C) and (D)/सभी (A), (B), (C) तथा (D)

Ans. (d) : खनिज से तात्पर्य प्राकृतिक रूप में पाये जाने वाले ऐस पदार्थो से है, जिनका निश्चित रासायनिक - भौतिक गुणधर्म एवं रासायनिक संघटन होता है। उदाहरण- ग्रेफाइट, नमक, चूना, पत्थर, अभ्रक इत्यादि। खनिज 3 प्रकार के होते हैं, धात्विक खनिज, अधात्विक खनिज और उर्जा खनिज। ग्रेफाइट कार्बन का एक अत्यन्त उपयोगी अपरूप है जो विद्युत का सुचालक होता है तथा इसका उपयोग पेंसिल में होता है। चूना पत्थर एक प्रकार की अवसादी चट्टान है जो मुख्य रूप से कैल्सियम कार्बोनेट के विभिन्न क्रिस्टलीय रूपों से मिलकर बना होता है। अभ्रक एक बहुउपयोगी खनिज है जो आग्नेय एवं कायान्तरित चट्टानों में पाया जाता है।

26. Which of the following sources of energy are more suitable for tropical countries and also help protect the natural environment ?
निम्नलिखित में से कौन-सा (से) ऊर्जा के स्रोत ऊष्ण कटिबंधीय देशों के लिए अधिक उपयुक्त है(हैं) तथा प्राकृतिक पर्यावरण को बचाते है/ सुरक्षित रखते हैं ?

A. Nuclear/ परमाणु **B. Gas / गैस**

C. Wind/ पवन **D. Solar/ सौर**

Choose the correct option /सही विकल्प चयन किजिए

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C

(c) C and D/ C और D (d) A and D/ A और D

Ans. (c) : पवन और सौर, ऊर्जा का वह स्रोत है जो उष्ण कटिबन्धीय देशों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है और यह प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखते है। पवन गैर परम्परागत उर्जा का प्रमुख स्रोत है। पवन की गतिज ऊर्जा को टरबाइन के माध्यम से विद्युत उर्जा में बदला जाता है। सूर्य से प्राप्त होने वाली विकिरण ऊर्जा को ही 'सौर ऊर्जा' कहते है। सौर तापीय तकनीक तथा सौर फोटोवोल्टिक तकनीक द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।

27. Consider the following statements (A) and (B) about plantations and choose the correct option.
रोपण कृषि के बारे में निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिये।

A. Plantation is a type of mixed farming./रोपड़ कृषि मिश्रित कृषि का एक प्रकार है।

B. Major plantations are found in tropical regions of the world./रोपण कृषि के मुख्य क्षेत्र विश्व के ऊष्ण कटिबंधीय प्रदेशों में पाए जाते हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है ।

(c) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) तथा (B) सही है।

(d) Neither (A) nor (B) is true
न तो (A) और न ही (B) सही है।

Ans. (b) : उष्ण कटिबन्धीय प्रदेशों में रोपण कृषि के लिए आवश्यक दशाएं पाए जाने के कारण रोपण कृषि के मुख्य क्षेत्र विश्व के उष्णकटिबन्धिय प्रदेशों में पाये जाते है। रोपण कृषि एक फसली कृषि है जिसमें एक फसल पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस कृषि के अन्तर्गत विशिष्ट उपजों चाय, कॉफी, गन्ना, रबड़ आदि का उत्पादन किया जाता है। उष्ण कटिबन्ध में अत्यधिक उपजाऊ मिट्टी पायी जाती है जो रोपण कृषि के लिए उपयुक्त होती है।

28. Which of the following is an example of a prejudiced statement ?
निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य पूर्वाग्रह से ग्रसित होने का उदाहरण है ?

(a) People in rural areas are primarily engaged in agriculture
गाँव के लोग मुख्य तौर पर खेती करते हैं।

(b) People from rural areas cannot speck good English
गाँव के लोग अच्छी अंग्रेजी नहीं बोल सकते।

(c) Harvesting season in rural areas is the most busy time for rural people
कटाई का मौसम गाँव के लोगों के लिए सबसे व्यस्त समय होता है।

(d) People in rural areas mostly live in joint families
गाँव के लोग ज्यादातर संयुक्त परिवारों में रहते हैं।

Ans. (b) : गाँव के लोग अच्छी अंग्रेजी नहीं बोल सकते। पूर्वाग्रह से ग्रसित होने का उदाहरण है। पूर्वाग्रह (Prejudice) का अर्थ 'पूर्ण- निर्णय' है, अर्थात किसी मामले के तथ्यों की जाँच किये बिना ही राय बना लेना या मन में निर्णय ले लेना ही 'पूर्वाग्रह' है।

पूर्वाग्रह के प्रकार :-

(i) जाति के आधार पर पूर्वाग्रह

(ii) भाषा के आधार पर पूर्वाग्रह

(iii) लिंग के आधार पर पूर्वाग्रह

(iv) धर्म के आधार पर पूर्वाग्रह

(v) उम्र के आधार पर पूर्वाग्रह

(vi) क्षेत्र के आधार पर पूर्वाग्रह

29. Which of the following acts show acceptance of diversity ?
निम्नलिखित में से कौन से कृत्य हैं जो विविधता की स्वीकार्यता को प्रदर्शित करते हैं ?

A. Including more languages in the 8th Schedule of Indian Constitution
भारतीय संविधान की आठवीं सूची में और अधिक भाषाओं को सम्मिलित किया गया।

B. Building shopping complexes to be run by traders of specific community
समुदाय विशेष के व्यापारियों द्वारा चलाये जाने वाले शॉपिंग कॉप्लेक्सों का निर्माण।

C. Giving admission in a school to children from different social groups
विभिन्न सामाजिक वर्गों के बच्चों को स्कूल में दाखिला देना।

Choose the correct option /सही विकल्प चुनें

(a) A and B/ A और B

(b) B and C/ B और C

(c) A and C/ A और C

(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (c) : भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में और अधिक भाषाओं को सम्मिलित किया गया और विभिन्न सामजिक वर्गों के बच्चों को स्कूल में दाखिला देना दोनो कथनों में विविधता के तत्व विद्यमान हैं, अतः दोनों कथन विविधता की स्वीकार्यता को प्रदर्शित कर रहे हैं। विविधता से आशय एक ऐसे समूह या समाज से है जो जाति, धर्म, मूलवंश, पंथ, सम्प्रदाय, भाषा, भौगोलिक और सांस्कृतिक आधार पर अलग होते हुए भी एक साथ रहते है। कथन (B) समुदाय विशेष से सम्बन्धित होने के कारण विविधता की स्वीकार्यता को प्रदर्शित नहीं करता है।

30. Under the supervision of which body does the Gram Panchayat work?
किस निकाय (संस्था) की देखभाल में ग्राम पंचायत कार्य करता है ?

(a) Zilla Parishad/जिला परिषद्
(b) Ward Chiefs/वार्ड प्रमुख
(c) Gram Sabha/ग्राम सभा
(d) Panchayat Samiti/पंचायत समिति

Ans. (c) : ग्राम सभा की देखभाल ग्राम पंचायत करती है। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी मतदाताओं की सभा ग्राम सभा कहलाती है और ग्राम सभा की कार्यकारी समिति को ग्राम पंचायत के रूप में जाना जाता है। ग्राम सभा एक स्थाई निकाय है जबकि ग्राम पंचायत एक अस्थाई निकाय है। वार्ड सदस्य, पंच और सरपंच ग्राम पंचायत के सदस्य होते हैं। 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 में पारित हुआ तथा 24 अप्रैल, 1993 से लागू हुआ। यह पंचायती राज प्रणाली को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।

31. Who fixes the minimum wages to be paid to agricultural labourers and construction workers in India ?
भारत में कृषि श्रमिकों और निर्माण श्रमिकों को भुगतान हेतु न्यूनतम वेतन कौन तय करता है ?

A. Village Panchayat /ग्राम पंचायत
B. District Panchayat / जिला पंचायत
C. State Government/ राज्य सरकार
D. Union Government/ संघ सरकार

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें -

(a) A, B and C/A, B और C
(b) A and B/A और B
(c) C and D/C और D
(d) A and C/A और C

Ans. (c) : भारत में राज्य सरकार और संघ सरकार द्वारा कृषि श्रमिकों और निर्माण श्रमिकों को भुगतान हेतु न्यूनतम वेतन तय किया जाता है। भारत में न्यूनतम मजदूरी अधिनियिम, 1948 भारतीय संसद द्वारा पारित एक कानून है जो कुशल और अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी का निर्धारण करता है। कृषि श्रमिक वह श्रमिक है जो खेती एवं उससे सम्बन्धित कार्यों को करता है, कृषि मजदूर असंगठित क्षेत्र में आते हैं। निर्माण क्षेत्र जैसे पुलों या भवनों के निर्माण क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को निर्माण कामगार कहा जाता है।

32. What is a major problem with 'putting-out' system of market ?
दादन व्यवस्था (पुटिंग-आउट) व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या क्या है ?

(a) Weavers are paid less by the merchants as they have no information about market rates/जुलाहों के पास बाजार दर की जानकारी ना होने की वजह से व्यापारियों द्वारा उन्हें कम पैसे दिए जाना।
(b) Merchants have to spend extra transportation cost to deliver raw material to weavers
व्यापारियों को कच्चा माल जुलाहों तक पहुँचने के लिए अतिरिक्त परिवहन खर्च करना।
(c) Weavers have no say in deciding the quality of raw material used/जुलाहों का कच्चे माल की गुणवत्ता पर कोई निर्णय न ले पाना।
(d) Merchants do not have any control over the finished products supplied by weavers/जुलाहों द्वारा भेजे गए तैयार उत्पादों पर व्यापारियों का कोई नियंत्रण ना होना।

Ans. (a) : दादन व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या जुलाहों के पास बाजार दर की जानकारी न होने की वजह से व्यापारियों द्वार उन्हे कम पैसे दिया जाना है। दादन व्यवस्था में व्यापारी श्रमिकों को कच्चे माल उपलब्ध कराकर तैयार माल प्राप्त करता है। इस व्यवस्था में एक एजेंट ग्रामीण क्षेत्र से श्रमिकों को लेकर काम पर लगाता था क्योंकि ग्रामीण श्रमिकों के पास जीवन निर्वाह की आवश्यकता सामग्री नही होती थी।

33. Which among the following will help generate more secure means of urban livelihood ?
निम्नलिखित में से क्या शहरी जीविकोपार्जन के ज्यादा सुरक्षित साधन उत्पन्न करने में मदद करेगा ?

(a) Removing the laws that ban street vendors
रेहड़ी, फेरीवालों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को हटाना।
(b) Generating more kinds of casual employment
अनियमित रोजगार के और प्रकार बढ़ाना।
(c) Allowing the employer to decide on the minimum wage rate and minimum working hours/नियुक्तिकर्ता को न्यूनतम वेतन और न्यूनतम काम के घंटे निर्धारित करने की आजादी देना।
(d) Reducing the number of regular employment
स्थायी रोजगारों की संख्या कम करना।

Ans. (a) : रेहड़ी, फेरीवालों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को हटाना शहरी जीविकोपार्जन को ज्यादा सुरक्षित साधन उत्पन्न करने में मदद करेगा। व्यापार जगत में फेरीवाले निम्न स्तर के व्यापारी होते है जो फुटपाथ के सहारे छोटी दुकान लगाकर या घर घर जाकर समान बेचते है। फेरीवालो को बहुधा नगर निगम या प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था या अतिक्रमण इत्यादि का आलम्बन लेकर परेशान किया जाता है।

34. A particular area from which all the voters living there choose their representatives is called
एक विशेष इलाका जहाँ के रहने वाले सभी मतदाता अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं उसे कहा जाता है-

A. Polling booth/ मतदान-केंद्र
B. Ward/ सीट
C. Constituency/ चुनाव-क्षेत्र
D. Region/क्षेत्र

Choose the correct options/सही विकल्प चुनें -

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) A and C/ A और C

Ans. (b) : किसी क्षेत्र की विधानपालिका चुनाव में एक सीट निर्वाचित करने वाली क्षेत्रीय ईकाई होती है। किसी चुनाव क्षेत्र में रहने वाले पंजीकृत निवासी ही वोट दे सकते है।

35. The Child Marriage Restraint Act (1929) had the following provision –
बाल विवाह निषेध अधिनियम (1929) में निम्नलिखित प्रावधान थे :

(a) No woman below 16 years and no man below 18 years of age could marry/सोलह (16) साल से कम उम्र की लड़की और अठ्ठारह (18) साल से कम उम्र का लड़का विवाह नहीं कर सकता।
(b) No woman below 18 years and no man below 20 years of age could marry /अठ्ठारह (18) साल से कम उम्र की लड़की और बीस (20) साल से कम उम्र का लड़का विवाह नहीं कर सकता।
(c) No woman below 20 years and no man below 22 years of age could marry /बीस (20) साल से कम उम्र की लड़की और बाईस (22) साल से कम उम्र का लड़का विवाह नहीं कर सकता।
(d) No woman below 18 years and no man below 21 years of age could marry /अठ्ठारह (18) साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस (21) साल से कम उम्र का लड़का विवाह नहीं कर सकता।

Ans. (a) : हरविलास शारदा ने में बाल विवाह रोकने हेतु एक कानून बनाया यह कानून बाल विवाह निषेध अधिनियम के नाम से 1 अप्रैल, 1930 को लागू हुआ।
इसमें लड़कियों के लिए विवाह की आयु 14 वर्ष तथा लड़कों के विवाह की आयु 18 वर्ष की गयी। बाद में वर्ष 1978 में संशोधित करके लड़कियों के लिए विवाह की आयु 18 वर्ष एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गयी। इसी कानून को 'शारदा अधिनियम' के नाम से जाना जाता है।

36. What is meant by the phrase – 'Indian Constitution is living document' ?
'भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है'- इस वाक्यांश से क्या पर्याय है?

(a) Right to life is a Fundamental Right guaranteed by the constitution/संविधान जीवन के अधिकार को एक मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित करता है।
(b) Constitution was enacted by the people of India and was not imposed from outside
संविधान का गठन भारत के वास्तविक लोगों द्वारा किया गया था ना कि उसे बाहर से थोपा गया था।
(c) Constitution evolves to the changing circumstances of people and has real meaning in their lives/संविधान लोगों को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलते हुए उनके जीवन में वास्तविक अर्थ रखता है।
(d) Constitution is a sacred document and therefore considered equivalent to a living teacher/संविधान एक पावन दस्तावेज है और इसलिए यह जीवित गुरु समान है।

Ans. (c) : 'भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है' का पर्याय- संविधान लोगों को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढ़लते हुए उनके जीवन में वास्तविक अर्थ रखता है। भारतीय संविधान भविष्य में होने वाले परिवर्तनों के साथ साथ चलने वाला संविधान है, संविधन निर्माता भविष्य की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील थे इसलिए लचीला बनाया, भारतीय संविधान में संशोधन की तीन प्रक्रिया है-
(1) संसद में सामान्य बहुमत के आधार पर।
(2) संसद में दोनों सदनों के अलग-अलग विशेष बहुमत के आधार पर।
(3) विशेष बहुमत तथा कुल राज्यों की आधी विधायिका के आधार पर।

37. Which part is known as 'conscience' of the Indian Constitution ?
किस भाग को भारतीय संविधान की ''अंतरात्मा'' कहा जाता है ?

(a) Fundamental Duties/मौलिक कर्त्तव्य/दायित्व
(b) Fundamental Rights/मौलिक अधिकार
(c) Directive Principle of State Policy
नीति-निर्देशक तत्व
(d) The Panchayats/पंचायतें

Ans. (b) : मौलिक अधिकार को भारतीय संविधान की 'अन्तरात्मा' कहा जाता है। मौलिक अधिकार राज्य द्वारा सत्ता के मनमाने और निरंकुश इस्तेमाल से नागरिकों की रक्षा करता है, संविधान के भाग-तीन के अनुच्छेद 12-35 तक के तहत प्रत्येक नागरिक को 6 मौलिक अधिकार प्रदान किए गए है। 44वें संविधान संशोधन के तहत सम्पत्ति के अधिकार को कानूनी अधिकार बना दिया गया। मूल अधिकार को भारतीय संविधान में संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है।

38. Which of the following is associated with criminal law in India ?
निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में फौजदारी कानून से सम्बंधित हैं ?

A. Case is filed in the court after investigation of the crime.
अपराध की जाँच के बाद अदालत में मुकदमा (केस) दायर किया जाता है।
B. Deals with conduct or acts that are offences in the eyes of the law.
ऐसे व्यवहारों या क्रियाओं से निपटा जाता है जो कानून की दृष्टि में अपराध हैं।
C. A petition has to be filed before the court by the affected party only.
न्यायालय में याचिका केवल प्रभावित पक्ष की ओर से किया जाता है।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें -
(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only A and C/केवल A और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (a) : फौजदारी मामले का सम्बन्ध आपराधिक कृत्यों से होता है। जैसे –हत्या, मारपीट, डकैती, छिनैती इत्यादि सभी मामले फौजदारी के अन्तर्गत आते हैं।
फौजदारी कानून के अपराधी को सजा दिलाने हेतु अपराध की जाँच के बाद अदालत में मुकदमा दायर किया जाता है तथा ऐसे व्यवहारों और क्रियाओं से निपटा जाता है जो कानून की दृष्टि से अपराध है। फौजदारी मामले में क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इन्डियन पैनल कोड के आधार पर सुनवाई होती है, फौजदारी मामले में मुकदमें की शुरूआत प्राथमिकी दर्ज कराने से होती है।

39. Which of the following is correct about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989
निम्नलिखित में से कौन-सा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के बारे में सही है ?

A. It is an amendment of Article 17 of the constitution./यह संविधान के अनुच्छेद 17 का संशोधन है।

B. It has a list of crimes that are identified as modes of humiliation./इसमें उन अपराधों की सूची है जिन्हें अपमान के स्वरूपों के तौर पहचाना गया है।

C. It has a list of crimes against women from tribal and Dalit communities.
इसमें आदिवासी और दलित समुदायों की महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की सूची है।

D. It has a list of actions that dispossess Dalits and Adivasis./ इसमें ऐसे कृत्यों की सूची भी है जिनके द्वारा दलितों और आदिवासियों को वंचित रखा जाता है।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें -
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (b) :
(a) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के बारे में दिये गये तीन कथन (b, c और d) सत्य हैं-
यह संविधान के 'अनुच्छेद 17 का संशोधन' नहीं है अपितु दलितों पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए यह अधिनियम 11 सितम्बर, 1989 को संसद में पारित हुआ और 30 जनवरी 1990 से सम्पूर्ण भारत में लागू हुआ।

40. Consider the following narrative- "In school, other children made fun of us. We spoke Santhali at home, and did not know Hindi". The speaker is subjected to –
निम्नलिखित वृतांतों पर विचार कीजिए। ''स्कूल में दूसरे बच्चे हमारा मजाक उड़ाते थे। हम घर पर संथाली भाषा बोलते थे और हिंदी भाषा नहीं जानते थे।''
(a) Socialization/समाजीकरण का
(b) Radicalization/अतिवादिता का
(c) Marginalization/हाशियाकरण का
(d) Sanskritization/संस्कृतिकरण का

Ans. (c) : उक्त कथन के अनुसार वक्ता हाशियाकरण का शिकार है। हाशियाकरण का अर्थ है समाज की मुख्यधारा से अलग हटना। हाशियाकृत लोग समाज या समुदाय के गरीब कमजोर लोग होते हैं तथा इनको हीन दृष्टि से देखा जाता है। विद्यार्थी हिन्दी भाषा न जानने के कारण कक्षा में हाशियाकृत है। ऐसी स्थिति में अध्यापक एवं विद्यालय प्रशासन को कक्षा को समावेशी बनाना चाहिए।

41. Which of the following are the normative concerns of a social science curriculum ?
निम्न में से कौन-से सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या के मानकीय पक्ष हैं ?

A. Issues of Equality / समानता के मुद्दे
B. Issues of Justice / न्याय के मुद्दे
C. Issues of personality/ व्यक्तित्व के मुद्दे

Choose the appropriate option/सही विकल्प चुनें-
(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only A and C/केवल A और C
(d) All A, B and C/सभी A, B और C

Ans. (a) : समानता के मुद्दे और न्याय के मुद्दे सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या के मानकीय पक्ष हैं। सामाजिक विज्ञान मानव सम्बन्धों का अध्ययन है। समानता का अर्थ किसी समाज की उस स्थिति से है जिसमें सभी लोग समान अधिकार या प्रतिष्ठा रखते है। उचित-अनुचित का विवेक और नीतिसंगत की बात ही न्याय है, न्याय निष्पक्ष होने की गुणवत्ता को सन्दर्भित करता है।

42. Which of the following activities provides scope to develop 'critical thinking' skills ?
निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि 'समीक्षात्मक चिन्तन' कौशल विकसित करने का अवसर देती है ?
(a) Learning about an event based on a particular historian's account/किसी विशेष इतिहासकार के वृत्तांत के आधार पर किसी घटना के बारे में सीखना।
(b) Examining an event through facts and evidences/घटनाओं को तथ्यों और सबूतों के आधार पर जाँचना।
(c) Learning the dates on which various events took place/वह तिथियाँ याद करना जिन पर विभिन्न घटनाएं घटी।
(d) Drawing a map showing all the locations associated with a historical event/एक ऐतिहासिक घटना से जुड़े सभी स्थानों को दर्शाने वाला नक्शा बनाना।

Ans. (b) : घटनाओं को तथ्यों और सबूतों के आधार पर जाँचना 'समीक्षात्मक चिन्तन' कौशल विकसित करने का अवसर देती है। किसी वस्तु रचना या विषय के सम्बन्ध में सम्यक ज्ञान प्राप्त करना प्रत्येक तत्व की विवेचन करना समीक्षा है। मन ही मन किया जाने वाला विचार चिन्तन होता है।

43. Which of the following topics are necessary to be covered BEFORE introducing the topic 'extrusive igneous rocks' ?
'बहिर्वेधन आग्नेय चट्टान' विषय शुरू करने से पहले निम्नलिखित में से कौन से विषयों को पढ़ाया जान आवश्यक है ?

(i) Lava/ लावा
(ii) Interior of the Earth/ पृथ्वी का आंतरिक भाग
(iii) Sediments/ तलछट/अवसाद
(iv) Basalt/ बेसाल्ट

(a) (i), (ii) (b) (i), (iv)
(c) (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iii)

Ans. (a) : 'बहिर्वेधन आग्नेय चट्टान' विषय शुरू करने से पहले लावा और पृथ्वी का आन्तरिक भाग पढ़ाया जाना आवश्यक है क्योंकि आग्नेय चट्टानों का निर्माण पृथ्वी के अन्दर तप्त तरल मैग्मा या लावा के द्वारा होता है। यही मैग्मा या लावा जब धरातल पर निकलकर ठण्डा होकर जम जाता है तो इसे बहिर्वेधन अग्नेय चट्टान कहते हैं और जब यही लावा बाहर निकलने से पहले ही जमीन के अन्दर ठण्डा होकर जम जाता है तो इसे अन्तर्भेदी आग्नेय चट्टान कहते है।

44. Which of the following activities would help students to better understand the experiences of "Life in Rural area" ?
'ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन' के अनुभवों को अच्छी तरह से समझने में निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि विद्यार्थियों की सहायता करेगी ?

A. Visiting a farm in a nearby area.
निकटवर्ती इलाकों के खेतों में जाना।

B. Inviting a farmer or agricultural labourer to class.
कक्षा में किसान अथवा खेतिहर मजदूर को आमंत्रित करना।

C. Explain the details of content given in the textbook.
पाठ्य-पुस्तक में दी गई विषय-वस्तु के विवरणों को समझाना।

D. Show a video containing farm activities of local area.
स्थानीय इलाके की खेती-संबंधी गतिविधियों पर वीडियो दिखाना।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें -
(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (d) : निकटवर्ती इलाकों के खेतों में जाना, कक्षा में किसान अथवा खेतिहर मजदूर को आमन्त्रित करना और स्थानीय इलाके की खेती सम्बन्धी गतिविधियों पर विडियों दिखाना, इन तीनो क्रियाओं से विद्यार्थी 'ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन' को अच्छी तरह समझ सकते है। पाठ्य पुस्तक के विवरण को समझाने से विद्यार्थी केवल आँकड़ों को कण्ठस्थ करता है और कक्षोन्नति कर सकता है परन्तु इसके अतिरिक्त उपर्युक्त तीनों क्रियाओं से विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र के जीवन के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है।

45. Ms. Monica wants to explain the concept of 'emigration' to her students.
Which of the following examples will help her do this ?
सुश्री मोनिका अपने छात्रों को 'उत्प्रवास' की अवधारणा समझाना चाहती हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण उन्हें ऐसा करने में सबसे अधिक मदद करेगा ?
(a) International students in Australia
ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय छात्र
(b) Declining population in Sudan
सूडान में घटती जनसंख्या
(c) Growing population in Bangalore
बेंगलुरू में बढ़ती आबादी
(d) Rural to urban migration in India
भारत में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास

Ans. (b) : उत्प्रवास किसी व्यक्ति द्वारा उस भौगोलिक ईकाई के छोड़ देने को कहते हैं जिसका वह मूल निवासी होता है। अर्थात् अपना देश छोड़कर विदेश में जाकर बसना उत्प्रवास है। इस प्रकार सुश्री मोनिका अपने छात्रों को उत्प्रवास की अवधारणा समझाने के लिए सूडान में घटती जनसंख्या का उदाहरण सर्वाधिक उपयुक्त होगा।

46. Which of the following activities would help develop and understanding of urban administration ?
निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि शहरी प्रशासन की समझ विकसित करने में सबसे अधिक मदद करेगी ?

(i) Asking students to attend a seminar by a representative of the municipal corporation.
नगर निगम के एक प्रतिनिधि द्वारा ली जा रही एक संगोष्ठी में छात्रों को भाग लेने के लिए कहना

(ii) Asking students to list state laws exclusive to their states.
छात्रों से उनके राज्य के लिए जो विशिष्ट राज्य कानून हैं उनकी सूची बनाने के लिए कहना

(iii) Taking students to the City Mayor's office.
छात्रों को शहर के मेयर के कार्यालय में ले जाना

(iv) Engaging students in a discussion of Swachh Bharat Mission.
स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा में छात्रों को शामिल करना

(a) (i), (ii) (b) (i), (iii)
(c) (ii), (iii) (d) (i), (iv)

Ans. (b) : नगर निगम के एक प्रतिनिधि द्वारा ली जा रही एक संगोष्ठी में छात्रों को भाग लेने के लिए कहना और छात्रों को शहर के मेयर कार्यालय में ले जाना शहरी प्रशासन की समझ विकसित करने में छात्रों के लिए सर्वाधिक मददगार होगी। स्वच्छ भारत मिशन 2 अक्टूबर 2014 को आरम्भ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल और स्वच्छता मन्त्रालय के अन्तर्गत है।

47. A Geography teacher is planning to teach generation of wind energy. Which of the following topics should have been covered prior to this for better conceptual understanding ?
एक भूगोल शिक्षक पवन ऊर्जा उत्पादन पर एक पाठ पढ़ाने की योजना बना रहे हैं। निम्न में से कौन-सा विषय इसे पढ़ाने से पहले उनके द्वारा पढ़ाया जा चुका होना चाहिए ताकि बेहतर संप्रत्ययात्मक समझ बन सके ?
(a) Air Pressure/वायुदाब
(b) Humidity/आर्द्रता
(c) Wind farms/पवन चक्की संयंत्र वाले स्थान
(d) Cyclones/चक्रवात

Ans. (a) : शिक्षक द्वारा पवन उर्जा उत्पादन पर पाठ योजना बनाने से पूर्व, बेहतर संप्रत्ययात्मक समझ बनाने के लिए 'वायुदाब' पढाया जा चुका होना चाहिए क्योंकि गतिमान वायु से उत्पन्न की गयी उर्जा को पवन उर्जा कहते है। पवन उर्जा उत्पादन के लिए उच्च वायुदाब पेटियों में पवन चक्कियों की स्थापना की जाती है। इन चक्कियों द्वारा गतिज उर्जा, यान्त्रिक उर्जा में और उसके बाद डायनमों (जनित्र) की सहायता से विद्युत उर्जा में परिवर्तित किया जाता है।

48. Which of the following activities would be MOST relevant to introduce students to the topic of 'civil rights movements in USA' ?
छात्रों को 'नागरिक अधिकार आंदोलनों' के विषय से परिचित कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि सबसे अधिक उपयुक्त होगी ?

(a) Researching on instances of communal conflicts in India/भारत में साम्प्रदायिक संघर्षों की घटनाओं पर शोध करना
(b) Watching a documentary on the genocide of European Jews during World War-II/द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूरोपीय यहूदियों के जनसंहार पर एक वृत्तचित्र देखना
(c) Reading of the Article 15 of the Indian Constitution which forbids discrimination भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 को पढ़ना
(d) Discussion on the practice of slavery in North America/उत्तरी अमेरिका में गुलामी की प्रथा पर चर्चा करना

Ans. (d) : 'नागरिक अधिकार आंदोलनों' के विषय से परिचित कराने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त गतिविधि उत्तरी अमेरिका में गुलामी की प्रथा पर चर्चा करना होगा। नागरिक अधिकार आन्दोलन संयुक्त राज्य अमेरिका में अफ्रीकी, अमेरिकियों के उनके अधिकारों को दिलाने के लिए था।

49. Students are learning about India's Struggle for Independence.
Which of the following question/activity would draw a variety of responses ?
छात्र भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में सीख रहे हैं। इस बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न/गतिविधि अधिक प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देगा ?

(a) How is India's struggle for Independence similar to or different from that of USA?/भारत का स्वतंत्रता संग्राम किस प्रकार संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम के समान या उससे भिन्न है?
(b) Create a timeline of major events leading up to the Civil Disobedience Movement for any of the Indian states/किसी भी भारतीय राज्य के लिए सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ होने तक की सभी घटनाओं की समयरेखाएँ (timeline) बनाएँ।
(c) Read speeches of Gandhiji and cull the main sentences capturing the purpose of Dandi March/गाँधीजी के भाषणों को पढ़ें और दांडी मार्च के उद्देश्य को दर्शाने वाले मुख्य वाक्यों को चुनें।
(d) Construct model to show the extent of the British rule in the Indian Subcontinent/भारतीय उपमहाद्वीप में ब्रिटिश शासन की सीमा को दर्शाने के लिए एक नमूने की रचना कीजिए।

Ans. (b) : छात्रों को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में सीखनें के लिए किसी भी भारतीय राज्य के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ होने तक की सभी घटनाओं की समय रेखाएँ बनाना अधिक प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देगा। सविनय अवज्ञा आन्दोलन महात्मा गाँधी के द्वारा अंग्रेजी सरकार के नमक पर लगाने के विरूद्ध किया गया आन्दोलन था। महात्मा गाँधी ने 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से दाण्डी तक 24 दिनों की यात्रा के बाद 6 अप्रैल 1930 को समुद्र तट पर नमक कानून तोड़ा। यह आन्दोलन एक वर्ष तक चला और 1931 में गाँधी इरविन समझौते से समाप्त हुआ।

50. A student in class says, "The Constitution recognizes right to water and healthcare as being a part of Right to Life. Hence, the government must provide such public facilities to everyone".
Which of the following types of reasoning is the student using while making this statement ?
कक्षा में एक छात्र कहता है, ''संविधान पानी और स्वास्थ्य देखभाल के अधिकार को जीवन के अधिकार का हिस्सा मानता है। इसलिए, सरकार को सभी को ऐसी सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान करनी चाहिए।''
यह कथन देते समय छात्र निम्नलिखित में से किस प्रकार के तर्क का प्रयोग कर रहा है?

(a) Inductive reasoning/आगमनात्मक तर्क
(b) Deductive reasoning/निगमनात्मक तर्क
(c) Cause-effect reasoning/कारण-प्रभाव तर्क
(d) Reductive reasoning/सरलीकृत (रिडक्टिव) तर्क

Ans. (c) : प्रश्न में दिए गये कथन को देते समय छात्र कारण प्रभाव तर्क का प्रयोग कर रहा है। कारण वे परिस्थितियाँ है जिनमें कोई घटना घटित होती है। यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि कारण प्रभाव की ओर संकेत करता है। तर्क की जिस प्रक्रिया में एकाकी प्रेक्षणों के ज्ञात तथ्यों को जोड़कर अधिक व्यापक कथन निर्मित किया जाता है आगमनात्मक तर्क कहलाता है। एक से अधिक ज्ञात सामान्य ज्ञान के कथनों के आधार पर किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचना निगमनात्मक तर्क है।

51. An understanding of which of the following topic is desirable to help students understand why some sources of power generation are renewable or non-renewable ?
ऊर्जा के कुछ स्रोत नवीकरणीय और अन्य अनवीकरणीय क्यों होते हैं, इस विषय की समझ विकसित करने हेतु निम्न में से किस की समझ होना वांछित है ?

(a) Extraction of coal/कोयले का निष्कर्षण
(b) Conservation of energy/ऊर्जा संरक्षण
(c) Conventional sources of energy ऊर्जा के पारंपरिक स्रोत
(d) Natural cycles/प्राकृतिक चक्र

Ans. (d) : ऊर्जा के कुछ स्रोत नवीकरणीय और अन्य अनवीकरणीय क्यों होते है। इस विषय की समझ विकसित करने हेतु प्राकृतिक चक्र की समझ होना वांछित है। उर्जा के उन स्रोतों की जिनकी लघु समयावधि के अन्तर्गत पुनः पूर्ति की जा सकती है उर्जा के नवीकरणीय स्रोत कहे जाते है। ऊर्जा के वे स्रोत जिनकी लघु समयावधि के अन्तर्गत पुनः पूर्ति नहीं की जा सकती अनवीकरणीय स्रोत है। कच्चा तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस उर्जा के अनवीकरणीय स्रोत के उदाहरण है। नवीकरणीय स्रोत में सौर उर्जा, वायु उर्जा बायोमास शामिल है।

52. A Social Science teacher wants students to read and understand article on an old policy for steel industries in India. However, its author is a bureaucrat accused of bribery. So the teacher wonder whether and how to use this article.

Which of the following is the most responsible approach for the Social Science teacher ?
एक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका चाहती है कि उनके छात्र भारत में इस्पात उद्योगों के लिए एक पुरानी नीति को समझें। जिसके लिए वे एक पुराना लेख पढ़ें हालांकि इसके लेखक एक नौकरशाह हैं जिन पर रिश्वतखोरी का आरोप है। शिक्षिका इस सोच में है कि इस लेख का उपयोग करें या ना करें और कैसे करें।
सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण है ?

(a) Mention that many officers tend to be corrupt and continue reading the article/उल्लेख करें कि कई अधिकारी भ्रष्ट होते हैं और लेख पढ़ना जारी रखें।
(b) Use excerpts from the article in class without attributing it to the author/कक्षा में लेख के अंशों का उपयोग करें परन्तु लेखक का नाम न बताएं।
(c) Explain that we should choose articles on academic merit rather than unrelated reputation/यह समझाएँ कि हमें असंबंधित प्रतिष्ठा के बजाय शैक्षिक योग्यता पर लेखों का चयन करना चाहिए।
(d) Don't use the article as it talk about an old government policy/लेख का उपयोग न करें क्योंकि यह एक पुरानी सरकारी नीति के बारे में बात करता है।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका यह समझाए कि हमें असम्बन्धित प्रतिष्ठा के बजाय शैक्षणिक योग्यता पर लेखों का चयन करना चाहिए। प्रश्नानुसार लेखक एक नौकरशाह है इससे स्पष्ट है कि लेखक में लेखन शैली की समझ एवं योग्यता है। लेख में उचित तथ्यों एवं समंको को दर्शाया गया होगा जिसके अध्ययन से विद्यार्थी भारत में इस्पात उद्योग की पुरानी नीति को समझ सकते है।

53. You are showing a documentary to your students where a government school teacher is wearning some religious symbols and the headmaster says, "we should not wear religious symbols inside the school".
A student asked if this is an act of secularism.
आप अपने छात्रों को एक वृत्तचित्र दिखा रहे हैं जहाँ एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने कुछ धार्मिक प्रतीकों को पहना हुआ है और प्रधानाध्यापक कहते हैं, ''हमें स्कूल में धार्मिक प्रतीकों को नहीं पहनना चाहिए''।
एक छात्र ने पूछा कि क्या यह धर्मनिरपेक्षता वाला व्यवहार है।
What would be a technically correct answer?
तकनीकी रूप से सही उत्तर क्या होगा?

(a) The headmaster's statement shows religious bias which is against the principles of secularism and right to freedom of religion/प्रधानाध्यापक का बयान धार्मिक पूर्वाग्रह को दर्शाता है जो धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों और धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार के विरोध में है।
(b) The headmaster's statement is not an example of secularism. However, it is aligned with the principles of the Indian Constitution where schools are supposed to not enforce any religion/प्रधानाध्यापक का बयान धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण नहीं है। हालाँकि, यह भारतीय संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप है जहाँ स्कूलों को किसी भी धर्म को लागू नहीं करना चाहिए।
(c) The headmaster's statement shows secularism and thus it follows the principles of the Indian Constitution/प्रधानाध्यापक का बयान धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है और इस प्रकार यह भारतीय संविधान के सिद्धांतों का पालन करता है।
(d) The headmaster's statement shows secularism. However, it is against the interpretation of secularism in the Indian Constitution, which provides the right to freedom of religion/प्रधानाध्यापक का बयान धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है। हालांकि, यह भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या के खिलाफ है, जो धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है।

Ans. (d) : तकनीकी रूप से सही उत्तर–प्रधानाध्यापक का बयान धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है। हॉलाकि यह भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या के खिलाफ है, जो कि धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है, प्रधानाध्यापक विद्यालय में धर्म विशेष को प्रश्रय देना उचित नहीं मानते। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है। भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्षता' शब्द को जोड़ा गया है।

54. A history teacher wants to teach his students about King Ashoka's *dhamma*. Which of the following sources would be a 'primary source' for this ?
इतिहास के एक शिक्षक अपने छात्रों को सम्राट अशोक के धम्म के बारे में पढ़ाना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा स्रोत इसके लिए 'प्राथमिक स्रोत' होगा ?

(a) Ashoka the Great–a documentary on Ashoka अशोक महान-अशोक पर एक वृतचित्र
(b) Pillars of Ashoka/अशोक स्तंभ
(c) Ashoka and the Decline of the Mauryas – a book by Romila Thapar/अशोक और मौर्यों के पतन पर रोमिला थापर द्वारा लिखी एक पुस्तक
(d) A museum with clothing from Ashoka's time/अशोक के समय के कपड़ों वाला एक संग्रहालय

Ans. (b) : छात्रों को सम्राट अशोक के धम्म के बारे में पढ़ाने के लिए अशोक स्तम्भ प्राथमिक स्रोत के रूप में अध्यापक प्रयोग करेगें। जो आँकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से या व्यक्तियों के समूह/संस्था द्वारा एकत्र किए जाते हैं प्राथमिक स्रोत कहलाते हैं, जो आँकड़े किसी प्रकाशित या अप्रकाशित साधनों द्वारा एकत्र किए जाते हैं द्वितीयक स्रोत कहलाते है। अशोक स्तम्भ प्राथमिक स्रोत इसलिए है क्योंकि यह प्रत्यक्ष रूप से अशोक के द्वारा उत्कीर्णीत कराया गया है।

55. Which of the following exercises will lead students to apply (as per Bloom's taxonomy) the topic of secularism ?
निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास छात्रों को धर्मनिरपेक्षता के विषय का अनुप्रयोग (ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार) करने की दिशा में अग्रसर करेगा ?

(a) List countries following secularism in Asia/एशिया में धर्मनिरपेक्षता का पालन करने वाले देशों की सूची बनाना।

(b) Is secularism one of the principles embodied by the Indian constitution?/क्या धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान द्वारा अंगभूत सिद्धांतों में से एक है?

(c) Categorise characteristics of a given country as secular and non-secular/दिए गए एक देश की विशेषताओं को धर्मनिरपेक्ष तथा गैर धर्मनिरपेक्ष में वर्गीकृत करें।

(d) Discuss the idea of secularism with your neighbours and family/अपने पड़ोसियों और परिवार के साथ धर्मनिरपेक्षता के विचार पर चर्चा करें।

Ans. (c) : दिए गए एक देश की विशेषताओं को धर्मनिरपेक्ष तथा गैर धर्मनिरपेक्ष में वर्गीकृत करना, छात्रों को धर्मनिरपेक्षता के विषय का अनुप्रयोग (ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार) करने की दिशा में अग्रसर करेगा। ब्लूम का वर्गीकरण शैक्षिक शिक्षण उद्देश्यों को जटिलता और विशिष्टता के स्तरों में वर्गीकृत करने के लिए जाना जाता है। 'सीखने के उद्देश्यो' के वर्गीकरण का सिद्धान्त बेंजमिन ब्लूम ने 1956 में दिया।

56. Mr. Justin wanted to test his students' understanding of the 'nature of weekly markets from a seller's point of view'.
श्री जस्टिन 'विक्रेता के दृष्टिकोण से साप्ताहिक बाजारों की प्रकृति' के बारे में अपने छात्रों की समझ का परीक्षण करना चाहते हैं।

Which of the following questions are suited to test this ?
निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न इसका परीक्षण करने के लिए उपयुक्त है ?

(i) Can a weekly market address all the needs of a family ? Why or why not ?
क्या साप्ताहिक बाजार परिवार की सभी जरूरतों को पूरा कर सकता है? क्यों तथा क्यों नहीं?

(ii) Compare and contrast the characteristics of a weekly market and a permanent shop.
साप्ताहिक बाजार और स्थायी दुकान की विशेषताओं की तुलना करें और विषमता दिखाएँ।

(iii) Are you likely to find a well-known brand as part of a weekly market ? Why or why not ?
क्या आपको साप्ताहिक बाजार में एक प्रसिद्ध ब्रांड मिलने की संभावना है? यदि है तो क्यों है और यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

(iv) Can any seller increase their price a lot compared to other sellers in a weekly market ? Why or why not ?
क्या कोई विक्रेता साप्ताहिक बाजार में अन्य विक्रेताओं की तुलना में अपनी कीमत बहुत बढ़ा सकता है? यदि बढ़ा सकता है तो क्यों बढ़ा सकता और यदि नहीं तो क्यों नहीं?

(a) (i), (ii), (iii) (b) (i), (iii), (iv)
(c) (ii), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iv)

Ans. (c) : 'विक्रेता के दृष्टिकोण से साप्ताहिक बाजारों की प्रकृति' के बारे में छात्रों की अपनी समझ का परीक्षण करने मे विकल्प (ii), (iii) तथा (iv) उपयुक्त है। जबकि विकल्प (i) अनुपयुक्त है क्योंकि विकल्प (i) में दिया गया प्रश्न क्रेता पक्ष के दृष्टिकोण से सम्बन्धित है। साप्ताहिक बाजार किसी निश्चित स्थान पर सप्ताह के किसी निश्चित दिन लगता है।
सामान्यतः बाजार का अर्थ उस विशेष स्थान से है जहाँ भौतिक रूप से क्रेता और विक्रेता वस्तुओं एवं सेवाओं का विनिमय करते हैं। साप्ताहिक बाजार, बाजार का ही एक प्रकार है।

57. A teacher wants his students to understand that History can be interpreted in multiple ways.
Which of the following exercises will be LEAST relevant for this purpose ?
एक शिक्षक अपने छात्रों को यह समझना चाहते हैं कि इतिहास की व्याख्या कई तरीकों से की जा सकती है। इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि सबसे कम होगी ?

(i) Ask students to read articles written in two different centuries about the history and practices of a particular community.
छात्रों को मध्ययुगीन युद्ध से संबंधित हाल ही की खोज के बारे में पढ़ कर यह समझने के लिए कहें कि इस नई जानकारी से युद्ध के मौजूदा विवरण में कैसे बदलाव आता है।

(ii) Ask students to read about a recent discovery related to a medieval war and understand how it changes the existing account of the war.
छात्रों से दो अलग-अलग शताब्दियों में किसी विशेष समुदाय के इतिहास और प्रथाओं के बारे में लिखे गए लेखों को पढ़ने के लिए कहें।

(iii) Ask students to speak to two different members of a community about their history, culture and practices.
छात्रों को एक समुदाय के दो अलग-अलग सदस्यों से उनके इतिहास, संस्कृति और प्रथाओं के बारे में बात करने के लिए कहें।

(iv) Ask students to read accounts about colonization by a historian from the ruled country and a historian from the ruled country.
छात्रों से शासित देश के इतिहासकार और शासक देश के इतिहासकार द्वारा उपनिवेशवाद के बारे में वृत्तांत पढ़ने को कहें।

(a) (i), (ii), (iii) (b) (i), (iii), (iv)
(c) (ii), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iv)

Ans. (b) : इतिहास की व्याख्या कई तरीकों से की जा सकती है। इस उद्देश्य के लिए गतिविधि (i), (iii), और (iv) सबसे कम होगी। गतिविधि (ii) में छात्रों को अलग-अलग शताब्दियों के विशेष समुदाय के इतिहास और प्रथाओं के बारे में लिखे लेख को पढ़ने के लिए कहा गया है। इसमें छात्रों को अधिक गतिविधि करनी पड़ेगी क्योंकि इसमें अलग अलग शताब्दियों अर्थात् एक लम्बे काल खण्ड के अध्ययन को विद्यार्थी को बिना किसी की सहायता से स्वयं करना है।

58. Learning Objective : Students will show their understanding of the role of media in a democracy.
Which of the following question tests for this learning objective ?
अधिगम उद्देश्य : छात्र लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका के बारे में अपनी समझ दिखाएँगे।
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न इस उद्देश्य का सबसे अच्छा परीक्षण करता है?

(a) Why are both government controlled media and private media important?/सरकारी नियंत्रित मीडिया और निजी मीडिया दोनों क्यों महत्वपूर्ण हैं?
(b) Is the media free from external control? क्या मीडिया बाहरी नियंत्रण से मुक्त है?
(c) Why should the media write a balanced report of events?/मीडिया को घटनाओं की संतुलित रिपोर्ट क्यों लिखनी चाहिए?
(d) Describe instances when the government had censored the media./उन दृष्टांतों का वर्णन करें जब सरकार ने मीडिया पर नियंत्रण (सेंसर) लगाया था।

Ans. (c) : मीडिया को घटनाओं की संतुलित रिपोर्ट क्यों लिखनी चाहिए ? इस प्रश्न से, प्रश्न में दिए गये अधिगम उद्देश्य का सबसे अच्छा परीक्षण होता है। सन्तुलित रिपोर्ट वह होती है जिसमें किसी विषय पर प्रत्येक दृष्टिकोण से चर्चा की जाती है। मीडिया को विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ माना गया है, मीडिया ने पूरी दुनिया में लोकतन्त्र की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि मीडिया घटनाओं की सन्तुलित रिपोर्ट प्रकाशित करती है तो निरंकुश शासन का अन्त करके लोकतान्त्रिक शासन की स्थापना की जा सकती है।

59. Ms. Rose asks her class, "What would happen if humans decided to keep a single clock for the whole world, without separate time zones?" Four students respond as follows :
सुश्री रोज अपनी कक्षा से पूछती है, ''यदि मनुष्य ने अलग-अलग समय क्षेत्रों के बिना पूरी दुनिया के लिए एक ही घड़ी रखने का फैसला किया तो क्या होगा ?
चार छात्र निम्न उत्तर देते हैं-

Student 1 : Longitudes would no longer be of use.
छात्र 1 : देशान्तर रेखाएँ अब किसी काम की नहीं रहेंगी।

Student 2 : The seasons in different parts of the world would change.
छात्र 2 : दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मौसम बदल जाएगा।

Student 3 : All parts of the world would have day and night together.
छात्र 3 : दुनिया के सभी हिस्सों में दिन और रात एक साथ होंगे।

Student 4 : For some countries, morning would be at 5'O clock, for some at 7'O clock and so on.
छात्र 4 : कुछ देशों के लिए, सुबह 5 बजे होगी, कुछ के लिए 7 बजे।

Arrange the 4 students in INCREASING order of conceptual clarity.
वैचारिक स्पष्टता के बढ़ते क्रम में 4 छात्रों को व्यवस्थित करें।

(a) 4 < 1 < 2 < 3 (b) 2 < 1 < 4 < 3
(c) 3 < 1 < 2 < 4 (d) 2 < 3 < 1 < 4

Ans. (d) : यदि मनुष्य ने अलग-अलग समय क्षेत्रों के बिना पूरी दुनिया के लिए एक ही घड़ी रखने का फैसला किया तो ऐसी स्थिति में चारों छात्रों की वैचारिक स्पष्टता का क्रम 2 < 3 < 1 < 4 होगा। इसमें छात्र 4 का कथन सर्वाधिक स्पष्ट है कि कुछ देशों के लिए सुबह 5 बजे होगी कुछ के लिए 7 बजे होंगे।
दुनिया भर में एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा तैयार की गयी है जो प्रशान्त महासागर के बीचोबीच 180^0 देशान्तर रेखा है दो देशान्तरों के बीच 4 मिनट का अन्तर होता है। भारतीय मानक समय ग्रीनविच से 5 घण्टा 30 मिनट आगे हैं 0^0 देशान्तर जो ग्रिनविच से गुजरती है उसको प्रधान याम्योत्तर कहते है वहीं भारत का मानक समय 82.30 (82.5) माना गया है।

60. Which of the following questions assesses the application aspect in a cognitive process ?
निम्न में से कौन से प्रश्न संज्ञानात्मक प्रक्रिया के अनुप्रयोग पक्ष का आकलन करते हैं ?

A. What is Manipravalam? Name a book written in that language.
मनिप्रवल्म् क्या है? इस भाषा में लिखी गई एक पुस्तक का नाम बताइए।
B. How are democratic principles used in the management of your family ?
आपके परिवार के प्रबंधन में प्रजातांत्रिक मूल्यों को कैसे प्रयोग में लाया जाता है?
C. Describe key principles of democracy.
प्रजातंत्र के मुख्य सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।
D. How democratic principles can be used in the activities of your school ?
आपके विद्यालय की गतिविधियों में प्रजातांत्रिक मूल्यों को कैसे प्रयोग में लाया जा सकता है?
E. What is the sex-ratio of a region that has population of 12.5 lakh males and 13.45 lakh females?
एक क्षेत्र जिसकी जनसंख्या में 12.5 लाख पुरुष तथा 13.45 लाख महिलाएँ हैं, का लिंग-अनुपात क्या होगा?

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें -
(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) B, C, D and E/ B, C, D और E
(c) A, D and E/ A, D और E
(d) B, D and E/ B, D और E

Ans. (d) : प्रश्न B, D और E संज्ञानात्मक प्रक्रिया के अनुप्रयोग पक्ष का आकलन करते हैं। जबकि प्रश्न A व C संज्ञानात्मक प्रक्रिया के अनुप्रयोग से नहीं बल्कि इनमें केवल तथ्यों को पूछा गया है। संज्ञान शब्द का अर्थ है जानना या समझना, यह एक ऐसी बौद्धिक प्रक्रिया है जिसमें विचारों के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जाता है, मणिप्रवालम दक्षिण भारत की एक मैक्रोनिक भाषा है जो संस्कृत और तमिल से मिलकर बनी है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 07 जनवरी, 2022)

1. Manuscript comes from the Latin word 'manu' meaning
'मैन्यू स्क्रिप्ट' लेटिन भाषा से प्राप्त हुआ है, जिसमें 'मेनू' शब्द का अर्थ है –

(a) Man/मनुष्य (b) Hand/हाथ/हस्त
(c) Text/लेख (d) Intellect/बुद्धि

Ans. (b) : अतीत की जानकारी हम कई तरह से प्राप्त करते हैं। इनमें से एक तरीका अतीत में लिखी गयी पुस्तकों को ढूँढ़ना और पढ़ना है। ये पुस्तकें हाथ से लिखी होने के कारण पाण्डुलिपि कही जाती है। अंग्रेजी में 'पाण्डुलिपि' के लिए प्रयुक्त होने वाला 'मैन्यूस्क्रिप्ट' शब्द लैटिन शब्द मेनू से लिया गया है जिसका अर्थ 'हाथ' है। ये पाण्डुलिपियाँ ताड़पत्रों अथवा हिमालय क्षेत्र में उगने वाले भूर्ज नामक पेड़ की छाल से विशेष तरीके से तैयार भोजपत्र पर लिखी मिलती है। प्रायः ये पाण्डुलिपियाँ मंदिरों और विहारों से प्राप्त होती है। इस प्रकार की पुस्तकों में राजाओं के जीवन, औषधियों तथा विज्ञान आदि विषयों की चर्चा मिलती है।

2. The following statements a, b, c, d are related to iron pillar at Mehrauli, Delhi. Choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों a, b, c और d महरौली दिल्ली स्थित लौह स्तम्भ से सम्बन्धित हैं। सही विकल्प का चयन करें –

A. It is made of Iron/यह लोहे से बना हुआ है।
B. Its height is 7.8m/इसकी ऊंचाई 7.8 मीटर है।
C. It was made about 1800 years ago
यह आज से करीब 1800 साल पहले बना था।
D. Its weight is 4 tonnes
इसका वजन तीन टन के बराबर है।

(a) a, b, c and d are correct
a b c और d चारों सही हैं।
(b) a and d are correct while b and c are wrong
a और d सही हैं जबकि b और c गलत हैं।
(c) a, b and d are correct while c is wrong
a, b और d सही हैं जबकि c गलत है।
(d) a, c and d are correct while b is wrong
a, c और d सही हैं जबकि b गलत है।

Ans. (b) : कुतुबमीनार के परिसर में खड़ा महरौली (दिल्ली) लौह स्तम्भ भारतीय शिल्पकारों की कुशलता का एक अद्भुत उदाहरण है। यह लोहे से बना हुआ है जिसकी ऊँचाई 7.2 मी. और वजन तीन टन के बराबर है। इसका निर्माण लगभग 1500 साल पहले हुआ। इसके बनने के समय की जानकारी हमें इस पर खुदे अभिलेख से मिलती है। इसमें 'चन्द्र' नाम के एक शासक का जिक्र है जो सम्भवतः गुप्त वंश के थे।

3. The foreign pilgrim who spent time at Harshavardhana's court was
वो विदेशी तीर्थयात्रा जिसने हर्षवर्द्धन के दरबार में समय व्यतीत किया, वह था –

(a) Fa Xian/फा-शिएन (b) Xuan Zang/श्वैन त्सांग
(c) I Qing/आई चिंग (d) Sung Yun/सुंग युन

Ans. (b) : श्वैन त्सांग एक चीनी यात्री था जो हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया था तथा इनके दरबार में रहा। उसने 629 ई. में यात्रा आरम्भ की तथा सारे मार्गों का भ्रमण करते हुए भारत पहुँचा। भारत में लम्बे समय तक ठहरने के पश्चात 645 ई. में स्वदेश लौट गया। इसनें 'सी-यू-की' नामक ग्रंथ की रचना की। हेनसांग को 'यात्रियों का राजकुमार' एवं 'शाक्यमुनी' कहा जाता है।

4. Megaliths were erected to mark
महापाषाण क्या चिन्हित करने के लिए खड़े किए गए?

(a) ownership of land/ज़मीन के आधिपत्य के लिए।
(b) inscribe one's achievements
उपलब्धियों को अंकित करने के लिए।
(c) birth in the family/परिवार में जन्म के लिए।
(d) burial sites/कब्रगाहों के लिए।

Ans. (d) : महापाषाण बड़े आकार के पत्थरों को कहा जाता था। जो शव को दफन करने की जगह पर लोगों द्वारा बड़े करीने से लगाये जाते थे। महापाषाण कब्रे बनाने की प्रथा लगभग 3000 साल पहले शुरु हुई थी। यह प्रथा दक्कन, दक्षिण भारत, उत्तर-पूर्वी भारत और कश्मीर में प्रचलित थी।

5. Life is full of suffering and unhappiness. This is because we love cravings and desires (which often cannot be fulfilled)
Who has given the above mentioned doctrine?
जीवन कष्टों और दुखों से भरा हुआ है और ऐसा हमारी इच्छा और लालसाओं (जो हमेशा पूरी नहीं हो सकती) के कारण होता है। उपरोक्त दीक्षा किसने दी है?

(a) Vardhamana Mahavir/वर्धमान महावीर
(b) Rishabha Dev/रिषभ देव
(c) Gautam Buddha/गौतम बुद्ध
(d) Shankaracharya/शंकराचार्य

Ans. (c) : जीवन कष्टों और दुःखों से भरा हुआ है और ऐसा हमारी इच्छा और लालसाओं (जो हमेशा पूरी नहीं हो सकती) के कारण होता है, यह दीक्षा गौतम बुद्ध द्वारा दी गयी है। कभी-कभी हम जो चाहते हैं वह प्राप्त कर लेने के बाद भी संतुष्ट नहीं होते हैं एवं और अधिक वस्तुओं को पाने की इच्छा करने लगते हैं। बुद्ध ने इस लिप्सा को तृष्णा कहा है। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई. पूर्व में

शाक्य नामक क्षत्रिय कुल में कपिलवस्तु के निकट लुम्बिनी नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के निर्वाचित राजा और गणतांत्रिक शाक्यों के प्रधान थे। उनकी माता महामाया देवी कोशल राज्य की राजकुमारी थीं।

6. Which of the following statements is true regarding 'The Sangha'?
'संघ' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Men and women who joined the Sangha could stay in their house./संघ में प्रवेश लेने वाले स्त्री-पुरूष अपने घरों में रह सकते थे।
(b) They had to go to the cities and villages to beg for food during fixed hours.
उन्हें एक निश्चित समय में शहरों तथा गाँवों में जाकर भिक्षा माँगनी होती थी।
(c) The slaves did not have to take permission of their masters to join the Sangha./संघ में प्रवेश के लिए दासों को अपने स्वामियों की अनुमति नहीं लेनी होती थी।
(d) Women did not have to take permission of their husbands to join the Sangha./संघ में प्रवेश के लिए एक स्त्री को अपने पति से अनुमति नहीं लेनी होती थी।

Ans. (b) : संघ में रहने वाले लोग अपना अधिकांश समय ध्यान करने में बिताते थे और दिन के एक निश्चित समय में वे शहरों तथा गांवों में जाकर भिक्षा माँगते थे। यही कारण है कि उन्हें-भिक्खु तथा भिक्खुणी कहा गया है। संघ में रहने वाले बौद्ध-भिक्षुओं के लिए बनाये गये नियम 'विनयपिटक' नामक ग्रंथ में मिलते हैं। हालांकि संघ में प्रवेश के लिये बच्चों को अपने माता-पिता से, दासों को अपने स्वामी से, राजा के यहाँ काम करने वाले लोगों को राजा से, तथा कर्जदारों को अपने देनदारों से अनुमति लेनी होती थी। एक स्त्री को इसके लिये अपनी पति से अनुमति लेनी होती थी।

7. Consider the following two statements A and B about Jhum cultivation and choose the correct answer.
झूम खेती के संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों (A और B) पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

A : The British effort to settle Jhum cultivators was very much successful
झूम खेतीहरों को बसाने का अंग्रेज़ों का प्रयास बहुत सफल था।

B : The Jhum cultivators in North-East India insisted on practising traditional method.
पूर्वोत्तर भारत में झूम खेतीहरों ने परंपरागत तरीकों पर ज़ोर दिया।

(a) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।
(b) Both A and B are false/A ओर B दोनों गलत हैं।
(c) A is true but B is false
A सही हैं परन्तु B गलत है।
(d) A is false but B is true
A गलत है परन्तु B सही है।

Ans. (d) : झूम काश्तकारों को स्थायी रूप से बसाने की अंग्रेजों की कोशिश बहुत कामयाब नही रही। जहाँ पानी कम हो और मिट्टी सूखी हो, वहाँ हलों से खेती करना आसान नहीं था बल्कि हलों की मदद से खेती करने वाले झूम काश्तकारों को अधिकतर नुकसान ही हुआ, क्योंकि उनके खेत अच्छी उपज नही दे पाते थे इसलिए पूर्वोत्तर राज्यों के काश्तकार इस बात पर अड़े रहे कि उन्हें परम्परागत ढंग से ही जीने दिया जाये। इस प्रकार कथन (A) गलत और कथन (B) सही है। झूम खेती (कर्तन दहन प्रणाली) के तहत किसान जमीन के टुकड़े साफ करके उन पर अपने परिवार के भरण–पोषण के लिए अनाज व अन्य खाद्य फसलें उगाते हैं। जब मृदा की उर्वरता कम हो जाती है तो किसान उस भूमि के टुकड़े से स्थानांतरित हो जाते है।

8. Read the statements A and R and choose the correct option.
निम्न कथनों A एवं R को पढ़ें सही विकल्प चुनें –

A : Read and Munro argued that, in south, the settlement had to be made directly with the cultivators.
रीड और मुनरों का तर्क था कि दक्षिण में सीधे किसानों के साथ ही बंदोबस्त करना चाहिए।

R : Read and Munro felt that in the south, unlike North, there were no traditional zamindars.
रीड और मुनरों को लगता था, उत्तर से भिन्न, दक्षिण में परंपरागत ज़मींदार नहीं थे।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : रीड और मुनरों का तर्क था कि दक्षिण में किसानों के साथ ही बंदोबस्त करना चाहिए। क्योंकि उत्तर से भिन्न दक्षिण में परम्परागत जमींदार नहीं थे। कैप्टन रीड और मुनरों ने वास्तविक किसानों से बंदोबस्त करने का सुझाव दिया। जिसे रैय्यतवाड़ी कहा जाता है। इस व्यवस्था में सरकार ने जमीन रैय्यत (किसानों) को दे दी। यह व्यवस्था बम्बई, मद्रास और असम में लागू थी। इस व्यवस्था के तहत 51 प्रतिशत भूमि आई। किसान स्वयं कंपनी को भू-राजस्व देने के लिए उत्तरदायी थे। भू-राजस्व का निर्धारण उपज के आधार पर पर नही बल्कि क्षेत्रफल के आधार पर किया गया।

9. Consider the following statements:
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. The Begums of Bhopal founded a primary school for girls in Aligarh
भोपाल की बेग़मों ने अलीगढ़ में लड़कियों के लिए प्राथमिक स्कूल/विद्यालय खोला।

B. Pundita Rama Bai publishes a book called Stripurushtulna
पंडिता रमाबाई ने स्त्री-पुरुष तुलना नाम से एक किताब प्रकाशित की।

C. Begum Rokeya Sakhawat Hossain started school for Muslim girls in Patna
बेग़म रूकैया सखावत हुसैन ने पटना में मुस्लिम लड़कियों के लिए स्कूल/विद्यालय खोला। सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) a, b and c are correct/A, B और C सही हैं।
(b) only a and b are correct/केवल A और B सही हैं
(c) only a and c are correct/केवल A और C सही हैं।
(d) only b and c are correct/केवल B और C सही हैं।

Ans. (c) : भोपाल की बेगमों ने अलीगढ़ में लड़कियों के लिए प्राथमिक स्कूल/विद्यालय खोला तथा बेगम रूकैया सखावत हुसैन ने पटना में मुस्लिम लड़कियों के लिए स्कूल/विद्यालय खोला। वह रूढ़वादी विचारों की कटु आलोचक थी और उनका मानना था कि प्रत्येक धर्म के धार्मिक नेताओं ने औरतों को नीचले दर्जे में रखा है। पूना में घर पर ही रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाली ताराबाई शिंदे ने 'स्त्री-पुरूष तुलना नाम से एक किताब प्रकाशित की जिसमें पुरूषों और महिलाओं के बीच मौजूद सामाजिक फर्कों की आलोचना की गयी थी। संस्कृत की महान विद्वान पंडिता रमाबाई का मानना था कि हिन्दु धर्म महिलाओं का दमन करता है। इस प्रकार कथन (a) और (c) सही है।

10. Which of the following is an argument against the practice of sati?
निम्नलिखित में से कौन-सा सती प्रथा के विरूद्ध एक संवाद/दलील है?

(a) Women are by nature unworthy of trust.
महिलाएँ कुदरती तौर पर भरोसे के योग्य नहीं होती है।
(b) If you do not educate women, how can you consider them as inferior./अगर तुम महिलाओं को पढ़ने का मौका ही नहीं दोगे तो तुम उन्हें कमतर कैसे मान सकते हो।
(c) Women by nature are of inferior understanding.
महिलाएँ कुदरती तौर पर कम समझदार होती हैं।
(d) Many women, on the death of their husbands, become desirous of accompanying them
बहुत सी महिलाएँ अपने पति की मृत्यु पर उनके साथ ही मरने की इच्छुक हो जाती हैं।

Ans. (b) : सती प्रथा के विरूद्ध एक संवाद/दलील है कि अगर तुम पढ़ने का मौका ही नही दोगे तो तुम उन्हें कमतर कैसे मान सकते हो। अगर ज्ञान और शिक्षा के बाद भी कोई व्यक्ति न समझ सकता हो या पढ़ाई गयी चीजों को ग्रहण न कर पाये तो हम उसे अक्षम मान सकते है। राजाराम मोहन राय ने अपने विचारों का प्रसार करने के लिए बहुत सारे पर्चे लिखे थे। इनमें से कुछ पर्चे किसी खास रिवाज के समर्थक और आलोचकों के बीच बहस के रूप में लिखे गये थे। सती प्रथा समर्थक-औरतें कुदरती तौर पर कम समझदार, बिना दृढ़ संकल्प वाली, भरोसे के योग्य नहीं होती है। उनमें से बहुत सारी स्त्री अपने पति की मृत्यु के बाद उसके साथ जाने की कामना करने लगती है।

11. Consider the statements (A) and (R)
A और R कथनों पर विचार कीजिए।

(A) : Throughout the 19th century, most educated women were taught at home.
अभिकथन (A) : पूरी 19वीं (उन्नीसवीं) शताब्दी में, अधिकतर शिक्षित महिलाओं की पढ़ाई घर पर ही हुई।

(R) : Most people in the 19th century believed that women should stay away from public sphere.
कारण (R) : 19वीं (उन्नीसवीं) शताब्दी में अधिकतर लोग सोचते थे कि महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों से दूर रहना चाहिए।
सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : उन्नीसवीं शताब्दी में अधिकतर शिक्षित महिलाओं की पढ़ाई घर पर ही हुई क्योंकि 19वीं शताब्दी में अधिकतर लोग सोचते थे कि महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों से दूर रहना चाहिए। इस प्रकार कथन (A) और कथन (R) दोनों सही है। (R) सही व्याख्या करता है (A) की। कलकत्ता में विद्यासागर और मुम्बई में अन्य सुधारकों ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले। उन्नीसवीं सदी के मध्य में जब इस तरह के प्रारम्भिक स्कूल खुले तो बहुत सारे लोग डरते थे। स्कूल जाने के लिए लड़कियों को सार्वजनिक स्थानों से गुजर कर जाना पड़ता था। फलस्वरूप 19वीं सदी में पढ़ने लिखने वाली ज्यादातर महिलाओं को उनके उदार विचार वाले पिता या पति की देखरेख में घर पर ही पढ़ाया जाता रहा।

12. Which of the following events has a significant relation with the state of Assam?
निम्न में से किस घटना का असम राज्य के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण संबंध है?

(a) Mopila Rebellion/मोपिला विद्रोह
(b) Deccan Riots/ढक्कन उपद्रव
(c) Khilafat movement/खिलाफ़त आंदोलन
(d) Swadeshi movement/स्वदेशी आंदोलन

Ans. (d) : 20 जुलाई 1905 को बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा हुई जिसके परिणामस्वरूप 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता के टाउन हाल में स्वदेशी आन्दोलन आरम्भ हुआ। इसकी बैठक में ऐतिहासिक बहिष्कार प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। 16 अक्टूबर 1905 को कर्जन की घोषणा के साथ ही बंगाल विभाजन प्रभावी हो गया। इसके विरोध में हुए आन्दोलन को बंग-भंग विरोधी आन्दोलन (स्वदेशी) के नाम से जाना जाता है। विभाजन के अन्तर्गत बंगाल के पूर्वी हिस्सों को अलग करके असम के साथ मिला दिया गया तथा पूर्वी बंगाल नया नाम दिया गया।

13. The overarching theme of the book 'Poverty and Un-British Rule in India', by Dadabhai Naoroji is about _____.
दादाभाई नौरोजी की पुस्तक ''पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया'' की व्यापक विषय (थीम)_____ के बारे में है।

(a) the governance and administration of British India Government./ब्रिटिश भारत सरकार के अभिशासन और प्रबंधन/संचालन
(b) the payment of wages paid mainly to weavers during the colonial period./औपनिवेशिक काल में मुख्यतः बुनकरों को दिए जाने वाले वेतन के भुगतान
(c) the economic impact of British rule in the Indian subcontinent./भारतीय उपमहाद्वीप में ब्रिटिश शासन (राज) के आर्थिक प्रभाव
(d) the salaries and perks paid to officials of East India Company./ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारियों को दिए जाने वाले वेतन और सुविधाओं

Ans. (c) : दादाभाई नौरोजी की पुस्तक ''पावर्टी अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया'' की व्यापक विषय (थीम) भारतीय उपमहाद्वीप में ब्रिटिश शासन (राज) के आर्थिक प्रभाव के बारे में है। धन निष्कासन का सिद्धान्त का वर्णन सर्वप्रथम दादा भाई नौरोजी ने किया था। दादा भाई नौरोजी ने धन निकासी सिद्धान्त को अनिष्टो में सर्वाधिक अनिष्ट की संज्ञा दी थी।

14. In Madras Presidency, for which of the linguistic community. Potti Sriramulu, a Gandhian wanted a separate state in 1950s and died?
निम्नलिखित में से किस भाषा-समूह के लिए, गाँधीवादी श्री पोट्टी श्रीरामुलु ने अलग राज्य की माँग करते हुए अनशन किया, जिस पर उनकी मृत्यु हो गई।

(a) Tamil/तमिल (b) Kannada/कन्नड़
(c) Telugu/तेलुगु (d) Malayalam/मलयालम

Ans. (c) : 1920 के दशक में स्वतंत्रता संघर्ष की मुख्य पार्टी-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आश्वासन दिया था कि जैसे ही देश आजाद हो जायेगा प्रत्येक बड़े भाषायी समूह का अपना अलग प्रांत होगा। आजादी मिलने के बाद कांग्रेस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पर गाँधीवादी पोट्टी श्रीरामुलु अनशन पर बैठ गये। 58 दिन के अनशन के बाद 15 दिसम्बर 1952 को उनकी मृत्यु हो गयी। इनके देहांत की खबर ने पूरे आन्ध्र को अस्त-व्यस्त कर डाला, विरोध इतना व्यापक था कि सरकार को माँग माननी पड़ी। इस तरह एक अक्टूबर 1953 को आन्ध्र के रूप में एक नये राज्य का गठन हुआ, जो बाद में आन्ध्र प्रदेश बना।

15. Match the following column:/ सही मिलान कीजिए -

	A		B
A.	Earth's movement on its axis/ पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना	i.	Revolution परिक्रमण
B.	Earth's movement in a fixed orbit around the sun/ सूर्य के चारों ओर एक स्थिर कक्षा में पृथ्वी का घूमना	ii.	Equinox विषुव
C.	Division of days and nights on the globe/ग्लोब पर दिन व रात का विभाजन	iii.	Rotation घूर्णन
D.	Time of equal days and nights on earth/ पृथ्वी पर बराबर रात और दिन होने का समय	iv.	circle of illumination प्रदीप्ति वृत्त

सही विकल्प का चुनाव कीजिए –

(a) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (iv), (d) - (ii)/र
(b) (a) - (iii), (b) - (i), (c) - (iv), (d) - (ii)/र
(c) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (ii), (d) - (iv)/र
(d) (a) - (iii), (b) - (i), (c) - (ii), (d) - (iv)/र

Ans. (b) : पृथ्वी की गति दो प्रकार की है घूर्णन एवं परिक्रमण। पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है और सूर्य के चारो ओर एक स्थिर कक्षा में पृथ्वी की गति परिक्रमण कहलाती है। ग्लोब पर वह वृत्त जो दिन तथा रात को विभाजित करता है उसे प्रदीप्त वृत्त कहते हैं। 21 मार्च एवं 23 सितम्बर को सूर्य की किरणें विषुवत वृत्त पर सीधी पड़ती है। इस अवस्था में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता हैं, इसलिए पूरी पृथ्वी पर रात एवं दिन बराबर होते हैं। इसे विषुव कहा जाता है इस प्रकार सही मिलान करने पर विकल्प (b) सही है।

16. While reading a map showing time zones, a child asks 'why are +5, -5, +3, -3 etc. marked on this map?'. Which of the following must be included by the teacher while clarifying the student's query in her class?
एक बच्चा समय क्षेत्रों का मानचित्र पढ़ते हुए सवाल पूछता है कि 'मानचित्र पर +5, -5, +3, -3 आदि क्यों अंकित किए गए हैं?' बच्चे के इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट करने के लिए शिक्षिका को कक्षा में चर्चा में निम्न में से क्या-क्या शामिल करना चाहिए?

(A) International time zones / अन्तर्राष्ट्रीय समय क्षेत्र
(B) Relative position of longitude of the particular place from Greenwich
स्थान विशेष के देशांतर की ग्रीनिच से तुलनात्मक स्थिति
(C) Relative position of latitude of the particular place from Greenwich
स्थान विशेष के अक्षांश की ग्रीनिच से तुलनात्मक स्थिति

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)
(d) Only (A)/केवल (A)

Ans. (a) : एक बच्चा समय क्षेत्रों का मानचित्र पढ़ते हुए सवाल पूछता है कि मानचित्र पर +5, –5, +3, –3 आदि क्यों अंकित किये गये हैं, बच्चे के इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट करने के लिए शिक्षिका को कक्षा में अन्तर्राष्ट्रीय समय क्षेत्र तथा स्थान विशेष के देशान्तर की

ग्रीनिच से तुलनात्मक स्थिति जैसे विषय को शामिल करना चाहिए। किसी स्थान की स्थिति को बताने के लिये उस स्थान के अक्षांश के अतिरिक्त कुछ और जानकारियों की आवश्यकता होती है। शून्य डिग्री (0°) देशांतर रेखा को 'प्रधान याम्योत्तर रेखा' कहते है जो इंग्लैण्ड के ग्रीनविच वेधशाला से होकर खीचें जाने के कारण 'गीनविच रेखा' के नाम से भी जाना जाता है। विश्व में समय की एकरूपता को ध्यान में रखकर विश्व के सभी देशों ने समय के आकलन हेतु ग्रीनविच रेखा को सर्वसम्मति से मानक समय रेखा के रूप में स्वीकार किया है। इसलिए इसे ग्रीनविच मानक समय रेखा (Greenwich Mean Time - GMT) के नाम से भी जानते है। भारत का समय GMT से 5 घंटा 30 मिनट (+5 : 30) आगे रहता है।

17. Consider the following statements (A), (B) and (C) and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों (A), (B) तथा (C) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) The area between the Tropic of cancer and Tropic of Capricorn is called Temperate Zone. / कर्क रेखा व मकर रेखा के बीच के क्षेत्र को शीतोष्ण कटिबंध कहा जाता है।

(B) Heat zones of the world are categorised according to longitudes. / ताप कटिबंधों का वर्गीकरण देशांतरों के आधार पर किया जाता है।

(C) In Frigid zones, sun rays are always slanting and provide less less heat./ शीत कटिबंध में सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं तथा कम ताप देती हैं।

(a) only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is true/केवल (C) सही है।
(d) Both (B) and (C) are true
दोनों (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत्त एवं उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिण ध्रुव वृत्त एवं दक्षिणी ध्रुव के बीच के क्षेत्र में बहुत ठंड होती है क्योंकि यहां सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती है, तथा कम ताप देती है इसलिए ये शीत कटिबंध कहलाते हैं। कर्क रेखा एवं मकर रेखा के बीच सभी अक्षांशों पर सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर होता है। इसलिए इस क्षेत्र में सबसे अधिक तापमान स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है क्योंकि समताप रेखाएं प्रायः अक्षांश के समानांतर होती है। ताप कटिबंधों का वर्गीकरण अक्षांश के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार केवल विकल्प (c) सही है।

18. A teacher wants to discuss the theme of standard time in her class. Which of the following is/are the most appropriate concept/concepts for this discussion?
एक शिक्षिका अपनी कक्षा में मानक समय की थीम पर चर्चा करना चाहती है। निम्न में से कौन-सा/कौन-से संप्रत्यय इस चर्चा हेतु सबसे अधिक उपयुक्त होगा/होंगे?

(A) Latitude of the particular place
स्थान विशेष का अक्षांश

(B) Longitude of the particular place
स्थान विशेष का देशांतर

(C) Local time / स्थानीय समय

(D) Comparative location of the place with respect to Greenwich. /ग्रीनिच के साथ स्थान विशेष की तुलनात्मक स्थिति

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) तथा (D)
(d) only (C)/केवल (C)

Ans. (b) : एक शिक्षिका अपनी कक्षा में मानक विषय की थीम पर चर्चा करना चाहती हैं, वह स्थान विशेष का देशान्तर, स्थानीय समय, तथा ग्रीनिच के साथ स्थान विशेष की तुलनात्मक स्थिति पर चर्चा करेगी। इस प्रकार सही विकल्प (B), (C) और (D) होगा।

19. Find the odd one out of the following:
निम्न में से बेमेल को छाँटिए –

(a) Convectional Rainfall/सहंवनीय वर्षा
(b) Orographic Rainfall/पर्वतीय वर्षा
(c) Cyclonic Rainfall/चक्रवाती वर्षा
(d) Tidal Rainfall/ज्वारीय वर्षा

Ans. (d) : ज्वारीय वर्षा, वर्षा का प्रकार नही है, जबकि सहंवनीय वर्षा, पर्वतीय वर्षा और चक्रवाती वर्षा वर्षा के प्रकार है। ज्वारीय ऊर्जा, ऊर्जा का एक प्रकार है।

ज्वारीय ऊर्जा- घूर्णन गति करती पृथ्वी पर मुख्य रूप से चंद्रमा के गुरुत्वीय खिंचाव के कारण सागरों में जल का स्तर चढ़ता व गिरता रहता है। इस परिघटना को ज्वार भाटा कहते हैं। ज्वार-भाटे में जल के स्तर चढ़ने तथा गिरने से हमें ज्वारीय ऊर्जा प्राप्त होती है। जब संघनन की प्रक्रिया तेजी से लगातार होती है तो पानी की छोटी-छोटी बूँदे मिलकर बड़ी बूँदों के रूप में पृथ्वी के धरातल पर गिरती है। स्वतंत्र रूप से गिरते इन जल बूँदों को ही 'वर्षा' की संज्ञा दी जाती है।

20. Consider these two statements in the context of change of seasons
पृथ्वी पर ऋतुएँ बदलने के संबंध में निम्न दो कथनों पर विचार कीजिए।

A. The axis of rotation of the earth is tilted with respect to the plane of its orbit./ पृथ्वी का घूर्णन अक्ष इसकी कक्षा के समतल के सापेक्ष झुका हुआ है।

B. The revolution of the earth and inclination of its axis in a fixed direction causes seasons.
पृथ्वी के परिक्रमण तथा पृथ्वी के अक्ष के निश्चित दिशा में झुके होने के कारण ऋतु परिवर्तन होता है।

Choose the correct option./सही उत्तर का चयन करें।

(a) A is true and B is false.
A सही है तथा B गलत है।

(b) A is false and B is true.
A गलत है तथा B सही है।

(c) Both A and B are true./दोनों A तथा B सही हैं।

(d) Both A and B are false./दोनों A तथा B गलत हैं।

Ans. (c) पृथ्वी का घूर्णन अक्ष इसकी कक्षा के समतल के सापेक्ष झुका हुआ है और पृथ्वी के परिक्रमण तथा पृथ्वी के अक्ष के निश्चित दिशा में झुके होने के कारण ऋतु परिवर्तन होता है। अपने अक्ष पर झुकी हुई पृथ्वी जब सूर्य की परिक्रमा करती है तो एक ही स्थान पर अलग-अलग समय में सूर्य की किरणों का झुकाव अलग-अलग होता है। भिन्न-भिन्न झुकाव के कारण सूर्य की किरणों के ताप का वितरण बदलता रहता है। इसी वितरण के कारण समय के साथ उस स्थान पर गर्मी अथवा सर्दी की ऋतु बन जाती है।

21. Which of the following statements about tides is correct?
ज्वार-भाटा के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(a) Low tides help in navigation.
निम्न ज्वार नौसंचालन में सहायक होता है।

(b) The rhythmic rise and fall of ocean water twice in a month is called tide./महीने में दो बार महासागरीय जल का उठना एवं गिरना ज्वार-भाटा कहलाता है।

(c) It is high tide when water falls to the lowest level and recedes from the shore./जब जल अपने निम्नतम स्तर तक आ जाता है तथा तट से पीछे चला जाता है, तो उसे ज्वार कहा जाता है।

(d) The strong gravitational pull exerted by the sun and the moon on the earth's surface cause the tides./सूर्य व चंद्रमा के शक्तिशाली गुरूत्वाकर्षण बल के कारण पृथ्वी की सतह पर ज्वार भाटे आते हैं।

Ans. (d) : समुद्री सतह पर ज्वार व भाटा की उत्पत्ति सूर्य व चन्द्रमा के आकर्षण बल तथा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल व अपकेन्द्रीय बल के प्रभाव से होती है। समुद्री जल स्तर के ऊपर उठने को 'ज्वार' तथा नीचे गिरने को 'भाटा' की संज्ञा दी जाती है। समुद्री सतह पर आने वाली ज्वार को सूर्य के आकर्षण बल की अपेक्षा चन्द्रमा का आकर्षण बल अधिक प्रभावित करता है। क्योंकि सूर्य की अपेक्षा चन्द्रमा पृथ्वी के अधिक निकट है।

22. Consider the following statements (A), (B) and (C) and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों (A), (B) तथा (C) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) The density of atmosphere varies with height
ऊँचाई के साथ वायुमंडल के घनत्त्व में भिन्नता आती है।

(B) The density of atmosphere is maximum at the sea level / वायुमंडल का घनत्त्व समुद्री तल पर सबसे अधिक होता है।

(C) The density of atmosphere is minimum at the sea level / वायुमंडल का घनत्त्व समुद्री तल पर सबसे कम होता है।

(a) Only (A) and (B) are true
केवल (A) तथा (B) सही हैं।

(b) Only (B) and (C) are true
केवल (B) तथा (C) सही हैं।

(c) Only (A) and (C) are true
केवल (A) तथा (C) सही हैं।

(d) All (A), (B) and (C) are true
सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (a) : ऊँचाई के साथ वायुमण्डल के घनत्व में भिन्नता आती है और वायुमण्डल का घनत्व समुद्री तल पर सबसे अधिक होता है। इस प्रकार दिये गये कथनों में से केवल विकल्प (A) और (B) सही है। पृथ्वी की सतह पर वायु के भार द्वारा लगाया गया दाब, वायु दाब कहलाता है। वायुमंडल में ऊपर की ओर जाने पर दाब तेजी से गिरने लगता है। समुद्र स्तर पर वायु दाब सर्वाधिक होता है और ऊँचाई पर जाने पर यह घटता जाता है। वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है। अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में वायु गर्म होकर ऊपर उठती है। यहाँ निम्न दाब क्षेत्र बनता है।

23. Which of the following is correct for contour barrier?
समोच्चरेखीय रोधिकाओं के बारे में निम्न में कौन-सा सही है?

(a) Rows of trees planted to check the wind movement to protect soil cover./मृदा आवरण को बचाने के लिए वृक्ष कतारों में लगाए जाते हैं।

(b) Broad flat steps are made on the steep slope to reduce soil erosion/तीव्र ढालों पर सपाट सतह बनाई जाती है ताकि मृदा अपरदन कम हो।

(c) Ploughing parallel to contours of a hill to form a natural barrier/फहाड़ी ढाल पर समोच्च रेखाओं के समान्तर जुताई ढाल से नीचे बहते जल के लिए एक प्राकृतिक अवरोध का निर्माण करना।

(d) Stones, grass and soil are used to build barriers along contours./समोच्च रेखाओं पर पत्थरों, घास, मृदा आदि की रोधिकाएँ बनाना।

Ans. (d) : समोच्चरेखीय रोधिकाएँ बनाने के लिए पत्थरों, घास, मृदा का उपयोग किया जाता है। रोधिकाओं के सामने जल एकत्र करने के लिए खाइयाँ बनायी जाती है।

समोच्चरेखीय जुताई- एक पहाड़ी ढाल पर समोच्च रेखाओं के समानान्तर जुताई ढाल से नीचे बहते जल के लिए प्राकृतिक अवरोध का निर्माण करती है।

रक्षक मेखलाएँ- तटीय प्रदेशों और शुष्क प्रदेशों में पवन गति रोकने के लिए वृक्ष कतारों में लगाये जाते हैं ताकि मृदा अपरदन को बचाया जा सके।

24. Consider the following statements (A), (B) and (C) for transhumance and choose the correct option:/ऋतु-प्रवास के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Transhumance is a seasonal movement of people./लोगों के मौसमी आवागमन को ऋतु प्रवास कहते हैं।

(B) Transhumance is an example of migration from rural to urban areas./ऋतु-प्रवास, ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में प्रवास का उदाहरण है।

(C) People use advanced mode of transportation while practising transhumance.
ऋतु-प्रवास के दौरान लोग यातायात के उच्च विकसित साधनों का प्रयोग करते हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is true/केवल (C) सही है।
(d) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) तथा (B) सही हैं।

Ans. (a) : लोगों के मौसमी आवागमन को ऋतु प्रवास कहते हैं। जो लोग पशु पालते हैं, वे मौसम में परिवर्तन के अनुसार नये चारागाहों की खोज में निकल जाते हैं, ऋतु प्रवास कहलाता है। बस्तियाँ स्थायी व अस्थायी हो सकती है। जो बस्तियाँ कुछ समय के लिए बनायी जाती है, उन्हें अस्थायी बस्तियाँ कहते हैं। घने जंगलों, गर्म एवं ठण्डे रेगिस्तानों तथा पर्वतों के निवासी अक्सर अस्थायी बस्तियों में रहते हैं। वे आखेट, संग्रहण, स्थानानतरित कृषि एवं ऋतु प्रवास करते हैं।

25. In which of the following place, a thermal power plant is located?
निम्न में से किस स्थान पर एक थर्मल पावर प्लांट स्थित है –

(a) Narora, Uttar Pradesh/नरौरा, उत्तर प्रदेश
(b) Manikaran, Himachal Pradesh
मनिकरन, हिमाचल प्रदेश
(c) Kalpakkam, Tamilnadu/कलपक्कम, तमिलनाडु
(d) Tarapore, Maharashtra/तारापुर, महाराष्ट्र

Ans. (*) : भारत में स्थित परमाणु ऊर्जा के केन्द्र तमिलनाडु में कलपक्कम और कुडनकुलम, महाराष्ट्र में तारापुर, राजस्थान में रावतभाटा, उ.प्र. में नरौरा, गुजरात में काकरापार और कर्नाटक में कैगा हैं। इस प्रकार कोई भी विकल्प सही नहीं है। परमाणु ऊर्जा प्राकृतिक तौर से प्राप्त रेडियोसंक्रिय पदार्थ जैसे यूरेनियम और थोरियम के परमाणुओं के केन्द्रक में संग्रहित ऊर्जा से प्राप्त की जाती है।
नोट–भारत में भूतापीय ऊर्जा के संयत्र हिमाचल प्रदेश में मनिकरन और लद्दाख में पुगा घाटी में स्थित है। लेकिन आयोग द्वारा उत्तर (d) माना गया है।

26. Which of the following concepts can best be used in a discussion on conservation of minerals in an elementary middle stage classroom?
एक प्रारंभिक या माध्यमिक स्तर की कक्षा में खनिजों के संरक्षण पर चर्चा करते हुए निम्नलिखित संप्रत्ययों में से क्या प्रयोग में लाया जाना चाहिए।

(A) Re-use/पुनः प्रयोग
(B) Renew/नवीनीकरण
(C) Reduce/कम प्रयोग
(D) Recycle/ पुनर्चक्रण

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) तथा (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)
सभी (A), (B) (C) तथा (D)

Ans. (c) : एक प्रारंभिक या माध्यमिक स्तर की कक्षा में खनिजों के संरक्षण पर चर्चा करते हुए पुनः प्रयोग, कम प्रयोग, पुनर्चक्रण जैसे-संप्रत्ययों को प्रयोग में लाना चाहिए। प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाला पदार्थ जिसका निश्चित रासायनिक संघटन हो वह खनिज है। खनिज अनवीकरणीय संसाधन है। खनिजों के निर्माण और संचयन में हजारों वर्ष लगते हैं। मानवीय उपभोग की दर की तुलना में निर्माण की दर बहुत धीमी है। खनन की प्रक्रिया में बर्बादी के घटाना आवश्यक है। धातुओं का पुनर्चक्रण एक अन्य तरीका है जिससे खनिज संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। इस प्रकार कथन (A), (C) और (D) सही है।

27. Which of the following is true about cotton crop?
कपास की फसल के बारे में निम्न में से क्या सही है?

(A) It requires two hundred and ten frost-free days and bright sunshine for its growth.
इसे दो सौ दस पालारहित दिन और चमकीली धूम की आवश्यकता होती है।

(B) It requires heavy rainfall.
इसे भारी वर्षा की आवश्यकता होती है।

(C) It requires sandy soil.
इसे बलुई मिट्टी की आवश्यकता होती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is true/केवल (C) सही है।
(d) Both (A) and (C) are true.
दोनों (A) तथा (C) सही हैं।

Ans. (a) : कपास की फसल के लिए दौ सौ दस पाला रहित दिन और चमकीली धूप की आवश्यकता होती हैं। इस फसल को उगाने के लिए उच्च तापमन और हल्की वर्षा की आवश्यकता होती है। दक्कन पठार के शुष्कतर भागों में काली मिट्टी कपास उत्पादन के लिये उपयुक्त मानी जाती है। इस प्रकार निम्नलिखित कथनों में से केवल (A) सही है। भारत को कपास के पौधें का मूल स्थान माना जाता है।

28. Boat race is associated with which festival in India?
नौका दौड़ भारत के किस त्यौहार से जुड़ा है?

(a) Pongal/पोंगल (b) Onam/ओणम
(c) Hampi/हम्पी (d) Ugadi/उगाड़ी

Ans. (b) : नौका दौड़ भारत के ओणम त्यौहार से जुड़ा है जो केरल में मनाया जाता है। इसका आयोजन ओणम पर्व के अवसर पर (लगभग अगस्त-सितम्बर माह में) शुरू होता है। पोंगल नयी फसल का त्यौहार है। जो संक्राति के दिन तमिलनाडु में मनाया जाता है।

29. Read statements (A) and (R) about Ladakh and choose the correct option.
लद्दाख के बारे में कथनों (A) और (R) को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:

Assertion (A) : People of Ladakh mainly depend on cattle rearing for their livelihood.
अभिकथन (A) : लद्दाख के लोग अपनी आजीविका के लिए मुख्यतः मवेशी चराने पर निर्भर रहते हैं।

Reasoning (R) : This region receives good rain, yet the land is not suitable for cultivation purposes.
कारण (R) : इस क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है फिर भी ज़मीन/धरती कृषि के लिए उपयुक्त नहीं है।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./A और R दोनों सही हैं और R सही व्याख्या है A की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/A और R दोनों सही है परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) (A) is true, but (R) is false.
A सही है परन्तु R गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
A और R दोनों गलत है।

Ans. (c) : लद्दाख के लोग अपनी आजीविका के लिये मुख्यतः मवेशी चराने पर निर्भर रहते है। इस क्षेत्र में अच्छी बारिश नही होती है तथा जमीन भी कृषि के लिये उपयुक्त नहीं है। इस प्रकार कथन (A) सही है परन्तु (R) गलत है। लद्दाख के पशुओं में, जंगली बकरी, जंगली भेड़ एवं विशेष प्रकार के कुत्ते आदि पाये जाते हैं। इन पशुओं को दूध, मांस एवं खाल प्राप्त करने के लिए पाला जाता है। याक के दूध का उपयोग पनीर एवं मक्खन बनाने के लिए होता है। भेड़ एवं बकरी के बालों का उपयोग ऊनी वस्त्र बनाने के लिए किया जाता है। शीत ऋतु में यहाँ की जलवायु अत्यन्त कष्टकारी होती है।

30. Parliament of India consists of
भारत की संसद में शामिल हैं –

(a) Prime Minister, President, the Rajya Sabha and the Lok Sabha.
प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यसभा और लोकसभा।
(b) President, Chief Minister and Prime Minister.
राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री।
(c) President, the Rajya Sabha and the Lok Sabha
राष्ट्रपति, राज्यसभा और लोकसभा।
(d) President, the Rajya Sabha and the Lok Sabha
प्रधानमंत्री, राज्यसभा और लोकसभा।

Ans. (c) : भारत की संसद में राष्ट्रपति, राज्य सभा और लोकसभा शामिल है। वर्ष 1954 में राज्य परिषद एवं जनता का सदन के स्थान पर क्रमशः राज्य सभा एवं लोक सभा शब्द को अपनाया गया। राज्य सभा उच्च सदन (दूसरा चैंबर या बड़ों की सभा) कहलाता है जबकि लोक सभा निचला सदन (पहला चैम्बर या चर्चित सभा) कहलाता है। राज्य सभा में राज्य व संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं, जबकि लोकसभा सम्पूर्ण रूप से भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नही होता है और न ही वह संसद में बैठता है लेकिन फिर भी राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है। ऐसा इसलिए है क्योंकि संसद के दोनों सदनें द्वारा पारित कोई विधेयक तब तक अधिनियम नहीं बनता, जब तक राष्ट्रपति स्वीकृति नही देता है।

31. Read statements (A) and (R) and choose the correct option./ दिए गए कथनों (A) तथा (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन करें –

Assertion (A): Government collects money in the form of tax from its citizens.
अभिकथन (A) : सरकार अपने नागरिकों से कर के रूप में धन एकत्र करती है।

Reason (R) : Government provides some services especially to the poor who cannot afford to purchase e them from the market e.g. healthcare.
कारण (R) : सरकार विशेष रूप से गरीबों के लिए कुछ सेवाएँ प्रदान करती है जिन्हें वे बाज़ार से खुद खरीद नहीं सकते हैं जैसे, स्वास्थ्य देखभाल।

(a) Both (A) and (R) are correct
(A) और (R) दोनों सही हैं।
(b) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।
(c) Only (R) is correct/केवल (R) सही है।
(d) Both (A) and (R) are wrong
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : सरकार अपने नागरिकों से धन एकत्र करती है और विशेष रूप से गरीबों के लिए कुछ सेवाए प्रदान करती है, जिन्हें वे बाजार से खुद खरीद नहीं सकते है जैसे स्वास्थ्य देखभाल इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है। करों से ही कुछ विकासात्मक कार्यक्रम एवं सेवाएँ उपलब्ध होती है। जैसे शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक कल्याण, व्यावसायिक प्रशिक्षण इत्यादि।

32. What are 'call centres'?
कॉल सेन्टर किसे कहते हैं?

(a) Administrative offices of telephone service providers./दूरभाष सेवा प्रदाताओं के प्रशासनिक कार्यालय
(b) Centralized offices dealing with customers' calls./उपभोक्तओं के कॉल का जवाब देने वाले केन्द्रित कार्यालय
(c) A modern form of public Call Office (PCO)./पब्लिक कॉल ऑफिस (पी.सी.ओ.) का एक आधुनिक रूप
(d) Large scale cyber cafe.
बड़े पैमाने पर बनाए गए साइबर कैफ़े

Ans. (b) : उपभोक्ताओं के कॉल का जवाब देने के लिए केन्द्रित कार्यालय को कॉल सेन्टर कहते हैं। कॉल सेंटर किसी भी कम्पनी का एक ऐसा कार्यालय होता है जो अपने ग्राहकों की सभी आने वाली कॉल का जवाब देती है। कॉल सेन्टर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा टेलीफोन, मोबाइल आदि से अपने ग्राहकों की बातें सुनने और उन्हें संदेश पहुँचाने के लिए बनाया जाता है। जो व्यक्ति कॉल सेंटर में कार्य करते है उन्हें कस्टमर केयर कहा जाता है।

33. Consider the following statements and choose their correct order in a market economy
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा बाज़ार अर्थव्यवस्था में उनके सही क्रम का चयन कीजिए :

A. Ginning mill cleans the cotton and makes it into balls/जिनिंग मिलें रुई को साफ़ करती हैं तथा उनके गट्ठर बनाती हैं।

B. Weavers return with cloth
बुनकर कपड़ा तैयार करके लाते हैं।

C. Spinning mill buys the cotton and sells yarn to the yarn traders/सूत कातने वाली मिलें, रुई खरीदती हैं और सूत के व्यापारी को सूत बेचती हैं।

D. Yarn dealers give the yarn to the weavers.
सूत के व्यापारी बुनकरों को सूत देते हैं।

(a) A, B, C and D/A, B, C और D
(b) A, C, D and b/A, C, D और B
(c) A, D, C and b/A, D, C और B
(d) A, C, B and d/A, C, B और D

Ans. (b) : बाजार अर्थव्यवस्था में सही क्रम इस प्रकार है-
(a) जिनिंग मिले रूई को साफ करती है तथा उनके गट्ठर बनाती है।
(c) सूत कातने वाली मिलें, रूई खरीदती है और सूत के व्यापारी को सूत बेचती है।
(d) सूत के व्यापारी बुनकरों को सूत देते हैं।
(b) बुनकर कपड़ा तैयार करके लाते है।
इस प्रकार सही क्रम a, c, d और b होगा।

34. Who was the founder of Bhartiya Jana Sangh ?
भारतीय जनसंघ के संस्थापक कौन थे?

(a) M. S. Golwalkar/एम. एस. गोलवलकर
(b) V. D. Savarkar/वी. डी. सावरकर
(c) Acharya Kripalani/आचार्य कृपलानी
(d) Shyama Prasad Mukherjee./श्यामा प्रसाद मुखर्जी

Ans. (d) : भारतीय जनसंघ की स्थापना 1951 ई. में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। जनसंघ ने 'एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र' के विचार पर जोर दिया। इनका मानना था कि देश भारतीय संस्कृति और परम्परा के आधार पर आधुनिक प्रगतिशील और ताकतवर बन सकता है।

35. The women's movement raises its voice when violations against women take place. Which of the following is a very powerful way for drawing attention to injustices?
महिलाओं के खिलाफ उल्लंघन होने पर महिला आंदोलन अपनी आवाज़ उठाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने का एक बहुत शक्तिशाली तरीका है?

(a) Laws and guidelines/कानून और दिशानिर्देश
(b) Information and awareness
जानकारी और जागरूकता
(c) Public rallies and demonstrations
सार्वजनिक रैलियां और प्रदर्शन
(d) Social advertisement and advocacy
सामजिक विज्ञापन और हिमायत

Ans. (c) : महिलाओं के खिलाफ उल्लंघन होने पर महिला आन्दोलन अपनी आवाज उठाता है। सार्वजनिक रैलियाँ और प्रदर्शन इस अन्याय कृत्य की ओर ध्यान आकर्षित करने का एक बहुत शक्तिशाली तरीका है।

36. Fill in the blank:/रिक्त स्थानों की पूर्ति करें –
Fatima an agricultural labourer met with an accident. Eight government hospitals refused to admit her. She could, go to court and plead that her Right to _____ was violated.
फातिमा, खेतिहर मज़दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आठ राजकीय अस्पतालों ने उन्हें दाखिल करने से मना कर दिया। वह न्यायालय में अपने _____ के अधिकार हनन की दलील लेकर जा सकती है।

(a) Health insurance cover
स्वास्थ्य सुरक्षा संरक्षण का अधिकार
(b) Equality/समानता का अधिकार
(c) Constitutional Remedies
संवैधानिक उपचार का अधिकार
(d) Life/जीवन का अधिकार

Ans. (d) : फातिमा खेतिहर मजदूर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। आठ राजकीय अस्पतालों ने उन्हें दाखिला करने से मना कर दिया। वह न्यायालय में अपने जीवन का अधिकार' के हनन की दलील लेकर जा सकती है। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण हैं। संविधान के भाग-3 को 'भारत का मैग्नाकार्टा' की संज्ञा दी गयी है। संविधान द्वारा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति के लिये मूल अधिकारों के सम्बन्ध में गारंटी दी गयी है। अनु. 21 में घोषणा की गयी है कि किसी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतन्त्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जायेगा अन्यथा नहीं।

37. Which values are embedded in the Preamble of the Indian Constiution?
भारतीय संविधान की प्रस्तावना में कौन-से मूल्य अंतर्निहित हैं?

(a) Human values that guide humanity.
मानवीय मूल्य जो मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।
(b) Monetary values involving entrepreneurship
उद्यमिता से जुड़े मौद्रिक मूल्य।
(c) Spiritual values of Vedic-period.
वैदिक-काल के आध्यात्मिक मूल्य।

(d) National values that inspired the freedom struggle.
राष्ट्रीय मूल्य जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित किया।

Ans. (d) : भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अंतर्निहित है 'राष्ट्रीय मूल्य जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित किया। प्रस्तावना संविधान के परिचय अथवा भूमिका को कहते हैं। इसमें संविधान का सार होता है। प्रख्यात न्यायविद व संवैधानिक विशेषज्ञ एन.ए. पालकीवाला ने प्रस्तावना को 'संविधान का परिचय पत्र कहा है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना पंडित नेहरू द्वारा बनाये और पेश किये गये एवं संविधान सभा द्वारा अपनाये गये उद्देश्य प्रस्ताव पर आधारित है। प्रस्तावना मे कुछ मूल तत्व हैं। संविधान भारत के लोगों से शक्ति अधिगृहित करता है। भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक व गणतांत्रिक राजव्यवस्था वाला देश है।

38. In India, the decisions made by higher courts are binding on the lower courts. This refers to
भारत में उच्च न्यायालयों द्वारा लिए गए निर्णय निचली अदालतों पर बाध्यकारी होते हैं। यह संदर्भित करता है

(a) Single and Integrated judicial System
एकल और एकीकृत न्यायिक प्रणाली को
(b) Judiciary as the interpreter of the constitution
न्यायपालिका संविधान के दुभाषिया के रूप में
(c) Guardian of Fundamental Rights
मौलिक अधिकारों के संरक्षक
(d) Open trial/खुला परीक्षण

Ans. (a) : भारत के उच्च न्यायालयों द्वारा लिये गये निर्णय निचली अदालतों पर बाध्यकारी होते है। यह एकल और एकीकृत न्यायिक प्रणाली को संदर्भित करता है। भारत की एकल समेकित न्यायिक व्यवस्था में उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय से नीचे लेकिन अधीनस्थ न्यायालयों के ऊपर कार्य करता है। एक राष्ट्र की न्यायपालिका में उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों का एक पद सोपान होता है। राज्य के न्यायिक प्रशासन में उच्च न्यायालय की स्थिति शीर्ष पर होती है। उच्च न्यायालय मूलतः एक अपीलीय न्यायालय है। यहाँ इसके राज्य क्षेत्र के तहत आने वाले अधीनस्थ न्यायालयों के आदेशों के लिए अपील की सुनवाई होती है। यहाँ दोनों तरह के सिविल एवं आपराधिक मामले के बारे में अपील होती है।

39. Air pollution in cities like Delhi came down considerably as a result of the Supreme Court order that says.
दिल्ली जैसे शहरों में वायु प्रदूषण में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिणामस्वरूप काफी कमी आई है जो कहता है –

(a) All older vehicles must be replaced by new vehicles./सभी पुराने वाहनों को नए वाहनों से बदला जाना चाहिए।
(b) All public transport vehicles using diesel should switch to Compressed Natural Gas (CNG)./डीजल का उपयोग करने वाले सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) पर स्विच किया जाना चाहिए।
(c) Significant decrease in the number of diesel cars./डीज़ल कारों की संख्या में भारी कमी।
(d) All vehicles should follow pollution rules and regulations on road./सभी वाहनों को सड़क पर प्रदूषण नियमों और विनियमों का पालन करना चाहिए।

Ans. (b) : दिल्ली जैसे शहरों में वायु प्रदूषण में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिणामस्वरूप काफी कमी आई है जो डीजल का उपयोग करने वाले सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) पर स्विच किया जाना चाहिए। वाहनों की संख्या काफी अधिक होने के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर देश में सबसे अधिक है।

40. Consider the following statements
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

A. Adivasi religions have influenced dominant religions of the empires./आदिवासियों के धर्मों का आस-पास के साम्राज्यों में प्रचलित प्रभुत्वशाली धर्मों पर भी असर पड़ता है।
B. The Jagannath cult of Orissa and Shakti traditions in Bengal and Assam are examples of influence of Adivasi religions.
उड़ीसा का जगन्नाथ पंथ और बंगाल व असम की शक्ति परंपराएँ इसी का उदाहरण है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) A and B are correct
A और B दोनों सही हैं।
(b) A is correct, B is incorrect
A सही है और B गलत है।
(c) A is incorrect, B is correct
A गलत है और B सही है।
(d) A and B are incorrect
A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : आदिवासियों के धर्मों का आस-पास के साम्राज्यों में प्रचलित प्रभुत्वशाली धर्मों पर भी असर पड़ता है। उड़ीसा का जगन्नाथ पंथ और बंगाल व असम की शक्ति परम्पराएँ इसी का उदाहरण है। इस प्रकार दिया गया कथन (a) और (b) दोनों सही है। आदिवासियों के बहुत सारे जनजातिय धर्म होते हैं। उन्नीसवीं सदी में बहुत सारे आदिवासियों ने ईसाई धर्म अपनाया जो आधुनिक आदिवासी इतिहास में एक महत्वपूर्ण धर्म बन गया। आदिवासियों ने अपने आस-पास के बौद्ध और ईसाई आदि धर्मों व शाक्त वैष्णव भक्ति आदि पंथों से भी प्रभावित होते रहे हैं।

41. In a discussion on 'affirmative action' in India, which of the following topics is relevant for the social science teacher to focus on –
भारत में 'सकारात्मक विभेद' पर चर्चा में, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए निम्नलिखित में से किस विषय पर ध्यान केन्द्रित करना प्रासंगिक है।

(a) Difference between equity and equality
न्यायपरस्ता और बराबरी में अंतर
(b) Universal Declaration of Human Rights
मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा
(c) The childhood experiences of Dr BR Ambedkar
डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बचपन के अनुभव
(d) Which universities in India have higher ranking
भारत के किस विश्वविद्यालय की उच्च रैंकिंग है

Ans. (a) : भारत में सकारात्मक विभेद पर चर्चा में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए 'न्यायपरस्ता और बराबरी में अंतर' जैसे विषयों पर ध्यान केन्द्रित करना प्रासंगिक हैं। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को भारतीय संविधान के मूल्यों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, एकता से अवगत होना चाहिए और समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक समाज के निर्माण के महत्व को समझ सके।

42. Which of the following activities of Political Science helps students develop 'critical thinking' skills?
निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि राजनीति विज्ञान के छात्रों को 'समीक्षात्मक चिंतन' कौशल विकसित करने में मदद करती है?

(a) Writing a note that summarizes what Plato said about democracy
प्लेटो ने लोकतंत्र के बारे में जो कहा उसके सार पर संक्षेप में एक टिप्पणी लिखना
(b) Summarizing election manifestos listing ideas of different political parties
विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणापत्रों में दिए गए विचारों को सारांशित करना
(c) Taking a pledge to always follow the principles of the Constitution
संविधान के सिद्धांतों का हमेशा पालन करने का संकल्प लेना
(d) Discussing how the Indian Constitution reflects the principles of democracy
भारतीय संविधान लोकतंत्र के सिद्धांतों को कैसे दर्शाता है इस पर चर्चा करना

Ans. (d) : भारतीय संविधान लोकतंत्र के सिद्धान्तों को कैसे दर्शाता है इस पर चर्चा करना, राजनीति विज्ञान के छात्रों को 'समीक्षात्मक चिंतन' कौशल विकसित करने में मदद करती है। चिंतन का हमारे व्यक्तित्व से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। हमारा चिंतन जितना श्रेष्ठ होगा, हमारा व्यक्तित्व भी उतना ही विस्तृत एवं परिपक्व होगा। समीक्षात्मक चिंतन समीक्षा करने योग्य विचार है। इस प्रकार के व्यक्ति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं।

43. Which of the following topics are necessary to be covered BEFORE introducing the topic of earthquakes?
भूकंप के विषय का परिचय देने से पहले निम्नलिखित में से कौन-से विषय को पढ़ाया जाना आवश्यक है?

(i) Magma/शैलभूत (मैग्मा)
(ii) Exogenic forces/बहिर्जात बल
(iii) Lithosphere/स्थलमंडल
(iv) Epicentre /उपकेंद्र

(a) i, ii (b) i, iii
(c) ii, iii (d) ii, iv

Ans. (b) : भूकम्प के विषय का परिचय देने से पहले शैल भूत (मैग्मा) और स्थलमंडल जैसे विषय को पढ़ाया जाना आवश्यक है। भूकम्प सम्बन्धी जानकारी देने से पहले शिक्षक एक ऐसा प्रोफार्मा तैयार करे जिससे छात्र को उसके बारे में कुछ न कुछ समझ विकसित हो जाए। जैसे मैग्मा क्या है, स्थलमंडल क्या है क्या ये सभी विषय भूकम्प से सम्बन्धी है। ऐसे विषयों को शामिल करना चाहिए। भूकम्प पृथ्वी की आन्तरिक परतों का सम्पूर्ण चित्र प्रस्तुत करता है। साधारण भाषा में भूकम्प का अर्थ है-पृथ्वी का कंपन। यह एक प्राकृतिक घटना है। द्रवित मैग्मा ठण्डा होकर ठोस हो जाता है। इस प्रकार बने शैल आग्नेय शैल कहते हैं।

44. A newspaper article stated that an employer asked candidates which state they belonged to and accordingly decided whether to proceed with the interview or not.
The above example is in violation of which of the following rights?
समाचार पत्र के एक लेख में बताया गया कि एक नियोक्ता ने उम्मीदवारों से पूछा कि वे किस राज्य से हैं और उसके अनुसार निर्णय लिया कि उनका साक्षात्कार लेना है या नहीं।
उपरोक्त उदाहरण निम्नलिखित में से किस अधिकार का उल्लंघन है?

(a) Right against exploitation
शोषण के विरूद्ध अधिकार
(b) Right to employment/रोजगार का अधिकार
(c) Right to equality/बराबरी का अधिकार
(d) Affirmative action for locals
स्थानीय लोगों के लिए सकारात्मक विभेद

Ans. (c) : समाचार पत्र के एक लेख में बताया गया कि एक नियोक्ता ने उम्मीदवारों से पूछा कि वे किस राज्य से है और उसके अनुसार निर्णय लिया कि उनका साक्षात्कार लेना है या नहीं, उपरोक्त उदाहरण बराबरी का अधिकार (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। समता/समानता का अधिकार अनु. 14 से 18 तक में वर्णित है। अनु. 15 में यह व्यवस्था दी गयी है कि राज्य किसी नागरिक के प्रति केवल धर्म, मूल, वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान को लेकर विभेद नहीं करेगा। शोषण के विरूद्ध अधिकार अनु. 23–24 में है।

45. Mr. Kamal wants to explain the concept of 'social advertisement' to his students.
Which of the following examples is LEAST relevant?
श्री कमल अपने छात्रों को 'सामाजिक विज्ञापन' की अवधारणा समझाना चाहते हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण सबसे कम प्रासंगिक है?

(a) Display of hoardings on Swacch Bharat mission/स्वच्छ भारत अभियान पर पट विज्ञापन का प्रदर्शन
(b) Distribution of pamphlets on female infanticide/कन्या भ्रूण हत्या पर पर्चा वितरण
(c) Newspaper advertisement on adverse effects of smoking/धूम्रपान के दुष्परिणामों पर समाचार पत्र का विज्ञापन
(d) Election manifesto of a political party highlighting what issues they will work on
एक राजनीतिक दल का चुनावी घोषणापत्र जिसमें बताया गया है कि वे किन मुद्दों पर काम करेंगे

Ans. (d) : श्री कमल अपने छात्रों के 'सामाजिक विज्ञापन' की अवधारणा समझाना चाहते हैं। एक राजनीतिक दल का चुनावी घोषणा पत्र जिसमें बताया गया है कि वे किन मुद्दों पर काम करेंगे जैसा उदाहरण सबसे कम प्रासंगिक होगा। जबकि स्वच्छ भारत अभियान पर पट विज्ञापन का प्रदर्शन, कन्या भ्रूण हत्या पर पर्ची वितरण, धूम्रपान के दुष्परिणामों पर समाचार पत्र का विज्ञापन सबसे अधिक प्रासंगिक होंगे। सामाजिक विज्ञापन समाज की महत्वपूर्ण समस्याओं, विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और सबसे महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान आकर्षित करता है।

46. Which of the following topics is LEAST suitable to be taught using the 'constructivist approach'?
निम्नलिखित में से कौन-सा विषय 'रचनात्मक दृष्टिकोण' का उपयोग करके पढ़ाए जाने के लिए सबसे कम उपयुक्त है?

(a) Soil deposits in Indian plains
भारतीय मैदानों में मिट्टी का निक्षेप
(b) The different seasons in India
भारत में विभिन्न मौसम
(c) Importance and usefulness of forests
वनों का महत्व और उपयोगिता
(d) Conservation of water/जल संरक्षण

Ans. (a) : भारतीय मैदानों में मिट्टी का निक्षेप जैसे विषय रचनात्मक दृष्टिकोण का उपयोग करके पढ़ाये जाने के लिए सबसे कम उपयुक्त है। जबकि भारत में विभिन्न मौसम, वनों का महत्व और उपयोगिता तथा जल संरक्षण जैसे विषय रचनात्मक दृष्टिकोण का उपयोग करके पढ़ाये जाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त होगा। भाषा सीखने-सिखाने की रचनात्मक दृष्टि एक ऐसी रणनीति है जिसमें पूर्व ज्ञान अवस्थाओं और कौशल का प्रयोग होता है। इस दृष्टिकोण के अनुसार शिक्षक प्रश्न उठाता है और विद्यार्थियों के जवाब तलाशने की प्रक्रिया का निरीक्षण करता है और उन्हें निर्देशित करता है जिससे सोचने समझने के नये तरीकों का सूत्रपात होता है।

47. A Geography teacher is starting a topic on ocean currents. Which of the following topics can teacher start with?
एक भूगोल शिक्षक समुद्र की धाराओं पर एक पाठ शुरू कर रहे हैं। शिक्षक निम्नलिखित में से किस विषय से प्रारम्भ कर सकता है?

(a) Lithospheric plates/स्थलमंडलीय प्लेटें
(b) Latitudes/अक्षांश
(c) Water cycle/जल चक्र
(d) Wind/वायु

Ans. (d) : एक भूगोल शिक्षक समुद्र की धाराओं पर एक पाठ शुरू कर रहे हैं शिक्षक ''वायु'' से संबंधित विषय से प्रारम्भ कर सकता है। क्योंकि वायु का संबंध समुद्र की धाराओं से है। प्रचलित और सनातनी हवाओं के कारण भी महासागरीय जल में धाराएँ उतपन्न होती है। शिक्षक का ध्येय बच्चों के चरित्र का निर्माण करना तथा उनके मूल्यों को विकसित करना है।

48. Which of the following examples is suitable to teach about the process of greenhouse effect?
हरितगृह प्रभाव की प्रक्रिया के बारे में सिखाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण सबसे उपयुक्त है?

(a) Stationary cars on a hot day
गर्म दिनों में खड़ी कारें
(b) Planes flying above cities with high temperature/उच्च तापमान वाले शहरों के ऊपर उड़ने वाले हवाई जहाज
(c) Rising sea levels/समुद्र का स्तर बढ़ना
(d) Depletion of forests and trees
वनों और वृक्षों का विनाश

Ans. (a) : हरित गृह प्रभाव की प्रक्रिया के बारे में सिखाने के लिए गर्म दिनों में खड़ी कारें सबसे उपयुक्त उदाहरण हैं। कार्बन डाई ऑक्साइड वायुमंडल में फैलकर पृथ्वी से विकरित ऊष्मा को पृथ्वी पर रोककर ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती है। गर्म दिनों में खड़ी करें भी यही प्रभाव उत्पन्न करती है। बच्चे अपने ज्ञान का निर्माण स्वयं करते है। इस क्रम में अध्यापक एक सुगमकर्ता के रूप में बच्चों की ज्ञान निर्माण प्रक्रिया में सहभागिता निभाता है जिसमें सीखना बच्चों के लिए अर्थपूर्ण बन सके। भौगोलिक कारणों, भौगोलिक वस्तुओं का संग्रह, मॉडल, मानचित्र, नक्शा आदि विषय पढ़ाने का विशेष गुण होना चाहिए।

49. Which of the following questions related to architectural development development under the Mughals promote critical thinking skills
मुगलों के अधीन वास्तु विकास से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देता है?

(a) How did Mughal rulers procure material for building the monuments?/मुगल शासकों ने स्मारकों के निर्माण के लिए सामग्री कैसे क्रय की?
(b) How have the Mughals contributed to the architectural styles present in India?
भारत में मौजूद वास्तुकला शैलियों में मुगलों ने कैसे योगदान दिया है?
(c) What are the similarities between Mughal architecture and Persian architecture?
मुगल वास्तुकला और पारसी वास्तुकला के बीच क्या समानताएँ हैं?
(d) What were the architectural accomplishments of shah Jahan?/शाहजहाँ की वास्तुकला उपलब्धियाँ कौन-सी थीं?

Ans. (b) : मुगलों के अधीन वास्तु विकास से संबंधित 'भारत में मौजूद वास्तु कला शैलियों में मुगलों ने कैसे योगदान दिया है जैसे प्रश्न आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देता है। आलोचनात्मक सोच का विकास सबसे पहले किसी के ज्ञान का अनुभव के साथ सम्बन्ध और अन्य स्रोतों के साथ उनकी तुलना है। चुनौती चरण पहले से अर्जित ज्ञान को सक्रिय करता है। इस ज्ञान की कमी का पता लगाने में मदद करता है और नई जानकारी प्राप्त करने के लक्ष्यों को निर्धारित करता है। आलोचनात्मक चिंतन व्यक्तित्व के निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है।

50. A student in class says, "Bandagans or military slaves had a high status during the time of Khaljis and Tughluqs. So in medieval India, slaves seemed to have held a good position in sultanate courts."
Which of the following types of reasoning is the student using while making this statement?
कक्षा में एक छात्र कहता है, ''खिलजी और तुगलक के समय में बन्दागनों (Bandagans) या सैन्य गुलामों का ऊँचा दर्जा था। इसलिए मध्यकालीन भारत में, गुलामों को सुलतान के दरबारों में अच्छी पदवी प्राप्त थी।''
यह कथन बोलते समय छात्र निम्नलिखित में से किस प्रकार के तर्क का प्रयोग कर रहा है?

(a) Inductive reasoning/आगमनात्मक तर्क
(b) Deductive reasoning/निगमनात्मक तर्क
(c) Cause-effect reasoning/कारण-प्रभाव तर्क
(d) Reductive reasoning/लघुकारक तर्क

Ans. (a) : कक्षा में एक छात्र कहता है, ''खिलजी और तुगलक के समय बन्दागनों या सैन्य गुलामों का ऊँचा दर्जा था। इसलिए मध्यकालीन भारत में गुलामों को सुल्तान के दरबारों में अच्छी पदवी प्राप्त थी। यह कथन बोलते समय छात्र आगमनात्मक प्रकार के तर्क का प्रयोग कर रहा है।
आगमन तर्क- अनुभवों के आधार पर सामान्यीकरण अर्थात् कुछ अनुभवों से प्राप्त ज्ञान को सबके लिए सत्य मानना। इस पद्धति के अन्तर्गत अनुसंधानकर्ता तथ्यों का एक समुच्चय एकत्रित कर लेता है, और इनमें पायी जाने वाली समानताओं के आधार पर नियम बना लेता है।
निगमन तर्क- इस पद्धति में किसी सिद्धान्त अर्थात् कहे गये आधार वाक्य से निष्कर्ष निकाले जाते है। यह विधि सामान्य से विशेष के सिद्धान्त पर आधारित है।

51. After a field visit to the mall, Economics teacher Ms. Rabia overhears three of her standard VIII students:/मॉल में अध्ययन यात्रा के बाद, अर्थशास्त्र की शिक्षिका सुश्री राबिया ने अपने VIII कक्षा के तीन छात्रों को कहते हुए सुनाः
Student 1: Malls are public facilities. After all, everyone is allowed to enter them.
छात्र 1 : मॉल सार्वजनिक सुविधाएँ हैं। आखिर, सभी को उनमें प्रवेश करने की अनुमति है।
Student 2: No, no, malls are run by private companies. They make a profit out of them.
छात्र 2 : नहीं, नहीं, मॉल निजी कंपनियों द्वारा चलाए जाते हैं। वे उनसे लाभ कमाते हैं।
Student 3 : That is true. But if they are profitable, why doesn't the government run them?
छात्र 3 : यह सच है। लेकिन यदि वे लाभदायक हैं, तो सरकार उन्हें क्यों नहीं चलाती?
Help the teacher arrange the students in INCREASING order of conceptual clarity.
अवधारणात्मक स्पष्टता के आधार पर छात्रों को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करने में शिक्षिका की सहायता करें।

(a) Student 1 < Student 3 < Student 2
छात्र 1 < छात्र 3 < छात्र 2
(b) Student 1 < Student 2 < Student 3
छात्र 1 < छात्र 2 < छात्र 3
(c) Student 3 < Student 2 < Student 1
छात्र 3 < छात्र 2 < छात्र 1
(d) Student 2 < Student 3 < Student 1
छात्र 2 < छात्र 3 < छात्र 1

Ans. (d) : मॉल में अध्ययन यात्रा के बाद, अर्थशास्त्र की शिक्षिका सुश्री राबिया ने अपने कक्षा ऋ्ष्ष के तीन छात्रों को कहते हुए सुना। अवधारणात्मक स्पष्टता के आधार पर छात्रों को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करने में शिक्षिका की सहायता इस प्रकार की जा सकती है–
छात्र-2 : नहीं नहीं, मॉल निजी कंपनियों द्वारा चलाए जाते हैं। वे उनसे लाभ कमाते हैं।
छात्र-3 : यह सच है। लेकिन यदि वे लाभदायक है, तो सरकार उन्हें क्यों नहीं चलाती है।
छात्र-1: मॉल सार्वजनिक सुविधाएँ है। आखिर सभी को उनमें प्रवेश करने की अनुमति है।

52. A teacher uses a research article with rich data, as a resource to teach students about India's relations with other nations. However, during the class, the teacher and students come across a paragraph that paints a neighbouring country in strongly negative light.
Which of the following is the most responsible approach for the social Science teacher?
एक शिक्षक अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में छात्रों को पढ़ाने के लिए संसाधन के रूप में आंकड़ों से समृद्ध एक शैक्षिक लेख का उपयोग करना चाहते हैं। परन्तु, कक्षा के दौरान, शिक्षक और छात्रों को एक ऐसा अनुच्छेद मिलता है जो एक पड़ोसी देश को अत्यधिक नकारात्मक दृष्टिकोण में चित्रित करता है।
सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण है?

(a) Tell students that you were not aware of these paragraphs and they should only use their textbook for learning various topics.
छात्रों को बताएँ कि आपको इन अनुच्छेदों के बारे में पता नहीं था और उन्हें विभिन्न विषयों के अध्ययन के लिए केवल अपनी पाठ्यपुस्तक का उपयोग करना चाहिए।

(b) Switch to another, less useful, source instead, to continue the class. Discussing the controversy would only waste time.
कक्षा जारी रखने के लिए इसके बदले दूसरे कम उपयोगी स्रोत का उपयोग करें। विवाद पर चर्चा करने से केवल समय बर्बाद होगा।

(c) Analyse the paragraph along with students, where they can discuss and debate the assumptions made or data given about the country.
छात्रों के साथ अनुच्छेद का विश्लेषण करें, जहाँ वे देश के बारे में बनाई गयी धारणाओं या दिए गए तथ्यों पर चर्चा और बहस कर सकते हैं।

(d) Continue reading the article as-is, since the students in your class are all from India and it should not hurt their sentiments./लेख को वैसे ही पढ़ना जारी रखें, क्योंकि आपकी कक्षा के सभी छात्र भारत से हैं और इससे उनकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए।

Ans. (c) : एक शिक्षक अन्य देशों के साथ भारत के सम्बन्धों के बारे में छात्रों को पढ़ाने के लिए संसाधन के रूप में आंकड़ों से समृद्ध एक शैक्षिक लेख का उपयोग करना चाहता है। परन्तु, कक्षा के दौरान शिक्षक और छात्रों को एक ऐसा अनुच्छेद मिलता है जो एक पड़ोसी देश को अत्यधिक नकारात्मक दृष्टिकोण में चित्रित करता है। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए छात्रों के साथ अनुच्छेद का विश्लेषण करें, जहाँ वे देश के बारे में बनाई गयी धारणाओं या दिये गये तथ्यों पर चर्चा और बहस कर सकते हैं। सबसे अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण है। नकारात्मक विचार का अर्थ है- अनावश्यक सोचना जिसका कुछ तर्क न हो। नकारात्मक सोचते रहने से चिड़चिड़ापन, परेशानी, जीवन में निराशा जैसी समस्यायें होने लगती है।

53. While teaching a topic, a History teacher comes across a particular paragraph which paints a famous historical figure in a bad light.
Which of the following is the responsible approach for the History teacher?
किसी टॉपिक को पढ़ाते समय इतिहास शिक्षक को एक विशेष अनुच्छेद मिलता है जो एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्ति को नकारात्मक रूप से चित्रित करता है।
इतिहास के शिक्षक के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण है?

(a) Analyse the paragraph along with students and discuss the assumptions made in the book./छात्रों के साथ अनुच्छेद का विश्लेषण करें और संदर्भ पुस्तक में बनाई गई धारणाओं पर चर्चा करें।

(b) Continue reading the paragraphs since the particular figure is not important in her view./अनुच्छेद पढ़ना जारी रखें क्योंकि मुख्य पाठ्यपुस्तक में उस विशेष व्यक्ति का उल्लेख नहीं किया गया है और यह समय की बर्बादी होगी।

(c) Tell students more about why the particular figure has been painted in a negative light./छात्रों को इस बारे में अधिक बताएँ कि प्रसिद्ध व्यक्ति को नकारात्मक दृष्टि से चित्रित क्यों किया गया है

(d) Ask students to ignore the negative part since history should focus on positive aspects of leaders and continue to work on the topic./छात्रों से नकारात्मक भाग को अनदेखा करने के लिए कहें क्योंकि इतिहास को नेताओं के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और पाठ्यपुस्तक और संदर्भ पुस्तक को पढ़ना जारी रखें।

Ans. (a) : किसी टॉपिक को पढ़ाते समय इतिहास शिक्षक को एक विशेष अनुच्छेद मिलता है जो एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्ति को नकारात्मक रूप से चित्रित करता है। इतिहास के शिक्षक के लिए छात्रों के साथ अनुच्छेद का विश्लेषण करें और सन्दर्भ पुस्तक में बनाई गई धारणाओं पर चर्चा करें। यह इतिहास के शिक्षक के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण है। शिक्षा सोद्देश्य प्रक्रिया हैं इस प्रक्रिया को प्राप्त करने के लिए विभिन्न विषयों के ज्ञान की जरूरत है।

54. A history teacher wants to teach his students about religious practices in Harrapan civilization.
Which of the following sources would be the 'primary source' for this?
इतिहास के शिक्षक अपने छात्रों को हड़प्पा सभ्यता में धार्मिक प्रथाओं के बारे में पढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा स्रोत 'प्राथमिक स्रोत' होगा?

(a) Early India-a book by Romila Thapar
रोमिला थापर की पुस्तक - Early India

(b) A study on the religious practices of the Harappan civilization/हड़प्पा सभ्यता की धार्मिक प्रथाओं पर एक अध्ययन

(c) A museum with a collection of artifacts from the Harappan period/हड़प्पा काल की कलाकृतियों का एक संग्रहालय

(d) Fossils dated back to the Harappan period
हड़प्पा काल के जीवाश्म

Ans. (c) : इतिहास के शिक्षक अपने छात्रों को हड़प्पा सभ्यता में धार्मिक प्रथाओं के बारे में पढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए हड़प्पा काल की कलाकृतियों का एक संग्रहालय प्राथमिक स्रोत होगा। सांस्कृतिक दृष्टि से भी इतिहास का व्यापक महत्व है क्योंकि यह मानव मस्तिष्क एवं आचरण को सुसंस्कृत बनाने का प्रमुख एवं प्रभावपूर्ण साधन है। संग्रहालय एक ऐसा संस्थान है जो विकास के अवलोकन के लिए खोला जाता है जो मानव की विरासतों के संरक्षण, इतिहास के प्राचीनतम अवशेष संग्रह, शोध, अध्ययन में किया जाता है।

55. A Geography teacher asked her students - "What would happen if the Earth stopped rotating on its axis?"
Among the answers given by students (in options below)' choose the one with conceptual clarity."

भूगोल की शिक्षिका ने अपने छात्रों से पूछा- 'क्या होगा यदि पृथ्वी अपनी अक्ष-रेखा पर घूमना बंद कर दे?''

छात्रों द्वारा दिए निम्न उत्तरों में से वैचारिक स्पष्टता वाला उत्तर चुनें।

(a) Northern side of the Earth would face extreme weather all the time./पृथ्वी के उत्तरी हिस्से को हर समय चरम मौसम का सामना करना पड़ेगा।

(b) Only one half of the Earth would receive sunlight and the other half would be in darkness./पृथ्वी का केवल आधा भाग ही सूर्य का प्रकाश प्राप्त करेगा और दूसरा आधा भाग अंधकार में रहेगा।

(c) The length of the year would change.
वर्ष की लंबाई बदल जाएगी।

(d) It would always be 5.30 a.m. in India.
भारत में हर समय सुबह के 5.30 बजे का समय होगा।

Ans. (b) : भूगोल की शिक्षिका ने अपने छात्रों से पूछा ''क्या होगा यदि पृथ्वी अपनी अक्ष रेखा पर घूमना बंद कर दे''। छात्रों द्वारा दिये गये उत्तरों में से वैचारिक स्पष्टता वाला उत्तर पृथ्वी का केवल आधा भाग ही सूर्य का प्रकाश प्राप्त करेगा और दूसरा भाग अंधकार में रहेगा। भौगोलिक परिस्थितियों का मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का ज्ञान करना है। भूगोल शिक्षण के उद्देश्य है। भौगोलिक परिस्थितियाँ मानव जीवन को प्रभावित करती है। पर्वतीय प्रदेश, मरूस्थलीय प्रदेश, तथा पृथ्वी की विभिन्न प्रकार की क्रियायें आदि का ज्ञान कराना है।

56. An assessment task asks students to draw a diagram showing the latitudes and heat zones of the Earth.
Which of the following aspects of student knowledge or understanding need NOT be assessed through this task?
एक आंकलन कार्य में छात्रों को पृथ्वी के अक्षांशों और ऊष्मा क्षेत्रों को दर्शाने वाला चित्र बनाने के लिए कहा गया है। इस कार्य के माध्यम से छात्र के ज्ञान या समझ के निम्नलिखित में से कौन-से पहलू का आकलन नहीं किया जाएगा?

(a) Position of the Tropic of Cancer and Tropic of Capricorn with respect to the equator
भूमध्य रेखा के संबंध में कर्क रेखा और मकर रेखा की स्थिति

(b) Axis of the earth/पृथ्वी का अक्ष

(c) Area of the Earth which receives the maximum amount of sunlight/पृथ्वी का वह क्षेत्र जिसे सूर्य का अधिकतम प्रकाश प्राप्त होता है

(d) The coldest regions on Earth
पृथ्वी के सबसे ठंडे क्षेत्र

Ans. (b) : एक आंकलन कार्य में छात्रों को पृथ्वी के अक्षांशों और ऊष्मा क्षेत्रों को दर्शाने वाला चित्र बनाने के लिए कहा गया है, इस कार्य के माध्यम से छात्र के ज्ञान व समझ के अन्तर्गत 'पृथ्वी का अक्ष' जैसे पहलू का आकलन नहीं किया जायेगा। बल्कि भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा की स्थिति व पृथ्वी का वह क्षेत्र जिसे सूर्य का अधिकतम प्रकाश प्राप्त होता है तथा पृथ्वी के सबसे ठंडे क्षेत्र का आकलन किया जाता है। भूगोल के अध्यापन द्वारा शिक्षक को छात्रों की मानसिक शक्तियों का विकास करना चाहिए।

57. Mr. Daljeet asked his students to research and write a short note on "the most important reason which led to the launch of the Civil Disobedience movement in India".
He then wants to use the submitted assignments for "assessment as learning".
Which of the following is the relevant question for him to ask students?
श्री दलजीत ने ''भारत में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू होने के सबसे महत्त्वपूर्ण कारण'' पर अपने छात्रों से शोध करने और संक्षिप्त टिप्पणी लिखने के लिए कहा।
उसके बाद वे प्रस्तुत किए गए कार्य का उपयोग ''अध्ययन के रूप में मूल्याँकन'' के लिए करना चाहते हैं। उनके लिए छात्रों से पूछने के लिए प्रासंगिक प्रश्न कौन-सा होगा?

(a) Who were the notable personalities leading the civil disobedience movement?/सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रसिद्ध व्यक्ति कौन थे?

(b) Describe the academic resources that you used to conduct the research for your assignment /अपने कार्य के लिए शोध करने के लिए आपने जिन शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग किया था उनका वर्णन करें।

(c) What was your thought process when you decided which reason to write about?/जब आपने निर्णय किया कि किस कारण के बारे में लिखना है, तो आपकी विचार प्रक्रिया क्या थी?

(d) Pair up with a friend and check if you both have chosen the same reason to be the most important./एक दोस्त के साथ जोड़ी बनाएँ और देखें कि क्या आप दोनों ने एक ही कारण को सबसे महत्वपूर्ण कारण के रूप में चुना है।

Ans. (c) : श्री दलजीत ने ''भारत में सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू होने के सबसे महत्वपूर्ण कारण'' पर अपने छात्रों से शोध करने और संक्षिप्त टिप्पणी लिखने को कहा। उसके बाद वे प्रस्तुत किये गये कार्य का उपयोग ''अध्यापन के रूप में-मूल्यांकन के लिए करना चाहते हैं। उनके लिए छात्रों से पूछने के लिए प्रासंगिक प्रश्न जब आपने निर्णय किया कि किस कारण के बारे में लिखना है, तो आपकी विचार प्रक्रिया क्या थी जैसे प्रासंगिक प्रश्न होगा। दुनिया के किसी भी हिस्से में हर सामाजिक या राजनीतिक आन्दोलन का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। इस प्रकार विश्व इतिहास का ज्ञान किसी भी सफल इतिहास शिक्षक के लिए जरूरी है।

58. Learning Objective: Students will show their understanding of humidity.
Which of the following question tests for this learning objective?
शैक्षिक उद्देश्य आर्द्रता वाले दो शहरों में अपनी समझ दर्शाएँगे। निम्नलिखित में से कौन-सा मूल्याँकन इस उद्देश्य का परीक्षा करता है?

(a) Name two cities with the highest humidity in India./भारत में अधिकतम आर्द्रता वाले दो शहरों के नाम लिखें।
(b) Why do clothes take more time to dry in humid weather?/नम मौसम में कपड़ों को सूखने में अधिक समय क्यों लगता है?
(c) How can you reduce humidity at home using technology?/आप प्रोद्योगिकी इस्तेमाल करके घर पर नमी कैसे कम कर सकते हैं?
(d) Why do jet planes leave a white trail behind them?/जेट विमान अपने पीछे सफेद निशान क्यों छोड़ते हैं?

Ans. (b) : नम मौसम में कपड़ों को सूखने में अधिक समय क्यों लगता है शैक्षिक उद्देश्य आर्द्रता वाले दो शहरों में अपनी समझ दर्शाएँगें कि शिक्षण उद्देश्य वह शैक्षिक कार्य है जिसके द्वारा छात्रों के व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाता है। इसमें सबसे अधिक योगदान ब्लूम का है। इस वर्गीकरण को मानसिक जीवन के तीन पक्षों के आधार पर विकसित किया गया है।
(i) ज्ञानात्मक पक्ष
(ii) भावनात्मक पक्ष
(iii) क्रियात्मक पक्ष

59. A class discussion on ancient cave paintings was as follows:
प्राचीन गुफा चित्रों पर एक कक्षा में चर्चा इस प्रकार थी:

Kavya - Theories suggest that early humans made paintings on cave walls as a ritual before going out to prey.
काव्या - सिद्धांत बताते हैं कि आदिमानव शिकार के लिए बाहर जाने से पहले गुफा की दीवारों पर रिवाज़ के रूप में चित्र बनाते थे।

Rahul - No, it could have just been a form of leisure for them.
राहुल - नहीं, यह उनके मनोरंजन का एक रूप भी हो सकता था।

The teacher Mr. Kumar wants to use this discussion as a good opportunity to introduce a 'thinking skill related to history'.
शिक्षक श्री कुमार इस चर्चा का उपयोग 'इतिहास से संबंधित सोच-विचार कौशल' का परिचय देने के अवसर के रूप में करना चाहते हैं।

Which of the following skills can he BEST introduce?
निम्नलिखित में से किस कौशल का परिचय वह सबसे बेहतर रूप से दे सकते हैं?

(a) Decision making/निर्णय करना
(b) Compare and contrast/तुलना कर अंतर ढूंढ़ना
(c) Chronological thinking/कालानुक्रमिक सोच
(d) Weighing the evidence/साक्ष्यों का मूल्याँकन

Ans. (d) : प्राचीन गुफा पर एक कक्षा में चर्चा इस प्रकार थी-
काव्या-सिद्धान्त बताते हैं कि आदिमानव शिकार के लिए बाहर जाने से पहले गुफा की दीवारों पर रिवाज के रूप में चित्र बनाते थे।
राहुल- नहीं यह उनके मनोरंजन का एक रूप भी हो सकता था।
शिक्षक श्री कुमार इस चर्चा का उपयोग 'इतिहास से सम्बन्धित सोच विचार कौशल' का परिचय देने के अवसर के रूप में करना चाहते है। ''साक्ष्यों का मूल्यांकन' कौशल का परिचय सबसे बेहतर रूप से दे सकते है। भारतीय चित्रकारी के प्रारम्भिक उदाहरण प्रागैतिहासिक काल के है जब मानव गुफाओं की दीवारों पर चित्रकारी किया करता था। भीमबेटका की गुफाओं में की गयी चित्रकारी बहुत प्राचीन है। छात्रों को गुफा व अन्य ऐतिहासिक साक्ष्यों से प्राप्त जानकारी उनके रचनात्मक कौशल को विकसित करता है।

60. Students have just learnt how equality and justice are inseparable, and are asked to list examples of this in India. The options show the responses of four students.
Which of these students shows the conceptual understanding?
छात्रों ने हाल ही में सीखा है कि बराबरी और न्याय कैसे अलग नहीं किए जा सकते हैं, और उन्हें भारत में इसके उदाहरणों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया है। विकल्प में चार छात्रों के उत्तर दिए गए हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा छात्र सबसे अधिक वैचारिक समझ दिखाता है?

(a) Minimum wage for factory workers.
कारखाने के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन।
(b) Reservations in government offices for women
सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए आरक्षण।
(c) Mid-day meal program in government schools/सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम
(d) Tax exemptions for charitable organizations.
धर्मार्थ संगठनों के लिए कर में छूट।

Ans. (b) : छात्रों ने हाल ही में सीखा है कि बराबरी और न्याय कैसे अलग नहीं किये जा सकते है और उन्हें भारत में इसके उदाहरणों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया है, विकल्प में चार छात्रों के उत्तर दिये गये हैं। ''सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए आरक्षण, सबसे अधिक वैज्ञानिक समझ दिखाता है। सामाजिक न्याय का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराना है। समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आजादी आवश्यक है। भारत एक कल्याणकारी राज्य है यहाँ सामाजिक न्याय का मुख्य उद्देश्य लैगिंक, जातिगत, नस्लीय एवं आर्थिक भेदभाव के बिना सभी नागरिकों की मूलभूत अधिकारों तक समान पहुँच सुनिश्चित करना है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 06 जनवरी, 2022)

1. Match the following/निम्नलिखित का सुमेल करें :

List/ सूची - - X		List/ सूची - - Y	
A.	Gana/ गण	I.	Organisation or association/ संगठन या समूह
B.	Sangha/ संघ	II.	Group with many Members/ बहु सदस्यों वाला दल
C.	Shrenis/ श्रेणी	III.	VillageHeadmen / ग्राम मुखिया
D.	GramaBhojaka/ग्राम भोजक	IV.	Merchants Associations/ व्यापारी संगठन

(a) A-II, B-I, C-IV, D-II
(b) A-I, B-II, C-III, D-IV
(c) A-III, B-IV, C-I, D-II
(d) A-IV, B-III, C-II, D-I

Ans. (a) : (A)-II, (B)-I, (C)-IV, (D)-II
निम्नलिखित का सही सुमेल है।

सूची -X	सूची - Y
A. गण	II. बहु सदस्यों वाला दल
B. संघ	I. संगठन या समूह
C. श्रेणी	IV. व्यापारी संगठन
D. ग्राम भोजक	III. ग्राम मुखिया

2. You are planning a project on 'the earliest cities in Indian subcontiennt'.
You would be asking students to find out about?
भारतीय-उप महाद्वीप के प्राचीनतम नगरों पर परियोजना कार्य की योजना बनाते समय, आप छात्रों को किस क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे?

(a) Ganga Valley/गंगा घाटी
(b) Narmada Valley/नर्मदा घाटी
(c) Indus Valley/सिन्धु घाटी
(d) Brahmaputra Valley/ब्रह्मपुत्र घाटी

Ans. (c) : भारतीय-उप महाद्वीप के प्राचीनतम् नगरों पर परियोजना कार्य की योजना बनाते समय आप छात्रों को सिन्धु घाटी क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे। सिन्धु घाटी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम् सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता है। जो मुख्य रूप से पूर्व दक्षिण पूर्व एशिया के पश्चिमी भाग में फैली हुई थी, जो कि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिन्धु घाटी सभ्यता का समय लगभग 2500 ई0 पूर्व माना जाता है।

3. Which ruler paid his soldiers with 'tokencurrency' made out of cheap metals not gold and silver. This cheap currency was used by people in paying back the taxes and this policy failed.
कौन-सा शासक अपने सैनिकों को ''टोकन (सांकेतिक) मुद्रा'' से वेतन देता था, जो सोने-चाँदी की न होकर धातुओं से निर्मित होती थी। इस सस्ती मुद्रा का प्रयोग लोगों द्वारा तमाम कर चुकाने के लिए किया गया और यह नीति असफल हुई।

(a) Gayasuddin Tuglaq/गयासुद्दीन तुगलक
(b) Muhammad Bin Tuglaq/मुहम्मद बिन तुगलक
(c) Firuz Shah Tuglaq/फिरोज शाह तुगलक
(d) Balban/बलबन

Ans. (b) : मुहम्मद बिन तुगलक-शासक अपने सैनिकों को ''टोकन (सांकेतिक) मुद्रा'' से वेतन देता था। जो सोने-चाँदी की न होकर सस्ती धातुओं से निर्मित होती थी। इस प्रकार मुद्रा का प्रयोग लोगों द्वारा तमाम कर चुकाने के लिए किया गया और यह नीति असफल हुई मुहम्मद तुगलक ने 1330 ई0 में सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया और इसकी कीमत चाँदी के टंके के बराबर घोषित कर दी।

4. Monuments and forts provide us an insight into इमारतें और किले हमें _____ समझने में सहायक होते हैं।

A. the creativity and intelligence of craftsmen belonging to historical times.
ऐतिहासिक काल के वास्तुकारों की सृजनात्मकता और बुद्धिमत्ता

B. the need to build and patronize construction works by the kings.
राजाओं द्वारा निर्माण कार्य को संरक्षण देना और आवश्यक समझना

C. the importance of construction as a means to gain people's appreciation.
जनप्रशंसा प्राप्ति साधन के रूप में भवन निर्माण का महत्त्व को

D. the technological and sophisticated skills possessed by people of that period.
उस काल में लोगों का तकनीकी और परिष्कृत कौशल को

Choose the appropriate option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D (d) C and D/ C और D

Ans. (d) : इमारते और किले हमें जनप्रशंसा प्राप्ति साधन के रूप में भवन निर्माण का महत्त्व को तथा उस काल में लोगों का तकनीकी और परिष्कृत कौशल को समझने में सहायक होते है।
जैसे शाहजहाँ के काल को स्थापत्य कला का स्वर्णयुग कहा जाता है तथा जहाँगीर के काल को मुगल चित्रकला का स्वर्ण युग कहा जाता है।

5. The backbone of the Maratha army was provided by groups of peasant-pastoralists called
मराठा सेना को मुख्य आधार प्रदान करने वाले कृषक-पशुचारकों के दलों को क्या कहा जाता है?
(a) Kunbis/कुनबी (b) Deshmukhs/देशमुख
(c) Subadars/सूबेदार (d) Peshwas/पेशवा

Ans. (a) : मराठा सेना को मुख्य आधार प्रदान करने वाले कृषक-पशुचारकों के दलों को कुनबी कहा जाता है। कुनबी (कुर्मी) पश्चिमी भारत में पारंपरिक रूप से गैर-कुलीन किसानों की जातियों के लिए लागू एक सामान्य शब्द है।
इस वर्ग के लोग मुख्य रूप से महाराष्ट्र राज्य में पायें जातें है। महाराष्ट्र में कुनबी लोग अन्य पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत रखा गया है।

6. What commonalities existed between Nathpanthis and Sufis?/नाथ पंथियों और सूफियों के बीच कौन-सी समानताएँ थीं?
A. adherence to ritualism
कर्मकांडवाद का अनुसरण
B. practicing breathing exercises
श्वसन के व्यायामों का अभ्यास
C. renunciation of the world/संसार का परित्याग
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C (d) Only C/ केवल C

Ans. (c) : नाथ पंथियों और सूफियों के मध्य श्वसन के व्यायामों का अभ्यास तथा संसार का परित्याग की समानताएँ थी।
नाथ संप्रदाय भारत का एक हिन्दू धार्मिक पंथ है। मध्ययुग में उत्पन्न इस सम्प्रदाय में बौद्ध, शैव तथा योग की परम्पराओं का समन्वय दिखायी देता है।
शिव इस सम्प्रदाय के प्रथम गुरू एवं आराध्य है। भारत में चिश्ती सम्प्रदाय की नीव ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने रखी थी।

7. Consider the following statements about tribals in central India during colonial rule and choose the correct option.
औपनिवेशिक काल के दौरान मध्य भारत के आदिवासियों के विषय में सही विकल्प चुनें-
A. Their livelihoods were under threat
उनका जीवन-यापन संकट में था।
B. Birsa wanted to free his people from the British and the local landlords and moneylenders.
बिरसा अपने लोगों को अंग्रेजों, जमींदारों और साहूकारों से छुटकारा दिलाना चाहता था।
C. They invented their own rituals and symbols of struggle./उन्होंने अपने संघर्ष के लिए अपने तरीके और प्रतीक स्वयं खोजें।
(a) Both (A) and (B) are true/(A)और (B) सत्य हैं।
(b) Both (B) and (C) are true/(B)और (C) सत्य हैं।
(c) Both (A) and (C) are true/(A)और (C) सत्य हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true
(B)और (C) सत्य हैं।

Ans. (d) : औपनिवेशिक काल के दौरान मध्य भारत के आदिवासियों के विषय में सभी विकल्प सही है।
(A) उनका जीवन-यापन संकट में था।
(B) बिरसा अपने लोगों को अंग्रेजों, जमीदारों और सहूकारों से छुटकारा दिलाना चाहता था।
(C) उन्होने ने अपने संघर्ष के लिए अपने तरीके और प्रतीक स्वयं खोजे।

8. In 1927, Dr. B. R. Ambedkar started the following movement against caste prejudices:
1927 में डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा कौन-से जातिगत पूर्वाग्रहों के विरोध में आन्दोलन शुरू किया-
(a) communal dining/सामूहिक / सामाजिक भोज
(b) inter-caste marriage/अन्तर-जातीय विवाह
(c) marching together in protest
विरोध प्रदर्शन हेतु आगे बढ़ना
(d) temple entry/मंदिर प्रवेश

Ans. (d) : 1927 में डॉ बी. आर अम्बेडकर द्वारा मंदिर प्रवेश जातिगत पुर्वाग्रहों के विरोध में आन्दोलन शुरू किया।
निचली जाति के लोगों को इसके बाद मंदिरों में प्रवेश करने और मंदिर के कुओं से पानी का करने की अनुमति दी गई। इस आंदोलन के माध्यम से निचली जाति को बराबरी का दर्जा दिया गया जिसका उद्देश्य हिन्दू समाज में सुधार करना था।

9. The Veda Samaj was inspired by the ideas of
वेद समाज_____विचारों से प्रेरित था।
(a) Ramakrishna Mission/रामकृष्ण मिशन के
(b) Prarthana Samaj/प्रार्थना समाज के
(c) Sanatan Dharma Sabha/सनातन् धर्म सभा के
(d) brahmo Samaj/ब्रह्म समाज के

Ans. (d) : वेद समाज ब्रम्ह समाज के विचारों से प्रेरित था। रामकृष्ण मिशन की स्थापना 1 मई 1897 को रामकृष्ण परमहंस के परम शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने की थी। प्रार्थना समाज की स्थापना आत्माराम पाण्डुरंग और महादेव गोविन्द रनाडे ने बम्बई में 31 मार्च 1867 में की थी।
सनातन धर्म अपने हिन्दू धर्म के वैकल्पिक नाम से भी जाना जाता है। वैदिक काल में भारतीय उपमहाद्वीप के धर्म के लिए सनातन धर्म नाम मिलता है।

10. Which of the social reformer/reformers of the 19th century are correctly matched with their organisations.
निम्नलिखित में से 19वीं शताब्दी के कौन-से समाज सुधारक उनके संगठन से सही रूप से मेल खाते हैं?
A. Vivekananda –Veda Samaj
विवेकानन्द-वेद समाज
B. Raja Rammohan Roy – Prarthana Samaj
राजा राममोहनराय-प्रार्थना समाज
C. Keshav Chandra Sen – Brahma Samaj
केशब चन्द्र सेन-ब्रह्म समाज

Choose the Correct option.
सही विकल्प का चयन करें–

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Only C/ केवल C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (c) : 19वीं शताब्दी के केशवचन्द्र सेन समाज सुधारक ब्रम्ह समाज संगठन से सही रूप से मेल खाते है। 1856 में ब्रम्ह समाज के अन्तर्गत केशव चन्द्रसेन के आगमन के साथ द्रुत गति से प्रसार पाने वाले इस आध्यात्मिक आन्दोलन के सबसे गतिशील अध्याय का आरंभ हुआ।

रामकृष्ण मिशन की स्थापना – स्वामी विवेकानन्द न की थी।

प्रार्थना समाज की स्थापना – आत्माराम पांडुरंग तथा महादेव गोविन्द रानाडे ने की थी।

आर्य समाज की स्थापना – स्वामी दयानन्द सरस्वती ने किया था।

11. Which of the following event/events to the Nationalist movement in India against British Rule?
निम्नलिखित में से कौन-सी घटना/घटनाओं ने ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन के लिए प्रेरित किया?

A. passing the Arms Act and disallowing Indians from possessing arms./ आर्म्स एक्ट पारित किया गया तथा भारतीयों द्वारा अपने पास हथियार रखने का अधिकार छीन लिया गया।

B. Enacting the Vernacular Press Act to silence those who were critical of the government./वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट पारित किया गया जिससे सरकार की आलोचना करने वालों को चुप कराया जा सके।

C. Withdrawal of the Ilbert Bill which provided for the trials of British and European persons by Indians.
इल्बर्ट बिल 'जिसमें प्रावधान किया गया था कि भारतीय न्यायाधीश भी ब्रिटिश या यूरोपीय व्यक्तियों पर मुकदमें चला सकते हैं। उसको वापस ले लिया गया।

D. Passing the Child Marriage Restraint Act 1929./ बाल विवाह निषेध एक्ट को 1929 में पारित किया गया।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/ (A) और (D)

Ans. (a) : निम्नलिखित घटनाओं ने ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन के लिए प्रेरित किया।

(A) आर्म्स एक्ट 1878 में पारित किया गया तथा भारतीयों को अपने पास बिना लाइसेंस के हथियार रखने का अधिकार छीन लिया गया।

(B) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट 1878 में पारित किया गया जिसमें सरकार की आलोचना करने वाले समाचार पत्रों को चुप कराया जा सके।

(C) इल्बर्ट बिल 1884 में लार्ड रिपन के कार्यकाल में आया। इस बिल के अंतर्गत भारतीय न्यायाधीशों को भी यूरोपीय नागरिकों क मुकदमें सुनने का अधिकार देना था इस विवाद के अंतर्गत यूरोपीयों नगरिकों ने विरोध किया, जिसे श्वेत विद्रोह कहा गया।

12. Consider the following statements for partition of Bengal in 1905 and choose the correct options./1905 में बंगाल विभाजन के संदर्भ में सही विकल्प चुनिए–

A. Bengal was divided because Bengali people wanted to be separated from Bihar and parts of Orissa./ बंगाल का विभाजन लोगों की बिहार और उड़िया के भागों से अलग करने की इच्छा के कारण किया गया।

B. British wanted to curtail the influence of Bengali politicians and to split the people./ अंग्रेज बंगाली नेताओं के प्रभाव को कम करना और लोगों में फूट डालना चाहते थे।

C. It was for administrative convenience in the interest of Indians./ यह भारतीयों के हित में प्रशासनिक सुविधा थी।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सत्य है।
(b) Only (B) is true/ केवल (B) सत्य है।
(c) Only (A) and (B) true
केवल (A) और (B) सत्य हैं।
(d) Only (B) and (C) are true
केवल (B) और (C) सत्य हैं।

Ans. (b) : 1905 में बंगाल विभाजन के संदर्भ में अंग्रेज बंगाली नेताओं के प्रभाव को कम करना और लोगों में फूट डालना चाहते थे। सही विकल्प 'B' है।

जबकि (A) बंगाल का विभाजन लोगों को बिहार और उड़िया के भागों से अलग करने की इच्छा के कारण किया गया तथा (C) यह भारतीयों के हित में प्रशासनिक सुविधा थी। सही विकल्प नहीं है।

बंगाल का विभाजन भारत के तत्कालीन वाइसराय कर्जन द्वारा किया गया था। जिसका प्रमुख उद्देश्य जनता में फूट डालना था।

13. The recommendation of reservation of seats in legislatures and in government jobs were originally meant to :
आरंभिक तौर पर विधायिका और सरकारी नौकरियों में सीटों के आरक्षण के प्रस्ताव का अभिप्राय था :

(a) provide opportunities to have representation and work to the poorest people.
गरीब लोगों के लिए प्रतिनिधित्व और रोजगार के अवसर उपलब्ध करना।
(b) end inequality existing in society and help people move forward.
समाज में व्याप्त असमानताओं को खत्म करना तथा लोगों को आगे बढ़ने में सहयोग देना।
(c) provide support for those who are socially privileged but poor./ऐतिहासिक उत्पीड़न और अभिजात्य वर्ग को अमानवीय दशाओं में सेवाएँ उपलब्ध कराए जाने के लिए क्षतिपूर्ति हेतु।

(d) make amends for the historical oppression and inhuman service provided to the more privileged category of people.
सामाजिक रूप से संपन्न किन्तु गरीब व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने हेतु।

Ans. (d) : आरंभिक तौर पर विधायिका और सरकारी नौकरियो में सीटों के आरक्षण के प्रस्ताव का अभिप्राय सामाजिक रूप से संपन्न किन्तु गरीब व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने हेतु था।

14. Consider these statements for plateaus and choose the correct option.
पठार के संदर्भ में दिए गए कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. Plateaus are rich in mineral deposits/ पठार में खनिजों की प्रचुरता होती है।

B. Lava plateaus are rich in black soil that are fertile/लावा पठार में काली मिट्टी की प्रचुरता होती है जो उपजाऊ होती है।

C. Plateaus are the most useful areas for human habitation/पठारी क्षेत्र मनुष्यों के रहने के लिए सबसे उपयोगी क्षेत्र होते हैं।

D. Plateaus may have several waterfalls/पठारी क्षेत्र में बहुत से जलप्रपात हो सकते हैं।

(a) Only (A) and (B) are correct.
केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (C) and (D) are correct.
केवल (C) और (D) सही है।
(c) Only (A), (B) and (C) are correct.
केवल (A), (B) और (C) सही हैं।
(d) Only (A), (B) and (D) are correct.
केवल (A), (B) और (D) सही हैं।

Ans. (d) : पठार के संदर्भ में निम्न विकल्प (A), (B) और (D) सही है।
(A) पठार में खनिजों की प्रचुरता होती है। भारत के संदर्भ में छोटा नागपुर का पठार खनिज सम्पदा में धनी है जिसे भारत का रूर कहा जाता है।
(B) लावा पठार में काली मिटटी की प्रचुरता होती है जो उपजाऊ होती है। काली मिट्टी को 'कपासी की मिट्टी' कहा जाता है।
(D) पठारी क्षेत्र में बहुत से जलप्रपात हो सकते है, जबकि पठारी क्षेत्र मनुष्यों के रहने के लिए सबसे उपयोगी क्षेत्र होते है गलत विकल्प है।

15. Assertion (A) : All countries decided that the count of Meridian should begin from a reference line.
दृढ़कथन (A) : सभी देशों ने निश्चय किया कि याम्योत्तर गिनती संदर्भ रेखा से शुरू की जाए।

Reason (R) : All Meridians are of equal length.
कारण (R) : सभी देशांतरीय याम्योत्तरों की लम्बाई समान होती है।

Select the correct option from the given alternatives./ दिए गए विकल्पों से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are true R does not explain A/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है A की
(b) A is true but R is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत हैं
(c) Both A and R are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं
(d) Both (A) and (R) are true and R explains A/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।

Ans. (d) : (A) और (R) दोनो सही है और (R) सही व्याख्या है (A) की। सभी देशों ने निश्चय किया कि याम्योत्तर की गिनती सन्दर्भ में रेखा से शुरू की जाए तथा सभी देशान्तरीय याम्योत्तरों की लम्बाई समान होती है।
योम्योत्तरों के बीच की दूरी विषुवत वृत्त पर अधिकतम (111.3 किलो मीटर) तथा ध्रुवों पर न्यूनतम (0 किलोमीटर) होती है। देशान्तर 360° के होते है। जो प्रधान याम्योत्तर से पूर्व एवं पश्चिम दोनों ओर 180° में बॅटे होते है।

16. Consider the following pairs:
निम्न जोड़ों पर विचार करें :

A. Summer Solstice – 21 June
ग्रीष्म अयनांत – 21 जून

B. Winter Solstice – 22 November
शीत अयनांत – 22 नवंबर

C. Equinox – 21 March/विषुव -21 मार्च

Which of the following pairs given above is/are correctly matched?/ ऊपर दिए गए जोड़ों में से कौन-सा (से) सही सुमेल है (हैं)?

(a) a and c only/केवल a और c
(b) a only/केवल a
(c) b and c only/केवल b और c
(d) a, b and c/a, b और c

Ans. (a) : दिये गये जोड़ों में से केवल (A) और (C) सुमेलित है। ग्रीष्म अयनांत 21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत चमकता है जिससे उत्तरी गोलार्ध में सबसे बड़ा दिन होता है।
विषुव -21 मार्च को और 23 सितम्बर को दिन और रात बराबर होते है।
तथा शीत अयनांत-22 नवम्बर गलत सुमेल है। क्योंकि दक्षिणी गोलार्ध (मकर रेखा) पर सूर्य की किरणें 22 दिसम्बर को लम्बवत चमकती है जिससे सबसे बड़ा दिन होता है और रात छोटी होती है।

17. When it is 12 noon at Greenwich, what time will it be at 25° West of Greenwich?
ग्रीनविच में जब दोपहर के 12 बजते हैं तब ग्रीनविच के 25° पश्चिम में क्या समय होगा?

(a) 01:40 p.m./ 01:40अपराह्न
(b) 01:40 a.m./ 01:40 पूर्वाह्न
(c) 11:20 a.m./ 11:20 पूर्वाह्न
(d) 10:20 a.m./ 10:20 पूर्वाह्न

Ans. (d) : ग्रीनविच में जब दोपहर के 12 बजते हैं तब ग्रीनविच के 25° पश्चिम में 10:20 पूर्वान्ह होगा। 1 ग्रीनविच 0° देशान्तर पर स्थित है जिसे प्रधान यामोत्तर माना गया है। चूकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर धूमती है अतः वे स्थान जो ग्रीनविच पूर्व में हैं उनका

समय ग्रीनविच समय से आगे होगा तथा जो पश्चिम में हैं उनका समय पीछे होगा।

∵ पृथ्वी 1° घूमती है 4 मिनट में

∴ पृथ्वी 25° घूमेगी 25×4= 100 मिनट में

100 मिनट = 1 घण्टा 40 मिनट

दोपहर 12 बजे से 1 घण्टा 40 मिनट घटाने पर 10:20 पूर्वान्ह आयेगा।

18. Identify the type of forest from the given statements.
कथन A व B के आधार पर वनों के प्रकार की पहचान कीजिए।

A. These thick forests occur in the region near the equator./ये घने वन भूमध्य रेखा के पास पाए जाते हैं।

B. These regions receive heavy rainfall and has no particular dry season.
यहाँ अत्यधिक वर्षा होती है तथा इन क्षेत्रों में कभी शुष्क मौसम नहीं होता।

(a) Tropical Deciduous Forests
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

(b) Temperate Evergreen Forests
शीतोष्ण सदाबहार वन

(c) Tropical Evergreen Forests
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

(d) Temperate Deciduous Forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन

Ans. (c) : प्रश्न में दी गई दोनों विशेषताएँ उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन की है। इसे ही उष्णकटिबंधीय वर्षा वन भी कहते है। ये भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण में 5° अक्षांश के भीतर पाए जाते है। ये उन स्थानों पर होते है जहाँ औसत वार्षिक वर्षा 200 सेंटी-मीटर से अधिक और औसत तापमान 22°C से अधिक हो। ये सघन वन होते है। इनकी मुख्य वृक्ष प्रजातियाँ रोजवुड, महोगनी, ऐनी और ऐबनी हैं। भूमध्य रेखा के पास उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वनों के लिए अनूकुल जलवायु होने के कारण यहाँ पाए जाते हैं।

19. Consider the statements a, b, c in reference to the Sahara desert and choose the correct answer.
सहारा मरुस्थल के संदर्भ में a, b, c कथनों पर विचार करें और सही उत्तर चुनें।

A. It has an area of 10.95 million km^2
इसका क्षेत्रफल 10.95 मिलियन वर्ग किमी है।

B. A large part of Tunisia is covered by Sahara desert/ ट्यूनीशिया देश का बड़ा हिस्सा सहारा रेगिस्तान से आच्छादित है।

C. The Sahara desert comprises elevated plateaus and rocky surfaces too.
सहारा रेगिस्तान में ऊँचे पठार और चट्टानी सतह भी शामिल है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं जबकि C गलत है।

(b) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं जबकि A गलत है।

(c) A and C are correct and A is incorrect
A और C सही हैं जबकि B गलत है।

(d) A, B, and C are correct/ A, B और C सही हैं।

Ans. (b) : सहारा रेगिस्तान विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान हैं। यहाँ तापमान दिन में 58 डिग्री सेल्सियस तथा रात में शून्य या उससे भी कम हो जाता है। यह ग्यारह देशों से घिरा हुआ है। ये देश हैं- अल्जीरिया, चाड, मिस्त्र, लीबिया, माली, मॉरितानिया, मोरक्को, नाइजर, सूडान, ट्यूनीशिया एवं पश्चिमी सहारा। जिसमें ट्यूनिशिया का एक बड़ा हिस्सा रेगिस्तान से आच्छादित है। यह लगभग 8.54 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह मरुस्थल बालू की विशाल परतो से ढ़का हुआ ही नहीं वरन् यहाँ बजरी के मैदान और नग्न चट्टानी सतह वाले उत्थित पठार पाये जाते हैं। इस प्रकार कथन A गलत एवं B और C सही है।

20. Arrange the vegetation of a rainforest from the lowest to the highsest layer.
एक वर्षा वन में पाई जाने वाली वनस्पतियों को निम्न परत से उच्च परत तक क्रमबद्ध कीजिए।

A. Ground layer/भूमि परत

B. Emergent layer/उद्गामी परत

C. Canopy/वितान

D. Young tree/तरुण वृक्ष

E. shrubs layer/झाड़ीदार परत

(a) a, b, c, d, e (b) a, e, d, c, b
(c) a, d, c, e, b (d) a, d, c, b, e

Ans. (b) : एक वर्षा वन में पाई जाने वाली वनस्पतियों को निम्न परत से उच्च परत तक क्रम है- भूमि परत, झाड़ीदार परत, तरुण वृक्ष, वितान, उद्गामी परत। वर्षा वन वे जंगल हैं जहाँ न्यूनतम वार्षिक वर्षा 1750 से 2000 मिमी. होती है। विश्व के कुल ऑक्सीजन का 28% वर्षा वनों से प्राप्त होता है। सबसे निचली परत का भूमि परत या वनस्थल करते हैं। यहाँ सूर्य का केवल 2% प्रकाश पहुँचता है। झाड़ीदार पतर को सूर्य का 5% प्रतिशत प्रकाश प्राप्त होता है। इस स्तर पर पत्ते बहुत बड़े होते है। वितान परत के पेड़ों की लम्बाई 30 से 45 मीटर होती है। उद्गामी परत के वृक्ष वितान परत से भी उँचे जिनकी लम्बाई 45 से 55 मीटर तक होती है। कुछ प्रजातिया 70-80 मीटर तक भी होती है।

21. Which of the following statements about permanent winds is correct?
स्थायी पवनों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(a) These blow only during a particular period of the day in a small area./ये किसी छोटे क्षेत्र में दिन में विशेष समय में चलती हैं।

(b) These winds change their direction in different seasons./ये विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं।

(c) These blow constantly throughout the year in a particular direction./ये वर्षभर लगातार किसी निश्चित दिशा में चलती रहती हैं।

(d) Monsoon is an example of permanent winds.
मानसून पवने स्थायी पवनों का एक उदाहरण हैं।

Ans. (c) : स्थायी पवनें पूरे वर्ष भर एक निश्चित दिशा में लगातार चलती हैं। स्थायी पवनें पृथ्वी के घूर्णन गति के प्रभाव से विकसित होती है। यह क्षैतिज रूप से प्रवाहित होती हैं। इन पवनों का विकास अस्थाई वायुदाब पेटियों में उच्च वायुदाब से निम्न वायुदाब की दिशा में होता है। यह तीन प्रकार की होती हैं- व्यापारिक पवन, पछुवा पवन और ध्रुवीय पवन।

22. Consider these statements A, B and C and choose the correct option.
निम्न कथनों A, B और C पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. The insolation received at the surfaced varies from tropics to the poles./धरातल पर प्राप्त सूर्यताप/आतपन की मात्रा उष्ण कटिबंध से लेकर ध्रुवों तक भिन्न पाई जाती है।

B. The crowded high rise buildings of the cities trap cold air and decreases the temperature of the cities./नगर में भीड़ वाले ऊँचे भवन ठंडी हवा को रोक लेते हैं और नगरों का तापमान घटने लगता है।

C. Variation in temperature over the sea is less compared to land.
मैदानी भागों की अपेक्षा समुद्री भागों में तापमान में भिन्नता कम पाई जाती है।

(a) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Both (B) and (C) are true
दोनों (B) तथा (C) सही हैं।
(c) Both (A) and (C) are true
दोनों (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true
सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : पृथ्वी के परिक्रमण, परिभ्रमण या धूर्णन तथा अपने अक्ष पर 23.30 डिग्री के झुकाव के कारण पृथ्वी के प्रत्येक स्थान पर सूर्य का प्रकाश समान मात्रा में नहीं पहुँचता है। चूकि सूर्य का प्रकाश ध्रुवों पर तिरछा पड़ता है। इसलिए धरातल पर प्राप्त सूर्यताप/आतपन की मात्रा उष्ण कटिबन्ध से लेकर ध्रुवों तक भिन्न पायी जाती है। मैदानी भागों की अपेक्षा समुद्री भागों में तापमान में कम भिन्नता का कारण यह है कि जल स्थल की अपेक्षा धीरे-धीरे गर्म होता है और ठण्ड़ा होता है। कथन B गलत है।

23. Match the following :/निम्न का मिलान कीजिए

Type of Vegetation वनस्पति का प्रकार	Species of plants पौधों की प्रजातियां
A. Thorny bushes/ कंटीली झाड़ियाँ	I. Sundari सुंदरी
B. Tropical Rain Forests उष्णकटिबंधीय वर्षावन	II. Khair खैर (कत्था)
C. Tropical Deciduous Forests/ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन	III. Ebony आबनूस
D. Mangrove Forests मैंग्रोव वन	IV. Neem/नीम

(a) A-iv, b-I, c-ii, d-ii (b) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(c) a-1, b-ii, c-iii, d-iv (d) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

Ans. (d) :

A. कंटीली झाड़ियाँ	II. खैर (कत्था)
B. उष्णकटिबंधीय वर्षावन	III. आबनूस
C. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन	IV. नीम
D. मैंग्रोव वन	I. सुंदरी

जिन क्षेत्रों में 70 सेमी से कम वर्षा होती है वहाँ कटीली झाड़िया पायी जाती है। इनमें खजूर, कत्था, नागफनी हैं। उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन उन क्षेत्रों में भलीभाति होते हैं जहाँ 200 सेमी से अधिक वर्षा के साथ थोड़े समय के लिए शुष्क वस्तु पायी जाती है। इसके अंतर्गत आबनूस, महागनी, रोगवुड आदि वृक्ष आते है।
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों में सागौन, साल, पीपल और नीम के वृक्ष आते हैं। मैंग्रोव वन तटवर्ती क्षेत्रों की महत्त्वपूर्ण वनस्पति है। गंगा-ब्रम्हपुत्र डेल्टा क्षेत्र में सुन्दरी वृक्ष उगते है।

24. Consider the following statements with reference to distribution of population and choose the correct option.
जनसंख्या वितरण सम्बंधित निम्नलिखित वाक्यों में से सही विकल्प चुनें–

A. River valleys are among the most populated areas because of the availability of fresh water./नदी घाटियों में स्वच्छ जल की उपलब्धता के कारण सघन जनसंख्या होती है।

B. People prefer to live in mountains because they are the best places for cultivation./ लोग पर्वतीय क्षेत्रों में रहने को वरीयता देते हैं क्योंकि वे कृषि के लिए सर्वोत्तम स्थान हैं।

C. People prefer to live in flat plains and gentle slopes./ लोग समतल मैदानों और सहज ढालों पर रहने को वरीयता देते हैं।

D. People prefer to live in extreme climate.
लोग कठिन जलवायु में रहने को वरीयता देते हैं।

(a) Only (A) and (B) are true.
केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true.
केवल (B) और (C) सही है।
(c) Only (C) and (D) are true.
केवल (C) और (D) सही हैं।
(d) Only (A) and (C) are true.
केवल (A) और (C) सही है।

Ans. (d) : जनसंख्या वितरण से सम्बधिंत कथन (A) – नदी घाटियों में स्वच्छ जल की उपलब्धता के कारण सघन जनसंख्या होती है तथा कथन (C)- लोग समतल मैदानों और सहज ढ़ालों पर रहने को वरीयता देते है, सही है। कृषि के लिए सर्वोत्तम स्थान और अनुकूल आवश्यक दशाएँ मैदानी क्षेत्रों में प्राप्त होती है। इसी कारण लोग पर्वतीय क्षेत्रों की अपेक्षा समतल मैदानी क्षेत्रों में रहना पसन्द करते हैं।

25. Which of the following statements are correct about Tagore's idea of education?
टैगोर के शिक्षा संबधी विचारों के बारे में कौन-से कथन सही हैं–

A. Creative learning within a natural environment
प्राकृतिक वातावरण में सृजनात्मक अधिगम

B. Emphasis on art, music and dance
कला, संगीत और मृत्यु पर बल देना

C. Criticism of Western civilization and teachnology/पाश्चात्य सभ्यता, विज्ञान एवं तकनीक की आलोचना।

Choose the correct option./सही कथन को चुनें-

(a) A and B/ A और B
(b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : टैगोर बालक को प्रकृति की गोद में शिक्षा देना चाहते थे। वे मानते थे कि शिक्षा प्राप्ति के समय बालक स्वतन्त्र होना चाहिए। टैगोर प्राकृतिक वातावरण में सृजनात्मक अधिगम पर बल देते थे। इसी कारण वे कला, संगीत और मृत्यु पर बल देते थे। वे बालक को पूर्ण मानव निर्माण हेतु शिक्षा में आध्यात्मिक संस्कृति का विकास चाहते थे। टैगोर पाठयक्रम में आदर्शो परम्परा और प्रथाओं के समर्थक थे लेकिन उन्होने कभी भी शिक्षा दर्शन में पाश्चात्य सभ्यता, विज्ञान एवं तकनीक का खण्डन नहीं किया।

26. Consider the following statements about population pyramid.
जनसंख्या पिरामिड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

A. Concentration of population in the middle of the population pyramid indicates high dependency ratio./जनसंख्या पिरामिड के मध्य भाग की ओर जनसंख्या का केंद्रीकरण उच्च आश्रिता को दर्शाता है।

B. Elderly dependent population is reflected at the top of the population pyramid.
वयोवृद्ध आश्रित जनसंख्या पिरामिड के शीर्ष पर दिखाई देती है।

C. A broad base that rapidly narrows the top indicates high rates of both birth and death./चौड़ा आधार जो ऊपर तीव्रता से संकरा हो जाता है वह जन्म एवं मृत्यु की उच्च दरों को दर्शाता है।

Choose the appropriate option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) and (B) are correct
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) (B) and (C) are correct
(B) और (C) दोनों सही हैं।
(c) (A) and (C) are correct
(A) और (C) दोनों सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are correct
(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : जनसंख्या पिरामिड जनसंख्या की आयु, लिग संरचना की चित्रमय प्रस्तुति है। इसमें बच्चों की संख्या और जन्मदर को निचले स्तर में दिखाया जाता है जबकि वृद्धों की संख्या को पिरामिड के शीर्ष स्तर पर दिखाया जाता है। आधार चौड़ा और शीर्ष पतला त्रिभुजाकार पिरामिड जन्म दर और मृत्यु दर दोनों को उच्च दर्शाता है। जनसंख्या पिरामिड एक देश में निर्भर लोगों की संख्या बताता है। प्रत्येक आयु वर्ग में बायां भाग पुरुषों को तथा दायां भाग महिलाओं को प्रदर्शित करता है।

27. consider these statements for types of farming and choose the correct answer.
कृषि के प्रकार पर निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :

A. Low levels of technology is used in mixed farming./तकनीक के निम्न स्तरों का प्रयोग मिश्रित कृषि में होता है।

B. Shifting cultivation is a type of primitive subsistence farming./स्थानांतरी कृषि, जीवन-निर्वाह हेतु कृषि का पुरातन प्रकार है।

C. Shifting cultivation is also known as 'slash and burn' agriculture.
स्थानांतरी कृषि को ''कर्तन व दहन'' कृषि के रूप में भी जाना जाता है।

शही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (B) are true
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (B) and (C) are true
(B) और (C) दोनों सही हैं।
(c) Both (A) and (C) are true
(A) और (C) दोनों सही है।
(d) All (A), (B) and (C) are true
(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : स्थानान्तरीय कृषि या स्थानान्तरणीय कृषि में फसल उगाने के लिए भूमि के एक टुकड़े को चुना जाता है। कुछ समय बाद अनउपजाऊ होने के कारण दूसरे भूमि के टुकड़े को कृषि के लिए चुना जाता है। पहले भूमि का टुकड़ा वनस्पतियों से आच्छादित हो जाता है जिसे जला कर पुनः कृषि योग्य बनाया जाता है। इसी को 'कर्तन-दहन' कृषि के रूप में जाना जाता है। यही कृषि झूम कृषि के रूप में जानी जाती है। यह कृषि निर्वाह का एक पुरातन प्रकार है। जब फसलों के साथ-साथ पशुपालन भी होता है तो इसे मिश्रित कृषि कहते है।

28. Which country started the civil Rights Act in 1964 to prohibit different forms of social discrimination.
1964 में किस देश ने विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव की रोकथाम के लिए नागरिक अधिकार अधिनियम पारित किया?

(a) India/भारत
(b) South Africa/दक्षिण अफ्रीका
(c) united states of America/संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) Germany/जर्मनी

Ans. (c) : 1964 में अमेरिका ने विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव की रोकथाम के लिए नागरिक अधिकार अधिनियम पारित किया। यह आन्दोलन विधि के समक्ष समानता के लिए किया गया। यह अफ्रीकी अमेरिकियों के खिलाफ कानूनी नस्लीय भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से घटनाओं और सुधार आन्दोलनों के एक समूह को सन्दर्भित करता है। इसका नेतृत्व मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने किया था। इस आन्दोलन में अहिंसक तरीकों का प्रयोग किया गया था।

29. (A) Life near the sea region is quite different from life in the mountain region
समुद्र के समीप क्षेत्र का जीवन पर्वतीय क्षेत्र के जीवन से बहुत भिन्न होता है।

(R) People adapt their lives to the geographical conditions of the region.
लोग अपने जीवन को भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेते हैं।

Select the correct option from the given alternatives.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) and (R) are true but (R) is an incorrect explanation for (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता हैं।
(c) (A) is true, (R) is false/(A) सही है, (R) गलत है।
(d) (A) and (R) both are false.
दोनों (A) तथा (R) गलत हैं।

Ans. (a) : समुद्र के समीप क्षेत्र का जीवन पर्वतीय क्षेत्र के जीवन से बहुत भिन्न होता है। कथन सत्य है। दोनों क्षेत्रों के जीवन में अनेक कठिनाइयाँ एवं विषंगतियाँ होने के बावजूद भी लोग अपने जीवन को भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल ढ़ाल लेते हैं। इस प्रकार कथन R, A की सही व्याख्या भी है। एक ओर जहाँ लोग समुद्र के तटीय क्षेत्र पर निर्भर होते हैं वहीं पर्वतीय क्षेत्रों के लोग पेड पौधों, औषधियों एवं पर्यटन पर निर्भर होते है।

30. Arrange the panchayati raj institutions in an ascending order of public participation.
पंचायती राज संस्थानों को उनकी जन भागीदारी के आरोही क्रम में क्रमबद्ध कीजिए।

A. Panchayat Samity/पंचायत समिति।
B. Gram Panchayat/ग्राम पंचायत।
C. Zila parishad/जिला परिषद्।
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B, C (b) C, B, A
(c) B, A, C (d) C, A, B

Ans. (c) : पंचायती राज संस्थानों की जनभागीदारी के अनुसार आरोही क्रम इस प्रकार हैं
ग्राम पंचायत < पंचायत समिति < जिला परिषद्
भारत की पंचायती राज प्रणाली में सबसे छोटे स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है। इसके पश्चात इससे बड़ी इकाई पंचायत समिति होती है। यह तहसील (तालुका) के रूप में भारत सरकार की स्थानीय इकाई है। इस संस्था का विभिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न नाम है। पंचायती राज की सबसे ऊपरी संस्था जिला परिषद समितियों का मूलतः नीति निर्धारण एवं मार्गदर्शन करती हैं।

31. Which amongst the following is an elected member in a municipal corporation?
निम्नलिखित में से कौन नगर निगम का एक निर्वाचित सदस्य है?

(a) Commissioner/आयुक्त
(b) Secretary/सचिव
(c) Ward Councillor/पार्षद (निगम पार्षद)
(d) Adimnistrative Chief/प्रशासनिक प्रमुख

Ans. (c) : पार्षद (निगम पार्षद) नगर निगम का एक निर्वाचित सदस्य है। पार्षद को प्रत्यक्ष रूप से जनता के द्वारा चुना जाता है जिसमें सम्बन्धित चुनाव क्षेत्र की जनता उनको वोट देती है। आयुक्त, सचिव और प्रशासनिक प्रमुख चयनित होते हैं। जब किसी व्यक्ति को किसी कार्य के लिए चुना जाता है तब उसे चयनित कहते हैं। चयनोपरान्त किसी कार्य की जिम्मेदारी दी जाती है तो इस दशा में वह नियुक्त कहलाता है।
किसी सदन में विशेष व्यक्तियों द्वारा किसी पद पर बैठाए व्यक्ति को मनोनीत कहते हैं।

32. In addition to farming, which of the following are engaged in non-agricultural activities?
कृषि के अतिरिक्त; इनमें से कौन गैर-कृषि कार्य करते हैं?

A. Agricultural labourers/कृषि-मजदूर
B. Small farmers/छोटे-किसान
C. Big farmers/बड़े किसान
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only C/केवल C
(d) A, B and C/सभी A, B और C

Ans. (d) : कृषि मजदूर, छोटे किसान और बड़े किसान तीनों कृषि के अतिरिक्त, गैर-कृषि कार्य करते हैं। उत्पादन की क्रिया में जिन्हें गैर कृषि क्रियाएँ कहा गया है, लघु विनिर्माण, परिवहन, दुकानदारी आदि शामिल हैं। भूमि मापने की मानक इकाई हेक्टेयर है परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में बीघा, बिस्वा का प्रयोग किया जाता है। जिन कृषकों के पास 2 हेक्टेयर से कम भूमि है सीमान्त एवं छोटे कृषक कहलाते है। 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले कृषक मझले कृषक कहलाते हैं। जिन कृषकों के पास 2 हेक्टेयर से 10 हेक्टेयर के मध्य जोत भूमि होती है बड़े कृषक कहलाते हैं।

33. Which of the following is correct about people who sell on the street and those who run shops in the market?
इनमें कौन-सा कथन गलियों में सामान बेचनेवालों और बाजार में दुकान वालों के विषय में सही है?
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Both work on their own and are not employed./ दोनों अपना स्वयं का काम करते हैं और रोजगार पर नहीं होते हैं।
B. Both have no access to social security like annual leave and medical facilities./ दोनों को सामाजिक-संरक्षण के लाभ, जैसे वार्षिक अवकाश, चिकित्सा सुविधा आदि नहीं मिलते हैं।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/दोनों A और B
(d) Neither A nor B/न तो A न

Ans. (c) : दोनों कथन सही हैं। रोजगार वह आर्थिक क्रिया है जिसके अन्तर्गत लोग दूसरों के लिए काम करते हैं तथा प्रतिफलस्वरूप पारिश्रमिक प्राप्त करते है। कथन में गलियों में समान बेचने वाले तथा दुकानदार दोनों अपना काम स्वयं कर रहे हैं इसलिए रोजगार पर नहीं हैं। कथन सही है। आर्थिक क्रिया के इन दोनों साधनों को सामाजिक संरक्षण का लाभ नहीं मिलता हैं। ये दोनों श्रमिक असंगठित क्षेत्र के हैं। असंगठित क्षेत्र आज भी सामाजिक संरक्षण के लाभ से वंचित है।

34. Women in the United States of America got the right to vote after which historical event?
किस ऐतिहासिक घटना के बाद संयुक्त राज्य में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ?

(a) First World War/प्रथम विश्व युद्ध
(b) American Declaration of Independence
अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा
(c) First Amendment to American Constitution
प्रथम अमेरिकी संवैधानिक संशोधन
(d) The Great Depression/द ग्रेट डिप्रेशन

Ans. (a) : प्रथम विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। आज के परिवेश में भले ही दुनिया का सबसे पुराने लोकतन्त्र को अच्छा बताया जाता है लेकिन उसी लोकतन्त्र में 1807 में एक ऐसा कानून पास किया गया जिससे महिलाओं को मतदान के अधिकार से वंचित किया गया। अमेरिकी महिलाओं को अपने ही लोकतन्त्र से एक लम्बा संघर्ष के परिणामस्वरूप 1920 में महिलाओं को मतदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ। भारत में जबसे लोकतन्त्र लागू हुआ है तब से महिलाओं को मताधिकार प्राप्त है।

35. Which of the following statements challenge gender stereotypes?
निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य लिंग रूढ़िवादी धारणा (जेंडर स्टीरियोटाइप) के लिए चुनौती है–
(a) 'Girls are well behaved'
लड़कियाँ अच्छा व्यवहार करती हैं।
(b) 'Boys are naughty'/लड़के शरारती होते हैं।
(c) Girls are good at cooking'
लड़कियाँ अच्छा खाना पकाती हैं।
(d) 'Boys are emotional'/लड़के संवेदनशील होते हैं।

Ans. (d) : लड़के संवेदनशील होते हैं। यह वक्तव्य लिंग रूढ़िवादी धारणा (जेन्डर स्टिरियोटाइप) के लिए चुनौती है। जब किसी विशेष लिंग के समूह के प्रति व्यक्ति नकारात्मक विचारों को पालता है तो इसे ही लिंग रूढ़िवादी धारणा कहा जाता है। ऐसा प्रायः महिलाओं के सन्दर्भ में ही होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योकि परम्परागत रूप से महिलाओं को कमजोर गृह कार्य करने तक सीमित माना जाता है परन्तु आधुनिक व्यवहार में लड़कियों/महिलाओं से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है।

36. If a Punjab educational society is given permission to open a Punjabi medium school in Kolkata, then which fundamental Right of the Indian Constitution is being guaranteed?
किसी एक पंजाबी शैक्षिक संस्था को कोलकाता में पंजाबी माध्यम का स्कूल खोलने की अनुमति दी जाती है, तो भारतीय संविधान के अनुसार कौन-से मौलिक अधिकारों का अनुसरण किया जा रहा है?
(a) Cultural and educational Rights
सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का।
(b) Right to Constitutional remedies
संवैधानिक उपचार के अधिकारों का।
(c) Right to Freedom/स्वतंत्रता के अधिकारों का।
(d) Right to Education/शिक्षा के अधिकारों का।

Ans. (a) : किसी एक पंजाबी शैक्षिक संस्था को कोलकाता में पंजाबी माध्यम का स्कूल खोलने की अनुमति दी जाती है, तो भारतीय संविधान के अनुसार सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का अनुसरण किया जा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 में सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान में नागरिकों को 6 मौलिक अधिकार और 11 मूल कर्तव्य दिए गये हैं।

37. If a teacher has to make her students understand that even common people play a significant role in bringing about a new law, then which of the following examples will help her in the classroom?
एक अध्यापिका को अपनी छात्राओं को यह समझाने के लिए कि नए कानून लाने में साधारण व्यक्ति की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, कक्षा में कौन-सा उदाहरण सहायक होगा–
A. In 1999, a group of lawyers, law students, activists, after a nation-wide consultations took the lead in drafting the domestic violence (prevention & Protection) Bill./वर्ष 1999 में, वकीलों के एक समूह, कानून के विद्यार्थियों और सक्रिय व्यक्तियों ने राष्ट्रव्यापी सलाह-मशविरे लेकर घरेलू हिंसा से संरक्षण और रोकने संबंधी बिल (प्रस्ताव) का खाका तैयार करने में अग्रणीय भूमिका निभाई।
B. Rosa Parks, an African-American woman, refused to give up her seat on a bus to a white man on 1st December 1955./1 दिसंबर 1955 को, रोशा पार्क्स, एक अफ्रीकन – अमेरिकन महिला ने बस में एक श्वेत व्यक्ति के लिए अपनी सीट खाली करने से मना कर दिया।
C. The implementation of Sedition Act of 1870. 1870 के राजद्रोह अधिनियम को लागू करना।
Choose the appropriate examples.
उपर्युक्त उदाहरण/उदाहरणों का चुनाव कीजिए
(a) only A and C/केवल A तथा C
(b) only B and C/केवल B तथा C
(c) only A and B/केवल A तथा B
(d) A, B and C/A, B तथा C

Ans. (b) : नये कानून को लागू करने में साधारण व्यक्ति की भूमिका को समझाने हेतु अध्यापिका को रोशा पार्क्स का और 1870 का राजद्रोह अधिनियम उदाहरण सहायक होगा। रोशा पार्क्स एक अश्वेत अफ्रीकन अमेरिकी महिला थी 1955 में बस में यात्रा के दौरान एक श्वेत व्यक्ति के लिए उनको सीट खाली करने को कहा गया परन्तु उन्होंने अस्वीकार किया। 1870 में जेम्स स्टीफन ने स्वतन्त्रता सेनानियों के विचारों को दबाने के लिए धारा 124 A को भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम 1870 के अन्तर्गत 1PC में शामिल किया।

38. Which of the following statements about the judicial system in India is correct?
निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य भारत में न्यायिक व्यवस्था के बारे में सही है?
(a) In case of a dispute between the Centre and any of the states, the High Court of that state can take up the matter/case./केंद्र और किसी भी राज्य के बीच विवाद के मामले में उस राज्य का उच्च न्यायालय इस मुद्दे/मुकदमें को ले सकता है।
(b) The federal Court of India in the colonial times is the predecessor of the Supreme Court of India./औपनिवेशिक काल का 'फेडरल कोर्ट ऑफ इंडिया' भारत के उच्चतम न्यायालय का पूर्वज है।

(c) A public Interest Litigation can be filed in any court by only the aggrieved person.
जनहित याचिका किसी भी न्यायालय में केवल पीड़ित व्यक्ति द्वारा ही दर्ज की जा सकती है।

(d) Only the supreme Court has the power of judicial review in India./न्यायिक समीक्षा का अधिकार भारत में केवल उच्चतम न्यायालय का है।

Ans. (b) : औपनिवेशिक काल का 'फेडरल कोर्ट ऑफ इण्डिया' भारत के उच्चतम न्यायालय का पूर्वज है। यह वक्तव्य भारत में न्यायिक व्यवस्था के बारे में सही है। वर्तमान उच्चतम न्यायालय की स्थापना 26 जनवरी 1950 को की गयी। यही 1937-1949 तक फेडरल कोर्ट ऑफ इण्डिया था। केन्द्र और किसी भी राज्य के विवाद मे मामले उच्चतम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में है। 1980 के दशक में सर्वोच्य न्यायालय में जनहित याचिका (PIL) की व्यवस्था विकसित की थी। यह किसी भी व्यक्ति द्वारा दर्ज की जा सकती है। न्यायापालिका को यदि ऐसा लगता है कि कोई भी कानून संविधान के आधारभूत ढ़ाचे का उल्लंघन करता है। तो वह उसे रद्द कर सकता है। इसे ही न्यायिक समीक्षा कहा जाता है।

39. Being marginalized means to experience
हाशियाकृत होने, से अनुभव होता है–

A. pride/गौरव

B. Discrimination/भेदभाव

C. Powerlessness./निर्बलता

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव करें–

(a) A and B/ A तथा B

(b) A and C/ A तथा C

(c) B and C/ B तथा C

(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (c) : हाशियाकृत होने से भेदभाव और निर्बलता का अनुभव होता है। हाशिए पर स्थित समूह से तात्पर्य एक ऐसे समूह से है जो समाज की मुख्य धारा से हाशिए पर धकेल दिया जाता है। हाशियाकृत समूह को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय संसाधनों तक पहुँच का अभाव होता है। ऐसे समूहों में महिलाएँ, बच्चे-बच्चियाँ, अल्पसंख्यक समूह, अनुसूचित जाति, जनजाति, शरणार्थी, प्रवासी श्रमिक, वृद्ध लोग, आदिवासी इत्यादि है।

40. Which of the following would help protect interests of marginal groups?
इनमें से कौन-सा हाशियाई समूह के हितों की रक्षा में सहायक होगा?

A. Make laws such as abolition of untouchability
अस्पृश्यता उन्मूलन जैसे कानून बनाना।

B. Formulate specific schemes such as subsidized hostels for students of marginal communities./ विशेष योजनाएँ जैसे हाशियाई वर्गों के छात्रों के लिए सब्सिडी दरों पर हॉस्टल व्यवस्था करना।

C. Provide special scholarships for students from marginal groups./ हाशियाई समूह के छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्तियाँ देना।

D. Organize competitions for students of marginal groups to express their views./ हाशियाई समूह–छात्रों के विचार अभिव्यक्ति हेतु प्रतियोगिओं का आयोजन।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C

(b) A, B and D/ A, B और D

(c) A, C and D/ A, C और D

(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (a) : अस्पृश्यता उन्मूलन जैसे कानून बनाना, विशेष योजनाएँ जैसे हाशियाई वर्गों के छात्रों के लिए सब्सिडी दरों पर हॉस्टल व्यवस्था करना तथा हाशियाई समूह के छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्तियाँ देना। उक्त तीनों क्रियाएँ हाशियाई समूह के हितों की रक्षा करने में सहायक होगी। संविधान का अनुच्छेद 17 समता के अधिकार को एक विशेष क्षेत्र में लागू करता है। और अस्पृश्यता के अन्त की घोषणा करता है। इसके अतिरिक्त आरक्षण व्यवस्था महिला एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्थाए हाशियाकृत समूहों को सुविधा प्रदान करती है।

41. One of the main goals of teaching Social Sciences in school is to_____.
विद्यालय में सामाजिक विज्ञान के शिक्षण का एक मुख्य ध्येय _____ है।

(a) promote right knowledge, attitudes and dispositions in students to understand their social and physical world./छात्रों में अपने सामाजिक तथा भौतिक संसार को समझने के लिए सही ज्ञान, मनोवृत्तियों तथा झुकाव को बढ़ावा देना।

(b) provide information about historical past./बीते हुए ऐतिहासिक काल के बारे में सूचना प्रदान करना।

(c) develop skills of experimenting and scientific inquiry about the natural world./प्राकृतिक संसार के बारे में प्रयोगात्मक तथा वैज्ञानिक जाँच/परिप्रश्न करने के कौशल को विकसित करना।

(d) acquire and develop basic linguistic skills and competence./आधारभूत भाषा-विषयकता तथा क्षमता/योग्यता को अर्जित एवं विकसित करना।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण का एक मुख्य ध्येय छात्रों में अपने सामाजिक तथा भौतिक संसार को समझने के लिए सही ज्ञान, मनोवृत्तियों तथा झुकाव को बढ़ावा देना है।
सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य -
(1) मानवीयता की भावना का विकास
(2) विद्यार्थियों में प्रजातान्त्रिक, नागरिक गुणों का विकास।
(3) परस्पर निर्भरता की भावना का विकास
(4) बन्धुत्व की भावना का विकास
(5) विद्यार्थियों में तर्कपूर्ण चिन्तन का विकास।

42. Pedagogy of Geography should try to
भूगोल शिक्षण का प्रयास होना चाहिए–

A. introduce concepts to understand the world we live in.
जिस संसार में हम रहते हैं उनकी समझ के लिए अवधारणाओं से परिचय कराना।

B. promote an understanding of independence of various regions./ विभिन्न क्षेत्रों की परस्पर आश्रित की समझ को बढ़ाना

C. sensitize about the conservation of environment and resources/पर्यावरण और संसाधनों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A and B/ A और B
(b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C
(d) A, B and C/ A,B और C

Ans. (b) : भूगोल शिक्षण का प्रयास जिस संसार में हम रहते हैं उनकी समक्ष के लिए आवधारणाओं से परिचय कराना तथा पर्यावरण और संसाधनों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना होना चाहिए। छात्र भूगोल शिक्षण से भौगोलिक परिकल्पनाओं, सिद्धान्तों, भौगोलिक तथ्यों इत्यादि के बारे में विद्यार्थियों में समझ विकसित होगी। छात्र भूगोल विषय में भारत के स्थलों एवं निवासियों की विविधता को अपने स्वयं के निवास स्थान के व्यापक परिदृश्य के विषय में समझने एवं उसकी प्रशंसा करेगें।

43. Which of the following is not a teaching-learning resource?
निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण-अधिगम का संसाधन नही है?

(a) Textbook/पाठ्य-पुस्तक (b) Map/मानचित्र
(c) Demonstration/प्रदर्शन (d) Model/नमूना (मॉडल)

Ans. (c) : प्रदर्शन शिक्षण अधिगम का संसाधन नहीं है। पुस्तक, मानचित्र और नमूना (मॉडल) शिक्षण अधिगम के संसाधन हैं। विद्यालय भी शिक्षण अधिगम का एक संसाधन है। समयानुसार आधुनिक वैज्ञानिक युग में डिजिटल संसाधन भी महत्त्वपूर्ण हैं जैसे- इन्टरनेट मोबाइल, कम्प्यूटर, टेलीविजन, डिजिटल स्लेट इत्यादि। पाठ्य पुस्तक, चाक बोर्ड, चार्ट नक्शा, इत्यादि पारम्परिक शिक्षण अधिगम के संसाधन हैं। क्षेत्र भ्रमण भी शिक्षण अधिगम का संसाधन है।

44. What kind of pedagogy should be followed in social science classrooms?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में किस प्रकार के शिक्षाशास्त्र का अनुसरण किया जाना चाहिए?

(a) Authoritative/प्राधिकारिक
(b) Neutral and Sensitive/तटस्थ एवं संवेदशील
(c) Traditional/पारंपरिक
(d) Biased and Discriminatory
पक्षपातपूर्ण एवं विभेदात्मक

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में तटस्थ एवं संवेदनशील शिक्षाशास्त्र का अनुशरण किया जाना चाहिए। सामाजिक विज्ञान शिक्षण पक्षपातपूर्ण और विभेदात्मक नहीं होना चाहिए। सामाजिक विज्ञान शिक्षाशास्त्र व्यवहारिक, समावेशी बाल केन्द्रित, सृजनात्मक, तथा समालोचनात्मक इत्यादि होना चाहिए।

45. posters are an example of
पोस्टर _____का उदाहरण है?

(a) Graphic aid/ग्राफ़िक सामग्री
(b) 3D aid/त्रिआयामी (3डी) सामग्री
(c) Audio-Visual aid/श्रवण-दृश्य सामग्री
(d) projected aid/प्रक्षिप्त सामग्री

Ans. (a) : पोस्टर ग्राफिक सामग्री का उदाहरण है। ग्राफिक किसी सतह पर दृश्य चित्र या डिजाइन होते है। जैसे- दीवार, कैनवास, कागज या पत्थर को सूचित करने के लिए। 3डी (त्रिआयामी) सामग्री शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए एक क्रान्तिकारी कदम साबित हुआ है। इससे विद्यार्थियों को समझने में काफी आसानी होगी आजकल भूगोल शिक्षण में इसका बहुत प्रयोग हो रहा है। दूरदर्शन सिनेमा, वीडियो इत्यादि प्रक्षेपित सामग्री हैं। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में जिन संसाधनों को हम केवल सुन सकते हैं श्रव्य सामग्री तथा जिन्हें सुना और देखा जा सकता है उन्हें श्रवण-दृश्य सामग्री कहा जाता है। जैसे- टेलीविजन

46. Using charts, diagrams, timelines and maps in social science classrooms make its teaching
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में चार्टों, रेखाचित्रों, समय-सीमाओं तथा मानचित्रों का प्रयोग इसके अधिगम को बनाता है :

A. more scientific in nature.
इसकी प्रकृति को और वैज्ञानिक।

B. participative and engaging for students.
छात्रों के लिए भागीदारी पूर्ण तथा क्रियाशील।

C. time consuming and boring.
काफी समय लेने वाला एवं उबाऊ।

D. more organized./ ज्यादा संगठित।

E. more conductive to the development of conscepts and ideas.
विचारों एवं संकल्पनाओं के विकास में सहयोगी।

Choose the appropriate option given below.
निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) B, C, D and E/ B, C, D और E
(c) A, B, D and E/ A, B, D और E
(d) A, B, C and E/ A, B, C और E

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में चार्टों, रेखाचित्रों, समय-सीमाओं तथा मानचित्रों का प्रयोग इसके अधिगम की प्रकृति को और वैज्ञानिक, छात्रों के लिए भागीदारीपूर्ण तथा क्रियाशील, ज्यादा संगठित तथा विचारों और संकल्पनाओं के विकास में सहयोगी बनाता है। सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अत्याधुनिक शैक्षिक तकनीकों के प्रयोग से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सरल, रुचिकर, वास्तविकता को समझने में सहायक होती है।

47. Being a social-science teacher, you have to conduct a class on the features made by a river. Which of the following teaching-learning materials could be used in your class?
सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका होने के नाते, आपको नदी के द्वारा बनाई गई आकृतियों पर कक्षा लेनी हैं निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण-अधिगम सामग्री कक्षा में प्रयोग की जा सकती है?

(a) Physical map of India/भारत का प्राकृतिक मानचित्र
(b) Political map of India/भारत का राजनैतिक मानचित्र
(c) Satellite picture of a flood plain
बाढ़ग्रस्त मैदान का उपग्रह से प्राप्त चित्र
(d) Ganga song sung by Bhupen Hazarika
भूपेन हजारिका द्वारा गाया गया 'गंगा' गीत

Ans. (c) : विद्यार्थियों को नदी के द्वारा बनाई गयी आकृतियों को पढ़ाने हेतु बाढ़ग्रस्त मैदान का उपग्रह से प्राप्त चित्र सर्वाधिक उपयोगी रहेगा। जिस प्रकार एक विस्तृत विषय के अध्ययन हेतु शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नमूना (मॉडल) का प्रयोग किया जाता है ठीक उसी प्रकार बाढ़ग्रस्त मैदान का उपग्रह से प्राप्त चित्र विद्यार्थियों को सम्बन्धित विषय के अध्ययन हेतु सरल सिद्ध होगा। इस चित्र के माध्यम से विद्यार्थी नदी द्वारा बनायी आकृति का कल्पना चित्र अपने मानसिक पटल पर खीच सकते है।

48. A teacher of social sciences is discussing the topic 'manuscript' in her class. Which of the following words could be part of her discussion on the subject?
शिक्षिका सामाजिक विज्ञान की कक्षा में पांडुलिपि विषय पर चर्चा कर रही है। निम्नलिखित में से कौन-से शब्द विषय पर चर्चा का हिस्सा हो सकते हैं?

A. accounts and taxes/लेखा-जोखा तथा कर
B. letters and teachings of Saints
पत्र तथा संतों की शिक्षाएँ
C. archives/अभिलेख/पुरालेख
D. trabeate/अनुप्रस्थ टोडा निर्माण (त्रेबियत)

(a) a, b, c and d/ a, b, c और d
(b) a, b and c/ a, b और c
(c) a, b and d/ a, b और d
(d) b, c and d/ b, c और d

Ans. (b) : लेखा-जोखा तथा कर, पत्र तथा संतों की शिक्षाएँ और अभिलेख/पुरालेख शब्द सामाजिक विज्ञान की कक्षा में पाण्डुलिपि विषय पर चर्चा के दौरान प्रयोग किए जा सकते हैं। पाण्डुलिपि उस दस्तावेज को कहते हैं जो एक व्यक्ति या उनके व्यक्तियों द्वारा हाथ से लिखी गयी हो। जैसे- हस्तलिखित पत्र। प्राचीन काल में जब कागज इत्यादि का अविष्कार नहीं था तब पाण्डुलिपियां ताड़ के पत्ते या भोज पत्र पर लिखी जाती थी। अभिलेख पत्थर या धातु जैसी कठोर सतहों पर उत्कीर्ण किए गए पठन सामग्री को कहते हैं।

49. The following questions are posed in a social science class. Choose which of these provide greater scope for critical thinking.
निम्नलिखित प्रश्न सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रस्तुत किए गए। जो इनमे से आलोचनात्मक चिंतन के सर्वाधिक अवसर कौन प्रदान करते हैं उनका चयन कीजिए।

A. Rinderpest led to pauperization of many African countries. Examine/रिंडरपेस्ट/पशु महामारी ने अफ्रीकी देशों को दरिद्रीकरण तक पहुँचा दिया। परीक्षण कीजिए।
B. How did Rinderpest come to Africa?
रिंडरपेस्ट/पशु महामारी अफ्रीकी तक कैसे आई?
C. Compare the experience of indentured labourers in the Caribbean with labour in the 21st century.
कैरीबियाई करारबद्ध मजदूरों के अनुभवों की तुलना इक्कसवीं सदी के मजदूरों से कीजिए।
D. List two problems faced by indentured Indian labourers in the Caribbean.
कैरिबियन में करारबद्ध भारतीय मजदूरों द्वारा सहन की गई दो समस्याओं को सूचीबद्ध कीजिए।

(a) Only A and B / केवल A और B
(b) Only B and C / केवल B और C
(c) Only A and C / केवल A और C
(d) only A and D / केवल A और D

Ans. (c) : चिन्तन की क्रिया में जब किसी विषय वस्तु के पक्ष, विपक्ष, गुण अवगुण, का मुक्त भाव से वस्तुपरक विश्लेषण करते हुए कोई निर्णय लेने हैं तो उसे आलोचनात्मक चिन्तन या समीक्षात्मक चिन्तन कहा जाता है। रिन्डरपेस्ट/पशु महामारी ने अफ्रीका देशों को दरिद्रीकरण तक पहुँचा दिया। परीक्षण कीजिए? तथा कैरीबीयाई करारबद्ध मजदूरों के अनुभवों की तुलना इक्कीसवीं सदी के मजदूरों से कीजिए? इन दोनों प्रश्नों से आलोचनात्मक चिन्तन के सर्वाधिक अवसर प्राप्त होता है।

50. Which of the following is true about assessment based on multiple choice questions?
बहुवैकल्पिक प्रश्नों पर आधारित आकलन के विषय में कौन-सा कथन सत्य है?

A. Allow wide coverage of syllabus
पाठ्यक्रम का विस्तृत प्रयोग संभव
B. Used only for summative assessment
केवल योगात्मक आकलन के लिए प्रयुक्त
C. Limited assessment of language abilities
भाषाई योग्यता का सीमित आकलन
D. Reduced bias in evaluation
विद्यार्थी में सुधार के लिए सीमित संभावना
E. Less chance of bias in evalutiaon
मूल्यांकन में पक्षपात की कम संभावना

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, B and C only/केवल A, B और C
(c) A, C, D and E/ A, C, D और E
(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (c) : बहुवैकल्पिक प्रश्नों पर आधारित आकलन से पाठ्यक्रम का विस्तृत प्रयोग सम्भव हैं क्योंकि इसमें प्रश्नों का स्वरूप बहुत छोटा होता है। इसमें केवल उत्तर का चयन करना होता है इसलिए इसमें भाषाई योग्यता का पूर्ण पता नहीं चलता है। इसमें विद्यार्थियों में सुधार की सीमित सम्भावना होती है। चूकि उत्तर पहले से प्रस्तुत होता है केवल विद्यार्थी को सही उत्तर चयन करना होता है अतः इस प्रक्रिया में मूल्यांकन में पक्षपात की कम सम्भावना रहती है तथा कम समय भी लगता है।

51. you have to discuss Non-Cooperation movement in the next class. Which of the following aspects would you most emphasize to develop an understanding of the event/events?
आपको अपनी अगली कक्षा में असहयोग आन्दोलन पर चर्चा करनी है। इनमें से किस पक्ष/पक्षों पर छात्रों में घटना/घटनाओं की समझ विकसित करने के लिए बल देंगे–

A. when did it happen?/यह आन्दोलन कब हुआ?
B. Where all did it have its impact?
इसका प्रभाव क्षेत्र क्या था?

C. Who were the main participants of the movement?/ आन्दोलन में मुख्यतः किस-किस ने भाग लिया?

D. What was the outcome of the event?/ इसका परिणाम क्या हुआ?

E. Evaluating the correctness of the tribal and peasant actions?/ किसानों और जनजातियों की क्रियाओं के औचित्य का मूलयांकन सबसे सही विकल्प चुनें–

(a) Only A, B, C and D/केवल A, B, C तथा D
(b) Only B, C, D and E/ B, C, D तथा E
(c) Only A, C, D and E/केवल A, C, D तथा E
(d) Only A, B, C and E/केवल A, B, C तथा E

Ans. (a) : शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में किसी भी विषय पर अध्यापन कार्य से पूर्व यह निश्चित होना चाहिए कि सम्बन्धित विषय के अध्ययनोपरान्त छात्रों के ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा। कक्षा में असहयोग आन्दोलन विषय पर चर्चा करने पर हम छात्रों में घटनाओं की समझ विकसित करने के लिए इस बात पर बल देगे कि- असहयोग आन्दोलन कब हुआ? इसका प्रभाव क्षेत्र क्या था? इस आन्दोलन में मुख्यतः किस-किस ने भाग लिया तथा इसका क्या परिणाम हुआ?

52. If students do not understand what is being taught in a class, the teacher needs to_____.
यदि छात्रों को समझ में नहीं आता है कि कक्षा में क्या पढ़ाया जा रहा है, तो शिक्षक को चाहिए कि वह–

(a) tell students to study on their own.
विद्यार्थियों को स्वयं अध्ययन करने के लिए कहे।
(b) explain the concept again in a different way./अवधारणा को फिर से अलग तरीके से समझाए।
(c) ask the monitor to provide notes.
मोनिटर से नोट्स उपलब्ध कराने के लिए कहे।
(d) leve the topic for another day.
विषय को एक और दिन के लिए छोड़ दे।

Ans. (b) : यदि छात्रों को समझ में नहीं आता है कि कक्षा में क्या पढ़ाया जा रहा है तो शिक्षक को चाहिए कि वह अवधारणा को फिर अलग तरीके से समझाए। तब तक विद्यार्थियों को सम्बन्धित विषय समझाए जब तक विद्यार्थियों को सम्बन्धित विषय समझ नहीं आता है तब तक शिक्षण कार्य शून्य है। शिक्षक को चाहिए कि उचित शैक्षिक तकनीकों के प्रयोग से छात्रों में सम्बन्धित विषय की समझ विकसित करे।

53. As a social science teacher, you would like to address the students on the subject and its relationship with the nation.
Which of the following approaches would be most appropriate for planning lessons?
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका होने के नाते आप विषय सम्बन्धी धारणाओं और उनका राष्ट्र के साथ सम्बन्ध, को सम्बोधित करना चाहती हैं। निम्न में से कौन-से उपागम पाठ योजना हेतु सबसे उपयुक्त होंगे?

A. Emphasize on how developmental challenges like poverty and illiteracy have failed the nation./ किस प्रकार विकासात्मक चुनौतियों जैसे गरीबी और निरक्षरता ने राष्ट्र को विफल कर दिया है, पर जोर देंगी।

B. Incorporate local perceptions on how people relate with the nation./ लोग राष्ट्र के साथ स्वयं को कैसे जोड़कर देखते हैं इस पर स्थानीय बोध को शामिल करना।

C. Accommodate within the discussions multiple ways of imagining the nation. / राष्ट्र की परिकल्पना के विविध तरीकों को चर्चा में समायोजित करना।

Choose the correct option./सबसे सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only A and C/ केवल A और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (b) : विषय सम्बन्धी धारणाओं और उनका राष्ट्र के साथ सम्बन्ध, को सम्बोधित करने से पूर्व पाठ योजना हेतु सबसे उपयुक्त उपागम-लोग राष्ट्र के साथ स्वयं को कैसे जोड़कर देखते हैं इस पर स्थानीय बोध को शामिल करना तथा राष्ट्र की परिकल्पना के विविध तरीकों को चर्चा में समायोजित करना है। उपागम का अर्थ शिक्षण में शिक्षण अधिगम के विभिन्न सिद्धान्तों विधियों एवं प्रविधियों के प्रयोग से है।

54. The writings of which of the following persons can be attributed as a secondary source?
निम्नलिखित में से किस लेखक के लेखन को द्वितीय स्रोत के रूप में मान सकते हैं–

(a) Willam Adam/विलयम एडम
(b) Alexander Mackenzie/एलेग्जेंडर मैकन्जी
(c) Herodotus/हेरोडोटस
(d) Richard Evans/रिचार्ड इवान्स

Ans. (d) : रिचार्ड इवान्स के लेखन को द्वितीयक स्रोत के रूप में मानते हैं। जो आँकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह संस्था/संगठन द्वारा एकत्रित किए जाते है। आँकड़ों के प्राथमिक स्रोत है। जो आँकड़े प्राथमिक स्रोत की सहायता से व्युत्पादित किए जाते हैं उन्हें आँकड़ों के द्वितीय स्रोत कहलाते है। एडम की रिर्पोट जो जुलाई 1835 में प्रस्तुत की, अलेक्जेण्डर मैकेन्जी जिन्होनें 1793 में 1100 मील के मार्ग का पता लगाया तथा हेरोडोटस द्वारा लिखी गयी पुस्तक हिस्टोरिका प्राथमिक स्रोत के उदाहरण हैं। रिचार्ड इवान्स जो ब्रिटिश इतिहासकार है उन्होने 18 पुस्तकों की रचना की। उन्होने पुस्तकों की रचना घटना को प्रत्यक्ष देखकर नहीं किया है। यही कारण है। कि इनके लेखन को द्वितीय स्रोत माना जाता है।

55. The following are some important sources of statistical data which can be used to prepare project reports:
निम्नलिखित सांख्यिकी आंकड़ों के कुछ महत्त्वपूर्ण के स्रोत हैं जो परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रयोग किए जा सकते हैं।

A. State Government/राज्य सरकार
B. Union Government/केन्द्र सरकार
C. Newspapers/समाचारपत्र
D. Wikipedia/विकिपीडिया

Which of the above can be considered as reliable and authentic?/ उपर्युक्त में से कौन-सा विश्वसनीय तथा प्रामणिक माना जा सकता है?

(a) Only A, B and C/केवल A, B तथा C
(b) Only A and B/केवल A तथा B
(c) Only B and C/केवल B तथा C
(d) Only B and D/केवल B तथा D

Ans. (b) : परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए राज्य सरकार के सांख्यिकी आँकडे तथा केन्द्र सरकार के सांख्यिकी आँकड़ें प्रयोग किए जा सकते हैं। आँकड़ों के ये दोनों स्रोत विश्वसनीय तथा प्रामाणिक हैं। विकीपीडिया और समाचार पत्र सांख्यिकी आँकड़े राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से प्राप्त करते हैं अतः हमें राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से आँकड़े लेना सर्वाधिक विश्वसनीय होगा।

56. The following questions are generally used in a social science class. Choose those which provide a greater scope for developing critical thinking
निम्नलिखित प्रश्न सामाजिक विज्ञान की कक्षा में सामान्यतः प्रयोग किए जाते हैं। उनका चयन कीजिए जो समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए सर्वाधिक अवसर उपलब्ध कराते हैं।

A. In what ways are present-day elections different from the ways in which rulers were chosen in Janapadas
वर्तमान चुनाव उन प्रकारों से किस प्रकार भिन्न है जिनसे जनपदों के शासक का चयन होता था।

B. You were a member of kammakars, write a letter to your raja to allow you to participate in the ganas./ आप कम्माकरों के सदस्य थे, अपने राजा को पत्र लिखें ताकि आपको गणों में भाग लेने की अनुमति मिल जाए।

C. What could be the reasons dasas and kammakaras were not allowed to participate in the ganas?/ क्या कारण हो सकते हैं कि दासों और काम्माकरों को गणों में भाग लेने की अनुमति नहीं थी?

D. Who were the groups who could not participate in the assembly of the ganas?/ कौन से वो समूह थे जो गणों की सभा में भाग नहीं ले सकते थे?

Choose the correct option.
सबसे सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only A, B and C/केवल A, B और C
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only C/केवल C
(d) Only D/ केवल D

Ans. (a) : वर्तमान चुनाव उन प्रकारों से किस प्रकार भिन्न है जिनसे जनपदों के शासक का चयन होता है, आप कम्माकरों के सदस्य थे, अपने राजा को पत्र लिखें ताकि आपको गणों में भाग लेने की अनुमति मिल जाए तथा क्या कारण हो सकते हैं कि दासों और काम्माकरों को गणों में भाग लेने की अनुमति नहीं था? ये प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए सर्वाधिक अवसर उपलब्ध कराती है। समालोचनात्मक चिंतन एक ऐसी क्षमता है जिससे वस्तुनिष्ठ तरीके से सूचना और अनुभव का विश्लेषण किया जा सकता है। यह खुले दिमाग के साथ किसी मुद्दे पर पहुँचने के लिए अवसर उपलब्ध कराता है।

57. Which of the following questions try/tries to assess the procedural knowledge of students?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा छात्रों के प्रक्रियात्मक ज्ञान को आँकने का प्रयास करता है?

A. How is Gross Domestic Product estimated?/ सकल घरेलू उत्पाद को अनुमानित कैसे किया जाता है?

B. Give full forms of the following :
निम्नलिखित का पूर्ण रूप दीजिये :
ILO, FAO, UNESCO, UNICEF और WHO

C. How is infant mortality ratio different from maternal mortality ratio?/ शिशु-मृत्यु दर से मातृ मृत्यु दर कैसे भिन्न है?

D. Disscuss the ways in which a permanent and regular job is different from a casual job?/ उन तरीकों पर चर्चा करें जिनमें एक स्थायी एवं नियमित रोजगार भिन्न है एक अनियमित रोजगार से।

E. Describe the process for conducting panchayat elections in India./ भारत में पंचायत चुनाव कराने की प्रक्रिया का व्याख्यान करें।

Choose the correct option./सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, C and E/ A, C और E

Ans. (d) : छात्रों के प्रक्रियात्मक ज्ञान को आँकने का प्रश्न हैं-
(A) सकल घरेलू उत्पाद को अनुमानित कैसे किया जाता है?
(C) शिशु-मृत्यु दर से मातृ मृत्यु दर कैसे भिन्न है?
(E) भारत में पंचायत चुनाव कराने की प्रक्रिया की व्याख्या करें?
वह ज्ञान जिसे किसी कार्य के प्रदर्शन के दौरान प्रयोग में लाया जाता है प्रक्रियात्मक या व्यवहारिक ज्ञान कहलाता है।

58. Which of the following question attempt to assess metacognitive knowledge?
इनमें से कौन-सा/से प्रश्न परा बौद्धिक (मैटा कॉग्निटिव) ज्ञान का आकलन करते हैं?

A. What do the names of different textiles tell us about their histories?/कपड़ों के भिन्न-भिन्न नाम उसके इतिहास के विषय में क्या बताते हैं?

B. Identify a marginalized community in your locality. Write a poem, or song, or draw a poster etc. to express your fellings as a member of this community./ अपनी बस्ती के हाशियाई-समुदाय के सदस्य के रूप में अपनी भावनाएँ प्रकट करने के लिए कविता या गीत या पोस्टर बनाएँ।

C. **What is Indian secularism? List a few important features in the Indian constitution that promotes secularism./ भारतीय धर्म निरपेक्षता क्या है? संविधान की कुछ विशेषताएँ जो धर्म निरपेक्षता को बढ़ावा देती है, को सूचीबद्ध करें।**

D. **Look into the history of any tea plantation in India. Examine how the life of workers in these plantations was similar to or different from that of workers in indigo plantations./भारत के किसी भी चाय बागान के इतिहास का अवलोकन करें। इनके मजदूर किस प्रकार नील की खेती के मजदूरों से भिन्न या समान थे? परीक्षण करें।**

E. **What impact did bahadur Shag Zafar's support to the rebellion have on the people and the ruling families?/ बहादुर शाह जफर के द्वारा विद्रोह का समर्थन करने से लोगों और शासक परिवारों पर क्या प्रभाव पड़ा?**

Choose from the following options.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A, B, C and E/ A, B, C और E
(b) B, C, D and E/ B, C, D और E
(c) B, D and E/ B, D और E
(d) C, D and E/ C, D और E

Ans. (c) : परा बौद्धिक (मैटा कॉग्निटिव) ज्ञान किसी समझ और प्रदर्शन की योजना, निगरानी और आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया को सन्दर्भित करता है। इस शब्द का विकास जान एच. फ्लेवेल ने 1976 में किया था। पराबौद्धिक ज्ञान के आकलन में प्रश्न B, D और E सहायक होगे।

59. Which of the following questions assess the 'analysis' aspect of the cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'विश्लेषण' पहलू का आकलन करते हैं?

A. **Who was Rosa Parks? How did she protest the law on segregation?/ रोज़ा पार्क्स कौन थी? उन्होंने कैसे वियोजन विभेद के कानून का विरोध किया?**

B. **How is the Civil Rights Act 1964 different from the Right to information Act 2005?/1964 का नागरिक अधिकार कानून 2005 के सूचना का अधिकार से कैसे अलग है?**

C. **Differentiate between economic and non-economid activities./ आर्थिक और गैर-आर्थिक गतिविधियों में भेद कीजिए।**

D. **Describe the president's role in making a law./ कानून बनाने में राष्ट्रपति की भूमिका का व्याख्यान कीजिए।**

E. **List three features that lead to population change./ तीन विशिष्टताओं को सूचीबद्ध कीजिए जिन्होंने जनसंख्या परिवर्तन का रास्ता दिखाया।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) D and E/ D और E

Ans. (b) : दिए गए प्रश्नों में 1964 का नागरिक अधिकार कानून 2005 के सूचना का अधिकार से कैसे अलग है? तथा आर्थिक और गैर-आर्थिक गतिविधियों में भेद कीजिए? ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'विश्लेषण' पहलू का आकलन करते हैं। किसी विधान या व्यवस्थाक्रम की सूक्ष्मता से परीक्षण करने की तथा उसके मूल तत्वों को खोजने की क्रिया को 'विश्लेषण' नाम दिया जाता है। विश्लेषण का अर्थ एक को अनेक करना है।

60. Read the following questions. Which of them assess the 'application' aspect of the cognitive process?
निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए। इनमें से कौन-सा ज्ञानात्मक प्रक्रिया के अनुप्रयोग पहलू का आकलन करता है?

A. **Give examples of five economic activities. आर्थिक गतिविधियों के पाँच उदाहरण दीजिए।**

B. **List five public sector companies. सार्वजनिक क्षेत्र की पाँच कंपनियों को सूचीबद्ध करें।**

C. **What do you understand by the term 'agricultural development'?/कृषि-विकास शब्द से क्या समझते हैं?**

D. **Describe subsistence farming./निर्वाह कृषि की व्याख्या कीजिए।**

E. **What is the main feature of plantation agriculture?/रोपण कृषि की मुख्य विशेषता क्या है?**

Choose the correct option./सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A and B/ A तथा B (b) B and C/ B तथा C
(c) C and D/ C तथा D (d) A and C/ A तथा C

Ans. (a) : ज्ञानात्मक प्रक्रिया के अनुप्रयोग पहलू का आकलन करने वाले प्रश्न हैं–
(A) आर्थिक गतिविधियों के पाँच उदाहरण दीजिए।
(B) सार्वजनिक क्षेत्र की पाँच कंपनियों को सूचीबद्ध करें।
आकलन करने से अभिप्राय सीखने सीखाने की प्रक्रिया में सुधार करने से है। आकलन से त्रुटियों का पता चलता हैं एवं उसमें सुधार किया जा सकता हैं रोपण कृषि से चाय, कहवा, काजू, रबर इत्यादि उगाये जाते है। यह एक फसली कृषि है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 05 जनवरी, 2022)

1. Which of the following statements are correct about the famous epic silapadikaram:
निम्नलिखित में से कौन-से कथन प्रख्यात महाकाव्य सिलाप्पादिकारम के विषय में सही हैः

A. It was composed by Ilango
यह इलांगो द्वारा रचित है

B. It was composed in Tamil language
यह तमिल भाषा में रचित है

C. This describes the story of the daughter of Kovalan and Madhavi
इसमें कोवलन और माधवी की बेटी की कहानी है

D. It was composed around 500 years ago.
उसकी रचना लगभग 500 वर्ष पूर्व की गई

Choose the correct option:-
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) B and C only/ केवल B और C
(c) C and D only/ केवल C और D
(d) A, C and D only/ केवल A, C और D

Ans. (a) : सिलाप्पादिकारम के विषय में सही जानकारी, यह इलांगो द्वारा रचित है और यह तमिल भाषा में हैं। सिलाप्पादिकारम को तमिल साहित्य के प्रथम महाकाव्य के रूप में जाना जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है– ''नूपुर की कहानी'' इस महाकाव्य की रचना चेर वंश के शासक सेन गुट्टुवन के भाई इलांगो आदिगल ने लगभग ईसा की दूसरी-तीसरी शताब्दी में की थी। इस महाकाव्य के नायक कोवलन और नायिका कण्णगी हैं।' इस महाकाव्य में कवि ने तत्कालीन तमिल समाज का सजीव चित्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ समाज में प्रचलित नृत्यों, व्यवसायों आदि का भी परिचय दिया है।

2. Which of the following political powers were the three parties, in the "tripartite struggle" for the control of Kannauj?
कन्नौज पर नियंत्रण के लिए निम्नलिखित राजनीतिक शक्तियों में कौन से 'त्रिपक्षीय संघर्ष' के तीन पक्ष थे?

(a) Gurjara-Pratihara, Rashtrakuta and Pala
गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल
(b) Chola, Chalukya and Pandya
चोल,चालुक्य और पांड्य
(c) Gurjara-Pratihara, Rasjhtrakuta and Chalukya
गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और चालुक्य
(d) Rashtrakuta, Chalukya and Pala
राष्ट्रकूट, चालुक्य और पाल

Ans. (a) : कन्नौज पर नियंत्रण के लिये गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल ये तीनों राजनीतिक शक्तियाँ संघर्ष के पक्ष में थी। कन्नौज का व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण स्थान था। इसलिये तीनों शक्तियाँ अपने अधिकार में लेने के लिये संघर्षरत रहते थे। पाल साम्राज्य की स्थापना 750 ई. में गोपाल ने की थी। तिब्बती लामा व इतिहासकार तारानाथ के अनुसार गोपाल ने ओदंतपुरी में एक बौद्ध मठ का निर्माण करवाया था। प्रतिहार अग्निकुल के राजपूतों में सर्वाधिक प्रसिद्ध वंश था। ग्वालियर प्रशस्ति में इन्हें राम के छोटे भाई लक्ष्मण का वंशज बताया गया है। इस वंश की स्थापना हरिश्चन्द्र नामक राजा ने की थी। किन्तु इस वंश का प्रथम वास्तविक शासक नागभट्ट प्रथम था। राष्ट्रकूट वंश की स्थापना दंतिदुर्ग ने की थी। दन्तिदुर्ग ने उज्जैन में हिरण्यगर्भ नामक महायज्ञ किया था।

3. Ashokan inscriptions have been found in several places within and outside the country. Which of the following options show the correct locations?
अशोक के शिलालेख देश के भीतर और बाहर कई जगहों पर मिले हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही जगहों को दर्शाता है?

(a) Kalibangan, chanhudaro, Dholavira, Sotkakoh
कालीबंगा, चन्हूदड़ों, धौलावीरा, सोत्काकोह
(b) Jaugada, Maski, Topra, Lampaka
जौगड़, मस्की, टोपरा, लम्पक
(c) Ganweriwala, Inamgaon, Daojali Hading
गंवेरीवाला, इनामगाँव, दाओजली हेडिंग
(d) Hunsgi, Bhimbetka, Kurnool, Paiyampalli
हुँस्गी, भीमबेटका, कुरनूल, पैय्यमपल्ली

Ans. (b) : अशोक के शिलालेख देश के भीतर और बाहर कई जगहों पर मिले हैं जिनमें से जौगड़, मस्की, टोपरा, लम्पक आदि है। मौर्य साम्राज्य बहुत बड़ा था इसलिये अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग ढंग से शासन किया जाता था। पाटलिपुत्र और उसके आस-पास के इलाकों पर सम्राट का सीधा नियंत्रण था।
अशोक के कुछ महत्वपूर्ण शिलालेख–
(i) जौगड़- उड़ीसा के गंजाम जिले में स्थित है।
(ii) मस्की - कर्नाटक के रायचूर जिले में स्थित है।
(iii) दिल्ली-टोपरा - यह प्रारम्भ में उ0प्र0 के सहारनपुर जिले में स्थापित था, बाद में फिरोजशाह तुगलक द्वारा दिल्ली लाया गया।

4. Two thousand years ago, a trader narrates that he has been to Gaza, Petra and Apologos. Which of the following trade routes has he travelled through?
दो हज़ार साल पहले, एक व्यापारी ने बताया कि वह गाज़ा, पेट्रा और अपोलोगोस में जा चुका है।

निम्नलिखित में से कौन-से व्यापार मार्ग के माध्यम से उसने यात्रा की?

(a) Route controlled by Roman emperors
मार्ग जिन पर रोमन शासकों का नियंत्रण था।

(b) Route under the rulers of Persia
मार्ग जिन पर फ़ारसी शासकों का नियंत्रण था।

(c) Route controlled by Kushanas
मार्ग जिन पर कुषाणों का नियंत्रण था।

(d) Route under the rulers of China
मार्ग जिन पर चीनी शासकों का नियंत्रण था।

Ans. (a) : दो हजार साल पहले एक व्यापारी ने बताया कि वह गाजा, पेट्रा और अपोलोगोस में जा चुका है। वह मार्ग जिस पर रोमन शासकों का नियंत्रण था के माध्यम से उसने यात्रा की। रोमन साम्राज्य को दो चरणों में बाँटा जा सकता है। जिन्हें पूर्ववर्ती और परवर्ती चरण कह सकते हैं। सम्पूर्ण साम्राज्य में दूर-दूर तक अनेक नगर स्थापित किए गए थे जिनके माध्यम से समस्त साम्राज्य पर नियंत्रण रखा जाता था। इन शहरों के माध्यम से सरकार प्रांतीय ग्रामीण क्षेत्रों पर कर लगाने में सफल हो पाती है। जिससे साम्राज्य को कर वसूली और अपने क्षेत्रों के प्रशासन के कार्य में सक्रिय सहायता देते थे।

5. Read the statements and choose the correct option.
निम्न कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

Statement (A): Behind emperor Shahjahan's throne <u>peitra dura</u> images depicted the legendary Greek God Orpheus playing the lute. It was believed that Orpheu's music could calm ferocious beasts until they coexisted together peaceably.
कथन A: सम्राट शाहजहाँ के सिंहासन के पीछे <u>पितरा दूरा</u> के जड़ाऊ काम में पौराणिक यूनानी देवता ऑर्फियस को वीणा बजाते हुए चित्रित किया गया था। ऐसा माना जाता था कि ऑर्फियस का संगीत आक्रामक जानवरों को भी शांत कर सकता था और वे शांतिपूर्वक एक-दूसरे के साथ रहने लगते थे।

Statement (B): The construction of Shahjahan's audience hall aimed to communicate where all could live together in harmony.
कथन B: शाहजहाँ के सार्वजनिक सभा भवन का निर्माण एक ऐसी दुनिया के निर्माण को सूचित करता था जहाँ सभी सद्भाव के साथ रह सकेंगे।

(a) (A) is true, but (B) is false.
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।

(b) (A) is false, but (B) is true.
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./(A) और (B) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (B) करता है।

(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A).
(A) और (B) दोनों सहीं है, किन्तु (A) की सही की व्याख्या (B) नहीं करता है।

Ans. (c) : सम्राट शाहजहाँ के सिंहासन के पीछे पितरा-दुरा के जड़ाऊ काम की एक श्रृंखला बनाई गई थी, जिसमें पौराणिक यूनानी देवता ऑर्फियस को वीणा बजाते हुये चित्रित किया गया था। ऐसा माना जाता था कि आर्फियस का संगीत आक्रामक जानवरों को भी शांत कर सकता था और वे शांतिपूर्वक एक-दूसरे के साथ रहने लगते थे और शाहजहाँ के सार्वजनिक भवन का निर्माण एक ऐसी दुनिया के निर्माण को सूचित करता था जहाँ सभी सद्भाव के साथ रह सकेंगे। इस प्रकार कथन (A) और (B) दोनों सही है। (A) की सही व्याख्या (B) करता है। शाहजहाँ ने दिल्ली के लाल किले में अपने नवनिर्मित दरबार में राजकीय न्याय और शाही दरबार के अन्तः सम्बन्ध पर बहुत बल दिया।

6. Which of the following are true about Rigvedic society?
ऋग्वैदिक काल के विषय में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

A. There was no regular army.
कोई स्थायी सेना नहीं होती थी।

B. Some of the hyms were composed by women.
कुछ प्रार्थनाओं की रचना महिलाओं ने की थी।

C. <u>Dasas</u> and <u>Dasyus</u> also performed sacrifices./ दास और दस्यु भी यज्ञ करते थे।

D. The <u>Rajas</u> did not have capital cities or places./ राजाओं के पास राजधानी, नगर या महल नहीं थे।

सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/केवल A और B
(b) A, B and D only/केवल A, B और D
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) B and D only/केवल B और D

Ans. (b) : ऋग्वैदिक काल के विषय में सही कथन है, कोई स्थायी सेना नहीं होती थी, कुछ प्रार्थनाओं की रचना महिलाओं ने की थी, और राजाओं के पास राजधानी, नगर या महल नहीं थे। ऋग्वैदिक काल में आर्यों के भौतिक जीवन के बारे में कुछ आभास मिलता है। भारत में उनकी सफलता के कारण थे– घोड़े, रथ और संभवतः कांसे के कुछ अस्त्र-शस्त्र व उपकरण जिनके बारे में हमें पुरातात्विक प्रमाण मिले हैं। ऋग्वेद के प्राचीनतम काल में 'फाल' का उल्लेख मिलता है। आर्यों को विभिन्न ऋतुओं के बारे में जानकारी थी। मैक्समूलर ने आर्यों का निवास स्थान मध्य एशिया माना है जो कि सर्वाधिक मान्य अवधारणा है।

7. "just as the waters of rivers lose their names and separateness when they flow into the mighty ocean, so are Varna and ranks and family forgotten…..".
''जिस तरह महासागरों में मिलने पर नदियों की अलग-अलग पहचान समाप्त हो जाती है ठीक उसी तरह ..... वे अपना वर्ण, श्रेणी और परिवार सब त्याग देते हैं''।
यह उद्धरण किस ग्रन्थ से लिया गया है?

(a) Buddhist text/बौद्ध ग्रंथ (b) Jaina text/जैन ग्रंथ
(c) Pali text/पाली ग्रंथ (d) Vedic text/वैदिक ग्रंथ

Ans. (a) : जिस तरह महासागरों के मिलने पर नदियों की अलग-अलग पहचान समाप्त हो जाती है ठीक उसी तरह बुद्ध के अनुयायी अपना वर्ण श्रेणी और परिवार सब त्याग देते हैं यह प्रसिद्ध उद्धरण बौद्ध ग्रंथ से संबंधित हैं। संघ में प्रवेश लेने वालों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, व्यापारी, मजदूर, नाई, गणिकाएँ तथा दास शामिल थे। प्रायः किसी धनी व्यापारी, राजा अथवा भूस्वामी द्वारा दान में दी गयी भूमि पर विहार का निर्माण होता था। स्थानीय व्यक्ति भिक्षु-भिक्षुणियों के लिए

भोजन वस्त्र तथा दवाईयाँ लेकर आते थे। जिसके बदले ये उन लोगों को शिक्षा देते थे। आगे आने वाले शताब्दियों में बौद्ध धर्म उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों में भी फैल गया।

8. The 'nij' system of indigo cultivation had its own set of problems for the peasants during the East India Company.
Which of the following problems that they faced was a consequence of the 'nij' system?
ईस्ट इंडिया कंपनी के दौरान नील खेती की 'निज' व्यवस्था के किसानों के लिए अपनी अलग समस्याएँ थीं। उन्होनें 'निज' व्यवस्था के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से समस्याओं का सामना किया?

(a) Those living around the indigo factory faced eviction from their land.
जो नील की फैक्ट्री के आस-पास रहते थे, उन्हें उनकी ज़मीनों से हटवा दिया गया।
(b) One-fourth of their land were forced into indigo-cultivation.
उन्हें अपनी ज़मीन के एक-चौथाई हिस्से में नील की खेती करने के लिए मजबूर किया गया।
(c) Contracts got them cash advances but the debt kept increasing./अनुबंधों ने उन्हें अग्रिम धन तो दिलाया परंतु उनके ऋण बढ़ते रहे।
(d) The village headmen were forcing them to sign contracts./ग्राम प्रमुख उन्हें अनुबंध करने के लिए मजबूर कर रहे थे।

Ans. (a) : ईस्ट इंडिया कम्पनी के दौरान नील खेती की 'निज' व्यवस्था के किसानों के लिए अपनी अलग समस्याएँ थी, उन्होंने नील की फैक्ट्री के इर्द-गिर्द पट्टे पर जमीन लेने के प्रयास किए और वहाँ के किसानों को हटवा दिया गया। बागान मालिकों को निज खेती का क्षेत्रफल फैलाने में मुश्किल आ रही थी। नील की खेती केवल उपजाऊ जमीन पर की जा सकती थी। ऐसी जमीनों पर आबादी पहले से बहुत ज्यादा थी। यहाँ छोटे मोटे खेत ही उनके हाथ लग पाते थे। नील की खेती करने के लिए उन्हें बड़े-बड़े भूखण्डों की जरूरत पड़ती थी। इसलिए वहाँ से किसानों को हटवा दिया गया। इससे टकराव और तनाव पैदा हो जाता था।

9. Who among the following published a book, 'Stripurushatulna' criticising the social differences between men and women.
निम्नलिखित में से किसने स्त्री-पुरुष तुलना नाम से एक किताब प्रकाशित की जिसमें पुरुषों और महिलाओं के बीच मौजूद सामाजिक फ़र्कों की आलोचना की गई थी?

(a) Pandita Ramabai/पंडिता रमाबाई
(b) Savitribai Phule/सावित्रीबाई फूले
(c) Ishwarchandra Vidyasagar/ईश्वरचंद्र विद्यासागर
(d) Tarabai Shinde/ताराबाई शिंदे

Ans. (d) : ताराबाई शिंदे की एक किताब 'स्त्री-पुरुष तुलना' नाम से प्रकाशित हुयी, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के बीच मौजूद सामाजिक फर्कों की आलोचना की गयी। अपने निबंध में शिंदे ने जाति की सामाजिक असमानता के साथ ही साथ अन्य कार्यकर्ताओं के पितृसत्तात्मक विचारों की आलोचना की जो हिन्दू समाज में जाति को ही विरोध भाव का मुख्य रूप मानते थे। इनका जन्म मराठी कुनबी परिवार में हुआ था। उनके पिता हरि शिंदे, ज्योतिबा फुले के ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन से जुड़े थे। ताराबाई के पिता सत्यशोधक समाज के सदस्य थे।

10. Which of the following was associated with the movement against caste distinction?
निम्नलिखित में से किसका संबंध जातिगत भेदभाव के विरुद्ध आन्दोलन से था?

(a) Sanatam Dharma Sabhas/सनातन धर्म सभा
(b) Bharat Dharma Mahamandal/भारत धर्म महामंडल
(c) Satnami Movement/सतनामी आन्दोलन
(d) Brahman Sabha/ब्राह्मण सभा

Ans. (c) : सतनामी आन्दोलन का संबंध जातिगत भेदभाव के विरुद्ध आन्दोलन से था। मध्य भारत में सतनामी आन्दोलन की शुरुआत घासीदास ने की थी। सामाजिक स्थिति में सुधार करने के लिए आन्दोलन छेड़ दिया। पूर्वी बंगाल में हरिदास ठाकुर के मतुआ पंथ ने चाण्डाल कास्तकारों के बीच काम किया। हरिदास ने जाति प्रथा को सही ठहराने वाले ब्राह्मणवादी ग्रंथों पर सवाल उठाया। जातिगत भेदभाव के विरुद्ध कई अन्य नेता थे। जिनमें एक विशेष उल्लेखनीय योगदान ज्योतिबा फुले का था। इनका जन्म 1827 ई. में हुआ था। उन्होंने ब्राह्मणों के इस दावें पर खुलकर हमला बोला कि आर्य होने के कारण वे औरों से श्रेष्ठ हैं।

11. Assertion (A): The Satnami movement in Central India was founded by Ghasidas.
कथन (A): मध्य भारत में सतनामी आंदोलन की शुरूआत घासीदास ने की।
Reason (R) by the second half of the nineteenth century, people from within the "lower" castes began organizing movements against caste discrimination and demanded social equality and justice.
कथन (R): उन्नीसवीं सदी के दूसरे हिस्से तक गैर-ब्राह्मण जातियों के भीतर से भी लोग जातीय भेदभाव के खिलाफ़ आवाज़ उठाने लगे थे और उन्होंने सामाजिक समानता और न्याय की माँग करते हुए आन्दोलन शुरू किया।
Choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सहीं हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : मध्य भारत में सतनामी आन्दोलन की शुरूआत घासीदास ने की तथा उन्नीसवीं सदी के दूसरे हिस्से तक गैर-ब्राह्मण जातियों के भीतर से भी लोग जातीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने लगे थे और उन्होंने सामाजिक समानता और न्याय की माँग करते हुए आन्दोलन शुरू किया। इस प्रकार कथन A और R दोनों सही हैं R सही व्याख्या करता है A की। जातीय प्रथा पंथों की स्थापना ऐसे लोगों ने की थी जो गैर-ब्राह्मण जातियों से थे और उनके बीच ही काम करते थे। उन्होंने उन आदतों और तौर-तरीकों को बदलने का प्रयास किया जो प्रभुत्वशाली जातियों का अपमान करने के लिए उकसाती थी।

12. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

Assertion (A): The Non-cooperation Movement gained momentum through 1921-22.
कथन (A) : 1921-22 के दौरान असहयोग आंदोलन को गति मिली।

Reason (R): Many lawyers such as Motilal Nehru, C.R. Das, C. Rajagopalachari and Asaf Ali gave up their practices.
कारण (R) : मोतीलाल नेहरू, सी. आर. दास, सी.राजगोपालाचारी और आसफ़ अली जैसे बहुत सारे वकीलों ने वकालत छोड़ दी।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : 1921-1922 के दौरान असहयोग आन्दोलन को गति मिली इस प्रकार कथन (A) सही है। मोतीलाल नेहरू, सी.आर. दास, सी.राजगोपालाचारी और आसफ़ अली जैसे बहुत सारे वकीलों ने वकालत छोड़ दी, इस प्रकार कारण (R) भी सही है। प्रश्न के अनुसार कथन और कारण दोनों सही है (R) सही व्याख्या करता है (A) की। राष्ट्रवादियों ने दिल्ली में जामिया मिलिया और वाराणसी में काशी विद्यापीठ जैसे नई शिक्षण संस्थाएँ स्थापित की। लोगों ने अपनी सरकारी नौकरियाँ छोड़ दी। वकीलों ने अदालतों का बहिष्कार किया, सारे देश में सार्वजनिक हड़ताले हुयी। 1921 में अहमदाबाद में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ जिसमें आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया था।

13. Read the following statements A and B and choose the correct option.
निम्न कथनों A तथा B को पढ़िये तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) After 1919, the struggle against the British rule gradually became a mass movement, involving peasants, tribals, students and women and Mahatma Gandhi emerged as a mass leader
1919 के बाद अंग्रेज़ों के खिलाफ़ चल रहा संघर्ष धीरे-धीरे एक जनांदोलन में तब्दील होने लगा जिसमें किसान, आदिवासी, विद्यार्थी और महिलाएँ बड़ी संख्या में जुड़ते गए और महात्मा गाँधी एक जन नेता के रूप में सामने आए।

(B): At times, using Gandhiji's name, tribals and peasants undertook actions that did not confirm to Gandhian ideals.
कई बार गाँधी जी का नाम लेकर आदिवासियों और किसानों ने ऐसी कार्रवाईयाँ की जो गाँधीवादी आदर्शों के अनुरूप नहीं थीं।

(a) (A) is true, but (B) is false.
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false, but (B) is true.
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are ture.
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : 1919 के बाद अंग्रेजों के खिलाफ चल रहा संघर्ष धीरे-धीरे एक जन आन्दोलन में तब्दील होने लगा जिसमें किसान, आदिवासी, विद्यार्थी और महिलाएँ बड़ी संख्या में जुड़ते गए और महात्मा गाँधी एक जन नेता के रूप में सामने आए। कई बार गाँधी जी का नाम लेकर आदिवासियों और किसानों ने ऐसी कारवाईयाँ की जो गाँधीवादी आदर्शों के अनुरूप नहीं थी। इस प्रकार कथन A और B दोनों सही हैं। 1920 ई. में कांग्रेस ने कलकत्ता के अपने विशिष्ट अधिवेशन में तथा नागपुर में 1920 ई. के अंत में आयोजित अपने वार्षिक अधिवेशन में गाँधीजी के नेतृत्व में सरकार के विरुद्ध संघर्ष की एक नयी योजना तैयार की गई। असहयोग आन्दोलन के समय कांग्रेस द्वारा विधान परिषदों के बहिष्कार का निर्णय लिया गया। इस विषय में कांग्रेस में दो मत थे।

14. Which of the following features are mentioned in the Indian Constitution, which came into effect on 26 January 1950 ?
निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ भारत के संविधान, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था, में मौजूद है?

(A) Adoption of Universal adult franchise.
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाना।

(B) All Indians above the age of 21 would be allowed to vote in state and national elections. /21 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में मतदान करने की अनुमति होगी।

सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) (A) is incorrect, (B) is correct.
A गलत है, B सही है।
(b) Both (A) and (B) are correct.
A और B दोनों सही हैं।
(c) Both (A) and (B) are incorrect.
A और B दोनों गलत हैं।
(d) (A) is correct, (B) is incorrect.
A सही है, B गलत है।

Ans. (b) : भारत के संविधान, को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसमें कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएँ थी जैसे सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाना तथा 21 वर्ष से अधिक के सभी भारतीयों को राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में मतदान करने की अनुमति होगी। इस प्रकार कथन A और B दोनों सही हैं। मूल संविधान में मतदान करने की आयु 21 वर्ष थी। बाद में 61वें संविधन संसोधन अधिनियम द्वारा मतदान करने की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया।

15. Identify the type of celestial bodies from the characteristics given below.
दी गयी विशेषताओं के आधार पर, खगोलीय पिंडों के प्रकार पहचानें-

A. They are made up of gases.
वे गैसों द्वारा बने हुए हैं।
B. They have their own heat and light.
उनकी अपनी रोशनी और गर्मी होती हैं।
C. They are big and hot./ वे बड़े और गर्म होते हैं।

(a) Galaxies/आकाश गंगा (b) Stars/तारे
(c) Planets/ग्रह (d) Satellites/उपग्रह

Ans. (b) : कुछ खगोलीय पिंड गैसों द्वारा बने होते हैं, तथा कुछ बड़े आकार वाले गर्म होते हैं। उनके पास अपनी ऊष्मा तथा प्रकाश होता है। जिसे वे बहुत बड़ी मात्रा में उत्सर्जित करते हैं। इन खगोलीय पिंडों को तारा कहते हैं। इस प्रकार ये सारी विशेषताएँ खगोलीय पिंड तारा के बारे में बताई गयी है। सूर्य, चन्द्रमा तथा वे सभी वस्तुएँ जो रात के समय में आसमान में चमकती है खगोलीय पिंड कहलाती हैं। आकाश गंगा करोड़ों तारों, बादलों तथा गैसों की एक प्रणाली है। इस प्रकार की लाखों आकाशगंगाएँ मिलकर ब्रह्माण्ड का निर्माण करती हैं। कुछ खगोलीय पिण्ड में अपना प्रकाश एवं ऊष्मा नहीं होती है वे तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं, ऐसे पिंड ग्रह कहलाते हैं। उपग्रह एक खगोलीय पिंड है जो ग्रहों के चारों ओर उसी प्रकार चक्कर लगाता है, जिस प्रकार ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।

16. Which of the following represents the correct matching of heat zones of the earth?
निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान पृथ्वी के ताप कटिबंध के विषय में सही है-

a.	**Torrid one/ उष्ण कटिबंध**	**(i)**	**Area lying between Tropic of Cancer and the Arctic Circle. कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य का क्षेत्र**
b.	**Temperate one/ शीतोष्ण कटिबंध**	**(ii)**	**Area lying between Arctic Circle and North Pole/ कर्क रेखा और उत्तर ध्रुव वृत्त के मध्य का क्षेत्र**
c.	**Frigid one/ शीतकटिबंध**	**(iii)**	**Area lying between Tripic of Cancer and Tropic of Capricorn/ उत्तर /ध्रुव वृत्त और उत्तर ध्रुव के मध्य का क्षेत्र**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) a-(iii), b-(i), c-(ii) (b) a-(ii), b-(iii), c-(i)
(c) a-(i), b-(iii), c-(ii) (d) a-(i), b-(ii), c-(iii)

Ans. (a) : कर्क रेखा एवं मकर रेखा के बीच के सभी अक्षांशों पर सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर होता है। इसलिये इस क्षेत्र में सबसे अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है, तथा इसे उष्ण कटिबंध कहा जाता है।
शीतोष्ण कटिबंध- कर्क रेखा और उत्तर ध्रुव वृत्त के मध्य का क्षेत्र तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिण ध्रुव वृत्त के मध्य का क्षेत्र शीतोष्ण कटिबंध कहलाता है।
शीत कटिबंध- उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत्त एवं उत्तरी ध्रुव के मध्य का क्षेत्र शीत कटिबंध कहलाता है क्योंकि यहां सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है, इसलिये ये शीत कटिबंध कहलाते हैं।
नोट- इस प्रकार सही समेलित करने पर इसका उत्तर (d) होगा जबकि आयोग ने इसका उत्तर (a) माना है।

17. Identify the meridian of longitude from the given characteristics.
दी गयी विशेषताओं के आधार पर देशांतर याम्योत्तर पहचानें-

A. The value of the line is 0^0.
इस रेखा का मान 0^0 है।
B. The line runs from North Pole to South Pole./ यह उत्तर ध्रुव से दक्षिण ध्रुव की ओर जाती है।
C. The line passes through Greenwich.
यह ग्रीनविच के मध्य से जाती है।

Choose the correct option./ सही विकल्प चुनें-
(a) 180^0 E and 180^0 W Meridian
180^0 पू. और 180^0 प. देशांतर
(b) Tropic of cancer/कर्क रेखा
(c) Equador/भूमध्य रेखा
(d) Prime Meridian/प्रमुख याम्योत्तर

Ans. (d) : दी गयी विशेषताओं के आधार पर देशांतर याम्योत्तर की पहचान करने पर इस रेखा का मान 0^0 है। यह उत्तर ध्रुव से दक्षिण ध्रुव की ओर जाती है और ग्रीनविच के मध्य से जाती है। इस प्रकार ये सभी विशेषता प्रमुख याम्योत्तर की है। ये याम्योत्तर विषुवत वृत्त को समकोण पर काटते हैं। सुविधाजनक गणना के लिये ग्रीनविच वेधशाला (लंदन के निकट) से गुजरने वाली देशांतरीय याम्योत्तर को अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के द्वारा प्रमुख याम्योत्तर माना गया है तथा इसे 0^0 का नाम दिया गया है। किसी स्थान का देशान्तर उस स्थान के प्रमुख याम्योत्तर के पूर्व या पश्चिम में उस स्थान की कोणीय दूरी होती है।

18. Which of the following is correct matching of the longitudes and latitudes?
निम्नलिखित में कौन-सा मिलान अक्षांश और देशांतर रेखाओं के लिए सही है?

A.	**Indian Standard meridian भारतीय याम्योत्तर**	**(i)**	**0^0**
B.	**Greenwich Meridian ग्रीनविच याम्योत्तर**	**(ii)**	$66\frac{1}{2}^0$ S
C.	**Antarctic Circle दक्षिणी ध्रुव वृत्त**	**(iii)**	$23\frac{1}{2}^0$ N
D.	**Tropic of Cancer कर्क रेखा**	**(iv)**	$82\frac{1}{2}^0$ E

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(b) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(c) A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii)
(d) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

Ans. (c) : भारत में $82\frac{1}{2}^0$ पूर्व ($82^0 30$ पूर्व) को मानक याम्योत्तर माना गया है। इस मानक याम्योत्तर के स्थानीय समय को पूरे देश का मानक समय माना जाता है इसे भारतीय मानक समय भी माना जाता है। पृथ्वी पर 0^0 देशान्तर पर खींची गई मध्याह्न रेखा प्रधान मध्याह्न रेखा या ग्रीनविच रेखा कहलाती है। दुनिया का मानक समय इसी रेखा से निर्धारित किया जाता है। $66\frac{1}{2}^0$ दक्षिण में दक्षिणी ध्रुव

वृत्त। उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा $23\frac{1}{2}^0$ उत्तर में है। समय को मापने का सबसे अच्छा साधन पृथ्वी, चन्द्रमा एवं ग्रहों की गति है। सूर्योदय एवं सूर्यास्त प्रतिदिन होता है। अतः स्वाभाविक ही है कि पूरे विश्व में समय निर्धारण का सबसे अच्छा साधन है।

19. Mediterranean vegetation is found in which of the following regions.
भूमध्यसागरीय वनस्पति निम्नलिखित में से कौन-से क्षेत्र में पायी जाती हैं?

A. Central America/ मध्य अमेरिका
B. California in the USA
संयुक्त राज्य अमेरिका में कैलिफोर्निया
C. South-West Africa/ दक्षिण -पश्चिमी अफ्रीका
D. South-West Australia
दक्षिण-पश्चिमी आस्ट्रेलिया

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D./A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (c) : भूमध्यसागरीय वनस्पति महाद्वीपों के पश्चिमी एवं दक्षिण पश्चिमी भागों में मिलती हैं। ये वनस्पतियों संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलीफोर्निया, दक्षिण पश्चिमी अफ्रीका एवं दक्षिण पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पायी जाती हैं। मध्य अमेरिका में इसका विस्तार नहीं मिलता है। इस प्रकार A गलत हैं और B, C तथा D सही हैं। इन प्रदेशों में गर्म शुष्क ग्रीष्म एवं वर्षा वाली मृदु शीत ऋतुएँ होती हैं। इन प्रदेशों में आमतौर पर पर संतरा, अंजीर, जैतून, निंबू एवं अंगूर जैसे फलों को पैदा किया जाता है। इस प्रदेश को विश्व का फलोद्यान भी कहा जाता है। भूमध्य सागरीय वृक्ष शुष्क ग्रीष्म ऋतु में स्वयं को ढाल लेते हैं। इनकी मोटी छाल एवं पत्तियाँ वाष्पोत्सर्जन को रोकती हैं।

20. Read the statements and choose the correct option.
नीचे लिखे कथन पढ़ कर सही विकल्प चुनें-

Assertion (A) : Three-fourth of the earth's surface is covered by water.
अभिकथन (A) : पृथ्वी की तीन-चौथाई सतह जल से ढकी है।

Reason (R) : There is more salt water than fresh water on earth's surface.
कारण (R) : पृथ्वी की सतह पर साफ़ पानी से अधिक खारा पानी है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ दोनों (A) और (R) सही हैं, (A) की (R) व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ दोनों (A) और (R) सही हैं,(A) की (R) व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सत्य है, (R) असत्य है।
(d) Both (A) and (R) are false.
दोनों (A) और (R) असत्य हैं।

Ans. (b) : पृथ्वी की तीन चौथाई सतह जल से ढकी है। इस प्रकार कथन A सही है, तथा पृथ्वी की सतह पर साफ पानी से अधिक खारा पानी है R कारण भी सही है। लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71% भाग जल से ढका हुआ है। पृथ्वी पर उपस्थित लगभग समस्त जल समुद्रों और महासागरों, नदियों, तालों, ध्रुवीय बर्फ, भौमजल और वायुमंडल में पाया जाता हैं, परंतु इसमें में अधिकांश जल इसी रूप में मानव उपयोग के लिये उपयुक्त नहीं है। उपयोग के लिये उपयुक्त जल अलवण जल है जिसे बोलचाल की भाषा में ताजा जल कहते हैं। पृथ्वी पर इतना जल होने के कारण अंतरिक्ष से देखने पर नीला दिखाई देता है। इस कारण पृथ्वी को नीला ग्रह भी कहते हैं।

"जल है तो कल है"
"यदि जल उपलब्ध है तो आपका भविष्य सुरक्षित है।"

नोट– विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है।

21. From the given processes below choose the processes involved in a water cycle.
निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से जल चक्र में निहित प्रक्रियाओं को चुनें-

A. Condensation/ संघनन
B. Insolation/ आतपन
C. Evaporation/ वाष्पीकरण
D. Precipitation/ वृष्टिपात/वर्षण

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, D and C / B, D और C
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (d) : संघनन, वाष्पीकरण, वृष्टिपात/वर्षण ये सभी प्रक्रियाएँ जल चक्र में निहित होती है। सूर्य के ताप के कारण जल वाष्पित हो जाता है। ठंडा होने पर जलवाष्प संघनित होकर बादलों का रूप ले लेता है। यहाँ से यह वर्षा, हिम अथवा सहिम दृष्टि के रूप में धरती या समुद्र पर नीचे गिरता है। जिस प्रक्रम में जल लगातार अपने स्वरूप को बदलता रहता है उसे ही जल चक्र कहते हैं। अलवण जल के मुख्य स्रोत नदी, ताल झीलें एवं हिमनद है। महासागरों एवं समुद्रों का जल लवणीय होता है। इसमें अधिकांश नमक-सोडियम क्लोराइड खाने में उपयोग किया जाने वाला नमक होता है।

22. Land breeze, sea breeze and loo are____.
स्थल समीर, समुद्री समीर और लू कौन-सी पवन हैं-

(a) seasonal winds/मौसमी पवन
(b) planetary winds/ग्रहीय पवन
(c) local winds/स्थानीय पवन
(d) permanent winds/स्थायी पवन

Ans. (c) : स्थल समीर, समुद्री समीर और लू स्थानीय पवन हैं। उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर वायु की गति को पवन कहते हैं। पवन को मुख्यतः तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है।

(i) स्थायी पवनें – व्यापारिक पश्चिमी एवं पूर्वी पवनें, स्थायी पवनें है। यह वर्ष भर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं।
(ii) मौसमी पवनें – ये पवनें विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं। उदाहरण के लिये भारत में मानसूनी पवनें ।
(iii) स्थानीय पवनें – ये पवनें किसी छोटे क्षेत्र में वर्ष या दिन के किसी विशेष समय में चलती है। उदाहरण के लिये स्थल एवं समुद्री समीर भारत के उत्तरी क्षेत्र की गर्म एवं शुष्क जलवायु पवन है, इसे लू कहते हैं।

23. Read the statements related to air pressure and choose the correct option./ वायुदाब के विषय में दिए गए कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

A. Air pressure is the pressure exerted by the weight of clouds on the earth's surface. वायुदाब बादलों के भार से पृथ्वी की सतह पर बना/पड़ा दबाव है।

B. Low pressure is associated with cloudy skies and wet weather./निम्न दाब आसमान में बादल उपस्थित और मौसम से सम्बंधित है।

(a) Both A and B are true./ A और B दोनों सत्य हैं।
(b) A is false, B is true./ A असत्य है और, B सत्य है।
(c) Both A and B are false. A और B दोनों असत्य हैं।
(d) A is true, B is false./ A सत्य है, B असत्य है।

Ans. (b) : वायुदाब के विषय में सही विकल्प निम्न दाब आसमान में बादल उपस्थित और मौसम से संबंधित है। इस प्रकार कथन (B) सत्य है।
वायुदाब बादलों के भार से पृथ्वी की सतह पर बना/पड़ा दबाव है। यह कथन A असत्य है जबकि कथन B सत्य हैं। पृथ्वी की सतह पर वायु के भार द्वारा लगाया गया दाब, वायुदाब, कहलाता है। वायुमंडल में ऊपर की ओर जाने पर दाब तेजी से गिरने लगता है। समुद्र स्तर पर वायुदाब सर्वाधिक होता है और ऊँचाई पर जाने पर यह घटता जाता हैं। वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है। अधिक तापमान वाले क्षेत्र में वायु गर्म होकर ऊपर उठती है। जिससे निम्न दाब क्षेत्र का निर्माण होता है।

24. Which of the following is the correct matching of different resources and their characteristics? निम्नलिखित में संसाधनों और उनकी विशेषताओं का सही मिलान है-

A.	**Non-renewable Resources/ अनवीकरण संसाधन**	**(i)**	**get renewed or replenished quickly/ जो शीघ्रता से नवीकृत या पुनः पूरित हो जाते हैं।**
B.	**Actual Resources/ वास्तविक संसाधन**	**(ii)**	**whose quantity is known जिनकी संपूर्ण मात्रा ज्ञात है।**
C.	**Renewable Resources/ नवीकरण संसाधन**	**(iii)**	**whose entity quantity may not be known. जिनकी संपूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं है।**
D.	**Potential Resources/ संभाव्य संसाधन**	**(iv)**	**have limited stock./ जिनका भंडार सीमित है।**

(a) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(b) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(c) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
(d) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

Ans. (d) : प्राकृतिक संसाधनों को विस्तृत रूप से नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधनों में विभाजित किया जा सकता है।
अनवीकरणीय संसाधन– जिनका भण्डार सीमित है जैसे– कोयला पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस।
वास्तविक संसाधन– जिनकी सम्पूर्ण मात्रा ज्ञात है।
नवीकरणीय संसाधन– वे संसाधन जो शीघ्रता से नवीकृत अथवा पुनः पूरित हो जाते हैं इनमें से कुछ असीमित है और उन पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा।
संभाव्य संसाधन– जिनकी सम्पूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं है।
इस प्रकार सही सुमेलित करने पर विकल्प (d) सही होगा।

25. Which of the following is the correct way to conserve resources? निम्नलिखित में से संसाधन संरक्षण का कौन-सा सही साधन है?

A. Reusing used items वस्तुओं का पुनः उपयोग करना

B. Discarding items after use./ वस्तुओं का एक बार उपयोग करके उन्हें फेंक देना।

C. Reducing items consumed. वस्तुओं का उपभोग कम करना।

D. Recycling items after use. वस्तुओं को पुनः चक्रण में लाना।

Choose the correct option. सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (b) : संसाधन संरक्षण का सही साधन वस्तुओं का पुनः उपयोग करना, वस्तुओं का उपभोग कम करना, वस्तुओं को पुनः चक्रण में लाना ये तीनों संसाधन संरक्षण से सम्बन्धित है, जबकि– वस्तुओं का एक बार उपयोग करके उन्हें फेक देना। संसाधन संरक्षण के अन्तर्गत नहीं आता हैं। संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरणीय के लिये समय देना संसाधन संरक्षण कहलाता है। संसाधनों का उपयोग करने की आवश्यकता और भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाए रखना सततपोषणीय विकास कहलाता है। प्राकृतिक संसाधनों का वितरण भू-भाग, जलवायु, ऊँचाई जैसे अनेक भौतिक कारकों पर निर्भर करता है। पृथ्वी पर इन कारकों में विभिन्नता होने के कारण संसाधनों का वितरण असमान हैं इस प्रकार (A) (C) और (D) सही हैं।

26. Which of the following statement related to resources in <u>incorrect</u>? निम्नलिखित में से संसाधनों से संबंधित कौन-सा कथन गलत/सही <u>नहीं</u> है?

(a) Air, water, soil and minerals are natural resources./वायु, जल, मिट्टी और खनिज प्राकृतिक संसाधन हैं।
(b) Resources can become economically valuable with time./समय के साथ संसाधन आर्थिक रूप से मूल्यवान हो सकते हैं।
(c) People themselves are not resources. लोग स्वयं संसाधन नहीं हैं।

(d) Time and technology are two important factors that can change substances into resources./समय और प्रौद्योगिकी दो महत्वपूर्ण कारक हैं जो पदार्थों को संसाधन में परिवर्तित कर सकते हैं।

Ans. (c) : संसाधनों से सम्बन्धित कथन के अन्तर्गत लोग स्वयं संसाधन नही हैं। जबकि वायु, जल, मृदा, खनिज प्राकृतिक संसाधन हैं, समय के साथ संसाधन आर्थिक रूप से मूल्यवान हो सकते हैं तथा समय और प्रौद्योगिकी दो महत्वपूर्ण कारक है जो पदार्थों को संसाधन में परिवर्तित कर सकते हैं। मूल्य का अर्थ महत्व होता है। कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है, जबकि कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य नहीं होता।
उदाहरणार्थ धातुओं का आर्थिक मूल्य होता है, लेकिन एक मनोरम भूदृश्य का आर्थिक मूल्य नहीं होता है। परन्तु ये दोनों संसाधन महत्वपूर्ण है और मनुष्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

27. Match the following economic activities with the categories mentioned./निम्नलिखित आर्थिक गतिविधियों का कार्य वर्गों के साथ सुमेल कीजिए-

A.	**Primary activities/ प्राथमिक क्रियाएँ**	**(i)**	**Baking of bread and weaving डबलरोटी (ब्रेड) पकाना और कपड़ा बुनना।**
B.	**Secondary activities/ द्वितीयक क्रियाएँ**	**(ii)**	**Agriculture and fishing/ कृषि और मत्स्यन**
C.	**Tertiary activities/ तृतीयक क्रियाएँ**	**(iii)**	**trade and transport/ व्यापार और यातायात**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A-(i), B-(iii), C-(ii) (b) A-(ii), B-(i), C-(iii).
(c) A-(iii), B-(ii), C-(i) (d) A-(i), B-(ii), C-(iii).

Ans. (b) : मानव के वे तमाम क्रियाकलाप जो आय सृजन में सहायक होते हैं। उन्हें आर्थिक क्रिया की संज्ञा दी गयी है। अर्थव्यवस्था में आर्थिक गतिविधियों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया है जिन्हें अर्थव्यवस्था का क्षेत्रक कहा गया है।
प्राथमिक क्षेत्र– यह क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण पर निर्भर होते हैं इसके अन्तर्गत कृषि और मत्स्यन, पशुपालन, खनन आदि आते हैं।
द्वितीय क्षेत्र– प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त कच्चे माल को विनिर्मित करके उत्पाद तैयार किया जाता है जैसे- गेहूँ से ब्रेड बनाना, कपास से कपड़ा बनाना आदि।
तृतीयक क्षेत्र– इसमें विभिन्न प्रकार की सेवाओं के उत्पादन से सम्बन्धित है जैसे- व्यापार, यातायात और बैंकिंग आदि।
इस प्रकार सही सुमेलित करने पर विकल्प (b) सही होगा।

28. Kesar Saga is performed in which region of India?/भारत के किस क्षेत्र में केसर सागा पर नाटक खेला जाता है?

(a) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(b) Assam/असम
(c) Ladakh/लद्दाख
(d) Sikkim/सिक्किम

Ans. (c) : भारत के लद्दाख क्षेत्र में 'केसर सागा' पर नाटक खेला जाता है। केसर सागा एक प्राचीन तिब्बती महाकाव्य है जो मंगोलिया मध्य एशिया और चीन तक फैले पूरे तिब्बती क्षेत्र में वर्णित है। केसर सागा लद्दाख और तिब्बत का प्रसिद्ध ग्रंथ है। कहानीकार ने लंबी ठंडी सर्दियों की रातों के दौरान महाकाव्य का पाठ किया है।
- पारम्परिक संगीत भक्ति और सांस्कृतिक गीतों के रूप में है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा लिखित रवीन्द्र संगीत जिसे विशुद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीत के पारम्परिक लोकगीतों में पिरोया गया है, जिसमें पश्चिम बंगाल के सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव डालता हैं।
- असम भी उत्तम शिल्प और कलाकृतियों का खजाना है। बिहु असम का प्रसिद्ध लोकनृत्य है।

29. Read the statements and choose the correct option./निम्न कथनों को ध्यान से पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement (A) : People with different cultural, religious and regional backgrounds participated in India's struggle for independence and gained long awaited freedom.
कथन (A) :भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक तथा क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले लोगों ने हिस्सा लिया तथा देश को स्वतंत्रता दिलवाई।
Statement (B) : India's diversity has always been a source of its strength./कथन (B) : भारतीय विविधता हमेशा इसकी ताकत रही है।

(a) (A) is true, but (B) is false.
(A) सही है, (B) गलत है।
(b) (A) is false, but (B) is true.
(A) गलत है, (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A)./दोनों (A) तथा (B) सही हैं तथा (B) कारण है (A) का।
(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A)./दोनों (A) और (B) सही हैं किन्तु (B) कारण नहीं है (A) का।

Ans. (c) : भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में भिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक तथा क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले लोगों ने हिस्सा लिया तथा देश को स्वतंत्रता दिलवाई तथा भारतीय विविधिता हमेशा इसकी ताकत रही है। इस प्रकार दोनों कथन (A) तथा (B) सही है, (B) कारण है (A) का। भारत विविधता में एकता के प्रतीक की भूमि है, भारतीय संस्कृति जातियों, धर्मों, रीति-रिवाजों और भाषाओं की बहुलता का भण्डार है। इस प्रकार भारत दुनिया में अद्वितीय है। भारत दुनिया के लगभग सभी धर्मों का घर है। इस प्रकार अनेक विविधताओं के बावजूद भी हम एक हैं।

30. State true or false./ सही और गलत बताएँ।

A. The Council of Ministers in a state constitutes the Chief Minister and ministers appointed by him.
राज्य की मंत्री परिषद् में मुख्यमंत्री और उनके द्वारा नियुक्त मंत्री सम्मिलित होते हैं।

B. The Legislative Assembly composes of both opposition and ruling M.L.As/ विधानसभा, विपक्षी दल और सत्ताधरी दल के विधायकों दोनों से बनी/संघटित होती है।

C. MP is the representative elected by people to become a member of Legislative Assembly./विधानसभा का सदस्य बनने के लिए संसद सदस्य लोगों द्वारा चयनित प्रतिनिधि होता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Only A is true./ केवल A सही है।
(b) Only A and B are true./केवल A और B सही हैं।
(c) Only B and C are true./केवल B और C सही हैं।
(d) Only C is true./केवल C सही है।

Ans. (b) : राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री और उनके द्वारा नियुक्ति मंत्री सम्मिलित होते हैं, विधानसभा विपक्षी दल और सत्ताधारी दल के विधायकों से बनी/संघटित होती हैं। इस प्रकार A और B सही है, जबकि विकल्प C के अन्तर्गत दिया गया कथन विधानसभा का सदस्य बनने के लिये-संसद सदस्य लोगों द्वारा चयनित प्रतिनिधि होता है। यह कथन गलत है। राज्य की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था का वास्तविक कार्यकारी अधिकारी मंत्रिपरिषद् का मुखिया यानि मुख्यमंत्री होता है। राज्यों में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15% से अधिक नहीं होगी, किन्तु राज्यों में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की न्यूनतम संख्या 12 से कम नहीं होगी। केन्द्र की तरह राज्य-मंत्रिपरिषद के भी तीन वर्ग कैबिनेट, राज्य एवं उपमंत्री होते हैं।

31. Which of the following is also a responsibility of the State governments?
निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य सरकार का दायित्व भी है?

(a) Defense/रक्षा (b) Foreign Affairs/विदेशी मामले
(c) Education/शिक्षा (d) Seaport/बंदरगाह

Ans. (c) : शिक्षा पर राज्य सरकार का भी दायित्व है। प्रारम्भ में शिक्षा राज्य सूची का विषय था। लेकिन 42वें संविधान संसोधन अधिनियम 1976 द्वारा शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल किया गया। तभी से शिक्षा की व्यवस्था करना केन्द्र और प्रान्तीय सरकारों दोनों की जिम्मेदारी है। बता दे कि समवर्ती सूची में उन विषयों को सम्मिलित किया जाता है, जिस पर राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों कानून का निर्माण कर सकती हैं। दोनों सरकार द्वारा बनाए गये कानून में गतिरोध उत्पन्न होने पर केन्द्र सरकार के कानून प्रभावी होगे। संविधान में स्पष्ट रूप से केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच विधायी अधिकारों को तीन हिस्सों में बाँटा गया है– (i) संघ सूची (ii) राज्य सूची (iii) समवर्ती सूची।

32. Weavers get the best price in the:-
बुनकरों को _____ में उचित मूल्य मिलता है।

(a) Putting-out system/दादन व्यवस्था
(b) Co-operatives/सहकारी संस्थाओं
(c) Garment export factory
वस्त्र निर्यात के कारखाने/फैक्ट्री
(d) International market/अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार

Ans. (b) : बुनकरों को सहकारी संस्थाओं में उचित मूल्य मिलता है। भारत में सहकारी संस्थाओं की शुरूआत 1904 ई. में फेड्रिक निकल्सन द्वारा सहकारी ऋण समिति की स्थापना के साथ हुयी, आज इसका दायरा विकसित हो गया है। भारत के संविधान के भाग 9(ख) के अनु.-243 में इसका प्रावधान किया गया है। ददनी व्यवस्था के अन्तर्गत बुनकरों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता था तथा बहुत कम पैसा देते थे। व्यापारियों के ऊपर निर्भरता कम करने और बुनकरों की आमदनी बढ़ाने के लिये सहकारी संस्था बनाई गयी। एक सहकारी संख्या में वे लोग, जिनके हित समान है, इकट्ठे होकर परस्पर लाभ के लिये काम करते हैं। बुनकरों की सहकारी संस्था में बुनकर एक समूह बनाकर कुछ गतिविधियाँ सामूहिक रूप से करते हैं।

33. Why do agricultural labourers in India at times receive wages that are less than the market-prevailing wage rates?
ऐसा क्यों होता है कि भारत में कृषि मज़दूरों को बाज़ार में प्रचलित मज़दूरी दरों से कम मज़दूरी मिलती है?

(A) A it is fixed by the government hence they accept.
चूँकि यह सरकार द्वारा निर्धारित है तो वे इसे स्वीकार करते हैं।
(B) They may have borrowed from the farmers who employ them.
जिन किसानों के यहाँ ये काम करते हैं उनसे इन्होने उधार पैसा लिया हो सकता है।
(C) They could get regular employment from low-usage paying farmers.
जो कम-मज़दूरी देते हैं उन किसानों से इन्हें नियमित रूप से रोज़गार मिलता होगा।

Choose the correct option.
सही विकल्प चयन कीजिए-

(a) Only (A) and (B)./केवल A तथा B
(b) Only (B) and (C)./केवल (B) तथा (C)
(c) Only (A) and (C)./केवल (A) तथा (C)
(d) Only (A)./केवल (A)

Ans. (b) : भारत में कृषि मजदूरों को बाजार में प्रचलित मजदूरी दरों से कम मिलती है क्योंकि ये जिन किसानों के यहाँ काम करते हैं उनसे इन्होंने उधार पैसा लिया हो सकता है और जो कम मजदूरी देते हैं उन किसानों से इन्हें नियमित रूप में रोजगार मिलता होगा। इसलिए भारत में कृषि मजदूरों को कम मजदूरी मिलती है। इस प्रकार कथन (B) और (C) सही है। भारत में कृषि मजदूरों की मजदूरी बहुत कम है इसके कई कारण है। जैसे कृषि मजदूर किसी व्यक्ति से पैसा ले लेता है और वह वापस करने में असमर्थ है तो वह मजदूर व्यक्ति उसके यहाँ काम करेगा। उसको इस काम के एवज में बहुत कम मजदूरी दे देगा।
कृषि श्रमिकों की समस्याएँ -
(i) मौसमी रोजगार
(ii) ऋण ग्रस्तता
(iii) निम्न मजदूरी आदि।

34. Read the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): In a Democracy, people have the power to voice their opinion.
अभिकथन (A): लोकतंत्र में लोगों के पास अपनी राय व्यक्त करने/आवाज़ उठाने का अधिकार होता है।

Reason (R): India has a federal form of government.
कारण (R): भारत में संघीय शासन पद्धति है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा, (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
दोनों (A) और (R) गलत हैं।

Ans. (b) : लोकतंत्र में लोगों के पास अपनी राय व्यक्त करने/आवाज उठाने का अधिकार होता है, भारत में संघीय शासन पद्धति है। इस प्रकार कथन और कारण दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लोकतांत्रिक व्यवस्था का उल्लेख किया गया है। संविधान की प्रस्तावना में लोकतांत्रिक शब्द का इस्तेमाल बृहद रूप में किया गया हैं। जिसमें न केवल राजनीतिक लोकतंत्र बल्कि सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र को भी शामिल किया गया है। सरकार के दो भाग है- एकात्मक और संघात्मक। एकात्मक सरकार वह है जिसमें समस्त शक्तियाँ एवं कार्य केन्द्रीय सरकार और क्षेत्रीय सरकार को निहित होती है। संघीय शासन व्यवस्था में संघ स्तर पर केन्द्र, राज्य स्तर पर राज्य पद्धति को अपनाया गया है।

35. Read the statements given below and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. All societies do not think similarly about the roles that boys and girls play.
सभी समाज, लड़के और लड़कियों द्वारा निर्वाह की जाने वाली भूमिका के बारे में समान सोच नहीं रखते हैं।

B. Indian society does not make distinctions between boys and girls when they are growing up.
जब लड़के और लड़कियाँ बड़े हो रहे होते हैं तब भारतीय समाज उनमें कोई स्पष्ट अंतर नहीं करता है।

(a) Only A is true./केवल A सही है।
(b) Only B is true./ केवल B सही है।
(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false./ A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : सभी समाज, लड़के और लड़कियों द्वारा निर्वाह की जाने वाली भूमिका के बारे में समान सोच नहीं रखते। इसलिये कथन A सही है, जब लड़के और लड़कियाँ बड़े हो रहे होते हैं तब भारतीय समाज उनमें कोई स्पष्ट अंतर नहीं करता हैं। इस प्रकार B गलत है। समाज लड़के और लड़कियों में स्पष्ट अंतर करता है। यह बहुत कम आयु से ही शुरू हो जाता है, उदाहरण के लिये लड़कों को खरीदने के लिये प्रायः कारें दी जाती है और लड़कियों को गुड़ियाँ। खिलौने बच्चों को यह बताने का माध्यम बन जाते हैं कि वे जब बड़े होकर स्त्री और पुरुष बनेंगे तो उनका भविष्य अलग-अलग होगा।

36. The tyranny of the majority means -
बहुमत की निरंकुशता का अर्थ है -

(a) the majority and minority take decisions collectively./जहाँ बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक सामूहिक रूप से निर्णय लेते हैं।
(b) the interests of the majority are pursued at the cost of minority interests./बहुसंख्यक, अल्पसंख्यक को अलग कर अपने हितों में लगा रहता है।
(c) the numerical dominance of one community एक समुदाय का संख्यात्मक प्रभुत्त्व।
(d) the majority and minority follow different paths./बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक पृथक पथों का अनुसरण करते हैं।

Ans. (b) : बहुमत की निरंकुशता का अर्थ है- बहुसंख्यक, अल्पसंख्यक को अलग कर अपने हितों में लगा रहता है। लोकतंत्र में संविधान का एक महत्वपूर्ण काम यह होता है कि कोई भी ताकतवर समूह किसी दूसरे या कम ताकतवर समूह या लोगों के खिलाफ अपनी ताकत का इस्तेमाल न करे। इस तरह के अस्वस्थ हालात लोकतांत्रिक समाजों में भी पैदा हो सकते हैं जहाँ बहुमत वाला गुट लगातार ऐसे फैसले लागू करता रहता है जिनमें अल्पसंख्यकों की सहमति नहीं होती है और उनका नुकसान होता है। बहुमत की निरंकुशता का खतरा हर समाज में बना रहता हैं। संविधान में दिए गए नियमों से इस बात का ख्याल रखा जाता है कि अल्पसंख्यकों को किसी ऐसी चीज से वंचित न किया जाए जो बहुसंख्यकों के लिये सामान्य रूप से उपलब्ध है।

37. Secularism as a concept in Indian Constitution, is reflected in which of the following situations?
भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की संकल्पना निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति में प्रतिबिंबित होती है?

(a) In a particular place, only one religion is allowed to be practiced./किसी स्थान पर केवल एक धर्म के पालन की अनुमति है।
(b) Display of religious symbols in courts and police stations./अदालतों और पुलिस चौकियों में धार्मिक चिन्हों का प्रदर्शन।
(c) State refrains from intervening when members of one community dominate other members from same community./जब एक समुदाय का सदस्य उसी समुदाय के दूसरे सदस्यों पर प्रभुत्त्व जमाता है तब राज्य हस्तक्षेप से दूर रहता है।
(d) People have the freedom to practice their religion without any discrimination.
लोगों/व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव के अपने धर्म के पालन की स्वतंत्रता है।

Ans. (d) : भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की संकल्पना लोगों/व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव के अपने धर्म के पालन की स्वतंत्रता जैसी परिस्थिति में प्रतिबिंबित होती है। धर्मनिरपेक्ष शब्द को 42वें संविधान संसोधन अधिनियम 1976 द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया। जैसा कि उच्चतम न्यायालय ने भी 1974 में कहा था। यद्यपि 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' शब्द का स्पष्ट रूप से संविधान में उल्लेख नहीं किया गया था तथापि इसमें कोई संदेह नही हैं कि संविधान निर्माता ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे। इसीलिये संविधान में अनुच्छेद 25 से 28 (धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार) जोड़े गए। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की सभी अवधारणाएँ विद्यमान है, अर्थात् हमारे देश में सभी धर्म समान है और उन्हें सरकार का समान समर्थन प्राप्त है।

38. Which of the following guarantees the independence of judiciary in India?
निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है?

A. The other branches of government cannot interfere in the work of judiciary.
सरकार की अलग शाखाएँ न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं?

B. The conduct of the judges can be discussed in the Parliament./न्यायधीशों के व्यवहार की संसद में चर्चा की जा सकती है।

C. The judges cannot be removed from the office on grounds mentioned in the Constitution./न्यायधीशों को कार्यालय से हटाया नहीं जा सकता सिवाय उन आधारों पर जोकि संविधान में उल्लिखित हैं।

D. The judges can practice after retirement. न्यायधीश सेवानिवृति के पश्चात भी कार्य कर सकते हैं।

(a) B and D/ B और D (b) A and C/ A और C
(c) Only A/ केवल A (d) Only D/ केवल D

Ans. (b) : भारत में न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को सुनिश्चित करता है- सरकार की अलग शाखाएँ न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप नही कर सकती है और न्यायाधीशों को कार्यालय से हटाया नहीं जा सकता सिवाय उन आधारों पर जोकि संविधान में उल्लिखित है, न्यायपालिका को स्वतन्त्रता कैसे दी जा सकती हैं और उसे सुरक्षित कैसे बनाया जा सकता है। भारतीय संविधान ने अनेक उपायों के द्वारा न्यायपालिका की स्वतन्त्रता सुनिश्चित की है। न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में विधायिका को सम्मिलित नहीं किया गया है। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि इन नियुक्तियों में दलगत राजनीति की कोई भूमिका नहीं रहे।

39. Why are minimum wages legislated?
न्यूनतम वेतन के लिए क़ानून क्यों बनाया गया?

A. To ensure workers are paid according to the labour they put in.
यह सुनिचिश्त करने के लिए कि मज़दूरों को उनकी मज़दूरी/मेहनत का हिसाब से मेहनताना मिले।

B. To prevent the employers from exploiting the workers.
मज़दूरों को मालिकों द्वारा शोषित होने से बचाने के लिए।

C. To reduce the profit of employers.
मालिकों के मुनाफ़े/लाभ को घटाने के लिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B/केवल A और B
(b) Only B and C/केवल B और C
(c) Only A and C/केवल A और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : न्यूनतम वेतन के लिए कानून, यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया कि मजदूरों को उनकी मजदूरी/मेहनत का हिसाब से मेहनताना मिल सके और मजदूरों को मालिकों द्वारा शोषित होने से बचाने के लिए इस प्रकार A और B सही हैं। जबकि इसके अतिरिक्त मालिकों के मुनाफें/लाभ को घटाने के लिये नियम बनाए गए इस प्रकार यह कथन C सही नही हैं। मजदूरों को उनका मेहनताना न देना कानून की नजर में गैर-कानूनी या गलत है। मजदूरों को मेहनताना कम न मिले या उनको वाजिब मेहनताना मिले इस बात को सुनिश्चित करने के लिये न्यूनतम वेतन का भी कानून बनाया गया। इस कानून के तहत किसी भी मजदूर को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी नहीं दी जा सकती इस तरह के कानून से मजदूरों को सुरक्षा प्रदान की गई है।

40. A child worried about the increasing air pollution asks if her fundamental right is being violated?
एक बच्ची बढ़ते हुए वायु-प्रदूषण से चिंतित होकर पूछती है कि क्या उसके मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है?

Which of the following articles can you ask her to read about before a discussion?
चर्चा से पहले आप उसे निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पढ़ने के लिए कह सकते हैं।

(a) Article 45/अनुच्छेद 45
(b) Article 21/अनुच्छेद 21
(c) Article 29/अनुच्छेअ 29
(d) Article 44/अनुच्छेद 44

Ans. (b) : एक बच्ची बढ़ते हुए वायु प्रदूषण से चिंतित होकर पूछती है कि क्या उसके मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है चर्चा से पहले आप भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 पढ़ने के लिये कह सकते हैं। अनु0 21 में घोषणा की गयी है कि किसी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जा सकेगा अन्यथा नहीं। प्रसिद्ध गोपालन मामलें में 1950 में उच्चतम न्यायालय ने अनु 21 की सूक्ष्म व्याख्या की। इसमें व्यवस्था की गयी कि अनुच्छेद 21 के तहत सिर्फ मनमानी कार्यकारी प्रक्रिया के विरुद्ध सुरक्षा उपलब्ध है न कि विधानमंडलीय प्रक्रिया के विरुद्ध। जबकि मेनका मामले 1978 में अनु. 21 के तहत सुरक्षा मनमानी कार्यकारी प्रक्रिया पर ही उपलब्ध नही बल्कि विधानमंडलीय क्रिया के विरुद्ध भी उपलब्ध है।

41. To develop perspective on the importance of 'gender equality', which of the following topic is most relevant?
'जैंडर समानता' के महत्त्व पर दृष्टिकोण विकसित करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा विषय सबसे अधिक प्रासंगिक है?

(a) Number of women per 1000 men in different countries./विभिन्न देशों में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या
(b) Gender as a social construct.
सामाजिक रचना के रूप में जैंडर
(c) List of gender based occupations.
जैंडर पर आधारित व्यवसायों की सूची
(d) Government healthcare schemes for women.
महिलाओं के लिए सरकारी स्वास्थ्य योजनाएँ

Ans. (b) : जैंडर समानता के महत्व पर दृष्टिकोण विकसित करने हेतु सामाजिक रचना के रूप में जैंडर से सम्बन्धित विषय सबसे अधिक प्रासंगिक है। लैंगिक समानता का उद्देश्य पुरुषों और महिलाओं के बीच सभी सीमाओं और मतभेदों को दूर करना है। यह पुरुष और महिला के बीच किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करता है। लिंग समानता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिये समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करती है चाहे वह घर पर हो या शैक्षणिक संस्थानों में हर जगह उनको समान अवसर दिया जाना चाहिए। जैंडर समानता स्थापित करने की दृष्टि से विद्यालय की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। क्योंकि यहाँ पर बालक और बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने हेतु प्रेरित हो सकेंगे।

42. History textbooks at elementary level focuses on-
प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर पर इतिहास की पुस्तकों का केन्द्रण है-

A. how history was actually discovered and interpreted.
इतिहास की खोज तथा व्याख्या कैसे हुई

B. how evidence is collected and examined.
साक्ष्यों का एकत्रण और परीक्षण कैसे होता है

C. narrations of the lives of kings and queen.
राजाओं और रानियों के जीवन वृत्तांतों पर

D. understanding the basic process and not get loss in the details of who, when and where.
मलभूत प्रक्रियाओं को समझना न कि कौन, कब और कहाँ के विवरण में खो जाना

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) A, B and D/ A, B तथा D
(c) B, C and D/ B, C तथा D
(d) A, C and D/ A, C तथा D

Ans. (b) : प्रारम्भिक एवं माध्यमिक स्तर पर इतिहास की पुस्तकों का केन्द्रण, इतिहास की खोज तथा व्याख्या कैसे हुई, साक्ष्यों का एकत्रण और परीक्षण कैसे होता है, तथा मूलभूत प्रक्रियाओं को समझना न कि कौन, कब और कहाँ के विवरण में खो जाना जैसे विचार सम्मिलित किए जाते हैं। इस प्रकार कथन A, B और D सही है। इतिहास घटनाचक्रों का क्रमवार अध्ययन है जिसमें सर्वत्र सामाजिक विज्ञान की आवश्यकता होती है। समय के ज्ञान के अभाव में किसी घटना एवं ऐतिहासिक तथ्य का कोई महत्व नहीं रह जाता। शासकों के समय साम्राज्य विस्तार, शासन प्रबन्ध आदि का अध्ययन सामाजिक विज्ञान की सहायता से ही हो सकता है। क्योंकि इससे तत्कालीन सामाजिक और आर्थिक स्थिति के साथ संरचना का भी ज्ञान होता है।

43. Match the following teaching approaches and choose the correct option.
निम्नलिखित शैक्षिक उपागमों का मिलान कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A.	Inductive approach/ आगमनात्मक उपागम	(i)	Both students and teachers become laearners. दोनों विद्यार्थी तथा शिक्षक अधिगमकर्ता बन जाते हैं।
B.	Deductive approach/ निगमनात्मक उपागम	(ii)	Teaching particular instances to arrive at general conclusions./ विशेष दृष्टांतों का शिक्षण हेतु प्रयोग, ताकि एक सामान्य निष्कर्ष पर पहुँचा जा सके।
C.	Constructive approach/ रचनात्मक उपागम	(iii)	Providing criteria, principles and generations to be verified with specific examples./ मानदण्ड, सिद्धांत व सामान्यीकरण उपलब्ध करवाना जिन्हें विशेष उदाहरणों से प्रमाणित किया जाता है।

(a) A-(ii), B-(i), C-(iii) (b) A-(i), B-(ii), C-(iii)
(c) A-(ii), B-(iii), C-(i) (d) A-(i), B-(iii), C-(ii)

Ans. (c) : शैक्षिक उपागमों का सही मिलान इस प्रकार है-
(A) आगमनात्मक उपागम– (ii) विशेष दृष्टांतों का शिक्षण हेतु प्रयोग ताकि एक सामान्य निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकें।
(B) निगमनात्मक उपागम–(iii) मानदण्ड सिद्धांत व सामान्यीकरण उपलब्ध करवाना जिन्हें विशेष उदाहरणों से प्रमाणित किया जाता है।
(C) रचनात्मक उपागम– (i) इसके अन्तर्गत दोनों, विद्यार्थी तथा शिक्षक अधिगमकर्ता बन जाते हैं।
इस प्रकार सही सुमेलित करने पर विकल्प (c) सही होगा।

44. A newspaper article stated that 5 children aged between 12 and 15, working in bangle making factories in India, had died due to poor working conditions.
The above example is relevant to explain which of the following?
एक अखबार के लेख में कहा गया कि भारत में चूड़ी बनाने की फैक्ट्रियों में काम करने वाले 12 से 15 साल की उम्र के 5 बच्चों की खराब कार्य दशाओं के कारण मौत हो गयी।
उपर्युक्त उदाहरण निम्नलिखित में से क्या समझने के लिए सबसे उपयुक्त है?

(a) Right against exploitation
शोषण के खिलाफ़ अधिकार
(b) Daily wage labourers/दिहाड़ी मज़दूर
(c) Cultural and educational rights
सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
(d) Discrimination/भेदभाव

Ans. (a) : एक अखबार के लेख में कहा गया कि भारत में चूड़ी बनाने की फैक्ट्री में काम करने वाले 12 से 15 साल की उम्र के 5 बच्चों की खराब कार्य दशाओं के कारण मौत हो गयी, उपर्युक्त उदाहरण शोषण के खिलाफ अधिकार से सम्बन्धित है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में किसी फैक्ट्री, खान अथवा अन्य परिसंकटमय गतिविधियों यथा निर्माण कार्य अथवा रेलवे में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध करता है। बाल श्रम (प्रतिषेध एवं नियमन) अधिनियम 1986 इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कानून हैं। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संसोधन अधिनियम 2016 द्वारा बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 को संशोधित कर दिया गया। इसने मूल अधिनियम का नाम बदलकर बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधि. 1986 कर दिया गया है।

45. A teacher asked her students to collect different types of left-over cloth pieces from a tailor's shop and classify them as cotton, silk, synthetic and woolen. What type of teaching method is she applying in her class?
एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को दर्ज़ी की दुकान से विभिन्न प्रकार के बचे हुए कपड़ों के टुकड़े इकट्ठा करके उन्हें सूती, रेशमी, कृत्रिम रेशे वाले और ऊनी कपड़ों में वर्गीकृत करने को कहती है। वह अपनी कक्षा में शिक्षण की कौन-सी विधि का अनुप्रयोग कर रही है?

(a) Demonstration/निरूपण
(b) Activity/गतिविधि

(c) Experimentation/प्रयोगात्मक
(d) Sampling/प्रतिदर्शन

Ans. (b) : एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को दर्जी की दुकान से विभिन्न प्रकार के बचे हुए कपड़ों के टुकड़े इकट्ठा करके उन्हें सूती, रेशमी, कृत्रिम रेशे वाली और ऊनी कपड़ों में वर्गीकृत करने को कहती हैं। वह अपनी कक्षा में 'शिक्षण गतिविधि' का अनुप्रयोग कर रही है।
शिक्षण गतिविधि के कुछ महत्वपूर्ण लाभ-
(i) सीखने की प्रक्रिया का सबसे प्रभावशाली माध्यम है।
(ii) सीखने की प्रक्रिया को सरल बना देती है।
(iii) बच्चों को खुद सोचने अथवा करने को प्रेरित करती है।
(iv) बच्चे को भयमुक्त करती है।
(v) शिक्षकों के काम को आसान बनाती है।

46. A roleplay of Gram Panchayat in a rural administration class can help elementary school students to develop the following:
प्रारंभिक विद्यालयी छात्रों में ग्रामीण प्रशासन की कक्षा में ग्राम पंचायत पर नाटक (रोल-प्ले) से निम्न में से क्या विकसित किया जा सकता है?

A. empathise with the marginalised sections of society./समाज के हाशियाई समूह के साथ समानुभूति
B. Application of concepts associated with democracy.
प्रजातंत्र से संबंधित संप्रत्ययों का अनुप्रयोग
C. understanding challenges and issues faced by villagers.ग्रामीण लोगों की समझ, चुनौतियों व मुद्दों की समझ
D. creative ways of entertainment based learning. मनोरंजन आधारित अधिगम के रचनात्मक तरीके

Choose the correct option.
सबसे उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) B and C/ B तथा C
(c) B, C and D/ B, C तथा D
(d) A, B and D/ A, B तथा D

Ans. (b) : एक प्रारंभिक विद्यालयी छात्रों में ग्रामीण प्रशासन की कक्षा में पंचायत पर नाटक (रोल प्ले) से प्रजातंत्र से सम्बन्धित संप्रत्ययों का अनुप्रयोग तथा ग्रामीण लोगों की समझ, चुनौतियों व मुद्दों की समझ को विकसित किया जा सकता है। विद्यार्थी उस समय सबसे अच्छे ढंग से सीखते हैं जब वे सीखने के अनुभव से सक्रिय रूप से जुड़े होते हैं। दूसरों के साथ परस्पर संवाद और अपने विचारों को साझा करने से आपके विद्यार्थी अपनी समझ की गहराई बढ़ा सकते हैं। गीत, रोल प्ले और नाटक कुछ ऐसी विधियाँ हैं जिनका उपयोग पाठ्यक्रम के कई क्षेत्रों में किया जा सकता हैं। गाँवों में प्रशासन के कई पहलू है, जैसे– लगान की वसूली, लोक कल्याण योजनाओं को लागू करना, सड़क, पेयजल, नाली की व्यवस्था करना आदि।

47. Student's ability to apply the concept of standard time can be assessed through which of the following activities.
निम्न गतिविधियों में से किस गतिविधि द्वारा विद्यार्थियों में मानक समय के संप्रत्यय के अनुप्रयोग की क्षमता का आकलन किया जा सकता है?

A. He/she can calculate the time of a particular place if given longitude of that place./ वह स्थान विशेष के समय का आकलन कर सकता/सकती है यदि उसे उस स्थान का देशांतर बता दिया जाए।
B. He/she can acurately draw the location of a particular place on a map and globe./ वह स्थान विशेष की निश्चित स्थिति को मानचित्र व ग्लोब पर आरोपित करके दिखा सकता/सकती है।
C. He/she understand and can answer why it is 5:30pm in India and 12:00 noon in London./ वह यह समझता/समझती है तथा बता सकता/सकती है कि जब भारत में 5:30 अपरान्ह होता है तब लंदन में दोपहर के 12:00 क्यों बजे होते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) Only A and B/केवल A तथा B
(b) Only B and C/केवल B तथा C
(c) Only A and C/केवल A तथा C
(d) Only A/केवल A

Ans. (c) : वह स्थान विशेष के समय का आकलन कर सकता/सकती है यदि उसे उस स्थान का देशांतर बता दिया जाए, वह यह समझता/समझती है तथा बता सकता/सकती है कि जब भारत में 5:30 अपराह्न होता है, तब लंदन में दोहपर के 12:00 क्यों बजे होते हैं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में मानक समय के संप्रत्यय के अनुप्रयोग की क्षमता का आकलन किया जा सकता हैं। गतिविधि आधारित शिक्षण शिक्षा के लिये एक दृष्टिकोण हैं जो इस विचार पर केन्द्रित हैं कि छात्रों को कार्यों के माध्यम से संलग्न किया जाना चाहिए। यह शिक्षण के कुछ पारम्परिक रूपों के विपरीत है, जिससे एक शिक्षक व्याख्यान देता है या छात्रों को जानकारी देता है।

48. Which of the following methods are useful for creating experiential learning on natural vegetation before introduction of the topic in a class?
कक्षा में प्राकृतिक वनस्पतियों का परिचय देने से पहले निम्न में से कौन-सा तरीका आनुभाविक अधिगम हेतु उपयोगी हो सकता है?
(a) Observation of trees growing in the surroundings of the school and home.
विद्यालय व घर के आस-पास के वृक्षों का अवलोकन करना
(b) Visit to natural history museum./प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (नैचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम) का भ्रमण
(c) Debating on impact of climate change on a region's vegetation./किसी क्षेत्र की वनस्पतियों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर वाद-विवाद
(d) Mark on a world map the natural vegetation found in specific regions.
क्षेत्र विशेष में पाई जाने वाली प्राकृतिक वनस्पतियों को विश्व के मानचित्र पर दर्शाना।

Ans. (a) : कक्षा में प्राकृतिक वनस्पतियों का परिचय देने से पहले विद्यालय व घर के आस-पास के वृक्षों का अवलोकन करना जैसे तरीका आनुभाविक अधिगम हेतु उपयोगी हो सकता है। प्राकृतिक वनस्पति वह वनस्पति है जो मानव सहायता के बिना अपने आप पनपती है, उसे प्राकृतिक वनस्पति कहते हैं। प्राकृतिक वनस्पतियों के

बारे में विद्यार्थी को बताकर उनसे उससे सम्बन्धित पेड़ों के लिये उन्हें किस प्रकार की जरूरत है, जैसे- हरे-भरे-रखने के लिये पानी विकास के लिये कुछ रासायनिक खाद जैसी चीजों के बारे में बताकर उनकी अधिगम शैली को विकसित किया जा सकता है। तब और भी चीज के बारे में अवलोकन करेंगे जैसे मिट्टी के प्रकार, जलवायु आदि।

49. Which of the following questions assessed evaluative competency among students?
निम्न प्रश्नों में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों की मूल्याँकन क्षमता का आकलन करता है?

A. What were the problems encountered by merchants during 16th Century? Do you think some of these problems persist today?
16 वीं शताब्दी में व्यापारियों के सम्मुख कौन-कौन सी समस्याएँ आती थीं? क्या आपको लगता है कुछ समस्याएँ आज भी वैसी ही बनी हुई हैं?

B. What is a Public Distribution System? How does it ensure India's food security?
सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या होती है? यह भारत में खाद्य सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित करती है?

C. What are public facilities? List some examples of public facilities available in your locality?/सार्वजनिक सार्वजनिक सुविधाएँ क्या होती है? आपके क्षेत्र में उपलब्ध कुछ सार्वजनिक सुविधाओं की सूची बनाइए।

D. Do you think it is essential for the government to provide healthcare facilities for all? Why?
क्या आपको लगता है कि सरकार को सभी को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवानी चाहिए? क्यों?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (d) : 16वीं शताब्दी में व्यापारियों के सम्मुख कौन-कौन सी समस्याएँ आती थी क्या आपको लगता है कुछ समस्याएँ आज भी वैसी बनी हुई हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या होती है यह भारत में खाद्य सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित करती हैं, तथा क्या आपको लगता है कि सरकार को सभी को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवानी चाहिए जैसे प्रश्न विद्यार्थियों की मूल्यांकन क्षमता का आकलन करता है। इस प्रकार कथन A, B और D सही है जो विकल्प (d) में दिया गया है। विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं का आकलन अपने आप में पूर्ण या अंतिम नहीं होता। अपितु बच्चे की निस्पादन स्तर को अच्छी तरह से समझने का एक मात्र साधन है ताकि इससे बच्चे को शिक्षा के लिये मार्गदर्शन मिल सके और इसी के आधार पर बच्चे की प्रगति को जाँचा जा सके।

50. A social science teacher asks from her students. "Why should a panchayat function through a committee? Why should full powers not be given only to the Sarpanch?". Her questions seek to draw what kind of responses:
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से निम्न प्रश्न पूछती है-पंचायत को एक समिति के द्वारा ही कार्य क्यों करना होता है, क्यों सरपंच को ही सारी शक्तियाँ नहीं दे दी जाती हैं? उसके द्वारा पूछा गया प्रश्न किस प्रकार के उत्तरों की अपेक्षा करता है?

A. Deeper understanding of the panchayat system./ पंचायत व्यवस्था की गहन समझ

B. Thinking through the dangers and benefits./ खतरों व लाभों के बारे में सोचना

C. Point out the flaws of the system.
केवल व्यवस्था की कमियाँ दिखाना

D. Compare different alternatives and continuous search for a better state of affairs.
विभिन्न विकल्पों की तुलना करके स्थिति को बेहतर बनाने की लगातार खोज में लगना

Choose the correct option.
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) A, C and D/ A, C तथा D
(c) A, B and D/ A, B तथा D
(d) B, C and D/ B, C तथा D

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछती है, पंचायत को एक समिति के द्वारा ही कार्य क्यों करना होता है, क्यों सरपंच को ही सारी शक्तियाँ नहीं दे दी जाती है। उसके द्वारा पूछा गया यह प्रश्न पंचायती व्यवस्था से सम्बन्धित गहन समझ, खतरों व लाभों के बारे में सोचना तथा विभिन्न विकल्पों की तुलना करके स्थिति को बेहतर बनाने की लगातार खोज में लगना जैसे- उत्तरों की अपेक्षा करता है। इस प्रकार कथन A, B और D सही है। विद्यार्थियों के चिंतन और भागीदारी को प्रेरित करने के लिये कक्षा में प्रश्नों के अनेक तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है। प्रश्नों का उपयोग विद्यार्थियों को उनके विचारों, उनकी समझदारी प्रगति के बारे में फीडबैक प्रदान करने के लिये किया जा सकता है।

51. Priya was trying to understand the condition of people in indigo plantations in colonial Bengal. but she could only find a secondary source/s for this task. Which of the following evidence did she find?
प्रिया औपनिवेशिक बंगाल में नील की खेती करने वाले लोगों की स्थितियों/हालातों को समझना चाहती थी, किन्तु इसके लिए वह केवल द्वितीयक स्त्रोत ही जुटा पाई। निम्न में से कौन-से साक्ष्य उसे मिले?

A. A historian's research on indigo plantations in 19th century Bengal.
19वीं शताब्दी के बंगाल में नील की खेती पर एक इतिहासकर्त्ता का अनुसंधान

B. Songs sung by indigo peasants during the indigo rebellion.
नील विद्रोह के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों द्वारा गाए गए गीत

C. an interview of an indigo cultivator conducted by members of the Indigo commission.
नील आयोग (इंडिगो कमीशन) द्वारा नील कृषक का लिया गया साक्षात्कार

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Only C/केवल C
(c) Both A and B/ दोनो A और B
(d) Both B and C/दोनों B और C

Ans. (a) : प्रिया औपनिवेशिक बंगाल में नील की खेती करने वाले लोगों की स्थितियों/हालातों को समझना चाहती थी किन्तु इसके लिये वह केवल द्वितीयक स्रोत ही जुटा पाई, 19वीं शताब्दी के बंगाल में नील की खेती पर एक इतिहासकर्ता का अनुसंधान जैसे साक्ष्य उसे मिले। किसी भी बात या स्थिति की जानकारी को अपनी बुद्धि का प्रयोग कर जान लेने की क्रिया समझना कहलाती है अर्थात् अपने विवेक का प्रयोग कर किसी ज्ञान के बारे में आध्यात्मिक विचार करने की क्रिया को समझना शब्द से जाना जाता है। हम सब नील की खेती क्यों करे क्या लाभ हैं इस प्रकार के प्रश्न बच्चों में समझ विकसित करते हैं और स्थितियों के अनुसार उत्तर देते है।

52. Read the following statements (A) and (R) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A तथा R को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

Assertion (A) : There is a need to shift in focus from utilitarianism to egalitarianism in social science.
अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान में केन्द्रण उपयोगितावाद से हटकर समतावाद पर होना चाहिए।

Reason (R) : The shift from utilitarianism to egalitarianism would address the normative concerns of equality, justice and dignity.
कारण (R) : उपयोगितावाद से हटकर समतावाद पर केन्द्रण से समता, न्याय व आदर जैसे प्रतिमान के मुद्दे संबोधित हो जाते हैं।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ दोनों (A) तथा (R) सही हैं किन्तु (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ दोनों (A) तथा (R) सही हैं किन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
दोनों (A) तथा (R) गलत हैं।

Ans. (a) : अभिकथन (A) सामाजिक विज्ञान में केन्द्रण उपयोगितावाद से हटकर समतावाद पर होना चाहिए। कारण (R) उपयोगितावाद से हटकर समतावाद पर केन्द्रण से समता, न्याय व आदर जैसे प्रतिमान के मुद्दे-संबोधित हो जाते हैं। इस प्रकार दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की। उपयोगितावादी मानते हैं कि वही कर्म शुभ है जो सिर्फ व्यक्ति विशेष के हित में न होकर व्यापक सामाजिक हित के पक्ष में होता है। उपयोगितावाद का सिद्धान्त बेंथम की सबसे महत्वपूर्ण देन हैं। साम्यवाद सामाजिक-राजनीतिक दर्शन के अन्तर्गत एक ऐसी विचारधारा के रूप में वर्णित है जिसमें संरचनात्मक स्तर पर एक क्षमतामूलक वर्ग-विहीन समाज की स्थापना की जाएगी।

53. A city teacher is discussing rural administration in the class. A student says that land is measured in his village by a grama nirvaha adhikhari and not a patwari. The teacher has not heard the term.
A responsible way to address the student's comment would be to say:-
एक शहरी शिक्षिका कक्षा में ग्रामीण प्रशासन पर चर्चा कर रही है। एक विद्यार्थी कहता है कि उसके गाँव में भूमि का मापन ग्राम निर्वाह अधिकारी करता है न कि एक पटवारी शिक्षिका ने यह शब्द नहीं सुना था। विद्यार्थी की बात को एक ज़िम्मेदारी तरीके से संबोधित करने का तरीका निम्न में से क्या कहने का होगा-

A. 'The textbook clearly says it is done by a Patwari-use terms only from the textbook'.
'किताब में यह बात स्पष्ट तौर पर कही गई है कि यह काम पटवारी करता है-किताब में लिखे गए शब्द का ही प्रयोग कीजिए।'

B. 'Patwari is called by different names in different places.'
'अलग-अलग स्थानों पर पटवारी को अलग-अलग नामों से जान जाता है।'

C. 'I will check about this term and get back to you in the next class'.
'मैं इस शब्द की जाँच करूँगी और कल कक्षा में दुबारा इस पर आपसे बात करूँगी।'

Choose the correct option.
इस विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A (b) A and B/ A और B
(c) B and C/ B और C (d) A and C/ A और C

Ans. (c) : एक शहरी शिक्षिका कक्षा में ग्रामीण प्रशासन पर चर्चा कर रही है। एक विद्यार्थी कहता हैं कि उसके गाँव में भूमि का मापन ग्राम निर्वाह अधिकारी करता हैं न कि एक पटवारी। शिक्षिका ने यह शब्द नहीं सुना था। विद्यार्थी की बात को एक जिम्मेदार तरीके से सम्बोधित करने का तरीका होगा कि अलग-अलग स्थानों पर पटवारी को अलग-अलग नामों से जाना जाता है, और मैं इस शब्द की जाँच करूँगी और कल कक्षा में दुबारा इस पर आपसे बात करूँगी जैसे तरीका होना चाहिए। ऐसे प्रश्न का उत्तर अगर किसी कारण वश शिक्षक न दे पाए तो उस पर जानकारी एकत्रित करने के बाद उसे बताना चाहिए क्योंकि हर क्षेत्र या जगह की अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषा होती है। जिसे हर शिक्षक जानता हो यह सही नहीं है और इसके बारे में कल कक्षा में चर्चा करूँगी, जैसे शब्द उचित है।

54. Which among the following is an axample of a secondary source for studying how common people resisted the policies of the East India Company?
ईस्ट इण्डिया कंपनी की नीतियों का साधारण जनता/ लोगों ने कैसे विरोध जताया-इस बात का अध्ययन करने के लिए निम्न में से कौन-सा एक द्वितीयक स्रोत का उदाहरण है?

(a) A historian's thesis dealing with the mutiny of 1857 at Meerut./मेरठ में 1857 में हुए विद्रोह पर एक इतिहासकार का शोध-प्रबन्ध

(b) A memoir written by a Sepoy working in the Company Army./कम्पनी फौज में कार्यरत एक सिपाही का जीवनवृत्त

(c) Notes and reports prepared by Company officials/administrators for circulation to different government branches.
विभिन्न सरकारी कार्यालयी शाखाओं में भेजने हेतु कम्पनी अधिकारियों/प्रशासकों द्वारा तैयार किए गए नोट्स व रिपोर्ट्स

(d) A book written by a villager living at that time expressing the sentiments of people around him./उस समय के एक ग्रामीण व्यक्ति द्वारा लिखी पुस्तक जिसमें उपने आस-पास के लोगों के संवेगों का वर्णन किया हुआ है।

Ans. (a) : ईस्ट इंडिया कम्पनी की नीतियों का साधारण जनता/लोगों ने कैसे विरोध जताया इस बात का अध्ययन करने के लिये मेरठ में 1857 में हुये विद्रोह पर एक इतिहासकार का शोध प्रबन्ध द्वितीयक स्रोत का उदाहरण है। द्वितीयक स्रोतों के अन्तर्गत आँकड़ों के प्रकाशित और अप्रकाशित स्रोत आते हैं, जिनमें सरकारी प्रकाशन प्रलेख और रिपोर्ट सम्मिलित किए जाते हैं। विभिन्न मंत्रालयों भारत सरकार के विभाग राज्य सरकारों के प्रकाशन जिलों के बुलेटिन द्वितीयक सूचनाओं के महत्वपूर्ण साधन है इसके अन्तर्गत नगर विकास प्राधिकरणों और विभिन्न नगरों और शहरों के नगर-निगमों और जिला परिषदों के प्रकाशन और रिपोर्ट आते हैं।

55. Which of the following indicates use of secondary source by a student doing a social science project?
निम्न में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान परियोजना करते हुए विद्यार्थी द्वारा द्वितीयक स्रोत के प्रयोग की ओर इशारा करता है?

A. Visit to a government hospital
एक सरकारी अस्पताल में भ्रमण (विज़िट)।

B. A review of a film
एक फ़िल्म की समीक्षा करना।

C. Interview of a freedom fighter
एक स्वतंत्रता सेनानी का साक्षात्कार करना।

D. A documentary on use of natural resources/ प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग पर एक वृत्ताचित्र (डॉक्यूमैंट्री)।

E. A visit to the Coin museum at Reserve bank of India./ सिक्कों के संग्रहालय-रिज़र्व बैंक ऑफ इंण्डिया में भ्रमण।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and E/ A, B तथा E
(b) B and D/ B तथा D
(c) B, C and D/ B, C तथा D
(d) B, C, D and E/ B, C, D तथा E

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की परियोजना करते हुये विद्यार्थी द्वारा द्वितीयक स्रोत के प्रयोग की ओर इशारा करता है, एक फिल्म की समीक्षा करना और प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग पर एक वृत्तचित्र (डॉक्यूमेन्ट्री) की ओर इशारा करता है। भारत में माध्यमिक शिक्षा आयोग को इस विषय के प्रतिपादन का श्रेय है। इस आयोग ने सामाजिक अध्ययन के स्वीकृति स्वरूप पर बल दिया। इस एकीकृत स्वरूप की विषय-सामग्री ऐसी हो जो छात्रों को सामाजिक पर्यावरण से सम्बन्धित किया जा सके। सामाजिक पर्यावरण के अन्तर्गत परिवार, समुदाय, राज्य तथा राष्ट्र के पर्यावरणों को स्थान प्राप्त हो। सामाजिक विज्ञान में परियोजना का कार्य करते समय शिक्षक को एकाग्रचित होना चाहिए जिससे विद्यार्थी को सही मार्गदर्शन मिल सके।

56. While planning a visit to the Museum, a history teacher should focus upon:
संग्रहालय के भ्रमण के समय, एक इतिहास के शिक्षक को ध्यान केंद्रित करना चाहिये:

(a) Showing every object in the museum.
संग्रहालय में प्रत्येक वस्तु को दिखाने पर।

(b) Showing real objects displayed at the museum./संग्रहालय में प्रदर्शित वास्तविक वस्तुओं को दिखाने पर।

(c) Showing objects without focusing on chronology./कालक्रम पर ध्यान न देते हुए वस्तुओं को दिखाने पर।

(d) Showing how objects and its uses have remained the same./यह दिखाने पर कि कैसे वस्तुएँ और उनके उपयोग समान रहे हैं।

Ans. (b) : संग्रहालय के भ्रमण के समय एक इतिहास के शिक्षक को संग्रहालय में प्रदर्शित वास्तविक वस्तुओं को दिखाने पर ध्यान केन्द्रित होना चाहिए। स्थानीय इतिहास को जानने एवं समझने का मुख्य साधन पर्यटन एवं भ्रमण है। छात्रों को इतिहास सदैव कक्षा के बन्द वातावरण में नही पढ़ाया जाना चाहिए बल्कि जहाँ इतिहास की घटना घटित हुयी है, वहाँ से उसे सीखने का अवसर देना चाहिए। स्थानीय इतिहास की पूर्ण जानकारी पर्यटन के माध्यम से ही बालक अपने भौतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक तथ्यों से परिचय प्राप्त करता है और उसकी रूचि इतिहास में उत्पन्न होती है।

57. Which of the following questions assesses procedural knowledge of learners in Social Science?
निम्न प्रश्नों में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान में अधिगमकर्त्ता के प्रक्रियात्मक ज्ञान का आकलन करता है?

A. Democratic procedures are not followed in Panchayati Raj election. Do you agree with this statement? Explain.
पंचायत राज चुनावों में प्रजातांत्रिक तरीकों का निर्वहन नहीं होता। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? व्याख्या कीजिए।

B. In what way is an permanent and regular job different from casual job? Discuss.
एक स्थाई व नियमित काम (जॉब) किस प्रकार एक अनियमित (कैज़ुअल) काम से भिन्न होती है? चर्चा कीजिए।

C. **What is the difference between a Gram Sabha and a Gram Panchayat?**
ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत में क्या अंतर है?

D. **What do you understand by the word 'government'? List five ways in which you think the government affects your daily life.**
'सरकार' शब्द से आप क्या समझते हैं? उन पाँच तरीकों की सूची बनाइए जो आपके अनुसार ऐसे तरीके हैं जिनके द्वारा सरकार आपके दैनिक जीवन को प्रभावित करती है।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) A and B/ A तथा B
(c) A, B and C/ A, B तथा C
(d) A, B and D/ A, B तथा D

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान में अधिगमकर्ता प्रक्रियात्मक ज्ञान का आकलन करता है इस प्रकार सही विकल्प पंचायती राज चुनावों में प्रजातांत्रिक तरीकों का निर्वहन नहीं होता। क्या आप इस कथन से सहमत है व्याख्या कीजिए। जैसे- प्रश्न प्रक्रियात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं। प्रक्रियात्मक ज्ञान को किसी पाठ के निष्पादन में अभ्यासात्मक ज्ञान के रूप में जाना जाता है। प्रक्रियात्मक ज्ञान में अधिक ज्ञानेन्द्रियाँ गामक योग्यताएँ व अनुभव, समस्या समाधान का अभ्यास एक विशिष्ट परिस्थिति की सीमाओं का अवबोध शामिल रहता है। जैसे एक कार चलाने के लिये केवल सैद्धान्तिक ज्ञान का होना ही पर्याप्त नही अपितु उसके व्यावहारिक या प्रक्रियात्मक ज्ञान का होना आवश्यक है।

58. Identify the type of map a teacher would refer to in order to teach the distribution of forests in a particular region.
एक विशेष क्षेत्र में वनों के वितरण को पढ़ाने के लिए शिक्षक जिस प्रकार के मानचित्र का प्रयोग करेगा उसकी पहचान कीजिए।

(a) Physical Maps/भौतिक मानचित्र
(b) Political Maps/राजनीतिक मानचित्र
(c) Small scale Maps/छोटे स्तर के मानचित्र
(d) Thematic Maps/विषयगत (थीमैटिक) मानचित्र

Ans. (d) : एक विशेष क्षेत्र में वनों के वितरण को पढ़ाने के लिए शिक्षक विषयगत (थीमेटिक) मानचित्र का प्रयोग करेगा। कुछ मानचित्र विशेष जानकारियाँ प्रदान करते है- जैसे- सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र इत्यादि। इस प्रकार के मानचित्र को थीमैटिक मानचित्र कहा जाता है। जब बड़े क्षेत्रफल वाले भागों जैसे महाद्वीपों या देशों को कागज पर दिखाना होता है। तब हम लोग छोटे पैमाने का उपयोग करते हैं।
मानचित्र के तीन घटक होते हैं- दूरी, दिशा, प्रतीक।
प्रतीक– यह किसी भी मानचित्र का तीसरा महत्वपूर्ण घटक है। इसके अन्तर्गत सड़क, पुल, रेल की पटरियों को अक्षर, रंग, चित्र के माध्यम से दर्शाया जाता है।

59. Which of the following is considered essential for developing rubrics for evaluating students' project work?
निम्नलिखित में से कौन-सा विद्यार्थी के परियोजना कार्य के मूल्यांकन के लिए रूब्रिक के विकास के लिए जरूरी माना गया है?

A. **Learning objectives/ अधिगम के उद्देश्य**
B. **Learning outcomes/ अधिगम मे परिणाम**
C. **Conclusions/ निष्कर्ष**

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only C/केवल C (b) A or B/ A और B
(c) B and C/ B और C (d) A and C/ A और C

Ans. (b) : अधिगम के उद्देश्यों और अधिगम के परिणाम विद्यार्थी के परियोजना कार्य के मूल्यांकन के लिए तथा रूब्रिक के विकास के लिये जरूरी माना जाता है। रूब्रिक एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग शिक्षक लिखित कार्य, परियोजनाओं भाषणों और बहुत कुछ सहित विभिन्न प्रकार के असाइनमेंट का आकलन करने के लिए करते हैं। प्रत्येक रूब्रिक को मानदंडों के एक सेट (उदाहरण, संगठन, साक्ष्य, निष्कर्ष) के साथ विभाजित किया गया है। अधिगम व्यक्तित्व (संज्ञानात्मक, प्रभावकारी, प्रवृष्टि पूर्ण, उत्साहपूर्ण, व्यवहारपूर्ण और अभ्यासात्मक), पूर्णतया परिवर्तन कर देता है और उसके परिवर्तन में चमक दिखाई देती है।
नोट– अधिगम का परिणाम संसोधन और विकास है।

60. Which of the following questions assesses only the factual knowledge of learners?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न केवल अधिगमकर्त्ता के केवल तथ्यात्मक ज्ञान का आकलन करता है?

(a) How was water supplied to the city of Thanjavur during fifteenth century?
पंद्रहवीं शताब्दी के दौरान तंजावुर नगर को जल आपूर्ति कैसे होती थी?
(b) You are planning a journey from Surat to West Asia in the seventeenth century. What are the arrangements you will make?/सत्रहवीं शताब्दी में आप सूरत से पश्चिम एशिया तक की यात्रा की योजना बना रहे हैं। आप क्या-क्या व्यवस्थाएँ करेंगे?
(c) Was Equinox relevant for people's lives during early 20th century?
प्रारंभिक बीसवीं शताब्दी के दौरान लोगों के जीवन के लिए क्या विषुव प्रासंगिक था?
(d) Why do you think towns grew around temples?/आपको क्या लगता है कि मन्दिरों के आस-पास नगरों का विकास क्यों हुआ?

Ans. (a) : पन्द्रहवीं शताब्दी के दौरान तंजावुर नगर को जल आपूर्ति कैसे होती थी। जैसे प्रश्न अधिगमकर्ता के केवल-तथ्यात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं। लिखित ज्ञान तत्वों से परिपूर्ण होता है। अतः इसे तथ्यात्मक ज्ञान या तथ्यात्मक अधिगम के रूप में जाना जाता है। तथ्यात्मक ज्ञान किसी वाक्य के मूल में जो तथ्य छिपा होता हैं वह इस ज्ञान का प्रमुख अंग होता है। इस प्रकार के ज्ञान को तथ्यात्मक अधिगम कहते हैं। तथ्यात्मक अधिगम की प्रमुख विशेषता यह है कि ज्ञान सत्य भी हो सकता है और असत्य भी अनेक प्रकार के सिद्धान्त एवं नियमों का प्रतिपादन विद्वानों द्वारा अपने प्रयोग के आधार पर किया जाता है। किसी भी तथ्यात्मक ज्ञान पर पूर्ण रूप से विचार करने की संभावना होती है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 04 जनवरी, 2022)

1. Which of the following order of succession within Mauryan Empire is correct?
निम्नलिखित में से मौर्य साम्राज्य में उत्तराधिकार का कौन-सा क्रम सही है?

(a) Chandragupta Maurya, Ashoka, Bindusara, Deshratha Maurya
चंद्रगुप्त मौर्य, अशोक, बिंदुसार, दशरथ मौर्य

(b) Chandragupta Maurya, Bindusara, Ashoka, Deshratha Maurya
चंद्रगुप्त मौर्य, बिंदुसार, अशोक, दशरथ मौर्य

(c) Chandragupta Maurya, Deshratha Maurya, Bindusara, Ashoka
चंद्रगुप्त मौर्य, दशरथ मौर्य, बिंदुसार, अशोक

(d) Chandragupta Maurya, Deshratha Maurya, Bindusara, Ashoka
चंद्रगुप्त मौर्य, दशरथ मौर्य, बिंदुसार, अशोक

Ans. (b) : मौर्य साम्राज्य में उत्तराधिकार से सम्बंधित शासकों का सही क्रम चन्द्रगुप्त मौर्य, बिन्दुसार, अशोक, दशरथ है। मौर्य राजवंश की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने की थी। चन्द्रगुप्त ने चाणक्य की सहायता से नंद राजवंश को नष्ट कर दिया और मौर्य वंश की स्थापना की एवं सर्वप्रथम विलियम जोंस ने सेंड्रोकोट्स की पहचान चन्द्रगुप्त मौर्य से की। मेगस्थनीज यूनान का राजदूत था जिसे सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था इसने 'इण्डिका' नामक पुस्तक की रचना की। बिंदुसार चन्द्रगुप्त मौर्य का पुत्र था। यूनानियों ने इसे अमित्रकेट्स या अमित्रघात कहा है जिसका अर्थ शत्रु विनाशक है। बिन्दुसार के बाद उनका पुत्र अशोक शासक बना। वह मौर्य शासकों में सबसे महान शासक हुआ।

2. The use of dates in an upper primary History class can be on the basis of_____.
उच्च प्राथमिक स्तर पर इतिहास की कक्षा में तिथियों के प्रयोग का आधार कौन-सा हो सकता है?

(a) approximate dates/ सन्निकट तिथियाँ
(b) confirmed dates/ सुनिश्चित तिथियाँ
(c) fixed dates/स्थिर तिथियाँ
(d) no dates/ कोई तिथि नहीं

Ans. (a) : उच्च प्राथमिक स्तर पर इतिहास की कक्षा में तिथियों के प्रयोग का आधार सन्निकट तिथियाँ हो सकती है। इसमें वर्ष 2000 को शुरुआती बिन्दु के रूप में रखकर घटनाओं और प्रक्रियाओं के होने की अनुमानित तिथियों की जानकारी दी है इसलिए तिथियों के पहले करीब का लगभग लिखा गया है। अशोक के शासन की शुरुआत की तिथि के रूप में एक से अधिक तिथियाँ देखने को मिल सकती है क्योंकि इतिहासकार इस बात पर एकमत नही हो पाये है कि सही तिथि क्या है प्रश्नवाचक चिन्ह के साथ दी गयी– तिथियाँ इस बात का संकेत करती है कि तिथियाँ निश्चित नही बल्कि सन्निकट है।

3. Which of the following statements about Satavahanas is correct?
निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन-सा वक्तव्य सातवाहन के लिए सही है?

(a) Satavahanas was powerful in Southern India.
सातवाहन दक्षिण भारत में सबसे शक्तिशाली थे।

(b) Satavahana rulers were known as lords of dakshinpatha./ सातवाहन शासक दक्षिणपंथ के अधिपति के रूप में जाने जाते थे।

(c) Satavahana rulers sent their army to northern coasts./ सातवाहन शासकों ने अपनी सेना उत्तरी समुद्र तटों पर भेजी।

(d) Shivaskanda Satakarni was the most important ruler of Satavahanas./ शिवस्कंद सत्कर्णी सातवाहन के एक अति महत्वपूर्ण शासक थे।

Ans. (b) : सातवाहन शासक दक्षिणपंथ के अधिपति के रूप में जाने जाते थे, यह वक्तव्य सातवाहनों के सम्बन्ध में सही हैं दक्कन और मध्यभाग में मौर्यों के उत्तराधिकारी सातवाहन हुए। पुराणों में सातवाहनों को आन्ध्र कहा गया है। सातवाहनों का सबसे प्रमुख राजा गौतमीपुत्र श्री शातकर्णी था उसके बारे में उसकी माँ, गौतमी बलश्री द्वारा दान किये गये एक अभिलेख से पता चलता है। वह और अन्य सभी सातवाहन शासक दक्षिणपंथ के स्वामी कहे जाते थे। सातवाहनों की शक्ति को स्थापित करने वाला प्रथम शासक सिमुक था। सातवाहनों की सामाजिक व्यवस्था में पितृसत्तात्मकता के साक्ष्य मिलते है। सातवाहनों के सिक्के अधिकांशतः सीसे (लेड) से निर्मित है जो दक्कन में पाये गये है। सातवाहनों की राजकीय भाषा प्राकृत और लिपि ब्राम्ही थी।

4. Consider the statements A, B and C on temple and choose the correct answer.
मंदिर के बारे में दिए (A), (B) और (C) वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन करें।

A. Temple towns represented pattern of urbanization./ मंदिर नगर, नगरीकरण का महत्वपूर्ण प्रतिरूप करते थे।

B. Temples were central to the economy and society./ मंदिर, अर्थव्यवस्था और समाज दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते थे।

C. Temples were built by rulers to demonstrate their devotion to various deities.
शासक विभिन्न देवी-देवताओं के प्रति अपना भक्तिभाव दर्शाने के लिए मंदिर बनवाते थे।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C all are correct
A, B और C सभी सही है
(b) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं, C सही नहीं है
(c) A and C are correct and B is incorrect
A और C सही हैं, B सही नहीं है
(d) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं, A सही नहीं है

Ans. (a) : मंदिर नगर, नगरीकरण का महत्वपूर्ण प्रतिरूप प्रस्तुत करते थे, मंदिर अर्थव्यवस्था और समाज दोनों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण होते थे एवं और शासक विभिन्न देवी देवतओं के प्रति अपना भक्तिभाव दर्शाने के लिए मंदिर बनवाते थे। मंदिर के सम्बन्ध में A, B और C तीनों कथन सही है। चोल शासनकाल में दक्षिण भारत का मंदिर स्थापत्य चरमोत्कर्ष पर था। इस काल में स्थापत्य की जो शैली लोकप्रिय हुई उसे द्रविड़ शैली कहते है। द्रविड़ शैली के मंदिरों का आरम्भिक उदाहरण कांचीपुरम् का कैलाश मंदिर है। मंदिर स्थापत्य का एक अन्य प्रवृष्ट उदाहरण गंगैकोंडचोलपुरम् का मंदिर है। राजराजेश्वर जैन मंदिर/वृहदेश्वर मंदिर का निर्माण चोलवंश के शासक राजराज प्रथम ने करवाया था। वह मंदिर पूरी तरह ग्रेनाइट से निर्मित है।

5. The Mahayana Buddhism was distinct from earlier forms of Buddhism as:
महायान, बौद्ध धर्म की आरंभिक मान्यताओं से निम्न में से किन कारणों से भिन्न था?

A. It depicted Buddha's presence through signs.
इसमें बुद्ध की उपस्थिति संकेतों द्वारा दर्शायी गई
B. the bodhisattvas lived in isolation.
इसमें बोधिसत्व एकांतवास में रहते थे
C. statues of Buddha was made.
इसमें बुद्ध की प्रतिमाएँ बनाई गई थीं
D. the bodhisattvas remained in world to teach others./ बोधिसत्व अन्य लोगों को शिक्षा देने के लिए सांसारिक परिवेश में रम गए

Choose one appropriate option.
एक सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B are true/ A और B सही हैं
(b) B and C are true/ B और C सही हैं
(c) C and D are true/ C और D सही हैं
(d) A and D are true/ A और D सही हैं

Ans. (c) : महायान, बौद्ध धर्म की आरंभिक मान्यताओं में से बुद्ध की प्रतिमाएँ बनाई गई थीं। बोधिसत्व अन्य लोगों को शिक्षा देने के लिए सांसारिक परिवेश में रम गये। इस प्रकार (C) और (D) कथन सत्य हैं। महायान भी आरम्भिक मान्यताओं से भिन्न था तथा दूसरा परिवर्तन बोधिसत्व में आस्था लेकर आया, बोधिसत्व उन्हें कहते है। जो ज्ञान प्राप्ति के बाद एकांतवास करते हुए ध्यान साधना कर सकते थे। कुषाणों का सबसे प्रसिद्ध राजा कनिष्क था। उसने एक बौद्ध परिषद का गठन किया, जिसमें एकत्र होकर विद्वान महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श करते थे। इसी समय बौद्ध धर्म की एक नई धारा महायान का विकास हुआ।

6. Assertion (A): The Zabt system was prevalent in Gujarat and Bengal.
निम्नलिखित कथनों के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए:
अभिकथन (A): गुजरात और बंगाल में जब्त व्यवस्था प्रचलित थी।
Reason (R): It was introduced in area where survey of land and careful account keeping prevailed.
कारण (R): यह व्यवस्था उन स्थानों पर लागू की गई थी जहाँ पर भूमि का निरीक्षण और उसका लेखा-जोखा सावधानीपूर्वक रखा गया था।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) (A) is false, but (R) is true
(A) गलत है लेकिन (R) सही है

Ans. (d) : अकबर के राजस्व मंत्री टोडरमल ने दहसाला (1570-1571) की कालावधि के लिए कृषि की पैदावार कृषि का सावधानी पूर्वक सर्वेक्षण किया इन आंकड़ों के आधार पर प्रत्येक फसल पर नकद के रूप में कर (राजस्व निश्चित किया गया) प्रत्येक सूबे (प्रान्त) को राजस्व मण्डलों में बांटा गया और प्रत्येक की हर फसल के लिए राजस्व दर की अलग सूची बनाई गयी। राजस्व प्राप्त करने की इस व्यवस्था को जब्ती व्यवस्था कहा गया। यह व्यवस्था उन स्थानों पर प्रचलित थी जहॉ पर मुगल प्रशासनिक अधिकारी भूमि का निरीक्षण और लेखा जोखा सावधानीपूर्वक उनका हिसाब रख सकते थे ऐसा निरीक्षण गुजरात और बंगाल जैसे प्रांतों में संभव नही हो पाया। इस प्रकार विकल्प (A) गलत है विकल्प (R) सही है। मुगलों की आमदनी का प्रमुख साधन किसानों की उपज से मिलने वाला राजस्व था।

7. 'Mandapa' was:
'मंडप' था —

(a) a sacred place in temple
मंदिर का एक पवित्र स्थल
(b) a hall where people could assemble
एक सभागार जहाँ लोग इकट्ठे हो सकें
(c) a path laid around stupa
स्तूप के चारों ओर निर्मित एक पथ
(d) a place where image of deity was placed
वह स्थल जहाँ देवी-देवताओं की मूर्ति रखी होती थी

Ans. (b) : 'मंडप' मंदिर का एक सभागार होता था जहां लोग इकट्ठा हो सके। राजा लोग इन मंडपों में अपना दरबार लगाते थे। यही से वे अपने अधीनस्थों के लिए आदेश जारी करते थे। मंदिर 5 से 7 मंजिल के होते थे तथा वे एक विशेष शैली में बनें होते थे जिसे विमान शैली कहते थे। मंदिरों के चारों ओर एक विशाल परिक्रमा पथ होता था, जो ऊँची चहरदीवारी से घिरा रहता था।

चहरदीवारी में जगह-जगह ऊँचे सिंह द्वार बने होते थे जिन्हे गोपुरम कहा जाता था। चोल काल में दक्षिण भारत में मूर्तिकला ने एक नई ऊँचाई को स्पर्श किया इसका एक उदाहरण श्रवण बेलगोला में गोमतेश्वर की विशालकाय मूर्ति है। वह स्थान जहाँ देवी देवताओं की मूर्ति रखी होती थी गर्भगृह कहलाता था।

8. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए:

Assertion (A): The support of Bahadur Shah Zafar to the rebellion had a positive implication on the people and the ruling families.
अभिकथन (A): बहादुर शाह जफर द्वारा विद्रोहियों को दिए गए समर्थन ने लोगों और शासन करने वाले परिवारों पर सकारात्मक असर डाला।

Reasoning (R): People saw the Mughals as an alternative power who could help challenge the British Rule.
कथन (R): लोगों ने मुगलों को वैकल्पिक शासन के तौर पर देखा जो ब्रिटिश राज को चुनौती देने में सहायता कर सकते थे।

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) (A) Both (A) and (R) true
(A) और (R) दोनों सही हैं

Ans. (a) : बहादुर शाह जफर द्वारा विद्रोहियों को दिये गये समर्थन ने लोगों और शासन करने वाले परिवारों पर सकारात्मक असर डाला तथा लोगों ने मुगलों को वैकल्पिक शासन के तौर पर देखा, जो ब्रिटिश राज को चुनौती देने में सहायता कर सकते थे। 8 अप्रैल, 1857 को युवा सिपाही मंगल पाण्डे को बैरकपुर में अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में फांसी पर लटका दिया गया तथा कुछ दिन बाद मेरठ के सिपाहियों ने फौजी अभ्यास करने से इन्कार कर दिया। सिपाहियों को लगता था कि उन कारतूसों पर गाय और सुअर की चर्बी का लेप चढ़ाया गया है इसको लेकर कुछ सिपाहियों को जेल में डाल दिया गया जिससे सिपाही उग्र हो गये इस प्रकार कथन (A) और कथन (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

9. Alvars are saints who are devoted to_____.
अलवार संत निम्न में से किसके उपासक थे?

(a) Vishnu/ विष्णु (b) Shiva/ शिव
(c) Shankara/ शंकर (d) Krishna/ कृष्ण

Ans. (a) : अलवार संत विष्णु के उपासक थे। 7वीं से 9वीं शताब्दी के बीच कुछ नये धार्मिक आन्दोलनों का प्रादुर्भाव हुआ इन आन्दोलनों का नेतृत्व नयनारों (शैव संतों) और अलवारों (वैष्णव संतों) ने किया। ये संत सभी जातियों के थे जिनमें पुलैया और पनार जैसी अस्पृश्य समझे जाने वाली जातियों के लोग भी शामिल थे वे बौद्ध, जैनों के कटु आलोचक थे। नयनार और अलवार दोनों घुमक्कड़ साधु संत थे। कुल मिलाकर 63 नयनार ऐसे थे, जो कुम्हार, अरपृश्य, कामगार, शिकारी सैनिक, ब्राम्हण जैसी अनेक जातियों में पैदा हुये थे। उनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध अप्पार संबंदर, सुंदरार और मणिक्कवसागर उनके गीतों के दो संकलन हैं- तेवरम् और तिरूवाचकम्। अलवार संत 12 थे उनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध थे पेरिय अलवार उनकी पुत्री आंडाल, तोडरडिप्पोडी अलवार और नम्मालवार उनके गीत 'दिव्य प्रबंधन' में संकलित है।

10. The Satnami movement was founded by ____.
सतनामी आंदोलन की शुरुआत किसने की?

(a) Haridas/ हरिदास ने (b) Jyotidas/ ज्योतिदास ने
(c) Ghasidas/ घासीदास ने (d) Surdas/ सूरदास ने

Ans. (c) : सतनामी आन्दोलन की शुरुआत घासीदास ने की थी। जिन्होंने चमड़े का काम करने वाली जातियां को संगठित किया और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए आन्दोलन छेड़ दिया एवं पूर्वी बंगाल में हरिदास ठाकुर के मतुआ पंथ ने चाण्डाल काश्तकारों के बीच काम किया। हरिदास ने जाति व्यवस्था को सही ठहराने वाले ब्राम्हणवादी ग्रंथों पर सवाल उठाया।
1820 ई. में हेनरी डेरेजियों हिन्दू कालेज कलकत्ता में अध्यापक थे उन्होंने अपने विद्यार्थियों को अमूल परिवर्तनकारी विचारों से अवगत कराया तथा उसके द्वारा शुरु किया गया यंग बंगाल मूवमेंट में उनके विद्यार्थियों ने परम्पराओं और रीति-रिवाजों पर आवाज उठाई, महिलाओं के लिए शिक्षा की मांग की और सोच व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन चलाया।

11. In the colonial period, several new cities were built. Many towns expanded, this had the following consequences.
औपनिवेशिक काल में नए शहर बने, कई कस्बे विकसित हुए। इसका ये परिणाम हुआ कि-

A. They attracted only the educated and upper-caste landlords to the cities.
वे केवल शिक्षित और ऊँची जातियों के भू-स्वामियों को ही आकर्षित कर पाये।

B. They offered good working conditions to the poor and labour rights.
उन्होंने मजदूरों के लिए अच्छी कार्य-दशाएँ और श्रमिक-अधिकार प्रस्तुत किये।

C. They offered an escape route to the oppressed caste from daily humiliation.
उन्होंने दलित जातियों के लिए दिन-प्रतिदिन होने वाले अपमान से बचने का रास्ता बनाया।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें:

(a) Only A is true/ केवल A सही है
(b) Only B is true/ केवल B सही है
(c) Only C is true/ केवल C सही है
(d) A, B and C are all true/ A, B और C तीनों सही हैं

Ans. (c) : औपनिवेशिक काल में नये शहर बने, कई कस्बे विकसित हुए। इससे दलित जातियों के दिन प्रतिदिन होने वाले अपमान से बचने का रास्ता बनाया। इस प्रकार विकल्प (C) सही होगा। वे केवल शिक्षित और ऊँची जातियों के भू-स्वामियों को ही

आकर्षित कर पाये। शहर की जिंदगी एक संघर्ष की थी, नौकरी पक्की नहीं थी खाना महंगा था तथा खर्च उठाना मुश्किल था फिर भी गरीबों ने वहां प्रायः अपनी एक अलग जीवंत शहरी संस्कृति रच दी थी। वे धार्मिक त्यौहारों तमाशों आदि में उत्साह पूर्वक हिस्सा लेते थे जिनमें उनका मजाक बनाया जाता था इस प्रकार केवल (c) उत्तर सही होगा।

12. Gandhi ji was successful in bringing people together in various mass movements through
निम्न में से किनके द्वारा गाँधीजी विभिन्न जन आंदोलनों में लोगों को एकजुट करने में सफल रहे-

A. methods of non-violence and satyagraha
अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग अपनाकर

B. call for India's Independence
भारत की स्वतंत्रता का आह्वान करके

C. Prayer and fasting against British policies
अंग्रेजों की नीतियों के विरुद्ध प्रार्थना तथा अनशन करके

D. understanding peoples' need and taking up local issues
लोगों की आवश्यकताएँ समझकर तथा क्षेत्रीय मुद्दों को उठाकर

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) A and D/ A और D

Ans. (d) : अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग अपनाकर लोगों की आवश्यकताएँ समझकर तथा क्षेत्रीय मुद्दों को उठाकर गांधी जी विभिन्न जन आन्दोलन में लोगों को एक जुट करने में सफल रहें। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्द स्वराज' (1909) में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से ही स्थापित हुआ था और यह शासन इस सहयोग के कारण ही चल पा रहा था गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे इसलिए हिंसा करने से बचते थे और क्षेत्रीय मुद्दो को उठाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते थे जैसे चम्पारण सत्याग्रह 1917 प्रथम वास्तविक किसान सत्याग्रह था।

13. If you were an extremist leader, which of the following methods, would you have taken against the British government?
यदि आप एक चरमपंथी नेता होते, तो अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध आपने निम्न में से कौन-सा तारीका अपनाया होता-

A. boycott of British institutions and goods
अंग्रेजी संस्थानों तथा वस्तुओं का बहिष्कार

B. revolutionary violence and use of force
क्रांतिकारी हिंसा तथा बल का प्रयोग

C. demonstrations, petitions and writing articles against British rule
अंग्रेजी शासन के विरुद्ध प्रदर्शन करते, याचिकाएँ दायर करते तथा लेख लिखते

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A तथा B
(b) A and C/ A तथा C
(c) B and C/ B तथा C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (a) : यदि आप एक चरम पंथी नेता होते तो अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध अंग्रेजी संस्थानों तथा वस्तुओं का बहिष्कार, क्रांतिकारी हिंसा तथा बल का प्रयोग जैसे तरीका अपनाया होता। गरम दल और नरम दल सहित कांग्रेस के भीतर के सभी दल बंगाल विभाजन के विरुद्ध एकजुट हुए। नरम दल के नेता का मत था कि बहिष्कार जैसे तरीकों का इस्तेमाल विशेष परिस्थिति में होना चाहिए वहीं गरम दल के नेताओं का विश्वास था कि बहिष्कार को व्यापक बनाना आवश्यक है। इन्होंनें सरकारी स्कूलों कालेजों एवं वि.वि. का बहिष्कार करने और देशभक्ति को उभारने के लिए स्वदेशी शिक्षा संस्थाएं शुरू करने पर जोर दिया।
नोट :- गरम दल के नेता ब्रिटिश शासन के विरुद्ध कांग्रेस के नेता देशव्यापी आन्दोलन प्रारम्भ करना चाहते थे। सूरत अधिवेशन 1907 ई. में गरम दल और नरम दल में विभाजित हुए।

14. The congress sought to speak for all the Indian people against colonial rule because_____.
कांग्रेस को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध सभी भारतीयों की ओर से बोलने के लिए बुलावा दिया गया-

(a) they wanted the complete support of everyone to fight against foreign rule
क्योंकि वे विदेशी शासन के विरुद्ध लड़ाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति का पूरा समर्थन चाहते थे।

(b) they were the only party who had the power to mobilize Indians
केवल वही एकमात्र दल था जिसमें सभी भारतीयों को संगठित कर विरोध के लिए तैयार करने की शक्ति थी।

(c) they projected themselves as the representative of all the different communities
क्योंकि इसने स्वयं को सभी समुदायों के प्रतिनिधि के रूप में प्रदर्शित किया था।

(d) the people had put complete trust and support on the party in their fight or Independence
स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में लोगों ने अपना संपूर्ण विश्वास तथा समर्थन इस दल को दिया था।

Ans. (c) : कांग्रेस को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध सभी भारतीयों की ओर से बोलने के लिए बुलावा दिया गया क्योंकि इसने स्वयं को सभी समुदायों के प्रतिनिधि के रूप में प्रदर्शित किया था। राष्ट्रीय आन्दोलन ने बाहर की दुनिया की घटनाओं और विचारों से प्रेरणा ग्रहण की थी तथा दूसरे कई देशें के लोगों ने भारत की आजादी के लिए सहयोग दिया तथा दूसरे देशों में भारतीयों ने स्थानीय लोगों की मदद से संगठन स्थापित किये। ब्रिटिश कई बार भारत को विभाजित करने की कोशिश करते थे, लेकिन कांग्रेस को सभी लोगों का समर्थन प्राप्त था इस कारण विभाजित करने में उन्हें असफलता ही मिलती थी।

15. A narrow passage of water connecting two large water bodies like seas and oceans is called _____.

जल का संकरा भाग जो दो बड़ी जलराशियों, जैसे समुद्रों या महासागरों को जोड़ता है, वह क्या कहलाता है?

(a) Strait/ जलसंधि (b) Isthmus/ स्थलसंधि
(c) Canal/ नहर (d) Bay/ खाड़ी

Ans. (a) : जल का संकरा भाग जो दो बड़ी जलराशियों, जैसे समुद्रों या महासागरों को जोड़ता है वह जलसंधि कहलाता है।
स्थलसंधि स्थल का एक संकरा भाग होता है, जो दो बड़ें स्थलीय भागों को एक-दूसरे से जोड़ता है।
पृथ्वी के बहुत बड़े भाग पर जल पाया जाता है, जिसे जलमंडल कहा जाता है। जल मंडल में जल की सभी अवस्थाएँ जैसे बर्फ, जल एवं जलवाष्प सम्मिलित है।
पृथ्वी की सतह के दो मुख्य भाग है, बड़े स्थलीय भू-भागों को महाद्वीपों के नाम से जाना जाता हैं तथा बड़े जलाशयों को महासागरीय बेसिन के नाम से जाना जाता है। विश्व के सभी महासागर आपस में एक दूसरे से जुड़े है।
नोट :- पृथ्वी पर सात प्रमुख महाद्वीप है, ये विस्तृत जलराशि के द्वारा एक दूसरे से अलग है।

16. Read the statements A and B and choose the correct options.

कथनों A तथा B को पढ़िए और उनके आधार पर सही विकल्प चुनिए।

Statement A: In India, the longitude of 82°30' West is treated as the standard meridian

कथन A: भारत में 82°30' पश्चिम देशांतर को मानक याम्योत्तर माना गया है।

Statement B: The local time at the longitude 82°30' E is taken as the standard time for the whole country

कथन B: 82°30' पूर्व देशांतर के स्थानीय समय को पूरे देश का मानक समय माना जाता है।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है
(b) A is false, B is true/ A गलत है, B सही है
(c) A and B are true/ A और B दोनों सही है
(d) A and B are false/ A और B दोनों गलत है

Ans. (b) : भारत में 82°30 पश्चिम देशान्तर को मानक याम्योत्तर माना गया है यह सही नहीं है बल्कि 82°30 पूर्व को मानक याम्योत्तर माना गया है इस प्रकार कथन (A) गलत है एवं 82°30 पूर्व देशान्तर के स्थानीय समय को पूरे देश का मानक समय माना जाता है इस प्रकार (B) कथन सही है। भारत ग्रीनविच के पूर्व 82°30 पू. में स्थित है तथा यहाँ का समय ग्रीनविच समय से 5 घंटा 30 मिनट आगे है, इसलिये जब लंदन में दोपहर के 2 बजे होगें तब भारत में 7:30 बजे होगें। किसी स्थान की स्थिति को बताने के लिए उस स्थान की अक्षांश के अतिरिक्त कुछ और जानकारियों की भी आवश्यकता होती है।

17. Consider the statements A, B, C in reference to India and choose the correct answer.

भारत के संदर्भ में कथनों A, B और C पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. India is located in the Northern hemisphere.
भारत उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।

B. The Tropic of Cancer passes almost halfway to the country
कर्क रेखा देश के लगभग बीचोबीच से गुजरती है।

C. Mainland of India extends between 68°7'E and 97°25'E latitudes / भारत की मुख्य भूमि का विस्तार 68°7' पू तथा 97°25'पू अक्षांशों के बीच है।

(a) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं जबकि A गलत है
(b) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं जबकि C गलत है
(c) A and C are correct and B is incorrect
A और C सही हैं जबकि B गलत है
(d) A, B and C are correct
A, B और C तीनों सही हैं।

Ans. (b) : भारत एक बहुत बड़ा भौगोलिक विस्तार वाला देश है जो उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। कर्क रेखा देश के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरती है तथा यहाँ रेखा 8 भारतीय राज्यों से गुजरती है। दक्षिण से उत्तर की ओर भारत की मुख्य भूमि का विस्तार 8°4 उत्तर तथा 37°6 उत्तरी अक्षांशों के बीच है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक भारत का विस्तार 68°7 पूर्वी और 97°25 पूर्वी देशान्तरों के बीच है, इस प्रकार कथन (A) और (B) सही है जबकि कथन (c) सही नहीं है। क्योंकि अक्षांश की जगह देशान्तर होना चाहिए। 82°30 पूर्वी देशान्तर के स्थानीय समय को भारत का मानक समय माना गया है। भारत उत्तर में हिमालय के ऊँचे शिखरों से घिरा है। पश्चिम में अरब सागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण में हिन्द महासागर भारतीय प्रायद्वीप के तटों पर है।

18. You are asked to locate a place on globe with the following information:
It is situated at 20° latitude
With this information you _____

निम्नलिखित सूचना के आधार पर आपको ग्लोब पर किसी स्थान की सही स्थिति निरूपित करनी है
'यह 20° अक्षांश पर स्थित है।'
इस सूचना के आधार पर आप _____

(a) can easily locate this place on globe
आराम से ग्लोब पर इस स्थान की सही स्थिति निरूपित कर सकते हैं।
(b) also need indication of East or West of latitude along with longitude of that place
पूर्वी या पश्चिमी अक्षांश के संकेत के साथ-साथ उस जगह के देशांतर की भी आवश्यकता होगी।
(c) also need indication of North or South of latitude/उत्तरी या दक्षिणी अक्षांश के संकेत की भी आवश्यकता होगी।
(d) also need indication of North or South of latitude along with longitude of that place
उत्तरी या दक्षिणी अक्षांश के संकेत के साथ-साथ उस जगह के देशांतर की भी आवश्यकता होगी।

Ans. (d) : ग्लोब पर किसी स्थान की सही स्थिति निरूपित करनी है यह 20° अक्षांश के साथ-साथ उस जगह के देशान्तर की भी आवश्यकता होगी। किसी भी स्थान की स्थिति बताने के लिए उस स्थान के अक्षांश के अतिरिक्त कुछ और जानकारियों की आवश्यकता होती है। उनकी यह स्थिति जानने के लिए यह पता करना होगा कि उत्तर ध्रुव को दक्षिण ध्रुव से जोड़ने वाली संदर्भ रेखा पूर्व पश्चिम की ओर इन स्थानों की दूरी कितनी हैं इन संदर्भ रेखाओं को देशान्तरीय याम्योत्तर कहते है तथा उनके बीच की दूरी को देशान्तर के अंशों से मापा जाता है। प्रत्येक अंश को मिनट में तथा मिनट को सेकेण्ड में विभाजित किया जाता है।

19. Consider the statements A and B and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

A. Nights in deserts are hot.
कथन A. रेगिस्तान में रातें गर्म होती हैं।

B. The sand and rocks emit heat and raise the temperature.
कथन B. रेत और चट्टानें गर्मी उत्सर्जित करती हैं और तापमान बढ़ाती हैं।

(a) A and B are true and B is the correct explanation of A/ A और B दोनों सही हैं और B, A की सही व्याख्या है
(b) A and B are true and B is not the correct explanation of A/ A और B दोनों सही हैं और B, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A is true but B is false / A सही है और B गलत है
(d) A is false but B is true/ A गलत है और B सही है

Ans. (d) : रेगिस्तान में रातें गर्म नही बल्कि ठण्डी होती है। इस प्रकार (A) गलत है। रेगिस्तान की जलवायु गर्म और शुष्क होती है। यहां वर्षा अल्पकाल के लिए होती है। यहाँ आकाश बादल रहित एवं निर्मल होता है। यहाँ नमी संचय होने की अपेक्षा तेजी से वाष्पित हो जाती है, दिन अविश्वसनीय रूप से गर्म होते है। दिन के समय तापमान 50° सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, जिससे रेत नग्न चट्टानें अधिक गर्म हो जाती हैं। इनके ताप का विकिरण होने से चारों तरफ सब कुछ गर्म हो जाता है। राते अत्यधिक ठण्डी होती है तथा तापमान गिरकर हिमांक बिन्दु से लगभग 0° सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस प्रकार कथन (A) गलत है और कथन (B) सही है।
नोट :- रेगिस्तान एक शुष्क प्रदेश है जिसकी विशेषताएँ अत्यधिक उच्च अथवा निम्न तापमान एवं विरल वनस्पति है।

20. Consider the following pairs
निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें-

(A)	Himalayan Region हिमालयी क्षेत्र	Wild goat and snow Leopards/ जंगली बकरी और हिम तेंदुआ
(B)	Andaman and Nicobar Islands/ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	Mahogany and Rosewood trees/ महोगनी और शीशम के पेड़
(C)	Gir forest/ गिर वन	Asiatic lions एशियाई शेर

Which of the pairs given above is/are correctly matched?
उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

(a) A only/ केवल A
(b) A and C only/ केवल A और C
(c) B and C only/ केवल B और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (d) : हिमालयी क्षेत्र में जंगली बकरी और हिम तेंदुआ
अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह – महोगनी और शीशम के पेड़
गिर वन – एशियाई शेर
उपर्युक्त युग्मों में सभी सुमेलित है। इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) तीनों सही है। बाघ राष्ट्रीय पशु हैं। यह देश के विभिन्न भागों में पाया जाता है। हाथी, गैडें असम के जंगलों में पाये जाते हैं। वन विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों का निवास होता है। वनों में जन्तुओं की हजारों प्रजातियों तथा बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के सरीसृपों, उभयचरों, पक्षियों, स्तनधारियों, कीटों तथा कृमियों का निवास होता है।

21. Consider the statements A and R and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए:

Assertion (A): All animals are integral to maintaining balance in the eco-system.
अभिकथन (A): पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए सभी प्राणी अनिवार्य हैं।

Reasoning (R): In the biosphere living beings are inter-related and Interdependent on each other.
कारण (R): जैव-मंडल में सभी जीवित जातियाँ, जीवित रहने के लिए एक-दूसरे से परस्पर संबंधित और एक-दूसरे पर आश्रित रहती हैं।

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) (A) and (R) are false/ (A) और (R) दोनों गलत हैं

Ans. (a) : पारितंत्र के संतुलन को बनाये रखने के लिए सभी प्राणी अनिवार्य और जैव-मंडल में सभी जीवित जातियाँ, जीवित रहने के लिए एक दूसरे से परस्पर सम्बन्धित और एक दूसरे पर आश्रित रहती है। पारितंत्र को प्रकृति की एक क्रियाशील इकाई के इस रूप में देखा जाता है जहाँ पर जीवधारी आपस में तथा आस-पास के भौतिक पर्यावरण के साथ परस्पर क्रिया करते है। पारितंत्र का आकार एक छोटे से तालाब से लेकर विशाल जंगल या महासागर तक हो सकता है, एक पारितंत्र की पादप एवं प्राणी प्रजातियों की पहचान एवं गणना इसकी प्रजातियों के संघटन को प्रकट करता है। जैविक एवं अजैविक घटकों की परस्पर क्रियाओं के फलस्वरूप एक भौतिक संरचना विकसित होती है।

22. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

Statement A: Insolation is the incoming solar energy intercepted by the earth.
कथन A: सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा जिसे पृथ्वी रोक लेती है, आतपन कहलाती है।

Statement B: The amount of insolation decreases from the equator towards the poles.
कथन B: आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है
(b) A is false, B is true/ A गलत है, B सही है
(c) A and B are true/ A और B दोनों सही हैं
(d) A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं

Ans. (c) : आतपन एक महत्वपूर्ण कारक है, जो तापमान के वितरण को प्रभावित करता है तथा सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा जिसे पृथ्वी रोक लेती है आतपन कहलाती है, आतपन (सूर्यातप) की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है। आप जिस तापमान का अनुभव करते हैं वह वायुमण्डल का तापमान होता है। वायु में मौजूद ताप एवं शीतलता के परिणाम को तापमान कहते हैं क्योंकि वायु मंण्डल का तापमान केवल दिन एवं रात में ही नहीं बदलता, बल्कि ऋतुओं के अनुसार भी बदलता है। तापमान को मापने की मानक इकाई डिग्री सेल्सियस है इसका आविष्कार एंडर्स सेल्सियस ने किया था। सेल्सियम पैमाने पर जल 0º सेल्सियम पर जमता हैं एवं 100º सेल्सियस पर उबलता है।

23. Read the statements and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए:

Assertion (A): The Amount of insolation decreases from the equatior towards the poles.
कथन (A): आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है।

Reasoning (R): Earth's axis makes an angle of 66 1/2° with the plane of its orbit around the sun has a greater influence on the amount of insolation received at different latitudes.
कारण (R): पृथ्वी का अक्ष सूर्य के चारों ओर परिक्रमण की समतल कक्षा से 66 1/2° का कोण बनाता है जो विभिन्न अक्षांशों पर प्राप्त होने वाले आतपन की मात्रा को बहुत प्रभावित करता है।

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है

Ans. (a) : सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा जिसे पृथ्वी रोक लेती है। आतपन कहलाती हैं आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर घटती है। पृथ्वी का अक्ष सूर्य के चारो ओर परिक्रमण की समतल कक्षा से $66\frac{1}{2}^{\circ}$ का कोण बनाता है जो विभिन्न अक्षांशो पर प्राप्त होने वाले सूर्यातप की मात्रा को बहुत प्रभावित करता है इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही है। (R), (A) की सही व्याख्या करता है। पृथ्वी का अक्ष सूर्य के चारों ओर परिक्रमण की समतल कक्षा से $66\frac{1}{2}^{\circ}$ का कोण बनाता है, जो विभिन्न अक्षांशों पर प्राप्त होने वाले सूर्यातप की मात्रा को बहुत अधिक प्रभावित करता है।

24. Which of the following natural condition/conditions is/ are suitable for selection of an ideal site for human settlement
मानवीय बस्तियों के लिए आदर्श बसाव स्थान के चयन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति (यां) उपयुक्त है (हैं)-

(A) Favorable climate/ अनुकूल जलवायु
(B) Availability of water/ जल की उपलब्धता
(C) Suitable land/ उपयुक्त भूमि
(D) Infertile soil/ अनुपजाऊ मिट्टी

(a) Only (A) and (B)/ केवल (A) और (B)
(b) Only (C) and (D)/ केवल (C) और (D)
(c) Only (A), (B) and (C)/ केवल (A), (B) और (C)
(d) Only (A), (B) and (D)/ केवल (A), (B) और (D)

Ans. (c) : मानवीय बस्तियों के आदर्श बसाव के लिए अनुकूल जलवायु, जल की उपलब्धता, उपयुक्त भूमि जैसी आदर्श परिस्थितियाँ उपयुक्त मानी जाती है। अनुकूलन जलवायु से आशय है कि वहां कि जलवायु न तो बहुत गर्म न तो बहुत ठण्डी होनी चाहिए जैसे कि राजस्थान की जलवायु बहुत गर्म होने से वहां की जनसंख्या बसाव बहुत कम है तथा लद्दाख अधिक ठंडा होने के कारण वहां भी जनसंख्या बसाव कम पाया जाता है। जनसंख्या बसाव के लिए बहुत अधिक गर्म या बहुत अधिक ठंडा नहीं होना चाहिए। साधारणतया ग्रामीण बस्तियाँ जल स्रोतों या जलराशियों जैसे नदियाँ, झीलें एवं झरनों के समीप स्थित होती है, जहाँ जल आसानी से उपलब्ध हो जाता है जिससे कृषि, मछली पकड़ना जैसे काम उपलब्ध होते है। मनुष्य बसने के लिए उच्च जगह का चुनाव करता है। जहां की भूमि कृषि कार्य के लिए उपयुक्त हो किसी भी क्षेत्र में प्रारम्भिक आदिवासी उपजाऊ एवं समतल क्षेत्रों में बसते थे।

25. Read the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

Statement A: Soil is made up of organic matter, minerals and weathered rocks found on the earth.
कथन A: मृदा का निर्माण जैव पदार्थो, खनिजों तथा पृथ्वी पर पाई जाने वाली अपक्षयित चट्टानों से होता है।

Statement (B): Landforms do not determine the type of soil.
कथन (B): स्थलरूप मृदा के प्रकार को निर्धारित नहीं करते हैं।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है
(b) A is false, B is true/ A गलत है B सही है,
(c) A and B are true/ A और B दोनों सही हैं
(d) A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं

Ans. (a) : मृदा का निर्माण जैव पदार्थों, खनिजों तथा पृथ्वी पर पायी जाने वाली अपक्षयित चट्टानों से होता है। स्थलरूप मृदा के प्रकार को निर्धारित नहीं करते हैं। इस प्रकार कथन (A) सही है, जबकि कथन (B) गलत है, क्योंकि स्थलरूप मृदा के प्रकार को निर्धारित करता है मृदा के पृष्ठ पर दानेदार कणों के आवरण की पतली परत मृदा कहलाती है। यह भूमि से निकटता से जुड़ी होती है। मृदा निर्माण के मुख्य कारक जनक शैल का स्वरूप और जलवायुविक कारक है। मृदा निर्माण के अन्य कारक स्थलाकृति जैव पदार्थों की भुमिका और मृदा निर्माण के संघटन में लगा समय है। मृदा निर्माण, जलवायु, तापमान, वर्षा, अपक्षय और ह्यूमस निर्माण की दर को प्रभावित करता है।

नोट :- केवल 1 सेंटीमीटर मृदा बनने में सैकड़ों वर्ष लग जाते है।

26. A teacher is teaching the concept of density of population in a city at the elementary level. Which of the following information should she provide for clarity of the topic?
प्रारंभिक स्तर पर एक शिक्षिका अपनी कक्षा में एक शहर में जनसंख्या घनत्व का संप्रत्यय पढ़ा रही है। इस विषय की स्पष्टता हेतु उसे निम्नलिखित में से किन-किन का प्रयोग करना चाहिए?

(A) Number of people living in the city
उस शहर में रहने वाले लोगों की संख्या
(B) Area of the city/ उस शहर का क्षेत्रफल
(C) Population pyramid of the country
देश का जनसंख्या पिरामिड

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Only (A)/ केवल (A)
(b) Only (A) and (B)/ केवल (A) और (B)
(c) Only (B) and (C)/ केवल (B) और (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C) तीनों

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर एक शिक्षिका अपनी कक्षा में एक शहर के जनसंख्या घनत्व का सम्प्रत्यय पढ़ा रही हैं इस विषय की स्पष्टता हेतु उन्हें उस शहर में रहने वाले लोगों की संख्या और उस शहर का क्षेत्रफल जैसे विषय का प्रयोग करना चाहिए। जनसंख्या घनत्व असमान वितरण का बेहतर चित्र प्रस्तुत करता हैं। जैसे बिहार का जनसंख्या घनत्व 1102 व्यक्ति प्रति किमी. है, वही अरुणांचल प्रदेश में यह 17 व्यक्ति वर्ग किमी. है।
जनसंख्या पिरामिड आयु लिंग संरचना का अभिप्राय विभिन्न आयु वर्गो में स्त्रियों और पुरुषों की संख्या से हैं। जनसंख्या पिरामिड का प्रयोग जनसंख्या की आयु लिंग संरचना को दर्शाने के लिय किया जाता है।

27. Which of the following crops can be grown on less fertile and Sandy soil?
निम्नलिखित में से कौन-सी फसल कम उपजाऊ तथा बलुई मृदा में उगाई जा सकती है?
(a) Millets/ मिलेट (b) Maize/ मक्का
(c) Jute/ जूट (d) Cotton/ कपास

Ans. (a) : 'मिलेट' (बाजरा) फसल कम उपजाऊ तथा बलुई मृदा में उगाई जा सकती हैं। मोटे अनाज के रूप में भी पायी जाती है और इस उपजाऊ तथा बलुई मृदा में इसकी खेती होती है, ये ऐसी फसल है जिसे कम वर्षा में और उच्च से मध्यम तापमान तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश की आवश्यकता होती है।
मक्का – इसके लिए मध्यम तापमान वर्षा और अधिक धूप की आवश्यकता होती है। इसे सु-अपवाहित उपजाऊ मृदा की आवश्यकता होती है। मक्का को 'कार्न' के नाम से भी जाना जाता है।
पटसन – पटसन को 'सुनहरा रेशा' के नाम से जाना जाता है, पटसन यह जलोढ़ मृदा में अच्छे ढंग से विकसित होता है, इसे उच्च तापमान भारी वर्षा और आद्र जलवायु की आवश्यकता होती है।
कपास – काली या जलोढ़ मृदा में उगती है। यह सूती वस्त्र के लिए कच्चा माल है।

28. Local versions of the Tibetan national epic, the kesar Saga are sung by both Muslims and Buddhists of which region?
किस क्षेत्र के बौद्ध और मुसलमान दोनों ही तिब्बत के राजकीय ग्रंथ 'केसर-सागा' के स्थानीय रूप को गाते हैं?
(a) Ladakh/ लद्दाख (b) Badgam/ बड़गाम
(c) Kupwara/ कुपवाड़ा (d) Kargil/ कारगिल

Ans. (a) : बौद्ध और मुसलमान दोनों ही तिब्बत के राजकीय ग्रंथ 'केसर सागा' के स्थानीय रूप को गाते है। लद्दाख जम्मू और कश्मीर के पूर्व के पहाड़ियों में बसा एक रेगिस्तानी इलाका है। लद्दाख को छोटा तिब्बत भी कहते है। करीब 400 साल पहले यहां पर लोगों का इस्लाम धर्म से परिचय हुआ और अब यहाँ अच्छी खासी संख्या में मुसलमान रहते है। लद्दाख में गानों और कविताओं का प्रसिद्ध मौखिक संग्रह है। तिब्बत का ग्रंथ केसर सागा लद्दाख में काफी प्रचलित है। उसके स्थानीय रूप को मुसलमान और बौद्ध दोनों ही लोग गाते है और उस पर नाटक खेलते है।

29. 'When we fix people into 'one image' we create a stereotype'. In the context of this statement, one of the following options breaks this image. Identify the correct option.
'जब हम व्यक्तियों को एक ही छवि में बाँधते हैं तो, हम रूढ़िवादी धारणा का निर्माण करते हैं।' नीचे दिया गया एक विकल्प इस छवि को तोड़ता है। सही विकल्प की पहचान कीजिए।
(a) Boys are rowdy and naughty.
लड़के ऊधमी और शरारती होते हैं
(b) Boys are physically strong and muscular.
लड़के शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं
(c) Boys are good at sports.
लड़के खेलों में अच्छे होते हैं
(d) Boys are sensitive and caring.
लड़के भावुक और ध्यान रखने वाले होते हैं

Ans. (d) : जब हम व्यक्तियों को एक ही छवि में बाँधते हैं तो हम रूढ़िवादी धारणा का निर्माण करते हैं लड़के भावुक और ध्यान रखने वाले होते हैं यह रूढ़िवादी छवि को तोड़ता है। लड़के उधमी और शरारती होते है, यह एक रूढ़िवादी धारणा है क्योकि लड़कियां भी उधमी और शरारती होती है। लड़के शारीरिक रूप से मजबूत होते

हैं यह भी कथन सही नहीं है क्योंकि लड़कियाँ भी शारीरिक रूप से मजबूत होती है। उदाहरण वेट लिफ्टिंग कुश्ती आदि। लड़के खेलों में अच्छे होते है। यह भी एक रूढ़िवादी धारणा है, क्योंकि आज विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियाँ कामयाबी हासिल कर रही है, मिताली राज पी.वी सिन्धु, एम.सी. मैरीकॉम आदि।

30. Which of the following is associated with Panchayati Raj?
निम्नलिखित में से क्या पंचायती राज से संबंधित है?
A. Gram Sabha/ ग्राम सभा
B. Vidhan Sabha/ विधान सभा
C. Panchayat samiti/ पंचायत समिति
D. Zila Parishad/ जिला परिषद्
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) A and B/ A और B
(b) A and C/ A और C
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (c) : ग्रामसभा, पंचायत समिति और जिला परिषद् पंचायती राज से सम्बन्धित है भारत में पंचायती राज शब्द का अभिप्राय ग्रामीण स्थानीय स्वशासन पद्धति से है। यह भारत के सभी राज्यों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के निर्माण हेतु राज्य विधान सभाओं द्वारा स्थापित किया गया है, राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां पंचायती राज की स्थापना हुयी। इस योजना का उद्घाटन 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया। सन् 1992 में संविधान के 73वें और 74वें संशोधन को संसद में पारित किया गया। संविधान का 73वां संशोधन पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा देने से संबंधित है। 74वां संविधान संशोधन शहरी स्थानीय (नगर पालिका) निकाय से जुड़ा है। सन् 1993 में 73वां और 74वां संशोधन लागू हुआ।

31. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।
Statement A: Rajya Sabha functions primarily as the representative of the states of India.
कथन A: राज्य सभा मुख्यतः देश के राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करती है।
Statement B: Rajya Sabha cannot initiate legislation and a bill is not required to be passed through Rajya Sabha to became law.
कथन राज्य सभा कोई भी विधान (कानून) और विधेयक बनाने का प्रस्ताव पेश नहीं कर सकती। बिल को कानून के रूप में लागू करने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उसे राज्य सभा की सहमति मिल चुकी हो।
(a) A is correct and B is incorrect
A सही है, B गलत है
(b) A is incorrect and B is correct
A गलत है, B सही है
(c) Both A and B are correct
A और B दोनों सही हैं
(d) Both A and B are incorrect
A और B दोनों गलत हैं

Ans. (a) : राज्य सभा मुख्यतः देश के राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करती है, इस प्रकार कथन (A) सही है सभा सभी कोई भी विषय (कानून) और विधेयक बनाने का प्रस्ताव पेश नही कर सकती। बिल को कानून के रूप में लागू करने के लिए यह आवश्यक है कि उसे राज्य सभा की सहमति मिल चुकी हो। संविधान के अनुसार भारत के संसद के तीन अंग है, राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, लोकसभा को निम्न सदन कहते है, राज्य सभा को उच्च सदन कहते है। लोकसभा और राज्यसभा को लगभग समान शक्तियां प्राप्त है। जैसे सामान्य विधेयकों को पुनः स्थापना और उनको पारित करना। धन विधेयक के सम्बन्ध में लोकसभा को विशेष शक्तियां दी है, राज्ससभा को नहीं।

32. When cotton becomes handkerchief/towel, it travels only through a _____
कपास, जब रूमाल/तौलिया बनता है, तब वह केवल _____ से गुजरता है।
(a) Wholesale market/ थोक बाजार
(b) Weekly market/ साप्ताहिक बाजार
(c) Mall/ मॉल
(d) Chain of markets/ बाजारों की श्रृंखला

Ans. (d) : कपास से जब रूमाल/तौलिया बनता है, तब वह केवल 'बाजारों' की श्रृंखला से गुजरता है। यह बाजारों की एक श्रृंखला है जो परस्पर एक दूसरे से कड़ियों की तरह जुड़ी है, क्योंकि उत्पाद एक बाजार से होते हुये दूसरे बाजार में पहुँचते है।
थोक बाजार– इसका आशय बहुत बड़ी मात्रा में खरीदना और बेचना होता है। अधिकांश उत्पादों जिनमें सब्जी फल और फूल आदि सम्मिलित है, के अपने-अपने विशेष थोक बाजार होते है।
साप्ताहिक बाजार– वे बाजार नियमित नही होते हे। वरन् एक नियत स्थान पर सप्ताह में किसी दिन लगाये जाते है। इन बाजारों में घरेलू चीजें मिलती है।
मॉल– यह चारों ओर से घिरा हुआ दुकानदार का स्थान होता है, इसकी इमारत बहुत बड़ी होती है जिसमें कई मंजिले दुकानें रेस्तराँ और कभी-कभी सिनेमाघर तक होते है इन दुकानों में प्रायः ब्रांड वाले उत्पाद बिकते है।

33. Consider the following statements:
निम्न कथनों पर विचार करें:
A. Phoolwati works in Ramagya's paddy field and earn Rs.40/day
कथन A. फूलमती, रामाज्ञा के धान के खेतों में काम करती है और प्रतिदिन के 40 रुपये कमाती है।
B. Rajmohan works at his own field and also at Ramagya's rice mill
कथन B. राजमोहन अपने खेत पर काम करता है और रामाज्ञा की मिल में भी काम करता है।
Which of the following must be a landless labourer?
इनमें से कौन भूमिहीन मजदूर है?
(a) Phoolwati/ फूलवती
(b) Ramagya/ रामाज्ञा

(c) Rajmohan/ राजमोहन
(d) Both Phoolwati and Rajmohan
राजमोहन और फूलवती

Ans. (a) : फूलमती, रामाज्ञा के धान के खेतों में काम करती है और प्रतिदिन के 40 रूपये कमाती है, और कथन (B) में कहा गया है कि राजमोहन अपने खेत पर काम करता है ओर रामाज्ञा की मिल में भी काम करता है। इस प्रकार भूमिहीन मजदूर फूलवती है। रामाज्ञा और राजमोहन के पास अपना खेत है। राजमोहन अपने खेत में काम करने के साथ-साथ रामाज्ञा के खेतों के भी काम करता है इससे यह निश्चित होता है कि फूलमती भूमिहीन और मजदूर है।

34. "I cannot possibly bear the idea that a man who got wealth should have the vote, but that a man who has got character but no wealth or literacy should have no vote, or that a man who works honestly by the sweat of his brow day in and day out should not have the vote for the crime of being a poor man….". Whose words are these?
मै यह विचार सहन नहीं कर सकता कि जिस व्यक्ति के पास संपत्ति है वह वोट (मत) दे सकता है, लेकिन वह आदमी जिसके पास चरित्र है पर संपत्ति या शिक्षा नहीं है वह वोट (मत) नहीं दे सकता, या जो दिनभर अपना पसीना बहाकर ईमानदारी से काम करता है वह वोट (मत) नहीं दे सकता क्योंकि उसने गरीब आदमी होने का गुनाह किया है....।''
उपरोक्त कथन निम्न में से किसके द्वारा कहा गया है?
(a) B.R. Ambedkar/ बी.आर.अंबेडकर
(b) Mahatma Gandhi/ महात्मा गाँधी
(c) Jawaharlal Nehru/ जवाहरलाल नेहरू
(d) Subhash Chandra Bose/ सुभाष चंद्र बोस

Ans. (b) : मै यह विचार सहन नही कर सकता कि जिस व्यक्ति के पास सम्पत्ति है, वह वोट (मत) दे सकता है, लेकिन वह आदमी जिसके पास चरित्र है, पर सम्पत्ति या शिक्षा नहीं वह वोट (मत) नही दे सकता, या जो दिनभर अपना पसीना बहाकर ईमानदारी से काम करता है, वह वोट (मत) नहीं दे सकता क्योंकि उसने गरीब आदमी होने का गुनाह किया है, यह कथन महात्मा गांधी का है।
जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं करते है, तब तक कानून द्वारा जो भी स्वतंत्रता प्रदान की जाती है, उसका आपके लिए कोई लाभ नहीं है–भीमराव अम्बेडकर।
लोकतंत्र सबसे अच्छा है क्योंकि बाकी सब व्यवस्थाएं बुरी है–जवाहर लाल नेहरू।
याद रखिये सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना– सुभाष चन्द्र बोस।

35. A patriarchal society is one-
एक पितृसत्तात्मक समाज वह होता है, जहाँ-
(a) where women get opportunity to vote to elect the government.
महिलाओं को सरकार चुनने के लिए वोट देने का मौका मिलता है।
(b) where women participate in public life.
महिलाएँ सार्वजनिक जीवन में भाग लेती हैं।
(c) where women face discrimination and oppression in various ways.
महिलाओं को विभिन्न तरीकों से भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।
(d) where women have choice to dress like men.
महिलाओं के पास पुरुषों की तरह के कपड़े पहनने का विकल्प होता है।

Ans. (c) : एक पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को विभिन्न तरीके से भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। पितृसत्तात्मक शब्द से आशय है पिता की सत्ता, जहाँ परिवार की सत्ता पिता के हाथों में होती है। पिता के बाद उसका पुत्र इस योग्य होता है तो कुल मिलाकर सारे प्रबंधन पर पुरुषों का वर्चस्व होता है। जहां स्त्रियों के लिए कोई अधिकार नहीं है। इस समाज में पुरुष प्रधान एवं स्त्रियाँ गौण होती है। ऐसे में समाज की समस्त सुख सुविधा यहां तक की खाने पीने में भी दुराभाव स्त्रियों के साथ होता है, जो कि नारी के मौलिक अधिकारों की अवहेलना है पितृ सत्ता समाज नारी के व्यक्तित्व को ग्रहण की भांति ग्रसित कर लेता है। स्त्री में चाहे कितनी ही योग्यता हो और पुरुष चाहे कमतर हो किन्तु प्रधानता पुरुष को ही मिलती है।

36. Right to a healthy environment is intrinsic to which of the following Fundamental Rights?
निम्नलिखित में से किस मूल अधिकार में स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार निहित है?
(a) Right to life/ जीने का अधिकार
(b) Right to equality/ समानता का अधिकार
(c) Right to freedom/ स्वतंत्रता का अधिकार
(d) Right to against exploitation
शोषण के विरुद्ध अधिकार

Ans. (a) : 'जीने का अधिकार' स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार में निहित है। संविधान के भाग में अनु0 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण है। मूल रूप से संविधान को सात मूल अधिकार प्रदान किये गये थे। हालांकि सम्पत्ति के अधिकार को 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 के तहत मूल अधिकारों की सूची से हटा दिया गया है जो इसे संविधान के भाग-12 में अनु0 300-क के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया है वर्तमान में छः मूल अधिकार है, जिनमें से स्वतत्रंता का अधिकार अनु0 19 से 22 तक में है इसी के अन्तर्गत अनु0 21 में उच्चतम न्यायालय ने ..... मामले के कुछ अधिकार की घोषणा की है।
1. निजता का अधिकार
2. स्वास्थ्य का अधिकार
3. त्वरित सुनवाई का अधिकार
4. अमानवीय व्यवहार का अधिकार, बंधुआ मजदूरी करने के लिए अधिकार।

37. Consider the following statements:
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।
A. The purpose of Constitution is to design the nature of a country's political system.
कथन A. संविधान का उद्देश्य देश की राजनीतिक व्यवस्था तय करना होता है।

B. The purpose of Constitution is to direct the public and private life of the citizen of its country.
कथन B. संविधान का उद्देश्य अपने देश के नागरिकों की सार्वजनिक और निजी जिंदगी को निर्देशित करना होता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both A and B are true/ A और B दोनों सही हैं
(b) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं
(c) A is true B is false/ A सही हैं B गलत है
(d) A is false B is true/ A गलत है B सही हैं

Ans. (c) : संविधान का उद्देश्य देश की राजनीतिक व्यवस्था तय करना होता है। इस प्रकार कथन (A) सही है न कि संवधिान का उद्देश्य अपने देश के नागरिकों की सार्वजनिक और निजी जिंदगी को निर्देशित करना होता है। इस प्रकार कथन B गलत, क्योंकि संविधान निजी जिंदगी को निर्देशित नहीं करता है। संविधान सभा का उद्देश्य भारत को एक स्वतन्त्र सम्प्रभु गणराज्य घोषित करती हैं तथा अपने भविष्य के प्रशासन को चलाने के लिए संविधान के निर्माण की घोषणा करती है। उक्त वर्णित सभी क्षेत्रों तथा उनकी सीमाओं का निर्धारण संविधान सभा द्वारा किया जाएगा तथा इसके लिए उपरांत के नियमों के अनुसार यदि वे चाहेगें तो उनकी अवशिष्ट शक्तियाँ उनमें निहित रहेगी। अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों तथा जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जायेंगी।

38. Which of the following does not fall within the purview of civil law?
निम्न में से क्या दीवानी कानूनों के दायरे में नहीं आता है?

(a) Filling a divorce case
तलाक का मुकदमा दायर करना।
(b) Claiming custody of children
बच्चों की परीक्षा का दावा करना।
(c) Disputes related to sale of land
जमीन की बिक्री से संबंधित विवाद।
(d) Harassing a woman for dowry
दहेज के लिए औरतों को तंग करना।

Ans. (d) : दहेज के लिए औरतों को तंग करना दीवानी कानूनों के दायरे में नहीं आता बल्कि तलाक का मुकदमा दायर करना, बच्चों की परीक्षा का दावा करना, जमीन की बिक्री से सम्बन्धित विवाद दीवानी के दायरे में आते हैं। उच्च न्यायालय मूलतः एक अपीलीय न्यायालय है। इसके अन्तर्गत दीवानी और फौजदारी मामले आते है।

दीवानी मामले - जिला न्यायालयों एवं अन्य अधीनस्थ न्यायालयों के आदेशों और निर्णयों के विरुद्ध दूसरी अपील जिसमें कानून का प्रश्न हो (तथ्यों के नहीं)

आपराधिक मामले - आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1973) में कुछ मामलों में उल्लेखित सहायक सत्र न्यायाधीश, नगर दंडाधिकारी या अन्य दंडाधिकारी के निर्णय के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

39. The following articles a dalit can use to file a case in the court for being discriminated on the basis of caste?
निम्न में से किस अनुच्छेद के आधार पर जाति आधारित भेदभाव के चलते एक दलित समुदाय का व्यक्ति न्यायालय में मुकद्दमा दायर कर सकता है?

A. Article 15/ अनुच्छेद 15
B. Article 17/ अनुच्छेद 17

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A is true./ केवल A सही है।
(b) Only B is true./ केवल B सही है।
(c) Both A and B are false./ दोनों A तथा B गलत हैं।
(d) Bothe A and B are true./ दोनों A तथा B सही हैं।

Ans. (d) : अनु.-15 और अनु.-17 के आधार पर जाति आधारित भेदभाव के चलते एक दलित समुदाय का व्यक्ति न्यायालय में मुकदमा दायर कर सकता है अनु.-15 में यह व्यवस्था दी गई है कि 'राज्य' किसी नागरिक के प्रति केवल धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग या जन्म स्थान को लेकर विभेद नहीं करेगा।

अनु.-15 की दूसरी अवस्था में कहा गया है कि नागरिक केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर सार्वजनिक होटल, तालब, स्नानागार पर विभेद नही होगा।

अनु.-17 अस्पृश्यता को समाप्त करने की व्यवस्था और किसी भी रूप में इसका आचरण निसिद्ध करता है। अस्पृश्यता से उपजी किसी नियोग्यता को लागू करना अपराध होगा, जो विधि के अनुसार दंडनीय होगा। 1976 में अस्पृश्यता (अपराध) अधि. 1955 में मूलभूत संशोधन किया गया और इसमें नागरिक अधिकारों की रक्षा हेतु दांडिक उपबंध सख्त बनाये गये।

40. Ms. Rinki finds it difficult to get an apartment on rent on account of her being a single woman. Which among the following is the most informed and rational response, if you consider the principles of social justice?
एकल स्त्री होने के कारण रिंकी को किराए पर घर मिलने में कठिनाई हो रही है। प्रॉपर्टी डीलर उसे अपनी झूठी वैवाहिक स्थिति बताने की सलाह देता है। सामाजिक न्याय की दृष्टि से इस संबंध में उसकी निम्न में से कौन-सी प्रतिक्रिया तर्कसंगत होगी?

(a) "I will not fake my marital status, because this would affect my dignity and self-respect."/''झूठी वैवाहिक स्थिति नहीं बताऊँगी, यह मेरी प्रतिष्ठा और आत्म-सम्मान के विरुद्ध है।''
(b) "I will not fake my marital status, because I like to be single and independent."
''मैं एकल और स्वतंत्र रहना चाहती हूँ अतः झूठी वैवाहिक स्थिति नहीं बताऊँगी।''
(c) "I will fake my marital status, because it is not an important factor, I want a house."
''मुझे घर चाहिए इसलिए झूठी वैवाहिक स्थिति बताऊँगी। यह कोई महत्वपूर्ण बात नहीं है।''
(d) "I will fake my marital status, because that will enhance my social status in general."
''सामान्य रूप से खुद को वैवाहिक बताना मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा, अतः मैं झूठी वैवाहिक स्थिति बताऊँगी।''

Ans. (a) : एकल स्त्री होने के कारण रिंकी को किराये पर घर मिलने में कठिनाई हो रही है। प्रापर्टी डीलर उसे अपनी झूठी वैवाहिक स्थिति बताने की सलाह देता है। सामाजिक न्याय की दृष्टि से इस सम्बन्ध में उस महिला की तर्कसंगत प्रतिक्रिया होगी की झूठी वैवाहिक स्थिति नही बताऊंगी यह मेरी प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान के विरुद्ध है। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। सामाजिक न्याय का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराना है। समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आजादी आवश्यक है। संविधान के भाग-3 में मौलिक अधिकारों के रूप में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को और भाग-iv में राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया है।

41. Which of the following statements(s) is/are true?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-से/कौन-सा सही है?

A: When historians read documents, maps and texts from the past they have to be sensitive to the different historical contexts. जब इतिहासकार, ऐतिहासिक पत्रों, मानचित्रों एवं ग्रंथों को पढ़ते हैं तब उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक प्रसंगों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

B. Past was different for different groups of people./इतिहास अलग-अलग समूह के लोगों के लिए अलग-अलग था।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B is true/ केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ A और B में से कोई नहीं

Ans. (c) : जब इतिहासकार ऐतिहासिक पत्रों, मानचित्रों एवं ग्रंथो को पढ़ते हैं, तब उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक प्रसंगों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और इतिहास अलग-2 समूह के लोगों के लिए अलग-2 था। किसी व्यक्ति समाज, समाज अथवा देश से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विशिष्ट व सार्वजनिक क्षेत्र की घटनाओं तथ्यों आदि का कालक्रमिक विवरण इतिहास कहलाता है। किसी देश अथवा स्थान का इतिहास जानने के लिए तथा उसके उचित विश्लेषण में ऐतिहासिक पत्रों, मानचित्रों एवं ग्रंथों को पढ़ते है तो ऐतिहासिक विश्लेषण करने में सहायता मिलती है। अंग्रेजी शासन द्वारा तैयार किये गये सरकारी रिकार्ड इतिहासकारों का एक महत्वपूर्ण साधन होते है इसीलिए किताब को हमारे अतीत (यानी कई अतीतो पर केन्द्रित) नाम दिया गया है।

42. Which of the following statements(s) is/are correct about the relationship between social studies and social sciences.
सामाजिक अध्ययन और सामाजिक विज्ञान के संबंध के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Social studies is integrated study of social sciences/सामाजिक विज्ञानों का एकीकृत अध्ययन ही सामाजिक विज्ञान है।
(b) Social studies and social science are two sides of same coin
सामाजिक अध्ययन और सामाजिक विज्ञान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।
(c) Social studies and social science are two entirely different disciplines
सामाजिक अध्ययन और सामाजिक विज्ञान पूर्णतया दो अलग-अलग विषय हैं।
(d) Social studies is a small part of social science.
सामाजिक अध्ययन और सामाजिक विज्ञान का छोटा हिस्सा मात्र है।

Ans. (a) : सामाजिक अध्ययन और सामाजिक विज्ञान के सम्बन्ध में सामाजिक विज्ञानों का एकीकृत अध्ययन की सामाजिक विज्ञान है।
सामाजिक विज्ञान के प्रमुख बिन्दु –
1. सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र विस्तृत और व्यापक होता है।
2. सामाजिक विज्ञान अधिक सैद्धान्तिक होता है।
3. मानवीय सम्बन्धों के सन्दर्भ में नये-नये सत्यों को खोजना
सामाजिक अध्ययन के प्रमुख बिन्दु –
सामाजिक अध्ययन सामाजिक विज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक होता है।
सामाजिक अध्ययन का अर्थ मानव का अनेक वातावरण के साथ सम्बन्धो का अध्ययन है।
सामाजिक अध्ययन की विषय वस्तु का स्तर सामाजिक विज्ञान की तुलना में निम्न होता है।

43. To develop creativity among students, a social science teacher needs to focus on _____.
छात्रों में रचनात्मकता के विकास के लिए सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को निम्न में से क्या करना चाहिए?

(a) teaching by using reference books
संदर्भ पुस्तकों का उपयोग करके शिक्षण करना।
(b) adopting traditional teaching learning methods
पारंपरिक शिक्षण अधिगम विधियों को अपनाना।
(c) debating and polarization method in class
कक्षा में वाद-विवाद एवं ध्रुवण विधि का प्रयोग करना।
(d) engaging students in activity-based teaching learning process
गतिशील आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में छात्रों को शामिल करना।

Ans. (d) : छात्रों में रचनात्मकता के विकास के लिए सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को गतिशील आधारित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में छात्रों को शामिल करना चाहिए। सामाजिक विज्ञान से अभिप्राय मानव क्रियाओं और व्यवहारों अनके सामाजिक समूहों में क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अध्ययन है। सामाजिक विज्ञान की विशेषता –
1. इसमें सत्य तथा ज्ञान की खोज पर बल दिया जाता है।
2. यह ज्ञान का वह भाग है जिसका किसी भी क्षेत्र में मानव की क्रियाओं पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।
3. सामाजिक विज्ञान मानव समाज का उन्नत अध्ययन है।
4. सामाजिक विज्ञान का उद्देश्य मानवीय सम्बन्धों के विषय में नये सत्य की खोज करना है।

44. "Textiles may be manufactured where cotton, water resources, working age population and transportation are all available." This can be used as an example to explain the following concept.
''कपड़ा वहाँ बन सकता है जहाँ कपास, पानी के साधन, परिवहन और काम कर सकने की उम्र वाले लोग उपलब्ध हों।''

इसे निम्न में से किस संकल्पना को समझाने के लिए उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है?

(a) Patterns of land use
जमीन के इस्तेमाल के पैटर्न (प्रतिमान)

(b) Areal association/ क्षेत्रीय साझेदारी

(c) Spatial interaction/ स्थानिक अंतःक्रिया

(d) Central place/ केंद्रीय स्थान

Ans. (c) : कपड़ा वहाँ बन सकता है जहाँ कपास, पानी के साधन, परिवहन और काम कर सकने की उम्र वाले लोग उपलब्ध हों तथा स्थानिक अन्तः क्रिया को समझने के लिए उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

नोट :-स्थानिक अन्तःक्रिया किसी स्थान के भौगोलिक व सांस्कृतिक लक्षणों को प्रतिनिधित्व करते है। इनको मानचित्र पर प्रदर्शित करने के लिए ग्रिड रेखाओं का प्रयोग किया जाता है।

45. The following questions are generally used in a social science class. Choose those which provide a greater scope for developing critical thinking?
निम्नलिखित प्रश्न सामान्यतः सामाजिक विज्ञान की कक्षा में इस्तेमाल किए जाते हैं। उन प्रश्नों का चयन कीजिए जो आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते हैं?

A. What do you understand by the term 'rule of law'? Illustrate with one or two examples from daily life.
'कानून के नियम' से आप क्या समझते हैं? अपने रोजमर्रा के जीवन से एक या दो उदाहरण देकर समझाएँ।

B. List two suggestions that can be used to create awareness about Indian laws against domestic violence.
दो सुझावों को सूचीबद्ध कीजिए जो घरेलू हिंसा के विरुद्ध भारतीय कानून के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रयोग किए जा सकते है?

C. What do you understand by 'domestic violence'? List two constitutional rights achieved by women through new laws against domestic violence./घरेलू हिंसा से आप क्या समझते हैं? महिलाओं को घरेलू हिंसा के विरुद्ध नए कानूनों के द्वारा प्राप्त दो संवैधानिक अधिकारों को सूचीबद्ध कीजिए।

D. "The rule of law is generally not followed in Indian". Do you agree with this statement? Justify your answer.
''भारत में 'कानून के नियम' का सामान्यतः पालन नहीं किया जाता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B/ केवल A तथा B

(b) Only B and C/ केवल B तथा C

(c) Only B/ केवल B

(d) Only D/ केवल D

Ans. (d) : भारत में कानून के नियम का सामान्यतः पालन नहीं किया जाता है। ये प्रश्न सामान्यतः सामाजिक विज्ञान की कक्षा में इस्तेमाल किये जाते हैं, इन प्रश्नों का चयन आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिये वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते है। आलोचनात्मक चिंतन निर्णय लेने के लिए उपलब्ध तथ्यों और तर्कों का विश्लेषण है। आलोचनात्मक चिंतन का शाब्दिक अर्थ है किसी विषय वस्तु पर आलोचना के साथ चिंतन करना अर्थात किसी विषयवस्तु के अर्थ, अवधारणा पक्ष, विपक्ष उसके गुण अवगुण इत्यादि सभी पक्षों पर विचार करना आलोचनात्मक चिंतन का अर्थ है। आलोचनात्मक चिंतन व्यक्तित्व के निर्माण तथा विकास के लिए आवश्यक है।

46. The following questions are asked in geography classes. Choose which of these provide a greater scope for developing critical thinking?
भूगोल की कक्षा में सामान्यतः निम्नलिखित प्रश्न पूछे जाते हैं। उन प्रश्नों का चयन कीजिए जो आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते हैं?

A. What will happen if tigers vanish from India's forests?/क्या होगा यदि भारत के जंगलों से बाघ गायब हो जाए?

B. Why if tropical rainforest also called ever green forests?/उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को सदाबहार वन भी क्यों कहा जाता है?

C. Describe the characteristics of tropical rainforests./उष्णकटिबंधीय वनों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

D. What would happen if monsoons are weak and failed to occur for three years?
क्या होगा यदि तीन वर्षों के लिए मानसून कमजोर तथा क्षीण हो जाए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A, B and C/ केवल A, B तथा C

(b) Only B and C/ केवल B तथा C

(c) Only A and C/ केवल A तथा C

(d) Only A and D/ केवल A तथा D

Ans. (d) : भूगोल की कक्षा में सामान्यतः आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते है जैसे क्या होगा यदि भारत के जंगलों से बाघ गायब हो जाये, क्या होगा यदि तीन वर्षों के लिए मानसून कमजोर तथा क्षीण हो जाये जैसे प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन के विकास के क्षेत्र उपलब्ध करात है। आलोचनात्मक चिंतन सत्य, असत्य सही गलत के मध्य अंतर स्पष्ट करने की कला है। शिक्षक जब किसी प्रकरण को छात्र को ध्यानपूर्वक समझाता है तो छात्रों में क्यों क्या और कैसे प्रश्न उत्पन्न होने है लगते हैं जब उन छात्रों को क्यों, क्या व कैसे का उत्तर प्राप्त हो जाता है। अर्थात जब उस प्रकरण से सम्बन्धित सभी आंकड़ों एवं ज्ञान को अर्जित कर लेते है। तो वह प्रकरण सम्बन्धित भावात्मक पहलुओं को भी समझने लगते है और उनके अधिगम की यही प्रक्रिया आलोचनात्मक चिंतन का विकास करती है।

47. In a geography class a teacher has shown two pictures (old and new) of a local place and arranged a meeting with a local elderly person to discuss about the change.

एक अध्यापिका कक्षा में किसी जगह के दो (नये और पुराने) चित्रों को दिखाती है। तथा वहाँ के एक स्थानीय वृद्ध व्यक्ति से उस परिवर्तन पर संवाद करने के लिए कहती है।

Choose the correct option regarding the activity./अध्यापिका की गतिविधि के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए-

A. Teacher wants to integrate history with geography
अध्यापिका इतिहास और भूगोल को एकीकृत करना चाहती है।

B. Teacher makes students to understand and introduce the process of development
अध्यापिका विद्यार्थियों को विकास की प्रक्रिया समझना और आत्मसात कराना चाहती है।

(a) Both A and B are correct/ A और B दोनों सही हैं
(b) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं
(c) A is correct and B is false
A सही है और B गलत है
(d) B is correct and A is false
A गलत है और B सही है

Ans. (a) : एक अध्यापिका कक्षा के किसी जगह के दो (नये और पुरान) चित्रों को दिखाती हैं तथा वहाँ के एक स्थानीय वृद्ध व्यक्ति से उस परिवर्तन पर संवाद करने के लिए कहती है। अध्यापिका इन सम्बन्ध में इतिहास और भूगोल को एकीकृत करना चाहती है। और अध्यापिका विद्यार्थियों को विकास की प्रकिया समझाना और आत्मसात कराना चाहती है आज के चित्र कथाओं के प्रति बढ़ता आकर्षण सर्वविदित है पर इनमें अनेक आपत्तियां भी की जाती है, कहा जाता है कि इससे बच्चों की पुस्तक पढ़ने की आदत छूट जाती है और पढ़ाई में बांधा पड़ती है। लेकिन दूसरे महत्व को भी नकारा नही जा सकता है क्योंकि चित्र के माध्यम से जो ज्ञान प्राप्त होता है। वह स्थायी होता है फोटो में चित्र के माध्यम से बच्चे यह समझ जाते है और जब उनके बारे मे बता दिया जाता तो वे आत्मसात कर लेते है।

48. Consider the following statements in the context of a elementary level social science classroom discussion:
प्राथमिक स्तर की एक सामाजिक विज्ञान की कक्षा-चर्चा के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें-

A. A social science teacher avoids the use of definitions to sum-up concepts.
कथन A. सामाजिक विज्ञान का शिक्षक निष्कर्षित करते समय परिभाषाएँ देने से बचता है।

B. There is rarely 'one correct' answer in the social sciences. However there can be one wrong answer./कथन B. सामाजिक विज्ञान में संभवतः ही कोई उत्तर पूर्णतः सही होता है, तथापि एक गलत उत्तर हो सकता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B are correct. B explains A
A और B दोनों सही हैं और B, A की व्याख्या करता है
(b) A and B are correct. B does not explains A
A और B दोनों सही हैं और B, A की व्याख्या नहीं करता है
(c) A is correct, B is incorrect
A सही है लेकिन B गलत है
(d) A is incorrect, B is correct
A गलत है लेकिन B सही है

Ans. (a) : प्राथमिक स्तर की एक सामाजिक विज्ञान की कक्षा चर्चा के सम्बन्ध में सामाजिक विज्ञान का शिक्षक निष्कर्षित करते समय परिभाषाएँ देने से बचता है, और सामाजिक विज्ञान में सम्भवतः ही कोई उत्तर पूर्णतः सही होता है, तथापि एक गलत उत्तर हो सकता है। इस प्रकार कथन (A) और कथन (B) दोनों सही है और (B), (A) की सही व्याख्या करता है। सामाजिक विज्ञान की शिक्षा देने वाल शिक्षक में निम्मलिखित गुण होने चाहिए।
1. विषय का ज्ञान
2. शिक्षण विधि
3. प्रचलित समस्याओं का ज्ञान
4. बालकों के प्रति प्रेम और सहानुभूति

49. Which of the following strategies is the least appropriate in promoting critical thinking in students?
छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए निम्न में से कौन-सी युक्ति सबसे कम सहायक है?

(a) Assisting students in recognizing biases.
छात्रों को पूर्वाग्रह पहचानने में सहायता करना
(b) Asking students to accept information as given and true./छात्रों को दी गई सूचना को स्वीकार करने और सत्य मानने के लिए कहना
(c) Helping students to see a situation from different perspectives./छात्रों को परिस्थिति को विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में देखने में सहायता देना
(d) Developing skills of questioning in students.
छात्रों में प्रश्न कौशल का विकास करना

Ans. (b) : छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए छात्रों को दी गयी सूचना को स्वीकार करने और सत्य मानने के लिए कहना जैसी युक्ति सबसे कम सहायक है। चिंतन एक मानसिक प्रक्रिया है और ज्ञानात्मक व्यवहार का जटिल रूप है। यह शिक्षण स्मरण कल्पना आदि मानसिक क्षमताओं से जुड़ा रहता है। प्रायः सभी प्राणियों में सोचने समझने एवं चिंतन करने की क्षमता होती हैं परन्तु मनुष्य बुद्धि का एवं चिंतन से अन्य प्राणियों की अपेक्षा विकसित प्राणी है।
चिंतन मानसिक क्रिया का भावात्मक पक्ष या मनोवैज्ञानिक वस्तुओं से सम्बन्धि मानसिक क्रिया है– रॉस।
''चिंतन एक प्राकर अव्यक्त एवं अदृश्य व्यवहार होता हैं जिसमें सामान्य रूप से प्रतीकों (बिम्बों, विचारों प्रत्यय) का प्रयोग होता है– गैरेट।

50. A teacher wants to discuss the process of marginalization experienced by the Adivasis and Dalits. She can employ which of the following pedagogic tools for this class?
अध्यापक कक्षा में आदिवासियों और दलितों के हाशियाई होने की प्रक्रिया पर चर्चा करना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें निम्न में से किन शिक्षा -शास्त्रीय उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए?

A. Data/ डेटा आँकड़े इकट्ठा करना
B. Poems/ कविताएँ
C. Stories and narratives
कहानियाँ और घटना वर्णन
D. Case study/ केस-स्टडी
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B, C and D/ A, B, C और D

Ans. (d) : अध्यापक कक्षा में आदिवासियों और दलितों के हाशियाई होने की प्रक्रिया पर चर्चा करना चाहते है इसके लिए डेटा आंकड़े इकट्ठा करना, कविताएँ कहानियाँ और घटना वर्णन, केस स्टडी जैसे शिक्षा-शास्त्रीय उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए।
आंकड़ों के संग्रह/इकट्ठा करने का उद्देश्य किसी समस्या के स्पष्ट ठोस समाधान के लिए साक्ष्य को दर्शाना है जैसे महत्त्वपूर्ण दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह होता है।
केस स्टडी किसी व्यक्ति समूह या घटना का गहन विश्लेषण प्राप्त करने के लिए एक वर्णनात्मक शोध दृष्टिकोण के उपयोग को संदर्भित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी एक स्थिति का भली-भांति बारीकी से जांच पड़ताल करना व जानना इसका बुनियादी आधार विद्यार्थी की जिज्ञासु प्रवृष्टि को माना जाता है।

51. Which of the following may happen in a social science class that promotes critical thinking?
इनमें से किसके द्वारा सामाजिक विज्ञान की कक्षा में आलोचनात्मक चिंतन बढ़ाया जा सकता है?
A. Credibility of sources of information is sought
सूचना स्त्रोत की विश्वसनीयता ढूँढ़ना
B. Distinction is made between relevant and irrelevant information
संगत और असंगत सूचना में अंतर करना
C. Constrained discussion of textbook topics.
पाठ्यपुस्तक के विषयों पर निर्देशित चर्चा करना
D. Drawing inferences based on evidences.
प्रमाणों के आधार पर परिणाम निकालना
Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only A, B and C/ केवल A, B और C
(b) Only B, C and D/ केवल B, C और D
(c) Only A, C and D/ केवल A, C और D
(d) Only A, B and D/ केवल A, B और D

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में आलोचनात्क चिंतन बढ़ाने की लिए सूचना स्त्रोत की विश्वसनीयता ढूँढ़ना, संगत और असंगत सूचना में अंतर करना और प्रमाणों के आधार पर परिणाम निकालना जैसे विषयों से आलोचनात्मक चिंतन बढ़ाया जा सकता है। आलोचनात्मक चिंतन का शाब्दिक अर्थ है।
किसी वस्तु पर आलोचना के साथ चिंतन करना। अर्थात किसी विषय वस्तु के अर्थ अवधारणा पक्षा विपक्ष इत्यादि पक्षों पर विचार करना ही आलोचनात्मक चिंतन कहलाता है। आलोचनात्मक चिंतन का महत्व–
1. आलोचनात्मक चिंतन विशेष क्षमता के विकास में भी आवश्यक है।
2. आलोचनात्मक चिंतन समाज को पूर्वाग्रह मुक्त बनाने में भागीदारी निभाता है।
3. आलोचनात्मक चिंतन व्यक्तिगत गलतियों से बचने में सहायक है।
4. आलोचनात्मक चिंतन स्वतंत्र व्यक्तिगत सोच का निर्माण करता है।

52. Which of the following is applicable for social science teaching?
निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए लागू होता है?
(a) Content should be information based.
विषय-वस्तु जानकारी आधारित होनी चाहिए।
(b) Exclusive examples must be used.
विशिष्ट उदाहरणों का प्रयोग होना चाहिए।
(c) Focus should be on conceptual memorization.
अवधारणात्मक स्मरण पर बल होना चाहिए।
(d) It must follow process of scientific inquiry.
इसे वैज्ञानिक खोज की प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहिए।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए वैज्ञानिक खोज की प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहिए। वर्तमान में सामाजिक विज्ञान को एक उपयोगी विषय समझा जाता है। सामाजिक विज्ञान में शारीरिक विज्ञान की ही तरह वैज्ञानिक दृष्टि होती है। सामाजिक विज्ञान के शिक्षण का लक्ष्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक मानसिक और नैतिक क्षमता का विकास होना चाहिए, तभी वे उन सामाजिक शक्तियों से सावधान रह सकों।
सामाजिक विज्ञान की विशेषताएँ –
1. सामाजिक विज्ञान एक सैद्धान्तिक विषय है।
2. सामाजिक विज्ञान एक एकीकृत उपागम के साथ-2 वैज्ञानिक विधि भी है।
3. सामाजिक विज्ञान मानव का उन्नतिशील अध्ययन करता है।
4. सामाजिक विज्ञान सम्पूर्ण ज्ञान के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है।

53. In a social science classroom, the feeling and interests of learners are most easily stimulated by a multisensory approach, for which the most effective way of teaching is through_____.
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में बहुसंवेदी दृष्टिकोण से शिक्षार्थियों की भावनाओं और रुचियों को आसानी से प्रोत्साहित किया जा सकता है।
इसके लिए शिक्षण का प्रभावी तरीका निम्न में से कौन-सा है?
(a) lecture method/ व्याख्यान विधि
(b) discussions/ चर्चा
(c) charts and displays/ प्रदर्शन
(d) audio - video teaching aids
ऑडियो-विडियो शिक्षण सहायक सामग्री

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में बहुसंवेदी दृष्टिकोण से विद्यार्थियों की भावनाओं और रूचियों को आसानी से प्रोत्साहित किया जा सकता है इसके लिये ऑडियो–वीडियो शिक्षण सहायक सामग्री शिक्षण का सबसे प्रभावी तरीका है। शिक्षण सामग्री का तात्पर्य शिक्षण के उन साधनों से है जिनके प्रयोग से बालको की ज्ञानेन्द्रियाँ संक्रिय हो जाती है और पाठ के सूक्ष्म तथा कठिन भावों को सरलता पूर्वक समझ जाते है।
श्रव्य सामाग्री–इसका तात्पर्य उन साधनों से है जिनमें केवल श्रवणेन्द्रिय का प्रयोग होता है जिससे ज्ञान मुख्यतः कान द्वारा प्राप्त होता है। जैसे रेडियो, ग्रामोंफोन, टेपरिकार्डर आदि।
श्रव्य दृश्य सामाग्री–में आँख और कान दोनों को एक साथ कार्य करना पड़ता है। बालक आँख में देखकर और कान से सुनकर शिक्षण बिन्दुओं को स्मरण करता है, यह शिक्षण का सबसे प्रभावी तरीका है।

54. Which of the following is a primary sources?
निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रोत एक प्राथमिक स्त्रोत है?

(a) Babur : Timurid prince and Mughal emperor
बाबरः तैमूरिद प्रिंस एंड मुगल एम्परर
(b) The great Mughal and their India
द ग्रेट मुगल एंड देयर इंडिया
(c) Babarnama: Memoirs of Babur
बाबरनामाः मेमोयर्स ऑफ बाबर
(d) The Great Mughals/ द ग्रेट मुगल्स

Ans. (c) : बाबरनामा : मेमोयर्स ऑफ बाबर एक प्राथमिक स्रोत है। शहंशाह बाबर एक अद्भुत कला पारखी था। तुर्की भाषा में उल्लेखित बाबर का आत्मचरित्र तुजुके-बाबरी (बाबरनामा) बड़े महत्व की प्रति है। बाबर बगीचों में को दावत करते हुए (1597 ई.) बाबरनाम का उत्कृष्ट चित्र है। मुगल सल्तनत का अधिष्ठाता बाबर था। मुगल दरबारी इतिहास फारसी भाषा में लिखे गये थें। मुगल चगताई मूल के थे अतः तुर्की उनकी मातृभाषा थी। इनके पहले शासक बाबर ने कविताएं और संस्करण इसी भाषा में लिखे थे। बाबर ने अपनी कविताएँ एवं संस्करण तुर्की भाषा में लिखे थे। बाबरनामा को इस्लामी साहित्य में पहली सच्ची आत्मकथा के रूप में जाना जाता हैं। बाबरनामा का फारसी अनुबाद अब्दुल रहीम-खान-खाना ने किया था।

55. During group projects the role of the teacher is to:
सामूहिक परियोजनाओं के दौरान अध्यापक की भूमिका है किः

A. assign topics and leave the rest to groups.
विषयों को बांटकर बाकी काम समूहों पर छोड़ दे।
B. take presentation and mark students.
प्रस्तुतीकरण देखकर छात्रों को अंक दे।
C. evaluate the groups' progress.
समूहों की प्रगति का मूल्यांकन करे।
D. facilitate the groups throughout the process.
समूहों को शुरू करने से लेकर अंत तक प्रक्रिया के दौरान सुसाध्य बनाए रखे।

Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) B and D/ B और D (d) C and D/ C और D

Ans. (d) : सामूहिक परियोजनाओं के दौरान अध्यापक समूहों की प्रगति का मूल्यांकन करे तथा समूहों को शुरू करने से लेकर अंत तक प्रक्रिया के दौरान सुसाध्य बनाए रखे जैसी भूमिका होनी चाहिए। सामूहिक परियोजना एक व्यवस्थित एवं संक्रिय शिक्षण विधा है जिसके अन्तर्गत शिक्षण की प्रकिया व्यक्तिगत न होकर समूह पर आधारित होती है। सामूहिक आंकलन किसी कार्य विशेष पर बच्चों द्वारा समूह में काम करने की प्रगति व सीखने पर केन्द्रित होता हैं सामूहिक रूप से सीखने का मुख्य उद्देश्य बातचीत चर्चा की शुरुआत करना, कक्षा के अनुभवों का साझा करना तथा बच्चों के अनुभव एवं ज्ञान को एक संसाधन के रूप में देखना है।
जैसे पल्स पोलियों अभियान के लिए एक सामूहिक परियोजना बनाते समय अनेक बातों का ध्यान रखना पडता है। जैसे – आंकड़ा संग्रह, रिपोर्ट तैयार करना आदि।

56. You live in Inamgaon, 3000 years ago, and the chief has died last night. Today, your parents are preparing for the burial. Describe the scene, including how food is being prepared for the funeral. What do you think would be offered?
This question attempts to assess students' ability to
''आप इनामगाँव में 3000 वर्ष पूर्व रहते थे। गत रात्रि गाँव के मुखिया की मृत्यु हो गई। आपके अभिभावक अंत्येष्टि की तैयारी कर रहे हैं। पूरी स्थिति का वर्णन करें साथ ही यह भी बताएँ कि किस प्रकार का भोजन अंत्येष्टि के लिए तैयार हो रहा है?''
यह प्रश्न छात्रों की किस योग्यता का मूल्यांकन करता है?

(a) Compare/ तुलनात्मकता
(b) Explain/ व्याख्यात्मकता
(c) Imagine/ कल्पनाशीलता
(d) Reason/ तार्किकता

Ans. (c) : आप इनामगाँव में 3000 वर्ष पूर्व रहते थे। गत रात्रि गाँव के मुखिया की मृत्यु हो गई। आपके अभिभावक अंत्येष्टि की तैयारी कर रहे हैं। पूरी स्थिति का वर्णन करें साथ ही यह भी बताएँ कि किस प्रकार का भोजन अंत्येष्टि के लिए तैयार हो रहा है। यह प्रश्न छात्रों की कल्पनाशीलता योग्यता का मूल्यांकन करता है। कल्पनाशीलता का सामान्य अर्थ किसी चीज का दृश्यांकन करना होता है। जब आप किसी कार्य को शुरू करना चाहते है तो पहले उसे दृश्यांकित कर लेते है। उसके बाद प्रश्न दृश्य को अपने चेतन मस्तिष्क को भेजता है। कल्पनाशीलता से बालकों की मानसिक शक्ति का विकास होता है। कल्पना के आधार पर बालक-विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों का अनुमान करता है।

57. Which of the following is true about evaluation in social sciences?
सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सत्य हैं-

A. Open book examination based on end-text questions provide best indicators of learning
खुली-पुस्तक परीक्षा अवबोध का श्रेष्ठ मापक है।
B. Oral evaluation based on in-text question support continuous learning
पाठों से लिए गए प्रश्नों पर आधारित मौखिक मूल्यांकन, सतत शिक्षण में सहायक है।

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ न तो A और न ही B

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन के सम्बन्ध में पाठों से लिए गए प्रश्नों पर आधारित मौखिक मूल्यांकन, सतत शिक्षण में सहायक है। सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन का अभिप्राय उस रीति से है, जिसके द्वारा हम बालक के ज्ञान और व्यवहार मे हुए परिवर्तनों तथा उसकी व्यक्तिगत विशेषताओं का मूल्यांकन करते है। सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत मूल्यांकन की विधियाँ –
1. निरीक्षण प्रविधि 2. साक्षात्कार प्रविधि 3. अभिलेख प्रविधि
4. परीक्षा प्रविधि 5. मौखिक परीक्षा 6. प्रायोगिक परीक्षा

58. "Students will be able to use the information to establish criteria to make a judgment or support an opinion"
Which cognitive process is represented in the above mentioned statement?
''निर्णय लेने के लिए या किसी विचार को समर्थन देने के संदर्भ में मानदंड स्थापित करने के लिए विद्यार्थी सूचना का उपयोग कर पाएंगे।''
उपरोक्त कथन में कौन-सा संज्ञानात्मक प्रक्रम निरूपित हो रहा है?

(a) Remember/ याद रखने की प्रक्रिया
(b) Application/ प्रयोग की प्रक्रिया
(c) Analysis/ विश्लेषण की प्रक्रिया
(d) Evaluation/ मूल्यांकन की प्रक्रिया

Ans. (d) : निर्णय लेने के लिए या किसी विचार को समर्थन देने के संदर्भ में मानदंड स्थापित करने के लिए विद्यार्थी सूचना का उपयोग 'मूल्यांकन की प्रक्रिया' जैसे संज्ञानात्मक प्रक्रम निरूपित हो रहा है। मूल्यांकन वह प्रक्रिया है, जिसके आधार पर हम किसी छात्र के ज्ञान का मूल्यांकन करते है। विद्यार्थी निर्धारित पाठ्यक्रम से उद्देश्यों की प्राप्ति किस सीमा तक हुआ। विकास में बाधक तत्व कौन-2 से है। मूल्यांकन की विशेषता –

1. क्रमबद्धता	2. वस्तुनिष्ठता
3. विश्वसनीयता	4. वैधता

59. Which of the following aspects are <u>explicitly</u> stated in the Right of the Children to Free and Compulsory Education Act 2009 to formulate evaluation procedures?
निम्नलिखित में से कौन-से पहलू सुस्पष्ट रूप से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूत्रबंद्ध करने के लिए बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 में उल्लिखित हैं?

A. Provide evidence-based feedback
साक्ष्य आधारित प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
B. Make the child free of fear, trauma and anxiety and helping the child to express views freely./बच्चों को भय, आघात और चिंतामुक्त बनाना तथा बच्चों को उनके विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना।
C. Conformity with the values enshrined in the Indian Constitution/भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों के साथ अनुरूपता बनाना।
D. Assess the extent curricular expectations and learning outcomes are achieved/आकलन करना कि किस हद तक पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाएँ और अधिगम परिणाम उपार्जित किए जा चुके हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B and C/ B और C
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A and D/ A और D

Ans. (b) : बच्चों को भय, आघात और चिंतामुक्त बनाना तथा बच्चों को उनके विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना, और भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों के साथ अनुरूपता बनाना जैसे पहलू सुस्पष्ट रूप से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूत्रबद्ध करने के लिए बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 में उल्लिखित है तथा इसके कुछ प्रावधान है–
1. 6 वर्ष से 14 वर्ष तक बच्चे के लिए प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य एवं मुफ्त होगी।
2. किसी भी बच्चे को शारीरिक दण्ड नही दिया जायेगा या उसका मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जायेगा।
3. निजी और विशेष श्रेणी वाले विद्यायलों को भी अधिक रूप से निर्बल समुदायों के बच्चों के लिए कक्षाओं में 25% स्थान आरक्षित करना होगा।

60. 'Why do you think Omprakash Valmiki was treated unequally by his teacher? Imagine yourself as Omprakash Valmiki and write four lines about how you would feel if you were in the above situation? '
The question attempts to assess students' ability to
''आपको क्या लगता है कि अध्यापक के द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि के साथ असमानता का व्यवहार क्यों किया गया? अपने को ओमप्रकाश के स्थान पर रखकर चार पंक्तियों में लिखें कि आप इस परिस्थिति में कैसा अनुभव करते।''
यह प्रश्न छात्रों की किस योग्यता का मूल्यांकन करता है?

(a) Compare and contract experiences
अनुभवों की तुलना व विपरीतता
(b) Infer and extrapolate from students
परिस्थितियों से अनुमान लगाना और निष्कर्ष निकालना
(c) understand and ability to reason
समझना और तर्क
(d) imagination and creativity skills
कल्पना और सृजनात्मक कौशल

Ans. (b) : अध्यापक के द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि के साथ असमानता का व्यवहार परिस्थितियों से अनुमान लगाना और निष्कर्ष निकालना जैसा अनुभव करते है। ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी कहानियों में दलित जीवन की उपेक्षाएँ, प्रताड़ना, त्रासदी उन सुख-दुःख तथा उसके निवारण के लिए किया जाने वाला संघर्ष आदि को गहरी संवेदना व्यक्त करते है। जीवन वृत्त से अभिप्राय जीवन की समस्त गतिविधियों से है। जिनसे एक व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इनका सम्बन्ध उस परिवार से था जहां पर असमानता जैसे जीवन को प्रत्यक्ष देखा और उन्होंने यह देखकर अपने मन में एक विश्वास जगाया और कविता के अध्ययन से लोगों तक पहुँचने का कार्य किया।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 03 जनवरी, 2022)

1. In which state of India can you find the old sites of Bhimbetka?
भीमबेटका के पुरास्थल भारत के किस राज्य में पाए जाते हैं?

(a) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Karnataka/कर्नाटक

Ans. (b) : भीमबेटका के पुरास्थल भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि मानव द्वारा बनाये गये शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध हैं। इसकी खोज 1957-1958 में डॉक्टर विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी। 2003 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया। यहाँ पर अन्य पुरावशेष भी मिले हैं, जिनमें प्राचीन किले की दीवार, लघु स्तूप, पाषाण निर्मित भवन, शुंग-गुप्त कालीन अभिलेख, शंख अभिलेख और परमार कालीन मंदिर के अवशेष सम्मिलित हैं।

2. Arrange the following Gupta kings in the chronological order.
निम्नलिखित गुप्त वंश के राजाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(i) Shri Gupta / श्री गुप्त
(i) Chandra Gupta II / चन्द्रगुप्त द्वितीय
(iii) Skanda Gupta / स्कन्दगुप्त
(iv) Samudra Gupta / समुद्रगुप्त

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (ii), (i), (iv), (iii)
(c) (iii), (ii), (iv), (i) (d) (i), (iv), (ii), (iii)

Ans. (d) : गुप्त राजवंश प्राचीन भारत के प्रमुख राजवंशों में से एक था, इतिहासकारों द्वारा इस अवधि को भारत का स्वर्ण युग माना जाता है। गुप्त वंश के सम्राटों में क्रमशः श्रीगुप्त (240-280 ई.), घटोत्कच गुप्त (280-319 ई.), चंद्रगुप्त प्रथम (319-350 ई.), समुद्रगुप्त (350 - 375 ई.), रामगुप्त, चंद्रगुप्त द्वितीय (375-415 ई.), कुमारगुप्त (महेंद्रादित्य) (415-455 ई.) और स्कंदगुप्त (455-467 ई.) हुए। गुप्त साम्राज्य का संस्थापक श्री गुप्त थे। गुप्त साम्राज्य का उदय तीसरी शताब्दी के अन्त में प्रयाग के निकट कौशाम्बी में हुआ था।

3. Assertion (A)- Al Biruni wrote Kitab al-Hind.
अभिकथन (A): अल-बरूनी ने किताब अल-हिन्द लिखी।

Reason (R)- Sultan Mahmud of Ghazni was interested in finding out more about the people he conquered.
कारण (R): गजनी का सुल्तान महमूद अपने द्वारा जीते गए लोगों के बारे में कई बातें जानना चाहता था।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है परंतु (R) गलत है।
(b) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।
(c) Both (a) and (R) are true and (R) is the reason of (A).
(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का कारण (R) है।
(d) Both (a) and (R) are true but (R) is not the reason of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का कारण (R) नहीं है।

Ans. (c) : किताब उल-हिन्द महमूद गजनवी के दरबारी कवि अलबरूनी द्वारा लिखी गई थी।
अल-बरूनी ने तत्कालीन भारत से लेकर प्रचीन भारत का अरबी भाषा में जीवंत वर्णन किया। वर्ण व्यवस्था, जातिप्रथा, रूढ़ीयां, परम्पराओं व भारतीयों के अहम की चर्चा है। इसमें विज्ञान व खगोलशास्त्र का वर्णन है। समय की माप को लेकर वह भारतीय ज्ञान को सनकी कहता है। अच्छी जानकारियों के बावजूद कुछ त्रुटियाँ किताब में है जो दरबारी लेखन के कारण रही होगी।

4. Which is the meaning of Pishtaq, an important aspect of Mughal architecture?
पिश्तक का क्या अर्थ है, जो मुगल वास्तुकला का एक महत्वपूर्ण पहलू है?

(a) Forty pillared halls./चालीस खंभों का सभा भवन
(b) Tall gateway./मेहराबदार प्रवेशद्वार
(c) Central Hall surrounded by eight rooms.
आठ कमरों से घिरा हुआ केन्द्रीय सभा भवन
(d) Rectangular walled enclosures./आयताकार अहाते

Ans. (b) : 1192 में भारत में तराइन के द्वितीय युद्ध के बाद तुर्क सत्ता की स्थापना के साथ अन्य क्षेत्रों सहित वास्तुकला में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन आये । जिनमें भवनों के मेहराबदार प्रवेशद्वार थे। जिन्हें पिश्तक कहा गया इनकी बनावट नीचे से सीधे व शीर्ष पर जाकर गोलाई लिए त्रिभुजाकार थे इनसे दरवाजों की ऊँचाई व आकर्षण बढ़ा। विकास क्रम में इनकी लम्बाई बढ़ती गई और लोदी काल तक यह पूर्ण विकास की अवस्था में पहुँच गये।

5. Arrange the following in the descending order (background) starting from the recent period:
निम्नलिखित को हाल के काल से शुरू करके अवरोही क्रम (उलटा) में लगाएँ-

A. Composing of Rigveda /ऋग्वेद की रचना

B. Emergence of Varna system
वर्ण व्यवस्था का उदय

C. Rise of Mauryan Empire
मौर्य साम्राज्य का उत्थान

D. Emergence of Buddhism
बौद्ध धर्म का उदय

(a) B, A, C and D / B, A, C और D
(b) D, A, C and B / D, A, C और B
(c) A, B, D and C / A, B, D और C
(d) C, D, B and A/ C, D, B और A

Ans. (d) : प्राचीन भारत में मौर्य साम्राज्य का उदय 322 ईसा पूर्व चन्द्रगुप्त मौर्य के गद्दी पर बैठने के साथ हुआ। अशोक ने वृहद् सम्राज्य बनाया। छठी सदी ईसा पूर्व (B.C.) की बौद्धिक क्रांति के साथ उत्तर भारत में बौद्धधर्म का उदय हुआ। व्यवसाय को बांटने के उद्देश्य से चार वर्णों की स्थापना हुयी, वर्ण व्यवस्था कर्म से बदलकर धीरे-धीरे जन्म आधारित हो गई। ऋग्वेद की रचना 1500-1000 ई. पू. में की गई, जो संस्कृत की प्राचीनतम रचना है।

6. Read the statements A and B and choose the correct option.
कथन A तथा कथन B को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें।

A. Around 2500 years ago, there is evidence for the growing use of iron tools including axes for clearing forests and the iron plough share, which were useful for increasing agricultural production.
करीब 2500 वर्ष पूर्व लोहे के औजारों, जिनमें जंगलों के साफ करने के लिए कुल्हाड़ियाँ और जुताई के लिए हलों के फाल शामिल हैं, के बढ़ते प्रयोग का प्रमाण मिलता है जो कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए उपयोगी थे।

B. Many cities developed from about 2500 years ago./लगभग 2500 वर्ष पूर्व तक अनेक शहर विकसित हुए।

(a) A is true But B is false.
(a) सही है परन्तु (b) गलत है।
(b) A is false but B is true.
(a) गलत है परन्तु (b) सही है।
(c) Both A and B are true and there is a relation between A and B. /(a) और (b) दोनों सही हैं और (a) तथा (b) में संबंध है।
(d) Both A and B are true but there is no relation between A and B./ (a) और (b) दोनों सहीं हैं और (a) तथा (b) में कोई संबंध नहीं है।

Ans. (c) : आज से 2500 वर्ष पूर्व उत्तर भारत में भारतीय इतिहास का द्वितीय नगरीकरण हुआ। लोहे की खोज से बनी मजबूत कुल्हाड़ी ने जंगलों को तेजी से साफ किया। लोहे के फाल वाले हल लकड़ी के हल से अधिक गहरी जुताई करते थे।इनसे कृषि उत्पादन बढ़ा, उत्पादन से व्यापार, व्यापार से शहरों का विकास हुआ जिनमें चम्पा, साकेत कौशाम्बी आदि थे।

7. Match the following categories of land during the Chola period with the correct options
चोल शासन में भूमि के प्रकार का सही विकल्प के साथ मिलान कीजिए।

	List/ सूची-1		List/ सूची-2
(a)	Vellanvagai वेमल्लनवगाई	(i)	Land gifted to temple मंदिर को उपहार में दी गई भूमि
(b)	Brahmadeya ब्रह्मदेव	(ii)	Land for the maintenance of a school किसी विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि
(c)	Shalabhoga शालाभोग	(iii)	Land of non-Brahmana peasant proprietors/ गैर-ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि
(d)	Devadana. देवदान	(iv)	Land gifted to Brahmanas/ ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि

(a) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)
(b) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

Ans.(b) : सही मिलान इस प्रकार है -

	List/ सूची- 1		List/ सूची 2
(a)	वेमल्लनवगाई	(iii)	गैर-ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि
(b)	ब्रह्मदेव	(iv)	ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि
(c)	शालाभोग	(ii)	किसी विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि
(d)	देवदान	(i)	मंदिर को उपहार में दी गई भूमि

चोल काल में भूमि के प्रकार
- **वेमल्लनवगाई-** गैर ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि।
- **ब्रह्मदेव -** ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि।
- **शालाभोग -** किसी विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि।
- **तिरुनमटङ्क्कनी/देवदान-**मंदिर को उपहार में दी गई भूमि।
- **पल्लीचंदम-** जैन संस्थानों को दान में दी गई भूमि।

8. Read the statements A and B choose the correct option.
अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प को चुनें।

Assertion (A)- The crisis in Bengal economy after 1765 had adverse effect on artisans and peasants. Artisonal production declined and agricultural cultivation showed signs of collapse. In 1770 a famine killed ten million people in Bengal.

अभिकथन (A): 1765 के बाद बंगाल की अर्थव्यवस्था में संकट से कारीगरों और किसानों पर बुरा प्रभाव पड़ा। कारीगरों का उत्पादन गिर रहा था और खेती चौपट होने की दिशा में अग्रसर थी। 1770 में पड़े अकाल से बंगाल में एक करोड़ लोगों की मौत हो गई।

Reason (R)- The effort of the East India Company after getting the Diwani of Bengal was to increase the revenue as much as it could and buy fine cotton and silk cloth as cheap as possible. The revenue collected in Bengal was used to finance the purchase of goods for export.

कारण (R): बंगाल की दीवानी मिलने के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी की कोशिश यही थी कि वह ज्यादा से ज्यादा राजस्व हासिल करे और कम से कम कीमत पर बढ़िया सूती और रेशमी कपड़े खरीदे। बंगाल में वसूले गए राजस्व का इस्तेमाल निर्यात के लिए चीजों को खरीदने में किया जाता था।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (a) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : A और R दोनों सही हैं, R सही व्याख्या करता है A की। प्लासी का युद्ध और बक्सर के युद्ध के बाद ईस्ट इण्डिया कम्पनी की शक्ति मजबूत हुयी। वह ज्यादा से ज्यादा राजस्व वसूलने लगी तथा कम कीमत पर प्राथमिक वस्तुएँ (कच्चे माल) को क्रय करने लगी। जिसके कारण अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा। 1770 में बंगाल में पड़े अकाल के कारण एक करोड़ लोगों की मौत हो गयी। इस अकाल का मुख्य कारण अंग्रेजों की शोषणकारी नीति थी।

9. Who contributed to the banning of Sati in 1829?
1829 में सती प्रथा को प्रतिबंधित करवाने में किसका योगदान था?

(a) Raja Rammohun Roy / राजा राममोहन रॉय
(b) Ishwar Chandra Vidya Sagar
ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(c) Jyoti Rao Phule / ज्योतिराव फुले
(d) Swami Dayanand Saraswati
स्वामी दयानंद सरस्वती

Ans. (a) : ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के विरूद्ध समाज को जागरूक किया जिसके फलस्वरूप इस आन्दोलन को बल मिला और तत्कालीन अंग्रेजी सरकार को सती प्रथा को रोकने के लिए कानून बनाने पर विवश होना पड़ा था। अन्ततः उन्होंने सन् 1829 में सती प्रथा को रोकने का कानून पारित किया।

10. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option.
अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़े सही विकल्प को चुनें।

Assertion (A)- Between 1927 and 1935 Ambedkar led three temple entry movements.
अभिकथन (A) : 1927 से 1935 के बीच अम्बेडकर ने मंदिर में प्रवेश के लिए तीन आंदोलन चलाए।

Assertion (R)- Ambedkar's aim was to make everyone see the power of British rule in India.
कारण (R) : अम्बेडकर का मुख्य लक्ष्य सब लोगों को अंग्रेजी शासन की शक्ति दिखाना था।

(a) Both (A) and (R) true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : 1927 से 1935 के बीच अम्बेडकर ने मंदिर में प्रवेश के लिए तीन आन्दोलन चलाए। अम्बेडकर जी का मुख्य लक्ष्य था मंदिर में प्रवेश, आन्दोलन के जरिए देश में फैली सामाजिक और जातिगत कुरीतियों को खत्म कर सामाजिक असमानता को दूर करना चाहते थे और पिछड़े वर्ग के लोगों को इज्जत और सम्मान दिलाना चाहते थे।

11. Which the reforms movements with their leaders correctly:
निम्नलिखित सुधार आंदोलन का उनके नेताओं के साथ सही मिलान करें:

	List/ सूची -1		List/ सूची -2
(a)	**Matua Panth मटुआ पंथ**	**(i)**	**Jyotirao Phule/ ज्योतिराव फुले**
(b)	**Satyashodhak Samaj सत्यशोधक समाज**	**(ii)**	**Raja Rammohun Roy/राजा राममोहन रॉय**
(c)	**Arya Samaj आर्य समाज**	**(iii)**	**Haridas Thakur हरिदास ठाकुर**
(d)	**Brahmo Samaj ब्रह्म समाज**	**(iv)**	**Swami Dayanand Saraswati स्वामी दयानंद सरस्वती**

(a) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(b) (a)-(iv),(b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(c) (a)-(i), (b)-(iv), (c) -(iii), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

Ans. (d) : सही मिलान इस प्रकार है -

	सूची-1		सूची -2
(a)	मटुआ पंथ	(iii)	हरिदास ठाकुर
(b)	सत्यशोधक समाज	(i)	ज्योतिराव फुले
(c)	आर्य समाज	(iv)	स्वामी दयानंद सरस्वती
(d)	ब्रह्म समाज	(ii)	राजा राममोहन रॉय

- मटुआ पंथ एक धर्म सुधार आन्दोलन है जो 1860 ई. के आस-पास अविभाजित बंगाल में शुरू हुआ था। इस आन्दोलन की शुरुआत हरिदास ठाकुर ने किया था।
- सत्यशोधक समाज 24 सितम्बर 1873 में ज्योतिबा फुले द्वारा स्थापित एक पन्थ है। इसका उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था।
- आर्य समाज एक हिन्दू सुधार आन्दोलन है जिसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 में की।
- ब्रह्म समाज भारत का एक सामाजिक- धार्मिक आन्दोलन था।इसके प्रवर्तक राजा राममोहन राय अपने समय के विशिष्ट समाज सुधारक थे। 1828 में ब्रह्म समाज को राजा राममोहन राय और द्वारकानाथ टैगोर ने स्थापित किया था।

12. Read the following statements on emergence of Nationalism and choose the correct option.
राष्ट्रवाद के उदय के बारे में दिए गए कथनों को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

A. The Indian National Congress was founded in the year 1885.
1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।

B. The early Nationalist leaders were largely from rural and uneducated background.
अधिकांश शुरूआती राष्ट्रवादी नेता ग्रामीण और अशिक्षित पृष्ठभूमि से थे।

(a) A is true but B is false
(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) A is false but B is true
(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both A and B are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : राष्ट्रवादी चेतना का उदय यूरोप में पुनर्जागरण काल से ही शुरु हो गया था, परन्तु 1789 ई. के फ्रांसीसी क्रांति में यह सशक्त रूप लेकर प्रकट हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। भारत में राष्ट्रवाद की शुरूआत 19 वीं शताब्दी से शुरू हुयी थी। ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों और उनकी चुनौतियों से भारत में लोगों ने राष्ट्रवाद के बारे में सोचना शुरू किया।

13. Read the Assertion (A) and Reasoning (R) and choose the correct option.
अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़े तथा सही विकल्प को चुनें।

Assertion (A)-The British decided that the proportion of Indian soldiers in the army in India would be reduced and the number of European soldiers would be increased.
अभिकथन (A): अंग्रेजों ने सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात कम करने और यूरोपीय सिपाहियों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया।

Reason (R)– In May 1857 sepoys of the East India Company mutinied in several places in India and a large number of people from different sections of society rose up in rebellion
कारण (R): मई 1857 में ईस्ट इंडिया कंपनी के सिपाहियों ने कई जगह बगावत की और समाज के विभिन्न तबकों के लोग विद्रोही तेवरों के साथ उठ खड़े हुए।

(a) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(b) Both (A) and (R) are false
दोनों (A) तथा (R) गलत है।
(c) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है किंतु (A) का कारण (R) है।
(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है किंतु (A) का कारण (R) नहीं है।

Ans. (c) : अंग्रेजों ने सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात कम करने और यूरापीय सिपाहियों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया क्योंकि मई 1857 में ईस्ट इण्डिया कंपनी के सिपाहियों ने कई जगह बगावत की और समाज के विभिन्न तबकों के लोग विद्रोही तेवरों के साथ उठ खड़े हुए। यह भी तय किया गया कि अवध, बिहार, मध्य भारत और दक्षिण भारत ने सिपाहियों को भर्ती करने की बजाय अब गोरखा, सिक्खों और पठानों में से ज्यादा सिपाही भर्ती किये जायेंगे।

14. Read the following Assertion (A) and Reason (R) on formation of states and choose the correct option.
राज्यों के गठन के संदर्भ में निम्न अभिकथन (A) व कारण (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

Assertion (A)- Both Prime Minister Jawaharlal Nehru and Deputy Prime Minister Vallabhbhai Patel were against the creating of linguistic states.
अभिकथन (A): प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल, दोनों ही भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की नीति के विरोधी थे।

Reason (R)-State Reorganisation Commission recommended in 1956 the redrawing of districts and provisional boundaries to form compact provinces at Assamese, Bengali, Oriya, Tamil, Malayalam, Kannada and Telugu speakers respectively.
कारण (R): राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1965 में सुझाव दिया कि असमिया, बंगला, उड़िया, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु भाषियों के लिए अलग-अलग प्रांतों का गठन करने के उद्देश्य से जिलों और प्रांतों की सीमा को पुनः तय किया जाए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : भारत का बँटवारा धर्म के आधार पर हुआ था। इसी बँटवारे के कारण हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच हुए भीषण दंगों में 10 लाख से ज्यादा लोग मारे गये थे। ऐसी परिस्थितियों में भाषा के अधार पर देश को और विभाजित करना उचित नहीं था। इसलिए हमारे देश को भाषा के आधार पर बाँटा नहीं जा सकता। यही कारण था कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु और उपप्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल दोनों ही भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की नीति के विरोधी थे।
भारत के स्वतंत्र होने के बाद भारत सरकार ने राज्यों को भाषाई आधार पर पुनर्गठित करने के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना 1953 में की जो न्यायाधीश फजल अली की अध्यक्षता में हुयी। राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1965 में सुझाव दिया कि असमिया, बंगाल, उड़िया, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु भाषियों के लिए अलग-अलग प्रांतों का गठन करने के उद्देश्य से जिलों और प्रांतों की सीमा को पुनः तय किया जाए।
नोट : एन.सी.ई.आर.टी. में लिखा है कि राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1956 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

15. Given statements are about various celestial bodies in the sky. Which of the statements are correct?
आसमान में विभिन्न खगोलीय पिंडों के विषय में दिये गये कथनों में कौन-से कथन सही हैं?
(a) We do not feel heat and light of countless twinkling stars in the night sky as they are very far away from us/ हम रात में आकाश में असंख्य टिमटिमाते तारों की गर्मी और प्रकाश अनुभव नहीं करते क्योंकि वे बहुत दूर हैं।
(b) Ursa Major Constellation is a group of seven stars also called Saptarishi. / अर्सा मेजर नक्षत्र मंडल सात तारों का समूह है जिसे सप्त-ऋषि भी कहा जाता है।
(c) Pole Star keeps changing its position in the sky. / ध्रुव तारा अपना स्थान बदलता रहता है।
(d) Moon appears at different times, in different shapes and at different positions./ चन्द्रमा अलग-अलग समय पर, अलग-अलग आकार में विभिन्न अवस्थिति में दिखता है।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : खगोलीय पिण्ड या खगोलीय वस्तु ऐसी वस्तु को कहा जाता है जो ब्रह्माण्ड में प्राकृतिक रुप से पायी जाती है, इसमें तारे ग्रह, प्राकृतिक उपग्रह, गैलेक्सी , उल्का पिण्ड, ब्लैक होल, पल्सर आदि। हम रात में आकाश में असंख्य टिमटिमाते तारों की गर्मी और प्रकाश अनुभव नहीं करते क्योंकि वे बहुत दूर हैं और अर्सा मेजर नक्षत्र मंडल सात तारों का समूह है जिसे सप्त-ऋषि भी कहा जाता है। चंद्रमा अलग-अलग समय पर अलग- अलग आकार में विभिन्न अवस्थिति में दिखता है। ध्रुव तारा, तारामण्डल का सबसे रोशन तारा है। ध्रुव तारा पृथ्वी से लगभग 434 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। ध्रुव तारा अपना स्थान नहीं बदलता है।

16. Which of the following statements correct description of the globe?
ग्लोब के विषय में कौन-से कथन सही हैं?
A. Globe is a true model (miniature from) of the Earth/ग्लोब पृथ्वी का सही मॉडल (छोटा प्रतिरूप) है।
B. Globes can be of varying size and type./ग्लोब आकार और प्रकार में भिन्न हो सकते हैं।
C. On the globe, countries, continents and oceans are shown in their correct size. /ग्लोब पर देश, महाद्वीप और महासागर उनके सही आकार में दिखाए जाते हैं।
D. It is fixed and cannot be rotated/यह स्थिर और न घूमने वाला है।
(a) Only A, B and C / केवल A, B और C
(b) Only A, C and D/ केवल A, C और D
(c) Only A, B and D / केवल A, B और D
(d) Only B, C and D/ केवल B, C और D

Ans. (a) : ग्लोब पृथ्वी या किसी अन्य खगोलीय पिंड का एक मॉडल या छोटा प्रतिरुप है। ग्लोब आकार या प्रकार में भिन्न हो सकते हैं। ग्लोब पर देश, महाद्वीप और महासागर उनके सही आकार में दिखाए जाते हैं। एक काल्पनिक रेखा ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती है, जिसे विषुवत वृत्त कहते हैं।

17. Identify the heat zone of the earth from the characteristics.
निम्न विशेषताओं से पृथ्वी के ताप कटिबंध की पहचान कीजिए।
A. The midday sun never shines overhead.
दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ऊपर नहीं होता है।
B. These areas have moderate temperature.
इन क्षेत्रों का तापमान मध्यम होता है।
C. These areas are bounded by the Tropic of Cancer and the Arctic circle in the northern Hemisphere and the Tropic of Capricorn and the Antarctic Circle in the southern Hemisphere.
ये उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव वृत्त तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखा एवं दक्षिण ध्रुव वृत्त के बीच वाले क्षेत्र हैं।

(a) Frigid zone/ शीत कटिबंध
(b) Temperate zone/ शीतोष्ण कटिबंध
(c) Torrid zone / उष्ण कटिबंध
(d) North and South Poles/ उत्तर एवं दक्षिण ध्रुव

Ans. (b) : पृथ्वी के मुख्यतः तीन ताप कटिबंध हैं-
उष्ण कटिबंध, शीतोष्ण कटिबंध और शीत कटिबंध । कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच सभी अक्षांशों पर मध्यान्ह का सूर्य वर्ष में कम से कम एक बार ठीक सिर के ऊपर होता है। इसलिए यह सूर्य से सर्वाधिक सूर्यताप प्राप्त करता है। शीतोष्ण कटिबंध या समशीतोष्ण कटिबंध, उष्णकटिबंध और शीत कटिबंध के बीच का क्षेत्र कहलाता है। इन क्षेत्रों का तापमान मध्यम होता है दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ऊपर नहीं होता है।ये उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखाएं दक्षिणी ध्रुव वृत्त के बीच वाले क्षेत्र है।

18. India is located east of Greenwich at 82° 30' E. What will be Indian Standard Time (IST) if Greenwich Mean Time is 1 PM?
भारत ग्रीनविच के पूर्व 82° 30' पूर्व पर स्थित है। भारत का मानक समय क्या होगा यदि ग्रीनविच मीन समय 1 बजे अपराह्न है।
(a) 7:30 PM/ 7:30 अपराह्न
(b) 6:30 PM/ 6:30 अपराह्न
(c) 6:30 AM/ 6:30 पूर्वाह्न
(d) 7:30 AM/ 7:30 पूर्वाह्न

Ans. (b) : भारतीय मानक समय (I ST) यह ग्रीनविच मीन टाइम से 5 घंटे 30 मिनट आगे है। यदि ग्रीनविच मीन समय 1 बजे अपराह्न है तो भारत का मानक समय 6:30 अपराह्न होगा। भारत में 82.5° E के देशान्तर को मानक मध्याह्न रेखा माना जाता है। भारतीय मानक समय की गणना मिर्जापुर से गुजरने वाले 82°30' पूर्व देशान्तर रेखा से की जाती है। इसे भारतीय मानक समय (IST) के रूप में जाना जाता है। प्रधान मध्यान्ह रेखा एक 0° है और इसे ग्रीनविच लाइन के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह लन्दन के पास ग्रीनविच से होकर गुजरती है जहाँ ब्रिटिश रॉयल वेधशाला स्थित है।

19. In which type of forests do softwood trees like chair, pine and cedar grow?
किस प्रकार के वन में नरम काष्ठ वाले वृक्ष जैसे चीड़, देवदार आदि उगते/पैदा होते हैं?
(a) Temperate deciduous forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन
(b) Temperate evergreen forests
शीतोष्ण सदाबहार वन
(c) Coniferous forests/ शंकुधारी वन
(d) Tropical deciduous forests
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Ans. (c) : शंकुधारी वनों में नरम काष्ठ वाले वृक्ष जैसे चीड़ देवदार, हेमलॉक और स्प्रूस शामिल हैं। शंकुधारी जंगल उन हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं जहाँ तापमान कम होता है इन वनों में सीधे लम्बे वृक्ष पाये जाते हैं तथा जिनकी शाखाएँ नीचे की ओर झुकी होती हैं। जिससे बर्फ इनकी टहनियों पर जमा नहीं हो पाती।

20. Read the given statements and select the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): There is a close relationship between height of land and the character of vegetation.
अभिकथन (A): स्थल की ऊँचाई एवं वनस्पति की विशेषताएँ एक-दूसरे से संबंधित हैं।
Reason (R): The growth of vegetation depends on slope and thickness of soil.
कारण (R): वनस्पति की वृद्धि ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई पर निर्भर करती है।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). / (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : भूमि की ऊँचाई और वनस्पति की विशेषताओं के बीच घनिष्ट संबंध है। ऊँचाई में परिवर्तन के साथ जलवायु में परिवर्तन होता रहता है और इससे प्राकृतिक वनस्पति बदल जाती है। वनस्पति की वृद्धि तापमान और नमी पर निर्भर करती है। यह ढलान और मिट्टी की माटाई जैसे कारकों पर भी निर्भर करता है। इसे तीन विस्तृत श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः वन, घास स्थल और झाड़ियां।

21. Match the following about movement of water on ocean surface and choose the correct option.
महासागरीय सतह पर जल की गति के बारे में निम्नलिखित का सुमेल कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Cold ocean currents./ ठंडी महासागरीय धाराएँ	(i)	Alternate rise and fall of water on ocean surface./ महासागरीय सतह पर एकांतर नियम से जल का उठना एवं गिरना।
B.	Tides/ ज्वार-भाटा	(ii)	Rhythmic rise and fall of ocean water twice in a day./ दिन में दो बार नियम से महासागरीय जल का उठना एवं गिरना।
C.	Waves/ तरंगे	(iii)	Originated near the equator./ भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती है।
D.	Warm ocean currents./ गर्म महासागरीय धाराएँ	(iv)	Carry water from polar to tropical latitudes/ ध्रुवों से उष्णकटिबंधीय अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती हैं।

(a) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(b) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(c) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)
(d) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

Ans. (d) सही मिलान इस प्रकार है -

A.	ठंडी महासागरीय धाराएँ	(iv)	ध्रुवों से उष्णकटिबंधीय अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती हैं।
B.	ज्वार-भाटा	(ii)	दिन में दो बार नियम से महासागरीय जल का उठना एवं गिरना।
C.	तरंगे	(i)	महासागरीय सतह पर एकांतर नियम से जल का उठना एवं गिरना।
D.	गर्म महासागरीय धाराएँ	(iii)	भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती है।

ठंडी महासागरीय धाराएँ- ध्रुवीय क्षेत्रों से उष्ण कटिबंधीय अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती रहती है तथा इनका पानी ठंडा रहता है। अतः ये जलधाराएं अपने पास पड़नें वाले क्षेत्रों का तापमान घटा देती हैं। ये जलधाराएं निम्न है -
क्यूराइल जलधारा, कैलिफोर्निया जलधारा, हम्बोल्ट (पेरू) जलधारा, लेब्राडोर आदि।

ज्वार-भाटा - महासागरीय जल के ऊपर उठने की क्रिया को ज्वार तथा महासागरीय जल के नीचे गिरने की क्रिया को भाटा कहते हैं।

तरंगे- महासागरीय सतह पर एकांतर नियम से जल का उठना एवं गिरना। एक तरंग के उच्चतम एवं निम्नतम बिन्दु को क्रमशः शिखर एवं गर्त कहा जाता है।

गर्म महासागरीय धारायें :- भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती है इन जलधाराओं का पानी गर्म होता है। ये धाराये निम्न हैं अलास्का, एलनीनो, क्युरेशियों जलधारा, अगुलहास जलधारा, गल्फस्ट्रीम जलधारा आदि ।

22. Choose the correct option/सही विकल्प चुनें
Monsoon winds are_____:
मानसून पवनें हैं.....।
(a) Planetary winds / ग्रहीय पवनें
(b) Seasonal winds / मौसमी पवनें
(c) Permanent winds / स्थायी पवनें
(d) Local winds / स्थानीय पवनें

Ans. (b) :मानसून या पावस मूलतः हिन्द महासागर एवं अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण-पश्चिम तट पर आने वाली हवाओं को कहते हैं जो भारत , पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि में भारी वर्षा कराती है। ये ऐसी मौसमी पवन होती हैं जो दक्षिणी एशिया क्षेत्र में जून से सितम्बर तक , प्रायः चार माह सक्रिय रहती है।

23. Which of the following represent correct matching of the layers of atmosphere.
निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान वायुमण्डल की परतों के विषय में सही है-

A.	Exosphere बहिर्मंडल	(i)	Layer help in radio transmission. रेडियों तरंगों के प्रसारण में सहायक
B.	Troposphere क्षोभमंडल	(ii)	Upper most layer of atmosphere./ सबसे ऊपर की परत
C.	Stratosphere/ समतापमंडल	(iii)	Lower most layer of atmosphere/ सबसे नीचे की परत
D.	Thermosphere/ बाह्यमंडल	(iv)	Layer contains ozone gas. इस परत में ओजोन गैस है।

(a) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(b) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(c) A-(i), B-(iv), C-(iii), D-(ii)
(d) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

Ans. (d) : वायुमण्डल की परतों के विषय में सही मिलान इस प्रकार है–

A.	बहिर्मंडल	(ii)	सबसे ऊपर की परत
B.	क्षोभमंडल	(iii)	सबसे नीचे की परत
C.	समतापमंडल	(iv)	इस परत में ओजोन गैस है।
D.	बाह्यमंडल	(i)	रेडियों तरंगों के प्रसारण में सहायक

बहिर्मण्डल- यह सबसे ऊपर की परत है। यह परत बाह्य अंतरिक्ष के साथ विलीन हो जाती है। हल्की गैसें जैसे हिलियम एवं हाइड्रोजन यहीं से अंतरिक्ष में तैरती रहतीं हैं।

क्षोभमण्डल - यह वायुमण्डल की सबसे निचली परत है सभी मौसम की घटनाएं (जैसे कोहरे, बादल, ठंड, बारिस, तूफान, आदि) क्षोभमण्डल तक ही सीमित है।

समतापमण्डल- यह 50 किमी. की ऊँचाई तक फैला हुआ है। इस मंडल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन परत है जो 15 किलोमीटर से 35 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच सीमित है। यहाँ की परिस्थितियाँ हवाई जहाज उड़ाने के लिए अनुकूल होती हैं।

बाह्यमण्डल- यह पृथ्वी की सतह से 80 किमी. से 640 किमी. तक फैला हुआ है। यह रेडियो तरगों के प्रसारण में सहायक है। इस परत में ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान बढ़ता है।

24. Matching the regions with the animals used for transport in these region and choose the correct option.
क्षेत्रों एवं इन क्षेत्रों में परिवहन के लिए उपयोग होने वाले पशुओं का सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Andes Mountains ऐंडीज पर्वत	(i)	Camels and bullocks ऊँट और बैल
B.	Tibet/ तिब्बत	(ii)	Mules and donkey खच्चर और गधे
C.	Indian desert भारतीय मरूस्थल	(iii)	Llamas/ लामा
D.	Indian hills भारतीय पहाड़	(iv)	Yaks/ याक

(a) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(b) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)
(c) A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
(d) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)

Ans. (a) : सही मिलान इस प्रकार है -

A.	ऐंडीज पर्वत	(iii)	लामा
B.	तिब्बत	(iv)	याक
C.	भारतीय मरूस्थल	(i)	ऊँट और बैल
D.	भारतीय पहाड़	(ii)	खच्चर और गधे

ऐंडीज पर्वत- लामा, यह एक कैमिलिड पशु है।
तिब्बत- याक, इसे तिब्बत का बैल भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Bos Grunnies है।
भारतीय मरुस्थल - ऊँट और बैल, ऊँट को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है।
भारतीय पहाड़ - खच्चर और गधे

25. Study the given statements and choose the correct option
दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (a): Utility or usability is what makes an object or substance a resource.
अभिकथन (a): एक वस्तु की उपयोगिता अथवा प्रयोज्यता उसे एक संसाधन बनाती है।

Reason (R): Some resources have economic value, some do not have economic value.
कारण (R) : कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है, कुछ का नहीं।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (a)./ (a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (a) की।
(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (a) और (R) दोनों सही हैं (R) सही व्याख्या करता है (a) की। कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है, कुछ का नही जैसे पेट्रोल का आर्थिक मूल्य होता है लेकिन किसी प्राकृतिकवादी का कोई आर्थिक मूल्य नही है। यही कारण है कि एक वस्तु की उपयोगिता अथवा प्रयोज्यता उसे एक संसाधन बनाती है।

26. How can we as citizens and teachers help in conserving plants and animals? Choose the correct statements from the following.
हम नागरिकों एवं शिक्षकों के तौर पर पौधों एवं जंतुओं को संरक्षित करने में कैसे सहायता कर सकते हैं? निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए।

A. Planting of trees by students and community members./शिक्षार्थियों एवं सामुदायिक सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण।
B. Dumping of a garbage in vacant spaces and parks.
उद्यानों एवं रिक्त स्थानों में कूड़ा डालना।
C. Organise student visits to nature camps.
प्राकृतिक कैंपो पर शिक्षार्थियों की यात्रा का आयोजन करना।
D. National parks can be developed as tourist spots./राष्ट्रीय उद्यानों को पर्यटक स्थलों की तरह विकसित किया जा सकता है।

Choose The correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (b) : हम नागरिकों एवं शिक्षकों के तौर पर पौधों एवं जंतुओं को संरक्षित करने में निम्न सहायता कर सकते हैं शिक्षार्थियों एवं सामुदायिक सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण करके, प्राकृतिक कैंपों पर शिक्षार्थियों की यात्रा का आयोजन करके तथा राष्ट्रीय उद्यानों को पर्यटक स्थलों की तरह विकसित करके। यह सुनिश्चित करें कि वे जानवरों और पौधों का सम्मान करते हैं और समुदाय के लिए उनके महत्व को समझते हैं।

27. Read the following and choose the correct methods of soil conservation.
निम्नलिखित को पढ़िए तथा मिट्टी के संरक्षण की सही पद्धति का चयन कीजिए।

A. Overuse of chemical fertilisers/रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग
B. Mulching/मल्च बनाना
C. Contour barriers/समोच्चरेखीय रोधिकाएँ
D. Shelter belts/रक्षक मेखलाएँ

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) A, B and C/ A, B और C
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (d) : मृदा एक बहुत ही महत्वपूर्ण संसाधन है मृदा संरक्षण की निम्न पद्धतियाँ है- मल्च बनाना, समोच्चरेखीय रोधिकाएँ बनाना, वनों की रक्षा करना, वृक्षारोपण करना, बांध बनाना, भूमि उद्धार, बाढ़ नियंत्रण, पट्टीदार व सीढ़ीदार कृषि।

28. Read the following statements
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement (a): There is considerable socio-cultural diversity in India.
कथन (a): भारत में यथेष्ट/बहुत सामाजिक.सांस्कृतिक विविधता है।

Statement (b): Diversity necessarily leads to equal opportunity.
कथन (b): विविधता अनिवार्य रूप से समान अवसर की ओर प्रेरित करती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (a) and (b) are true and (b) is the correct explanation of (a)/ (a) और (b) दोनों सही हैं (b) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (b) are true but (b) is not the correct explanation of (a)/ (a) और (b) दोनों सही हैं लेकिन (b) सही व्याख्या नहीं करता है (a) की।
(c) (a) is true but (b) is false
(a) सही है लेकिन (b) गलत है।
(d) Both (a) and (b) are false
(a) और (b) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : भारत एक महान सांस्कृतिक विविधता वाला राष्ट्र है से हमारा तात्पर्य यह होता है कि यहाँ अनेक प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय निवास करते हैं जो विभिन्न समुदाय, भाषा, धर्म, पंथ और जाति के होते हुए भी एक साथ रहते हैं।

29. Match the following.
निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Fixing people into one image/ लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(i)	Prejudice./ पूर्वाग्रह
B.	Judging other people negatively दूसरे लोगों को नकारात्मक रूप से देखना/मानना।	(ii)	Untouchability अस्पृश्यता/छुआछूत
C.	Treating some one less fairly than others किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iii)	Stereotype रूढ़िबद्ध धारणा
D.	Practicing purity and pollution शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(iv)	Discrimination भेदभाव

(a) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(b) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)
(c) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(d) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

Ans. (a) :सही मिलान इस प्रकार है -

A.	लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(iii)	रूढ़िबद्ध धारणा
B.	दूसरे लोगों को नकरात्मक रूप से देखना/मानना।	(i)	पूर्वाग्रह
C.	किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iv)	भेदभाव
D.	शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(ii)	अस्पृश्यता/छुआछूत

30. Who is responsible for measuring land and keeping Land records in a village?
गांव में जमीन/भूमि को नापने और उसका रिकॉर्ड रखने का उत्तरदायी कौन होता है?

(a) Station House Officer/ थानेदार
(b) Block Development Officer
खंड विकास अधिकारी
(c) Patwari/village Administrative officer
पटवारी/ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी
(d) District Collector/जिला अधिकारी

Ans. (c) : पटवारी या लेखपाल राजस्व विभाग में ग्राम स्तर का अधिकारी होता है। इन्हे विभिन्न स्थानों पर अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे - कारनाम अधिकारी शनवोगरु, लेखपाल (उत्तर प्रदेश) आदि। यह भारतीय उपमहाद्वीप के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार का प्रशासनिक पद होता है। ये अपने हल्के के भूमि संबंधी विवाद/भूमि को नापने और उसका रिकॉर्ड रखने का उत्तरदायी होता है।

31. Match the following
निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Zilla Parishad/ जिला परिषद	**(i)**	Village/ गाँव
B.	Gram Sabha/ग्राम सभा	**(ii)**	Mayor/ महापौर
C.	Ward Committee/ वार्ड समिति	**(iii)**	Municipalities/ नगरपालिकाएँ
D.	Corporation/ निगम	**(iv)**	District Collector/ जिलाधीश

(a) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)
(b) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(c) A-(ii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(d) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है -

A.	जिला परिषद	**(iv)**	जिलाधीश (भारतीय प्रशासनिक सेवा का प्रमुख प्रशासनिक पद है।)
B.	ग्राम सभा (भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम सभा होती है)	**(i)**	गाँव
C.	वार्ड समिति	**(iii)**	नगरपालिकाएँ
D.	निगम	**(ii)**	महापौर

32. Which of the following example/s would you give in a class while explaining the term casual worker
अनियमित मजदूर/श्रमिक शब्द की कक्षा में व्याख्या करते हुए आप निम्नलिखित में से कौन-सा/से उदाहरण प्रस्तुत करेंगे?

A. Mason working at a constructive site
निर्माण स्थल पर काम करने वाला मिस्त्री।

B. Domestic maids/ घरेलू सहायिकाएँ।

C. Bank manager in a nationalized bank
राष्ट्रीयकृत बैंक में बैंक प्रबंधक।

Chose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:-

(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only A and C/ केवल A और C
(c) Only B and C / केवल B और C
(d) Only A/ केवल A

Ans. (a) : अनियमित मजदूर / श्रमिक शब्द की कक्षा में व्याख्या करते हुए हम निर्माण स्थल पर काम करने वाला मिस्त्री एवं घरेलू सहायिकाएँ जैसे उदाहरण प्रस्तुत करेंगें। अनियमित मजदूर को नियमित रुप से काम पर नहीं रखा जाता है,सिर्फ उसे दैनिक मजदूरी पर ही रखा जाता है। ऐसे मजदूरों को समाजिक सुरक्षा का लाभ जैसे- भविष्य निधि (Provident fund), पेंशन (Pension) आदि का लाभ नहीं मिलता है। इनका नाम उद्यम के स्वामियों के स्थायी वेतन सूचियों में नहीं होता है।

33. Read the following statements and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): Agricultural labourers are seasonal workers.
अभिकथन (A): खेतिहर मजदूर ऋतुनिष्ठ (सीजनल) श्रमिक होते हैं।

Reason (R): Working on a farm requires operations such as preparing the land, sowing, weeding and harvesting of crops.
Choose the correct option
कारण (R): खेती में कई तरह के काम होते हैं जैसे खेत तैयार करना, रोपाई, बुवाई, निराई और फसलों की कटाई।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : खेती में कई तरह के कार्य होते हैं जैसे खेत तैयार करना, रोपाई, बुवाई, निराई और फसलों की कटाई, ये सभी कार्य ऋतुनिष्ठ (सीजनल) होते हैं, यही कारण है कि खेतिहर मजदूर ऋतुनिष्ठ (सीजनल) श्रमिक होते हैं। खेतिहर श्रम जांच समिति की स्थापना 1950-51 में की गई थी। समिति की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की दशा को सुधारने के लिए रिपोर्ट बनाना था। इस समिति के अनुसार खेतिहर मजदूर वे लोग होते हैं, जो मजदूरी के बदले खेतों में काम करके मजदूरी प्राप्त करते हैं।

34. Read the following statements and choose the correct options
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. The Disability Act 1995 states that persons with special needs have equal right and government should make possible their full participation in society
विकलांगता अधिनियम, 1995 कहता है कि विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त है और सरकार को समाज में उनकी पूरी भागीदारी संभव बनानी चाहिए।

B. Under this Act the government has to segregate children with special needs into special schools.
इस अनुच्छेद के अंतर्गत सरकार को विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को विशेष विद्यालयों में पृथ्क्कृत/अलग करना होगा।

(a) Only a is true/केवल A सही है
(b) Only B is true/केवल B सही है
(c) Both A and B are true/दोनों A और B सही है
(d) Both A and B are false/दोनों A और B गलत है

Ans. (a) : विकलांगता अधिनियम 1995 कहता है कि विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त है और सरकार को समाज में उनकी पूरी भागीदारी संभव बनानी चाहिए वर्ष 2011 के अनुसार भारत में 2.68 करोड़ विकलांग व्यक्ति है, जो कि कुल जनसंख्या का 2.21% है। यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 253 सह पठित संघसूची की पद क्रम संख्या 13 के अन्तर्गत अधिनियमित किया गया है। इसके अन्तर्गत दिव्यांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी और समानता की उद्घोषणा को कार्यान्वित करता है और उनकी शिक्षा, उनके रोजगार, बाधा रहित परिवेश का सृजन, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि का प्रावधान करता है।

35. The Hindu Succession Act (2005) has made it possible for
हिंदू अधिनियम धारा, 2005 ने संभव किया-

A. Daughters to get equal share in parents' property
माता-पिता की संपत्ति में बेटियों को बराबर हिस्सा मिलना।

B. Men to have a right in their sister's dowry and property
पुरूषों को उनकी बहन के दहेज और संपत्ति में अधिकार।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both A and B are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both A and B are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) A is true B is false/(A) सही है और (B) गलत है।
(d) A is false B is true/(A) गलत है और (B) सही है।

Ans. (c) : हिंदू अधिनियम धारा, 2005 के तहत पुत्री को भी पुत्र के समान अधिकार दिया गया है।यह कानून पैतृक संपत्ति और व्यक्तिगत संपत्ति में उत्तराधिकार के नियम को लागू करता है, जहाँ उत्तराधिकार को कानून के अनुसार लागू किया जाता है, न कि एक इच्छा-पत्र के माध्यम से।

36. Which of the following subjects would come under the state list?
निम्नलिखित में कौन-सा विषय राज्य सूची के अंतर्गत आएगा?

A. The decision to maintain trade relation with Sri Lanka.
श्री लंका के साथ व्यापार संबंधों को बनाए रखने का निर्णय।

B. The introduction of a new 100 rupee note.
नए 100 रुपये का नोट जारी करना।

C. The decision to introduce Mid Day Meals in primary schools.
प्रारंभिक स्कूलों/विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना को लागू कराने का निर्णय।

D. The decision to provide electricity to farmers.
किसानों को बिजली/विद्युत उपलब्ध कराने का निर्णय।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and C /A और C (b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D (d) A and D/A और D

Ans. (c) : राज्य सूची के अन्तर्गत प्रारंभिक स्कूलों /विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना लागू कराने का निर्णय, किसानों को बिजली/ विद्युत उपलब्ध कराने का निर्णय जिला अस्पताल, राज्य पुलिस, कृषि, सट्टेबाजी और जुआँ आते हैं। जबकि नए 100 रु. का नोट जारी करना संघ सूची के विषय के अन्तर्गत आता है तथा श्रीलंका के साथ व्यापार संबंधों को बनाए रखने का निर्णय भी संघ सूची के अन्तर्गत आता है।

37. If a person is denied medical treatment in hospital, it is a clear violation of which right?
अगर एक व्यक्ति को अस्पताल में चिकित्सा उपचार मना कर दिया गया है, तो यह उसके कौन-से अधिकार का प्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है?

(a) Right to health/स्वास्थ्य का अधिकार
(b) Right to information/सूचना का अधिकार
(c) Right to medical treatment
चिकित्सा उपचार का अधिकार
(d) Right to life/जीवन का अधिकार

Ans. (d) : अगर एक व्यक्ति को अस्पताल में चिकित्सा उपचार मना कर दिया गया है, तो यह उसके जीवन के अधिकार का प्रत्यक्ष रुप से उल्लंघन है। क्योंकि भारतीय संविधान में जीवन के अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी में रखा गया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि " किसी भी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अतिरिक्त उसके जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। ये अधिकार मनुष्य को जन्मजात प्राप्त होते हैं।

38. In which case did the Supreme Court of India stated that Right to Life is a Fundamental Right under Article 21 of the Constitution and it includes the right to pollution free water and air for full enjoyment of life?
किस मामले/मुकद्दमे में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जीवन का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद-21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है और इसमें प्रदूषण मुक्त वायु और पानी का अधिकार भी शामिल है?

(a) M.C Mehta vs Union of India
एम.सी.मेहता बनाम भारतीय संघ
(b) Subhash Kumar vs State of Bihar
सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य
(c) Samit Mehta vs Union of India
समित मेहता बनाम भारतीय संघ
(d) Art of living case on Yamuna Flood Plains
यमुना फ्लडप्लेन पर आर्ट ऑफ लिविंग मुकद्दमा/ मामला

Ans. (b) : सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य (1991) में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जीवन का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है और इसमें प्रदूषण मुक्त वायु और पानी का अधिकार भी शामिल है।

39. In teaching the promotion of social justice a teacher should give example of the following in the class:
कक्षा में सामाजिक न्याय के प्रोत्साहन के शिक्षण में शिक्षक को निम्नलिखित का उदाहरण देना चाहिए:

A. Abolition of Untouchability: Article 17 of the Constitution./छुआछूत/अस्पृश्यता का उन्मूलन: संविधान का अनुच्छेद 17

B. Reservation Policy. / आरक्षण नीति

C. Judicial Review. / न्यायिक समीक्षा

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A is true/ केवल (a) सत्य है
(b) Only B/केवल B सत्य है
(c) (a) and (b) are true/ A और B दोनों सत्य है
(d) (b) and (c) are true / B और C दोनों सत्य है

Ans. (c) : कक्षा में सामाजिक न्याय के प्रोत्साहन के शिक्षण में शिक्षक को अनुच्छेद 17 छुआछूत/अस्पृश्यता उन्मूलन, आरक्षण नीति जैसे उदाहरण देने चाहिए। क्योंकि समाज के गरीब/निर्धन वर्गों को ऊँचा उठाए बिना, अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों का विकास किए बिना सामाजिक न्याय की स्थापना नहीं हो सकती। किसी के साथ सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। सामाजिक न्याय में सभी लोगों को अपने विकास के समान अवसर प्राप्त होते हैं।

40. Read The following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (a): People are discriminated against because they are poor.
अभिकथन (a): लोगों के साथ भेदभाव इसलिए होता क्योंकि वे गरीब/निर्धन हैं।

Reason (R): Poverty and lack of resources are key reasons for inequality in India
कारण (R): गरीब/निर्धनता एवं संसाधनों का अभाव भारत में असमानता के मुख्य कारण हैं।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (a) की।
(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या भी कर रहा है। निर्धनता एवं संसाधनों का अभाव भारत में असमानता में मुख्य कारण भी है और इन असमानता के कारण ही लोगों के साथ भेदभाव होता है। भारत में असमानता के कई कारण है लेकिन मुख्य कारण गरीबी, लिंग, धर्म और जाति है। भारतीय बहुसंख्यक लोगों की निम्न स्तर की आय बेरोजगारी के परिणामस्वरूप श्रम की कम उत्पादकता है। कम श्रम उत्पादकता का तात्पर्य है अर्थिक विकास की कम दर जो लोगों के बड़े पैमाने पर गरीबी और असमानता का मुख्य कारण है।

41. Read the following statements A and B choose the correct option.
निम्नलिखित वाक्यों A तथा B को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें।

A. 'Gendering' the curriculum is limited to increasing the number of reference to individal women.
पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करना महिलाओं के संदर्भों/प्रतिनिधित्व में बढ़ोत्तरी मात्र से है।

B. For 'Gendering' the curriculum it is crucial to make the perspectives of women integral to the discussion
B पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के लिए मुद्दों की चर्चा में स्त्री परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखने की आवश्यकता है।

(a) Only A is true/केवल A सही है
(b) Only B is true/ केवल B सही है
(c) Both A and B are true/ दोनों A तथा B सही हैं
(d) Neigher A nor B is true
न तो A सही है और न ही B

Ans. (b) : पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के लिए मुद्दों की चर्चा में स्त्री परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। क्योंकि इसमें समाजिक गठन के रूप में जेंडर की स्पष्ट समझ विकसित करने और इसे सुगम बनाने के साधन के रूप में अध्यापकों तथा प्रधानाध्यापकों की भूमिका को स्पष्ट किया गया है जो जेंडर न्यायोचित निष्पक्ष समाज की दिशा में सकारात्मक हस्तक्षेप कर सकते हैं। लैंगिग भेदभाव की प्रवृत्ति भारत में प्राचीन काल से ही हो रही है जो काफी सुधार के बाद भी आधुनिक समय में अपना अस्तित्व बनाए हुए है। पितृप्रधान समाज होने के कारण पुरूषवादी मानसिकता आज भी व्याप्त है।

42. To initiate a discussion on the importance of voting in elections, which of the following topics is relevant for the teacher to focus on?
चुनाव में मतदान के महत्व पर एक चर्चा की शुरूआत हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा विषय सबसे प्रासंगिक होगा?

(a) Countries that have a system of universal voting in election/देश जिनमें चुनाव में सार्वभौमिक मताधिकार की प्रणाली है
(b) Fundamental Duties of India citizens
भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्य
(c) Making informed and reasoned decision for public good/सार्वजनिक भलाई के लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय लेना
(d) Why minors cannot vote?
नाबालिग मतदान क्यों नहीं कर सकते?

Ans. (c) : चुनाव में मतदान के महत्व पर चर्चा की शुरूआत हेतु सार्वजनिक भलाई के लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय लेना विषय प्रासंगिक होगा, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य प्रक्रिया है। देश में जो प्रशासनिक व्यवस्था है वह चुनाव प्रक्रिया का ही एक हिस्सा है। भारत लोकतांत्रिक देश है। यहाँ पर हर व्यक्ति जो अपनी 18 साल की उम्र पूरी कर चुका है उसे वोट डालने का अधिकार है।

43. A geography teacher wants her students' to deeply explore 'the locational factors for industries'. Which of the following could be best employed?
भूगोल की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'एक उद्योग स्थापित करने के लिए अवस्थिति के कारकों' की गहराई से छानबीन करवाना चाहती है। निम्न में से कौन-सी विधि या विधियाँ अपनाई जा सकती हैं ?

(a) Demonstration / निरूपण
(b) Project / परियोजना
(c) Visit to factory/ फैक्ट्री का भ्रमण
(d) Discussion on few case studies
कुछ अध्ययन-वृत्तों (केस स्टडीज) पर चर्चा

Choose the appropriate option.
उपर्युक्त विकल्पों का चुनाव कीजिए।

(a) (a), (b) and (c)/ (a), (b) तथा (c)
(b) (b), (c) and (d)/ (b), (c) तथा (d)
(c) (a), (c) and (d)/ (a), (c) तथा (d)
(d) Only (b) and (c)/ केवल (b) तथा (c)

Ans. (b) : भूगोल की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'एक उद्योग स्थपित करने के लिए अवस्थिति के कारकों' की गहराई से छानबीन करवाना चाहती है, तो वही शिक्षिका पीरयोजना बनाना, फैक्ट्री का भ्रमण करना, कुछ अध्ययन -वृत्तों (केस स्टडीज) पर चर्चा करना इत्यादि विधियों को अपना सकती है।

44. During the 'Emergency' In India between 1975 and 1977, newspapers were asked to take permission from the government before publishing any piece.
This example is appropriate to explain which of the following concepts?
1975 और 1977 के बीच भारत में आपातकाल की अवधि के दौरान, भारत सरकार ने पत्रकारों के लिए कुछ नियम निर्धारित किए और उन्हें दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया। सभी समाचारपत्रों को कोई भी लेख प्रकाशित करने से पहले सरकार से अनुमति लेने के लिए कहा गया था।
यह उदाहरण निम्नलिखित में से किन सिद्धांतों को समझाने के लिए उपयुक्त है?
(a) Social Advertising/सामाजिक विज्ञापन
(b) Censorship/अभिवेचन (सेंसरशिप)
(c) Discrimination/भेदभाव
(d) Disadvantages of democracy/लोकतंत्र के नुकसान

Ans. (b) : 1975 और 1977 के बीच भारत में आपातकाल की अवधि के दौरान भारत सरकार ने पत्रकारों के लिए कुछ नियम निर्धारित किए और उन्हें दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया था। यह उदाहरण अभिवेचन (सेंसरशिप) के अन्तर्गत आता है। सेंसरशिप का मतलब होता है सरकार द्वारा चिट्ठी-पत्री, सिनेमा आदि की प्रकाशन से पहले की गयी जाँच-पड़ताल। फिल्मों के प्रसारण में भी सेंसरशिप का प्रयोग होता है।

45. A role play on childhood experiences of Dr. B.R. Ambedkar can help social science students to understand the following.
डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बचपन के अनुभवों पर रोल प्ले निम्न में से किसे समझने में सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए सहायक हो सकता है:
A. The ways and means by which Indian Constitution was written.
उन तरीकों व साधनों को जिनके द्वारा भारतीय संविधान लिखा गया।
B. Empathise with the marginalised sections of society.
समाज के हाशियाई समूहों के साथ समानुभूति
C. How untouchability was practiced during colonial period.
औपनिवेशक समय में अस्पृश्यता का चलन कैसा था।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only A and B/केवल A तथा B
(b) Only B and C/ केवल B तथा C
(c) Only A and C/ केवल A तथा C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (b) : डॉ. भीमराव अंबेडकर के बचपन के अनुभवों पर रोल प्ले द्वारा समाज के हाशियाई समूहों के साथ समानुभूति और औपनिवेशिक समय में अस्पृश्यता का चलन कैसा था, समझने में सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए सहायक हो सकता है।

46. To cover the theme 'role of government in health sector, an elementary school teacher could plan
'स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की भूमिका' थीम को पूरा करवाने हेतु एक प्रारंभिक विद्यालय की शिक्षिका योजना बना सकती है
A. Debate on health facilities available in rural and urban area.
ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर वाद-विवाद करवाना
B. Discussion about availability of clean drinking water.
साफ पीने के पानी की उपलब्धता पर चर्चा करवाना
C. Comparison of provision of services in public and private health services.
सार्वजनिक व निजी स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना करवाना
D. Case study of public health system in Kerala. / सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी केरल की केस स्टडी।
Choose the correct option :
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) Only A and C/ केवल A तथा C
(b) Only A, B and C/ केवल A, B तथा D
(c) Only A, C and D/ केवल A, C तथा D
(d) A, B, C and D/ A, B, C तथा D

Ans. (d) : 'स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की भूमिका' थीम को पूरा करनवाने हेतु एक प्रारंभिक विद्यालय की शिक्षिका निम्न योजनाएँ बना सकती है जैसे- ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधओं पर वाद-विवाद करवाना, सार्वजनिक व निजी स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना करवाना, सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी केरल की केस स्टडी इत्यादि।

47. Which of the following strategies are most suitable be for stimulating a child's thought process and critical outlook in a social science class?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में बच्चों में चिंतन प्रक्रिया तथा समालोचनात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने-हेतु निम्न में से कौन-सी युक्तियाँ सबसे उपयुक्त हैं?
A. Discussion on issues/ मुद्दों पर चर्चा
B. Audio-visuals
दृश्य-श्रवण सामग्री (ऑडियो-विजुअल्स)
C. Opinions of teacher / शिक्षक का मत

Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) Only A and B/केवल A तथा B
(b) Only B and C/ केवल B तथा C
(c) Only A and C/ केवल A तथा C
(d) All A, B and C/ सभी A, B तथा C

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में बच्चों में चिंतन प्रक्रिया तथा समालोचनात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने हेतु मुद्दों पर चर्चा तथा दृश्य-श्रवण सामग्री युक्तियों का प्रयोग सबसे उपयुक्त है, क्योंकि समालोचन के अन्तर्गत गुण-दोष, सकारात्मक- नकारात्मक सभी पक्षों को देखा जाता है जबकि चिंतन, यह एक ज्ञानात्मक मानसिक व्यवहार है। इसमें व्यक्ति को बिम्बों (Image) का इस्तेमाल करते हुए समस्या के समाधान का प्रयास किया जाता है इन सभी से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा।

48. A teacher is making a lesson plan to discuss seasons of India. She wants to link it with a concept that she taught earlier. Which of the following concepts should she have taught prior to this lesson?
भारत के मौसमों की चर्चा करने हेतु एक शिक्षिका एक पाठ योजना बना रही है। वह इसे अपने द्वारा पढ़ाए गए संप्रत्यय के साथ जोड़ना चाहती है? उसने इससे पहले निम्नलिखित संप्रत्ययों में से कौन-सा संप्रत्यय पढ़ाया होगा?

(a) Leap year/लीप वर्ष
(b) Revolution/परिक्रमण
(c) Rotation/घूर्णन
(d) Circle of Illumination/प्रदीप्ति वृत्त

Ans. (b) : भारत के मौसमों की चर्चा करने हेतु एक शिक्षिका एक पाठ योजना बना रही है। वह अपने द्वारा पढ़ाए गए संप्रत्यय के साथ जोड़ना चाहती है। उसने इससे पहले परिक्रमण संप्रत्ययों को पढ़ाया होगा, क्योंकि परिक्रमण के द्वारा दिन की अवधि, तापमान वर्षा, आर्द्रता इत्यादि मौसमी दशाएँ एक चक्रीय रूप में बदलतीं हैं। मौसम की दशाओं में वर्ष के दौरान इस चक्रिय बदलाव का प्रभाव परितंत्र पर पड़ता है।

49. Which of the following may provide opportunities to develop critical thinking abilities in social science class?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निम्नलिखित में से कौन- सा समालोचनात्मक चिंतन क्षमता को बढ़ावा दे सकता है?

A. Ask the source of evidence for argument made./ दिए गए तर्क हेतु साक्ष्य का स्त्रोत पूछना।
B. Encourage students to explain in their won words./ विद्यार्थियों को अपने शब्दों में विवरण देने के लिए प्रोत्साहित करना
C. Encourage students to interpret in only one way./ विद्यार्थियों को केवल एक ही तरीके से व्याख्या करने करने के लिए प्रोत्साहित करना
D. Describe what is stated by the teacher as it is/ शिक्षक द्वारा कही गई बात को ज्यों-का-त्यों वर्णित करना

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) C and D/ C और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में समालोचनात्मक चिंतन को दिए गए तर्क हेतु साक्ष्य का स्त्रोत पूछना तथा विद्यार्थियों की अपने शब्दों में विवरण देने के लिए प्रोत्साहित करना आदि द्वारा बढ़ावा दे सकता है। क्योंकि जितने भी कार्य होते हैं वे सभी अपने आप में एक समस्या का समाधान प्राप्त करने के लिए उस समस्या पर सोचना पड़ता है तथा सोचना, समझना, विचारना अपने आप में चिंतन कहलाता है। समालोचनात्मक चिंतन को जीवन कौशल शिक्षा के दस कौशलों में एक आवश्यक कौशल माना गया है। कक्षा में बालकों को शिक्षक द्वारा नए-नए तथ्यों की जानकारी दी जानी चाहिए जो उनके चिंतन को उत्तेजित करें।

50. Which of the following activities promote critical thinking in social science class?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सी समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देती है?

A. Conduct quiz question in which answers are available in the notes dictated by teacher.
प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन करना जिसमें सभी प्रश्नों के उत्तर शिक्षक द्वारा लिखवाए गए नोट्स में हैं।
B. Encourage students to read the textbook contents regularly.
विद्यार्थियों को नियमित तौर पर पाठ्य-पुस्तक की विषय-वस्तु को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना
C. Provide a current affairs topic for classroom debate.
कक्षा में वाद-विवाद आयोजित करने के लिए सामान्य ज्ञान के विषय उपलब्ध करवाना
D. Encourage students to read a news clip and pose questions on the newship contents.
बच्चों को समाचार पढ़ने तथा उस विषय-वस्तु पर सवाल करने के लिए प्रोत्साहित करना

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A तथा B
(b) A, B and C/ A, B तथा C
(c) B, C and D/ B, C तथा D
(d) C and D/ C तथा D

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वाद - विवाद आयोजित करने के लिए सामान्य ज्ञान के विषय उपलब्ध करवाना तथा बच्चों को समाचार पढ़ने तथा उस विषय वस्तु पर सवाल करने के लिए प्रोत्साहित करना समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देती है। समालोचनात्मक चिंतन एक ऐसी क्षमता है जिससे वस्तुनिष्ठ तरीके से सूचना और अनुभव का विश्लेषण किया जा सकता है।

51. To address students question on 'why are our cities dirty', a teacher decides to focus on providing perspective in the class. Which of the following would be the most appropriate strategy?

विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में पूछे गए प्रश्न 'हमारे शहर इतने गंदे क्यों हैं?' को संबोधित करने के लिए शिक्षिका इस पर विभिन्न दृष्टिकोण उपलब्ध करवाने का निर्णय लेती है। निम्न में से कौन-सी सबसे उपयुक्त युक्ति होगी?

(a) Inviting the local sanitation worker to share their work experiences and challenges they face /स्थानीय सफाई कर्मचारी को उनके कार्य-अनुभवों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को साझा करने हेतु कक्षा में आमंत्रित करना

(b) Show a documentary on solid-waste management /ठोस-अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर एक वृत्त-चित्र दिखाना

(c) Ask students to clear up the waste from their class each day for at least a week.
कम से कम एक सप्ताह तक हर रोज विद्यार्थियों को उनकी कक्षा को साफ करने के लिए कहना

(d) Organise a declaration on importance of hygiene.
स्वास्थ्य के महत्व पर भाषण का आयोजन करना

Ans. (a) : विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्न 'हमारा शहर इतने गंदे क्योंकि हैं?' को संबोधित करने के लिए शिक्षिका इस पर विभिन्न दृष्टिकोण उपलब्ध करवाने का निर्णय लेती है, जिसमें वह अपने स्थानीय सफाई कर्मचारी को उनके कार्य-अनुभवों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को साझा करने हेतु कक्षा में आमंत्रित करेगी। जिससे विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान हो। यह सबसे उपयुक्त युक्ति होगी।

52. A Social Science teacher wanted his students to understand a health policy implemented by a previous State Government. The ex-health minister's article provides an in-depth view of this aspect. However, he was recently accused for corruption. So the teacher wonders whether and how to use this article.
Which of the following is the most responsible approach for the Social Science teacher?

सामाजिक विज्ञान के एक शिक्षक चाहते थे कि उनके छात्र पिछली राज्य सरकार द्वारा लागू की गई स्वास्थ्य नीति को समझें। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का लेख इस विषय पर विस्तृत जानकारी देता है। लेकिन, उन पर हाल में ही भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसलिए शिक्षक असमंजस में है कि उसे इस लेख का उपयोग करना चाहिए या नहीं।

सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे जिम्मेदारीपूर्ण कार्यवाही होगी?

(a) Explain that we should not bother about the author of the article but focus only on the content, which is related to the policy.
समझाएँ कि हमें इस लेख के लेखक पर ध्यान न देकर केवल उसमें दी गई विषय-सामग्री पर ध्यान देना चाहिए जो कि इस नीति से संबंधित है।

(b) Use excerpts from the article in class without attributing to the author, to take advantage of it while avoiding controversy.
लेखक का नाम लिए बगैर इस लेख से उद्धरण का प्रयोग कक्षा में करें जिससे किसी भी प्रकार के विवाद से बचते हुए उस लेख का लाभ उठाया जा सके।

(c) Use another, less useful, source as material in the class instead. Discussing the controversy would only lead to waste of time.
इसके बदले कम लाभदायक स्रोत सामग्री के रूप में कक्षा में प्रयोग करें। विवाद के बारे में चर्चा करने से केवल समय बर्बाद होगा।

(d) Explain that people in government positions can attract controversy, and we should choose articles on academic merit rather than unrelated reputation./समझाएं कि सरकारी पदों पर लोग विवाद का पात्र बन सकते हैं, और हमें लेखों का चयन उनके शैक्षिक महत्व के आधार पर चुनना चाहिए न कि असंबंधित प्रतिष्ठा को ध्यान में रख कर।

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अपने छात्रों को पिछली राज्य सरकार द्वारा लागू की गई स्वास्थ्य नीति को समझाने के लिए शिक्षक विद्यार्थियों को समझायें कि सरकारी पदों पर लोग विवाद का पात्र बन सकते हैं और हमें लेखों का चयन उनके शैक्षिक महत्व के आधार पर चुनना चाहिए न कि असंबंधित प्रतिष्ठा को ध्यान में रखकर यह सबसे जिम्मेदारी पूर्ण गतिविधि होगी। ध्यातव्य है कि स्वास्थ्य मंत्री का लेख इस विषय पर विस्तृत जानकारी देता है, लेकिन उनपर हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

53. Mr Raj is highlighting the relevance of social science to his elementary school students.
श्रीमान राज अपने प्रारंभिक विद्यालयी विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की प्रासंगिकता को समझाते हैं।

A. 'It would enable you to develop analytical skills.
'यह आपको विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में सहायक होगा'

B. 'An inter-dependent world required you to adjust and appreciate various cultures'
'एक अंतर्संबंधित विश्व में समायोजन के लिए विभिन्न संस्कृतियों का आदर/कद्र करने की आवश्यकता है'

C. 'You have to be equipped with contemporary realities'/'तुम्हें समसामायिक वास्तविकताओं से लैस होना होगा'

Choose the statements that is/are appropriate for the topic of his discussion.
चर्चा के विषय के तौर पर कौन-से कथन उपयुक्त हो सकते हैं, चुनाव कीजिए।

(a) Only A and B/केवल A तथा B

(b) Only B and C/ केवल B तथा C

(c) Only A and C/ केवल A तथा C
(d) A, B and C/ केवल A, B तथा C

Ans. (d) : श्री मान राज अपने प्रारंभिक विद्यालयी विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की प्रासंगिकता को समझते हुए बताते है कि यह आपको विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में सहायक होगा, एक अंतर्संबंधित विश्व में समायोजन के लिए विभिन्न संस्कृतियों का आदर/कद्र करने की आवश्यकता है तथा तुम्हे समसामायिक वास्तविकताओं से लैस होना होगा क्योंकि सामाजिक विज्ञान समस्त समाज के लोगों के जीवन का अध्ययन है- उस समाज का जिसका हर व्यक्ति एक अंग होता है।

54. Which of the following indicates use of primary source by students doing a school social science project?
सामाजिक विज्ञान परियोजना करते हुए निम्न में से कौन-सा प्राथमिक स्त्रोत के प्रयोग की ओर संकेत देता है?
(a) Reading of news magazine/समाचार पत्रिका पढ़ना
(b) Watching a feature film/एक फीचर फिल्म देखना
(c) Watching a documentary/एक वृत्त-चित्र देखना
(d) Visiting and examining a historical movement एक ऐतिहासिक स्मारक का भ्रमण एवं परीक्षण करना

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान परियोजना करते हुए एक ऐतिहासिक स्मारक का भ्रमण एवं परीक्षण करना प्राथमिक स्रोत की ओर संकेत करता है। जो आँकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह संस्था/संगठन द्वारा एकत्रित किए जाते हैं, ऑकड़ों के प्राथमिक स्रोत कहे जाते हैं। इसके अन्तर्गत कलाकृति, दस्तावेज, डायरी, पांडुलिपि, आत्मकथा, रिकॉर्डिंग या जानकारी का स्रोत आता है।

55. A Social Science teacher asked her students to prepare a project on 'Lives of people living in a desert'
Arrange the following in a sequence to do this project.
एक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'रेगिस्तान में लोगों का जीवन' विषय पर परियोजना कार्य करने के लिए कहती हैं। इस परियोजना को करने के लिए निम्न को क्रम में लगाइये-
A. Presenting the findings in class
कक्षा में परिणामों का प्रदर्शन (प्रेजेंट) करना।
B. Planning the collection of data.
आँकड़े एकत्रण की योजना बनाना।
C. Finding the sources, collecting and presenting data on climate, life style, food habits etc.,/ जलवायु, जीवन-शैली, खान-पान की आदतों इत्यादि पर आँकड़ों के स्त्रोतों को ढूँढना, आँकड़े एकत्र करना व उनका प्रदर्शन करना।
D. Deciding about a desert area on which project will be prepared.
उस रेगिस्तान के बारे में निर्णय लेना जिस पर परियोजना बनाई जाती है।
E. Developing objectives of the project work.
परियोजना कार्य हेतु उद्देश्यों का निर्माण।
Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) B, E, D, C, A (b) D, E, B, C, A
(c) E, D, B, A, C (d) B, D, E, C, A

Ans. (b) : एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'रेगिस्तान में लोगों का जीवन' विषय पर परियोजना कार्य करने के लिए कहती है। इस परियोजना को करने का क्रम निम्न है-
- उस रेगिस्तान के बारे में निर्णय लेना जिस पर परियोजना बनाई जाती है।
- परियोजना कार्य हेतु उद्देश्यों का निर्माण करना।
- आँकड़े एकत्रण की योजना बनना।
- जलवायु, जीवन-शैली, खान-पान की आदतों इत्यादि पर आँकड़ों के स्त्रोतों को ढूँढना, आँकड़े एकत्र करना व उनका प्रदर्शन करना।
- कक्षा में परिणामों का प्रदर्शन (प्रजेंट) करना।

56. The nature of assessment required to be developed to recruit employees for a school is
विद्यालय में कर्मचारी की नियुक्ति करने हेतु विकसित किए जाने वाली आकलन विधि की प्रकृति में होना चाहिए।
(a) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(b) Assessment as learning/अधिगम की तरह आकलन
(c) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(d) Formative assessment/रचनात्मक आकलन

Ans. (a) : विद्यालय में कर्मचारी की नियुक्ति करने हेतु विकसित किये जाने वाली 'अधिगम का आकलन' आकलन विधि की प्रकृति में होना चाहिए। क्योंकि आकलन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा हमें ज्ञात होता है कि कोई विद्यार्थी अधिगम को किस स्तर तक सीखा है या किस स्तर तक अधिगम को ग्रहण करने में समर्थ रहा है।

57. Match the following and choose the correct option.
निम्नलिखित का मिलान करें तथा सही विकल्प को चुनें-

A.	**Learning Difficulties/ अधिगम चुनौतियाँ**	**i.**	**Summative Assessment/ योगात्मक आकलन**
B.	**Entry Behaviour/ प्रवेश व्यवहार**	**ii.**	**Formative Assessment/ रचनात्मक आकलन**
C.	**Certificate/ प्रमाणीकरण**	**iii.**	**Placement Evaluation/ स्थापन (प्लेसमेंट) आकलन**
D.	**Learning progress/अधिगम प्रगति**	**iv.**	**Diagnostic Evaluation/ निदानात्मक आकलन**

(a) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(b) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)
(c) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
(d) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है -

A.	अधिगम चुनौतियाँ	iv.	निदानात्मक आकलन
B.	प्रवेश व्यवहार	iii.	स्थापन (प्लेसमेंट) आकलन
C.	प्रमाणीकरण	i.	योगात्मक आकलन
D.	अधिगम प्रगति	ii.	रचनात्मक आकलन

58. Which of the following question assess(es) only the conceptual knowledge of learners?
निम्न में से कौन से प्रश्न अधिगमकर्ता के संकल्पनात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं?

A. Discuss the difference between state and government?
राज्य तथा सरकार के बीच के अंतर पर चर्चा कीजिए।

B. What are Fundamental Rights
मौलिक अधिकार क्या है?

C. When did India become a Republic?
भारत गणतंत्र कब बना?

D. What would happen if there were no restrictions on the power of the elected representatives?
क्या होगा यदि चुने हुए प्रतिनिधियों की शक्ति पर कोई प्रतिबंध न हो।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B / A और B
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : निम्न प्रश्नों के द्वारा अधिगमकर्ता के संकल्पनात्मक ज्ञान का आकलन किया जा सकता है-
- राज्य तथा सरकार के बीच अंतर पर चर्चा कीजिए?
- मौलिक अधिकार क्या है?

राज्य और सरकार दोनों अलग-अलग अवधारणाएँ हैं जैसे - राज्य के लिए निश्चित भूमि जरूरी है लेकिन सरकार के लिए नहीं वहीं राज्य स्थायी है तथा सरकार अस्थायी है, राज्य की सम्प्रभुता है लेकिन सरकार के पास नहीं है। मौलिक अधिकार भारत के संविधान के भाग-3 में वर्णित है जो सामान्य स्थिति में सरकार द्वारा सीमित नहीं किए जा सकते हैं और जिनकी सुरक्षा का प्रहरी सर्वोच्च न्यायालय है।

59. Ms Zoya wants to make sure students in her class have conceptually understood the different types of government that she has just finished teaching. Which of the following questions would enable her to make a judgment on their understanding?
जोया मैडम यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि विद्यार्थियों ने सरकार के विभिन्न प्रकारों के संप्रत्यय को समझ लिया है। निम्न में से कौन- सा प्रश्न उनकी समझ के बारे में शिक्षिका को निर्णय लेने के सक्षम बनाएगा?

(a) How do you think people can be involved in decisions that affect them?/आपको क्या लगता है कि उन लोगों को निर्णय लेने में कैसे भागीदार बनाया जाए जिन्हें ये निर्णय प्रभावित करेंगे।
(b) Compare monarchy with democracy?
राजतंत्र की प्रजातंत्र से तुलना कीजिए।
(c) What are your views on a democracy?
प्रजातंत्र पर आपके क्या विचार हैं?
(d) The king has absolute powers in a democracy. Is it true or false?/प्रजातंत्र में राजा के पास सारी शक्तियाँ होती हैं। यह सही है या गलत?

Ans. (b) : जोया मैडम अपनी कक्षा में सरकार के विभिन्न प्रकार के संप्रत्ययों का विद्यार्थियों के द्वारा समझने के लिए विद्यार्थियों से राजतंत्र से प्रजातंत्र की तुलना करने को कहेंगी, जिससे शिक्षिका को विद्यार्थियों के समझ के बारे में निर्णय लेने में सक्षम बनायेगा।

60. An assessment task asks students to draw a diagram explaining the water cycle.
Which of the following aspects of student knowledge and understanding cannot be assessed through this task?
एक आकलन कार्य में छात्रों को चित्र के माध्यम से जल चक्र समझाने के लिए कहा गया है।
इस कार्य के माध्यम से छात्र के ज्ञान या समझ के निम्नलिखित में से कौन-से पहलू का आकलन नहीं किया जा सकता है?

(a) Four main stages of the water cycle
जल चक्र के चार मुख्य चरण
(b) Difference between precipitation and condensation/वर्षा और संघनन के बीच अंतर
(c) How water continuously changes its form
पानी किस प्रकार लगातार अपना रूप बदलता रहता है
(d) Sources of fresh water/मीठे पानी के स्रोत

Ans. (d) : एक आकलन कार्य में छात्रों को चित्र के माध्यम से जल चक्र समझाने के लिए कहा गया है। इस कार्य के माध्यम से छात्र के ज्ञान या समझ के लिए जल चक्र के चार मुख्य चरण, वर्षा और संघनन के बीच अंतर तथा पानी किस प्रकार लगातर अपना रूप बदलता रहता है उपरोक्त पहलुओं का आकलन किया जा सकता है जबकि ताजे पानी के स्रोत का आकलन नहीं किया जा सकता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 01 जनवरी, 2022)

1. Samudragupta is depicted in coins playing which musical instrument?
समुद्रगुप्त को किस वाद्य यंत्र को बजाते हुए सिक्कों पर दिखाया गया है?

(a) Tanpura/ तानपुरा (b) Sitar/ सितार
(c) Veena/ वीणा (d) Flute/ बाँसुरी

Ans. (c) : समुद्रगुप्त (335/350-375 ई.) को वीणा वाद्य यंत्र बजाते हुए सिक्कों पर दिखाया गया है। सिक्के के एक ओर समुद्रगुप्त को सिंहासन पर बैठकर वीणा बजाते हुए तथा दूसरी ओर लक्ष्मी को उत्कीर्ण किया गया है। विन्सेंट आर्थर स्मिथ समुद्रगुप्त को 'भारत का नैपोलियन' कहते हैं। इलाहाबाद का स्तम्भलेख समुद्रगुप्त के बारे में सूचना देता है, जिसकी रचना इनके दरबारी कवि हरिषेण ने की थी। समुद्रगुप्त के पिता चन्द्रगुप्त प्रथम तथा माता कुमारदेवी थी। इसका साम्राज्य उत्तर में हिमालय से लेकर विन्ध्य पर्वत तक पूर्व में बंगाल की खाड़ी से लेकर पश्चिम में पूर्वी मालवा तक था।

2. Read statements A, B and C and select correct answer.
A, B और C कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन कीजिए।
Why Magadha became the most important Mahajanpada in about two hundred years?
लगभग दो सौ सालों के भीतर मगध सबसे महत्वपूर्ण जनपद क्यों बन गया?

A. Many rivers such as Ganga and Son flowed through Magadha.
कई नदियाँ जैसे गंगा और सोन मगध से होकर बहती थीं।
B. Parts of Magadha were forested.
मगध का एक हिस्सा जंगलों से भरा था।
C. There were iron ore mines in the region.
इस क्षेत्र में लौह अयस्क की खदानें हैं।

(a) A and B/ A और B
(b) B and C/ B और C
(c) C and A/ C और A
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (d) : लगभग दो सौ सालों में मगध सबसे महत्त्वपूर्ण जनपद बन गया था, क्योंकि गंगा और सोन जैसी बड़ी नदियाँ मगध जनपद से प्रवाहित होती थी, जिससे मिट्टी उपजाऊ और सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता थी। मगध का एक हिस्सा जंगलों से भरा था। इसके अतिरिक्त इस जनपद में लौह अयस्क की खदानें भी हैं, जो यंत्र और उत्तम कोटि के हथियारों के निर्माण के लिए कच्चे माल उपलब्ध कराती है।

मगध सोलह महाजनपदों में एक था। आधुनिक पटना और गया जिले के अन्तर्गत आता था। राजगृह (आधुनिक राजगीर) कई सालों तक मगध की राजधानी बना रहा। बाद में पाटलिपुत्र (आधुनिक पटना) राजधानी बना। सोन नदी अमरकण्टक से निकलकर पटना में गंगा नदी के दाहिने मिलती है।

3. Read the statements A and R and choose the correct option.
कथनों A तथा R को पढ़े तथा सही विकल्प को चुनें।
Assertion A: The Roman Empire carried out trades with South India.
अभिकथन A: रोमन साम्राज्य ने दक्षिण भारत में व्यापार किया।
Reason R: Roman gold coins have been found in South India.
कारण R: दक्षिण भारत में रोमन सोने के सिक्के मिले हैं।

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं तथा R सही व्याख्या है A की।
(b) Both A and R are correct and R is not the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, but R is false/A सही है परन्तु R गलत है।
(d) A is false but R is true/A गलत है परन्तु R सही है।

Ans. (a) : दक्षिण भारत में प्राप्त सिक्कों के अध्ययनोपरान्त निष्कर्ष निकलता है कि इस व्यापार का चरमोत्कर्ष काल आगस्टन काल में हुआ था तथा नीरो (65 ई.) के समय में बना रहा। प्लिनी लिखता है कि भारतीय माल रोमन साम्राज्य में अपने सौ गुने अधिक मूल्य पर बिकते थे। वह भारत को बहुमूल्य पत्थरों और रत्नों का उत्पादक बताया। भारत के वस्त्र, प्रसाधन सामग्री आभूषण इत्यादि की रोम के बाजार में भारी खपत थी।
भारत के तमिलनाडु के पुदुकोट्टइ में रोमन सिक्कों की खुदाई की गयी। इस प्रकार कथन रोमन साम्राज्य ने दक्षिण भारत में व्यापार किया और कारण दक्षिण भारत में रोमन सोने के सिक्के मिले हैं, सही है। कथन कारण की सही व्याख्या करता है।

4. Which of the following is a feature of a trading town in medieval period?
निम्नलिखित में से कौन-सा मध्ययुगीन काल के वाणिज्यिक शहर का लक्षण/रूपक है?

(a) The temple was central to the economy and society/मंदिर अर्थव्यवस्था एवं समाज दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण होता था।
(b) It was the capital of the kings
यह राजाओं की राजधानी होता था।
(c) They usually had a Mandapika
वहाँ सामान्यतः मंडपिका होता था।

(d) The priests and pilgrims formed the main composition of its residents and visitors/ पुरोहितों एवं तीर्थयात्री वहाँ के नागरिकों और यात्रियों की मुख्य संरचना/संयोजन बनाते थे।

Ans. (c) : मध्ययुगीन काल में वाणिज्यिक शहर का मुख्य लक्षण वहाँ सामान्यतः मंडपिका का होना माना जाता था। मंडपिका का अर्थ है सीमा शुल्क चौकी या कार्यालय। वाणिज्यिक शहर उसे कहा जाता है, जहाँ विभिन्न उत्पादक केन्द्रों से आने वाला माल खरीदा और बेचा जाता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि विकल्प A, B और D वाणिज्यिक शहर के लक्षण नहीं हैं। विकल्प C सही है।

5. Consider the statements A, B and C on periodisation of history and choose the correct answer.
इतिहास के अवधिकरण (कालक्रम) पर कथनों A, B और C पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. British historians divided the history of India into three periods.
अंग्रेज इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को तीन युगों में बाँटा था।

B. The division was based on the idea of religion.
विभाजन, धर्म के विचार पर आधारित था।

C. The division ignored the rich diversity of the subcontinent.
विभाजन में उपमहाद्वीप की अपार विविधता की उपेक्षा की गई।

(a) A, B and C all are correct
A, B और C सभी सही हैं।
(b) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं तथा C गलत है।
(c) A and C are correct and B is incorrect
A और C सही हैं तथा B गलत है।
(d) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं तथा A गलत है।

Ans. (a) : स्काटिश अंग्रेज इतिहासकार जेम्स मिल ने इतिहास को तीन युगों में बाँटा था। हिन्दू युग, मुस्लिम युग और ब्रिटिश युग। यह विभाजन उनके द्वारा रचित पुस्तक 'A History of British India' में 1817 में पहली बार प्रकाशित हुआ। जे.एस. मिल अर्थशास्त्री और राजनैतिक दार्शनिक भी थे। उनका यह विभाजन धर्म आधारित था। विभाजन में महाद्वीपीय विविधता की रंचमात्र भी चर्चा नहीं है। हिन्दू और मुसलमानों पर अपनी श्रेष्ठता और हिन्दू और मुसलमानों में विभाजन पैदा करने के लिए ऐसा किया गया। अंग्रेजी शासन के युग को औपनिवेशिक युग भी कहते हैं।

6. Consider the statements A and B about Banjaras and choose the correct answer.
बंजारों के संदर्भ में A और B कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. The Banjaras were the most important trader nomads.
बंजारे लोग सबसे महत्वपूर्ण व्यापारी-खानाबदोश थे।

B. Alauddin Khalji made the Banjaras to transport grains to the city markets.
अलाउद्दीन खिल्जी ने, बंजारों से नगर के बाजारों तक अन्न को पहुँचाने का काम करवाया।

(a) Both A and b are false/ A और B दोनों गलत हैं।
(b) A is true and B is false/ A सही है तथा B गलत है।
(c) A is false and B is true/ A गलत है तथा B सही है।
(d) Both A and B are true/ A और B दोनों सही हैं।

Ans. (d) : मध्यकाल में बंजारे महत्त्वपूर्ण व्यापारी-खानाबदोश थे। अल्लाउद्दीन खिलजी अपने समय में इनका उपयोग बाजारों से नगर के बाजारों तक अन्न पहुँचाने का काम करवाया था। उन लोगों का समूह 'टांडा' कहलाता था। एक टांडा में कई परिवार होते थे। गाय बैल उनके अपने होते थे। टांडा में छः से सात सौ तक लोग हो सकते हैं। बादशाह जहाँगीर भी अपने संस्करण में बंजारे समूह का जिक्र किया है। बंजारे गौरबोली बोलते हैं। यह पूरे भारत में उनके अपने समुदाय द्वारा बोली जाती है।

7. By the seventh century, many European colonialists began to cultivate indigo. In this context, match the following correctly.
सत्रहवीं सदी तक अनेक यूरोपीय उपनिवेशकों ने नील की खेती करना आरम्भ कर दिया था। इस संदर्भ में निम्न का जोड़ी मिलान करें-

A. French/ फ्रांसिसी	**(i) Brazil/ ब्राजील**
B. Portuguese/ पुर्तगाली	**(ii) Jamaica/ जमैका**
C. English/ अंग्रेजी	**(iii) Venezuela वेनेजुएला**
D. Spanish/ स्पैनिश	**(iv) Caribbean Island/ कैरेबियाई द्वीप**

(a) A-iv, B-I, C-ii, D-iii (b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-iv, B-ii, C-I, D-iii (d) A-iii, B-I, C-ii, D-iv

Ans. (a) :

A. फ्रांसीसी	iv. कैरेबीयाई द्वीप
B. पुर्तगाली	i. ब्राजील
C. अंग्रेजी	ii. जमैका
D. स्पैनिश	iii. वेनेजुएला

चूँकि सत्रहवीं शताब्दी तक यूरोपीय उपनिवेशकों ने नील की खेती करना प्रारम्भ कर दिया और ये उपनिवेशक अठारहवीं शताब्दी के अन्त तक नील की खेती पर पूरा जोर दे दिया। यूरोपीय उत्पादक नील बनाने के लिए बोड नामक पौधे का प्रयोग करते थे, जो शीतोष्ण कटिबन्धीय था। लेकिन उसके द्वारा उत्पादित नील अच्छी गुणवत्तायुक्त नहीं थी। नील का पौधा मुख्य रूप से उष्ण कटिबन्धीय इलाकों में ही होते थे, जो उच्च गुणवत्तायुक्त थे। अतः फ्रांसीसियों ने कैरिबियाई द्वीप समूह स्थित सेत डोमिग्यू में, पुर्तगालियों ने ब्राजील में, अंग्रेजों ने जमैका में स्पैनिशों ने वेनेजुएला में नील की खेती करवाना प्रारम्भ कर दिया।

8. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनें-

A. In the Nij system of cultivation of sugarcane, the planter produced sugarcane on the land that he directly controlled.
गन्ने की निज व्यवस्था के अंतर्गत बागान मालिक स्वयं अपनी जमीन में गन्ने का उत्पादन करत थे।

B. In the Nij system, planter either bought the land or rented it from other zamindars and produced indigo by directly employing hired laborers.

निज खेती की व्यवस्था में बागान मालिक या तो जमीन खरीद लेते थे या दूसरे जमींदारों से जमीन भाड़े पर ले लेते थे और मजदूरों को काम पर लगाकर नील की खेती करवाते थे।

C. In the Nij cultivation, the Planter would need vast number of hands, many plough and bullocks.
निज खेती व्यवस्था में बागान मालिक को बहुत सारे मजदूरों तथा बड़ी मात्रा में हल एवं बैलों की जरूरत पड़ती थी।

(a) A, B and C are correct/A, B एवं C सही हैं।
(b) A and B are correct/A एवं B सही हैं।
(c) B and C are correct/B एवं C सही हैं।
(d) A and C are correct/A एवं C सही हैं।

Ans. (c) : निज खेती व्यवस्था का सम्बन्ध नील की खेती से है। नील की खेती के दो मुख्य तरीके थे–
(1) निज खेती (2) रैयती खेती
निज खेती व्यवस्था में बगान मालिक या तो जमीन खरीद लेते थे या दूसरे जमींदारों से जमीन भाड़े पर लेकर मजदूरों से नील की खेती करवाते थे। इस व्यवस्था में बहुत सारे मजदूरों एवं हल बैलों की आवश्यकता पड़ती थी। रैय्यती खेती में रैय्यत मुखिया से अनुबन्ध करवाकर नील की खेती करवाता था। इस प्रकार B और C सही है।

9. Raja Ram Mohan Roy in his writings argued and persuaded that Sati had no sanction because:
राजा राममोहन राय ने अपने लेखन में तर्क दिया और विश्वास उत्पन्न किया कि सती होने की अनुमति नहीं है, क्योंकि:-

(a) the British were against it/ अंग्रेज इसके खिलाफ/विरूद्ध थे।
(b) the ancient sacred texts did not endorse it/ प्राचीन ग्रंथ इसका समर्थन नहीं करते हैं।
(c) ancient texts that endorsed Sati must be discarded/प्राचीन ग्रंथ जो सती प्रथा का समर्थन करते हैं उनको फेंक देना चाहिए।
(d) women who committed Sati were desirous of death/महिलाएँ जो सती हुईं वो मृत्यु की कामना करती थीं।

Ans. (b) : राजा राममोहन राय ने तर्क दिया और विश्वास उत्पन्न किया कि सती होने की अनुमति नहीं है, क्योंकि प्राचीन ग्रंथ इसका समर्थन नहीं करते। इस सन्दर्भ में उनके द्वारा विरचित पुस्तक का प्रकाशन 'तुहफात-उल-मुवाहिद्दीन' (देवताओं को एक उपहार) 1803 में हुआ। 1829 में विलियम वेंटिक की मदद से सती प्रथा निरोधक कानून बनवा पाने में सफल हुए। इनको समाज में काफी विरोध का भी सामना करना पड़ा। राजा राममोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। इन्होंने ही ब्रह्म समाज की स्थापना की थी।

10. Consider the following statements in the context of reforms associated with women:
महिलाओं से जुड़े हुए सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

A. Ishwar Chand Vidyasagar took up the cause of widow remarriage.
ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने विधवा विवाह का मुद्दा उठाया।

B. Veersalingam Pantulu formed an association of widow remarriage in Madras Presidency.
मद्रास प्रेसीडेंसी में वीरेशलिंगम् पंतुलु ने विधवा विवाह के समर्थन में एक संगठन बनाया।

C. Widows who remarried were accepted well in the society.
विवाह करने वाली विधवाओं को समाज में आसानी से स्वीकार कर लिया गया।

Which of the above are correct?
उपरोक्त में से कौन से सही हैं?

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) Only A and B/ केवल A और B
(c) Only A and C/ केवल A और C
(d) Only B and C/ केवल B और C

Ans. (b) : महिलाओं को दूसरा जन्म देने वाले ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने विधवा विवाह का मुद्दा उठाया। उसी का परिणाम रहा कि विधवा पुनर्विवाह कानून 1856 पारित हुआ। उन्होंने स्वयं के पुत्र का विवाह एक विधवा से किया। बहुपत्नी प्रथा और बाल-विवाह के प्रति भी उन्होंने आवाज उठाई थी। मद्रास प्रेसीडेंसी के कंदूकूरि विरेशलिंगम (16 अप्रैल, 1848–27 मई, 1919) ने विधवा विवाह के समर्थन में एक संगठन बनाया। इनके द्वारा रचित पुस्तक 'The source of knowledge' (द सोर्स ऑफ नॉलेज) में नव्य न्याय के तर्कों को देखा जा सकता है। विवाह करने वाली विधवाओं को हमारा समाज आसानी से स्वीकार नहीं करता है।

11. Read the statements Assertion A and Reasoning R and choose the correct option.
अभिकथन A और कारण R को पढ़े और सही विकल्प का चयन करें।

Assertion A: During 19th century, when the first schools were opened for girls, people were afraid of them.
A. उन्नीसवीं शताब्दी में जब लड़कियों के लिए पहले स्कूल खोले गए, तो लोगों में उनके प्रति भय था।

Reason R: People feared that travelling to schools would have a corrupting influence on girls
B. लोगों को भय था कि स्कूल जाने पर लड़कियों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं R सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A/A और R दोनों सही है लेकिन R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, but R is false/A सही है लेकिन R गलत है।
(d) Both A and R are false/A और R दोनों गलत है।

Ans. (a) : उन्नीसवीं शताब्दी में जब लड़कियों के लिए स्कूल खोले गये, तो लोगों में उनके प्रति भय था कि स्कूल जाने पर लड़कियों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। वे लड़कियों को सार्वजनिक स्थानों से दूर रखना चाहते थे, क्योंकि उनका मानना था कि इससे लड़कियों के आचरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। लोगों में यह भी भय था कि जनाना स्कूल शिक्षा के कम और धर्म परिवर्तन के अड्डे ज्यादा थे। अतः A और R दोनों सही हैं। R सही व्याख्या है A की।

12. Consider the following statements in the context of British rule in India and choose the correct option:
भारत में (ब्रिटिश राज) के सन्दर्भ, निम्न कथनों पर विचार करें एवं सही विकल्प चुनें।

A. Moderates demanded that civil service examination should be held in India as well.
मध्यममार्गियों ने माँग की कि सिविल सेवा परीक्षा भारत में भी आयोजित की जाएँ।

R. It was a major demand of moderates that Indians be placed in high positions.
उनकी यह महत्वपूर्ण माँग थी कि सरकार में भारतीय भी ऊँचे पद प्राप्त करें।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation A/ A और R दोनों सही हैं R सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A/ A और R दोनों सही है लेकिन R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, but R is false/ A सही है लेकिन R गलत है।
(d) Both A and R are false/ A और R दोनों गलत है।

Ans. (a) : सरकार में भारतीयों को ऊँचे पदों पर अभिषित करने के उद्देश्य से मध्यम मार्गियों ने माँग की कि सिविल सेवा परीक्षा भारत में भी आयोजित की जाये। A और R दोनों सही हैं। R सही व्याख्या है A की। ध्यातव्य है कि भारत में सिविल सेवा के वर्तमान ढ़ांचे की शुरुआत कार्नवालिस द्वारा की गयी। 1857 में मैकाले समिति की सिफारिशों के आधार पर सिविल सेवा में चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा की शुरुआत हुई। 1922 के बाद से इस परीक्षा का आयोजन भारत में किया जाने लगा।

13. Consider these statements in the context of Rowlatt Satyagraha and choose the correct option.
रॉलेट एक्ट सत्याग्रह के विषय में वक्तव्यों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें-

A. Rowlatt Act curbed the fundamental rights and strengthened police powers.
रॉलेट एक्ट द्वारा पुलिस की शक्तियाँ बढ़ाई गयी थी और लोगों के अधिकार कुचले गए थे।

B. Mohammad Ali Jinnah, Mahatma Gandhi and others argued that government has no right to restrict people's basic freedoms.
मोहम्मद अली जिन्ना, महात्मा गाँधी और अन्य सभी का तर्क था कि सरकार को लोगों की मूल स्वतंत्रता सीमित करने का कोई अधिकार नहीं था।

C. Even though Hindus and Muslims were against Rowlatt Act, the Rowlatt Satyagraha could not turn out to be the all India struggle against the British.
यद्यपि हिन्दू व मुस्लिम रॉलेट के विरोध में थे, फिर भी रॉलेट एक्ट सत्याग्रह अंग्रेजों के विरोध में राष्ट्रव्यापी संघर्ष नहीं बन सका।

(a) Both A and B are true/ A और B सत्य हैं।
(b) Both B and C are true/ B और C सत्य हैं।
(c) Both A and C are true/ A और C सत्य हैं।
(d) Only C is true/ केवल C सत्य है।

Ans. (a) : रौलेट एक्ट 18 मार्च, 1919 को भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा लाया गया। ब्रिटिश भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन को कुचलना चाहते थे। इसका सरकारी नाम अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम 1919 था। इस एक्ट से पुलिस की शक्तियाँ बढ़ायी गयी थीं और लोगों के अधिकार कुचले गये थे। मुहम्मद अली जिन्ना, महात्मा गाँधी और अन्य सभी का तर्क था कि सरकार को लोगों की मूल स्वतंत्रता सीमित करने का कोई अधिकार नहीं है। अतः इसे काला कानून कहा गया। महात्मा गाँधी ने इसके विरुद्ध 24 फरवरी, 1919 के दिन मुम्बई में सत्याग्रह सभा का आयोजन किया था। इसमें संकल्प लिया गया था कि इसका विरोध सत्य और अहिंसा के मार्ग पर होगा। यह प्रदर्शन राष्ट्रव्यापी था। अतः कथन C असत्य है।

14. What is/are the important criteria used to provide opportunities for Indians to study in government run or supported educational institutions and to work in government offices in India?
सरकारी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन तथा सरकारी संस्थानों में नौकरी के अवसर में सहयोग हेतु किन आधारों को अपनाया जाता है?

A. Caste/ जाति
B. Family Income/ पारिवारिक आय
C. Gender/ लिंग
D. Income of Individual/ व्यक्तिगत आय

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C एवं D
(c) A and B/A एवं B
(d) A only/केवल A

Ans. (a, c) : सरकारी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन तथा सरकारी संस्थाओं में नौकरी के अवसर में सहयोग हेतु जाति पारिवारिक आय और लिंग को आधार के रूप में अपनाया जाता है। व्यक्तिगत आय को इसका आधार नहीं स्वीकार किया जाता है। इस प्रकार A, B व C सही हैं।
नोट– आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (c) दोनों को माना है।

15. Read the given statements A and b and select the correct answer.
दिए गए कथन A व B को पढ़िए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. Earth provides the pulling force that binds the solar system.
पृथ्वी का खिंचाव बल सौर मंडल को बाँधे रखता है।

B. Outer planets are far from the sun and are made up of rocks.
बाह्य ग्रह सूर्य से बहुत दूर हैं तथा चट्टानों से बने हैं।

(a) A is true and B is false
A सही है तथा B गलत हैं।

(b) A is false and B is true
A गलत है तथा B सही हैं।
(c) Both A and B are true/ A तथा B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false/ A तथा B दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : A तथा B दोनों गलत हैं। सौरमण्डल में ग्रह उपग्रह अन्तरिक्ष, चट्टानें और धूमकेतु शामिल हैं, जो सूर्य के चारों ओर घूमते हैं, जो पूरी तरह से गुरुत्वाकर्षण द्वारा एक-दूसरे से बंधे होते हैं। पृथ्वी खिंचाव बल के कारण नहीं अपितु गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सौर मण्डल में बँधी रहती हैं। पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल 9.81 m/s^2 होता है। यह दो प्रकार के होते हैं। आन्तरिक ग्रह और बाह्य ग्रह। आन्तरिक ग्रह में बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल तथा बाह्य ग्रह में बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण है। बाह्य ग्रह गैस के रूप में होते हैं। आन्तरिक ग्रह चट्टानों से निर्मित हैं। इस प्रकार A और B दोनों गलत हैं। बाह्य ग्रह मुख्य रूप से हाइड्रोजन, हीलीयम, मीथेन आदि गैसों के बने होते हैं। इनका घनत्व अपेक्षाकृत कम होता है, लेकिन ये आकार में बड़े होते हैं।

16. Gulf stream is a warm current thus is has tendency to move _____.
गल्फस्ट्रीम गर्म जल धाराएँ हैं अतः इनमें चलने की प्रवृत्ति _____।
(a) towards equator/ भूमध्य रेखा की ओर है।
(b) towards poles/ ध्रुवों की ओर हैं।
(c) neither towards equator nor towards poles
न भूमध्य रेखा की ओर, न ध्रुवों की ओर है।
(d) with no certainty/ कुछ निश्चित नहीं है।

Ans. (b) : गल्फ स्ट्रीम गर्म जलधाराएँ हैं। अतः इनमें चलने की प्रवृत्ति ध्रुवों की ओर है, जो जलधाराएँ निम्न अक्षांशों से उच्च अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती हैं, गर्म जलधाराएँ कहलाती हैं। गल्फस्ट्रीम गर्म जलधारा मैक्सिको की खाड़ी से उत्पन्न होती हैं और उत्तर-पूर्व दिशा में यूरोप के तट तक प्रवाहित होती है। गल्फस्ट्रीम अटलांटिक महासागर की प्रमुख धारा है। यह 20° उत्तरी अक्षांश में मैक्सिको की खाड़ी से उत्पन्न होकर उत्तर-पूर्व दिशा की ओर 70° उत्तरी अक्षांश तक पश्चिमी यूरोप के पश्चिमी तट तक प्रवाहित होती है।

17. Consider the following two statements about longitudes.
देशांतर के संबंध में निम्न दो कथनों पर विचार कीजिए।
A. All meridians of longitudes are of equal length.
सभी देशांतरीय याम्योत्तरों की लम्बाई समान होती है।
B. The value of Prime Meridian is 180° longitude.
प्रमुख याम्योत्तर का मान 180° देशांतर होता है।
Choose the correct option.
सही उत्तर का चयन करें।
(a) A is true and B is false/A सही है तथा B गलत है।
(b) A is false and B is true/A गलत है तथा B सही है।
(c) Both A and B are true/A तथा B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली काल्पनिक रेखाओं को देशान्तर रेखाएँ कहा जाता है। 0° देशान्तर को प्रधान देशान्तर कहा जाता है। सभी देशान्तरों की लम्बाई समान होती हैं। 0° देशान्तर या प्रधान याम्योत्तर रेखा इंग्लैण्ड के ग्रीनविच वेधशाला से होकर गुजरती हैं। इसलिए इसे ग्रीनविच रेखा के नाम से भी जाना जाता है। प्रधान देशान्तर रेखा के पूर्व में स्थित देशान्तर को पूर्वी देशान्तर तथा पश्चिम में स्थित देशान्तर को पश्चिमी देशान्तर कहा जाता है। विषुवत रेखा पर एक देशान्तर से दूसरे देशान्तर के बीच की दूरी 111.321 किमी. है। 82° 30' पूर्वी देशान्तर रेखा जो भारत के लगभग मध्य से गुजरती है। इसे भारत का मानक याम्योत्तर माना गया है, जो ग्रीनविच समय से 5 घण्टा 30 मिनट आगे है।

18. Consider the following statements A, B and C and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
A. Heat zones of the world are categorized according to latitudes.
विश्व के तापकटिबन्धों का वर्गीकरण अक्षांशों के आधार पर होता है।
B. The imaginary lines joining the north and south poles are called longitudes.
उत्तर और दक्षिण ध्रुवों को जोड़ने वाली काल्पनिक रेखाएँ अक्षांश कहलाती हैं।
C. All longitudes are of equal length.
सभी देशांतरों की लम्बाई समान होती है।
(a) Only A and B are true/ केवल A तथा B सही है।
(b) Only B and C are true/ केवल B तथा C सही है।
(c) Only A and C are true/ केवल A तथा C सही है।
(d) Only A is true/ केवल A सही है।

Ans. (c) : विश्व के ताप कटिबन्धों का वर्गीकरण अक्षांशों के आधार पर होता है। सभी देशान्तरों की लम्बाई समान होती है। ये दोनों कथन सत्य हैं, जबकि उत्तर और दक्षिणी ध्रुव को जोड़ने वाली काल्पनिक रेखाएँ अक्षांश रेखाएँ नहीं बल्कि इन्हें देशान्तर रेखाएँ कहा जाता है। अक्षांश रेखाएँ पश्चिम से पूरब होती है तथा एक दूसरे के समानान्तर होती है। 0° अक्षांश रेखा को विषुवत् रेखा कहा जाता है। पृथ्वी को सूर्य ताप के आधार पर विभिन्न ताप पेटियों में वर्गीकृत किया गया है। उस विशिष्ट तापीय दशा वाले क्षेत्रों को तापीय कटिबन्ध या बेल्ट कहते हैं। विश्व को पाँच ताप कटिबन्धों में विभाजित किया गया है।

19. While teaching the physical features of India, a teacher asks students to mark rivers flowing in the Vindhya and Satpura ranges on a physical map of India. Which of the following rivers does she want the students to make?
भारत के भौगोलिक लक्षणों को पढ़ाते हुए अध्यापिका ने छात्राओं के विंध्य एवं सतपुड़ा शृंखलाओं में बहने वाली नदियों को मानचित्र पर चिन्हित करने को कहा। निम्नलिखित में से कौन-सी नदियों को वह चाहती थी कि छात्र चिन्हित करें?
(a) Narmada and Tapti/ नर्मदा एवं तापी
(b) Narmada and Mahanadi/ नर्मदा एवं महानदी
(c) Tapti and Godavari/ तापी एवं गोदावरी
(d) Krishna and Godavari/ कृष्णा एवं गोदावरी

Ans. (a) : नर्मदा और ताप्ती दोनों नदियाँ विन्ध्य एवं सतपुड़ा की शृंखलाओं के मध्य बहती हैं। ये नदियाँ प्रायद्वीपीय नदियाँ कही जाती है। नर्मदा मैकाल पर्वत के अमरकंटक से निकलती है और खम्भात की खाड़ी में गिरती है। ताप्ती नदी मध्य प्रदेश के बेतूल जिले में सतपुड़ा श्रेणी की मुल्ताई पहाड़ी से निकलती है। महानदी का उद्गम रायपुर के निकट धमतरी जिले में सिंहावा पर्वत है। यह पूर्व की ओर बहती है। गोदावरी नदी की उत्पत्ति पश्चिमी घाट में त्रयम्बक पहाड़ी से हुई है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले से निकलती है। महानदी पूरब की ओर बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कृष्णा नदी का उद्गम महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट शृंखला से होता है। यह भी पूरब की ओर प्रवाहित होती है।

20. Consider the following two statements about ocean currents and choose the correct option.
महासागरीय धाराओं के संदर्भ में निम्न दो कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. The areas where the warm and cold currents meet provide the best fishing grounds of the world.
जिस स्थान पर गर्म तथा ठंडी जलधाराएँ मिलती हैं वह स्थान विश्व भर में सर्वोत्तम मत्स्ययन क्षेत्र माना जाता है।

B. The areas where the warm and cold currents meet are difficult areas for navigation.
जहाँ गर्म व ठंडी जल धाराएँ मिलती हैं उस स्थान पर नौसंचालन में बाधा उत्पन्न होती है।

(a) A is true and B is false
A सही है तथा B गलत है।
(b) A is false and B is true
A गलत है तथा B सही है।
(c) Both A and B are true/ A तथा B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : महासागरीय धाराओं को तापमान के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। भूमध्य रेखा पर गर्म धाराएँ बनती हैं और ध्रुवों की ओर प्रवाहित होती हैं, जबकि ठण्डी जल धाराएँ ध्रुवों से भूमध्य रेखा की ओर प्रवाहित होती हैं, जहाँ ठण्डी एवं गर्म जलधाराएँ एक-दूसरे से मिलती हैं, तो कुहरा उत्पन्न होने के कारण नौसंचालन में बाधा होती है वहीं दूसरी ओर इन जलधाराओं के मिलन स्थल पर आवश्यक ऑक्सीजन और पोषक तत्व होते हैं, जिससे अत्यधिक मछलियाँ रहती हैं। अतः इस क्षेत्र में सर्वाधिक मत्स्ययन होता है।

21. A teacher is teaching the concept of ecosystem in an elementary/middle stage class. Which of the following information will be useful for her?
प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर की एक कक्षा में शिक्षिका परितंत्र के विषय में पढ़ा रही है। निम्नलिखित में से उनके लिए क्या उपयोगी सूचना हो सकती है?

A. Climate conditions of specific place
स्थान विशेष की जलवायु सम्बन्धी परिस्थिति

B. A rainforest as an example
अधिक वर्षा वाले वन-उदाहरण के रूप में

C. A small pond as an example
एक छोटी ताल उदाहरण के रूप में

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B/ केवल A तथा B
(b) Only B and C/ केवल B तथा C
(c) Only A and C/ केवल A तथा C
(d) All A, B and C/ सभी A, B तथा C

Ans. (d) : परितंत्र वह तंत्र है, जिसमें समस्त जीवधारी एक-दूसरे के साथ पर्यावरण के भौतिक एवं रासायनिक कारकों के साथ क्रिया करते हैं, जिसमें वे निवास करते हैं अर्थात् यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ स्थल, जल और वायु तीनों क्षेत्रों में जीवधारी आपस में सन्तुलित रहते हैं। इस प्रकार अध्यापिका द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की कक्षा को पढ़ाने में स्थान विशेष की जलवायु सम्बंधी परिस्थिति, अधिक वर्षा वाले वन उदाहरण और एक छोटे ताल का उदाहरण तीनों अति महत्त्वपूर्ण होंगे।

22. Consider the following statements and choose the correct options.
निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Humidity is greater over oceans and least over the continents.
आर्द्रता महासागरों पर सबसे अधिक तथा महाद्वीपों के ऊपर सबसे कम पाई जाती है।

B. Condensation depends upon the amount of cooling and relative humidity of the air./ संघनन ठंडा होने की मात्रा तथा हवा के सापेक्ष आर्द्रता पर निर्भर होता है।

C. The white trial behind jet planes is moisture that is condensed./ जेट हवाई जहाज के पीछे सफेद पथ, इंजन से निकली नमी होती है जो संघनित हो जाती है।

(a) Both A and B are correct/ A तथा B दोनों सही हैं।
(b) Both B and C are correct/ B तथा C दोनों सही हैं।
(c) Both A and C are correct/ A तथा C दोनों सही हैं।
(d) All A, B and C are correct/ सभी A, B तथा C सही हैं।

Ans. (d) : हवा में उपस्थित जलवाष्प की मात्रा को आर्द्रता कहते हैं। आर्द्रता पूरी तरह तापमान पर निर्भर करती हैं। चूँकि महासागरों के वाष्पीकरण के कारण हवा में जलवाष्प की मात्रा अधिक हो जाती है, इसी कारण आर्द्रता महासागरों पर सबसे अधिक तथा महाद्वीपों पर सबसे कम होती है। जल की गैसीय अवस्था से तरल या ठोस अवस्था में होने की क्रिया संघनन कहलाती है। संघनन ठण्डा होने की मात्रा तथा हवा के सापेक्ष आर्द्रता पर निर्भर होता है। जेट हवाई जहाज के पीछे का सफेद पथ इंजन से निकली नमी होती है, जो कम ताप के कारण जम जाती है इसे कंट्रेल्स कहा जाता है।

23. From the following statements on air pressure, choose which is the correct one:
वायु दाब के सम्बन्ध में निम्न कथनों में कौन-सा कथन सही है:-

(a) Air pressure is lowest at sea level
समुद्र स्तर पर वायु दाब सबसे कम होता है।
(b) Air pressure decreases with height
ऊँचाई पर जाने पर वायु दाब घटता है।
(c) In areas having high temperature the air is cold/उच्च तापमान वाले क्षेत्रों की वायु ठंडी होती है।
(d) In areas having lower temperature the air gets heated and rises/कम तापमान वाले क्षेत्रों की वायु गर्म होकर ऊपर उठती है।

Ans. (b) : वायु का एक स्तम्भ जो पृथ्वी पर अपना भार डालता है, उसे वायुदाब या वायुमण्डलीय दाब कहते हैं। इसे बैरोमीटर (वायुदाब मापी यंत्र) से मापा जाता है। वायुमण्डलीय दाब का वितरण प्रत्येक जगह भिन्न-भिन्न है। यह क्षैतिज एवं उर्ध्वाधर दोनों प्रकार का होता है। वायुदाब ऊँचाई बढ़ने के साथ-साथ कम हो जाता है, लेकिन एक ही दर से कम नहीं होता है। वायुदाब वायु के तापमान, उसमें उपस्थित जलवाष्प की मात्रा और गुरुत्वाकर्षण बल पर निर्भर करता है।

24. Consider the following statements A, B and C and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A, B तथा C पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चुनाव कीजिए:

A. Human settlements are reflection of how human beings have modified their environment./ मानव बस्तियाँ इस बात को दर्शाती हैं कि किस प्रकार मानव ने अपने वातावरण को अपने अनुकूल बनाया है।

B. Natural conditions play no role in selection of an ideal site.
एक आदर्श बसाव स्थान के चुनाव में प्राकृतिक दशाओं का कोई योगदान नहीं है।

C. Only when humans started to grow crops, it became necessary to have permanent homes./ केवल जब मनुष्य ने फसलें उगाना प्रारंभ किया, तब उनके लिए स्थायी घर बनाना आवश्यक हो गया।

(a) Only A and B are true/ केवल A तथा B सही हैं।
(b) Only B and C are true/ केवल B तथा C सही हैं।
(c) Only A and C are true/ केवल A तथा C सही हैं।
(d) Only C is true/ केवल C सही है।

Ans. (c) : पर्यावरण मानव जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। कहीं पर्यावरण उसे प्रभावित करता है, तो कहीं उसके साथ अनुकूलन और परिवर्तन करता है। मानव अत्याधुनिक यंत्रों का आलम्बन लेकर अपने बस्तियों के निकट अपने वातावरण को अपने अनुकूल बनाने का एक सफल प्रयास किया है। उदाहरण के लिए एक कृत्रिम जलाशय को लिया जा सकता है। जब मनुष्य ने फसलें उगाना प्रारम्भ किया, तब उसका जीवन खानाबदोश व घुमंतू न होकर स्थायी हुआ और उसे आजीविका हेतु स्थाई घर बनाना आवश्यक हो गया। A और C दोनों सत्य हैं, जबकि B असत्य हैं, क्योंकि एक आदर्श बसाव के चुनाव में प्राकृतिक दशाएँ अति महत्त्वपूर्ण हैं।

25. Consider the statements A, B and C on water as a resource and choose the correct option.
जल एक संसाधन के संबंध में कथन A, B तथा C को ध्यान में रखते हुए सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Water can neither be added nor subtracted from the earth./ पृथ्वी पर जल न बढ़ाया जा सकता है और न घटाया जा सकता है।

B. Only 2.7% of the earth's water is fit for human use./ केवल 2.7% पृथ्वी का पानी मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है

C. Water is a renewable resource.
जल एक नवीकरणीय संसाधन है।

(a) Only A and B are true/ केवल A तथा B सही हैं।
(b) Only B and C are true/ केवल B तथा C सही हैं।
(c) Only A and C are true/ केवल A तथा C सही हैं।
(d) A, B and C are all true/ A, B व C सभी सही हैं।

Ans. (d) : उपर्युक्त तीनों कथन सत्य हैं। जल को न घटाया जा सकता है और न ही बढ़ाया जा सकता है। अपितु यह एक चक्रीय क्रिया द्वारा सम्पन्न होता है, जिसमें कुल जल की मात्रा का क्षय नहीं होता, बस स्थान और रूप परिवर्तन होता है। आज पृथ्वी पर 97.3% पानी खारा हो चुका है। इस आधार पर पृथ्वी पर केवल 2.7 प्रतिशत पानी साफ तथा पीने योग्य है। चूँकि जल चक्र द्वारा जल परिवर्तित होकर अपने नये स्वरूप को धारण करता है। अतः यह नवीकरणीय संसाधन भी है। जो समुद्रों से वाष्पित होकर बादलों में जाता है। पुनः संघनित होकर वर्षा द्वारा पृथ्वी को प्राप्त होता है।

26. A teacher wants to discuss about minerals in her class at elementary level. Which of the following examples should she use in her class?
प्रारंभिक स्तर पर एक शिक्षिका अपनी कक्षा में खनिजों के बारे में चर्चा करना चाहती है निम्न में से किन उदाहरणों को उन्हें अपनी कक्षा में उपयोग में लाना चाहिए?

A. Cooper/ ताँबा
B. Mica/ अभ्रक
C. Salt/ नमक
D. Lime stone/ चूना पत्थर

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only A, B and C/ केवल A, B और C
(c) Only A, C and D/ केवल A, C और D
(d) All A, B, C and D/ सभी A, B, C और D

Ans. (d) : प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षिका को अपनी कक्षा में खनिजों के बारे में चर्चा करते हुए उदाहरण के लिए बच्चों के सामने ताँबा, अभ्रक, नमक और चूना पत्थर लाना चाहिए। ये चारों ही खनिज के रूप हैं। खनिज ऐसे भौतिक पदार्थों को कहते हैं, जो खान से खोदकर निकाले जाते हैं। खनिज तीन प्रकार के होते हैं– धात्विक खनिज, अधात्विक खनिज और ऊर्जा खनिज।

27. Identify the crop from the given features A and B.
दिए गए लक्षणों A तथा B के आधार पर फसल की पहचान करें।

A. It requires warm and wet climate and well drained loamy soil.
इसके लिए गर्म एवं आर्द्र जलवायु और सु-अपवाहित दोमट मृदा की आवश्यकता होती है।

B. Hill slopes are more suitable for growth of this crop.
इस फसल की वृद्धि के लिए पर्वतीय ढाल अधिक उपयुक्त होती है।

(a) Tea/ चाय (b) Coffee/ कॉफी
(c) Cotton/ कपास (d) Rice/ चावल

Ans. (b) : कॉफी की खेती के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु और सु-अपवाहित दोमट मृदा की आवश्यकता होती है। इसके साथ फसल की वृद्धि के लिए पर्वतीय ढाल अधिक उपयुक्त होता है। कॉफी की खेती के लिए समशीतोष्ण जलवायु उपयुक्त होती है। भारत में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य में कॉफी की अच्छी पैदावार होती है। चाय की खेती के लिए सबसे उपयुक्त मिट्टी लैटेराइट है। वहीं कपास के लिए काली मिट्टी सर्वाधिक उपयुक्त होती है। चावल की खेती पर्वतीय ढाल पर सम्भव नहीं है। चावल को ऐसी भूमि पर उगाया जाता है, जहाँ पानी की उपलब्धता 5 से 50 सेमी तक होती है।

28. Which of the following symbolizes diversity?
निम्नलिखित में से कौन-सा विविधता की ओर संकेत करता है?

A. People belonging to the same caste, but living in different places, marry people from their own caste./ समान जाति के परन्तु भिन्न स्थानों पर रहने वाले लोग, अपनी ही जाति के लोगों से शादी/विवाह करते हैं।

B. Students from the same locality but belonging to different castes studying in a school./ एक ही इलाके के छात्र परन्तु भिन्न जातियों से संबंध रखते है, स्कूल में पढ़ते हैं।

C. People belonging to same religious faith and living in one locality./ समान धार्मिक आस्था से संबंध रखने वाले लोग और एक ही इलाके में रहते हैं।

D. Food materials and clothes catering to different communities available in a shopping locality./ विभिन्न समुदायों की जरूरतों की खाद्य-सामग्री और कपड़े एक शॉपिंग इलाके में उपलब्ध हैं।

Choose the correct options.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) A and C/ A और C
(d) B and D/ B और D

Ans. (d) : किसी स्थान विशेष में साथ-साथ निवास करने वाले मानव का समूह या समाज, जिसमें सभी भाषायी, क्षेत्रीय, भौगोलिक और सांस्कृतिक आधार पर अलग रहते हैं विविधता कहलाती है। दूसरे शब्दों में एक साथ रहने वाले व्यक्तियों में पायी जाने वाली असमानताएँ हैं। उक्त परिभाषा से स्पष्ट है कि एक ही इलाके के छात्र परन्तु भिन्न जातियों से संबंध रखते है, स्कूल में पढ़ते हैं। और विभिन्न समुदायों की जरूरतों की खाद्य-सामग्री और कपड़े एक शॉपिंग इलाके में उपलब्ध हैं। सही हैं। अतः A व C सही नहीं है।

29. Which of the following practices symbolizes the acceptance of diversity?
निम्नलिखित में से कौन-सा चलन विविधता की स्वीकार्यता की तरफ संकेत करता है?

A. Encouraging women to run public vehicles such as taxis, autos and buses/ महिलाओं को सार्वजनिक वाहनों जैसे टैक्सियों, तिपहियों और बसों को चलाने के लिए प्रोत्साहित करना।

B. Forming self help groups containing only women and from a few communities/ आत्म सहायता गुट बनाना जिनमें केवल महिलाएँ हों और वो भी कुछ समुदायों से।

C. Allowing people from a few communities to buy land and other properties/ कुछ समुदायों के लोगों को जमीन और दूसरी सम्पत्तियाँ खरीदने की अनुमति देना।

D. Reserving a park to celebrate festivals for those residing in the surrounding areas/ त्योहारों को मानने के लिए एक पार्क उन लोगों के लिए सुरक्षित रखना जो आस-पास के इलाकों में रहते हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A और B
(b) C and D/ C और D
(c) A, B and C/ A, B और C
(d) A and D/ A और D

Ans. (d) : भाषा, जाति, पंथ, सांस्कृतिक और भौगोलिक अवधारणाओं पर अलग होते हुए भी एक होना विविधता है। कथन A महिलाओं को सार्वजनिक वाहनों जैसे टैक्सियों, तिपहियों और बसों को चलाने के लिए प्रोत्साहित करना। में विशेष वर्ग और समुदाय की महिलाओं की ओर संकेत नहीं किया गया है। इसलिए इसमें विविधता का तत्व है। कथन D में भी विविधता है, क्योंकि इलाके में रहने वाले विभिन्न पंथ को मानने वाले लोग अपने त्योहारों को पार्क में मना सकते हैं। कथन B और C में विविधता नहीं है, क्योंकि दोनों कथन कुछ समुदायों तक ही संकेत करते हैं।

30. According to Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act 2009, identifying and generating employment opportunities in the rural area is the responsibility of
महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2009 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को पहचानने और उत्पन्न करने का दायित्व है :

(a) Indian Parliament/भारतीय संसद का
(b) State Legislature/राज्य विधानमंडल का
(c) District Panchyat/जिला पंचायत का
(d) Village Panchyat/ग्राम पंचायत का

Ans. (d) : महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम, 2009 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर को पहचानने और उत्पन्न करने का दायित्व ग्राम पंचायतों को है। ग्राम पंचायत ही वह संस्था है, जो श्रम कार्ड धारकों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत में कार्यों का आवंटन करती हैं। मनरेगा भारत में 7 सितम्बर, 2005 को अधिनियमित किया गया। तब इसका नाम नरेगा (राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम था। 2 अक्टूबर, 2009 को इसका पुनः नामकरण किया गया। इसके अन्तर्गत एक वित्तीय वर्ष में किसी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है, जिसकी प्रतिदिन की सांविधिक न्यूनतम मजदूरी ₹ 220 है।

31. Match the following and choose the correct option./ निम्नलिखित को सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Levels of government/ सरकार के स्तर		Types of Decisions/ निर्णय के प्रकार	
A.	Central government केंद्र सरकार	(i)	Decision to open a park in Vellore, a small town in Tamil Nadu/ रत्नागिरी में एक हिस्से को खोलने का निर्णय
B.	State government राज्य सरकार	(ii)	Introduction of new 2000 rupee note/2000 रुपये का नया नोट जारी करने का निर्णय
C.	Local government स्थानीय सरकार	(iii)	Decision to set up a regional transport office क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बनाने का निर्णय

(a) A-(ii), B-(i), C-(iii) (b) A-(iii), B-(ii), C-(i)
(c) A-(ii), B-(iii), C-(i) (d) A-(iii), B-(i), C-(ii)

Ans. (c) :

A. केन्द्र सरकार	ii. ₹ 2000 का नोट जारी करने का निर्णय।
B. राज्य सरकार	iii. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बनाने का निर्णय।
C. स्थानीय सरकार	i. रत्नागिरी में एक हिस्से को खोलने का निर्णय।

केन्द्र सरकार RBI से बातचीत करके नोटों के निर्गमन का निर्णय लेती है। 8 नवम्बर, 2016 को 500 और 1000 के नोट चलन से बाहर कर दिये गये। इसके बाद 500 और ₹ 2000 के नये नोट चलन में आये। क्षेत्रीय परिवहन पर निर्णय लेने का दायित्व राज्य सरकार का होता है। स्थानीय सरकार का क्षेत्राधिकार एक विशेष क्षेत्र तक सीमित होता है और उन्हीं लोगों के लिए कार्य करती है, जो सम्बन्धित क्षेत्र के निवासी हैं।

32. What is meant by casual employment?
आकस्मिक रोजगार से क्या अभिप्राय है?
(a) Workers are not given uniforms and have to come in casual wear/मजदूरों को वर्दी ना देकर औपचारिक वस्त्रों में काम पर बुलाना।
(b) Workers have the choice of coming to work whenever they want to/मजदूरों को अपनी इच्छा अनुरूप काम पर आना।
(c) Workers are called to work only when the employees need them/नियुक्तिकर्ता द्वारा जरूरत के अनुरूप मजदूरों को काम पर बुलाना।
(d) Workers are employed for fixed periods of time/मजदूरों को तयपूर्ण खास अवधियों के लिए रोजगार दिया जाना।

Ans. (c) : किसी नियुक्तिकर्ता द्वारा जरूरत के अनुरूप मजदूरों को कार्य पर लगाकर आर्थिक उत्पादन किया जाता है। आर्थिक उत्पादन की क्रिया में लगे हुए श्रमिकों को आकस्मिक रूप से रोजगार कहा जायेगा। जब कोई श्रमिक आर्थिक उत्पादन करता है, तो उसे रोजगार माना जाता है। आकस्मिक रोजगार एक अल्पकालिक कार्य है। मौसमी कार्य, परियोजना आधारित कार्य और ऑन कॉल आकस्मिक रोजगार के अन्तर्गत आता है।

33. In a garment industry, which of the following is likely to make the highest profits?
वस्त्र व्यापार में, निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे अधिक लाभ कमाएगा?
(a) Traders who supply yarn to weavers
वो व्यापारी जो बुनकरों को सूत उपलब्ध कराते हैं।
(b) The multinational companies/ बहुराष्ट्रीय कम्पनी
(c) The weavers/ बुनकर
(d) Weavers' cooperatives/ बुनकर सहकारी संस्थाएँ

Ans. (b) : वस्त्र व्यापार में सबसे अधिक लाभ बहुराष्ट्रीय कम्पनी कमाएगी। बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ या निगम वह संगठन होते हैं, जो अपने देश की तुलना में एक या एक से अधिक देशों में वस्तुओं या सेवाओं के उत्पादन को नियंत्रित करते हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सर्वाधिक लाभ का कारण उनका विशाल नेटवर्क है, जो कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादन और विपणन कार्य करती हैं। इनके लाभ का दूसरा महत्त्वपूर्ण कारण जोखिम वहन करने की शक्ति और निवेशित पूँजी है।

34. Which is the basic feature of Democracy?
प्रजातंत्र की बुनियादी विशेषता क्या है?
(a) Inequality/असमानता
(b) Free trade/खुला व्यापार
(c) Equality/समानता
(d) Reasonable restrictions/उचित प्रतिबंध

Ans. (c) : प्रजातंत्र की बुनियादी विशेषता समानता है। प्रजातंत्र में राज्य की सम्पूर्ण शक्ति का स्वामी जनता होती है। कोई समूह, जाति या वंश परम्परा नहीं। अब्राहम लिंकन ने प्रजातंत्र को 'जनता का जनता द्वारा जनता के लिए शासन' कहा है। इसमें भेदभाव की भावना नहीं होती है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में विधि के समक्ष समानता के अधिकार का वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 15 में धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग और जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जायेगा। अनुच्छेद 16 में अवसर की समानता और अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता उन्मूलन की चर्चा है।

35. Kavita sells tea at 5:00 am at the bus station. At 7:00 am, she goes to fetch water from a far-away well, After returning back home she cooks food, washes clothes, cleans the house, and then goes to the market to purchase items for her tea shop.
Kavita is currently facing :
कविता सुबह 5 बजे बस अड्डे पर चाय बेचती है। वह 7 बजे दूर कुएँ से पानी लेने जाती है। घर वापिस आकर वह खाना बनाती है, कपड़े धोती है, घर की सफाई करती है और फिर बाजार अपनी चाय की दुकान के लिए सामान लेने जाती है।
कविता सामना कर रही है:-
(a) Care-giving work/देखभाल कार्य
(b) Double burden/दोहरा बोझ
(c) House-work/गृह कार्य
(d) Paid work/भुगतान के बदले कार्य

Ans. (b) : कविता दोहरा बोझ का सामना कर रही है, क्योंकि एक ओर उसे जीविकोपार्जन हेतु चाय की दुकान पर काम करना पड़ता है, तो वहीं दूसरी ओर अपने गृह कार्यों को भी करना पड़ता है। बदलते परिवेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दोहरे बोझ का सामना करना पड़ता है।

36. Which among the following Fundamental Rights will be violated if a group of people from Jain community is not allowed to open a learning centre on the teachings of the Jain Tirthankars.
निम्नलिखित में से कौन से मौलिक अधिकार का हनन होगा अगर जैन समुदाय के लोगों के एक समूह को जैन तीर्थांकरों की सीखों पर शिक्षा केंद्र खोलने की अनुमति नहीं दी जाती है?

(a) Right to cultural and educational rights
सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकारों का अधिकार
(b) Right to freedom of religion
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(c) Right to freedom/स्वतंत्रता का अधिकार
(d) Right to equality/समानता का अधिकार

Ans. (a) : सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकारों का हनन होगा। यदि जैन समुदाय के लोगों के एक समूह को जैन तीर्थांकरों की सीखों पर शिक्षा केन्द्र खोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। संविधान के भाग III (अनुच्छेद 12-35 तक) में मौलिक अधिकार का विवरण है। सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार अनुच्छेद 29-30 में वर्णन है। धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का वर्णन अनुच्छेद 25-28 तक है। अनुच्छेद 19-22 में स्वतंत्रता का अधिकार है तथा समता या समानता का अधिकार अनुच्छेद 14-18 तक में है।

37. What is meant by the Right to Constitutional Remedies?
संवैधानिक उपचारों के अधिकार से क्या अभिप्राय है?

(a) Right of the government to amend the Constitution/सरकार का संविधान में संसोधन करने का अधिकार।
(b) Right of the citizens to appeal to the court in case of violation of their Fundamental Rights
नागरिकों का उनके मौलिक अधिकारों के हनन होने पर न्यायालय में अपील करने का अधिकार।
(c) Right of the government to expand its powers using the Constitutional provisions/सरकार का संवैधानिक प्रावधानों का प्रयोग करते हुए अपनी शक्ति को बढ़ाने का अधिकार।
(d) Right of the citizen to demand that the new provision may be added to the Constitution/
नागरिकों का संविधान में नए प्रावधानों को जोड़ने की माँग करने का अधिकार।

Ans. (b) : नागरिकों का उनके मौलिक अधिकारों के हनन होने पर न्यायालय में अपील करने का अधिकार संवैधानिक उपचारों का अधिकार है। संवैधानिक उपचारों का अधिकार अनुच्छेद 32 में हैं। यह मौलिक अधिकार दूसरे मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। इसलिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अनुच्छेद 32 के बारे में कहा– ''एक अनुच्छेद जिसके बिना संविधान अर्थहीन है, यह संविधान की आत्मा और हृदय है।'' इसके अन्तर्गत केवल मूल अधिकारों की गारण्टी दी गयी है अन्य अधिकारों की नहीं।

38. Under which jurisdiction of the Supreme Court the dispute between the centre and states are included?
सर्वोच्च न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार के अंतर्गत केंद्र एवं राज्यों के बीच विवाद को शामिल किया जाता है?

(a) Original Jurisdiction/ प्रारंभिक क्षेत्राधिकार
(b) Appellate Jurisdiction/ अपीलीय क्षेत्राधिकार
(c) Advisory Jurisdiction/ सलाहकारी क्षेत्राधिकार
(d) Residuary Jurisdiction/ अवशिष्ट क्षेत्राधिकार

Ans. (a) : सर्वोच्च न्यायालय के प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्यों के बीच विवादों को शामिल किया जाता है। इसे मौलिक क्षेत्राधिकार भी कहते हैं। मौलिक क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत संघ और राज्यों के बीच तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय करता है।
अपीलीय क्षेत्राधिकार में दीवानी, फौजदारी तथा संवैधानिक सवालों से जुड़े अधीनस्थ न्यायालय से जुड़े मुकदमों की सुनवाई करता है। जनहित तथा कानून के मसले पर राष्ट्रपति की सलाह देना सलाहकारी क्षेत्राधिकार है।

39. Read the following Assertion A and Reasoning R:
निम्नलिखित अभिकथन A और कारण R को पढ़े:-

A. Empires, in the past, heavily depended on Adivasis for access to forest resources./ इतिहास में साम्राज्य वन संसाधनों के लिए आदिवासियों पर निर्भर रहते थे।

R. The Advasis had a deep knowledge of access to, as well as control over most of the forests./ आदिवासियों के पास वनों तक पहुँच का गहन ज्ञान और साथ ही साथ अधिकतर वनों पर अधिकार भी था।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं और R सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and R are true but r is not the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं, लेकिन R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, but R is false
A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) Both A and R are false
A और R दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कथन इतिहास में साम्राज्य वन संसाधनों के लिए आदिवासियों पर निर्भर थे, सही है। कारण आदिवासियों के पास वनों तक पहुँच का गहन ज्ञान और साथ ही अधिकतर वनों पर अधिकार भी था, सही है एवं कथन की सही व्याख्या भी करता है। आदिवासियों की संस्कृति मूलतः अरण्य संस्कृति थी। आदिवासियों को वनों की पहुँच तक परम्परा प्राप्त ज्ञान है।

40. Consider the following statements and choose the correct options./ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. The term 'minority' refers to communities that are numerically small in relation to rest of the population./ 'अल्पसंख्यक' शब्द का इस्तेमाल ऐसे समुदायों के लिए किया जाता है जो संख्या की दृष्टि से बाकी आबादी के मुकाबले बहुत कम हैं।

B. The term 'minority' is not just about members but encompasses the issue of power, access to resources etc./ 'अल्पसंख्यक' शब्द केवल संख्या के सवाल तक ही सीमित नहीं है बल्कि सत्ता, संसाधनों तक पहुँच आदि मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं।

(a) A and B, both are correct/A और B, दोनों सही हैं।
(b) Only A is correct, B is incorrect
केवल A सही है और B गलत है।
(c) Only B is correct, A is incorrect
केवल B सही है और A गलत है।
(d) Both A and B are incorrect/A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कथन A और कथन B दोनों सही हैं। अल्पसंख्यक शब्द संस्कृत के दो शब्दों अल्प यानि थोड़ा या कम और संख्या शब्द का अर्थ दूसरे समूहों की तुलना में कम संख्या है। प्रति वर्ष 18 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। 1992 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार का गठन किया गया था। भारतीय संविधान में अल्पसंख्यक शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। भारत में मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन धर्म के लोग अल्पसंख्यक हैं।

41. Complete the sentence with appropriate option. We use inter disciplinary approach in teaching of social sciences to _____.
Choose the most appropriate option.
सबसे उचित विकल्प को लेते हुए, वाक्य को पूरा करें: सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में हम अंतर-विषयक उपागम का प्रयोग करते हैं _____।

(a) ensure that syllabus is completed/
यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाठ्यक्रम पूरा हो जाए।
(b) enable learning within the boundaries of disciplines/विषयगत सीमाओं के अंतर्गत अधिगम दशाएँ निश्चित करने के लिए।
(c) illustrate inter connection and interdependence between disciplines/विषयों के बीच अंतः सम्बन्ध तथा अंतः निर्भरता का निदर्शन करने के लिए।
(d) make class more lively and engaging/कक्षा को अधिक सजग एवं क्रियाशील बनाने के लिए।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में हम अन्तर-विषयक उपागम का प्रयोग विषयों के बीच अन्तर सम्बन्ध तथा अन्तः निर्भरता का निदर्शन करने के लिए करते हैं। अन्तर विषयक का अर्थ दो या दो से अधिक विद्यार्जन विषयों के मिश्रित अध्ययन क्षेत्र को कहते हैं। इस प्रकार अन्तर विषयक उपागम का आशय शिक्षण अधिगम की उस तकनीक से है, जो विभिन्न विषयों को इस प्रकार पढ़ाना है कि उनसे ज्ञान में पारस्परिक सम्बन्ध हो।

42. Social Science equips children mainly with the ability to/ सामाजिक विज्ञान बच्चों को प्रमुख रूप से तैयार करता है-

A. think independently.
स्वतन्त्र रूप से सोचने की क्षमता हेतु
B. question superstition.
अंधविश्वासों पर प्रश्न करने की क्षमता हेतु
C. unlearn gender biases and stereotypes.
लिंग पूर्वाग्रह और रूढ़ियों की बनी पूर्व समझ को तोड़ने की समझ बनाने हेतु।
D. follow rules and social code of conduct.
सामुदायिक नियमों और सामाजिक आचारों का पालन करने की क्षमता हेतु।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and B/ A और B
(c) A and C/ A और C
(d) A, B, C and D/ A, B, C और D

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण बच्चों को प्रमुख रूप से तैयार करता है–
(1) स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमता हेतु
(2) अंधविश्वासों पर प्रश्न करने की क्षमता हेतु
(3) लिंग पूर्वाग्रह और रूढ़ियों की बनी पूर्व समझ को तोड़ने की समझ बनाने हेतु।
सामाजिक विज्ञान बच्चों को सामुदायिक नियमों और सामाजिक आचारों का पालन करने की क्षमता हेतु नहीं तैयार करता है।

43. Sensitivity towards women's issues can be encouraged in classroom by
कक्षा में महिलाओं की समस्याओं की ओर संवेदनशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है:

A. asking students to read the textbook on women in history/छात्रों को इतिहास में महिला के ऊपर पाठ्यपुस्तकों को पढ़ने के लिए कहने के द्वारा।
B. listing the constitutional provisions for women/ महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधानों को सूचीबद्ध करने के द्वारा।
C. collective introspection on testimonies of discrimination/ भेदभाव के साक्ष्यों पर सामूहिक आत्मविश्लेषण के द्वारा।
D. discussing power relations between men and women in society/ सामाज में पुरूषों और महिलाओं के बीच शक्ति/बल सम्बन्धों पर चर्चा करने के द्वारा।

Choose the correct option./ सही विकल्प चुनिए:
(a) A and C/ A और C (b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D (d) C and D/ C और D

Ans. (d) : कक्षा में भेदभाव के साक्ष्यों पर सामूहिक आत्मविश्लेषण के द्वारा तथा समाज में पुरुषों और महिलाओं के बीच शक्ति/बल सम्बन्धों की ओर संवेदनशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिला समस्याओं की ओर संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने हेतु संवेदनशील मुद्दों (महिला सम्बन्धी) पर सद्भावपूर्वक संवाद का माध्यम अपनाया जा सकता है।

44. A teacher in a social science classroom, uses artifacts and folktales from a particular culture to build upon students' curiosity regarding that culture' is an example of
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अध्यापक एक विशेष संस्कृति के शिल्प-तथ्य और लोक-कक्षाओं का प्रयोग करता है, ताकि उस संस्कृति के संदर्भ में छात्रों की जिज्ञासा बनाई रखी जा सके। यह उदाहरण है:

A. story telling/ कहानी कथन का
B. role play/ रोल-प्ले का
C. source method/ स्त्रोत पद्धति का
D. open inquiry/ युक्त परिश्रम का

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/A और B (b) B and C/B और C
(c) A and D/A और D (d) C and D/C और D

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अध्यापक एक विशेष संस्कृति के शिल्प-तथ्य और लोक कक्षाओं का प्रयोग करता है, ताकि उस संस्कृति के सम्बन्ध में छात्रों की जिज्ञासा बनाई जा सके। यह उदाहरण स्रोत पद्धति एवं मुक्त परिप्रश्न का है। स्रोत विधि में अध्यापक छात्रों को सम्बन्धित वस्तु या स्थल को प्रत्यक्ष दिखाकर अध्यापन कार्य करता है। हम किसी वस्तु को प्रत्यक्ष देखकर जितना ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं पढ़कर उतना ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकते हैं। मुक्त परिप्रश्नों में छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाता है। इस पद्धति से शिक्षक छात्रों को एक अप्रतिबन्धित राशि का जवाब देने का मौका देते हैं।

45. Effective teaching of social science is crucially linked to/सामाजिक विज्ञान का प्रभावी शिक्षण महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है-

A. a shift from rote learning to comprehension, through the implementation of projects and assignments
परियोजनाओं और असाइनमेंट के कार्यान्वयन के माध्यम से रटने को समझने के लिए।

B. memory based questions and subjective evaluation techniques/ स्मृति स्तर शिक्षण और व्यक्तिपरक मूल्यांकन तकनीक से।

C. frequent use of complex and expensive teaching aids/अत्यधिक जटिल और महँगी शिक्षण सहायता का बार-बार उपयोग करने से।

D. the efficient functioning of the school library and teacher's ability and creatively to utilize the resources/स्कूली पुस्तकालय का सुचारू संचलन एवं संसाधनों को उपयोग में लाने की शिक्षक की क्षमता और सृजनात्मकता से।

Choose the correct option.
निम्न में से सही विकल्प चुनें:

(a) A and B/A और B (b) B and C/B और C
(c) A and C/A और C (d) A and D/A और D

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान का प्रभावी शिक्षण महत्त्वपूर्ण रूप से परियोजनाओं और असाइनमेंट के कार्यान्वयन के माध्यम से रटने को समझने के लिए तथा स्कूली पुस्तकालय का सुचारू संचलन एवं संसाधनों को उपयोग में लाने की शिक्षक की क्षमता और सृजनात्मकता से है। बच्चों में समस्या समाधान करने की योग्यता विकसित करना तथा रचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना भी सामाजिक विज्ञान शिक्षण से जुड़ा है।

46 What is the responsibility of a teacher in a democratic classroom?
एक लोकतांत्रिक कक्षा में शिक्षकों की क्या जिम्मेदारी है?

(a) Leaving classroom decision making to government/कक्षा संबंधी निर्णय सरकार के लिए छोड़ना।
(b) Overlook discipline issues in the class and focus on the syllabus/ कक्षा में अनुशासन संबंधी मुद्दों को नजरअंदाज करते हुए पाठ्यक्रम पर ध्यान देना।
(c) Establishing rules and regulations independent of students and management/ स्कूल प्रबंधन और छात्रों के बिना स्वतंत्र रूप से नियम और कायदे स्थापित करना।
(d) Providing a fair chance to all the students to freely express their views/ छात्रों को अपनी बात स्वतंत्र रूप से कहने के युक्तिपरक अवसर प्रदान करना।

Ans. (d) : एक लोकतांत्रिक कक्षा में छात्रों को अपनी बात स्वतंत्र रूप से कहने के लिए युक्तिपरक अवसर प्रदान करना शिक्षक की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित जिम्मेदारी है–
(1) छात्रों के साथ नियम और विनिवय स्थापित करें।
(2) सभी छात्रों को उचित अवसर प्रदान करें।
(3) छात्रों को विचारों के अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करें।
(4) प्रभावी संचार के लिए वातावरण निर्मित करें।
(5) प्रतिभाशाली बच्चों को धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की मदद करने की सलाह दें।

47. According to Kilapatrick, which of the following educational methods is the best method in teaching the concept of democracy?
किलपैट्रिक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी शैक्षिक विधि लोकतंत्र की संकल्पनाओं के शिक्षण के लिए सर्वोत्तम विधि है?

(a) Project method/ परियोजना (प्रोजेक्ट) विधि
(b) Play-way method/ खेल विधि
(c) Problem-solving method/समस्या-समाधान विधि
(d) Discovery method/ खोजबीन विधि

Ans. (a) : किलपैट्रिक के अनुसार परियोजना (प्रोजेक्ट) विधि लोकतंत्र की संकल्पनाओं के शिक्षण के लिए सर्वोत्तम विधि है। किसी विषयवस्तु के विशेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक कार्ययोजना बनाई जाती है और क्रियान्वित की जाती है। इसे ही परियोजना विधि कहते हैं। इस विधि का प्रतिपादन किलपैट्रिक ने किया था। किलपैट्रिक जॉन डीवी के शिष्य थे।

48. To discuss the theme 'Partition', which primary source could you bring to the class?
'विभाजन' विषय पर चर्चा के लिए आप कक्षा में कौन-सा प्राथमिक स्त्रोत ला सकते हैं?

(a) Photographs of the refugee camp in Old Fort, Delhi from 1948/ दिल्ली के पुराने किले में सन् 1948 के शरणार्थी कैंप की तस्वीरें/चित्र।
(b) The film 'Gadar: Ek Prem Kata'
गदर एक प्रेम कथा चलचित्र/फिल्म।
(c) The novel 'Train to Pakistan'
'ट्रेन टू पाकिस्तान' उपन्यास/नॉवल।
(d) Excerpts from the story 'Tamas'
'तमस' कहानी से उद्धरण।

Ans. (a) : विभाजन विषय पर चर्चा के लिए कक्षा में दिल्ली के पुराने किले में सन् 1948 के शरणार्थी कैम्प की तस्वीरें या चित्रों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करना प्राथमिक स्रोत के रूप में सर्वोत्तम होगा। कैम्प की तस्वीरें तत्कालीन परिस्थिति को वास्तविक स्वरूप को दर्शायेगी, जिससे विद्यार्थी विभाजन की वास्तविक स्थिति को जान सकेंगे। जबकि गदर एक प्रेम कथा चल चित्र काल्पनिक है और साथ ही समकालीन भी नहीं है। विभाजन की त्रासदी को खुशवंत सिंह ने 'ट्रेन टू पाकिस्तान' उपन्यास में दर्शाया है। भीस्म साहनी का उपन्यास 'तमस' भी विभाजन पर आधारित है।

49. Which of the following better reflect as social science class that provides opportunities for critical thinking?
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आलोचनात्मक चिंतन के बेहतर अवसर प्रदान करने वाली सामाजिक विज्ञान की कक्षा को बेहतर तरीके से दर्शाता है?

A. Students can ask questions only at the end of teaching activity./छात्र केवल शैक्षिक/शिक्षण गतिविधि के अंत में सवाल/प्रश्न पूछ सकते हैं।

B. The amount of time for students' questioning is more than teacher questioning. / छात्रों के प्रश्नकाल का समय शिक्षक के प्रश्नकाल के समय के अनुपात में अधिक है।

C. Evidences are made available on the topic discussed in the class./ कक्षा में चर्चा किए विषय पर प्रमाण उपलब्ध कराना।

D. Teacher seeks more than one view point on the topic./ शिक्षक को विषय पर एक से अधिक विचार/दृष्टिकोण चाहिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (b) : किसी विषयवस्तु के अर्थ, अवधारणा, गुण, अवगुण, पक्ष, विपक्ष इत्यादि सभी पक्षों पर विचार करना आलोचनात्मक चिंतन है। यदि छात्रों के प्रश्न काल का समय शिक्षक के प्रश्न काल से अधिक है, तो स्वतः सिद्ध है कि छात्र विषयवस्तु पर आलोचनात्मक चिंतन कर रहे हैं। इसी प्रकार कक्षा में चर्चा किये गये विषय पर प्रमाण उपलब्ध कराना और शिक्षक को विषय पर एक से अधिक विचार देना भी आलोचनात्मक चिंतन के बेहतर अवसर प्रदान करने वाली सामाजिक विज्ञान की कक्षा को बेहतर तरीके से दर्शाता है।

50. Suppose you wish to teach students to understand how wage rates are determined. Which of the following will be highly relevant?
मान ले कि आप छात्रों को वेतन दरें तय करना सिखाना चाहती हैं। निम्नलिखित में कौन-सा अति प्रासंगिक है?

A. Data collected from workers
श्रमिकों से आँकड़े एकत्रित कर।

B. Reports of governments on wages
वेतन पर सरकारी विवरण।

C. Labor laws/codes/ श्रम कानून/संहिता।

D. Consumer Expenditure Surveys
उपभोक्ता व्यय का सर्वेक्षण।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (a) : श्रमिकों से आँकड़े एकत्रित करना, वेतन पर सरकारी विवरण और श्रम कानून या संहिता इत्यादि वेतन दरों के निर्धारण में प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है। अतः एक शिक्षिका तीनों पहलुओं का प्रयोग कर छात्रों को वेतन दरें तय करना सिखा सकती है। उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण वेतन दरों से नहीं अपितु राष्ट्रीय आय की अवधारणा से सम्बन्धित है।

51. Read the statements A and B about a social science class and choose the correct answer.
सामाजिक विज्ञान की कक्षा के संदर्भ में A और B कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement A: Children must be kept away from knowing and enquiring into conflict.
कथन A : बच्चों को द्वंद्व/संघर्ष के बारे में जानने और पूछताछ से दूर रखना चाहिए।

Statement B : From pedagogical point of view, a conflict which has been settled, debated and discussed in the media, is the best to teach in the classroom.
कथन B : शिक्षाशास्त्रीय दृष्टिकोण से, जो द्वंद्व/संघर्ष मीडिया में निपटा दिया गया हो, जिसपर बहस एवं चर्चा हो चुकी हो, वह कक्षा में शिक्षण के लिए अधिक उपयुक्त होगा।

(a) A is true B is false/ A सही है और B गलत है।
(b) A is false and B is true/A गलत है और B सही है।
(c) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।
(d) Both A and B are true/ A और B दोनों सही हैं।

Ans. (b) : बच्चों को द्वन्द्व/संघर्ष के बारे में जानने और पूछताछ से दूर रखना चाहिए। यह कथन सर्वथा अनुचित है। इसके विपरीत बच्चों को संघर्षों के बारे में पूछना चाहिए और एक कुशल अध्यापक को उनकी जिज्ञासाओं को शान्त करना चाहिए। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टिकोण से जो संघर्ष मीडिया में निपटा दिया गया हो, जिस पर बहस और चर्चा हो चुकी हो, वह कक्षा में शिक्षण के लिए उपयुक्त होगा। यह कथन सत्य है।

52. Which of the following questions provide opportunities to answer using critical thinking perspectives?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन के दृष्टिकोण के प्रयोग द्वारा उत्तर के लिए अवसर प्रदान करता है?

A. Why women's representation is so low in India? Do you think America and Europe have achieved a satisfactory level of women's representation?/ क्यों भारत में महिलाओं का प्रतिनिधित्व इतना कम है? क्या आप समझते हैं कि अमेरिका और यूरोप ने महिलाओं के प्रतिनिधित्व के संतोषजनक स्तर को प्राप्त कर लिया है?

B. Would you agree with the statement that economic marginalization and social marginalization are interlinked? Why?/क्या आप इस बात से सहमत हैं कि आर्थिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं? क्यों?

C. What do you understand by the word 'government'? List five ways in which the government affects people./ आप 'सरकार' शब्द से क्या समझते हैं? पाँच तरीकों को सूचीबद्ध कीजिए जिनसे सरकार लोगों को प्रभावित करती है?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Only A/ केवल A
(b) A and B/ A और B
(c) B and C/ B और C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (b) : किसी विषयवस्तु के अर्थ, अवधारण, पक्ष, विपक्ष, गुण, अवगुण इत्यादि सभी पक्षों पर विचार करना आलोचनात्मक चिंतन है। अब परिभाषा के दृष्टिकोण से दिये गये प्रश्नों में A और B में आलोचनात्मक चिंतन के तत्व विद्यमान हैं, परन्तु C में केवल तथ्यों को पूछा गया है। प्रश्न A और B को हल करने में विद्यार्थी को आलोचनात्मक चिंतन के प्रयोग का अवसर प्राप्त होगा।

53. Which of the following are examples of primary sources?/ निम्नलिखित में से कौन-से उदाहरण प्राथमिक स्त्रोतों के हैं?

A. Photographs/ चित्र
B. Encyclopedia/ विश्वकोष
C. Speeches / भाषण
D. Diaries/डायरियाँ

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/A, B तथा C
(b) A, C and D/A, C तथा D
(c) B, C and D/B, C तथा D
(d) A and B/A तथा B

Ans. (b) : चित्र, भाषण और डायरियाँ प्राथमिक स्रोत के उदाहरण हैं, जबकि विश्वकोष द्वितीयक स्रोत से सम्बन्धित है। जो आँकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह/संस्था द्वारा एकत्रित किये जाते हैं, आँकड़ों के प्राथमिक स्रोत कहलाते हैं, जो आँकड़े किसी प्रकाशित या अप्रकाशित साधनों द्वारा एकत्र किये जाते हैं। आँकड़ों के द्वितीय स्रोत कहे जाते हैं।

54. Read the Assertion A and Reasoning R about general misconceptions about social sciences and choose the correct option.
सामाजिक विज्ञान के बारे में सामान्य भ्राँत-धारणाओं के संदर्भ में कथन A और R को पढ़िए।

Statement A: Social sciences receive less importance in curriculum when compared to other subjects.
कथन A: सामाजिक विज्ञान को पाठ्यचर्या में दूसरे विषयों की तुलना में कम महत्व मिलता है।

Statement R: Students feel uninterested in comprehending social science contents.
कारण R: क्षेत्र सामाजिक विज्ञान की अंतर्वस्तु को समझने में अरुचिकर या उदासीन महसूस करते हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं तथा R सही व्याख्या है A की।
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं, परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, but R is false
A सही है, R परन्तु गलत है।
(d) Both A and R are false
A और R दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कथन A सत्य है, क्योंकि हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मौद्रिक अर्थव्यवस्था अपनाने के कारण और आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य विषयों की तुलना में सामाजिक विज्ञान को कम महत्त्व मिलता है।
कारण R भी सत्य है और साथ ही कथन की व्याख्या भी सही कर रहा है छात्र सामाजिक विज्ञान की अंतर्वस्तु को समझने में अरूचिकर या उदासीन महसूस करते हैं।

55. The following are some parts of a typical project report./निम्नलिखित एक विशिष्ट परियोजना रिपोर्ट के कुछ भाग हैं-

A. Analysis and Discussion/ विश्लेषण तथा चर्चा
B. Summary and Conclusions/सारांश तथा निष्कर्ष
C. Background to Research Question
शोध प्रश्नों के लिए पृष्ठभूमि
D. Methodology and Data source
वर्गीकरण तथा आँकड़ों के स्त्रोत
E. Recommendations/ सुझाव

What could be the most appropriate sequencing of a project report?/परियोजना रिपोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त कौन-सा क्रम हो सकता है?

(a) B, D, E A and B/ B, D, E A तथा B
(b) C, B, A, D and E/ C, B, A, D तथा E
(c) C, D, A, B and E/ C, D, A, B तथा E
(d) D, E, B, A and C/ D, E, B, A तथा C

Ans. (c) : एक विशिष्ट परियोजना रिपोर्ट में सबसे पहले शोध प्रश्नों के लिए पृष्ठभूमि तैयार की जाती है। उसके बाद उसका वर्गीकरण तथा आकणों के स्त्रोत तैयार किये जाते हैं और उसके आँकड़ों के स्त्रोत का संकलन तत्पश्चात् आँकड़ों का विश्लेषण और चर्चा की जाती है। उसके बाद सारांश और निष्कर्ष होता है। परियोजना रिपोर्ट के अन्त में आवश्यक सुझाव दिया जाता है।

56. Which of the following is generally given least importance while formulating a rubric to evaluate a project report?
परियोजना रिपोर्ट के मूल्यांकन के लिए निर्देशों के सूत्रीकरण के लिए निम्नलिखित में किसे सबसे कम महत्व दिया जाता है?

(a) Learning outcomes/ अधिगम प्रतिफल
(b) Student participation/ विद्यार्थियों की प्रतिभागिता
(c) Presentation/ प्रस्तुतीकरण
(d) Teacher guidance/ शिक्षक का मार्गदर्शन

Ans. (d) : परियोजना रिपोर्ट के मूल्यांकन के लिए निर्देशों के सूत्रीकरण के लिए शिक्षक के मार्गदर्शन को सबसे कम महत्व दिया जाता है। जबकि अधिगम प्रतिफल विद्यार्थियों की प्रतिभागिता और प्रस्तुतीकरण का सर्वाधिक महत्त्व है, क्योंकि परियोजना आधारित शिक्षा में शिक्षार्थी करके सीखता है। इसलिए इसमें शिक्षक की भूमिका प्रायः नगण्य होती है।

57. Which cognitive process is assessed in the question-Examine the impact of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act in reducing poverty in India?
निम्न प्रश्न में कौन-सी ज्ञानात्मक प्रक्रिया का आकलन होता है? भारत में गरीबी कम करने में 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' के प्रभाव का अध्ययन कीजिए।

(a) Remember/स्मरण (b) Evaluate/मूल्यांकन
(c) Analyze/विश्लेषण (d) Create/सृजन

Ans. (b) : भारत में गरीबी कम करने में 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम' के प्रभाव का अध्ययन करने में मूल्यांकन नामक ज्ञानात्मक प्रक्रिया का आकलन होता है। आकलन मूल्यांकन के दौरान होने वाली प्रक्रिया है। शाब्दिक रूप में मूल्यांकन का अर्थ मूल्य का मापन करना है। मनरेगा को 7 सितम्बर, 2005 को अधिनियमित किया गया 12 अक्टूबर 2009 को इसका नामकरण मनरेगा किया गया। इसके पूर्व इसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (नरेगा) के नाम से जाना जाता था।

58. Which of the following questions assesses the conceptual knowledge?/निम्नलिखित प्रश्नों में कौन-सा संकल्पनात्मक ज्ञान को आँकता है?

(a) Why is it that we cannot go to the centre of earth? Give reasons/हम धरती के केंद्र तक क्यों नहीं जा सकते हैं? कारण दीजिए।
(b) What are exogenic and endogenic forces? अंतर्जनित व बहिर्जनित बल क्या होता है?
(c) Why is the quality of air deteriorating? Give reason and ways and means to improve its quality/वायु की गुणवत्ता खराब क्यों हो रही है? कारण बताएँ और वायु की गुणवत्ता को सुधारने के लिए रास्ते तथा साधन बताएँ।
(d) Why is the ocean water salty? Give reasons सागर का जल नमकीन क्यों होता है? कारण बताएँ।

Ans. (b) : संकल्पनात्मक ज्ञान का सम्बन्ध सीखने वाले के मस्तिष्क में संकल्पनाओं के निर्माण एवं विकास से है। अन्तर्जनित और बर्हिजनित बल क्या होता है? इस प्रश्न को हल करने में संकल्पनात्मक ज्ञान को आँका जाता है। अंतर्जनित बल-पृथ्वी के आंतरिक भागों से उत्पन्न होता है तथा बहिर्जनित बल पृथ्वी की सतह पर उत्पन्न होता है।

59. Which of the following should be considered while developing evaluation procedure as per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act 2009?
निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा बाल अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार मूल्यांकन कार्यप्रणाली के विकास के समय निम्नलिखित में से कौन-सा विचारणीय होना चाहिए?

(a) Children need to be given home work regularly/बच्चों को नियमित रूप से गृह-कार्य दिया जाना चाहिए।
(b) As far as possible, corporal punishment should be avoided/जहाँ तक हो सके, शारीरिक दण्ड की उपेक्षा की जानी चाहिए।
(c) Examination should be conducted only after completing the syllabus/परीक्षा केवल पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद होनी चाहिए।
(d) Make the child free of fear, trauma and anxiety/बच्चे को भय, अभिघात और चिंता मुक्त बनाएँ।

Ans. (d) : निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा बाल अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार मूल्यांकन कार्य प्रणाली के विकास के समय बच्चे के भय, अभिघात और चिंतामुक्त बनाना विचारणीय होना चाहिए। संविधान के 86वें संशोधन से अनुच्छेद 21 (क) में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी।

60. Assessment for learning in a Social Science classroom warrants
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अधिगम के लिए आकलन निश्चित करता है:

A. Teachers to review and modify his/her teaching learning process./ शिक्षक को अपनी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को पुनरावलोकन /समीक्षा तथा रूपांतरित करने के लिए।
B. Frequently use of peer assessment by students./ छात्रों का अपने समवयस्कों के आकलन का लगातार प्रयोग करना
C. Use of multiple strategies of assessment./ आकलन की बहुविध रणनीतियों का प्रयोग करना।
D. Use of Board directions while formulating assessment framework./ आकलन की रूपरेखा को प्रतिपादित करते समय बोर्ड के दिशा-निर्देशों का प्रयोग।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/A, B और C
(b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अधिगम के लिए आकलन शिक्षक को अपनी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को पुनरावलोकन/समीक्षा तथा रूपान्तरित और आकलन की बहुविध रणनीतियों का प्रयोग करना निश्चित करता है। अधिगम या सीखने के लिए आकलन से शिक्षक विद्यार्थी के ज्ञान, समझ व कौशल को जान पाता है। तदानुरूप शिक्षण शैली का प्रयोग करके अध्यापन कार्य करता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 31 दिसंबर, 2021)

1. The Harappans belonged to the
''हड़प्पा'' निवासी संबंध रखते थे:

(a) Bronze Age/ काँस्य युग से
(b) Copper Age/ ताँबा (ताम्र) युग से
(c) Brass Age/ पीतल युग से
(d) Iron Age/ लौह युग से

Ans. (a) : हड़प्पा निवासी काँस्य युग से सम्बन्ध रखते थे। हड़प्पा या सिंधु घाटी सभ्यता काँस्ययुगीन सभ्यता थी। जो ताम्रयुगीन और लौहयुगीन संस्कृति के बीच की संक्रमण की स्थिति थी।

नवपाषाण-काल के अन्त में धातु का इस्तेमाल शुरु हुआ। ताँबा पहली धातु थी जिसका इस्तेमाल मानव ने किया। पत्थर और ताँबा दोनों के इस्तेमाल पर आधारित संस्कृति को ताम्र-पाषाण संस्कृति कहते हैं। काँसा, ताँबा और रांगा की मिश्र धातु है।

2. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
दिए गए कथनों (A) तथा (B) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए

(A) : Historians do see time just as a passing of hours, days or years/ कथन (A): इतिहासकार समय को केवल घंटों, दिन या वर्षों के बीतने के रूप में देखते हैं।

(B) : Time reflect changes in social and economic organization./ कथन (B) समय सामाजिक और आर्थिक संगठन में आने वाले परिवर्तन को दर्शाता है।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)
(A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)
(A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) true, but (B) is false
(A) सही है पर (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है पर (B) सही है।

Ans. (d) : इतिहासकार समय को केवल घड़ी, कैलेंडर, घण्टों, दिन या वर्षों के बीतने के रूप में ही नहीं देखते है। उनका नजरिया यह है कि समय सामाजिक और आर्थिक संगठन में आने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है,कि विचारों और विश्वासों में कितना स्थायित्व रहा है और कितना परिवर्तन आया है। इस प्रकार स्पष्ट है दिये गये दोनों कथनों में कथन A है गलत है तथा कथन B सही है।

3. 'Kitab al- Hind' was written by
'अल-हिन्द' किताब को किसने लिखा?

(a) Al-Idrisi / अल-इदरिसी
(b) Al-Biruni / अल-बेरूनी
(c) Al-Zaruni / अल-जरूनी
(d) Al-Duhail / अल-दुहैल

Ans. (b) : अलहिन्द (किताब-उल-हिन्द) किताब को अरबी भाषा में अल-बेरुनी ने लिखी है। यह एक विस्तृत ग्रंथ है जो धर्म, दर्शन, त्योहारों, खगोल विज्ञान, रीति-रिवाजों, प्रथाओं, कानून, मापन विधियों, मूर्तिकला, सामाजिक जीवन आदि विषयों के आधार पर अस्सी अध्यायों में विभाजित है।

4. The sharing of architectural styles amongst different regions between the eighth and eighteenth centuries was because _____
आठवीं और अठारहवीं सदी के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में साझी वास्तुकला शैलियां पाई जाती हैं क्योंकि:-

(a) the creation of large empires brought different regions together resulting in cross-fertilization of forms and styles./ बड़े साम्राज्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों को साथ लाना और परिणाम-स्वरूप उनकी आकार और शैलियों का परस्पर संकरण होना।
(b) the need to synchronize led to duplication of majestic creations of the powerful empire. / संक्रमण द्वारा शानदार रचनाओं का शक्तिशाली साम्राज्यों में पुर्नावृत्ति की आवश्यकता पैदा करना।
(c) the emperors wanted to spread their architectural legacy across regions to mark supremacy./ सम्राट विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रभुत्व जमाने के लिए अपनी वास्तुकला का प्रसार करना चाहते थे।
(d) smaller kingdoms wanted to show their loyalty and copied the architectural style of the bigger empire. / अपनी स्वामी-भक्ति को प्रकट करने के लिए छोटे राजाओं द्वारा बड़े साम्राज्य की वास्तुशैली नकल की गई।

Ans. (a) : आठवीं और अठारहवीं सदी के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में साझी वास्तुकला शैलियाँ पाई जाती है। क्योंकि बड़े साम्राज्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों को साथ लाना और परिणामस्वरूप उनकी आकार और शैलियों का परस्पर संकरण होना था। विजयनगर में राजाओं की गजशालाओं पार बीजापुर और गोलकुंडा जैसी आस-पास की सल्तनतों की वास्तुकलात्मक शैली का बहुत प्रभाव पड़ा था।

5. Consider the statements A and B and choose the correct option.
निम्न कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

A : About 2000 years ago, there was a famous physician named Charaka. He stated that human body has 360 bones
कथन (A) : आज से लगभग 2000 साल पहले चरक नाम के एक वैद्य पैदा हुए थे। उन्होंने कहा था कि मनुष्य के शरीर में 360 हड्डियाँ होती हैं।

B : Charaka arrived at his figure by counting the teeth, joints and cartilages
कथन (B) : दांतों के जोड़ और उपास्थियों के संयोजन से चरक इस संख्या पर पहुँचे थे।

(a) Both A and B are true
A और B दोनों सही हैं।
(b) Both A and B are false
A और B दोनों गलत हैं।
(c) A is true and B is false
A सही है और B गलत हैं।
(d) B is true and A is false
B सही है और A गलत हैं।

Ans. (a) : आज से लगभग 2000 साल पहले चरक नामक वैद्य ने कहा था, कि मनुष्य के शरीर में 360 हड्डियाँ होती है। यह आधुनिक शरीर रचना विज्ञान की 206 हड्डियों से काफी ज्यादा है। सम्भवतः चरक ने अपनी गिनती में दाँत, हड्डियों के जोड़ और कार्टिलेज को जोड़कर यह संख्या बताई थी। इस प्रकार प्रश्नगत दोनों कथन सही है।

6. Match the following/निम्नलिखित का सुमेल कीजिए:

Dance form /(नृत्य शैली)		State/(राज्य)	
a.	**Kathak/ कत्थक**	**i.**	**Andhra Pradesh आंध्र प्रदेश**
b.	**Bharatanatvam भरतनाट्यम**	**ii.**	**Tamil Nadu तमिलनाडु**
c.	**Kathakali कथकली**	**iii.**	**Uttar Pradesh उत्तर प्रदेश**
d.	**Kuchipudi कुचिपुड़ि**	**iv.**	**Kerala/ केरल**

(a) a-iii, b-i, c-ii, d-iv (b) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(c) a-iii, b-iv, c-i, d-ii (d) a-ii, b-i, c-ii, d-iv

Ans. (b) : सही सुमेल इस प्रकार है –

कत्थक	– उत्तर प्रदेश
भरतनाट्यम	– तमिलनाडु
कथकली	– केरल
कुचिपुड़ी	– आंध्र प्रदेश

7. Which of the following is the correct order (Starting form earliest revolt) of communities revolted against the rule?
निम्नलिखित समुदायों का सही क्रम कौन-सा है जिन्होंने शासकों के खिलाफ विद्रोह किया (प्रारंभिक विद्रोह से आरंभ करते हुए)

(a) Santhals, Kols, Bastar, Warli
संथाल, कोल,बस्तर, वर्ली
(b) Kols, Snathals, Bastar, Warli
कोल, संथाल, बस्तर, वर्ली
(c) Snathals, Bastar, Kols, Warli
संथाल, बस्तर, कोल, वर्ली
(d) Kols, Snathals, Warli, Bastar
कोल, संथाल,वर्ली, बस्तर

Ans. (b) :

कोल विद्रोह	– 1831-32
संथाल विद्रोह	– 1855
बस्तर विद्रोह	– 1910
वर्ली विद्रोह	– 1940

इस प्रकार विद्रोह का सही क्रम है– कोल, संथाल, बस्तर तथा वर्ली।

8. Consider the following statements about tribals in India and choose the correct option.
आदिवासियों के विषय में निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें और सही विकल्प की पहचान करें-

(A) Tribal chiefs lost much of their administrative powers during colonial time.
आदिवासी मुखियाओं ने औपनिवेशिक काल में अपनी प्रशासनिक शक्तियों को खो दिया।

(B) Tribal chiefs were allowed to keep their land titles over cluster of villages.
आदिवासी मुखियाओं को कुछ गाँवों की भूमि पर अपना स्वामित्व बनाए रखने की अनुमति दी गई।

(C) Tribal chiefs enjoyed their traditional authority among their people.
अपने लोगों में, आदिवासी-मुखियाओं का परंपरागत आधिपत्य बना रहा।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) सही हैं।
(b) Both (B) and (C) are true/(B) और (C) सही हैं।
(c) Both (A) and (C) are true/(A) और (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true /(A), (B) और (C) सही हैं।

Ans. (a) : ब्रिटिश शासन के तहत आदिवासी मुखियाओं के कामकाज और अधिकार काफी बदल गये थे। उन्हें कई-कई गाँवों पर जमीन का मालिकाना हक तो मिला रहा, लेकिन उनकी शासकीय शक्तियाँ छिन गई और उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा बनाए गये नियमों को मानने के लिए बाध्य कर दिया गया। उन्हें अंग्रेजों को नजराना देना पड़ता था और अंग्रेज के प्रतिनिधि की हैसियत से अपने समूहों को अनुशासन में रखना पड़ता था।
इस प्रकार दिये गये प्रश्नगत कथनों में कथन A और B सही है।

9. Consider the following statements on women and reform and choose the correct option.
महिलाओं और सुधार के संदर्भ में निम्नलिखित वक्तव्य को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।

Statement A: The knowledge of ancient texts helped reformers promote new laws during British rule.
वक्तव्य A: ब्रिटिश शासन के दौरान प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान ने सुधारकों को नए कानूनों को प्रचारित करने में सहायता की।

Statement B: The reformers discarded ancient texts in order to go in for reforms in social practices.

वक्तव्य B: सामाजिक प्रथाओं में सुधार के सुधारकों ने प्राचीन ग्रंथों को नकार दिया।

(a) A is true but B is false/A सही है,परन्तु B गलत है।
(b) A is false but B is true/A गलत है,परन्तु B A सही है।
(c) Both A and B are true/A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत है।

Ans. (c) : ब्रिटिश शासन के दौरान प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान ने सुधारकों को नए कानूनों को प्रचारित करने में सहायता की। इन सुधारकों में स्वामी दयानंद सरस्वती प्रमुख रूप से थे। सामाजिक प्रथाओं में सुधार के लिए कुछ सुधारकों ने प्राचीन ग्रंथो को नकार दिया। इस प्रकार दिये गये दोनों प्रश्नगत कथन सही है।

10. Periyar led the Non-Brahman movement in Tamil Nadu. It posed several challenges to the caste system.
Consider the following statements and choose the correct option.
तमिलनाडु में पेरियार ने गैर ब्राह्मण आन्दोलन आरंभ किया । इसने जाति-प्रथा को कई चुनौतियाँ दी। निम्न कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनें।

(a) He started the temple-entry movement./ उन्होंने मंदिर-प्रवेश आंदोलन आरंभ किया।
(b) He gave the slogan 'Ore Jati', ore madam, ore devam manushyan' (Human has one caste, one religion, one God)./ उन्होंने ''मानवता की एक जाति, एक धर्म ,एक ईश्वर'' का नारा दिया।
(c) He started the self-Respect movement./ उन्होंने स्वाभिमान आंदोलन आरंभ किया।
(d) He established the ved Samaj in Madras in 1864./ उन्होंने मद्रास में 1864 में वेद समाज की स्थापना की।

Ans. (c) : तमिलनाडु में पेरियार ने 20वीं शताब्दी के आरम्भ में गैर ब्राह्मण आन्दोलन की शुरुआत की। इसने जाति प्रथा को कई चुनौतियाँ दी तथा स्वाभिमान आंदोलन आरंभ किया।
मंदिर प्रवेश आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1927 में अम्बेडकर ने किया। जिसमें महार जाति के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।
केरल के ऐझावा जाति के श्री नारायण गुरु ने अपने लागों के बीच एकता का आदर्श रखा। उन्होंने जातिगत भिन्नता के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव करने का विरोध किया। उनका एक महत्वपूर्ण कथन था– 'ओरु जाति, ओरु मतम, ओरु दैवम मनुष्यानु' (मानवता की एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर)।
वेद समाज की स्थापना केशव चंद्र सेन और के. श्री धरालु नायडू ने 1864 में मद्रास (चेन्नई) में की थी।

11. Jyotirao Phule criticized caste inequality by
ज्योतिराव फुले ने जाति-असमानता की आलोचना किसके द्वारा की _____

(a) reading and quoting religious texts to refute caste system/ जाति व्यवस्था के खंडन हेतु धर्मग्रन्थों को पढ़ना और उनको उद्धृत करना।
(b) arguing that Aryans were foreigners and subjugated the local population to introduce caste system/ यह तर्क देकर कि आर्य विदेशी थे और उन्होंने मूल निवासियों पर अधिपत्य स्थापित कर जाति-व्यवस्था लागू की।
(c) relying on scientific claims of biological similarity of all humans/ सभी मनुष्यों की विज्ञान आधारित जैविक समानता के दावे को मानकर।
(d) getting influenced by Bhakti and Sufi Movements of previous centuries / पूर्व-सदियों में भक्ति और सूफी आन्दोलनों से प्रभावित होकर।

Ans. (b) : ज्योतिराव फुले ने जाति, असमानता की आलोचना की। इसके पीछे का तर्क था कि आर्य विदेशी थे, जो उपमहाद्वीप के बाहर से आये थे और उन्होंने इस मिट्टी के असली वारिसों को हराकर उन्हें गुलाम बना लिया था। जब आर्यों ने अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया तो वे पराजित जनता को नीच, निम्न जाति वाला मानने लगे अर्थात् उन्होंने जाति व्यवस्था लागू की।

12. Mahatma Gandhi called for which campaign against Jallianwala Bagh massacre?
जलियाँवाला कांड के विरुद्ध महात्मा गांधी ने किस अभियान का आह्वान किया-

(a) Rowlett Satyagraha/ रॉलट सत्याग्रह
(b) Non-Cooperation Movement/ असहयोग आंदोलन
(c) Khilafat Movement/ खिलाफत आंदोलन
(d) Civil Disobedience Movement/ सविनय अवज्ञा आंदोलन

Ans. (b) : 13 अप्रैल, 1919 को जलियाँवाला बाग में आयोजित एक शांतिपूर्ण बैठक में शामिल लोगों पर ब्रिगेडियर जनरल रेगीनाल्ड डायर ने गोली चलाने का आदेश दिया जिसमें हजारो निहत्थे पुरुष, महिलाएँ और बच्चे मारे गए थे। इसके विरोध में महात्मा गाँधी ने अपना पहला, बड़े पैमाने पर और निरंतर अहिंसक विरोध (सत्याग्रह) अभियान, असहयोग आंदोलन (1920-22) की शुरुआत की।

13. If you had to use Moderate Methods in present times to voice your dissent against any authority, which of the following would be the correct method to apply?
यदि वर्तमान समय में आपको सत्ता के विरुद्ध अपनी नाराज़गी को संयत/नरमपंथी तरीके से कहना हो तो निम्नलिखित में से उसे लागू करने के लिए कौन सा तरीका होगा?

A. use of force/ बल का प्रयोग
B. demonstrations/ प्रदर्शन
C. writing articles लेख लिखना
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A and B/ A तथा B
(b) A and C/ A तथा C
(c) B and C/ B तथा C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (c) : यदि वर्तमान समय में आपको सत्ता के विरूद्ध अपनी नाराजगी को संयत/नरमपंथी तरीके से कहना है तो उसे लागू करने के लिए प्रदर्शन करना तथा पत्र-पत्रिकाओं में लेख लिखना सही तरीका होगा।

14. English continued to be used in India after independence because
भारत में स्वतंत्रता के उपरान्त अंग्रेजी भाषा का प्रयोग जारी है क्योंकि-

(a) this was a condition given by the British Viceroy before leaving./ यह एक शर्त थी जो ब्रिटिश वायसरॉय ने भारत छोड़ने से पहले रखी थी।
(b) it would help in smooth transactions of administration from colonial to independent India./ यह प्रशासनिक परम्पराओं को औपनिवेशिक भारत से स्वतंत्र भारत में सरल रूप से परिवर्तित होने में सहयोग देगी।
(c) there was demand from non-Hindu speaking states for a language that was understood by them./ गैर-हिन्दी भाषी भारतीय राज्यों की माँग एक उनके समझ में आने वाली भाषा की थी।
(d) the Indian government wanted to control the demands for creation of linguistic states./ भारत सरकार भाषा आधारित राज्य बनाने की माँग पर काबू रखना चाहती थी।

Ans. (c) : भारत में स्वतंत्रता के उपरान्त अंग्रेजी भाषा का प्रयोग जारी है, क्योंकि यह गैर हिन्दी भाषी भारतीय राज्यों की माँग एक उनके समझ में आने वाली भाषा की थी।
स्वतंत्रता के बाद कुछ नेताओं ने अंग्रेजी के उन्मूलन और हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में बढ़ावा देने की वकालत की। दूसरी ओर गैर हिन्दी क्षेत्र के नेता इस अवधारणा के विरोधी थे। वह नही चाहते थे कि उन जगहों के निवासियों को हिन्दी सीखने के लिए बाध्य किया जाय। अंत में निर्धारित किया गया कि हिन्दी राजकीय भाषा होगी, अंग्रेजी का उपयोग अंतर-राज्यीय संचार के लिए किया जायेगा।

15. Read the statements A and B on stars and select the correct answer.
तारों के बारें में दिए गए निम्न कथनों (A) और (B) को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:
Statement A : The sun is a star.
कथन A : सूर्य एक तारा है।
Statement B : Countless twinkling stars in the night sky are similar to the sun.
कथन B : रात के समय चमकते हुए अनगिनत तारे सूर्य के समान ही है।
(a) A is true but B is false/ A सही है,B गलत है
(b) A is false but B is true/ A गलत है,B सही है
(c) Both A and B are true/ दोनों Aऔर B सही है
(d) Both A and B are false/ दोनों A और B गलत है

Ans. (c) : सूर्य एक तारा है। रात के समय चमकते हुए अनगिनत तारे सूर्य के समान ही है। लेकिन हमसे बहुत अधिक दूर होने के कारण हम लोग उनकी ऊष्मा या प्रकाश को महसूस नहीं करते है तथा वे अत्यंत छोटे दिखाई पड़ते है। इस प्रकार तारे के बारे में दिये दोनों प्रश्नगत कथन सही है।

16. Which of the following structures connects the continent of North America to the continent of South America?
निम्नलिखित में से कौन सी संरचना उत्तरी अमेरिका महाद्वीप को दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से जोड़ती है?
(a) Mountain Range/ पर्वत शृंखला
(b) Isthmus/ स्थलसंधि
(c) Canal/ नहर
(d) Strait/ जल-डमरूमध्य

Ans. (b) : स्थल संधि के संरचना उत्तरी अमेरिका महाद्वीप को दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से जोड़ती है। उत्तरी अमेरिका तथा दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप पनामा देश की पूर्वी सीमा में एक संकरे स्थल से जुड़े है जिसे 'पनामा स्थल संधि' कहा जाता है तथा यह स्थल संधि अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से अलग करती है।

17. Identify the type of forest on the basis of features A, B and C listed below.
निम्न सूचीबद्ध लक्षणों A, B और C के आधार पर वन के प्रकार की पहचान कीजिए:
(A) These forests are also called monsoon forests.
इन वनों को मानसूनी वन भी कहा जाता है।
(B) Important trees of these forests are sal, teak, peepal, neem and shisham.
इन वनों के महत्वपूर्ण पेड़ साल, सागौन, पीपल, नीम एवं शीशम है।
(C) They are found in Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand, Chhattisgarh, Orissa and in parts of Maharashtra.
ये मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा महाराष्ट्र के कुछ भागों में पाए जाते हैं।
(a) Tropical deciduous forest
उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन
(b) Tropical Rain forest/ उष्ण कटिबंधिय वर्षा वन
(c) Mangrove forest/ मैंग्रोव वन
(d) Mountain forest/ पर्वतीय वन

Ans. (a) : उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन मानसूनी वन होते है। इन वनों में पाये जाने वाले वृक्षों में साल, सागौन, नीम तथा शीशम है। भारत में ये वन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा महाराष्ट्र के कुछ भागों में पाये जाते है। भारत के अलावा इस प्रकार के वन उत्तरी आस्ट्रेलिया एवं मध्य अमेरिका के बड़े हिस्सों में भी पाये जाते है।
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन को उष्णकटिबंधीय वर्षा वन कहा जाता है। इन वनो में रोजवुड, आबनूस, महोगनी आदि के वृक्ष पाये जाते है।

18. The type and thickness of natural vegetation varies from place to place because of the variation in which of the following factors?
इनमें से कौन घटकों में अंतर के कारण किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एवं प्रकार में भी परिवर्तन होता है?
Chose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
a. (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
b. (C) and (D) only/केवल (C) और (D)
c. (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B) और (C)
d. (A), (B) and (D) only/केवल (A), (B) और (D)
(A) Temperature and moisture/तापमान एवं नमी
(B) Latitude and altitude/ अक्षांश एवं ऊँचाई
(C) Slope and thickness of soil
ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई
(D) Direction of wind blowing
पवन के बहने की दिशा

Ans. (c) : स्थल की ऊँचाई एवं वनस्पति की विशेषताएँ एक दूसरे से सम्बन्धित है। ऊँचाई में परिवर्तन के साथ जलवायु में परिवर्तन होता है तथा इसके कारण प्राकृतिक वनस्पति में भी बदलाव आता है। वनस्पति की वृद्धि तापमान एवं नमी पर निर्भर करता है।
ढ़ाल एंव मिट्टी की परत की मोटाई में अंतर के कारण भी किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एंव प्रकार में भी परिवर्तन होता है।

19. Rhine Valley and Vosges Mountains are example of :
राइन घांटी और वॉसजेस पर्वत उदाहरण हैं:
(a) Block Mountains/ भ्रंशोत्थ पर्वत
(b) Fold Mountains/ वलित पर्वत
(c) Volcanic Mountains/ ज्वालामुखी पर्वत
(d) Glaciers/ ग्लेशियर

Ans. (a) : राईन घाटी तथा वॉसजेस पर्वत भ्रंशोत्थ पर्वत के उदाहरण है। जब बहुत बड़ा भाग टूट जाता है तथा ऊर्ध्वाधर रूप से विस्थापित हो जाता है तब भ्रशोत्थ पर्वतों का निर्माण होता है। ऊपर उठे हुए खण्ड को उत्खंड (हार्स्ट) तथा नीचे धँसे हुए खण्ड को द्रोणिका भ्रंश (ग्राबेन) कहा जाता है।

20. Which of the following is an example of desert?
निम्नलिखित में से कौन-सा रेगिस्तान का उदाहरण है?
(a) Sunderban/ सुंदरवन
(b) Eastern Ghats/ पूर्वी घाट
(c) Ladakh/ लद्दाख
(d) Sahyadri/ सह्याद्रि

Ans. (c) : लद्दाख रेगिस्तान का उदाहरण है। जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व में वृहत हिमालय में स्थित लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है। चूँकि यह हिमालय के वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित है। अतः यहाँ वर्षा बहुत ही कम होती है। अत्यधिक ऊँचाई के कारण यहाँ की जलवायु अत्यधिक शीतल एवं शुष्क होती है।

21. Which of the following statement / statement explain the cause for less variation in temperature over the sea.
निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से कथन समुद्र के ऊपर तापमान में कम भिन्नता को समझाता/समझाते हैं:
(A) Presence of ocean currents maintain a constant temperature.
समुद्री धाराओं की उपस्थिति तापमान को स्थिर बनाए रखती है।
(B) Most of the seas are located near the poles.
अधिकतर समुद्र ध्रुवों के आस-पास पाए जाते है।
(C) Sea water gets heated slowly and loses heat slowly.
समुद्र का पानी धीरे-धीरे गर्म और धीरे-धीरे ठंडा होता है।
(D) Presence of high atmospheric pressure contributes to less variation of temperature.
उच्च वायुदाब की उपस्थिति तापमान में कम भिन्नता में योगदान देती है।
(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct/ केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is correct/केवल (C) सही है।
(d) Both (C) and (D) are correct
दोनो (C) तथा (D) सही है।

Ans. (c) : समुद्र का पानी धीरे-धीरे गर्म और धीरे-धीरे ठंडा होता है। यह कथन समुद्र के ऊपर तापमान में कम भिन्नता को समझाता/समझाते है, क्योंकि गर्म महासागरी धाराएँ ठंडे क्षेत्रों में तापमान को बढ़ा देती है, जबकि ठंडी धाराएँ गर्म महासागरीय क्षेत्रों में तापमान को घटा देती है।

22. Identify the layer of the atmosphere on the basis of the given statements.
दिए गए कथनों के आधार पर वायुमंडल की परत को पहचानें:
(A):The layer is almost free from clouds and associated weather phenomenon
यह परत बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है।
(B): It contains a layer of ozone gas.
इसमें ओजोन गैस की परत होती है।
(a) Thermosphere/ बाह्य वायुमंडल
(b) Mesosphere/ मध्यमंडल
(c) Troposphere/ क्षोभमंडल
(d) Stratosphere/ समतापमंडल

Ans. (d) : समतापमंडल बादलों एवं मौसम सम्बंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है। जिसके फलस्वरूप यहाँ की परिस्थितियाँ हवाई जहाज उड़ाने के लिए आदर्श होती है। समताप मंडल की एक महत्वपूर्ण विशेषता ओजोन गैस की परत का होना है। धरातल से समताप मंडल की ऊँचाई 50 किमी. है। यह क्षोभमंडल के ऊपर वाली परत है। इस परत की खोज टीजरेंस डी बोर्ट ने किया था।

23. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
(A) Human beings cannot survive if there is no air and air pressure in the atmosphere.
यदि वायुमंडल में वायु व वायुदाब उपस्थित न हो तो मनुष्य जीवित नहीं रह सकता।
(B) Air presses us with a great force on our body similarly our body exerts a counter pressure.
वायु हमारे शरीर पर उच्च दाब के साथ बल लगाती है। उसी तरह हमारा शरीर भी विपरीत बल लगाया है।
(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)
दोनों (A) तथा (B) सही हैं तथा (B) , (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)
दोनों (A) तथा (B) सही हैं किन्तु (B) , (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true and (B) is false
(A) सही है तथा (B) गलत है।
(d) (A) is false and (B) is true
(A) गलत है तथा (B) सही है।

Ans. (a) : यदि वायुमण्डल में वायु व वायुदाब न हो तो मनुष्य जीवित नहीं रह सकता। वायु हमारे शरीर पर उच्च दाब के साथ बल लगाती है किन्तु इसका हम अनुभव नहीं करते क्योंकि वायु का दाब हमारे ऊपर सभी दिशाओं से बल लगाता है और हमारा शरीर विपरीत बल लगाता है। इस प्रकार दोनों कथन सही है, तथा B, A की सही व्याख्या करता है।

24. Read the following and choose the correct sentence/sentences about the means of transport.
यातायात के साधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही कथन/कथनों का चयन कीजिए।

(A) Roadways are most commonly used means of transport especially for short distances.
कम दूरी यातायात के लिए सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले सड़क मार्ग हैं।

(B) Waterways are the cheapest for carrying heavy and bulky goods over long distance.
अधिक दूरी में भारी व बड़े आकार वाले सामानों को ढोने के लिए जलमार्ग सबसे सस्ता है।

(C) Railways are extremely useful in reaching inaccessible and difficult terrains.
अगम्य और दुर्गम क्षेत्रों में पहुँचने के लिए रेलमार्ग बहुत ही सहायक हैं।

(D) Airways are most expensive and only mode to reach the most remote and distant areas
वायु यातायात सबसे महँगा है तथा दुर्गम व दुरूह स्थानों तक पहुँचने का एकमात्र साधन है।

(a) Only (A) and (B) are correct
केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (C) and (D) are correct
केवल (C) और (D) सही है।
(c) Only (A), (B) and (C) are correct
केवल (A), (B) और (C) सही है।
(d) Only (A), (B) and (D) are correct
केवल (A), (B) और (D) सही है।

Ans. (d) : परिवहन के चार मुख्य साधन है– सड़क मार्ग, रेलमार्ग, जलमार्ग एवं वायुमार्ग। कम दूरी यातायात के लिये सबसे अधिक उपयोग किये जाने वाले मार्ग सड़क है, जबकि अधिक दूरी में भारी एवं बड़े आकार वाले सामानों को ढोने के लिए जल मार्ग सबसे सस्ता साधन है। इसके अलावा वायुमार्ग में ईधन की लागत अधिक होने के कारण यह सर्वाधिक महँगा साधन है तथा यह यातायात का अकेला साधन है जो सर्वाधिक दुर्गम एवं दुरुह स्थानों तक पहुँच सकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रश्नगत कथनों में A, B तथा D कथन सही है।

25. While teaching about migration is her class which of the following factors could be considered as relevant by the teacher?
एक शिक्षिका द्वारा कक्षा में प्रवास विषय पढ़ाते हुए निम्न में कौन-से कारक प्रासंगिक समझे जाएंगे?

(A) Availability of work opportunities
कार्य के बेहतर अवसर उपलब्ध होना।

(B) Improving standards of living
जीवन यापन के बेहतर होते तरीके।

(C) Marriage/ विवाह

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) and (B)/ केवल (A) और (B
(b) Only (B) and (C)/ केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/ केवल (A) और (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ सभी (A), (B) और (C

Ans. (d) : एक शिक्षिका द्वारा कक्षा में प्रवास विषय पढ़ाते समय कार्य के बेहतर अवसर उपलब्ध होना, जीवन यापन के बेहतर होते तरीके तथा विवाह जैसें कारक प्रासंगिक समझे जायेंगे।

26. Which of the following is odd in reference to steel producing centres in India?
निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म भारत में इस्पात उत्पादन केन्द्रों के संदर्भ विषम हैं?

(a) Aligarh – Uttar Pradesh/ अलीगढ़–उत्तर प्रदेश
(b) Vijay Nagar – Karnataka/ विजयनगर–कर्नाटक
(c) Vishakhapatnam – Andhra Pradesh
विशाखापत्तनम – आन्ध्रप्रदेश
(d) Salem – TamilNadu/ सलेम – तमिलनाडु

Ans. (a) : अलीगढ़-उत्तर प्रदेश युग्म भारत में इस्पात उत्पादन केन्द्रों के संदर्भ-विषम है।
जबकि विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) स्थित विजाग इस्पात संयंत्र पहला पत्तन आधारित संयंत्र है। इसकी शुरुआत 1992 में हुई।
विजय नगर इस्पात संयंत्र कर्नाटक में है। सलेम (तमिलनाडु) इस्पात संयंत्र की शुरुआत 1982 में की गई।

27. Read the statements and select the correct answer from the options below.
कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

Statement A: Sericulture is breeding of fish in specially constructed tanks and ponds
कथन A: सेरीकल्चर विशेष रूप से निर्मित तालाबों और पोखरों में मत्स्यपालन होता है।

Statement B: Pisciculture is commercial rearing of silk worms
कथन B: पिसीकल्चर रेशम के कीटों का वाणिज्यिक पालन होता है।

(a) A is true but B is false/A सही है, B गलत है।
(b) A is false but B is true/A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true/दोनों A और B सही है।
(d) Both A and B are false/दोनों A और B गलत है।

Ans. (d) : रेशम प्राप्त करने के लिए रेशम के कीटो को पालना रेशम कीट पालन (सेरीकल्चर) कहलाता है। सेरीकल्चर में (रेशम उत्पादन) रेशम के कीटों का वाणिज्यिक पालन होता है। इस प्रकार कथन A गलत है। जबकि पिसीकल्चर (मत्स्य पालन) विशेष रूप से निर्मित तालाबों और पोखरों में मत्स्य पालन होता है। इस प्रकार दिया गया कथन B असत्य है।

28. The sheep of which region of India produce pashmina wool?
भारत के कौन-से क्षेत्र की भेड़ से पश्मीना ऊन मिलती है?

(a) Ladakh/ लद्दाख (b) Pulwama/ पुलवामा
(c) Poonch/ पुँछ (d) Anantnag/ अनंतनाग

Ans. (a) : भारत के लद्दाख क्षेत्र की भेड़ से पश्मीना ऊन मिलती है। पश्मीना असल में कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र के चांगथांग में पाई जाने वाली चांगरा बकरियों के ऊन से बनती है।

29. There are different ways in which people of different communities greet each other. This is a mark of:
विभिन्न समुदायों के लोग विभिन्न प्रकार (तरीकों) से एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। यह चिह्न है:
(a) socialism/ समाजवाद का
(b) secularism/ धर्मनिरपेक्षवाद का
(c) diversity/ विविधता का
(d) social justice/ सामाजिक न्याय का

Ans. (c) : विभिन्न समुदायों के लोग विभिन्न प्रकार (तरीकों) से एक दूसरे का अभिवादन करते है। जो विविधता को प्रदर्शित करता है। भारत विविधताओं का देश है। हम विभिन्न भाषाएँ बोलते है। विभिन्न प्रकार का खाना खाते है, अलग-अलग त्योहार मनाते है और भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते हैं। वास्तव में हम एक ही तरह की चीजें करते हैं, केवल हमारे करने के तरीके अलग हैं।

30. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को ध्यान में रखकर सही विकल्प का चयन कीजिए:
Statement A : The head of the state is the Governor.
कथन A : राज्य का प्रमुख राज्यपाल होता है।
Statement B : The Governor is appointed by the state government to ensure that the particular state works in accordance with the Constitution.
कथन B : राज्यपाल की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए होती है कि राज्य सरकार संविधान के नियमानुसार अपना कामकाज चलाए।
(a) A is correct and B is incorrect
A सही है तथा B गलत है।
(b) A is incorrect and B is correct
A गलत है तथा B सही है।
(c) Both A and B are correct
A तथा B दोनों सही है।
(d) Both A and B are incorrect
A तथा B दोनों गलत है।

Ans. (a) : राज्यपाल, राज्य का कार्यकारी प्रमुख (संवैधानिक मुखिया) होता है। यह केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य करता है। राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के मुहर लगे आज्ञापत्र के माध्यम से होती है। इसका पद राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत होता है। इस प्रकार कथन A सही तथा कथन B गलत है।

31. Preeti's family owns 15 acres of fertile land. Her father borrowed one lakh rupees from a government bank. However, untimely rains flooded the fields and the entire harvest was damaged. Preeti is relieved that they have grains for next few months. She is most likely belonging to a family of:
प्रीति के परिवार के पास 15 एकड़ उर्वर भूमि है। उसके पिता ने एक सरकारी बैंक से 1 लाख रुपये का ऋण लिया। हालाँकि असमय वर्षा से खेतों में बाढ़ आ गई और उनकी फसल बर्बाद हो गई। प्रीति को इस बात की राहत है कि अगले कुछ महीनों के लिए उनके पास अनाज है।
संभवतः वह किस प्रकार के परिवार से है?
(a) Agricultural Workers/ कृषि मजदूर
(b) Small farmers/ छोटे किसान
(c) Large farmers/ बड़े किसान
(d) Small shopkeepers/ छोटे दुकानदार

Ans. (c) : प्रीति के परिवार के पास 15 एकड़ उर्वरभूमि है। उसके पिता ने एक सरकारी बैंक से 1 लाख रुपये का ऋण लिया हालाँकि असमय वर्षा से खेतों में बाढ़ आ जाने से फसल बर्बाद हो गयी। प्रीति को इस बात की राहत है कि अगले कुछ महीनों के लिए उनके पास अनाज है। सम्भवतः वह बड़े किसान परिवार के है।
मझोले और बड़े किसान अपने उत्पादन से हुई बचत से अगले मौसम के लिए पूंजी की व्यवस्था कर लेते है। दूसरी ओर छोटे किसानों के लिए, जो भारत में किसानों की कुल संख्या 80% है, पूंजी की व्यवस्था करना बहुत कठिन है। उनके भूखण्ड का आकार छोटा होने के कारण उनका उत्पादन पर्याप्त नहीं होता। अतिरिक्त साधनों की कमी के कारण वे अपनी बचत से पूँजी नही निकाल पाते अतः उन्हें कर्ज लेना पड़ता है।

32. The Hindu Succession Amendment Act 2005 provides for which of the following?
हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 निम्नलिखित में से क्या प्रदान करता है?
(a) The choice of not adopting the family surname./कुलनाम ना अपनाने की स्वतंत्रता
(b) Equal share in father's property to sons and daughters./ पिता की संपत्ति पर पुत्र और पुत्री का समान अधिकार
(c) Women's right to invalidate marital status under the Hindu Marriage Act./ महिलाओं द्वारा हिन्दु विवाह अधिनियम के अन्तर्गत वैवाहिक अवस्था को खारिज करने का अधिकार
(d) Hereditary rights of sons to agricultural property./ कृषि भूमि पर पुत्रों का वंशागत अधिकार

Ans. (b) : हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 पिता की संपत्ति पर पुत्र और पुत्री को समान अधिकार प्रदान करता है। हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 में संपत्ति विभाजन के मामले में महिलाओं को सहदायक /कॉपर्सेनर के रूप में मान्यता दी गई। इस अधिनियम में कॉपर्सेनर की पुत्री को भी जन्म से ही पुत्र के समान कॉपर्सेनर माना गया। इस संशोधन के तहत पुत्री को भी पुत्र के समान अधिकार और देनदारियाँ दी गई।

33. Which of the following is true about weavers' cooperative?
निम्नलिखित में से कौन सा बुनकर सहकारी संस्थाओं के संदर्भ में सही है?
(A) Help reduce dependence on merchants and bring higher income for the weavers.
व्यापारियों के ऊपर निर्भरता को कम करने और बुनकरों की आय बढ़ाने में सहायता करती हैं।
(B) Indirectly provides support to large companies.
अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी कम्पनियों को सहायता करती हैं।

(C) Member weavers work with putting out system.
बुनकर सदस्य 'दादन व्यवस्था' में काम करते हैं।

(D) Cooperatives are involved in marketing.
सहकारी संस्थाएँ विपणन में संलिप्त रहती हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/ केवल A तथा B
(b) B and C only/ केवल B तथा C
(c) C and D only/ केवल C तथा D
(d) A and D only/ केवल A तथा D

Ans. (d) : व्यापारियों के ऊपर निर्भरता को कम करने के लिए और बुनकरों की आमदनी बढ़ाने के लिए सहकारी व्यवस्था एक साधन है। बुनकरों की सहकारी संस्था में बुनकर एक समूह बनाकर कुछ गतिविधियाँ सामूहिक रूप से करते है। वे सूत व्यापारी से सूत प्राप्त करते है और उसे बुनकरों में बाँट देते है। सहकारी संस्थाएँ विक्रय का कार्य भी करती है।

34. In India, a democratic country, Universal Adult Franchise means:
भारत जो कि एक लोकतांत्रिक देश है, में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ:

(a) every person is equal before law
कानून के समक्ष प्रत्येक व्यक्ति समान है।
(b) providing free education to integrate children with disabilities in mainstream schools
विकलाँग बच्चों को विद्यालयों की मुख्यधारा में सम्मिलित करने के लिए निःशुल्क शिक्षा देनी है।
(c) women above 18 years of age has the right to vote/ 18 साल से ऊपर की उम्र की महिलाओं को मत देने का अधिकार है।
(d) every individual above 18 years of age has the right to vote irrespective of their social and economic backgrounds./ प्रत्येक व्यक्ति जो 18 साल से ऊपर की उम्र का है, उसे मत देने का अधिकार है चाहे उसकी सामजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि कैसी भी हो।

Ans. (d) : भारत जो कि एक लोकतांत्रिक देश है, में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है। प्रत्येक व्यक्ति जो 18 साल से ऊपर की उम्र का है, उसे मत देने का अधिकार है चाहे उसकी सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि कैसी भी हो। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का विचार समानता के विचार पर आधारित है, क्योंकि यह घोषित करता है कि देश का हर वयस्क स्त्री/पुरुष चाहे उसका आर्थिक स्तर या जाति कुछ भी क्यों न हो; एक वोट का हकदार है।

35. Boys and girls are socialized to choose certain subjects for their higher education not because she/he has an aptitude for it, but because they are internalized and meant to select specific disciplines as per their gender. This can be seen as a form of:
उच्च शिक्षा हेतु लड़कों व लड़कियों को विभिन्न विषयों को चुनने के लिए इसलिए समाजीकृत नहीं किया जाता क्योंकि उनमें उस विषय के लिए अभिवृत्ति पाई जाती है, बल्कि उन्हें अपने लिंगानुसार विषयों को आत्मसात करने व चुनने के लिए तैयार किया जाता है। इसे निम्न रूप में देखा जा सकता है:-

(a) discrimination/ भेदभाव
(b) violation/ हनन/उल्लंघन
(c) stereotype/ रूढ़िबद्ध धारणा
(d) sexual harassment/ यौन-शोषण

Ans. (c) : प्रश्नगत कथन से यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति में रूढ़िबद्ध धारणा का समावेश है। रूढ़िबद्ध धारणा किसी व्यक्ति विशेष इत्यादि में देखा जा सकता हैं जो पांरपरिक मान्यताओं का अनुकरण तार्किकता या वैज्ञानिकता के स्थान पर केवल आस्था के आधार पर करता है। जिसमें किसी एकलिंगी प्रधान विचारों का समावेश पाया जाता है।

36. Read the following Child Rights as mentioned in the Children's Bill of Rights-
बाल अधिकार बिल में वर्णित इन बाल अधिकारों पर ध्यान दें-

(A) I have the Right to a good education, and everyone has the Responsibility to encourage all children to go to school. (Article 28, 19, 23)
मुझे अच्छी शिक्षा का अधिकार है और सब बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने का दायित्व सबका है। (अनुच्छेद 28, 19, 23)

(B) I have the Right to express my views freely which should be taken seriously, and everyone has the responsibility to listen to others.(Article 12, 13)
मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए, सबका दायित्व है कि वे दूसरों को सुनें। (अनुच्छेद 12, 13)

Which of the following articles of the Indian constitution are complimentary to the above Child Rights?
भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-सा अनुच्छदों उपरोक्त बाल अधिकारों का पूरक है?

(a) Article 21 and 19/ अनुच्छेद 21 और 19
(b) Article 14 and 16/ अनुच्छेद 14 और 16
(c) Article 51 and 78/ अनुच्छेद 51 और 78
(d) Article 32 and 44/ अनुच्छेद 32 और 44

Ans. (a) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 21 और 19 अनुच्छेद उपरोक्त बाल अधिकारों का पूरक है। अनुच्छेद- 21- क में 6 से 14 साल की आयु वाले सभी बच्चों के लिए अनिवार्य और निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा का प्रावधान किया गया हैं। अनुच्छेद-24 में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जोखिम वाले कार्य करने से सुरक्षा प्रदान की गई है। अनुच्छेद-19 के तहत लिखित और मौखिक रूप से अपना मत प्रकट करने हेतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रावधान किया गया है।

37. Which of the following features of the Indian Constitution protect citizens against arbitrary and absolute exercise of power by the state?
भारतीय संविधान की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता नागरिकों की राज्य की सत्ता के मनमाने और निरंकुश अधिकार के प्रयोग से रक्षा करती है?

(a) Federalism/ संघवाद
(b) Fundamental Rights/ मौलिक अधिकार
(c) Separation of Powers between Legislature, executive and the judiciary
विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का बटँवारा
(d) Parliamentary form of government
संसदीय शासन पद्धति

Ans. (b) : राष्ट्रवादी चाहते थे कि स्वतंत्र भारत में राज्य की सत्ता के दुरुपयोग से बचने के लिए कुछ लिखित अधिकार होने चाहिए। मौलिक अधिकार देश के सभी नागरिकों को राज्य की सत्ता के मनमाने और निरकुंश इस्तेमाल से बचाते हैं। इस तरह संविधान राज्य और अन्य व्यक्तियों के समक्ष व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करता है। भारतीय संविधान के भाग-3 के अनुच्छेद- 12 से 35 तक में मूल अधिकारों का वर्णन है।

38. Judiciary has the power to strike down particular laws passed by the Parliament if it believes that they violate the structure of the Constitution. This is called:
यदि न्यायपालिका को लगता है कि संसद द्वारा पारित किया गया कोई कानून संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन कर रहा है तो उसे रद्द करने का उसके पास अधिकार है। यह कहलाता है:
(a) Dispute resolution/ विवादों का निपटारा
(b) Judicial Review/ न्यायिक समीक्षा
(c) Upholding Law and enforcing Fundamental Rights/कानून की रक्षा और मौलिक अधिकारों का क्रियान्वयन
(d) Independent Judiciary/ स्वतंत्र न्यायपालिका

Ans. (b) : संविधान की व्याख्या का अधिकार मुख्य रूप से न्यायपालिका के पास ही होता है। यदि न्यायपालिका को ऐसा लगता है कि संसद द्वारा पारित किया गया कोई कानून संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन करता है तो वह उस कानून को रद्द कर सकती है। इसे न्यायिक समीक्षा कहा जाता है।

39. Which of the following is correct about Rights of Persons with Disabilities Act, 2016?
निम्नलिखित में से कौन सा विकलाँग व्यक्तियों के लिए बनाए गए, विकलांगता अधिनियम 2016 के संदर्भ में सही नहीं है?
(a) The government encourages education of disabled children in special schools./सरकार विशेष विद्यालयों (स्कूलों) में विकलांग बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करती है।
(b) Persons with disabilities have equal rights for their full participation in the society./ समाज में पूर्ण भागीदारी के लिए विकलांग व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त हैं।
(c) The union government has to allot 10% seats in its educational institutions for persons with disabilities./ केन्द्र सरकार को विकलाँग व्यक्तियों हेतु उच्च शिक्षा संस्थानों में 10% आरक्षण दिया जाना चाहिए।
(d) Only the central government offices and institutions to be made accessible and facilitated with ramps./केवल केन्द्र सरकार के ऑफिस तथा संस्थानों को पहुँच योग्य बनाना तथा उनमें रैम्प (ढलान) बनाए जाने चाहिए।

Ans. (a) : विकलांगता अधिनियम, 2016 में प्रावधान है कि उच्च शिक्षा की सभी सरकारी संस्थाएँ सरकार से सहायता प्राप्त कर सकती है। सरकार सभी विद्यालयों (स्कूलों) में विकलांग बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। अतः विकल्प (a) गलत है।

40. Which of the following is an accurate description of the Bhopal Gas Tragedy of 1984?
निम्नलिखित में से किसे 1984 की भोपाल गैस त्रासदी का एकदम सही वर्णन मानेंगे?
(a) Explosion in the Compressed Natural Gas (CNG) plant./सम्पीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) प्लांट में विस्फोट
(b) Blast in the store house of Liquefied Petroleum Gas (LPG) cylinder./रसोई गैस सिलेंडर (LPG) गोदाम में विस्फोट
(c) Production of poisonous gas to kill rats in the local area spreading disease./ क्षेत्रिय स्तर पर बीमारी फैला रहे चूहों को मारने के लिए एक जहरीली गैस का उत्पादन
(d) Leakage of poisonous gas from a pesticide production plant./ कीटनाशक का उत्पादन करने वाले एक प्लांट से जहरीली गैस का रिसाव

Ans. (d) : 1984 की भोपाल गैस त्रासदी कीटनाशक का उत्पादन करने वाले एक प्लांट से जहरीली गैस के रिसाव के कारण हुआ था। इसका मुख्य कारण मिथाइल आइसोसाइनाइट का रिसाव था। मिथाइल आइसोसाइनाइट एक ऐसा लिक्विड है जिसका कोई रंग नहीं होता है। इसका उपयोग कीटनाशक और प्लास्टिक तैयार करने में किया जाता है।

41. What portion of history is to be studied at the particular level depend upon:
इतिहास के किस भाग को एक विशेष स्तर पर पढ़ाना है, यह निर्भर करता है:
(a) scope of history/ इतिहास के अवसर पर
(b) nature of history/ इतिहास के स्वभाव पर
(c) aims and objectives of history
इतिहास के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों पर
(d) values of teaching history
इतिहास की मान्यताओं पर

Ans. (c) : 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय अंग्रेजी सरकार से पराजित हुए आज के समय में हम अपनी सुरक्षा को लेकर उस संग्राम से सीख सकते हैं कि बिखरी हुई शक्तियाँ एकजुट शक्ति का मुकाबला नही कर सकती है। इसिलए 1857 का स्वतंत्रता संग्राम बाकी इतिहास से लक्ष्य और उद्देश्यों में अलग है। जहाँ तकनीकि शक्ति (तार) जनशक्ति पर भारी पड़ी। इसलिए यह भारतीय इतिहास के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों पर निर्भर करता है।

42. According to NCF 2005, The primary objective of teaching social sciences at secondary stage is to
राष्टीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान पढ़ाने का प्राथमिक उद्देश्य है-

(A) assist students to explore their interests and aptitudes in order to choose appropriate university course and/or courses
छात्रों को उनकी रुचियों और भावों को जाँचने में सहायता देना ताकि वे विश्वविद्यालय स्तर पर सही कोर्स/व्यवसाय का चयन कर सकें।

(B) develop an understanding about social and economic challenges faced by the nation
राष्ट्र के समक्ष सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों की समझ विकसित कर सकें।

(C) develop skills of observation, identification and classification
पर्यवेक्षेण, पहचानने और वर्गीकरण के कौशल विकसित करना।

(D) develop a holistic understanding of the environment with emphasis on the institutions of the natural and the social environment .
प्राकृतिक और सामाजिक वातावरण के परस्पर संबंध पर बल देते हुए वातावरण की समग्र समझ विकसित करना।

Which of the above statements are true?/ उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only C and D/ केवल C और D
(d) Only B and D/ केवल B और D

Ans. (d) : राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान पढ़ाने का प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्र के समक्ष सामाजिक आर्थिक चुनौतियों की समझ विकसित करना। तथा प्राकृतिक और सामाजिक वातावरण के परस्पर संबंध पर बल देते हुए वातावरण की समग्र समझ विकसित करना है।

43. While initiating students into mapping skills you would begin by:
छात्रों को मानचित्रण की प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए आप आरंभ करेंगे-

(a) introducing a map of India
भारत के मानचित्र का परिचय देकर।
(b) asking students to make a map of classroom
छात्रों को कक्षा का मानचित्र बनाने के लिए कहकर।
(c) instructing students to trace an outline of a map/ मानचित्र की रूपरेखा को अंकित करने का निर्देश देकर।
(d) engaging students with directions, scale and symbol/ छात्रों को दिशाओं, स्केल (मापदण्ड) और चिह्नों को समझाकर।

Ans. (d) : छात्रों को मानचित्रण की प्रारंभिक शिक्षा का आरम्भ दिशाओं, स्केल (मापदण्ड) और चिन्हों को समझाकर करेंगे। क्योंकि मानचित्र को मापनी तथा प्रक्षेप के आधार पर बनाया जाता है।

44. While teaching the concept of water, a teacher tells a story about a girl who uses different ways to save water at her home. What strategy is the teacher using here?
जल के विषय में पढ़ाते हुए, अध्यापक एक लड़की की, जो घर पर कई प्रकार से जल बचाती है, कहानी सुनाता है।
वह कौन-सी युक्ति का प्रयोग कर रहा है?

(a) Narrative approach/ वृत्तांत उपागम
(b) Observation approach/ अवलोकनात्मक उपागम
(c) Problem-solving approach
समस्या-समाधान उपागम
(d) Discussion/ चर्चा

Ans. (a) : जल के विषय में पढ़ाते हुए, अध्यापक एक लड़की की, जो घर पर कई प्रकार से जल बचाती है, कहानी सुनाता है। यहाँ पर अध्यापक वृत्तांत उपागम का प्रयोग कर रहा है। वृत्तांत उपागम के अंतर्गत किसी कक्षा में किसी विषय विशेष को समझाने हेतु छात्रों के समक्ष पेश किया जाता हैं जिससे छात्रों के समझ में बढ़ोत्तरी होती है।

45. Which of the following descriptions (attitudes and values) suggest that students have understood the concept of 'diversity'?
इनमें से कौन-सा वर्णन (मूल्य और भाव) दर्शाता है कि छात्रों ने विविधता का सम्प्रत्यय समझ लिया है-

(a) Shows respect towards national symbols and movements./ राष्ट्रीय प्रतीकों और इमारतों के प्रति आदर दर्शाना।
(b) Show knowledge about different clothing styles of our country./ देश की विभिन्न वेषभूषा-शैलियों का ज्ञान होना।
(c) Display awareness about different language spoken in our country./ देश में बोले जाने वाली विभिन्न भाषाओं के प्रति सजगता दर्शाना।
(d) Display attitudes of appreciation and respect for people of different religion, communities, occupations and languages./विभिन्न क्षेत्रों, समुदायों, काम धंधों और भाषा वाले लोगों के प्रति आदर और प्रशंसा का भाव रखना।

Ans. (d) : छात्रों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों, समुदायों, काम धंधो और भाषा वालो लोगों के प्रति आदर और प्रशंसा का भाव रखना। यह दर्शाता है कि छात्रों ने विविधता का सम्प्रत्यय समझ लिया है।
खान-पान, पहनावा, धर्म, भाषा आदि की भिन्नताएँ विविधता के पहलू है।

46. The use of documentaries is useful in teaching of social science as
वृत्त चित्रों का प्रदर्शन सामाजिक विज्ञान अध्ययन में उपयोगी है-

(a) it gives first hand account of an event
यह घटना का प्रथमदृष्टया की भाँति ब्यौरा देता है।
(b) it reduces load of curriculum
यह पाठ्यचर्चा का बोझ कम करता है।

(c) it portrays social science as a scientific discipline/ यह समाजिक विज्ञान को वैज्ञानिक विषय के तौर पर प्रस्तुत करता है।

(d) it serves entertainment purpose
यह मनोरंजनदायक है।

Ans. (a) : वृत्त चित्रों का प्रदर्शन सामाजिक विज्ञान के अध्ययन में उपयोगी है, क्योंकि यह घटना का प्रथम दृष्टया की भांति ब्यौरा देता है। किसी विषय वस्तु पर समाचार का सत्य घटना पर आधारित जो कलात्मकता, अभिनय और मनोरंजन के स्थान पर विषयगत केन्द्रित हो डॉक्यूमेन्ट्री या वृत्त चित्र कहते है।

47. By providing opportunities as well as the necessary resources to enable students to experiment, explore and analyse for themselves, a teacher is using the following approach-
अध्यापक अवसर और उपयुक्त साधन प्रदान कर विद्यार्थियों को स्वयं प्रयोग, अन्वेषण व विश्लेषण के लिए कह कर निम्न में से किस उपागम का प्रयोग कर रही है-

(a) Textbook-centered approach
पाठ्य-पुस्तक आधारिक उपागम

(b) Social-constructivist approach
सामाजिक-रचनात्मकतावादी उपागम

(c) Teacher-centered approach
अध्यापक केन्द्रित उपागम

(d) Behaviourist approach/ व्यवहारवादी उपागम

Ans. (b) : अध्यापक अवसर और उपयुक्त साधन प्रदान कर विद्यार्थियों को स्वयं प्रयोग, अवसर व विश्लेषण के लिए कह रहा है। यहाँ पर वह सामाजिक रचनात्मकतावादी उपागम का प्रयोग कर रहा है।

48. Consider the following statements:-
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(A) NCERT social science textbooks use several narratives, both fictional and non-fictional.
NCERT की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों में बहुत से काल्पनिक और वास्तविक वृतांतों का उपयोग किया गया है।

(B) Narratives enable learners to understand ideas and institutions and encourage introspection
वृत्तांतों से छात्रों को विचारों और संस्थाओं को समझने और उन पर चिंतन करने का बढ़ावा मिलता है।

(a) A and B are correct, B explains A
A , B सही हैं, B, A की व्याख्या करता है।

(b) A and B are correct, B does not explains A
A, B दोनों सत्य हैं, B, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A is correct, B is incorrect
A सही है, B गलत है।

(d) A is incorrect, B is correct
A गलत है, B सही है।

Ans. (a) : वृतांतों से छात्रों को विचारो और संस्थाओं को समझने और उन पर चिंतन करने का बढ़ावा मिलता है, इसलिए NCERT की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में बहुत से काल्पनिक और वास्तविक वृतांतो का उपयोग किया गया है। अतः कथन A, B दोनो सही है तथा B, A की सही व्याख्या करता है।

49. The following questions are generally asked in social science classes. Choose the question which provides a greater scope for developing critical thinking?
निम्नलिखित प्रश्न सामाजिक विज्ञान की कक्षा में सामान्यतः पूछे जाते हैं। उस प्रश्न का चयन कीजिए जो समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराता है?

(a) What is the name of the producer of the movie Raja Harichandra?/ राजा हरिशचंद्र फिल्म के निर्माता का क्या नाम है?

(b) When did the Bombay film industry make its first appearance?/ बम्बई फिल्म उद्योग कब पहली बार सामने आया?

(c) Describe the nature of Bombay films./ बम्बई की फिल्मों की प्रकृति का वर्णन कीजिए।

(d) Why were a number of Bombay films about the lives of migrants?/ बम्बई की बहुत सारी फिल्में प्रवासियों के जीवन के बारे में क्यों थीं?

Ans. (d) : समालोचनात्मक चिंतन में चिंतन व तर्क दोनों पक्ष शामिल होते है। समालोचनात्मक चिंतन की परिणिति समस्या समाधान के रूप में होती है। अतः दिये गये प्रश्नों में से प्रश्न पूछना कि बम्बई की बहुत सारी फिल्में प्रवासियों के जीवन के बारे में क्यों थीं समालोचनात्मक चिंतन के विकास के वृहत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराता है।

50. Consider the given question and choose the correct option.
दिए गए प्रश्न पर विचार करें और सही विकल्प का चुनाव करें-

"Are the existing legal safeguards enough to ensure social equality of women"?
'क्या मौजूदा वैधानिक सुरक्षा प्रावधान महिलाओं की सामाजिक बराबरी को सुनिश्चित करने के लिए काफी है?'

The above question expects you to:
उपरोक्त प्रश्न आपसे अपेक्षा करता है कि:-

(a) describe the legal safeguards available for women and its history. / महिलाओं के लिए उपलब्ध वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों और उनके इतिहास की व्याख्या करें।

(b) explain what is social equality and give examples. / सामाजिक बराबरी क्या होती है यह समझाना और उसके उदाहरण देना।

(c) analyse legal safeguards and justify them.
वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों को विश्लेषित करना और उनको सही ठहराना।

(d) examine the reach and limitations of the legal safeguards in attaining equality./ बराबरी प्राप्त करने में इन वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों की पहुँच व सीमाओं की जाँच करना।

Ans. (d) : क्या मौजूदा वैधानिक सुरक्षा प्रावधान महिलाओं की सामाजिक बराबरी को सुनिश्चित करने के लिए काफी है। यह प्रश्न आपसे अपेक्षा करता है कि बराबरी प्राप्त करने में इन वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों की पहुँच व सीमाओं की जाँच करना।

51. If you have to follow an inductive approach for social science knowledge acquisition, you would:
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में यदि आपको ज्ञानार्जन हेतु आगमनात्मक उपागम का प्रयोग करना है तो आपः-

(a) Find commonalities between examples and arrive at general principles.
विभिन्न उदाहरणों के बीच समानता ढूँढकर एक सामान्य सिद्धांत पर पहुँचेंगी।

(b) Integrate teaching learning activities of different grades
विभिन्न स्तरों (ग्रेड) की शिक्षण-अधिगम गतिविधियों को एकीकृत कर लेंगी।

(c) Solve a problem using a general principle
समस्या को एक सामान्य सिद्धान्त के प्रयोग से हल कर लेंगी।

(d) Given freedom to the child to construct her own knowledge
बच्चे को उनके स्वयं ज्ञान सृजित करने की स्वतंत्रता दे देंगी।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में यदि ज्ञानार्जन हेतु आगमनात्मक उपागम का प्रयोग करना है तो विभिन्न उदाहरणों के बीच समानता ढूँढकर एक सामान्य सिद्धान्त पर पहुँचेगी।
आगमनात्मक उपागम में विशिष्ट उदाहरण से सामान्य सिद्धान्त या निष्कर्ष की तरफ बढ़ते है। आगमनात्मक में एक विशिष्ट कार्य से सम्बंधित अधिसंख्य उदाहरणों का अध्ययन करते है, उदाहरणों में समानता एवं/या विभिन्नता का पता लगाते है तथा उदाहरणों से कार्य के विषय में सामान्य सिद्धान्त का निर्माण करते है।

52. Statement A: Social science teaching has long been seen as a means of inculcating ideologies or value system.
कथन A: सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बहुत समय से विचारधारा या मूल्य लागू करने का साधन के रूप में देखा गया है।
Statement B: This focus has proven beneficial for pedagogy of social science.
कथन B: यह सामाजिक विज्ञान के शिक्षा शास्त्रीय पक्ष के लिए लाभकारी रहा है।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A is true but B is false
A सत्य है, B असत्य है।

(b) Both A and B are true
A और B दोनों सत्य है।

(c) A is false but B is true
A असत्य है, B सत्य है।

(d) Both A and B are false
A और B दोनों असत्य है।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण को काफी समय से विचारधारा या मूल्य लागू करने के साधन के रूप में देखा गया है, क्योंकि यह सामाजिक विज्ञान के शिक्षा शास्त्रीय पक्ष के लिए लाभकारी नही रहा है। अतः प्रश्नगत A सत्य है तथा B असत्य है।

53. Which teaching history, a teacher must focus on _____.
इतिहास अध्यापन में अध्यापक को निम्न बिन्दु पर जोर देना चाहिएः-

(a) historical informality/इतिहास सूचनात्मकता
(b) correct response/उचित प्रतिक्रिया
(c) content coverage/पाठ्यक्रम पूर्णता
(d) source analysis/स्रोत-विश्लेषण

Ans. (d) : इतिहास अध्यापन में अध्यापक को स्रोत विश्लेषण पर जोर देना चाहिए। क्योंकि ज्ञानार्जन क्रिया में प्रत्यक्ष क्रिया का बहुत महत्व होता है। हम किसी वस्तु को अपनी आँखों से देखकर या कार्य करके जितना ज्ञान प्राप्त कर सकते है। उतना ज्ञान उस वस्तु या कार्य के विषय में पढ़कर शायद ही प्राप्त कर सकते है।

54. We generally use secondary sources for the following purpose.
प्रायः हम इनके लिए द्वितीयक स्त्रोतों का प्रयोग करते हैं-

(A) Make new discoverie./ नई खोज के लिए।
(B) Gain background information on the topic. विषय की पूर्व जानकारी के लिए।
(C) Provide credible evidence for arguments. बहस के लिए विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध करवाने के लिए।
(D) Gather information that you cannot access directly./ वह जानकारी जो प्रत्यक्ष में प्राप्त नहीं हो सकती।

Choose the appropriate option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C (d) B and D/ B और D

Ans. (d) : वह जानकारी जो प्रत्यक्ष में प्राप्त नही हो सकती तथा विषय की पूर्व जानकारी के लिए द्वितीयक स्त्रोतों का प्रयोग करते है। जो ऑकड़े किसी प्रकाशित अथवा अप्रकाशित साधनों के द्वारा एकत्र किए जाते है।

55. Project work is given social science course mainly to _____.
सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम में परियोजना कार्य देने का कारण है-

(a) provide opportunities to students to utilize their time judiciously/ छात्रों को अपने समय का सही प्रयोग करने का अवसर देना।

(b) ensure that syllabus is completed
पाठ्यक्रम पूरा होने का निश्चत होना।

(c) develop student's listening and reading skills
छात्रों में सुनने और पढ़ने के कौशलों का विकास करवाना।

(d) connect learning at school with social realities/विद्यालयी शिक्षा को सामाजिक वास्तविकता से जोड़ना।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम में परियोजना कार्य देने का प्रमुख कारण है-विद्यालयी शिक्षा को सामाजिक वास्तविकता से जोड़ना।

56. Which of the following are features of formative assessment?
रचनात्मक मूल्यांकन की कौन-कौन सी विशेषताएं हैं?

(A) Diagnostic and remedial/निदानात्मक और उपचारात्मक

(B) Offers opportunity to improve work after feedback/ प्रतिपुष्टि के उपरान्त सुधार के अवसर

(C) Assessment of learning/ अधिगम मापन

(D) Done at the end of semester/सत्र के अन्त में होना

Choose the correct option
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A and B/ A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A and C/ A और C

Ans. (a) : रचनात्मक मूल्यांकन शैक्षिक कार्यक्रम तथा नीति निर्धारण उद्देश्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके द्वारा शिक्षण प्रक्रिया में परिवर्तन व सुधार किया जाता है। रचनात्मक मूल्यांकन की प्रक्रिया में अध्ययन शिक्षण की प्रक्रिया शामिल है। जब कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति में सक्षम नही होता है तब रचनात्मक मूल्यांकन शैक्षिक कार्यक्रमों की निर्माण प्रक्रिया में पृष्ठपोषण प्रदान करता है।
इस प्रकार प्रश्नगत कथनों में A तथा B सही होगा।

57. Which of the following arrangements reflects the correct order of revised Bloom Taxonomy of cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन-सी व्यवस्था संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के संशोधित ब्लूम वर्गीकरण के अनुसार सही क्रम को दर्शाती है?

(a) Remember, Understand, Apply, Analyse, Evaluate, Create/स्मृति, अवबोध, अनुप्रयुक्त, विश्लेषण, मूल्यांकन व निर्माण
(b) Remember, Design, Apply, Create, Evaluate, Analyse/स्मृति, अनुप्रयुक्त, निर्माण, मूल्यांकन, विश्लेषण
(c) Remember, Understand, Analyse, Apply, Evaluate, Create/स्मृति, अवबोध, विश्लेषण, अनुप्रयुक्त, मूल्यांकन व निर्माण
(d) Remember, Create, Understand, Analyse, Evaluate, Apply/स्मृति, निर्माण, अवबोध, विश्लेषण, मूल्यांकन और अनुप्रयुक्त

Ans. (a) : ज्ञानात्मक क्षेत्र में संशोधित ब्लूम का वर्गीकरण (2001) इस प्रकार है– स्मृति–अवबोध–अनुप्रयुक्त– विश्लेषण– मूल्यांकन व निर्माण। जबकि 1956 में ब्लूम ने जो वर्गीकरण किया था वह इस प्रकार है–ज्ञान-बोध-अनुप्रयोग–विश्लेषण–संश्लेषण व मूल्यांकन।

58. Which of the following techniques is best suited for knowing the awareness and perspective of students on contemporary events?
एक सामाजिक विज्ञान की कक्षा में, समकालीन घटना के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों के प्रति छात्रों की सजगता का आकलन करने के लिए किस तकनीक का प्रयोग करना चाहिए?

(a) Debate/ वाद-विवाद
(b) Dramatization/ नाटक
(c) Story writing/ कथा लेखन
(d) Quiz/ क्विज

Ans. (a) : एक सामाजिक विज्ञान की कक्षा में समकालीन घटना के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों के प्रति छात्रों की सजगता का ऑकलन करने के लिए वाद-विवाद तकनीक का प्रयोग करना चाहिए। वाद-विवाद या बहस किसी विषय पर चर्चा की एक औपचारिक विधि है।

59. Evaluation provides opportunity for teachers to know the following about their lesson.
मूल्यांकन अध्यापकों को छात्रों के विषय में निम्न में से क्या जानने का अवसर देता है?

(A) What they learn/ उन्होंने क्या सीखा है।

(B) How they learn/ वे कैसे सीखते हैं।

(C) What their interests are
उनकी क्या रूचियाँ हैं

(D) What they did not learn
उन्होंने क्या नहीं सीखा है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and D/A और D
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B and D/B और D

Ans. (c) : मूल्यांकन का अर्थ है कि शिक्षा के जो उद्देश्य निर्धारित किये गये है वह प्राप्त हुए है अथवा नही। इसको जानने के लिए मूल्यांकन किया जाता है।
अतः मूल्यांकन अध्यापकों को छात्रों के विषय में यह जानने का अवसर देता है कि छात्रों ने क्या सीखा है और क्या नही सीखा है और उनकी रुचियाँ क्या है।

60. A teacher has planned an assessment strategy that will help her to identify the problem areas of students in the learning process. The teacher is using which of the following methods of evaluation?
अध्यापिका आकलन व्यूह-रचना के प्रयोग द्वारा छात्राओं की अध्ययन प्रक्रिया में कठिनाई के क्षेत्रों को जानना चाहती है, वह आकलन के लिए किस विधि का प्रयोग कर रही है?

1. Diagnostic assessment/ निदानात्मक आकलन
2. Summative assessment/ योगात्मक आकलन
3. Formative assessment/ रचनात्मक आकलन
4. Placement assessment/ स्थानकरण आकलन

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B only/ केवल A तथा B
(b) B and C only/ केवल B तथा C
(c) A and C only/ केवल A तथा C
(d) C and D only/ केवल C तथा D

Ans. (c) : अध्यापिका आकलन व्यूह रचना के प्रयोग के द्वारा छात्राओं के अध्ययन प्रक्रिया में कठिनाई के क्षेत्रों को जानना चाहती है, वह आकलन के लिए निदानात्मक तथा रचनात्मक आकलन विधि का प्रयोग कर रही है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 30 दिसंबर, 2021)

1. The tripartite struggle for Kanauj were fought by which of the following powers?
कन्नौज के लिए 'त्रिपक्षीय संघर्ष' निम्नलिखित में से कौन-कौन सी ताकतों द्वारा लड़ा गया?

(a) Palas, Chalukyas, Rashtrakutas
पाल वंशों, चालुक्यों, राष्ट्रकूटों

(b) Gurjara-Pratihara, Rashtrkutas, Palas
गुर्जर-प्रतिहारों, राष्ट्रकूटों, पाल वंशों

(c) Gurjara-Pratihara, Chalukyas, Palas
गुर्जर-प्रतिहारों, चालुक्यों, पाल वंशों

(d) Gurjara-Pratihara, Cholas, Palas
गुर्जर-प्रतिहारों, चोल वंशों, पाल वंशों

Ans. (b) : हर्षवर्धन के शासन काल से ही कन्नौज पर नियंत्रण उत्तर भारत पर प्रभुत्व का प्रतीक माना जाता था। अरबों के आक्रमण के उपरान्त भारतीय प्रायद्वीप के अन्तर्गत तीन महत्वपूर्ण शक्तियाँ थी। गुजरात एवं राजपूताना के गुर्जर-प्रतिहार, दक्कन के राष्ट्रकूट एवं बंगाल के पाल वंश। कन्नौज पर आधिपत्य को लेकर लगभग 200 वर्षों तक नई तीन महाशक्तियों के बीच होने वाले संघर्ष को ही त्रिपक्षीय संघर्ष कहा गया। इस संघर्ष में अंतिम सफलता गुर्जर-प्रतिहारों को मिली।

2. Consider the statements A and B and Choose the correct answer :
निम्न वक्तव्यों (A) और (B) पर विचार कर, सही उत्तर का चयन कीजिए:

Statement A : Ruler of Mahajanapadas collected regular taxes from only farmers
वक्तव्य (A) : महाजनपदों के शासक केवल किसानों से नियमित रूप से कर वसूलते थे।

Statement B : Advancement in tool making and agriculture led to more grains being produced
वक्तव्य (B) : औज़ार बनाने और कृषि में उन्नति ने अनाज की अधिक पैदावार को बढ़ाया।

(a) A is true but B is false/(A) सही है और B गलत है।

(b) Both A and B are true and B is correct explanation of A/A और B दोनों सही है और B सही व्याख्या है A की

(c) A is false but B is true/A गलत है और B सही है।

(d) Both A and B are true, but B is not th correct explanation of A/A और B दोनों सही है, परन्तु B सही व्याख्या नहीं है A की

Ans. (c) : महाजनपद, प्राचीन भारत में राज्य या प्रशासनिक इकाइयों को कहते थे। उत्तर वैदिक काल में कुछ जनपदों का उल्लेख मिलता है। महाजनपदों के शासक किसान, व्यापारियों, शिल्पियों से नियमित कर वसूलते थे। बढ़ते व्यापार वाणिज्य ने कृषि में अधिशेष उत्पादन को बढ़ावा दिया जिससे नगरीय अर्थव्यवस्था का जन्म हुआ। चम्पा, श्रावस्ती, काशी, कौशाम्बी आदि बड़े नगरों का जन्म हुआ।

3. Akbar's idea of universal peace came into existence because_____
अकबर के सर्वत्र शांति विचार का उदय हुआ क्योंकि-

(a) he had interest in religion and social of different religions/उसे विभिन्न धर्मो और उनके रीति-रिवाज़ो में रुचि थी।

(b) he wanted greater control over existing religions and their heads/वह धर्म और धर्म मुखियों पर नियंत्रण करना चाहता था।

(c) he wanted to end political conflicts
वह राजनैतिक संघर्ष समाप्त करना चाहता था।

(d) he wanted to build a peaceful empir for his heirs/वह अपने उत्तराधिकारियों के लिए एक शांतिपूर्ण साम्राज्य बनाना चाहता था।

Ans. (a) : अकबर महान विजेता के साथ-साथ एक समावेशी शासक था। (जो सभी धर्मों को एक समान मानता था) उसने सुलह कुल की नीति अपनाई। जिसमें राज्य, प्रशासन में सभी धर्मों, रीति-रिवाजों का बराबर स्थान था। इसके पीछे अकबर का जन्म और उसके समय की राजनीतिक, सामाजिक परिस्थितियाँ, जिम्मेदार थी। इस विचार ने अकबर को भारतीय इतिहास में अशोक, समुद्रगुप्त जैसे महान शासकों की श्रेणी में ला खड़ा किया।

4. The stability of the Mughal Empire was dependent on
मुगल साम्राज्य की स्थिरता का आधार था-

(a) the centralized administrative policy and strong control of the emperor
केन्द्रीकृत प्रशासनिक नीति और सम्राट का नियंत्रण

(b) the military compaigns and wars at part of their expansion policy./सैनिक अभियान और युद्धों द्वारा विस्तारीकरण की नीति

(c) the income from land revenue as it was their main source of income
भूमिकर : जो आय का मुख्य साधन था।

(d) marriage alliances and friendly relations with neighbouring regions
आस-पास के क्षेत्रों में मित्रता और वैवाहिक संबंध।

Ans. (c) : मुगल साम्राज्य 300 वर्षों तक एक बड़े क्षेत्र में अपना प्रभुत्व बनाए रखा। मुगल साम्राज्य की आय का मुख्य श्रोत भूमिकर था, जो प्रायः $\frac{1}{4}$ से $\frac{1}{2}$ तक होता था। मुगल भू-राजस्व की नींव अकबर के समय टोडरमल ने रखी। जो लम्बे समय तक चलती रही। यह जमींदारी, मनसबदारी प्रथा पर आधारित थी। भूमिकर ने मुगल साम्राज्य को वीरता प्रदान कर एक बड़ी सैनिक शक्ति के रूप में मजबूत किया।

5. Tulsidas's Ramcharitmanas was written in
तुलसीदास की रामचरितमानस ..... भाषा में लिखी गई है।

(a) Sanskrit/संस्कृत (b) Hindustani/हिन्दुस्तानी
(c) Brijbhasha/ब्रजभाषा (d) Awadhi/अवधी

Ans. (d) : तुलसीदास की रामचरितमानस अवधी भाषा में 16वीं सदी में रचित प्रसिद्ध ग्रंथ है। इस ग्रंथ को अवधी साहित्य (हिन्दी साहित्य) की एक महान कृति माना जाता है। इसे सामान्यतः 'तुलसी रामायण' या तुलसीकृत रामायण भी कहा जाता है।

6. They were sharply critical of the Buddhists and Jains and preached ardent love of Shiva or Vishnu as the path to salvation.
The above mentioned characterestics is related to the :
वे बौद्धों और जैनों के कटु आलोचक थे और शिव तथा विष्णु के प्रति सच्चे प्रेम को मुक्ति का मार्ग बताते थे। उपरोक्त विशेषता किस से संबंधित है?

(a) Nayanmars and Alvars/नयनार और अलवार
(b) Shankara and Ramanuja/शंकर और रामानुज
(c) Allam Prabhu and Akkamahadevi
अल्लमा प्रभु और अक्कमहादेवी
(d) Siddha and Yogis/सिद्ध और योगी

Ans. (a) : नयनार और अलवार बौद्धों और जैनों के कटु आलोचक थे और शिव तथा विष्णु के प्रति सच्चे प्रेम को मुक्ति का मार्ग बताते थे।

- शंकर का जन्म 8वीं शताब्दी केरल में हुआ था जो अद्वैतवाद के समर्थक थे इनके अनुसार जीवात्मा और परमात्मा दोनों एक है।
- रामानुज का जन्म ग्यारहवी शताब्दी तमिलनाडु में हुआ था। ये अलवार संतो से प्रभावित थे।
- अल्तमा प्रभु और अक्कमहादेवी द्वारा वीर शैव आन्दोलन बारहवीं शताब्दी के मध्य कर्नाटक में प्रारम्भ हुआ। ये सभी प्रकार के कर्मकांडों और मूर्तिपूजा के विरोधी थे।
- नामपंथी, सिद्ध और योगी ये समूह नीची कही जाने वाली जातियों में बहुत लोकप्रिय हुई। इन्होंने संसार से परित्याग करने का समर्थन, योगासन, प्राणायाम, चिंतन, मनन पर बल दिया था।

7. Gond tribes are spread in great numbers across present day states of _____
गोंड जनजातियाँ आज के समय में कौन-से राज्यों में बहुसंख्या में फैली हुई हैं?

(a) Chhatisgarh, Maharashtra, Andhra Pradesh
छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश
(b) Chhattisgarh, Kerala, Uttar Pradesh
छत्तीसगढ़, केरल, उत्तर प्रदेश
(c) Chhattisgarh, Bihar, West Bengal
छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल
(d) Chhatisgarh, Odissa, Karnataka
छत्तीसगढ़, उड़ीसा, कर्नाटक

Ans. (a) : गोंड जनजाति विश्व के सबसे बड़ी आदिवासी समूहों में से एक है। इनकी त्वचा का रंग काला, बाल काले, होठ मोटे, नाक बड़ी व फैली होती है यह जनजाति महाराष्ट्र आन्ध्रप्रदेश, गुजरात, झारखण्ड, कर्नाटक तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में पायी जाती है। इनका संबंध प्राक-द्रविड़ प्रजाति से है। गोंड चार जनजातियों में विभाजित हैं, राजगोंड, माड़िया गोंड, ध्रुर्वो गोंड, खतुलवार गोंड।

8. Consider the statements and choose the correct option.
निम्नलिखित पर विचार करें और सही विकल्प चुनें-

(a) Many tribal groups saw the market and traders as their main enemies
बहुत से आदिवासी समूह बाजार और व्यापारियों को अपने शत्रु की तरह समझते थे।
(b) Tribal groups were happy with the changes they were experiencing under British rule.
अंग्रेजी राज मे होने वाले परिर्तनों को अनुभव कर आदिवासी समूह खुश थे।
(c) Dikus helped tribal people in their econimic and social prosperity
दिकू लोगों ने आदिवासियों की आर्थिक और सामाजिक सम्पन्नता मे सहायता की।

(a) Only A is true/A सत्य है
(b) Only A and B are true/A और B सत्य हैं।
(c) Only A and C are true/A और C सत्य हैं।
(d) All A, B and C are true/A, B और C सभी सत्य हैं।

Ans. (a) : अंग्रेजों को अपने शासन के दौरान भारत में आदिवासी समूह का एक बड़ा प्रतिशोध झेलना पड़ा। अंग्रेजों के साथ मिलकर व्यापारियों, महाजनों ने उन्हें आर्थिक रूप से गुलाम बनाया। जल, जंगल, जमीन का अपने फायदे के लिए उपयोग किया। आदिवासियों के विरोध पर उनके विरोध को क्रूरतापूर्वक दमन कर दिया गया। जिसमें कोली विद्रोह, खैरवार विद्रोह, रम्पा विद्रोह प्रमुख थे।

9. The Satnami movement was founded to improve the social status of
सतनामी आंदोलन का गठन किसकी सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिए किया गया।

(a) labouring castes in eastern India
पूर्वी भारत में मजदूरी करने वाले समूहों के लिए
(b) caste discrimination in northern India
उत्तरी भारत में होने वाले जाति भेदभाव के लिए
(c) leatherworkers in central India
मध्य भारत में चमड़े का काम करने वाले समूहों के लिए
(d) sewage cleaners in western India
पश्चिम भारत में मैला सफाई करने वाले समूहों के लिए

Ans. (c) : मध्यभारत में सतनामी आन्दोलन की शुरुआत घासीदास ने की। जिन्होंने चमड़े का काम करने वालों को संगठित किया और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए आन्दोलन छेड़ दिया। सनातनी संप्रदाय की स्थापना 'वीरभान' नामक एक संत ने नारनौल' में 1657 में की थी।

10. Which of the following against caste discrimination is correctly linked with the region of their influence.
निम्नलिखित में से कौन-से आन्दोलन जाति उन्मूलन के विरुद्ध स्पष्ट रूप से अपने प्रभाव के क्षेत्रो से मेल खाते हैं?

(a) Satnami movement-Punjab
सतनामी आन्दोलन-पंजाब
(b) Matua sect-Tamil Nadu/मटुआ पंथ-तमिलनाडु
(c) Satyashodak Samaj-Maharashtra
सत्यशोधक समाज-महाराष्ट्र
(d) Arya Samaj-Kerala/आर्य समाज- केरल

Ans. (c) : सत्यशोधक समाज-पुणे महाराष्ट्र आन्दोलन जाति उन्मूलन के विरुद्ध स्पष्ट रूप से अपने प्रभाव के क्षेत्रों से मेल खाता है। सत्यशोधक समाज की स्थापना 24 सितम्बर 1873 में ज्योतिबा राव फुले द्वारा स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था। इनका विचार गुलामगीरी, सार्वजनिक सत्यधर्म में निहित है। जबकि आर्य समाज एक हिन्दू सुधार आन्दोलन है, जिसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 में बंबई में की थी।

- सतनामी आन्दोलन मध्यभारत में घासी दास जी के नेतृत्व में हुआ।
- महुआ पंथ एक धर्म सुधारक आन्दोलन है जो 1860 ई. के आसपास अविभाजित भारत के बंगाल में शुरू हुआ।

11. Which of the following assrtions are correctly matched with the anti-caste social reformer :
निम्नलिखित में से कौन-से दावे जाति विरोधी समाज सुधारक से सही रूप में मेल खाते हैं?

(a) The 'lower castes' are the true upholders of Dravidian culture : Ghasi das
निम्न जातियाँ द्रविड़ संस्कृति की वास्तविक समर्थक है : घासीदास
(b) People must not be discriminated on the basis of caste, as all humankind belongs to the same caste : Shri Narayan Guru
जाति के आधार पर लोगों में भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि सम्पूर्ण मानवता एक ही जाति से सम्बन्ध रखती है: श्री नारायण गुरू
(c) Shudras and Atishudras should unite to challenge caste discrimination : Jyotirao Phule
शूद्र और अतिशूद्र को जाति भेदभाव को एकजुट होकर चुनौती देनी चाहिए : ज्योतिराव फुले

Choose th correct option./सही विकल्प का चयन करें

(a) A and B/A और (c)
(b) B and C/(b) और (c)
(c) A and C/(a) और (c)
(d) Neither A, B nor C/न तो (a), (b) और न ही (c)

Ans. (b) : अंग्रेजी शासन में स्वतंत्रता आन्दोलन के साथ जाति विरोधी आन्दोलन भी उभरा श्री नारायण गुरू के अनुसार मनुष्य की एक जाति है वह है मानव ज्योतिबा राव फुले के अनुसार शूद्र और अतिशूद्र को जाति भेद-भाव का मिलकर मुकाबला करना चाहिए। इन आंदोलनों ने समाज के उच्च वर्ग को समझौते के लिए मजबूर किया, अंतरजातीय विवाहों, खान-पान को बढ़ावा दिया।

12. Which of the following statement/statements is/are true for demand of Indianisation of the administration under colonial rule :
औपनिवेशिक भारत में प्रशासन के भारतीयकरण की माँग के विषय में कौन-सा/से वक्तव्य सही है।

(a) Most important jobs wre monopolised by the Britishers only/अधिकांश नौकरियों पर अंग्रेजों का एकाधिकार था।
(b) It was hoped that it will reduce the drain of wealth to England
इसके द्वारा आशा की गई कि धन का बहाव इंग्लैण्ड की ओर से रोका जा सकेगा।
(c) It was hoped that it will open opportunities for Indians to move to England
इसके द्वारा आशा की गई कि यह भारतीयो के लिए इंग्लैण्ड में अधिक रोजगार के अवसर बनाएगा।

(a) Only (a) and (b) are true/(a) और (b) सत्य है।
(b) Only (b) and (c) are true/(b) और (c) सत्य है।
(c) Only (a) and (c) are true/(a) और (c) सत्य है।
(d) All (a), (b) and (c) are true
(a), (b) और (c) सभी सत्य हैं।

Ans. (a) : औपनिवेशिक भारत में प्रशासन के भारतीयकरण की माँग के विषय में अधिकांश नौकरियों पर अंग्रेजों का एकाधिकार था तथा इसके द्वारा आशा की गई कि धन का बहाव इंग्लैण्ड की ओर से रोका जा सकेगा। अंग्रेजी शासन में भारतीयों की प्रमुख मांगों में से एक प्रशासन के भारतीयकरण की मांग थी। क्योंकि अधिकांश सरकारी नौकरियों पर अंग्रेजों का एकाधिकार था। नागरिक सेवाओं में उपजिलाधिकारी, सेना में सूबेदार से ऊपर के पद भारतीयों के लिए नही थे। भारतीय धन कई तरह से इंग्लैण्ड की ओर जा रहा था। अतः दोनों कारण भारतीय गरीबी के प्रमुख कारक थे।

13. Consider these statements on Rowlatt Satyagraha and choose the correct option :
रौलेट सत्याग्रह के विषय मे इन वक्तव्यों पर विचार करे और उचित विकल्प बताएँ-

(a) Gandhiji gave a call for satyagraha against Rowlatt Act in 1919.
रौलेट एक्ट के खिलाफ सत्याग्रह के लिए गाँधीजी ने 1919 में घोषणा की।
(b) This act was strengthening the powers of the police as well as fundamental rights of the common people.
इस एक्ट द्वारा पुलिस की शक्तियाँ बढ़ती थीं वहीं यह एक्ट आम आदमी के मौलिक अधिकार भी सशक्त करता था।
(c) 6th April 1919 was observed as a day of humiliation and prayer.
6 अप्रैल 1919 को 'अपमान और याचना दिवस' के रूप में मनाया गया।

(a) Both (a) and (b) are true/(a) और (b) सत्य है।
(b) Both (b) and (c) are true/(b) और (c) सत्य है।
(c) Both (a) and (c) are true/(a) और (c) सत्य है।
(d) Only (b) is true/केवल (b) सत्य हैं।

Ans. (c) : रौलेट एक्ट के खिलाफ सत्याग्रह के लिए महात्मा गाँधी जी ने 1919 में घोषणा की। यह अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम को लागू करने वाली ब्रिटिश सरकार के जवाब में किया गया था। रौलेट एक्ट को बिना वकील, बिना अपील तथा बिना दलील का कानून भी कहा गया। इसे काला अधिनियम एवं आतंकवादी अपराध के नाम से भी जाना जाता था। सम्पूर्ण देश में 6 अप्रैल 1919 को अपमान और याचना दिवस के रूप में मनाया गया। इस एक्ट द्वारा पुलिस की शक्तियाँ बढ़ती थी। वहीं यह एक्ट आम आदमी के मौलिक अधिकार का हनन करता/क्षीण करता था।

14. Why do you think Gandhians lik Mira Behn was critical of the emphasis on science and machinery in the Five plans?
आप क्यों सोचते हैं कि मीरा बेन जैसी गाँधीवादी, पंचवर्षीय योजना में विज्ञान और मशीनरी पर बल की आलोचक थी?

(a) It would have a negative impact on the small scale industries and they would decline/इससे लघु उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वे घट जाएँगे।
(b) It would impact human lives in the long term due to environmental hazards/इससे पर्यावरणीय खतरों के कारण मानव जीवन पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।
(c) It would bring down the number of farmers as they would opt to wor in new factories/इससे किसानों की संख्या में कमी आयेगी क्योंकि वे नए कारखानों मे काम करने का चयन करेंगे।
(d) It would cut down requirements as farmers would get replaced by machines /इससे श्रम की आवश्यकता मे कमी आएगी क्योंकि मशीनें किसानों की जगह ले लेंगी।

Ans. (b) : आजादी के बाद विकास के लिए सोवियत संघ की तर्ज पर पंचवर्षीय योजनाओं का मॉडल अपनाया गया। जिसमें समर्थन के साथ-साथ विरोध भी थे। मीराबेन जैसे गाँधीवादी विचारकों में बड़े उद्योगों की स्थापना, विज्ञान और मशीनरी के प्रयोग पर आलोचना की बड़ी औद्योगिक इकाइयाँ विस्थापन, पर्यावरणीय समस्या बढ़ायेगी। तत्कालीन फायदों की अपेक्षा गाँधीवादी दूरगामी प्रभाव पर जोर देते थे। आज के समय में बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण विकास बनाम पर्यावरण की नई बहस को जन्म देता है।

15. Which among the following statements regarding the map are correct?
निम्नलिखित कथनों में से मानचित्र के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(a) There are three components of the maps- distance, time and symbol
मानचित्र के तीन घटक है-दूरी, समय और चिन्ह (प्रतीक)
(b) When large areas like continents or countries are to be shown on a paper, then we use a small scale map.
जब बड़े क्षेत्रफल वाले भागों; जैसे-महाद्वीपों या देशों को कागज पर दिखाना होता है, तब हम छोटे पैमाने वाले मानचित्र का उपयोग करते हैं।
(c) When a small area like village or town is to be shown on paper, then we use a large scale map.
जब एक छोटे क्षेत्रफल वाले भाग; जैसे-गाँव या हर (कस्बा) को कागज पर दिखाना होता है, तब हम बड़े पैमाने वाले मानचित्र का उपयोग करते है।

(a) A and B only/केवल (a) और (b)
(b) A and C only/केवल (a) और (c)
(c) B and C only/केवल (b) और (c)
(d) Only A/केवल (a)

Ans. (c) : मानचित्र किसी बड़े भू-भाग को छोटे रूप में प्रस्तुत करते हैं जिससे एक नजर में भौगोलिक जानकारी मिल सके। मानचित्र को नक्सा भी कहते है। जब बड़े क्षेत्रफल वाले भागों; जैसे महाद्वीपों या देशों को कागज पर दिखाना होता है, तब हम छोटे पैमाने वाले मानचित्र का उपयोग करते है और जब छोटे क्षेत्रफल वाले भाग जैसे-गाँव या हर (कस्बा) को कागज पर दिखाना होता है तब हम बड़े पैमाने वाले मानचित्र का उपयोग करते है। मानचित्र के तीन घटक हैं- दूरी, दिशा और प्रतीक।

16. Identify the continent on the basis of features listed below :/निम्नलिखित लक्षणों के आधार पर महाद्वीप की पहचान कीजिए :

(a) The Equator runs almost through the middle of this continent
विषुवत वृत्त इस महाद्वीप के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरती है।
(b) A large part of this continent lies in the northern Hemisphere
इस महाद्वीप का बहुत बड़ा भाग उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।

(a) North America/उत्तरी अमेरिका
(b) Asia/एशिया
(c) Africa/अफ्रीका
(d) South America/दक्षिण अमेरिका

Ans. (c) : अफ्रीका एशिया के बाद विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है। इस महाद्वीप का बहुत बड़ा भाग उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। विषुवत रेखा इस महाद्वीप के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरती है। यह एक मात्र महाद्वीप है जिससे होकर विषुवत वृत्त, कर्क वृत्त और मकर वृत्त गुजरते है। विश्व के कुल क्षेत्रफल के लगभग 20.2% भाग पर यह महाद्वीप फैला है। कांगो (जायरे) नदी विषुवत रेखा को दो बार काटती है तथा लिम्पोपो नदी मकर रेखा को दो बार काटती है। इस महाद्वीप में उष्ण घास के मैदान को सवाना और शीतोष्ण घास के मैदान को वेल्ड कहते है।

17. Which of the following sequence of Heat zones is/are correctly placed?
निम्न में से कौन-सा पृथ्वी के ताप कटिबंध का अनुक्रम सही तरीके से रखा गया है/गए हैं?

(a) Torrid zone, South temperate zone and Frigid zone/उष्ण कटिबंध, दक्षिण शीतोष्ण कटिबंध तथा शीत कटिबंध
(b) Torrid zone, North temperate zone and Frigid zone/उष्ण कटिबंध, उत्तर शीतोष्ण कटिबंध तथा शीत कटिबंध
(c) South temperate zone, torrid zone and Frigid zone/दक्षिण शीतोष्ण कटिबंध, उष्ण कटिबंध तथा शीत कटिबंध

Select the correct answer given below.
निम्नलिखित संकेतो का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A and B/ A और B (b) B and C/B और C
(c) A and C/A और C (d) Only A/केवल A

Ans. (a) : कटिबन्ध से तात्पर्य है कि प्रत्येक गोलार्द्ध को ताप के आधार पर कई भागों में बाँटा गया है इन भागों को ही कटिबन्ध कहते हैं। ये क्षेत्र विषुवत रेखा के दूरी के अनुसार बॉटे जाते हैं, क्योंक पृथ्वी के विभिन्न क्षेत्रों में सूर्य की किरणे कितनी लम्बवत गिरती हैं यह उस स्थान के विषुवत रेखा से दूरी पर निर्भर करता है। ताप कटिबन्ध के सही क्रम निम्न है-
- उष्ण कटिबन्ध, दक्षिणी शीतोष्ण कटिबन्ध तथा शीत कटिबंध।
- उष्ण कटिबन्ध, उत्तर शीतोष्ण कटिबन्ध तथा शीत कटिबंध।

18. Which of the statements regarding longitude are correct?/देशांतर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. The longitudes are imaginary semi circular line with same radius/देशांतर काल्पनिक अर्द्धवृत्ताकार रेखाएँ है जिनकी त्रिज्या समान है।

B. The prime meridian divides the earth into two equal halves, the northern hemisphere and the southern hemispher./प्रमुख याम्योत्तर पृथ्वी को दो बराबर हिस्सों में विभाजित करता है, उत्तरी गोलार्द्ध एवं दक्षिणी गोलार्द्ध।

C. 180_0 East and 180_0 West meridians are opposite to each other on the globe.
180 डिग्री पूर्व एवं 180 डिग्री पश्चिम याम्योत्तर ग्लोब पर एक दूसरे के विपरीत है।

D. The distance between meridians decreases steadily polewards until it becomes zero at the poles./देशांतर याम्योत्तरों के बीच की दूरी ध्रुवों की तरफ बढ़ने पर घटती जाती है एवं ध्रुवों पर शून्य हो जाती है।

Select the correct answer given below.
निम्न में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B and C/(a), (b) और (c)
(b) B and C/(b) और (c)
(c) A and D/(a) और (d)
(d) B and D/(b) और (d)

Ans. (c) : देशान्तर के सन्दर्भ में (a) और (d) सही है। उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360 रेखाओं को देशान्तर रेखाएँ कहा जाता है। यह ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची जाने वाली काल्पनिक अर्द्धवृत्ताकार रेखाएँ हैं जिनकी त्रिज्या समान है। देशांतरीय याम्योत्तरों के बीच की दूरी ध्रुवों की तरफ बढ़ने पर घटती जाती है एवं ध्रुवों पर शून्य हो जाती है। पृथ्वी पर दो अक्षांशो की कोणीय दूरी को देशांतर कहा जाता है। विषुवत रेखा पर इनके बीच की दूरी अधिकतम 111.32 होती है। शून्य अंश अक्षांश और शून्य अंश देशान्तर अटलांटिक महासागर में अवस्थित है।

19. Consider the statement A and B and choose the correct option :
निम्न कथनों पर (A) तथा (B) पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें।

Statement A: Green plants use CO_2 to make their food
कथन (A) : हरे पौधे CO_2 का इस्तेमाल करके अपना भोजन तैयार करते हैं।

Statement B : More the amount of CO_2, more the forest on earth
कथन (B) : CO_2 की मात्र जितनी अधिक होगी पृथ्वी पर उतना ही अधिक जंगल होगा।

(a) Both A and B are true/(A) और (B) दोनों सत्य है।
(b) Both A and B are false/(A) और (B) दोनों असत्य है।
(c) A is true and B is false
(A) सत्य है और (B) असत्य है।
(d) B is true and A is false
(B) सत्य है और (A) असत्य है।

Ans. (c) : (a) सत्य है और (b) असत्य है। पृथ्वी में मौजूद हरे पौधे एक चक्र की भाँति भोजन बनाते है। यह सूर्य की रोशनी, कृत्रिम रोशनी तथा जल में उपस्थित (CO_2) गैस से अपना भोजन बनाते है तथा निष्कर्षण के रूप में ऑक्सीजन निकालते है। प्रकृति में 20.93% ऑक्सीजन तथा 0.03% कार्बनडाई ऑक्साइड का जीवनदायक प्रतिशत बना रहता है तथा CO_2 की मात्रा जितनी अधिक होगी पृथ्वी पर उतना ही अधिक जंगल होगा जो कि कथन (b) असत्य है। यह प्रक्रिया पौधों के साथ पृथ्वी के जीवन चक्र के लिए अति आवश्यक है।

20. The magnitude of the earthquake is measured on Richter scale. Which value or above on Richter scale can cause damage from falling things?
भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर मापी जाती है। रिक्टर पैमाने पर कौन-सा मान या उससे अधिक वस्तुओं के गिरने से क्षति पहुँचा सकता है?

(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

Ans. (b) : रिक्टर स्केल भूकंप की तरंगों की तीव्रता मापने का गणितीय पैमाना है। रिक्टर पैमाना का विकास 1930 के दशक में किया गया था। रिक्टर पैमाने पर 5.0-5.9 को माध्यम द्वारा वर्णन करते है इससे छोटे क्षेत्रों में बनी कच्ची इमारतों का क्षति सम्भव है, पक्की इमारतों में हल्की क्षति संभव और अधिक वस्तुओं के गिरने से क्षति पहुँचा सकता है। जबकि 4.0-4.9 तक हल्के होते है इससे घरेलू वस्तुओं में कंपन या कपकपाने का शोर कुछ क्षति पहुँचा सकता है।

21. The temperature you feel everyday is the hotness and coldness of the air. The temperature of any place is influenced by :
आप जिस तापमान का अनुभव करते हैं वह वायु में मौजूद ताप व शीतलता ही होती है। किसी स्थान का तापमान निर्भर करता है-

A. Latitude of the place/स्थान के अक्षांश पर
B. Altitude of the place (from sea level)
स्थान की ऊँचाई पर (समुद्र तल से)
C. Longitud of the place
स्थान के देशांतर पर
D. Presence of warm and cold ocean currents
गर्म व ठंडी महासागरीय धाराओं की उपस्थिति पर

(a) On (a), (b) and (c)/(a), (b) और (c) पर
(b) On (a), (b) and (d)/(a), (b) और (d) पर
(c) On (b), (c) and (d)/(b), (c) और (d) पर
(d) On (a), (c) and (d)/(a), (c) तथा (d) पर

Ans. (b) : आप जिस तापमान का अनुभव करते हैं। वह वायु में मौजूद ताप व शीतलता ही होती है। क्योंकि किसी स्थान का तापमान उस स्थान पर प्राप्त सूर्यताप की मात्रा पर निर्भर करता है। सामान्य रूप से जितना नीचा अक्षांश होता है। उसे उतनी ही अधिक सूर्यताप की मात्रा प्राप्त होती है। तापमान अक्षांश, स्थान की ऊँचाई (समुद्र तल से), गर्म एवं ठण्डी महासागरीय धाराओं की उपस्थिति पर भी निर्भर करता है। सूर्यताप की मात्रा ध्रुवों की ओर घटती जाती है।

22. Consider the following statement and choose the correct option :
निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. The insolation received by the earth heats up its surface.
पृथ्वी द्वारा प्राप्त सौर विकिरण से पृथ्वी की सतह गर्म हो जाती है।

B. Earth after being heated from insolation, itself becomes a radiating body.
पृथ्वी स्वयं गर्म होने के बाद एक विकिरण पिंड बन जाती है।

C. Nitrogen traps heat generated from earth and helps maintain earth's temperature
नाइट्रोजन पृथ्वी द्वारा विकिरित उष्मा को रोक लेती है तथा पृथ्वी के तापमान के बनाए रखने मे सहायता करती है।

(a) Both (a) and (b) are correct
दोनों (a) तथा (b) सही है।
(b) Both (b) and (c) are correct
दोनों (b) तथा (c) सही हैं।
(c) Both (a) and (c) are correct
दोनों (a) तथा (c) सही है।
(d) Only (a) is correct/केवल (a) सही है।

Ans. (a) : पृथ्वी द्वारा प्राप्त सौर विकिरण से पृथ्वी की सतह गर्म हो जाती है, क्योंकि पृथ्वी अपनी ऊर्जा का लगभग संपूर्ण भाग सूर्य से प्राप्त करती है। पृथ्वी के पृष्ठ पर प्राप्त होने वाली ऊर्जा का अधिकतम अंश लघु तरंग दैर्ध्य के रूप में आता है और दीर्घ तरंग दैर्ध्य के रूप में वापस जाता है। पृथ्वी स्वयं गर्म होने के बाद एक विकिरण पिंड बन जाती है। किरणों के अधिक क्षेत्र पर पड़ने के कारण ऊर्जा वितरण प्रति वर्गमीटर से लेकर ध्रुवों पर 70 यूनिट प्रति वर्गमीटर तक भिन्नता पाई जाती है। सबसे अधिक सूर्यताप उपोष्ण कटिबंधीय मरुस्थलों पर प्राप्त होता है।

23. Which phenomena among the following best explains why clothes take longer to dry and sweat from our body does not evaporate easily.
जब कपड़े सूखने में काफी टाईम लगता है और हमारे शरीर का पसीना आसानी से नहीं सूखता-निम्न मे से किसकी सहायता से इसे बेहतर समझाया जा सकता है।

(a) Presence of gases in air/वायु में गैसों की उपस्थिति
(b) Air pressure/वायु-दाब
(c) Humidity/आर्द्रता
(d) Seassonal Winds/मौसमी पवनें

Ans. (c) : जब कपड़े सूखने में काफी समय लगता है और हमारे शरीर का पसीना आसानी से नही सूखता आर्द्रता की सहायता से इसे बेहतर समझाया जा सकता है। क्योंकि आर्द्रता पृथ्वी से वाष्पीकरण के विभिन्न रूपों द्वारा वायुमण्डल में पहुँचती है वायुमण्डल में विद्यमान अदृश्य जलवाष्प की मात्रा आर्द्रता कहलाती है।

24. Match the following and choose the correct option :
निम्न का मिलान कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

Types of forests /वनों का प्रकार		Locations in India /भारत में स्थान	
(a)	Tropical Rain forests/उष्णकटिबंधीय वर्षावन	i	Rajasthan /राजस्थान
(b)	Tropical Deciduous forests/ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन	ii	Western slopes of Western Ghats/पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढलाव
(c)	Thorny Bushs कँटीली झाड़ियाँ	iii	Eastern slopes of western Ghats/पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलाव
(d)	Mangroves forests मैंग्रौव वन	iv	Sunderbans सुंदर वन

(a) a - ii, b - iii), c -iv, d -i
(b) a-iii, b - ii, c - i, d- iv
(c) a- ii, b-iii, c- i, d- iv
(d) a- iii, b- ii, c - iv, d -i

Ans. (c) :
(a) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन – पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढलाव
(b) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन – पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलाव
(c) कँटीली झाड़ियाँ – राजस्थान
(d) मैंग्रौव वन – सुंदर वन

25. A teacher is teaching about population and its composition in her class. She shows a population pyramid to her students that is broad at its base and rapidly narrowing towards the top. Which country's population pyramid might she be using?
एक अध्यापिका अपनी कक्षा मे जनसंख्या और उसके संघटन के संदर्भ में पढ़ा रही थी। वह अपने छात्रो को जनसंख्या पिरामिड दिखाती है जो अपने आधार पर चौड़ा है तथा ऊपर की ओर बढ़ते हुए संकरा हो रहा है। निम्नलिखित मे से किस देश का जनसंख्या पिरामिड वह प्रयोग कर रही होगी?

(a) Japan/जापान (b) Australia/आस्ट्रेलिया
(c) Kenya/केन्या (d) Germany/जर्मनी

Ans. (c) : एक अध्यापिका अपनी कक्षा में जनसंख्या और उसके संघटन के संदर्भ में पढ़ा रही थी। वह अपने छात्रों को जनसंख्या पिरामिड दिखाती है जो अपने आधार पर चौड़ा है तथा ऊपर की ओर संकरा हो रहा है। केन्या देश की जनसंख्या पिरामिड का प्रयोग कर रही थी। केन्या जनसंख्या पिरामिड 100 वर्षों के लिए आयु, लिंग और जनसंख्या आँकड़े प्रदर्शित करता है। हमने अपने पिरामिड के लिए ऐतिहासिक और भविष्य संतुलन दिखाने के लिए 1950-2050 के बीच दिखाया है।

26. Which of the following 'pull factor's impact, migration :
निम्नलिखित मे से कौन-सा/कौन-से प्रवास को प्रभावित करने वाले 'अपकर्ष कारक' हैं :

(a) Good opportunities for work
कार्य हेतु अच्छे अवसर

(b) Better health facilities
बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ

(c) Poverty/गरीबी

(d) Higher wages/उच्च आय

Choose the correct option
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only (a), (b) and (c)/केवल (a), (b) तथा (c)
(b) Only (a), (b) and (d)/केवल (a), (b) तथा (d)
(c) Only (b), (c) and (d)/केवल (b), (c) तथा (d)
(d) All (a), (b) (c) and (d)/(a), (b), (c) तथा (d) सभी

Ans. (b) : प्रवास को प्रभावित करने वाले अपकर्ष कारक निम्न है– कार्य हेतु अच्छे अवसर, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, उच्च आय।

इसके अन्य कारक–

(i) आर्थिक कारक– भूमिका का आकर्षण, रोजगार के अवसर की उपलब्धता, आमदनी के अच्छे अवसर आदि है।

- जनसंख्या का बढ़ता दबाव
- यातायात तथा संदेशवाहन के विकसित साधन

सामाजिक कारक– सामाजिक भेदभाव, सामाजिक रीतियों विश्वासों या व्यवहारों के प्रति विरक्ति,

धार्मिक कारक– धर्मस्थान, हज, प्रधान, रोम, यरुशलम राजनैतिक – युद्ध इत्यादि।

प्रवास का आशय एक स्थान को छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर बसने से है।

27. Consider these statements and choose the correct option :
निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Primary activities inncludes extraction and production of natural resources.
प्राथमिक गतिविधियों में प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण और उत्पादन शामिल होता है।

(b) Banking, transport and advertising are examples of secondary activities
बैकिंग, यातायात और विज्ञापन द्वितीयक गतिविधियों के उदाहरण हैं।

(c) Tertiary activities are concerned with processing of natural resources
तृतीयक गतिविधियाँ प्राकृतिक संसाधनों के प्रसंस्करण से संबंधित हैं।

(a) Only (a) is true/केवल (a) सही है।
(b) Only (b) is true/केवल (b) सही है।
(c) Only (c) is true/केवल (c) सही है।
(d) Only (a) and (b) are true/केवल (a) और (b) सही हैं।

Ans. (a) : प्राथमिक गतिविधि में वे व्यवसाय शामिल हैं। जो मनुष्य के प्राकृतिक वातावरण से निकटता से संबंधित है। ये आर्थिक कार्य अन्य उद्योगों के लिए कच्चे माल का वितरण करते हैं, जो ग्राहकों को बेचने के लिए इन समाग्रियों को परिष्कृत और विकसित करते हैं। जैसे- एकत्रीकरण, शिकार, मछली पकड़ना, लकड़ी काटना, पशुपालन, खेती और खनन आदि।

- द्वितीयक या माध्यमिक गतिविधियाँ इसे विनिर्माण क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। इसके अन्तर्गत कपड़ा उत्पादन, आटोमोबाइल उत्पादन, रसायन एवं इंजीनियरिंग उद्योग, एयरोस्पेस विनिर्माण, ऊर्जा उपयोगिताओं, इंजीनियरिंग जहाज निर्माण शामिल है।
- तृतीय क्षेत्र को सेवा क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। इसके अन्तर्गत बैंकिग, बीमा, व्यापार और संचार से संबंधित सेवा आदि।

28. Through which region of India did Buddhism reach Tibet?
भारत के किस क्षेत्र से बौद्ध धर्म तिब्बत पहुँचा?

(a) Arunachal Pradesh/अरूणाचल प्रदेश
(b) Ladakh/लद्दाख
(c) Himachal Pradesh/हिमांचल प्रदेश
(d) Sikkim/सिक्किम

Ans. (b) : भारत के लद्दाख क्षेत्र से बौद्ध धर्म तिब्बत पहुँचा। बौद्ध धर्म के दो रूपों का अभ्यास लद्दाख- महायान और वज्रयान के रूप में किया जाता है और इसके चार प्रमुख संप्रदाय-यंग्मा, कगयूद, शाक्य और गोलुक हैं। लद्दाख के उबड़-खाबड़ इलाके में अनगिनत मठ आपको देखने को मिल जायेंगे क्योंकि यहाँ अधिकतर लोग बौद्ध धर्म को मानते है।

29. In declaring that no one language, religion or culture would be compulsory for all people of India, which value were the Constitution framers trying to promote?
संविधान बनाने वालों ने ये उद्घोषणा करते हुए कि भारत के लोगों के लिए किसी भी एक भाषा, धर्म या संस्कृति को मानना बाध्य नहीं होगा, किस मूल्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया था?

(a) Unity/एकता (b) Equality/समानता
(c) Diversity/विविधता (d) Fraternity/बंधुत्व

Ans. (c) : भारतीय संविधान विकास प्रक्रिया के परिणाम के साथ संविधान सभा द्वारा बनाया गया संविधान था। उस समय भारत में विभिन्न भाषाएँ, धर्म, संस्कृति मौजूद थी। इसी विविधता से प्रभावित होकर भारतीय संविधान की रचना की गई। संविधान एक लिखित दस्तावेज होने के साथ किसी देश की लोकतांत्रिक प्रणाली का आधार है। संविधान की विविधता भारत के लिए अति आवश्यक है।

30. How many levels of government exist/s in India?
भारत में सरकार के कितने स्तर मौजूद है?

(a) Two/दो (b) One/एक
(c) Three/तीन (d) Four/चार

Ans. (c) : भारत में सरकार के तीन स्तर मौजूद हैं। सरकार कुछ निश्चित व्यक्तियों का समूह होती है जो राष्ट्र तथा राज्यों में निश्चित काल के लिए तथा निश्चित पद्धति द्वारा शासन करता है। सरकार के प्रायः तीन अंग होते है। व्यवस्थापिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका।

विधायिका कानून का निर्माण करती है, कार्यपालिका विधायिका द्वारा बनाये गये कानून को लागू करती है और न्यायपालिका इन दोनों के कार्यो की समीक्षा करती है।

31. Which of the following statements is correct about the voting rights of Indians?
भारतीयों के मताधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य सही है?

(a) India had universal adult franchise before independence as the educated people could vote even then/भारत मे सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार स्वतंत्रता से पूर्व भी था, क्योंकि साक्षर वर्ग के लोग उस समय भी मतदान कर सकते थे।
(b) No Indian had voting rights in colonial India/औपनिवेशिक भारत में किसी भी भारतीय के पास मताधिकार नहीं था।
(c) Some Indians could vote in colonial India but there was no universal adult franchise/कुछ भारतीयों के पास औपनिवेशिक भारत मे मताधिकार था, किन्तु सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार नहीं था।
(d) Indians voted for the first time for the members of the Constituent Assembly/भारतीयों ने सर्वप्रथम संविधान-सभा के सदस्यों के लिए मतदान किया था।

Ans. (c) : भारत के नागरिकों को देश के संविधान द्वारा प्रदत्त सरकार चलाने हेतु, अपने प्रतिनिधि निर्वाचित करने के अधिकार को मताधिकार कहते है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 325 व 326 के अनुसार प्रत्येक वयस्क नागरिकों को, जो पागल या अपराधी न हो मताधिकार प्राप्त है। नवीन संविधान लागू होने के पूर्व भारत में 1935 के 'गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट' के अनुसार केवल 13% जनता को मताधिकार प्राप्त था। कुछ भारतीयों के पास औपनिवेशिक भारत में मताधिकार था, किन्तु सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार नही था। धीरे-धीरे सदियों में उन्होंने अपने सभी वयस्क नागरिकों को मताधिकार दिया है। 61वें संविधान संशोधन (1989 ई.) के अनुसार भारत में वयस्क मताधिकार की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया है।

32. The reason small workshops and factories employ workers on casual basis is because
क्या कारण है कि छोटी कार्यशाला और कारखाने कामगारों को अस्थाई रूप से काम पर रखते हैं?

(a) such work does not require technical skills nor qualifications
इन कामों के लिए तकनीकी कौशल या योग्यता नहीं चाहिए।
(b) it involves less responsibility on the part of the employers
इससे नियोक्ता पर कम दायित्व बनता है।
(c) it is seasonal in nature and workers can be employed when required
ये कार्य मौसमी होते हैं, कामगार आवश्यकता पड़ने पर रखे जा सकते हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें

(a) A and B/केवल (a) और (b)
(b) B and C/केवल (b) और (c)
(c) A and C/केवल (a) और (c)
(d) A, B and C/सभी (a), (b) तथा (c)

Ans. (b) : छोटी कार्यशाला और कारखाने कामगारों को अस्थाई रूप से काम पर रखते है क्योंकि ये कार्य मौसमी होते हैं, कामगार आवश्यकता पड़ने पर रखे जा सकते है और इससे नियोक्ता पर कम दायित्व भी बनता है। छोटे कामगार आर्थिक रूप से बहुत सशक्त नही होते जिससे बेमौसम में भी वह अपने कामगारों को वेतन दे सके। भारत में ऐसी छोटी कार्यशालाएँ बहुत बड़ा उत्पादन करती है। अतः इन पर कड़े श्रम कानून लागू नहीं किये जा सकते।

33. Which of the following is correct about farming?
कृषि के विषय में कौन-सा कथन सही है?

(a) People work on land through out the year either in their own land or are employed in land of others/लोग पूरे वर्ष अपनी भूमि या दूसरों की भूमि पर काम करते हैं।
(b) Both men and women are engaged in agricultural activities in the village./गाँवों में स्त्री-पुरूष दोनों कृषि कार्य में लगे रहते हैं।

(a) Only A/केवल (a)
(b) Only B/केवल (b)
(c) Both A and B/दोनों (a) तथा (b)
(d) Neither A nor B/दोनों (a) तथा (b) नहीं

Ans. (b) : कृषि, खेती और वानिकी के माध्यम से खाद्य और अन्य सामान के उत्पादन से संबंधित है। कृषि विकास का मुख्य साधन थी, जो सभ्यताओं के उदय का कारण बनी, इसमें पालतू जानवरों का पालन किया गया और फसलों को उगाया गया। जिससे अतिरिक्त खाद्य का उत्पादन हुआ। इसने अधिक घनी आबादी और स्तरीकृत समाज के विकास को सक्षम बनाया। गाँव में स्त्री-पुरुष दोनों कृषि कार्य में लगे रहते है। इसका अध्ययन कृषि विद्वान के अन्तर्गत किया जाता है।

34. While discussing the theme 'Democracy' in class, you have to represent it as-
कक्षा मे प्रजातंत्र विषय पर चर्चा करते हुए, आप इसे प्रस्तुत करना चाहेंगे-

(a) a changing and evolving idea
एक परिवर्तनशील और विकासशील विचार के रूप में
(b) a fixed idea or system
एक सुनिश्चित विचार या व्यवस्था के रूप में
(c) an ideal form of government
एक आदर्श सरकार के रूप मे
(d) a right everyone is born with
एक जन्मजात अधिकार के रूप में

Ans. (a) : कक्षा में प्रजातंत्र विषय पर चर्चा करते हुए एक परिवर्तनशील और विकासशील विचार के रूप में प्रस्तुत करेगें जिससे बच्चे और अत्यधिक सार्थक ढंग से समझ सकें। प्रजातंत्र या लोकतंत्र का अभिप्राय एक ऐसी शासन प्रणाली से है जिसमें शासन की शक्ति जनता के पास होती है। और शासन संचालन जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से या अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से करती है।

35. A teacher is discussing gender roles in her class. Which of the following examples could be employed to talk bout 'breaking stereotypes'?
एक अध्यापिका जैंडर भूमिका पर चर्चा कर रही हैं। कौन-सा उदाहरण रूढ़िवादिता तोड़ने के लिए उपयुक्त होगा?

(a) Laxmi Lakra became the first woman engine driver for Northern Railways
लक्ष्मी लाकरा उत्तर रेलवे की प्रथम इंजन चालक बनी

(b) Xavier feels the pressure to score high so as to get a well-paid job
जैवियर अच्छा वेतन वाली नौकरी पाने के लिए उच्च अंक प्राप्त करने के दबाव मे है।

(c) Rokheya Hossain writes a story about women flying planes.
रुकैया हुसैन ने वायुयान चालक महिलाओं की कहानी लिखी है।

(a) A, B and C/(a), (b) और (c) सभी
(b) Only A and B/केवल (a) और (b)
(c) Only A and C/केवल (a) और (c)
(d) Only B and C/केवल (b) और (c)

Ans. (c) : एक अध्यापिका जैंडर भूमिका पर चर्चा कर रही है। लक्ष्मी लकारा उत्तर रेलवे की प्रथम इंजन चालक बनी एवं रुकैया हुसैन ने वायुयान चालक महिलाओं की कहानी लिखी है। इन्हीं उदाहरणों द्वारा रूढ़िवादिता तोड़ने के लिए उपयुक्त उदाहरण होगा जो बच्चे के समग्र व्यक्तित्व को आकार देने या निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं बच्चे को न केवल उसके दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने में मदद करती है, बल्कि दूसरे की धारणा का भी पता लगाने में मदद करता है। इससे बच्चे के सर्वांगीण सोच को आकार देने में मदद मिलती है। जेंडर पक्षपात पर इस तरह की परिचर्चा बच्चों की जेंडर रूढ़िवादिता को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति है।

36. What are the 'Fundamental Duties' of parents or guardiens?/माता-पिता या अभिभावकों के 'मौलिक कर्तव्य' क्या है?

(a) To care, support and nourish children from infancy to 6 months/शैशवावस्था से 6 महीने तक के बच्चों की देख-भाल, सहायता और पोषण करना।
(b) To provide opportunities for education to their children between 6-14 years/6–14 वर्ष के बीच के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
(c) To marry their children between 16-18 years/16-18 वर्ष के बीच के अपने बच्चों की शादी करना।
(d) To gift the inherited property to their children between 18-21 years/18-21 वर्ष के बीच वाले अपने बच्चों को विरासत में मिली सम्पत्ति उपहार में देना।

Ans. (b) : माता-पिता या अभिभावकों का मौलिक कर्तव्य है कि 6-14 वर्ष की आयु (86 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा जोड़ा गया) के बीच अपने बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करना। मौलिक कर्तव्य रूस के संविधान से लिया गया है।

- 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर इन्हें संविधान के भाग iv-A में शामिल किया गया।
- मूल रूप से इनकी संख्या 10 थी, वर्तमान में 11 मूल कर्तव्य है। इन सभी मूल कर्तव्यों को अनुच्छेद 51-A में सूचीबद्ध किया गया है।

37. Which section of the Constitution has often been referred as its conscience?
संविधान के किस भाग को प्रायः इसकी अंतरात्मा कहा गया है?

(a) Fundamental rights/मूल अधिकार
(b) Directive principles of State Policy
राज्य के नीति-निर्देशक तत्व
(c) Secularism /धर्मनिरपेक्षता
(d) Federalism/संघवाद

Ans. (a) : संविधान के मूलअधिकार को प्रायः इसकी अंतरआत्मा कहा गया है। मूल रूप से भारत के संविधान के भाग III में सात मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया था। इसमें सम्पत्ति का अधिकार भी शामिल था जिसे 44वें संविधान संशोधन द्वारा हटा दिया गया। वर्तमान में केवल 6 मौलिक अधिकार है। अनुच्छेद 32 को संवैधानिक उपचारों का अधिकार कहा जाता है। इसे भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान का हृदय और आत्मा कहा है। नीति निर्देशक तत्व आयरलैंड के संविधान से लिया गया है। जिसका उल्लेख संविधान के भाग 4 अनुच्छेद 36 से 51 में मिलता है। धर्मनिरपेक्षता (पंथनिरपेक्ष) - से आशय जिसमें राज्य का अपना कोई धर्म नही होता है राज्य सभी धर्मो को समान मानता है।

38. A teacher disccuses the appellate system in her class and promises her students to take them to courts in the same order as the appeals move in the appellate system. Which would be the correct order of students visit to various courts?
एक अध्यापिका अपील-व्यवस्था को पढ़ाते हुए छात्राओं से न्यायालयों में अपील के अनुक्रम में उन्हें न्यायालयों में ले जाने का वचन देती है। इसके अनुसार विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न न्यायालयों में जाने का क्रम क्या होगा?

(a) Session court-High court-Supreme court
निचली अदालत-उच्च अदालत-सर्वोच्च न्यायालय
(b) High Court-Supreme court-District-court
उच्च न्यायालय-सर्वोच्च न्यायालय-जिला न्यायालय
(c) Session court-Supreme court-High court
निचली अदालत-सर्वोच्च न्यायालय-उच्च न्यायालय
(d) District court-High court- Session court
जिला न्यायालय-उच्च न्यायालय-निचली अदालत

Ans. (a) : एक अध्यापिका अपील-व्यवस्था को पढ़ाते हुए छात्राओं से न्यायालयों में अपील के अनुक्रम में उन्हें न्यायालय में ले जाने का वचन देती है। इसके अनुसार विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न न्यायालयों में जाने का क्रम निचली अदालत, उच्च अदालत, सर्वोच्च न्यायालय होगा। भारत का शीर्ष न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय है जो नई दिल्ली में स्थित है जिसके मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा द्वारा की जाती है। विभिन्न राज्यों में उच्च न्यायालय है। उच्च न्यायालय के नीचे जिला न्यायालय और उसके अधीनस्थ न्यायालय है, जिन्हें निचली अदालत कहा जाता है। और न्यायपालिका तथा व्यवस्थापिका के परस्पर मतभेद या विवाद का सुलह राष्ट्रपति करता है।

39. Social group confront marginalisation by means of/सामाजिक समूहों ने 'हाशियाकरण से सामना' _____किया।

A. protesting against domination by others
दूसरों के आधिपत्य के विरोध द्वारा

B. protesting against being excluded from mainstream
मुख्य धारा से बहिष्कृत किए जाने के विरोध द्वारा

C. taking up armed struggle
सशस्त्र संघर्ष द्वारा

D. self improvement through education
शिक्षा द्वारा अपने सुधार द्वारा

Choose the correct options
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) A, B and C/(a), (b) और (c)
(b) A, B, and C/(a), (b) और (c)
(c) A, C and D/(a), C और (d)
(d) B, C and D/(b), (c) और (d)

Ans. (c) : सामाजिक समूहों ने हाशियाकरण से सामना दूसरों के अधिपत्य के विरोध द्वारा, सशस्त्र संघर्ष द्वारा, शिक्षा द्वारा, अपने सुधार द्वारा किया। जिसे संविधान हमेशा हाशिए के समूहों को सामाजिक और सांस्कृतिक न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। सरकार ने हाशिए के समूहों के लिए कई योजनाएँ और नीतियाँ बनाई हैं और उन्हें बढ़ावा देने का प्रयास किया हैं। आरक्षण उनमें से एक है जो दलितों और आदिवासियों को सामाजिक न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। दलितों को सुरक्षा के लिए अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 बनाया गया। और अस्पृश्यता का अंत कर दिया गया। इसका तात्पर्य यह हुआ कि अब से दलितों को खुद को शिक्षित करने, मंदिरों में प्रवेश करने, सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग करने आदि से कोई नहीं रोक सकता।

30. Consider the following statements on fundamental Rights provided by Indian constitution and choose the correct option :
भारतीय संविधान द्वारा दिए गए मूल अधिकारों के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. These rights are available to all Indian equality
ये अधिकार सभी भारतीयों को समान रूप से मिले हुए है।

B. Marginalized people use these right to protect themselves from the injustice done to them
हाशिए के लोग इनका उपयोग उन पर होने वाले अन्यायों से अपने बचाव हेतु करते हैं।

C. People have influenced the government to frame new laws, in keeping with the spirit of rights.
लोगों ने सरकार पर इन अधिकारों की दिशा में ही और नए कानून बनाने हेतु दबाव डाला है।

(a) Only A and B are true/केवल (a) तथा (b) सही हैं।
(b) Only B and C are true/केवल (b) तथा (c) सही हैं।
(c) All A, B and C are true
सभी (a), (b) तथा (c) सही हैं।
(d) Only A and C are true/केवल (a) तथा (c) सही है।

Ans. (c) : मौलिक अधिकार भारत के संविधान के भाग -3 में वर्णित है। ये अधिकार सभी भारतीयों को समान से प्राप्त है। हाशिए के लोग इनका उपयोग उन पर होने वाले अन्यायों से अपने बचाव हेतु करते है। लोगों ने सरकार पर इन अधिकारों के दिशा में ही और नये कानून बनाने हेतु दबाव डाला है। मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे। वर्तमान में छः ही है। अनु. 12 से 35 मौलिक अधिकारों के संबंध में है जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है।

41. The purpose of glossary given in Social and Political Life textbooks is to-
'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' पाठ्य-पुस्तकों में दिए गए शब्द संग्रह का उद्देश्य है-

(a) give definitions of the terms in the chapters/अध्याय में दिए गए पारिभाषिक शब्दों की परिभाषा देना।
(b) provide clarity on the language used in the text/पाठ्य-पुस्तकों में प्रयुक्त भाषा की स्पष्टता प्रदान करना
(c) contribute in conceptual understanding through rote learning./रटने द्वारा अवधारणा की समझ प्रदान करना।
(d) introduce students to new terms for improving vocabulary/छात्रों का नए शब्दों से परिचय करवा कर उनके शब्दकोश में वृद्धि करना।

Ans. (b) : सामाजिक और राजनैतिक जीवन पाठ्य-पुस्तकों में दिये गये शब्द संग्रह का उद्देश्य पाठ्य-पुस्तक में प्रयुक्त भाषा की स्पष्टता प्रदान करना है। जिससे छात्रों में स्वध्याय प्रणाली का विकास होता है। पाठ्य-पुस्तक द्वारा किसी क्षेत्र विशेष की गतिविधियों को एकजुट कर पाना संभव हो पाता है। राजनैतिक और सामाजिक जीवन की विषयवस्तु में कई समुदायों का विशेष रूप से नाम लिया गया है जैसे- दलित, मुसलमान, गरीब आदि यह किताब शिक्षकों पर भरोसा करती है कि वे पाठ पढ़ाते वक्त सभी विद्यार्थियों की गरिमा का ध्यान रखेंगे और उनकी इज्जत करेंगे।

42. The Social and Political Life textbooks have been written with the following objectives :
'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' पुस्तकें निम्नलिखित उद्देश्य से लिखी गई हैं-

(a) They help in the retention of facts by giving precise information
वे तथ्यों को याद रखने में सहायक हैं, क्योंकि वे निश्चित सूचना प्रदान करती हैं।

(b) They balance the ideal with the real in the discussion of topics.
वे पाठ्य-वस्तु की चर्चा में आदर्श और वास्तविकता में संतुलन रखती हैं।

(a) Only A/A केवल
(b) Only B/B केवल
(c) Both A and B/A और B
(d) Neither A nor B/A या B कोई नहीं

Ans. (b) : सामाजिक और राजनैतिक जीवन में पुस्तकें पाठ्य-वस्तु की चर्चा में आदर्श और वास्तविकता में संतुलन रखती है और इस पुस्तक के अध्याय कई विशिष्ट समुदायों का उल्लेख करते हुए (जैसे-दलित, मुस्लिम, गरीब आदि) विभिन्न मुद्दों की चर्चा करते है इसके कारण कक्षा में असहज वातावरण हो सकता है– खासकर तब, जब वहाँ अलग-अलग सामाजिक सांस्कृतिक और (संभवतः) आर्थिक पृष्ठभूमि में बच्चें मौजूद हों। हम यह अपेक्षा करते है कि शिक्षा संवेदनशीलता के साथ और प्रत्येक बच्चे की गरिमा का आदर करने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस सामग्री पर कक्षा में शिक्षण कार्य करवाने में बेहद जरूरी भूमिका का निर्वाह करेंगे।

43. Which of the following teaching-learning strategies is best employed at an elementary level, to discuss the topic of administrative heirarcheis in the Mughal administration?
आरंभिक स्तर पर मुगल प्रशासन में प्रशासनात्मक पदानुक्रम विषय पर चर्चा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम युक्तियाँ सर्वश्रेष्ठ हैं?

A. Role play/भूमिका अदा करना (रोल-प्ले)
B. Open-ended questions
अंत मुक्त (ओपन एंडैड) प्रश्न
C. Surveys/सर्वेक्षण
D. Time-line/समय-सीमा

(a) A, B, C and D/(a), (b), (c) और (d)
(b) A, B and C/(a), (b) और (c)
(c) A, B and D/(a), (b) और (d)
(d) B, C and D/(b), (c) और (d)

Ans. (c) : आरंभिक स्तर पर मुगल प्रशासन में प्रशासनात्मक पदानुक्रम विषय पर चर्चा करने के लिए भूमिका अदा करना (रोल प्ले) अंत मुक्त (ओपेन एंडैड) प्रश्न, समय-सीमा आदि शिक्षण अधिगम युक्तियाँ सर्वश्रेष्ठ है। क्योंकि शिक्षण अधिगम एक गतिशील तथा सुनियोजित प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य बच्चों को अधिक से अधिक सीखने के अनुभव प्राप्त करें। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मनोवैज्ञानिक खोजों पर अनेक विधियों तथा प्रविधियों का प्रयोग किया जाता है। विभिन्न युक्तियों के प्रयोग से ज्ञान का सम्प्रेषण छात्र की ओर तीव्र गति से होता है और छात्र कम से कम समय में अधिक ज्ञान अर्जित कर सकते है।

44. Read statements A and B and select correct answers. How co-curricular activities can help in the development of social values?
कथन A, B और C को पढ़िए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।
पाठ्य-सहगामी गतिविधियाँ सामाजिक मूल्यों के विकास में कैसे सहायता कर सकती है?

(a) Students can develop tolerance towards social diversity by participating in social activities.
छात्र सामाजिक गतिविधियों के द्वारा सामाजिक विविधता के प्रति सहिष्णुता को विकसित कर सकते हैं।
(b) Students develop group spirit, unity and ability to be co-operative
छात्र सहयोगी बनने के लिए सामूहिकता की भावना, एकता तथा योग्यता को विकसित करते हैं।

(a) Only A/केवल (a)
(b) Only B/केवल (b)
(c) A and B/(a) और (b)
(d) Neither A nor B/(a) और (b) दोनों नहीं

Ans. (c) : पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ सामाजिक मूल्यों के विकास में सहायता करती है जिससे छात्र सामाजिक गतिविधियों के द्वारा सामाजिक विविधता के प्रति सहिष्णुता को विकसित कर सकते है तथा छात्र सहयोगी बनने के लिए सामूहिकता की भावना, एकता तथा योग्यता को विकसित करते है। पाठ्य सहगामी क्रियाओं के माध्यम से वे चीजों का प्रयोग करना सीखते है। इसके अन्तर्गत विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए वे विश्लेषण, संश्लेषण और मूल्यांकन करते है जिससे उनका बौद्धिक विकास होता है।

45. Consider the following topics from elementary level social science textbooks. Which of the following could be taught using 'lived experiences of the community'.
निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिए। आरंभिक स्तर की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में से कौन-सा 'समुदाय के जीवन्त अनुभवों' के माध्यम से पढ़ाया जा सकता है?

(a) Memories of partition of India
भारत-विभाजन की स्मृतियाँ
(b) Caste based discrimination
जाति आधारित भेद-भाव
(c) Sexual harassment at workplace
कार्यक्षेत्र में यौन उत्पीड़न
(d) Architectual style of Taj Mahal
ताजमहल की वास्तुकलात्मक शैली

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B, C and D/(a), (b), (c) और (d)
(b) A, B and C/(a), (b) और (c)
(c) A, B and D/(a), (b) और (d)
(d) B, C and D/(b), (c) और (d)

Ans. (b) : आरंभिक स्तर की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक में भारत विभाजन की स्मृतियाँ, जाति आधारित भेदभाव तथा कार्यक्षेत्र में यौन-उत्पीड़न जैसे समुदाय के जीवन्त अनुभवों के माध्यम से पढ़ाया जा सकता है। जिससे छात्रों पर उन समुदायों के द्वारा औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों रूप से प्रभाव पड़ता है। अतः समुदाय आधारभूत पाठ्यक्रम तथा शिक्षण संगठन की रूपरेखा भी तैयार करता है और समुदाय द्वारा दी गई शिक्षा उपर्युक्त होती है।

46. The pedagogical practices of social science teacher should focus on _____
सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की शिक्षा-शास्त्रीय युक्तियों का बल _____ होना चाहिए।

(a) arousing curiosity and interest of the students to share their experiences
अपने अनुभवों को साझा करने के लिए छात्रों की जिज्ञासा और रुचि को जगाने पर
(b) exposing students to multiple view points about social realities
छात्रों को सामाजिक वास्तविकताओं के संदर्भ में बहुल विचारों के प्रभाव में डालने पर
(c) enabling students to critically evaluate facts and experiences
छात्रों को तथ्यों और अनुभवों के आलोचनात्मक मूल्यांकन में सक्षम बनाने पर
(d) Encourage memorisation of facts as given in textbooks and reference materials.
तथ्य जैसे पाठ्य-पुस्तकों या संदर्भ सामग्रियों में दिए गए हैं वैसे ही याद करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and C/(a), (b) और (c)
(b) B, C and D/(b), (c) और (d)
(c) A, B and D/(a), (b) और (d)
(d) A, C and D/(a), (c) और (d)

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की शिक्षा-शास्त्रीय युक्तियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करने के लिए छात्रों की जिज्ञासा और रुचि को जगाने पर, छात्रों को सामाजिक वास्तविकताओं के संदर्भ में बहुल विचारों के प्रभाव में डालने पर तथा छात्रों को तथ्यों और अनुभवों के आलोचनात्मक मूल्यांकन में समझ बनाने पर होना चाहिए। जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो और उन्हें अपने अस्तित्व की जानकारी प्राप्त हो।

47. On which of the following topic, a teacher can organize a debate as a method of teaching?
निम्नलिखित में से कौन से विषय पर अध्यापक, शिक्षण की विधि के तौर पर वाद-विवाद/बहस का आयोजन कर सकता है?

(a) Layers of Earth/पृथ्वी की परतें
(b) Air pressure/वायुदाब
(c) Continents and oceans/महाद्वीप तथा महासागर
(d) Environment and development
पर्यावरण तथा विकास

Ans. (d) : पर्यावरण तथा विकास के विषय पर अध्यापक, शिक्षण की विधि के तौर पर वाद-विवाद। बहस का आयोजन कर सकता है। पर्यावरण एक देश के आर्थिक उन्नति में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक राष्ट्र के विकास का एक बड़ा हिस्सा विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ा होता है। प्राकृतिक संसाधन जैसे कि पानी, जीवाश्म ईधन, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों की उत्पादन क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता होती है। विकास तभी टिकाऊ रह सकता है, जब प्राकृतिक संतुलन की रक्षा करता हो। प्राकृतिक वातावरण का हमारे सामाजिक व आर्थिक जनजीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

48. Which of the following is important for social teacher's classroom practices for developing critical thinking skills in students?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की कक्षायी गतिविधियों द्वारा छात्रों में आलोचनात्मक सोच को विकसित करने के लिए सही है?

(a) Asking probing questions
खोजी प्रश्नों को पूछना।
(b) Asking students to reflect/छात्रों को प्रतिबिंबन (रिफ़्लेक्ट) करने के लिए कहना।
(c) Asking students to accept the given statement/छात्रों को दिए हुए कथन को स्वीकार करने के लिए कहना।
(d) Providing students with multiple perspectives
छात्रों को बहुल दृष्टिकोण को प्रदान करना।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/(a), (b) और (c)
(b) B, C and D/(b), (c) और (d)
(c) A, B and D/(a), (b) और (d)
(d) A, C and D/(a), (c) और (d)

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की कक्षायी गतिविधियाँ खोजी प्रश्नों को पूछना, छात्रों को प्रतिबिंबन (रिफ्लेक्ट) करने के लिए कहना, छात्रों को बहुल दृष्टिकोण को प्रदान करना आदि द्वारा छात्रों में आलोचनात्मक सोच को विकसित करता है तथा अवलोकन और अनुभव के द्वारा सामाजिक विज्ञान शिक्षण बच्चों में ज्ञान आधारित क्षमता का विकास कर सकता है।

49. Which of the following statements are true about the relevance of critical thinking in social science education?
सामाजिक विज्ञान शिक्षण में आलोचनात्मक चिंतन की प्रासंगिकता के विषय में कौन-सा कथन सही है?

(A) Facilitating independent judgement and learning of knowledge
स्वतंत्र निर्णय और ज्ञान का अवबोध करना।
(b) Empowering learners as citizens to think and act effectively in democracy.
प्रजातंत्र में छात्रों को नागरिक के रूप में प्रभावशाली ढंग से सोचने व कार्य करने हेतु सशक्त बनाना।
(c) Making aware of difference in criteria and evidence to justify propositions in social sciences.
सामाजिक विज्ञानों में मानक और प्रमाण में भेद द्वारा किसी प्रस्ताव को उचित ठहराने की क्षमता का विकास।
(d) Accepting claims of those in authority for fulfilling aspirations.
आकांक्षापूर्ति हेतु सत्ताधारियों के दावों को स्वीकार करना।
(E) Use criteria to make warranted judgements about policy decisions.
नीतिगत निर्णयों के लिए आज्ञापालन फैसला लेने में मानक का उपयोग।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B, C and D/ A, B, C तथा D
(b) B, C, D and E/ B, C, D तथा E
(c) A, C, D and E/ A, C, D तथा E
(d) A, B, C and E/ A, B, C तथा E

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण में आलोचनात्मक चिन्तन की प्रासंगिकता स्वतंत्र निर्णय और ज्ञान का अवबोध करना। प्रजातंत्र में छात्रों को नागरिक के रूप में प्रभावशाली ढंग से सोचने व कार्य करने हेतु सशक्त बनाना। सामाजिक विज्ञान में मानक और प्रमाण से भेद द्वारा किसी प्रस्ताव को उचित ठहराने की क्षमता का विकास तथा नीतिगत निर्णयों के लिए आज्ञापालन फैसला लेने में मानक का उपयोगों द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

50. Critical thinking is associated with which of the values?/आलोचनात्मक चिंतन किन मूल्यों से संबद्ध है?

(a) Curiosity/ जिज्ञासा
(b) Pride/ गौरव
(c) Reflection/रिफ़्लेक्शन
(d) Rationality/तार्किकता
(e) Obedience/आज्ञापालन

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B, C and D/ A, B, C तथा D
(b) A, C, and D/ A, C, तथा D
(c) A, C, D and E/ A, C, D तथा E
(d) B, C and D/ B, C तथा D

Ans. (b) : आलोचनात्मक चिंतन मूल्य के अन्तर्गत जिज्ञासा, रिफ्लेक्शन, आज्ञापालन आता है। यह व्यक्ति को बुद्धिजीवी बनने एवं लोगों का नेतृत्व करने व समाज के साथ समायोजन करने में भी उसकी सहायता करता है। यह व्यक्ति का उसके कार्यों एवं उसके विचारों में परिपक्वता लाने एवं उसके आत्मविश्वास में वृद्धि लाने का कार्य करता है।

51. You want to discuss 'Dandi March' in your next class to develop student's reasoning on its significance for the National Movement. You would focus upon :
आप अपनी अगली कक्षा में चर्चा द्वारा राष्ट्रीय आंदोलन में दाण्डी मार्च के महत्व के विषय में छात्रों की तर्क शक्ति विकसित करना चाहते हैं। आप किस बात पर बल देंगे:-

(A) The place and distance marched from Sabarmati to Dandi.
साबरमती से दाण्डी तक स्थान और दूरी।

(b) State's monopoly on manufacture and sale of salt.
नमक बनाने और बेचने पर सरकार का एकाधिकार

(c) The large scale participation and suffering of satyagraphis.
बड़ी संख्या में सत्याग्रहियों की भागीदारी और उनका कष्ट सहना।

(d) The passing of government of India, 1935
सरकार द्वारा 1935 का अधिनियम पारित करना।

Choose the most appriate options
सबसे उचित विकल्प चुनिए-

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) A, B and D/A, B और B

Ans. (b) : कक्षा में चर्चा द्वारा राष्ट्रीय आन्दोलन दाण्डी मार्च के महत्व के विषय में छात्रों की तर्कशक्ति विकसित करने के लिए नमक बनाने और बेचने पर सरकार का एकाधिकार, बड़ी संख्या में सत्यग्राहियों की भागीदारी और उनका कष्ट सहना तथा सरकार द्वारा 1935 का अधिनियम पारित करना इन्हीं सब बातों पर बल देंगे। दांडी मार्च 12 मार्च से 6 अप्रैल 1930 तक 26 दिनों का मार्च था।

52. Which of the following are the objectives of social and political life as a subject :
निम्नलिखित में से एक विषय के तौर पर सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन के उद्देश्य कौन-से हैं?

(a) To enable students to make connections between everyday lives and issues discussed in textbook.
पाठ्य-पुस्तक में चर्चित दैनिक जीवन एवं समस्याओं के बीच संबंध बनाने में छात्रों को सक्षम बनाना।

(b) To help students recognize gendered nature of all the issue raised.
सभी उठाए गए मुद्दों की लैंगिक प्रकृति की पहचान करने में छात्रों की सहायता करना।

(c) To develop skills to critically analyse and interpret political, social and ecnomic issues.
राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों की आलोचनात्मक तरीके से विश्लेषित व व्याख्यायित करने के कौशल का विकास।

(d) To imbide a sense citizen and citizenship among students.
छात्रों में आदर्श नागरिक एवं नागरिकता के संवेदन को आत्मसात करवाना।

Choose the appropriate option given below
निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and C/A, B और C
(c) A, C, and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (a) : सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन के उद्देश्य निम्न है-
- पाठ्यपुस्तक में चर्चित दैनिक जीवन एवं समस्याओं के बीच संबंध बनाने में छात्रों को सक्षम बनाना।
- सभी उठाये गये मुद्दों की लैंगिक प्रकृति की पहचान करने में छात्रों की सहायता करना।
- राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों को आलोचनात्मक तरीके से विश्लेषित व व्याख्यायित करने के कौशल का विकास।

53. Consider the following Assertion (A) and Reasoning (R)
निम्नलिखित अभिकथन (A) तथा कारण (R) पर विचार कीजिए।

(a) 'Social science is a non-utilitarian subject'.
अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान एक गैर-उपयोगितावादी विषय है।

(R) 'Social science do not lend themselves to scientific inquiry like the natural sciences'.
कथन (R) : सामाजिक विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञानों की तरह वैज्ञानिक जाँच/परिप्रश्न के अनुकूल नहीं है।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false
(a) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान एक गैर उपयोगितावादी विषय हैं इस विषय का अध्ययन कर आत्मसात करने से व्यक्ति को समाज में रहने की समझ विकसित होती है एक मानव का दूसरे मानव के प्रति, मानव का पशु-पक्षियों तथा मानव का पर्यावरण के प्रति सामाजिक कार्यों और दायित्वों की समझ विकसित होती है इससे विकसित समाज का निर्माण होता है। सामाजिक विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान की तरह वैज्ञानिक जाँच/परिप्रश्न के अनुकूल नहीं है। अतः (a) और (R) दोनों गलत है।

54. A teacher asks her students to inverview 10 women belonging to different socio-economic class and find out the challenges they face. Which type of learning source is she encouraging her students to use?
अध्यापक छात्रों को विभिन्न सामाजिक आर्थिक वर्गों की 10 महिलाओं के साक्षात्कार करने और उनके द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों को पता करने के लिए कहते हैं। वे छात्रों को किस प्रकार के अधिगम स्त्रोतों के प्रयोग के लिए उत्साहित कर रही हैं?

Options :
(a) Secondary source/द्वितीयक स्त्रोत
(b) Graphic source/ग्राफ़िक स्त्रोत
(c) Textual source/पुस्तकीय स्त्रोत
(d) Primary/प्राथमिक स्त्रोत

Ans. (d) : अध्यापक छात्रों को विभिन्न सामाजिक आर्थिक वर्गों की 10 महिलाओं के साक्षात्कार करने और उनके अनुभव की जाने वाली चुनौतियों को पता करने के लिए कहते है। वे छात्रों को प्राथमिक स्त्रोत के अधिगम स्त्रोतों के प्रयोग के लिए उत्साहित कर रही है। प्राथमिक स्त्रोत के अन्तर्गत जो आँकड़े प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह संस्था/संगठन द्वारा एकत्रित किये जाते है। वे इसके अन्तर्गत आते है।

55. Consider the statements A, B and C on choosing appropriate projects for students. Which one are most important.
छात्रों के लिए उपयुक्त परियोजनाओं के चयन पर दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए। कौन-से अति-महत्वपूर्ण हैं?

(a) 'Learning objects must pertain to the course for which the project work is done'.
अधिगम के उद्देश्यों को पाठ्यक्रम के अनुरूप होना चाहिए, जिसके लिए परियोजना कार्य हुआ है।
(b) 'Link project work to the topics that are studied in the course'.
जो विषय पाठ्यक्रम में पढ़े हुए हैं उनको परियोजना कार्य से जोड़ें।
(c) 'Ensure project work is located outside the school'.
सुनिश्चित करें कि परियोजना कार्य विद्यालय के बाहर स्थित हो।

(a) All the three A, B and C are true
(a), (b) और (c) तीनों सही है।
(b) Only A and B are true/केवल (a) और (b) सही है।
(c) Only B and C are true/केवल (b) और (c) सही हैं।
(d) Only A and C are true/केवल (a) और (c) सही हैं।

Ans. (b) : छात्रों के लिए उपयुक्त परियोजनाओं के लिए अधिगम के उद्देश्यों को पाठ्यक्रम के अनुरूप होना चाहिए, जिसके लिए परियोजना कार्य हुआ है और जो विषय पाठ्यक्रम में पढ़े हुए है उनको परियोजना कार्य से जोड़े तथा उनमें विभिन्न पूर्वानुमानों, आधारभूत नीतियों तथा कम्पनी की विद्यमान योजनाओं आदि को सम्मिलित किया जाय।

56. Which of the following questions mainly tries to assess the procedural knowledge of students?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-से प्रश्न विद्यार्थियों के कार्यविधिक ज्ञान के आकलन का प्रयास करते हैं?

(A) Describe three ways of controlling air pollution in your area.
अपने क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के तीन तरीकों का वर्णन कीजिए।
(b) What attracted European trading companies to India?
यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों को भारत की ओर किस बात ने आकर्षित किया था।
(c) How did the British commercialize Indian agriculture?
अंग्रेजों ने भारतीय कृषि का व्यापारीकरण किस प्रकार किया?
(d) Describe the main features of the Permanent settlement.
स्थायी बंदोबस्त की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
(E) What were the circumstances which led to the eventual collapse of indigo production in Bengal?
वे कौन-सी परिस्थितियाँ थीं जिसने बंगाल में नील के उत्पादन को धीरे-धीरे खत्म कर दिया।

Choose from the following options :
निम्नलिखित विकल्पों में से चयन कीजिए :
(a) A and C/(A) तथा (C)
(b) B and D/(B) और (D)
(c) C and E/(C) और (E)
(d) A and E/(A) और (E)

Ans. (a) : विद्यार्थियों के कार्यविधि ज्ञान के आकलन अपने क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के तीन तरीकों का वर्णन कीजिए तथा अंग्रेजों ने भारतीय कृषि का व्यापारीकरण किस प्रकार किया। ऐसे ही प्रश्नों को करने से विद्यार्थियों के आकलन का पता लगाया जा सकता है। जिससे उनके स्तर का विकास हो।

57. Sameer is travelling from Bhopal to Chennia on a train. He gets inquisitive about the states that he would be passing through on his way to the destination. Suggest the most appropriate way to enable him to find an answer, such that he also learns a skill.

समीर ट्रेन द्वारा भोपाल से चेन्नई की यात्रा कर रहा है। वह उन राज्यों के संदर्भ में उत्सुक/जिज्ञासु हो जाता है जिनसे वह गंतव्य तक पहुँचने के दौरान गुजरेगा। सबसे उपयुक्त तरीका सुझाएँ जिससे वह उत्तर भी ढूँढ़े ले और उसमें कोई कौशल भी विकसित हो।

(a) Look at the political map of India and check all the states that lie between Bhopal (Madhya Pradesh) and Chennai (Tamil Nadu)./भारत के राजनैतिक मानचित्र को देखे और भोपाल (मध्य प्रदेश) एवं चेन्नई (तमिलनाडु) के बीच पड़ने वाले सभी राज्यों का पता करें।

(b) Ask your parents about it/इसके बारे में अपने माता-पिता से पूछे।

(c) Find out the train number and check for its route on the railway map./रेल नम्बर संख्या पता लगाए और उसके रूट को मानचित्र पर ढूँढे/पता लगाए।

(d) Get off at the nearest railway station and ask from the station master./निकटतम रेलवे स्टेशन पर उतर जाए और स्टेशन मास्टर से पूछे।

Ans. (c) : समीर ट्रेन द्वारा भोपाल से चेन्नई की यात्रा कर रहा है। वह उन राज्यों के संदर्भ में उत्सुक हो जाता है जिनसे वह गंतव्य तक पहुँचने के दौरान गुजरेगा तो समीर ट्रेन का नंबर संख्या पता लगाये और उसके रूट को मानचित्र पर ढूँढ़े, तो उन सभी राज्यों के राजनैतिक, सामाजिक एवं प्राकृतिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर लेगा और उसका कौशल भी विकसित हो जायेगा।

58. Which of the following questions tries to assess a student's knowledge?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा छात्रों के तथ्यात्मक ज्ञान को आँकने का प्रयास करता है?

(A) Which of the two main climate factors responsible for soil formation?
कौन-से दो मुख्य जलवायु घटक मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी हैं?

(B) When did second world war take place?
द्वितीय विश्व युद्ध कब हुआ था?

(C) List the sources of irrigation
सिंचाई के स्त्रोतों को सूचीबद्ध कीजिए।

(D) Describe Mahatma Gandhi's role in the Champaran movement.
चंपारण आंदोलन में महात्मा गाँधी की भूमिका का व्याख्या कीजिए।

(E) How is food security ensured in India?
भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की गई?

निम्नलिखित विकल्पों में से चयन कीजिए:

(a) A, B and C/(A), (B) और (C)
(b) B, C and D/(B), (C) और (D)
(c) C, D and E/(C), (D) और (E)
(d) A, C and E/(A), (C) और (E)

Ans. (a) : तथ्यात्मक ज्ञान तत्वों से परिपूर्ण होता है। अतः इसे तथ्यात्मक ज्ञान या तथ्यात्मक अधिगम के रूप में जाना जाता है। तथ्यात्मक ज्ञान या ज्ञान श्रृंखला का तृतीय प्रकार है इस ज्ञान के अन्तर्गत किसी व्यक्ति या वस्तु के संदर्भ में कोई दवा या तथ्य निश्चित किया जाता है। तथ्यात्मक ज्ञान को आँकने के लिए छात्रों से निम्न तरीके के प्रयास किये जाने चाहिए। जैसे कौन से दो मुख्य जलवायु घटक मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी है। द्वितीय विश्वयुद्ध कब हुआ था। सिंचाई के स्त्रोतों को सूचीबद्ध कीजिए।

59. You have to give a group of students a project to make people aware of a new law that is to be tabled in the parliament. Which of the following tasks can be given to students to assess their understanding?
आपकों अपने छात्रों के समूह को संसद पटल पर रखे एक नए कानून के प्रति अवगत करने के लिए एक प्रोजेक्ट कार्य देना है। उनकी समझ का मूल्यांकन/मापन करने के लिए आप निम्न में से क्या कार्य देंगी?

(a) Writing articles in the newspaper on this issue.
इस विषय/मुद्दे पर समाचार पत्रों में लेख लिखना।

(b) Finding the perspective of different social groups and writing a report.
विभिन्न सामाजिक समूहों का नज़रिया मालूम करना और प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना।

(c) Meeting the law makers and writing an essay.
कानून निर्माताओं से मिलना और लेख/निबंध लिखना।

(d) Preparing posters for display at public places
सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए पोस्टर तैयार करना

(a) Only A, B and C/A, B और C
(b) Only B, C and D/B, C और D
(c) Only A, C and D/A, C और D
(d) Only A, B, and D/A, B और D

Ans. (d) : छात्रों के समूह को संसद पटल पर रखे एक नए कानून के प्रति अवगत करने के लिए एक प्रोजेक्ट कार्य दिया गया उनकी समझ का मूल्यांकन मापने के लिए निम्नकार्य देंगे–

- इस विषय/मुद्दे पर समाचार पत्रों में लेख लिखना।
- विभिन्न सामाजिक समूहों का नजरिया मालूम करना और प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना।
- सार्वजनिक स्तर पर लगाने के लिए पोस्टर तैयार करना।

60. Which of the following assessment framework provide self-assessment and self-learning opportunities among children?
निम्नलिखित में से आकलन की कौन-सी रूपरेखा बच्चों में आत्म-आकलन तथा आत्म-अधिगम के अवसर प्रदान करती है?

(a) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(b) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(c) Assessment as learning/अधिगम की तरह आकलन
(d) Summative assessment/योगात्मक सारांशित आकलन

Ans. (c) : अधिगम की तरह आकलन बच्चों में आत्म आकलन तथा आत्म अधिगम के अवसर प्रदान करती है। इससे हम बच्चे के सीखे हुए ज्ञान को बच्चे के अन्दर सृजन किया गया ज्ञान को मापते है। यह एक लिखित मौखिक एवं क्रिया आधारित भी हो सकता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 29 दिसंबर, 2021)

1. Which of following statements is/are true for Harappan cities
हड़प्पा सभ्यता के नगरों (शहरों) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा (से) कथन सत्य है?

(i) Lothal had fire altars, where sacrifices may have been performed.
लोथल में अग्निकुण्ड मिले हैं जहाँ यज्ञ किए जाते होंगे।

(ii) Kalibangan had evidence of ploughed field.
कालीबंगा में जुते हुए खेतों के साक्ष्य मिले हैं।

(a) only (i) is true/ केवल (i) सत्य है।
(b) only (ii) is true/ केवल (ii) सत्य है।
(c) both (i) and (ii) are true/(i) और (ii) सत्य हैं।
(d) both (i) and (ii) are false
(i) और (ii) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : कालीबंगा और लोथल जैसे नगरों में अग्निकुण्ड मिले हैं, जहाँ संम्भवतः यज्ञ किये जाते होंगे। कथन I सत्य है। जबकि कृषि के सन्दर्भ में कालीबंगा नामक स्थान में जुते हुए खेतों के साक्ष्य मिल हैं, जो आरम्भिक हड़प्पा स्तरों से संबद्ध है।

2. Match the following./निम्नलिखित का सुमेल करें :

Place (स्थल)/Sites (स्थान)		States/राज्य	
A.	Bhimbetka/ भीमबेटका	I.	Maharashtra/ महाराष्ट्र
B.	Rajgriha/ राजगृह	II.	Karnataka/ कर्नाटक
C.	Inamgaon/ इनामगाँव	III.	Bihar/ बिहार
D.	Brahmagiri/ ब्रह्मगिरी	IV.	Madhya Pradesh/ मध्य प्रदेश

(a) A-I, B-II, C-III, D-IV
(b) A-I, B-IV, C-II, D-III
(c) A-IV, B-III, C-I, D-II
(d) A-IV, B-III, C-II, D-I

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

	स्थल/स्थान		राज्य
(A)	भीमबेटका	(iv)	मध्य प्रदेश
(B)	राजगृह	(iii)	बिहार
(C)	इनामगाँव	(i)	महाराष्ट्र
(D)	ब्रह्मगिरी	(ii)	कर्नाटक

3. Which of following is true about al-Idrisi and the map made by him?
निम्नलिखित में से कौन-सा अल-इद्रीसी और उसके द्वारा बनाए गए मानचित्र के सन्दर्भ में सही है?

A. He was Persian geographer.
वह एक फ़ारसी भूगोलवेत्ता थे।

B. The place names are marked in Arabic.
जगहों के नाम अरबी में चिह्नित हैं।

C. Sri Lanka appears on top and North India on bottom.
श्रीलंका ऊपर की ओर उत्तर भारत नीचे की ओर दिखाई पड़ता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए–

(a) A and B/ A और B (b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C (d) Only A/केवल A

Ans. (c) : अल-इद्रीसी एक अरब भूगोलवेत्ता थे। उसके द्वारा बनाये गये मानचित्र की एक खास बात यह थी कि वह मानचित्र उल्टा था अर्थात् उत्तर दिशा नीचे और दक्षिण दिशा ऊपर की ओर थी और इसमें जगहों का नाम अरबी में चिह्नित है तथा श्रीलंका ऊपर की ओर एवं उत्तर भारत नीचे की ओर दिखाई पड़ता है। इस प्रकार दिये गये प्रश्नगत विकल्पों में विकल्प B और C सत्य है।

4. Read the statements and choose the correct the option:
निम्नलिखित वक्तव्यों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

Temples and mosques were constructed by rulers to
शासकों द्वारा मंदिर और मस्जिदों का निर्माण किया गया:–

A. proclaim their closeness with God
भगवान के साथ अपनी धनिष्ठता प्रमणित करने के लिए

B. demonstrate power and wealth
शक्ति और वैभव प्रदर्शन करने के लिए।

C. appease and get support of priestly class
पुजारी वर्ग को संतुष्ट करने और उनका समर्थन पाने के लिए।

(a) A and B/A और B
(b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C
(d) A,B and C/A,B और C

Ans. (a) : शासकों द्वारा (12वीं शताब्दी में) मंदिरों और मस्जिदों का निर्माण बहुत ही सुंदर तरीके से किया जाता था। क्योंकि वे उपासना के स्थल थे। इसके द्वारा वे अपनी शक्ति, धन वैभव तथा

भक्ति भाव का भी प्रदर्शन करते थे। इससे वे पुजारी वर्ग को सन्तुष्ट करते थे तथा उनका सर्मथन पाते थे साथ ही वे भगवान के साथ अपनी घनिष्टता प्रमाणित करते थे। इस प्रकार दिए गए कथनों में A और B सत्य हैं।

5. Consider the following two statements A and B on British role in tribal affairs and select the correct answer.
आदिवासियों के मामलों में ब्रिटिश शासन की भूमिका पर दिए गए दो कथनों (A) और (B) विचार करें

A. Under British rule, the functions and powers of the tribal chiefs changed considerably.
कथन (A): ब्रिटिश शासन के तहत आदिवासी मुखियाओं के कार्यों और अधिकारों में काफी बदलाव आया।

B. Tribal chiefs were allowed to keep their land titles over a cluster of villages and rent out lands and retained administrative power.
कथन (B): आदिवासी मुखियाओं को गाँवों के समूह में अपनी जमीनों का अधिकार मिला और साथ में शासकीय शक्तियाँ भी बनी रहीं।

सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) Only A/केवल (A)
(b) Only B/केवल (B)
(c) Neither A nor B/(A) और (B) कोई भी नहीं
(d) Both A and B/(A) और (B) दोनों

Ans. (a) : ब्रिटिश शासन के दौरान आदिवासी मुखियाओं के कामकाज और अधिकार काफी बदल गये थे। उन्हें कई-कई गाँवों पर जमीन का मालिकाना हक तो मिला लेकिन उनकी शासकीय शक्तियाँ छिन गयी और उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा बनाए गये नियमों को मानने के लिए बाध्य कर दिया गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि आदिवासियों के मामले में दिये गये प्रश्नगत कथनों में कथन (B) गलत है तथा कथन (A) सही है।

6. Assertion (A): The Mughals did not believe in the rule of primogeniture.
दृढ़कथन (A): मुगल ज्येष्ठाधिकार के नियम में विश्वास नहीं करते थे।

Reason (R): They followed the custom of coparcenary inheritance.
कारण (R): उत्तराधिकार में वे सहदायाद की प्रथा को अपनाते थे।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not correct explanation of (A).
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false.
(A) सही है पर (R) गलत है।
(d) (A) is false, but (R) is true.
(A) गलत है पर (R) सही है।

Ans. (a) : मुगल जेष्ठाधिकार के नियम में विश्वास नहीं करते थे जिसमें ज्येष्ठ पुत्र अपने पिता के राज्य का उत्तराधिकारी होता था। इसके विपरीत उत्तराधिकार में वे सहदायाद तैमूर वंश की प्रथा को अपनाते थे, जिसमें उत्तराधिकार का विभाजन समस्त पुत्रों में कर दिया जाता था।
इस प्रकार कथन और कारण दोनों सही है तथा R (कारण) सही व्याख्या है (A) की।

7. Consider the following statements for tribals in India during colonial period and choose the correct option.
भारत में औपनिवेशिक काल में जन –जातियों के विषय में इन वक्तव्यों पर विचार कर, सही की पहचान करें–

A. The life of tribals did not change during British rule
ब्रिटिश राज में जन-जातियों के जीवन में परिवर्तन नहीं हुआ।

B. Tribal areas were managed by tribal chiefs even under British rule.
ब्रिटिश राज में भी जनजातीय क्षेत्रों का जनजातीय मुखियाओं द्वारा प्रबन्धन किया जाता था।

C. Tribal chiefs were unable to fulfil their traditional functions.
जनजातीय मुखिया अपनी पारंपरिक भूमिका नहीं निभा पा रहे थे।

(a) Only A is correct/केवल A सही है।
(b) Only B is correct/केवल B सही है।
(c) Only C is correct/केवल C सही है।
(d) Both B and C are correct/केवल B और C सही है।

Ans. (c) : ब्रिटिश शासन के दौरान आदिवासी समूहों का जीवन बदल गया तथा जनजाति मुखियाओं का कामकाज और अधिकार काफी बदल गये उनकी शासकीय शक्तियाँ छिन गयी उन्हें अंग्रेजों को नजराना देना पड़ता था और अंग्रेजों के प्रतिनिधि की हैसियत अपने समूहों को अनुशासन में रखना होता था पहले उनके पास जो ताकत थी अब वह नहीं रही, वे परम्परागत कामों को करने में लाचार हो गये।

8. Assertion (A): After the Revolt of 1857, more soldiers were recruited from among the Gurkhas, Sikhs, Pathans and South India.
अभिकथन (A): 1857 के विद्रोह के बाद, गोरखा, सिक्खों, पठानों और दक्षिण भारत में से ज्यादा /अधिक सिपाही भर्ती किए गए।

Reasoning (R): These soldiers were loyal to the East India Company and did not take part in the rebellions.
कारण (R): ये सिपाही ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रति निष्ठावान थे और इन्होंने बगावत में भाग नहीं लिया था।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।

(b) Both A and R are correct and R is not correct explanation of A.
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) A is true, but R is false.
(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।
(d) Both A and R are false.
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : 1857 के विरोध के बाद सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात कम करने तथा यूरोपीय सिपाहियों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया। यह भी तय किया गया कि अवध बिहार मध्यभारत तथा दक्षिण भारत में सिपाहियों की भर्ती करने की बजाय अब गोरखा, सिखों, और पठानों में से ज्यादा सिपाही भर्ती किये जायेंगे। इस प्रकार (A) और (R) दोनों गलत हैं।

9. The style of painting depicting India as a quaint land to be explored by travelling British Artists is
इस तरह की चित्रशैली में भारत को एक ऐसे अनूठे भूप्रदेश के रूप में चित्रित किया जाता था जिसकी ब्रिटिश कलाकार सेनानियों को पड़ताल करनी थी-
(a) realism/यथार्थपरक
(b) portraiture/रूप चित्रण
(c) perspective/परिप्रेक्ष्य
(d) picturesque/चित्रोपम

Ans. (d) : चित्रोपम प्रकार की चित्रशैली में भारत को एक ऐसे अनूठे भूप्रदेश के रूप में दिखाया जाता था जिसकी ब्रिटिश कलाकार सेनानियों को पड़ताल करनी थी।

10. The Paramhans Mandali was founded for the abolition of
परमहंस मंडली का गठन ____ के उन्मूलन लिए हुआ था।
(a) sati/सती
(b) caste/जाति
(c) child marriage/बाल विवाह
(d) honour killing/ प्रतिष्ठा के लिए हत्या

Ans. (b) : परमहंस मंडली का गठन जाति के उन्मूलन के लिए हुआ था। इसकी स्थापना 1849-50 में महाराष्ट्र में दादोबा पांडुरंग बालकृष्ण जयकर एवं आत्मकृष्ण पाण्डुरंग ने की थी। इसके संस्थापक एक ईश्वर में विश्वास करते थे और मुख्य रूप से जाति नियमों को तोड़ने में रुचि रखते थे। 1860 में इस मण्डली को समाप्त कर दिया गया।

11. The basis for demanding caste equality by Sri Narayana Guru was
श्री नारायण गुरू के द्वारा जाति समानता की माँग का आधार था–
A. to demand work opportunities outside their assigned caste
उनकी जातियों के निर्दिष्ट कार्यों से बाहर काम के अवसरों की माँग करने के लिए।
B. the belief that all humankind belonged to the same caste
यह विश्वास कि सारी मानवजाति एक जाति से संबंधित हैं।
C. western education and its provision to improve one's social status
व्यक्ति के सामाजिक स्तर में वृद्धि के लिए पश्चिमी शिक्षा तथा उसका प्रावधान करने का।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only C is/ केवल C
(d) A,B and C/A,B तथा C

Ans. (b) : ऐझावा जाति के नरायण गुरू ने अपने लोगों के बीच एकता का आदर्श रखा उन्होंने जाति भिन्नता के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव करने का विरोध किया उनके अनुसार सारी मानवता की एक ही जाति है। इस प्रकार स्पष्ट है कि नरायण गुरु के द्वारा जाति समानता की मांग का आधार यह था कि सभी मानव जाति एक ही से संबंधित है।

12. Assertion(A): In Permanent Settlement, the zamindars had to collect flexible rent from the peasants and pay fixed revenue to the Company.
अभिकथन (A): स्थायी बंदोबस्त में जमींदारों को किसानों से लचीले रूप से लगान इकट्ठा करना होता था तथा कंपनी को स्थायी राजस्व देना होता था।
Reasoning (R): In making the rent flexible, the Company thought it would encourage the zamindars to invest in improving the land.
कारण (R): लगान को लचीला बनाने के पीछे कंपनी की सोच थी कि यह जमींदारों को भूमि को बेहतर बनाने के लिए खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन किजिए।
(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both A and R are correct and R is not correct explanation of A.
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) A is true, but R is false.
(A) सही हैं लेकिन (R) गलत हैं।
(d) Both A and R are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कंपनी ने 1793 में स्थायी बन्दोबस्त लागू किया। इस बन्दोबस्त की शर्तों के हिसाब से राजाओं और तालुकदारों को जमींदारों के रूप में मान्यता दी गयी और उन्हें किसानों से लगान वसूलने और कंपनी को राजस्व चुकाने का जिम्मा सौंपा गया। उनकी ओर से चुकाई जाने वाली राशि स्थायी रूप से तय कर दी गई थी। अंग्रेजों को लगता था कि इससे उन्हें नियमित रूप से राजस्व मिलता रहेगा और जमींदारों को जमीन में सुधार के लिए खर्च करने का प्रोत्साहन मिलेगा।
इस प्रकार कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

13. If you were a moderate leader, which of the following methods would you have taken against the British rule?
यदि आप एक नरमपंथी नेता होते, तो ब्रिटिश शासन के विरुद्ध निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका अपनाते?

A. Develop public awareness against unjust rule
अन्यायपूर्ण शासन के विरुद्ध जनता में जागरूकता विकसित करते

B. Boycott British institutions and goods
ब्रिटिश संस्थानों तथा वस्तुओं का बहिष्कार करते

C. Send representatives to different parts of the country to mobilise public opinion.
जनता की राय को प्रभावित करने के लिए देश के विभिन्न भागों में अपने प्रतिनिधि भेजते

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A and B/A तथा B
(b) A and C /A तथा C
(c) B and C /B तथा C
(d) A,B and C /A,B तथा C

Ans. (b) : यदि हम एक नरमपंथी नेता होते तो ब्रिटिश सरकार के अन्यायपूर्ण शासन के विरुद्ध जनता में जागरुकता विकसित करते तथा जनता की राय को प्रभावित करने के लिए देश में विभिन्न भागों में अपने प्रतिनिधि भेजते।

14. Mahatma Gandhi's ashes was immersed in
महात्मा गाँधी की अस्थियाँ प्रवाहित की थीः

(a) Ahmedabad/ अहमदाबाद में
(b) Allahabad/इलाहाबाद में
(c) Delhi/दिल्ली में
(d) Porbandar/पोरबंदर में

Ans. (b) : महात्मा गाँधी की अस्थियाँ इलाहाबाद में प्रवाहित की गई थी (फरवरी 1948 में)। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था। गुरूदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर ने इनको 'महात्मा' कहकर सम्बोधित किया था। चम्पारण सत्याग्रह गाँधी जी के नेतृत्व में भारत का पहला सत्याग्रह आन्दोलन था। 1944 में श्री सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर रेडियो से एक सन्देश प्रसारित करते हुए उन्हे 'राष्ट्रपिता' नाम दिया।

15. Which of the following planets is considered as Earth's twin because its size and shape are very much similar to that of the Earth?
निम्नलिखित में से किस ग्रह को पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह माना जाता है, क्योंकि इसका आकार लगभग पृथ्वी के ही समान है?

(a) Mars/मंगल (b) Saturn/शनि
(c) Uranus/यूरेनस (d) Venus/शुक्र

Ans. (d) : शुक्र ग्रह को पृथ्वी का जुड़वा ग्रह माना जाता है क्योंकि इसका आकार और आकृति लगभग पृथ्वी के समान है। यह सूर्य से दूसरा निकटतम ग्रह है। इसे 'भोर का तारा' तथा 'शाम का तारा' भी कहा जाता है। बुध एवं शुक्र ग्रह के कोई उपग्रह नहीं है।

16. Consider the following list:
निम्नलिखित सूची पर विचार करें :

Krishna, Kaveri, Godavari, Tapti and Mahanadi.
कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, तापी और महानदी

In this list which one of the following is different from the others?
निम्नलिखित सूची में से कौन-सा एक दूसरे से भिन्न है?

(a) Krishna/कृष्णा (b) Kaveri/कावेरी
(c) Godavari/गोदावरी (d) Tapti/ तापी

Ans. (d) : कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, तापी और महानदी इन सभी में तापी सबसे भिन्न है। क्योंकि महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी पूर्व की ओर बहती है तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं और ये नदियाँ अपने मुहाने पर डेल्टा का निर्माण करती हैं जबकि नर्मदा व तापी पश्चिम की तरफ बहती हैं और ज्वरनदमुख का निर्माण करती हैं।

17. Statement (A): The places located west of Greenwich will be ahead of Greenwich time and those to the east will be behind it.
कथन (A): वे स्थान जो ग्रीनविच के पश्चिम में हैं, उनका समय ग्रीनिच समय से आगे होगा तथा जो स्थान पूर्व में हैं, उनका समय पीछे होगा।

Statement (B): The earth rotates from west to east.
कथन (B): पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है।

Select the correct option.
नीचे दिए गए विकल्पों में सही विकल्प का चयन कीजिएः

(a) Both A and B are true but B does not explain A
A और B दोनों सही हैं परन्तु B सही व्याख्या नहीं है A की
(b) A is true and B is false
A सही है तथा B गलत है
(c) A is false and B is true
A गलत है तथा B सही है
(d) Both A and B are true, and B explains A
A और B दोनों सही हैं तथा B सही व्याख्या है A की

Ans. (c) : वे स्थान जो ग्रीनविच के पश्चिम में है, उनका समय ग्रीनविच समय से पीछे होगा तथा जो स्थान पूर्व में है उनका समय आगे होगा क्योंकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की दिशा में घूमती है। अतः कथन (A) और कारण (B) दोनों सही है और कारण (B) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। चूंकि भारत का मानक समय 82°30 मिनट जो ग्रीनविच के पूर्व में है अतः भारत का समय ग्रीनिच के समय से 5 घण्टा 30 मिनट आगे है।

18. Assertion (A): The difference between the durations of day and night is hardly felt at Kanyakumari but not so in Kashmir
कथन (A): कन्याकुमारी में रात और दिन की अवधियों के बीच का अंतर मुश्किल से महसूस होता है परन्तु कश्मीर में ऐसा नहीं है।

Reasoning (R): The longitudinal extent influences the duration of the day and night as we move from south to north.

कारण (R): देशांतरीय विस्तार रात और दिन की अवधि को प्रभावित करता है अगर हम दक्षिण से उत्तर की ओर जाएँ।

Select the correct option.
निम्न विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Both A and R are true, but R does not explain A
A और R दोनों सही हैं परन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की।
(b) A is true and R is false
A सही है तथा R गलत है।
(c) A is false and R is true
A गलत है तथा R सही है।
(d) Both A and R are true and R explains A
A और R दोनों सही हैं तथा R सही व्याख्या है A की।

Ans. (b) : कश्मीर में रात और दिन की अवधियों के बीच का अंतर मुश्किल से महसूस होता है परन्तु कश्मीर में अक्षांश का प्रभाव दक्षिण से उत्तर की ओर दिन और रात की अवधि पर नहीं पड़ता है। अतः स्पष्ट है कथन (A) सही तथा (R) गलत है। भूमध्य रेखा पर दिन और रात बराबर होते हैं जैसे-जैसे ध्रुवों की ओर बढ़ते जाते हैं दिन और रात की अवधि का अन्तर भी बढ़ता जाता है।

19. The characteristics given in the statements a, b and c are related to:
कथन a, b, c में दी गयी विशेषताएँ किस से संबंधित हैः

(a) it is flat-topped table land.
इसका ऊपरी भाग मेज के समान सपाट होता है
(b) it has one or more sides with steep slopes.
इसके एक या एक से अधिक किनारे होते हैं जिनके ढ़ाल खड़े होते हैं।
(c) it is rich in minerals.
(c) इनमें खनिजों की प्रचुरता होती है।

(a) Mountain/पर्वत (b) Plateau/पठार
(c) Basin/घाटी (d) Hill/चोटी

Ans. (b) : पठार एक मेज की आकृति वाला स्थल है जो पुराने क्रिस्टलीय, आग्नेय तथा रूपान्तरित शैलों से बना है। इसके एक या एक से अधिक किनारे होते हैं जिनके ढाल खड़े होते हैं और इसमें खनिजों की प्रचुरता होती है। इस प्रकार कथन A, B, C में दी गयी विशेषताएँ पठार से संबंधित हैं।

20. Which among the following statements is true?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Temperate deciduous forests are the monsoon forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन मानसूनी वन होते हैं।
(b) Tropical deciduous forests are found in large parts of India
भारत के अधिकतर भागों में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन पाए जाते हैं।
(c) Hardwood trees like rosewood and ebony are found in temperate evergreen forests.
दृढ़ काष्ठ वृक्ष जैसे रोजवुड़ व आबनूस शीतोष्ण सदाबहार वनों में पाए जाते हैं।
(d) Tropical forests are also called as 'Taiga'
उष्णकटिबंधीय वनों को टैगा भी कहा जाता है।

Ans. (b) : उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन मानसूनी वन होते हैं जो भारत के अधिकतर भागों में पाए जाते हैं। इन वनों में साल, सागवान, नीम, शीशम पाए जाते हैं। उष्णकटिंबधीय सदाबहार वन को उष्णकटिबंधीय वर्षा वन कहते हैं। आमतौर पर यहाँ दृढ़काष्ठ वृक्ष जैसे रोजवुड, आवनूस, महोगनी आदि पाए जाते हैं।

21. Which among the following statements regarding the Mediterranean vegetation are correct?
निम्नलिखित में से कौन-से कथन भू-मध्यसागरीय वनस्पति के संदर्भ में सही हैं?

(a) It is only found in the area around the Mediterranean sea in Europe, Africa and Asia
(a) यह केवल यूरोप, अफ्रीका एवं एशिया के भूमध्यसागर के समीप वाले प्रदेशों में पाई पाई जाती है।
(b) Citrus fruits such as oranges, figs and grapes are commonly cultivated here
(b) इन क्षेत्रों में आमतौर पर संतरा, अंजीर एवं अंगूर जैसे नींबू-वंश (सिट्रस) के फल पैदा किए जाते हैं।
(c) There is not much wild life here.
(c) यहाँ वन्य जीवन कम है।

(a) a and b only/ केवल a और b
(b) b and c only/केवल b और c
(c) a and c only/केवल a और c
(d) a only/ केवल a

Ans. (b) : भूमध्य सागरीय वनस्पतियों में आमतौर पर संतरा, अंजीर, जैतून एवं अंगूर जैसे नींबू वंश (सिट्रस) के फल पैदा किये जाते हैं तथा यहाँ वन्य जीवन कम है। इन प्रदेशों में गर्म शुष्क ग्रीष्म एवं वर्षा वाली मृदु शीत ऋतुएँ होतीं है। इस प्रकार दिए वक्तव्यों में B और C सत्य है।

22. Which one of the following is an example of seasonal winds?
निम्न में से कौन-सी मौसमी पवनों का उदाहरण है?

(a) Trade winds/ व्यापारिक पवनें
(b) Westerlies /पश्चिमी पवनें
(c) Easterlies/पूर्वी पवनें
(d) Monsoon/ मानसूनी पवनें

Ans. (d) : मौसमी पवनें विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं। उदाहरण के लिए भारत की मानसूनी पवनें। व्यापारिक पवनें उपोष्ण उच्च वायुदाब की पेटी से विषुवतरेखीय निम्न दाब की पेटी की ओर चलतीं हैं। उपोष्ण उच्च वायुदाब से उपध्रुवीय निम्न वायुदाब के बीच दोनों गोलार्द्धों में चलने वाली स्थायी पवन को 'पछुआ पवन' कहते हैं। इसे गरजता चालीसा, चीखता साठा आदि नामों से जान जाता है।

23. Consider these statements about tides and ebb choose the correct option.
ज्वार-भाटा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

(A) when moon and earth are in the same line then tides are highest
जब चंद्रमा और पृथ्वी एक सीध में होते हैं तब ऊँचे ज्वार उठते हैं।

(B) when ocean waters get drawn in diagonally opposite directions by the gravitational pull of sun and earth then tides are lowest.
जब सूर्य एवं पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल विपरीत दिशाओं से महासागरीय जल पर पड़ता है तब निम्नतम ज्वार-भाटा होता है।

(C) high tides are called "neap tides"
उच्च ज्वार को लघु ज्वार-भाटा कहते हैं।

(a) Both A and B are correct/
A और दोनों B सही हैं।
(b) Both B and C are correct/
B और दोनों C सही हैं।
(c) Both A and C are correct/
A और C दोनों सही हैं।
(d) All A,B and C are correct/
A,B और C सभी सही हैं।

Ans. (a) : सूर्य एवं चंद्रमा में शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पृथ्वी की सतह पर ज्वार-भाटा आते हैं। पूर्णिमा एंव अमावस्थ्या के दिनों में सूर्य, चन्द्रमा एवं पृथ्वी तीनों एवं सीध में होते हैं इस अवस्था को सिजिकी कहते है। और इस समय सबसे ऊँचे ज्वार उठते हैं इस ज्वार को वृहत ज्वार कहते हैं। लेकिन जब चाँद अपने प्रथम एवं अंतिम चतुर्थांक में होता है तो चाँद एवं सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल विपरीत दिशाओं में महासागरीय जल पर पड़ता है। परिणाम स्वरूप निम्न ज्वार भाटा आता है। ऐसे ज्वार को लघु ज्वार-भाटा कहते हैं।
इस प्रकार दिये गये कथनों में कथन (A) तथा (B) दोनों सही है।

24. Traditionally to practice hunting, gathering, shifting cultivation and transhumance in deep forests, people in hot and cold deserts lived in _____.
पंरपरागत तरीके से घने जंगलों, गर्म व ठंडे रेगिस्तानों में आखेट, संग्रहण, स्थानांतरी कृषि व ऋतु-प्रवास हेतु लोग _____ बनाते हैं।

(a) permanent settlements
स्थाई बस्तियाँ
(b) temporary settlements
अस्थाई बस्तियाँ
(c) semi-permanent settlements
अर्द्ध-स्थाई बस्तियाँ
(d) neither permanent nor in temporary settlements.
न स्थाई बस्तियाँ न अस्थाई बस्तियाँ

Ans. (b) : परम्परागत तरीके से घने जंगलों, गर्म व ठंडे रेगिस्तानों में आखेट, संग्रहण, स्थानांतरी कृषि व ऋतु प्रवास हेतु लोग अस्थाई बस्तियाँ बनाते हैं।

25. Which of the following is/are the 'push factor' affecting migration?
निम्न में से कौन सा/से कारक प्रवास को प्रभावित करने वाले प्रतिकर्ष कारक हैं?

(A) Better opportunities for work
कार्य हेतु बेहतर अवसर
(B) Better health facilities
बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ
(C) Poorer health facilities
स्वास्थ्य की खराब सुविधाएँ
(D) Absence of good educational institution
अच्छे शैक्षिक संस्थान की अनुपस्थिति

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)
(c) Only (A),(B) and (C)/केवल (A),(B) और (C)
(d) Only (A), (B) and (D)/केवल (A),(B) और (D)

Ans. (b) : जो लोगों के निवास स्थान अथवा उद्गम को छुड़वाने का कारण बनते हैं वे प्रवास के प्रतिकर्ष कारक होते हैं। स्वास्थ्य की खराब सुविधाएँ तथा अच्छे शैक्षणिक संस्थानों की अनुपस्थिति प्रवास के प्रतिकर्ष कारक हैं। भारत में लोग ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में मुख्यतः गरीबी, कृषि भूमि पर जनसंख्या के अधिक दबाव, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा जैसी आधारभूत अवसंरचनात्मक सुविधाओं के अभाव इत्यादि के कारण प्रवास करते हैं इन कारकों के अतिरिक्त बाढ़, सूखा, भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदाएँ, युद्ध, स्थानीय संघर्ष प्रवास के लिए प्रतिकर्ष पैदा करते हैं।

26. Which of the following age groups represent the working age group in population?
निम्नलिखित में से कौन सा आयु समूह जनसंख्या में कार्यशील आयु समूह को दर्शाता है?

(a) Below 15 years.
15 वर्ष से कम आयु
(b) Between 15 to 65 years.
15 वर्ष से 65 वर्ष तक के बीच का आयु समूह
(c) Between 30 to 60 years.
30 वर्ष से 60 वर्ष तक के बीच का आयु समूह
(d) Between 30 to 75 years.
30 वर्ष से 75 वर्ष तक के बीच का आयु समूह

Ans. (b) : 15 वर्ष से 65 वर्ष तक के बीच का आयु समूह जनसंख्या में कार्यशील आयु समूह को दर्शाता है। भारतीय संविधान में अनुच्छेद- 24 के तहत जोखिमभरी गतिविधियों में रोजगार के खिलाफ 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। वहीं अनुच्छेद 23 में मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिषेध किया गया है।

27. Consider the following statements on the 'wheat' and choose the correct option.
गेहूँ की फसल के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) It is known as 'Golden Fibre'
इसे 'सुनहरा रेशा' के रूप में जाना जाता है।
(B) It requires moderate temperature and rainfall during the growing season.
इसे वर्द्धन काल में मध्यम तापमान व वर्षा की आवश्यकता होती है।
(C) It thrives best in black soil.
इसका विकास काली मृदा में अच्छा होता है।
(D) In India it is grown in the winter season.
भारत में यह शीत ऋतु में उगाया जाता है।

(a) Only A and B are correct
केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Only C and D are correct
केवल (C) तथा (D) सही हैं।

(c) Only A and C are correct
केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) Only B and D are correct
केवल (B) तथा (D) सही हैं।

Ans. (d) : गेहूँ के वर्द्धनकाल में मध्यम तापमान एवं वर्षा और फसल की कटाई के समय तेजधूप की आवश्यकता होती है। इसका विकास सु-अपवाहित दोमट मिट्टी में सर्वोत्तम ढंग से होता है। भारत में यह शीत ऋतु में उगाया जाता है।
नोट– पटसन को 'सुनहरा रेशा' के रूप में भी जाना जाता है।

28. With respect to cultural diversity, which of the following statements is correct?
सांस्कृतिक विविधता के प्रति आदर रखते हुए, इनमें से कौन सा कथन उचित है-
(a) In Arunachal Pradesh women wear Mekhla Sador.
अरुणांचल प्रदेश की महिलाएँ मेखलार सादोर पहनती है।
(b) In Manipur women wear a Fanek.
मणिपुर में महिलाएँ फ़नैक पहनती हैं।
(c) In Gujarat people wear Pheran.
गुजरात में महिलाएँ फेरन पहनती हैं।
(d) In Kashmir people wear Langa Voni.
कश्मीर में महिलाएँ लंगावोनी पहनती हैं।

Ans. (b) : मणिपुर में महिलाएँ फनैक पहनती हैं सांस्कृतिक विविधता के प्रति आदर रखते हुये यह कथन उचित है। जबकि मेखलार सादोर असम की महिलाएँ, फेरन कश्मीर की महिलाएँ तथा लंगावोनी दक्षिण भारत की महिलाएँ पहनती हैं।

29. Which of the following statements indicates prejudice?
इनमें से कौन-सा कथन पूर्वाग्रह को दर्शाता है-
(a) More than 50% of all Indians live in villages.
50%से अधिक भारतीय गाँवों में रहते हैं।
(b) Living in a city is expensive. A large part of peoples earning spent on rent and transport.
शहरी जीवन खर्चीला है, लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा किराये और आवागमन पर खर्च होता है।
(c) During the harvest season, people in villages spend 12-14 hours working in the fields.
कटाई के दिनों में गाँव के लोग 12-14 घंटे खेतों पर काम करते हैं।
(d) City people cannot be trusted, they are cunning and corrupt.
शहरी लोगों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि वे चालाक और भ्रष्ट होते हैं।

Ans. (d) : पूर्वाग्रह किसी विशिष्ट समूह के प्रति पूर्व निश्चित अभिवृत्ति का उदाहरण है। ये प्रायः नकारात्मक होते हैं एवं अनेक स्थितियों में विशिष्ट समूह के संबंध में रुढ़धारण पर आधारित होते हैं। इस दृष्टि से यह कहना कि शहरी लोगों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि वे चालाक और भ्रष्ट होते हैं। पूर्वाग्रह का उदाहरण है।

30. Which of the following decisions the state legislature cannot take?
निम्नलिखित में से राज्य विधानमण्डल किस पर निर्णय नहीं ले सकता?
(a) Deploying more police personnel for the safety of women
औरतों की सुरक्षा के लिए अधिक पुलिस कर्मी लगाने के लिए।
(b) Recruiting soldiers in the Indian army
भारतीय सेना मे सैनिकों की भर्ती।
(c) Employing teachers in state government schools.
राज्य-सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्यापकों की भर्ती।
(d) Introducing a Bill in the Vidhan Sabha on welfare of farmers.
विधान सभा में किसानों की भलाई के लिए विधेयक प्रस्तुत करने के लिए।

Ans. (b) : भारतीय सेना में सैनिकों की भर्ती पर राज्य विधानमण्डल निर्णय नहीं ले सकता। भारतीय सेना केन्द्र का विषय है जबकि औरतों की सुरक्षा के लिए अधिक पुलिस कर्मी लगाना, राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्यापकों की भर्ती करना और विधानसभा में किसानों की भलाई के लिए विधेयक प्रस्तुत करने का कार्य कर सकता है। क्योंकि ये सभी राज्य के विषय हैं।

31. Consider the following -
निम्न पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें।
(A) Midday Meal Scheme has helped reduce caste prejudices.
मध्याह्न भोजन कार्यक्रम ने जाति-पूर्वाग्रहों को तोड़ने में सहायता की है।
(R) All children eat their meal together in the school.
विद्यालय में सभी बच्चे अपना भोजन एक-साथ करते हैं।
(a) Both A and R are true; R is the correct explanation of A.
(A), (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both A and R are true; but R is not a correct explanation of A.
(A), (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A is true, R is false.
(A) सही हैं (R) गलत है।
(d) A and R are both false.
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : मध्याह्न भोजन योजना एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरुआत वर्ष 1995 में की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नामांकित I से VIII तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले 6 से 14 वर्ष की आयु के हर बच्चे को पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भूख व कुपोषण समाप्त करना, स्कूल में नामांकन और उपस्थिति में वृद्धि, जातियों के बीच समाजीकरण में सुधार करना है।
इस प्रकार मध्याह्न भोजन कार्यक्रम ने जाति पूर्वाग्रहों को तोड़ने में सहायता की है क्योंकि विद्यालय में सभी बच्चे अपना भोजन एक साथ करते हैं। ये दोनों कथन सही है परन्तु R, A की सही व्याख्या करता है।

32. Daily wage work is a type of __
दिहाड़ी मजदूरी एक प्रकार का-

(a) permanent employment
स्थायी रोजगार है।
(b) regular employment
नियमित रोजगार है।
(c) contractual employment
संविदात्मक रोजगार है।
(d) casual employment
अनियमित रोजगार है।

Ans. (d) : दिहाड़ी मजदूरी एक प्रकार का अनियमित रोजगार है। ऐसे श्रमिक जिन्हें कोई व्यक्ति या अद्यमी नियमित रूप से काम पर नहीं रखता सिर्फ उसे दैनिक मजदूरी पर रखता है, अनियमित मजदूर कहलाता है।

33. Sudaksana works as a casual worker at a garment factory. Which of the statements below is the characteristic closest to her work condition?
सुदक्षणा एक सरकारी फैक्ट्री में तदर्थ कर्मचारी है। इनमें से कौन-सा वाक्य इसकी कार्य स्थिति की विशेषता के समीप है-

(a) She gets a regular salary at the end of each month.
वह प्रतिमास निरंतर वेतन पाती है।
(b) She has a job security for relatively long period.
तुलनात्मक रूप से उसे लंबे समय तक सेवा सुरक्षा प्राप्त है।
(c) She gets paid Rs. 350 a day for eight hours and Rs 50 extra for working late/प्रतिदिन 8 घंटे कार्य करने के रु350 तथा देर तक और काम करने के अतिरिक्त रु50 मिलते हैं।
(d) She can avail employee Provident Fund.
वह सेवा-भविष्य निधि प्राप्त कर सकती है।

Ans. (c) : सुदक्षणा एक सरकारी फैक्ट्री में तदर्थ कर्मचारी है। दिये गये प्रश्नगत वाक्यों में यह वाक्य कि सुदक्षणा को प्रतिदन 8 घण्टे कार्य करने में 350 रुपये तथा देर तक काम करने के अतिरिक्त 50 रु. मिलते हैं। उसकी कार्य स्थिति की विशेषता के समीप है।

34. Democracy improves the quality of all the following except:-
इसके अतिरिक्त लोकतंत्र निम्नलिखित में सभी की गुणवत्ता में सुधार करता है।

(a) livelihood and occupations
आजीविका और व्यवसाय।
(b) decision-making and accountability
निर्णय लेना और जवाबदेही।
(c) desires and expectations
इच्छाएँ और अपेक्षाएँ।
(d) teaching and learning
शिक्षण और अधिगम।

Ans. (c) : इच्छाएँ और अपेक्षाएँ के अतिरिक्त लोकतंत्र आजीविका और व्यवसाय, निर्णय लेने और जवाबदेही तथा शिक्षण और अधिगम में सुधार करता है।

35. Which of the following statements is correct in explaining the relationship between 'Media and Advertising'?
निम्नलिखित कथनों में से कौन सा 'संचार माध्यम और विज्ञापन' के बीच के संबंध के व्याख्यान में सही है?

(A) Big business play a role in the selection of news for coverage.
बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान व्याप्ति (कवरेज) के लिए समाचारों के चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं।
(B) Mass media is dependent on advertisements for generating revenue.
जनसंचार माध्यम राजस्व पाने के लिए विज्ञापनों पर निर्भर करता है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ A और B दोनों सहीं

Ans. (c) : जनसंचार माध्यम लगातार धन कमाने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में सोचते रहते हैं। एक तरीका जिसके द्वारा जनसंचार माध्यम धन अर्जित करते हैं, विभिन्न वस्तुओं के विज्ञापन का है।
आजकल अधिकांश समाचार पत्र संतुलित विवरण देने में असफल रहते हैं। इसके कारण जटिल हैं। संचार माध्यमों के विषय में शोध करने वाले लोगों का कहना है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि संचार माध्यमों पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों का नियंत्रण है। जो व्याप्ति (कवरेज) के लिए समाचारों चुनाव में अमह भुमिका निभाते है। इसके अलावा संचार माध्यमों को धन के लिए विज्ञापनों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए उन लोगों के विरोध में लिखना कठिन हो जाता है जो विज्ञापन देते हैं।
अतः स्पष्ट है प्रश्नगत दोनों कथन सही है।

36. Which part of the Indian Constitution is related to state duties towards the individual?
भारतीय संविधान का कौन सा भाग व्यक्ति के प्रति राज्य के कर्तव्यों से संबंधित है?

(a) Directive principles/नीति निर्देशक तत्व
(b) Fundamental Rights/मूल अधिकार
(c) Fundamental Duties/मूल कर्तव्य
(d) Federalism/संघवाद

Ans. (a) : भारतीय संविधान के भाग 4 (अनुच्छेद 36 से 51 तक) राज्य के नीति निर्देशन तत्व शामिल किये गये हैं जो व्यक्ति के प्रति राज्य के कर्तव्यों से सम्बन्धित हैं। इसे आयरलैण्ड के संविधान से लिया है। नीति निर्देशक तत्व को न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता।

37. Sitara has an important test tomorrow, but it is also the time for Wimbledon finals, Sitara begins to get distracted. Her sister sees through her dilemma and suggests that no one should watch the match, rather they all decided to read about it in the newspaper the next day. If we apply the analogy of sister in the given case to that to Indian Constitution, then what role does it play for us?

सितारा की कल एक मत्त्वपूर्ण परीक्षा है लेकिन वही समय विम्बल्डन के फाईनल का मैच का है। सितारा का ध्यान भटकना शुरू हो जाता है। उसकी बहन उसके असमंजस को देखते हुए सुझाव देती है कि कोई भी मैच नहीं देखेगा बल्कि वे सब निश्चय करते हैं कि उसके बारे में सुबह समाचार-पत्र में पढ़ सकते हैं। अगर हम उसकी बहन द्वारा लागू की गई समरूपता को भारतीय संविधान के परिप्रेक्ष्य में देखें तो संविधान हमारे लिए इसकी क्या भूमिका निभाता है?

(a) It is governing our personal choices.
यह हमारी रुचियों को शासित करता है।

(b) It is dictating our interests and disinterests.
यह हमारी पसंद एवं नापसंद को आदेशित करता है।

(c) It is saving us from getting into bad habits.
यह हमें बुरी आदतों में पड़ने से बचाता है।

(d) It is saving us from making harmful decisions on whims.
यह हमें सनक में नुकसानदेह निर्णयों को लेने से बचाता है।

Ans. (d) : दिये गये प्रश्न में सरिता की बहन द्वारा लागू की गयी समरूपता को यदि हम भारतीय संविधान के परिप्रेक्ष्य में देखें तो संविधान हमें सनक में नुकसानदेह निर्णयों को लेने से बचाता है।

38. If Supreme Court strikes down particular law passed by the Parliament, with the judgement that it is a violation of the Fundamental Rights. This can be called as _____
यदि सर्वोच्च न्यायालय अपने निर्णयों से संसद द्वारा पारित किसी कानून को, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन के आधार पर निरस्त कर देता है तो यह –_____ कहलायेगा।

(a) Dispute resolution
संघर्ष समाधान

(b) Judicial review
न्यायिक पुनर्निरीक्षण

(c) Enforcement of the fundamental rights
मौलिक अधिकार को लागू करना

(d) Judicial Activism
न्यायिक क्रियाशीलता

Ans. (b) : यदि सर्वोच्च न्यायालय अपने निर्णयों से संसद द्वारा पारित किसी कानून को, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन के आधार पर निरस्त कर देता है तो यह न्यायिक पुनर्निरीक्षण कहलाता है।
न्यायिक पुनरावलोकन का अर्थ है कि सर्वोच्च न्यायालय किसी भी कानून की संवैधानिकता जाँच कर सकता है, यदि वह संविधान के विपरीत हो तो न्यायालय उसे गैर संवैधानिक घोषित कर सकता है।
भारत में न्यायिक सक्रियता का मुख्य साधन जनहित याचिका है।

39. Caste hierarchy means:
जाति पदानुक्रम का अर्थ है :

(a) A ladder like formation in which all the caste groups are placed from the 'lowest' to the 'highest' castes.
एक सीढ़ी जैसी संरचना जिसमें सभी जाति समूहों को 'निम्नतम' से 'उच्चतम' जातियों में रखा जाता है।

(b) A ladder like formation in which some of the important caste groups are placed from the 'highest' to the 'lowest' castes.
एक सीढ़ी जैसी संरचना जिसमें कुछ महत्त्वपूर्ण जाति समूहों को 'उच्चतम' से 'निम्नतम' जातियों में रखा जाता है।

(c) A ladder like formation in which all the caste groups are placed from the 'highest' to the 'lowest' castes.
एक सीढ़ी जैसी संरचना जिसमें सभी जाति समूहों को 'उच्चतम' से 'निम्नतम' जातियों में रखा जाता है।

(d) A ladder like formation in which some of the important caste groups are placed from the 'lowest' to the 'highest' castes.
एक सीढ़ी जैसी संरचना जिसमें कुछ महत्तवपूर्ण जाति समूहों को 'निम्नतम' से 'उच्चतम' जातियों में रखा जाता है।

Ans. (c) : जाति पदानुक्रम का अर्थ है– एक सीढ़ी जैसी संरचना जिसमें सभी जाति समूहों को उच्चतम से निम्नतम जातियों में रखा जाता है। जाति पदानुक्रम जातियों का ऐसा विन्यास है जिसमें जातियाँ एक दूसरे के सापेक्ष 'ऊपर', 'नीचे' या 'समान स्तर पर' रखी जातीं हैं।

40. A teacher in her upper primary social science class,is going to discuss the topic 'marginalization'. Which among the following could be the most appropriate objective for the class?
एक उच्च-प्राथमिक कक्षा में सामाजिक विज्ञान अध्यापिका द्वारा 'हाशियाकरण' विषय पढ़ाते हुए कौन-सा उद्देश्य कक्षा के लिए सर्वाधिक उचित होगा?

(A) Students will be able to identify the factors that contribute to marginalization.
छात्र हाशियाकरण के कारक तत्वों को पहचान पायेंगे।

(B) Students will be able to recognize the marginalise.
छात्र हाशियाकरण हुओं को जान पायेंगे।

(C) Students will be able to understand the concept of cultural capital.
छात्र सांस्कृतिक धरोहर संप्रत्यय को जान पायेंगे।

(D) Students will be able to empathise with the marginalised.
छात्र हाशियाई तबकों के प्रति सहानुभूति कर पायेंगे।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B, and C/A, B, और C
(b) B, C and D /B, C और D
(c) A, C and D /A, C और D
(d) A, B and D /A, B और D

Ans. (d) : एक प्राथमिक कक्षा में सामाजिक विज्ञान अध्यापिका द्वारा 'हाशियाकरण' विषय पढ़ाने का उद्देश्य होगा–
छात्र हाशियाकरण के कारक तत्वों को पहचान पायेंगे, छात्र हाशियाई तबकों के प्रति सहानुभूति कर पायेंगे तथा छात्र हाशियाकरण हुओं को

पहचान करने में सक्षम हो जायेगा। हाशिए पर स्थित समूह से तात्पर्य एक ऐसे समूह से है जो सामाजिक रूप से बहिष्कृत है तथा जिसे समाज की मुख्य धारा से हाशिए पर धकेल दिया जाता है। सामान्यतः ऐसे समूह के हितों की अनदेखी कर दी जाती है। ऐसे समूह संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा सामाजिक जीवन में सहभागिता हेतु संघर्षरत रहते हैं। ये प्रायः अल्पसंख्यक समूह के अंतर्गत आते हैं।

41. At the secondary stage, social sciences mainly comprises of
माध्यमिक स्तर पर, सामाजिक विज्ञान में मुख्यतः शामिल तत्व हैं-

(a) history, geography political science and economics.
इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र।

(b) political science, statistics, history and civics.
राजनीति विज्ञान, सांख्यिकी, इतिहास और नागरिक शास्त्र।

(c) history, civics, public administration and international relations.
इतिहास, नागरिक शास्त्र, लोक प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय संबंध।

(e) ancient history, geography, political science and civics
प्राचीन इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और नागरिक शास्त्र।

Ans. (a) : माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र शामिल हैं।

42. Which of the following statements advocates 'History as Science'?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'इतिहास विज्ञान की तरह' का समर्थन करता है?

(a) The underlying facts of history have wide scope and they are so varied that they can seldom be uniform.
इतिहास में अंतर्निहित तथ्य काफी वृहत हैं वे इतने विविध हैं कि शायद एकरूप हो सकें।

(b) Historical data are the product of the human thoughts and action which are constantly changing.
ऐतिहासिक आँकड़े मानवीय सोच और कृत्यों की देन हैं जो निरंतर बदलती रहती है।

(c) The facts of history are very complicated and seldom repeat in the real sense of the term.
इतिहास के तथ्य बहुत ही जटिल होते हैं तथा बिरले ही परिभाषित शब्द के असली मायनों में दोहराए जाते हैं।

(d) History pursues its own techniques to establish and interpret facts like other natural sciences.
बाकी प्राकृतिक विज्ञानों की तरह इतिहास तथ्यों को स्थापित करने और अर्थ लगाने के लिए अपनी तकनीकों का अनुसरण करता है।

Ans. (d) : बाकी प्राकृतिक विज्ञानों की तरह इतिहास तथ्यों को स्थापित करने और अर्थ लगाने के लिए अपनी तकनीकों का अनुसरण करता है। यह कथन 'इतिहास विज्ञान की तरह' का समर्थन करता है।

43. In integrated classrooms the teacher may not find the following as a part of classroom
एकीकृत कक्षाओं में शिक्षक को कक्षा के भाग के रूप में निम्नलिखित नहीं मिल सकता है-

(a) exceptional learners
असाधारण शिक्षार्थी

(b) chalk, duster, and teaching aids
चॉक, डस्टर और शिक्षण-सहायक सामग्री

(c) smart boards and equipment
स्मार्ट बोर्ड और उपकरण

(d) play station/प्ले स्टेशन

Ans. (d) : एकीकृत कक्षाओं में शिक्षक को कक्षा के भाग के रूप में प्ले स्टेशन नहीं मिल सकता है। जबकि आसाधारण शिक्षार्थी, चॉक, डस्टर और शिक्षण सहायक सामग्री तथा स्मार्ट बोर्ड और उपकरण आदि एकीकृत कक्षा में, कक्षा के भाग में मिल सकता है।

44. A social science teacher usually assigns different tasks to different students. He believes in :
सामाजिक विज्ञान का अध्यापक आमतौर पर अलग-अलग छात्रों को अलग-अलग काम देता है। वह विश्वास करता है:

(a) Students don't like the same kind of work being assigned to all.
यदि समान तरह का काम सबको दिया जाय तो यह छात्रों को पसंद नहीं आता।

(b) There exist individual differences between the students.
छात्रों के बीच व्यक्तिगत भिन्नताएँ पाई जाती हैं।

(c) It promotes competition among the students.
यह छात्रों के बीच प्रतिस्पर्द्धा को प्रोत्साहित करता है।

(d) With this method the students will not be able to copy each other's work.
इस विधि द्वारा छात्र एक दूसरे के काम की नकल नहीं कर पाएँगे।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान का अध्यापक आमतौर पर अलग-अलग छात्रों को अलग-अलग काम देता है क्योंकि वह विश्वास करता है कि छात्रों के बीच व्यक्तिगत भिन्नताएँ पाई जाती हैं।

45. Which of the following classroom incidents would amount to violation of the dignity of a student?
कौन-सी कक्षायी घटना छात्र की गरिमा का हनन करती है-

(a) A teacher asks a child to attend his classes without shirt.
छात्र को कक्षा में कमीज उतारकर रहने के लिए कहना क्योंकि वह विद्यालय बिना वर्दी पहने आया था।

(b) A student is asking personal questions to another student.
एक छात्र दूसरे छात्र से निजी/व्यक्तिगत प्रश्न पूछता है।

(c) A teacher is encouraging girls to play cricket.
एक अध्यापक लड़कियों को क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

(d) A student is asked by a teacher to apologise to another student for having hit him.
अध्यापक एक विद्यार्थी को दूसरे विद्यार्थी से क्षमा-याचना मांगने के लिए कहता है क्योंकि उसने दूसरे विद्यार्थी का चोट पहुंचाई थी।

Ans. (a) : छात्र को कक्षा में कमीज उतारकर रहने के लिए कहना क्योंकि वह विद्यालय बिना वर्दी पहने आया था। इस प्रकार की कक्षायी घटना छात्र की गरिमा का हनन करती है।

46. Which of the following is always stated in terms of desired behavioural changes?
वांछित व्यवहार परिवर्तन के संदर्भ में निम्न में से किसे हमेशा उल्लेखित किया जाता है?

A. General Aims
सामान्य लक्ष्य

B. General objectives
सामान्य उद्देश्य

C. Instructional objectives
अनुदेशात्मक उद्देश्य

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A (b) Only B/ केवल B
(c) Only C/केवल C (d) B and C/ B और C

Ans. (c) : अनुदेशात्मक उद्देश्य को हमेशा वांछित व्यवहार परिवर्तन के सन्दर्भ में हमेशा उल्लेखित किया जाता है।

47. Discussion method is used in social science teaching and learning when_____.
सामाजिक विज्ञान शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में चर्चा पद्धति का उपयोग किया जाता है जब :

(a) the lesson is interesting and students express enthusiasm towards the topic
पाठ दिलचस्प हो और विद्यार्थी विषयवस्तु के प्रति रुचि एवं उत्साह प्रदशित करते हों।

(b) students do not want to study and for keeping them interested
विद्यार्थी पढ़ना न चाहते हों और उनकी रुचि बरकरार रखने हेतु।

(c) there is a situation where there is a scope for difference of opinion
ऐसी स्थिति होती है जिसमें मतभेद की गुँजाइश होती है।

(d) learners need a change or wish to break from monotony of lecture methods
शिक्षार्थियों को बदलाव की आवश्यकता होती है या व्याख्यान विधि की एकरसता को तोड़ना चाहते हैं।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में चर्चा पद्धति का उपयोग किया जाता है। जब ऐसी स्थिति है जिसमें मतभेद की गुँजाइश होती है।

48. Which of the following factors can affect classroom rhythm?
इनमें से कौन-से कारक कक्षा की लयात्मकता को प्रभावित कर सकते हैं?

(a) Availability of drinking water
पीने के पानी की उपलब्धता

(b) Season of the month and the location of the school
विद्यालय विशेष के स्थान और उस माह का मौसम

(c) Availability of transport facility
आवागमन के साधनों की उपलब्धता

(d) Rehearsal of the annual day function
वार्षिक उत्सव की तैयारी

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) a, b and c/a, b और c
(b) a, b and d/a, b और d
(c) b, c and d/b, c और d
(d) a, b, c and d/a, b, c और d

Ans. (d) : पीने के पानी की उपलब्धता, विद्यालय विशेष के स्थान और उस माह का मौसम, आवागमन के साधनों की उपलब्धता तथा वार्षिक उत्सव की तैयारी। ये सभी कारक कक्षा की लयात्मकता को प्रभावित कर सकते हैं।

49. The following questions are generally used in a social science class. Choose those which provide greater scope to develop critical thinking?
निम्नलिखित प्रश्न सामान्यतः सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रयोग किए जाते। उन प्रश्नों का चयन कीजिए जो समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए बृहदत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते हैं?

A. Describe the processes involved in responding to question hour in Indian Parliament.
भारतीय संसद में प्रश्न सत्र/ काल में प्रतिक्रिया देने में सम्मिलित प्रक्रिया का वर्णन कीजिए?

B. Why is it important to have question hour in Indian Parliament?
भारतीय संसद में प्रश्न काल होना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

C. Describe the roles and responsibilities of the Member of Legislative Assembly (MLA).
विधानसभा के सदस्यों की भूमिका तथा उत्तरदायित्वों का वर्णन कीजिए?

D. If you were a Member of Legislative Assembly (MLA) of a state, list two questions that you would ask in the assembly session.
यदि आप विधानसभा के सदस्य होते हो ऐसे दो प्रश्नों की सूची बनाइए जो आप सभा सत्र में पूछते?

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only A and B/केवल A तथा B
(b) Only B and C/केवल B तथा C
(c) Only B and D/केवल B तथा D
(d) Only D/केवल D

Ans. (c) : भारतीय संसद में प्रश्नकाल होना क्यों महत्त्वपूर्ण है? यदि आप विधानसभा के सदस्य होते तो ऐसे दो प्रश्नों की सूची बनाइए जो आप सभा सत्र में पुछते हों? इस प्रकार के प्रश्न यदि सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रयोग किये जाते हैं, तो वे समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए वृहदत्तर क्षेत्र उपलब्ध कराते हैं, क्योंकि इस प्रकार के प्रश्न छात्रों को आलोचना के साथ चिंतन करने का अवसर प्रदान करते हैं।

50. In upper primary social and political life classes, narratives are best used towards encouraging
उच्च प्राथमिक कक्षाओं में, सामाजिक और राजनैतिक जीवन की कक्षा में, वर्णात्मकता/आख्यान द्वारा _____ प्रोत्साहित होता है।

A. introspection/ आत्म निरीक्षण

B. discussion / चर्चा करना

C. reasoning / तर्क-शक्ति

D. interpretation / व्याख्या करना

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D
(d) A and D/A और D

Ans. (a) : उच्च प्राथमिक कक्षाओं में सामाजिक और राजनैतिक जीवन कक्षा में, वर्णात्मकता/आख्यान द्वारा आत्म निरीक्षण तथा चर्चा करना प्रोत्साहित होता है।

51. Social science club is run in collaboration with
सामाजिक विज्ञान क्लब किसके सहयोग से चलाया जाता है :-

(a) social studies teacher and school management.
सामाजिक अध्ययन शिक्षक और स्कूल प्रबंधन के।
(b) social studies teacher and students of the school.
सामाजिक अध्ययन शिक्षक और स्कूल के छात्रों के।
(e) community members, educators, parents and other stakeholders.
सामाजिक सदस्य, शिक्षक, माता-पिता और अन्य हितकारकों के।
(f) state government, teacher, students and stakeholders etc.
राज्य सरकार, शिक्षक, छात्र और हितकारकों इत्यादि के।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान क्लब सामाजिक अध्ययन शिक्षक और स्कूल के छात्रों के सहयोग से चलाया जाता है। सामाजिक विज्ञान क्लब द्वारा शैक्षणिक वर्ष में सामाजिक विज्ञान विषय के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ाने का कार्य किया जाता है। यह क्लब अपनी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को आस-पास के सामाजिक वातावरण से जोड़कर उन्हें उनके सामाजिक कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।

52. Unit analysis in social studies focuses on:-
सामाजिक अध्ययन में इकाई विश्लेषण केंद्रित है :

(a) creating better understanding of thematic content
थीम-आधारित संप्रत्ययों की बेहतर समझ पैदा करने के लिए।
(b) stimulating and creating interesting teaching-learning process.
रोचक अधिगम-शिक्षक प्रक्रिया विकसित व प्रोत्साहित करने हेतु।
(c) breaking the entire contents into various lessons, topics etc.
सम्पूर्ण विषयवस्तु को विभिन्न पाठों, प्रकरणों में विभाजित करने के लिए।
(d) presenting units as a multidisciplinary entity .
इकाईयों को एक बहु-विषयक अस्तित्व में प्रस्तुत करने हेतु।

Ans. (a) : सामाजिक अध्ययन में इकाई विश्लेषण थीम आधारित संप्रत्ययों की बेहतर समझ पैदा करने के लिए केन्द्रित है। किसी विधान या व्यवस्थाक्रम की सूक्ष्मता से परीक्षण करने की तथा उसके मूल तत्वों को खोजने की क्रिया को विश्लेषण नाम दिया जाता है।

53. Examples of secondary sources include:
सेकेंडरी स्त्रोतों के उदाहरणों में शामिल है :

(a) letters, diaries, photographs, artefacts and interviews.
पत्र, डायरी, फोटो, कलाकृतियाँ और साक्षात्कार।
(b) oral histories, newspaper or journal articles and memoirs or autobiographies.
मौखिक इतिहास, समाचार पत्र या जर्नल लेख और संस्मरण या आत्मकथाएँ।
(c) audio or video recordings of life events.
जीवन की घटनाओं की ऑडियो या विडियो रिकॉर्डिंग।
(d) textbooks, dictionaries and encyclopaedias, biographies and dissertations etc.
पाठ्यपुस्तकें, शब्दकोश, विश्वकोश, जीवनी और शोध प्रबंध आदि।

Ans. (d) : पाठ्य-पुस्तकें, शब्दकोश, विश्वकोश जीवनी और शोध प्रबंध सेकेंडरी (द्वितीयक) स्त्रोत के उदाहरणों में शामिल हैं। वे आँकड़े जो कि प्रकाशित अथवा अप्रकाशित साधनों द्वारा एकत्र किये जाते हैं, द्वितीयक स्त्रोत कहलाते हैं। जबकि प्राथमिक स्त्रोत एक आँख, गवाह या यान्त्रिक उपकरण का प्रमाण है जो किसी घटना के समय उपास्थित था।

54. Project method is based on which principle?
परियोजना पद्धति किस सिद्धांत पर आधारित है-

(a) Principle of immediate reinforcement.
तत्काल सुदृढ़ीकरण का सिद्धांत।
(b) Principle of small steps./छोटे चरणों का सिद्धांत।
(c) Principle of social experience.
सामाजिक अनुभव का सिद्धांत।
(d) Principle of artificiality./कृत्रिमता का सिद्धांत।

Ans. (c) : परियोजना पद्धति सामाजिक अनुभव के सिद्धांत पर आधारित है। शिक्षण की परियोजना विधि निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है–1. यथार्थता का सिद्धांत 2. अनुभव का सिद्धांत, 3. स्वंत्रता का सिद्धांत, 4. सहकारिता का सिद्धांत, 5. उपयोगिता का सिद्धांत, 6. उद्देश्य का सिद्धांत

55. Which of the following will help learners to be conscious of their progress in learning while in dynamic phase?
निम्नलिखित में से कौन गतिशील चरण में शिक्षार्थियों को सीखने में उनकी प्रगति के प्रति जागरुक होने में मदद करेगा?
(a) Formative Evaluation/निर्माणात्मक मूल्याँकन
(b) Summative Evaluation/योगात्मक मूल्याँकन
(c) Placement Evaluation/प्लेसमेंट मूल्याँकन
(d) Diagnostic Evaluation/नैदानिक मूल्याँकन

Ans. (a) : निर्माणात्मक मूल्यांकन शिक्षार्थियों को सीखने में उनकी प्रगति के प्रति जागरुक होने में मदद करता है। निर्माणात्मक मूल्यांकन विकासोन्मुखी होता है, निर्णयात्मक नहीं। इसका प्रयोजन विद्यार्थियों के अधिगम और अध्यापन को सुधारना होता है।

56. A prospective teacher writes one of the instructional objectives as "students shall be able to appraise the advantages of ICT in teaching of social science." In which domain shall this objective fall?
एक भावी शिक्षक निर्देशात्मक उद्देश्यों में से एक को लिखता है ''छात्र सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में आईसीटी के लाभों का मूल्याँकन करने में सक्षम होंगे''। यह उद्देश्य किस क्षेत्र में आएगा?
(a) Remember /याद रखना
(b) Synthesis /संश्लेषण
(c) Comprehension /समझ
(d) Evaluation /मूल्याँकन

Ans. (d) : एक भावी शिक्षक निर्देशात्मक उद्देश्यों में से एक को लिखता है, ''छात्र सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में आईसीटी के लाभों का मूल्यांकन करने में सक्षम होंगे'' यह उद्देश्य मूल्यांकन में आयेगा।

57. How do you think your neighbourhood shop gets its goods? Find out and explain with some examples? This question attempts to assess students' ability to_____.
आप क्या सोचते हैं कि पास पड़ोस की दुकानें कैसे सामान प्राप्त करती हैं? कुछ उदाहरण से ज्ञात करें और व्याख्या करें।
यह प्रश्न छात्रों की___ योग्यता का मूल्याँकन करता है।
(a) compare experiences /अनुभवों की तुलना करना
(b) extrapolate from situations
परिस्थितियों से पता लगाना
(c) provide contrast answers /विपरीत उत्तर पाना
(d) apply concepts to different concepts
विभिन्न संदर्भों में अवधारणा लागू करना

Ans. (d) : आप क्या सोचते हैं कि पास पड़ोस की दुकानें कैसे समान प्राप्त करती हैं? कुछ उदाहरण से ज्ञात करें और व्याख्या करें। यह प्रश्न छात्रों की विभिन्न संदर्भों में अवधारणा लागू करने की योग्यता का मूल्यांकन करता है।

58. Why do a large number of people live in the Northern Plains?
उत्तरी मैदानों में बड़ी संख्या में लोग क्यों रहते हैं?
This question attempts to assess student's ability to
यह प्रश्न छात्रों की _____ योग्यता का मापन करता है।
(a) generalise /साधारणीकरण/सामान्यीकरण
(b) hypothesise /परिकल्पना निर्माण
(c) extrapolate /निष्कर्ष निकालना
(d) reason /तर्क शक्ति

Ans. (d) : उत्तरी मैदानों में बड़ी संख्या में लोग क्यों रहते हैं? यह प्रश्न छात्रों की तर्क शक्ति योग्यता का मापन करता है।

59. While drawing inferences from an 'archaeological burial site' a social science teacher must provide opportunities to
एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक को पुरातत्व कब्र स्थलों के विषय में अनुमान लगवाते हुए, निम्नलिखित जानकारी के अवसर अवश्य प्रदान करने चाहिए।
(a) know cultural practices of earliest known people /ज्ञात प्राचीनतम लोगों की सांस्कृतिक रीति रिवाजों को जानना।
(b) find out burial preferences of earliest known people /ज्ञात प्राचीनतम लोगों के दफनाने की तरीकों में चयन वरीयता को जानना।
(c) list various items that were buried with the dead
मृतक के साथ दफनाई गई वस्तुओं की सूची बनाना।
(d) develop an understanding about social difference and status in ancient society.
प्राचीन समाज में सामाजिक भिन्नता और स्तर की समझ विकसित करना।

Ans. (d) : एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक को पुरातत्व कब्र स्थलों के विषय में अनुमान लगवाते हुए छात्रों को प्राचीन समाज में सामाजिक भिन्नता और स्तर की समझ विकसित करने के अवसर अवश्य प्रदान करने चाहिए।

60. Which of the following skills indicates analytical abilities developed among students while teaching the topic 'Diversity' and Discrimination'?
निम्नलिखित में से कौन सा कौशल 'विविधता एवं भेदभाव' विषय के शिक्षण के दौरान छात्रों में विश्लेषणात्मक क्षमताओं के विकास को सूचित करता है?
(a) Being able to identify prejudice and discrimination in various scenarios
विभिन्न परिस्थितियों में पूर्वाग्रह तथा भेदभाव को पहचानने में समर्थ होना।
(b) Being able to explain how inter-dependence leads to social well being
यह समझाने में समर्थ होना कि कैसे परस्पर निर्भरता सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देता है।
(c) Being able to list constitutional provisions that ensure equality
समानता को सुनिश्चित करने वाले संवैधानिक प्रावधानों को सूचीबद्ध करने में समर्थ होना।
(d) Being able to define prejudice and stereotyping
पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता की परिभाषा देने में समर्थ होना।

Ans. (b) : यह समझाने में समर्थ होना कि कैसे परस्पर निर्भरता सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देता है, यह कैशल 'विविधता एवं भेदभाव' विषय के शिक्षण के दौरान छात्रों में विश्लेषणात्मक क्षमताओं के विकास को सूचित करता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 28 दिसंबर, 2021)

1. Read the statements A and B choose the correct answer.
A और B कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन करें-

A. Ashoka was the first ruler who tried to take his message to the people through inscriptions.
अशोक पहला शासक था जिसने अभिलेखों द्वारा अपने संदेशों को लोगों तक पहुँचाने की कोशिश की।

B. Most of the Ashoka's inscriptions were in Prakrit were written in Brahmi script.
अशोक के ज्यादातर अभिलेख प्राकृत भाषा में और ब्राह्मी लिपि में लिखे हुए थे।

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ A और B दोनों नहीं

Ans. (c) : मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक पहला शासक था जिसने अभिलेखों द्वारा अपने संदेशों को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की। अशोक के ज्यादातर अभिलेख प्राकृत भाषा में और ब्राम्ही लिपि में लिखें हुए थे। सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप नामक विद्वान ने अशोक के अभिलेख को पढ़ने में सफलता हासिल की। अशोक ने अभिलेखों को स्तंभों, शिलाओं, (चट्टानों) और गुफाओं की दीवारों में 269 ईसा पूर्व से 262 ईसा पूर्व के मध्य खुदवाए।

2. Match the word to the correct meaning:
सही अर्थों वाले शब्दों का मिलान करें-

A. Stupa/ स्तूप (i) Tower / टॉवर
B. Mandapa/ मंडप (ii) Mound/ टीला
C. Shikhara/ शिखर (iii) Hall/ हॉल

(a) A-(ii), B-(iii), C-(i) (b) A-(ii), B-(i), C-(iii)
(c) A-(iii), B-(ii), C-(i) (d) A-(i), B-(iii), C-(ii)

Ans. (a) : स्तूप-टीला → स्तूप एक गोल टीले के आकार की संरचना है।
मंडप- हॉल → भारतीय स्थापत्यकला के सन्दर्भ में स्तम्भों पर खड़े बाहरी हॉल को मण्डप कहते हैं।
शिखर- टॉवर → मन्दिर के अन्दर गर्भगृह के ऊपर टॉवर - नुमा रचना होती है जिसे शिखर (विमान) कहते है।

3. You are planning a project on 'the emergence of a new style of painting following the migration of Mughal artist from Delhi in the eighteenth century'.
You would be asking students to find out about:-
आप 18वीं सदी में दिल्ली से मुगल कलाकारों के पलायन के बाद चित्रकला की एक नई विधा के उत्थान पर परियोजना कार्य की योजना बना रहे हैं।
आप छात्रों को किस चित्रकला की जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे?

(a) Basohli Painting/ बसोहली चित्रकला
(b) Kangra Painting/ कांगड़ा चित्रकला
(c) Jodhpur Painting/ जोधपुर चित्रकला
(d) Kota Painting/ कोटा चित्रकला

Ans. (b) : 18वीं सदी में दिल्ली से मुगल कलाकारों के पलायन के बारे चित्रकला के एक नई विधा के उत्थान पर परियोजना कार्य की योजना बना रहे हैं तो छात्रों को कांगड़ा चित्रकला की जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे। मुगल कलाकारों के पलायन के बाद कांगड़ा चित्रकला का विकास हुआ। भारतीय चित्रकला के इतिहास में मध्ययुग में विकसित पहाड़ी शैली के अन्तर्गत कांगड़ा शैली का विशेष स्थान है।

4. The role of arches in an arcuate architecture was to
चापाकार वास्तुकला में मेहराब की भूमिका थी-

A. beautify he superstructure
ऊपरी ढाँचे को सुंदरता देना

B. give shape to the superstructure
ऊपरी ढाँचे को आकृति देना

C. carry the weight of the superstructure
ऊपरी ढाँचे का भार वहन करना

Choose the correct option./ सही विकल्प चुनें

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Only C/ केवल C
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (c) : चापाकार वास्तुकला में मेहराब की भूमिका ऊपरी ढाँचे का भार वहन करना था। दरवाजे और खिड़कियों के ऊपर की अधिरचना का भार कभी-कभी मेहराबों पर डाल दिया जाता था। वास्तुकला का यह चापाकार रूप था। इसमें मेहराब के मध्य में डाट अधिरचना के भार को मेहराब की आधारशिला पर डाल देते हैं। अलाई दरवाजे के मेहराब के निर्माण में यही शैली अपनाई गई है।

5. Consider the statement A, B and C on tawarikh choose the correct answer.
'तवारीख' पर दिए गए A, B और C वक्तव्यों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें।

A. The authors of Tawarikh lived in villages.
तवारीख के लेखक गाँवों में रहते थे।

B. They wrote their histories for Sultan for rewards.
उन्होनें सुल्तान से पुरस्कार पाने के लिए उनके इतिहास लिखे।

C. These authors advised rules on the need to preserve social order.
इन लेखकों ने शासकों को सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी।

(a) A, B and C all are correct
A, B और C सभी सही हैं।
(b) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं और C सही नहीं है।
(c) A and C are correct and B is incorrect
A और C सही हैं और B सही नहीं हैं।
(d) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं और A सही नहीं है।

Ans. (d) : तवारीख के लेखक, सचिव, प्रशासक, कवि और दरबारी थे जो घटनाओं का वर्णन करते थे और शासकों को प्रशासन संबंधी सलाह देते थे। वे न्यायसंगत शासन के महत्व पर बल देते थे। तवारीख के लेखक शहरों (मुख्यतः दिल्ली) में रहते थे और शायद ही कभी गाँवों में रहते थे। वे अकसर कीमती पुरस्कार की उम्मीद में सुल्तानों के लिए उनका इतिहास लिखते थे। वे शासकों को जन्मसिद्ध अधिकार और लिंगभेद के आधार पर एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था बनाये रखने की सलाह देते थे।

6. Consider the statements A, B and choose the correct answer.
निम्नलिखित वक्तव्यों A और B पर विचार कर सही उत्तर का चयन करें-

Statement A: The meaning of the term 'Hindustan' has evolved over time.
वक्तव्य A: ''हिन्दुस्तान'' शब्द का अर्थ समय के साथ विकसित होता गया।

Statement B: In thirteenth century it meant areas of Punjab, Haryana and lands between Ganga and Yamuna. In sixteenth century the term was used to describe the geography and culture of the sub-continent.
वक्तव्य B: तेरहवीं शताब्दी में इसका आशय पंजाब, हरियाणा और गंगा-यमुना के बीच में स्थित इलाकों से था। सोलहवीं शताब्दी में इस शब्द का प्रयोग इस उपमहाद्वीप के भूगोल और संस्कृति का वर्णन करने लिए किया गया।

(a) Both A and B are true and B is correct explanation of A/ A और B दोनों सही हैं और B, A की सही व्याख्या है।
(b) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।
(c) A is true and B is false/ A सही है और B गलत है।
(d) Both A and B are true but B is not correct explanation of A/ A और B दोनों सही हैं परन्तु B, A की सही व्याख्या नहीं है।

Ans. (a) : हिन्दुस्तान शब्द का अर्थ समय के साथ विकसित होता गया। क्योंकि तेरहवी शताब्दी में इसका आशय पंजाब, हरियाणा और गंगा-यमुना के बीच में स्थित इलाकों से था। सोलहवीं शताब्दी में इस शब्द का प्रयोग इस उपमहाद्वीप के भूगोल और संस्कृति का वर्णन करने के लिए किया गया और भारत गणराज्य को हिन्द (अरबीः अल-हिन्द) कहा जाता है। हिन्दुस्तान एवं हिन्द शब्द का प्रयोग अक्सर अरबी एवं ईरानी किया करते थे।

7. Consider the following statements about colonial administration in India and choose option.
भारत में औपनिवेशिक प्रशासन के विषय में निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

A. It was easier for colonial administration to control and administer tribal people even if they were always on the move.
औपनिवेशिक प्रशासन के लिए जनजातियों को नियंत्रण में रखना और शासन करना सरल था। यद्यपि वे इधर-उधर घूमते रहते थे।

B. The British administration introduced land settlement for establishing a regular revenue source for the state.
राज्य के लिए निरंतर राजस्व प्राप्ति के लिए अंग्रेजी-प्रशासन ने भूमि नियम लागू किए।

C. The British effort to settle jhum cultivators was very successful.
झूम खेतिहरों को बसाने के प्रयास में ब्रिटिश बहुत सफल रहे।

(a) Only A is true/ केवल A सत्य है।
(b) Only B is true/ केवल B सत्य है।
(c) Only C is true/ केवल C सत्य है।
(d) Only B and C are true/ केवल B और C सत्य है।

Ans. (b) :भारत में औपनिवेशिक शासन ने राज्य के लिए निरन्तर राजस्व प्राप्ति के लिए अंग्रेजी-प्रशासन ने भूमि राजस्व नियम लागू किए। जो अंग्रेजों द्वारा भारत में अपने सम्राज्य निर्माण की दिशा में उठाए गये सबसे महत्वपूर्ण व शुरुआती कदम थे। परन्तु ये व्यवथाएँ केवल भूमि कर निर्धारण या संग्रहण से संबंधित ही नही थीं, इन व्यवस्थाओं ने भविष्य में भारत में अंग्रेजी साम्राज्य की न केवल रूपरेखा तय की थी। बल्कि उसे स्थायित्व प्रदान करने में भी मदद की थी।

8. The decline of old centers of power such as Surat in the 19th century and the emergence of new centres of administration is described as
शक्ति के पुराने केंद्रों, जैसे 19वीं शताब्दी में सूरत के ढहने और प्रशासन के नए केंद्रों के पैदा होने को ___ के रूप में व्याख्यायित किया गया है।

(a) de-industrialization/ विऔद्योगीकरण
(b) de-urbanization/ विशहरीकरण
(c) de-centralisation/ विकेंद्रीकरण
(d) de-recognition/ विपहचानीकरण

Ans. (b) : शक्ति के पुराने केन्द्रों, जैसे 19वीं शताब्दी में सूरत के ढहने और प्रशासन के नए केन्द्रों के पैदा होने को विशहरीकरण के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। इसी तरह, पूर्वी क्षेत्रीय शक्ति के पूर्वी केन्द्र गिर गए जब स्थानीय शासकों को ब्रिटिश द्वारा पराजित किया गया। इस प्रक्रिया को विशहरीकरण के रूप में वर्णित किया गया है।

9. Begum Rokeya Sakhawat Hossain started schools for Muslilm girls in
बेगम रुकैया सखावत हुसैन ने मुस्लिम लड़कियों के लिए विद्यालय शुरू किए-
(a) Aligarh and Delhi/ अलीगढ़ और दिल्ली में
(b) Patna and Calcutta/ पटना और कलकत्ता में
(c) Lucknow and Allahabad/ लखनऊ और इलाहाबाद में
(d) Poona and Bombay/ पूना और बम्बई में

Ans. (b) : बेगम रुकैया सखावत हुसैन एक स्त्रीवादी, शिक्षाविद, समाज सुधारक और लेखिका थी। इन्होंने कलकत्ता और पटना में मुस्लिम लड़कियों के लिए स्कूल खोला। वह रूढ़िवादी विचारों की कटु आलोचक थी। उनका मानना था कि प्रत्येक धर्म के धार्मिक नेताओं ने औरतों को निचले दर्जे में रखा है।

10. During the colonial rule, indentured labourers, were taken from India to work in plantations in which of the following countries:
औपनिवेशिक शासन के दौरान अनुबंधित मजदूरों को बागानों में काम करने के लिए भारत से किस देश में ले जाया गया था?
(a) Trinidad/ त्रिनिदाद (b) Australia/ ऑस्ट्रेलिया
(c) Cuba/ क्यूबा (d) China/ चीन

Ans. (a) : औपनिवेशिक शासन के दौरान अनुबंधित मजदूरों को बागानों में काम करने के लिए भारत से कैरिबियाई द्वीप समूह, त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम, मॉरीशस, फिजी, सिलॉन एवं मलाया ले जाया जाता था। मजदूरों की भर्ती का काम मालिकों के एजेंट किया करते थे। एजेंटों को कमीशन मिलता था। अगर कोई मजदूर अप्रवासन के लिए राजी नहीं होता था, तो एजेंट उसका अपहरण कर लेते थे।

11. The oppressive conditions of 'lower castes' was first seen as analogous to the condition of black slaves in America, by which of the following social reformers.
निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक द्वारा निम्न 'जाति' की दमनात्मक स्थिति को पहली बार अमेरिका में काले दासों की स्थिति के समरूप देखा गया?
(a) Ram Mohan Roy/ राम मोहन रॉय
(b) B. R. Ambedkar/ बी. आर. आंबेडकर
(c) Jyotirao Phule/ ज्योतिराव फूले
(d) Henry Derozio/ हेनरी डेरेजियो

Ans. (c) : भारत के समाज सुधारकों में प्रथम बार ज्योतिबा राव फूले ने निम्न जाति आन्दोलन को गति दी। गुलामगीरी (1873) पुस्तक में अमेरिका के काले दासों की स्थिति के समरूप भारत की दलित जातियों को रखा। इन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। वह 'उच्च' जाति महिलाओं की दुर्दशा, मजदूरों की मुसीबतों और निम्न जातियों के अपमानपूर्ण हालात के बारे में गहरे तौर पर चिंतित थे।

12. In which of the following way/ways did the moderate Indian leaders of the 19th century express their nationalist concerns?
मध्यमार्गी भारतीय नेता उन्नीसवीं सदी में किन-किन तरीकों से अपना राष्ट्रीय सरोकार प्रकट करते थे?
A. Demonstration and fight for swarj/प्रदर्शन और स्वराज्य के लिए संघर्ष
B. Demand for a greater voice for Indians in the government/ सरकार में अधिक भागीदारी की माँग
C. Demand for Indianisation of the administration/प्रशासन का भारतीयकरण करने की माँग
(a) Both A and B/ A और B
(b) Both B and C/ B और C
(c) Both A and C/ A और C
(d) All A, B and C/ A, B और C

Ans. (b) : भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की नींव मध्यम मार्गी नरमपंथी आंदोलन से रखी गई। इसमें भारतीय नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व अन्य संगठनों के माध्यम से अंग्रेजी सरकार के सामने अपनी मांगे रखते थे। इनमें प्रशासन का भारतीयकरण, प्रशासन में भारतीयों की भागीदारी प्रमुख थी।

13. In which of the following way did the 'radical' leaders of the 19th century express their nationalist concerns?
किन तरीकों से अमूर्त परिवर्तनवादी नेताओं ने उन्नीसवीं सदी में किन-किन तरीकों से अपने राष्ट्रीय सरोकार प्रकट किए-
A. Large public meeting and demonstration and fighting for swaraj.
बृहद सभाओं, प्रदर्शनों का आयोजन और स्वराज्य के लिए संघर्ष
B. Pressing the British to respect ideals of freedom by making them aware of Indian feelings.
अंग्रेजों को भारतीयों की स्वतंत्रता की भावना से अवगत करवाना और आदर देने के लिए उन पर दबाव बनाना
C. Demanding the legislative councils to be more representative.
विधान मण्डलों में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग करना।
(a) Only A/ केवल A
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only C/ C केवल
(d) All A, B and C/ A, B, C सभी

Ans. (a) : 19वीं सदी के उत्तरार्ध में भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की शुरुआत हुई। अपनी मांगों के लिए नरमपंथी नेताओं ने कांग्रेस, इंडियन एसोसिएशन, इंडियन लीग के माध्यम से यह सरोकार प्रकट किए। सभाओं का आयोजन, प्रदर्शनों का आयोजन इन नरमपंथी उपायों से अंग्रेजी सरकार को अपनी मांगे मनवाने की बात की गई।

14. Who was the first Deputy Prime Minister of India?
भारत का पहला उप-प्रधानमंत्री कौन था?
(a) Maulana Azad/ मौलाना आजाद
(b) C. Rajagopalachari/ सी. राजागोपालाचारी
(c) Sardar Vallabhbhai Patel
सरदार वल्लभ भाई पटेल
(d) Khan Abdul Gaffar Khan
खान अब्दुल गफ्फार खान

Ans. (c) : भारत के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल थे। यह एक संवैधानिक पद नहीं है। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति में उपप्रधानमंत्री संसद या अन्य स्थानों पर उनके स्थान पर सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं, एवं कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता कर सकते हैं। इस पद पर अंतिम व्यक्ति श्री लाल कृष्ण अडवाणी थे। वर्तमान सरकार में कोई उपप्रधानमंत्री नही है।

15. Asteroids are found between the orbits of which planets?
क्षुद्र ग्रह किन ग्रहों की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं?
(a) Mars and Jupiter/ मंगल और बृहस्पति
(b) Jupiter and Saturn/ बृहस्पति और शनि
(c) Mars and Saturn/ मंगल और शनि
(d) Venus and Jupiter/ शुक्र और बृहस्पति

Ans. (a) : क्षुद्र ग्रह हमारे सौरमण्डल का एक क्षेत्र है जो मंगल ग्रह और बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच स्थित होते है। मंगल के उपग्रह फोबोस तथा डिमोस हैं तथा बृहस्पति सौर मण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है।

16. Consider the following information about a place.
किसी स्थान के बारे में निम्न सूचनाओं पर विचार करें।
A. It is located on 30° latitude.
यह 30° अक्षांश पर स्थित है।
B. It is located on the northern hemisphere.
यह उत्तरी गोलार्ध में स्थित है।
C. It is located east of the prime meridian.
यह प्रमुख याम्योत्तर से पूर्व में स्थित है।
To locate this place exactly on globe
इस स्थान की ग्लोब पर सही स्थिति दर्शाने हेतु-
(a) Only A and B are required
केवल A व B की आवश्यकता होगी।
(b) Only B and C are required
केवल B व C की आवश्यकता होगी।
(c) Only A and C are required
केवल A व C की आवश्यकता होगी।
(d) Information is insufficient/सूचना अपर्याप्त है।

Ans. (d) : किसी स्थान के बारे में निम्न सूचनओं को होना चाहिए- अक्षांश, देशान्तर, गोलार्द्ध, दिशा इत्यादि। जबकि उपरोक्त प्रश्न में सूचनाएँ अपर्याप्त है।

17. If we are moving from North pole to South pole, what will be the sequence of lines we cross?
अगर हम उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की तरफ जा रहे हैं, तो उन रेखाओं का अनुक्रम क्या होगा जिन्हें हम पार करेंगे?
(a) Arctic circle, Tropic of cancer, Equator, Tropic of Capricorn and Antarctic circle/ उत्तर ध्रुव वृत्त, कर्क रेखा, विषुवत वृत्त, मकर रेखा एवं दक्षिण ध्रुव वृत्त।
(b) Antarctic circle, Tropic of cancer, Equator, Tropic of Capricorn and Arctic circle/ दक्षिण ध्रुव वृत्त, कर्क रेखा, विषुवत वृत्त, मकर रेखा एवं उत्तर ध्रुव वृत्त।
(c) Arctic circle, Tropic of Capricorn, Equator, Tropic of cancer and Antarctic circle/ उत्तर ध्रुव वृत्त, मकर रेखा, विषुवत वृत्त, कर्क रेखा एवं दक्षिणी ध्रुव वृत्त।
(d) Antarctic circle, Tropic of Capricorn, Equator, Tropic of cancer and Arctic circle/ दक्षिणी ध्रुव वृत्त, मकर रेखा, विषुवत वृत्त, कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव वृत्त।

Ans. (a) : अगर हम उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की तरफ जा रहे हैं तो उन रेखाओं का अनुक्रम होगा जिसे हम पार करेंगे- उत्तर ध्रुव वृत्त, कर्क रेखा, विषुवत रेखा, मकर रेखा एवं दक्षिणी ध्रुव वृत्त।

18. Statement A- The shape of Indian Ocean is S
कथन A- हिन्द महासागर का आकार अंग्रेजी के S अक्षर के आकार का है।
Statement B- The S shape of Indian Ocean provides ideal location for natural horbours.
कथन B- हिन्द महासागर का S आकार प्राकृतिक पोताश्रयों और पत्तनों के लिए आदर्श स्थिति है।
Select the correct option from the given alternatives.
दिए गए विकल्पों से सही को चुनें:
(a) Both A and B are true/ A और B दोनों सत्य हैं।
(b) Both A and B are false/ A और B दोनों असत्य हैं।
(c) A is true but B are false
A सत्य है जबकि B असत्य है।
(d) B is true but A is false/ B सत्य है जबकि A असत्य है।

Ans. (b) : हिन्द महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है और पृथ्वी की सतह पर उपस्थित जल का लगभग 20% भाग इसमें समाहित है। यही एक महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम यानी हिन्दुस्तान (भारत) के नाम पर है। प्राचीन ग्रंथों में इसे रत्नाकर कहा गया है। इसका आकार (M) 'एम' की भांति है। यह तीन ओर से भू-वेष्टित महासागर है।

19. Slate and Marble are the examples of _____.
स्लेट तथा संगमरमर किस के उदाहरण हैं?
(a) primary rocks/ प्राथमिक शैल
(b) igneous rocks/ आग्नेय शैल
(c) sedimentary rocks/ अवसादी शैल
(d) metamorphic rocks/ कायांतरित शैल

Ans. (d) : स्लेट तथा संगमरमर कायांतरित शैल के उदाहरण हैं। जो आग्नेय एवं अवसादी के फलस्वरूप बनता है। संगमरमर एक कायांतरित शैल है, इस शैल के कुछ अन्य उदाहरण नीस, फाइलाइट, सरपेंटाइन, शीस्ट और क्वार्टजाइट है।

20. Consider the following pairs:/ निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें
A. Temperate evergreen forest - Hard wood trees
शीतोष्ण सदाबहार वन - दृढ़ काष्ठ वृक्ष
B. Coniferous forests - Softwood trees
शंकुधारी वन - मृदु काष्ठ वृक्ष
C. Tropical deciduous forests-both hardwood and softwood trees.
ऊष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन- दृढ़ और मृदु काष्ठ दोनों प्रकार के वृक्ष

Which of the pair/pairs above is/are correctly matched?

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेल है/हैं?

(a) A and C only/ केवल A और C

(b) B only/ केवल B

(c) B and C only/ केवल B और C

(d) A and B only/ केवल A और B

Ans. (b) : शंकुधारी वन उत्तरी गोलार्द्ध के उच्च अक्षांशों (50°-70°) में पाए जाते हैं। इन्हें टैगा भी कहते हैं। ये लंबे, नरम, काष्ठ वाले सदाबहार वृक्ष होते हैं जिनका उपयोग लुग्दी बनाने के लिए किया जाता है।

- उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है- नमपर्णपाती वन, शुष्क पर्णपाती वन। इसमें दृढ़ प्रकार की लकड़ी पाये जाते हैं।
- शीतोष्ण सदाबहार वन मध्य अक्षांश के तटीय प्रदेशों में स्थित है। यहाँ बाँस, चीड़ एवं यूकेलिप्टस जैसे दृढ़ एवं मुलायम दोनों प्रकार के वृक्ष पाये जाते हैं।

21. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option.

निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें।

A. High air pressure produces clear sky, dry and stable weather.

उच्च वायुदाब से स्वच्छ आकाश, शुष्क व अचल मौसम बनता है।

B. Horizontally the distribution of air pressure is influenced by temperature of air at a given place.

वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A/ दोनों A तथा B सही हैं तथा B, A की सही व्याख्या करता है।

(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A/दोनों A तथा B सही हैं तथा B, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A is true but B is false/ A सही है तथा B गलत है।

(d) A is false but B is true A गलत है तथा B सही है।

Ans. (b) : पृथ्वी की सतह पर वायु के भार द्वारा लगाया गया दाब वायु दाब कहलाता है। वायुमंडल में ऊपर की ओर जाने पर दाब तेजी से गिरने लगता है। समुद्र स्तर पर वायुदाब सर्वाधिक होता है और ऊँचाई पर जाने पर घट जाता है। वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है। अधिक तापमान वाले क्षेत्र से वायु गर्म होकर ऊपर उठती है। यह निम्न दाब क्षेत्र बनाता है। निम्न दाब, बादल युक्त आकाश एवं मौसम के साथ जुड़ा होता है। कम तापमान वाले क्षेत्र की वायु ठंडी होती है। इसके फलस्वरूप यह भारी होती है। भारी वायु निमज्जित होकर उच्चदाब क्षेत्र बनाती है उच्चदाब के कारण स्वच्छ आकाश, शुष्क व अचल मौसम बनता है।

22. Moving from tropopause to mesopause in the atmosphere, the temperature

वायुमंडल में क्षोभसीमा में मध्यसीमा की ओर बढ़ने पर, तापमान-

(a) First increases then decreases
पहले बढ़ता है फिर घटता है।

(b) First decreases then increases
पहले घटता है फिर बढ़ता है।

(c) Remain constant/ स्थिर रहता है।

(d) Increase only/ केवल बढ़ता है।

Ans. (a) : वायुमंडल में क्षोभ सीमा से मध्यसीमा की ओर बढ़ने पर तापमान पहले बढ़ता है, फिर घटता है। क्षोभमण्डल की औसत ऊँचाई 13km. तथा मध्यमण्डल का विस्तार 50-55km से 80km. तक है। तापमान ऊँचाई के साथ घटता जाता है। प्रति 165 मीटर की ऊँचाई पर वायु का तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की दर से घटता है। जिसे सामान्य ताप ह्रास दर कहते हैं। वायुमण्डल को पाँच परतों में बाँटा गया है- (1) क्षोभमण्डल (2) समतापमण्डल (3) मध्यमण्डल (4) आयन मंडल (5) बाह्यमंडल।

23. Cave painting found in Sahara desert shows rivers with crocodile. Elephants, lions, giraffes, ostriches, sheep, cattle and goats are depicted as common animals.

It shows that _____.

सहारा मरुस्थल में मिले गुफा चित्रों में नदियों को मगरमच्छों के साथ दर्शाया गया है। हाथी, शेर, जिराफ, शुतुरमुर्ग, भेड़, मवेशी और बकरियों को आम पशुओं के रूप में दर्शाया गया है। यह बताता है कि-

(a) Sahara once used to be a lush green plain
सहारा कभी हरा-भरा मैदान हुआ करता था।

(b) the people living there had great imaginative power/ वहाँ रहने वाले लोगों में महान कल्पनाशक्ति थी।

(c) people migrated there from the region where vegetation was very rich/ वहाँ लोग उस क्षेत्र से प्रवासित हुए थे जहाँ वनस्पति बहुत समृद्ध थी।

(d) people wish for those things what they haven't/ लोग उन चीजों की कल्पना करते हैं जो उनके पास नहीं होती है।

Ans. (a) : सहारा रेगिस्तान उत्तरी अफ्रीका का एक बड़ा हिस्सा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है। इसका क्षेत्रफल लगभग 8.54 मिलियन वर्ग किमी. है। वर्तमान का सहारा मरुस्थल एक समय में हरा-भरा मैदान हुआ करता था क्योंकि सहारा मरुस्थल में मिले गुफा चित्रों में नदियों को मगरमच्छों के साथ दर्शाया गया है। हाथी, शेर, जिराफ, शुतुरमुर्ग, भेड़ मवेशी और बकरियों को आम पशुओं के रूप में दर्शाया गया है। लेकिन जलवायु में बदलाव होने से यह बहुत गर्म और शुष्क क्षेत्र में बदल गया।

24. Which of the following is/are correct about minerals and rocks

खनिजों एवं शैलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. Generally metallic minerals are found in igneous and metamorphic rocks.

सामान्यतः धात्विक खनिज आग्नेय व कायांतरित शैल समूहों मे पाए जाते हैं।

B. If a rock contains copper then rock looks blue on color.
अगर किसी शैल में तांबा है तो उसका रंग नीला होगा।

C. All ore minerals are not rocks.
सभी खनिज अयस्क शैल नहीं हैं।

D. All rocks are not ore minerals.
सभी शैल खनिज अयस्क नहीं है।

(a) Only A and B are correct
केवल A और B सही है।
(b) Only C and D are correct
केवल C और D सही है।
(c) Only A, B and C are correct
केवल A, B और C सही है।
(d) Only A, B and D are correct
केवल A, B और D सही है।

Ans. (d) : खनिज आधुनिक सभ्यता की आधारशिला है। धात्विक खनिजों में मूल्यवान सोना, प्लेटिनम, चांदी, तांबा से लेकर एल्यूमीनियम और लोहा मिलता है। समान्यतः धात्विक खनिज आग्नेय व कायांत्रित शैल समूहों में पाये जाते हैं। अगर किसी शैल में तांबा है तो उसका रंग नीला होगा। सभी शैल खनिज अयस्क नहीं है। कई शैलो और खनिजों का उपयोग विभिन्न प्रकार के उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में होता है।

25. Which of the following is/are true about population pyramid.
जनसंख्या पिरामिड के संदर्भ में निम्न में से क्या सही है/हैं?

A. Total population is divided into various age groups e.g. 5 to 9 years, 10-14 years and so on.
कुल जनसंख्या विभिन्न आयुवर्गो में विभाजित होती है जैसे 5 से 9 वर्ष, 10 से 14 वर्ष इत्यादि।

B. The percentage of the total population is subdivided into males and females in each group
कुल जनसंख्या का प्रतिशत इन वर्गो में से प्रत्येक वर्ग में पुरुष और स्त्रियाँ उपविभाजित होते हैं।

C. The age-sex structure of a population refers only to the number of females in different age groups.
जनसंख्या की आयु-लिंग संरचना से आशय विभिन्न आयु वर्गों में केवल महिलाओं की संख्या से है।

(a) Only A and B are true/ केवल A और B सही हैं।
(b) Only B and C are true/ केवल B और C सही हैं।
(c) Only A and C are true/ केवल A और C सही हैं।
(d) All A, B and C are true/केवल A, B और C सही हैं।

Ans. (a) : जनसंख्या पिरामिड एक देश की जनसंख्या की आयु लिंग संरचना को दर्शाता है। कुल जनसंख्या विभिन्न आयु वर्गों में विभाजित होती है जैसे 5 से 9 वर्ष, 10 से 14 वर्ष इत्यादि। कुल जनसंख्या का प्रतिशत इन वर्गों में से प्रत्येक वर्ग में पुरुष व स्त्रियाँ उपविभाजित होते हैं। अधिकांश आबादी 0-14 आयु वर्ग के बीच है,जो हमे बताती है कि देश की प्रजनन दर उच्च और जनसंख्या उप-प्रतिस्थापन प्रजनन स्तर से ऊपर है।

26. Which word out of the following means 'to settle down' in Latin?
निम्न में से किस लैटिन शब्द का अर्थ है स्थिर'?

(a) Ignis/ इग्निस
(b) Sedimentum/ सेडिमेंटम
(c) Metamorphase/ मेटामोरफोस
(d) Lapis/ लैपिस

Ans. (b) : व्यवहारिक रूप में लैटिन भाषा का प्रयोग न के बराबर है। केवल इटली के कुछ भागों में विशेषकर वेटिकन सिटी में लैटिन भाषा का प्रयोग होता है। इसकी लिपि रोमन है। 'सेडिमेंटम' लैटिन शब्द का अर्थ 'स्थिर' होता है।

27. Shifting cultivation and nomadic herding are the examples of:
स्थानांतरी कृषि और चलवासी पशुचारण निम्नलिखित में से किस के उदाहरण हैं?

(a) Intensive subsistence agriculture
गहन निर्वाह कृषि
(b) Primitive subsistence agriculture
आदिम निर्वाह कृषि
(c) Mixed farming/ मिश्रित कृषि
(d) Commercial farming/ वाणिज्यिक कृषि

Ans. (b) : स्थानांतरी कृषि और चलवासी पशुचारण आदिम निर्वाह कृषि के उदाहरण है। प्रारम्भिक जीवन निर्वाह कृषि भूमि के छोटे टुकड़े पर औजार तथा परिवार या समुदाय के श्रम का इस्तेमाल होता है। इस प्रकार की खेती मुख्य रूप से मानसून पर और जमीन की प्राकृतिक ऊर्वरता पर निर्भर होती है। ऐसी खेती में किसी स्थान विशेष की जलवायु के अनुसार फसल का चुनाव किया जाता है।

28. Who coined the phrase "Unity in Diversity" to describe India?
भारत का वर्णन करने के लिए ''विविधता में एकता'' वाक्यांश किसने दिया?

(a) Mahatma Gandhi/ महात्मा गाँधी ने
(b) Rabindranath Tagore/ रवीन्द्रनाथ टैगोर ने
(c) Jawaharlal Nehru/ जवाहरलाल नेहरू ने
(d) Bankim Chandra Chatterjee/बंकिम चंन्द्र चटर्जी ने

Ans. (c) : भारत का वर्णन करने के लिए 'विविधता में एकता' शब्द भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा दिया गया था। उन्होंने 1946 में अपनी पुस्तक ''द डिस्कवरी ऑफ इंडिया'' में इस शब्द का इस्तेमाल किया था। इन्होंने अपनी पुस्तक में पूरे देश की शक्ति और एकता का वर्णन किया है। विविधता में एकता का अर्थ होता है हम जाति, वंश, नश्ल के आधार पर भले ही अलग-अलग हैं लेकिन हम सब एक हैं।

29. "Historical and Geographical factors influence diversity of a region". In the context of this statement, which among the following pairs is of the most contrasting conditions?
''किसी क्षेत्र की विविधता को ऐतिहासिक और भौगोलिक कारक प्रभावित करते हैं।'' इस कथन के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा युग्म असंगत है?

(a) Jodhpur and Jaisalmer/ जोधपुर और जैसलमेर
(b) Gwalior and Jhansi/ ग्वालियर और झाँसी
(c) Lahaul and Lucknow/ लाहौल और लखनऊ
(d) Darjeeling and Kalimpong
दार्जिलिंग और कालीपोंग

Ans. (c) : किसी भी क्षेत्र की विविधता को ऐतिहासिक और भौगोलिक कारक प्रभावित करते हैं। इस कथन के सन्दर्भ में लाहौल और लखनऊ युग्म असंगत है। क्योंकि लाहौल और स्फीति अपनी ऊंची पर्वतमाला के कारण शेष दुनिया से कटा हुआ है। रोहतांग दर्रा लाहौल और स्फीति को कुल्लू घाटी से पृथक करता है, जिले की पूर्वी सीमा तिब्बत से मिलती है। जबकि लखनऊ उस क्षेत्र में है जिसे ऐतिहासिक रूप से अवध क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। विशाल गांगेय मैदान के हृदय क्षेत्र में स्थित लखनऊ शहर बहुत से ग्रामीण कस्बों एवं गांवों से घिरा हुआ है।

30. The Parliament of India does not include:
भारतीय संसद में कौन सम्मिलित नहीं होता है?

(a) President/ राष्ट्रपति
(b) Lok Sabha/ लोक-सभा
(c) Rajya Sabha/ राज्य-सभा
(d) Vidhan Parishad/विधान परिषद

Ans. (d) : भारतीय संसद में राष्ट्रपति एवं संसद के दोनों सदन; लोकसभा और राज्य सभा सम्मिलित होते हैं। लोक सभा जिसे निम्न सदन भी कहते हैं, लोगों का सदन होता है जिसके सदस्यों का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाता है। राज्य सभा उच्च सदन है जो भारतीय संघ के राज्यों का प्रतिनिधित्व करता है। और जिसके सदस्यों का चुनाव विधान सभा तथा संघीय क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है।

31. Which of the following pairs and matched correctly?/ इनमें से कौन-से जोड़े सुमेलित हैं-

A.	**Hindu Succession Amendment Act, 2005/ हिंदू उत्तराधिकार संशोधन कानून 2005**	–	**Women's Property Rights/ महिला सम्पति अधिकार**
B.	**Panchayati Raj System/ पंचायती राज व्यवस्था**	–	**Local self-governance स्थानीय स्व-शासन**
C.	**The protection of Women from Domestic Violence Act 2005/ महिला घरेलू हिंसा संरक्षण कानून 2005**	–	**Fundamental Rights/ मौलिक अधिकार**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) Only A and B/ A और B
(c) Only A and C/ A और C
(d) Only B and C/ B और C

Ans. (b) : निम्न जोड़े सही सुमेलित है–
हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन कानून 2005 – महिला सम्पत्ति अधिकार
पंचायती राजव्यवस्था - स्थानीय स्वशासन

32. Choose the correct sequence of stages of a cotton crop transforming into a cotton shirt.
कपास उगाने से सूती-कमीज बनने तक के सभी चरणों को सही क्रम में लगाएं-

(a) Harvest-Ginning-Spinning-Weaving
कटाई, ओटन, कताई, बुनाई
(b) Ginning-Spinning-Weaving-Harvesting
ओटन, कताई, बुनाई, कटाई
(c) Spinning-Weaving-Harvesting-Ginning
कताई, बुनाई, कटाई, ओटन
(d) Weaving-Harvesting-Ginning-Spinning
बुनाई, कटाई, ओटन, कताई

Ans. (a) : कपास एक नकदी फसल है। कपास रूई से तैयार की जाती है जिसे सफेद सोना कहा जाता है। कपास की फसल उत्पादन के लिए काली मिट्टी की आवश्यकता पड़ती है। भारत में सबसे ज्यादा कपास का उत्पादन गुजरात में होता है। कपास मे मुख्य रूप से सेल्यूलोस होता है। कपास से निर्मित वस्त्र सूती वस्त्र कहलाते हैं। कपास से सूती वस्त्र बनने तक कटाई, ओटन, कताई, बुनाई आदि का सही चरण हैं।

33. A teacher is discussing about the terrace farming practice in the state of Nagaland. Which of the following community is most likely to find a mention in this classroom discussion?
एक अध्यापिका नागालैंड में सीढ़ीनुमा खेती के बारे में चर्चा कर रही हैं, इनमें से किस समुदाय का संदर्भ कक्षा-चर्चा में होगा-

(a) Garo community/ गारो समुदाय
(b) Bodo community/ बोडो समुदाय
(c) Mishmi community/ मिशिमी समुदाय
(d) Chakhesand community/ चखेसंग समुदाय

Ans. (d) : चखेसंग समुदाय के लोग सीढ़ीनुमा खेती करते हैं। इसका मतलब है कि पहाड़ी की ढलाऊ जमीन को छोटे-छोटे सपाट टुकड़ों में बाँटा जाता है और उस जमीन को सीढ़ियों के रूप में बदल दिया जाता है। प्रत्येक सपाट टुकड़े के किनारों को ऊपर उठा देते हैं जिससे पानी भरा रह पाए, यह चावल की खेती के लिए सबसे अच्छा होता है। इसलिए अध्यापिका द्वारा नागालैंड में सीढ़ीनुमा खेती के चर्चा के दौरान चखेसंग समुदाय का जिक्र करेंगी।

34. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही विकल्प का चयन करें-

Statement A: A government can call itself democratic even without allowing universal adult franchise.
कथन A: सभी वयस्क नागरिकों को वोट देने का अधिकार दिए बिना भी सरकार अपने आपको लोकतांत्रिक कह सकती है।

Statement B: Some democratic governments are representative democracies where people do not participate directly but choose their representatives through an election process.
कथन B: कुछ लोकतांत्रिक सरकारें, प्रतिनिधि लोकतंत्र हैं जहाँ लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं।

(a) A is correct B is incorrect
A सही है और B गलत है।
(b) A is incorrect B is correct
A गलत है और B सही है।
(c) Both A and B are correct
A और B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are incorrect
A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : सभी वयस्क नागरिकों को वोट देने का अधिकार है तभी सरकार अपने आप को लोकतांत्रिक कह सकती है, क्योंकि लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है, जिसके अन्तर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन में आए हुए किसी भी दल को मत देकर अपना प्रतिनिधि चुन सकती है, तथा उसकी सत्ता बना सकती है। लोकतंत्र दो शब्दों से मिलकर बना है, ''लोक + तन्त्र'' में लोक का अर्थ है जनता तथा तन्त्र का अर्थ है शासन। कुछ लोकतांत्रिक सरकारें प्रतिनिधि लोकतंत्र है जहाँ लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं। एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी है।

35. 27 year old Laxmi from a poor tribal family has begun to change things. She is the first woman engine driver for Northern Railway. She overcame many hardship and studied hard to get a diploma in electronics. She rode motorcycles at the polytechnic and decided to become an engine driver. She is most definitely.
एक गरीब आदिवासी परिवार की 27 वर्षीय लक्ष्मी ने बदलाव की शुरुआत की है। वह उत्तर रेलवे की पहली महिला इंजन ड्राईवर है। उसने कई कठिनाइयों को पार किया और इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। उसने पॉलीटेक्निक में मोटरसाइकिल की सवारी की और इंजन ड्राईवर बनने का फैसला किया। वह निश्चित रूप से-
(a) breaking stereotype/ रूढ़ियों को तोड़ रही है।
(b) winning laurels/ पूरस्कार जीत रही है।
(c) supporting her family
अपने परिवार को सहारा दे रही है।
(d) doing a man's work/पुरुषों का कार्य कर रही है।

Ans. (a) : उपर्युक्त कथन के सन्दर्भ में लक्ष्मी निश्चित रूप से रुढ़ियों को तोड़ रही है। क्योंकि भारत में प्रचलित सामाजिक मानदंडों के तहत महिलाओं से परिवार और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा की जाती है। यह रुढ़िवादिता महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में वृद्धि करने के मार्ग में एक प्रमुख बाधा है। इसके कारण महिलाएँ कार्य के लिए समय निकाल पाने हेतु लगातार संघर्ष करती रहती हैं।

36. If a government of one state decides not to allow migration of people from other states, which Fundamental Rights is violated?
अगर एक राज्य सरकार यह निर्णय करती है कि दूसरे राज्यों से लोगों के प्रवास को अनुमति नहीं देगी तो यह किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ?
(a) Right to Equality/ समानता का अधिकार
(b) Right to Freedom/ स्वतंत्रता का अधिकार
(c) Right against exploitation
शोषण के विरूद्ध अधिकार
(d) Right to Constitutional Remedies
संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Ans. (b) : अगर कोई राज्य सरकार यह निर्णय करती है कि दूसरे राज्यों से लोगों के प्रवास को अनुमति नहीं देगी तो यह स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन हुआ। क्योंकि भारत में प्रत्येक नागरिक को भारत में कहीं भी रहने या बस जाने की स्वतंत्रता है। भ्रमण और निवास के संबंध में यह व्यवस्था संविधान द्वारा अपनाई गई इकहरी नागरिकता के अनुरूप है। भ्रमण और निवास की इस स्वतंत्रता पर भी राज्य सामान्यतः जनता के हित और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के हितों में उचित प्रतिबंध लगा सकती है।

37. Under which Article of the Indian Constitution, a person cannot be ill-treated during arrest or in custody?
मौलिक अधिकारों की किस धारा के अंतर्गत किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी या उसकी हिरासत के दौरान उससे दुर्व्यवहार नहीं किया जा सकता?
(a) Article 21/ अनुच्छेद 21
(b) Article 22/ अनुच्छेद 22
(c) Article 23/ अनुच्छेद 23
(d) Article 24/ अनुच्छेद 24

Ans. (b) : मौलिक अधिकारों का अनु0 22 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी या उसकी हिरासत के दौरान उससे दुर्व्यवहार नही किया जा सकता। क्योंकि अनु0 22 के द्वारा व्यक्ति को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त है-
(i) गिरफ्तारी के कारण के बारे में सूचित किये जाने का अधिकार।
(ii) कानूनी सलाहकार द्वारा परामर्श और बचाव का अधिकार।
(iii) यात्रा समय को छोड़कर, 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाने का अधिकार।
(iv) जब तक कि मजिस्ट्रेट आगे हिरासत को अधिकृत न करें, 24 घंटे के बाद छोड़े जाने का अधिकार।

38. The judiciary in India has the power to invalidate particular laws passed by the Parliament. What is this power called?
भारत में न्यायपालिका के पास संसद द्वारा पारित किए गए कानूनों को खारिज करने का अधिकार है। इस अधिकार को क्या कहते हैं?
(a) Constitutional Amendment/ संवैधानिक संशोधन
(b) Judicial Review/ न्यायिक समीक्षा
(c) No-Confidence Motion/ अविश्वास प्रस्ताव
(d) Judicial Activism / न्यायिक सक्रियता

Ans. (b) : भारत में न्यायपालिका के पास संसद द्वारा पारित किए गये कानूनों को खारिज करने का अधिकार है। इस अधिकार को न्यायिक समीक्षा कहते हैं। न्यायिक समीक्षा के दौरान विधायी कार्यो की समीक्षा, प्रशासनिक कार्रवाई की समीक्षा तथा न्यायिक निर्णयों की समीक्षा की जाती है।

39. Tawa Matsya Sangh fighting for the fishing rights of the people displaced by the Tawa Dam is associated with which of the following states?
तवा बाँध के द्वारा विस्थापित हुए लोगों के मछली पकड़ने के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला मत्स्य संघ निम्न में से किस राज्य से संबंधित है?

(a) Jharkhand/ झारखंड
(b) Uttarakhand/ उत्तराखंड
(c) Madhya Pradesh/ मध्य प्रदेश
(d) Chattisgarh/ छत्तीसगढ़

Ans. (c) : 1994 में सरकार ने निजी ठेकेदारों को तवा जलाशय में मछली पकड़ने के अधिकार दिए। इन ठेकेदारों ने स्थानीय लोगों को दूर भगाया और बाहर से सस्ता श्रम प्राप्त किये। तवा बाँध (मध्य प्रदेश) के द्वारा विस्थापित हुए लोगों के मछली पकड़ने के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला मत्स्य संघ ने रैलियों और चक्का जाम का आयोजन किया, जिससे उनकी आजीविका के लिए मछली पकड़ने को जारी रखने के उनके अधिकार की मांग की गई। 1996 में, मध्यप्रदेश सरकार ने जलाशय के मछली पकड़ने के अधिकार तवा बाँध से विस्थापित लोगों को देने का फैसला किया।

40. Which was the first state to introduce 'mid-day meal scheme' for providing children with cooked lunch in schools?
बच्चों को स्कूल में पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किस राज्य में सर्वप्रथम मध्यान्ह भोजन (मिड डे मील) योजना प्रोरंभ की गई?
(a) Kerala/ केरल
(b) Tamil Nadu/ तमिलनाडु
(c) West Bengal/ पश्चिम बंगाल
(d) Maharashtra/ महाराष्ट्र

Ans. (b) : मध्यान्ह भोजन (मिड डे मील) योजना भारत सरकार की एक योजना है। जिसके अन्तर्गत पूरे देश में प्राथमिक और लघु माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को दोपहर का भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाता है। यह योजना बच्चों के समुचित पोषण देने का सबसे अच्छी योजना है। यह योजना 15 अगस्त 1995 को संपूर्ण भारत में लागू की गई थी।

41. Nature of social science curriculum is
सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रकृति है:
(a) Study of social isolation and disintegration
सामाजिक अलगाव और विघटन का अध्ययन।
(b) Study of human relationship
मानव संबंधों का अध्ययन।
(c) Study of human evolution scientifically
वैज्ञानिक रूप से मानव विकास का अध्ययन।
(d) Study of social and individual benefits.
सामाजिक और व्यक्तिगत लाभों का अध्ययन।

Ans. (b) : समाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रकृति मानव क्रियाओं, संबंधों और व्यवहारों का उनके समाजिक समूहों में क्रमबद्ध व्यवस्थित अध्ययन है। समाजिक विज्ञान वह विषय क्षेत्र है जो समाज और समाज के भीतर व्यक्तियों के बीच यह संबंधों का अध्ययन करता है। मानव एक समाजिक प्राणी है। मानव समाज में रहकर अपना और समाज का विकास करता है। समाज में उन्नति के लिए मानव का सहयोग आवश्यक है। मानव का विकास भी समाज के विकास पर निर्भर करता है।

42. Following are the questions teacher can ask herself on strategies that can be taken to ensure that curriculum is accessible to all pupils.
निम्नलिखित प्रश्न, वे प्रश्न हैं जो अध्यापिका अपने आप से उस रणनीति को अपनाने के लिए पूछ सकती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्यचर्या उपलब्ध है।

A. Does the range of activities reflect the interest of boys and girls?
क्या गतिविधियों के प्रकार लड़के एवं लड़कियों की रूचि को प्रतिबिंबित करते हैं?

B. Are alternative means of giving experience of activity provided to those who cannot get engaged in an activity?
जो गतिविधि में भाग नहीं ले सकते, क्या उनकों अनुभव प्रदान करने हेतु या गतिविधि देने के लिए वैकल्पिक साधन प्रदान किए गए?

C. Do the materials used reflect the background and experience of majority learners?
क्या प्रयोग की गई सामग्री अधिकांश शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि एवं अनुभव को प्रतिबिंबित करती है?

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन करें
(a) A and B is Correct and C is incorrect
A और B सही हैं परंतु C गलत है
(b) A and C is correct and B is incorrect
A और C सही हैं परंतु B गलत है
(c) B and C is correct and A is incorrect
B और C सही हैं परंतु A गलत है
(d) A, B and C are correct/ A, B और C सभी सही हैं

Ans. (a) : उपर्युक्त वाक्यांश के माध्यम से अध्यापिका द्वारा स्वयं से उस रणनीति को अपनाने के लिए पूछ सकती है, जिससे अध्यापिका द्वारा यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्यचर्या उपलब्ध है-
जो इस प्रकार है- क्या गतिविधियों के प्रकार लड़के एवं लड़कियों की रूचि को प्रतिबिंबित करते है? जो गतिविधि में भाग नहीं ले सकते, क्या उनको अनुभव प्रदान करने हेतु गतिविधि देने के लिए वैकल्पिक साधन प्रदान किए गए?

उपर्युक्त प्रश्नों से यह स्पष्ट होता है, कि अध्यापिका स्वयं से इन प्रश्नों के आधार पर यह सुनिश्चित कर सकती है, कि सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्यचर्या की उपलब्धता है। जबकि विकल्प (C) क्या प्रयोग की गई सामग्री अधिकांश शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि एवं अनुभव को प्रतिबिंबित करती है गलत है।

43. Which of the following strategies will be ineffective while teaching about the concept of 'diversity' to students at upper primary level?
इनमें से कौन सी व्यूह रचना उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को विविधिता की अवधारणा पढ़ाते हुए अप्रभावशाली रहेगी?
(a) Taking into account prior knowledge and experience of the student/ छात्रों के पूर्व ज्ञान और अनुभवों को ध्यान में रखना
(b) Providing opportunities for collaboration and peer learning/ सहयोगात्मक एवं सह-पाठी अधिगम के अवसर देना
(c) Reading from the textbook or popular reference material/ पाठ्य-पुस्तक या प्रचलित संदर्भ पुस्तक से पढ़ना
(d) Organizing a field visit to a local community
स्थानीय-समुदाय-क्षेत्र परिभ्रमण का आयोजन करना

Ans. (c) : उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को विविधता की अवधारणा को पढ़ाते हुए पाठ्य पुस्तक या प्रचलित संदर्भ पुस्तक से पढ़ना अप्रभावशाली रहेगी जबकि छात्रों के पूर्व ज्ञान और अनुभवों को ध्यान में रखना, सहयोगात्मक एवं सहपाठी अधिगम के अवसर देना, स्थानीय समुदाय-क्षेत्र परिभ्रमण का आयोजन करना इन सभी द्वारा छात्रों को विविधता की अवधारणा को समझने में प्रभावशाली होगा।

44. Which of the following aspects are explicitly stated in the Right of the Children to Free and Compulsory Education Act 2009 to formulate evaluation procedures?
निम्नलिखित में से कौन से पहलू सुस्पष्ट रूप से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूत्रबद्ध करने के लिए बच्चों हेतु निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 में उल्लिखित किया गया है?

A. Provide evidence - based feedback and communicates children's progress to different stakeholders including parents and guardians
प्रमाण-आधारित प्रतिपुष्टि प्रदान करना एवं बच्चों की प्रगति के विभिन्न भागीदारों, जिसमें माता-पिता और अभिभावक सम्मिलित हैं, को सूचित करना।

B. Make the child free of fear, trauma and anxiety and helping the child to express views freely
बच्चों को भय, आघात और चिंता मुक्त बनाना तथा बच्चों को उनके विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना।

C. Learning through activities, discovery and exploration in a child-friendly and child-centered manner
बाल-मित्रवत और बाल-केन्द्रित ढंग से गतिविधियों, अन्वेषण और खोज-बीन द्वारा अधिगम।

D. All round development of the child
बच्चों का समग्र विकास

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B and C/ B और C
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (c) : निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 में बच्चों का अधिकार जो अनु0 21(क) के तहत 6-14वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के तहत परिणामी विधान का प्रतिनिधित्व करता है, का अर्थ है कि औपचारिक स्कूल, जो कतिपय अनिवार्य मानदण्डों और मानकों को पूरा करता है, में संतोषजनक और एक समान गुणवत्ता वाली पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा के लिए बच्चे का अधिकार है। इसके तहत बच्चों को भय, आघात और चिंता मुक्त बनाना तथा बच्चों को उनके विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना, बाल मित्रवत और बाल-केन्द्रित ढंग से गतिविधियों अन्वेषण और खोजबीन द्वारा अधिगम।

45. While discussing about various inequalities within the classroom, which of the following points would you primarily focus on?
कक्षा में विभिन्न असमानताओं के संदर्भ में चर्चा के दौरान, निम्नलिखित में से कौन से बिंदुओं पर आपका मुख्य बल होगा?

A. Make students understand that inequalities are social in nature
छात्रों को समझाना कि असमानताएँ प्राकृतिक रूप में सामाजिक होती हैं।

B. Enlist various movement that have taken place to question the inequalities
असमानताओं पर सवाल उठाने वाले विभिन्न आन्दोलनों को सूचीबद्ध करना।

C. Emphasis how everyone is equal in a democratic society
इस बात पर जोर देना कि लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक व्यक्ति समान कैसे है।

D. Deliver lectures to students on various inequalities
विभिन्न असमानताओं पर छात्रों को व्याख्यान देना।

Choose the correct option./सही विकल्प को चुनें-

(a) A and B/ A और B (b) B and D/ B और D
(c) D and C/ D और C (d) A and D/ A और D

Ans. (a) : कक्षा में विभिन्न असमानताओं के संदर्भ में चर्चा के दौरान छात्रों को समझाना कि असमानताएँ प्राकृतिक रूप से सामाजिक होती हैं। तथा इस बात पर जोर देना कि लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक व्यक्ति समान कैसे है। इन्ही बिन्दुओं पर मुख्य रूप से बल दिया जायेगा। क्योंकि संविधान का अनु0 46 स्पष्टतया उल्लेख करता है कि राज्य विशेष मामले में कमजोर वर्गों और विशिष्ट रूप से अनुसूचित जातियों और जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देगा और सामाजिक अन्याय और शोषण के सभी रूपों से उनको बचाएगा।

46. How can you use a photo essay on the Bhopal Gas tragedy for conducting a meaningful class?
आप भोपाल गैस त्रासदी पर चित्रात्मक निबंध का उद्देश्यपूर्ण कक्षा-शिक्षण के लिए किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं?

(a) Enabling students to learn about the tragedy by reading and discussing/ छात्रों को इस त्रासदी के विषय में पढ़ा कर और चर्चा के द्वारा सीखने के लिए उत्साहित करके।
(b) Encouraging students to find more photos of the tragedy and making a collage/ छात्रों से त्रासदी संबंधी और ज्यादा चित्र संग्रह करवा कर और कॉलाज बनवा कर।
(c) Making small groups and each of the group being asked to enact one photo in front of the class/ छात्रों के छोटे-छोटे समूह बनाकर प्रत्येक समूह को कक्षा के समक्ष एक चित्र प्रस्तुत करने को कहना।
(d) Reading aloud the text for the students and making them underline key points/ उच्च स्वर में पाठ्य वस्तु का पाठन करना, तथा मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करना।

Ans. (a) : अध्यापक द्वारा छात्रों को भोपाल गैस त्रासदी के विषय में पढ़ाकर और संवाद के द्वारा सीखने के लिए उत्साहित करेंगे जिससे छात्रों को इस त्रासदी के बारे में जानने के लिए रुची बढ़ेगी। निबंध शिक्षण के लिए पाठ योजना का निर्माण कर कक्षा शिक्षण में प्रयोग कर सकेंगे।

47. Consider statement A and B and choose the correct option.
कथन A एवं B पर विचार करें, तथा सही विकल्प का चयन करें-

A. Instructional interaction period with children should be of lesser duration than actual school.
बच्चों के साथ निर्देशात्मक अंतक्रिया कालांश स्कूल के वास्तविक अवधि से कम अवधि के होने चाहिए।

B. Teacher need to slot specific time for planning instructional activities.
गतिविधियों के नियोजन के लिए शिक्षिका को विशेष समय निकलने की जरूरत होती है।

(a) A and B both are correct. B explains A/ A, B सही हैं। B, A की व्याख्या करता है।
(b) A and B both are correct. B doesn't explains A/ A, B सही हैं। B, A की व्याख्या नहीं करता।
(c) A is true. B is false/ A सही है, B गलत है।
(d) A is false. B is true/ A गलत है, B सही है।

Ans. (a) : बच्चों के साथ निर्देशात्मक अंतक्रिया कालांश स्कूल के वास्तविक अवधि से कम अवधि के होने चाहिए। क्योंकि गतिविधियों के नियोजन के लिए शिक्षिका को विशेष समय निकालने की जरूरत होती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं के लिए 200 दिनों का शिक्षण अनिवार्य है। तथा उच्च प्राथमिक में 220 दिनों का शिक्षण अनिवार्य है। सरकारी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षण की वास्तविक संख्या आरटीई द्वारा निर्धारित संख्या की तुलना में बहुत कम है।

48. Which of the following social science questions provide a greater scope for developing critical thinking skills?
इनमें से कौन सा/से सामाजिक विज्ञान के प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन कौशल के विकास की अधिक संभावना रखते हैं?

A. Describe the role of the (i) Police, (ii) Public Prosecutor and (iii) Defence Lawyer.
इनकी भूमिका बताइए- (1) पुलिस, (2) पब्लिक प्रोसिक्यूटर (3) डिफेन्स वकील

B. Will the government intervene if some religious group says that their religion allows them to practice infanticide? Give reasons for your answer.
यदि कोई धार्मिक समूह कहता है कि उनका धर्म बालहत्या की स्वीकृति देता है, तो क्या सरकार हस्तक्षेप करेगी?

C. Quarrying can become a major environmental concern. Do you agree with this statement? Give reasons.
''खदान-खोदना एक बड़ी पर्यावरणीय समस्या बन सकती है।'' क्या आप इससे सहमत हैं? कारण बताएँ।

D. Describe the ideas behind Shantiniketan.
शांति निकेतन किन विचारों पर आधारित है? वर्णन करें।

E. Why did various classes and groups of Indians participate in the Civil Disobedience Movement?
सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भारत के विभिन्न वर्गों और समूहों ने भाग क्यों लिया?

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and E/ A, C और E
(d) B, C and E/ B, C और E

Ans. (d) : समाजिक विज्ञान के निम्न प्रश्नों द्वारा आलोचनात्मक चिंतन कौशल के विकास की अधिक संभावना रखते हैं-
• यदि कोई धार्मिक समूह कहता है कि उनका धर्म बालहत्या की स्वीकृति देता है तो क्या सरकार हस्तक्षेप करेगी? खदान-खोदना एक बड़ी पर्यावरणीय समस्या बन सकती है।'' क्या आप इससे सहमत है? कारण बताए। तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भारत के विभिन्न वर्गों और समूहों ने भाग क्यों लिया?
आलोचनात्मक चिंतन छात्रों को समस्या-समाधान की प्रक्रिया में सहायता करता है एवं उनको किसी प्रकरण पर पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने हेतु जिज्ञासु बनाती है।

49. Which of the following activities in a history class has the maximum potential for promoting critical thinking skills?
इतिहास की कक्षा में, इनमें से कौन सी गतिविधियों में आलोचनात्मक कौशल बढ़ाने की सर्वाधिक संभावना है?

A. Interpreting sources/ स्रोतों की व्याख्या करना
B. Listening to lectures/ व्याख्यान-सुनना
C. Sequencing events/ घटना-क्रम देना
D. Asking recall questions/ पुनर्स्मरण प्रश्न
E. Differentiating facts from opinions/ तथ्यों और मतों को अलग करना

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) B, C and D/ B, C तथा D
(c) A, C and E/ A, C तथा E
(d) C, D and E/ C, D तथा E

Ans. (c) : प्रत्येक शिक्षक को इतिहास की कक्षा में आलोचनात्मक कौशल बढ़ाने के लिए इतिहास के स्रोतों की व्याख्या करना, घटना क्रम देना तथा विद्वानों के तथ्यों एवं मतों को अलग करके प्रस्तुत करना। उपर्युक्त गतिविधियों के माध्यम से आलोचनात्मक कौशल बढ़ाने की सर्वाधिक सम्भवना है। अतः विकल्प (c) A, C तथा E सही होगा।

50. You want to discuss the changes to the lives of the court artists with rise of colonial rule in your next history class. Which of the following areas would you emphasis the most?
आप अपनी अगली इतिहास की कक्षा में, औपनिवेशिक शासन के दौरान दरबारी चित्रकारों के जीवन में आए परिवर्तनों के विषय में चर्चा करना चाहते हैं। आप इनमें से किन विषयों या क्षेत्रों पर बल देंग

A. Trends patronized in the different courts
विभिन्न दरबारों में अपनाई गई संरक्षण-विधियाँ

B. Influence of the British needs on the court painters
अंग्रेजों की आवश्यकताओं का दरबारी चित्रकारों पर प्रभाव

C. Inability of Indian miniature artists to paint realistic picture
भारतीय सूक्ष्म चित्रकारों की वास्तविक चित्र बनाने में अक्षमता

D. The painting of Thomas and William Daniel/ थॉमस और विलियम डेनियल के चित्र

Choose the correct options./ सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only A and B/ केवल A तथा B
(b) Only B and C/ केवल B तथा C
(c) Only C and D/ केवल C तथा D
(d) Only A and D/ केवल A तथा D

Ans. (a) : इतिहास की शिक्षिका औपनिवेशिक शासन के दौरान दरबारी चित्रकारों के जीवन में आये परिवर्तनों के विषय में चर्चा करने के लिए विभिन्न दरबारों में अपनाई गई संरक्षण विधियाँ तथा अंग्रेजों की आवश्यकताओं का दरबारी चित्रकारों पर प्रभाव पड़ा इत्यादि क्षेत्रों पर बल देंगीं। जिससे छात्रों को दरबारी चित्रकारों के बारे में अच्छी समझ हो सके।

51. According to the National Focus Group on Teaching Social Science, which of the following are considered as major challenges in social science education?
सामाजिक विज्ञान शिक्षण राष्ट्रीय फोकस समूह के अनुसार निम्नलिखित में से किसे सामाजिक विज्ञान शिक्षा के लिए मुख्य चुनौती समझा जाता है?

A. It is treated as non-utilitarian subject/इसे अनुपयोगितावादी विषय के रूप में देखा जाता है।

B. It merely transmit information
यह केवल सूचनाएँ संप्रेषित करता है।

C. There is information overload
इसमें सूचनाओं की भरमार है।

D. Mathematics is unnecessarily integrated/ अंकगणित अनावश्यक रूप से एकीकृत किया गया है।

E. Consist mainly of European perspective
मुख्यतः यूरोप के परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करता है।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, C and E/ A, C और E

Ans. (a) : समाजिक विज्ञान शिक्षण राष्ट्रीय फोकस समूह के अनुसार इसे अनुपयोगितावादी विषय के रूप में देखा जाता है, यह केवल सूचनाएँ संप्रेषित करता है तथा इसमें सूचनाओं की भरमार है जिससे शिक्षा के लिए मुख्य चुनौती समझा जाता है। NCF -2005 में शिक्षक की भूमिका एक उत्प्रेरक के रूप में है।

52. A social science teacher asks students to collect newspaper articles and magazines clipping on problems faced by urbanized cities. After this she organizes a discussion where students present their ideas on the topic based on the information collected. Which pedagogical strategy is the teacher using in the class?
सामाजिक विज्ञान की एक अध्यापिका अपनी छात्राओं को शहरों की समस्याओं के विषय में समाचार पत्रों से लेख और पत्रिकाओं से संग्रह करने के लिए कहती है। इसके उपरांत वे इस विषय पर सूचना के आधार पर छात्राओं को उनके विचार प्रस्तुत करवाती है और चर्चा करती है।
अध्यापिका ने कौन सी शिक्षा-शास्त्रीय विधि का उपयोग किया है?

(a) Enquiry method/ पूछताछ विधि
(b) Case study method/ केस-अध्ययन
(c) Role play method/ भूमिका निर्वाह विधि
(d) Narrative method/ वर्णनात्मक विधि

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की एक अध्यापिका अपनी छात्राओं को शहरों की समस्याओं के विषय में समाचार पत्रों से लेख और पत्रिकाओं से संग्रह करने के लिए कहती है। इसके उपरांत वे इस विषय पर सूचना के आधार पर छात्राओं को उनके विचार प्रस्तुत करवाती है और चर्चा करती है। जिसमें अध्यापिका ने पूछताछ विधि का उपयोग किया है। पूछताछ अधारित शिक्षा सक्रिय सीखने का एक रूप है पूछताछ आधारित निर्देश मुख्य रूप से सोच और समस्या समाधान कौशल के विकास और अभ्यास से बहुत निकटता से संबंधित है। पूछताछ विधि या वार्तालाप विधि को अच्छा माना जाता है जिसमें व्यक्ति वार्तालाप द्वारा प्रत्यक्ष रूप में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करता है।

53. Which of the following is a primary source to understand Medieval Indian period?
निम्नलिखित में से कौन सा मध्ययुगीन भारतीय काल को समझने का प्राथमिक स्त्रोत है?

(a) Ashoka's inscription/ अशोक का अभिलेख
(b) Kalidasa's Abhigyan Shakuntalam
कालिदास की अभिज्ञान शाकुन्तलम्
(c) Ravikriti's Prashasti/ रविकीर्ति की प्रशस्ति
(d) Surdas's Sahitya Lahari/ सूरदास की साहित्य लहरी

Ans. (d) : सूरदास (15वीं -16वीं शताब्दी) बल्लभाचार्य के शिष्य तथा कृष्ण और राधा के भक्त थे। इनकी प्रमुख कृतियाँ सूरसारावली, सूरसागर तथा साहित्य लहरी है। साहित्य लहरी मध्ययुगीन भारतीय काल को समझने का प्राथमिक स्त्रोत है।

54. The first step of project method is:
परियोजना विधि का पहला चरण है:

(a) Planning/ योजना
(b) Selection of the project/ परियोजना का चयन
(c) Creating the situation/ स्थिति बनाना
(d) Executing/ निष्पादन

Ans. (c) : परियोजना विधि का मूलाधार जॉन ड्यूवी (Jan Dewey) की विचारधारा से है। ड्यूवी के शिष्य किलपैट्रिक ने ड्यूवी के विचारधारा पर परियोजना विधि का प्रतिपादन किया। परियोजना विधि के चरण-स्थिति बनाना, परियोजना कार्य का चुनाव करना, कार्यक्रम बनाना, कार्यक्रम क्रियान्वित करना, कार्य का मूल्यांकन करना, कार्य का लेखा-जोखा रखना इत्यादि।

55. Which of the following assessment practices provides scope to students to evaluate and record their own learning?
निम्नलिखित में से कौन सी आकलन पद्धति छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम को मूल्यांकित और दर्ज (रिकॉर्ड) करने का अवसर प्रदान करती हैं?

(a) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(b) Assessment as learning
अधिगम की तरह आकलन
(c) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(d) Summative assessment
सारांशित/योगात्मक आकलन

Ans. (b) : अधिगम की तरह आकलन पद्धति के द्वारा छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम को मूल्यांकित और दर्ज (रिकार्ड) करने का अवसर प्रदान करता है। आकलन के द्वारा बालकों की प्रगति स्तर का पता लगाना तथा अध्ययन एवं अध्यापन दोनों को प्रभावशाली बनाया जाता है। शिक्षकों की कुशलता एवं सफलता का पता भी आकलन के द्वारा लगाया जाता है।

56. Which of the following is correct about major objectives of evaluation in social science?
सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन के उद्देश्य के विषय में कौन सा सही है?

A. To complete the syllabus
पाठ्यक्रम पूरा करना
B. To provide continuous feedback to students/ छात्रों को सतत प्रतिपुष्टि देना।
C. To gauge students knowledge and abilities/ छात्रों के ज्ञान व योग्यता का मापन करना
D. To enhance pedagogical strategies
शिक्षाशास्त्रीय व्यूह-रचना को पुष्ट करना

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) B, C and D/ B, C तथा D
(c) A and C only/ केवल A तथा C
(d) C and D only/ केवल C तथा D

Ans. (b) : समाजिक विज्ञान में मूल्यांकन का सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिक उद्देश्य शिक्षार्थियों को निरंतर प्रतिक्रिया देना है ताकि शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में उचित शिक्षण रणनीतियों को लागू करके शिक्षार्थियों के सुधार के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। मूल्यांकन के अन्य उद्देश्य निम्न है-
- छात्रों को सतत् प्रतिपुष्टि देना।
- छात्रों के ज्ञान व योग्यता का मापन करना।
- शिक्षाशास्त्रीय व्यूह -रचना को पुष्ट करना।
- छात्रों की कठिनाइयों, कमियों तथा गुणों की जानकारी प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना।

57. Which of the following aspects are explicitly stated in the Right of the Children to Free and compulsory Education Act 2009 to formulate evolution procedures?
निम्नलिखित में से कौन से पहलू सुस्पष्ट रूप से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूत्रबद्ध करने के लिए बच्चों हेतु निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 में उल्लिखित किए गए हैं?

A. Building up child's knowledge, potentiality and talent/ बच्चों के ज्ञान, अंतःशक्ति और प्रतिभा को बनाना।
B. Development of physical and mental abilities to the fullest extent/ शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं का अधिगम सीमा तक विकास करना।
C. Make the child free of fear, trauma and anxiety and helping the child to express views freely/ बच्चों को भय, आघात और चिंता मुक्त बनाना तथा बच्चों को अनेक विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना।
D. Find out the extent curricular expectation and learning outcomes achieved/ पता करना कि किस सीमा तक पाठ्यचर्या-संबंधी अपेक्षाएँ और अधिगम-परिणाम उपार्जित किए जा चुके हैं।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B and C/ B और C
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A and D/ A और D

Ans. (a) : बच्चों को भय, आघात और चिंता मुक्त बनाना तथा बच्चों को अनेक विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सहयोग करना तथा शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं का अधिगम सीमा तक विकास करना, बच्चों के ज्ञान अंतःशक्ति और प्रतिभा को बनाना। उपरोक्त सभी पहलुओं को सुस्पष्ट से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूत्रबद्ध करने के लिए बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 उल्लिखित किए गए हैं।

58. Why did the hunter-gatherers travel from place to place? In what are these similar to/different from the reasons for which we travel today?
This question attempts to assess student's ability to _____.

आखेटक खाद्य संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों जाते रहते थे? वे वर्तमान में हमारे आवागमन के कारण से किस प्रकार समानता/विभिन्नता रखते हैं? यह प्रश्न छात्रों की किस योग्यता का आकलन करता है?

(a) reason and contrast experiences
अनुभवों पर तर्क व तुलनात्मक समझ का
(b) imagine and extrapolate from situation
कल्पना और स्थिति से अनुमान लगाने का
(c) provide contrast answers and be creative
तुलनात्मक उत्तर देने और सृजनात्मकता का
(d) logically explain and display writing skills
तर्क सहित व्याख्या और लेखन कौशल का

Ans. (a) : आखेटक खाद्य संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों जाते रहते थे? वे वर्तमान में हमारे आवागमन के कारण से किस प्रकार समानता/विभिन्नता रखते हैं। यह प्रश्न छात्रों की अनुभवों पर तर्क व तुलनात्मक समझ की योग्यता का आकलन करता है। क्योंकि प्रयोग अथवा परीक्षा द्वारा ज्ञान अनुभव कहलाता है। प्रत्यक्ष ज्ञान अथवा बोध स्मृति से भिन्न ज्ञान तथा तुलनात्मक पद्धति का अर्थ सीधी सी भाषा में समझे तो आपस में तुलना करना है। तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग हम अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में भी करते हैं। इसका प्रयोग प्राकृतिक और समाजिक विज्ञानों में किया जाता है।

59. Which of the following questions assesses the 'create' aspect of the cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के सृजन पहलू का आकलन करते हैं?

A. Private healthcare facilities are costlier than the healthcare facilities available in government hospital. Do you agree with this statement? Explain.
निजी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की अपेक्षा महँगी हैं। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? समझाएँ।

B. Choose a region in India, investigate and make a presentation of the historical and geographical factors that influence diversity of that area.
भारत में एक प्रदेश का चयन करें और उसकी विविधता को प्रभावित करने वाले ऐतिहासिक एवं भौगोलिक घटकों की पड़ताल/जाँच करें और प्रस्तुतीकरण बनाएँ।

C. How is garbage collected in your area? In which all ways can you provide safety to the person?
आपके इलाके में कूड़ा कैसे एकत्रित/इकट्ठा किया जाता है? आप किन तरीकों से व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं?

D. List four ways in which the work of the Municipal Corporation affects the life of a city-dweller.
नगर निगम के काम के चार तरीकों को सूचीबद्ध करें जिनसे नगर-निवासियों के जीवन पर असर पड़ता है।

E. You are member of fishing family and there is a need to take loan to buy boat engine. Write a requisition letter to the bank manager.
आप मछुआरों के परिवार के सदस्य हैं और नाव के इंजन को खरीदने के लिए ऋण की आवश्यकता है। बैंक प्रबंधन को अधियाचन पत्र लिखें।

सही विकल्प का चयन करें।

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, C, D and E/ A, C, D और E
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) B, C and E/ B, C और E

Ans. (d) : ज्ञानात्मक प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिगम में उन बातों को सीखा जाता है जिनका संबंध मानसिक क्रियाओं से अधिक होता है। मानसिक क्रियाओं के अन्तर्गत चिंतन करना, तर्कशक्ति बढ़ाना, जानने एवं समझने का प्रयास करना एवं समस्या का समाधान करना आदि क्रियाएँ सम्पन्न होती है। ज्ञानात्मक प्रक्रिया के सृजन पहलू का आकलन निम्न प्रश्नों द्वारा करते है–

- आपके इलाके में कूड़ा कैसे एकत्रित/इकट्ठा किया जाता है। आप किन तरीकों से व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।
- भारत के एक प्रदेश का चयन करें और उसकी विविधता को प्रभावित करने वाले ऐतिहासिक एवं भौगोलिक घटकों की पड़ताल/जाँच करें और प्रस्तुतीकरण बनाए।
- आप मछुआरों के परिवार के सदस्य हैं और नाव के इंजन को खरीदने के लिए ऋण की आवश्यकता है। बैंक प्रबंधन को अधियाचन पत्र लिखें।

60. You are planning to teach the topic diversity and equality in the class. You want to check if students have understood the concepts by giving them a case-study to discuss. As an assessment measure you are doing _____.
आप कक्षा में विविधता एवं समानता पढ़ाने की योजना बना रहे हैं। आप व्यक्ति-अध्ययन के द्वारा यह जांचना चाहते हैं कि छात्र संकल्पनाओं को समझते हैं कि नहीं। आप आकलन के तौर पर करेंगे:

(a) formative assessment/ रचनात्मक आकलन
(b) summative assessment/ सारांशित आकलन
(c) diagnostic assessment/ नैदानिक आकलन
(d) portfolio assessment/ पोर्टफोलियो आकलन

Ans. (a) : शिक्षिका अपने कक्षा में विविधता एवं समानता पढ़ाने की योजना बना रही है तो शिक्षिका व्यक्ति-अध्ययन के द्वारा यह जांचना चाहती है कि छात्र संकल्पनाओं को समझे या नहीं। तो वह शिक्षिका रचनात्मक आकलन के तौर पर करेगी। रचनात्मक आकलन का प्रयोग शिक्षण प्रक्रिया की दशा को ज्ञात करने के लिए होता है। रचनात्मक आकलन में छात्रों को पृष्ठपोषण प्रदान करते हैं। रचनात्मक आकलन के द्वारा बच्चे की सृजनात्मकता, अन्वेषक तथा नवीन अनुसंधानों की प्रवृत्ति को जानते हैं।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 27 दिसंबर, 2021)

1. Match the following./ निम्नलिखित का सुमेल करें:

Books		Author	
A.	**Meghaduta मेघदूत**	**I.**	**Banabhatt बाणभट्ट**
B.	**Harshacharita हर्षचरित**	**II.**	**Aryabhata आर्यभट्ट**
C.	**Aryabhatiyam आर्यभट्टीयम**	**III.**	**Sushruta सुश्रुत**
D.	**Susruta Samhita सुश्रुतसंहिता**	**IV**	**Kalidasa कालिदास**

(a) A-IV, B-I, C-II, D-III
(b) A-I, B-IV, C-III, D-II
(c) A-II, B-I, C-IV, D-III
(d) A-III, B-IV, C-I, D-II

Ans. (a) :
- मेघदूत एक मूल रूप से संस्कृत में लिखा गया महाकाव्य है जिसकी रचना महाकवि कालिदास के द्वारा किया गया है इसमें एक यक्ष और उसकी प्रेमिका की विरह का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है।
- हर्षचरित संस्कृत में बाणभट्ट द्वारा रचित एक ग्रन्थ है। इसमें भारतीय सम्राट हर्षवर्धन का जीवनचरित्र वर्णित है। ऐतिहासिक कथानक से संबंधित यह संस्कृत का सबसे प्राचीन ग्रन्थ है।
- आर्यभट्टीय नामक ग्रन्थ की रचना आर्यभट्ट प्रथम (476-550) ने की थी। यह संस्कृत भाषा में आर्या छंद में काव्यरूप में रचित गणित तथा खगोल शास्त्र का ग्रंथ है।
- सुश्रुतसंहिता पुस्तक को सुश्रुत ने लिखी। शल्य चिकित्सा के पितामह और सुश्रुतसंहिता के प्रणेता आचार्य सुश्रुत का जन्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व काशी में हुआ था। इन्होंने धन्वन्तरि से शिक्षा प्राप्त की।

2. Match the Palaeolithic sites of the earliest people to the evidences found from these sites:
आरंभिक मानव के पाषाण काल पुरास्थलों का पुरास्थलों से प्राप्त प्रमाणों के साथ मिलान करें-

A.	**Kurnool/ कुरनूल**	**I.**	**Ostrich egg shells शुतुरमुर्ग के अण्डे**
B.	**Bhimbetka भीमबेटका**	**II.**	**Traces of ash भस्म अवशेष**
C.	**Hungsi /हुँरूगी**	**III.**	**Caves and rock shelters गुफाएँ और कन्दराएँ**
D.	**Patna/ पटना**	**IV.**	**Habitation cum factory sites आवास और उद्योग-स्थल**

(a) A-IV, B-I, C-III, D-II
(b) A-III, B-I, C-II, D-IV
(c) A-II, B-III, C-IV, D-I
(d) A-I, B-IV, C-II, D-III

Ans. (c) :

A.	करनूल	→	भस्म अवशेष
B.	भीमबेटका	→	गुफाएँ और कन्दराएँ
C.	हुँरुगी	→	आवास और उद्योग स्थल
D.	पटना	→	शुतुरमुर्ग के अण्डे

3. Mughal tradition of succession was based on
उत्तराधिकार की मुगल परंपराएँ किस पर आधारित थी?

(a) Rule of primogeniture where in the eldest son inherited the throne./ ज्येष्ठाधिकार का नियम जहां ज्येष्ठ पुत्र अपने पिता का उत्तराधिकारी होता था।
(b) Coparcenary wherein the inheritance was divided amongst all the sons./ सहदायाद का नियम जहां उत्तराधिकार का विभाजन समस्त पुत्रों के बीच कर दिया जाता था।
(c) Competition wherein the son who emerged victorious inherited the throne./ प्रतिस्पर्द्धा जहां जो पुत्र विजेता बनकर उभरता वह गद्दी का उत्तराधिकारी होता था।
(d) Favoritism wherein the most favoured son inherited the throne./ पक्षपात जहां पसंदीदा पुत्र गद्दी का उत्तराधिकारी हो जाता था।

Ans. (b) : मुगलों में उत्तराधिकार का चयन वंश प्रणाली पर आधारित था। सहदायाद का नियम जहां उत्तराधिकार का विभाजन समस्त पुत्रों के बीच कर दिया जाता था। एक बादशाह की मृत्यु के बाद उसका पुत्र ही राज सिंहासन पर बैठता था। अधिकतर मामलों में बड़ा पुत्र ही राज सिंहासन का उत्तराधिकारी होता था। मुगलों में उत्तराधिकार का कोई विशेष प्रावधान नही था। बादशाह के मृत्यु के बाद अक्सर उत्तराधिकार के लिए संघर्ष ही देखने को मिला है और तलवार के बल पर राज सिंहासन पर कब्जा किया जाता रहा है।

4. The role of Yamuna in the layout of Shahjahanabad was to
शाहजहाँनाबाद की योजना में यमुना की क्या भूमिका थी?

(a) ensure access to transport and water for all. सब के लिए आवागमन और जल उपलब्ध कराना।
(b) give control of the riverfront to the imperial palace./ राज-महल को ही नदी पर पहुँच का नियंत्रण देना।

(c) provide river front access to the nobility. अभिजातों को नदी किनारे पहुँच देना।

(d) build fortification and beautify the palace compound./ किलाबंदी और महल क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करना।

Ans. (b) : शाहजहाँनाबाद की योजना में यमुना की भूमिका राजमहल को ही नदी पर पहुँच का नियंत्रण देना था। इस योजना में शाहजहाँ ने एक विशेष अधिकार का प्रयोग किया और उसे अपना शाही महल यमुना नदी के तट पर बनवाया। ऐसी योजना इसलिए बनाई गई थी ताकि बादशाह के महल को अलग पहचान मिल सके। यमुना नदी के निकट सम्राट के कुछ विशेष कृपा पात्रों का भवन बनाने का अधिकार दिया गया।

5. Match the following and choose the correct option./निम्नलिखित का सुमेल करें-

आदिवासी समुदाय		स्थान	
A.	**Van Gujjars वन गुज्जर**	**I.**	**Himachal Pradesh हिमाचल प्रदेश**
B.	**Lambadis लमबाडी**	**II.**	**Kashmir कश्मीर**
C.	**Bakarwals बकरवाल**	**III.**	**Andhra Pradesh आंध्र प्रदेश**
D.	**Gaddis /गद्दी**	**IV.**	**Uttarakhand उत्तराखण्ड**

(a) A-I, B-II, C-III, D-IV
(b) A-IV, B-III, C-II, D-I
(c) A-IV, B-I, C-III, D-II
(d) A-I, B-III, C-II, D-IV

Ans. (b) : सही सुमेलित है।

आदिवासी समुदाय	स्थान
A. वन गुज्जर	IV. उत्तराखण्ड
B. लमबाडी	III. आंध्र प्रदेश
C. बकरवाल	I. कश्मीर
D. गद्दी	II. हिमाचल प्रदेश

6. The following were the distinctive features of 'Bhakti':
'भक्ति' के विशेष रूपक निम्नलिखित थे-

A. Anybody from any caste, gender, rich/poor could follow Bhakti
कोई भी, किसी भी जाति का, लिंग का, अमीर/गरीब व्यक्ति भक्ति का अनुसरण कर सकता था।

B. Only Brahmins could follow the path of Bhakti
केवल ब्राम्हाण ही भक्ति के मार्ग का अनुसरण कर सकते थे।

C. Emphasized devotion to a God or Goddess
देवता या देवी के समक्ष समर्पण पर जोर था।

D. Emphasized performance of elaborate sacrifices and Yajnas
विस्तृत बलिदानों और यज्ञों के प्रदर्शन पर जोर था।

Choose one appropriate option./सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) B and D are true/ B और D सही है।
(b) B and C are true/ B और C सही हैं।
(c) A and D are true/ A और D सही हैं।
(d) A and C are true/ A और C सही हैं।

Ans. (d) : 'भक्ति' के विशेष रूपक निम्नलिखित थे -
- कोई भी, किसी भी जाति का, लिंग का, अमीर-गरीब व्यक्ति भक्ति का अनुसरण कर सकता था।
- देवी देवताओं के समक्ष समर्पण पर जोर था।
- भक्ति मार्ग अपनाने वालों का यह मानना था कि यदि अपने अराध्य देवी या देवता की सच्चे मन से पूजा की जाय तो वह उसी रूप में दर्शन देते हैं जिस रूप में भक्त उसे देखना चाहता है।
- भक्ति मार्ग अपनाने वाले लोग आडंबरो में विश्वास नही रखते थे। वे ईश्वर के प्रति सच्ची लगन और व्यक्तिगत पूजा पर बल देते थे।
- भक्ति परंपरा ने चित्रकला, शिल्पकला और स्थापत्य कला के माध्यम से अभिव्यक्ति की प्रेरणा भी दी। इस प्रकार कथन A और C सत्य है।

7. Put the following events in a chronological order:
निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार लगाएँ।

A. Invention of steam engine
वाष्प इंजन का अविष्कार

B. First cotton mill in India
भारत में पहली सूती कपड़ा मिल की स्थापना

C. Decline of Indian textiles
भारतीय कपड़ों का पतन

D. Invention of spinning jenny
स्पिनिंग जैनी का अविष्कार

(a) A, D, C, B (b) A, D, B, C
(c) D, A, C, B (d) D, A, B, C

Ans. (c) : घटनाओं का सही काल क्रमानुसार इस प्रकार है-
D. स्पिनिंग जैनी का आविष्कार (1764-65)
A. वाष्प इंजन का आविष्कार (1736)
C. भारतीय कपड़ों का पतन- (उन्नसवीं सदी के प्रारंभ में)
B. भारत में पहली सूती कपड़ा मिल की स्थापना- (1854)
इस प्रकार सही क्रम विकल्प **(c)** होगा।

8. Assertion (A): The British wanted tribals to settle down and become peasant cultivators.
अभिकथन- (A) अंग्रेज जनजातियों को बसाना और खेतिहर किसान बनाना चाहते थे।

Reason (R): Settled peasants were easier to control and administer than people who were always on the move.
कारण- (R) एक जगह बसे हुए किसानों पर नियंत्रण रखना और शासन करना, घुमन्तू लोगों की तुलना में सरल था।

Choose one appropriate option.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ A और B सहीं हैं, B, A की उचित व्याख्या हैं।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ A और B सही हैं, परन्तु B, A की उचित व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true (R) is false.
A सही है, किन्तु B गलत हैं।

(d) Both (A) and (R) are false.
A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : अंग्रेजो ने स्थानीय जमींदारों की मदद से जनजातियों को एक जगह बसाया व किसान बनाया क्योंकि किसानों पर नियंत्रण रखना घूमंतू लोगों की तुलना में सरल था। यह जनजातियां मध्य प्रदेश में भील, छत्तीसगढ़ में कोल, झारखण्ड में मुंडा, बंगाल में भूमीज, उड़ीसा में खोंड प्रमुख थी। जनजातियों ने इस नीति के विरुद्ध समय-समय पर विद्रोह किये। कोल विद्रोह, कोली विद्रोह, बघेरा विद्रोह और राजस्थान का भील आन्दोलन प्रमुख है।

9. In which year was the Child Marriage Restraint Act passed in India?
भारत में किस साल बाल विवाह निषेध अधिनियम पारित किया गया?

(a) 1829 (b) 1835
(c) 1854 (d) 1929

Ans. (d) : भारत में सन् 1929 बाल विवाह निषेध अधिनियम 28 सितम्बर, 1929 को इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कांउसिल ऑफ इंडिया में पारित हुआ। हरविलास शारदा अधिनिमय के अतर्गत लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 14 वर्ष और लड़कों की 18 वर्ष उम्र निर्धारित की गई जिसे बाद में भारत सरकार द्वारा बढ़ाकर लड़कियों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष कर दिया गया।

10. The Satyashodhak Samaj was founded by
सत्यशोधक समाज _____ द्वारा स्थापित किया गया।

(a) Sri Narayana Guru/ श्री नारायण गुरू के
(b) Swami Vivekananda/ स्वामी विवेकानंद के
(c) Jyotirao Phule/ ज्योतिराव फुले के
(d) Keshub Chunder Sen/ केशब चंद्र सेन के

Ans. (c) : सत्यशोधक समाज (अर्थ : सत्य अर्थात् सच की खोज करने वाला समाज) 24 सितम्बर सन् 1873 में ज्योतिराव फुले द्वारा स्थापित एक पन्थ है। यह एक छोटे से समूह के रूप में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगो को विमुक्त करना था। इनकी विचार ''गुलामगिरी, सार्वजनिक सत्यधर्म'' में निहित है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी इनके विचारों से बहुत प्रभावित थे।

11. Temple entry movements during colonial period were instrumental in
औपनिवेशिक काल में मंदिर प्रवेश आन्दोलन का साधन बना।

(a) challenging the caste system and abolishing untouchability./ जाति-प्रथा को चुनौती देने और अस्पृश्यता उन्मूलन।

(b) opening temple doors to all people irrespective of caste/ सभी के लिए, बिना जातीय भेदभाव, मंदिरों को प्रवेश हेतु खोलने।

(c) defying casteism and bringing equality in society./ जाति प्रथा को चुनौती और समाज में समानता लाने।

(d) highlighting the cast prejudices prevalent within society./ समाज में व्याप्त जातीय पूर्वाग्रहों को प्रकाश में लाने।

Ans. (d) : औपनिवेशिक काल में जाति विरोधी आन्दोलनों में मंदिर प्रवेश आन्दोलन प्रमुख था। इन आन्दोलनों से समाज में समता स्थापित कर दलितों को अधिकार दिलाना था। डॉ. अंबेडकर ने 1930 में काला राम मंदिर सत्याग्रह (नासिक) आन्दोलन चलाया। इसी तर्ज पर भारत में कई आन्दोलन चले जिसमें आंशिक सफलता मिली। धीरे-धीरे मंदिर प्रवेश आन्दोलन, खान-पान, छुआ-छूत के विरुद्ध पूर्वाग्रहों के समझ का आधार भी बना।

12. Who raised the slogan, 'Freedom is my birth right and I shall have it'?
यह नारा किसने दिया- 'स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा।'

(a) Subhas Chandra Bose/ सुभाष चंद्र बोस
(b) Mahatma Gandhi/ महात्मा गाँधी
(c) Bhagat Singh/ भगत सिंह
(d) Bal Gangadhar Tilak/ बाल गंगाधर तिलक

Ans. (d) : ''स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा'' के उद्घोषक पं. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक भारत के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। यह उद्घोष बहुत लोकप्रिय हुआ और आदर से लोग इन्हें ''लोकमान्य'' बुलाने लगे। इनका अंतिम संदेश यही था कि देश व भारतीय संस्कृति के लिए जिसने अपने जीवन को बलिदान कर दिया मेरे हृदय मंदिर में उसी के लिए स्थान है, जिसके हृदय में माता की सेवा के लिए भाव जागृत है वही माता का सच्चा सपूत है।

13. Why was the withdrawal of Ilbert Bill opposed by Indians? Select the correct option from the following.
भारतीयों द्वारा इलबर्ट बिल को वापिस लेने का विरोध क्यों हुआ, सही विकल्प चुनिए-

(a) It disallowed Indians to possess arms./ यह भारतीयों को हथियार रखने की अनुमति नहीं देता था।

(b) it silenced those who were critical of the Government./ सरकार-विरोधियों की आवाज दबाने के लिए बना था।

(c) It highlighted the racial attitudes of the British in India./ यह अंग्रेजों की नस्लवादी मनोवृत्ति को दर्शा रहा था।

(d) Indians did not oppose the withdrawal of Ilbert Bill./ भारतीयों ने इलबर्ट बिल का विरोध नहीं किया।

Ans. (c) : भारतीयों द्वारा इलबर्ट बिल को वापिस लेने का विरोध इसलिए हुआ क्योंकि यह बिल अंग्रेजों की नस्लवादी मनोवृत्ति को दर्शा रहा था और प्रजातीय भेदभाव की नीति को उजागर करता था। भारतीय न्यायाधीशों को यूरोपीय अपराधियों का मुकदमा सुनने का अधिकार नहीं था। इस भेदभाव को दूर करने लिए लार्ड रिपन द्वारा 1884 में इलबर्ट बिल लाया गया था। भारत में बसने वाले यूरोपियनों ने इलबर्ट बिल का संगठित होकर विरोध किया और इसे काला कानून माना।

14. The foreign policy of non-alignment was formed with the idea of
गुटनिरपेक्षता की विदेश नीति _____ के विचार पर बनाई गई थी।

(a) remaining isolated from alliances with the USA and USSR to avoid confrontations and safeguarding national interests./ अमेरिकी और सोवियत गठबंधनों से अलग-थलग रहना जिससे प्रतिरोधों से बचा जा सके और राष्ट्रीय हितों के बचाव के लिए।

(b) remaining neutral with the USA and the USSR to continue diplomatic relations with both countries./ अमेरिका और सोवियत संघ के साथ तटस्थ रहने का जिससे दोनों के साथ कूटनीतिक संबंधों को जारी रखा जा सके।

(c) Creating a third front of power centre made up of newly independent countries to rival both USA and USSR./ अमेरिका और सोवियत संघ से प्रतिस्पर्धा के लिए नए स्वतंत्र देशों को मिलाकर शक्ति केंद्र का तीसरा मोर्चा बनाने के लिए।

(d) Playing an active role in mediating between the USA and USSR for a humanitarian co-existence./ मानवीय अस्तित्व के लिए अमेरिकी और सोवियत संघ के बीच मध्यस्थता में एक सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए।

Ans. (d) : द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका और सोवियत संघ से उचित दूरी बनाये रखने की नीति को गुटनिरपेक्षता कहा गया। भारत के नेतृत्व में विकासशील देशों के एक बड़े वर्ग ने इस नीति को अपनाया। 1961 बेलग्रड सम्मेलन गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन था इसमें जवाहर लाल नेहरू, यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति टीटो, मिस्र के कर्नल नासिर जैसे नेताओं ने भाग लिया। बेलग्रेड में हुए पहले सम्मेलन में 25 देशों ने भाग लिया पहले सम्मेलन की अध्यक्षता यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति टीटो ने की थी।
शीत युद्ध का त्याग रंग भेद का विरोध, मानव अधिकारों के रक्षा इसके प्रमुख उद्देश्य थे।

15. Tropic of cancer passes through which of the following Indian states?
कर्क रेखा निम्न में से किस भारतीय राज्य से गुजरती है?

(a) Maharashtra/ महाराष्ट्र
(b) Odisha/ ओडिशा
(c) Madhya Pradesh/ मध्य प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/ उत्तर प्रदेश

Ans. (c) : कर्क रेखा भारत के 8 राज्यो मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरती है। कर्क रेखा विश्व के 18 देशों से होकर गुजरती है। कर्क रेखा उत्तरी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के समांतर 23°30' पर स्थित है। यह पश्चिम से पूर्व की ओर खींची गई एक काल्पनिक रेखा है। कर्क रेखा पर स्थित विश्व के देश निम्नलिखित है - मैक्सिको, अल्जीरिया, माली, मॉरितानिया, इजिप्ट (मिस्र), नाइजर, म्यांमार, UAE (संयुक्त अरब अमीरात), बहामास, ताईवान, ओमान, पाड, चीन, बांग्लादेश, मोरक्को, सऊदी अरब, भारत, लीबिया।

16. Which of the following statements is/are correct?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. Earth takes 365 $\frac{1}{4}$ days to revolve around the sun.
पृथ्वी 365 $\frac{1}{4}$ दिन में सूर्य का चक्कर लगाती है।

B. We consider a year as consisting of 365 days only and ignore six hours for the sake of convenience.
हम लोग एक वर्ष 365 दिन का मानते हैं तथा सुविधा के लिए 6 घंटों को इसमें नहीं जोड़ते हैं।

C. Every fourth year February is of 28 days instead of 29 days.
प्रत्येक चौथे वर्ष फरवरी 29 के बदले 28 दिन का होता है।

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A and C only/ केवल A और C
(c) B and C only/ केवल B और C
(d) only A/ केवल A

Ans. (a) : पृथ्वी - सूर्य का चक्कर $365+\frac{1}{4}$ दिन या 365.25 दिनों में चक्कर लगाती है। इसे एक पृथ्वी वर्ष भी कहा जाता है। जब पृथ्वी सूर्य के बिल्कुल पास होती है तो उसे उपसौर (Perihelion) कहते है यह स्थिति 3 जनवरी को होती है। जब पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है तो उसे अपसौर (Aphelion) कहते है। यह स्थिति 4 जुलाई को होती है। हम लोग एक वर्ष 365 दिन को मानते है तथा सुविधा के लिए 6 घंटे को इसमें नही जोड़ते है। चार वर्षो में प्रत्येक वर्ष के बचे हुए 6 घंटे मिलकर एक दिन यानी 24 घंटे के बराबर हो जाते हैं। इस अतिरिक्त दिन को फरवरी के महीने में जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्रत्येक चौथे वर्ष फरवरी माह 28 के बदले 29 दिन का होता है। इस प्रकार ऐसा वर्ष जिसमें 366 दिन के होते हैं उसे ''लीप वर्ष'' कहा जाता है।

17. If the earth has been divided into twenty four time zones of equal longitudinal expansion, then each zone would cover _____ of longitude.
अगर पृथ्वी के बराबर देशांतरीय विस्तार के साथ 24 समय क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है तब प्रत्येक क्षेत्र तक के देशांतर को घेरेगा।

(a) 10° (b) 15°
(c) 20° (d) 30°

Ans. (b) : अगर पृथ्वी के बराबर देशांतरीय विस्तार के साथ 24 समय क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है तब प्रत्येक क्षेत्र 15° तक के देशांतर को घेरेगा। स्थानीय समय देशांतर के साथ बदलता रहता है 15° देशांतर का अंतर स्थानीय समय में एक घंटे के अंतर से मेल खाता है। जो सूर्य के संबंध में भिन्न स्थिति के कारण होता है। देशांतर एक भौगोलिक निर्देशांक है जो किसी बिंदु की पूर्व-पश्चिम स्थिति को निर्दिष्ट करता है। पृथ्वी की सतह या किसी खगोलीय पिंड की सतह एक कोणीय माप है जिसे आमतौर पर डिग्री में व्यक्त किया जाना है और ग्रीक अक्षर (λ) द्वारा दर्शाया जाता है।

18. Arrange these regions starting from North-West to South-East direction India.
भारत के उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर शुरू करते हुए इन क्षेत्रों को क्रमबद्ध कीजिए:

A. Aravalis/ अरावली श्रृंखला
B. Vindhya Range/ विंध्य श्रृंखला
C. Great Indian Desert/ भारतीय महामरूस्थल
D. Deccan Plateau/दक्कन पठार
E. Eastern Ghat/ पूर्वी घाट

Select the correct answer using the code given below.
निम्नलिखित सकेतों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) A-B-C-D-E (b) B-A-D-C-E
(c) C-A-B-D-E (d) C-B-A-D-E

Ans. (c) : भारत विभिन्न स्थलाकृतियों वाला एक विशाल देश है जहाँ हर प्रकार की भू-आकृतियाँ पाई जाती हैं जैसे - पर्वत, मैदान मरुस्थल, पठान तथा द्वीप समूह।
दिये गये कथनों के अनुसार, भारत के उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर शूरु करते हुए क्षेत्रों का क्रमबद्ध श्रृंखला है–: भारतीय महामरुस्थल, अरावली श्रृंखला, विंध्य श्रृंखला, दक्कन पठार तथा पूर्वी घाट है।

19. Find the odd one out in the context of the components of a map.
निम्नलिखित में से मानचित्र के घटक के संदर्भ में विषम का चयन करें।

(a) Distance/ दूरी (b) Direction/ दिशा
(c) Symbols/ प्रतीक (d) Scale/ पैमाना

Ans. (d) : मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींची गई चित्र है। जब बहुत से मानचित्रों को एक साथ रख दिया जाता है तब एक एटलस बन जाता है। मानचित्र तीन प्रकार के होते है - भौतिक मानचित्र, राजनीतिक मानचित्र और थिमैटिक मानचित्र। मानचित्र के तीन घटक होते है : दूरी, दिशा और प्रतीक। जबकि वास्तविकता और उसके निरूपण के बीच का अनुपात को मापक (पैमाना) कहते है। इसकी इकाई नही होती और यह भिन्न अथवा गुणक के रूप में व्यक्त किया जाता है। मानचित्र पर पैमाना का अर्थ है, मानचित्र पर दर्शाये गये दो बिंदुओं और उनके संगत धरातलीय जगहों के बीच दूरियों का अनुपात।

20. Which of the following soil is sticky when wet and difficult to work on unless tilled immediately after the first shower or during the pre monsoon period?
निम्नलिखित में से कौन सी मिट्टी (मृदा) गीली होने पर लसलसी हो जाती है तथा मानसून से पहले या पहली बारिश के बाद जब तक इसकी जुताई न हो तो इस पर काम करना मुश्किल हो जाता है?

(a) Red and yellow Soil/ लाल या पीली मिट्टी (मृदा)
(b) Black soil/ काली मिट्टी (मृदा)
(c) Laterite soil/ लैटराइट मिट्टी (मृदा)
(d) Alluvial soil/ जलोढ़ मिट्टी (मृदा)

Ans. (b) : काली मृदा को रेगुर मृदा भी कहा जाता है यह मृदा गीली होने पर लसलसी हो जाती है तथा मानसून से पहले या पहली बारिश के बाद जब तक इसकी जुताई न हो तो इस पर काम करना मुश्किल हो जाता है। इसमें कपास की खेती ज्यादा होती है। काली मृदा मुख्यतः महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्यप्रदेश में पायी जाती है। इस मिट्टी में मैग्नेशियम, चूना, लौह तत्व तथा कार्बनिक पदार्थो की अधिकता होती है। इस मृदा का काला रंग टिटेनीफेरस मैग्नेटाइड एवं जीवांश की उपस्थिति के कारण होता है।

21. Consider these statements for vegetation and choose the correct option:
वनस्पति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. Grass lands grow in the region of moderate rain and shrubs grow in the dry region.
घासस्थल मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते हैं और काँटेदार झाड़ियाँ शुष्क क्षेत्रों में पैदा होती हैं।

B. The growth of vegetation depends on temperature and moisture.
वनस्पति की वृद्धि तापमान एवं नमी पर निर्भर करती है।

C. The change in type of natural vegetation occur mainly because of the changes in climatic conditions.
प्राकृतिक वनस्पति के प्रकार में परिवर्तन मुख्यतः जलवायु की परिस्थिति में परिवर्तन के कारण होता है।

(a) Only A is true./ केवल A सही है।
(b) Only A and B are true./ केवल A और B सही हैं।
(c) Only C and B are true./ केवल C और B सही हैं।
(d) All A, B and C are ture./ A, B और C सभी सही हैं।

Ans. (d) : वनस्पति की वृद्धि तापमान और नमी पर निर्भर करती है। यह मिट्टी की मोटाई और ढ़लान जैसे कारकों पर भी निर्भर करता है। इसे तीन विस्तृत श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है : वन, घास स्थल और झाड़ियाँ। घासस्थल मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते हैं और काँटेदार झाड़ियाँ शुष्क क्षेत्रों में पैदा होती है। प्राकृतिक वनस्पति के प्रकार में परिवर्तन मुख्यतः जलवायु की परिस्थिति में परिवर्तन के कारण होता है।

22. Choose the correct statement.
सही कथन का चयन करें।

(a) Oxygen is the most plentiful gas in the air./ ऑक्सीजन सर्वाधिक पाई जाने वाली गैस है।
(b) Oxygen content in the air remains constant as humans and animals take it and plants produce it./ वायु में ऑक्सीजन की मात्रा समान बनी रहती है क्योंकि मनुष्य तथा पशु साँस लेने में इसका प्रयोग करते हैं तथा पौधे इसका उत्पादन करते हैं।
(c) Oxygen is called a greenhouse gas.
ऑक्सीजन को ग्रीनहाउस गैस भी कहा जाता है।
(d) Increased level of oxygen results in global warming./ वायुमंडल में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ने से भूमंडलीय तापन बढ़ जाता है।

Ans. (b) : ऑक्सीजन वायु में प्रचुरता से मिलने वाली दूसरी गैस है। वायु में ऑक्सीजन की मात्रा समान बनी रहती है क्योंकि मनुष्य तथा पशु साँस लेने में इसका प्रयोग करते हैं तथा हरे पादप, प्रकाश संश्लेषण द्वारा ऑक्सीजन उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार वायु में ऑक्सीजन की मात्रा समान बनी रहती है। वायुमंडल में इसकी मात्रा लगभग 20.95% होती है। पृथ्वी की सबसे ऊपरी क्रस्ट अथवा भू-पर्पटी में ऑक्सीजन सर्वाधिक मात्रा (लगभग 46.6%) में पाया जाने वाला तत्व है।

23. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Greater the pressure difference between pressures zones the faster the wind moves.
दो वायुदाब क्षेत्रों में दाब में जितना अधिक अंतर होगा, हवा की तीव्रता उतनी ही अधिक होगी।

B. Air that moves from high to low pressure zones makes wind.
वायु उच्च दाब क्षेत्र से जब निम्नदाब क्षेत्र की ओर जाती है तो हवा उत्पन्न होती है।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A./ दोनों A तथा B सही हैं तथा B, A की सही व्याख्या नही करता है।
(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A./ दोनों A तथा B सही हैं तथा B, A की सही व्याख्या करता है।
(c) A is true but B is false./A सही है तथा B गलत है।
(d) B is true but A is false./A गलत है तथा B सही है।

Ans. (a) : वायुमण्डल में उच्च वायुदाब, निम्न वायुदाब क्षेत्र बनते है। अक्सर हवायें उच्च वायुदाब से निम्न वायुदाब की ओर चलती है ऐसी भौगोलिक परिस्थितियों से उस क्षेत्र का सम्पूर्ण मौसम प्रभावित होता है। वायुदाब के निर्माण में ताप, नमी आदि दशाएं सहायक होती है। भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून के पहले बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में उच्च वायु दाब तथा भारतीय क्षेत्र में निम्न वायुदाब की परिस्थितियां बनती है।

24. While teaching transportation theme in her class, a teacher used different types of tickets like bus ticket, rail ticket etc. consider these statements in above context and choose the correct option.
एक शिक्षिका कक्षा में यातायात विषय पर पढ़ाते हुए विभिन्न प्रकार की टिकटों जैसे बस टिकट, रेल टिकट का प्रयोग करती है। नीचे लिखे कथनों पर इस कक्षा के संदर्भ में विचार करें तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Through these tickets she can establish the relationship between cost, distance and various characteristics of different means of transportation.
इन टिकटों का प्रयोग करके वह खर्च, दूरी व यातायात के विभिन्न साधनों की विशेषताओं पर चर्चा कर सकती है।

B. She can also discuss about types of human settlement using the tickets.
इन टिकटों का प्रयोग करके वह मानव आवास के प्रकारों पर भी चर्चा कर सकती है।

(a) Both A and B are correct/ दोनों A व B सही हैं।
(b) Both A and B are incorrect
दोनों A व B गलत हैं।
(c) A is correct while B is incorrect
A सही है तथा B गलत हैं।
(d) A is incorrect while B is correct
A गलत है तथा B सही हैं।

Ans. (c) : एक शिक्षिका कक्षा में यातायात विषय पर पढ़ाते हुए विभिन्न प्रकार के टिकटों जैसे बस टिकट, रेल टिकट का प्रयोग करती है। शिक्षिका इन टिकटों का प्रयोग करके वह खर्च दूरी व यातायात के विभिन्न साधनों की विशेषताओं पर चर्चा कर सकती है। जबकि शिक्षिका इन टिकटों द्वारा मानव आवास के प्रकारों पर चर्चा नहीं कर सकती, क्योंकि यातायात टिकटों का मानवीय आवास से कोई संबंध नही होता है।

25. The seasonal movement of people in search of new pastures is called:
नए चारागाहों की खोज में लोगों के मौसमी आवागमन को कहते हैं:

(a) Migration/ प्रवास
(b) Immigration/ आप्रवास
(c) Emigration/ उत्प्रवास
(d) Transhumance/ ऋतुप्रवास

Ans. (d) : नए चारागाहों की खोज में लोगों के मौसमी आवागमन को ऋतुप्रवास कहते हैं। दो भिन्न जलवायु दशाओं वाले क्षेत्रों में समान्यतः पशुचारकों द्वारा अपने पशुओं के साथ मौसम परिवर्तन के अनुसार किया जाने वाला प्रवास है। मौसमी प्रवास अधिकांशतः शीतोष्ण कटिबन्ध में पर्वतीय तथा मैदानी घाटियों के मध्य होता है। ग्रीष्म ऋतु में जब निचली घाटियों में चारागाह सूखने लगते हैं, तो पशुचारक अपने पशुओं जैसे- भेड़-बकरियों को लेकर उच्चवर्ती चारागाहों के लिए प्रस्थान करते हैं और ग्रीष्म ऋतु में पहाड़ी भागों में रहते हैं। शीत ऋतु आरम्भ होने पर पर्वतीय चारागाह बर्फ से ढक जाते हैं और वहाँ ठंडक अधिक बढ़ जाती है अतः पशुचारक शीत ऋतु आरम्भ होने के पहले ही वहाँ से निचली घाटियों के लिए प्रस्थान करते हैं। जहाँ उस समय चारागाह उपलब्ध रहता है। वहाँ ठंडक अपेक्षाकृत काफी कम रहती है। इस प्रकार के मौसमी प्रवास के उदाहरण हिमालय, आल्पस, क्यूनलुन आदि पर्वतों के ढालों पर पाये जाते हैं।

26. Which of the following are the push factors affecting migration?
प्रवास को प्रभावित करने वाले 'प्रतिकर्ष कारक' कौन-से हैं?

A. Natural disaster/ प्राकृतिक आपदा
B. Scarcity of water/ पानी की कमी
C. Higher standards of living
जीवनयापन का बेहतर
D. Education/ शिक्षा

Choose the correct options:
सही विकल्प का चुनाव कीजिए:

(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only B and C/ केवल B और C
(c) Only C and D/ केवल C तथा D
(d) Only A and D/ केवल A तथाD

Ans. (a) : विश्व में प्रवास को प्रभावित करने वाले दो कारक है -
(1) **प्रतिकर्ष कारक -** प्रतिकर्ष कारक वे होते हैं जिनके कारण लोग अपना निवास स्थान/उद्गम स्थान छोड़ते हैं। जैसे- बेरोजगारी, रहन-सहन की निम्न दशाएँ, राजनैतिक उपद्रव, प्राकृतिक आपदा, प्रतिकूल जलवायु, पानी की कमी, महामारियाँ तथा सामाजिक आर्थिक स्थिति का अनुकूल न होना।
(2) **अपकर्ष कारक -** अपकर्ष कारक ऐसे कारक होते हैं जो विभिन्न स्थान के लोगों को आकर्षित करते हैं। जैसे - रोजगार के बेहतर अवसर और रहन सहन की अच्छी दशाएँ, शान्ति व स्थायित्व, जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा, शिक्षा, अनुकूल जलवायु।

27. Read the statements and select the correct answer from the options given below:
कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

Statement A: Agriculture is a primary activity
कथन A: कृषि एक प्राथमिक क्रिया है।

Statement B: Agriculture includes growing crops, fruits, vegetables, flowers and rearing of livestock.
कथन B: फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों को उगाना और पशुधन पालन कृषि में सम्मिलित हैं।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true/ A गलत है, B सही हैं।
(c) A and B are true/ A और B सही है।
(d) A and b are false/ A और B गलत हैं।

Ans. (c) : कृषि एक मुख्य विकास था, जो सभ्यताओं के उदय का कारण बना। कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों को उगाना और पशुधन पालन कृषि में सम्मिलित है। कृषि दुनिया के आबादी के एक तिहाई से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती है। भारत में गंगा नदी के मैदान में धान की खेती आरम्भ हुई, जिसके लगभग 8000 से 9000 वर्ष पूर्व के प्रमाण मिलते है। एम.एस. स्वामीनाथन को भारतीय 'कृषि विज्ञान का पिता' माना जाता है।

28. St. Thomas is believed to have come to this state nearly 2000 years ago and is credited with bringing Christianity to India. Which is that state?
ऐसा माना जाता है कि सैंट थॉमस लगभग 2000 साल पहले इस राज्य में आए थे तथा भारत में ईसाई धर्म लाने का श्रेय उन्हीं को जाता है वह राज्य कौन-सा है?

(a) Karnataka/ कर्नाटक
(b) West Bengal/ पश्चिम बंगाल
(c) Kerala/ केरल
(d) Tamil Nadu/ तमिलनाडु

Ans. (c) : ईसा मसीह के शिष्य सैंट थॉमस लगभग 2000 साथ पहले केरल राज्य में आये थे तथा भारत में ईसाई धर्म लाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने उस काल में सर्वप्रथम एक नदी के किनारे तप कर रहे कुछ नम्बूदरी ब्राम्हणों को इसाई धर्म की शिक्षा दी और उन्हें ईसाई बनाया था। हालांकि इस बात पर भी विवाद है कि उन्होंने ऐसा किया था या नहीं। यह भी कहा जाता है कि उन्होंने आदिवासियों को ईसाई बनाया था जिसके चलते आदिवासियों में बहुत रोष था। इस रोष के चलते चेन्नई शहर के एक माउण्ट पर 72 ईस्वी में संत थॉमस एक आदिवासी भील के भाले से मारे गये थे। उस पहाड़ को आजकल सेंट थॉमस मांऊट कहा जाता है।

29. Consider the following statements with respect to diversity:-
विविधता के संदर्भ में इन वक्तव्यों पर विचार करें-

A. Diversity is a source of strength for India.
विविधता भारत की शक्ति का एक स्त्रोत है।

B. There is unity in India's diversity.
भारत की विविधता में एकता है।

C. Diversity can also be a source of discrimination.
विविधता भेदभाव का स्त्रोत भी हो सकती है।

D. Historical and geographical factors contribute to diversity.
भौगोलिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक कारक विविधता लाते हैं।

Which of the above are true?/ इनमें से कौन सा सही विकल्प है-

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) A, B and C/ A, B और C
(d) A and B/ A और B

Ans. (a) : भारत की विविधता के कई स्तर है -
- विविधता भारत की शक्ति का एक स्त्रोत है।
- भारत की विविधता में एकता है।
- विविधता भेदभाव का स्त्रोत भी हो सकती है।
- भौगोलिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक कारक विविधता लाते है।
- भाषा - बोली, पहनावा, सामाजिक रीति रिवाज, पूजा पद्धति, रंग आदि कई चीजें है; जिनमें विविधता है।
- इस विविधता का सम्मान होना चाहिए और उसका उत्सव मनाया जाना चाहिए।

30. If you are elected as the President of India which of the following decisions can you take on your own?
यदि आप भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाते हैं, तो आप निम्नलिखित में से कौन सा निर्णय स्वयं ले सकते हैं?

(a) Select the person you like as Prime Minister./ उस व्यक्ति का चयन कर सकते हैं जिसे आप प्रधानमंत्री के रूप में पसंद करते हैं।
(b) Dismiss Prime Minister who has a majority in Lok Sabha./ लोकसभा में बहुमत वाले प्रधानमंत्री को बर्खास्त कर सकते हैं।

(c) Ask for reconsideration of a bill passed by both the houses./ दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक पर पुनर्विचार के लिए कह सकते हैं।

(d) Nominate the leaders of your choice to the Council of Ministers./ अपनी पसंद के नेताओं को मंत्रिपरिषद में मनोनीत कर सकते हैं।

Ans. (c) : सही उत्तर दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक पर पुनर्विचार के लिए कहना है।

- राष्ट्रपति भारतीय राज्य का प्रमुख होता है। वह भारत के पहले नागरिक हैं और राष्ट्र की एकता, अखंडता और एकजुटता के प्रतीक के रूप में कार्य करते हैं।
- सरकार की संसदीय प्रणाली की परम्पराओं के अनुसार, राष्ट्रपति को लोकसभा में बहुमत दल के नेता को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करना होता है। अतः कथन 'a' गलत है।
- लेकिन, जब लोकसभा में किसी भी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होता है, तो राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के चयन और नियुक्ति में अपने व्यक्तिगत विवेक का प्रयोग कर सकता है।
- राष्ट्रपति किसी ऐसे प्रधानमंत्री को बर्खास्त नही कर सकता जिसके पास लोकसभा में बहुमत हो। अतः कथन 'b' गलत है।
- वह संसद के पुनर्विचार के लिए विधेयक (यदि यह धन विधेयक नही है) को वापस कर सकता है। अतः कथन 'c' सही है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 74 में कहा गया है कि राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के साथ एक मंत्री परिषद होगी।

31. Which of the following statements is correct about Sedition Act, 1870?
निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य 1870 के राजद्रोह अधिनियम के संदर्भ में सही है?

(a) The Act ensured that any person protesting or criticizing the British government could be arrested without trial./ इस अधिनियम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि अगर कोई भी व्यक्ति ब्रिटिश सरकार का विरोध या आलोचना करता है तो उसे मुकदमा चलाए बिना ही गिरफ्तार किया जा सकता था।

(b) The Act ensured greater equality and justice for Indians during the British Raj./ इस अधिनियम में ब्रिटिश राज में भारतीयों के लिए बृहत्तर समानता और न्याय सुनिश्चित किया।

(c) The Act ensured that Indian legal professionals are respected in the colonial courts./ इस अधिनियम ने औपनिवेशिक अदालतों में भारतीय कानून विशेषज्ञों के सम्मान को सुनिश्चित किया।

(d) The Act ensured rights to the Indian nationalists to protest against colonial governance./ इस अधिनियम ने औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध भारतीय राष्ट्रवादियों के विरोध के अधिकार को सुनिश्चित किया।

Ans. (a) : 1870 के राजद्रोह अधिनियम के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया गया कि अगर कोई भी व्यक्ति ब्रिटिश सरकार का विरोध या आलोचना करता है तो उसे मुकदमा चलाये बिना ही गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय कानून में देशद्रोह/राजद्रोह एक संगीन अपराध है अंग्रेजी हुकूमत के समय साल 1870 में भारतीय दंड संहिता यानी आइपीसी की धारा 124A जोड़कर राजद्रोह को अपराध बनाया गया था। आइपीसी की धारा 124A के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति लिखकर, बोलकर या फिर किसी अन्य तरीके से भारत में विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ नफरत, शत्रुता या फिर अपमान पैदा करेगा तो उसको राजद्रोह का दोषी माना जायेगा। राजद्रोह के लिए तीन वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। राजद्रोह कानून को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि आईपीसी की धारा 124A नागरिकों की स्वतंत्रता को दबाने के लिए बनाया गया कानून है।

32. Identify the group of non-farm activities in a rural area.
गैर-कृषि क्रियाकलाप वाले समूह पहचानिए

(a) Basket weaving, Paddy transplanting, Pottery making/ टोकरी बनाना, धान रोपण, मिट्टी के बर्तन बनाना।

(b) Pottery making, Weeding, Basket weaving
मिट्टी के बर्तन बनाना, निराई, टोकरी बनाना।

(c) Brick making, Pottery making, Weeding
ईंट बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना, निराई

(d) Pottery making, Weaving, Brick making
मिट्टी के बर्तन बनाना, बुनाई, ईंट बनाना।

Ans. (d) : गैर कृषि क्रियाकलापों में विभिन्न उपक्रम शामिल हो सकते हैं जैसे हस्तशिल्प, घरेलू और साथ ही गैर-घरेलू छोटे पैमाने पर विनिर्माण, निर्माण, खनन, उत्खनन, मरम्मत, सामुदायिक सेवा, मिट्टी के बर्तन बनाना, बुनाई, ईंट बनाना, टोकरी बनाना आदि, लेकिन निश्चित रूप से निर्दिष्ट ग्रामीण क्षेत्रों में गैर कृषि क्रिया में कृषि से संबंधित कोई क्रिया नहीं की जाती है।

33. Buying and selling of which of the following goods is least likely to be witnessed in a weekly market?
साप्ताहिक बाजार में इनमें से कौन सी वस्तु की सबसे कम खरीद बेच दृष्टिगत होने की सम्भावना है।

(a) Laptop covers and mobile chargers
लैपटॉप कवर एवं मोबाइल चार्जर

(b) Car engines and wheels/ कार इंजन और पहिए

(c) Fridge covers and teapot-sets
फ्रिज कवर और चाय बर्तन सैट

(d) Nail-cutters and cosmetics
नाखून कटर और श्रृंगार प्रसाधन

Ans. (b) : साप्ताहिक बाजार का नाम ही इसलिए पड़ा क्योंकि यह सप्ताह के किसी एक निश्चित दिन लगता है। व्यापारी दिन में दुकान लगाते हैं और शाम होने पर उसे समेट लेते हैं। अगले दिन वे अपनी दुकान किसी और जगह पर लगाते हैं। इस बाजार का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जरूरत का सभी समान एक ही जगह पर मिल जाता है। जैसे, सब्जियां, कपड़े से लेकर बर्तन तक, लैपटॉप कवर, मोबाइल चार्जर, फ्रीज कवर और नाखून कटर इत्यादि। जबकि इस बाजार में कार, इंजन और पहिए की सबसे कम खरीद बेच दृष्टिगत होने की सम्भावना है।

34. "It is disgraceful to live at the cost of one's self-respect. Self-respect is the most vital factor in life. Without it, man is a cipher. To live worthily with self-respect, one has to overcome difficulties. It is out of hard and ceaseless struggle alone that one derives strength, confidence and recognition".
Who said this?
''अपने आत्मसम्मान को दाँव पर लगाकर जीवित रहना अशोभनीय है। आत्मसम्मान जीवन का सबसे जरूरी हिस्सा है। इसके बिना व्यक्ति नगण्य है। आत्मसम्मान के साथ जीवन बिताने के लिए व्यक्ति को कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करनी होती है। केवल कठिन और निरंतर संघर्ष से ही व्यक्ति बल, विश्वास और मान्यता प्राप्त कर सकता है।''

(a) Mahatma Gandhi/ महात्मा गाँधी
(b) B. R. Ambedkar/ बी. आर. अंबेडकर
(c) Jawaharlal Nehru/ जवाहरलाल नेहरू
(d) Chandrashekhar Azad/ चंद्रशेखर आजाद

Ans. (b) : भीमराव रामजी अम्बेडकर (14 अप्रैल 1891-6 दिसम्बर 1956), डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर नाम से लोकप्रिय थे। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एंव न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। इनका कहना था, ''अपने आत्मसम्मान को दाव पर लगाकर जीवित रहना अशोभनीय है। आत्मसम्मान जीवन का सबसे जरूरी हिस्सा है। इसके बिना व्यक्ति नगण्य है। आत्मसम्मान के साथ जीवन बिताने के लिए व्यक्ति को कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करनी होती केवल कठिन और निरन्तर संघर्ष से ही व्यक्ति बल, विश्वास और मान्यता प्राप्त कर सकता है।''

35. Which would be the best example to challenge students' stereotypes regarding 'gender and occupation'?
छात्रों में लैंगिक और व्यवसाय आधारित रूढ़िवादिता को चुनौती देने के लिए कौन सा उदाहरण सर्वाधिक उत्तम है-

(a) Male Pastry chef/ केक बनाने वाला पुरुष शेफ़
(b) Male space scientist/ पुरुष अंतरिक्ष वैज्ञानिक
(c) Male Bharatnatyam Dancer
पुरुष भरतनाट्यम नृत्यक
(d) Male Playback singer/ पुरुष पार्श्व गायक

Ans. (c) : छात्रों में लैंगिक और व्यवसाय आधारित रुढ़िवादिता को चुनौती देने के लिए पुरुष भरतनाट्यम नृत्यक उदाहरण सर्वाधिक उत्तम है। क्योंकि लैंगिक असमानता एक समाजिक घटना है जिसमें पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता है अध्ययन शिक्षा, जीवन प्रत्याशा, व्यक्तित्व रुचियों, पारिवारिक जीवन, कैरियर और राजनीतिक संबद्धता सहित कई क्षेत्रों में लिंग के विभिन्न अनुभव दिखाते हैं। विभिन्न संस्कृतियों में लिंग असमानता का अलग-अलग अनुभव किया जाना है और यह गैर-द्विआधारी लोगों को भी प्रभावित करता है।

36. Breaking a law or breach/infringement of Fundamental Rights is an act of:
मौलिक अधिकार के कानून तोड़ना या भंग करना/अतिक्रमण करना, यह कृत्य है:

(a) Eviction/ बेदखली का
(b) Coercion/ अवपीड़न बलात् का
(c) Violation/ उल्लंघन का
(d) Compensation/ मुआवजा का

Ans. (c) : मौलिक अधिकार के कानून तोड़ना या भंग करना, यह उल्लंघन का कृत्य है। उल्लंघन एक क्रिया है जो उन कार्यो का वर्णन करती है जो लोगों, कानूनों, संपत्ति और रीति-रिवाजों के लिए कोई सम्मान नहीं दिखाते हैं। ड्राइवर तब कानून का उल्लंघन करते हैं जब वे लाल बत्ती पर रुकने में विफल होते हैं, और जब लोग आपकी व्यक्तिगत बातचीत को सुनते हैं तो आपकी गोपनीयता का उल्लंघन करते हैं।

37. Which of the following examples can be used to discuss the concept of Universal Adult Franchise in a classroom?
कक्षा में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धांत के अध्यापन के लिए कौन सा उदाहरण उपयुक्त है-

A. Mujleha (19 year) is casting her vote in an assembly election.
मुझलेहा (19 वर्ष) विधानसभा चुनाव में मतदान कर रही है।
B. Anna (31 year) is casting her vote in the Lok Sabha election.
ऐना (31 वर्ष) लोकसभा चुनाव में मतदान कर रही है।
C. Jaspreet (17 year) is casting his vote in an election for school council.
जसप्रीत (17 वर्ष) विद्यालय-परिषद् के चुनाव में मतदान कर रहा है।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें-

(a) A, B and C/ A, B तथा C सभी
(b) A and B/ A तथा B
(c) A and C/ A तथा C
(d) B and C/ B तथा C

Ans. (b) : कक्षा में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धांत के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त उदाहरण निम्न है - मुझलेहा (19 वर्ष) विधान सभा चुनाव में मतदान कर रही है तथा ऐना (31 वर्ष) लोकसभा चुनाव में मतदान कर रही है।
वयस्क मताधिकार से तात्पर्य एक ऐसी पद्धति से है जो समान रूप से देश के सभी नागरिको को एक निश्चित आयु के बाद बिना किसी धर्म, जाति, रंग, संपत्ति और लिंग के भेदभाव करते हुए मत करने का और प्रजातंत्र में अपनी खुद की सरकार चुनने का अधिकार प्राप्त कराती हो। हमारे देश के संविधान के अनुसार कोई भी भारतीय नागरिक 18 वर्ष की आयु के बाद वयस्क माना जाता है इसलिए हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति को 18 वर्ष की आयु के बाद बिना किसी भेदभाव के वोट देने का अधिकार होता है। और इसमें आपको कोई भी वंचित नही कर सकता है। यह अधिकार भारतीय संविधान के अनुसार नागरिको के मौलिक अधिकार में भी गिना जाता है।

38. Which constitutional authority examines a dispute between the centre and the states on exercise over their respective powers?
कौन सा संवैधानिक प्राधिकरण केंद्र एवं राज्यों के बीच-उनकी संबंधित शक्तियों को लेकर विवादों का परीक्षण करता है?

(a) The President/ राष्ट्रपति
(b) The Supreme Court/ सर्वोच्च न्यायालय
(c) The Comptroller and Auditor General/ नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक
(d) The Attorney General/ महान्यायवादी

Ans. (b) : संवैधानिक प्राधिकरण केन्द्र सर्वोच्च न्यायालय केन्द्र एवं राज्यों के बीच उनकी संबंधित शक्तियों को लेकर विवादों का परीक्षण करता है। सर्वोच्च न्यायालय वरिष्ठ संवैधानिक संस्था है और इसके पास न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति है। भारत का मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय का प्रमुख है। जिसमें अधिकतम 34 न्यायाधीश होते है। 28 जनवरी, 1950 से सर्वोच्च न्यायालय ने प्रिवी काउंसिल की न्यायिक समिति को अपील की सर्वोच्च अदालत के रूप में बदल दिया है। न्यायाधीशो के वेतन और भत्ते भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 125 में उल्लिखित है।

39. On International Women's Day, women all over the world come together to celebrate and renew their struggles. This would fall under which of the following strategies with regard to women's movement.
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संसार भर में महिलाएँ इसे मनाने तथा अपने संघर्षों को पुनर्जीवित करने के लिए एकत्रित हुई। निम्नलिखित रणनीतियों में से यह महिलाओं के आंदोलन के संबंध में किसके अंतर्गत आता है?

(a) Campaigning/ प्रचार करना
(b) Protesting/ विरोध करना
(c) Raising awareness/ जागरूकता में वृद्धि करना
(d) Showing solidarity/ एकता का प्रदर्शन करना

Ans. (d) : प्रत्येक वर्ष 8 मार्च के दिन अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है ये दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संसार भर में महिलाएँ इसे मनाने तथा अपने संघर्षों को पुनर्जीवित करने के लिए एकत्रित होती है जो उनकी रणनीतियों में से महिलाओं के आन्दोलन के संबंध में एकता प्रदर्शन करने के अन्तर्गत आता है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य है महिलाओं को हर वो अधिकार प्रदान किये जाए जो एक समान नागरिक को दिये जाते है। भेदभाव ही उनके पीछे रहने की सबसे बड़ी वजह है। साल 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विटजरलैंड में सबसे पहला अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था।

40. Which of the following are the aims of Mid day meal programme?
निम्नलिखित में से कौन से मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के उद्देश्य हैं?

A. Increasing enrolment and retention of children in school.
विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश को बढ़ाना और उन्हें बनाए रखना।

B. Reinforcing caste prejudices among school children.
विद्यार्थियों के बीच जातिगत पूर्वाग्रहों को प्रबलित करना।

C. Reducing hunger and increased concentration in studies.
बच्चों में भूख की समस्या कम करके उनकी पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाना।

D. Decreasing the malnutrition levels prevailing among children.
बच्चों में व्याप्त कुपोषण के स्तर को कम करना।

Choose the appropriate option./ सही विकल्प चुनें-

(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) A, C and D/ A, C तथा D
(c) B, C and D/ B, C तथा D
(d) A, B and D/ A, B तथा D

Ans. (b) : मध्याह्न भोजन योजना, भारत सरकार की एक योजना है जिसके अन्तर्गत पूरे देश के प्राथमिक और लघु माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को दोपहर का भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाता है। मध्याह्न भोजन स्कीम देश के 2408 ब्लॉकों में एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के रूप में 15 अगस्त, 1995 को आरम्भ की गई थी। वर्ष 1997-98 तक यह कार्यक्रम देश के सभी ब्लॉकों में आरम्भ कर दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों के बच्चों के प्रवेश को बढ़ाना और उन्हें बनाए रखना, बच्चों में भूख की समस्या कम करके इनकी पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाना, बच्चों में व्याप्त कुपोषण के स्तर को कम करना तथा विभिन्न वर्गों, जातियों के बच्चों द्वारा एक साथ इकट्ठा रखना, खाने से समानता की भावना को विकसित करना व जाति-पाति के भेदभाव को दूर करना है।

41. The teaching of Social Science is aimed at
सामाजिक विज्ञान का शिक्षण लक्षित है:

A. Helping learners develop great awareness of themselves.
शिक्षार्थियों को आत्मबोध विकसित करने में सहयोग देने पर।

B. Providing learners the skills to carry out independent investigation of problems.
समस्याओं की स्वतंत्र छानबीन करने के कौशल को शिक्षार्थियों को प्रदान करने पर।

C. Training learners to carry out their civic duties.
विद्यार्थियों को अपने नागरिक कर्तव्यों को निर्वाह करने में प्रशिक्षित करने पर।

D. The transaction of stage specific knowledge.
स्तर विशेष ज्ञान के हस्तांतरण पर।

Choose the appropriate option given below.
निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(a) D and C/ D और C (b) D and A/ D और A
(c) A and B/ A और B (d) A and C/ A और C

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान का शिक्षण शिक्षार्थियों को आत्मबोध विकसीत करने में सहयोग देने पर तथा समस्याओं की स्वतंत्र छानबीन करने के कौशल को शिक्षार्थियों को प्रदान करने पर लक्षित है।
सामाजिक अध्ययन विषय का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। मानव ने इस सृष्टि पर जीवन कैसे आरम्भ किया, उसका भौतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, वातावरण क्या था। इसका ज्ञान बालकों को देना आवश्यक है, क्योंकि तभी उन्हें अपने अस्तित्व की जानकारी प्राप्त होगी।

42. The fundamental feature of an inclusive Social Science classroom is:
समावेशी सामाजिक विज्ञान कक्षा की मूलभूत विशेषता है:
(a) Special provision for the education of exceptional learners./असाधारण शिक्षार्थियों की शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान।
(b) Enrolment of all children.
सभी बच्चों का नामांकन होता है।
(c) Activities that meet the needs of mostly average children./ ऐसी गतिविधियां जो ज्यादातर औसत बच्चों की आवश्यकता पूर्ति करें।
(d) Use of expensive teaching-learning material.
महंगी शिक्षण-अधिगम सामग्री का उपयोग।

Ans. (b) : समावेशी सामाजिक विज्ञान कक्षा की मूलभूत विशेषता के अन्तर्गत सभी बच्चों को नामांकन होता है। समावेशी शिक्षा कक्षा में विविधता को प्रोत्साहित करती है, जिससे सभी संस्कृतियों को साथ मिलकर आगे बढ़ने का समुचित अवसर मिलता है। इसके अन्तर्गत सभी विशेष शैक्षिक आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश को रोकने की कोई प्रक्रिया नही होनी चाहिए। समावेशन की नीति को हर स्कूल और सारी शिक्षा व्यवस्था में व्यापक रूप से लागू किये जाने की आवश्यकता है।

43. A progressive Social Science teacher always motivates his or her students to:
सामाजिक विज्ञान का/की एक प्रगतिशील अध्यापक/अध्यापिका हमेशा अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है:
(a) Interact actively in any discussion in the classroom./कक्षा के दौरान किसी भी चर्चा में सक्रियता से भाग लेने के लिए।
(b) Participate occasionally.
कभी-कभी भाग लेने के लिए।
(c) Acquire knowledge of the content given.
दी हुई विषय-वस्तु का ज्ञान अर्जित करने के लिए।
(d) Ask all the queries they have.
उनके पास जितने सवाल हैं पूछने के लिए।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के प्रगतिशील अध्यापक हमेशा अपने विद्यार्थियों को कक्षा के दौरान किसी भी चर्चा में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्योंकि यह विद्यार्थियों के चिंतन को प्रेरित करता है और इनके ज्ञान तथा वर्तमान विचारों की समझ प्रदान करता है; जो उनकी प्रगति को मापने में मदद करती है।

44. The fundamental principle that governs the pedagogical approach of the 'Social and Political life' textbooks is that children learn best through-
बुनियादी सिद्धांत जो ''सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन'' विषय के पुस्तकों के शिक्षण शास्त्रीय उपागम को निर्देशित करता है, वह है-
(a) sequential remembrance of the facts.
तथ्यों को क्रमागत स्मरण करना।
(b) an experiential understanding of the concepts./ संकल्पनाओं की अनुभवजन्य समझ बनना।
(c) a visual rich textbook reading.
दृश्य समृद्ध पाठ्य-पुस्तकों का पठन।
(d) proper handholding by giving them correct answers./ उन्हें सही उत्तर देकर उचित मदद देना।

Ans. (b) : बुनियादी सिद्धांत जो ''सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन'' के विषय के पुस्तकों के शिक्षण शास्त्रीय उपागम को निर्देशित करता है, वह संकल्पनाओं की अनुभवजन्य समझ को बनाता है। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के समय गाँधीजी ने सबसे पहले बुनियादी शिक्षा की कल्पना की थी। आज जिसे विश्वविद्यालय स्तर पर फाउंडेशन कोर्स कहा जाता है। बुनियादी सिद्धांत गुणात्मक अध्ययन का एक तरीका है, इसका मुख्य उद्देश्य अनुभव के आधार पर डेटा से एक सिद्धांत स्थापित करने के लिए है।

45. Read the statements A and B and choose the correct option.
कथन A तथा B को पढ़िए व सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. In a 'Social & Political life' subject's classroom, the institutions and processes are discussed by incorporating them in the form of fictional narratives, or case-studies or exercises that draw on child's experience.
कथन A - ''सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन'' विषय की कक्षा में सस्थाओं और प्रक्रियाओं पर कथात्मक वृतान्त, वैयक्तिक अध्ययन या बच्चों के अनुभव पर आधारित अभ्यासों को जोड़ते हुए चर्चा की जाती है।
B. Children learn best through concrete experiences.
कथन B – बच्चे ठोस अनुभवों के माध्यम से सर्वोत्तम सीखते हैं।
(a) Both A and B are true and B is the correct explanation for A/ A और B दोनों सही हैं तथा B सही है व्याख्या है A की।
(b) Both A and B are true and B is not the correct explanation for A/ A और B दोनों सही हैं किंतु B सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true, B is false/ A सही है और B गलत हैं।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : ''सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन'' विषय की कक्षा में संस्थाओं और प्रक्रियाओं पर कथात्मक वृतान्त, वैयक्तिक अध्ययन या बच्चों के अनुभव पर आधारित अभ्यासों को जोड़ते हुए चर्चा की जाती है। बच्चे ठोस अनुभवों के माध्यम से सर्वोत्तम सीखते हैं। वास्तव में अनुभव से सीखना यानी खुद करके सीखना है। किसी और को करते हुए देखकर या किसी को सुनकर या किताब पढ़कर सीखने से बिल्कुल अलग है। दूसरों को करते हुए देखने, सुनने या किताबें पढ़ने से हमें काम की सूचना भर मिलती है। काम को खुद अपने हाथों से करते हुए अनुभव करना बिल्कुल अलग चीज है। जिसमें हमारी समस्त ज्ञानेन्द्रियां सक्रिय हो जाती है।

46. For a field trip to be successful, it needs to be organized carefully at three stages viz; Choose the correct order.
एक फील्ड ट्रिप के सफल होने के लिए, इसे तीन चरणों में सावधानीपूर्वक आयोजित करने की आवश्यकता है;

(a) Planning, execution and follow-up.
योजना, निष्पादन और अनुवर्ती कार्रवाई।
(b) Execution, discussion and planning.
निष्पादन, चर्चा और योजना।
(c) Planning, discussion and presentation.
योजना, चर्चा और प्रस्तुति।
(d) Planning, discussion and execution.
योजना, चर्चा और निष्पादन।

Ans. (a) : एक फील्ड ट्रिप के सफल होने के लिए तीन चरणों की आवश्यकता है : तैयारी/योजना, गतिविधियां या निष्पादन और अनुवर्ती गतिविधि/तैयारी छात्र और शिक्षक दोनों पर लागू होती है। शिक्षक अक्सर यात्रा से पहले गंतव्य और विषय के बारे में जानने के लिए समय निकालते हैं। फिल्ड ट्रिप पर होने वाली गतिविधियों में व्याख्यान, पर्यटन, कार्यपत्रक, वीडियो और प्रदर्शन अक्सर शामिल होते है। अनुवर्ती गतिविधियों में आम तौर पर चर्चाएँ होती हैं जो कक्षा में एक बार फील्ड ट्रिप पूरी होने के बाद होती है।

47. While making a lesson plan about the concept of 'Democracy', which one of the following would be considered first?
प्रजातंत्र पर पाठयोजना बनाते समय किस संप्रत्यय पर सबसे पहले विचार करेंगे?

(a) Planning the objectives of the topic
विषय वस्तु उद्देश्यों की योजना।
(b) Deciding the evaluation strategies
मूल्यांकन की युक्तियों का निर्धारण।
(c) Choosing the appropriate pedagogical strategies/ उपयुक्त शिक्षा शास्त्रीय युक्तियों का चयन।
(d) Selecting appropriate resources materials
उपयुक्त शिक्षण सामग्री का चयन।

Ans. (a) : प्रजातंत्र पर पाठ योजना बनाते समय विषय वस्तु उद्देश्यों की योजना पर सबसे पहले विचार करेंगे। पाठ योजना में अध्यापक अपनी विषय वस्तु को भी स्पष्ट करता है। वह भली प्रकार से इस पर विचार कर लेता है कि मुझको क्या पढ़ाना है और कितना पढ़ाना है इस तरह से अध्यापक पाठ्यवस्तु को स्पष्ट कर उसका विश्लेषण कर लेता है और पाठ योजना में निर्धारित स्थान पर उसका उल्लेख करता है।

48. Which among the following is the most desired way to use textbooks in classroom activities?
निम्न में से कक्षा गतिविधियों में पाठ्य पुस्तक के प्रयोग का सबसे अधिक वांछित तरीका कौन-सा है?

(a) Asking students to read aloud from the textbook./ छात्रों को पाठ्य पुस्तक को ऊँचे स्वर में पढ़ने को कहना।
(b) Asking students to engage with in-text questions and do exercise./ छात्रों को पाठ्य पुस्तक में दिए प्रश्नों और अभ्यास हल करने के लिए कहना।
(c) Asking students to copy from textbooks and learn facts./ छात्रों को पाठ्य पुस्तक नकल करने तथा तथ्यों को याद करने के लिए कहना।
(d) Seldom use textbooks and rely on guidebooks./ पाठ्य पुस्तक का प्रयोग कभी-कभार करते हुए गाइड पुस्तकों पर निर्भर करना।

Ans. (b) : छात्रों को पाठ्य पुस्तक में दिये गये प्रश्नों और अभ्यास हल करने के लिए कहना कक्षा गतिविधियों में पाठ्य पुस्तक के प्रयोग का सबसे अधिक वांछित तरीका है। पाठ किस बारे में होगा इस विषय में सोचने में वे छात्रों की सहायता करती हैं, जिससे उन्हें पाठ को बेहतर ढंग से समझने में भी मदद मिलती है।

49. Critical and creative thinking are examples of:
आलोचनात्मक और रचनात्मक चिंतन उदाहरण हैं:

(a) Simple skills/ सरल/सहज कौशल का
(b) Complex skills/ जटिल कौशल का
(c) Basic skills/ बुनियादी कौशल का
(d) Study skills/ अध्ययन करने के कौशल का

Ans. (b) : आलोचनात्मक और रचनात्मक चिंतन जटिल कौशल का उदाहरण है। तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण करते हुए कोई निर्णय लेना आलोचनात्मक चिन्तन या समीक्षात्मक चिन्तन कहलाता है। रचनात्मक एक प्रकार का चिन्तन है जिसमें नवीन विचारों का निर्माण शामिल है अध्ययनों के अनुसार लोग जो अपसारी चिन्तन अधिक करते है वे अधिक रचनात्मक होते हैं। रचनात्मक चिन्तन की प्रक्रिया में चार चरण शामिल हैं : तैयारी, उष्मायन, अंतर्दृष्टि और सत्यापन।

50. The following questions are generally used in Social Science classes. Choose those which provide a greater scope for developing of critical thinking?
निम्नलिखित प्रश्न सामान्यतः सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रयोग किए जाते हैं। उनका चयन कीजिए जो समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए विस्तृत अवसर उपलब्ध कराते हैं?

A. Why is the Salt March considered a symbol of resistance against colonialism?
नमक आंदोलन को उपनिवेशवाद के विरुद्ध प्रतिरोध के संकेत के रूप में क्यों माना जाता है?

B. The Salt March was an effective symbol of resistance against colonialism. Do you agree with the statement? Justify your answer.
नमक आंदोलन उपनिवेशवाद के विरूद्ध प्रतिरोध का प्रभावकारी प्रतीक था। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

C. Discuss the Salt March to make clear why it was an effective symbol of resistance against colonialism.
नमक आंदोलन उपनिवेशवाद के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रभावशाली प्रतीक क्यों है इसे स्पष्ट करने के लिए नमक आंदोलन पर चर्चा कीजिए।

D. Why did political parties differ sharply over the question of separate electorate?
क्यों राजनैतिक दल (पार्टियां) पृथक निर्वाचिका के प्रश्न पर असहमत थे?

Choose the correct option./सही विकल्प का चुनें

(a) Only A, B and C/ केवल A, B तथा C
(b) Only B/ केवल B
(c) Only B and C/ केवल B तथा C
(d) Only D/ केवल D

Ans. (b) : नमक आन्दोलन उपनिवेशवाद के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रभावी प्रतीक था। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। ऐसे प्रश्न समान्यतः सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रयोग किये जाते है। जो समालोचनात्मक चिंतन के विकास के लिए विस्तृत अवसर उपलब्ध कराते है। समालोचनात्मक चिन्तन में उचित विश्लेषण, मूल्यांकन, निष्कर्ष और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है।

51. From the content point of view, the upper primary Social Science classes provide opportunities for
विषय वस्तु की दृष्टि से, उच्च प्राथमिक सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ अवसर प्रदान करती हैं:

A. Developing analytical, social and cultural skills/ विश्लेषणात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक कौशलों के विकास का।

B. Rote memorization/ रटकर स्मरण/याद करने का।

C. Introduced to political realities/ राजनैतिक वास्तविकताओं से परिचय कराने का।

D. Enhancement of aesthetic/ सौंदर्यबोध की संवेद-शक्तियों में वृद्धि का।

E. Developing reading and writing abilities/ पढ़ने और लिखने की क्षमताओं के विकास का।

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, B, C and E/ A, B, C और E
(c) A, C, D and E/ A, C, D और E
(d) B, C, D and E/ B, C, D और E

Ans. (c) : विषय-वस्तु की दृष्टि से, उच्च प्राथमिक सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ निम्न अवसर प्रदान करती हैं, विश्लेषणात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक कौशलों के विकास, राजनैतिक वास्तविकताओं से परिचय कराना, सौंदर्यबोध की संवेद-शक्तियों में वृद्धि, पढ़ने लिखने की क्षमताओं में विकास इत्यादि।
सामाजिक विज्ञान को पढ़ने का उद्देश्य मानव जाति और पृथ्वी की समझ, मानव जाति के निवास व जीवन के अन्य रूपों को विकसीत करना है।

52. Which of the following is a misconception about social science as a subject?
एक विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी एक भ्रान्त धारणा है?

(a) Social Science provides opportunity to develop informed ways of looking at the contemporary world./ सामाजिक विज्ञान समकालीन विश्व के बारे में जानकर तरीके से देखने के अवसर उपलब्ध कराता है।
(b) Social Science enables learners to critically observe and analyze the issues and processes around them./ सामाजिक विज्ञान शिक्षार्थियों को मुद्दों तथा अपने चारों ओर की प्रक्रियाओं का समालोचनात्मक अवलोकन तथा विश्लेषण करने के लिए समर्थ बनाता है।
(c) Social science is a boxful of general knowledge facts to be learnt by rote./ सामाजिक विज्ञान रटंत के द्वारा सीखने के लिए सामान्य ज्ञान के तथ्यों से भरा बक्सा (बॉक्स) है।
(d) Social science helps students empathies with the people's struggle for justice equality and dignity./ सामाजिक ज्ञान न्याय, समानता तथा सम्मान के लिए लोगों के संघर्ष के प्रति विद्यार्थियों को समानुभूति में सहायता करता है।

Ans. (c) : भ्रान्त धारणा :- भ्रान्त धारणा एक ऐसी स्थिति को दर्शाता है जो पूर्वाग्रहित सोच पर आधारित होता है जबकि वर्तमान समय में वास्तविकता कुछ और ही होता है। चाहे वो किसी भी विषय विशेष के बारे में आधारित हो।
प्रश्नानुसार, ''सामाजिक विज्ञान रटंत के द्वारा सीखने के लिए सामान्य ज्ञान के तथ्यों से भरा (बॉक्स) है।'' यह तथ्य सामाजिक विज्ञान विषय के रूप में एक भ्रान्त धारणा है। जबकि वास्तविकता यह है कि रटंत के द्वारा सीखने से व्यक्ति के पास सीमित समय तक उस तथ्य/ज्ञान की सीमित जानकारी होती है। जो यह सीखने में हानि को दर्शाता है।

53. If any issue leads to contentious discussion within the classroom, then what is expected from a teacher to do in such a situation?
यदि कोई विवादित चर्चा कक्षा में सतत चलती रहे तो अध्यापक को इस परिस्थिति में क्या करना चाहिए-

A. Teacher should silence all the students and defer the discussion for next time.
अध्यापक को सब को चुप करा देना चाहिए और चर्चा को टाल देना चाहिए।

B. Teacher should set respectful rules for discussing such issues.
अध्यापक को ऐसी चर्चा के लिए सम्मान पूर्वक नियम निर्धारित करने चाहिए।

C. Teacher should ensure that no child feels left out from the discussion.
अध्यापक को चाहिए कि देखे कोई छात्र चर्चा में भाग लेने से वंचित न रह जाए।

Choose the correct option./सही विकल्प को चुनें-

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and B/ A और B

(c) A and C/ A और C
(d) B and C/ B और C

Ans. (d) : अध्यापक अपनी कक्षा में कोई विवादित चर्चा करे तो इस परिस्थिति में अध्यापक को ऐसी चर्चा करने के लिए सम्मानपूर्वक नियम निर्धारित करना चाहिए तथा देखे की कोई छात्र चर्चा में भाग लेने से वंचित न रह जाय। जब हम समय निर्धारित करेंगे और सभी बच्चे आयेंगे तो सभी बच्चे अपने अध्यापक द्वारा दिये जा रहे चर्चाओं को ध्यान से सुनेंगे तथा उस चर्चा पर बालक के अन्दर जो भी बातें आयेंगी पर अपनी बातों को अध्यापक के सामने अभिव्यक्त करेगा।

54. Consider the statements A and B and correct option.
निम्न कथनों A तथा B पर विचार करें और सही विकल्प चुनें।

Statement A: A secondary source could become a primary source depending on your research question.
कथन A- शोध प्रश्न के आधार पर एक द्वितीयक स्त्रोत, प्राथमिक स्त्रोत बन सकता है।

Statement B: If you are researching the cause of the National movement, a documentary about the National movement will be secondary source. But if you are researching about filmmaking techniques used in historical documentaries then it will be a primary source.
कथन B- राष्ट्रीय आन्दोलन पर शोध करते हुए, एक राष्ट्रीय आन्दोलन संबंधित वृत्त-चित्र द्वितीयक स्त्रोत होगा परन्तु ऐतिहासिक वृत्त चित्रों के निर्माण में प्रयुक्त तकनीक पर शोध में यह प्राथमिक स्त्रोत होगा।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A./ A और B दोनों सही हैं और B सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A./ A और B दोनों सही हैं लेकिन B सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true but B is false./ A सही है लेकिन B गलत हैं।
(d) Both A and B are false./ A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : शोध प्रश्न के आधार पर एक द्वितीयक स्त्रोत प्राथमिक स्त्रोत बन सकता है। जो इस पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग कैसे किया जाता है। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय आन्दोलन पर शोध करते हुए एक राष्ट्रीय आन्दोलन संबंधित वृत्त-चित्र द्वितीयक स्त्रोत होगा परन्तु ऐतिहासिक वृत्त चित्रों के निर्माण में प्रयुक्त तकनीकि पर शोध में यह प्राथमिक स्त्रोत होगा।

55. A teacher in Delhi wants her students to find out about the life of people in Sahara Desert. What task/tasks could she give her students for this?
दिल्ली में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को सहारा मरूस्थल में रहने वाले लोगों के जीवन को जानने के लिए निर्देश देना चाहती हैं। उसे निम्न में से कौन-कौन से कार्य अपने विद्यार्थियों को देने चाहिए?

A. Prepare a project based on secondary sources
द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित परियोजना कार्य
B. make field visit/क्षेत्र-भ्रमण करना
C. Show a documentary on Sahara Desert
सहारा मरूस्थल पर एक चलचित्र (डॉक्यूमेंट्री) दिखाना।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and B/ A तथा B दोनों
(b) B and C/ B तथा C दोनों
(c) A and C/ A तथा C दोनों
(d) Only A/ केवल A

Ans. (c) : शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को सहारा मरुस्थल में रहने वाले लोगों के जीवन को जानने के लिए निर्देश देना चाहती है तो शिक्षिका विद्यार्थियों को सहारा मरुस्थल पर एक चलचित्र (डाक्यूमेंट्री) दिखायेगी और द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित परियोजना कार्य करने के लिए कहेगी। जिससे विद्यार्थी सहारा मरुस्थल में रहने वाले लोगों के जीवन को समझ सकेगें।

56. Which of the following is <u>not generally</u> included in assessment rubric?
निम्नलिखित में से कौन-सा रूबरिक आकलन में सामान्यतः सम्मिलित <u>नहीं</u> हैं?

(a) Performance criteria/ प्रदर्शन मानक
(b) Rating scale/ वर्ग पैमाना
(c) Performance indicators/ प्रदर्शन संकेतक
(d) List of tasks completed/ पूर्ण किए गए कार्यों की सूची

Ans. (d) : रूबरिक आकलन में पूर्ण किये गये कार्यों की सूची को सम्मिलित नही किया जाता है जबकि प्रदर्शन संकेतक, वर्ग पैमाना तथा प्रदर्शन मानक सम्मिलित किया जाता है। अमेरिका शिक्षा शब्दावली में रूबरिक एक स्कोर गाइड है जिसका उपयोग छात्रों की निर्मित प्रतिक्रियाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। सीधे शब्दों में कहें, यह ग्रेडिंग असाइनमेंट के लिए मानदंडों का एक सेट है। रूबरिक में आमतौर पर मूल्यांकन मानदंड, उपलब्धि के विशेष स्तरों पर उन मानदण्डों के लिए गुणवत्ता परिभाषाएं और एक स्कोरिंग रणनीति शामिल होती है।

57. Which of the following is true about the portfolio assessment?
निम्नलिखित में से कौन-सा पोर्टफोलियो आकलन के बारे में सत्य है?

A. It is one of the advanced varieties of norm-referenced tests
यह मानक संदर्भित परीक्षणों का एक उच्च प्रकार है।
B. Contains a student's self selected samples of work done in a curricular area
इसमें विद्यार्थियों द्वारा पाठ्यचर्या क्षेत्र में किए गए कार्यों के स्वयं चयनित नमूने समाहित होते हैं।

C. **Contains subject-teacher's selection of work samples by a student in a curricular area**
इसमें पाठ्यचर्या क्षेत्र में एक छात्र द्वारा किए गए काम के प्रतिदर्शों/नमूनों का विषय शिक्षक द्वारा चयन होता है।

D. **Contains a student's self selected samples to indicate progress achieved in a curricular area**
इसमें पाठ्यचर्या क्षेत्र में प्राप्त प्रगति को दर्शाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा स्वयं चयनित नमूने समाहित होते हैं।

E. **It is used by schools for certification of students**
यह विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) के लिए प्रयोग की जाती है।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) A, B, C and E/ A, B, C तथा E
(b) B, C, D and E/ B, C, D तथा E
(c) B, D and E/ B, D तथा E
(d) C, D and E/ C, D तथा E

Ans. (c) : पोर्टफोलियो आकलन में विद्यार्थियों द्वारा पाठ्यचर्या क्षेत्र में किए गए कार्यों के स्वयं चयनित नमूने समाहित होते है तथा पाठ्यचर्या क्षेत्र में प्राप्त प्रगति को दर्शाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा स्वयं चयनित नमूने समाहित होते है। यह विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) के लिए प्रयोग की जाती है। यह आपके द्वारा सीखे गये कार्यों का एक प्रमाणिक प्रतिनिधित्व है और यह आपके वर्तमान ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए है।

58. Which assessment frameworks provides(s) learners a sense of accomplishment and help(s) them to know where they are and where they need to be and requires sharing of their progress at regular intervals?
कौन-सी आकलन की रूपरेखा शिक्षार्थियों को उपलब्धियों की अनुभूति प्रदान करती है एवं उनकी सहायता करती है यह जानने में कि वे कहाँ हैं और वे कहाँ पहँचना चाहते हैं तथा उनकों नियमित अंतराल पर अपनी प्रगति साझा करने की जरूरत है?

A. **Assessment of Learning**
अधिगम का आकलन

B. **Assessment for Learning**
अधिगम के लिए आकलन

C. **Assessment as Learning**
अधिगम की तरह आकलन

D. **Summative Assessment**
योगात्मक सारांशित आकलन

E. **Formative Assessment/ रचनात्मक आकलन**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) A and C/ A और C (d) C and E/ C और E

Ans. (c) : अधिगम का आकलन तथा अधिगम की तरह आकलन की रूपरेखा शिक्षार्थियों को उपलब्धियों की अनुभूति प्रदान करती है एवं उनकी सहायता करती है यह जानने में कि वे कहाँ हैं और वे कहाँ पहुचना चाहते हैं तथा उनको नियमित अंतराल पर अपनी प्रगति साझा करने की जरूरत है। अधिगम का आकलन में सीखी गयी प्रक्रिया को बच्चा कितना सीखा है। इससे हम बच्चे के सीखे हुए ज्ञान को, बच्चे के अन्दर सृजन किया गया ज्ञान को मापते है।

59. Which cognitive domain is assessed in the question, 'Examine the similarities and differences in the teaching of Buddhism and Jainism'?
'बुद्ध मत और जैन मत की समानताओं और असमानताओं की जाँच करें'? यह प्रश्न किस संज्ञानात्मक आयाम का आकलन करता है?

(a) Remember/ स्मृति
(b) Understand/ अवबोध
(c) Analyze/ विश्लेषण
(d) Create/ सृजन

Ans. (c) : बुद्ध मत और जैन मत की समानताओं और असमानताओं की जाँच करें? यह प्रश्न विश्लेषण संज्ञानात्मक आयाम का आकलन करता है। विश्लेषण शब्द का अर्थ है - किसी समस्या को हल करने के लिए उसे टुकड़ों बांटना, इकट्ठी की गई वस्तु के भागों को अलग-अलग करके उनका परीक्षण करना विश्लेषण कहलाता है। यह एक अनुसंधान की विधि है। जिसमें जटिल से सरल, अज्ञात से ज्ञात तथा निष्कर्ष से अनुमान की ओर बढ़ते है।

60. A social science teacher assigns students the task of writing a short essay on 'The Great Bengal Famine'. After the students have completed the task, she asks each one to examine their essay by verifying and comparing it using a given criteria. What assessment strategy is the teacher using here?
एक सामाजिक विज्ञान अध्यापिका छात्राओं को बंगाल दुर्भित (अकाल) पर लघु निबंध लिखने के लिए कहती है। कार्य पूर्ति उपरान्त वे उन्हें दिए गए पैमानों से अपने निबंध की तुलना और सत्यापित करने के लिए कहती है। वह किस आकलन विधि का प्रयोग कर रही हैं?

(a) Peer assessment/ सह-आयुवर्ग (पीयर) मापन
(b) Self assessment/ स्व-मापन
(c) Portfolio assessment/ पोर्टफोलियो मापन
(d) Group assessment/ समूह-आकलन

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने छात्राओं को बंगाल दुर्भिक्ष (अकाल) पर लघु निबंध लिखने के लिए कहती है। कार्य पूर्ति उपरान्त वे उन्हे दिए गए पैमानों से अपने निबंध की तुलना और सत्यापित करने के लिए कहती है। वह स्व-मापन आकलन विधि का प्रयोग कर रही है। स्व-मापन अपने आप को अध्ययन के क्षेत्र में जानने के आकलन को कहते हैं कि मेरे अन्दर कितना ज्ञान है और उस सब्जेक्ट के आधार पर मैने क्या ज्ञान प्राप्त किया इसी के लिए लिखित रूप में कहाँ-कहाँ तैयार किया जाता है। उसी को स्व-मापन कहते है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 24 दिसंबर, 2021)

1. The term 'bandagan' was used in the medieval times for whom?
''बन्दगाँ'' शब्द को मध्ययुगीन काल में किसके लिए इस्तेमाल किया गया?

(a) Nobles/कुलीन (प्रभावशाली)
(b) Governors/गवर्नर
(c) Slaves/गुलामों
(d) Aristocrats/आभिजात वर्गीय

Ans. (c) : 'बन्दगाँ' शब्द को मध्ययुगीन काल में गुलामों के लिए इस्तेमाल किया गया। दिल्ली-सल्तनत जैसे विशाल साम्राज्य के समेकन के लिये विश्वसनीय सूबेदारों तथा प्रशासकों की जरूरत थी। दिल्ली के आरम्भिक सुल्तान विशेषकर इल्तुतमिश, ने सामंतों और जमींदारों के स्थान पर अपने विशेष गुलामों को सूबेदार नियुक्ति करना अधिक पसंद करते थे। इन गुलामों को फारसी में 'बंदगाँ' कहा जाता था तथा इन्हें सैनिक सेवा के लिए खरीदा जाता था। ये राज्य के कुछ बहुत ही महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर काम करने के लिये बड़ी सावधानी से प्रशिक्षित किया जाता था। वे पूरी तरह अपने मालिक पर निर्भर होते थे, इसलिये सुल्तान भी विश्वास करके उन पर निर्भर हो सकते थे।

2. How have we come to know about the first farmers and herders?
हमें आरंभिक कृषकों व पशुपालकों के बारे में कैसे पता चला?

A. We have written records of that times. /हमारे पास उस समय का लिखित रिकार्ड है।
B. We have evidence of grains and animal bones./ हमारे पास अनाजों और जानवरों की हड्डियों के साक्ष्य हैं।

(a) Only A/केवल (A)
(b) Only B/केवल (B)
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (b) : हमें आरंभिक कृषकों व पशुपालकों के बारे में जानकारी अनाजों और जानवरों की हड्डियों के साक्ष्य से पता चला है। इन साक्ष्यों से पुरातत्वविदों को कृषकों और पशुपालकों के होने के साक्ष्य मिले हैं, ये पूरे उपमहाद्वीप में पाए गए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण पश्चिमोत्तर क्षेत्र में, आधुनिक कश्मीर में और पूर्वी तथा दक्षिण भारत में पाए गए है। वास्तव में ये स्थान कृषकों और पशुपालकों की बस्तियाँ थी या नही इसे जाँचने के लिये वैज्ञानिक खुदाई में मिले पौधों और पशुओं की हड्डियों के नखूनों का अध्ययन करते हैं। उपमहाद्वीप के भिन्न - भिन्न इलाकों में गेहूँ, जौ और धान प्राकृतिक रूप से उगने लगे थे बाद में महिलाओं-पुरुषों ने इसे इकट्ठा किया। साथ ही वे यह भी सीखने लगे होंगे कि यह अनाज कहा उगते थे और कब पककर तैयार होते थे। इसके पश्चात वे स्वमं कृषि करना सीख गये।

3. Consider the following statements about Ain-i-Akbari and choose the correct option.
आइने-अकबरी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) It was writtern by Abul Fazl.
यह अबुल फ़ज़ल द्वारा लिखा गया है।
(B) It has rich statistical details about crops, prices, revenues and wages etc./इसमें विभिन्न प्रकार की चीज़ों फसलों, कीमतों,राजस्व और मजदूरी वगैरह का सांख्यिकीय विवरण है।
(C) It deals with details of Akbar's ancestors.
यह अकबर के पूर्वजों का विवरण देती है।

(a) (A) and (B) are true./ (A) और (B) सही हैं
(b) (B) and (C) are true./(B) और (C) सही हैं
(c) (A) and (C) are true./(A) और (C) सही हैं
(d) (A), (B) and (C) are true.
(A), (B)और (C) सही हैं

Ans. (a) : आइने-अकबरी अबुज फजल द्वारा लिखा गया है। इसमें विभिन्न प्रकार की चीजों-फसलों, पैदावार, कीमतों, मजदूरी और राजस्व का सांख्यिकीय विवरण दिया गया है। जो आइने-अकबरी से सम्बन्धित है। अकबर ने अपने करीबी मित्र और दरबारी इतिहासकार अबुल फज़ल को आदेश दिया कि वह उसके शासनकाल का इतिहास लिखे। अबुल फजल ने यह इतिहास तीन जिल्दों में लिखा और इसका शीर्षक 'अकबर नामा' है। जिसमें से तीसरी जिल्द है आइने-अकबरी इसमें अकबर के प्रशासन, घराने, सेना, राजस्व और साम्राज्य के भूगोल का ब्यौरा मिलता है। अबुल-फजल के अनुसार साम्राज्य कई प्रांतों में बँटा था। जिसे सूबा कहा जाता था।

4. Which of the following statements is correct about iqtadar and jogirder?
इक्तादार और जागीदारों के विषय में कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. These titles were given to military commanders of specific territories during Delhi Sultanate and Mughal Rule respectively./ये पद विशिष्ट क्षेत्रों के नायकों/सैनिक को क्रमशः दिल्ली सल्तनत और मुगल शासन में दिये जाते थे।
B. They resided in and administered their lands called iqta and Jagir respectively./ वे अपनी भूमि क्षेत्र जिसे क्रमशः इक़्ता और जागीर कहते थे, वहाँ रहकर, वहाँ का प्रशासन चलाते थे।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/दोनों A तथा B
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (a) : इक्तादार और जागीरदारों के पद विशिष्ट क्षेत्रों के नायकों/सैनिक को क्रमशः दिल्ली सल्तनत और मुगल शासन में दिये जाते थे। खिलजी और तुगलक शासकों ने भी सेनानायकों को भिन्न-भिन्न आकार के इलाकों में सूबेदार के रूप में नियुक्ति किया। ये इलाके इक्ता कहलाते थे और इन्हें संभालने वाले अधिकारी इक्तादार या मुक्ती कहे जाते थे। मुक्ती का फर्ज था सैनिक अभियानों का नेतृत्व करना और अपने इक्तों में कानून और व्यवस्था बनाए रखना। सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी और मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में नौकरी के इन कठोर नियमों में बड़ी सख्ती से पालन होता था तथा इस बात का ध्यान रखा जाता था कि मुक्ती राज्य द्वारा निर्धारित कर ही वसूले और तय संख्या के अनुसार सैनिक रखे।

5. Match the following and choose the correct options./ मिलान करें।

A.	William Jones/ विलियम जोन्स	i.	Promotion of English/ अंग्रेजी भाषा का प्रसार
B.	Rabindra Nath Tagore/ रबिन्द्रनाथ टैगोर	ii.	Respect for ancient culture / प्राचीन संस्कृति का सम्मान
C.	Mahatma Gandhi/ महात्मा गांधी	iii.	Critical of English Education/ अंग्रेजी शिक्षा के आलोचक
D.	Thomas Macauly/ थामस मैकाले	iv.	Learning in a natural environment/ प्राकृतिक वातावरण में सीखना

(a) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(b) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
(c) A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
(d) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)

Ans. (a) : सही मिलान इस प्रकार हैं–
(A) विलियम जोन्स – प्राचीन संस्कृति का सम्मान
(B) रबिन्द्रनाथ टैगोर– प्राकृतिक वातावरण में सीखना
(C) महात्मा गांधी – अंग्रेजी शिक्षा के आलोचक
(D) थामस मैकाले – अंग्रेजी भाषा का प्रसार
उन्नीवसीं सदी के प्रारम्भ से ही अंग्रेज अफसरों द्वारा शिक्षा के प्राच्यवादी दृष्टिकोण की आलोचना करना प्रारम्भ कर दिया। उनका कहना था कि पूर्वी समाज का ज्ञान त्रुटियों से भरा हुआ और अवैज्ञानिक है। इसलिये उन्होंने सुझाव दिया कि अंग्रेजों को अरबी और संस्कृत भाषा व साहित्य के अध्ययन को बढ़ावा देने पर इतना खर्चा नहीं करना चाहिए।

6. Read the statements A and B choose the correct option.
कथन (A) व (B) को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

Statement (A): Ashoka's Dhamma stressed upon worship of a god.
कथन (A) : अशोक का 'धम्म' ईश्वर की पूजा पर बल देता था।

Statement (B): Ashoka's Dhamma was inspired by the teachings of the Buddha.
कथन (B) : अशोक का 'धम्म' बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित था।

(a) Both, (A) and (B) are true
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(d) Only (B) is true/केवल (B) सही है।

Ans. (d) : अशोक का धम्म बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित था। उन्हें लगता था कि जैसे पिता अपने बच्चों को अच्छे व्यवहार की शिक्षा देते हैं वैसे ही यह उनका कर्तव्य था कि अपनी प्रजा को निर्देश दें। वे बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित हुए थे। ऐसी कई समस्याएँ थी जिनके लिये उनमें संवेदना थी। उनके साम्राज्य में अलग-अलग धर्मों को मानने वाले लोग थे और इसमें कई बार टकराव पैदा हो जाता था। जानवरों की बलि चढ़ाई जाती थी। दासों और नौकरों के साथ क्रूर व्यवहार किया जाता था। इनके अलावा परिवार व पड़ोसियों के बीच झगड़े होते रहते थे। अशोक ने यह महसूस किया कि इन समस्याओं का निदान उनका कर्तव्य है। इसीलिये उन्होंने धम्म-महामात्य नाम के अधिकारियों की नियुक्ति की जो जगह-जगह जाकर धम्म की शिक्षा देते थे।

7. Consider the following statements about colonialism in India and choose the correct option.
औपनिवेशिक भारत के सन्दर्भ में इन वक्तव्यों पर विचार करें और सही विकल्प ढूँढें-

(A) The British decided to establish forest villages for the welfare of the tribals./अंग्रेजों ने जनजातियों के कल्याण के लिए वनों में गाँव बसाने का निर्णय लिया।

(B) Colonial officials allowed jhum cultivators to cultivate on patches of land in forest on the condition that they would have to provide labour to the forest department./औपनिवेशिक अधिकारियों ने जनजातियों को इस शर्त पर कि वे वन-विभाग के लिए श्रमिकों के रूप में काम करेंगे, वनों में कुछ टुकड़े भूमि पर झूम खेती की अनुमति दी।

(a) (A) is true, (B) is false.
(A) सत्य और (B) असत्य हैं।
(b) (A) is false, (B) is true.
(A) असत्य और (B) सत्य हैं।
(c) Both (A) and (B) are true.
(A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(d) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों असत्य हैं।

Ans. (b) : औपनिवेशिक भारत के सन्दर्भ में अंग्रेजों ने जनजातियों के कल्याण के लिये वनों में गाँव बसाने का निर्णय नहीं लिया। इस प्रकार यह कथन (A) असत्य है। औपनिवेशिक अधिकारियों ने जनजातियों को इस शर्त पर झूम काश्तकारों को जंगल में जमीन के छोटे टुकड़े दिये जाएँगे और उन्हें वहाँ खेती करने की भी छूट होगी। बशर्ते गाँवों में रहने वालों को वन विभाग के लिये मजदूरी करनी होगी और जंगलों की देखभाल करनी होगी। इस तरह बहुत सारे इलाकों में वन विभाग ने सस्ते श्रम की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिय वन कानून बना दिये गये और इन नियमों का विरोध किया गया। इस प्रकार कथन (B) सत्य है।

8. Read the two statements given below on tribal goups in 19th century and choose the correct option:
19वीं शताब्दी के आदिवासी समूहों के बारे में निम्नलिखित दो कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें-

A. They practiced jhum cultivation, hunting animals and gathering forest produce./ वे झूम की खेती करते थे, जानवरों का शिकार करते थे और वन्य उत्पादों को इकट्ठा करते थे।

B. They practiced settled cultivation, herding and rearing animal./ वे एक जगह खेती करते थे। जानवरों का पालन और पोषण करते थे।

(a) Only A/केवल (A)
(b) Only B/केवल (B)
(c) Both A and B/(A) और (B) दोनों
(d) Neither A nor B/(A)और (B) कोई भी नहीं

Ans. (c) : 19वीं शताब्दी के आदिवासी समूहों के बारे में सही विकल्पों के अनुसार, वे झूम की खेती करते थे, जानवरों का शिकार करते थे और वन्य उत्पादों को इकट्ठा करते थे। कुछ जनजातीय कबीले एक जगह टिककर खेती करते थे तथा जानवरों का पालन पोषण करते थे। इस प्रकार दोनों कथन (A) और (B) सही है। ब्रिटिश अफसरों को गोंड और संथाल जैसी जनजातियाँ एक जगह ठहरकर रहने वाले आदिवासी समूह शिकारी संग्राहक या घुमंतू खेती करने वाले के मुकाबले ज्यादा सभ्य दिखाई देते थे। जंगलों में रहने वाले को जंगली और बर्बर माना जाता था। अंग्रेजों को लगता था कि उन्हें स्थायी रूप से एक जगह बसाना और सभ्य बनाना जरूरी है।
नोट-बेवड़ म.प्र. में घुमंतू खेती के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द।

9. Match the caste reform movements to their place of formation:
सुधार आंदोलन को उनके उद्गम स्थान से मिलान करें-

A.	**Veda Samaj/ वेद समाज**	**(i)**	**Lahore/ लाहौर**
B.	**Prarthana Samaj प्रार्थना समाज**	**(ii)**	**Madras/ मद्रास**
C.	**Singh Sabha सिहँ सभा**	**(iii)**	**Bombay बम्बई**

Choose the correct options.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A-(iii), B-(ii), C-(i) (b) A-(ii), B-(i), C-(iii)
(c) A-(ii), B-(iii), C-(i) (d) A-(i), B-(ii), C-(iii)

Ans. (c) सुधार आन्दोलन एवं उनके उद्गम स्थान का सुमेलित मिलान इस प्रकार से हैं–
वेद समाज- इसकी स्थापना 1864 ई0 में मद्रास में के. श्री. धरालू नायडू द्वारा की गयी थी। यह समाज ब्रह्म समाज से प्रेरित था। वेद समाज ने जातीय भेदभाव को समाप्त करने और विधवा विवाह तथा महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये काम किया। वेद समाज को ''दक्षिण भारत का ब्रह्म समाज'' कहा जाता है।
प्रार्थना समाज- इसकी स्थापना 1867 ई0 में बम्बई में श्री आत्माराम पाण्डुरंग द्वारा की गयी। इस समाज ने जातीय बन्धनों को समाप्त करने और बाल-विवाह के उन्मूलन के लिये प्रयास किया तथा महिलाओं की शिक्षा तथा विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया।
सिहँ सभा- इसकी स्थापना 1873 ई0 में ठाकुर सिंह और ज्ञानी ज्ञान सिंह के नेतृत्व में यह अमृतसर से शुरू हुयी थी। बाद में 1879 में लाहौर में भी सिहँ सभा का गठन किया गया। इन सभाओं का उद्देश्य सिख धर्म में सुधार लाना था तथा साथ ही सभी तरह से अंधविश्वासें से छुटकारा दिलाना था।

10. Which of the following statements is true in the case of social reform and caste abolition?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन सामाजिक सुधार और जातीय उन्मूलन के संदर्भ में सही है?

(a) Rammohan roy translated a Buddhist text challenging caste inequality राममोहन राय ने जातिगत असमानता को चुनौती देने वाली बुद्ध सम्प्रदाय की एक पाठ्य सामग्री का अनुवाद किया था।
(b) Singh Sabha leaders emphasised only religious teaching./सिंह सभा के नेताओं ने केवल धार्मिक शिक्षण पर बल दिया।
(c) Periyar tried to bring together ideals of all religions and salvation through spiritual practice./पेरियार ने सभी धर्मों के आदर्शों को एक साथ लाने और आध्यात्मिक अभ्यासों के द्वारा मोक्ष के लिए प्रयास किया।
(d) Many members of the Paramhans Mandali were leatherworkers./परमहंस मंडल के बहुत से सदस्य चर्मकार थे, चमड़े का कार्य करते थे।

Ans.(a) : सामाजिक सुधार और जातीय उन्मूलन के सन्दर्भ में राजाराम मोहनराय ने जातिगत असमानता को चुनौती देने वाली बुद्ध सम्प्रदाय की एक पाठ्य सामग्री का अनुवाद किया था। प्रार्थना समाज भक्ति-परम्परा का समर्थक था जिसमें सभी जातियों की आध्यात्मिक समानता पर जोर दिया गया था। जातीय उन्मूलन के लिये बम्बई में 1849-50 में परमहंस मंडली का गठन आत्माराम पाण्डुरंग ने बालकृष्ण जयकर और दादोबा पाण्डुरंग की सहायता से बम्बई में किया था। इन सुधार संगठनों के सदस्यों में से बहुत सारे ऊँची जातियों के लोग थे। गुप्त बैठकों में से सुधारक भोजन और स्पर्श जैसे मामलों में जातीय फायदे कानूनों का उल्लंघन करते थे जिससे अपने जीवन में भी जातीय पूर्वाग्रहों और बंधनों से निजात पा सके।

11. Consider the following statements A and B and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों तथा पर विचार करें।

StatementA : Henrylouis Virian Derozia's students attached tradition and custom, demanded education for women and campaigned for the freedom of thought and expression.
कथन (A) : हेनरी लुईस विवियन डेरोज़िया के विद्यार्थियों ने परम्पराओं और नीतियों का खंडन किया, उन्होंने स्त्रियों के लिए शिक्षा की माँग की और विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी के लिए अभियान चलाया।

Statement B : Henry had radical ideas and encouraged pupils to question all authority.
कथन (B) : हेनरी के विचार आमूल परिवर्तनकारी थे तथा उन्होंने अपने शिष्यों को सभी प्रकार की सत्ता पर प्रश्न उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./ (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (B) is false.
(A) सही है लेकिन (B) गलत है।

(d) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : हेनरी विवियन डेरोजिया के विद्यार्थियों ने परम्पराओं और नीतियों का खंडन किया, उन्होंने स्त्रियों की शिक्षा के लिए शिक्षा की मांग की तथा विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी के लिए के लिए अभियान चलाया। हेनरी के विचार आमूल परिवर्तनकारी थे तथा उन्होंने अपने स्त्रियों को सभी प्रकार की सत्ता पर प्रश्न उठाने के लिये प्रोत्साहित किया। डेरोजिया ने इटली के मैजिनी के यंग इटली से प्रभावित होकर यंग बंगाल संगठन बनाया तथा इसकी स्थापना कलकत्ता में की। डेरोजिया ने एंग्लो इंडियन हिन्दू एशोसिएशन बंग हित सभा, तथा डिबेटिंग क्लब की स्थापना की। यंग बंगाल आन्दोलन का मुख्य पत्र-बंगाल स्पेक्टेटर था।

12. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्न वक्तव्यों पर विचार कर सही विकल्प चुनें-

(A) The radicals criticised the moderate leaders for their emphasis on self-reliance and constructive work./आमूल परिवर्तनवादी नेता मध्यमार्गवादी नेताओं की आलोचना उनके आत्मनिर्भरता और रचनात्मक कार्यों पर जोर देने के कारण करते थे।

(B) The radicals argued that people must not rely on the 'good' intensions of the government./ आमूलपरिवर्तनवादी नेताओं का तर्क था कि लोगों को सरकार के नेक इरादों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

(C) The radicals adopted 'politics of prayers'./आमूलपरिवर्तनवादी 'निवेदन की राजनीति' में विश्वास करते थे।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सत्य है

(b) Only (B) is true/केवल (B) सत्य है

(c) Only (A) and (B) are true
केवल (A) तथा (B) सत्य हैं

(d) Only (B) and (C) are true
केवल (A) तथा (B) सत्य हैं

Ans. (b) : आमूल परिवर्तनवादी नेताओं का तर्क था कि लोगों को सरकार के नेक इरादों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। 19वीं सदी की शुरूआत से ही हमें सामाजिक रीति-रिवाजों और मूल्य मान्यताओं से सम्बन्धित बहस-मुबाहिसे और चर्वाकों का स्वरूप बदलता दिखाई देता है। परिवर्तनकारी, नेतृत्व का एक सिद्धान्त है जहाँ एक नेता आवश्यक परिवर्तन की पहचान करने प्रभाव, प्रेरणा के माध्यम से परिवर्तन का मार्गदर्शन करने और समूह के प्रतिबद्ध सदस्यों के साथ मिलकर परिवर्तन को क्रियान्वित करने के लिये अपने तत्काल स्वार्थ से परे टीमों या अनुयायियों के साथ काम करता है।

13. Consider these statements about non-cooperation movement and choose the correct option.
असहयोग आन्दोलन के विषय में इन वक्तव्यों पर विचार करें, सही विकल्प चुनिए।

(A) Durig this period import of foreign cloth increased drastically/इस आन्दोलन के दौरान विदेशी कपड़ों के आयात में अत्यधिक वृद्धि हुई।

(B) During this movement British titles were surrenders and legislatures boycotted./इस आन्दोलन के दौरान ब्रिटिश प्रदत्त उपाधियों को लौटा दिया गया और विधान मंडलों का बहिष्कार किया गया।

(C) During this movement people lit public bonfires of foreign cloth./ इस आन्दोलन के दौरान विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई।

(a) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) और (B) सत्य हैं।

(b) Both (B) and (C) are true
दोनों (B) और (C) सत्य हैं।

(c) Both (A) and (C) are true
दोनों (A) और (C) सत्य हैं।

(d) Only (C) is true/केवल (C) सत्य है।

Ans. (b) : असहयोग आन्दोलन के दौरान ब्रिटिश द्वारा प्राप्त उपाधियों को लौटा दिया गया और विधानमंडलों का बहिष्कार किया गया, तथा इस आन्दोलन के दौरान विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई। गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 1 अगस्त 1920 को असहयोग आन्दोलन शुरू किया था। आर्थिक मोर्चे पर असहयोग का असर और भी ज्यादा नाटकीय रहा। शराब की दुकानों की पिकेटिंग (धरना) तथा 1921-22 के दौरान विदेशी कपड़ों का आयात आधा रह गया था।
नोट– पिकेटिंग– प्रदर्शन या विरोध का ऐसा स्वरूप जिसमें लोग किसी दुकान, फैक्ट्री या दफ्तर के भीतर जाने का रास्ता रोक लेते है।
बहिष्कार– किसी के साथ सम्पर्क रखने और जुड़ने से इनकार करना या किसी वस्तु के इस्तेमाल से इनकार करना।

14. When the Constitution of India was first adopted, the universal adult franchise was proposed above the age of____years.
भारतीय संविधान ने पहली बार ____से ऊपर की आयु के लिए सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान किया।

(a) 16 (b) 18
(c) 21 (d) 24

Ans. (c) : भारतीय संविधान में पहली बार 21 वर्ष से ऊपर की आयु के लिये सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान किया। लेकिन बाद में वर्ष 1989 में 61वें संविधान संसोधन अधिनियम के द्वारा मतदान करने की उम्र को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया। किसी भी व्यक्ति को धर्म, जाति लिंग साक्षरता अथवा संपदा इत्यादि के आधार पर कोई भेदभाव किये बिना मतदान करने का अधिकार है। देश के वृहद् आकार जनसंख्या, उच्च गरीबी, सामाजिक असमानता, अशिक्षा आदि को देखते हुये संविधान निर्माताओं द्वारा सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को संविधान में शामिल करना एक साहसिक व सराहनीय प्रयोग था। वयस्क मताधिकार लोकतंत्र को बड़ा आधार देने के साथ-साथ आम जनता के स्वामिभान में वृद्धि करता है।

15. Which is the correct sequence of planets in order of their distance from the Sun?
सूर्य से उनकी दूरी के अनुसार, ग्रहों का उचित क्रम कौन सा है?

(a) Mercury, Earth, Mars, Venus, Jupiter, Uranus, Saturn and Neptune/बुध, पृथ्वी, मंगल, शुक्र, बृहस्पति, यूरेनस, शनि तथा नेप्च्यून
(b) Mercury, Venus, Earth, Mars, Jupiter, Uranus, Saturn and Neptune /बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, यूरेनस, शनि तथा नेप्च्यून
(c) Mercury, Venus, Earth, Mars, Jupiter, Saturn, Uranus, and Neptune/बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस तथा नेप्च्यून
(d) Mercury, Earth, Mars, Venus, Jupeter, Saturn, Uranus, and Neptune/बुध, पृथ्वी, मंगल, शुक्र, बृहस्पति, शनि, यूरेनस तथा नेप्च्यून

Ans. (c) : सूर्य से उनकी दूरी के अनुसार उचित क्रम- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस (अरुण) तथा नेप्च्यून (वरुण) हैं। खगोलीय पिंडो में अपना प्रकाश एवं ऊष्मा नहीं होती है। वे तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं ऐसे पिंड ग्रह कहलाते है। पृथ्वी जिस पर हम रहते है, एक ग्रह है यह अपना सम्पूर्ण प्रकाश एवं ऊष्मा सूर्य से प्राप्त करता हैं। सूर्य एक तारा है। ग्रहों को दो भागों में बाँट कर देखा जाता है।
(i) आन्तरिक ग्रह– सूर्य के बहुत नजदीक है। ये चट्टानों से बने है इसके अन्तर्गत बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल ग्रह आते है।
(ii) बाह्य ग्रह– सूर्य से बहुत दूर है तथा बहुत बड़े आकार के है, ये गैस और तरल पदार्थों से बने हैं जो है– बृहस्पति, शनि यूरेनस, नेप्च्यून।
सौरमंडल के सभी आठ ग्रह निश्चित पथ पर सूर्य का चक्कर लगाते हैं। इनका पथ दीर्घवृत्ताकार है, जो इनकी कक्षा कहलाता है। बुध सूर्य के सबसे पास है।

16. Which longitude has been termed as standard meridian of India?
किस देशांतर को भारत के लिए मानक याम्योत्तर माना गया है।

(a) $81^0$30 W/ $81^0$30 प. (b) $81^0$30 E / $81^0$30 पू.
(c) $82^0$30 W / $82^0$30 प. (d) $82^0$30 E / $82^0$30 पू.

Ans. (d) : $82^0$30 पूर्वी देशान्तर को भारत के लिये मानक याम्योत्तर माना गया है। इस याम्योत्तर के स्थानीय समय को पूरे देश का मानक समय माना जाता है। इसे भारतीय मानक समय के नाम से भी जाना जाता है। भारत ग्रीनविच के पूर्व $82^0$30 पूर्व में स्थित है तथा यहाँ का समय ग्रीनविच समय से 5 घंटा 30 मिनट आगे हैं इसलिए जब लंदन में दोपहर के 2 बजे होंगे, तब भारत में शाम के 7:30 बजे होंगे। कुछ देशों का देशान्तरीय विस्तार अधिक होता है जिसके कारण वहाँ एक से अधिक मानक समय अपनाए गये हैं। उदाहरण के लिये रूस में 11 मानक समयों को अपनाया गया है। पृथ्वी को एक-एक घंटे वाले 24 समय क्षेत्रों में बाँटा गया है। इस प्रकार प्रत्येक समय (घण्टे) क्षेत्र 15^0 देशान्तर तक के क्षेत्र को घेरता है।

17. Consider the following pairs:
निम्न जोड़ो पर विचार करे:

(A) Conventional Symbols- Universal Language of map that can be understood by all/रूढ़ प्रतीक- मानचित्रों की एक विश्वव्यापी भाषा होती है, जिसे सभी आसानी से समझ सकते हैं।
(B) Sketch- a drawing of a small area on a large scale / रेखाचित्र- बड़े पैमाने पर छोटे क्षेत्र का आरेखण।
(C) Plan- a drawing based on memory and spot observation/खाका- एक आरेखण जो याद्दाश्त और स्थानीय प्रेक्षण पर आधारित होता है।

Which of the pairs above is/are correctly matched?
ऊपर दिए हुए जोड़ो में से कौन सा/से सही सुमेल है?

(a) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(b) (A) only/केवल (A)
(c) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(d) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)

Ans. (b) : अगर आप किसी क्षेत्र की भाषा को नही जानते है तथा आप किसी से दिशाओं के बारे में नहीं पूछ सकते तब आप इन चित्रों की सहायता के द्वारा मानचित्र से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रूढ़ प्रतीक मानचित्रों की एक विश्वव्यापी भाषा होती हैं जिसे सभी आसानी से समझ सकते हैं। इन प्रतीकों के उपयोग के संबंध में एक अन्तर्राष्ट्रीय सहमति है ये रूढ़ प्रतीक कहे जाते हैं। उदाहरण के लिये नीले रंग का प्रयोग जलाशय के लिये, भूरा रंग पर्वतों, पीला रंग पठारों को दर्शाने के लिये किया जाता है।
रेखाचित्र– यह एक आरेखण है जो पैमाने पर आधारित न होकर याददाश्त और स्थानीय प्रेक्षण पर आधारित होता है।
खाका– एक छोटे क्षेत्र का बड़े पैमाने पर खींचा गया रेखाचित्र को 'खाका' कहा जाता है।

18. Read the statements and choose the correct option:
निम्न कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion(A) Some countries have a great latitudinal extent.
अभिकथन (A): कुछ देशों का अक्षांशीय विस्तार काफी अधिक है।

Reason (R) Some countries have adopted more than one standard time.
कारण (R): कुछ देशों में एक से अधिक मानक समय अपनाए गए हैं।

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true, and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : कुछ देशों का अक्षांशीय विस्तार काफी अधिक हैं तथा कुछ देशों में एक से अधिक मानक समय अपनाए गए हैं। इस प्रकार कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की। उदाहरण के लिये रूस में 11 मानक समयों को अपनाया गया है। पृथ्वी को एक-एक घंटे वाले 24 समय क्षेत्रों में बाँटा गया है। इस प्रकार प्रत्येक समय क्षेत्र 15^0 देशान्तर तक के क्षेत्र को घेरता है। विषुवत वृत्त से ध्रुवों तक स्थित सभी समानान्तर वृत्तों को अक्षांश (समानान्तर) रेखाएँ कहा जाता है। अक्षांशों को अंश में मापा जाता है। विषुवत वृत्त शून्य अंश अक्षांश को दर्शाती है। विषुवत वृत्त के उत्तर की सभी समानांतर रेखाओं को उत्तरी अक्षांश, विषुवत वृत्त के दक्षिण स्थित सभी समानांतर रेखाओं को दक्षिणी अक्षांश कहा जाता है।

19. Match the following and choose the appropriate option.
सही विकल्प के साथ मिलान करें।

a.	Bikaner/बीकानेर	(i)	Humid/आर्द्र
b.	Mumbai/मुम्बई	(ii)	Rainy/ वर्षा क्षेत्र
c.	Mawsynram/मौसिनराम	(iii)	Hot/गर्म
d.	Drass/द्रास	(iv)	Cold/ठंडा

(a) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)
(b) a-(iii), b-(i), c-(ii), d-(iv)
(c) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)
(d) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–
बीकानेर – गर्म
मुम्बई – आर्द्र
मासिनराम – वर्षा क्षेत्र
द्रास – ठंडा
किसी स्थान की जलवायु उसकी स्थिति, ऊँचाई, समुद्र से दूरी तथा उच्चावच पर निर्भर करती हैं। इसलिये भारत की जलवायु में क्षेत्रीय विविधता का अनुभव होता हैं। भारत की जलवायु को मोटे तौर पर मानसूनी जलवायु कहा जाता हैं। भारत की स्थिति उष्ण कटिबंध एवं उपोष्ण कटिबंध में होने के कारण अधिकतर वर्षा मानसूनी पवन से होती हैं। भारत में कृषि वर्षा पर निर्भर है। अच्छे मानसून का तात्पर्य पर्याप्त वर्षा तथा प्रचुर मात्रा में फसलों का उत्पादन है।

20. Which part of India has almost all varieties of vegetation, which we can see while moving from the equator to the polar region?
भारत के कौन से भाग में लगभग सभी प्रकार की वनस्पतियाँ पाई जाती हैं, जो भूमध्यरेखा से ध्रुव की ओर जाने पर मिलती हैं?
(a) Western Ghat/पश्चिमी घाट
(b) Eastern Ghat/पूर्वी घाट
(c) Delta Area/डेल्टा क्षेत्र
(d) Himalayas/हिमालय

Ans. (d) : भारत के हिमालयी क्षेत्र में लगभग सभी प्रकार की वनस्पतियाँ पायी जाती हैं, जो भूमध्य रेखा से ध्रुव की ओर जाने पर मिलती हैं। वनस्पति, की वृद्धि तापमान एवं नमी पर निर्भर करती हैं। इसके अलावा यह ढाल एवं मिट्टी की परत मोटाई जैसे कारकों पर भी निर्भर करती हैं। इन घटकों में अन्तर के कारण किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एवं प्रकार में भी परिवर्तन होता है। आमतौर पर प्राकृतिक वनस्पति को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।
(क) वन– जो वृक्षों के लिये उपयुक्त तापमान एवं परिपूर्ण वर्षा वाले क्षेत्रों में उगते हैं।
(ख) घास स्थल– ये मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते हैं।
(ग) काँटेदार झाड़ियाँ– ये केवल शुष्क क्षेत्रों में उगती हैं।

21. Match of the following and choose the appropriate options.
मिलान करें तथा उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

a.	Weathering/ अपक्षय	(i)	Wearing away of the landscape/भू-दृश्य पर होने वाला क्षय
b.	Erosion/अपरदन	(ii)	Breaking up to the rocks/शैलों का टूटना
c.	Meanders/विसर्प	(iii)	The raised banks of rivers/नदी के उत्थित तट
d.	Levees/तटबंध	(iv)	Large bends framed by river/नदी द्वारा निर्मित बड़े मोड़

(a) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (b) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(c) a-I, b-ii, c-iv, d-iii (d) a-ii, b-I, c-iii, d-iv

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–
अपक्षय – शैलों का टूटना
अपरदन – भू-दृश्य पर होने वाला क्षय
विसर्प – नदी द्वारा निर्मित बड़े मोड़
तटबंध – नदी के उत्थित तट
अपक्षय को मौसम एवं जलवायु के कार्यों के माध्यम से शैलों के यांत्रिक विखंडन एवं रासायनिक वियोजन अपघटन के रूप में होता है। अपरदन के अन्तर्गत शैलों के मलबे की अवस्थिति एवं उनके परिवहन को सम्मिलित किया जाता है। जब नदी मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है तो वह मोड़दार मार्ग पर बहने लगती है। नदी के इन्हीं मोड़ों को विसर्प कहा जाता है। समुद्र तट तक पहुँचते-पहुँचते नदी का प्रवाह धीमा हो जाता है तथा नदी अनेक धाराओं में विभाजित हो जाती है जिन्हें वितरिका कहा जाता है। तटबंध मिट्टी तथा कंकड इत्यादि के मिश्रण से बने बाँध होते है, जो पानी के बहाव को रोकने तथा सीमित करने का कार्य करते है।

22. Identify the layer of atmosphere from the given features A and B.
नीचे दी गई A व B विशेषताओं के आधार पर वायुमंडल की परत की पहचान कीजिए।
A. Ionosphere is a part of this layer.
आयन मंडल इस परत का एक भाग है।
B. This layer helps in radio transmission.
रेडियों संचार में यह परत मदद करती है।
(a) Troposphere/क्षोभमंडल
(b) Stratosphere/समतापमंडल
(c) Mesosphere/मध्यमंडल
(d) Thermosphere/तापमंडल

Ans. (d) : तापमंडल में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता हैं। आयन मण्डल इस परत का एक भाग हैं। यह 80 से 400 किमी तक फैला है। रेडियों संचार के लिये इस परत का उपयोग होता हैं वास्तव में पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगे इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर परावर्तित कर दी जाती हैं। इस प्रकार (A) व (B) विशेषता तापमंडल की हैं। हमारा वायुमंडल पाँच परतों में विभाजित हैं जो पृथ्वी की सतह से आरम्भ होती है। ये है – (i) क्षोभमंडल (ii) समताप मंडल (iii) मध्यमंडल (iv) तापमंडल (v) बहिर्मंडल। क्षोभमंडल सबसे निचली परत है और बहिर्मंडल सबसे ऊपरी परत। हमारी पृथ्वी चारों ओर से वायु की घनी चादरों से घिरी हुयी है, जिसे वायुमंडल कहते हैं।

23. Consider the statements A and B choose the correct option.
निम्न कथनों A तथा B पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Poles are covered with snow because Insolation increases from equator to poles./ध्रुव बर्फ़ से ढके हुए हैं क्योंकि आपतन की मात्रा भूमध्यरेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ती है।

B. Poles area at higher latitude and receive slanted rays of the sun./ध्रुव उच्च अक्षांशों पर है और सूर्य की किरणें यहाँ तिरक्षी पड़ती है।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) तथा (B) सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)./ दोनों (A) तथा (B) सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (B) is false./ (A) सही है, (B) गलत है।
(d) (A) is false (B) is true./ (A) गलत है, (B) सही है।

Ans. (d): भूमध्य रेखा से ध्रूवों की ओर जाने पर सूर्यताप की मात्रा घटती जाती है। ध्रुव उच्च अक्षांशों पर हैं और सूर्य की किरणे यहाँ तिरछी पड़ती है। कर्क रेखा तथा मकर के बाद किसी भी अक्षांश पर दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ठीक ऊपर नही होता हैं। इस प्रकार उत्तरी गोलार्ध में कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव वृत्त तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखा एवं दक्षिण ध्रुव वृत्त के बीच वाले क्षेत्र का तापमान मध्यम रहता है। इसलिये इन्हें शीतोष्ण कटिबंध कहा जाता है।

उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत्त एवं उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिण ध्रुव वृत्त एवं दक्षिणी ध्रुव के बीच के क्षेत्र में ठंड बहुत होती है, क्योंकि यहाँ सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है। इसलिये शीत कटिबंध कहा जाता है।

24. Consider the following two statements about desert area:
मरुस्थल के संबंध में निम्न दो कथनों पर विचार कीजिए।

A. The cold desert Ladakh experience freezing winds and burning hot sunlight./ठंडा मरुस्थल लद्दाख बर्फीली हवाओं और तेज जलाने वाले सूर्य का ताप अनुभव करता है।

B. The hot desert Sahara may have freezing cold nights with temperature nearing zero degree./ गर्म मरुस्थल सहारा में रातें अत्यन्त ठंडी होती हैं और तापमान गिरकर लगभग जीरो डिग्री तक पहुँच जाता है।

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) is true but (B) is false
(A)सही है, किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false and (B) is true
(A)गलत है, किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true
(A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are false
(A) तथा (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (c): तापमान के आधार पर रेगिस्तान गर्म या ठंडे हो सकते हैं। ठंडा मरूस्थल लद्दाख बर्फीली हवाओं और तेज जलाने वाले सूर्य के तापमान का अनुभव करता हैं। सहारा रेगिस्तान की जलवायु अत्यधिक गर्म एवं शुष्क हैं। यहाँ की वर्षा ऋतु अल्पकाल के लिये होती हैं। यहाँ आकाश बादल रहित एवं निर्मल होता है। यहाँ नमी संचय होने की अपेक्षा तेजी से वाष्पित हो जाती हैं। दिन अविश्वसनीय रूप से गर्म होते हैं। जिससे रेत एवं नग्न चट्टानें अत्यधिक गर्म हो जाती है, इनके ताप का विकिरण होने से चारों तरफ सबकुछ गर्म हो जाता है तथा राते अत्यधिक ठंडी होती है तथा तापमान गिरकर हिमांक बिंदु लगभग 00 सेल्सियस तक पहुँच जाता है।

नोट– मरूस्थल एक शुष्क प्रदेश है। जिसकी विशेषताएँ अत्यधिक उच्च अथवा निम्न तापमान एवं विरल वनस्पति हैं।

25. Consider these following statements and choose the correct option.
इन वक्तव्यों पर विचार सही विकल्प चुनें-

(A) A population pyramid that is broader at the base indicates an expanding labour force in the future./जनसंख्या पिरामिड का चौड़ा आधार भविष्य में बढ़ती हुई श्रमिक शक्ति का संकेत देता है।

(B) A country having large number of younger children will have an economic advantage in labour market./एक देश जनसंख्या में बड़ी संख्या में छोटे बच्चों की संख्या होने से देश के लिए श्रम बाजार में आर्थिक लाभ की स्थिति होती है।

(C) The bottom of population pyramid reflects the level of deaths while top reflects the number of births./जनसंख्या पिरामिड का आधार मृत्यु-स्तर और शिखर जन्म-संख्या दर्शाता है।

(a) Only (A) and (B) area true.
केवल (A) तथा (B) सत्य हैं।
(b) Only (B) and (C) are true.
केवल (B) तथा (C) सत्य हैं।
(c) Only (A) is true./केवल (A) सत्य है।
(d) Only (B) is true./केवल (B) सत्य है।

Ans. (c) : जनसंख्या पिरामिड का चौड़ा आधार भविष्य में बढ़ती हुई श्रमिक शक्ति का संदेश देती हैं। यह पिरामिड भारत के परिप्रेक्ष्य में दृष्टिगोचर होता है। इस प्रकार की जनंसख्या में युवा सापेक्षतः अधिक हैं इसका अर्थ मजबूत और वर्तमान में बढ़ती हुयी श्रम शक्ति है। एक देश के जनसंख्या संघटन का अध्ययन करने की एक रूचिकर विधि जनसंख्या पिरामिड हैं। जिसे आयु लिंग पिरामिड भी कहते है। जनसंख्या पिरामिड एक देश में आश्रित लोगों की संख्या भी बताता है। युवा आश्रित लोग (15 वर्ष से कम आयु के) और वृद्ध आश्रित लोग (59 वर्ष से अधिक आयु के) आश्रित आयु जनसंख्या के अन्तर्गत आते हैं। कार्यरत आयु वर्ग (15-59 वर्ष) के लोगों को आर्थिक रूप से सक्रिय वर्ग में रखा गया है।

26. Consider these statements about conservation of natural vegetation and wildlife and choose the correct option.
प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन के संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

(A) Human activities in several parts on the world have disturbed the natural habits of many species./विश्व के अनेक भागों में मनुष्य ने अपने क्रियाकलापों से अनेक जातियों के प्राकृतिक आवासों में उथल-पुथल कर दी है।

(B) Species which are on the verge of extinction can be conserved by increasing awareness प्रजातियाँ जो विलुप्त होने की कगार पर हैं उनको जागरूकता बढ़ाने से संरक्षित किया जा सकता है।

(C) In india killing lions, tiger, great Indian bustards is legal./भारत में शेरों, (बाघों), भारतीय सारंग का शिकार अवैध है।

(a) Both (A) and (B) are correct
(A) और (B) दोनों सही हैं।

(b) Both (B) and (C) are correct
(B) और (C) दोनों सही हैं।

(c) Both (A) and (C) are correct
(A) और (C) दोनों सही हैं।

(d) All (A), (B) and (C) are correct
(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (a): प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन का संरक्षण के सन्दर्भ में विश्व के अनेक भागों में मनुष्य ने अपने क्रिया-कलापों से अनेक प्रजातियों के प्राकृतिक आवासों में उथल-पुथल कर दी है। और जो प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर प्रादेशिक और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने से संरक्षित किया जा सकता है। लगभग सभी देश पक्षियों और पशुओं को मारने और उनके व्यापार करने के विरुद्ध हैं। इस प्रकार प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन के संरक्षण के सन्दर्भ में (A) और (B) विकल्प सही है।

27. Consider the following statements about a crop:
एक फसल के संबंध में निम्न को पढ़िए।

(A) It is the staple diet of the tropical and sub-tropical region./यह उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय प्रदेशों का मुख्य आहार है।

(B) It needs high temperatue, high humidity and high rainfall./इसे उच्च तापमान, उच्च आर्द्रता तथा उच्च वर्षा की आवश्यकता होती है।

Choose the correct option./ सही विकल्प का चयन करें।

(a) Jowar/ज्वार (b) Rice/चावल
(c) Wheat/गेहूँ (d) Maize/मक्का

Ans. (b) : चावल उष्णकटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय प्रदेशों का मुख्य आहार है। इसके लिये उच्च तापमान उच्च आर्द्रता एवं उच्च वर्षा की आवश्यकता होती है।
गेहूँ के वर्धनकाल में मध्यम तापमान एवं वर्षा और शस्यकर्तन फसल की कटाई के समय तेज धूप की आवश्यकता होती है, इसका विकास सु-अपवाहित दोमट मृदा में सर्वोत्तम ढंग से होता है। मक्का के लिये मध्यम तापमान, वर्षा और अधिक धूप की आवश्यकता होती है। इसे सु-अपवाहित लाल मृदा की आवश्यकता होती है।
नोट– मक्का को 'कार्न' के नाम से भी जाना जाता है। विश्व में इसकी विभिन्न रंग बिरंगी प्रजातियाँ पायी जाती है।

28. Many people living in our surroundings are poor and do not have enough to eat and wear. Sometimes they do not have a place to live. This is due to_____.
हमारे आस-पास रहने वाले बहुत से लोग गरीब हैं और उनके पास खाने या पहनने के लिए पर्याप्त नहीं है। कभी-कभी उनके पास रहने के लिए जगह भी नहीं होती है। इसका कारण है-

(a) Inequality/असमानता
(b) Illiteracy/निरक्षरता
(c) Socialization/समाजीकरण
(d) Political alienation राजनीतिक अलगाव

Ans. (a) : हमारे आस-पास रहने वाले बहुत से लोग गरीब है और उनके पास खाने के लिए खाना तथा पहनने के लिये कपड़े पर्याप्त नही है। कभी-कभी उनके पास रहने के लिये जगह भी नहीं होती है। इसका सबसे प्रमुख कारण असमानता है। असमानता को आय तथा अवसरों के असमान वितरण के रूप में परिभाषित किया गया है। यह एक देश में गरीबी और लोगों में निराशा की वृद्धि का सबसे बड़ा कारण है। आर्थिक असमानता किसी व्यक्तियों के समूह, आबादी के समूहों या देशों के बीच, स्थित आर्थिक अंतर को दर्शाता है। आर्थिक असमानता आय असमानता, धन असमानता या धन अंतर को संदर्भित करती है। अर्थशास्त्री आमतौर पर आर्थिक असमानता के लिए तीन प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित है- आय, धन तथा खपत।

29. If you are teaching in a Govt school at a village in Chhattisgarh, then which of the following groups can be referred to as an example to talk about equality-inequality in the local context?
यदि आप छत्तीसगढ़ के गाँव में राजकीय विद्यालय में अध्यापन कर रहे हैं तो समानता-असमानता की चर्चा के लिए किस समूह को उदाहरण के लिए स्थानीय संदर्भ में प्रयोग करेंगे?

(a) Chenchus/चेन्चु (b) Mishmis/मिश्मी
(c) Manganiyars/मँगनीयार (d) Biagas/बैगा

Ans. (d) : यदि आप छत्तीसगढ़ के गाँव में राजकीय विद्यालय में अध्यापन कर रहे है तो समानता असमानता की चर्चा के लिये बैगा समूह को उदाहरण के लिये स्थानीय संदर्भ में प्रयोग करेंगे। जब वन उत्पाद कम पड़ जाते थे तो आदिवासियों को मजदूरी के लिये ज्यादा भटकना पड़ता था। लेकिन उनमें से बहुत सारे समुदाय जैसे मध्य भारत के बैगा औरों के लिये काम करने से कतराते थे। बैंगा खुद को जंगल की संतान मानते थे, जो केवल जंगल की उपज पर ही जिंदा रह सकते है, मजदूरी करना बैगाओं के लिये अपमान की बात है।

30. If a teacher is using the words like Lekhapal, Patwari or Kanungo, then which of the following topics she is most likely to be teaching in her class?
यदि एक अध्यापिका लेखपाल या कानूनगो जैसे शब्द प्रयोग कर रही हैं, तो वे किस अध्याय/पाठ को पढ़ा रही हैं?

(a) Police administration/पुलिस प्रशासन
(b) Panchayati Raj /पंचायती राज
(c) Maintenance of Land Records/भू-राजस्व रिकार्ड
(d) Urban administration/शहरी प्रशासन

Ans. (c) : एक अध्यापिका लेखपाल या कानूनगो जैसे शब्द का प्रयोग कर रही हैं, तो वह भू-राजस्व रिकार्ड से सम्बधित अध्याय/पाठ को पढ़ा रही हैं। गतिविधि आधारित शिक्षण, शिक्षा के लिये एक दृष्टिकोण है, जो इस विचार पर केन्द्रित है कि छात्रों को कार्यों के माध्यम से संलग्न किया जाना चाहिए। यह शिक्षण के कुछ पारम्परिक रूपों के विपरीत है। जिसमें एक शिक्षक व्याख्यान देता है और उनसे कहा जाता है कि उन्हें आत्मसात करें। गतिविधि आधारित शिक्षण में एक शिक्षक सूत्रधार का कार्य करता है और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है। मार्गदर्शन के सहारे ही बच्चा समझ पाता है कि यह विषय से सम्बन्धित हैं और प्रश्न का उत्तर देता है।

31. One of the world's worst industrial tragedies took place in Bhopal in the year 1984. The Union Corbide, an American company had a factory from where started. It was not merely an accident because.
विश्व की सबसे भयानक औद्योगिक त्रासदियों में से एक वर्ष 1984 में भोपाल में हुई थी। यूनियन कार्बाइड एक अमेरिकी कंपनी की फैक्टरी थी जिससे यह प्रारंभ हुई। यह आपदा कोई दुर्घटना नहीं थी क्योंकि-

(a) the company had not taken life insurance policies for its workers./कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए कोई जीवन बीमा पॉलिसी नहीं ली थी।
(b) the company deliberately ignored the essential safety measures in order to cut costs./कंपनी ने लागत में कटौती के लिए जान-बूझकर आवश्यक सुरक्षा उपायों की अनदेखी की।
(c) the Labour Unions had not raised issues of occupational hazards./श्रमिक संघों ने व्यावसायिक खतरों के बारे में कोई मुद्दा नहीं उठाया।
(d) There were no laws ro rights protect the lives of workers./श्रमिकों की जरूरतों और हितों की दोनों सरकार और निजी कंपनियों द्वारा अवहेलना की गई। श्रमिकों की जीवन की रक्षा के लिए कोई कानून या अधिकार नहीं थे।

Ans. (b) : विश्व की सबसे भयानक औद्योगिक त्रासदियों में से वर्ष 1984, भोपाल में घटित हुयी थी। यूनियन कार्बाइड एक अमेरिकी कंपनी की फैक्टरी थी, जिससे यह प्रारम्भ हुयी। यह आपदा कंपनी ने लागत में कटौती कर जानबूझ कर आवश्यक सुरक्षा उपायों की अनदेखी की। इस प्लांट से मिथाइल आइसोसाइनाइट (MIC) गैस का रिसाव हुआ था। इस प्लांट से हजारों लोगों की मौत हो गयी थी और लाखों लोग इससे प्रभावित हुये थे। रिसाव की घटना पूरी तरह से कंपनी की लापरवाही के कारण हुयी थी, पहले भी कई बार रिसाव की घटनाएँ हुयी थी लेकिन कम्पनी ने सुरक्षा के समुचित उपाय नहीं किये। इस घटना से बच्चों में जन्मजात विकृतियों का जन्म हुआ।

32. People engaged in fishing activity cannot go to the sea during the monsoon because_____
मानसून के दौरान मछुवारे समुद्र पर मछलियाँ पकड़ने नहीं जा सकते क्योंकि-

(A) they may fall sick due to rains
वर्षा के कारण बीमार हो सकते हैं।
(B) boats may capsize in the rains
नावें वर्षा के कारण उलट सकती हैं।
(C) this is the time when fish breed.
इस काल में मछलियाँ अंडे देती हैं।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only C/केवल C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (c) : मानसून के दौरान मछुआरे समुद्र पर मछलियाँ पकड़ने नही जाते हैं, क्योंकि इस मानूसन काल में मछलियाँ अंडे देती हैं। सबसे बड़ी मछली ह्वेल और शार्क है। व्हेल अन्य मछलियों से अलग होती है। व्हेल हमारी ही तरह से नाक से साँस लेती है। व्हेल छोटी मछली को जन्म देती है, लेकिन अन्य मछली अंडे देती है। मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जलचर जीव है तथा जलीय पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। मीठे पानी की मछली में वसा बहुत कम पायी जाती है तथा इसमें शीघ्र पचने वाला प्रोटीन होता है।

33. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option.
कथन (A) व (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन करें।

Assertion (A): Agricultural laboures migrate to cities in search of work.
कथन(A): कृषि-मजदूर काम की तलाश में शहरों में प्रवासन करते हैं।

Reasoning (R): The seasonal nature of both agricultural and factory work make it convenient for people to be engaged as both agricultural labourers and casual workers.
कथन(R): कृषि और कारखानों का काम अल्पकालिक होने के कारण कृषि-मजदूरी और अल्पकालिक कारखाने में काम करना सरल हो जाता है।

(a) Both (A) and (R) true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) true and (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : कथन (A) : कृषि-मजदूर काम की तलाश में शहरों में प्रवासन करते हैं। **कथन (R) :** कृषि और कारखानों का काम अल्पकालिक होने के कारण कृषि-मजदूरी और अल्पकालिक कारखाने में काम करना सरल हो जाता है। इस प्रकार कथन (A) सही है जबकि कथन (R) गलत हैं। 1950 के दशक के अंत में किये गये एक अध्ययन के द्वारा भारत में एक तिहाई कृषि श्रमिकों को प्रछन्न रूप से बेरोजगार दिखाया गया था। बड़ी संख्या में लोग शहरों की ओर प्रवासन करते है। और वहाँ सीमित अवधि के लिये

रहते हैं पर वर्षा ऋतु आरम्भ होते ही वे अपने गाँव लौट आते हैं। वर्षभर गाँव में रोजगार के अवसर नहीं होते हैं। ऐसी बेरोजगारी की समस्या को मौसमी बेरोजगारी कहते हैं।

34. Which of the statements is more valid about the interrelationship bwtween democracy and rights?
लोकतंत्र और अधिकारों के बीच अंतर्संबंध के बारे में कौर सा कथन अधिक मान्य है?

(a) Every democratic country gives rights to its military./प्रत्येक लोकतांत्रिक देश अपनी सेना को अधिकार देता है।
(b) Every country that gives rights to its citizens is a democracy./प्रत्येक देश जो अपने नागरिकों को अधिकार देता है वह लोकतंत्र है।
(c) Every person is given rights but not essentially./प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार दिए जाते हैं लेकिन अनिवार्य रूप से नहीं।
(d) Every country that is a democracy gives rights to its citizens./प्रत्येक देश जो लोकतंत्र है, अपने नागरिकों को अधिकार देता है।

Ans. (d) : प्रत्येक देश जो लोकतंत्र है, अपने नागरिकों को अधिकार देता है। लोकतंत्र और अधिकारों के बीच सबसे मान्य कथन हैं। संविधान की प्रस्तावना में लोकतांत्रिक शब्द का प्रयोग वृहद रूप में किया गया है, जिसमें न केवल राजनीतिक लोकतंत्र बल्कि सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र को भी शामिल किया गया हैं। मूल अधिकारों का तात्पर्य राजनीतिक लोकतंत्र के आदर्शों की उन्नति से हैं। ये अधिकार देश में व्यवस्था बनाये रखने एवं राज्य के कठोर नियमों के खिलाफ नागरिकों की आजादी की सुरक्षा करते हैं। ये विधानमंडल के कानून के क्रियान्वयन पर तानाशाही को मर्यादित करते हैं। संक्षेप में इनके प्रावधानों का उद्देश्य विधि का शासन माना हैं।

35. Which of the following is true about mass media?
निम्नलिखित में से कौन-सा जन संचार माध्यम के संदर्भ में सही है?

(a) They ensure a low cover price
वे कम मूल्य में प्रसारण सुनिश्चित करते हैं।
(b) They set agendas for deciding stories
वे कहानी तैयार करने के लिए कोई एजेंडा (मसौदा) तय करते हैं।
(c) They are owned by the poor masses
इनका स्वामित्व गरीब जनता के पास है।
(d) They earn revenues mainly though subscription/ वे ग्राहक अंशदान द्वारा अपना राजस्व प्राप्त करते हैं।

Ans. (b) : जन संचार माध्यम के सन्दर्भ में कहानी तैयार करने के लिये कोई एजेंडा (मसौदा) तय करते हैं। भारत में जन संचार के आधुनिक माध्यम जिस रूप में मौजूद है, उसकी प्रेरणा भले ही पश्चिमी जनसंचार माध्यम रहे हो लेकिन हमारे देश में भी जनसंचार माध्यमों का इतिहास काफी पुराना है। जन संचार के विभिन्न आयाम है-
1. सूचना देना।
2. विचार विमर्श के मंच।
3. एजेंडा तय करना।
4. मनोरंजन करना।
5. निगरानी करना।

36. "Indian state is secular and works in various ways to prevent the religious domination". What does the word state refers to in the above statement?
''भारतीय राज्य धर्मनिरपेक्ष है और विभिन्न प्रकार से धार्मिक भेदभाव रोकता है।'' इस वाक्य में 'राज्य' शब्द का क्या तात्पर्य है?

(a) An existential state of government affairs.
सरकार का विस्तृत कार्यक्षेत्र
(b) The elected government of a country.
देश की चुनी हुई सरकार
(c) Property owned by the Government of a country./देश की सरकार की संपत्ति
(d) Political institution of sovereign people who occupy a definite territory./संप्रभु लोगों की राजनीतिक संस्था जो निश्चित भूभाग में रहते हैं।

Ans. (d) : भारतीय राज्य धर्मनिरपेक्ष है और विभिन्न प्रकार से धार्मिक भेदभाव को रोकता है। 'इस वाक्य में 'राज्य' शब्द का तात्पर्य सम्प्रभु लोगों की राजनीतिक संस्था जो निश्चित भूभाग में रहते हैं। धर्मनिरपेक्ष शब्द को 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा जोड़ा गया। यद्यपि 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' शब्द का स्पष्ट रूप से संविधान में उल्लेख नही किया गया था तथापि इनमें कोई संदेह नही है कि संविधान के निर्माता ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे। इसलिये संविधान में अनुच्छेद 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार जोड़े गए। हमारे संविधान में धर्मनिरपेक्ष की सभी अवधारणाएँ विद्यमान है अर्थात् हमारे देश में सभी धर्म समान है और उन्हें सरकार का समर्थन प्राप्त है।

37. Indian Constitution presents domination by the majority of a minority i.e. situation where a community can enforce decisions continuously that exclude other communities and go against their interests. This refers to _____.
भारतीय संविधान अल्पसंख्यकों के बहुमत के वर्चस्व को रोकता है अर्थात ऐसी स्थितियाँ जहाँ एक समुदाय लगातार ऐसे निर्णयों को लागू कर सकता है जो अन्य समुदायों को वर्जित रखते हैं और उनके हितों के विरुद्ध जाते हैं। यह संदर्भित करता है-

(a) Intra-community domination
अंतः सामुदायिक वर्चस्व को।
(b) Inter-community domination
अंतर-सामुदायिक वर्चस्व को।
(c) Inter-population power presentation
अंतर-जनसंख्या शक्ति प्रस्तुति को।
(d) Intra-population power presentation
अंतः जनसंख्या शक्ति प्रस्तुति को

Ans. (b) : भारतीय संविधान अल्पसंख्यकों को बहुमत के वर्चस्व को रोकता है अर्थात ऐसी स्थितियाँ जहाँ एक समुदाय लगातार ऐसे निर्णयों को लागू कर सकता है जो अन्य समुदायों को वर्जित रखते है और उनके हितों के विरुद्ध आते है यह अंतर-सामुदायिक वर्चस्व को संदर्भित करता है। अल्पसंख्यकों को किसी ऐसी चीज से वंचित न किया जाए जो बहुसंख्यकों की इस निरंकुशता या दबदबे पर प्रतिबंध लगाना भी संविधान का महत्वपूर्ण कार्य है। यह दबदबा एक समुदाय द्वारा दूसरे समुदाय के ऊपर हो सकता है। जिसे अंतर-सामुदायिक वर्चस्व कहते हैं या फिर एक ही समुदाय के भीतर के कुछ लोग दूसरे को दबा सकते है जिसे अंतः सामुदायिक वर्चस्व कहते हैं।

38. Teacher asks students to provide instances of a dispute between two states to be resolved by the Supreme Court. Which of the following would be the correct instance?
अध्यापिका छात्रों से ऐसा उदाहरण पूछती है जहाँ सर्वोच्च न्यायालय ने दो राज्यों के बीच के झगड़े का निपटान किया हो। निम्न में से कौन-सा सही उदाहरण है?

(a) Dispute with respect to allocation of GST funds./G.S.T फंड का दो राज्यों में बंटवारे से सम्बंधित झगड़ा
(b) Dispite with respect to laying a railway corridor in a protected area./संरक्षित क्षेत्र में रेल मार्ग के निर्माण से सम्बंधित झगड़ा
(c) Dispute with respect to sharing of the river water./नदी जल के बंटवारे से सम्बंधित झगड़ा
(d) Dispute pertaining to property owned by a fugitive./भगोड़ों की संपत्ति से सम्बंधित झगड़ा

Ans. (c): अध्यापिका छात्रों से ऐसा उदाहरण पूछती है जहाँ सर्वोच्च न्यायालय ने दो राज्यों के बीच झगड़े का निपटान किया हो यह उदाहरण नदी जल के बटवारे से सम्बन्धित झगड़ा है। संविधान में उच्चतम न्यायालय की व्यापक शक्तियों एवं क्षेत्राधिकार को उल्लिखित किया गया है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की तरह यह न केवल संघीय न्यायालय है बल्कि यह संविधान और भारत के नागरिकों के अधिकारों का व्याख्याता एवं गारंटी भी देता हैं। इसके अलावा यह परामर्शक्षेत्री एवं सर्वोच्च शक्ति हैं। भारत में न्यायिक शक्ति एकीकृत है।

39. During the midday meal distribution in a school a group of students belonging to a Dalit community were asked to sit separately. It is a violation of their Fundamental Rights. What can they do to get justice?
विद्यालय में मिड-डे मील बाँटने के दौरान दलित समुदाय से संबंधित विद्यार्थियों के समूह को अलग बैठने के लिए कहा गया। यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। वे न्याय प्राप्त करने के लिए क्या कर सकते हैं?

(A) They can complain against the act to school authorities./ वे इस कार्य के विरुद्ध विद्यालय प्रशासन को शिकायत कर सकते हैं।
(B) They can write to the chairperson of National Commission for SCs and STs./वे एस.सी तथा एस.टी के लिए गठित राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष को शिकायत लिख सकते हैं?
(C) They can approach the court and file a case against the school administration.
वे विद्यालय प्रशासन के खिलाफ़ कोर्ट जाकर केस दाखिल कर सकते हैं।

(a) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(b) (A) and (C)/ (A) तथा (C)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)
(d) (C) and (B)/ (C) तथा (B)

Ans. (c) : विद्यालय में मिड-डे के मील बाँटने के दौरान दलित समुदाय से संबंधित विद्यार्थियों के समूह को अलग बैठने के लिए कहा गया यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, वे न्याय प्राप्त करने के लिये इस कार्य के विरुद्ध विद्यालय प्रशासन को शिकायत कर सकते है, S.C. ST के लिये गठित राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष को लिख सकते हैं और विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कोर्ट जाकर केस दाखिल कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय नागरिकों के मूल अधिकारों का रक्षक एवं गारंटी देने वाला हैं इसे इस प्रयोजन हेतु मूल और विस्तृत शक्तियाँ प्राप्त है। अधिकारों के हनन पर कोई व्यक्ति बिना अपीलीय प्रक्रिया के उच्चतम न्यायालय में जा सकता है।

40. Which of the following is an appropriate way to counter marginalization of tribals?
जनजातियों के हाशियाकरण से निपटने के लिए कौन सा तरीका उचित है?

(a) Portraying tribals as exotic/जनजातियों को अन्य स्थानिक आकर्षक रूप में चित्रित करना
(b) Presenting tribal history
जनजातीय इतिहास प्रस्तुत करना
(c) Showcasing tribals as vibrant
जनजातियों को आंदोलित (वाइब्रेंट) दर्शित करना
(d) Arranging a dance performance
उनके लिए नृत्य प्रदर्शन का आयोजन करना

Ans. (b) : जनजातियों के हशियाकरण से निपटने के लिए जनजातीय इतिहास प्रस्तुत करना सबसे उचित तरीका है। हाशियाकरण का अर्थ है कि किसी को हाशिये या किनारे पर ढकेलना। ऐसे में वह व्यक्ति समाज के मुख्य धारा में नहीं रहता है। हमारे समाज में दलित लोग इसके अन्तर्गत आते हैं। समाज के उच्च व धनी वर्ग दलित वर्ग के साथ अस्पृश्यता की भावना रखते हैं। अतः हशियाकरण का ऐतिहासिक प्रारूप अनुभव करने के बाद कहा जा सकता है कि हशियाकरण का सम्बन्ध, अभाव, पूर्वाग्रह और शक्तिहीनता के अहसास से जुड़ा है। आज भी शिक्षा का स्वरूप जातिगत भेदभावों तथा विषमताओं को दूर करने के बजाय विषमता को कोई ठीक अन्तर नहीं आया है।

41. Social constructivism in social science teaching focuses on-
सामाजिक विज्ञान शिक्षण में सामाजिक रचनावाद बल देता है:

(a) exam oriented learning
परीक्षा-आधारित अधिगम पर
(b) information oriented learning
सूचना-आधारित अधिगम पर
(c) experiential learning/प्रयोगात्मक अधिगम पर
(d) Passive learning /निष्क्रिय अधिगम पर

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण में सामाजिक रचनावाद प्रयोगात्मक अधिगम पर बल देता है। रचनावाद अधिगम के सिद्धान्तों पर बल देता है। रचनावादी दृष्टिकोण संज्ञानात्मक अधिगम से सम्बन्ध रखता है, रचनावाद अधिगम एक सक्रिय अधिगम की प्रक्रिया है। जहां ज्ञान की रचना होती है। ज्ञान की रचना वैयक्तिक अनुभवों के आधार पर होती है और परिकल्पनाओं का परीक्षण होता है। रचनावादी शिक्षक विद्यार्थियों को उन अनुभवों के लिये प्रेरित करता है, जो उनकी आरम्भिक परिकल्पना के विपरीत हो सकते है और तब परिचर्चा को प्रोत्साहन देना है। रचनावादी शिक्षक विद्यार्थियों से प्रश्न पूछने के बाद उत्तर देने के लिये पर्याप्त समय देता है।

42. I find history boring as it is all about memorizing dates. As a teacher of social science what would you emphasise to dispel such a time-related conception?
''मुझे इतिहास उबाऊ लगता है क्योंकि यह केवल तिथियों को याद करने के बारे में है''

सामाजिक विज्ञान के अध्यापक के तौर पर इस तरह की समय संबंधित अवधारणा को दूर करने के लिए आप किस पर जोर देंगे?

(a) Engage students in role play about different events/विभिन्न घटनाओं के संदर्भ में छात्रों को भूमिका अदा करने पर।

(b) Discuss how history is about people, ideas and how cultures and societies changed over counties/चर्चा करेंगे कि कैसे इतिहास लोगों, विचारों के बारे में है तथा कैसे शताब्दियों में संस्कृतियाँ और समाज बदल गए हैं।

(c) Show historical documentaries ऐतिहासिक वृत्त-चित्र दिखाएँगे।

(d) Make students understand that history is about rulers and their life histories are ought to be known./छात्रों को समझाएँगे कि इतिहास शासकों और उनके जीवन के बारे में है, जिसे जानना चाहिए।

Ans. (b) :'मुझे इतिहास उबाऊ लगता है क्योंकि यह केवल तिथियों को याद करने के बारे में है। सामाजिक विज्ञान के अध्यापक के तौर पर इस तरह की समय सम्बन्धित अवधारणा को दूर करने के लिये आप चर्चा करेंगे कि कैसे इतिहास लोगों, विचारों के बारे में है तथा कैसे शताब्दियों में संस्कृतियाँ और समाज बदल गए हैं। इतिहास में अतीत की संरचना इतिहासकार करता है। जिसकी विषय काल एवं विचारगत अपनी अवधारणा बन जाती है। इतिहास के स्वरूप विचार करने के पश्चात् इसके विषय क्षेत्र की चर्चा की जाती है। इतिहास का विषय क्षेत्र बहुत व्यापक है। इतिहासकार के कुछ मुख्य कार्य है जैसे- तथ्यों को संकल्पित करना, विश्लेषण करना आदि।

43. As a social science teacher you are preparing students to participate in a discussion on the topic 'Muslims are a marginalized community'. What are the ways in which you can assist them?

''मुस्लिम समुदाय एक हाशियाकृत समुदाय है'' इस विषय पर होने वाली एक वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों की एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में किस प्रकार सहायता करेंगे?

(a) By asking them to look at Censes of India-2011/उन्हें वर्ष 2011 की भारत की जनगणना रिपोर्ट का अवलोकरन करने के लिए कहेंगे।

(b) By asking them to read about constitutional provisions for Minorities./उन्हें संविधान में अल्पसंख्यकों के विषय में दिए गए अनुच्छेदों को पढ़ने के लिए कहेंगे।

(c) By taking them to a Muslim neighbourhood. उन्हें मुस्लिम पड़ोस में ले जाएँगे।

(d) By bringing data on Public Employment of Muslims in India to the classroom./लोकसेवाओं में मुस्लिमों की संख्या संबंधी डाटा कक्षा में लाकर।

(a) a, b and c/ a, b और c

(b) a, b and d/ a, b और d

(c) b, c and d/ b, c और d

(d) a, b, c and d/ a, b, c और d

Ans. (d) :'मुस्लिम समुदाय एक हाशियाकृत समुदाय है'' इस विषय पर होने वाली एक वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों की एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में उन्हें वर्ष-2011 की भारत की जनगणना रिपोर्ट का अवलोकन करने के लिये कहेंगे। उन्हें संविधान में अल्पसंख्यकों के विषय में दिये गये अनुच्छेदों को पढ़ने के लिये कहेंगे। उन्हें मुस्लिम, पड़ोस में ले जायेंगे और लोकसेवाओं में मुस्लिम की संख्या संबंधी डाटा कक्षा में लाकर उनकी सहायता करेंगे। मुसलमान विकास के विभिन्न संकेतकों पर पिछड़े हुए हैं। सरकार ने 2005 में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। यह समिति न्यायमूर्ति राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में बनाई गयी थी। उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने के लिये।

44. Which of the following strategies can be employed by a teacher to introduce and explain the topic of "New Religious Development in Northern India from Thirteenth century onwards," at an elementary level:

''प्रारम्भिक स्तर पर तेरहवीं शताब्दी से उत्तरी भारत में नए धार्मिक विकास'' विषय का परिचय देने तथा व्याख्या करने के लिए शिक्षिका द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी युक्तियाँ लगाई/अपनाई जा सकती है?

(a) The teacher can sing a Nirgun bhajan. शिक्षिका निर्गुण भजन गा सकती है

(b) The teacher can play the recording of Shabad Keertan/शिक्षिका शबद कीर्तन की रिकार्डिंग चला सकती है

(c) The teacher can recite chaupai from Ramcharit Manas/शिक्षिका रामचरितमानस की चौपाई गा सकती है

(d) She can take her students to visit Namghars. वह विद्यार्थियों को नामघर घुमाने ले जा सकती है

(a) a,b,c and d/ a,b,c और d

(b) a, b and c/ a, b और c

(c) a, b and d/ a, b और d

(d) b, c and d/ b, c और c

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर तेरहवीं शताब्दी से उत्तरी भारत में नये धार्मिक विकास' विषय का परिचय देने तथा व्याख्या करने के लिए शिक्षिका द्वारा अपनाई गयी विधि जिसके अन्तर्गत शिक्षिका निर्गुण भजन गा सकती है, शबद कीर्तन की रिकार्डिंग सुना सकती है तथा शिक्षिका रामचरितमानस की चौपाई गा सकती है।

तेरहवीं सदी के बाद उत्तरी भारत में भक्ति आन्दोलन की एक नई लहर आयी। यह एक ऐसा युग था, जब इस्लाम, ब्राह्मणवादी हिन्दू धर्म, सूफीमत, भक्ति की विभिन्न धाराओं ने नाथपंथिओं, सिद्धों तथा योगियों ने परस्पर एक-दूसरे को प्रभावित किया। उनमें से कबीर और गुरूनानक जैसे कुछ सन्तों ने सभी आडम्बरपूर्ण रूढ़िवादी धर्मों को अस्वीकार कर दिया।

45. While teaching 'Industries and their funciton' a teacher has shown a series of photographs of waste drainage into river followed by discussion The Intention of teacher is to

''उद्योग और उसके प्रकार्य'' के शिक्षण के समय अध्यापक ने नदियों में अपशिष्ट के निकास के चित्र दिखाए एवं उसके बाद चर्चा की। अध्यापक का उद्देश्य है:

(A) strengthen the concept of industry
उद्योगों की संकल्पना को सुदृढ़ करना
(B) understand the drainage system of factories.
उद्योगों की निकास व्यवस्था को समझाना
(C) understand the waste management.
अपशिष्ट के प्रबंधन को समझाना
(D) make sensitive towards pollution.
प्रदूषण के प्रति संवेदनशील बनाना
(a) A,B and C/ A,B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (d) : 'उद्योग और उनके प्रकार्य' के शिक्षण के समय अध्यापक ने नदियों में अपशिष्ट के विकास के चित्र दिखाए एवं उसके बाद चर्चा की अध्यापक का उद्देश्य, उद्योग की संकल्पना को सुदृढ़ करना, उद्योगों की निकास व्यवस्था को समझाना तथा प्रदूषण के प्रति संवेदनशील बनाना है। उद्योगों का सम्बन्ध आर्थिक गतिविधि से हैं जो कि वस्तुओं के उत्पादन, खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं की व्यवस्था से है। कच्चा माल के उपयोग के आधार पर उद्योग कृषि आधारित, खनिज आधारित, समुद्र आधारित तथा वन आधारित हो सकते है।
नोट–उभरते हुये उद्योग को 'सनराइज उद्योग' के नाम से जाना जाता है।

46. Arrange the following in the order of the steps to teach a new concept in social science classroom
निम्नलिखित को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में नई संकल्पनाओं के शिक्षण के चरणों के क्रम में लगाएँ।
(A) Define the concept clearly
संकल्पना को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें।
(B) Present examples and non-examples of concept/संकल्पना के उदाहरणों एवं गैर-उदाहरणों (नॉन-एक्जाम्पल्स) को प्रस्तुत करें।
(C) Ask students to link new concept previously acquired concepts/छात्रों को पूर्व अधिग्रहित संकल्पनाओं को नई संकल्पना से जोड़ने को कहें।
(D) Determine students knowledge of appropriate pre-concepts/छात्रों के उपयुक्त पूर्व-संकल्पनाओं के ज्ञान को निर्धारित करें।
(E) Ask students to apply the concept to new instances/छात्रों को नए दृष्टान्तों में संकल्पना को प्रयोग में लाने को कहें।
(a) A, B, D, E and C/ A, B, D, E और C
(b) A, B, D, C and E/ A, B, D, C और E
(c) D, A, B, E and C/ D, A, B, E और C
(d) D, A, C, B and E/ D, A, C, B और E

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में नई संकल्पनाओं के शिक्षण के चरणों के क्रम इस प्रकार से है– छात्रों के उपयुक्त पूर्व संकल्पनाओं के ज्ञान को निर्धारित करे। संकल्पना को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें। छात्रों को पूर्व अधिग्रहित संकल्पनाओं को नई संकल्पना से जोड़ने को कहें। संकल्पना के उदाहरणों एवं गैर-उदाहरणों (non-example) को प्रस्तुत करे। छात्रों को नये दृष्टान्तों में संकल्पना को प्रयोग में लाने को कहें। जब कोई व्यक्ति जाने-अनजाने में ही उस पर अपना प्रभाव डालता है। किंतु वह प्रभाव भौतिकीय ही हो यह जरूरी नही हैं। इस तरह जब उस प्रभाव को मानव द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है तो संकल्पना कही जाती है। शिक्षा की संकल्पना मनुष्य के विकास की पूर्णतः अभिव्यक्ति है। शिक्षा से ही व्यक्ति सही रूप से चिन्तन करना सीखता है।

47. Consider the following statements with respect to role of text books in the classroom processes.
कक्षायी प्रक्रियाओं में पाठ्य-पुस्तकों की भूमिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
(A) Exercise given in the testbook helps a teacher to gauge the extent to which the student has understood what has been discussed in the chapter./पाठ्य-पुस्तक में दी हुई प्रश्नावली एक शिक्षक की सहायता करती है, यह जानने में कि पाठ में जो कुछ पढ़ाया गया है, वह छात्र को किस सीमा /हद तक समझ आ गया है।
(B) They disturb the system of the lesson that is being taught. / वे पढ़ाए जाने वाले पाठ की लय को बाधित करती हैं।
(C) They help students to recall and make connections with what has been taught earlier. वे विद्यार्थियों को जो कुछ भी कक्षा में पहले पढ़ाया गया है, उसे याद करने तथा उससे संबंध बनाने में सहायता करती हैं।
(a) Only A and B/ केवल A तथा B
(b) Only A and C/ केवल A तथा C
(c) Only B and C/ केवल B तथा C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (b) :कक्षायी प्रक्रियाओं में पाठ्यपुस्तकों की भूमिका के सन्दर्भ में पाठ्यपुस्तक में दी हुई प्रश्नावाली एक शिक्षक की सहायता करती है यह जानने में कि पाठ में जो कुछ पढ़ाया गया है, वह छात्र को किस सीमा/हद तक समझ आ गया है या विद्यार्थियों को जो कुछ भी कक्षा में पहले पढ़ाया गया है। उसे याद करने तथा उससे संबंध बनाने में सहायता करती है। पाठ्यपुस्तकें छात्रों की कल्पना शक्ति को विकसित करती है। विषय विविधता के बारे में ज्ञान उत्पन्न करता है। ''एक निश्चित पाठ्यक्रम के अध्ययन के प्रमुख साधन के रूप में एक निश्चित शैक्षिक स्तर पर प्रयुक्त करने के लिये एक निश्चित विषय पर व्यवस्थित ढंग से लिखी हुई पाठ्य-पुस्तक है''- गुड महोदय,

48. Which of the following teaching-learning strategies is most appropriate in at elementary classroom to conceptually discuss the topic of rural administration in India.
आरम्भिक स्तर पर 'भारत में ग्रामीण प्रशासन' विषय पर कक्षा में संज्ञानात्मक रूप से चर्चा करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षण-अधिगम युक्ति उपयुक्त है?
(a) role play/भूमिका अदा करना (रोल-प्ले)
(b) time-line/समय-सीमा
(c) open-ended questions/अंत-मुक्त (ओपेन एंडेड) प्रश्न
Choose the correct options/ सही विकल्प का चयन करें
(a) a, b and c/ a, b और c
(b) a and b/ a और b
(c) a and c/ a और c
(d) b and c/ b और c

Ans. (c) : आरम्भिक स्तर पर भारत में ग्रामीण प्रशासन के विषय पर कक्षा में संज्ञानात्मक रूप से चर्चा करने के लिये भूमिका अदा करना (रोलप्ले) और अंत-मुक्त का चयन कीजिए जैसी शिक्षण अधिगम युक्ति ज्यादा प्रभावकारी हैं। संज्ञानात्मक विकास मनुष्य के विकास का महत्वपूर्ण पक्ष है। संज्ञान शब्द का अर्थ है 'जानना या समझना' संज्ञानात्मक विकास शब्द का प्रयोग मानसिक विकास के व्यापक अर्थों में किया जाता है, जिसमें बुद्धि के अतिरिक्त सूचना का प्रत्यक्षीकरण, पहचान, व्याख्या, चर्चा-परिचर्चा आदि। संज्ञान उस मानसिक प्रक्रिया को सम्बोधित करता है जिसमें चिंतन, स्मरण, अधिगम और भाषा के प्रयोग का समावेश होता है। मनोवैज्ञानिक, संज्ञान का प्रयोग ज्ञान प्राप्ति के लिए करते हैं।

49. In order to develop congnitive skills among students the teacher could do the following:
निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार करें और सही विकल्प चुनें।
बच्चों में संज्ञानात्मक विकास के लिए अध्यापक क्या कर सकते हैं?

(A) Encourage students to paraphrase and make their own notes/उन्हें भावानुवाद करने और खुद से नोट्स बनाने को उत्साहित करें।
(B) Give mainly questions that require simple recall/मुख्यतः साधारण पुनः स्मरण आधारित प्रश्न दें।
(C) Allow students to design their own investigations./उन्हें अपने अन्वेषण के तरीके/ढंग बनाने की अनुमति दें।
(D) Engaging students in problem solving situations./उनकी समस्या-समाधान परिस्थितियों में भागीदारी करवाएँ।

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (b) :बच्चों में संज्ञानात्मक विकास के लिये अध्यापक उन्हें भावानुवाद करने और खुद से नोट्स बनाने को उत्साहित करे। उन्हें अपने अन्वेषण के तरीके/ढंग बनाने की अनुमति दे, उनकी समस्या समाधान परिस्थितियों में भागीदारी करवाएँ। संज्ञानात्मक विकास मनोविज्ञान का एक अध्ययन क्षेत्र हैं, जिसमें बालक द्वारा सूचना प्रसंस्करण, भाषा सीखनें तथा मस्तिष्क के विकास के अन्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है। इसमें सभी मानसिक गतिविधियाँ शामिल रहती है, ध्यान देना, याद रखना, वर्गीकरण करना, योजना बनाना, कल्पना करना। सही ढंग से शिक्षा के विकास के लिये सभी महत्वपूर्ण पहलू हैं। संज्ञान विचार, अनुभव और ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने और चीजों को समझने की मानसिक प्रक्रिया है।

50. While working with a news clipping related to an historical event, a social science teacher should focus on which of the following to promote critical thinking?
एक ऐतिहासिक घटना की समाचार-पट्टिका (क्लिपिंग) का सामाजिक विज्ञान अध्यापक तार्किक चिंतन विकसित करने के लिए कैसे प्रयोग करें?

(A) Assessing the point of view of author and source/लेखक के दृष्टिकोण और स्रोत का आकलन
(B) Placing the arguments in the context in which the event took place/घटना के घटित होने के प्रसंग में तर्क प्रस्तुत करना
(C) Validating the veracity of the argument. तर्कों की सत्यता को प्रमाणित करना
(D) Summarising the main points and present. मुख्य बिन्दुओं का सारांश बनाकर प्रस्तुत करना

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A and C/ A और C
(d) C and D/ C और D

Ans. (a) : एक ऐतिहासिक घटना की समाचार पट्टिका (क्लिपिंग) का सामाजिक विज्ञान अध्यापक तार्किक चिंतन विकसित करने के लिए लेखक के दृष्टिकोण और स्रोत का आकलन, घटना के घटित होने के प्रसंग में तर्क प्रस्तुत करना तथा तर्कों की सत्यता को प्रमाणित करना। तार्किक चिंतन ऊँचे स्तर का चिंतन हैं जिसका कोई निश्चित लक्ष्य होता है। पहला अन्तर तो यह है कि इसका उद्देश्य सरल समस्याओं की अपेक्षा जटिल समस्याओं को हल करना होता हैं। इसमें अनुभूतियों को सरलतापूर्वक एक दूसरे के लाभ जोड़ने की अपेक्षा समस्त संबंधित अनुभूतियों का पुनर्गठन करके अन्य से स्थिति का सामना करने के लिये बाधाओं को दूर करने के लिये नये रास्ते निकाले जाते हैं।

51. When discussing the theme 'Adivasis,' a social science teacher is expected to_____.
''आदिवासी'' विषय (थीम) पर चर्चा करते हुए सामाजिक विज्ञान के अध्यापक से अपेक्षा की जाती है कि:

(a) discuss only the textbook content with a sensitive approach/केवल पाठ्य-पुस्तक की विषय-सूची (वस्तु) पर संवेदनात्मक तरीके से चर्चा करें।
(b) highlight social status of adivasis as seen by dominant groups in society/समाज में प्रभावशाली वर्ग द्वारा आदिवासियों के सामाजिक स्तर को देखे जाने पर प्रकाश डालें।
(c) introduce a variety of local esamples during class discussions/कक्षा में चर्चा के दौरान विभिन्न स्थानीय उदाहरणों को प्रस्तुत करें।
(d) present mainly issues of social marginalization मुख्यतः सामाजिक हाशियाकरण के मुद्दों को प्रस्तुत करें।

Ans. (c) : आदिवासी विषय थीम पर चर्चा करते हुये सामाजिक विज्ञान के अध्यापक से अपेक्षा की जाती हैं कि कक्षा में चर्चा के दौरान विभिन्न स्थानीय उदाहरणों को प्रस्तुत करें। किसी भी विषय पर चर्चा करते समय उसके बारे में सही जानकारी होनी चाहिए। वे गतिविधियाँ जिनसे आप जाँच करते हैं कि छात्रों ने पाठ के बारे में कितना समझा है या उन्हें किसी अंश की भाषा का उपयोग करने को प्रोत्साहित करते हैं चर्चाएँ और सारांश से छात्र जो कुछ उन्होंने पाठ के बारे में समझा है समूहों में विषय आधारित चीजों पर चर्चा करते हैं। वे घटनाक्रम का सारांश या पाठ की सबसे महत्वपूर्ण बाते बता सकते हैं।

52. The main objective of teaching history at elementary level is to _____.
प्रारंभिक स्तर पर इतिहास के शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है-

(a) Understand and appreciate the diversities in land and people of India in relation to their own place./भारत के लोगों और क्षेत्रों में विविधता कोअपने क्षेत्र के संबंध में समझना और प्रशंसा करना।
(b) build an understanding of the processes of change and development through which human societies and civilization have evolved./उन प्रक्रियाओं में बदलाव व विकास पर समझ बनाना, जिनके द्वारा मानव समाज व सभ्यताएँ विकसित हुई हैं।
(c) develop as responsible and active citizens in a democracy./लोकतंत्र में जिम्मेदार और क्रियाशील नागरिकों के तौर पर विकसित करना।
(d) understand economic policies
आर्थिक नीतियों को समझना

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर इतिहास शिक्षण का मुख्य उद्देश्य उन प्रक्रियाओं में बदलाव व विकास पर समझ बनाना, जिनके द्वारा मानव समझ व सभ्यताएँ विकसित हुयी हैं। प्रारम्भिक स्तर पर इतिहास शिक्षण के उद्देश्य–
1. बच्चों में प्रेक्षण, पहचान और वर्गीकरण की क्षमता का विकास करना।
2. बच्चों में कल्पनाशक्ति का विकास करना।
3. राष्ट्रीय भावना का विकास करना।
4. सामाजिक गुणों का विकास करना।
5. वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना।
6. मानसिक शक्तियों का विकास करना।
7. नैतिक मूल्यों को ग्रहण करना।

53. Consider the statements A and B choose the correct option.
निम्न कथनों (A) और (B) पर विचार करें तथा सही विकल्प चुनें।

Statement A: Children are aware of social conflicts and this awareness may make them anxious about future.
कथन (A): छात्र सामाजिक संघर्षों-टकरावों से परिचित होते हैं, यह उन्हें भविष्य के लिए चिंतित करता है।
Statement B: As a Social Science teacher we need to provide opportunities to students for expressing their anxiety, to discuss and probe social conflicts.
कथन (B): एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में हमें उन्हें स्वतन्त्रतापूर्वक अपने भय प्रकट करने और सामाजिक टकराव पर चर्चा करने और कारणों को खोजने का अवसर देना चाहिए।

(a) Boath (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (B) is false.
(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) Both (A) and (B) are false.
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : छात्र सामाजिक, संघर्षों, टकरावों से परिचित होते हैं। वह उन्हें भविष्य के लिये चिंतित करता है। एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में हमें उन्हें स्वतन्त्रतापूर्वक अपने भय प्रकट करने और सामाजिक टकराव पर चर्चा करने और कारणों को खोजनें का अवसर देना चाहिए। वर्तमान में सामाजिक विज्ञान को एक उपयोगी विषय समझा जाता है, हमें यह पहचानने की आवश्यकता है कि सामाजिक विज्ञान में शारीरिक विज्ञान की ही तरह वैज्ञानिक दृष्टि होती हैं। छात्र जब सामाजिक संघर्षों व टकराव की जब स्थिति में होते है तो अध्यापक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अध्यापक यह बताएगा की इसके क्या परिणाम हो सकते है। इस पर विचार करे।

54. What could be the best teaching-learning resource to introduce the concept of 'direction' to students at primary level.
प्राथमिक स्तर पर छात्रों के लिए 'दिशा' की संकल्पना को प्रस्तुत करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन क्या हो सकता है?

(a) Map/मानचित्र
(b) Graph Sheet/ग्राफ पेपर
(c) Story books/कहानी पुस्तक
(d) Poster/पोस्टर

Ans. (a) :प्राथमिक स्तर पर छात्रों के लिये 'दिशा' की संकल्पना को प्रस्तुत करने के लिये सर्वोत्तम संसाधन मानचित्र हो सकता है। मानचित्र के तीन मुख्य घटक होते हैं-
(i) दूरी
(ii) दिशा
(iii) प्रतीक
मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते है-
(i) भौतिक मानचित्र– इसमें पर्वत पठार, मैदान-नदियों महासागरों आदि का दर्शाने वाले मानचित्र को भौतिक मानचित्र कहा जाता है।
(ii) राजनीतिक मानचित्र– राज्यों नगरों, शहरों, विश्व के विभिन्न देशों तथा उनकी सीमाओं को दर्शाने वाले मानचित्र को राजनीतिक मानचित्र कहा जाता है।
(iii) थिमैटिक मानचित्र– कुछ मानचित्र विशेष जानकारियाँ प्रदान करते है जैस सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र, वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र आदि। इस प्रकार के मानचित्र को थीमैटिक मानचित्र कहते है।

55. Suppose a student wants to study the impact of government schemes on livelihood, she may mainly require
मान लीजिए की कोई विद्यार्थी जीविका पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के बारे में अध्ययन करना चाहता है, उसे मुख्य रूप से _____ की आवश्यकता हो सकती है।

(A) to collect only secondary data.
केवल द्वितीयक आँकड़ों को एकत्र करने
(B) the ability to use statistical tools.
सांख्यिकी औजारों को प्रयोग करने की योग्यता
(C) to gather the details of scheme.
योजना की जानकारी को इकट्ठा करना
(D) formulate comparison groups.
तुलनात्मक समूहों का सूत्रीकरण/प्रतिपादन

Choose the correct option/उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(a) only A, B and C are true
केवल A, B तथा C सत्य हैं
(b) only B, C and D are true
केवल B, C तथा D सत्य हैं
(c) only A, C and D are true
केवल A, C तथा D सत्य हैं
(d) only A, and B are true
केवल A, तथा B सत्य हैं

Ans. (b) : विद्यार्थी को जीविका पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के बारे में अध्ययन करने के लिए, उसे मुख्य रूप से सांख्यिकी औजारों को प्रयोग करने की योग्यता, योजना की जानकारी को इकट्ठा करना, तुलनात्मक समूहों का सूत्रीकरण, प्रतिपादन की आवश्यकता हो सकती है। योजना का शीर्षक इस प्रकार से लिखा जान चाहिए कि योजना का उद्देश्य और महत्व साफ हो।

56. Which of the following assessment practices is generallyused as valuable information for discussion on placement or promotion?
निम्नलिखित में से कौन सी आकलन पद्धति स्थापन या पदोन्नति चर्चा के लिए आमतौर पर महत्त्वपूर्ण सूचना/जानकारी के तौर पर प्रयोग होती है?

(a) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(b) Assessment as learning/अधिगम की तरह आकलन
(c) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(d) Formative assessment/ रचनात्मक आकलन

Ans. (c) : अधिगम का आकलन पद्धति स्थापन या पदोन्नति चर्चा के लिये आमतौर पर महत्वपूर्ण सूचना/जानकारी के तौर पर प्रयोग होती है। अधिगम आकलन में सीखने की प्रक्रिया में बच्चा कितना सीखा है। इससे हम बच्चे के सीखे हुये ज्ञान को बच्चे के अन्दर सृजन किया गया ज्ञान को मापते हैं। इसे ही अधिगम का आकलन कहते हैं। यानि छात्र एक समय सीमा में कितनी जानकारी प्राप्त करता है। इसको जानना अधिगम का आकलन कहलाता है। अधिगम आकलन का उद्देश्य बच्चों की सीखने की जरूरतों को समझने के लिये उन्हें अपनी दक्षता बढ़ाने में सहायता देना है और यदि सीखने में कोई परेशानी है तो उसे दूर करने में उसकी मदद करता है। इसका उद्देश्य बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता अनुभूति आदि का मापन करना है।

57. Which of the following question assesses factual knowledge?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन से तथ्यात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं?

(A) What is contour ploughing?
समोच्च जुताई क्या है?
(B) How did the last Mughal emperor live the last years of his life?/अंतिम मुगल बादशाह ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष कैसे जिए?
(C) How will the information historians get from old newspapers be different from that found in police reports?/इतिहासकार पुराने समाचार पत्रों से प्राप्त सचनाओं को पुलिस रिपोर्ट में पाई जाने वाली सूचना से भिन्न क्यों पाते हैं?
(D) If you were a Member of Parliament (MP), list two types of questions that you would ask./यदि आप संसद के सदस्य होते तो ऐसे दो प्रश्नों की सूची बनाइए जो आप पूछना चाहते हैं?

(a) A, B and C/ A, B और C और
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A and C/ A और C
(d) B and D/ B और D

Ans. (d) : अंतिम मुगल बादशाह ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष कैसे जिए, और यदि आप संसद के सदस्य होते तो ऐसे दो प्रश्नों की सूची बनाइये जो आप पूछना चाहते हैं। ऐसे प्रश्न तथ्यात्मक ज्ञान का आकलन करते हैं। लिखित ज्ञान तत्वों से परिपूर्ण होता है अतः इसे तथ्यात्मक ज्ञान या तथ्यात्मक अधिगम के रूप में जाना जाता है। तथ्यात्मक ज्ञान के अन्तर्गत किसी व्यक्ति या वस्तु के सन्दर्भ में कोई दावा व तथ्य निश्चित किया जाता है अर्थात् किसी वाक्य के मूल्य में जो तथ्य दिया होता है वह इस ज्ञान का प्रमुख अंग होता है। इसलिये इस प्रकार के ज्ञान को तथ्यात्मक ज्ञान कहते हैं। जैसे पृथ्वी, सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। इस बात में निश्चित है कि पृथ्वी के द्वारा सूर्य की परिक्रमा होती है। यह दावा ही ज्ञान को तथ्यात्मक की श्रेणी में रखता है।

58. Assessment that happens during instructional process.
अनुदेशन प्रक्रिया में _____ मूल्यांकन होता है।

(I) Diagnostic assessment/निदानात्मक आकलन
(II) Formative assessment /रचनात्मक आकलन
(III)Summative assessment/योगात्मक आकलन
(IV) Placement assessment/स्थानकरण आकलन

Which two options from the above are correct?
उपरोक्त में से कौन-सा विकल्प सही है।

(a) I and III/ I और III
(b) I and II/ I और II
(c) III and IV/ III और IV
(d) II and IV/ II और IV

Ans. (b) : अनुदेशन प्रक्रिया में निदानात्मक आकलन और रचनात्मक आकलन का मूल्यांकन होता है। निदानात्मक आकलन बच्चे की विचार प्रक्रिया को जानने में सहायक होते है। बच्चे के ज्ञान तथा कौशल का स्तर ज्ञात करने में सहायता करते हैं।
निदानात्मक मूल्यांकन शिक्षण कार्य के साथ-साथ किया जाता है। इस मूल्यांकन में यह पता लगाया जाता है जो विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान असफल होते हैं। उन विद्यार्थियों को असफलता के कारण का पता लगाया जाता हैं। रचनात्मक मूल्यांकन का सम्बद्ध अनेक उद्दीपकों में से कुछ सीमित उद्दीपकों अथवा वस्तुओं के चयन से होता है। इस मूल्यांकन के अन्तर्गत एक विशेष समय में मात्र कुछ पर ही ध्यान दे सकते हैं।

59. Which of the following questions assesses the 'understand' aspect of the congnitive process?
निम्नलिखित में से कौन सा प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'समझ' पहलू का आकलन करता है?

(A) What do you understand by the term 'agricultural development'?
कृषि-विकास शब्द से आप क्या समझते हैं?
(B) Why are people considered as a resource?
लोगों को एक संसाधन की तरह क्यों माना जाता है?
(C) Define population explosion
जनसंख्या विस्फोट को परिभाषित कीजिए।
(D) List three features that lead to population change.
तीन विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए, जो जनसंख्या बदलाव/परिवर्तन का कारण बनती हैं।
(E) What role do citizens play in the enactment of a new law?
एक नए कानून के विधिकरण लागू होने में नागरिक क्या भूमिका निभा सकते हैं?

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) A, C, D and E/ A, C, D और E
(c) A, B and E/ A, B और E
(d) B, C and D/ B, C और D

Ans. (c) : ज्ञानात्मक प्रक्रिया के अन्तर्गत 'समक्ष' पहलू का आकलन कृषि विकास शब्द से आप क्या समझते हैं। लोगों को एक संसाधन की तरह क्यों माना जाता है। एक नये कानून के विधिकरण लागू होने में नागरिक क्या भूमिका निभा सकते हैं। जैसे पहलू का आकलन करता है। प्रतिदिन जीवन में होने वाले अनुभवों से हमें ज्ञान प्राप्त होता है तथा यही ज्ञान हमारा तर्क में परिवर्तित हो जाता है। जब हम इसे प्रमाण के साथ स्पष्ट कर स्वीकार करते है अर्थात् तर्क द्वारा हम संगठित करके हम ज्ञान का निर्माण करते है। यह एक मानसिक प्रक्रिया है। मानव जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व हैं। मानव जीवन के लिये उसकी रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करता है। इसलिये ज्ञान का महत्व आज और बढ़ गया है।

60. Read the following question. Which of them assesses the 'analysis' aspect of cognitive process?
निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए। इनमें कौन से ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'विश्लेषण' पहलू का आकलन करते हैं?

(A) Distinguish between longitudes and latitudes?
देशांतरों और अक्षांशों के बीच भेद कीजिए।
(B) What is a Gram Sabha?/ग्राम सभा क्या है?
(C) If there is a theft in your house, which police station would you go to register your complaint?
अगर आपके घर में चोरी हुई है, तो आप किस पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएँगे?
(D) How did the East India Company Plan to bring an end to the Mughal dynasty?
ईस्ट इंडिया कंपनी ने मुगल वंश के अंत की योजना कैसे बनाई?
(E) Why were the Inida sepoys employed by the East India Company disconnected?
ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा नियुक्त किए गए सिपाही असंतुष्ट क्यों थे?

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, D and E/ A, D और E

Ans. (d) : ज्ञानात्मक प्रक्रिया में 'विश्लेषण' देशान्तर और अक्षांशों के बीच भेद कीजिए। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने मुगल वंश के अंत की योजना कैसे बनाई तथा ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा नियुक्ति किये गये सिपाही असंतुष्ट क्यों थे जैसे पहलू का आकलन करते हैं। किसी विधान या व्यवस्था क्रम की सूक्ष्मता का आकलन करते हैं। किसी विधान या व्यवस्था क्रम की सूक्ष्मता से परीक्षण करने तथा उसके मूल तत्वों को खोजने की प्रक्रिया को विश्लेषण कहते हैं। विश्लेषण विधि एक शिक्षण विधि है। जिसमें किसी समस्या को पहले छोटे-छोटे भागों में विभाजित किया जाता है। उसके बाद फिर उसके निष्कर्ष तक पहुँचा जाता है। विश्लेषण विधि एक मनोवैज्ञानिक विधि है, जो मानसिक शक्तियों तथा तर्क चिंतन का विकास करती है। माध्यमिक स्तर के लिये श्रेष्ठ मानी जाती है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 23 दिसंबर, 2021)

1. You are planning a project on 'the first empire of Indian subcontinents'. You would be asking to find out about?
आप 'भारतीय उप-महाद्वीप के प्रथम साम्राज्य' पर परियोजना कार्य के लिए छात्रों को किस साम्राज्य के विषय में जानकारी एकत्रित करने के लिए कहेंगे?

(a) Gupta Empire/ गुप्त साम्राज्य
(b) Vakataka Empire/ वाकाटक साम्राज्य
(c) Kushana Empire/ कुषाण साम्राज्य
(d) Mauryan Empire/ मौर्य साम्राज्य

Ans. (d) : भारतीय उप महाद्वीप के प्रथम साम्राज्य पर परियोजना कार्य के लिए छात्रों को मौर्य साम्राज्य के विषय में जानकारी एकत्रित करने के लिए कहेगें। चन्द्रगुप्त मौर्य का साम्राज्य पश्चिमोत्तर के अफगानिस्तान और बलूचिस्तान तक फैला था।

2. The earliest coin are called punch marked coins because / शुरुआती सिक्कों को आहत सिक्के कहा जाता है क्योंकि :

(a) designs were punched on to the metal coins. धातु के सिक्कों पर आकृतियाँ आहत थीं।
(b) coins were punched by a hard tool to give shape./ आकृति देने के लिए सिक्कों को ठोस औजार द्वारा आहत किया जाता था।
(c) people received a punched seal as receipt after payment./ लोगों को आहत मुद्रा भुगतान के बाद रसीद के तौर पर मिलती थी।
(d) coins were punched for easy storage. आसान संग्रहण/ संचयन के लिए सिक्कों को आहत किया जाता था।

Ans. (a) : शुरुआती सिक्कों को आहत सिक्के कहा जाता था क्योकि धातु के सिक्कों पर आकृतियाँ आहत थी। आहत शब्द से स्पष्ट है इन सिक्कों पर प्रतीकों को आहत कर उन्हें बनाया जाता था। चाँदी व ताँबे के सिक्कों पर विभिन्न आकृतियों को आहत कर बनाए जाने के कारण इन्हे आहत सिक्का कहा जाता था।

3. What was the reason for appointing slaves to high positions during the Delhi Sultanate?
दिल्ली सल्तनत काल में गुलामों को उच्च पद पर नियुक्त करने का क्या कारण था? सही विकल्प चुनें-

(a) They were easy to control and did not have to be paid/ उन्हे नियंत्रण में रखना आसान था और कम वेतन दिया जा सकता था।
(b) They owed their life to the Sultan and their heirs./ सुल्तान और उनके उत्तराधिकारियों का उनके जीवन पर स्वामित्व होता था।
(c) They were loyal to the Sultan and their heirs. वे सुल्तान और उसके उत्तराधिकारियों के प्रति वफादार होते थे।
(d) They were trustworthy and dependent on their master./ वे अपने स्वामी के विश्वसनीय और उन पर आश्रित होते थे।

Ans. (d) : दिल्ली सल्तनत काल में गुलामों को उच्च पदों पर नियुक्त करने का कारण था कि वे अपने स्वामी के विश्वसनीय और उनपर आश्रित होते थे। दिल्ली सल्तनत काल मे गुलामों को फारसी में बंदगाँ' कहा जाता था इन्हें सैनिक सेवा के लिए खरीदा जाता था। उन्हे राज्य के कुछ महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर काम करने के लिए प्रशिक्षित भी किया जाता था चूकि वे पूरी तरह अपने मालिक पर निर्भर होते थे इसलिए सुल्तान भी विश्वास करके उन पर निर्भर हो सकते थे।

4. How did architectural features of the Diwan-i khas o am gave the idea that the king was a representative of God?
दीवाने खासो आम की वास्तु विशेषताएँ कैसे यह विचार देती हैं कि राजा भगवान का प्रतिनिधि होता था?

A. The audience halls were constructed to resemble a mosque
जन-सभा कक्ष मस्जिद के सदृश्य बनाया गया।
B. The king had to seat on high pedestal depicting that he was above everyone
राजा के बैठने का ऊँचा सिंहासन यह दर्शाता था कि वह सबसे ऊपर है।
C. The throne was placed in the direction faced by Muslims at prayer/ सिंहासन को इस तरह रखा गया था कि मुस्लिम प्रार्थना के समय यह उनके मुँह की दिशा में सामने दिखता था।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) A and B/ A तथा B
(b) A and C/ A तथा C
(c) B and C/ B तथा C
(d) A, B and C/ A, B तथा C

Ans. (b) : शाहजहाँ के शासन में आगरा एवं दिल्ली में अनवरत सार्वजनिक और व्यक्तिगत सभा हेतु समारोह कक्षा दीवान-ए-खास और दीवान-ए-आम की योजना बहुत सावधानी पूर्वक बनायी जाती थी शाहजहाँ के सभा भवन विशेष रूप से मस्जिदों से मिलते जुलते बनाये गये थे। उसका सिंहासन जिस मंच पर रखा था उसे प्रायः किबला (नमाज के दौरान मुसलमानों के सामने की दिशा) कहा जाता था। क्योंकि जिस समय दरबार चलता था उस समय प्रत्येक व्यक्ति उस ओर हि मुँह करके बैठता था। इन वास्तुकलात्मक अभिलक्षणों का इस ओर इशारा था कि राजा पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है।

5. **Consider the following statements A and B and choose the correct option.**
निम्न दिए कथनों 'A' एवं 'B' पर विचार करे एवं सही विकल्प का चुनाव करें।

A. **In the early nineteenth century, when the British began developing a uniform military culture, it created problems among sepoys.**
उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में जब ब्रिटिश एक समरूप सैनिक संस्कृत विकसित करने लगे, इससे काफी सैनिको के मध्य समस्याएँ खडी हुई।

B. **Caste and community feelings were ignored in building a force of professional soldiers.**
पेशेवर सिपाहियों की एक सेना खड़ी करने के चक्कर में जाति और समुदाय को अनदेखा किया गया।

(a) A and B are true, B is the correct explanation of A/A और B दोनों सही हैं; B, A की सही व्याख्या है।
(b) A and B are true, B is the incorrect explanation of A / A और B दोनों सही हैं; किन्तु B, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A is true, B is false/ A सही, B गलत है।
(d) A is false, B is true/ A गलत, B सही है।

Ans. (a) : उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में अंग्रेज एक समरूप सैनिक संस्कृति विकसित करने लगे थे। सिपाहियों को यूरोपीय ढ़ंग का प्रशिक्षण, अभ्यास और अनुशासन सिखाया जाने लगा। अब उनका जीवन पहले से भी ज्यादा नियंत्रित था। इस कोशिश मे कभी-कभी समस्याए भी आ जाती थी, क्योंकि पेशेवर सिपाहियों की एक सेना खड़ी करने के चक्कर में अंग्रेज कई बार जाति और समुदाय की भावनाओं को नजर अंदाज कर देते थे। इस प्रकार A और B दोनों कथन सही है लेकिन कथन 'B' A की सही व्याख्या है।

6. **Consider the statements A, B and C on the Ahoms during the 16th to 18th century.**
16th से 18th शताब्दी के दौरान अहोम लोगों के संदर्भ में कथन A, B और C पर विचार कीजिये।

A. **They were divided into clans and each clan controlled several villages**
वे कई कुलों में बटे थे तथा प्रत्येक कुल कई गाँवों पर नियंत्रण रखता था

B. **They had their own tribal gods**
उनके अपने जनजातीय देवता थे।

C. **They had alliances with other tribes like Koch Hajo**
उनका अन्य जनजातीय लोगों जैसे कोच हाजो के साथ गठंबधन था।

D. **Land acquisition by the members of the Varna society was restricted by the Ahom kings**
वर्ण समाज के लोगों द्वारा भूमि अधिग्रहण करना अहोम राजा द्वारा प्रतिबंधित था।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिये।

(a) Only A and B are true/ केवल A और B सत्य हैं।
(b) Only B and C are true / केवल B और C सत्य हैं।
(c) Only C and D are true / केवल C और D सत्य हैं।
(d) Only A and D are true / केवल A और D सत्य हैं।

Ans. (a) : 18वीं शताब्दी के दौरान अहोम समाज 'कुलो' में विभाजित था जिन्हें 'खेल' कहा जाता था। एक 'खेल' के नियंत्रण में प्रायः कई गाँव होते थे। शुरूआत में अहोम लोग अपने जनजातीय देवताओं की उपासना करने थे अर्थात उनके अपने जनजातीय देवता होते है। इस प्रकार कथन A और B दोनों सत्य है।

7. **Assertion (A) : Indigo plantations came up in many parts of North and South America by the seventeenth century**
कथन (A) : नील की खेती उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के बहुत से भागों में सत्रहवीं शताब्दी तक आरंभ हो गयी थी।

Reasoning (R) : The high demand and competition from Indian indigo led to European producers to pressurize their government to ban the import of indigo and look for alternatives.
कारण (R) : भारतीय-नील की अधिक माँग और प्रतियोगिता के कारण यूरोपीय उत्पादकों ने अपनी सरकारों को भारतीय नील के आयात पर रोक लगाने और दूसरे विकल्प तलाशने के लिए जोर डाला।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ A और R दोनों सही हैं, और R सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is the incorrect explanation of (A)/ A और R दोनों सही हैं, और R सही व्याख्या नहीं करता है A की।
(c) (A) is true but (R) is false
A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
A, और R दोनों ही गलत है।

Ans. (c) : सत्रहवीं सदी तक आते-आते यूरोपीय कपड़ा उत्पादकों ने नील के आयात पर लगी पाबंदी में ढील देने के लिए अपनी सरकारो को राजी कर लिया कैरेबियाई द्वीप समूह स्थित सेंट डॉमिग्यू में फ्रांसीसी, ब्राजील में पुर्तगाली जमैका में ब्रिटिश और वेनेजुएला में स्पैनिश लोग नील की खेती करने लगे। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के भी बहुत अधिक भागों में भी नील की खेती सत्रहवीं शताब्दी तक आरम्भ हो गयी।
इस प्रकार कथन 'A' सही है। परन्तु R गलत है।

8. **Which of the following resulted in an open rebellion of tribes against the British?**
इनमें से कौन-सा कारण आदिवासियों का अंग्रेजों के प्रति खुला विद्रोह का कारण बना?

(a) The Britishers were buying products from middlemen not directly from tribes.
अंग्रेज आदिवासियों से प्रत्यक्ष रूप में उत्पाद नहीं खरीद कर, बिचौलियों के माध्यम से खरीदते थे।
(b) The British market and traders were not accepting tribal silk./ आदिवासियों की रेशम अंग्रेजी बाजार और व्यापारी स्वीकार नहीं कर रहे थे।

(c) The British extended their control over all forest and restricted entry of tribal people./ अंग्रेजों ने सारे जंगलों पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था और आदिवासियों का जंगलों में आना प्रतिबंधित कर दिया था।

(d) The British were paying more attention to the non-tribal areas than the tribal areas.
अंग्रेज आदिवासी क्षेत्रों की अपेक्षा गैर-जनजातीय क्षेत्रों का अधिक ध्यान रख रहे थे।

Ans. (c) : आदिवासियों का अंग्रजों के प्रति खुला विद्रोह का कारण यह था कि अंग्रेजों ने सभी जंगलो में आदिवासियों का आना प्रतिबंधित कर दिया था।

9. Ishwar Chandra Vidyasagar used the ancient texts to suggest
ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया-

(a) end of sati./ सती प्रथा समाप्त करने के लिए
(b) girls could study./ लड़कियाँ पढ़ सके
(c) widows could remarry./ विधवा विवाह हो सके
(d) equality of all castes./सभी जातियों में समानता के लिए

Ans. (c) : ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने विधवा विवाह के पक्ष में प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया। अंग्रेजी सरकार ने उनके सुझाव को मानकर 1856 में विधवा विवाह के पक्ष में एक कानून पारित किया। सती प्रथा समाप्त करने के लिए 1829 में लार्ड विलियम बैंटिक ने सती प्रथा को अवैध घोषित किया।

10. Which of the following communities gained by entry into the British Army and also had a regiment for itself?/निम्नलिखित में से किस समुदाय को अंग्रेजी फौज में जाने से लाभ हुआ तथा जिसकी अपनी एक रेजिमेंट भी थी।

(a) Mahars/ महारों को (b) Ezhvas/ इजहावों को
(c) Madigas/ मदिगों को (d) Dublas/ दुबलाओं को

Ans. (a) : महारों को अंग्रेजी फौज में जाने से लाभ हुआ तथा जिसकी अपनी एक रेजिमेंट भी थी। महार रेजिमेंट भारतीय सेना का एक इन्फैन्ट्री रेजिमेंट है।

11. Which of the following statements is closest to the ideas of EV Ramaswamy (Periyar)?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन ई.वी. रामास्वामी (पेरियार) के विचारों से मिलता जुलता/नजदीक है?

(a) "One must enter the temple to prove that we are also human beings"./ ''यह सिद्ध करने के लिए कि हम भी मनुष्य हैं, मंदिर में प्रवेश करना चाहिए।''
(b) "Is the man from pure gold and woman from rust rock or rusted iron?"./ ''क्या पुरुष शुद्ध सोने से बना है और स्त्री जंग, चट्टान या जंग लगे लोहे से बनी है?''
(c) "There is only one caste, one religion and one god for humankind"./ ''मानवता के लिए केवल एक ही जाति, एक ही धर्म और एक ही ईश्वर है।''
(d) "If you have to free yourself from caste, you have to free yourself from all religion".
''यदि आप स्वयं को जाति से मुक्त करना चाहते हैं तो आपको सभी धर्मों से स्वयं को मुक्त करना होगा।''

Ans. (d) : ई.वी. रामास्वामी 'पेरियार' का मानना था कि ''यदि आप स्वयं को जाति से मुक्त करना चाहते हैं तो आपको सभी धर्मों से स्वयं को मुक्त करना होगा।'' सभी धार्मिक नेता और मुखिया सामाजिक विभाजनों और असमानता को ईश्वर प्रदत्त मानते हैं इसलिए सामाजिक समानता के लिए सभी धर्मों से अछूतों को खुद मुक्ति पानी होगी।

12. Consider these statements for growth of Mass Nationalism in India, and choose the correct option.
भारत में जन-राष्ट्रवाद की वृद्धि के विषय में वक्तव्यों पर विचार करें तथा सही विकल्प चुनें-

(A) Due to huge expenditure in First World War, Government of India imposed heavy tax on individuals.
प्रथम-विश्वयुद्ध में अत्यधिक खर्चे के कारण भारत सरकार ने लोगों पर भारी टैक्स थोप दिए थे।

(B) Sharp rise in the prices created great या था।difficulties for the common people
जन साधारण के लिए तेजी से बढ़ी हुई कीमतों के कारण कठिनाइयाँ बढ़ गई।

(C) After 1917 Russian Revolution, new ideas about peasants and workers struggle and ideas of socialism circulated widely among Indian nationalists.
1917 की रूसी क्रांति के बाद किसानों और श्रमिकों के संघर्ष, नए विचार और समाजवाद का भारतीय राष्ट्रवादियों में प्रसार हुआ।

(a) only (A) and (B) are true/ (A) और (B) सही हैं
(b) only (B) and (C) are true / (B) और (C) सही हैं
(c) only (A) and (C) are true / (A) और (C) सही हैं
(d) All (A), (B) and (C) are true
(A), (B) और (C) सही हैं

Ans. (d) : प्रथम विश्व युद्ध के कारण एक नई धार्मिक और राजनीतिक स्थिति पैदा हो गयी थी जिससे रक्षा व्यय में काफी वृद्धि हो गयी।
युद्ध में होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए करों में वृद्धि की गई सीमा शुल्क बढ़ा दिया गया और आय पर कर लगा दिया गया।
युद्ध के समय कीमतें तेजी से बढ़ रही थी। 1914-1918 के बीच कीमतें दोगुनी हो गयी जिसके, कारण जनता की कठिनाइयाँ बढ़ गयी। इस प्रकार दिये गये प्रश्नगत कथनों मे कथन A, B और C सही है।

13. Consider these statements for First World War on India and choose the correct option.
प्रथम विश्वयुद्ध के विषय में वक्तव्यों पर विचार करें, तथा सही विकल्प चुनें-

(A) The war created a demand for industrial goods and caused a decline of import from other countries
युद्ध के कारण औद्योगिक उत्पादों की माँग पैदा हुई अतः आयात में कमी आई।

(B) Indian industries expanded during the war.
भारत में युद्ध के दौरान औद्योगिक विस्तार हुआ।

(C) Business groups faced a huge loss from the war./व्यापार-समूहों को युद्ध के कारण भारी नुकसान हुआ।

(a) Both (A) and (B) are true/ A और B सत्य हैं।
(b) Both (A) and (B) are true /B और C सत्य हैं।
(c) Both (A) and (B) are true /A और C सत्य हैं।
(d) Only (A) is true/ केवल A सत्य हैं।

Ans. (a) : प्रथम विश्व युद्ध के कारण औद्योगिक उत्पादों की माँग पैदा हुई जिससे आयात में कमी आई इसके अलावा इस युद्ध के दौरान औद्योगिक विस्तार हुआ। अतः A और B सत्य है।

14. The category of 'erstwhile princely states' were those states/'पूर्वकालिक रियासतों' की श्रेणी के अन्तर्गत कौन से राज्य थे।

A. whose prince agreed to merger with India वे राज्य जिनके शासकों नें भारत में विलय स्वीकार कि

B. whose prince agreed to merger with Pakistan/वे राज्य जिनके शासकों ने पाकिस्तान में विलय स्वीकार किया था।

C. which were retained as administrative units until statehood/जिन्हें प्रशासनिक इकाई के रूप में, राज्य का दर्जा प्राप्त होने तक, रखा गया।

D. which were retained as European colonies such as Goa and Pondicherry वे राज्य जिन्हें यूरोपीय-उपनिवेश के रूप में बनाये रखा गया, जैसे गोआ, पुदुचेरी।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें-

(a) A and B are true. B is the correct explanation of A/ A और B सही हैं
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (d) : पूर्वकालिक रियासतों की श्रेणी के अन्तर्गत निम्न राज्य थे-
(i) वे राज्य जिनके शासकों ने भारत में विलय स्वीकार किया था।
(ii) वे राज्य जिनके शासकों ने पाकिस्तान में विलय स्वीकार किया था तथा
(iii) वे राज्य जिन्हें प्रशासनिक इकाई के रूप में, राज्य का दर्जा प्राप्त होने तक रखा गया। जैसे-गोवा, पांडिचेरी (पुदुच्चेरी)।
1947-48 से 31 अक्टूबर 1956 की कालावधि के लिए इन्हें भूतपूर्व रियासत कहा गया है।

15. Consider the following list of mountains: Alps, Aravali, Appalachians, Himalaya, Ural, Vosges In this list which one is different from the other?
निम्न सूची पर विचार करें:
आल्प्स, अरावली, अप्लेशियन, हिमालय, यूराल, वॉसजेस।
सूची में से कौन सा दूसरों से भिन्न है:

(a) Aravali/ अरावली
(b) Appalachians/ अप्लेशियन
(c) Ural/ यूराल
(d) Vosges/ वॉसजेस

Ans. (d) :

हिमालय	–	वलित पर्वत
अरावली	–	वलित पर्वत
आल्पस	–	वलित पर्वत
यूराल	–	वलित पर्वत
वॉसजेस	–	भ्रंशोत्थ पर्वत

16. Assertion (A): Those places east of Greenwich will be ahead of Greenwich mean time.
अभिकथन (A) : वे स्थान जो ग्रीनविच के पूर्व में है, उनका समय ग्रीनविच से आगे होगा।

Reason (R) : As the earth rotates from east to west sun arises early in eastern side
कारण (R) : चूँकि पृथ्वी पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाती है अतः पूर्व में सूर्य पहले उगता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) तथा (R) दोनों गलत है।

Ans. (c) : क्योकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है अतः वह स्थान जो ग्रीनविच के पूर्व में है उनका समय ग्रीनविच समय से आगे होगा तथा जो पश्चिम में है उनका समय ग्रीनवित से पीछे होगा। इस प्रकार प्रश्नगत कथनों मे कथन A सही जबकि कारण 'R' गलत है।

17. Consider these two statements about Globe
ग्लोब के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

A. The equator represents the zero degree longitude
विषुवत् वृत्त शून्य अंश देशांतर को दर्शाता है।

B. Equator is an imaginary line that divides globe in two equal parts
विषुवत् वृत्त एक काल्पनिक रेखा है जो ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A is true and B is false/A सही है तथा B गलत है।
(b) A is false and B is true /A गलत है तथा B सही है।
(c) Both A and B are true/ A तथा B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false/ A तथा B दोनों गलत है।

Ans. (b) : विषुवत् वृत्त शून्य अंश अक्षांश को दर्शाती है। विषुवत् वृत्त एक काल्पनिक रेखा है जो ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती है। इस प्रकार स्पष्ट है। ग्लोब के सम्बंध में दिये गये कथनों में कथन 'A' गलत है। तथा कथन B सही है।

18. Which state has shortest length of Tropic of Cancer in India?
भारत के किस राज्य में कर्क रेखा की लम्बाई सबसे कम है?

(a) Chhattisgarh/ छत्तीसगढ़
(b) Rajasthan/ राजस्थान
(c) West Bengal/ पश्चिम बंगाल
(d) Jharkhand/ झारखंड

Ans. (b) : भारत के राजस्थान राज्य में कर्क रेखा की लम्बाई सबसे कम है। जबकि सबसे अधिक लम्बाई भारत के मध्य प्रदेश राज्य में है। कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।

19. Consider these statements for Monsoon season in India and choose the correct answer
भारत में मानसून के मौसम पर निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) In south west monsoon season the wind blows from mainland to the Bay of Bengal.
दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के मौसम में पवन मुख्यभूमि से बंगाल की खाड़ी की तरफ बहती हैं।

(B) In season of retreating monsoon the wind blows from mainland to Bay of Bengal.
मानसून के लौटने के मौसम में पवन मुख्यभूमि से बंगाल की खाड़ी की तरफ बहती हैं।

(C) The southern parts of India receive rainfall in season of retreating monsoon.
भारत के दक्षिणी भागों में मानसून के लौटने के मौसम में वर्षा होती है।

(a) (A) and (B) are true/ (A) और (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true / (B) और (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true / (A) और (C) सही हैं।
(d) (A), (B) and (C) are true
(A), (B) और (C) सही हैं।

Ans. (b) : भारत में मानसून के मौसम पर मानसून के लौटने के मौसम में पवन मुख्यभूमि से बंगाल की खाड़ी की तरफ बहती हैं। और भारत के दक्षिणी भागों में मानसून के लौटने के मौसम में वर्षा होती है।
इस समय भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु तक आंध्रप्रदेश में इस मौसम मे वर्षा होती है। इस प्रकार दिये गये कथनो मे कथन 'B' तथा 'C' सही है।

20. Which of the following rocks have a chance to contain fossils?
निम्नलिखित में से किस शैल में जीवाश्म मिलने की संभावना है:

A. Sedimentary rocks/ अवसादी शैल
B. Metamorphic rocks/ कायान्तरित शैल
C. Igneous rocks/ आग्नेय शैल

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/ केवल A (b) Only B/ केवल B
(c) A and B/ A और B (d) A and C/ A और C

Ans. (a) : अवसादी शैलों में जीवाश्म मिलने की संभावना है। अवसादी शैलों मे पौधों जानवरों एवं अन्य सूक्ष्म जीवाणुओं, जो कभी इन शैलों पर रहे है, के जीवाश्म पाये जाते है। शैलों की परतों में दबे मृत पौधों एवं जंतुओं के अवशेषों को जीवाश्म कहते है। अवसादी शैलों के उदाहरण चूना पत्थर, कोयला, बॉक्साइड आदि। कायांतरित शैल को रूपांतरित शैल भी कहा जाता है, जिसके उदाहरण संगमरमर, नीस,शिष्ट, तथा क्वार्टजाइट आदि हैं।
आग्नेय शैल के उदाहरण- ग्रेनाइट तथा बेसाल्ट है।

21. Which of the following characteristics of minerals?/निम्नलिखित में से खनिजों की कौन-कौन सी विशिष्टताएँ है?
Select the correct answer using the code given below/ नीचे दिए गए कोड का उपयोग कर सही विकल्प का चयन करें।

(A) They are created by natural processes without any human interface.
वे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते हैं।

(B) They are evenly distributed over space and have a definite chemical composition
वे समान रूप से सभी स्थानों पर वितरित हैं तथा इनका एक निश्चित रासयनिक संघटन हैं।

(C) They are inexhaustible/वे अपार हैं।

(D) Some minerals are found in areas which are not easily accessible
कुछ खनिज दुर्गम क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and C only/ केवल A और C
(b) A and D only/ केवल A और D
(c) A, B and C only/ केवल A, B और C
(d) A, B and D only/ केवल A, B और D

Ans. (b) : खनिजों की निम्न विशेषताएं हैं-
- वे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते हैं।
- वे समान रूप से सभी स्थानों पर वितरित हैं तथा इनका एक निश्चित रासयनिक संघटन हैं।

प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाला पदार्थ जिसका निश्चित रासायनिक संघटन हो, वह एक खनिज है खनिज सभी स्थानों पर समान रूप से वितरित नहीं है। वे किसी विशेष क्षेत्र मे या शैल समूहों मे संकेद्रित है। कुछ खनिज ऐसे क्षेत्रों मे पाये जाते है जो आसानी से अभिगम्य नही है। अतः विकल्प (b) सही है जिसमें केवल (A) और (D) सही है।

22. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) When hot air rises, cold air from the surrounding area rushes there to fill in the gap
गर्म वायु के ऊपर उठने पर आस पास के क्षेत्रों से ठंडी वायु रिक्त स्थान को भरने के लिए वहाँ आ जाती है।

(B) Air set in motion due to difference in pressure at different places
अलग-अलग स्थानों पर अलग वायुदाब होने से वायु में गति प्रारंभ होती है।

(C) Hot air is denser and heavy
गर्म हवा सघन तथा भारी होती है।

(D) Direction of wind is affected by the rotation of the earth.
पवनों की दिशा पृथ्वी के घूर्णन से प्रभावित होती है।

(a) (A), (B) and (C) are correct
(A), (B) तथा (C) सही हैं।
(b) (B), (C) and (D) are correct
(B), (C) तथा (D) सही हैं।
(c) (A), (C) and (D) are correct
(A), (C) तथा (D) सही हैं।
(d) (A), (B) and (D) are correct
(A), (B) तथा (D) सही हैं।

Ans. (d) : गर्म वायु के ऊपर उठने पर आस पास के क्षेत्रों से ठंडी वायु रिक्त स्थान को भरने के लिए वहाँ आ जाती है। ठंडी वायु सघन और भारी होती है। अलग-अलग स्थानों पर अलग वायुदाब होने से वायु मे गति प्रारंभ होती है। पवनों की दिशा पृथ्वी के घूर्णन से प्रभावित होती है। ये तीनों कथन (A), (B) और (D) सही है। गर्म वायु हल्की होती है जो हमेशा ऊपर होती है तथा ठंडी हवा भारी होने के कारण हमेशा नीचे रहती है।

23. Which geographical phenomena occurs when jet streams trap hot ocean air like a lid and move it towards land?
जब जेट स्ट्रीम गर्म समुद्री हवा को एक ढक्कन की तरह फँसा लेती है, और भूमि की ओर ढकेलती है, तो कौनसी भौगोलिक परिघटना घटित होती है।

(a) Precipitation/ वर्षण
(b) Evaporation/ वाष्पीकरण
(c) Heat dome/ हीट डोम
(d) Cyclone/ चक्रवात

Ans. (c) : जब जेट स्ट्रीम गर्म समुद्री हवा को एक ढक्कन की तरह फंसा लेती है और भूमि की ओर ढकेलती है तो हीट डोम की परिघटना घटित होती है।
हीट डोम उच्च दबाव क्षेत्र है जो उस बर्तन की तरह होता है जिस पर लगा ढक्कन गर्मी को रोककर रखता है।

24. The areas where a warm and cold current meet
जिन क्षेत्रों में गर्म और ठंडी जल धाराएँ मिलती हैं-

(A) experience foggy weather making navigation difficult.
कोहरे के मौसम का अनुभव किया जाता है जिससे जल यातायात प्रभावित होता है।

(B) provide the best fishing area in the world.
Select the correct answer using the code given below.
दुनिया के सबसे समृद्ध मछली पकड़ने वाले क्षेत्र विकसित होते हैं।

Select the correct answer using the code given below/ नीचे दिए गए कोड का उपयोग कर सही विकल्प का चयन करें।

(a) Both (A) & (B) are true/(A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(b) Both (A) & (B) are false
(A) और (B) दोनों असत्य हैं।
(c) (A) is true but (B) is false
(A) सत्य हैं, लेकिन (B) असत्य हैं।
(d) (A) is false but (B) is true
(A) असत्य हैं, लेकिन (B) सत्य हैं।

Ans. (a) : जहाँ गर्म व ठंडी जलधाराएँ मिलती है वहा ऑक्सीजन की आपूर्ति प्लैंक्टन बढ़ोत्तरी मे सहायक होती है, जो मछलियों का मुख्य भोजन है संसार के प्रमुख मत्स्य क्षेत्र इन्ही क्षेत्रों में (जहाँ गर्म व ठंडी जलधाराएं) मिलती है तथा कोहरे के मौसम का अनुभव किया जाता है जिससे जल यातायात प्रभावित होता है।

25. Assertion (A) : Minerals are non-renewable resource
अभिकथन (A) : खनिज अनवीकरणीय संसाधन है।
Reason (R) : The rate of formation is faster than the rate of consumption by human of these minerals
कारण (R) : मानवीय उपयोग की दर से खनिजों के निर्माण की दर तेज है।
Choose the correct option/ सही विकल्प चुनें-

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सही हैं, तथा (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) तथा (R) दोनों गलत है।

Ans. (c) : खनिज और जीवाश्म ईधन अनवीकरण योग्य संसाधन है। इनके बनने में लाखों वर्ष लग जाते है। इनमें से कुछ संसाधन जैसे धातुएँ पुनः चक्रीय है और कुछ संसाधन जैसे जीवश्म ईधन अचक्रीय है व एक बार के प्रयोग के साथ ही खत्म हो जाते है। इस प्रकार कथन 'A' सत्य है।
खनिज निर्माण की भू-गर्भिक प्रक्रियाएँ इतनी धीमी है कि उनके वर्तमान उपभोग की दर की तुलना मे उनके पुनर्भरण की दर अपरिमित रूप से थोड़ी है इसलिए खनिज संसाधन सीमित तथा अनवीकरणीय है। अतः कथन 'B' असत्य है।

26. A teacher who was teaching about migration in her class, used the following example: 'Sridevi who belongs to a fishing community migrated to Chennai after the tsunami had devastated her village'
Identify the concept that she was discussing in her class.
एक अध्यापिका प्रवास के विषय में पढ़ा रही थी। उन्होंने अपनी कक्षा में उदाहरण दिया – ''सुनामी द्वारा गाँव में तबाही के बाद श्री देवी जो मछुआरे समुदाय से है, ने चेन्नई में स्थानातंरण किया।''
कौन सा विचार संकल्पना वे पढ़ा रही थी?

(a) Immigration/ आप्रवास
(b) Emigration/ उत्प्रवास

(c) Pull Factor of migration/ प्रवास के अपकर्ष कारक
(d) Push Factor of migration/प्रवास के प्रतिकर्ष कारक

Ans. (d) : एक अध्यापिका प्रवास के विषय मे पढ़ा रही थी। उन्होने अपनी कक्षा मे उदाहरण दिया सुनामी द्वारा गाँव में तबाही के बाद श्री देवी जो मछुआरे समुदाय से है, ने चेन्नई में स्थानातंरण किया यहाँ पर अध्यापिका प्रवास के प्रतिकर्ष कारक की संकल्पना को पढ़ा रही है।

27. Consider the following statements about organic farming.
जैविक कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Manure is used for fertilizing
पशु खाद का प्रयोग किया जाता है पोषण के लिये।

(B) Genetic modification is done to increase productivity
अनुवांशिक रूपांतरण उत्पादकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

(C) Natural pesticides are use.
प्राकृतिक कीटनाशकों का प्रयोग होता है।

(a) Only (A) and (B) are correct
केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are correct
केवल (B) और (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are correct
केवल (A) और (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are correct
(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (c) : जैविक कृषि में रासायनिक खादों के स्थान पर जैविक पशु खाद और प्राकृतिक कीटनाशक का उपयोग किया जाता है। तथा फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई आनुवंशिक रूपांतरण नहीं किया जाता।
इस प्रकार जैविक कृषि के सन्दर्भ में दिये गये कथनों में कथन (A) और (C) सही है।

28. The Preamble of the Indian Constitution states that all Indians are equal in _____.
भारतीय संविधान की प्रस्तावना बताती है कि सभी भारतीय _____ में समान है।

(a) income & employment/ आय और रोजगार
(b) status & employment/ प्रस्थिति और रोजगार
(c) income & opportunity/ आय और अवसर
(d) status & opportunity/ प्रस्थिति और अवसर

Ans. (d) : भारतीय संविधान की प्रस्तावना बताती है कि सभी भारतीय प्रस्थिति और अवसर में समान है जिसके लिए प्रतिष्ठा और अवसर की समता शब्द का प्रयोग किया गया है।

29. Read the following paragraph and fill in the blanks:
Panchayat elections are held every ____ years. Elected members of the Panchayat are called _____. Most basic unit of the Panchayat Raj system is _____, which is a meeting of all adults who live in the area covered by a Panchayat.
Choose the correct sequence of the following.
निम्न गद्यांश में रिक्त स्थान पूर्ति करें
प्रति _____ वर्ष में पंचायत चुनाव होते हैं।
चुने हुए प्रतिनिधि पंच कहलाते हैं।
पंचायती राज में सबसे छोटी इकाई _____ हैं जिसमें पंचायत क्षेत्र के सभी वयस्क बैठक करते हैं।
सही क्रम चुनें।

(a) Five, Panchs, Jansabha/ 5, जन सभा
(b) Four, Sarpanch, Gram Panchayat
4, ग्राम पंचायत
(c) Five, Panchs, Gram Sabha/ 5, ग्राम सभा
(d) Four, Panch, Gram Sabha/ 4, ग्राम सभा

Ans. (c) : प्रति 5 वर्ष में ग्राम पंचायत चुनाव होते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि पंच कहलाते है। पंचायती राज्य में सबसे छोटी इकाई ग्राम सभा है जिसमे पंचायत क्षेत्र के सभी वयस्क बैठक करते है।

30. Which among the following is the most important aspect to strengthen then diversity in a social science classroom?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निम्न में से कौन-सा पहलू विविधता को बल देगा?

(a) Equality, Dignity, and Obedience
समानता, गरिमा, आज्ञाकारिता
(b) Discipline, Uniformity, and Trust
अनुशासन, एकरूपता, विश्वास
(c) Access, Dignity, and Equality
पहुँच, गरिमा, समानता
(d) Respect, Uniformity, and Obedience
आदर, एकरूपता, आज्ञाकारिता

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा मे पहुँच, गरिमा और समानता विविधता को बल देगा।

31. Which of the following is the new state of India?
इनमें से भारत का सबसे नया राज्य कौन-सा है?

(a) Jharkhand/ झारखण्ड
(b) Uttrakhand/ उत्तराखंड
(c) Telangana/ तेलंगाना
(d) Mizoram/ मिजोरम

Ans. (c) : तेलंगाना भारत का सबसे नया राज्य है। जिसका गठन 2 जून 2014 को किया गया। यह भारत का 29वाँ राज्य है, जो कि भारत के आंध्र प्रदेश राज्य से अलग होकर बना है।

32. Which of the following person works in the primary sector?/निम्न में से कौन-सा व्यक्ति प्राथमिक क्षेत्र में कार्य करता है?

(a) Radha works in the tailoring unit of a garment factory/ राधा कपड़े की फैक्ट्री में सिलाई की यूनिट में काम करती है।
(b) Sarita is the marketing manager of a fertilizer company/ सरिता एक उर्वरक कंपनी में बाजार प्रबंधक का कार्य करती है।
(c) Harpreet operates a crane at a building site
हरप्रीत इमारत निर्माण स्थल पर क्रेन मशीन का संचालन करती है।
(d) Hamid taps rubber on a plantation
हामिद बागान में रबड़ रोपण करता है।

Ans. (d) : हामिद बागान में रबड़ रोपण करता है, जो कि प्राथमिक क्षेत्र में कार्य करता है। जब हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके किसी वस्तु का उत्पादन करते है तो इसे प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि कहा जाता है। चूँकि हम अधिकांश प्राकृतिक उत्पाद कृषि, डेयरी, मत्स्यन, और वनों से प्राप्त करते है। इसलिए इसे कृषि और सहायक क्षेत्रक भी कहते हैं।

33. Which of the following is the main concern of livelihood in rural areas?
निम्न में से कौन-सा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के बारे में सरोकार/चिंता का विषय हैं।

(a) Creation of Hawking Zones
ढुलाई क्षेत्र का बनना।
(b) Long hours of work in cramped shop floors
कई मंजिल छोटी दुकानों पर कार्य के लम्बे घंटे।
(c) Loss of sales because of malls offering bigger discounts/ माल्स द्वारा भारी छूट के चलते दुकानों पर विक्रय में कमी आना।
(d) Seasonal nature of work
कार्य की मौसम अनुसार प्रकृति (कार्य उपलब्धता)।

Ans. (d) : कार्य की मौसम अनुसार प्रकृति (कार्य उपलब्धता) अर्थात मौसम की प्रकृति के अनुसार कार्य का उपलब्ध न होना ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के बारे में चिंता का विषय है।

34. Universal adult franchise means:
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है:

(a) All adults are allowed to drive
सभी वयस्कों को गाड़ी चलाने की अनुमति है।
(b) All adults are freely allowed to express their views/ सभी वयस्कों को अपने विचार प्रकट करने की सहज अनुमति है।
(c) All adults are allowed to make government
सभी वयस्कों को सरकार बनाने की अनुमति है।
(d) All adults are allowed to vote
सभी वयस्कों को मतदान करने की अनुमति है।

Ans. (d) : सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है - सभी वयस्कों को मतदान करने की अनुमति है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का विचार समानता के विचार पर आधारित है। क्योंकि यह घोषित करता है कि देश का हर वयस्क स्त्री/पुरुष चाहे उसका आर्थिक स्तर या जाति कुछ भी क्यों न हो एक वोट का हकदार है। 61वें संविधान संशोधन 1989 के द्वारा वयस्क मताधिकार की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया है।

35. What is the meaning of the phrase 'setting the agenda' in the context of the media?
मीडिया के संदर्भ में 'मसौदा तैयार करने' से क्या अभिप्राय है?

(a) Preparation of the list of broadcast by media channels/ मीडिया चैनलों द्वारा प्रसारणों की सूची तैयार करना
(b) Media channels prioritizing those programmers that have high Target Rating Points (TRP) for (retelecast)/ मीडिया चैनलों द्वारा उन कार्यक्रमों को दोबारा प्रसारण के लिए प्राथमिकता देना जिनकी टारगेट रेटिंग पॉइंट (टी.आर.पी.) अधिक है।
(c) Media influencing people's thoughts and perceptions in deciding what issues to focus on/ लोगों को किन मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, यह निर्धारण मीडिया द्वारा लोगों की सोच और समझ पर प्रभाव डालता है।
(d) Use of popular programmers for marketing purposes by media houses/ बाजारीकरण के लिए मीडिया घरानों द्वारा लोकप्रिय कार्यक्रमों का उपयोग करना।

Ans. (c) : मीडिया के संदर्भ में 'मसौदा तैयार करने' से अभिप्राय है लोगों को किन मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, यह निर्धारण मीडिया द्वारा लोगों की सोच और समझ पर प्रभाव डालता है।
किन घटनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाए इसमे भी संचार माध्यमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है और इसी के आधार पर वह तय कर देते है कि क्या समाचार मे दिये जाने योग्य है कुछ खास विषयो पर ध्यान केन्द्रित करके संचार माध्यम हमारे विचारों, भावनाओं और कार्यो को प्रभावित करता है। और हमारा ध्यान उन मुद्दों की ओर आकर्षित करते है। हमारे जीवन पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालने और हमारे विचारों को निर्मित करने मे मुख्य भूमिका होने के कारण ही प्रायः यह कहा जाता है कि समाचार माध्यम ही हमारा मसौदा या एजेंडा तय करते है।

36. Indian Constitution ensures that government system does not involve only persons sitting in the capital city and making decision for everyone. Therefore, these are difficult levels of government which draw their authority from the Constitution'. Above description matches to which of the following features of Indian Constitution?
भारतीय संविधान यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी व्यवस्था केवल उन लोगों को ही सम्मिलित न करें जो राजधानी में बैठे हैं और सभी के लिए निर्णय लेते हैं। इसीलिए, यहाँ पर सरकार के विभिन्न स्तर हैं जिन्हें संविधान से ही अपनी ताकत और अधिकार मिलते हैं। ऊपर दिया हुआ विवरण निम्नलिखित में से भारत संविधान के कौन-से लक्षण से मेल खाता है?

(a) Separating of powers/ शक्तियों का बटवारा
(b) Federalism/ संघवाद
(c) Parliamentary forms of Government
संसदीय शासन पद्धति
(d) Secularism/ धर्मनिरपेक्षता

Ans. (b) : भारतीय संविधान यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी व्यवस्था केवल उन लोगों को ही सम्मिलित न करें जो राजधानी में बैठे हैं और सभी के लिए निर्णय लेते हैं। इसलिए यहाँ सरकार के विभिन्न स्तर है जिन्हे संविधान से ही अपनी ताकत और अधिकार मिलते है यह विवरण भारतीय संविधान के संघवाद के लक्षण से मेल खाता है।

37. Bachchu Manjhi – a mason from Jharkhand has come to Delhi to find work. He has exercised which of the following rights providing by the Indian Constitution?
झारखण्ड से एक राजगीर-बच्चू मांझी दिल्ली काम की तलाश में आया है। वह संविधान प्रदत्त किस अधिकार का प्रयोग कर रहा है-

(a) Right to Freedom/ स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to Equality/ समानता का अधिकार
(c) Cultural and Educational right
सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार
(d) Right to Constitutional Remedies
संवैधानिक उपचार का अधिकार

Ans. (a) : झारखण्ड से एक राजगीर-बच्चू मांझी दिल्ली काम की तलाश में आया है। वह संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग कर रहा है। स्वतंत्रता के अधिकार के अन्तर्गत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, भारत मे कही भी आने जाने का, भारत के किसी भी हिस्से में बसने और रहने का, कोई भी पेशा चुनने व्यापार करने का आधिकार आदि शामिल है।

38. In a criminal offence, who represents the interests of the state in the court?
आपराधिक उल्लंघन में, राज्य का पक्ष कौन प्रस्तुत करता है?
(a) Judge/ न्यायाधीश
(b) Police/ पुलिस
(c) Public prosecutor/ सरकारी वकील
(d) Defence Lawyer/ बचाव पक्ष का वकील

Ans. (c) : आपराधिक उल्लंघन में राज्य का पक्ष सरकारी वकील प्रस्तुत करता है।
किसी आपराधिक उल्लंघन को जनता के विरुद्ध माना जाता है इस का मतलब यह है कि वह अपराध केवल पीड़ित व्यक्ति को ही नुकसान नही पहुँचाता बल्कि पूरे समाज के प्रति अपराध होता है। अदालत में आपराधिक उल्लंघन के मामले मे सरकारी वकील राज्य का पक्ष प्रस्तुत करता है सरकारी वकील की भूमिका तब शुरू होती है जब पुलिस जांच पूरी करके अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर देती है।

39. Ghettoization is result of _____ of marginalization.
घेटोआईजेशन _____ हशियेकरण का परिणाम है।
रिक्त स्थान भरें।
A. Social/ सामाजिक
B. Economic/ आर्थिक
C. Cultural/ सांस्कृतिक
(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Only C/ केवल C
(d) A, B and C/ A, B और C तीनों

Ans. (d) : घेटोआईजेशन सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक हाशियेकरण का परिणाम है। हाशियेकरण के कारण कुछ स्थितियों में वे जिन इलाकों में पहले से रहते आए है, वहाँ से निकलने लगे है जिससे अक्सर उनका 'घेटाआइजेशन' होने लगता है।

40. The government has passed laws that make it mandatory for organizations that have more than ____ women employees of provide crèche facilities.
शासन ने एक कानून बनाया है, जिसके तहत यदि किसी संस्था में महिला कर्मचारियों की संख्या ____ से अधिक है, तो उसे वैधानिक रूप से बालवाड़ी (क्रेश) की सुविधा देनी होगी।
(a) thirty/ तीस (b) fifty/ पचास
(c) eighty/ अस्सी (d) ten/ दस

Ans. (a) : शासन ने एक कानून बनाया है, जिसके तहत यदि किसी संस्था में महिला कर्मचारियों की संख्या 30 से अधिक है, तो उसे वैधानिक रूप से बालवाड़ी (क्रेश) की सुविधा देनी होगी।

41. Which of the following statements communicates an accurate understanding about the nature of social sciences?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान की प्रकृति के सन्दर्भ में एकदम सटीक समझ संचारित करता है?
(a) 'It incorporates facts and information which need to be rote memorized.'/ यह तथ्यों एवं सूचना को सम्मिलित करता है जिन्हें रटकर याद करने की आवश्यकता है।
(b) 'It is not based on scientific approach and contain biases in the presentation.'
यह वैज्ञानिक उपागम पर आधारित नही है तथा प्रस्तुतीकरण में पूर्वाग्रह अंतर्विष्ट करता है।
(c) 'It aims to build on beliefs, practices and opinions without critically questioning them.'
इसका उद्देश्य विभिन्न मान्यताओं, प्रक्रियाओं और मतों का निर्माण करना है, बिना उनपर आलोचनात्मक प्रश्न किए।
(d) 'It develops an integrated understanding about society and critical citizenry.'/ यह समाज तथा विवेचनशील नागरिकता /नागरिक वर्ग के संदर्भ में एक एकीकृत समझ को विकसित करता है।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान समाज तथा विवेचनशील नागरिकता/नागरिक वर्ग के सन्दर्भ मे एक एकीकृत समझ को विकसित करता है यह कथन सामाजिक विज्ञान की प्रकृति के सन्दर्भ में एकदम सटीक समझ संचारित करता है।

42. Consider the following A & B
निम्नलिखित कथनों A तथा B पर विचार कीजिए।
Statement A: Anthropogeography is part of the discipline of geography.
कथन A: मानव भूगोल, भूगोल के विषय का हिस्सा है।
Statement B: Anthropogeography covers the evaluation of humankind, its different races and human adaption to environment
कथन B: मानव भूगोल, मानव जाति के विकास उसकी विभिन्न नस्लों एवं मानव का वातावरण से अनुकूलन शामिल करता है।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।
(b) A is false and B is true/A गलत है परंतु B सही हैं।
(c) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।
(d) A is true but B is false/A सही है परंतु B गलत है।

Ans. (d) : A सही है परंतु B गलत है। मानव भूगोल, भूगोल की प्रमुख शाखा है। जिसके अन्तर्गत मानव की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान समय तक उसके पर्यावरण के साथ सम्बंधो का अध्ययन किया जाता है। मानव भूगोल पृथ्वी की सतहों तथा मानव समुदायों के बीच सम्बंधों का संश्लेषित अध्ययन है। यह तीन संघटकों से निकटतम रूप से जुड़ा है। मानवीय जनसंख्या का स्थानिक विश्लेषण, मानवीय जनसंख्या और पर्यावरण के बीच संबंधों का पारिस्थितिक विश्लेषण और प्रादेशिक संश्लेषण, जो कि धरातल के क्षेत्रीय विभेदीकरण मे पहले दोनों विषय वस्तुओं को जोड़ता है।

43. Which of the following statements is an aspect of epistemic shift in the teaching of social science proposed by the National Curriculum Framework 2005?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 द्वारा प्रस्तावित सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में ज्ञानात्मक स्थानांतरण का पहलू है?

(a) From textbook as the only source of information to text book as one of the sources in understanding issues./समस्याओं को समझने में एकमात्र जानकारी के स्रोत के तौर पर पाठ्य-पुस्तक तक।
(b) From modern to post-modern perspective. आधुनिकता से उत्तर आधुनिकतावाद तक
(c) From developing critical citizens to obedient and loyal citizens./आलोचनात्मक नागरिकों से आज्ञाकारी एवं निष्ठावान नागरिक विकसित करने तक
(d) From the 'British' account of the past to varied 'Indian' accounts./इतिहास के ब्रिटिश वृतांत/वर्णन से विविधता-पूर्ण 'भारतीय' वृतांत/वर्णन तक।

Ans. (a) : ''समस्याओं को समझने में एक मात्र जानकारी के स्रोत के तौर पर पाठ्य-पुस्तक तक'' राष्ट्रीय पाठ्यचर्या NCF 2005 द्वारा प्रस्तावित सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में ज्ञानात्मक स्थानान्तरण का पहलू है।

44. Social science curricular material developed on the basis of which of the following may help the social science teacher see interconnections between various aspects of society?
निम्न में से किस उपागम के आधार पर विकसित सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या सामग्री सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को समाज के विभिन्न पहलुओं के अंत: संबंधों को देख पाने में सहायक होती है?

A. Disciplinary approach/ अनुशासनिक उपागम
B. Multidisciplinary approach/बहुविषयक उपागम
C. Interdisciplinary approach अंत: अनुशासनिक उपागम
D. Thematic approach विषयक (थीमेटिक) उपागम

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A and B are true/ केवल A और B सही हैं
(b) Only B and C are true / केवल B और C सही हैं
(c) Only C and D are true / केवल C और D सही हैं
(d) Only A and D are true / केवल A और D सही हैं

Ans. (c) : अंतः अनुशासनिक उपागम तथा विषयक (थीमेटिक) उपागम के आधार पर विकसित सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को समाज के विभिन्न पहलुओं के अंतः सम्बंधो को देख पाने में सहायक होती है।

45. Which among the following are valid ways to encourage comprehension of concepts over retention of facts?
निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्यों को याद करने के स्थान पर संकल्पनाओं के अवबोधन को प्रोत्साहित करता है?

A. Minimizing the listing of information सूचना को सूचीबद्ध करने को कम करना।
B. Asking questions that encourage a child to think/ऐसे प्रश्न पूछना जो बच्चे को चिंतन के लिए प्रोत्साहित करें।
C. Avoiding definitions whenever possible जहाँ तक संभव हो परिभाषाओं को अनदेखा करना।
D. Providing tables of all facts सही तथ्यों की तालिका उपलब्ध करना।

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D सभी
(b) A, B and C / केवल A, B और C
(c) B, C and D / केवल B, C और D
(d) A, C and D / केवल A, C और D

Ans. (b) : सूचना को सूचीबद्ध करना, ऐसे प्रश्न पूछना जो बच्चे को चिंतन के लिए प्रोत्साहित करे तथा जहाँ तक संभव हो परिभाषाओं को अनदेखा करना निम्न विकल्प तथ्यों को याद करने के स्थान पर संकल्पनाओं के अवबोधन को प्रोत्साहित करता है तथा सही तथ्यों की तालिका उपलब्ध करना गलत विकल्प है। अतः तथ्य A, B तथा C सत्य है।

46. Which of the following teaching-learning strategy could be best employed at elementary level to discuss the topic of 'social justice and marginalisation?
निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम युक्ति आरंभिक स्तर पर ''सामाजिक न्याय तथा हाशियाकरण'' विषय पर चर्चा करने के लिए सर्वश्रष्ठ हो सकती है?

(A) Role play/ भूमिका अदा करना (रोल-प्ले)
(B) Case-study/ वृत्त-अध्ययन (केस-स्टडी)
(C) Survey/ सर्वेक्षेण
(D) Globe and maps/ ग्लोब तथा मानचित्र

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B, C and D/ A, B, C और D

Ans. (a) : भूमिका अदा करना (रोल-प्ले), वृत अध्ययन (केसस्टडी) तथा सर्वेक्षण जैसी शिक्षण अधिगम युक्ति आरम्भिक स्तर पर 'सामाजिक न्याय तथा हाशियाकरण' विषय पर चर्चा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ हो सकती है।

47. You are taking a class on 'Partition of India'. Which of the following can prove to be valuable resources for a classroom discussion?
आप भारत-विभाजन पर कक्षा ले रहे है। निम्नलिखित में से कौन-सा कक्षा चर्चा के लिए मूल्यावान संसाधन साबित हो सकता है?

(A) Maps of India (1947-48)
भारत के मानचित्र (1947-48)

(B) Reading from 'Train to Pakistan' by Khushwant Singh/ खुशवंत सिंह द्वारा लिखी पुस्तक 'पाकिस्तान के लिए रेल' से पढ़ना

(C) Photographs of Delhi-1948
दिल्ली 1948 के चित्र (फोटोग्राफ्स)

(D) Songs sung by M.S. Subulaxmi
एम.एस. सुब्बालक्ष्मी द्वारा गाया गया गीत

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D / A, B और D
(c) B, C and D / B, C और D
(d) A, B, C and D / A, B, C और D

Ans. (a) : भारत विभाजन पर कक्षा चर्चा के लिए भारत के मानचित्र (1947-48), दिल्ली 1948 के चित्र (फोटोग्राफ्स) तथा खुशवंत सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'ट्रेन टू पाकिस्तान' मूल्यवान संसाधन साबित हो सकता है।

48. The most relevant role for a social science teacher would be to provide opportunity for students to develop:
एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की भूमिका में अपने छात्रों हेतु निम्न में से क्या विकसित करने के अवसर उपलब्ध करवाना सबसे महत्त्वपूर्ण है?

(a) self motivation to study on their own for exams./परीक्षा हेतु स्वयं पढ़ने के लिए प्रोत्साहित होना
(b) become experts in the subject.
विषय विशेषज्ञ बनाना
(c) memory skills to recall events.
घटनाओं को याद करने के लिए स्मरण
(d) a critical understanding of the world around them./उनके चारों ओर वातावरण की समालोचनात्मक समझ

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की भूमिका में अपने छात्रों हेतु उनके चारों ओर वातावरण की समालोचनात्मक समझ विकसित करने के अवसर उपलब्ध करवाना सबसे महत्त्वपूर्ण है।

49. Which of the following activities in a history class have the most potential for promoting critical thinking skills?
इनमें से कौन-सी गतिविधि, इतिहास कक्षा में, चिंतन के कौशल को बढ़ाने के लिए सबसे अधिक प्रभावी होगी-

(A) Analysing choices/विकल्पों का विश्लेषण करना

(B) Asking recall questions/पुर्नस्मरण प्रश्न पूछना

(C) Differentiating facts from opinions
तथ्यों और मतों में भेद करना

(D) Exploring impacts/ प्रभावों को खोजना

(E) Reading textbook contents
पाठ्य-पुस्तक की विषयवस्तु का पाठन करना

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)
(b) (A), (C) and (D)/ (A), (C) तथा (D)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) तथा (D)
(d) (C), (D) and (E)/ (C), (D) तथा (E)

Ans. (b) : विकल्पों का विश्लेषण करना, तथ्यों और मतों में भेद करना तथा प्रभावों को खोजना जैसी गतिविधि इतिहास कक्षा में चिंतन के कौशल को बढ़ाने के लिए सबसे अधिक प्रभावी होगें। अतः विकल्प A, C तथा D सत्य है।

50. Which of the following social science questions have the most potential for promoting critical thinking?
इनमें से कौन सा/से प्रश्न में आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने की ज्यादा संभावना हैं?

A. In what ways do pressure groups and social movements exert influence on politics?
राजनीति पर दबाब समूह और सामाजिक आन्दोलन किस प्रकार प्रभाव डालते है?

B. What is the difference between a pressure group and a political group?
राजनैतिक-समूह और दबाव समूह में क्या अंतर है?

C. Explain the following terms: (1) political parties; (2) pressure groups.
निम्नलिखित की व्याख्या करो-(1) राजनैतिक दल (2) दबाव समूह

D. How many political parties can India have given its size of population? Why?
जनसंख्या आकार अनुसार भारत में कितने राजनैतिक दल हो सकते हैं? और क्यों?

E. How is public interest litigation attempt to ensure justice for all in India?
भारत में जनहित याचिकाएँ सबके लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास कैसे करती हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, D and E/ A, D और E

Ans. (d) : आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने की ज्यादा संभावना राजनीति पर दबाब समूह और सामाजिक आन्दोलन किस प्रकार प्रभाव डालते है, जनसंख्या आकार अनुसार भारत में कितने राजनैतिक दल हो सकते हैं? और क्यों तथा भारत में जनहित याचिकाएँ सबके लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास कैसे करती हैं। अतः कथन A, D और E सही है।

51. Which of the following is true about using current affairs and events in social studies?
सामाजिक अध्ययन में समसामयिक घटनाओं और इवेंट्स के उपयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है :

A. Using current affairs as integral part for social studies units.
सामाजिक विज्ञान इकाइयों के लिए करेंट अफेयर्स का अभिन्न अंग के रूप में उपयोग करना।

B. Using current affairs in addition to social studies text book
सामाजिक अध्ययन पाठ्यपुस्तक के अलावा करेंट अफेयर्स का उपयोग करना ।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only A/ केवल A
(b) Only B/ केवल B
(c) Both A and B are true/ A और B दोनों सत्य हैं
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों असत्य हैं

Ans. (c) : सामाजिक अध्ययन में समसामयिक घटनाओं और इवेंट्स के उपयोग के बारें में सामाजिक विज्ञान इकाइयों के लिए करेंट अफेयर्स का अभिन्न अंग के रूप में उपयोग करना। सामाजिक अध्ययन पाठ्य पुस्तक के अलावा करेंट अफेयर्स का उपयोग करना। दिये गये दोनों कथन सही है।

52. Which of the following can be considered as major challenge in the teaching of social sciences at the elementary level?
निम्नलिखित में से किस को प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में एक बड़ी चुनौती की तरह माना जा सकता है?

A. It is treated as a non-utilitarian subject
इसे एक गैर-उपयोगितावादी विषय की तरह समझा जाता है।

B. It creates a lot of debate and controversy
यह बहुत सारी बहस और विवादों को पैदा करता है।

C. Teacher with one specialization is expected to teach many subjects
एक विशेषज्ञता वाले शिक्षक से बहुत सारे विषयों का शिक्षण अपेक्षित होता है।

D. It requires considerable amount of statistical knowledge
इसमें गणित के काफी अधिक ज्ञान की आवश्यकता होती है।

E. Differently able learners find it difficult to cope with the content
अन्यथा सक्षम शिक्षार्थी, विषय-वस्तु का सामना करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, B and E/ A, B और E

Ans. (a) : प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में निम्न को एक बड़ी चुनौती की तरह माना जा सकता है –
(i) इसे एक गैर उपयोगितावादी विषय की तरह समझा जाता है।
(ii) यह बहुत सारे बहस और विवादों को पैदा करता है।
एक विशेषज्ञता वाले शिक्षक से बहुत सारे विषयों का शिक्षण अपेक्षित होता है।

53. Social science textbook at the upper primary stage have been developed with the objective of _____.
उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकें इस उद्देश्य के साथ-विकसित की गयी हैं-

(a) providing detailed information
विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए
(b) presenting majoritarian perspective
बहुमतीय दृष्टिकोण को प्रकाशित करने के लिए
(c) including a nationalistic representation
राष्ट्रवादी प्रतिनिधित्व सम्मिलित करने के लिए
(d) providing thematic presentation
विषयक प्रस्तुतीकरण उपलब्ध कराने के लिए

Ans. (d) : उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तकें विषयक प्रस्तुतीकरण उपलब्ध कराने के लिए उद्देश्य के साथ-विकसित की गई हैं।

54. Which of the following primary sources can be referred to build an understanding of 'Dhamma'?
'धम्म' के विषय में समझ बनाने के लिए किस प्राथमिक स्त्रोत का संदर्भ लिया जाना चाहिए?

(a) Ashokan inscriptions/ अशोक के शिलालेख
(b) Megathenes writings/ मेगस्थनीज के लेख
(c) Rampurwa bull sculpture/ रामपुरवा की बैल मूर्ति
(d) Iron Pillar/ लौहस्तम्भ

Ans. (a) : प्राथमिक स्त्रोत वे होते है जो किसी घटना, वस्तु, व्यक्ति या कार्य प्रणाली से सीधे जुड़े होते है। इसमे ऐतिहासिक तथ्य एवं साक्ष्य वैधानिक दस्तावेज प्रत्यक्षदर्शी के साक्ष्य, प्रयोगों के परिणाम, ऑडियो-वीडियो क्लिप तथा संबंधित अन्य साधन जो व्यक्तिगत रूप से सीधे संबंधित होते है। अतः अशोक के धम्म के बारे में जानकारी के प्राथमिक स्त्रोत उसके द्वारा उत्कीर्ण कराए गये अभिलेख है।

55. Fill in the blanks with the most appropriate option.
Project work mainly involves_____
सबसे उपयुक्त विकल्प के द्वारा खाली स्थान भरिए-
परियोजना कार्य में मुख्यतः शामिल होता है-

(a) collecting information from multiple resources
अनेक संसाधनों से सूचना एकत्र करना
(b) going out to gather data from people
लोगो से आँकड़े इकट्ठा करने के लिए बाहर जाना
(c) memorizing important project related concepts/ परियोजना से संबंधित महत्त्वपूर्ण संप्रत्ययों को याद करना/ कंठस्थ करना
(d) collecting mainly news clippings related to the topic/ विषय से संबधित मुख्यतः समाचारों के अंश एकत्र करना

Ans. (a) : परियोजना में कार्य मे मुख्यतः अनेक संसाधनों से सूचना एकत्र करना शामिल होता है जबकि अन्य विकल्प (b), (c) और (d) परियोजना कार्य के बारे में गलत है।

56. What is the appropriate sequencing in the doing of a project?
परियोजना कार्य करने के लिए उपयुक्त क्रम क्या है?

A. Prepare a questionnaire/interview schedule related to the topic
विषय से संबंधित प्रश्नावली/साक्षात्कार की अनुसूची तैयार करना

B. Formulate a research question or problem
शोध प्रश्न अथवा समस्या का सूत्रीकरण

C. Develop an approach to answer the research question
शोध प्रश्न का उत्तर देने की प्रविधि का विकास

D. Study the literature/materials to the topic
विषय से संबंधित साहित्य/सामग्री का अध्ययन

(a) B, D, A and B/ B, D, A तथा B
(b) D, B, C and A/ D, B, C तथा A
(c) A, D, B and C/ A, D, B तथा C
(d) D, B, A and C/ D, B, A तथा C

Ans. (b) : परियोजना में कार्य करने के लिए उपयुक्त क्रम है–
विषय से संबंधित साहित्य/सामग्री का अध्ययन, शोध प्रश्न अथवा समस्या का सूत्रीकरण और शोध प्रश्न का उत्तर देने की प्रविधि का विकास।

57. Which of the following questions assesses the conceptual knowledge of students?
इनमे से कौन सा/से प्रश्न छात्रों के सम्प्रयय संबंधी ज्ञान का आकलन करते हैं?

A. What accounts for the anger of the tribals against the Dikus?/जनजातियों द्वारा दिकू लोगों के विरोध का क्या कारण था?

B. Distinguish between economic development and sustainable development.
आर्थिक विकास और सततपोषणीय विकास में क्या अन्तर है? स्पष्ट करें।

C. Choose any tribal group living in India today. Write an essay about their customs and way of life, and how their lives have changed in the last 50 years.
वर्तमान भारत के किसी जन-जाति समुदाय को चुनें, उनके रीतिरिवाज और जीवन और पिछले 50 वर्षों में उनके जीवन में आए परिवर्तन पर निबंध लिखों

D. Find out more about Rani Lakshmibhai of Jhansi. In what ways would she have been an unusual women for her times?
झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के विषय में अधिक जानें। वे अपने समय की किस प्रकार से एक असामान्य महिला थी।

E. Differentiate between subsistence farming and commercial farming.
निर्वाह कृषि व व्यावसायिक कृषि में अंतर बताये।

Choose from the following options.
सही विकल्प का चयन किजिए।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) B and E/ B और E
(d) D and E/ D और E

Ans. (c) : आर्थिक विकास और सततपोषणीय विकास में क्या अन्तर है स्पष्ट करे?
निर्वाह कृषि व व्यावसायिक कृषि मे अंतर बताये। ये दोनों कथन छात्रों के सम्प्रयय संबंधी ज्ञान का आकलन करते हैं। समानता या असमानता के आधार पर वस्तुओं को वर्गीकृत करने की प्रक्रिया ही सम्प्रत्यय सीखना है।
सम्प्रयय को वस्तुओं एवं घटनाओं की उभयनिष्ठ विशेषताओं के रूप मे परिभाषित किया जा सकता है इस प्रकार हमारे अनुभवों को संगठित एवं विभेदित करने का प्रतीकात्मक साधन है और उच्च चिन्तन की मौलिक आवश्यकता है।

58. Which of the following questions assess metacognitive knowledge?
इनमें से प्रश्न परा-बौद्धिक (मेटाकोग्निटिव) ज्ञान का आकलन करते हैं?

A. Suppose you are expected to form a group of students to conduct a Sport day. Write a detailed proposal for the school.
कल्पना करें अपने खेल दिवस के लिए एक छात्र समूह का निर्माण करना है। विद्यालय के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव लिखें।

B. what was Birsa's vision of a golden age?
बिरसा का सुनहरी युग का क्या दर्शन विचार चित्र था।

C. Develop a concept map on the topic-Rural Livelihoods after reading three journal articles on the topic.
ग्रामीण रोजगार पर 3 जर्नल के लेख पढ़ कर संकल्पना मानचित्र (कांसेप्ट मैप) विकसित करें।

D. Find out form your parents, friends or teachers the names of some heroes of tribal revolts in the twentieth century. Write their story in your own words.
20वीं सदी में जनजातीय विद्रोही नायकों के विषय में अपने माता-पिता, मित्र या अध्यापकों से पता करें। अपने शब्दों में उनकी कहानी लिखें।

E. There is regular traffic jam in your locality due to which you keep getting late for school.
Describe the strategies that you will develop to address this issue.
अपने क्षेत्र में नियमित तौर पर यातायात-जाम के कारण आप विद्यालय देरी से पहुंचते हैं। इस समस्या के हल के लिए आप जिन युक्तियों को विकसित करेंगे उनका वर्णन करें।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें-

(a) A, B, C and D/ A, B, C और D
(b) B, C, D and E/ B, C, D और E

(c) A, C, D and E/ A, C, D और E
(d) A, B, D and E/ A, B, D और E

Ans. (c) : (A) कल्पना करें अपने खेल दिवस के लिए एक छात्र समूह का निर्माण करना है। विद्यालय के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव लिखें।
(C) ग्रामीण रोजगार पर 3 जर्नल के लेख पढ़कर संकल्पना मानचित्र विकसित करें।
(D) 20वीं सदी में जनजातीय विद्रोही नायकों के विषय में अपने माता-पिता, मित्र या अध्यापकों से पता करें। अपने शब्दों में उनकी कहानी लिखें।
(E) अपने क्षेत्र में नियमित तौर पर यातायात-जाम के कारण आप विद्यालय देरी से पहुंचते हैं। इस समस्या के हल के लिए आप जिन युक्तियों का प्रयोग करेने उनका वर्णन करे में चारो प्रश्न परा वौद्धिक (मेटाकोग्निटिव) ज्ञान का आकलन करते है।

59. Which of the following questions assesses the 'evaluate' aspect of cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन-से प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के मूल्यांकन पहलू का आकलन करते हैं?

A. List three schemes that aimed to improve the poor in India
तीन योजनाओं को सूचीबद्ध कीजिए जिनका लक्ष्य भारत में गरीबों की स्थिति बेहतर करना है।

B. Describe the processes involved in the implementation of MNREGA.
मनरेगा को लागू कराने में संलिप्त प्रक्रियाओं का व्याख्यान कीजिए।

C. Samagra Shiksha Abhiyan helps in quality improvement of learning levels in India. Provide three points in favour of this statement.
समग्र शिक्षा अभियान ने भारत में अधिगम के स्तरों की गुणवत्ता सुधारने में सहायता की है। इस कथन के पक्ष में तीन बिंदु उपलब्ध कीजिए।

D. The process of industrialization in India since 1991 has led to pollution. Appraise the statement.
सन् 1991 से भारत में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया ने प्रदूषण को बढ़ावा दिया है। इस कथन को आँके।

E. Government has the responsibility to ensure fundamental rights of its citizens. Justify.
अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। उचित सिद्ध करें।

Choose the correct option/ सही विकल्प चुनें।
(a) A, B, C, and D/ A, B, C, और D
(b) A, C, D and E/ A, C, D और E
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) C, D and E/ C, D और E

Ans. (d) : ● समग्र शिक्षा अभियान ने भारत में अधिगम के स्तरों की गुणवत्ता सुधारने में सहायता की है। इस कथन के पक्षमें तीन बिंदु उपलब्ध कीजिए।
● 1991 में भारत में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया ने प्रदूषण को बढ़ावा दिया है तथा अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। उचित सिद्ध करें। ये तीनों कथन ज्ञानात्मक प्रक्रिया के मूल्यांकन पहलू का आकलन करते हैं।

60. Read the following questions. Which of them assesses the 'application' aspect of the cognitive process?
निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़ें इनमें से कौन से ज्ञानात्मक प्रक्रिया के प्रयोग पहलू का आकलन करतें हैं?

A. You are a peasant in Muhammad Tughluq's reign and you cannot pay the taxes demanded by the Sultan. What will you do?
आप मुहम्मद तुगलक के शासनकाल में किसान कृषक हैं और सुल्तान द्वारा माँगे गए करों का भुगतान नहीं कर सकते। आप क्या करेंगे?

A. Why some rocks have a shape of a mushroom?
कुछ पत्थरों की आकृति मशरूम (कुकरमुत्ते) जैसे क्यों होती है।

C. Suppose the time in Mumbai is 7.00 pm. What will be the time in Landon which is located close to Greenwich in the United Kingdom?
माना मुंबई में शाम के सात बजे का समय है। लंदन जो ब्रिटेन (युनाइटेड किंगडम) में ग्रीनविच के समीप स्थित है वहाँ क्या समय होगा?

D. Who are the parties involved in the tripartite struggle?
कौन-कौन से पक्ष, त्रिपक्षीय संघर्ष में सम्मिलित थे?

E. List steps you will follow to choose school pupil leader by following the principles of democracy.
छात्र नेता के चयन में लोकतंत्र के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए आप जो कदम उठाएंगे उन्हें सूचीबद्ध किजिए।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A and B/ A और B (b) A and D/ A और D
(c) C and D/ C और D (d) C and E/ C और E

Ans. (d) : दिये गये प्रश्नगत प्रश्नों में ज्ञानात्मक प्रक्रिया के प्रयोग पहलू का आकलन करने वाले प्रश्न है –
C. माना मुम्बई मे शाम के सात बजे है। लंदन जो ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम) में ग्रीनविच के समीप स्थित है वहाँ क्या समय होगा।
E. छात्र नेता के चयन में लोकतंत्र के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए आप जो कदम उठाएंगे उन्हें सूचीबद्ध कीजिए।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 22 दिसंबर, 2021)

1. Assertion (A) : Most of the rain in India is brought by monsoon winds.
अभिकथन (A) : भारत में अधिकतर वर्षा मानसूनी पवनों से होती है।

Reason (R) : India is located tropical region.
कारण (R) : भारत उष्णकटिबंध में अवस्थित है।

(a) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) (A) is false, but (R) is true
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(c) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

Ans. (c) : (A) और (R) दोनों कथन सत्य हैं, तथा (R) , (A) की सही व्याख्या करता है क्योंकि भारत में अधिकतर वर्षा मानसूनी पवनों से होती है एवं भारत उष्णकटिबंध में अवस्थित है।
भारत का अक्षांशीय विस्तार 6º 4' से 37º6' उत्तरी अक्षांश है इस प्रकार देखें तो भारत का अधिकांशतः भाग उष्ण कटिबंध के अन्तर्गत आता है।

2. Which of the following statements about meteoroids is correct?/निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उल्कापिंड के बारे में सही है?

(a) These are small pieces of rocks, moving around the sun./ये सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े हैं।
(b) The are only found between the orbits of the mars and Jupiter./ये केवल मंगल और बृहस्पति की कक्षओं के बीच पाए जाते है।
(c) They have their own heat and light.
इनके पास ऊष्मा तथा प्रकाश होता है।
(d) Their shape is described as a geoid.
इनके आकार को भू-आभ कहा जाता है।

Ans. (a) : उल्का पिंड सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े हैं यह कथन सत्य है। कभी-कभी ये उल्का पिंड पृथ्वी के इतने नजदीक आ जाते हैं तथा इस प्रक्रिया के दौरान वायु के साथ घर्षण होने के कारण गर्म होकर जल जाते हैं, फलस्वरूप चमकदार प्रकाश उत्पन्न होता है। तारों, ग्रहों एवं उपग्रहों के अतिरिक्त असंख्य छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर कक्षाओं के बीच पाये जाते हैं यह क्षुद्रग्रह ग्रह के ही भाग हैं जो बहुत पहले ग्रहों से टूटकर अलग हो गये।
पृथ्वी ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है यही कारण है कि इसके आकार को भू-आभ कहा जाता है, भू-आभ का अर्थ पृथ्वी के समान आकार, जीवन के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ केवल पृथ्वी पर ही पायी जाती हैं यह सूर्य से दूरी की स्थिति में तीसरा और आकार में पाँचवा ग्रह है।

3. Which of the following oceans is connected with the pacific Ocean by Berring strait?
निम्न में कौन-सा महासागर बेरिंग जलसंधि द्वारा प्रशांत महासागर से जुड़ा है।

(a) Indian Ocean/हिन्द महासागर
(b) Atlantic Ocean/अटलांटिक महासागर
(c) Arctic Ocean/आर्कटिक महासागर
(d) Southern Ocean/दक्षिणी महासागर

Ans. (c) : आर्कटिक महासागर बेरिंग जलसंधि द्वारा प्रशान्त महासागर से जुड़ा है। जलसंधियाँ दो विशाल जलराशियों को जोड़ती है तथा दो विस्तृत स्थल खंडों को अलग करती है। कुछ जलसंधिया इस प्रकार है–
मलक्का जलसंधि – अंडमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर
डेविस जलसंधि – बेफिन खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर
जिबाल्टर जलसंधि – भूमध्य सागर एवं अटलांटिक महासागर
सुगारू जलसंधि – जापान सागर एवं प्रशान्त महासागर
फार्मोसा जलसंधि – दक्षिणी चीन सागर एवं पूर्वी चीन सागर
टार्टरी जलसंधि – जापान सागर एवं ओखोटस्क सागर
फ्लोरिडा जलसंधि – मैक्सिको की खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर

4. Identity the vegetation by the features given below :/नीचे दिए गए लक्षणों के आधार पर वनस्पति की पहचान करें :

(1) This vegetation can survive in saline water./ये वनस्पति खारे पानी में जीवित रह सकती है।
(2) It is located in the Andaman and Nicobar Islands./ये अंडमान और निकोबार के द्वीप समूहों में पाए जाते हैं।
(3) Sundari is a well known species of trees of this vegetation/सुंदरी इस प्रकार के वनस्पति की महत्वपूर्ण प्रजाति है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Tropical Rainforests/उष्णकटिबंधीय वर्षा वन
(b) Tropical Deciduous forests
उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन
(c) Mangrove forests/मैंग्रोव वन
(d) Coniferous forests/शंकुधारी वन

Ans. (c) : मैंग्रोव वन खारे पानी में जीवित रह सकते है, ये अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में पाये जाते हैं, सुन्दरी इस प्रकार के वनस्पति की महत्त्वपूर्ण प्रजाति है इस प्रकार दिये गये लक्षणों के आधार पर विकल्प (c) मैंग्रोव वन सही है इसके अलावा ये महानदी, गोदावरी, कृष्णा नदियों के डेल्टाई भाग में पाये जाते हैं।

प्रमुख वनस्पति प्रकार तथा जलवायु परिस्थिति के आधार पर भारतीय वनों को निम्न प्रकार में बाँटा जा सकता है–

(i) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन एवं अर्द्धसदाबहार वन
(ii) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन
(iii) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन
(iv) शंकुधारी वन
(v) वेलाचली/अनूप वन

5. Consider the statement A and B about 'climate' and choose the correct answer.
जलवायु के बारे में दिए गये कथन A और B पर विचार करें तथा सही उत्तर का चन करें

Statement (A) : Climate is about the average weather condition which may have been measured over many years.
कथन (A) : किसी स्थान पर अनेक वर्षों में मापी गई मौसम की औसत दशा को जलवायु कहते हैं।

Statement (B) : Climate of a place is affected only by its distance from the sea and relief.
कथन (B) : किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी समुद्र से दूरी तथा उच्चावच पर निर्भर करती है।

(a) A is true, B is false./A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true./A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false./A और B दोनों गलत है।

Ans. (a) : किसी स्थान पर अनेक वर्षों में मापी गई मौसम की औसत दशा को जलवायु कहते हैं इस प्रकार कथन (A) सही है परन्तु किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी समुद्र से दूरी तथा उच्चावच पर निर्भर करती है, इस प्रकार कथन (B) गलत है। किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी समुद्र से दूरी तथा उच्चावच पर निर्भर करती है यह सही नहीं है इसके और भी कई कारण इस प्रकार हैं–

(i) स्थिति एवं अक्षांशीय विस्तार
(ii) उत्तर पर्वत श्रेणियाँ
(iii) स्थलाकृति
(iv) मानसून पवनें
(v) एल नीनों का प्रभाव

6. Phenomenon like rainfall and fog occurs in which layer of the atmosphere?
वर्षा और कुहरा जैसी घटनाएँ वायुमंडल की किस परत के अन्दर होती है?

(a) Troposphere/क्षोभमंडल
(b) Stratosphere/समतापपमंडल
(c) Exosphere/बहिर्मंडल
(d) Thermosphere/बाह्य वायुमंडल

Ans. (a) : वर्षा और कुहरा जैसी घटनाएँ वायुमंडल की क्षोभमण्डल के अंदर होती है यह परत वायु मण्डल की सबसे महत्त्वपूर्ण परत है इसकी औसत ऊँचाई 13 किमी. है। वायुमंडल में होने वाली समस्त मौसमी गतिविधियाँ क्षोभमंडल में ही पायी जाती है। क्षोभसीमा के निकट चलने वाली अत्याधिक तीव्र गति से पवनों को जेट पवन (Jet streams) कहा जाता है।

समताप मंडल– क्षोभमण्डल के ऊपर का भाग समताप मंडल कहलाता है, समताप मंडल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन परत पाई जाती है।

बाह्य वायुमण्डल (आयनमण्डल) – इस वायु मण्डल में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है रेडियो संचार के लिए इस परत का उपयोग होता है।

बहिर्मंडल– यह वायुमण्डल की सबसे ऊपरी परत है यह वायु की पतली परत होती है। हल्की गैसे हीलियम और हाइड्रोजन यही से अंतरिक्ष में तैरती रहती है।

7. Consider the statement A, B, C on igneous rocks and choose the correct answer.
आग्नेय शैल के बारे में कथन A, B, C पर विचार करें तथा सही उत्तर का चयन करें।

Statement (A) : Sedimentary rocks, when subjected to heat and pressure turn into igneous rocks.
अभिकथन (A) : अवसादी शैल ताप एंव दाब के कारण आग्नेय शैल में बदल जाते हैं।

Statement (B) : These rocks are found both on the earth's crust and deep inside the earth's crust.
अभिकथन (B) : ये शैल पृथ्वी की भू-पर्पटी और पृथ्वी की पर्पटी के काफी अन्दर, दोनों जगहों में मौजूद रहती है।

Statement (C) : Granite and Basalt are examples of igneous rocks.
अभिकथन (C) : ग्रेनाइट और बेसाल्ट आग्नेय शैल के उदाहरण हैं।

(a) B and C are correct and A is incorrect.
B और C सही हैं तथा A गलत है
(b) A, B and C all are correct.
A, B और C तीनों सही हैं
(c) A and B are correct and C is incorrect.
A और B सही हैं तथा C गलत हैं
(d) A and C are correct and B is incorrect.
A और C सही हैं तथा B गलत हैं

Ans. (a) : आग्नेय शैल पृथ्वी की पर्पटी और पृथ्वी के भू-पर्पटी के काफी अंदर दोनों जगहों में मौजूद रहती है तथा ग्रेनाइट और बेसाल्ट आग्नेय शैल के उदाहरण हैं इसके अलावा अवसादी शैल ताप एवं दाब के कारण आग्नेय शैल में बदल जाते हैं यह कथन सही नहीं है, इस प्रकार आग्नेय शैल के सम्बन्ध में (B) और (C) सत्य है तथा (A) गलत है। चट्टानों को तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(i) आग्नेय चट्टान (ii) अवसादी चट्टान (iii) रूपान्तरित चट्टान

आग्नेय चट्टानों के रूपान्तरण से बनी शैल – ग्रेनाइट – नीस बेसाल्ट – एम्फीबोलाइट

अवसादी चट्टानों के रूपान्तरण से बनी शैल – चूना पत्थर – संगमरमर कांग्लोमेरेट – क्वार्टजाइट।

रुपान्तरित चट्टानों के पुनःरुपानतरण से बनी बनी शैल - स्लेट - फाइलाइट, फाइलाइट - सिस्ट

8. Which of the following statements about Ladakh is incorrect?/लद्दाख के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(a) It is enclosed by Karakoram range in south and Zanskar mountains in north./इसके दक्षिण में काराकोरम पवर्त श्रेणियां तथा उत्तर में जास्कर पर्वत स्थित है।

(b) The Gangri glacier is found here.
यहाँ गेंग्री हिमानी अवस्थित है।

(c) As it lies in rain shadow of the Himalayas, there is little rainfall here./चूंकि यह हिमालय के वृष्टि-छाया क्षेत्र में स्थित है, अतः यहाँ वर्षा बहुत ही कम होती है।

(d) Leh, the capital of ladakh, is connected to Kashmir valley through Zojila pass./लद्दाख की राजधानी, लेह, जोजीला दर्रा के माध्यम से कश्मीर घाटी से जुड़ा हुआ है।

Ans. (a) : लद्दाख के दक्षिण में काराकोरम पर्वत श्रेणियाँ तथा उत्तर में जास्कर पर्वत स्थित है, यह कथन गलत है जबकि काराकोरम लद्दाख के उत्तर में है तथा जास्कर इसके दक्षिण में स्थित है और इसके अलावा लद्दाख में गेंग्री हिमानी अवस्थित है तथा लद्दाख वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित है, अतः यहाँ वर्षा बहुत ही कम होती है और लद्दाख की राजधानी लेह जोजिला दर्रा के माध्यम से कश्मीर घाटी से जुड़ा हुआ है। लद्दाख को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के बाद 31 अक्टूबर 2019 को भारत के केन्द्रशासित प्रदेश (UT) का दर्जा दिया गया था इसके पहले यह जम्मू कश्मीर राज्य का हिस्सा था। लद्दाख का सबसे बड़ा शहर लेह है, अभी हाल ही में लद्दाख ने हिम तेंदुआ को राष्ट्रीय पशु, और ब्लैक नेक्ड क्रेन को राजकीय पक्षी का दर्जा दिया है। वर्तमान भारम में 28 राज्य एवं 8 केन्द्रशासित प्रदेश है।

9. The Golden Quadrilateral Express way connects which of the following?
स्वर्ण चतुर्भुजीय महामार्ग निम्न में किनको जोड़ता है :

(a) Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata
दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता

(b) Delhi, Ahmedabad, Mumbai, Delhi
दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता

(c) Ahmedabad, Pune, Mumbai, Delhi
अहमदाबाद, पूणे, मुंबई, दिल्ली

(d) Kolkata, Pune, Delhi, Chennai
कोलकाता, पूणे, दिल्ली, मुंबई

Ans. (a) : स्वर्णिम चतुर्भुजीय महामार्ग दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता को जोड़ता है। महामार्ग वे प्रमुख सड़के हैं जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित किया जाता है इन सड़कों का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय परिवहन तथा सामरिक क्षेत्रों, राज्यों की राजधानियों को जोड़ने के लिये किया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (N.H.A.I.) का प्रचलन 1995 में हुआ था यह भूतल परिवहन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है इसे राष्ट्रीय महामार्गों के विकास, रख रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अंतर्गत 5846 किमी. लम्बी 4/6 लेन वाले देश के 4 विशाल महानगरों दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता को जोड़ते हैं।
उत्तर दक्षिण तथा पूर्व पश्चिम गलियारें का उद्देश्य जम्मू व कश्मीर के श्रीनगर से कन्याकुमारी को 4106 किमी. लम्बे मार्ग द्वारा जोड़ना पूरब पश्चिम गलियारा असम में सिलचर से गुजरात के पोरबंदर को जोड़ना।

10. Waves are caused when :
तरंगें तब पैदा होती हैं जब :

(a) Winds scrape across the ocean surface.
समुद्री सतह पर पवन बहती है

(b) Sun and moon exert gravitational pull on the earth's surface./सूर्य एवं चंद्रमा पृथ्वी की सतह पर गुरूत्वाकर्षण बल लगाते है

(c) Rise of temperature of water on the ocean's surface./समुद्र की सतह पर पानी का तापमान बढ़ जाता है

(d) Meeting of warm and cold currents on the ocean's surface/समुद्र की सतह पर गर्म और ठंडी जलधाराएं मिलती हैं

Ans. (a) : समुद्री सतह पर पवन बहने के कारण तरंगों का निर्माण होता है। महासागरीय जल की गति को मुख्यतः तीन प्रकार में वर्गीकृत किया जाता है–
(i) तरंगे
(ii) धाराएँ
(iii) ज्वार भाटा
तरंगे महासागरों के सबसे स्पष्ट लक्षण हैं तरंगे वास्तव में गतिज ऊर्जा का उदाहरण है जो महासागरीय सतह के ऊपर गति करती है एवं तरंगों में जल कण छोटे वृत्ताकार रूप में गति करते हैं, ये जल में दोलन गति का प्रतीक है, इनसे समुद्री सतह में निरन्तर उत्थान व पतन होता रहता है। तरंग के ऊपरी भाग को तरंग शृंग कहते हैं तथा दो तरंगों के मध्य स्थित निचले भाग को तरंग गर्त कहते हैं।

11. Consider the following statements A and B about metallic minerals and choose the correct answer.
धात्विक खनिजों के बारे में निम्नलिखित कथन (A) और कथन (B) पर विचार करें तथा सही उत्तर का चयन करें।

Statement (A) : All metallic minerals are non-ferrous.
कथन (A) : सभी धात्विक खनिज अलौह खनिज होते हैं।

Statement (B) : Mica is an example of metallic minerals.
कथन (B) : अभ्रक एक धात्विक खनिज का उदाहरण है।

(a) A is true, B is false./A सही है, B गलत है।

(b) A is false, B is true./A गलत है, B सही है।

(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही है।

(d) A and B are false./A और B दोनों गलत है।

Ans. (d) : सभी धात्विक खनिज अलौह खनिज होते हैं तथा अभ्रक एक धात्विक खनिज का उदाहरण है यह धात्विक खनिज के सम्बन्ध में कथन (A) और कथन (B) दोनों गलत हैं। संरचना के आधार पर खनिजों को मुख्यतः धात्विक और अधात्विक खनिजों में वर्गीकृत किया गया है सभी धात्विक खनिज लौह अथवा अलौह हो सकते हैं। लौह खनिज जैसे अयस्क, मैगनीज और क्रोमाइट में लोहा होता है तथा अलौह खनिज में लोहा नहीं होता जैसे सोना, चांदी, तांबा आदि। अधात्विक खनिजों में धातुयें नहीं होती हैं। चूना पत्थर, अभ्रक और जिप्सम अधात्विक खनिज के उदाहरण हैं।
नोट– खनिजों को खनन, प्रवेधन, या आखनन द्वारा निष्कर्षित किया जा सकता है।

12. Which of the following is not an agro-based industry?/निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि आधारित उद्योग नहीं है?

(a) Vegetable oil industry/वनस्पति तेल उद्योग
(b) Cotton textile industry/सूती वस्त्र उद्योग
(c) Fish oil manufacturing industry
मत्स्य तेल निर्माण उद्योग
(d) leather industry/चर्म उद्योग

Ans. (c) : मत्स्य तेल निर्माण उद्योग कृषि आधारित उद्योग नहीं है बल्कि यह समुद्र आधारित उद्योग है इसके अतिरिक्त वनस्पति तेल उद्योग, सूती वस्त्र उद्योग, चर्म उद्योग कृषि आधारित उद्योग हैं। उद्योग का सम्बन्ध आर्थिक गतिविधि से है जो कि वस्तुओं के उत्पादन, खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं से सम्बन्धित है, कच्चा माल के उपयोग के आधार पर उद्योग, कृषि आधारित, समुद्र आधारित, खनिज आधारित और वन आधारित उद्योग हो सकते हैं।

कृषि आधारित उद्योग– कच्चे माल के रूप में वनस्पति और जंतु आधारित उत्पादों का उपयोग करते हैं। जैसे– वनस्पति तेल, सूती वस्त्र, डेयरी उत्पाद, चर्म उद्योग आदि।

समुद्र आधारित उद्योग– समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और मत्स्य तेल निर्माण आदि।

खनिज आधारित उद्योग– इस उद्योग में खनिज अयस्कों का उपयोग कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है। जैसे भारी मशीनों, रेल के डिब्बे बनाने में आदि।

वन आधारित उद्योग– वनों से प्राप्त उत्पाद का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते हैं, लुग्दी एवं कागज, औषध रसायन, फर्नीचर वनों से संबंधित उद्योग हैं।

13. Which of the following is a conventional source of energy?
निम्नलिखित में कौन सा ऊर्जा का परंपरागत स्त्रोत है?

(a) Nuclear energy/परमाणु ऊर्जा
(b) Tidal energy/ज्वारीय ऊर्जा
(c) Hydel power/जल विद्युत
(d) Bio gas/बायों-गैस

Ans. (c) : ऊर्जा का परम्परागत स्त्रोत जलविद्युत है ऊर्जा-संसाधनों को विस्तृत रूप से परम्परागत और गैर-परम्परागत संसाधनों में वर्गीकृत किया जाता है।

परम्परागत ऊर्जा– परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत वे हैं जो लम्बे समय में सामान्य उपयोग में लाये जा रहे है। जैसे– कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, जल विद्युत आदि।

अपरम्परागत ऊर्जा– ये नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत हैं जो कम प्रदूषण करते हैं। जैसे– पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, बायोगैस आदि।

जल विद्युत–बांधों में वर्षा का जल अथवा नदी का जल ऊँचाई से गिराने के लिये संग्रहित किया जाता है। जल बांध के नीचे स्थित टरबाइन के ऊपर गिरता है और घूमते हुये ब्लेड जेनरेटर को विद्युत के लिये घुमाते हैं, जल विद्युत कहलाती है।

नोट–विश्व का पहला जल विद्युत उत्पन्न करने वाला देश नार्वे था।

14. Petroleum and natural gas, that occur far below the earth's surface are extracted through :
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, जो धरातल के बहुत नीचे पाए जाते हैं, का निष्कर्षण जिस विधि से होता है, वह है :

(a) Open-cast mining/विवृत खनन
(b) Drilling/प्रवेधन
(c) Quarrying/आखनन
(d) Shaft mining/कूपकी खनन

Ans. (b) : पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जो धरातल के बहुत नीचे पाये जाते हैं इनका निष्कर्षण प्रवेधन विधि से होता है। पृथ्वी की सतह के अन्दर दबी शैलों से खनिजों को बाहर निकालने की प्रक्रिया खनन कहलाती है। खनिज जो कम गहराई में स्थित है वे पृष्ठीय स्तर को हटाकर निकाले जाते हैं, इसे विवृत्त खनन कहते हैं। गहन वेधन जिसे कूपक कहते हैं, अधिक गहराई में स्थित निक्षेपों तक पहुँचने के लिये बनाये जाते है इसे कूपकी खनन कहते हैं। सतह के निकट स्थित खनिजों को जिस प्रक्रिया द्वारा आसानी से खोदकर निकाला जाता है, आखनन कहलाता हैं।

15. Thousand of years back, people travelled the silk route on :/हजारों साल पहले लागों ने रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की यात्रा किस माध्यम से की :

(A) Foot/पैदल
(B) Horseback/घोड़े की सवारी
(C) Camels/ऊँट की सवारी
(D) Bullock carts/बैलगाड़ी

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (a) : हजारों साल पहले लोगों ने रेशम मार्ग (सिल्ट रूट) की यात्रा पैदल घोड़े की सवारी एवं ऊँट की सवारी के माध्यम से यात्रा की जाती थी। रेशम बनाने की तकनीक का आविष्कार सबसे पहले चीन में करीब 7000 साल पहले हुआ था। सिल्क रूट पर नियंत्रण रखने वाले शासकों में सबसे प्रसिद्ध कुषाण थे एवं पेशावर और मथुरा इनके दो मुख्य शक्तिशाली केन्द्र थे। कीमती चमकीलें रंग और चिकनी मुलायम बनावट की वजह से रेशमी कपड़े अधिकांश समाज में बहुमूल्य माने जाते हैं, रेशमी कपड़ा तैयार करना एक जटिल प्रक्रिया है। रेशम के कीड़े से कच्चा रेशम निकालकर सूत की कताई होती है और फिर उससे कपड़ा बुना जाता है। चीन से पैदल, घोड़ो या ऊँटों पर कुछ लोग दूर-दूर की जगहों पर जाते थे और अपने साथ रेशमी कपड़े भी ले जाते थे जिस रास्ते से ये लोग यात्रा करते थे वे रास्ता 'सिल्क रूट' के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

16. Read the two statements in the context of urbanization :
शहरीकरण के संदर्भ में दोनों कथनों को पढ़ें :

Statement (A) : Due to urbanization, only the rich began leaving their leaving their villages to look for jobs that were opening up in cities in the colonial period.

कथन (A) : औपनिवेशक काल में शहरीकरण के कारण केवल अमीर लोग शहरों में निकल रही नई नौकरियों की तलाश में गाँव छोड़कर जाने लगे।

Statement (B) : The poor and many from the low castes, saw this opportunity to get away from oppressive hold that upper-caste land owners exercised over their lives and the daily humiliation they suffered.

कथन (B) : बहुत-सी निचली जातियों के लोगों तथा गरीबों के लिए यह गाँवों में सवर्ण जमींदारों द्वारा उनके जीवन पर दमनकारी कब्जे और दैनिक अपमान से छूट निकलने का एक मौका था।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) Only statement 'A' is true./केवल कथन (A) सही है।
(b) Only statement 'B' is true./केवल कथन (B) सही है।
(c) Both statement 'A' and 'B' are false.
कथन (A) तथा कथन (B) दोनों गलत है।
(d) Both statement 'A' and 'B' are true.
कथन (A) तथा कथन (B) दोनों सही है।

Ans. (b) : औपनिवेशिक काल में, शहरीकरण के कारण केवल अमीर लोग शहरों में निकल रही नई नौकरियों की तलाश में गाँव छोड़कर जाने लगे यह कथन सही नहीं है बल्कि केवल अमीर वर्ग नहीं सभी वर्गों के लोग शहर में निकल रही नौकरियों की तलाश में गाँव छोड़कर जाने लगे इसलिये कथन (A) सही नहीं है जबकि बहुत सी निचली जातियों के लोगों तथा गरीबों के लिए यहाँ गांवों में स्वर्ण जमींदारों द्वारा उनके दमनकारी कब्जे और दैनिक अपमान से दूर निकलने का एक मौका था इस प्रकार कथन (B) सही है और कथन (A) गलत। समाज में एक नया समूह बना तथा लोगों की पुरानी पहचाने महत्त्वपूर्ण नहीं रही, विभिन्न वर्गों के लोग बड़े शहरों में आने लगे और डॉक्टर, वकील, इंजीनियर जैसे पद पर नियुक्त भी हो रहे थे।

17. Match the column/ सही मिलान करें:

	List-I		List-II
A.	Idgah/ ईदगाह	1.	Street with a dead end./ ऐसा रास्ता जो एक जगह जाकर बंद हो जाता है।
B.	Dargah/ दरगाह	2.	Sufi lodge./सूफी संतों के लिए विश्राम घर
C.	Cul-de-sac/ कुल-दे-सेक	3.	Open prayer place./ खुला प्रार्थना स्थल
D.	Khanqah/ खानकाह	4.	Tomb of a saint./ शंत का मकबरा

	A	B	C	D
(a)	2	4	1	3
(b)	4	3	1	2
(c)	2	3	1	4
(d)	3	4	1	2

Ans. (d) : ईदगाह एक खुला प्रार्थाना स्थल, दरगाह संतों के मकबरा को कहा जाता है। कुलदे-शेक ऐसा रास्ता जो एक जगह जाकर बंद हो जाता है और खानकाह सूफी संतों के लिये विश्राम घर होता है। ईदगाह दक्षिण एशिया में उपयोगी इस्लामी संस्कृति का एक शब्द है। ईद उल फित्र और ईद अल अजहा के पर्वों के अवसर पर सामूहिक प्रार्थनाओं के लिए उपयोग किया जाने वाला स्थल या मैदान है खासतौर पर रमजान और बकरीद के मौकों पर नमाज पढ़ी जाती है। दरगाह एक सूफी ईस्लामी पुण्य स्थल होता है जिसे अक्सर किसी प्रतिष्ठित सूफी संत पीर वाली या कब्र पर बनाया जाता है। स्थानीय मुस्लिम तीर्थयात्रा के उद्देश्य से किसी दरगाह की यात्रा करते हैं, खानकाह शब्द का अर्थ होता है विश्राम घर यह शब्द खास सूफी सन्तों के लिये रहने के उपयोग में लाया जाता है।

18. Read the statements given below :
नीचे दिए गए कथनों को पढ़ें :

Statement (A) : Indian textiles declined because of tough competition from European and American textiles.
कथन (A) : भारतीय कपड़ा उद्योग का पतन यूरोपीय और अमेरिकी कपड़ा उद्योग से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण हुआ है।

Statement (B) : Indian textiles declined due to the very high duties imposed when importing material into Britain.
कथन (B) : भारतीय कपड़ा उद्योग का पतन ब्रिटेन में भारत से आने वाले कपड़ों पर भारी सीमा शुल्क थोपे जाने के कारण हुआ।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A is true, B is false./A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true./A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false./A और B दोनों सही है।

Ans. (b) : भारतीय कपड़ा उद्योग का पतन यूरोपीय और अमेरिकीय कपड़ा उद्योग से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण हुआ है, यह कथन गलत है तथा भारतीय कपड़ा उद्योग का पतन ब्रिटेन में भारत से आने वाले कपड़ों पर भारी सीमाशुल्क थोपे जाने के कारण हुआ यह कथन सत्य है इस प्रकार (A) कथन गलत है तथा (B) कथन सही है। उन्नसवीं सदी की शुरूआत तक भारतीय कपड़े को अफ्रीका, अमरीका, यूरोप के परम्परागत बाजारों से बाहर कर दिया था। जिसकी सबसे बुरी मार बंगाल के बुनकरों पर पड़ी। ब्रिटिश और यूरोपीय कम्पनियों ने भारतीय माल खरीदने बंद कर दिये और उनके एजेंटों ने तयशुदा आपूर्ति के लिये बुनकरों को पेशगी देना भी बन्द कर दिया।

19. Painting and images in the colonies were commissioned by British officials to :
उपनिवेशों में ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा चित्र और तस्वीरें बनवाई गई ताकि

Statement (A) : understand the colony and its people.
कथन (A) : वे उपनिवेश और वहाँ रहने वाले लोगों को समझ सकें।

Statement (B) : remember their life in the colonies.
कथन (B) : वे उन उपनिवेश में अपने बिताए जीवन को याद कर सकें।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A is true, B is false/A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true/A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false./A और B दोनों गलत है।

Ans. (c) : औपनिवेशिक ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा चित्र और तस्वीरें इसलिये बनवाई गयी ताकि वे उपनिवेश और वहाँ रहने वाले लोगों को समझ सके, और वे उन उपनिवेशों में अपने बिताए गये जीवन को याद कर सके। औपनिवेशिक काल के दौरान सामाजिक आर्थिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक जीवन के बारे में उस समय की चित्रकारी से प्राप्त की जा सकती है इन्हें आधुनिक भारतीय इतिहास के स्रोत के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। कंपनी चित्रकला 'कंपनी पेंटिंग्स' शब्द का प्रयोग गैर-इतिहासकारों द्वारा यूरोपीयों के लिये निर्मित एक विशेष प्रकार की भारतीय चित्रकारी के लिये प्रयोग किया जो बड़े पैमाने पर यूरोपीयों की इच्छा एवं पसंद से प्रभावित थी। कंपनी स्कूल के चित्रकारों से गहरे भारतीय अपारदर्शी रंगों की जगह पानी वाले हल्के रंगों का प्रयोग करना शुरू किया, इस प्रकार (A) और (B) दोनों कथन सत्य हैं।

20. By giving the right to vote, the constitution of India establishes :/ भारत का संविधान वोट डालने का अधिकार देकर स्थापित करता है:

(A) Social Democracy/सामाजिक लोकतंत्र

(B) Political Democracy/राजनीतिक लोकतंत्र

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only A./केवल A
(b) Only B./केवल B
(c) Both A and B./A और B दोनों
(d) Neither A nor B./ न तो A और न ही B

Ans. (b) : भारत का संविधान वोट डालने का अधिकार देकर राजनीतिक लोकतंत्र को स्थापित करता है। नागरिकता अधिकारों और कर्त्तव्यों का वह समूह है जिसमें व्यक्तियों के राजनीतिक और नागरिक अधिकार सम्मिलित होते हैं। नागरिकता राज्य में राजनीतिक समुदाय की पूर्ण सदस्यता है जो व्यक्तियों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की वैधता प्रदान करती है इन अधिकारों द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि समाज के सभी व्यक्तियों की कानूनी रूप से राजनीतिक भागीदारी मतदान का अधिकार निर्वाचित होने का अधिकार है इस प्रकार भारत में वोट डालने का अधिकार एक प्रकार से राजनीतिक लोकतंत्र के महत्त्व को स्थापित करता है।

21. Match the coloum :

	List-I		List-II
A.	Khonds/ खोंड	1.	Kulu/ कुल्लू
B.	Nishi/ निशि	2.	Odisha/ उड़ीसा
C.	Banjara/ बंजारा	3.	Arunachal Pradesh/ अरूणाचल प्रदेश
D.	Gaddis/ घड्डी	4.	Maharashtra/ महाराष्ट्र

	A	B	C	D
(a)	4	1	2	3
(b)	2	3	4	1
(c)	3	4	1	2
(d)	2	4	1	3

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

जनजातीय समुदाय	–	**राज्य**
खोंड	–	ओड़िशा
निशि	–	अरुणाचल प्रदेश
बंजारा	–	महाराष्ट्र
गड्डा	–	कुल्लू
टोडा	–	तमिलनाडु (दक्षिण भारत की सबसे बड़ी जनजाति)
गोंड	–	म.प्र. (भारत की सबसे बड़ी जनजातीय समूह)
हल्बा	–	म.प्र. और छत्तीसगढ़

नोट– हर्बट रिजले ने सर्वप्रथम भारतीय जनसंख्या में प्रजातियों का विवरण प्रस्तुत किया।

22. In the 'river-front gardens' designed during the Mughal regime, the mausoleum was placed on a terrace and the garden to its :
मुगल साम्राज्य के दौरान 'नदी तट बाग' डिजाइन में, मकबरा एक चबूतरे पर था तथा बाग इसके

(a) East/पूर्व में (b) West/पश्चिम में
(c) South/दक्षिण में (d) North/उत्तर में

Ans. (c) : मुगल साम्राज्य के दौरान नदी तट बाग डिजाइन में मकबरा एक चबूतरे पर था तथा बाग इसके दक्षिण में था। शासन के आरम्भिक वर्षों में शाहजहाँ की राजधानी आगरा थी इस शहर में विशिष्ट वर्गों ने अपने घरों का निर्माण यमुना नदी के तट पर करवाया था, इनका निर्माण चारबाग की रचना के समान औपचारिक बागों के बीच में हुआ था। चारबाग की योजना के अंतर्गत ही अन्य तरह के बाग भी थे जिन्हें इतिहासकार नदी तट बाग कहते हैं। शाहजहाँ ने अपने शासन की भव्यतम वास्तुकलात्मक उपलब्धि ताजमहल के नक्शे में नदी तट बाग की योजना अपनाई यहाँ सफेद संगमरमर का मकबरा नदी तट के चबूतरे पर तथा बाग इसके दक्षिण में बनाया गया। अकबर के शासनकाल में कई तरह के महत्त्वपूर्ण वास्तुकलात्मक नवाचार हुये इनकी प्रेरणा अकबर के वास्तुशिल्पियों ने उसके मध्य एशियाई पूर्वज तैमूर के मकबरों से ली।

23. Choose the correct chronological order of successive Delhi rulers between 13th-15th centuries :
कालक्रम के अनुसार 13वीं से 15वीं शताब्दी के बीच दिल्ली के शासकों का सही उत्तराधिकार क्रम चुनें:

(a) Sayyid-Tughluq-Turkish-Khalji
सैयद-तुगलक-तुर्की-खलजी
(b) Khalji-Sayyid-Tughluq-Turkish
खलजी-सैयद-तुगलक-तुर्की
(c) Tughluq-Turkish-Khalji-Sayyid
तुगलक-तुर्की-खलजी-सैयद
(d) Turkish-Khalji-Tughluq-sayyid
तुर्की-खलजी-तुगलक-सैयद

Ans. (d) : कालक्रम के अनुसार 13वीं से 15वीं शताब्दी के बीच दिल्ली के शासकों का सही क्रम– तुर्की –ख़लजी – तुगलक – सैयद लोदी वंश हैं। इस्लाम धर्म के अनुयायियों में भारत में सर्वप्रथम प्रवेश करने वाले अरब थे किन्तु उनकी सत्ता अस्थायी थी एवं भारत में मुस्लिम सत्ता की स्थापना का श्रेय तुर्कों को जाता है। दिल्ली सल्तनत के प्रथम राजवंशों में सबसे पहले गुलाम वंश की स्थापना की गयी। दिल्ली सल्तनत या गुलाम वंश का प्रथम शासक कुतुबुद्दीन ऐबक था। गुलाम वंश के बाद खिलजी वंश की स्थापना हुयी ख़लजी वंश की स्थापना जलालुद्दीन फिरोज खिलजी ने की थी ख़लजी वंश के बाद तुगलक वंश आया इसकी स्थापना गयासुद्दीन तुगलक ने की, तुगलक वंश के बाद सैय्यद वंश की स्थापना हुयी तथा संस्थापक खिज्र खां था।

24. Read the statements given below :
नीचे दिए गए कथनों को पढ़ें :

(A) Temples in medieval period were built by rulers to demonstrate their devotion to various deities.
कथन (A) : मध्यकाल में शासकों द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं के प्रति अपना भक्ति भाव दर्शाने के लिए मंदिर बनवाये गए।

(B) Temples in the medieval period were the hub of cultural activities such as dance, music and wrestling bouts.
कथन (B) : मध्यकाल में मंदिर, नृत्य, संगीत और मल्लयुद्ध जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र था।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) Only A true./केवल A सही है
(b) Only B true./केवल B सही है
(c) Both A and B are true./A और B दोनों सही हैं
(d) Neither A nor B are false ./ न तो A और न ही B

Ans. (c) : मध्य काल में शासकों द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं के प्रति अपना भक्ति भाव दर्शाने के लिये मंदिर बनवाये गये और इससे संबंधित मध्यकाल में मंदिर नृत्य संगीत और मल्लयुद्ध जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र था मध्य काल में मंदिर सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र होते थे और देवदासियाँ विरूपाक्ष (शिव) मंदिर के अनेक स्तम्भ वाले विशाल कक्षों में देव प्रतिमा, राजा तथा प्रजाजनों के समक्ष नृत्य किया करती थी, जहाँ राजा अपने अतिथियों का स्वागत करता था और अधीनस्थ व्यक्तियों से नजराने उपहार लिया करता था, वही विराजमान होकर, नृत्य एवं संगीत तथा मल्ल युद्ध के कार्यक्रम भी देखा करता था।

25. People who study objects made and used in the past are called :
अतीत में बनी और प्रयोग में लाई गई वस्तुओं का अध्ययन करने वाला व्यक्ति कहलाता है :
(a) Palaeontologists/जीवाश्म विज्ञानी
(b) Museologists/संग्रहालय विज्ञानी
(c) Historians/इतिहासकार
(d) Archaeologists/पुरातत्वविद्

Ans. (d) : अतीत में बनी और प्रयोग में लायी गयी वस्तुओं का अध्ययन करने वाला व्यक्ति 'पुरातत्वविद्' कहलाता है। पुरातत्वशास्त्र (archeology) वह विज्ञान है जो प्राचीन वस्तुओं का अध्ययन व विश्लेषण करके मानव-संस्कृति के विकास क्रम को समझने एवं उसकी व्याख्या करने का कार्य करता है, यह विज्ञान प्राचीन अवशेषों और सामाग्री के उत्खनन के विश्लेषण के आधार पर अतीत के मानव-समाज का संस्कृतिक-वैज्ञानिक अध्ययन करता है, इसके लिये वर्तमान मानव के पूर्वजों के द्वारा व्यवहार में लाए गये प्राचीन वस्तुशिल्प, घरेलू समान, सिक्के, मनके, खिलौने, कृषि उपक्रम, औज़ारों, युक्तियों जैविक-तथ्यों और भू-रुपों आदि का अध्ययन किया जाता है।

26. Ring wells found in the Mahajanapadas seem to have been used as ------ /महाजनपदों में मिलने वाले वलयकूप का उपयोग होता था :
(A) washing clothes/कपड़े धोने में
(B) irrigation/सिंचाई में
(C) garbage dumbs/कूड़ेदान के रूप में
(D) drainage/नाली के रूप में

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें
(a) A and B/A और B (b) B and D/B और D
(c) C and D/C और D (d) A and C/A और C

Ans. (c) : महाजनपदों में मिलने वाले 'वलयकूप' का उपयोग कूड़ेदान के रूप में, नाली के रूप में होता था। लगभग छठी शताब्दी ई.पू. में गंगा यमुना दोआब एवं बिहार में 16 महाजनपदों का अस्तित्व दिखाई देता है। इतिहासकार गार्डन चाइल्ड ने इसे भारत की द्वितीय नगरीय क्रांति कहा है। बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय एवं जैन ग्रंथ भगवती सूत्र में 16 महाजनपदों का उल्लेख मिलता है। छठी शताब्दी ई. पूर्व के उत्तरार्ध में चार राज्य अत्यधिक शक्तिशाली थे काशी, कोशल, मगध, वज्जि, तमिल ग्रंथ शिल्पादिकारम में तीन महाजनपद– वत्स, मगध, अवन्ति का उल्लेख मिलता है इन 16 महाजनपदों में से 14 राजतंत्र और दो (वज्जि, मल्ल) गणतंत्र थे।

27. Garbage is ...../गर्भगृह है :
(a) the structure built on top of the temple.
मंदिर के शीर्ष पर बनी पर संरचना।
(b) a hall inside the temple where people could assemble./मंदिर के अन्दर का एक सभागार जहां लोग इकट्ठा होते थे।
(c) an important small box placed at the centre of the temple./मंदिर के केंद्र में रखा एक छोटा महत्वपूर्ण बक्सा
(d) the room where the image of the temple deity is placed./एक कमरा जहां मंदिर के देवी या देवता की मूर्ति रखी जाती थी।

Ans. (d) : गर्भगृह एक कमरा है जहाँ मंदिर के देवी या देवता की मूर्ति रखी जाती थी। भारत में मंदिरों को दो श्रेणियों में बांटा जाता है। उत्तर भारत की नागर शैली और दक्षिण भारत में द्रविड़ शैली है। कुछ विद्वानों के अनुसार वेसर शैली भी एक स्वतंत्र शैली है जिसमें नागर और द्रविड़ की दोनों शैलियों का मिश्रण पाया जाता है। नागर शैली के मंदिरों में गंगा और यमुना जैसी नदी देवियों को गर्भगृह के प्रवेश द्वार के पास रखा जाता था, इस शैली की एक आम बात यह है कि सम्पूर्ण मंदिर एक विशाल चबूतरे (वेदी) पर बनाया जाता था, उन तक पहुँचने के लिये सीढ़िया होती थी। आमतौर पर इन मंदिरों में द्रविड़ शैली के विपरीत कोई चहारदीवारी या दरवाजे नहीं होते थे। मंदिर में एक घुमावदार गुम्बद होता था जिसे शिखर कहा जाता था।

28. Which of the following words were originally used to describe India in the Preamble to the Constitution in 1949?
निम्नलिखित में से किन शब्दों का 1949 में संविधान की प्रस्तावना में भारत को संबोधित करने के लिए उपयोग किया गया था?
(A) Democratic/लोकतांत्रिक
(B) Socialist/समाजवादी
(C) Republic/गणतंत्र
(D) Sovereign/संप्रभु

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-
(a) A, B and D/A, B और D
(b) A, B and C/A, B और C

(c) A and C/A और C
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (*) : 1949 में संविधान की प्रस्तावना को संबोधित करने के लिए पाँच शब्द लिये गये थे।
(1) संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न
(2) समाजवादी
(3) पंथनिरपेक्ष
(4) लोकतंत्रात्मक
(5) गणराज्य
नोट-आयोग ने दिये गये विकल्पों में से किसी को सही उत्तर नहीं माना है, इसपर सभी प्रतियोगी छात्रों को समान अंक प्रदान किये गये हैं।

29. A Janapad Panchayat works at which level of the administration in India?
एक जनपद पंचायत भारत के किस स्तर पर काम करती है?
(a) Village/गाँव (b) Block/ब्लॉक
(c) District/जिला (d) State/राज्य

Ans. (b) : एक जनपद पंचायत भारत के ब्लॉक स्तर पर काम करती है। पंचायत समिति तहसील (तालुका) के रूप में भारत में सरकार की स्थानीय इकाई होती है यह उस तहसील के सभी गाँवों पर समान रूप से कार्य करता है और इसको प्रशासनिक ब्लॉक भी कहते हैं। (1) यह ग्राम पंचायत और जिला परिषद की कड़ी होती हैं पंचायती राज्य व्यवस्था (73वाँ संविधान संशोधन) अधिनियम, 1992 में अंतिम रूप से पारित हुआ तथा दिनांक 24 अप्रैल,1993 से लागू हुआ।

30. The council of states in India is known as ……..
भारत में काउंसिल ऑफ स्टेट्स को ..... के नाम से जान जाता है।
(a) Parliament/संसद
(b) Lok Sabha/लोक सभा
(c) Rajya Sabha/राज्य सभा
(d) Vidhan Sabha/विधान सभा

Ans. (c) : भारत में काउंसिल आफ स्टेट को राज्य सभा के नाम से जाना जाता है। राज्य सभा का गठन 1952 ई. में किया गया था, यह निरन्तर चलने वाली संस्था है और इसका विघटन नहीं होता किन्तु इसके एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते हैं। राज्य सभा में अधिकतम 250 सीट निर्धारित है तथा राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा 12 लोगों को मनोनीत किया जाता है। संविधान की चौथी अनुसूची में राज्य सभा के लिये सीटों के आवंटन का वर्णन किया गया है।
संसद केन्द्र सरकार का विधायी अंग है। संसदीय प्रणाली जिसे सरकार का 'वेस्टमिन्स्टर मॉडल' भी कहते हैं। संविधान के पाँचवे भाग के अंतर्गत अनुच्छेद 79 से 122 तक में संसद के गठन संरचना और विशेषाधिकार आदि के बारे में वर्णन किया गया है। संसद के तीन अंग हैं– लोकसभा, राज्यसभा, राष्ट्रपति।

31. When was the first General Election held in India?/भारत में प्रथम आम चुनाव कब हुआ?
(a) 1947-1948 (b) 1950-1951
(c) 1951-1952 (d) 1952-1953

Ans. (c) : भारत में प्रथम आम चुनाव 1951-52 ई. में हुआ था। अप्रैल 1950 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम पारित किया गया और इसके साथ ही भारतीय चुनाव आयोग एक स्वायत्त निकाय का गठन किया गया, सुकुमार सेन पहले भारतीय मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये। प्रथम आम चुनाव अक्टूबर 1951 – फरवरी 1952 के बीच आयोजित किये गये उसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 489 में से 364 लोकसभा सीट जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की तथा जवाहर लाल नेहरू भारत के पहले लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रधानमंत्री थे। कांग्रेस ने केन्द्र और सभी राज्यों में सरकार बनाई। यद्यपि कांग्रेस 4 राज्यों– मद्रास, त्रावणकोर–कोचीन, उड़ीसा और पेप्सू में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी इस चुनाव में एक बात अविस्मरणीय रही कि 40% मतदान योग्य महिलाओं ने किया।

32. Which of the following statements is false in context of Indian justice system?
भारतीय न्याय-व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य गलत है?
(a) PILs (Public Interest Litigation) can be filed on behalf of those whose right have been violated./जनहित याचिका उन लागों की तरफ से दायर की जाती है जिनके अधिकारों का हनन हुआ हो।
(b) If the accused has not been given a chance to defend, it would not be considered a fair trial./अगर आरोपी को बचाव का अवसर नहीं दिया गया है तो उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं कह सकते।
(c) Supreme court does not have the power to intervene in case of a dispute between the centre and a state./केंद्र और राज्य के बीच विवाद के मामले में उच्चतम न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता।
(d) Right to water has been interpreted as a part of the fundamental right to life./पानी का अधिकार जीवन के मौलिक अधिकार का एक भाग माना गया है

Ans. (c) : भारतीय न्याय व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र और राज्य के बीच विवाद के मामले में उच्चतम न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता, यह वाक्य गलत है जबकि जनहित याचिका उन लोगों की तरफ से दायर की जाती है जिनके अधिकारों का हनन हुआ हो। पानी का अधिकार जीवन के मौलिक अधिकार का भाग है इसके अतिरिक्त उच्चतम न्यायालय केन्द्र व एक या एक से अधिक राज्यों के बीच विवाद की स्थिति में निर्णय देता है।

33. Which law came into effect in 2006 in India recognizing the right to a violence free home for Women?
भारत में 2006 में लागू हुए किस कानून ने औरतों के हिंसा-मुक्त घर के अधिकार को स्वीकार किया?
(a) The Hindu Succession Act
हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम
(b) Protection of Women from Domestic Violence /घरेलू हिंसा महिला संरक्षण अधिनियम
(c) Prevention of Sexual Harassment Act
यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम
(d) Punishment of Dowry Death Act.
दहेज मृत्यु दण्ड अधिनियम

Ans. (b) : भारत में 2006 में लागू हुये 'घरेलू हिंसा महिला संरक्षण अधिनियम' ने औरतों के हिंसा को मुक्त कर के अधिकार को स्वीकार किया, जब परिवार का कोई पुरुष सदस्य (आमतौर पर

पति) घर की किसी औरत (आमतौर पर पत्नी) के साथ मारपीट करता है तो उसे चोट पहुँचती है या मारपीट की धमकी देता है सामान्यतः घरेलू हिंसा कहा जाता है। कुछ महत्त्वपूर्ण अधिनियम–

- हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम – 1956
- यौन उत्पीड़न अधिनियम – 2013
- दहेज मृत्यु दण्ड अधिनियम – 1961
- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम – 1948
- औद्योगिक विवाद अधिनियम – 1947
- बाल क्रम अधिनियम – 1986

34. The fundamental right against exploitation in India prohibits the employment of children below the age of …… in any factory, mine or other hazardous work.
भारत में शोषण के विरूद्ध मौलिक अधिकार के अंतर्गत ..... वर्ष की आयु से कम के बच्चों का किसी फैक्ट्री, खदान या किसी अन्य हानिकारक काम में रोजगार प्रतिबंधित है।

(a) 10 (b) 14
(c) 16 (d) 18

Ans. (b) : भारत में शोषण के विरुद्ध मौलिक अधिकार के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु से कम के बच्चों का किसी फैक्ट्री, खदान या किसी अन्य हानिकारक काम में रोजगार प्रतिबंधित है लेकिन यह प्रतिषेध किसी नुकसान न पहुँचाने वाले अथवा निर्दोष कार्यों में नियोजन का प्रतिषेध नहीं करता। बाल श्रम (प्रतिशेध एवं नियमन) अधिनियम 1986 इस दिशा में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कानून है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 बालकों के अधिकारों के संरक्षण के लिये एक राष्ट्रीय आयोग को अधिनियम किया है। संविधान के भाग-3 में अनु. 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण है यह अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है यह न्यायोचित मूल अधिकार है, इसे न्यायालय द्वारा सुरक्षा प्रदान की गयी है।

35. What is the name of Omprakash Valmiki's autobiography in which he narrates a story of caste discrimination.
ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा जिसमें जातीय भेद-भाव की कहानी बताते हैं, का क्या नाम है?

(a) Achhut/अछूत (b) Traskar/तिरस्कार
(c) Pichhra/पिछड़ा (d) Joothan/जूठन

Ans. (d) : 'जूठन' ओम प्रकाश बाल्मीकि की आत्मकथा हैं इसमें जातीय भेद-भाव की कहानी के बारे में बताया गया है ओम प्रकाश बाल्मीकि ने हिंदी क्षेत्र के दलितों और वंचितों को अपनी आवाज प्रदान की है। अपनी आत्मकथा 'जूठन' में ओम प्रकाश बाल्मीकि ने एक दलित परिवार की शिक्षा के बारे में वर्णन किया है जो समाज में शिक्षा और स्थिति के लिये संघर्ष कर रहा है।
'अछूत' 1935 में प्रकाशित मुल्कराज आनन्द का उपन्यास है। अश्पृश्यता की समस्या भारतीय समाज में युगों से रही है। तिरस्कार या तिरस्कृत कथा संग्रह के लेखक सूरजपाल सिंह चौहान हैं इनकी यह आत्मकथा दलित जीवन की सच्चाइयों को उद्घटित करती है।
नोट– मोहनदास नैमिशराय की आत्मकथा 'अपने-अपने पिंजरे भी दलित के शोषण से सम्बन्धित है।

36. Which among the following statements is true?
निम्नलिखित में से कौन वाक्य सही है?

(a) Government is one part of the state.
सरकार राज्य का एक अंग होती है।
(b) Government and state are the same and can be used interchangeably as words./सरकार और राज्य एक ही हैं और इन दोनों शब्दों का एक-दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है।
(c) State can be changed through elections.
मतदान के जरिये राज्य को बदला जा सकता है।
(d) Government is not responsible for enforcing law./कानून लागू करना सरकार की जिम्मेदारी नहीं होती।

Ans. (a) : सरकार राज्य का एक अंग होता है क्योंकि सरकार कुछ निश्चित व्यक्तियों का समूह होता है जो राष्ट्र तथा राज्यों में निश्चित काल के लिए तथा निश्चित पद्धति द्वारा शासन करता है। प्रायः इसके तीन अंग होते हैं- व्यवस्थापिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका। सरकार के माध्यम से राज्य में राजशासन नीति लागू होती है सरकार के तंत्र का अभिप्राय उस राजनीतिक व्यवस्था से होता है जिसके द्वारा राज्य की सरकार को जान जाता है।

37. Who is the final interpreter of the Constitution in India?/ भारत में संविधान का अंतिम व्याख्याता (इन्टर) कौन है?

(a) President/राष्ट्रपति (b) Judiciary/न्यायपालिका
(c) Executive/कार्यपालिका (d) Parliament/संसद

Ans. (b) : भारत में संविधान का अंतिम व्याख्याता (interproter) न्याय पालिका है। संविधान में उच्चतम न्यायालय को व्यापक शक्तियों एवं क्षेत्राधिकार को उल्लिखित किया गया है यह संविधान और भारत के नागरिकों का व्याख्याता एवं गारंटर भी है, भारतीय लोकतांत्रिक एवं राजपद्धति में उच्चतम न्यायालय को बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान की गयी है, यह संघीय न्यायालय याचिका के लिये सर्वोच्च न्यायालय नागरिकों के मूल अधिकारों का गारंटर और संविधान का अभिभावक है।
राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है। वह उच्चतम न्यायालय से किसी विधि या तथ्य पर सलाह ले सकता है। परन्तु सलाह मानने के लिये राष्ट्रपति बाध्यकारी नहीं है यह राष्ट्रपति की न्यायिक शक्तियाँ हैं।

38. Federalism refers to …….. .
संघवाद से अर्थ है -

(a) Unitary administration in the country.
पूरे देश में एकात्मक प्रशासन।
(b) all administrative powers to be in the hands of the central government./केंद्र सरकार के हाथ में सारे प्रशासनिक बल।
(c) More than one level of government in the country./देश में सरकार का एक से अधिक स्तर।
(d) One level of government in the country.
देश में एक स्तरीय सरकार या प्रशासन।

Ans. (c) : संघवाद का अर्थ देश में सरकार का एक से अधिक स्तर भारतीय संविधानन में संघीय विशेषताएँ–
द्वैध राज पद्धति– संविधान में संघ स्तर पर केन्द्र और राज्य स्तर की पद्धति को अपनाया गया है।

लिखित संविधान– भारतीय संविधान विश्व का सबसे लम्बा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान में मौजूद अधिकांश अनुच्छेद और प्रावधान दुनिया भर के कई देशों के संविधानों से लिए गए है। मूल रूप से शुरुआत में भारतीय संविधान एक प्रस्तावना, 365 अनुच्छेद 22 भागों और 8 अनुसूचियों में विभाजित था। इसके बाद कई संशोधनों के साथ, वर्तमान में भारतीय संविधान लगभग 470 अनुच्छेद 25 भागों, 12 अनुसूचियों और एक प्रस्तावना में विभाजित है।

39. Which of the following applies to the principle of secularism in India?
निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर लागू होता है?

(a) Strict Separation between religion and the state./धर्म और राज्य के बीच सख्त अलगाव
(b) State can intervene in religious affairs./राज्य धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है
(c) State can't intervene in 'personal laws' of the communities./राज्य समुदायों के पर्सनल लॉ (निजी कानूनों) में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।
(d) State can't prevent religious dominant. राज्य धर्म के प्रभुत्व की रोकथाम नहीं कर सकता

Ans. (b) : राज्य धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है यह भारतीय धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत पर लागू होता है, भारतीय राज्य खुद को धर्म से दूर रखता है। भारतीय राज्य की डोर न तो किसी एक धार्मिक समूह के हाथों में है और न ही राज्य किसी एक धर्म को समर्थन देता है। राज्य के हस्तक्षेप समर्थन के रूप में भी हो सकता है। अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए भारतीय संविधान में हिन्दू धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप किया गया है। धर्म के नाम पर भेदभाव को रोकने के लिए भारतीय संविधान में छुआछूत और तीन तलाक पर रोक लगाई गई।

40. Government policies adopted to prohibit manual scavenging, bans which of the following?
मैला साफ करने की प्रथा को खत्म करने के लिए अपनाई गई सरकारी नीतियाँ निम्नलिखित में से किसपर प्रतिबन्ध लगाती है?

(a) Construction of dry latrines. सूखे शौचालय का निर्माण
(b) Employment of people as safai karamcharies. सफाई कर्मचारी के रूप में लोगों की नियुक्ति
(c) Construction of public toilets in rural areas. ग्रामीण इलाकों में जन शौचालय का निर्माण
(d) Construction of waste management plants. अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन प्लांट का निर्माण

Ans. (a) : मैला साफ करने की प्रथा को खत्म करने के लिये अपनाई गयी सरकारी नीतियाँ सूखे शौचालय के निर्माण पर प्रतिबंध लगाती हैं। किसी व्यक्ति द्वारा शुष्क शौचालयों या सीवर से मानवीय अपशिष्ट (मल-मूत्र) को हाथ से साफ करने, सिर पर रखकर ले जाने, उसका निस्तारण करने या किसी भी प्रकार से शारीरिक सहायता से उसे संभालने को हाथ से मैला ढोना या मैनुवल स्केवेजिंग कहते हैं। वर्ष 2013 में मैनुवल स्केवेंजर्स के नियोजन का प्रतिरोध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के रूप में एक नया ऐतिहासिक कानून पारित किया गया जो सभी रूपों में हाथ से मैला ढोने पर प्रतिबंध को मजबूत करने की कोशिश करता है और अनिवार्य सर्वेक्षण के माध्यम से हाथ से मैला ढोने वाले लोगों की पहचान करके इसके पुनर्वास की पुष्टि करता है।

41. Elementary level history textbooks are called 'Our Pasts' because the textbooks discuss :
प्राथमिक स्तर पर इतिहस की पाठ्यपुस्तकों को 'हमारे अतीत' कहा गया है, क्योंकि ये पाठ्य-पुस्तकें चर्चा करती हैं :

(A) how to study history thorough multiple sources./कैसे विभिन्न स्त्रोतों से इतिहास को पढ़ा जा सकता है।
(B) How history can be learnt through specific events and dates./कैसे इतिहास को घटनाओं और तिथियों के आधार पर समझा जा सकता है।
(C) How experience of people from different classes and groups have been varied./कैसे अलग-अलग वर्ग और समूह के लोगों के अनुभव अलग रहे हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) A and C/A और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (c) : (A) और (C) कथन सत्य हैं क्योंकि प्राथमिक स्तर पर इतिहास की पाठ्यपुस्तकों को हमारा अतीत कहा गया है इस पाठ्यपुस्तक में कैसे विभिन्न स्त्रोतों से इतिहास को पढ़ा जा सकता है और कैसे अलग-अलग वर्ग और समूह के लोगों के अनुभव अलग रहे हैं, पर चर्चा करती है। अतीत के बारे में कुछ जाना जा सकता है। जैसे लोग क्या खाते थे, कैसे कपड़े पहनते थे, किस तरह के घरों में रहते थे या फिर वैज्ञानिकों के जीवन के बारे में जानकारियाँ हासिल कर सकते हैं एवं इतिहास के अतिरिक्त सामाजिक विज्ञान के अन्य विषय प्रायः आज की दुनिया के बारे में ही बताते हैं, इतिहास बताता है कि आज की दुनिया कैसे विकसित हुयी, यह हमे वर्तमान के अतीत के बारे में बताता है।

42. Which of the following primary sources would you refer to construct claims of the first animals to be domesticated?
पहले पालतू बनाए गए पशुओं के दावे निर्धारण में निम्नलिखित में से किन प्राथमिक स्त्रोतों का आप हवाला देंगे?

(A) Manuscripts/पांडुलिपि
(B) Toy figurines /लघुमूर्ति वाले खिलौने
(C) Cave paintings/गुफा चित्र
(D) Burials/कब्रगाह

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (d) : पहले पालतू बनाये गये पशुओं के दावे के निर्धारण में, लघुमूर्ति वाले खिलौने, गुफा चित्र, कब्रगाह जैसे प्राथमिक स्त्रोतों का साक्ष्य ज्यादा श्रेयस्कर होगा। मानव के आरम्भिक विकास के इस प्रागैतिहासिक काल को आमतौर पर पुरापाषाण युग यानि पुराना पत्थर का काल कहा जाता है। शैल चित्र के अवशेष वर्तमान में

म.प्र., उ.प्र., आन्ध्र प्रदेश राज्यों में स्थित गुफाओं की दीवारों पर पाये गये, कब्रगाह के भी साक्ष्य बुर्जहोम के गर्तावास का विवरण मिलता है। मध्यपाषाण युग के चित्रों में शिकार के दृश्य की बहुलता पायी जाती हैं एवं अत्यन्त प्राचीन अतीत यानि बीते हुये काल को जिसके लिये न तो कोई पुस्तक और न ही लिखित दस्तावेज उपलब्ध हो, प्राक् इतिहास कहते हैं।

43. Consider the following Sangam poem :
निम्नलिखित संगम कविता पर ध्यान दें :

"Swift prancing horses by sea in ships,
Bales of black paper in carts,
Gems and Gold Born in the Himalayas,
Sandalwood born in the western hills"
समुद्री जहाजों पर लाए गए तेज तटीय घोड़े,
गाड़ियों पर काली मिर्च की गठरियाँ,
हिमालय से मिले रत्न और सोना
दक्षिण की पहाड़ियों से चन्दन की लकड़ियाँ

Which aspect of ancient Indian History can it present evidence for?
प्राचीन भारतीय इतिहास के किस पहलू का ये साक्ष्य प्रदान करती हैं?

(a) New questions and ideas/नए प्रश्न और विचार
(b) Early coastal trade in India
प्रारंभिक समुद्रतटीय व्यापार
(c) Silk route control by Kushanas
सिल्क रूट (रेशम मार्ग) का कुषाण द्वारा नियंत्रण
(d) Village life during Buddhism
बौद्ध धर्म के समय ग्रामीण जीवन

Ans. (b) :
समुद्री जहाजों पर लाए गए तेज तटीय घोड़े,
गाड़ियों पर काली मिर्च की गठरियाँ,
हिमालय से मिले रत्न और सोना
दक्षिण की पहाड़ियों से चन्दन की लकड़ियाँ
प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रारम्भिक समुद्र तटीय व्यापार के साक्ष्य प्रदान करती है। व्यापार के प्रमाण हमें संगम कविताओं में भी मिलते हैं तथा दक्षिण भारत में ऐसे अनेक रोमन सिक्के मिले हैं इससे यह अंदाजा लगाया जाता है कि उन दिनों रोम के साथ बहुत अच्छा व्यापार चल रहा था। व्यापारियों ने कई समुद्री रास्ते खोज निकाले इनमें कुछ समुद्र के किनारे चलते थे कुछ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी पार करते थे वे अफ्रीका या अरब के पूर्वी तट से इस उपमहाद्वीप के पश्चिमी तट पर पहुँचना चाहते थे।

44. Which of the following is the most appropriate reason for including social sciences at the elementary level?
प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान को सम्मिलित करने में, निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सबसे उचित है?

(a) It is a subject meant for weak students and not very important./यह एक ऐसा विषय है जो कमजोर विद्यार्थियों के लिए है और बहुत उपयोगी नहीं है।
(b) It is a subject to build patriotism in students./यह एक ऐसा विषय है जो विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति पैदा करता है।
(c) It is a subject to propagate government policies./यह एक ऐसा विषय जो सरकारी नीतियों को प्रचारित करता है।
(d) It is a subject that initiates interest in social and political issues./यह एक ऐसा विषय है जो सामाजिक व राजनैतिक मुद्दों के प्रति दिलचस्पी पैदा करता है।

Ans. (d) : प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान, सामाजिक व राजनैतिक मुद्दों के प्रति दिलचस्पी पैदा करता है, यह कारण सबसे उचित है, सामाजिक विज्ञान शैक्षणिक विषयों की एक श्रेणी है, जो समाज के साथ सम्बंध रखता है और समाज के भीतर व्यक्तियों के बीच संबंध है। सम्पूर्ण रूप से सामाजिक की कई शाखाएँ हैं लेकिन इन तक सीमित नही है इस सामाजिक विज्ञान में शामिल है:- नृविज्ञान, परात्व, संचार अध्ययन, अर्थशास्त्र, इतिहास, संगीत शास्त्र मानव भूगोल, न्यायशास्त्र भाषा विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सार्वजनिक स्वास्थ्य और समाजशास्त्र।

45. A teacher asks students to map the input and outputs available for the location of an industry near their school. The teacher could assess students skills of ……. .
एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अपने स्कूल के समीप एक उद्योग की अवस्थिति के लिए निवेश और प्रक्रम का मानचित्र बनाने के लिए कहते है। इससे शिक्षक विद्यार्थियों के किस कौशल का मूल्यांकन कर सकते है?

(A) Inquiry/अन्वेषण
(B) Comparison/तुलना
(C) Analysis/विश्लेषण

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only C/केवल C
(b) B and C/B और C
(c) A and C/A और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (c) : एक शिक्षक अपने विद्यालय को अपने स्कूल के समीप एक उद्योग की अवस्थिति के लिये निवेश और प्रक्रम का मानचित्र बनाने के लिए कहता है इससे शिक्षक विद्यार्थियों के अन्वेषण और विश्लेषण कौशल का मूल्यांकन कर सकते हैं। अन्वेषण का अर्थ है खोजना और ढूँढ़ना, अन्वेषण पुरातत्व विभाग का ही एक भाग है, अन्वेषण करने से ऐसी अज्ञात अथवा दूर की बातों, वस्तुओं, स्थानों आदि का पता लगाया जाता है। अन्वेषण विधि में वैज्ञानिक प्रवृत्तियों का विकास करना, तथा छात्रों में जिज्ञासा, वस्तुनिष्ठता, साहस और धैर्य आदि शामिल है।
विश्लेषण विधि एक शिक्षण विधि है, जिसमें किसी समस्या को पहले छोटे-छोटे भागों में विभाजित किया जाता है, उसके बाद समस्या के बारे में अध्ययन किया जाता है।
किसी देश अथवा विभिन्न देशों की शिक्षात्मक समानताओं, विभिन्नताओं समस्याओं, एवं विकासक्रमों के क्रमिक, विवेचनात्मक, आलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन को तुलनात्मक शिक्षा कहते हैं। (A) और (C) कथन सत्य हैं।

46. Which pedagogical strategy would be most appropriate to sensitize student and build empathy towards a domestic help?
विद्यार्थियों में घरेलू सहायक (डॉमेस्टिक हैल्पर) के प्रति समानुभूति पैदा करने व उनको संवेदनशील बनाने के लिए कौन-सी शिक्षण-शास्त्रीय योजना सबसे अधिक उचित होगी?

(a) Share a real case vignette of a domestic help in the classroom./कक्षा में घरेलू सहायक के एक वास्तविक उदाहरण की वास्तविकता साझा करना।
(b) Screen and discuss a documentary on the work of domestic helps./घरेलू सहायक के कार्यों पर वृत्त-चित्र को दिखाना व उसपर चर्चा करना।
(c) Invite a domestic help to the whole class./एक घरेलू सहायक को कक्षा में आमंत्रित करना।
(d) Ask students to get to know someone who works as a domestic help and write a story based on their experience./छात्रों को किसी घरेलू सहायक से परिचय बनाकर उनके अनुभवों पर एक कहानी लिखने को कहना।

Ans. (d) : विद्यार्थियों में घरेलू सहायक (डॉमेस्टिक, हैल्पर) के प्रति सहानुभूति पैदा करने व उनको संवेदनशील बनाने के लिये छात्रों को किसी घरेलू सहायक से परिचय बनाकर उनके अनुभवों पर एक कहानी लिखने को कहना क्योंकि संवेदनशीलता मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति हो सकती है। एक शिक्षक संवेदनशीलता के गुण को चित्रित कर सकता है विचारों को व्यक्त करने और दूसरों को समग्र करना दूसरो की भावनाओं और विचारों से अवगत होकर दूसरों की राय लेकर दूसरों के साथ काम करने की क्षमता हो तो जीवन में संवेदनशीलता का अत्यधिक महत्त्व हैं संवेग व भावनाएं व्यक्तिपरकता के गुण हैं। सामाजिक सम्बन्धों की संवेदनशीलता में दूसरों की सहायता जैसे अपाहिज, विकलांगों, बीमार व्यक्तियों की सहायता जैसे कार्य संवेदनशील के अंतर्गत आते हैं।

47. While engaging with the theme 'Valuing Housework', a teacher should focus on depicting housework.
'घरेलू कार्य का महत्व' विषय को पढ़ाते समय शिक्षक को घरेलू कार्य को दर्शाना चाहिए।
(A) as task which is to be done by women only
एक ऐसे कार्य के रूप में जो महिलाओं द्वारा किया जाता है।
(B) as an easy task which requires less time to complete./एक ऐसे कार्य के रूप में जिसे पूरा करने में कम समय की आवश्यकता है।
(C) as an important work which is to be valued.
एक महत्वपूर्ण कार्य के रूप में जिसे सम्मान दिया जान चाहिए।
(D) as a work which can be done by both women and men./एक ऐसे कार्य के रूप में पुरूष तथा महिला दोनों द्वारा किया जा सकता है।
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) B and D/B और D (d) C and D/C और D

Ans. (d) : (C) और (D) दोनों कथन सत्य हैं घरेलू, कार्य का महत्त्व के विषय को पढ़ाते समय शिक्षक को घरेलू कार्य को दर्शाने के लिए, एक महत्वपूर्ण कार्य के रूप में जिसे सम्मान दिया जाना चाहिए और एक ऐसे कार्य के रूप में जो पुरुष तथा महिला दोनों द्वारा किया जा सकता है को दर्शाना चाहिए। घर से बाहर जैसे ऑफिस परिवहन के साथ इत्यादि की व्यवस्था इतनी सुरक्षित एवं 'वुमन फ्रैंडली' हो कि वे वहाँ सुरक्षित महसूस कर सके। डोमेस्टिक हेल्प को विनियमित तथा सुरक्षित बनाया जाये ताकि महिलाओं की सहायता हो सके तभी हम सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी बढ़ा सकेंगे।

48. In a geography class, the textbook is best used for :/एक भूगोल की कक्षा में पाठ्यपुस्तक का उत्तम उपयोग होता है?
(a) Receiving a fixed body of knowledge.
ज्ञान की निर्धारित मात्रा की प्राप्ति में
(b) Source for evaluating within fixed time tables./निधारित समय सरणी में मूल्यांकन के स्रोत हेतु
(c) Contemplation and wondering.
सोच-विचार और विस्मय हेतु
(d) As the only source of information to avoid stress in children./बच्चों के लिए तनाव कम करने का एकमात्र सूचना स्रोत

Ans. (c) : एक भूगोल की कक्षा में पाठ्यपुस्तक का उत्तम उपयोग सोच-विचार और विस्मय हेतु होता है।
(1) भूगोल का उद्देश्य धरातल की प्रारेशिक /क्षेत्रीय भिंनता का वर्णन एवं व्याख्या करना है। **(रिचर्ड हार्डशोर्न)**
(2) भूगोल धरातल के विभिन्न भागों में कारणात्मक रूप से सम्बंधित तथ्यों में भिन्नता का अध्ययन करता है। **(अल्फ्रेड हैटनर)**
उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भूगोल एक स्वतंत्र विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। इस स्तर पर बालक में भूगोल सम्बन्धी मूलभूत ज्ञान कौशल एवं अभिक्षमता का विस्तार किया जाता है ताकि बालक भूगोल के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित कर सके।

49. In conducting the activity to talk to some elderly in the neighbourhood and collect information about land use, the students would be acquiring skills of :
एक गतिविधि के आयोजन, जिसमें अपने आस पड़ोस के बुजुर्गों से बातचीत करते हैं तथा भूमि-उपयोग के बारे में जानकारी इकट्ठा करते हैं, में विद्यार्थी किन कौशलों का विकास करते हैं :
(A) Questioning and recording
प्रश्न पूछना अभिलेख करना
(B) Listening and inquiring/सुनना और अन्वेषण करना
(C) Inferring and negotiating
अनुमान लगाना और बातचीत करना
(D) Hypothesizing and analysing
परिकल्पना बनाना और विश्लेषण करना
Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (a) : A, B और C कथन सत्य हैं। एक गतिविधि के आयोजन जिसमें अपने आस-पड़ोस के बुजुर्गों से बातचीत करते हैं तथा भूमि उपयोग के बारे में जानकारी इकट्ठा करते हैं, में विद्यार्थी द्वारा प्रश्न पूछना और अभिलेख करना, अनुमान लगाना, और बातचीत करना, सुनना और अन्वेषण करना आदि कौशलों का विकास करते हैं। बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिये विशेष कौशलों पर ध्यान देना पड़ता है।
आयोजन करना– जानकारी, अवलोकन, योजना बनाना, समय प्रबन्धन, वर्गीकरण, नियंत्रण। लक्ष्य को प्राप्त करने और किसी सपने को साकार करने के लिये खुद को अपने पूरे क्रिया-कलाप को संगठित करने वाली आयोजन का कौशल विकसित करना होता है।
नोट– कौशलों को हम हमेशा जीवन से जोड़कर देखते हैं।

50. While explaining the theme 'Bhakti and Sufi movements', the teacher should focus on :
'भक्ति और सूफी आन्दोलन' विषय पर पुनर्योजना बनाते समय शिक्षक को केन्द्रित होना चाहिए :

(A) depicting these movements as challenging the practice of social differences existing then./तात्कालिक समय में सामाजिक भिन्नता के प्रचलन को चुनौती देने वाले कारक के रूप में इन आन्दोलनों के चित्रण पर

(B) the significance of songs, poems and dance as expression of devotion./भक्ति-भाव को प्रदर्शित करने के रूप में गानों, कविताओं और नृत्य के महत्व पर

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (c) : (A) तथा (B) दोनों कथन सत्य हैं 'भक्ति और सूफी आन्दोलन' विषय पर पुनर्योजना बनाते समय शिक्षक को तात्कालिक समय में सामाजिक भिन्नता के प्रचलन को चुनौती देने वाले कारक के रूप में इन आन्दोलनों के चित्रण पर, भक्ति भाव को प्रदर्शित करने के रूप में गानों, कविताओं और नृत्य के महत्त्व पर केन्द्रित होना चाहिए। सूफीवाद एक रहस्यवादी आन्दोलन है, सूफी रहस्यवादी शिक्षक हैं तथा सदियों से शिष्यों को रखते आये हैं यदि हम भक्ति व सूफी परम्पराओं पर बारीकी से गौर करें तो हमें उनके बीच बहुत सारी समानताएँ देखने को मिलती हैं कबीर तथा नानक के जीवन पर सूफी विचारधारा का प्रभाव बहुत साफ तौर पर दिखाई देता है। कबीर व नानक दोनों की रचनाएँ रहस्यवादी थी किन्तु वे जाति प्रथा द्वारा पैदा की गयी असमानताओं से चिंतित थे।

51. Which of the following should be the objective for giving a project work on 'visit to a factory'?
'कारखाना-भ्रमण' विषय पर परियोजना कार्य देते समय निम्नलिखित में से कौन से उद्देश्य हो सकते हैं?

(A) Acquiring skills of reasoning.
तर्क करने के कौशल को अर्जित करना

(B) Learning skills of inquiry.
समूह में कार्य करने के कौशल को सीखना

(C) Developing skills of inquiry
अन्वेषण कौशल को विकसित करना

(D) Learning skills of Hypothesizing.
परिकल्पना करने के कौशल को सीखना

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A and B/A और B (b) A and D/A और D
(c) B and C/B और C (d) C and D/C और D

Ans. (c) : (B) और (C) कथन सत्य हैं, 'कारखाना-भ्रमण' विषय पर परियोजना कार्य देते समय समूह में कार्य करने के कौशल को सीखाना और अन्वेषण कौशल को विकसित करने का उद्देश्य हो सकता है। बड़े-बड़े कारखानों के लिए विस्तृत स्थान की आवश्यकता पड़ती जिसमें बड़ी-बड़ी मशीने रखी जा सकें तथा काम करने वाले सभी व्यक्ति सुविधापूर्वक कार्य कर सकें इससे बालक में अन्वेषण कौशल का विकास होता है और समूह में कार्य करने के कौशल का भी विकास होता है।

52. Conflicting issues related to caste and gender in a social science classroom should be ……. .
जाति और जेंडर से जुड़े हुए द्वंद्वात्मक विषयों को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में :

(a) completely avoided and not taken up./पूरी तरह से बचना चाहिए और कक्षा में शामिल नहीं करना चाहिए।
(b) kept open-ended and discussed from different dimensions./अनिर्णित रखा जान चाहिए और इन पर विभिन्न आयामों से चर्चा करनी चाहिए।
(c) discussed as per teacher's understanding and belief system./शिक्षक की अपनी समझ और विश्वास मत पर आधारित चर्चा करनी चाहिए।
(d) discussed as per student's sentiments.
विद्यार्थियों की भावनाओं के अनुसार चर्चा करनी चाहिए

Ans. (b) : जाति और जेंडर से जुड़े हुए द्वन्द्वात्मक विषयों को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अनिर्णीत रखा जाना चाहिए और इन पर विभिन्न आयामों से चर्चा करनी चाहिए। जाति और जेंडर से जुड़े हुये द्वन्द्वात्मक विषयों को लेकर समाज की मानसिकता में धीरे-धीरे परितर्वन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप लिंग और जाति संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जाति और जेंडर से जुड़े भेदभाव किसी भी सभ्य समाज के लिये कलंक के समान है। अनेक समाज सुधारकों ने अपने आन्दोलन के माध्यम से जाति व्यवस्था और लिंग आधारित असमानता को दूर करने के लिये प्रयास किये जैसे राजाराम मोहन राय, ज्योतिबा फुले, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर आदि प्रमुख थे।

53. The change in nomenclature form civics to political science has been done with the objective :
नागरिकशास्त्र से राजनीति विज्ञान शब्दावली में बदलाव किस उद्देश्य से किया गया?

(A) to develop obedient citizens.
आज्ञाकारी नागरिक विकसित करने के लिए
(B) to develop deliberative citizens.
विमर्शी नागरिक विकसित करने के लिए

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (b) : नागरिक शास्त्र से राजनीति विज्ञान शब्दावली में बदलाव विमर्शी नागरिक विकसित करने के उद्देश्य से किया गया क्योंकि नागरिक शास्त्र और राजनीति विज्ञान दोनों ही विषयवस्तु एक दूसरे के पूरक हैं। राजनीतिशास्त्र की उत्पत्ति विकास, कानून आदि का अध्ययन करता है और दूसरी ओर नागरिक शास्त्र समाज में रहने वाले नागरिकों को आदर्श नागरिकता की शिक्षा प्रदान करता है। आदर्श नागरिकता तभी प्राप्त हो सकती है जब नागरिकों में राजनीतिक चेतना विद्यमान हो। नागरिक शास्त्र शिक्षण के विभिन उद्देश्य–
(i) आदर्श नागरिक का विकास
(ii) बौद्धिक शक्तियों का विकास।

54. The recommendation of 'gendering' the social science curriculum is reflected in the textbooks in the form of :
सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्चा को 'जेंडर विमर्श से जोड़ने' की संस्तुति पाठ्यपुस्तकों में किस रूप में दिखती है:

(A) increased references to women and their issues./महिलाओं और उनसे जुड़े मुद्दों का संदर्भ अधिक होना

(B) including the perspective of women to both historical and contemporary concerns. महिलाओं के परिप्रेक्ष्य को एतिहासिक व तात्कालिक दोनों सरोकारों में शामिल करना

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (c) : (A) और (B) दोनों कथन सत्य हैं, सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या को जेंडर विमर्श से जोड़ने की संस्तुति पाठ्यपुस्तकों में महिलाओं और उनसे जुड़े मुद्दों का संदर्भ अधिक होना तथा महिलाओं के परिप्रेक्ष्य को ऐतिहासिक व तात्कालिक दोनों सरोकारों में शामिल करना के रूप में देखती है। उपर्युक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त प्राचीन और भोज के परिप्रेक्ष्य के अनुसार, महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिये विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को दिखाकर उनमें उत्साह की भावना विकसित की जा रही है। जैसे– व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर, निराश्रित महिला सदन की स्थापना कर नौरीपेशा महिलाओं के लिये हॉस्टल उपलब्ध करवाना।

55. Historical films and contemporary documentaries should be used :
इतिहास आधारित सिनेमा और तात्कालिक सन्दर्भों से जुड़े वृत्त-चित्र का उपयोग :

(A) as a time filler only for enetertainment. खाली समय को भरने और केवल मनोरंजन के लिये होना चाहिए।

(B) as a substitute for text. पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर होना चाहिए।

(C) for interpretation and analysis. व्याकरण और विश्लेषण के लिए होना चाहिए।

(D) for provoking interest and discussion. रूचि और चर्चा को पैदा करने में प्रयुक्ता होना चाहिए।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A and C/A और C (b) B and D/B और D
(c) C and D/C और D (d) A and D/A और D

Ans. (c) : (C) और (D) दोनों कथन सत्य हैं। इतिहास आधारित सिनेमा और तात्कालिक सन्दर्भों से जुड़े वृत्तचित्र का उपयोग व्याकरण और विश्लेषण के लिये होना चाहिए, रुचि और चर्चा को पैदा करने में प्रयुक्त होना चाहिए क्योंकि शिक्षा की दृष्टि से सिनेमा बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ एवं चलचित्र एक मनोरंजन का एक साधन है व सामाजिक बुराइयों को दूर करने में सहायक है और दूसरी ओर मानव के लिये ज्ञान वृद्धि का साधन भी है। दर्शक, एक सिनेमा हाल की इतिहास, भूगोल व विज्ञान सम्बन्धी ज्ञान का सरलता से आत्मसात कर लेता है और धीरे-धीरे वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ नाटक प्रदर्शन के क्षेत्र में भी मानव ने काफी उन्नति की है। पहले कठपुतली का नृत्य भी विभिन्न भाव भंगिमाओं को समझने के साथ-साथ मनोरंजन भी होता था और उससे संदर्भित कर जो ज्ञान प्राप्त होता था, वह स्थायी रूप से समझ विकसित करने पर बल देता है।

56. The focus of social Science curriculum should be on : / सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्चा को केन्द्रित होना चाहिए :

(A) including all the facts, concepts and information./सामाजिक विज्ञान की सभी संकल्पनाओं, तथ्यों व जानकारियों का सम्मिलित करना

(B) including relevant concepts to enable analysis of socio-political realities./प्रासंगिक संकल्पनाओं को शामिल करना जिस से सामाजिक-राजनैतिक यथार्थों का विश्लेषण करने की क्षमता बन सके

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/न तो A न ही B

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या में प्रासंगिक संकल्पनाओं को शामिल करना जिससे सामाजिक राजनैतिक यथार्थों का विश्लेषण करने की क्षमता बन सके जैसा कि पाठ्यचर्या को सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत केन्द्रित होना चाहिए। सामाजिक विज्ञान के शिक्षण पर चर्चा हेतु गठित राष्ट्रीय फोकस समूह के सदस्यों ने एक आदर्श सामाजिक अध्ययन पाठ्यचर्या के निर्माण हेतु किये गये पूर्व प्रयासों को अंगीकृत किया है। सामाजिक विज्ञान के पठन पाठन को अधिक मनोरंजक और असरदार बनाने के लिये शिक्षण की विधियों में नवाचारों की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम में शुरू से अंत तक निरन्तरता बनाये रखने के लिये उचित तर्कसंगत क्रम में व्यवस्थित होना चाहिए। केवल कथन (B) सत्य है।

57. Which of the following statements is true about Social Science texts and materials used in the classroom?
सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में प्रयुक्त पाठ्य-पुस्तकों (टैक्स्ट) व सामग्रियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) The prescribed textbooks are the only source to be used, as the syllabus is finite./सुझाई गई पाठ्य-पुस्तकें एक मात्र स्रोत हैं जिनका उपयोग किया जाए, चूंकि पाठ्यक्रम परिमित हैं।

(B) The prescribed textbooks are one of the sources as we need to incorporate infinite contexts./सुझाई गई पाठ्य-पुस्तकें कई स्रोतों में से एक हैं, चूँकि हमें असीमित संदर्भों को शामिल करने की जरूरत है।

(C) The provision of supplementary material is an unnecessary burden for teachers./पूरक सामग्रियों की व्यवस्था शिक्षकों के लिए आवश्यक बोझ है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A and C/A और C (b) Only C/केवल C
(c) B and C/B और C (d) Only B/केवल B

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में प्रयुक्त पाठ्य पुस्तकों (टैक्स्ट) व सामाग्रियों के बारे में सुझाई गई पाठ्य पुस्तके कई स्रोतों में से एक है, चूँकि हमें असीमित संदर्भों को शामिल करने की जरूरत है। शिक्षण सहायक सामग्री Teaching Learning Material (TLM) शिक्षक का वह साधन जिसके माध्यम से वह

अपनी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाता है यह अधिगम प्रक्रिया को स्थायी एवं रोचक बनाने का कार्य करता है। कुछ सहायक शिक्षण सामग्री इस प्रकार हैं–
(i) श्रव्य सामग्री (ii) चार्ट (iii) श्यामपट्ट (iv) मानचित्र।

58. Which of the following techniques and skills should be emphasized to assess student's critical understanding of advertisement?
विज्ञापन के बारे में विद्यार्थियों की समझ के निर्धारण में निम्नलिखित में से किन योजनाओं और कौशलों पर जोर देना चाहिए?

(A) Analysis and reporting of existing advertisements in terms of values promoted./आलोचनात्मक विश्लेषण और मूल्यों के संप्रेषण के संदर्भ में विद्यमान विज्ञापनों को संज्ञान में लेना।
(B) Developing advertisements for a specific cause or product./किसी विशिष्ट उद्देश्य या उत्पाद के लिए बन रहे विज्ञापानों में सृजनात्मकता।
(C) Awareness and presentation of how advertisements influence our thoughts and lives./आलोचनात्मक उपबोध है और प्रस्तुतीकरण कि कैसे ये हमारी सोच और जीवन को प्रभावित करता है।
(D) Comparison of better products based on advertisements./विज्ञापनों के आधार पर बेहतर उत्पाद की तुलना करना।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (a) : कथन A, B और C सत्य हैं। विज्ञापन के बारे में विद्यार्थियों की समझ के निर्धारण में आलोचनात्मक विश्लेषण और मूल्यों के सम्प्रेषण के सन्दर्भ में विद्यमान विज्ञापनों को संज्ञान में लेना तथा किसी विशिष्ट उद्देश्य या उत्पाद के लिये बन रहे विज्ञापनों में सृजनात्मकता और आलोचनात्मक उपबोध और प्रस्तुतीकरण कि कैसे ये हमारी सोच और जीवन को प्रभावित करता है। विज्ञापन के सम्बन्ध में समझ विकसित करने के लिये सृजनात्मकता का अर्थ समझने का प्रयास करना चाहिए उसके बाद उसमें तार्किक चिंतन करना चाहिए। बच्चे अपनी कौतूहल और जिज्ञासा परक प्रश्नों के माध्यम से अनेक तथ्यों के बारे में तार्किक चिंतन करते हैं तथा स्वयं ज्ञान का निर्माण करते हैं और अपनी विशिष्ट अधिगम शैलियों द्वारा आलोचात्मक विश्लेषण, तार्किक चिंतन करते हैं।

59. While discussing the theme 'Maps' a teacher should focus on the concepts of :
मानचित्र विषय पर चर्चा करते समय एक शिक्षक को किन संकल्पनाओं पर केन्द्रित होना चाहिए :

(A) Distance and scaling
दूरी एवं अनुमाप से नक्शा बनाना
(b) Sketch and exact measurement
रेखा चित्र और यथार्थ मापन
(c) Direction and location/दिशा और अवस्थिति
(d) Symbols and colours/चिन्ह और रंग

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A, B and C/A, B और C
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) B, C and D/B, C और D

Ans. (c) : कथन A, C और D सत्य हैं। मानचित्र विषय पर चर्चा करते समय एक शिक्षक की दूरी एवं अनुमाप से नक्शा बनाना, दिशा और अवस्थित, चिन्ह और रंग संकल्पनाओं पर केंन्द्रित होना चाहिए। मानचित्र एक आरेखण होता है जो पूरे विश्व या उसके एक भाग को छोटा कर कागज के एक पन्ने पर दर्शाता है। मानचित्र पर विभिन्न प्रकार के रंगों का उपयोग किया जाता है। जैसे नीला रंग जलाशय को, भूरा रंग पर्वतों को, पीला रंग पठारों को, हरा रंग मैदान को दर्शाने के लिये किया जाता है।
नोट– मानचित्र के तीन घटक हैं– दूरी, दिशा और प्रतीक।

60. To develop students' skills of inquiry and historical understanding of various craft centres, they can be given tasks to :
विद्यार्थियों में अन्वेषण कौशल और विभिन्न शिल्प केन्द्रों की एतिहासिक समझ विकसित करने के लिए, उन्हें नियत कार्य दिए जा सकते हैः

(A) locate these centers on a map, and identify their contemporary location/इन केन्द्रों को मानचित्र में इंगित करना और उनकी समकालीन अवस्थिति को पहचानना
(B) find out and compare the past and present conditions of these centers in the form of a report./इन केन्द्रों के अतीत और वर्तमान की स्थितियों के बारे में जानना और उनकी तुलना को एक रिपोर्ट के रूप में लिखना
(C) invite local craftsperson to put up an exhibition of various crafts products at the school./विद्यालय में विभिन्न शिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के लिए स्थानीय शिल्पकार को आमंत्रित करना

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-
(a) A and B/A और B
(b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C
(d) A, B and C/A, B और C

Ans. (a) : कथन A और (B) सत्य हैं। विद्यार्थियों में अन्वेषण कौशल और विभिन्न शिल्प केन्द्रों की ऐतिहासिक समझ विकसित करने के लिये इन केन्द्रों को मानचित्र में इंगित करना और उनकी समकालीन अवस्थिति को पहचानना और इन केन्द्रों के अतीत और वर्तमान की स्थितियों के बारे में जानना और उनकी तुलना को एक रिपोर्ट के रूप में लिखना जैसे कार्य दिये जा सकते हैं। शिल्प केन्द्रों की समझ को विकसित करने के लिये विभिन्न प्रकार के उपागमों जैसे कच्चे उत्पाद की बहुलता हो जिससे शिल्प से जुड़ी सहायक सामग्री उपलब्ध हो सके जिससे अन्वेषण से जुड़े कौशल को विकसित कर सके। अन्वेषण कौशल के माध्यम से और भी तकनीक का विकास कर सकते हैं जिससे शिल्प केन्द्रों को अधिक विकसित करने में सहायता मिल सके।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 21 दिसंबर, 2021)

1. The term primogeniture means:
'ज्येष्ठाधिकार' का क्या अर्थ है:

(a) The eldest son inherits his father's estate
ज्येष्ठ पुत्र अपने पिता के राज्य का उत्तराधिकारी होता है।

(b) The estate is divided amongst all sons
राज्य का विभाजन समस्त पुत्रों में कर दिया जाता है।

(c) The resources of the group are owned by the leader /समूह के संसाधनों पर मुखिया का अधिकार होता है।

(d) The resources of the group are owned by the group members/समूह के संसाधनों पर समूह के सदस्यों का अधिकार होता है।

Ans. (a) : 'ज्येष्ठाधिकार' का अर्थ ज्येष्ठ पुत्र अपने पिता के राज्य का उत्तराधिकारी होता है। यह अधिकार परम्परा प्राप्त होता था। शासक की मृत्यु या उसके हटने पर उसके छोटे भाई के बजाय उसका बड़ा बेटा ज्येष्ठता की वजह से उसके राज अधिकारों को ग्रहण करता था। कई बार शासक के जीवित रहते हुए उसके जीवनकाल में ही उत्तराधिकारी का निर्धारण के कारण राज्य में अशान्ति एवं युद्ध का वातावरण हो जाता था। इस अव्यवस्था को पनपने न देने के लिए प्रायः शासकों ने ज्येष्ठाधिकार का सहारा लिया।

2. Which of the following is the chronologically correct order of annexation by East India Company?
ईस्ट इंडिया द्वारा कब्जे में लिये गये प्रांतों का निम्नलिखित में कौन-सा क्रम सही है।

(a) Sind, South of Vindhyas, Afghanistan and Punjab/सिंध, विंध्य का दक्षिण, अफगानिस्तान और पंजाब

(b) Sind, Afghanistan, south of Vindhyas and Punjab/सिंध, अफगानिस्तान, विंध्य का दक्षिण और पंजाब

(c) South of Vindhyas, Sind, Afghanistan, and Punjab/विंध्य का दक्षिण, सिंध, अफगानिस्तान और पंजाब

(d) South of Vindhyas, Afghanistan, Sind, and Punjab/विंध्य का दक्षिण, अफगानिस्तान, सिंध और पंजाब

Ans. (d) : ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा कब्जे में लिए गये प्रान्तों का सही क्रम इस प्रकार है।
विंध्य का दक्षिण → अफगानिस्तान → सिंध → पंजाब
ईस्ट इण्डिया कम्पनी रूस की बढ़ती शक्ति से डर गयी। इसलिए प्रथम आंग्ल - अफगान युद्ध 1838 से 1842 के बीच अफगानिस्तान के साथ एक लड़ाई लड़ी और अफगानिस्तान पर अधिकार कर लिया। 1843 में सिन्ध पर कम्पनी ने अपना शासन स्थापित किया। सबसे अन्त में 1852 में अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी ने पंजाब का अधिग्रहण कर लिया।

3. Match the columns and choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चयन करते हुए निम्नलिखित का सुमेल कीजिए।

Column A/ कॉलम (क)		Column B/ कॉलम (ख)	
a)	Military Pay Masters सैनिक वेतनाधिकारी	i)	Kotwals कोतवाल
b)	Minister in charge of religious Patronage धार्मिक प्रश्रम के प्रशासनिक	ii)	Faujdars फौजदार
c)	Military Commanders सेना नायक	iii)	Bakshis बक्शी
d)	Town Police Commanders/ नगर	iv)	Sadrs सदर

(a) a-iv, b-ii, c-iii, d-i (b) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(c) a-ii, b-iv, c-iii, d-i (d) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

Ans. (b) :
A. सैनिक वेतनाधिकारी - (iii) बक्शी
B. धार्मिक प्रश्रम के प्रशासनिक - (iv) सदर
C. सेनानायक - (ii) फौजदार
D. नगर - (i) कोतवाल
मीर बख्शी सेना विभाग का अध्यक्ष होता था। यह मनसबदारों के वेतन की देख-रेख करता था। इसे ही बख्शी के नाम से जाना जाता है। सदर या सद्रेजहाँ धार्मिक मामलों का प्रधान होता था। इसे सद्र-उस-सूदूर या 'शेख-उल-इस्लाम के नाम से भी जाना जाता है। सूबे की आन्तरिक शान्ति एवं सुरक्षा की व्यवस्था कोतवाल करता था। फौजदार जिले का प्रमुख सैनिक अधिकारी था, जो कानून व्यवस्था को देखता था। इस प्रकार मुगल शासन व्यवस्था चलती थी।

4. Read the following two statements and choose the appropriate option.
निम्नलिखित दो कथनों को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Statement A: Pietra dura are coloured stones placed in depressions carved into marble or sands stones.
कथन (A) : पितरा दूरा उत्कीर्णित संगमरमर अथवा बलुआ पत्थर पर रंगीन पत्थरों को दबाकर बनाए गए।

Statement B: Shah Jahan used these in Red Fort to emphasise connection between royal justice and imperial court.

कथन (B) : शाहजहाँ ने इनका प्रयोग लाल किले में राजकीय न्याय और शाही दरबार के अंतः संबंध पर बल देने के लिए किया।

(a) A is true and B is false/A सही है, B गलत है।
(b) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।
(c) A is false and B is true/A गलत है, B सही है।
(d) Both A and B are true /A और B दोनों सही हैं।

Ans. (d) : पितरा दूरा उत्कीर्णित संगमरमर अथवा बलुआ पत्थर पर रंगीन पत्थरों को दबाकर बनाए गये। कथन सही है। शाहजहाँ के सिहासन के पीछे पितरा दूरा के जड़ाऊ काम की एक शृंखला बनाई गयी थी। पितरा दूरा एक सजावटी कला है। इसका प्रथम प्रयोग रोम में 1500 ई. के आस-पास दिखाई दिया था। शनैःशनैः यह कला मुगल दरबार में भी पहुँची जिसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण ताजमहल में मिलता है। शाहजहाँ ने इस कला का प्रयोग लाल किले में राजकीय न्याय और शाही दरबार के अन्तः सम्बन्ध पर बल देने के लिए किया था। कथन भी B सत्य है।

5. Based on the following lines associated with 'Pathshalas', choose the correct option:
"Teaching was oral and the guru divided what to teach in accordance with needs of the students. Students were not separated out into different classes. The guru interacted separately with groups of children with different levels of learning"
The above lines show that:
निम्न पंक्तियों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।
''शिक्षा मौखिक थी और गुरू शिष्यों की आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित करते थे कि क्या पढ़ाना है, छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में नहीं बाँटा जाता था। गुरू छात्रों के अधिगम के स्तर के अनुसार से, छात्रों के समूह से शैक्षिक आदान-प्रदान करते थे।''

(a) The transaction of education is unsystematic/शिक्षा का आदान-प्रदान अव्यवस्थित है।
(b) The system is flexible/ प्रणाली लचीली है।
(c) The system is suited to local needs प्रणाली स्थानीय जरूरतों के अनुकूल है।
(d) The teacher does not allow children to express their views / शिक्षक छात्रों को अपने विचार प्रकट करने की अनुमति नहीं देते।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) A and D/ A और D (d) B and D/ B और D

Ans. (b) : प्रश्न में दी गयी टिप्पणी से स्पष्ट है कि तत्कालीन शैक्षिक प्रणाली लचीली थी और प्रणाली स्थानीय जरूरतों के अनुकुल थी। इस प्रकार कथन B और C सत्य है। तत्कालीन शिक्षा का स्तर ऊँचा, समावेशी और व्यवस्थित था। चूंकि शिक्षा मौखिक थी इससे स्पष्ट है कि शैक्षिक स्तर ऊँचा था। समावेशी शिक्षा का होना इस कथन से स्पष्ट है कि छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में नहीं बांटा जाता था।

6. Consider the statements A and B and choose the correct answer.
कथन A और B पर विचार करें तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।
Statements A: Muhammad Tughluq was criticized for appointing a wine distiller, a barber and a cook to high administrative posts
कथन (A) : शराब बनाने वाले, नाई और बावर्ची को ऊंचे प्रशासनिक पदों पर बैठाने के लिए, मुहम्मद तुगलक की आलोचना हुई।
Statements B : This reflects the socio-economic stereotypes that may have been prevalent in those times.
कथन (B) : यह उस समय में प्रचलित सामाजिक-आर्थिक रूढ़िबद्ध धारणा को दर्शाता है।

(a) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।
(b) Both A and B are true but B is not the correct inference of A / A और B दोनों सही है परंतु B सही अनुमान नहीं है A का।
(c) A is true but B is false, so B is not correct inference of A / A सही हैं परंतु B गलत है तो B सही अनुमान नहीं है A का।
(d) Both A and B are but B is the correct inference of A / A और B दोनों सही हैं तथा B सही अनुमान है A का।

Ans. (d) : कथन A और B दोनों सही है तथा कथन B, कथन A का सही अनुमान है। मुहम्मद तुगलक 1325 में दिल्ली का सुल्तान बना था। उसने उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। वह विद्वानों का यथोचित सम्मान करता था। वह पढ़ा लिखा भी था। यही कारण है कि वह शराब बनाने वाले, नाई और बावर्ची को ऊँचें प्रशासनिक पदों पर बैठाया था परन्तु उसके इस कृत्य की तत्कालीन समय में आलोचना हुई। इस प्रकार स्पष्ट है कि तत्कालीन समाज सामाजिक और आर्थिक ढंग से रूढ़िबद्ध था।
मुहम्मद तुगलक ने कृषि के लिए 'अमीर-ए-कोही' नामक पद सृजित किया। 1326-27 में राजधानी परिवर्तन किया। उसने 1329-30 ई. में ताँबे की सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया।

7. The grading system used by the Mughals to fix rank salary and military responsibilities was known as :
पद, वेतन एवं सैन्य उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए, मुगलों द्वारा प्रयोग में लाई गई श्रेणीक्रम व्यवस्था कहलाती थी-

(a) Mansabdari system/मनसबदारी व्यवस्था
(b) Iqtadari system/इक्तादारी व्यवस्था
(c) Zabt system/जब्त व्यवस्था
(d) Jagirdari system/जागीरदारी व्यवस्था

Ans. (a) : पद, वेतन एवं सैन्य उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए, मुगलों द्वारा प्रयोग में लायी गयी व्यवस्था मनसबदारी व्यवस्था थी। यह व्यवस्था मूल रूप से मंगोलों की थी। मुगल काल में इसकी शुरुआत अकबर ने की थी। मनसबदारों की नियुक्ति बादशाह करता था। इक्तादारी व्यवस्था की शुरुआत सुल्तान इल्तुतमिश ने की थी। इस प्रथा को उसने 1226 ई. में शुरू किया। जब्ती व्यवस्था टोडरमल द्वारा विकसित भू-राजस्व की एक प्रणाली थी जो अकबर के शासन काल में शुरू हुई। जागीरदारी व्यवस्था 13वीं शताब्दी के प्रारम्भ में शुरू हुई।

8. Consider the statements A and B choose the correct option given below.
निम्नलिखित वक्तव्यों (A) और (B) पर विचार कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement A : During the British period the furnaces in most Indian villages fell into disuse
वक्तव्य (A) : ब्रिटिश शासनकाल के दौरान भारतीय गांवों की ज्यादातर भट्टियां अनुपयोगी हो गई थी।

Statements B : One of the reasons was the new forest laws that the colonial government had enacted
वक्तव्य (B) : इसका एक कारण औपनिवेशक सरकार द्वारा जंगल का नया नियम लागू करना था।

(a) A is true and B is false/A सही है पर B गलत है।
(b) A is false and B is true/A गलत है और B सही है।
(c) Both A and B are true but B is not the correct explanation for A/ A और B दोनों सही हैं पर B सही व्यख्या नहीं है A की।
(d) Both A and B are true but B is the correct explanation A/ A और B दोनों सही हैं और B सही व्याख्या है A की।

Ans. (d) : A और B दोनों सही है और B सही व्याख्या है A की। औपनिवेशिक शासन काल के दौरान भारतीय गाँवों की ज्यादातर भट्टियां अनुपयोगी होने का कारण औपनिवेशिक सरकार द्वारा जंगल का नया नियम लागू करना था। औपनिवेशिक कानूनों के कारण भारत की कुल वन भूमि का 97 प्रतिशत क्षेत्र राज्य के अधिकार में आ गया जिसकी वजह से लोगों का वनों में प्रवेश सीमित हो गया। औपनिवेशिक कानूनों के आने से भारतीयों की परम्परा प्राप्त आजीविका का स्रोत एवं कला दोनों विलुप्त हो गए।

9. Mahatma Gandhi emphasized' learning of crafts' in education because:
महात्मा गांधी ने शिक्षा में ''कारीगरी सीखने'' पर जोर दिया क्योंकि-

(a) It would make children completely independent
यह बच्चों को पूरी तरह से स्वतंत्र बनाएगा।
(b) It would enable children to support their parents in earning a livelihood
यह बच्चों को काबिल बनाएगा जिससे वे आजीविका कमाने में माता-पिता की मदद कर सकें।
(c) It would develop mind and capacity to understand activities
यह दिमाग और समझने की क्षमता को विकसित करेगा।
(d) It would lead to promotion of dignity and self respect
यह गरिमा और आत्म-सम्मान को वृद्धि की ओर ले जाएगा।

(a) A and B / A और B (b) B and D/ B और D
(c) B and C/ B और C (d) C and D/ C और D

Ans. (d) : महात्मा गाँधी ने शिक्षा में ''कारीगरी सीखने'' पर ज्यादा जोर दिया क्योंकि यह दिमाग और समझने की क्षमता विकसित करेगा तथा गरिमा और आत्मसम्मान की वृद्धि की ओर ले जाएगा। महात्मा गाँधी की शिक्षा पर विचार व्यवहारिक थे। कारीगरी सीखने के सन्दर्भ में महात्मा गाँधी का मूल उद्देश्य स्वावलम्बन था। गाँधी जी ने 1937 में अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें जो प्रस्ताव पारित हुए उसे ही वर्धा शिक्षा योजना के नाम से जाना जाता है। इस योजना का संबंध हस्तकला से है।

10. Who has written the book named 'Gulamgiri'?
'गुलामगिरी' नाम की पुस्तक के लेखक कौन है?

(a) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फूले
(b) B. R. Ambedkar/बी.आर. अम्बेडकर
(c) E. V. Ramaswamy /इ.बी. रामस्वामी
(d) Narayanaguru/नारायण गुरू

Ans. (a) : 'गुलामगीरी' पुस्तक के लेखक ज्योतिराव फुले हैं। यह पुस्तक मूलतः मराठी भाषा में लिखी गयी थी इसका हिन्दी अनुवाद डॉ विमलकीर्ति ने किया। ज्योतिबा फुले ने इस पुस्तक की रचना 1873 में की। यह पुस्तक रंगभेद के खिलाफ है। यह अमेरिका की दास प्रथा पर आधारित थी। यह पुस्तक 16 परिच्छेदों में बँटी है। इस किताब के माध्यम से ज्योतिबा फूले (11 अप्रैल 1827 से 28 नवम्बर 1890) एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता जाति विरोधी समाज सुधारक और महाराष्ट्र के लेखक थे। इन्होंने ही 'सत्यशोधक समाज' (1873 ई.) की स्थापना की थी।

11. Periyar's Non –Brahmin movement was based on the ideology of_____
पेरियार का गैर ब्राह्मण आंदोलन _____ विचारधारा का आधारित था।

(a) Respecting oneself first so that others will also give respect /सर्वप्रथम व्यक्ति को स्वयं का सम्मान करना चाहिए तभी दूसरे भी हमें सम्मान देंगे तथा उसी तरह से हमारे साथ व्यवहार करेंगे।
(b) Freeing oneself from all religions as all inequalities were promoted as God-given/स्वयं को धार्मिकता से मुक्त करना क्योंकि सभी असमानताओं को ईश्वर की देन के रूप में प्रोत्साहित किया गया था।
(c) Doing exact opposite of what the scriptures say as a mark of protest against social inequality. /सामाजिक असमानताओं के विरोध के तौर पर ग्रंथों/अभिलेखों में जो कहा गया है उसके विपरीत करना।
(d) Giving rise to a new religion which was inclusive and respectful of all people /एक नए धर्म के उदय को बढ़ावा देना जो समावेशी हो तथा व्यक्तियों के लिए सम्मानजनक हो।

Ans. (b) : पेरियर का गैर ब्राह्मण आन्दोलन स्वयं को धार्मिकता से मुक्त करना क्योंकि सभी असमानताओं को ईश्वर की देन के रूप में प्रोत्साहित किया गया था, की विचारधारा पर आधारित है। ई.वी. रामास्वामी पेरियार तमिलनाडु के एक प्रमुख राजनेता व दलित शोषित के मसीहा थे। उन्होंने वर्णाश्रम व्यवस्था का विरोध किया था। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के अनुरोध पर 1919 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। ई.वी. रामास्वामी ने एक अलग पाकिस्तान के लिए मुस्लिम लीग के दावे का समर्थन किया।

12. The Revolt of songram sangma in 1906 took place because the tribal groups of _____
1906 में सोंग्रम संगमा की बगावत इसलिए हुई क्योंकि जनजातीय समूहों ने-

(a) Sikkim insisted upon getting land rights.
सिक्किम में जमीन के मालिकाना अधिकारों पर जोर दिया।
(b) Manipur wanted to purse traditional rights.
मणिपुर प्रांत में अपने परंपरागत अधिकारों को जारी रखना चाहता था।
(c) Assam reacted against the colonial forest laws./असम में औपनिवेशिक वन कानूनों का विरोध किया।
(d) Tripura insisted upon settling in forests areas.
त्रिपुरा में वन क्षेत्र में बसे रहने पर जोर दिया।

Ans. (c) : 1906 में सोंग्राम संगमा की बगावत इसलिए हुई क्योंकि जनजातीय समूहों ने असम में औपनिवेशिक कानूनों का विरोध किया था। आदिवासी लोगों की आजीविका का मुख्य स्रोत वन था। अंग्रेजों ने वनों पर अपना नियन्त्रण स्थापित करने के लिए कुछ को आरक्षित वन घोषित किया। इससे आदिवासी समुदाय नाराज और परेशान हुआ और नये कानूनों और नियमों की अवहेलना की।

13. Which of the following reasons would you give to discuss the decline of the Indian steel and iron metallurgy under colonial India?
औपनिवेशिक भारत में स्टील तथा लौह धातुकर्म में गिरावट पर चर्चा करने के लिए आप निम्न में से कौन-सा कारण देंगे?

A. Defeat of nawabs and rajas by the British resulted in imports from England
अंग्रेजों द्वारा नवाबों तथा राजाओं को हराने के परिणामस्वरूप इंग्लैड से आयात होने लगा था।
B. New forest laws prohibited people from entering reserved forests to collect woods.
नए वन कानूनों ने लोगों पर आरक्षित वनों में जाकर लकड़ी इकट्ठा करने पर पाबंदी लगा दी थी।

(a) Only A /केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) neither A nor B/न तो A और न ही B

Ans. (c) : औपनिवेशिक भारत में लौह तथा धातुकर्म में गिरावट का कारण अंग्रेजों द्वारा नवाबों तथा राजाओं को हराने के परिणामस्वरूप इंग्लैण्ड से लौह और धातु आयात होने लगा तथा नये वन कानूनों ने लोगों पर आरक्षित वनों में जाकर लकड़ी इकट्ठा करने पर पाबन्दी लगाना था। भारतीय वन अधिनियम 1927 ब्रिटिश काल के दौरान क्रियान्वित था। यह किसी क्षेत्र को सुरक्षित वन संरक्षित वन और ग्राम वन घोषित करती है। आरक्षित वनों में वन अधिकारी द्वारा विशेष अनुमति के बिना स्थानीय लोगों की आवाजाही निषिद्ध है।

14. The Concurrent List of the Constitution was provided to:-
संविधान की समवर्ती सूची उपलब्ध कराई गई :

(a) Concentrate power of the Union government
केंद्र की शक्ति को संकेन्द्रित करने के लिए।
(b) Give greater autonomy and freedom to the states/राज्यों को अधिक स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता देने के लिए।
(c) Ensure joint responsibility between the Center and the States/केंद्र तथा राज्यों के बीच संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए।
(d) Create a separate category of community responsibilities/समुदायों द्वारा निर्वाह किए जाने वाली जिम्मेदारियों की अलग श्रेणी बनाने के लिए।

Ans. (c) : केन्द्र तथा राज्यों के बीच संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए संविधान की समवर्ती सूची उपलब्ध कराई गयी। भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची प्रदान करती है। समवर्ती सूची में 52 विषय शामिल हैं। समवर्ती सूची का प्रावधान आस्ट्रेलिया के संविधान से लिया गया है। समवर्ती सूची पर कानून बनाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकारें दोनों अधिकृत हैं। केन्द्र और राज्य द्वारा एक ही विषय पर कानून बनाने पर यदि कानूनों को लेकर वाद-विवाद होता है तो केन्द्र का कानून मान्य होगा तथा राज्य का कानून निरस्त कर दिया जाएगा।

15. Match the continent given in Column I with Column II/ स्तंभ I में दिए गए महाद्वीप को स्तंभ II में दी गई उसकी विशेषता के साथ मिलान करें।

Column/ स्तंभ-I		Column/ स्तंभ-II	
A)	Africa अफ्रीका	i)	World's longest river/ विश्व की सबसे लंबी नदी
B)	Antarctica अंटार्कटिका	ii)	World's largest river / विश्व की सबसे बड़ी नदी
C)	Australia/ आस्ट्रेलिया	iii)	No Permanent human settlement स्थायी मानव निवास नहीं
D)	South America दक्षिण अमेरिका	iv)	Island continent द्वीपीय महाद्वीप

(a) A –I, B –iii, C –iv, D -ii
(b) A –ii, B –iv, C –iii, D -i
(c) A –i, B –iv, C –ii, C -iii
(d) A –ii, B –iii, C –I, d -iv

Ans. (a) :

स्तम्भ I		स्तम्भ II	
A.	अफ्रीका	(i)	विश्व की सबसे लम्बी नदी
B.	अंटार्कटिका	(iii)	स्थायी मानव निवास नहीं
C.	आस्ट्रेलिया	(iv)	द्वीपीय महाद्वीप
D.	दक्षिण अमेरिका	(ii)	विश्व की सबसे बड़ी नदी

विश्व की सबसे लम्बी नदी अफ्रीका में बहने वाली नील नदी है। जिसकी लम्बाई 6695 किलोमीटर है। क्षेत्रफल के आधार पर अंटार्कटिका पाँचवा सबसे बड़ा महाद्वीप है। इसकी कोई मूल आबादी नहीं है। आस्ट्रेलिया विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है। यह चारों तरफ से महासागरों और समुद्रों से घिरा है। दक्षिण अमेरिका विश्व का चौथा सबसे बड़ा महाद्वीप है। यहाँ विश्व की सबसे लम्बी पर्वत श्रेणी एण्डीज पर्वतमाला है। दक्षिण अमेरिका में अमेजन नदी क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ी नदी है।

16. On which days do the equinox happen in India?
भारत में किन तिथियों पर विषुव होता है?

(a) 21st March and 22nd December
21 मार्च और 22 दिसम्बर
(b) 21st June and 23rd September
21 जून और 23 सितम्बर
(c) 21st June and 22nd December
21 जून और 22 दिसम्बर
(d) 21st March and 23rd September
21 मार्च और 23 सितम्बर

Ans. (d) : भारत में 21 मार्च और 23 सितम्बर को विषुव होता है। विषुव एक ऐसा समय होता है जब दिन और रात की समयावधि बराबर होती है। यह स्थिति वर्ष में दो बार आती है। जब सूर्य विषुवत रेखा की सीध में होता है तो यह घटना विषुव कहलाती है। पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव तथा सूर्य के चारों ओर परिक्रमण के कारण ऋतु परिवर्तन और प्रत्येक स्थान पर दिन की अवधि में भिन्नता पायी जाती है। 21 मार्च की स्थिति को 'बसन्त विषुव' तथा 23 सितम्बर की स्थिति को 'शरद विषुव' कहा जाता है।

17. Which is the longest latitude on the globe?
ग्लोब पर सबसे लंबी अक्षांश रेखा कौन-सी है?

(a) Equator /विषुवत् वृत्त
(b) Tropic of Cancer /कर्क रेखा
(c) Tropic of Capricorn /मकर रेखा
(d) Arctic circle/उत्तर ध्रुव वृत्त

Ans. (a) : ग्लोब पर सबसे लम्बी अक्षांश रेखा विषुवत वृत्त है। 0° अक्षांश रेखा को विषुवत वृत्त कहते है। विषुवत वृत्त से उत्तरी ध्रुव की ओर सभी दूरियाँ उत्तरी अक्षांश और दक्षिणी ध्रुव की ओर सभी दूरियाँ दक्षिणी अक्षांश में मापी जाती है। $23\frac{1^o}{2}$ उत्तरी अक्षांश को कर्क रेखा तथा $23\frac{1^o}{2}$ दक्षिणी अक्षांश रेखा को मकर रेखा कहा जाता है $66\frac{1^o}{2}$ उत्तरी अक्षांश उत्तरी ध्रुव वृत्त है। 21 जून को सूर्य की किरणे कर्क रेखा पर लम्बवत पड़ती है जिसके कारण 21 जून को साल का सबसे लम्बा दिन होता है।

18. If it is 6:30 pm in India, what be the time in London?
यदि भारत में शाम के 6:30 बजे होंगे तो लंदन में तब क्या समय होगा?

(a) 1:00 AM/सुबह के 1:00
(b) 12:00 AM/सुबह के 12:00
(c) 12:30PM/दोपहर के 12:00
(d) 1:00PM/दोपहर के 1:00

Ans. (d) : यदि भारत में शाम के 6:30 बजे होंगे तो लन्दन में दोपहर का 1:00 बजे होंगे। लन्दन के ग्रीनविच वेधशाला के माध्य सौर समय को ग्रीनविच माध्य समय माना गया है। यह 0 डिग्री देशान्तर पर स्थित है। भारत का मानक समय 82.5 डिग्री पूर्वी देशान्तर है। एक डिग्री देशान्तर में 4 मिनट होता है। इस प्रकार 0 डिग्री देशान्तर से 82.5 डिग्री देशान्तर में साढ़े पाँच घण्टे का अन्तर है। अब भारत लन्दन से पूर्व दिशा में है। अतः भारत का समय लन्दन के समय से साढ़े पाँच घण्टे आगे होगा। इस प्रकार भारत में 6:30 बजे से 5:30 घण्टा घटाने पर दोपहर का 1:00 बजे आएगा।

19. Mushroom rocks are formed due to the erosional work of which of the following?
छत्रक शैल का निर्माण निम्न में से किसके द्वारा अपरदन क्रिया से होता है?

(a) Rivers /नदियों
(b) Sea Waves/समुद्री तरंगों
(c) Ice Glaciers/हिमनदों
(d) Winds/पवनों

Ans. (d) : छत्रक शैल का निर्माण पवनों द्वारा अपरदन क्रिया से होता है। मरूस्थलीय भागों में चट्टाने अपने कई रूपों में होती है। जिनमें कुछ चट्टाने ऊपर कठोर तथा नीचे कोमल होती है। हवा के अपघर्षण से कोमल भाग घिसकर पतला हो जाता है, जबकि हवा के अपघर्षण से ऊपरी भाग अप्रभावित रहता है। इससे एक छतरीनुमा स्थलरूप का निर्माण होता है जिसे छत्रक शैल कहते हैं। इसे ही सहारा के रेगिस्तान में गारा कहते हैं।

20. Which of the following statements regarding the Indian Peninsular Plateau are correct?
निम्नलिखित कथनों में से कौन भारतीय प्रायद्वीपीय पठार के संदर्भ में सही है?

(a) It is triangular in shape and its relief is highly uneven / इसकी आकृति त्रिभुजाकार है तथा इसका धरातल काफी ऊंचा-नीचा है।
(b) It is a region with numerous hill range like Vindhyas and the Satpuras/ इस क्षेत्र में बहुत-सी पहाड़ी शृंखलाएं हैं जैसे विंध्य एवं सतपुड़ा शृंखलाएं।
(c) Aravali hills, one of the oldest ranges of the world, border it on the north-east side/ अरावली की पहाड़ियां, विश्व की प्राचीनतम् शृंखलाओं में से एक है, यह उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित है।
(d) The west flowing rivers Narmada and the Tapi flow through this region / पश्चिम की तरफ बहने वाली नदियां नर्मदा तथा तापी इसी क्षेत्र से होकर बहती है।

(a) a, b, and c/ a, b, और c
(b) b, c and d/ b, c और d
(c) a, b, and d/ a, b, और d
(d) b and d/ b और d

Ans. (c) : भारतीय प्रायद्वीपीय पठार की आकृति त्रिभुजाकार है तथा इसका धरातल काफी ऊँचा नीचा है, इस क्षेत्र में विन्ध्य एवं सतपुड़ा शृंखलाएं हैं तथा पश्चिम की तरफ बहने वाली नदियाँ नर्मदा तथा ताप्ती इस क्षेत्र से होकर बहती है। उपरोक्त कथनों में A, B और D सही है। अरावली पहाड़ियाँ विश्व की प्राचीनतम शृंखलाओं में से एक है सत्य है। परन्तु यह भारत के प्राचीनतम भाग राजस्थान में स्थित है न कि उत्तर पूर्वी सीमा पर। इस प्रकार कथन C असत्य है।

21. Which is the following statement is correct?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है-

(a) Red Fort is made of sedimentary rocks whereas the Taj Mahal is made of metamorphic rocks /लाल किला अवसादी शैल से बना है जबकि ताजमहल कायांतरित शैल से बना है।

(b) Red Fort is made of metamorphic rocks whereas Taj Mahal is made of sedimentary rocks/लाल किला कायांतरित शैल से बना है जबकि ताजमहल अवसादी शैल से बना है।

(c) Both red Fort and Taj Mahal is made of metamorphic rocks /लाल किला और ताजमहल दोनों कायांतरित शैल से बने हैं।

(d) both Red fort and Taj mahal are made of sedimentary rocks /लाल किला और ताजमहल दोनों अवसादी शैल से बने है।

Ans. (a) : लाल किला अवसादी शैल से बना है जबकि ताजमहल कायान्तरित शैल से बना है। यह कथन सत्य है। लाल किला लाल बलुआ पत्थरों से निर्मित है जो कि अवसाद है और जो चट्टानें अवसाद से मिलकर बनी होती है उन्हें अवसादी शैल कहते हैं। लाल किला 1638 से 1648 में मुगलों के पाँचवे बादशाह शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया। विश्वविख्यात ताजमहल मकराना राजस्थान के संगमरमर से बना है। संगमरमर एक कायान्तरित शैल है जो चूना पत्थर के रूपान्तरण या कायान्तरण का परिणाम है।

22. Which of the following wind is an example of seasonal winds?/निम्नलिखित में से कौन-सी पवन मौसमी पवन का उदाहरण है?

(a) Trade winds/व्यापारिक पवनें

(b) Monsoon winds /मानसून पवनें

(c) Westerlies /पश्चिमी पवनें

(d) Land breeze /स्थल समीर

Ans. (b) : मानसूनी पवनें मौसमी पवन के उदाहरण हैं। मौसमी पवनें ऋतु परिवर्तन के अनुसार चलती हैं। यह मौसमी प्रभाव उत्पन्न करती है और मौसम परिवर्तन के साथ समाप्त भी हो जाती है। इसका क्षेत्र बहुत विस्तृत नहीं होता है। मानसून पवन को भी मौसमी पवन माना जाता है। समुद्री एवं स्थलीय समीर दैनिक पवन का उदाहरण है। व्यापारिक पवने उपोष्ण उच्च वायुदाब से विषुवतीय निम्न वायुदाब पेटी की ओर चलता है। पश्चिमी पवने उपोष्ण उच्च वायुदाब पेटी से उपध्रुवीय निम्न वायुदाब पेटी की ओर चलती हैं।

23. Consider the following statements A and B and choose the correct options
निम्नलिखित कथनों (A) और (B) पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. Astronauts have to wear special protective space suit to survive on moon
चांद पर जीवित बचे रहने के लिए अंतरिक्ष यात्री को विशेष सुरक्षा पोशाक पहननी पड़ती है।

B. There is no air pressure on moon and blood vessels of the astronauts would burst because of counter pressure.
चांद पर वायुदाब नहीं है और अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर की रक्त शिराएं विपरीत बल के कारण फट सकती है।

(a) Both A and B are true and B is the correct explanation of A /दोनों A और B सही हैं और B, A की सही व्याख्या करता है।

(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A/दोनों A और B सही हैं किंतु B, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A is true but B is incorrect
A सही है किंतु B गलत है।

(d) Both A and B are false
कथन A और B दोनों असत्य हैं।

Ans. (a) : दोनों कथन A और B सत्य हैं तथा B सही व्याख्या करता है कथन A की। चूंकि चाँद पर वायु नहीं है। अतः वायुदाब भी नहीं है। चाँद पर जाने वाले अन्तरिक्ष यात्री को एक विशेष पोशाक पहननी पड़ती है। जिसमें कृत्रिम वायुदाब तैयार किया गया रहता है। यदि वह पोशाक नहीं पहने तो शरीर पर विपरीत बल लगने के कारण अन्तरिक्ष यात्रियों के शरीर की रक्त शिराएं फट सकती हैं।

24. Which country does not get covered by the Sahara desert?
कौन-सा देश सहारा मरुस्थल में नहीं आता है?

(a) Libya /लीबिया

(b) Tunisia/ट्यूनीशिया

(c) Mali/माली

(d) South Sudan/दक्षिण सूडान

Ans. (d) : सहारा मरुस्थल में दक्षिणी सूडान नहीं आता है। लीबिया, ट्यूनीशिया, माली, मोरक्को, मॉरितनिया, अल्जीरिया, नाइजर, चाड़, मिस्र, ट्यूनीशिया और उत्तरी सूडान देशों में इस मरुस्थल का विस्तार है। यह तीसरा सबसे बड़ा रेगिस्तान है। सहारा में दो स्थायी नदियाँ नील और नाइजर है। यह विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है। जहाँ का तापमान लगभग 58° सेल्सियस होता है।

25. Which method of soil conservation is most suitable in the coastal and dry region?
तटीय प्रदेशों और शुष्क प्रदेशों में मृदा संरक्षण का सबसे उचित तरीका कौन-सा है?

(a) Mulching/मल्च बनाना

(b) Rock dam/चट्टान बाँध

(c) Shelter belts/रक्षक मेखलाएं

(d) Terrace farming /वेदिका फार्म

Ans. (c) : तटीय प्रदेशों और शुष्क प्रदेशों में मुद्रा संरक्षण का सबसे उचित तरीका रक्षक मेखलाएँ बनाना हैं। फसलों के बीच में पेड़ों की कतारें लगाना रक्षक मेखला कहलाता है। रक्षक मेखलाएँ मृदा अपरदन को रोकती है। खेतों में बुवाई के समय एक प्रकार के प्लास्टिक की शीट बिछाई जाती है ताकि भूमि में नमी बनी रहे इसी को मल्च बनाना कहते हैं। वेदिका फार्म पहाड़ी या पर्वतीय प्रदेशों में मृदा अपरदन को रोकने के लिए किया जाता है।

26. Read the statements (A) and (B) and choose the appropriate option given below.
दिए गए विकल्पों (A) व (B) को पढ़िए तथा नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

Statement (A) : Joint sector industries are owned and operated by the state and individuals or a group of individuals

कथन (A) : संयुक्त क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व व संचालन राज्यों और व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा होता है।

Statement (B) : Amul is a joint sector industry
कथन (B) : अमूल डेयरी संयुक्त क्षेत्र का उद्योग है।

(a) Both A and B are correct/A और B दोनों सत्य हैं।
(b) Both A and B are false/A और B दोनों असत्य हैं।
(c) A is correct and B is false
A सत्य है और B असत्य है।
(d) B is correct and A is false
B सत्य है और A असत्य है।

Ans. (c) : संयुक्त क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व व संचालन राज्यों और व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा होता है। कथन A सत्य है। अमूल डेयरी संयुक्त क्षेत्र का उद्यम नहीं है अपितु सहकारी क्षेत्र का उद्यम है। सहकारी क्षेत्र के उद्योगों के स्वामित्व या प्रबन्धन व्यक्तियों के समूह द्वारा किया जाता है।
उद्योगों के स्वामित्व व प्रबन्धन के आधार पर चार क्षेत्रों में वर्गीकरण किया गया है।
(i) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग
(ii) निजी क्षेत्र के उद्योग
(iii) संयुक्त क्षेत्र के उद्योग
(iv) सहकारी क्षेत्र के उद्योग

27. Milpa, Roca, Ladang are different names for :
मिल्पा, रोका, लदांग किसके विभिन्न नाम हैं?

(a) Varieties of Rice/चावल की किस्में
(b) Shifting cultivation /स्थानान्तरी कृषि
(c) Varieties of Maize/मक्का की किस्में
(d) Commercial grain farming/वाणिज्यिक अनाज कृषि

Ans. (b) : मिल्पा, रोका, लदांग स्थानान्तरणीय कृषि के विभिन्न नाम है। जब किसी भू-क्षेत्र पर कृषि की जाती है और उस भू-क्षेत्र। उर्वरा शक्ति कम होने के कारण स्थान को परिवर्तित करके दूसरे स्थान पर कृषि करना स्थानान्तरणीय कृषि कहलाती है। इसी को जावा और इण्डोनेशिया में लदांग अमेरिका और मैक्सिको में मिल्पा और ब्राजील में रोका कहा जाता है।

28. Chakhesang community who are into terrace cultivation belongs to which of the following states?/चखेसांग समुदाय जो सीढ़ीनुमा खेती करते हैं वे निम्नलिखित में से कौन-से राज्य से संबंधित हैं?

(a) Mizoram/मिजोरम (b) Nagaland/नागालैंड
(c) Meghalaya/मेघालय (d) Manipur/मणिपुर

Ans. (b) : चखेसांग समुदाय जो सीढीनुमा खेती करते हैं वे नागालैण्ड राज्य से सम्बन्धित हैं। इनकी अधिकांश जनसंख्या नागालैण्ड के फेक जिले में निवास करती है। यह नागा समुदाय की एक शाखा है जो मूल रूप से अंगामी समुदाय से आरम्भ हुई। पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करके सीढ़ीनुमा बना देते हैं ताकि जल-जमाव रहे। इसे ही सीढ़ीनुमा खेती कहते हैं।

29. Children in a class refuse to share their food with a particular child as they think she/he is poor and dirty. This is a case of:-
कक्षा में बच्चों ने एक विशेष बच्चे के साथ खाना बाँटना से यह सोचकर इनकार किया कि यह बच्चा/बच्ची गरीब और गंदा है। यह है:-

(a) coercion/अवपीड़न
(b) Stigma /कलंक
(c) Discrimination/भेदभाव
(d) Dominance/प्रभुत्व

Ans. (c) : कक्षा में बच्चों ने एक विशेष बच्चे के साथ खाना बाँटने से यह सोचकर इन्कार किया कि यह बच्चा/बच्ची गरीब और गन्दा है। बच्चों का यह व्यवहार भेदभाव को दर्शाता है। कक्षा में अध्ययन और अध्यापन कार्य भेदभाव रहित तथा समावेशी होना चाहिए। ताकि कोई भी विद्यार्थी उपेक्षा का शिकार न हो। खाना बाँटने से मना करने वाले बच्चों को अध्यापक को नकारात्मक पुनर्बलक देना चाहिए। ताकि ऐसे कार्य की पुनरावृत्ति न हो।

30. Power shared among different organs of government such as the legislature, executive and judiciary is called_____/सरकार के विभिन्न अंगों जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्ति के वितरण को कहा जाता है :

(a) horizontal distribution of powers
शक्ति का क्षैतिज वितरण
(b) federal distribution of power
शक्ति का संघीय वितरण
(c) vertical distribution of power
शक्ति का लंबवत वितरण
(d) lateral distribution of power
शक्ति का पार्श्व वितरण

Ans. (a) : सरकार के विभिन्न अंगो जैसे- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्ति के वितरण को शक्ति का क्षैतिज वितरण कहा जाता है। शक्ति के लम्बवत वितरण में शक्तियों को सरकार के विभिन्न स्तरों के बीच वितरण किया जाता है। शक्ति के संघीय वितरण में शक्ति का वितरण देश की परिस्थितियों से प्रभावित होता है। संघात्मक संविधान दो सरकारों की स्थापना करता है। केन्द्र और राज्य इनके बीच शक्तियों का विभाजन कर देता है।

31. Which of the following is an aspect of Monarchy?/निम्नलिखित में से कौन-सा राजतंत्रीय सरकार का पहलू है?

(a) The citizens are allowed to elect their own monarch/नागरिकों को अपना राजा या रानी चुनने की अनुमति होती है।
(b) People can raise questions about the decisions the monarch takes /राजा व रानी द्वारा लिए गए निर्णयों पर नागरिक सवाल खड़े कर सकते हैं।
(c) Monarch has absolute powers to rule the country/देश पर राज करने के लिए राजा या रानी के पास संपूर्ण शक्तियां होती हैं।
(d) The final decision making power is in the hands of the people/अंतिम निर्णय लेने की शक्ति राजा या रानी के हाथों में नहीं, अपितु नागरिकों के हाथों में होती है।

Ans. (c) : देश पर राज करने के लिए राजा या रानी के पास सम्पूर्ण शक्तियाँ होती हैं। प्रश्न में दिया गया यह कथन राजतन्त्रीय सरकार का पहलू है। अन्य तीन कथन लोकतान्त्रिक या प्रजातान्त्रिक सरकार की ओर संकेत करते हैं। सरकार का दायित्व सुसंस्कृत सुशिक्षित, सुरक्षित, सम्पन्न, सेवापरायण, स्वस्थ तथा सर्वहितप्रद शक्ति एवं समाज की संरचना होनी चाहिए।

32. Ginning mill is a factory meant for processing of which of the following fibers?
निम्नलिखित में से किस रेशे को संसाधित करने के लिए जिनिंग मिल काम आती है?

(a) Silk/रेशम (b) Cotton/कपास
(c) Wool/ऊन (d) Jute/जूट

Ans. (b) : कपास को संसाधित करने के लिए जिनिंग मिल काम आती है। जिनिंग मिल में रूई के गोलों से बीज अलग किए जाते हैं यहाँ रूई को दबाकर गट्ठर बनाए जाते हैं जो धागे बनाने के लिए भेजे जाते हैं। मैनुअल कपास अलग करने की तुलना में अधिक उत्पादन देता है। अलग किए गये कपास के बीजों का उपयोग कपास उत्पादन के लिए बीज के रूप में या बिनोला तेल के उत्पादन के लिए किया जाता है।

33. Erode's bi-weekly cloth market, one of the largest cloth markets in the world is located in which of the following states?
सप्ताह में दो बार लगने वाला इरोड का कपड़ा बाजार संसार के विशालतम कपड़ा बाजारों में से एक है। यह निम्नलिखित में से कौन से राज्य में स्थित है?

(a) Kerala/केरल
(b) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु
(d) karnataka/कर्नाटक

Ans. (c) : संसार के विशालतम कपड़ा बाजारों में से एक इरोड का कपड़ा बाजार तमिलनाडु राज्य में स्थित है। यह कावेरी नदी के किनारे बसा तमिलनाडु राज्य का एक जिला है। यह हल्दी और बुने हुए वस्त्रों के उत्पादन के लिए जाना जाता है। भवानी सागर बाँध और कोडीवेरी बाँध इरोड के लिए सिंचाई और जलनिकासी प्रदान करते हैं। यह बाजार सप्ताह में दो बार लगता है।

34. Cauvery water dispute is between which of the following two states?
निम्नलिखित में से कौन से राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद है?

(a) Karnataka and Tamil Nadu
कर्नाटक एवं तमिलनाडु
(b) Tamil Nadu and kerala/तमिलनाडु एवं केरल
(c) Karnataka and Andhra Pradesh
कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश
(d) Kerala and Karnataka /केरल एवं कर्नाटक

Ans. (a) : कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद है। इस विवाद की शुरुआत 1892 और 1924 के बीच तत्कालीन मद्रास एवं मैसूर के बीच मध्यस्थता के दो समझौतों से हुई थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए 1990 में 'कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण की स्थापना की गयी। 2018 में सर्वोच्च न्यायालय में कावेरी नदी को राष्ट्रीय सम्पत्ति घोषित किया।
कावेरी को 'दक्षिण की गंगा' कहा जाता है। यह भारत की चौथी सबसे बड़ी नदी है। यह कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह कर्नाटक के ब्रम्हगिरि पहाड़ी से निकलती है।

35. A fortnightly newspaper, 'Khabar Lahriya", run by a group of women was initiated from which of the following regions of Uttar Pradesh?
पाक्षिक समाचार पत्र 'खबर लहरिया' जो महिलाओं के एक समूह द्वारा संचालित किया जाता है, वह उत्तर प्रदेश के कौन से क्षेत्र से प्रारंभ हुआ?

(a) Agra/आगरा (b) Chitrakoot/चित्रकूट
(c) Jhansi/झांसी (d) Mirzapur/मिर्जापुर

Ans. (b) : पाक्षिक समाचार पत्र 'खबर लहरिया' जो महिलाओं के एक समूह द्वारा संचालित किया जाता है, वह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले से प्रारम्भ हुआ। यह समाचार पत्र हिन्दी की उपबोली बुन्देली में प्रकाशित होता है। इसके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए सन् 2009 में यूनेस्को साक्षरता पुरस्कार के लिए चुना गया। इसे मई 2002 में शुरू किया गया था। प्रारम्भ यह केवल नारीवादी मुद्दों के लिए जाना जाता था। परन्तु वर्तमान में लगभग सभी मुद्दों को समाचार पत्र में स्थान देता है।

36. A twelve year old child works in a glass manufacturing factory. Which Fundamental Right is violated in this situation?
एक बारह साल का बच्चा कांच (ग्लास) बनाने वाले कारखाने में काम करता है, तो इस स्थिति में किस मौलिक अधिकार का हनन हुआ?

(a) Cultural and Education Rights
सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार का
(b) Right to Freedom/स्वतंत्रता के अधिकार का
(c) Right against Exploitation
शोषण के विरुद्ध अधिकार का
(d) Right to Equality /समानता के अधिकार का

Ans. (c) : एक बारह साल का बच्चा काँच (ग्लास) बनाने वाले कारखाने में काम करता है, इस स्थिति में उसके शोषण के विरुद्ध अधिकार का हनन हुआ। संविधान का अनुच्छेद- 24 सभी 14 वर्ष से कम बच्चे/बच्चियों को किसी भी कल-कारखाने में लगाए जाने को प्रतिबन्धित करता है। भारत के संविधान में 6 मौलिक अधिकार दिए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 के द्वारा सभी नागरिकों को शोषण के विरुद्ध अधिकार प्रदान किया गया है।

37. Consider the following statements related to Indian constitution and choose the correct option.
भारतीय संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statements (A) : Indian state ensures non interference in the religious practices and respects sentiments of all religions

कथन (A) : भारतीय राज्य धार्मिक क्रियाकलापों में हस्तक्षेप सुनिश्चित करता है और सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करता है।

Statements (B) : There is no provision to provide educational rights to cultural and linguistic minorities in the Indian Constitution.
कथन (B) : भारतीय संविधान में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं जो सांस्कृतिक और भाषाई अल्संख्यकों को शिक्षा के अधिकार प्रदान करें।

(a) A is correct and B is incorrect
A सही तथा B गलत है।
(b) A is incorrect and b is correct
A गलत तथा B सही है।
(c) Both A and B are correct/A तथा B दोनों सही हैं।
(d) Both and B are incorrect/A तथा B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कथन A : भारतीय राज्य धार्मिक क्रियाकलापों में हस्तक्षेप सुनिश्चित करता है और सभी धर्मो की भावनाओं का सम्मान करता है। कथन A सत्य है क्योंकि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतन्त्रता और समानता का अधिकार संविधान द्वारा सुनिश्चित किया गया है। जब संविधान अंगीकार किया गया था तब यह संविधान में नहीं था 1976 के 42वें संविधान संशोधन द्वारा धर्मनिरपेक्ष को प्रस्तावना में सम्मिलित किया गया।
कथन B गलत है क्योंकि अनुच्छेद 30(1) के तहत सभी अल्पसंख्यकों को धर्म या भाषा के आधार पर अपनी पसन्द की शैक्षिक संस्था को स्थापित करने का अधिकार है।

38. The states of Assam, Nagaland, Mizoram and Arunachal Pradesh have a common High Court at which of the following cities?
निम्नलिखित में से कौन से शहर में असम, नागालैंड, मिजोरम एवं अरुणांचल प्रदेश का साझा उच्च न्यायालय है?

(a) Aizawl /आइजोल (b) Kohima/कोहिमा
(c) Guwahati/गुवाहाटी (d) Itanagar/ईटानगर

Ans. (c) : गुवाहाटी में असम, नागालैण्ड, मिजोरम एवं अरुणाचल प्रदेश का साझा उच्च न्यायालय है। यह असम के गुवाहाटी में स्थित है। इसकी स्थापना 1 मार्च 1948 को की गयी। इसकी शाखाएं नागालैण्ड की राजधानी कोहिमा, मिजोरम की राजधानी आइजोल तथा अरुणांचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में है। इस न्यायालय में न्यायधीशों की संख्या 24 है। वर्तमान में इसके मुख्य न्यायाधीश श्री सुधांशु धुलिया हैं।
भारत में कुल 25 उच्च न्यायालय हैं। आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय 25वाँ उच्च न्यायालय है। जो 1 जनवरी 2019 को अधिसूचित किया गया है।

39. The word 'Dalit' means
'दलित' शब्द का अर्थ :

(a) Broken/कुचला या टूटा हुआ
(b) Revolutionaries/क्रांतिकारी
(c) Struggle/संघर्ष
(d) Excommunicated/वहिष्कृत

Ans. (a) : 'दलित' शब्द का अर्थ कुचला या टूटा हुआ है। 'दलित' शब्द का संविधान में कोई जिक्र नहीं है। 2008 में नेशनल एस.सी. कमीशन में साभी राज्यों को निर्देश दिया था कि वे आधिकारिक दस्तावेज में दलित शब्द का इस्तेमाल न करें। इस शब्द का जिक्र सबसे पहले 'मोल्सर्थ डिक्शनरी' में 1831 में पाया गया। भीमराव अम्बेडकर ने अपने भाषणों में प्रयोग किया परन्तु वे ज्यादातर डिप्रेस्ड क्लास शब्द का प्रयोग करते थे। इसका पापुलर प्रयोग 1972 में दलित पैंथर्स नामक संगठन ने किया। सूर्यकान्त त्रिपाठी की कविता में भी दलित शब्द आया है।

40. If a group of people prevent labourers from working in their State. Which Fundamental Right of the workers is violated?
यदि कुछ लोग किसी अन्य प्रदेश के श्रमिकों को उनके प्रदेश में काम नहीं करने देते, तो इससे श्रमिकों के किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है?

(a) Right against exploitation/स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to Equality/समानता का अधिकार
(c) Right to Freedom/शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) Right to Life/जीवन को अधिकार

Ans. (a) : यदि कुछ लोग किसी अन्य प्रदेश के श्रमिकों को उनके प्रदेश में काम नहीं करने देते, तो इससे श्रमिकों के स्वतन्त्रता के अधिकार का उल्लंघन होता है। भारत के संविधान में 6 मौलिक अधिकार और 11 मौलिक कर्तव्य प्रदान किए गए हैं। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 19 से लेकर 22 तक स्वतन्त्रता के अधिकार का उल्लेख किया गया है। जिससे कोई भी व्यक्ति अपने पसन्दीदा कार्य कर सके परन्तु असंवैधानिक न हो।

41. Read statements A and B and select correct answer.
History plays an important role in social science curriculum. Which of the following statement is correct regarding the nature of history?/सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या में इतिहास एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निम्नलिखित में से इतिहास की प्रकृति के विषय में कौन-सा कथन सही है?

A. Historical events are continuous and coherent
ऐतिहासिक घटनाएं निरंतर और सुसंगत होती है।
B. Historical forces are neither linear not cyclical.
ऐतिहासिक बल न तो रेखीय होते हैं और न ही चक्रीय होते हैं।

(a) Only A /केवल A
(b) Only B /केवल B
(c) A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B/ A और B दोनों नहीं

Ans. (a) : इतिहास की प्रकृति के सन्दर्भ में केवल कथन A ऐतिहासिक घटनाएं निरन्तर और सुसंगत होती है, सही है। सामाजिक जीवन में होने वाली छोटी-बड़ी सभी घटनाओं का वर्णन इतिहास में होता है। हेरोडोटस को 'इतिहास का पिता' माना जाता है। इतिहास भावी पीढ़ी को अतीत से परिचय कराता है जिससे वे अपने वर्तमान को सँवारें और भविष्य का दिग्दर्शन कर सकें।

42. The grand generalizations and the applicability of universal theories to explain the human conditions were questions were questioned under which approach of Geography?
बृहत सामान्यीकरण तथा मानवीय दशाओं की व्याख्या करने वाले सार्वभौमिक सिद्धांतों की प्रयोज्यता पर प्रश्न भूगोल के किस उपागम के अंतर्गत उठाए गए हैं?

(a) Regional analysis/प्रादेशिक विश्लेषण
(b) Marxism/मार्क्सवाद
(c) Spatial organization /संगठन
(d) Postmodernism/आधुनिकतावाद

Ans. (d) : वृहत सामान्यीकरण तथा मानवीय दशाओं की व्याख्या करने वाले सार्वभौमिक सिद्धान्तों की प्रयोज्यता पर प्रश्न भूगोल के आधुनिकतावाद उपागम के अन्तर्गत उठाए गये हैं। 1990 का दशक भूगोल के आधुनिकतावाद उपागम के लिए जाना जाता है। जहाँ एक ओर इसे दर्शन और कला के रूप में जानते हैं वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे कट्टरपन्थी दृष्टिकोण मानते हैं।

43. While formulating objectives for a social science lesson, the following need to be kept in mind.
The objective needs to:
सामाजिक विज्ञान के पाठ के लिए उद्देश्यों को सूचीबद्ध करते समय, निम्नलिखित को ध्यान में रखना आवश्यक है।

A. State intended learning outcomes
वांछित शैक्षिक को स्पष्ट करें।
B. Be written from the learner's perspective
सीखने वाले के दृष्टिकोण से लिखा जाना चाहिए।
C. Be stated in such a manner to avoid confusion
इस तरह के उल्लेखित होने चाहिए जिससे विभ्रम ना रहे।
D. State the role of teacher
अध्यापक की भूमिका को स्पष्ट करें।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) A and C/ A और C
(d) A and D/ A और D

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के पाठ के लिए उद्देश्यों को सूचीबद्ध करते समय वांछित शैक्षिक को स्पष्ट रखना चाहिए, सीखने वाले के दृष्टिकोण से लिखा जाना चाहिए तथा उद्देश्यों को उल्लेखित होना चाहिए ताकि विभ्रम ना हो तथा अध्यापक की भूमिका को स्पष्ट रखना अति आवश्यक है। यदि उद्देश्य निश्चित और स्पष्ट है तो अध्यापक उस समय उत्साहपूर्वक अध्यापन कार्य करता है। उद्देश्यों को सूचीबद्ध करते समय अपनत्व की भावना का भी ध्यान रखना चाहिए।

44. Which skill is greatly enhanced in the study of social science using globe at elementary level?
प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के अध्ययन में ग्लोब का प्रयोग करने से कौन-सी दक्षता/कौशल में बढ़ोत्तरी है-

(a) Communication/संवाद करने में
(b) Spatial/स्थानिक
(c) Reasoning/तर्क करने में
(d) Cooperation/सहयोग करने में

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के अध्ययन में ग्लोब का प्रयोग करने से स्थानिक कौशल में बढ़ोत्तरी होती है। यह कौशल स्थानिक निर्णय और मन की आखों से कल्पना करने से सम्बन्धित है। स्थानिक कौशल का प्रमुख रूप से महत्त्वपूर्ण प्रयोग गणित, भूगोल, विज्ञान, इन्जीनियरिंग इत्यादि विषयों के लिए होता है। भूगोल में एक भू-वैज्ञानिक उन प्रक्रियाओं की कल्पना करता है जो पृथ्वी के गठन को प्रभावित करती ठीक इसी प्रकार प्रारम्भिक स्तर के एक विद्यार्थी के मानसिक पटल पर द्वीप, महाद्वीप, देश इत्यादि बुनियादी भौगोलिक चित्र बस जाते हैं।

45. Which of following is true with reference to implicit curriculum?
निम्नलिखित में से कौन-सा अव्यक्त/प्रच्छन्न के संबंध में सत्य है?

(a) Students develop feeling of responsibility while working on group assignment.
समूह कार्य पर काम करते हुए छात्रों में जिम्मेदारी की भावना का विकास होना।
(b) Students learn the concept of longitude and latitude in the classroom.
कक्षा-कक्ष में छात्राओं/छात्रों द्वारा अक्षांश और देशांतर की अवधारणा सीखना।
(c) Students learn democratic process while role playing the election activities./कक्षा के दौरान छात्राओं/छात्रों द्वारा चुनाव प्रक्रिया के रोल-प्ले द्वारा प्रजातांत्रिक प्रक्रिया सीखना।
(d) Students understand the concept of labour while working on a activity designed for the same concept/एक गतिविधि, जिसे इसी संप्रत्यय हेतु विकसित किया गया था, पर काम करते हुए छात्राओं/छात्रों द्वारा श्रम की अवधारणा को समझना।

Ans. (a) : समूह कार्य पर काम करते हुए छात्रों में जिम्मेदारी की भावना का विकास होना अव्यक्त/प्रच्छन्न के सम्बन्ध में सत्य है। अव्यक्त का अर्थ है जिसे व्यक्त न किया गया हो तथा प्रच्छन्न का अर्थ आच्छादित है। वाक्य के कहने का अभिप्राय यह है कि समूह कार्य करने से छात्रों में जो आन्तरिक एवं सुषुप्त अवस्था में गुण विद्यमान होते हैं स्वतः उन कौशलों का विकास होता है।

46. The teacher organizes 3 weeks of teaching on 'Can wars be prevented', During the study she may discuss the psychology of war prevention, economic arguments. The teacher is adopting the following approach.
'क्या युद्ध को रोका जा सकता है' विषय पर शिक्षिका ने तीन सप्ताह के शिक्षण अध्ययन का आयोजन किया। इसके दौरान वह युद्ध की रोमथाम के मनोविज्ञान, वित्तीय तर्कों, राजनीतिक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर सकती है। शिक्षिका निम्न पद्धति तो अपना रही है।

(a) Integrated Approach /एकीकृत पद्धति
(b) Co-relational Approach/सहसंबंध पद्धति
(c) Unit based approach/इकाई आधारित पद्धति
(d) Multi-disciplinary approach
बहु-अनुशासनिक पद्धति

Ans. (a) : प्रश्नानुसार शिक्षिका शिक्षण अधिगम में एकीकृत शिक्षा पद्धति का प्रयोग कर रही है। एकीकृत का अर्थ होता है - 'सबको मिलाकर एक करना' प्रश्न में 'शिक्षिका युद्ध रोकने के लिए एक ही साथ मनोवैज्ञानिक तर्क, वित्तीय तर्क, राजनीतिक व्यवस्थाओं इत्यादि पर चर्चा करती है। इस प्रकार अध्ययन के दौरान दिए हुए विषय पर विभिन्न तर्को का एक साथ प्रस्तुतीकरण एकीकृत पद्धति का सूचक है।

47. Which example is inappropriate for developing the concept of Air pollution?
निम्नलिखित में कौन-सा उदाहरण वायु प्रदूषण की अवधारणा के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है।
(a) Use of few newspaper cuttings on the visibility of Himalayas from various places in India/भारत के विभिन्न स्थानों से हिमालय की दृश्यता की खबर का समाचार पत्रों की कुछ कटिंग्स द्वारा उपयोग
(b) Details of increase in the number of sparrows
गौरैया चिड़िया की संख्या में वृद्धि का विस्तृत वर्णन
(c) Discussion on use of polythene bags in local stores/आसपास की दुकानों में पॉलीथीन बैग के उपयोग पर चर्चा
(d) A 30 day of air quality index
वायु गुणवत्ता सूचकांक के 30 दिन के आंकड़े

Ans. (c) : आस-पास की दुकानों में पॉलीथीन के बैग के उपयोग पर चर्चा, वायु प्रदूषण की अवधारणा के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। अन्य तीनों उदाहरणों से वायु प्रदूषण की अवधारणा को समझा जा सकता है। जब मानवीय एवं प्राकृतिक कारणों से वायु दूषित हो और वायुमण्डल प्रदूषणयुक्त हो जाता है तो उसे वायु प्रदूषण कहते हैं। प्राकृतिक कारणों में ज्वालामुखी विस्फोट, जीव जन्तु के मरने से दुर्गन्ध तथा परिवहन से प्रदूषण, विद्युत गृह तथा उद्योग इत्यादि मानवीय उदाहरण है।

48. Which of the following activity would you plan as a project on 'Sahara Desert' that students could do on their own?
'सहारा रेगिस्तान' पर परियोजना के तौर पर निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि की आप योजना बनाएंगे, जिसे छात्र भी अपने आप कर सकें?
(a) Visit to Sahara Desert and make observations
सहारा रेगिस्तान का भ्रमण और प्रेक्षण करने की।
(b) Draw a map and locate Sahara Desert
मानचित्र बनाएं और सहारा रेगिस्तान को ढूढ़ें।
(c) Identify a resource person and make detailed notes from the talk/संबल व्यक्ति को पहचाने और बातचीत कर विस्तृत विवरण बनाएं।
(d) Collect information on Sahara desert and make class presentation./सहारा रेगिस्तान पर जानकारी एकत्रित करें और कक्षा के लिए प्रस्तुतीकरण बनाएं।

Ans. (d) : 'सहारा रेगिस्तान' पर परियोजना के तौर पर हम सहारा रेगिस्तान पर जानकारी एकत्रित करेंगे और कक्षा के लिए प्रस्तुतीकरण बनाऐंगे, जिसे छात्र भी अपने आप कर सकेंगे। सहारा विश्व का विशालतम गर्म मरुस्थल है। सहारा रेगिस्तान कुल ग्यारह देशों में फैला हुआ है। यह तीसरा सबसे बड़ा रेगिस्तान है। यहाँ का तापमान लगभग 58ºC रहता है। क्षेत्रफल में यह लगभग यूरोप के बराबर है तथा भारत के क्षेत्रफल के दुगुने से अधिक है।

49. Which of the following statements are true about the relevance of critical thinking in social science education?
सामाजिक विज्ञान में आलोचनात्मक चिंतन की प्रासंगिकता के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?
A. Stimulates questions and criticisms in pursuit of truth/सत्य की खोज में प्रश्नों और आलोचनाओं के उद्दीपन
B. Helps in following one's own aspirations and ambitions/अपनी आशाओं और अभिलाषाओं का अनुसरण करने में सहायक
C. Helps follow others aspirations and goals
दूसरों की आशाओं और उद्देश्यों के अनुसरण में सहायक
D. Free the learners from ignorance and confusion
छात्रों को अज्ञानता और असमंजस से मुक्त करना
E. Free learners from unjustified claims about ideas and reality
अधिगमकर्ताओं को विचार और वास्तविकता के अनुचित दावों से मुक्त करना
(a) A, B and C/ A, B तथा C
(b) B, C and D/ B, C तथा D
(c) C, D, and E/ C, D, तथा E
(d) A, D and E/ A, D तथा E

Ans. (d) : सत्य की खोज में प्रश्नों और आलोचनाओं के उद्दीपन, छात्रों को अज्ञानता और असमंजस से मुक्त करना तथा अधिगमकर्ताओं को विचार और वास्तविकता के अनुचित दावों से मुक्त करना, प्रश्न में दिए गये ये तीनों कथन सामाजिक विज्ञान में आलोचनात्मक चिन्तन की प्रासंगिकता के सन्दर्भ में सत्य है। किसी भी विषय वस्तु के पक्ष-विपक्ष, गुण-दोषों के तथ्यों का विश्लेषण करते हुए कोई उचित निर्णय लेना आलोचनात्मक या समीक्षात्मक चिन्तन कहलाता है।

50. Which of the following social science questions provide a greater scope for developing critical thinking skills?
इनमें से कौन-सा/से सामाजिक विज्ञान प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन कौशल विकास के लिए अधिक संभावना रखते हैं।
A. In your village, town and city, who would you think are the marginalized groups? Discuss.
आप क्या सोचते हैं, आपके गाँव, कस्बे और नगर में, हाशियाकृत समूह कौन-से हैं, चर्चा करें।

B. What are population pyramids? How do they help in understanding the population of a country?
जनसंख्या पिरामिड क्या है? इनसे किसी देश की जनसंख्या को समझने में क्या सहायता प्राप्त होती है?

C. Why is paddy grown in most of the Ganga-Brahmaputra plains?
गंगा ब्रह्मपुत्र मैदान में अधिकतर चावल क्यों पैदा किया जाता है?

D. Imagine that you are Marco Polo. Write a letter from China to describe the world of print which you have seen there.
कल्पना करें कि आप मार्कोपोलो हैं, चीन से पत्र लिखते हुए, छपाई की उस दुनिया का वर्णन करें, जो आपने वहां देखी।

E. Examine the role of zamindar in Mughal and British administrations.
मुगल और अंग्रेजी शासन में जमींदार की भूमिका का परीक्षण करें।

(a) A, B, and D/ A, B, और D
(b) B, C, D and E/ B, C, D और E
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, D and E/ A, D और E

Ans. (d) : प्रश्न में दिए गये सामाजिक विज्ञान के प्रश्न A, आप क्या सोचते हैं, आपके गाँव, कस्बे और नगर में, हाशियाकृत समूह कौन-से हैं, चर्चा करें। D कल्पना करें कि आप मार्कोपोलो हैं, चीन से पत्र लिखते हुए, छपाई की उस दुनिया का वर्णन करें, जो अपने वहाँ देखी। और E मुगल और अंग्रेजी शासन में जमींदार की भूमिका का परीक्षण करें। उपर्युक्त विकल्प आलोचनात्मक चिन्तन कौशल के विकास के लिए अधिक सम्भावना रखते हैं। आलोचनात्मक चिन्तन में औचित्यपूर्ण, स्थानिक और पक्षपातरहित विश्लेषण होता है। इन प्रश्नों के हल करने से विद्यार्थी को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने को अभिप्रेरित होगा तथा यह व्यक्ति को स्वतन्त्र एवं निरपेक्ष चिन्तन पर बल देगा।

51. Following are the statements regarding the planning of a field trip. What will be the correct arrangement?
किसी क्षेत्रीय दौरे की योजना में संबंधित कथन नीचे दिए गए हैं। इन कथनों का सही क्रम क्या होगा?

(a) Prepare lesson to discuss the subject of trip
यात्रा के विषय पर चर्चा करने के लिए पाठ तैयार करना।

(b) Prepare a trip schedule that includes arrival and departure times, bathroom stops, meals etc.
एक यात्रा कार्यक्रम अनुसूची तैयार करना जिसमें आगमन, प्रस्थान के समय, स्नान गृह, ठहराव और भोजन के उचित स्थान इत्यादि सम्मिलित हो।

(c) Prepare a preliminary instructions guide for students
विद्यार्थियों के लिए एक प्रारंम्भिक निर्देश पुस्तिका तैयार करना।

(d) Arrange a post- trip discussion
यात्रा की समाप्ति के बाद चर्चा का आयोजन करना।

(a) a, b, c, d (b) a, c, b, d
(c) a, d, b, c (d) a, c, d, b

Ans. (b) : एक क्षेत्रीय दौरे की योजना में दिये गये सम्बन्धित कथनों के क्रम में सबसे पहले यात्रा के विषय पर पाठ तैयार करना होगा। यह कार्य सबसे पहले क्रम में इसलिए रखा गया है क्योंकि एक उचित व्यूह रचना के अभाव में बड़े से बड़े कार्य भी निष्फल सिद्ध हो जाते हैं। इसी क्रम में अगला कार्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रारम्भिक निर्देश पुस्तिका तैयार करना होगा तत्पश्चात् एक यात्रा कार्यक्रम की अनुसूची तैयार करना जिसमें आगमन, प्रस्थान के समय स्थान, गृह, ठहराव और भोजन के लिए उचित स्थान इत्यादि सम्मिलित हो। यात्रा के सबसे अन्त में यात्रा की समाप्ति के बाद चर्चा का आयोजन करना है। ताकि यात्रा में मिली उपलब्धि और त्रुटि की जानकारी हो सके।

52. Which of the following problem is mostly faced by social science teachers?
निम्नलिखित में से किस समस्या का सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को ज्यादातर सामना करना पड़ता है?

(a) Specific objective that delimits teaching towards remember/knowledge levels of learning./विशिष्ठ उद्देश्य जोकि शिक्षण को याद रखना/ज्ञान के अधिगम स्तर तक सीमित करते हैं।
(b) Lack of experimental setup and resources at school./स्कूलों में प्रायोगिक व्यवस्था और संसाधनों की कमी का।
(c) Excessive workload due to dearth of teachers शिक्षकों की कमी के कारण अत्यधिक कार्यभार का।
(d) Less availability of text books and reference materials./पाठ्यपुस्तकों और संदर्भ सामग्री की कम उपलब्धता का।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को ज्यादातर विशिष्ट उद्देश्य जो कि शिक्षण को याद रखना। ज्ञान के अधिगम स्तर तक सीमित करने सम्बन्धी समस्या का सामना करना पड़ता है। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को अध्यापन कार्य के दौरान विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखना होता है ताकि शिक्षण प्रक्रिया विषयान्तर न हो। विशिष्ट उद्देश्य सामान्य उद्देश्य से अलग होता है। सामान्य रूप से जिन उद्देश्यों का सम्बन्ध सभी की शिक्षा से होता है सामान्य उद्देश्य कहलाते हैं। जब पूर्ति का प्रयत्न किया जाता है तो ये विशिष्ट उद्देश्य कहलाते हैं।

53. Consider the statements A and B and choose the correct answer.
निम्नलिखित वक्तव्यों A और B पर विचार करना सही विकल्प का चयन कीजिए:

Statement A: Students appreciate it if they are given deep and real information to understand and explained social science concepts within the class room
वक्तव्य A : यदि विद्यार्थियों को कक्षा में ही सामाजिक विज्ञान से संकल्पनाओं को समझने के लिए गहन और वास्तविक सूचनाएं दी जाती है, तो वे उसकी सराहना करते हैं।

Statements B : While looking critically at an event or functioning of a institution, it is important to give 'positive' examples too lest has a negative input on student's tender mind
वक्तव्य B : किसी भी संस्थान की घटना या कार्यशैली को विवेचित रूप में देखते समय, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि 'सकारात्मक' उदाहरण भी दिए जाएं, नहीं तो इसका नकारात्मक प्रभाव विद्यार्थी के कोमल दिमाग पर पड़ सकता है।

(a) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत हैं।
(b) A is true and B is false/A सही है और B गलत है।
(c) A is false and B is true/A गलत है और B सही है।
(d) Both A and B are true/ A और B दोनों सही है।

Ans. (b) : यदि विद्यार्थियों को कक्षा में ही सामाजिक विज्ञान से संकल्पनाओं को समझने के लिए गहन और वास्तविक सूचनाएं दी जाती है तो वे उसकी सराहना करते हैं, वक्तव्य सही है। क्योंकि किसी भी संकल्पना को समझाने के दौरान उचित, वास्तविक और विद्यार्थियों के निकट दृष्टान्त या सूचनाएँ दी जाती हैं तो उस संकल्पना को विद्यार्थी बिना रटे समझ जाता है। वक्तव्य B गलत है क्योंकि किसी भी घटना या कार्यशाला को विवेचित रूप में देखते समय यदि विद्यार्थी को सकारात्मक उदाहरण दिया जाता है तब उसके कोमल दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता।

54. Which of the following questions is least important while showing movie /part of movie in the classroom?
कक्षा में चलचित्र/फिल्म के किसी भाग को दिखाते समय निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न सबसे कम विचारणीय है-

(a) Does it present important social studies concepts?/क्या यह महत्त्वपूर्ण सामाजिक अध्ययन की अवधारणाओं को प्रस्तुत करता है?
(b) Does it entertain enough to hold the attention of students?/क्या यह विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिहाज से पर्याप्त मनोरंजक है।
(c) How will students demonstrate what they learn from movie?/विद्यार्थी यह कैसे प्रदर्शित करेगें कि उन्होंने चलचित्र से क्या सीखा है?
(d) Is it providing enough material to pass the exam?/क्या यह परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करा रहा है।

Ans. (d) : क्या यह परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करा रहा है? यह प्रश्न कक्षा में चलचित्र/फिल्म के किसी भाग को दिखाते समय सबसे कम विचारणीय है। चलचित्र/फिल्म को कक्षा में प्रस्तुत करना शिक्षण की एक प्रविधि है। शिक्षण अधिगम का उद्देश्य केवल और केवल परीक्षा में सफलता प्राप्ति हेतु सामग्री उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है अपितु विद्यार्थियों को अपने स्वाभिमान, इतिहास से परिचय कराना तथा भविष्य का दिग्दर्शन करना है।

55. Which activity is most effective to develop a sense of personal Geography in students?
विद्यार्थियों में व्यक्तिगत भूगोल की समझ के विकास में सबसे प्रभावी क्रियाकलाप कौन-सा है?

(a) To plan a weekly trip to visit local Park
स्थानीय पार्क घूमने के लिए साप्ताहिक योजना तैयार करना
(b) To plan daily trip to visit local park
रोजाना स्थानीय पार्क जाने की योजना बनाना
(c) To give students ownership of school garden and allow them to do according to their own choices /विद्यार्थियों को विद्यालय के बागीचे का स्वामित्व देना और उन्हें उनकी मर्जी से गतिविधि करने की अनुमति देना।
(d) To arrange school playground according to the children's choices and interest.
विद्यार्थियों से उनके चयन और रूचि के अनुसार विद्यालय के खेल के मैदान को व्यस्थित करवाना।

Ans. (c) : विद्यार्थियों में व्यक्तिगत भूगोल की समझ के विकास में सबसे प्रभावी क्रियाकलाप विद्यार्थियों को उनकी विद्यालय के बगीचे का स्वामित्व देना और उन्हें उनकी मर्जी से गतिविधि करने की अनुमति देना है। इस क्रियाकलाप से विद्यार्थियों में स्वावलम्बन निर्णय लेने की क्षमता, भावी व्यूह रचना बनाने जैसे अनेक गुणों का आर्विभाव होगा। भूगोल एक ऐसा शास्त्र है जिसमें पृथ्वी तल के ऊपरी स्वरूप, प्राकृतिक, राजनीतिक विभागों का अध्ययन तथा विवेचन किया जाता है।

56. Which of the following are the purposes of assessment in social Science:
निम्नलिखित में से कौन-से उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए।

A. To find out needs and learning style of every learner
प्रत्येक शिक्षार्थी की आवश्यकताओं और अधिगम शैली को ज्ञात करना।
B. Enhance effectiveness in teaching- learning process
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की प्रभावकारिता को बढ़ाना।
C. Involve learners in process through peer and self assessment
सहपाठी मूल्यांकन और स्व-मूल्यांकन की प्रक्रिया में शिक्षार्थियों को सम्मिलित करना।
D. Identify and segregate students on basis of abilities
योग्यता के आधार पर छात्रों को पहचानना और पृथक करना।

(a) A and B / A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) C only/केवल C
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (*) : प्रश्न में दिए गए विकल्पों में सामाजिक विज्ञान के मूल्यांकन का उद्देश्य योग्यता के आधार पर छात्रों को पहचानना और पृथक करना, नहीं होना चाहिए। A, B और C सामाजिक विज्ञान मूल्यांकन के उद्देश्य हैं।

Note : बोर्ड ने उत्तर कुंजी में उत्तर B दिया है जो सर्वथा अनुचित है। इसका उत्तर D होगा क्योंकि योग्यता के आधार पर छात्रों को पहचानना तो सही है परन्तु पृथक करना सामाजिक विज्ञान मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं होगा।

57. End text questions in Social Science textbooks aim to
सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में पाठ के उपरांत दिए गए प्रश्नों का उद्देश्य है-

A. revise the main concepts of the chapter
अध्याय में दिए गए मुख्य विचार/अवधारणाओं पर पुनः पाठन।

B. Provide opportunities to answer in own words
अपने शब्दों में उत्तर देने का अवसर प्रदान करना।

(a) Only A/ A केवल
(b) Only B/ B केवल
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Neither A nor B/कोई नहीं

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में पाठ के उपरान्त दिए गए प्रश्नों का उद्देश्य अध्याय में दिए गये मुख्य विचार/अवधारणाओं का पुनः पाठन करना है तथा अपने शब्दों में उत्तर देने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार प्रश्न में दिये गये दोनों उद्देश्य सही है। इसके अतिरिक्त सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य-छात्रों में प्रजातन्त्र की भावना का विकास करना, नैतिक एवं नागरिक गुणों का विकास करना, छात्रों को स्वाभिमानी बनाना, अपनी आर्थिक स्थितियों को समझकर आर्थिक नीति बनाना, छात्रों में स्वावलम्बन का विकास करना, छात्रों का सर्वांगीण विकास इत्यादि है।

58. Which statements is correctly stated, with reference to writing instructional objective of cognitive domain
संज्ञानात्मक क्षेत्र के निर्देशात्मक उद्देश्य को लिखने के संदर्भ में कौन-सा कथन सही प्रकार लिखा गया है?

(a) Students will be able to understand the concept of solar system/विद्यार्थी सौर मंडल की अवधरणा को समझ सकेंगे।
(b) Students will feel the concept of gender विद्यार्थी जेंडर की अवधारणा को महसूस करेंगे।
(c) Students will be able to know the names of five wild animals/विद्यार्थी पांच जंगली जानवरों के नाम जान सकेंगे।
(d) Students will be able to explain the process of water cycle in their own words /जल चक्र की प्रक्रिया को विद्यार्थी अपने शब्दों में समझ सकेंगे।

Ans. (d) : संज्ञानात्मक क्षेत्र के निर्देशात्मक उद्देश्य को लिखने के सन्दर्भ में 'जल चक्र की प्रक्रिया को विद्यार्थी अपने शब्दों में समझ सकेंगे' कथन सही प्रकार लिखा गया है। संज्ञानात्मक क्षेत्र में अधिगम मानसिक क्रियाओं से जुड़ा होता है। शैक्षणिक प्रक्रिया में अधिगम का मुख्य केन्द्र संज्ञानात्मक क्षेत्र होता है। संज्ञान से तात्पर्य मन की उन आन्तरिक क्रियाओं से है जो जानने की ओर ले जाती है। निर्देशात्मक उद्देश्य उन अन्तिम व्यवहारों से प्राप्त होते हैं जिनसे छात्रों से निर्देश प्राप्त करने के परिणामस्वरूप प्रदर्शित होने की अपेक्षा की जाती है।

59. Assessment of skill acquisition can be best done through the following:
कौशल अर्जन के निर्धारण को निम्नलिखित के द्वारा सर्वश्रेष्ठ तरीके से किया जा सकता है।

A. Pen and paper test
पेन (कलम) और पेपर (कागज) परीक्षा

B. Class and individual observation
कक्षा और व्यक्ति अवलोकन

C. Performance in a situation which requires use of the skill/ उस परिस्थिति में प्रदर्शन जिसमें कौशल के प्रयोग की आवश्यकता होती है।

(a) A / A (b) A and B/ A और B
(c) B and C/ B और C (d) B/ B

Ans. (c) : कक्षा और व्यक्ति अवलोकन तथा उस परिस्थिति में प्रदर्शन जिसमें कौशल के प्रयोग की आवश्यकता होती है, प्रश्न में दी गयी इन दोनों क्रियाओं से कौशल अर्जन के निर्धारण को सर्वश्रेष्ठ तरीके से किया जा सकता है। किसी जटिल कार्य को आसानी से दक्षतापूर्वक करने की कला ही कौशल है। अर्जन का अर्थ है संग्रह करना।

60. Which assessment framework requires learning evidences collected from diverse learning situations and regular and timely feedback for teachers planning their teaching learning process?
शिक्षक द्वारा शिक्षण-अधिगम योजना बनाते हुए निम्न में से मूल्यांकन की कौन-सी रूपरेखा को विविध अधिगम परिस्थितियों से एकत्रित अधिगम के प्रमाण तथा नियमित और समयोचित प्रतिपुष्टि की जरूरत होती है।

A. Assessment of Learning
अधिगम का आकलन

B. Assessment for Learning
अधिगम के लिए आकलन

C. Assessment as Learning
अधिगम की तरह आकलन

D. Summative assessment/समायोजित आकलन

E. Formative Assessment/रचनात्मक आकलन

(a) A and D/ A और D (b) B and C/ B और C
(c) B and E/ B और E (d) C and E/ C और E

Ans. (c) : शिक्षक द्वारा शिक्षण अधिगम योजना बनाते हुए मूल्यांकन की अधिगम के लिए आकलन और रचनात्मक आकलन की रूपरेखा को विविध अधिगम परिस्थितियों से एकत्रित अधिगम के प्रमाण तथा नियमित और समायोजित प्रतिपुष्टि की जरूरत होती है। अधिगम के लिए आकलन विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा में वृद्धि करने में सहायक होता है। यह अधिगम प्रक्रिया के दौरान होता है। रचनात्मक आकलन सतत होता है और पूरे वर्ष के दौरान नियमित रूप से किया जाता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2021

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 20 दिसम्बर, 2021)

1. A teacher has turned some students of the class into small human replica of the solar system. If Shyam, Sultana and Nancy and almost equal height and weight, then they are representing.
एक शिक्षक/शिक्षका ने अपनी कक्षा के कुछ विद्यार्थियों को एक छोटे मानव निर्मित सौरमंडल में परिवर्तित कर दिया। अगर श्याम, सुल्ताना और नेन्सी की लगभग समान लम्बाई और वजन है तो वे प्रतिनिधित्व करते हैं।

(a) Mars, Venus and Mercury
मंगल, शुक्र और बुध का
(b) Sun, Moon and Earth/सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी का
(c) Mars, Jupiter and Uranus
मंगल, वृहस्पति और यूरेनस का
(d) Mercury, Jupiter and Saturn
बुध, वृहस्पति और शनि का

Ans. (a) : शिक्षक अपनी कक्षा में कुछ विद्यार्थियों को एक छोटे मानव निर्मित सौरमंडल में परिवर्तित कर दिया। अगर श्याम, सुल्ताना और नेन्सी की लगभग समान लम्बाई और वजन है तो वे मंगल, शुक्र और बुध का प्रतिनिधित्व करते हैं। पृथ्वी की तरह मंगल भी एक स्थलीय धरातल वाला ग्रह है। इसकी सतह देखने पर चन्द्रमा के गर्त और पृथ्वी के ज्वालामुखियों, घाटियों, रेगिस्तानों और बर्फीली चोटियों की याद दिलाती है। सौरमण्डल का सबसे ऊँचा पर्वत ओलम्पस मोन्स मंगल पर ही स्थित है। बुध, सौरमंडल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य का सबसे निकटतम ग्रह है। शुक्र ग्रह को प्राचीन संस्कृतियों के द्वारा सुबह का तारा या शाम का तारा के रूप में संदर्भित किया गया है।

2. Consider the statements A and B on the circle of illumination on the globe and choose the correct answer./ग्लोब की 'प्रदीप्ति वृत्त' के सम्बन्ध में कथन (A) और (B) पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) It divides the day from night on the globe./यह ग्लोब पर दिन और रात को विभाजित करता है।
(B) It coincides with the axis.
यह वृत्त अक्ष के साथ मिलता है।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true/ A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true/ A और B दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत है।

Ans. (a) : ग्लोब की 'प्रदीप्ति वृत्त' के सम्बन्ध में -
→ ग्लोब पर वह वृत्त जो दिन और रात को विभाजित करता है।
→ कोई यह पाएगा कि पृथ्वी के क्रमशः घूर्णन और परिक्रमण के कारण दिन और रात होते है और ऋतुओं में परिवर्तन होते हैं।
→ यह वृत्त अक्ष के साथ मिलता है।
→ पृथ्वी का वह भाग जो सूर्य के सामने होता है, हमेशा दिन का अनुभव करता है। इस प्रकार इस क्षेत्र में निरंतर गर्मी आती है। बाकी आधा हिस्सा अंधेरे में रहेगा और हर समय कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ऐसी विषम परिस्थितियों में जीवन संभव नहीं होता।

3. Which of the following statements about the Atlantic ocean is correct?
अटलांटिक महासागर के सन्दर्भ में नीचे दिए गए कथनों मे ंसे कौन-सा सही है?

(a) It is the largest ocean in the world
यह विश्व का सबसे बड़ा महासागर है।
(b) It is almost circular in shape, wurrounded by asia, Australia, North and South America
यह लगभग वृत्ताकार है और एशिया, ऑस्ट्रेलिया, उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका इसके चारों और स्थित हैं।
(c) Its coastline is highly indented and irregular
इसकी तट रेखा बहुत अधिक दंतुरित एवं अनियमित है।
(d) Mariana Trenchlies in this ocean
मेरियाना गर्त इस महासागर में स्थित है।

Ans. (c) : अटलांटिक महासागर या अन्ध महासागर उस विशाल जलराशि का नाम है जो यूरोप तथा अफ्रीका महाद्वीपों को नई दुनिया के महाद्वीपों से पृथक करती है। इसकी तट रेखा बहुत अधिक दंतुरित एवं अनियमित है। क्षेत्रफल और विस्तार में दुनिया का दूसरे नंबर का महासागर है। इस महासागर का नाम ग्रीक संस्कृति से लिया गया है, जिसमें इसे नक्से का समुद्र भी बोला जाता है। इस महासागर का आकार लगभग अंग्रेजी अक्षर S (एस) के समान है।

4. Conventional symbols used in a map are _____
मानचित्र में प्रयोग होने वाले रूढ़ प्रतीक होते हैं-

(a) symbols used by a particular society in a region./वे प्रतीक जो क्षेत्र के किसी विशिष्ट समाज द्वारा प्रयुक्त होते हैं।
(b) symbols through which only gemorphological features are represented./वे प्रतीक जिनके माध्यम से केवल भू-आकृतिक लक्षणों को दर्शाया जाता है।
(c) symbols through which only political boundaries and administrative divisions are represented/वे प्रतीक जिनके माध्यम से केवल राजनैतिक सीमाओं और प्रशासनिक खण्डों को दर्शाया जाता हे।
(d) symbols on which there is an international agreement regarding their use./वे प्रतीक जिनके उपयोग के सम्बन्ध में एक अंतर्राष्ट्रीय सहमति होती है।

Ans. (d) : मानचित्रों में स्थान की कमी के कारण, मानचित्रकार अक्सर मानचित्र की सतह पर विभिन्न चीजों को दर्शाने के लिए विभिन्न प्रतीकों का उपयोग करते है और इन प्रतीकों को पांरपरिक प्रतीको के रूप में जाना जाता है। इन प्रतीको को सीमित स्थान में बहुत सारी जानकारी दी जाती है, ताकि यदि आप किसी क्षेत्र की मूल भाषा भी नहीं जानते है तो आप इन प्रतीकों की सहायता से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन प्रतीकों के उपयोग के संबंध में एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौता होती है।

5. Consider the statements (A) and (B) on high tides and choose the correct option./उच्च ज्वार के संबंध में कथन (A) और (B) पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयर करें।

(A) They raise the water level close to shores which helps the ships to arrive at the harbour./ये जल स्तर को तट की ऊँचाई तक पहुँचाते हैं जो ज़हाज को बंदरगाह तक पहुँचाने में सहायक होते हैं।

(B) They create problems for fishermen as fishes move away from the shore during high tide./ये मछुआरों के लिए समस्या करते हैं क्योंकि मछलियाँ उच्च ज्वार में तट से दूर चली जाती हैं।

(a) Both A and B are true/ A और B दोनों सही है।
(b) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत है।
(c) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है।
(d) A is false, B is true/ A गलत है, B सही है।

Ans. (c) : सूर्य तथा चन्द्रमा की सापेक्ष स्थितियों में परिवर्तन होता रहता है जब सूर्य पृथ्वी तथा चन्द्रमा एक सरल रेखा में होते है तो इस स्थिति को युति-वियुति या सिजगी कहते है। दीर्घ ज्वार महीने में दो बार (अमावस्या तथा पूर्णमांसी को) आते है। दीर्घ ज्वार के समय भाटा का नीचास्तद सर्वाधिक होती है। उच्च ज्वार की ऊँचाई से 20 प्रतिशत अधिक होता है। ये जलस्तर को तट की ऊँचाई तक पहुँचाते है जो जहाज को बंदरगाह तक पहुँचाने में सहायक होते हैं। उच्च ज्वार की दशा अधिक मात्रा में मछलियाँ तट के नजदीक आ जाती है जिससे मछुआरों को अधिक कैच मिलता है। अतः यह मछुआरों के लिए फायदेमंद है।

6. Which of the following statements about air pressure is correct?
वायु दाब के सन्दर्भ में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) Air always moves from low pressure areas to high pressure areas./वायु सदैव निम्न दाब क्षेत्र से उच्च दाब क्षेत्र की ओर गमन करती है।
(b) When in regions with high temperature air gets heated and sinks, high presure area is created/जब अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में वायु गर्म होकर निमज्जित होती है, तब उच्च दाब क्षेत्र बनता है।
(c) Low pressure area is created in regions with lower temperatures, cold air becomes heavy and rises/निम्न दाब क्षेत्र तब बनता है, जब कम तापमान वाले क्षेत्रों में वायु ठंडी होकर ऊपर उठती है।
(d) Low pressure is associated with cloudy skies and wet weather high pressure is associated with clear and sunny skies/निम्न दाब बादलयुक्त आकाश एवं नम मौसम के साथ जुड़ा है और उच्च दाब स्पष्ट एवं स्वच्छ आकाश से जुड़ा है।

Ans. (d) : निम्न दाब की स्थिति के दौरान वातावरण में हवा बढ़ती है और भूमध्य रेखा के उत्तरी भाग के चारों ओर वामावर्त दिशा में चल रही होती है। जैसे-जैसे यह उठता है और ठण्डा होता है, जल वाष्प, धुंध और वर्षा को आकार देने के लिए समेकित हो जाता है। एक उच्च दबाव क्षेत्र वह होता है जहाँ वायुमंडलीय दबाव अपने परिवेश के संबंध में अधिक होता है वायु अपने मूल में क्षोभमंडल से उतरती है। अवरोही हवा को संपीडन द्वारा गर्म किया जाता है, जिससे बादल का पानी जलवाष्प में वाष्पीकृत हो जाता है और इस प्रकार अक्सर मौसम अच्छा होता है।

7. Bromeliads found in Amazon basin are:
अमेज़न बेसिन में पाए जाने वाले ब्रोमिलायडः

(a) The staple food of the people in the basin
बेसिन के लोगों का मुख्य आहार है।
(b) A species of insects/कीड़े-मकोड़ों की एक प्रजाति है।
(c) Plants that store water in their leaves
पौधे जो अपनी पत्तियों में जल को संचित रखते हैं।
(d) Houses with a steeply slanting roof
घर जिनमें तीव्र ढलान वाली छत होती है।

Ans. (c) : अमेज़न बेसिन में पाए जाने वाले ब्रोमिलायड पौधे अपनी पत्तियों में जल को संचित रखते हैं। यह ऐसे पौधे हैं जो विभिन्न जलवायु के अनुकूल होते हैं। विभिन्न जीव ब्रोमिलायड पौधें में फंसे पानी के पूल का लाभ उठाते है। इक्वाडोर के तराई क्षेत्रों के 209 पौधों के एक अध्ययन ने 11,219 जानवरों की पहचान की जो 300 से अधिक विशिष्ट प्रजातियों का प्रतिनिधित्व करते है, जिनमें से कई केवल ब्रोमिलायड पर पाये जाते है।

8. Stacks' are an erosional feature of which of the following?
'स्टैक' निम्न में से किसकी अपरदन विशेषता है?

(a) Wind/पवन (b) Glacier/हिमनद
(c) Sea wave/समुद्री तरंग (d) River/नदी

Ans. (c) : स्टैक समुद्री तंरग अपरदन की विशेषता है। ऐसे तट जहाँ अपरदन प्रमुख प्रक्रिया है भृगु के निवर्तन से चट्टानो के कुछ अवशेष तटो पर अलग-अलग छूट जाते है। ऐसी अलग-थलग प्रतिरोधी चट्टानें जो कभी भृगु के भाग थे, समुद्री स्टैक कहलाते है। अन्य स्थलरूपों की भाँति समुद्री पहाड़ियों व भृगु की भाँति धीरे-धीरे तंग समुद्री मैदानों में परिवर्तित हो जाती है और स्थल से प्रवाहित जलोढ़ से आच्छादित रेत व शिंगिल चौड़े पुलिन में परिवर्तित हो जाते है।

9. Consider the statements A and B about 'Tsunami waves and choose the correct answer./सुनामी तरंगो के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Volcanic eruption can never lead to the formation of Tsunami waves./ज्वालामुखी उद्गार कभी सुनामी तरंगों को उत्पन्न नहीं कर सकता है।

(B) The first indication of an approaching Tsunami is the rapid withdrawal of water from coastal region followed by a destructive wave. /सुनामी आने का प्रथम संकेत तटीय क्षेत्र से जल में तेजी से कमी आना और फिर विनाशकारी तरंगों का उठना होता है।

(a) A is true, B is false/ A सही है, B गलत है।
(b) A is false, B is true/ A गलत है, B सही है।
(c) Both A and B are true/ A और B दोनों सही है।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत है।

Ans. (b) : सुनामी समुद्र में संचरित होने वाली ऐसी तंरगों की एक श्रृंखला है जिनके तरंग-दैर्ध्य अस्वभाविक रूप से लंबे होते हैं। वे जैसे-जैसे तट के नजदीक पहुँचती हैं इन लहरों की गति घटती जाती है और इनकी ऊँचाई बढ़ती जाती है जब तट पर पहुचने वाली सुनामी तरंगो के आरंभिक भाग का गर्त शिखर की बजाए पहले पहुँचता है तब तटीय रेखा के आस पास का पानी बड़े ही नाटकीय ढ़ंग से पीछे हटता है। पानी सैकड़ों मीटर से अधिक पीछे हट सकता है। इसलिए आमतौर पर पानी से ढ़के रहने वाले तट के निकटवर्ती समुद्री क्षेत्र सुनामी के दौरान दिखाई दे जाते है।

10. Identify the layer of atmosphere from the features given below./दिए गए लक्षणों A और B के आधार पर वायुमंडल की परत को पहचानिए:

(A) The temperature rises very rapidly with increaisng height in this layer.
इस परत में, बढ़ती ऊंचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है।

(B) This layer helps in radio transmission.
यह परत रेडियों संचार में मदद करती है।

(a) Stratosphere/समतापमंडल
(b) Mesosphere/मध्यमंडल
(c) thermosphere/बाह्यमंडल
(d) Exosphere/बहिर्मंडल

Ans. (c) : थर्मोस्फीयर या आयनमंडल (बाह्यमंडल) पृथ्वी की वायुमंडल की वह परत है जो मीसोस्फेयर के ठीक ऊपर स्थित है। यह वायुमंडल की अंतिम परत होती है। इसे आयनोस्फीयर भी कहा जाता है, क्योंकि पराबैगनी किरणें इस परत में अणुओं के फोटोकरण का कारण बनती है, जिससे आयन बनते है। थर्मोस्फीयर नाम ग्रीक शब्द थर्मस से आया है, जिसका अर्थ है गर्मी। यह नाम इसलिए चुना गया था क्योंकि वायुमंडल की इस परत में तापमान बहुत अधिक होता है, क्योंकि बड़ी मात्रा में सौर विकरण को अवशोषित करता है। इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है। यह परत रेडियों संचार में मदद करती है।

11. Which among the following should be incorporated in the principles of sustainable development?
निम्नलिखित में से किनको सतत् पोषणीय विकास के सिद्धांत में शामिल किया जाना चाहिए?

(A) Conserve the earth's vitality and diversity
पृथ्वी की जीवन शक्ति और विविधता का संरक्षण करना।
(B) change in personal attitude and practices towards the environment/पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत व्यवहार और अभ्यास में परिवर्तन लाना।
(C) Stop the utilization of natural resources.
प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बंद करना।
(D) Improve the quality of human life.
मानव जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना।

(a) A,B, C and D/सभी- A,B, C और D
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (d) : सतत् पोषणीय विकास के सिद्धांत में शामिल है- पृथ्वी की जीवन शक्ति और विविधता का संरक्षण करना, पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत व्यवहार और अभ्यास में परिवर्तन लाना, मानव जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना। सतत् पोषणीय विकास का अर्थ है- एक ऐसा विकास जिसमे भविष्य में आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकता पूर्ति को प्रभावित किये बिना वर्तमान पीढ़ी द्वारा अपनी आवश्यकता की पूर्ति करना।

12. Which of the following statements about minerals are correct?/खनिज के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है?

(A) Minerals are created by natural processes without any human interference/ खनिज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते हैं।

(B) Mica and chromite are nonferrous minerals/अभ्रक और क्रोमाइट अलौह खनिज हैं।

(C) Minerals lying at shallow depths are taken out through open cast mining /जो खनिज कम गहराई में स्थित होते हैं, उन्हें विवृत खनन द्वारा निकाला जाता है।

(D) Minerals are a non-renewable resource खनिज अनवीकरणीय संसाधन हैं।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

Ans. (d) : खनिज ऐसा भौतिक पदार्थ है जो खान से खोदकर निकाले जाते है। खनिज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के, प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते है जो कम गहराई में स्थित होते है, उन्हें विवृत्त खनन द्वारा निकाला जाता है। खनिज अनवीकरणीय संसाधन है। अभ्रक अलौह खनिज है, जबकि क्रोमाइट, कोबाल्ट मैगनीज लौह खनिज में आता है, क्योंकि इनमें लोहे की मात्रा पायी जाती है।

13. Match the factors affecting soil formation
मृदा के निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों को मिलान कीजिए:

(a)	**Flora, fauna and micro organism/ वनस्पति, प्राणिजगत और सूक्ष्म जीव**	**(i)**	**Texture and colour of soil/मृदा का रंग और गठन**
(b)	**Parent rock/जनक शैल**	**(ii)**	**rate of humus formation inthe soil/मृदा में ह्यूमस निर्माण की दर**
(c)	**Climate/ जलवायु**	**(iii)**	**Thickness of soil profile/मृदा परिच्छेदिका की मोटाई**
(d)	**Time/समय**	**(iv)**	**Weathering/ अपक्षय की दर**

(a) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (b) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(c) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (d) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Ans. (a) : सही मिलान इस प्रकार है-

→ वनस्पति, प्राणिजगत और सूक्ष्म जीव - मृदा में ह्यूमस निर्माण की दर

→ जनक शैल - मृदा का रंग और गठन

→ जलवायु - अपक्षय की दर

→ समय - मृदा परिच्छेदिका की मोटाई

14. What are the advantageous aspects of natural gas as a conventional source of energy?/ परम्परागत स्त्रोत के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोगी पक्ष क्या है?

(A) It is easier to transport through pipe lines.
ये आसानी से पाइप लाइन के जरिये परिवहनीय है।

(B) It is cleaner than oil and coal.
ये तेल और कोयले को अपेक्षा अधिक स्वच्छ हैं।

(C) It is distributed evenly across the globe.
पूरी दुनिया में समान रूप से इसका वितरण है।

(a) A, B and C/ सभी A, B और C
(b) A and B/ A और B
(c) A and C/ A और C
(d) B and C/ B और C

Ans. (b) : परम्परागत स्त्रोत के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोगी पक्ष निम्न है -

→ ये आसानी से पाइप लाइन के जरिये परिवहनीय है।

→ ये तेल व कोयले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ है।

→ यह प्राकृतिक संसाधन है।

→ यह पेट्रोलियम निक्षेपों के साथ पायी जाती है।

→ भारत में प्राकृतिक गैस जैसलमेर, कृष्णा-गोदावरी डेल्टा और मुंबई के अपतटीय क्षेत्रों में पायी जाती है।

→ वाहनों व कारखानों में ईंधन के रूप में प्रयुक्त।

→ प्राकृतिक गैस एक गैर नवीकरणीय हाइड्रोकार्बन है जिसका उपयोग हीटिंग, खाना पकाने और बिजली उत्पादन के लिए ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में किया जाता है।

15. Upanishads are:-/उपनिषद्:

(A) conversations between trachers and students./अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच बातचीत का संकलन है।

(B) presented through simple dialogues सामान्य वार्तालाप के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं।

(C) ideas that describe about individual soul and universal soul./विचार जिन में आत्मा और सार्वभौमिक आत्मा का विवरण किया गया है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) Only A and B are correct/केवल A और B सही हैं।
(b) only B and C are correct/केवल B और C सही हैं।
(c) only A and C are correct/केवल A और C सही हैं।
(d) A,B and C are correct/ A, B और C सही हैं।

Ans. (d) : उपनिषद हिन्दू धर्म के महत्वपूर्ण श्रुति धर्मग्रन्थ है, ये संस्कृत में लिखे गये है। इनकी संख्या लगभग 108 है, किन्तु मुख्य उपनिषद 13 है। हर एक उपनिषद किसी न किसी वेद से जुड़ा हुआ है। इनमें परमेश्वर, परमात्मा और आत्मा के स्वभाव और संबंध का बहुत ही दार्शनिक और ज्ञानपूर्वक वर्णन किया गया है। यह अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच बातचीत का संकलन है। इसे सामान्य वार्तालाप के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उपनिषद भारतीय आध्यात्मिक चिन्तन के मूल आधार हैं।

16. To study and differentiate the skeletal remains of a man from a woman, we must rely on:
पुरुष और महिला कंकाल अवशेषों के अध्ययन और उनमें विभेद करने के लिए, हमें ध्यान देना चाहिए:

(a) Jewellary worn as they indicate a woman.
पहने हुए आभूषणों पर क्योंकि यह महिला को दर्शाता हैं

(b) bone structure as a larger hip indicates a woman./हड्डियों की संरचना पर क्योंकि बड़े कूल्हे की हड्डी एक महिला को दर्शाती है।

(c) bone structure as a larger hip indicates a man./हड्डियों की संरचना पर क्योंकि बड़े कूल्हे की हड्डी एक पुरुष को दर्शाता है।

(d) weapons buried alongside as they indicate a man./साथ में दफनाए गए हथियारों पर क्योंकि यह पुरुष को दर्शाते हैं।

Ans. (b) : पुरुष और महिला कंकाल अवशेषों के अध्ययन और उनमें विभेद करने के लिए हमें हड्डियों की संरचना पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि बड़े कुल्हे की हड्डी एक महिला को दर्शाती है। चूँकि महिलाएँ बच्चों को जन्म देती हैं इसलिए उनका कटि-प्रवेश या कूल्हा पुरूषों से ज्यादा बड़ा होता है। ये समझ कंकालों के आधुनिक अध्ययन पर आधारित है।

17. According to Akbar Nama Subadar undertook
अकबर नामा के अनुसार सूबेदार का कार्यभार था:

(a) political and military functions.
राजनैतिक और सैनिक कार्य

(b) political and financial functions.
राजनैतिक और वित्तीय कार्य

(c) only political function./केवल राजनैतिक कार्य
(d) only religious functions./केवल धार्मिक कार्य

Ans. (a) : अकबर नामा मुगल बादशाह अकबर के दरबारी विद्वान अबुल फजल द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध इतिहास ग्रंथ है। अकबर नामा का शाब्दिक अर्थ है-''अकबर की कहानी''। यह अकबर के शासन काल में लिखा गया प्रामाणिक इतिहास है। अकबरनामा के अनुसार सूबेदार की सरकारी उपाधि 'नाजिम' थी। इसकी नियुक्ति सम्राट द्वारा की जाती थी। इस तरह यह कहा जा सकता है कि सूबेदार प्रान्तों में सैनिक एवं असैनिक, राजनैतिक दोनों तरह के कार्यो का संचालन करता था।

18. Bengali as a regional language grew due to:-
बंगाली एक क्षेत्रीय भाषा के रूप में विकसित होने के कारक है:

(A) commercial ties/वाणिज्यिक समझौते

(B) political control /राजनैतिक समझौते

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें:

(a) A only/केवल A
(b) B only/केवल A
(c) Both A and B/ A और B दोनों
(d) Neither A nor B / न तो A न ही B

Ans. (c) : बंगाली एक क्षेत्रीय भाषा के रूप में विकसित होने के पीछे वाणिज्यिक समझौते तथा राजनैतिक समझौते है। क्योंकि ईसा पूर्व चौथी-तीसरी शताब्दी से बंगाल और मगध (दक्षिण बिहार) के बीच वाणिज्यिक संबंध स्थापित होने लगे थे, जिसके कारण संभवतः संस्कृत का प्रभाव बढ़ता गया होगा। चौथी शताब्दी के दौरान गुप्तवंशीय शासको ने उत्तरी बंगाल पर अपना राजनीतिक नियंतण स्थापित कर लिया और वहाँ ब्राह्मणों को बसाना शुरू कर दिया। इस प्रकार गंगा के मध्यघाटी के भाषायी तथा सांस्कृतिक प्रभाव अधिक प्रबल हो गये। चीनी यात्री ह्वेन सांग ने पाया कि बंगाल के सर्वत्र संस्कृत से संबंधित भाषाओं का प्रयोग हो रहा था। क्योंकि बंगाली भाषा संस्कृत से निकली हुयी भाषा है।

19. The saint-poets of Maharashtra rejected:-
महाराष्ट्र के संत कवियों ने विरोध किया:-

(A) all forms of ritualism.
सभी प्रकार के कर्मकांडों का।

(B) social differences based on birth.
जन्म पर आधारित सामाजिक अंतरों का।

(C) idea of staying with families.
परिवार के साथ रहने के विचार का।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(a) A and B are correct/ A और B सही हैं।
(b) A and C are correct/ A और C सही हैं।
(c) B and C are correct/ B और C सही हैं।
(d) A,B and C are correct/ A,B और C तीनों सही हैं।

Ans. (a) : तेरहवी से सत्रहवीं शताब्दी तक महाराष्ट्र में अनेकों संत कवि हुए, जिनके मराठी भाषा में लिखे गये गीत आज भी जनमानस को प्रेरित करते है। उन संतो में सबसे महत्वपूर्ण थे- ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ और तुकाराम तथा सखूबाई जैसी स्त्रियाँ तथा चोखामेट्टा का परिवार, जो 'अस्पृश्य' समझी जाने वाली महार जाति का था। इन संत कवियों ने सभी प्रकार के कर्मकांड़ों, पवित्रता के ढ़ोगो और जन्म पर आधारित सामाजिक अंतरों का विरोध किया।

20. In the 19th century, which of the tribal groups mainly herded goats?
उन्नीसवीं सदी में, कौन-सा आदिवासी समूह मुख्यतः बकरियों का पालन करता था?

(a) Van Gujjars of the punjab Hills
पंजाब के पहाड़ों में रहने वाले वन गुज्जर
(b) Lambadis of Andhra Pradesh
आंध्र प्रदेश के लबाड़िया
(c) Bakarmals of Kashmir/कश्मीर के बकरवाल
(d) Gaddis of kulu/कूल्लू के गद्दी

Ans. (c) : उन्नीसवी सदी में, कश्मीर के बकरवाल आदिवासी समूह मुख्यतः बकरियों का पालन करता था। बुनियादी तौर पर गुर्जर समाज के एक बड़े और रसूखदार तबके को बकरवाल कहा जाता है उनको यह नाम कश्मीरी बोलने वाले विद्धानों ने दिया है। बकरवाल समुदाय से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या भेड़ बकरी चराने का काम करती है।

21. Match the reformers with the movements:
सुधारकों का आन्दोलनों के साथ मिलान कीजिए:

(A)	**Ghasidas /घासीदास**	**(i)**	**self-respect movement/ आत्म सम्मान आन्दोलन**
(B)	**Periyar पेरियार**	**(ii)**	**young Bengal movement/ यंग बंगाल आन्दोलन**
(C)	**Derojio/ डेरोजियो**	**(iii)**	**Satnami movement/ सतनामी आन्दोलन**
(D)	**Ambedkar/ अंबेडकर**	**(iv)**	**Temple Entry Movement/ मंदिर प्रवेश आन्दोलन**

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (b) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(c) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (d) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

Ans. (b) : सही सुमेलित है।
→ घासीदास - सतनामी आन्दोलन
→ पेरियार - आत्म सम्मान आन्दोलन
→ डेरोजियो - यंग बंगाल आन्दोलन
→ अंबेडकर - मंदिर प्रवेश आन्दोलन

22. Most modern Indian scripts have developed from :/आधुनिक भारत की ज्यादातर लिपियाँ किससे उत्पन्न हुई हैं :

(a) Brahmi/ब्राह्मी (b) Bengali/बांग्ला
(c) Tamil/तमिल (d) Devanagari/देवनागरी

Ans. (a) : आधुनिक भारत की ज्यादातर लिपियाँ ब्राह्मी लिपि से उत्पन्न हुयी है। ब्राह्मी लिपि मध्य आर्यावर्त की लिपि है जिससे क्रमशः उस लिपि का विकास हुआ जो पीछे 'नागरी' कहलाई। मगध के राजा आदित्यसेन के समय (ईसा की सातवीं शताब्दी) के कुटिल मगधी अक्षरों में नागरी का वर्तमान रूप स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

23. Statement (A) : Ostriches were found in India during the Palaeolithic period.
कथन (A): भारत में पुरापाषाण युग के दौरान शुतुरमुर्ग होते थे।

Statement (B): Large quantities of ostrich egg shells with engravings have been found in Maharshtra.
कथन (B): महाराष्ट्र में बड़ी मात्रा में शुतुरमुर्ग के अंडों के छिलके मिलते हैं जिन पर चित्रांकन मिलता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें:

(a) A is true but B is false.
A सही है, किन्तु B गलत है।
(b) Both A and B are true.
A और B दोनों सही हैं।
(c) Both A and B are false.
A और B दोनों गलत हैं।
(d) A is false, but B is true.
A गलत है, किन्तु B सही है।

Ans. (b) : पुरापाषाण काल सबसे प्रारंभिक काल है यह दो ग्रीक शब्दों से आता है, 'पैलियों' जिसका अर्थ है पुराना और लिथोस जिसका अर्थ है पत्थर। अफ्रीका के लिए उड़ान भरने वाले पक्षी शुतुरमुर्ग ने लगभग 25000 साल पहले भारत में बसाया गया था। हालांकि यह अफ्रीका का मूल निवासी है। भारत में पुरापाषाण युग के दौरान शुतुरमुर्ग होते थे। भारत में शुतुरमुर्ग के अंड़े के टुकडे पाए गये हैं जो ज्यादातर राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में पाए जाते है। महाराष्ट्र में बड़ी मात्रा में शुतुरमुर्ग के अंड़ों के छिलके मिलते है जिन पर चित्रांकन मिलता है।

24. Match the country of their colony:-देश का उसके उपनिवेश के साथ मिलान करें:

(A)	**France फ्रांस**	**(i)**	**Jamaica जमैका**
(B)	**Portugal पुर्तगाल**	**(ii)**	**St. Dominique सेंट डॉमिंग्यू**
(C)	**England इंग्लैंड**	**(iii)**	**Venezuela वेनेजुएला**
(D)	**Spain स्पेन**	**(iv)**	**Brazil ब्राजील**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii (b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii
(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i (d) A-i, B-iv, C-ii, A-iii

Ans. (b) : सही सुमेलित है-
→ फ्रांस - सेंट डॉमिंग्यू
→ पुर्तगाल - ब्राजील
→ इंग्लैंड - जमैका
→ स्पेन - वेनेजुएला

25. Imperial historical paintings_____
साम्राज्यवादी ऐतिहासिक पेंटिंग:

(A) created a public memory of imperial triumphs./साम्राज्यवादी फतह की लोक स्मृतियाँ गढ़ती हैं।
(B) portrayed Britiesh as invincible and all powerful./अंग्रेजों को अजेय और सर्वशक्तिशाली रूप में प्रस्तुत करती हैं।
(C) become widely popular in Europe. यूरोप में बहुत लोकप्रिय हुई।
(D) portrayed India in all its authenticity. भारत को पूरी प्रामाणिकता के साथ दर्शाती हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A and B are correct/ A और B सही हैं।
(b) A, B and C are correct/ A, B और C सही हैं।
(c) Only B is correct/केवल B सही हैं।
(d) B and C are correct/ B और C सही हैं।

Ans. (b) : साम्राज्यवादी ऐतिहासिक पेंटिंग ने शाही फतह की लोक स्मृतियाँ गढ़ने का प्रयास किया ताकि अंग्रेजों को अजेय और सर्वशक्तिमान साबित किया जा सके। इन चित्रों में सत्ता, विजय तथा ब्रिटिश सर्वोच्चता का उत्सव मनाया जाता था। साम्राज्यवादी ऐतिहासिक पेंटिंग यूरोप में बहुत लोकप्रिय हुई।

26. Read the statements about Ain-i-Akbari.
आईने-अकबरी के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़े:

(A) It is the second volume of the Akbar Nama यह अकबरनामा का दूसरा भाग (वॉल्यूम) है।
(B) It records the events of Akbar's reign. यह अकबर के शासनकाल की घटनाओं का विवरण देती है।
(C) It records about the traditions and culture of the people./यह लोगों की परंपराओं और संस्कृति का विवरण देती है।
(D) It provides statistical data about many things./यह बहुत सारी चीज़ों का सांख्यिकीय विवरण देती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें:

(a) A and C are correct/ A और C सही हैं।
(b) B and C are correct/ B और C सही हैं।
(c) C and D are correct/ C और D सही हैं।
(d) Only C is correct/केवल C सही है।

Ans. (c) : आईने-अकबरी अबुल फजल द्वारा रचित अकबरनामा का ही एक भाग हैं। अबुल फजल मुगल बादशाह अकबर के दरबार का विद्वान व्यक्ति था। उसकी यह महान कृति भारत के परिचय के लिए महत्वपूर्ण है। यह लोगों की परंपराओं और संस्कृति का विवरण देती है तथा यह बहुत सारी चीजों का सांख्यिकीय विवरण देती है भारतीय साहित्य में आइन-ए-अकबरी कोरा इतिहास ही नहीं है इसमें अकबरी युग के जीवन समाज, राजव्यवस्था, संस्कृति आदि के बारे में बहुत सारी जानकारी मिलती है। अकबरनामा के तीसरे भाग को आइन-ए-अकबरी कहते है।

27. The earliest miniature paintings were done on_____
प्राचीनतम लघुचित्रकला किस पर बनाए जाते थे:-

(A) pot/पात्र
(B) palm leaf/ताड़पत्र
(C) paper/कागज़
(D) wood/लकड़ी का तख्ती

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें:

(a) A, B and C are correct/ A, B और C सही हैं।
(b) A,B and D are correct/ A,B और D सही हैं।
(c) A,C and D are correct/ A,C और D सही हैं।
(d) B,C and D are correct/ B,C और D सही हैं।

Ans. (d) : प्राचीनतम लघुचित्रकला मूल रूप से ताड़ के पत्तों पर थे और बाद में कागज पर काम किया गया था। तथा लकड़ी की तख्ती पर काम किया गया था। 9वीं-12वीं शताब्दी में बनाई गई लघु चित्रकला की पूर्वी पाठशाला, महायान बौद्ध देवताओं को चित्रित करती है। लघु चित्रकला आश्चर्यजनक हस्तनिर्मित पेंटिंग है, जो काफी रंगीन है लेकिन आकार में छोटी है।

28. Seven hundred years ago, which of the following travellers had written about Kerals's diversity and the lives of Muslim community?
सात सौ वर्ष पहले, केरल की विविधता और यहाँ के मुस्लिम समुदाय के जीवन के बारे में निम्नलिखित में से कौन से यात्री ने लिखा था?

(a) Vaco da Gama/वास्को-डी-गामा

(b) Ibn Batuta/इब्न बतूता
(c) St. Martin/सेंट मार्टिन
(d) Shankaracharya/शंकराचार्य

Ans. (b) : सात सौ वर्ष पहले, केरल की विविधता और यहाँ के मुस्लिम समुदाय के जीवन के बारे में इब्न बतूता ने लिखा था। इब्न बतूता 14वीं सदी में मोहम्मद बिन तुगलक के समय मोरक्कों से आया यात्री था विश्व के 44 देशों सहित भारत के जनजीवन के विषय में 'रेहला' पुस्तक में लिखा। केरल में बसे मुसलमान अरब से आये व्यापारी थे।

29. Which of the following kinds of equality is mentioned in the Preamble to the Indian Constitution?
संविधान की प्रस्तावना में निम्नलिखित में से किस प्रकार की समानता का उल्लेख है?
(a) Equality of income/वेतन की समानता
(b) equality of wealth/संपत्ति की समानता
(c) equality of employment/रोज़गार की समानता
(d) equality of status/प्रतिष्ठा की समानता

Ans. (d) : संविधान की प्रस्तावना में प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता का उल्लेख है। भारतीय संविधान के अनुसार, भारतीय नागरिकों को मौलिक अधिकारों के रूप में समानता/समता का अधिकार (अनु. 14 से 18 तक) प्राप्त है जो न्यायालय में वाद योग्य है। ये अधिकार है-
- अनु. - 14 विधि के समक्ष समानता।
- अनु. - 15 धर्म, वंश, जाति, लिंग और जन्म स्थान आदि के आधार पर भेदभाव नही किया जायेगा।
- अनु. - 16 लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता।
- अनु. - 17 छुआछूत (अस्पृश्यता) का अन्त कर दिया गया है।
- अनु. - 18 उपाधियों का अन्त।

प्रतिष्ठा की समानता का अर्थ है कि समाज के सभी वर्गों की इन आदर्शो तक पहुँच सुनिश्चित की जाय।

30. Which of the following statements is true about municipal corporation in India?
भारत में नगर निगम के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) Ward commissioner is an elected position
वार्ड कमिश्नर (आयुक्त) का पद निर्वाचित होता हैं।
(b) Ward councillor is an elected member
वार्ड काउंसिलर (पार्षद) एक निर्वाचित सदस्य होता है।
(c) Ward councillor elect the ward commissioner
वार्ड कमिश्नर का चुनाव वार्ड काउंसिलर (पार्षद) करते हैं।
(d) Administrative staff elect the ward commissioner/वार्ड कमिश्नर का चुनाव प्रशासनिक कर्मचारी करते हैं।

Ans. (b) : भारत में नगर निगम के सन्दर्भ में वार्ड काउंसिलर (पार्षद) एक निर्वाचित सदस्य होता है। नगर निगम कई स्थानीय सरकारों के प्रशासन संगठन का नाम होता है। यह अक्सर किसी नगर परिषद या जिले, ग्राम, बस्ती या अन्य स्थानीय शासकीय निकायों के अधीन काम करता है। भारत में कुल नगर निगम 247 है। नगर निगम की स्थापना 29 सितंबर 1688 को मद्रास मे की गई। शहर या नगर को कई वार्डों में बाटा जाता है। प्रत्येक वार्ड से जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि को पार्षद कहा जाता है।

31. In order to promote women employment, there are laws in India that make it mandatory for an organization having more than 30 womean employees, to ensure _____.
भारत में महिला रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कानून हैं जिनके तहत यह अनिवार्य है कि जिस संस्था में 30 से अधिक महिला कर्मचारी काम करती हैं, वहाँ _____ होना चाहिए।
(a) creche/शिशुसदन
(b) sanitary pad vending machine
सैनेटरी पैड निकालने की मशीन
(c) women chairperson/महिला अध्यक्ष
(d) transport/यातायात

Ans. (a) : भारत में महिला रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कानून हैं जिनके तहत यह अनिवार्य है कि जिस संस्था में 30 से अधिक महिला कर्मचारी काम करती हैं वहाँ शिशुसदन होना चाहिए। क्रेच (शिशुगृह) एक ऐसी जगह है जो माता-पिता को काम पर रहने के दौरान अपने बच्चों को शिशुगृह में छोड़ने में सक्षम बनाती है, जहाँ बच्चों को उनके समग्र विकास के लिए वातावरण प्रदान किया जाता है।

32. Rosa Parks refused to give up her seat in a bus from the beginning point of which particular movement in the USA?
रोज़ा पार्क द्वारा बस से अपनी सीट देने से मना करना संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में किस आन्दोलन का शुरुआती बिन्दु बना?
(a) Gender Right Movement/जेंडर अधिकार आन्दोलन
(b) Equal Access to Public Space Movement
सार्वजनिक स्थलों में प्रवेश की समानता का आन्दोलन
(c) Civil Rights Movement/नागरिक अधिकार आन्दोलन
(d) White Women Justice Movement
श्वेत महिलाओं के लिए न्याय आन्दोलन

Ans. (c) : रोज़ा पार्क द्वारा बस से अपनी सीट देने से मना करना संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में नागरिक अधिकार आन्दोलन का बिन्दु बना। सन् 1955 में मोन्ट गोमरी अलबामा (U.S.A.) में रोजा ने स्वेत व्यक्ति के लिए बस में सीट छोड़ने से इनकार कर दिया। यहीं से अश्वेत अधिकारों के लिए (U.S.A.) में नागरिक अधिकार आन्दोलन की शुरूआत हुई। जिसे मार्टिन लूथर किंग द्वितीय ने आगे बढ़ाया।

33. What is implied by 'setting agenda' in the context of media?/मीडिया के सन्दर्भ में 'एजेंडा तैयार करने' से क्या अभिप्राय है?
(a) Agenda of the media that will be conserved by the government./मीडिया विषय वस्तु जिसे सरकार द्वारा सेंसर किया जाएगा।
(b) Media prpagating the agenda of a political party./मीडिया का किसी एक राजनीतिक पार्टी के एजेंडे का प्रचार करना।
(c) An independent media house having no pre-decided agenda./एक स्वतंत्र मीडिया घटना जिसका कोई भी पूर्व निर्धारित एजेंडा नहीं है।
(d) Media identifying issues and bringing them to the Public/मीडिया द्वारा मुद्दों को चिन्हित करना और उन्हें जनता तक पहुँचाना।

Ans. (d) : मीडिया के सन्दर्भ में 'एजेंडा तैयार करने' से अभिप्राय मुद्दों को चिन्हित करना और उन्हे जनता तक पहुचाना है। जनसंचार माध्यमों का प्रमुख कार्य सूचना देना है। सूचनाओं और विचारों के जरिये किसी देश और समाज का एजेंडा भी तय करते है। जब समाचार पत्र और समाचार चैनल किसी खास घटना या मुद्दे को प्रमुखता से उठाते है या उन्हे व्यापक कवरेज देते हैं तो वे घटनाएँ या मुद्दे आम लोगों में चर्चा का विषय बन जाता हैं किसी घटना या मुद्दे को चर्चा का विषय बनाकर जनसंचार माध्यम सरकार और समाज को उस पर अनुकूल प्रतिक्रिया करने के लिए बाध्य कर देते है।

34. Which of the following statements is true about secularism in India?/भारत में धर्मनिरपेक्षता के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) Neither state nor religion can interface in the affairs of one another./न राज्य न धर्म एक-दूसरे के मामलों में दखल दे सकते हैं।

(B) Indian state must maintain a principled distance from religion./भारतीय राज्य को धर्म से एक सैद्धांतिक दूरी बना कर रखना चाहिए।

(C) State cannot intervene in the personal laws of communities./राज्य समुदायों के निजी (पर्सनल) कानूनों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

(D) State is supposed prevent dominationof one religious community by another community. राज्य द्वारा प्रयास किया जाना चाहिए कि एक धार्मिक समुदाय दूसरे समुदाय पर प्रभुत्व स्थापित न करें।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D (d) A and D/ A और D

Ans. (c) : भारत में धर्मनिरपेक्षता के सन्दर्भ में राज्य द्वारा प्रयास किया जाना चाहिए कि एक धार्मिक समुदाय दूसरे समुदाय पर प्रभुत्व स्थापित न करें। भारतीय राज्य को धर्म से एक सैद्धांतिक दूरी बना कर रखना चाहिए। भारतीय संविधान में कहा गया है कि भारतीय राज्य धर्मनिरपेक्ष रहेगा। हमारे संविधान के अनुसार कोई एक धार्मिक समुदाय किसी दूसरे धार्मिक समुदाय को न दबाए। कुछ लोग अपने धर्म के सदस्यों को न दबाए और राज्य न तो किसी खास धर्म को थोपेगा और न ही लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनेगा।

35. The Indian parliament had reservation from 1952-2019 for which of the following?
1952 से 2019 तक भारतीय संसद में निम्नलिखित में से किनके लिए आरक्षण था-

(A) Scheduled Castes/अनुसूचित जातियाँ

(B) Anglo-Indian Community
एंग्लो-भारतीय समुदाय

(C) Women/महिलायें

(D) Scheduled Tribes/अनुसूचित जनजातियाँ

(a) A,B,C (b) B,C,D
(c) A,B,D (d) A,C,D

Ans. (c) : 1952 से 2019 तक भारतीय संसद में अनुसूचित जातियाँ, एग्लो-भारतीय समुदाय तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण था। भारत में आरक्षण की शुरूआत वर्ष 1882 में कोल्हापुर के महाराज साहू के द्वारा की गई थी यह आरक्षण महाराष्ट्र में लागू किया गया था। 1932 में महात्मा गाँधी और भीमराव अम्बेडकर के मध्य पूना समझौता हुआ जिसके तहत दलितों के लिए पृथक प्रतिनिधित्व के स्थान पर केन्द्रीय व राज्य व्यवस्थापिका में जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई। भारतीय मूल संविधान में अनु. 334 के अधीन आरक्षण की व्यवस्था (लोकसभा, राज्य विधानसभा) 10 वर्षों के लिए निर्धारित की गई थी।

36. Federal court of India is the predecessor of _____.
फेडरल कोर्ट ऑफ़ इंडिया _____का पूर्ववर्ती है।

(a) Supreme Court of India/सर्वोच्च न्यायालय
(b) Bombay High Court/बॉम्बे उच्च न्यायालय
(c) Delhi High Court/दिल्ली उच्च न्यायालय
(d) International Court/अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

Ans. (a) : फेडरल कोर्ट ऑफ़ इंडिया सर्वोच्च न्यायालय का पूर्ववर्ती है। फेडरल कोर्ट ऑफ़ इंडिया देश की सबसे बड़ी न्यायिक संस्था थी। यह 1 अक्टूबर 1937 को अस्तित्व में आया। इसका कामकाज संसद भवन के चेम्बर ऑफ प्रिसेस में किया जाता था। यह भारत के गणतंत्र घोषित होने के दो दिन बाद 28 जनवरी 1950 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना तक कार्य करता था। संविधान के भाग पाँच में अनु. 124 से 147 तक सर्वोच्च न्यायालय के संगठन, स्वतंत्रता, अधिकार क्षेत्र, शक्तियों एवं प्रक्रियाओं से संबंधित है।

37. Article 39A of the Indian Constitution places a duty on the state to provide _____ to citizens.
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत राज्य का यह कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को _____ उपलब्ध कराये।

(a) reservation of seats in public universities
सरकारी विश्वविद्यालयों में आरक्षण

(b) legal aid/कानूनी सहायता

(c) public distribution system
सार्वजनिक वितरण प्रणाली

(d) access to places of religious worship
धार्मिक उपासना की जगहों पर प्रवेश।

Ans. (b) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत राज्य का यह कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराये। संविधान के भाग 4 को 'राज्य की नीति के निदेशक तत्व' शीर्षक दिया गया है। इसके अन्तर्गत अनु. 36 से 51 तक कुल 16 अनु. शामिल हैं। संविधान का यह खण्ड आयरलैंड के संविधान से प्रभावित है। इसके माध्यम से संविधान राज्य को बताता है कि उसे सामाजिक न्याय तथा व्यक्तियों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए नैतिक दृष्टि से किन पक्षो पर बल देना चाहिए।

38. Justice Rajindar Sachar committee in 2005. examined the conomic and social mitralisation of which community?
न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर कमिटी द्वारा, 2005 में, किस समुदाय के आर्थिक व सामाजिक हाशियाकरण पर अध्ययन किया गया?

(a) Sikhs/सिक्ख (b) Parsis/पारसी
(c) Muslims/मुस्लिम (d) Christians/ईसाई

Ans. (c) : राजिंदर सच्चर 6 अगस्त से 22 दिसंबर, 1985 तक दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे। सेवानिवृत्ति के बाद वह पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज नामक एक प्रमुख मानवाधिकार समूह के साथ जुड़ गये। वे भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 में भारत के मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने के लिए गठित सच्चर समिति के अध्यक्ष थे।

39. What is the implied by putting-out system in the context of cloth industry in India?
भारत में कपड़ा उद्योग के संबंध में दादन व्यवस्था (पुटिंग-आउट प्रणाली) से क्या तात्पर्य हैं?

(a) merchant supplying raw material to the weaver and reciving finished product from him/her/व्यापारी द्वारा बुनकर को कच्ची सामग्री उपलब्ध करवाना और उससे बुना हुआ सामान (कपड़ा) लेना।
(b) weaver directly taking order from the consumer and supplying the finished product to him or her/बुनकर का उपभोक्ता से सीधे आर्डर लेना और उसे बुना हुआ सामान पहुँचाना।
(c) merchant sell cloths to garment factories through weavers and receiving commission from them/व्यापारी द्वारा बुनकरों के माध्यम से कपड़े को कारखाने में बेचना, और उससे कमीशन लेना।
(d) weaver selling directly to garment factories बुनकर द्वारा सीधे कपड़ा कारखाने में बेचना।

Ans. (a) : भारत में कपड़ा उद्योग के संबंध में ददनी प्रथा/दादन व्यवस्था (पुटिंग-आउट प्रणाली) से तात्पर्य व्यापारी द्वारा बुनकर को कच्ची सामग्री उपलब्ध करवाना और उससे बुना हुआ सामान (कपड़ा) लेना हैं। मुगल काल में वाणिज्य एवं व्यापार का विकास हुआ। मुगल काल में ऋण की सुविधा भी व्यापारियों को उपलब्ध थी। ऋण प्रदान करने की एक नई व्यवस्था ददनी प्रचलित थी। ददनी प्रथा के अन्तर्गत शिल्पियों को इसमे अग्रिम पैसा दे दिया जाता था और शिल्पियों को निश्चित अवधि तक व्यापारियों को माल तैयार कर देना होता था।

40. The change in the system in South Africa in 1994 led to the formation of which kind of government?
1994 में दक्षिण अफ्रीका में व्यवस्था बदलने से किस तरह की सरकार बनी?

(a) Apartheid government/रंगभेद सरकार
(b) Minority government/अल्पसंख्यक सरकार
(c) Monarchical government/राजतान्त्रिक सरकार
(d) Democratic government/लोकतांत्रिक सरकार

Ans. (d) : 1994 में दक्षिण अफ्रीका में व्यवस्था बदलने से लोकतांत्रिक सरकार बनी। रंगभेद वाली शासन व्यवस्था समाप्त हुई और सभी नस्ल के लोगों की मिली जुली सरकार का गठन हुआ। नए लोकतांत्रिक दक्षिण अफ्रीका के उदय के साथ ही अश्वेत नेताओं ने अश्वेत समाज से आग्रह किया कि सत्ता मे रहते हुए गोरे लोगों ने जो जुल्म किये थे उन्हे वे भूल जाएँ और गोरो को माफ कर दें। उन्होंने कहा कि आइए, अब सभी नस्लों तथा स्त्री-पुरूष की समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों सामाजिक न्याय और मानवाधिकार पर आधारित नए दक्षिण अफ्रीका का निर्माण करें।

41. Why do social science pedagogues no longer use the word civics' while teaching at the upper primary level?
सामाजिक विज्ञान के शिक्षणशास्त्री अब उच्च प्राथमिक स्तर पर पढ़ाते वक्त 'नागरिक शास्त्र' शब्द का प्रयोग क्यों नहीं करतें?

(A) civics grew out of a certain colonial past and hence required to be changed./नागरिक शास्त्र एक ख़ास औपनिवेशिक अतीत से पनपा हुआ है और इसलिए इसे बदलने की जरूरत है।
(B) It developed a critical outlook.
इसने एक आलोचनात्मक दृष्टिकोण समाहित किया।
(C) It only described government/यह केवल सहकारी संस्थाओं और कार्यक्रमों का विवरण देने पर ही केन्द्रित था।
(D) It limited the scope of this subject.
इसने इस विषय के दायरे का संकुचित रखा था।

(a) A and B only/केवल A तथा B
(b) A and C only/ केवल A तथा C
(c) A, C and D only/ केवल A, C तथा D
(d) B, C and D only/ केवल B, C तथा D

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षणशास्त्री अब उच्च प्राथमिक स्तर पर पढ़ाते वक्त 'नागरिक शास्त्र' शब्द का प्रयोग इसलिए नहीं करते क्योंकि नागरिक शास्त्र एक खास औपनिवेशिक अतीत से पनपा हुआ है और इसलिए इसे बदलने की जरूरत है। यह केवल सहकारी संस्थाओं और कार्यक्रमों का विवरण देने पर ही केन्द्रीत था। इसने इस विषय के दायरे को संकुचित रखा था।

42. The best effective strategy to generate historical imagination on the therme 'mosque' would be to_____
'मस्जिद' के विषय पर ऐतिहासिक कल्पना जागृत करने के लिए सबसे प्रभावी विधि होगी-

(a) narrate an anecdote around mosque.
मस्जिद के ऊपर एक किवदंती सुनाना।
(b) invite a resource person.
किसी विशेषज्ञ को निमंत्रित करना।
(c) organise a visit to a local mosque.
किसी स्थानीय मस्जिद की यात्रा आयोजित करना।
(d) screen a documentary film.
एक डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाना।

Ans. (c) : मस्जिद के विषय पर ऐतिहासिक कल्पना जागृत करने के लिए सबसे प्रभावी विधि किसी स्थानीय मस्जिद की यात्रा आयोजित करनी होगी क्योंकि प्रत्यक्ष से प्राप्त ज्ञान सुगम ढंग से मिलता है और कभी न भूलने वाला होता है। जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक और सहयोग की भावना का विकास होगा। इस विधि द्वारा विद्यार्थी बहुत कुछ सीख सकता है।

43. Maps, coins and time-lines are most suitable for teaching _____.
मानचित्र, सिक्के एवं समयरेखा _____ शिक्षण के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं।

(a) Economics/अर्थशास्त्र
(b) Political and Social life
राजनीतिक एवं सामाजिक विज्ञान
(c) History/इतिहास
(d) Socilogy/समाजशास्त्र

Ans. (c) : मानचित्र, सिक्के एवं समयरेखा इतिहास शिक्षण के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं। इतिहास भूतकाल की घटनाओं का अभिलेख है। इसमें प्रायः राजाओं, युद्धों एवं उनकी विजयों का इतिवृत्तात्मक वर्णन प्रस्तुत किया जाता है। इतिहास की घटनायें किसी एक विशेष काल में मानव व्यवहार के उदाहरणों को व्यक्त करती हैं। अतः इनका अध्ययन वर्तमान समय में हमारे व्यवहार को आवश्यक मार्गदर्शन देने में सहायक होगा।

44. Which of the following does not represent a primary source?/निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्त्रोत का प्रतीक नहीं हैं?

(A) Collection of daily weather records.
मौसम की दैनिक जानकारियों का संग्रह।

(B) Review of Economic Survey of India
भारत के आर्थिक सर्वेक्षण की समीक्षा

(C) Registration of births and deaths.
जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण।

(D) Replicas of dancing girl of Harppa.
हड़प्पा के 'नृत्य करती हुई लडकी' का प्रतिरूप ।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A and B only/केवल A एवं B
(b) A and C only/ केवल A एवं C
(c) Only D./ केवल एवं D
(d) Only A,B and C/ केवल A,B एवं C

Ans. (c) : प्राथमिक स्रोत का प्रतीक हड़प्पा के 'नृत्य करती हुई लड़की' का प्रतिरूप नहीं है, जबकि मौसम की दैनिक जानकारियों का संग्रह, भारत के आर्थिक सर्वेक्षण की समीक्षा तथा जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण प्राथमिक स्रोत के प्रतीक है।

45. In social science teaching,'community' can be an important resource as_____
समाज विज्ञान के शिक्षण में 'समुदाय' एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं क्योंकि:-

(a) It is inexpensive and accessible
यह सस्ता और सुलभ है।
(b) the older people are wise and have time
वृद्ध लोग बुद्धिमान होते हैं और उनके पास समय है।
(c) community knowledge can be accepted uncritically/समुदाय के ज्ञान को बिना आलोचना के स्वीकार किया जा सकता है।
(d) it provides opportunity to learn in real settings./यह वास्तविक परिस्थिति में सीखने का अवसर प्रदान करता है।

Ans. (d) : समाज विज्ञान के शिक्षण में 'समुदाय' एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं क्योंकि समुदाय वास्तविक परिस्थिति में सीखने का अवसर प्रदान करता है। समुदाय बालक की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण सक्रिय तथा अनौपचारिक साधन है। जिस प्रकार बालक की शिक्षा पर परिवार तथा स्कूल का गहरा प्रभाव पड़ता है, उसी प्रकार समुदाय भी बालक के व्यवहार में इस प्रकार से परिवर्तन करता है कि वह उस समूह के कार्यो में सक्रिय रूप से भाग लेने के योग्य बन जाता है जिसका वह सदस्य है।

46. Statement A: The term 'Hindustan' was used by Minjhaj-e-Siraj which included parts of North India but did not include North-East India.
कथन A: 'हिन्दुस्तान' शब्द का प्रयोग मिन्हाज-ए-सिराज ने किया था जिसमें उत्तर भारत के भागों का समावेश था किन्तु उत्तरपूर्व भारत का समावेश नहीं था।
Statement B: History pedagogues have to be careful about the terms they use today because they meant different things int he past.
कथन B: किसी भी शब्द का प्रयोग करने में इतिहास के शिक्षणशास्त्रियों को बहुत सावधान रहना चाहिए क्योंकि अतीत में उन शब्दों के कुछ अलग ही अर्थ थे।

(a) (A) is true but (B) is false.
B सही है किन्तु B गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true
B गलत है किन्तु B सही है।
(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ A एवं B दोनों सही है तथा A का सही व्याख्यान B है।
(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)./A एवं B दोनों सही है किन्तु (A) का सही व्याख्यान (B) नहीं है।

Ans. (c) : हिन्दुस्तान' शब्द का प्रयोग मिन्हाज-ए-सिराज ने 13वीं शताब्दी में किया गया था। फारसी इतिहासकार मिन्हाज-ए-सिराज जब 13वीं शताब्दी में हिन्दुस्तान आया तो उसने हिन्दुस्तान शब्द का प्रयोग उस क्षेत्र के लिए किया, जिसमें उत्तर भारत के भागों पंजाब, हरियाणा और गंगा जमुना के बीच में स्थित क्षेत्रों का समावेश था। किसी भी शब्द का प्रयोग करने में इतिहास के शिक्षणशास्त्रियों को बहुत सावधान रहना चाहिए क्योंकि अतीत में उन शब्दों के कुछ अलग ही अर्थ थे और वर्तमान में उनके कुछ अलग अर्थ समझे जाते है।

47. Statement (A): Children should be taught' social and political life' in the form of fictional narratives or case studies or exercises that draw on child's experiences.
कथन (A): बच्चों को 'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' काल्पनिक वृतांतों अथवा 'केस स्टडी' या उन अभ्यासों के आधार पर पढ़ाया जाए जो बच्चों के अपने अनुभवों से जुड़े हों।
Statement (B): Children learn through concept experiences.
कथन (B): बच्चे ठोस अनुभवों के माध्यम से सीखते हैं।

(a) (A) is true but (B) is false
(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true
(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ (A) एवं (B) दोनों सही हैं। तथा (A) का सही व्याख्यान (B) है।
(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/ (A)/एवं (B) दोनों सही है किन्तु (A)/का सही व्याख्यान नहीं (B) है।

Ans. (c) : बच्चों को 'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' काल्पनिक वृतांतों अथवा 'केस स्टडी' या उन अभ्यासों के आधार पर पढ़ाया जाए जो बच्चों के अपने अनुभवों से जुड़े हों क्योंकि बच्चें ठोस अनुभवों के माध्यम से सीखते है। वास्तव में अनुभव से सीखना यानी खुद करके सीखना है। यह किसी और को करते हुए देखकर या किसी को सुनकर या किताब पढ़कर सीखने से बिल्कुल अलग हैं इस तरह अनुभव से हासिल समझ, सीखने वाले में आत्मविश्वास पैदा करती है। यह आत्मविश्वास किताबी ज्ञान से नहीं मिलता है।

48. Statement (A) : History is myth
कथन (A) : इतिहास मिथ्या है।
Statement (B): History is based on interpretation of sources.
कथन (B): इतिहास स्रोतों की व्याख्या पर आधारित है।

(a) (A) is true but (B) is false
(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true
(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ (A) एवं (B) दोनों सही हैं। तथा (A) का सही व्याख्यान (B) है।

(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/ (A) एवं (B) दोनों सही है किन्तु (A)/का सही व्याख्यान नहीं (B) है।

Ans. (b) : इतिहास मिथ्या नही है क्योंकि मिथ्या का अर्थ है झूठा, काल्पनिक, असत्य या भ्रम। अंग्रेजी मिथक किसी भी कथा को संदर्भित करता है जो कुछ अभ्यास परंपरा या विश्वास की उत्पत्ति की व्याख्या करता है और इसके कुछ ऐतिहासिक, धार्मिक या अलौकिक आधार है। जबकि इतिहास स्रोतों की व्याख्या पर आधारित है। भारत में इतिहास के स्रोत हैः ऋग्वेद और अन्य वेद जैसे यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, स्मृति ग्रंथ आदि। इन्हें ऐतिहासिक सामग्री कहते हैं पश्चिम में हेरोडोट्स को प्रथम इतिहासकार मानते है।

49. Statement (A): The syllabus of social science has scope for getting expanded.
कथन (A): समाज विज्ञान के पाठ्यक्रम के दायरे के विस्तृत होने की संभावना बनी रहती है।

Statement (B): Children bring in a lot of what happens in the outside world to the classroom.
कथन : बच्चे बाहरी दुनिया के तमाम अनुभवों को कक्षा में लेकर आते हैं।

(a) (A) is true but (B) is false
(A) सही है किन्तु (B) गलत है।

(b) (A) is false but (B) is true
(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ (A) एवं (B) दोनों सही हैं। तथा (A) का सही व्याख्यान (B) है।

(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/ (A)एवं (B) दोनों सही है किन्तु (A)/का सही व्याख्यान नहीं (B) है।

Ans. (c) : कथन A और B दोनों सही है तथा A की सही व्याख्या B है।
समाज (सामाजिक) विज्ञान के पाठ्यक्रम के दायरे की विस्तृत होने की संभावना बनी रहती है क्योंकि इसमें सभी पक्ष आते है जिसके द्वारा विद्यालय, कक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल के मैदान आदि के क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों द्वारा छात्र अनुभव प्राप्त करते है और बच्चे बाहरी दुनिया के तमाम अनुभवों को कक्षा में लेकर आते है। पाठ्यक्रम बच्चे के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास पर बल देता है, जिससे कि बालक वातावरण तथा समाज में अपना सामंजस्य स्थापित कर सकें।

50. In a class if a teacher fixes people of a particular region into one image, the teacher is promoting _____.
किसी कक्षा में यदि शिक्षक/शिक्षिका किसी क्षेत्र में लोगों को किसी एक निर्धारित छवि में बाँध देता/देती है, तब वह _____को बढ़ावा दे रहा/रही है।

(a) diversity/विविधता को
(b) stereotype/रूढ़िबद्ध धारणा को
(c) multiculturalism/बहुसंस्कृतिवाद को
(d) secularism/पंथनिरपेक्षवाद को

Ans. (b) : कक्षा में यदि शिक्षक किसी क्षेत्र में लोगों को किसी एक निर्धारित छवि में बाँध देता है, तब वह रूढ़िबद्ध धारणा को बढ़ावा दे रहा है क्योंकि जब हम किसी व्यक्ति को एक खास छवि में बाँध देते है या उसके बारे में पहले से कोई धारणा पाल लेते है तो इसे रूढ़िबद्ध धारणा कहते है।
जैसे- ऐसा माना जाता है कि लड़कियों को धीमी आवाज में बात करनी चाहिए और सबकी बात माननी चाहिए। लड़कियों को संगीत एवं चित्रकला में रूचि लेनी चाहिए। लड़कियों के लिए जरूरी है खाना बनाना, साफ सफाई करना और घर के काम काज करना सीखें। लड़के नटखट और गुस्सैल होते है। हर लड़के को बड़े होकर पैसा कमाना होता है और परिवार पालना होता है। लिंग पर आधारित रूढ़िबद्ध धारणाओं को अक्सर फिल्मों, विज्ञापनों और टेलीविजन धारावाहिकों में दिखाया जाता है।

51. The pedagogical process in social science emphasise on an epistemology, where textbooks are;/समाजिक विज्ञान में शैक्षणिक प्रक्रियाएँ एक ऐसी ज्ञानमीमांसा पर जोर देती हैं, जहाँ पाठ्यपुस्तकः

(A) suggestive of a particular way of understanding issues./मुद्दों को समझने का एक विशेष रास्ता होती हैं।

(B) developed as a 'closed box'
एक 'बंद बक्से' की तरह विकसित होती है।

(C) have a 'mainstream' account of the past.
अतीत की 'मुख्यधारा' का लेखा जोखा होती है।

(D) developed as a dynamic document.
एक परिवर्तनात्मक दस्तावेज़ के रूप में बनती हैं।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A and C only/केवल A तथा C
(b) A and D only/ केवल A तथा D
(c) B and C only/ केवल B तथा C
(d) B, C and D only./ केवल B, C तथा D

Ans. (b) : समाजिक विज्ञान में शैक्षणिक प्रक्रियाएँ एक ऐसी ज्ञानमीमांसा पर जोर देती हैं, जहाँ पाठ्यपुस्तक मुद्दों को समझने का एक विशेष रास्ता होता हैं और एक परिवर्तनात्मक दस्तावेज के रूप में बनती है। शैक्षिक क्षेत्र में विद्यालय के पाठ्यक्रम चयन व निर्धारण प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से ज्ञानमीमांसा से प्रभावित रहता है। ज्ञानमीमांसा के अंतर्गत तीन समस्याओं का अध्ययन किया जाता है ज्ञान की उत्पत्ति, ज्ञान का स्वरूप और ज्ञान की सत्यता की कसौटी या ज्ञान की प्रमाणिकता।

52. Which discussing the theme on 'sources' a social science teacher may make the learners more/'स्रोत' थीम पर चर्चा करते समय एक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक अधिगमकर्ताओं की सहभागिता को कैसे बढ़ा सकता है?

(A) avoiding linkages with lives of the learners.
अधिगमकर्ताओं के जीवन से जुड़ाव से बचना।

(B) motivating to read more on sources.
स्रोतों पर और अधिक पढ़ने के लिए प्रेरित करना।

(C) discouraging to make their own interpretation./अपने स्वयं की व्याख्या बनाने को हतोत्साहित करना।

(D) raising questions and adding to the body of information./ प्रश्न पूछना और सूचना के कोष में अभिवृद्धि करना।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A and B only/ A और B
(b) B and C only/ B और C
(c) B and D only/ B और D
(d) C and D only/ C और D

Ans. (c) : थीम पर चर्चा करते समय एक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक अधिगमकर्त्ताओं की सहभागिता को स्रोतो पर और अधिक पढ़ने के लिए प्रेरित करना, प्रश्न पूछना और सूचना के कोष में अभिवृद्धि करके बढ़ा सकता है, क्योंकि जब हम बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेगें तो बच्चा अधिगम कार्य अधिक सक्रिय होकर रूचिपूर्ण ढ़ंग से करेगा। हम बच्चे से बीच-बीच में प्रश्न पूछकर और सूचना कोषो में वृद्धि करके भी पढ़ाते है। लेकिन अधिगमकर्त्ताओं के जीवन से जुड़ाव से बचना, अपने स्वयं की व्याख्या बनाने के लिए हतोत्साहित करना। यह अधिगमकर्त्ताओं की सहभागिता को नहीं बढ़ा सकता है क्योंकि अधिगमकर्त्ताओं के जीवन के जुड़ाव से जुड़कर अधिगम कार्य करना चाहिए और बच्चे के स्वंय की व्याख्या बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

53. How can social science teachers deal with children who are inattentive in the classroom?
कक्षा में न ध्यान देने वाले विद्यार्थियों के प्रति सामाजिक विज्ञान के शिक्षक किस तरह का व्यवहार करेंगे?

(A) Make them busy by asking to learn more dates and facts./उन्हें और अधिक तिथि और तथ्यों को याद करने के लिए कहेंगे और उन्हें व्यस्त रखेंगे।

(B) Talk to them and find out reasons for their disinterest./ उनसे बातचीत करेंगे तथा उनकी अरुचि के कारण जानने का प्रयास करेंगे।

(C) encourage them to share their experience around the theme under discussion
उन्हें चर्चा में आए विषयों के इर्द-गिर्द अपने अनुभवों को साक्षा करने को प्रोत्साहित करेंगे।

(D) give them a lot of tough worksheets as homework./उन्हें बहुत कठिन कार्यपत्र तथा गृहकार्य देंगे।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें।

(a) A and B only/केवल A तथा B
(b) A, C and D only/केवल A, C तथा D
(c) A and D only/केवल A तथा D
(d) B and C only/केवल B तथा C

Ans. (d) : कक्षा में न ध्यान देने वाले विद्यार्थियों के प्रति सामाजिक विज्ञान के शिक्षक का व्यवहार उनसे बातचीत करेंगे तथा उनकी अरूचि के कारण जानने का प्रयास करेगे, उन्हे चर्चा में आये विषयों के इर्द-गिर्द अपने अनुभवों को साझा करने को प्रोत्साहित करेगे। हम कभी भी विद्यार्थियों को तिथि और तथ्यों को याद करने के लिए उन्हे व्यस्त रखेंगे, उन्हें बहुत कठिन कार्यपत्र तथा गृहकार्य नही देगे क्योंकि ऐसा करने से उनकी मानसिक चिंतन का विकास अच्छे ढ़ंग से नहीं हो पायेगा।

54. Complete the sentence with the most appreciate option./सबसे उचित विकल्प का चयन करें तथा वाक्य पूरा करें-
The role of a social science teacher should be to _____./एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए_____

(a) encorage all learners to frame questions of high cognitive abilities./उच्च संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले प्रश्नों के निर्माण करने के लिए सभी शिक्षार्थियों को प्रेरित करना।
(b) provide rich variety of learning experiences to learners./शिक्षार्थियों को सीखने के विभिन्न अनुभवों को प्रचुरता में प्रदान करना।
(c) provide prouduct based teaching-learning environment to learners./शिक्षार्थियों को उत्पाद आधारित शिक्षण-अधिगम पर्यावरण प्रदान करना।
(d) guide learners to practice the memorization of creative ideas./सृजनात्मक विचारों को रटने के अभ्यास में शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करना।

Ans. (b) : शिक्षार्थियों को सीखने के विभिन्न अनुभवों की प्रचुरता में प्रदान करना एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए। एक शिक्षक का कर्त्तव्य होता है कि वह शिक्षार्थियों को सिखाने के लिए उसके अनुभवों को भी प्राथमिकता दे क्योंकि जब हम बालक के अनुभवों को प्रचुरता प्रदान करेगे तो शिक्षार्थियों को लगेगा कि उनके सोच विचार को सम्मान दिया जा रहा है। वे जो भी कर रहे है अच्छा कर रहे है जिससे शिक्षार्थी और अच्छे ढ़ंग से अधिगम कार्य करेगा।

55. Contemporary understanding of social science pedagogy encourages teachers to do all of the following except:
सामाजिक विज्ञान शिक्षणशास्त्र की समसामयिक समक्ष अध्यापको को निम्नलिखित सभी को करने को प्रोत्साहित करती है, केवल इसको छोड़कर:

(a) maintain status quo./यथा-स्थिति बनाए रखने को।
(b) create opportunities to guess and verify with the help of sources./स्रोतों की मदद से अनुमान लगाने व सत्यापन करने के अवसर उत्पन्न करना।
(c) develop the skill of systematic reasoning in students./शिक्षार्थियों में सुव्यवस्थित तर्क करने के कौशल को विकसित करना।
(d) Present history as a process.
इतिहास को एक प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान शिक्षणशास्त्र की समसामयिक समझ अध्यापकों को स्रोतों की मदद से अनुमान लगाने व सत्यापन करने के अवसर उत्पन्न करना शिक्षार्थियों में सुव्यवस्थित तर्क करने के कौशल को विकसित करना, इतिहास को एक प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना इन सभी को करने के लिए प्रोत्साहित करती है, केवल यथा-स्थिति बनाये रखने को छोड़कर क्योंकि किसी बात या विषय की वह स्थिति जो किसी विशिष्ट समय में रही हो अथवा प्रस्तुत समय में हो उसी रूप में प्रस्तुत करना यह सही नही है।

56. Statement (A) : A social science teacher should avoid discussing controversial issues in upper primary classes.
कथन (A) : एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को उच्च प्राथमिक कक्षाओं में विवादास्पद मुद्दों को पढ़ाने से बचना चाहिए।

Statement (B) : Controversies occur as 'sources' in history do not speak on their own.
कथन (B) : विवाद उत्पन्न होते हैं क्योंकि इतिहास में 'स्रोत' अपने आप बोलते नहीं।

(a) A is true but B is false;/ A सही है किन्तु B गलत है।
(b) A is false but B is true/ A गलत है किन्तु B सही है।
(c) Both A and B are true and B is the correct explanation of A./ A एवं B दोनों सही है तथा A का सही व्याख्यान B है।
(d) Both A and B are true but there is no realtionship between the two statements.
A एवं B दोनों सही है किन्तु दोनों कथनों में कोई संबंध नहीं है।

Ans. (b) : A गलत है किन्तु B सही है।
एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को उच्च प्राथमिक कक्षाओं में विवादास्पद मुद्दों को पढ़ाने से बचना चाहिए यह कथन गलत है क्योंकि विवादास्पद मुद्दों पर बालकों से तर्क-वितर्क करना चाहिए तभी शिक्षक को पता चलेगा कि बालक को समझने में कहाँ समस्या हो रही है और जहाँ समस्या हो रही हो। उसका तुरन्त निवारण करना चाहिए। विवाद उत्पन्न होते है क्योंकि इतिहास में स्रोत अपने आप बोलतें नही है यह कथन सही है। क्योंकि इतिहास के स्रोत को किसी ने देखा नही है। वह सभी जगह सिर्फ अनुमानों के आधार पर लिख दिया गया है कि कब, क्या, कैसे हुआ है। इसलिए इतिहास के स्रोत विवाद उत्पन्न करते है।

57. A sense of 'times' and 'space' can be developed by using :/समय और स्थान की समक्ष को विकसित करने के लिए उपयोग करना होगा-

(a) Only maps/केवल मानचित्र
(b) Only timelines/केवल समयरेखाएँ
(c) Maps and timelines only/मानचित्र एवं समयरेखाएँ
(d) globe and maps/ग्लोब तथा मानचित्र

Ans. (c) : समय और स्थान की समक्ष को विकसित करने के लिए मानचित्र एवं समय रेखाओं का उपयोग करना चाहिए। जब हम पूरी पृथ्वी का अध्ययन करना चाहते है तब ग्लोब हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होता है लेकिन, जब हम पृथ्वी के किसी एक देश, राज्य, जिला, शहरों, गाँवो स्थान के बारे में अध्ययन करना होता है तो हम मानचित्र का उपयोग करते है। मानचित्र किसी बड़े भू-भाग को छोटे रूप में प्रस्तुत करते है जबकि समय रेखाएँ एक खींची गई रेखा के साथ घटनाओं के कालानुक्रमिक अनुक्रम में प्रस्तुति है समय सीमा किसी भी प्रकार के विकास का दस्तावेजीकरण करने, समझने में आसान इतिहास प्रदान करने और दर्शकों को अतीत और चल रहे रूझानों को समझने में मदद करने के लिए उपयोगी है। एक समय रेखा मील के पत्थर, समय सीमा और परियोजना के जीवन चक्र पर अन्य महत्वपूर्ण तिथियों और घटनाओं को दर्शाती है।

58. You are a social science teacher in Bhopal. To familiarise your students with the habitat of pre-historic people, which would be the best pedagogical strategy?/आप भोपाल में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक हैं। पूर्व-इतिहास काल के लोगों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए सर्वोत्तम शिक्षणशास्त्रीय विधि कौन-सी होगी?

(a) Visit to Bhimbetaka/भीमबेटका का भ्रमण
(b) Reading from a text of Madhya Pradesh Tourism Department and discussion.
मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग से प्रकाशित एक पुस्तक से पठन एवं चर्चा।
(c) Inviting an expert from Delhi for a lecture.
व्याख्यान के लिए दिल्ली से एक विशेषज्ञ को आमंत्रित करना।
(d) Visit to an archives./एक अभिलेखागार का भ्रमण।

Ans. (a) : आप भोपाल में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक हैं। पूर्व-इतिहास काल के लोगों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए सर्वोत्तम शिक्षणशास्त्रीय विधि भीमबेटका का भ्रमण होगी। भीमबेटका का भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि मानव द्वारा बनाये गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 45 km दक्षिणपूर्ण में स्थित है। भ्रमण विधि एक रोचक विधि है। इसमे बालक प्रत्यक्ष रूप से चीजों को अवलोकन के माध्यम से सीखता है। जिससे प्राप्त ज्ञान स्थायी होता है। भ्रमण विधि में बालक हमेशा सक्रिय रहते है।

59. Which of the following can be used as pedagogic aids to understand the Partition of India?/भारत के विभाजन को समझने के लिए कौन-से शैक्षणिक सहायक सामाग्रियाँ उपयोग में लाई जा सकती हैं?

(A) Black and Red pottery found in Punjab
पंजाब से पाए काले एवं लाल रंग के मृदभांड
(B) Narratives/कथानक
(C) Images/छवियाँ
(D) Punch marked coins/आहत सिक्के

(a) A and B only/केवल A तथा B
(b) A and D only/केवल A तथा D
(c) B and C only/केवल B तथा C
(d) B and D only/केवल B तथा D

Ans. (c) : भारत के विभाजन को समझाने के लिए कथानक और छवियाँ शैक्षणिक सहायक सामग्रियाँ उपयोग में लाई जा सकती हैं। वर्तमान समय में किसी ने भारत का विभाजन नही देखा है इसलिए लोगो को कथा या व्याख्या के माध्यम से, छवियाँ या चित्र दिखाकर बताया जाता है कि कब क्या-क्या और कैसे-कैसे भारत का विभाजन हुआ।

60. A social science teacher should aim towards:
एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक/शिक्षिका का निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य होना चाहिए?

(A) Building perspective on our pasts.
हमारे अतीत पर दृष्टिकोण (पर्सपैक्टिव) का निर्माण करना।
(B) memorisationof dates correctly
तिथियों को सटीक रूप से कंठस्थ करना।
(C) glorifying our fast.
हमारे अतीत को गौरवशाली बनाना।
(D) pointing out only conflicts between communities/समुदायों के बीच केवल विरोधों/द्वंद्वों को इंगित करना।

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) Only A and B/केवल A तथा B
(d) Only A, C, and D/केवल A, C, तथा D

Ans. (a) : एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक/शिक्षिका का हमारे अतीत पर दृष्टिकोण (पर्सपैक्टिव) का निर्माण करने का लक्ष्य होना चाहिए। जबकि तिथियों को सटीक रूप से कंठस्थ करना, हमारे अतीत को गौरवशाली बनाना, समुदायों के बीच केवल विरोधों/ द्वंद्वो को इंगित करने का लक्ष्य नही होना चाहिए।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2020

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 31 जनवरी, 2021)

Directions : Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. Statement (A) : Chola temples were the hub of religious, social and cultural life.
Statement (B) : Chola bronze images were of deities but sometimes also of devotees.
कथन (A) : चोल मंदिर धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र थे।
कथन (B) : चोल काँस्य प्रतिमाएँ देवी देवताओं की थी पर कुछ प्रतिमाएँ भक्तों की भी थी।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।
(c) (A) is true, but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (b) : द्रविड़ शैली में निर्मित चोल कालीन मंदिर धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र थे। इन मंदिरों के भीतरी भाग (गर्भगृह) में देवी-देवताओं की कांस्य मूर्तियाँ स्थापित की जाती थी। इसके अलावा इन मंदिरों में कुछ प्रतिमाएँ राजाओं एवं भक्तों की भी होती थी, राजाओं की मूर्तियाँ स्थापित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य राजा को देवता के रूप में प्रचारित करना था।
इस प्रकार उपर्युक्त विवरणों से स्पष्ट है कि दिये गये प्रश्नगत कथनों में कथन 'A' और 'B' दोनों सही हैं परन्तु कथन 'A' का सही स्पष्टीकरण 'B' नहीं है।

2. Statement (A) : The authors of 'tawarikhs' during the Delhi Sultans advised on preserving an ideal social order based on 'birthright' and 'gender distinctions'.
Statement (B) : Their Ideas were shared by everybody.
कथन (A) : दिल्ली के सुल्तानों के समय 'तवारीख' के लेखकों ने 'जन्मसिद्ध अधिकार' और 'लिंगभेद' पर आधारित आदर्श समाज व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी।
कथन (B) : उनके विचारों से सारे लोग सहमत होते थे।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं किन्तु A का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।
(c) (A) is true but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (c) : दिल्ली सुल्तानों के समय 'तवारीख' के लेखक शासकों को 'जन्म सिद्ध अधिकार' और लिंग भेद पर आधारित 'आदर्श' समाज व्यवस्था को बनाए रखने की सलाह देते थे। उनके विचारों से सारे लोग सहमत नहीं होते थे।
इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है दिये गये कथनों में कथन 'B' गलत है।

3. Statement (A) : Raziya changed her name on her inscriptions and pretended she was a man.
Statement (B) : Authors of tawarikhs used social and gender differences to argue that men are superior to women.
कथन (A) : रज़िया ने अपने अभिलेखों में अपना नाम पुरूषों जैसा लिखकर अपने पुरूष होने का भ्रम पैदा किया।
कथन (B) : तवारीख के लेखकों ने सामाजिक तथा लिंगभेद को आधार बनाकर यह तर्क दिया कि पुरुष स्त्रियों की तुलना में श्रेष्ठ होते हैं।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A) / (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A) /(A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।
(c) (A) is true, but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (d) : सल्तनत काल में तवारीख के लेखक अक्सर शासकों को जन्मसिद्ध अधिकार और लिंग भेद पर आधारित 'आदर्श' समाज व्यवस्था बनाये रखने की सलाह देते थे जैसे मिन्हाज ए. सिराज जो कि 13वीं शताब्दी का फ़ारसी इतिहासकार था, उसका विचार था कि ईश्वर ने जो आदर्श समाज व्यवस्था बनाई है उसके अनुसार स्त्रियों को पुरूषों के अधीन होना चाहिए।
रजिया ने अपने अभिलेखों और सिक्कों पर अंकित करवाया कि वह सुल्तान इल्तुतमिश की बेटी थी। जबकि काकतीय वंश की रानी रुद्रम्मा देवी ने अपने अभिलेखों में अपना नाम पुरुष जैसा लिखवाकर अपने पुरुष होने का भ्रम पैदा किया था।
इस प्रकार स्पष्ट है दिये गये कथनों में कथन 'A' गलत है जबकि कथन 'B' सही है।

4. Statement (A) : Akbar, Jahangir and Shahjahan followed the idea of Sulh-I-Kul (universal peace) as principles of governance.
Statement (B) : Akbar's interactions with people connected with faiths, made him realise that religious scholars who emphasised rituals and dogmas were often bigots.
कथन (A) : अकबर, जहाँगीर और शाहजहाँ ने सुलह-ए-कुल (सर्वत्र शांति) के विचार के शासन का सिद्धान्त बनाया।
कथन (B) : विभिन्न धर्मों से जुड़े हुए व्यक्तियों के साथ विचार-विमर्श से अकबर की समझ बनी कि जो विद्वान धार्मिक रीति और मतांधता पर बल देते हैं, वे अकसर कट्टर होते हैं।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का कारण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) का कारण (B) नहीं है।
(c) (A) is true, but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (a) : 1570 में अकबर जब फतेहपुर सीकरी में था, तो उसने उलेमा, ब्राह्मणों, जेसुइट, पादरियों और जरथ्रुस्ट धर्म के अनुयायियों के साथ इबादतखाना में धर्म के मामले पर चर्चा की। इस विचार विमर्श से अकबर की यह समझ बनी कि जो विद्वान धार्मिक रीति और मतांधता पर बल देते हैं, वे अकसर कट्टर होते हैं। उनकी शिक्षाएँ प्रजा के बीच विभाजन और असामंजस्य पैदा करती हैं ये अनुभव अकबर को सुलह-ए-कुल या 'सर्वत्र शांति' के विचार की ओर ले गये अबुल फज़ल ने सुलह-ए-कुल के इस विचार पर आधारित शासन-दृष्टि बनाने में अकबर की मदद की। शासन के इस सिद्धान्त को जहाँगीर एवं शाहजहाँ ने भी अपनाया।
इस प्रकार उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कथन 'A' और 'B' दोनों सही हैं और कथन 'A' का कारण कथन 'B' है।

5. Statement (A) : Under the Delhi Sultans and the Mughals the hierarchy between social classes decreased.
Statement (B) : The tribal societies were not divided into numerous unequal classes.
कथन (A) : दिल्ली के सुल्तानों और मुगलों के काल में श्रेणीबद्ध समाज ज्यादा सरल हो गया।
कथन (B) : जनजातीय समाज कई असमान वर्गों में विभाजित नहीं था।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।
(c) (A) is true, but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (d) : भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से में समाज, वर्ण के नियमानुसार पहले से ही विभाजित था। ब्राह्मणों द्वारा सुझाव दिये गये ये नियम बड़े-बड़े राज्यों के राजाओं द्वारा स्वीकार किये गये थे इससे ऊँच-नीच तथा अमीर और गरीब के बीच का फ़ासला बढ़ा। दिल्ली के सुल्तानों और मुगलों के काल में श्रेणीबद्ध समाज ज्यादा जटिल हो गया।
अलबत्ता दूसरे तरह के समाज भी उस समय मौजूद थे। उपमहाद्वीप के कई समाज ब्राह्मणों द्वारा सुझाव गये नियमों और कर्मकांडो को नहीं मानते थे और न ही वे कई असमान वर्गों में विभाजित थे।
इस प्रकार उपर्युक्त विवरणों से स्पष्ट है दिये गये कथनों में कथन 'A' गलत हैं तथा कथन 'B' सही है।

6. Statement (A) : Bahadur Shah Zafar wrote letters to all the chiefs and rulers to organise a confederacy of Indian states to fight the British.
Statement (B) : Bahadur Shah Zafar's decision of bless the rebellion of 1857 changed the entire situation dramatically.
कथन (A) : बहादुर शाह ज़फर ने मुखियाओं और शासकों को चिट्ठी लिखकर अंग्रेजों से लड़ने के लिए भारतीय राज्यों का एक संघ बनाने का आह्वान किया।
कथन (B) : बहादुर शाह ज़फर के 1857 के बगावत को अपना समर्थन देने के फैसले ने स्थिति रातोंरात पीड़ित बगावतियों के पक्ष मं बदल दी।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) was ensured because of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं एवं (A) ने (B) को सुनिश्चित किया।
(b) Both (A) and (B) are true but (A) has no relationship with (B)/(A) और (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) और (B) के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है।
(c) (A) is true but (B) is false
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (a) : 1857 विद्रोह के समय मेरठ के कुछ सिपाहियों की एक टोली 10 मई की रात दिल्ली पहुँची जैसे ही उनके आने की खबर फैली दिल्ली में तैनात टुकड़ियों ने भी बगावत कर दी और लाल किले के पास जमा हो गए, वे बादशाह से मिलना चाहते थे। बादशाह अंग्रेजों की भारी ताकत से दो-दो हाथ करने को तैयार नहीं थे, लेकिन सिपाही भी अड़े रहे। आखिरकार वे जबरन महल में घुस गये और उन्होंने बहादुर शाह को अपना नेता घोषित कर दिया। बूढ़े बादशाह को सिपाहियों की यह मांग माननी पड़ी। उन्होंने देश भर के मुखियाओं और शासकों को चिट्ठी लिखकर अंग्रेजों से लड़ने के लिए भारतीय राज्यों का एक संघ बनाने का आह्वाहन किया। जब बहादुर शाह ने बगावत को अपना समर्थन दे दिया तो स्थिति रातोंरात बदल गई।
इस प्रकार उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है प्रश्नगत कथनों में दोनों कथन सही हैं तथा कथन 'A' ने कथन 'B' को सुनिश्चित किया।

7. Which of the following is FALSE in the context of women, caste and reform during the colonial period?
औपनिवेशिक काल के दौरान महिलाएँ, जाति एवं सुधार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प गलत है?

(a) Vidyasagar suggested that widows could remarry/विद्यासागर ने विधवा-विवाह का सुझाव दिया।
(b) Prathana Samaj drew only upon Hindu texts/प्रार्थना समाज ने केवल हिन्दू ग्रंथों पर विचार-विमर्श किया।
(c) Pandita Ramabai founded a widow's home at Poona/पंडिता रमाबाई ने पूना में एक विधवागृह की स्थापना की।
(d) The knowledge of ancient texts helped the reformers promote new laws/प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान से सुधारकों को नए कानून बनवाने में मदद मिली।

Ans. (b) : औपनिवेशिक काल के दौरान महिलाएँ, जाति एवं सुधार के सन्दर्भ में दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) गलत है।
प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 ई. में केशवचन्द्र सेन की प्रेरणा से बम्बई में की गई। इस संस्था का प्रमुख उद्देश्य स्त्री शिक्षा, बाल-विवाह, विधवा पुनर्विवाह, जाति-पाँति का विरोध, पुरूषों तथा स्त्रियों के विवाह के लिए आयु बढ़ाना आदि के लिए कार्य करना था।

8. The state of Telangana was earlier part of which state of India?
तेलंगाना राज्य पहले भारत के किस राज्य का हिस्सा था?
(a) Maharashtra/महाराष्ट्र
(b) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Karnataka/कर्नाटक

Ans. (b) : तेलंगाना राज्य पहले भारत के आन्ध्र प्रदेश राज्य का हिस्सा था।
तेलंगाना, भारत के आन्ध्र प्रदेश राज्य से अलग होकर बना भारत का 29वाँ राज्य है। इसका गठन 2 जून 2014 को हुआ था।

9. Consider the following statements and select the option that indicates the correct role of media in the democracy:
निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दें और लोकतंत्र में संचार माध्यम की सही भूमिका का चयन करें :
(1) It should provide Information to citizens through news/इसे समाचार के माध्यम से नागरिकों को सूचना पहुँचानी चाहिए।
(2) It should provide the point of view of the advertiser, through its news programmes
इसे विज्ञापक के दृष्टिकोण को समाचार कार्यक्रमों के माध्यम से देनी चाहिए।
(3) It must discuss the views of all sections
इसे हर दृष्टिकोण की चर्चा करनी चाहिए।
(a) Only 1 and 3/केवल 1 और 3
(b) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(c) Only 1 and 2/केवल 1 और 2
(d) Only 2 and 3/केवल 2 और 3

Ans. (a) : लोकतंत्र में देश और संसार के बारे में समाचार देने और उनमें होने वाली घटनाओं पर चर्चा करने में संचार माध्यमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए संचार माध्यमों से नागरिक जान सकते हैं कि सरकार किस प्रकार काम कर रही है। जानकारी देने के सम्बन्ध में संचार माध्यम की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए यह आवश्यक है जानकारी संतुलित होनी चाहिए और इसे हर दृष्टिकोण की चर्चा करनी चाहिए।

प्रजातंत्र में संचार माध्यम की भूमिका
(1) संचार माध्यमों से नागरिक यह जान सकते हैं कि सरकार किस प्रकार काम कर रही है।
(2) संचार माध्यम निश्चित करते हैं कि किन बातों पर जनता का ध्यान केन्द्रित किया जाना है। इस प्रकार संचार माध्यम जनमत निर्माण का एक सशक्त माध्यम है।
(3) यह सरकार की नीतियों की समलोचना करते हैं।
(4) वह जनता को सरकारी नीतियों अथवा कार्यों के पक्ष और विपक्ष हेतु मंच प्रदान करते हैं।
इस प्रकार उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि लोकतंत्र में संचार माध्यम की भूमिका के सन्दर्भ में दिये गये कथनों में कथन (1) और (3) सही है।

10. Which of the following advertisements is <u>not</u> an example of gender stereotype?
निम्नलिखित में से कौन सा विज्ञापन रूढ़िवादी चित्रण (जेंडर-स्टोरीओटाइप) का उदाहरण <u>नहीं</u> है?
(a) A woman doing makeup in an advertisement for a lipstick/लिपस्टिक के विज्ञापन में एक महिला का मेक-अप करना।
(b) A woman being dropped by her husband to office in an advertisement for a car/गाड़ी के विज्ञापन में एक महिला को पति द्वारा ऑफिस (दफ्तर) छोड़ा जाना।
(c) A girl playing football in an advertisement for a sports shoe/स्पोर्ट्स जूते के विज्ञापन में एक लड़की फुटबॉल खेलती हुई।
(d) A mother making tea in an advertisement for a tea brand/चाय के विज्ञापन में एक माँ का सुबह चाय बनाना।

Ans. (c) : स्पोर्ट्स जूते के विज्ञापन में एक लड़की फुटबाल खेलती हुई, रूढ़िवादी चित्रण का उदाहरण नहीं है।
किम्बल यंग के अनुसार 'रुढ़युक्तियाँ' वह मिथ्या वर्गीकरण करने वाली धारणाएँ होती हैं जिसके साथ, नियमानुसार कोई प्रबल संवेगात्मक भावना, पसंद या ना पसंद की भावना स्वीकृति या अस्वीकृति की भावना जुड़ी होती है।
रुढ़युक्तियाँ नकारात्मक गुणों पर भी आधारित होती हैं और सकारात्मक गुणों पर भी।

11. Identify the continent from the given features A and B:
दिए गए लक्षणों A और B के आधार पर महाद्वीप की पहचान करें:
(1) It is the smallest continent that lies entirely in the Southern Himisphere/यह विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है जो पूरी तरह से दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है।
(2) It is also called an 'Island continent'
इसे 'द्वीपीय महाद्वीप' भी कहा जाता है।
(a) South America/दक्षिण अमेरिका
(b) Africa/अफ्रीका
(c) Antarctica/अंटार्कटिका
(d) Australia/ऑस्ट्रेलिया

Ans. (d) : आस्ट्रेलिया, दक्षिणी गोलार्द्ध में हिन्द महासागर व प्रशांत महासागर में स्थित क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है।
विश्व में आस्ट्रेलिया ही एक मात्र देश है जो पूरे महाद्वीप पर फैला है। इसलिए इसे 'द्वीपीय महाद्वीप' भी कहते हैं।

12. As we move away from the sun in the solar system,
सौर मण्डल में हम जैसे-जैसे सूर्य से दूर जाते है,

(a) size of the planets decreases gradually
ग्रहों का आकार क्रमशः घटता जाता है।

(b) Planets very close to the sun are made up of gases and liquids and the planets for away from the sun are made up of rocks
सूर्य के बहुत नजदीक के ग्रह गैस और तरल पदार्थों से बने होते हैं और सूर्य से बहुत दूर स्थित ग्रह चट्टानों से बने होते हैं।

(c) time taken by planets to complete one orbit around the sun increases/ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने की अवधि बढ़ती जाती है।

(d) time taken by planets to complete one orbit around the sun decrease/ग्रहों द्वारा सूर्य के चारो ओर एक परिक्रमण करने की अवधि घटती जाती है।

Ans. (c) : सौर मण्डल में हम जैसे-जैसे सूर्य से दूर जाते हैं। ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने की अवधि बढ़ती जाती है।

13. Imagine if the earth is not inclined towards the plane of its orbit, then
कल्पना करें यदि पृथ्वी अपने कक्षीय समतल की ओर नहीं झुकी होती तो,

(A) the circle of illumination will match with longitudinal lines/प्रदीप्ति वृत्त और देशांतर रेखाएँ एक दूसरे से मिल जाती।

(B) the circle of illumination will match with latitudinal lines/प्रदीप्ति वृत्त और अक्षांशीय रेखाएँ एक दूसरे से मिल जाती।

(C) there will be no seasonal variation in a particular region/किसी क्षेत्र विशेष में कोई मौसमी परिवर्तन नहीं होता।

(D) there will be more seasonal variation in a particular region/किसी क्षेत्र विशेष में ज्यादा मौसमी परिवर्तन होता।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन करें।

(a) B and C/B और C (b) B and D/B और D
(c) A and C/A और C (d) A and D/A और D

Ans. (c) : यदि पृथ्वी अपने कक्षीय समतल की ओर नहीं झुकी होती तो प्रदीप्त वृत्त और देशान्तर रेखाएँ एक-दूसरे से मिल जाती और किसी क्षेत्र विशेष में मौसमी परिवर्तन नहीं होता।

14. Consider the statement A, B, C about Autumn season in India and choose the correct answer :
भारत में शरद ऋतु के संबंध में कथन A, B और C पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) This season is also known as the south-west monsoon season/इस मौसम को दक्षिण-पश्चिम मानसून के नाम से भी जाना जाता है।

(2) Winds blow from the Bay of Bengal and Arabina sea towards the land in this season
इस मौसम में पवन, बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में स्थल की ओर बहती है।

(3) This season is marked by the onset and advance of monsoon/यह मौसम मानसून के आने तथा आगे बढ़ने का मौसम है।

(a) 2 and 3 are true, 1 is false
2 और 3 सही है, 1 गलत है।

(b) 1, 2, 3 all are false/1, 2 और 3 सभी गलत हैं।

(c) 1 and 2 are true, 3 is false
1 और 2 सही है, 3 गलत है।

(d) 1 and 3 are true, 2 is false
1 और 3 सही है, 2 गलत है।

Ans. (b) : दक्षिण पश्चिम मानसून या वर्षा के मौसम में पवन बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर की ओर बहती है। शरद ऋतु मानसून के लौटने का मौसम है। इस समय पवन स्थल भागों से लौटकर बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है। यह मानसून के लौटने का मौसम होता है। भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश में इस मौसम में वर्षा होती है।
इस प्रकार उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है भारत में शरद ऋतु के सम्बन्ध में दिये गये तीनों कथन गलत हैं। अतः विकल्प 'b' सही उत्तर होगा।

15. Which of the following rivers form the 'Sunderban Delta'?/निम्नलिखित में से कौन सी नदियाँ 'सुन्दरबन डेल्टा' का निर्माण करती है?

(a) Mahanadi and Godavari/महानदी एवं गोदावरी
(b) Krishna and Kaveri/कृष्णा एवं कावेरी
(c) Ganga and Brahmaputra/गंगा एवं ब्रह्मपुत्र
(d) Narmada and Tapi/नर्मदा एवं तापी

Ans. (c) : गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी सुन्दरवन डेल्टा का निर्माण करती है। यहाँ बड़ी तादाद में सुंदरी पेड़ मिलते हैं जिसके कारण इसका नाम सुन्दरवन डेल्टा पड़ा।
गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पूर्व एक विशाल डेल्टा का निर्माण करती है। इस डेल्टा का नाम 'सुन्दरवन' डेल्टा है।

16. Identify the atmospheric layer from the given features A and B :/दिये गए लक्षणों A और B के आधार पर वायुमंडलीय परत की पहचान करें :

(1) Meteorites burn up in this layer on entering from the space/अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का-पिंड इस परत में आने पर जल जाते हैं।

(2) Temperature declines with increasing height in this layer/इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान घटता है।

(a) Mesosphere/मध्यमंडल
(b) Thermosphere/बाह्यमंडल
(c) Troposphere/क्षोभमंडल
(d) Stratosphere/समतापमंडल

Ans. (a) : मध्यमण्डल वायुमण्डल की तीसरी परत है। यह समतापमंडल के ठीक ऊपर होती है। यह लगभग 80 किमी. की ऊँचाई तक फैली है। अंतरिक्ष में प्रवेश करने वाले उल्कापिण्ड इस परत में आने पर जल जाते हैं। इस मंडल में ऊँचाई के साथ-साथ तापमान में कमी होने लगती है और 80 किमी. की ऊँचाई तक पहुँचकर यह 100ºC हो जाता है। इस मंडल की ऊपरी परत को मध्य सीमा कहते हैं।

17. Insolation is associate with
आतपन का सम्बन्ध है

(a) Solar energy/सूर्य ऊर्जा के साथ
(b) Exosphere and its gases
बहिर्मंडल और उसमें होने वाली गैसों के साथ
(c) Air pressure/वायु दाब के साथ
(d) Seasonal winds/मौसमी पवनों के साथ

Ans. (a) : आतपन (Insolation) का सम्बन्ध सूर्य ऊर्जा के साथ है। पृथ्वी के पृष्ठ पर प्राप्त होने वाली ऊर्जा का अधिकतम अंश लघु तरंग दैर्ध्य के रूप में आता है। पृथ्वी को प्राप्त होने वाली ऊर्जा को 'आगामी सौर विकिरण' या छोटे रूप में सूर्याताप (Insolation) कहते हैं या सौर-स्थिरांक (Solar Constant) भी कहते हैं।

18. Match the following with appropriate choice :
उचित विकल्पों के साथ निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

(a)	Coniferous forests/शंकुधारी वन	(i)	Eastern margin of the continents/ महाद्वीपों का पूर्वी किनारा।
(b)	Mediterranean vegetation/ भूमध्यसागरीय वनस्पति	(ii)	Hardwood trees/ दृढ़ काष्ठ वाले वृक्ष
(c)	Tropical evergreen forests/ उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन	(iii)	Softwood evergreen trees/ नरम काष्ठ वाले सदाबहार वृक्ष
(d)	Temperate evergreen forests/ शीतोष्ण सदाबहार वन	(iv)	West and south-west margin of the continents/महाद्वीपों का पश्चिमी एवं दक्षिणी-पश्चिमी किनारा

(a) a-iii, b-ii, c- iv, d-i (b) a-i, b-iv, c-ii, d-iii
(c) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (d) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

Ans. (d) : सही मिलान इस प्रकार है-

(a)	शंकुधारी वन	(iii)	नरम काष्ठ वाले सदाबहार वृक्ष
(b)	भूमध्यसागरीय वनस्पति	(iv)	महाद्वीपों का पश्चिमी एवं दक्षिणी-पश्चिमी किनारा
(c)	उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन	(ii)	दृढ़ काष्ठ वाले वृक्ष
(d)	शीतोष्ण सदाबहार वन	(i)	महाद्वीपों का पूर्वी किनारा

19. Consider the two statements and choose the correct option :
दिये गये दोनों कथनों पर ध्यान दें और उचित विकल्प पर चयन करें :

Statement (A) : Sahara once used to be a lush green plain.
कथन (A) : सहारा रेगिस्तान एक समय में पूर्णतया हरा-भरा मैदान था।

Statement (B) : Cave painting in sahara depicts rivers, crocodiles, elephants, lions, cattle and goats.
कथन (B) : सहरा की गुफाओं से प्राप्त चित्र नदियाँ, मगर, हाथी, शेर, पशु तथा बकरियाँ दर्शाते हैं।

(a) Both (A) and (B) are true
(A) और (B) दोनों सही है।
(b) Both (A) and (B) are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, परन्तु (B) सही है।
(d) (A) is true, but (B) is false
(A) सही है, परन्तु (B) गलत है।

Ans. (a) : सहारा रेगिस्तान विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान है यह लगभग 8.54 लाख वर्ग किमी. के क्षेत्र में फैला है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि आज का सहारा रेगिस्तान एक समय में पूर्णतया हरा भरा मैदान था। सहारा की गुफाओं से प्राप्त चित्रों से ज्ञात होता है कि यहाँ नदियाँ तथा मगरमच्छ पाये जाते थे। हाँथी, शेर, जिराफ, शुतुरमुर्ग, भेड़, पशु तथा बकरियाँ सामान्य जानवर थे। परन्तु यहाँ के जलवायु परिवर्तन ने इसे बहुत गर्म शुष्क प्रदेश में बदल दिया है।
इस प्रकार उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है दिये गये प्रश्नगत कथनों में दोनों कथन सही हैं।

20. Consider the statements A, B, C on dolphin and choose the correct answer :
डॉल्फिन के बारे में दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) Dolphins are found in the fresh water of river Ganga and Brahmaputra/गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी के अलवण जल में डॉल्फिन पाई जाती हैं।
(B) Dolphin sanctuary is located in the state of Bihar/डाल्फिन अभयारण्य बिहार राज्य में अवस्थित है।
(C) The presence of dolphin is an indicator of the health of the river/डॉल्फिन की उपस्थिति से जल की शुद्धता का पता चलता है।

(a) B and C are correct but A is incorrect
B और C सही है, परन्तु A गलत है।
(b) A and B are correct but C is incorrect
A और B सही है, परन्तु C गलत है।
(c) A, B, C all are correct
A, B, और C तीनों सही हैं।
(d) A and C are correct but B is incorrect
A और C सही हैं, परन्तु B गलत है।

Ans. (c) : डॉल्फिन गंगा-ब्रह्मपुत्र-सिंधु-मेघना नदी अपवाह तंत्र, जिसमें भारत, नेपाल और बांग्लादेश शामिल है, में पायी जाती है।
बिहार के भागलपुर जिले में विक्रमशिला गंगेटिक डॉल्फिन अभ्यारण स्थित है।
यह स्तनधारी जन्तु (डॉल्फिन) गंगा नदी की शुद्धता को भी प्रकट करता है क्योंकि यह केवल शुद्ध और मीठे पानी में ही जीवित रह सकता है।
इस प्रकार स्पष्ट है डॉल्फिन के बारे में दिये गये प्रश्नगत तीनों कथन सही हैं।

21. Biogas is essentially a mixture of
बायोगैस अनिवार्य रूप से निम्न में से किन का मिश्रण है?

(a) Methane and Hydrogen/मिथेन और हाइड्रोजन
(b) Methane and Helium/मिथेन और हीलियम
(c) Methane and Carbon dioxide
मिथेन और कार्बन डाइऑक्साइड
(d) Methane and Nitrogen/मिथेन और नाइट्रोजन

Ans. (c) : बायोगैस अनिवार्य रूप से मिथेन और कार्बन डाईऑक्साइड का मिश्रण है। बायोगैस विभिन्न घटकों का मिश्रण है। इसके प्रमुख घटक मीथेन (55-75%) कार्बन डाई आक्साइड (25-50%) और अल्प मात्रा में हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोआक्साइड, अमोनिया इत्यादि।

22. Consider the statements A and B about resources and choose the correct answer.
संसाधन के बारे में कथन A और B पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

(A) All resources have economic value.
सभी संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है।
(B) Time and technology are two important factors that can change substance into resource.
समय और प्रौद्योगिकी दो महत्वपूर्ण कारक हैं जो पदार्थों को संसाधन में परिवर्तित कर सकते हैं।

(a) Both A & B are true and B is the correct explanation of A/A और B दोनों सही हैं और B सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A & B are true but B is not a correct explanation of A/A और B दोनों सही हैं परन्तु B सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is false, but B is true
A गलत है, परन्तु B सही है।
(d) A is true, but B is false
A सही है, परन्तु B गलत है।

Ans. (c) : मूल्य का अर्थ महत्व होता है, कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है जबकि कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य नहीं होता है। जैसे धातुओं का आर्थिक मूल्य होता है लेकिन एक मनोरम भूदृश्य का आर्थिक मूल्य नहीं होता परन्तु ये दोनों संसाधन महत्वपूर्ण हैं और मनुष्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।
इस प्रकार कथन 'A' गलत है। समय और प्रौद्योगिकी दो ऐसे महत्वपूर्ण कारक हैं जो पदार्थों को संसाधन के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। इस प्रकार कथन 'b' सही है।

23. Choose the correct group of conventional sources of energy from the following :
निम्न में से ऊर्जा के परंपरागत स्रोत के समूह की पहचान कीजिए :

(a) Hydel power, geothermal energy, tidal energy
जल-विद्युत, भू-तापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा
(b) Nuclear energy, solar energy, hydel power
परमाणु ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल-विद्युत
(c) Oil, natural gas, firewood
खनिज तेल, प्राकृतिक गैस, ईंधन
(d) Coal, firewood, biogas/कोयला, ईंधन, बायोगैस

Ans. (c) : खनिज तेल, प्राकृतिक गैस, ईंधन ऊर्जा के परम्परागत स्रोत के समूह हैं।
ऊर्जा के परंपरागत स्रोत वे हैं जो लंबे समय से सामान्य उपयोग में लाए जा रहे हैं। ईधन और जीवाश्मी ईंधन परम्परागत ऊर्जा के दो मुख्य स्रोत हैं।
पौधों और जानवरों के अवशेष जो लाखों वर्षों तक धरती के अन्दर दबे रहे थे, ताप और दाब के प्रभाव से जीवाश्मी ईंधनों में परिवर्तित हो गए। जीवाश्मी ईंधन, जैसे कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस परंपरागत ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं।

24. Match the types of natural resources (b) with their classification (a) :
प्राकृतिक संसाधनों के प्रकार को उनके वर्गीकरण के साथ मिलान करें :

A. (Classification Basis) (वर्गीकरण का आधार)	B. (Resource Type) (संसाधन के प्रकार)
(a) Level of development & use/ विकास व प्रयोग का स्तर	(i) Actual & Pontential/ वास्तविक और संभाव्य
(b) Origin/उद्गम	(ii) Biotic & Abiotic जैव और अजैव
(c) Distribution/वितरण	(iii) Ubiquitous and localised/सर्वव्यापक और स्थानिक
(d) Stock/भंडार	(iv) Renewable and Non-renewable/नवीकरणीय और अनवीकरणीय

(a) a-iii, b-iv, c-i, d-ii (b) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(c) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (d) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

Ans. (c) : संसाधनों का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है-

(a)	विकास के स्तर के आधार पर	-	संभाव्य और वास्तविक
(b)	उत्पत्ति (उद्गम) के आधार पर	-	जैव और अजैव
(c)	वितरण के आधार पर	-	सर्वव्यापक और स्थानिक
(d)	समाप्यता या भण्डार के आधार पर	-	नवीकरण योग्य और अनवीकरण योग्य

25. Statement (a) : Around 12,000 years ago, a shift to relatively warmer conditions led to development of grasslands in many areas in India/कथन (a) लगभग 12,000 साल पहले भारत में, कई क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के कारण घास वाले मैदान बनने लगे।

Statement (b) : There was an increase in the number of deer, antelopes, goat, sheep and cattle/कथन (b) : हिरण, बारहसिंघा, बकरी, भेड़ और मवेशी जैसे जानवरों की संख्या बढ़ी।

(a) Both (a) and (b) are true and (b) is the reason for (a)/(a) एवं (b) दोनों सही हैं अैर (a) का कारण (b) है।
(b) Both (a) and (b) are true but (b) is not the reason for (a)/(a) एवं (b) दोनों सही है, किन्तु (a) का कारण (b) नहीं है।
(c) (a) is true but (b) is false
(a) सही है, किन्तु (b) गलत है।
(d) (a) is false but (b) is true
(a) गलत है, किन्तु (b) सही है।

Ans. (b) : लगभग 12,000 साल पहले दुनिया की जलवायु में कई बड़े बदलाव आए और गर्मी बढ़ने लगी। इसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में घास वाले मैदान बनने लगे। इससे हिरण, बारह सिंघा, भेड़, बकरी और गाय जैसे उन जानवरों की संख्या बढ़ी, जो घास खाकर जिन्दा रह सकते हैं।
इससे स्पष्ट है प्रश्नगत कथनों में कथन A और B दोनों सही हैं परंतु कथन A का कारण 'B' नहीं है।

26. Which of the following is true in the context of 'sites'?/'पुरास्थलों' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है?

(A) These are places where remains of past were found/वह स्थान जहाँ वस्तुओं के अवशेष मिलते हैं।
(B) These are found only on earth's surface
ये केवल जमीन के ऊपर ही पाए जाते हैं।
(C) These are found only buried under the earth
ये केवल जमीन के अन्दर ही पाए जाते हैं।
(D) They are never found under sea or a river
ये समुद्र और नदी के तल में कभी नहीं पाए जाते हैं।
(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) D only/केवल D
(c) A only/केवल A
(d) A and B only/केवल A और B

Ans. (c) : पुरास्थल उस स्थान को कहते हैं जहाँ प्राचीन औजार, बर्तन और इमारतों जैसी वस्तुओं के अवशेष मिलते हैं। ऐसी वस्तुओं का निर्माण लोगों ने अपने काम के लिए किया था और बाद में वे उन्हें वहीं छोड़ गये। ये जमीन के ऊपर, अन्दर, कभी-कभी समुद्र और नदी के तल में भी पाए जाते हैं।
इस प्रकार पुरास्थलों के सन्दर्भ में दिये गये विकल्पों में से विकल्प (a) सही है।

27. The Harappans made
हड़प्पा सभ्यता के लोग बनाते थे :

(A) Seals out of stone/पत्थर की मुहरें
(B) Pots with yellow designs
पीले रंग से डिजाइन किए गए पात्र।
(C) Spindle whorls made of iron
लोहे से बनी तकलियाँ।
(D) Gold vessels/सोने से बने बर्तन।
(a) A, B and C only/केवल A, B तथा C
(b) B, C and D only/केवल B, C तथा D
(c) A and C only/केवल A तथा C
(d) A and D only/केवल A तथा D

Ans. (d) : हड़प्पा के नगरों से पुरातत्वविदों को जो चीजे मिली हैं उनमें अधिकतर पत्थर, शंख, ताँबे, काँसे, सोने और चाँदी जैसी धातुओं से बनाई गयी थी। ताँबे और काँसे से औजार, हथियार गहने और बर्तन बनाये जाते थे। सोने व चाँदी से गहने व बर्तन बनाये जाते थे।
हड़प्पा सभ्यता के लोग पत्थर की मुहर बनाते थे। इन आयताकार मुहरों पर सामान्यतः जानवरों के चित्र मिलते हैं।
हड़प्पा सभ्यता के लोग काले रंग से डिजाइन किए हुए लाल मिट्टी के बर्तन बनाते थे।

28. A megalithic burial had remains of two skeletons. An appropriate way for figuring out a female's skeleton from among the two would be to look at
एक महापाषाण कब्र में दो कंकालों के अवशेष थे। इन दोनों में से महिला के कंकाल का अनुमान लगाने हेतु देखना होगा :

(A) The bone structures/हड्डियों की संरचना
(B) the ornaments on the skeletons
कंकालों के साथ मिले आभूषण
(C) Size of the skeletons/कंकालों के आकार
(D) Utensils for cooking food found with skeletons
कंकालों के साथ मिले खाना पकाने के बर्तन।
(a) Only A and C/केवल A तथा C
(b) Only D/केवल D
(c) Only A/केवल A
(d) Only A and B/केवल A तथा B

Ans. (c) : एक महापाषाण कब्र में दो कंकालों के अवशेष थे। इन दोनों में से महिला के कंकाल का अनुमान लगाने का सबसे बेहतर तरीका उनकी हड्डियों की जाँच है। चूँकि महिलाएँ बच्चों को जन्म देती हैं इसलिए उनका श्रेणी मेखला या कूल्हा पुरूषों से ज्यादा चौड़ा होता है।
कभी-कभी लोग कंकाल के साथ मिले सामानों के आधार पर इसका अंदाजा लगाते हैं। उदाहरण के लिए यदि कंकाल के साथ गहने मिलते हैं तो कई बार उसे महिला का कंकाल मान लिया जाता है, लेकिन ऐसी समझ के साथ समस्याएँ हैं। अक्सर, पुरुष भी आभूषण पहनते थे। इसी प्रकार छोटे आकार के आधार पर एक बच्चे के कंकाल को आसानी से पहचाना जा सकता है लेकिन एक बच्चे और बच्ची के कंकाल के बीच कोई बड़ा फर्क नहीं होता।

29. Arrange the following in ascending order starting from the earliest period
प्रारम्भिक काल से शुरू करके आरोही क्रम में निम्नलिखित को सजाएँ :

(A) Beginning of the composition of the Vedas
वेदों की रचना की शुरूआत
(B) Beginning of the building of megaliths
महापाषाणों के निर्माण की शुरूआत
(C) Settlements of farmers of Inamgaon
इनामगाँव में कृषकों का निवास
(D) Charaka/चरक
(a) C, D, B, A (b) D, C, B, A
(c) A, B, C, D (d) B, C, D, A

Ans. (c) :
- वेदों की रचना का प्रारंभ (लगभग 3500 साल पहले)
- महापाषाणों के निर्माण की शुरूआत (लगभग 3000 साल पहले)
- इनाम गाँव में कृषकों का निवास (3600 से 2700 साल पहले)
- चरक (लगभग 2000 साल पहले)

30. Arrange the following in descending order (backward) starting from the recent period :
हाल के काल से शुरू करके अवरोही क्रम (उलटा) में निम्नलिखित को सजाएँ :

(A) Increase in the use of iron, cities, punch marked coins/लोहे के प्रयोग में बढ़ोत्तरी, नगर, आहत सिक्कें।

(B) Beginning of the use of iron in the subcontinent/उपमहाद्वीप में लोहे के प्रयोग की शुरूआत।

(C) Settlement in Arikamedu port
अरिकामैडु पत्तन में बसना।

(D) Beginning of the composition of Sangam literature/संगम साहित्य की रचना की शुरूआत।

(a) C, D, A, B (b) C, D, B, A
(c) A, C, B, D (d) A, B, C, D

Ans. (a) : दिये गये घटनाओं का अवरोही क्रम इस प्रकार होगा-
अरिकामैडु पत्तन में बसना - 2200 से 1900 साल पहले
संगम साहित्य की रचना की शुरूआत - 2300 साल पहले
लोहे के प्रयोग से बढ़ोत्तरी - 2500 वर्ष पहले
उपमहाद्वीप में लोहे का प्रयोग - 3000 साल पहले
इस प्रकार दिये गये प्रश्नगत घटनाओं का अवरोही क्रम होगा- C, D, A, B

31. Which of the following are true about End-Text questions?
अध्याय के अंत में दिये गये प्रश्नों के बारे में निम्न में से कौन सें कथन सही है?

(A) Encourage learners to explain concepts in their own words and debating on issues/ये विद्यार्थियों को अवधारणाओं को अपने शब्दों में बताने और मुद्दों पर वाद-विवाद करने के लिए प्रेरित करता है।

(B) Project work, compare and contrast are types of end-text questions/प्रोजेक्ट कार्य, तुलना और विभेद करना अध्याय के अंत में दिये गए प्रश्नों के प्रकार हैं।

(C) Expands on the learners' understanding of concepts and relate with what has been taught earlier/ये अधिगमकर्ताओं में कक्षा में पहले पढ़ाई गई अवधारणाओं की समझ विस्तृत करता है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A and C are true/A और C सही है।
(b) B and C are true/B और C सही है।
(c) A, B and C are true/A, B और C सही है।
(d) A and B are true/A और B सही है।

Ans. (d) : प्रोजेक्ट कार्य, तुलना और विभेद करना अध्याय के अन्त में दिये गये प्रश्नों के प्रकार हैं। ये प्रश्न विद्यार्थियों की अवधारणाओं को अपने शब्दों में बताने और मुद्दों पर वाद-विवाद करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस प्रकार दिये गये प्रश्नगत कथनों में कथन A और B सही हैं।

32. The Social and political life textbooks :
सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्यपुस्तकों में:

(A) Include definitions and descriptions of socio-political issues/सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की परिभाषाएँ और विवरण दिया गया है।

(B) Portray institutions and processes as if they functioned as envisioned in the constitution
संस्थाओं और प्रक्रियाओं को ऐसे चित्रित किया गया है जैसे कि वे उसी तरह कार्यान्वित हैं जैसा संविधान में उनकी कल्पना की गई है।

(D) Provide diverse concrete examples of people and regions/लोगों व क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न ठोस उदाहरणों को प्रस्तुत किया गया है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) B and C/B और C
(b) A, B and C/A, B और C
(c) A and B/A और B
(d) A and C/A और C

Ans. (d) : सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्यपुस्तकों में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की परिभाषाओं और विवरणों के साथ लोगों व क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न ठोस उदाहरणों को भी प्रस्तुत किया जाता है। जिससे छात्र उदाहरणों और वास्तविक जीवन की घटनाओं में सामन्जस्य स्थापित कर पाता है और अपनी चेतना और तर्कों का विकास करता है।

33. After narrating Dr. Ambedkar's experience on the way to Koregaon, a teacher asks, 'Do you think people at the station discriminated against Dr. Ambedkar and his brothers?'
डॉ. अम्बेडकर के कोरेगाँव जाते हुए अनुभव का वर्णन करते हुए, एक शिक्षक पूछते हैं, ''क्या आपको लगता है स्टेशन पर लोगों ने डॉ. अम्बेडकर और उनके भाइयों के प्रति भेदभाव किया?''

In this question, which skill is the teacher emphasising/इस प्रश्न में शिक्षक किस कौशल पर जोर दे रहे हैं?

(a) cause and effect/कारण और प्रभाव
(b) hypothesizing situation
परिस्थिति के बारे में परिकल्पना बनाना।
(c) Comparing experiences/अनुभवों की तुलना करना।
(d) infer from situations
परिस्थितियों से अनुमान लगाना।

Ans. (d) : डॉ. अम्बेडकर के कोरे गाँव जाते हुए अनुभव का वर्णन करते हुए, एक शिक्षक पूछते हैं, ''क्या आपको लगता है स्टेशन पर लोगों ने डॉ. अम्बेडकर और उनके भाइयों के प्रति भेदभाव किया?'' इस प्रश्न के माध्यम से शिक्षक छात्रों में परिस्थितियों के आधार पर अनुमान लगाने के कौशल पर जोर दे रहे हैं।

34. To Introduce the theme 'Markets', which would be the best pedagogical method?
'बाजार' विषय का परिचय देने के लिए कौन सी शिक्षणशास्त्रीय विधि सर्वोत्तम हो सकती है?

(a) showing pictures of various markets
विभिन्न प्रकार के बाजारों से जुड़े चित्रों को दिखाना।
(b) locating major markets around the school on a map/मानचित्र में स्कूल के आस-पास के बाजारों को इंगित करना।
(c) textbook reading and discussion
पाठ्यपुस्तक का पठन और चर्चा करना।
(d) inviting a shopkeeper for an interview to the class/एक दुकानदार को कक्षा में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करना।

Ans. (d) : 'बाजार' विषय का परिचय देने के लिए सर्वोत्तम शिक्षण शास्त्रीय विधि होगी- एक दुकानदार को कक्षा में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करना।
इस विधि में दुकानदार छात्रों के समक्ष अपने अनुभवों को साझा करेगा साथ ही बच्चों/छात्रों के मन में बाजार से सम्बंधित उठने वाले प्रश्नों का समाधान भी कर सकता है।

35. 'This is the glory of God,
Defilement exists within.
The body is polluted from within,
Be sure of it says the Mahari Chokha']
As a teacher, how would you interpret
This poem and discuss with your learners?
'यही है उस ईश्वर की महिमा,
इसलिए दूषण है भीतर
दूषित है काया भीतर से
इसमें कोई भ्रम न रखना,
महारी चोखा का है यह कहना।'
एक शिक्षक के तौर पर, आप इस कविता का विश्लेषण और अपने अधिगमकर्ताओं से चर्चा कैसे करेंगे?

(a) Human purity is determined by our thoughts and beliefs/मानवीय शुद्धता हमारे विचार और विश्वास से निर्धारित होती है।
(b) Human purity can be achieved by seeking God's blessing/मानवीय शुद्धता को ईश्वर की कृपा से पाया जा सकता है।
(c) Human purity is fixed at birth
मानवीय शुद्धता जन्म से निर्धारित होती है।
(d) Human purity is determined by the work we do/मानवीय शुद्धता हम जो काम करते हैं, उससे निर्धारित होती है।

Ans. (a) : यह कविता महाराष्ट्र की कवियित्री सोयराबाई द्वारा लिखी गई है। इस कविता में सोयराबाई शुद्धता की सोच पर उँगली उठाते हुए कहा है कि प्रत्येक मनुष्य एक ही तरीके से पैदा होता है। इसलिए ऐसी कोई चीज नहीं है जो एक के शरीर को ज्यादा तथा दूसरे के शरीर को कम शुद्ध बना सकती है। जाति व्यवस्था के सन्दर्भ में उन्होंने कहा है लोगों को स्थानों, कार्यों, ज्ञान आदि से वंचित रखने या छुआ-छूत का भाव काम के स्वरूप पैदा नहीं होता बल्कि यह हमारे भीतर से हमारे अपने विचारों हमारी अपनी मूल्य मान्यताओं से पैदा होता है। अतः एक शिक्षक के तौर पर प्रस्तुत कविता का विश्लेषण और अपने अधिगमकर्ताओं से चर्चा करेंगे कि मानवीय शुद्धता हमारे विचार और विश्वास से निर्धारित होती है। क्योंकि जैसे हमारे आंतरिक विचार और तथ्यों में विश्वास होगा वैसा ही हमारा आचरण भी होगा।

36. Social Science curriculum at the upper primary stage focuses on :/सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या उच्च प्राथमिक स्तर पर केन्द्रित करता है :

(A) Understanding earth as the habitat of life forms/पृथ्वी को जीवन के आवास के रूप में समझ बनाना।
(B) Studying own region, state and country
अपने क्षेत्र, राज्य और देश पर अध्ययन करना।
(C) Studying India's past and current development
भारत के अतीत और सामायिक विकास का अध्ययन करना।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :
(a) A, B and C/A, B और C
(b) Only A and C/केवल A और C
(c) Only A/केवल A
(d) Only A and B/केवल A और B

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या उच्च प्राथमिक स्तर पर केन्द्रित करता है-
(1) मानव जाति और अन्य जीवों के निवास के रूप में पृथ्वी की अवधारणा का विकास करना।
(2) वैश्विक संदर्भ में अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश का अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों को केन्द्रित करना।
(3) विश्व के अन्य भागों में समकालीन विकास के सन्दर्भ में विद्यार्थी को भारत के अतीत के अध्ययन के लिए प्रेरित करना।
(4) सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के कार्यों और सक्रियता तथा राष्ट्र की प्रक्रियाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराना।

37. Using a globe and a source of light, teacher can demonstrate the following concepts :
ग्लोब और प्रकाश स्त्रोत का इस्तेमाल करके एक शिक्षक निम्न में से किन अवधारणाओं को दर्शा सकता है?

(A) Rotation/परिक्रमण
(B) Day-Night/दिन-रात
(C) Seasonal Variations/मौसमी परिवर्तन
(D) Distribution of Rainfall/वर्षा का वितरण

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :
(a) A, C, and D/A, C और D
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) A, B and D/A, B और D

Ans. (c) : ग्लोब और प्रकाश स्त्रोत का इस्तेमाल करके एक शिक्षक पृथ्वी के परिक्रमण (जो सूर्य के चारों ओर कक्ष में होती है), दिन-रात और ऋतुओं में परिवर्तन (सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन के कारण) जैसी अवधारणाओं को दर्शा सकता है।
नोट- पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमण के कारण दिन एवं रात तथा ऋतुओं में परिवर्तन होता है।

38. As a teacher, you can make interlinkages while discussing 'Iron smelters and factory owners', a theme in History with which one of the following chapters of geography textbook?
एक शिक्षक के तौर पर आप इतिहास के 'लोहा बनाने वाले और फैक्ट्री मालिक' विषय पर चर्चा करते समय भूगोल की पाठ्यपुस्तक के किस अध्याय के साथ इसका अंतर्संबंध स्थापित कर सकते हैं?

(a) Mineral Resource/खनिज संसाधन
(b) Industries/उद्योग
(c) Power Resources/ऊर्जा संसाधन
(d) Inside our earth/हमारे पृथ्वी के अंदर

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :
(a) A, C and D/A, C और D
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) A, B and D/A, B और D

Ans. (d) : इतिहास के 'लोहा बनाने वाले और फैक्ट्री मालिक' विषय पर चर्चा करते समय एक शिक्षक के तौर हम भूगोल की पाठ्यपुस्तक के अध्याय खनिज संसाधन, उद्योग एवं हमारे पृथ्वी के अंदर के मध्य अंतर्संबंध स्थापित कर सकते हैं। जिससे विद्यार्थी सभी प्रक्रियाओं की सम्पूर्ण समझ विकसित कर लेगा।

39. In a city school, the best method to introduce 'Types of Forests' In a geography class would be to
एक शहर के स्कूल में, भूगोल की कक्षा में 'वनों के प्रकार' विषय का परिचय देने के लिए सर्वोत्तम विधि होगी :

(a) Screen a documentary on different types of forests/विभिन्न प्रकार के वनों पर आधारित डॉक्यूमेन्टरी दिखाना।
(b) divide learners into small groups to work on types of forests/वनों के प्रकार पर कार्य करने के लिए अधिगमकर्ताओं को छोटे समूहों में बाँटना।
(c) Organize a field visit to a forest near to the school/विद्यालय के समीप वन का क्षेत्र भ्रमण का आयोजन करना।
(d) make a powerpoint presentation on forests in the region/क्षेत्र में पाये जाने वाले वनों पर पावर-प्वाइंट प्रेजेन्टेशन बनाना।

Ans. (a) : एक शहर के स्कूल में, भूगोल की कक्षा में 'वनों के प्रकार' विषय का परिचय देने के लिए सर्वोत्तम विधि होगी- विभिन्न प्रकार के वनों पर आधारित डाक्यूमेन्टरी दिखाना। इसकी मदद से छात्र एक ही स्थान पर रहते हुए डॉक्यूमेन्टरी की सहायता से वनों के वास्तविक स्वरूप से रूबरू हो सकेंगे।

40. To develop practical skills among learners while dicussing 'earthquakes' teacher should focus upon
'भूकंप' पर चर्चा के दौरान व्यावहारिक कौशल अधिगमकर्ताओं में विकसित करने हेतु शिक्षक को बल देना चाहिए :

(a) Present cases of earthquakes
हालिया भूकंपीय घटना पर चर्चा करना।
(b) An activity on earth's movement
भूकंप से जुड़ी गतिविधि का प्रदर्शन करना।
(c) Types of earthquakes/भूकंप के प्रकार
(d) Precautions during earthquake
भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ

Ans. (d) : 'भूकंप' पर चर्चा के दौरान अधिगमकर्त्ताओं में व्यावहारिक कौशल विकसित करने हेतु शिक्षक को भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों जैसे भूकंप के दौरान रसोई के काउन्टर या मेज के नीचे, दीवार के अंदरूनी कोने में चले जाए, आग वाले स्थान, चिमनी के आस-पास तथा टूट सकने वाली खिड़कियाँ, दर्पण एवं तसवीर फ्रेम से दूर रहे। अपने दोस्तों एवं पारिवारिक सदस्यों के बीच पहले से ही जागरूकता फैलाये एवं आपदा का सामना विश्वास से करें आदि, पर बल देना चाहिए।

41. The local People of the Tawa reservior area organised to demand which right related to their livelihood in the 1990s?
तवा बाँध क्षेत्र के स्थानीय लोग 1990 के दशक में अपने जीवनयापन से जुड़े कौन से अधिकार के लिए संगठित हुए?

(a) Horticulture rights/उद्यान कृषि का अधिकार
(b) Commercial Forestry rights
व्यावसायिक वनपालन का अधिकार
(c) Cultivation rights/खेती करने का अधिकार
(d) Fishing rights/मछली पकड़ने का अधिकार

Ans. (d) : तवा बाँध क्षेत्र के स्थानीय लोग 1990 के दशक में अपने जीवन-यापन से जुड़े मछली पकड़ने का अधिकार के लिए संगठित हुए थे।
1994 में सरकार ने तवा बाँध के क्षेत्र में मछली पकड़ने का काम निजी ठेकेदारों को सौंप दिया इन ठेकेदारों ने स्थानीय लोगों को काम से अलग कर दिया और बाहरी क्षेत्र से सस्ते श्रमिकों को ले आए। गाँव के लोगों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 'तवा मत्स्य संघ' नामक संगठन का निर्माण किया। 1996 में उन्हें पुनः मछली पकड़ने का अधिकार प्राप्त हुआ।
नोट- तवा बाँध मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में सतपुड़ा के पहाड़ों के बीच से निकली तवा नदी पर बना बाँध है।

42. Choose the description that best represents diversity from among the following.
निम्नलिखित में से कौन सी व्याख्या विविधता का उचित प्रतीक है?

(a) It accepts differences among people
यह लोगों की विशिष्टता को स्वीकारता है।
(b) It accepts inequality among people
यह लोगों के बीच असमानता को स्वीकारता है।
(c) It leads to discrimination among people
यह लोगां के बीच भेदभाव बढ़ाता है।
(d) It leads to similarity of people
यह लोगों के बीच एकरूपता बढ़ाता है।

Ans. (a) : विविधता लोगों की विशिष्टता को स्वीकार करता है, यह व्यवस्था विविधता का उचित प्रतीक है।
भारतीय सभ्यता ने हमेशा विविधता का सम्मान किया है फिर चाहे वो मन की हो, मस्तिष्क की या बौद्धिकता की हो। भारतीय संस्कृति ने अलग-अलग विचारों व धर्मों को पनपने की पूरी स्वतंत्रता दी है।

43. In the context of democracy in India, which of the following statements is false?
भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(a) In India people participate indirectly in the working of the government/भारत में सरकार को लोग अप्रत्यक्ष रूप से चलाते हैं।
(b) The first general election after independence was held in 1950/भारत में पहला आम चुनाव 1950 में हुआ था।
(c) A small section of Indian population could vote even before independence of India/भारतीय जनता का एक छोटा हिस्सा भारतीय स्वतंत्रता से पहले भी मतदान कर सकता था।
(d) India adopted representative democracy after independence/स्वतंत्रता के बाद भारत ने प्रतिनिधि लोकतंत्र को अपनाया।

Ans. (b) : भारत एक लोकतंत्र है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को पाने के लिए हमने लंबी लड़ाई लड़ी है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने प्रतिनिधि लोकतंत्र अपनाया। जिसमें लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं बल्कि चुनाव की प्रक्रिया द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं। अर्थात् भारत में सरकार को लोग अप्रत्यक्ष रूप से चलाते हैं। स्वतंत्रता से पहले भारतीय जनता का एक छोटा हिस्सा मतदान कर सकता था। अर्थात् शुरूआती दौर में सरकारें केवल उन्हीं पुरूषों को वोट देने देती थी जो पढ़े-लिखे थे और जिनके पास अपनी सम्पत्ति होती थी। इसका मतलब था औरतों, गरीबों और अशिक्षितों को वोट देने का अधिकार नहीं था। भारत में आजादी से पहले बहुत ही कम लोगों को वोट देने का अधिकार था।

स्वतंत्रता के बाद भारत में पहला आम चुनाव 1951-52 में हुआ था न कि 1950 में। इस प्रकार स्पष्ट है भारतीय लोकतंत्र के सन्दर्भ में गये प्रश्नगत कथनों में कथन 'B' गलत है।

44. A Gram Panchayat is elected for a term of how many years in India?
भारत में, ग्राम पंचायत कितने वर्षों के कार्यकाल के लिए चुना जाता है?

(a) 4/चार (b) 3/तीन
(c) 5/पाँच (d) 6/छः

Ans. (c) : भारत में, ग्राम पंचायत 5 वर्षों के कार्यकाल के लिए चुना जाता है।

एक ग्राम पंचायत कई वार्डों (छोटे क्षेत्रों) में बँटी हुई होती है। प्रत्येक वार्ड अपना एक प्रतिनिधि चुनता है जो वार्ड पंच के नाम से जाना जाता है। इसके साथ पंचायत क्षेत्र के लोग मिलकर सरपंच को चुनते हैं, जो पंचायत का मुखिया होता है। वार्ड पंच और सरपंच मिलकर ग्राम पंचायत का गठन पाँच साल के लिए करते हैं।

45. What is the designation of the person in-charge of a police station?
पुलिस थाने के प्रभारी का पदनाम क्या है?

(a) Officer on Special Duty
अफसर ऑन स्पेशल ड्यूटी
(b) Home Inspector/होम इंस्पेक्टर
(c) Station House Officer/स्टेशन हाउस अफसर
(d) Police Superintendent/पुलिस अधीक्षक

Ans. (c) : पुलिस थाने के प्रभारी का पदनाम स्टेशन हाउस अफसर (Station House Officer (SHO) है।

SHO स्थानीय थाने का प्रभारी या व्यक्ति है। वह पुलिस स्टेशन की गतिविधियों का पर्यवेक्षण करता है और अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है। वह एस.आई. से ऊपर लेकिन डी.एस.पी. से नीचे रैंक पर है। अदालत में उपस्थित होने का अधिकार केवल SHO को ही होता है।

46. The Amendment brought about in 2005 to the Hindu Succession Act provided for which of the following?
हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में लाए गए 2005 के संशोधन ने निम्नलिखित में से क्या मुहैया करवाया?

(a) Right of Hindu community to have speical laws governing marriage/हिन्दू समुदाय का विवाह संबंधी विशिष्ट कानून का अधिकार।
(b) Right of men to protect themselves from paying compensation after divorce/पुरूषों का तलाक के बाद मुआवजा देने की जिम्मेदारी से सुरक्षा का अधिकार।
(c) Right of minority communities to open religious schools/अल्पसंख्यक समुदायों का धार्मिक विद्यालय खोलने का अधिकार।
(d) Right of women to have an equal share in fimily property/महिलाओं का पारिवारिक संपत्ति में बराबर हिस्सेदारी का अधिकार।

Ans. (d) : हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में लाये गये 2005 के संशोधन ने महिलाओं की परिवारिक संपत्ति में बराबर हिस्सेदारी का अधिकार मुहैया करवाया है।

हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम-2005-

हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अधिनियम को सितम्बर 2005 में संशोधित किया गया और वर्ष 2005 से सम्पत्ति विभाजन के मामले में महिलाओं को सहदायक/कॉपर्सेनर के रूप में मान्यता दी गई।

अधिनियम की धारा 6 में संशोधन करते हुए एक कॉपर्सेनर की पुत्री को भी जन्म से ही पुत्र के समान कॉपर्सेनर माना गया।

इस संशोधन के तहत पुत्री को भी पुत्र के समान अधिकार और देनदारियाँ दी गईं।

यह कानून पैतृक संपत्ति और व्यक्तिगत संपत्ति में उत्तराधिकार के नियम को लागू करता है जहाँ उत्तराधिकार को कानून के अनुसार लागू किया जाता है न कि इच्छा पत्र के माध्यम से या वरासत के अनुसार।

विधि आयोग की 174वीं रिपोर्ट में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में सुधार की सिफारिश की गई थी।

47. Who is considered as the final interpreter of the Indian Constitution?
भारतीय संविधान की व्याख्या का अंतिम अर्थनिर्णायक किसे माना जाता है?

(a) Judiciary/न्यायपालिका
(b) Attorney General/अटॉर्नी जनरल
(c) President of India/भारत के राष्ट्रपति
(d) Parliament/संसद

Ans. (a) : भारतीय संविधान की व्याख्या का अंतिम अर्थनिर्णायक न्यायालय को माना जाता है।

नियमों के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय संविधान का अंतिम व्याख्याकर्त्ता या अर्थविवेचनाकर्त्ता है। सर्वोच्च न्यायालय ही संविधान में निहित प्रावधानों तथा उसमें उपयोग की गई शब्दावली के अर्थ एवं निहितार्थ के विषय में अंतिम कथन प्रस्तुत कर सकता है।

संविधान की व्याख्या का अभिप्राय संविधान के अर्थ या अनुप्रयोग से संबंधित विवादों को हल करने के प्रयास के रूप में संविधान के विभिन्न प्रावधानों की विवेचना करने से है ताकि प्रावधानों के दायरे को विस्तृत किया जा सके।

48. The (Prevention of Atrocities) Act, 1989 was enacted to provide justice to which of the following communities?
(अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 को निम्नलिखित में से कौन से समुदाय को न्याय दिलाने के लिए पारित किया गया था?

(a) Tribals and Dalits/आदिवासी एवं दलित
(b) Only Minorities/केवल अल्पसंख्यक
(c) Dalits and Minorities/दलित एवं अल्पसंख्यक
(d) Miniroties and Tribals/अल्पसंख्यक एवं आदिवासी

Ans. (a) : (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 को आदिवासी एवं दलित समुदाय को न्याय दिलाने के लिए पारित किया गया था।

SC व ST (अत्याचार निवारण) अधि0 1989- संसद ने वर्ष 1989 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 पारित किया।

राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के बाद 30 जनवरी 1990 को यह कानून जम्मू कश्मीर को छोड़कर पूरे देश में लागू किया गया।

प्रावधान- यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अतिरिक्त कोई व्यक्ति किसी भी तरह किसी SC/ST वर्ग से सम्बन्ध रखने वाले किसी व्यक्ति को प्रताड़ित करता है, तो उसके विरूद्ध यह कानून कार्य करता है।

इसके अलावा यह कानून पीड़ितों को विशेष सुरक्षा देता है। इस कानून के तहत पीड़ित को अलग-अलग अपराध से पीड़ित होने पर 75000 रू. से लेकर 3 लाख 50000 रू. तक की सहायता दी जाती है।

साथ ही ऐसे मामलों के लिए इस कानून के तहत विशेष न्यायालय बनाये जा सकते हैं। इसके अलावा इस कानून के तहत महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में पीड़ित को राहत राशि और अलग से मेडिकल जाँच की भी व्यवस्था है।

49. A Political system having more than one level of government can be described as _____.
ऐसी राजनैतिक व्यवस्था जिसमें एक से ज्यादा स्तर की सरकार हो उसे.....कहा जा सकता है।

(a) Republican/गंणतंत्रात्मक (b) Federal/संघवाद
(c) Secular/धर्मनिरपेक्ष (d) Liberal/उदारवादी

Ans. (b) : ऐसी राजनीतिक व्यवस्था जिसमें एक से ज्यादा स्तर की सरकारें हो उसे संघवाद कहा जा सकता है।

संघवाद एक संस्थागत प्रणाली है जिसमें एक प्रान्तीय स्तर की सरकारें और दूसरी केन्द्रीय स्तर की सरकार एक साथ एक ही देश में अपने-अपने अधिकारों के अनुरूप शासन करती हैं। सरकारों की ऐसी व्यवस्था को संघवाद कहते हैं।

संघवाद की प्रमुख विशेषता है-

(1) यहाँ सरकार दो या अधिक स्तरों वाली होती है।
(2) विभिन्न स्तरों की सरकारों के अधिकार क्षेत्र संविधान में स्पष्ट रूप से वर्णित होते हैं, इसलिए संविधान सरकार के हर स्तर के अस्तित्व और प्राधिकार की गारंटी व सुरक्षा देता है।
(3) संविधान के मौलिक प्रावधानों को किसी एक स्तर की सरकार अकेले नहीं बदल सकती। ऐसे बदलाव दोनों स्तरों की सरकारों की सहमति से ही हो सकते हैं।
(4) अलग-अलग स्तर की सरकारें एक ही नागरिक समूह पर शासन करती हैं पर कानून बनाने, कर वसूलने और प्रशासन का उनका अपना-अपना अधिकार क्षेत्र होता है।
(5) अदालतों को संविधान और विभिन्न स्तर की सरकारों के अधिकारों की व्याख्या करने का अधिकार है विभिन्न स्तर की सरकारों के बीच अधिकारों के विवाद की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय निर्णायक की भूमिका निभाता है।

50. Which of the following policies promotes social justice?
निम्नलिखित में से कौन सी नीति सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती है?

(A) Reservation of seats in government employment for listed dalit candidate.
सरकारी नौकरियों में सूचीगत दलित जाति के उम्मीदवार को आरक्षण देना।
(B) Enacting Minimum Wages Act
न्यूनतम मेहनताना कानून पारित करना।
(a) Both A and B/A और B दोनों
(b) Neither A nor B/A और B दोनों ही नहीं
(c) Only A/केवल A
(d) Only B/केवल B

Ans. (a) : सरकारी नौकरियों में सूचीगत दलित जातियों के उम्मीदवार को आरक्षण देना व न्यूनतम मेहनताना कानून पारित करने की नीति सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती है।

सामाजिक न्याय का अर्थ समाज में उत्पन्न विकास के सभी अवसरों जैसे सेवाओं और वस्तुओं का न्यायोचित तरीके के वितरण से है।

व्यक्ति को सामाजिक न्याय तभी मिलता है, जब समाज में उत्पन्न सभी अवसरों का वितरण उचित एवं न्यायपूर्ण हो। समाज का वह तबका जिसके साथ हमेशा से अन्याय होता आया है। समाज की यह जिम्मेदारी है कि उसे सामाजिक न्याय के दायरे में लाया जाये।

संविधान द्वारा दिये गये आरक्षण का प्रावधान और न्यूनतम मेंहनताना कानून पारित करना सामाजिक न्याय का एक उदाहरण है।

51. In a discussion on architecture of New Delhi, a teacher should focus on discussing:
नई दिल्ली के वास्तुशैली की चर्चा में एक शिक्षक को केन्द्रित करना चाहिए :

(a) superiority of its style over Old Delhi
उसकी शैली पुरानी दिल्ली की शैली से कैसे श्रेष्ठ है?
(b) How it asserted British importance and created sense of awe/कैसे यह ब्रिटिश महत्ता और विस्मय का भाव पैदा करता है।
(c) how tourists look at the buildings
कैसे पर्यटक इमारतों के देखते है।
(d) How to view the buildings from a distance
इमारतों को दूर से कैसे देखा जाना चाहिए।

Ans. (b) : नई दिल्ली की वास्तुशैली की चर्चा में एक शिक्षक को केन्द्रित करना चाहिए कि कैसे यह ब्रिटिश महत्ता और विस्मय का भाव पैदा करता है।

52. The teaching of History must be done with the focussed objective of
इतिहास शिक्षण का उद्देश्य केन्द्रित होना चाहिए :

(a) identifying issues which are relevant in the present/उन मुद्दों की पहचान करना जो वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं।
(b) developing performing abilities of the learners/अधिगमकर्ताओं में क्रियात्मक क्षमता विकसित करना।
(c) transmitting what happened in the pasts/ भूतकाल में क्या घटित हुआ, यह बताना।
(d) memorising how it happened in the pasts/ भूतकाल में यह कैसे घटित हुआ, यह याद रखना।

Ans. (a) : इतिहास शिक्षण का उद्देश्य उन मुद्दों की पहचान करना है जो वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। इतिहास शिक्षण के सामान्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

(1) छात्रों को इस प्रकार प्रशिक्षित करना की वे प्रजातांत्रिक समाज में अपना स्थान प्राप्त कर सकें।

(2) छात्रों में सहिष्णुता सहयोग, समझ, त्याग, और मानवता के लिए सहानुभूति की भावना विकसित हो सके।

(3) छात्रों को उनके पर्यावरण में उनकी कुशलताओं एवं क्षमताओं के अनुसार उनके जीवन को समृद्ध और विकसित बना सके।

(4) छात्रों में रचनात्मक तर्कशक्ति और आलोचनात्मक निर्णय शक्ति का विकास हो सके।

(5) छात्रों में भविष्य के सामाजिक संदर्भ में मानव और उसकी समस्याओं को भली-भाँति अनुमान लगाने की रचनात्मक कल्पना शक्ति का विकास हो सके।

53. What can be the purpose of introducing current affairs in social science classroom?
समसामयिक मुद्दों को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में लाने के क्या उद्देश्य होने चाहिए?

(a) Promote interest in the issues of the country
देश से जुड़े मुद्दों के प्रति रूचि को बढ़ावा देना।

(b) Develop skills of analysis and critical evaluation/विश्लेषण और आलोचनात्मक मूल्यांकन करने का कौशल विकसित करना।

(c) Build interest in the subject by providing sensational news/सनसनीखेज खबर मुहैया कराकर विषय के प्रति रूचि पैदा करना।

(d) Help the learner relate school learning to life outside of school/विद्यालय परिसर के अधिगम और विद्यालय के बाहर की दुनिया को जोड़ने में अधिगमकर्ता की मदद करना।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, C, D are true/A, C, D सही हैं।
(b) B, C, D are true/B, C, D सही हैं।
(c) A, B, D are true/A, B, C सही हैं।
(d) A, B, D are true/A, B, D सही हैं।

Ans. (d) : समसामयिक मुद्दों को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में लाने का उद्देश्य होना चाहिए- अधिगमकर्त्ता में देश से जुड़े मुद्दों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना, विश्लेषण और आलोचनात्मक मूल्यांकन करने का कौशल विकसित करना तथा विद्यालय परिसर के अधिगम और विद्यालय के बाहर की दुनिया को जोड़ने में अधिगमकर्त्ता की मदद करना।

54. The Objective of discussing 'equality' in a social science classroom is to
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में 'समानता' पर चर्चा करते समय उद्देश्य होना चाहिए :

(A) address issues of dignity with the learners
अधिगमकर्त्ताओं के साथ गरिमा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करना।

(B) sensitize learners towards respecting everyone
सभी का सम्मान करने के प्रति अधिगमकर्ताओं को संवेदनशील बनाना।

(C) build upon values enshrined in the Constitution/संविधान में परिलक्षित मूल्यों पर आधारित होना।

(D) explain that all differences leads to inequality/यह समझाना कि हर तरह का अंतर असमानता की तरफ ले जाता है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, C, D are true/A, C, D सही हैं।
(b) B,C, D are true/B, C, D सही हैं।
(c) A,B, C are true/A, B, C सही हैं।
(d) A, B, D are true/A, B, D सही हैं।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में 'समानता' पर चर्चा का उद्देश्य संविधान में परिलक्षित मूल्यों पर आधारित होना चाहिए तथा अधिगमकर्त्ताओं के साथ की जाने वाली चर्चा मानव गरिमा से जुड़े मुद्दों से सम्बन्धित हो। इसके अलावा चर्चा का उद्देश्य अधिगमकर्त्ताओं को सभी का सम्मान करने के प्रति संवेदनशील बनाना होना चाहिए।

55. In order to address the diversity that exists in the class and in society, a social science teacher needs to
कक्षा और समाज में व्याप्त विविधता को संबोधित करने के लिए सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि :

(A) include examples of multiple cultures in the class discussions/विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े उदाहरणों को कक्षा की चर्चा में शामिल करें।

(B) take up only examples that are relevant to the majority/केवल उन्हीं उदाहरणों को लेना जो अधिकांश बहुमत के लिये प्रासंगिक हो।

(C) encourage students to share their personal experiences in the class/अपने व्यक्तिगत अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) Only B is true/केवल B सही हैं।
(b) A and B are true/A और B सही हैं।
(c) A and C are true/A और C सही हैं।
(d) B and C are true/B और C सही हैं।

Ans. (c) : कक्षा और समाज में व्याप्त विविधता को संबोधित करने के लिए सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि वह विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े उदाहरणों को कक्षा की चर्चा में शामिल करें साथ ही साथ विद्यार्थियों को अपने व्यक्तिगत अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए प्रेरित करें।

56. Assessment in social science should emphasise :
सामाजिक विज्ञान में आंकलन को बल देना चाहिए :

(a) measuring retention of information by learners/अधिगमकर्ताओं की सूचना को याद रखने का मापन करना।

(b) evaluation of learners ability to extrapolate their learning to various life situations/ अपने अधिगम को विभिन्न दैनिक परिस्थितियों से जोड़ने की अधिगमकर्ताओं की क्षमता का मूल्यांकन करना।

(c) indentification of learners who are failing
उन अधिगमकर्ताओं की पहचान करना जो असफल हो रहे हैं।

(d) testing learners writing abilities in the class
अधिगमकर्ताओं की कक्षा में लेखन की क्षमता को जॉचना।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में आंकलन को अधिगम को विभिन्न दैनिक परिस्थितियों से जोड़ने की अधिगमकर्त्ताओं की क्षमता के मूल्यांकन पर बल देना चाहिए। सामाजिक विज्ञान में ऑकलन के उद्देश्य हैं-

1. एक निश्चित काल अवधि में बालक के अधिगम और उसमें आने वाले परिवर्तन का पता लगाना।
2. व्यक्तिगत आवश्यकताओं और अपेक्षाओं की पहचान करना।
3. बालक को यह समझने में सहायता करना कि वह क्या जानता/जानती है या क्या कर सकता है/सकती है।
4. पाठ्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति स्तर की जाँच करना।
5. अभिभावकों को बालकों की विषय में प्रगति सूचना देना।

57. An example of secondary source is
द्वितीयक स्रोत का उदाहरण है :

(a) Constitution of India/भारत का संविधान

(b) Painting by Abanindranath Tagore
अवनीन्द्रनाथ टैगोर की पेंटिंग

(c) C.A. Bayly's An Illustrated History of Modern India/सी.ए. बेली द्वारा लिखित एन इलस्ट्रेटेड हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया

(d) James Mill's History of British India
जेम्स मिल द्वारा लिखित ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया

Ans. (c) : सी.ए. बेली द्वारा लिखित 'एन इलस्ट्रेटेड हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया (An Illustrated History of Modern India) द्वितीयक स्रोत का उदाहरण है।

जो आंकड़े किसी प्रकाशित अथवा अप्रकाशित साधनों या स्रोतों जैसे सरकारी, अर्धसरकारी, अंतर्राष्ट्रीय, निजी प्रकाशन समाचार पत्र, गैर सरकारी प्रलेखों द्वारा एकत्र किये जाते हैं उन्हें द्वितीयक स्रोत कहते हैं। भारतीय योजना आयोग, भारत का जनगणना विभाग, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, कृषि विभाग प्रतिवर्ष अनेक प्रकार के आँकड़ों को प्रकाशित करते हैं।

58. To discuss on women's education in colonial India, students could refer to the following autobiography :
औपनिवेशिक भारत में स्त्री शिक्षा पर चर्चा करने के लिए विद्यार्थी निम्न आत्मकथाओं में से किसको संदर्भित कर सकते हैं?

(a) Rokeya Sakhawat Hossain's Sultana's Dream
रूकैया सखावत हुसैन कृत सुल्ताना का स्वप्न

(b) Sattanar's Manimekalai/सत्तनार कृत मनिमेकलई

(c) Tarabai Shinde's Stripurushtulna
ताराबाई शिंदे कृत स्त्री-पुरूष तुलना

(d) Rashsundari Devi's Amar Jiban
राससुंदरी देवी कृत आमार जीबन

Ans. (d) : औपनिवेशिक भारत में स्त्री शिक्षा पर चर्चा करने के लिए विद्यार्थी निम्न आत्मकथाओं में से रामसुन्दरी देवी कृत आमार जीबन को सन्दर्भित कर सकते हैं।

राम सुन्दरी देवी दो सौ वर्ष पूर्व पश्चिमी बंगाल मैं पैदा हुईं थी। साठ वर्ष की अवस्था में रामसुंदरी देवी ने अपनी आत्मकथा लिखी। उनकी पुस्तक आमार जीबन किसी भारतीय महिला द्वारा लिखित पहली आत्मकथा है।

रूकैया सखावत (1880-1932) एक धनी परिवार से सम्बद्ध थीं यद्यपि इन्हें उर्दू पढ़ना और लिखना आता था परन्तु उन्हें बांग्ला और अंग्रेजी सीखने से रोका गया। 1905 में जब वे 25 वर्ष की थी अंग्रेजी भाषा के कौशल का अभ्यास करने के लिए उन्होंने एक कहानी लिखी जिसका शीर्षक था 'सुल्ताना का स्वप्न'। ताराबाई शिदें एक नारीवादी कार्यकर्ता थी इन्होंने 19वीं सदी के भारत में पितृसत्ता और जाति का विरोध किया था। इन्होंने विश्व प्रसिद्ध निबंध 'स्त्री पुरुष तुलना' का लेखन किया जो स्त्री और पुरुष की सार्थक तौर पर तुलना करती थी।

सन्तनार कृत मनिमेकलई एक महाकाव्य है।

59. The teaching of Geography should develop perspectives related to issues concerning.
भूगोल शिक्षण को किन मुद्दों से जुड़े संदर्भ में परिप्रेक्ष्य का विकास करना चाहिए :

(A) Resources and Conservation/संसाधन और संरक्षण

(B) Development and displacement
विकास और विस्थापन

(C) Challenges to Unity in Diversity
विविधता में एकता से जुड़ी चुनौतियाँ

(D) Human Development/मानव विकास

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B and C/A, B और C

(b) A, B and D/A, B और D

(c) Only A and B/केवल A और B

(d) only A and D/केवल A और D

Ans. (b) : भूगोल शिक्षण को संसाधन और संरक्षण, विकास और विस्थापन तथा मानव विकास से जुड़े संदर्भ में परिप्रेक्ष्य का विकास करना चाहिए।

60. An active social science classroom would encourage learners to
एक सक्रिय सामाजिक विज्ञान की कक्षा अधिगमकर्त्ताओं को प्रेरित करती है :

(a) listen to the lectures and rely on what is being shared/व्याख्यान को सुनना और साझा किए गए पर निर्भर रहना।

(b) participate in challenging projects
चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में भागीदार बनना।

(c) keep discussions minimal
चर्चाओं को न्यूनतम रखना।

(d) be focussed on reading the textbook
पाठ्य-पुस्तक के पठन पर केन्द्रित होना।

Ans. (b) : एक सक्रिय सामाजिक विज्ञान की कक्षा अधिगमकर्त्ताओं को चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में भाग लेने के लिए प्रेरित करती है। अधिगमकर्त्ताओं द्वारा चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में भाग लेने से उनके अन्दर आत्मविश्वास का विकास होने के साथ-साथ उनके अन्दर तर्क करने व सोचने समझने की नई धारणा का विकास होता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा - 2019

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 8 दिसम्बर, 2019)

Directions : Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. Which of the following is not true for minerals?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन खनिज के संदर्भ में सही नहीं है?

(a) They have a definite chemical composition
इनका एक निश्चित रासायनिक संघटन होता है।

(b) They are formed in different types of geological environments/ये विभिन्न प्रकार के भू–वैज्ञानिक परिवेश में निर्मित होते हैं।

(c) All minerals are non-metallic
सभी खनिज अधात्विक होते हैं।

(d) They are naturally occurring substances
ये प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाले पदार्थ हैं।

Ans. (c) : खनिज एक प्राकृतिक रूप से विद्यमान समरूप तत्व है, जिसकी एक निश्चित आंतरिक संरचना होती है तथा ये विभिन्न प्रकार के भू–वैज्ञानिक परिवेश में निर्मित होते हैं। खनिजों का निश्चित भौतिक तथा रासायनिक संघटन होता है। खनिज धात्विक, अधात्विक तथा ऊर्जा खनिज के रूप में वर्गीकृत किये जाते हैं। अतः सभी खनिज अधात्विक होते हैं, यह कथन सही नहीं है।

2. Match the following :
निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

A.	Narmada Valley/नर्मदा घाटी	i.	Early republic आरंभिक गणतंत्र
B.	Vajji/वज्जी	ii.	Hunting and gathering आखेट और संग्रहण
C.	Garo Hills गारो पहाड़ियाँ	iii.	Cities about 2500 years ago लगभग 2500 वर्ष पूर्व के शहर
D.	Ganga Valley गंगा घाटी	iv.	The first cities प्रथम नगर
E.	Indus and its tributaries/ सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ	v.	Early agriculture/ आरंभिक कृषि

	A	B	C	D	E
(a)	v	i	ii	iv	iii
(b)	ii	i	v	iii	iv
(c)	v	iv	iii	ii	i
(d)	i	ii	iii	iv	v

Ans. (b) :

A.	नर्मदा घाटी	ii.	आखेटक और संग्रहण
B.	वज्जी	i.	आरंभिक गणतंत्र
C.	गारो पहाड़ियाँ	v.	आरंभिक कृषि
D.	गंगा घाटी	iii.	लगभग 2500 वर्ष पूर्व के शहर
E.	सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ	iv.	प्रथम नगर

3. Below are two statements (A) and (B) in the context of contemporary debates on 'dates and periods' of Indian history.

Statement (A) : A Periodisation like 'Hindu – Muslim – British' is appropriate as the religion of the rulers has been the only important historical change.

Statement (B) : It is problematic to assign precise dates and time spans to 'historical processes' that happened over a period of time.

नीचे दो कथन (A) और (B) भारतीय इतिहास के 'तिथियों और काल' के समसामयिक वाद–विवादों के संदर्भ में दिए गए हैं :

कथन (A) : 'हिन्दू–मुस्लिम–ब्रिटिश' जैसी कालावधि उपयुक्त है, क्योंकि शासकों का धर्म ही एकमात्र महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन रहा है।

कथन (B) : लम्बी समयावधि में घटित होने वाली 'ऐतिहासिक प्रक्रियाओं' को निश्चित तिथियों और काल विभाजनों के अंतर्गत लाना सामस्यात्मक है।

(a) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।

(b) (A) is correct, but (B) is wrong
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।

(c) (A) is wrong, but (B) is right
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

(d) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) गलत है, किन्तु कथन (B) सही है, क्योंकि 19वीं सदी के मध्य में अंग्रेज इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को तीन युगों में बाँटा था, 'हिन्दू', 'मुस्लिम' और 'ब्रिटिश'। यह विभाजन इस विचार पर आधारित था कि शासकों का धर्म ही एकमात्र महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन होता है और अर्थव्यवस्था, समाज और संस्कृति में कोई भी महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं आता। इस दृष्टिकोण में इस महाद्वीप की अपार विविधता की भी उपेक्षा हो जाती थी।

इस काल विभाजन को आज बहुत कम इतिहासकार ही स्वीकार करते हैं। अधिकतर इतिहासकार आर्थिक तथा सामाजिक कारकों के आधार पर ही अतीत के विभिन्न कालखण्डों की विशेषताएँ तय करते हैं।

4. Below are the two statements in the context of new popular Indian art in the nineteenth century.

Statement (A) : Many painting mocked at the changes they saw around, ridiculing the new tastes of those who spoke in English and warned against women moving out of their homes.

Statement (B) : Images were used to express nationalist ideas and inspire people against British rule.

नीचे दो कथन उन्नीसवीं शताब्दी में नई लोकप्रिय भारतीय कला के संदर्भ में है।

कथन (A) : कई चित्रों में अपने आस–पास के बदलावों का उपहास किया गया, अंग्रेजी भाषी लोगों के नए शौकों का मजाक तथा औरतों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई।

कथन (B) : राष्ट्रवादी विचारों को अभिव्यक्त करने और लोगों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ उद्वेलित करने के लिए छवियों का इस्तेमाल किया जाता था।

(a) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।

(b) (A) is correct, but (B) is wrong
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।

(c) (A) is wrong, but (B) is right
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

(d) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है।

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है। उन्नीसवीं शताब्दी में नई लोकप्रिय भारतीय कला में कलाकार ऐंग्लो इंडियन स्टाइल में चित्रण करते थे जिसमें पूर्व–पाश्चात्य मिश्रण के आधार पर पशु–पक्षी, प्राकृतिक चित्र, भारतीय जीवन से संबंधित चित्र (जिसमें अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतीय दासों एवं सेवकों के जीवन का प्रकटीकरण किया गया है) बनाये जाते थे। कई चित्रों में अपने आस–पास के बदलावों का उपहास किया गया तथा अंग्रेजी भाषी लोगों के नए शौकों का मजाक बनाया गया था। इसके अतिरिक्त इन चित्रों में भ्रष्ट पुजारियों की आलोचना की गयी और औरतों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गयी। दूसरी ओर 19वीं शताब्दी के आखिर में ऐसे चित्रों का भी निर्माण किया जाने लगा जिसमें राष्ट्रवादी भावनाएँ मुखर हुई और ब्रिटिश शासन के खिलाफ जनमानस को उद्वेलित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

5. Which of the following may be considered as a primary source for understanding early humans in India?/भारत में आरंभिक मानवों पर समझ के लिए निम्नलिखित में से किसे एक प्राथमिक स्रोत माना जा सकता है?

(a) Girnar rock inscription/गिरनार का शैल अभिलेख

(b) Padshahnama painting/पादशाहनामा चित्रकला

(c) Rock painting of Madhya Pradesh
मध्य प्रदेश की शैल चित्रकला

(d) Kangra style painting/कांगड़ा–शैली की चित्रकला

Ans. (c) : भारत में आरंभिक मानवों पर समझ के लिए मध्य प्रदेश की शैल चित्रकला को प्राथमिक स्रोत माना जा सकता है क्योंकि मध्य प्रदेश की भीमबेटका गुफा विश्व की सबसे प्राचीन गुफा है। इसमें प्रस्तर सामग्री प्राप्त हुई है जो मध्य पाषाण काल (30,000 ई.पू. से 10,000 ई.पू.) से सम्बन्धित है। यहाँ पर आखेटक, कृषक, ग्वाले आदि चित्रित हैं व प्राचीन प्रस्तरयुग से भी प्राचीन मानव के अस्त्र–शस्त्र मिले हैं।

6. Children in pre-British times were taught
ब्रिटिश काल से पहले बच्चों को पढ़ाया जाता था–

(a) By payment of a fixed fee
एक निश्चित फीस लेकर

(b) Throughout the year except harvest time when they worked in the fields
साल भर, फसल की कटाई के समय छोड़कर, जब वे खेतों में काम करते थे।

(c) For assessment through an annual exam
वार्षिक परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन के लिए

(d) In state institutions/सरकारी संस्थानों में।

Ans. (b) : ब्रिटिश काल से पहले कोई निश्चित शिक्षण संस्थान नहीं होता था। इस समय मौलवी या पंडित जी अपने निवास स्थान पर ही बच्चों को शिक्षा दिया करते थे। उन बच्चों को साल भर पढ़ाया जाता था, सिवाय उस समय को छोड़कर जब वे फसल कटाई के समय खेतों में काम करते थे।

7. Below are two statement (A) and (B) in the context of emergence of nation states in Europe in 18-19th centuries.

Statement (A) : Till the eighteenth century, people in Europe saw themselves as nation states.

Statement (B) : A consciousness was created in the early nineteenth century among the people that each linguistic community was a separate nation.

नीचे दो कथन (A) और (B) 18–19वीं शताब्दियों में यूरोप में राष्ट्र राज्यों के उदय के संदर्भ में है।

कथन (A) : अठारहवीं शताब्दी तक यूरोप के लोग स्वयं को राष्ट्र–राज्य के रूप में देखते थे।

कथन (B) : प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी में लोगों को यह बोध कराया गया कि प्रत्येक भाषी समुदाय एक अलग राष्ट्र था।

(a) Both (A) and (B) are correct but (B) is not the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।
(b) (A) is correct, but (B) is wrong
(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(c) (A) is wrong, but (B) is correct
(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(d) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है।

Ans. (c) : उपरोक्त प्रश्न में कथन (A) गलत है, किन्तु कथन (B) सही है, क्योंकि 18–19वीं शताब्दियों में यूरोप के राष्ट्र राज्यों में लोगों को यह बोध कराया गया कि प्रत्येक भाषा का अपना महत्त्व है तथा प्रत्येक भाषी समुदाय एक अलग राष्ट्र है। इसी आधार पर जर्मनी और इटली जैसे देशों का एकीकरण किया गया।

8. BCE stands for :/बी.सी.ई. का तात्पर्य है–
(a) Before Common Era/बिफोर कॉमन एरा
(b) Before Caesar Era/बिफोर सीजर एरा
(c) Before Contemporary Era/बिफोर कॅन्टिंपररी एरा
(d) Before Christian Era/बिफोर क्रिश्चन एरा

Ans. (a) : बी.सी.ई. का तात्पर्य है बिफोर कॉमन एरा। ध्यातव्य है कि B.C. (हिन्दी में ई.पू.) का तात्पर्य 'बिफोर क्राइस्ट' (ईसा पूर्व) होता है। अंग्रेजी में A.D. (हिन्दी में ई.) का तात्पर्य 'एनो डॉमिनी' है, जो दो लैटिन शब्दों से बना है तथा इसका तात्पर्य ईसा मसीह के जन्म के वर्ष से है। कभी–कभी A.D. की जगह C.E. तथा B.C. की जगह B.C.E. का प्रयोग होता है। C.E. अक्षरों का प्रयोग 'कॉमन एरा' तथा B.C.E. का प्रयोग 'बिफोर कॉमन एरा' के लिए होता है। हम इन शब्दों का प्रयोग इसलिए करते हैं क्योंकि विश्व के अधिकांश देशों में अब इस कैलेण्डर का प्रयोग सामान्य हो गया है। भारत में तिथियों के इस रूप का प्रयोग लगभग 200 वर्ष पूर्व आरम्भ हुआ था।

9. How do we know today that ostriches were found in India during the Palaeolithic period ?
हम यह आज कैसे जानते हैं कि पुरापाषाण युग में भारत में शुतुरमुर्ग होते थे?
(a) Large quantities of ostrich egg shells were found at Patne in Maharashtra/महाराष्ट्र के पटने पुरास्थल से शुतुरमुर्ग के अंडों के अवशेष मिलें हैं।
(b) We have archived oral memories on ostriches in Delhi's National Museum/शुतुरमुर्गों पर मौखिक स्मृतियाँ हमारे पास दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में अभिलेखित हैं।
(c) These are described in the memories of foreign travellers/विदेशी यात्रियों के वृत्तान्तों में इसका वर्णन है।
(d) We have vivid description of these birds in the writings of that time/उस समय की कृतियों में इन पक्षियों का विविध लेख हमें मिलता है।

Ans. (a) : भारत में पुरापाषाण युग के दौरान शुतुरमुर्ग होते थे। महाराष्ट्र के पटने पुरास्थल से शुतुरमुर्ग के अंडों के अवशेष मिले हैं। इनके कुछ छिलकों पर चित्रांकन भी मिलता है। इन अंडों से मनके भी बनाए जाते थे।

10. How did the Harappan civilization come to an end ?/हड़प्पा सभ्यता का पतन कैसे हुआ ?
A. It appears as if the rulers lost control
ऐसा लगता है कि शासकों का नियंत्रण समाप्त हो गया।
B. There could have been deforestation in the area./जंगलों का विनाश हो गया होगा।
C. There were floods in the entire area of the civilization/सभ्यता के पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई।
D. The rivers dried up probably
संभवतः नदियाँ सूख गई थीं।
Choose the correct explanation.
सही व्याख्या का चयन करें–
(a) A, B, D (b) A, C, D
(c) B, C, D (d) A, B, C

Ans. (a) : हड़प्पा सभ्यता का उदय 2600 ई.पू.– 1900 ई.पू. के दौरान माना जाता है। लगभग 3900 साल पहले इस सभ्यता का पतन माना जाता है। विद्वानों के मतानुसार इसके निम्नलिखित कारण हो सकते हैं–
1. नदियाँ सूख गई थीं।
2. जंगलों का विनाश हो गया था।
3. मवेशियों के बड़े–बड़े झुंडों से चारागाह और घास वाले मैदान समाप्त हो गए थे।
4. कुछ इलाकों में बाढ़ आ गई थी।
5. बाढ़ और नदियों के सूखने का असर कुछ ही इलाकों में हुआ होगा क्योंकि सभी हड़प्पा कालीन नगर नदियों के किनारे नहीं बसे थे।
6. शासकों का नियंत्रण समाप्त हो गया होगा।

11. Under the Mahayana Buddhism
महायान बौद्ध धर्म के अंतर्गत–
(a) Statues of Buddha were made
बुद्ध की प्रतिमाएँ बनाई जाने लगीं।
(b) Bodhisattvas were not accepted as they were yet to attain enlightenment/बोधिसत्वों को नहीं स्वीकारा गया क्योंकि उन्हें अभी भी ज्ञान प्राप्ति करना बाकी था।
(c) Mathura and Taxila declined as centres of sculpture/मूर्तिकला के केन्द्रों के रूप में मथुरा एवं तक्षशिला का पतन हुआ।
(d) Buddha's presence was shown in sculpture by using certain signs/मूर्तियों में बुद्ध की उपस्थिति सिर्फ कुछ संकेतों के माध्यम से दर्शाई जाती थी।

Ans. (a) : महायान, वर्तमान काल में बौद्ध धर्म की दो प्रमुख शाखाओं में से एक है। महायान बौद्ध धर्म के अंतर्गत बुद्ध की सम्पूर्ण प्रतिमाएं बनाई जाने लगी थीं न कि मूर्तियों में बुद्ध की उपस्थिति सिर्फ कुछ संकेतों के माध्यम से दर्शाई जाती थी। इस शाखा में ऐसे प्राणी जो निर्वाण पा चुके हैं उन्हें बोधिसत्व के रूप में स्वीकार किया गया जो प्रेरणा और सहायता के लिए उपस्थित रहते थे।

12. What is true in the context of administration and consolidation under the Khaljis and Tughlaqs?/खिलजी और तुगलक वंश के अंतर्गत प्रशासन और समेकन के संदर्भ में सही क्या है?

(a) The forested areas in the gangetic plain were penetrated for the first time/गंगा के मैदानी इलाके के घने जंगलों वाले क्षेत्र को पहली बार पैठा गया।

(b) It was difficult to control distant provinces like Bangal from Delhi/दिल्ली से बंगाल जैसे सुदूर प्रांतों का नियंत्रण कठिन था।

(c) Alauddin Khalji and Muhammad Tughlaq forced their control in the gangetic plains for a longer duration/अलाउद्दीन खिलजी और मुहम्मद तुगलक गंगा के मैदानी इलाकों पर जोर जबरदस्ती अपना अधिकार लंबे समय तक रख पाए।

(d) Large parts of the subcontinent remained under the control of the Delhi Sultans
उपमहाद्वीप का काफी बड़ा हिस्सा दिल्ली के सुल्तानों के अधिकार में रहा।

Ans. (b) : खिलजी और तुगलक वंश के अंतर्गत प्रशासन और समेकन के संदर्भ में निम्न कथन सही है–

1. गंगा के मैदानी इलाके में घने जंगलों वाले ऐसे क्षेत्र थे, जिनको पैठने/भेदने में सुल्तान की सेनाएं अक्षम थीं।
2. दिल्ली से बंगाल जैसे सुदूर प्रांतों का नियंत्रण कठिन था और दक्षिण भारत की विजय के तुरंत बाद ही वह पूरा क्षेत्र फिर से स्वतंत्र हो गया था।
3. अलाउद्दीन खिलजी और मुहम्मद तुगलक गंगा के मैदानी इलाकों पर जोर–जबरदस्ती कर अपना अधिकार तो जमा लेते थे, पर वह अधिकार कुछ ही समय तक रह पाता था।
4. उपमहाद्वीप का काफी बड़ा हिस्सा दिल्ली के सुल्तानों के अधिकार से बाहर ही था।

13. Which of the following statements is <u>incorrect</u> in the historical reconstruction of tribal people?
जनजातीय लोगों के इतिहास के पुनर्निर्माण में निम्न में से कौन कथन <u>गलत</u> है?

(a) Most tribal groups kept written records
अधिकांश जनजातीय समूहों ने लिखित दस्तावेज रखा है।

(b) Tribal people preserved rich customs and oral traditions/जनजातीय लोगों ने समृद्ध रीति–रिवाजों और मौखिक परंपराओं का संरक्षण किया है।

(c) Tribal societies depended on each other for their diverse needs/जनजातीय समाज अपनी विविध किस्म की जरूरतों के लिए एक–दूसरे पर निर्भर रहा।

(d) Contemporary historians and travellers give scanty information about tribes/समकालीन इतिहासकार और मुसाफिरों ने जनजातियों के बारे में बहुत कम जानकारी दी है।

Ans. (a) : जनजातीय लोगों के इतिहास निर्माण के लिए कोई ठोस दस्तावेज प्राप्त नहीं होते हैं क्योंकि कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो जनजातीय लोग भी लिखित दस्तावेज नहीं रखते थे और न ही समकालीन इतिहासकारों और मुसाफिरों ने जनजातियों के बारे में बहुत कुछ लिखा है। लेकिन समृद्ध रीति–रिवाजों और वाचिक/मौखिक परम्पराओं का वे संरक्षण करते थे तथा अपनी विविध किस्म की जरूरतों के लिए एक दूसरे पर निर्भर रहते थे। ये परम्परायें और रीति–रिवाज हर नयी पीढ़ी को विरासत में मिलती थी। आज के इतिहासकार जनजातियों का इतिहास लिखने के लिए इन वाचिक परम्पराओं का इस्तेमाल करने लगे हैं।

14. How did the British consolidate their control over India after the Revolt of 1857 ?
1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने किस प्रकार भारत पर अपने नियंत्रण को समेकित किया?

(a) By recruiting more soldiers from Awadh, Bihar, Central India and South India
अवध, बिहार, मध्य भारत और दक्षिण भारत से ज्यादा सिपाहियों की भर्ती कर।

(b) By making policies to protect the landless and peasants/भूमिहीनों तथा किसानों की रक्षा के लिए नीतियाँ बनाकर।

(c) By appeasement and safeguarding property rights/तुष्टिकरण तथा संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करके

(d) By transfer of powers of the East India company to the British crown for a more responsible management of Indian affairs/ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथ में सौंप कर ताकि भारतीय मामलों को ज्यादा बेहतर ढंग से सँभाला जा सके।

Ans. (d) : 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथों में सौंप दिया ताकि भारतीय मामलों को एक शासन के अधीन ज्यादा बेहतर ढंग से संभाला जा सके, जबकि उन्होंने किसानों तथा भूमिहीनों की रक्षा के लिए कोई विशेष नीति नहीं बनायी थी और न ही भारतीयों के संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करना उनका ध्येय था।

15. Which of the following NOT a feature of Representative Democracy?/निम्नलिखित में से क्या प्रतिनिधि लोकतंत्र की विशेषता नहीं है?

(a) Decision making in the hands of the representatives/प्रतिनिधियों के हाथ में निर्णय–निर्माण की प्रक्रिया

(b) Direct participation of people in decision making/जनता का निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष सहभागिता

(c) Franchise rights people
जनता को मतदान का अधिकार

(d) Representatives choosen through elections
मतदान द्वारा प्रतिनिधि का चुनाव

Ans. (b) : प्रतिनिधि लोकतंत्र में निर्णय–निर्माण की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष सहभागिता जन प्रतिनिधियों की होती है जो जनता द्वारा चुने जाते हैं। जनता की इस प्रक्रिया में अप्रत्यक्ष सहभागिता होती है। अतः प्रतिनिधि लोकतंत्र में जनता को मतदान का अधिकार तथा मतदान द्वारा प्रतिनिधि के चुनाव का अधिकार होता है।

16. Which particular region in India is known as the 'Little Tibet' ?
भारत के किस क्षेत्र को 'छोटा तिब्बत' कहा गया है?

(a) Arunanchal Pradesh/अरुणांचल प्रदेश
(b) Sikkim/सिक्किम
(c) Himanchal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(d) Ladakh/लद्दाख

Ans. (d) : भारत के लद्दाख क्षेत्र जिसकी राजधानी लेह है, को तिब्बत से सटे होने के कारण 'छोटा तिब्बत' कहा जाता है क्योंकि वहाँ के सांस्कृतिक तथा सामाजिक परिवेश एक–दूसरे से मिलते–जुलते हैं।

17. What is the appellate system in India?
भारत में अपील प्रणाली या पौनर्वादिक प्रणाली किसे कहते हैं?

(a) provision for appeal in the parliament against a court order/न्यायालय के आदेश के खिलाफ संसद में अपील का प्रावधान
(b) provision for the Executive Head of the state acting as the highest appellate authority/राज्य कार्यपालिका प्रमुख का सर्वोच्च अपील प्राधिकारी के रूप में कार्यरत होने का प्रावधान।
(c) provision for appeal to a higher court against the decision of a lower court/निचली न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील का प्रावधान
(d) provision for applying for judicial services/ न्यायिक सेवा में आवेदन का प्रावधान

Ans. (c) : अपील शब्द का अर्थ है– किसी मामले को किसी निचली अदालत के ऊपर की किसी अदालत में इस नजरिए के साथ ले जाना कि सुनाया गया फैसला माने जाने योग्य है या नहीं। अपील प्रणाली या पौनर्वादिक प्रणाली किसी निचली न्यायालय के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक जाँच किये जाने का आवेदन होता है।

18. Which of the following is <u>NOT</u> a feature of Peninsular Plateau?/निम्नलिखित में से कौन सा प्रायद्वीपीय पठार का लक्षण नहीं है?

(a) Aravali, Hills border it on the North-West side/इसके उत्तर–पश्चिम में अरावली शृंखला स्थित है।
(b) It is rich is minerals like coal and iron-ore यहाँ कोयला एवं लौह अयस्क जैसे खनिजों की प्रचुरता है।
(c) Rivers Mahanadi and Krishna are some of the west flowing rivers in the plateau/इस पठार पर पश्चिम की ओर बहने वाली महानदी और कृष्णा नदियाँ मौजूद हैं।
(d) I lies to the South of Northern plains यह उत्तरी मैदानों के दक्षिण में स्थित है।

Ans. (c) : प्रायद्वीपीय पठार के लक्षण निम्नलिखित हैं–
1. यह गंगा तथा यमुना के उत्तरी मैदानों के दक्षिण में स्थित है।
2. इसके उत्तर–पश्चिम में अरावली शृंखला स्थित है।
3. पश्चिमी घाट इसकी पश्चिमी सीमा तथा पूर्वी घाट पूर्वी सीमा का निर्धारण करती है।
4. इस पठार की अधिकांश नदियां जैसे– कृष्णा, महानदी, गोदावरी, कावेरी आदि का उद्गम पश्चिमी घाट से होता है तथा ये पूर्व की ओर बहने वाली नदियाँ हैं।

19. Which of the following statements about Africa is correct?/निम्नलिखित में से कौन सा कथन अफ्रीका के बारे में सही है?

(a) It is the only continent through which the Tropic of Cancer, Equator and Tropic of Capricorn pass/यही एक ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर कर्क, विषुवत् तथा मकर रेखाएँ गुजरती हैं।
(b) Gobi desert is located in this continent/गोबी मरुस्थल इस महाद्वीप में स्थित है।
(c) It is separated from Asia by Ural mountains on the west/इसके पश्चिम में यूराल पर्वत है जो इसे एशिया से अलग करता है।
(d) A large part of Africa lies in the Southern Hemisphere/अफ्रीका का बहुत बड़ा भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है।

Ans. (a) : अफ्रीका एकमात्र ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर कर्क, विषुवत् तथा मकर रेखाएँ गुजरती हैं। अफ्रीका में सहारा मरुस्थल स्थित है, जो विश्व का विशालतम गर्म मरुस्थल है। जबकि गोबी मरुस्थल एशिया महाद्वीप में स्थित है तथा यूराल पर्वत एशिया तथा यूरोप को अलग करता है।

20. The Southern parts of India particularly Tamil Nadu and Andhra Pradesh receive rainfall in Autumn because
भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में शरद् ऋतु में वर्षा होती है, क्योंकि

(a) winds blow from Arabian Sea to Bay of Bengal/पवन अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है।
(b) winds blow from Bay of Bengal to Arabian Sea/पवन बंगाल की खाड़ी से अरब सागर की तरफ बहती है।
(c) winds move back from mainland to Arabian Sea/पवन स्थल भागों से लौटकर अरब सागर की ओर बहती है।
(d) winds move back from the mainland to the Bay of Begal/पवन स्थल भागों से लौटकर बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है।

Ans. (d) : भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में शरद ऋतु में वर्षा होती है क्योंकि पवनें स्थल भागों से लौटकर बंगाल की खाड़ी की ओर बहती हैं। यह मानसून के लौटने का समय होता है। दूसरी ओर दक्षिण–पश्चिम मानसून या वर्षा ऋतु में मानसूनी पवनें बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर से स्थल की ओर बहती हैं।

21. Which of the following are block mountains ?
निम्नलिखित में से कौन भ्रंशोत्थ पर्वत है ?

(a) Appalachians/अप्लेशियन पर्वत
(b) Ural/यूराल पर्वत
(c) Vosges/वॉसजेस पर्वत
(d) Himalayas/हिमालय पर्वत

Ans. (c) : भ्रंशोत्थ पर्वत या ब्लॉक पर्वत का निर्माण पृथ्वी के ऊपरी सतहों में भ्रंशन के द्वारा भू–भाग के ऊपर उठने अथवा बहुत बड़े भाग के टूट कर ऊर्ध्वाधर रूप से विस्थापित होने से होता है। ऊपर उठे खण्ड को उत्खण्ड (हार्स्ट) तथा नीचे धँसे खण्डों को द्रोणिका भ्रंश (ग्राबेन) कहा जाता है। जैसे– यूरोप की राइन घाटी तथा वॉसजेस पर्वत इसके उदाहरण हैं।

22. Statement (A) : Only one side of the moon is visible to us on Earth
Statement (B) : The moon moves around the Earth in about 27 days and takes exactly the same time to complete 1 spin
Select the correct option from the given alternatives
कथन (A) : पृथ्वी से हमें चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है।
कथन (B) : चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर लगभग 27 दिनों में पूरा करता है और लगभग इतने ही समय में वह अपने अक्ष पर एक चक्कर भी पूरा करता है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(b) (A) is true, but (B) is true
(A) सही है, परन्तु (B) गलत है।
(c) (A) is false, but (B) is true
(A) गलत है, परन्तु (B) सही है।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या है (A) की।

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) और (B) दोनों सही हैं तथा कथन (B) कथन (A) की सही व्याख्या भी है, क्योंकि चन्द्रमा की घूर्णन तथा परिक्रमण काल दोनों ही लगभग बराबर होता है अर्थात् चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर तथा अपने अक्ष पर भी एक चक्कर लगभग 27 दिनों में पूरा करता है इसलिए पृथ्वी से हमें चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है।

23. Consider the statements A, B, C on metamorphic rocks and choose the correct answer :
कायांतरित शैल के बारे में दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–
A. When igneous and sedimentary rocks are subjected to heat and pressure they change to metamorphic rocks./आग्नेय और अवसादी शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में कायांतरित शैलों में परिवर्तित हो जाती हैं।
B. Metamorphic rocks melt to form molten magma when subjected to great heat and pressure./कायांतरित शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में पिघलकर द्रवित मैग्मा बनाते हैं।
C. Marble is a metamorphic rock.
संगमरमर एक कायांतरित शैल है।
(a) A and B are correct and C is incorrect
A एवं B सही हैं और C गलत है।
(b) A, B, C all are correct/A, B और C तीनों सही हैं।
(c) A and C are correct and B is incorrect
A एवं C सही हैं और B गलत है।
(d) B and C are correct and A is incorrect
B एवं C सही हैं और A गलत है।

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न में कायांतरित शैल के बारे मे दिये गये सभी कथन सही हैं, क्योंकि आग्नेय और अवसादी शैल ही उच्च ताप और दाब के प्रभाव के कारण अपरदित होकर कायांतरित शैलों में परिवर्तित हो जाते हैं तथा ये शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में पिघलकर द्रवित मैग्मा बनाते हैं। रूपांतरित चट्टान पृथ्वी की पपड़ी के एक बड़े हिस्से से बनी होती है तथा बनावट, रासायनिक और खनिज संयोजन द्वारा इनको वर्गीकृत किया जाता है।
कायांतरित शैल का एक अच्छा उदाहरण संगमरमर है जो चूना पत्थर के रीक्रिस्टलिजेशन के बाद उत्पन्न होती है।

24. On entering which layer of the atmosphere from space do the meteorites burn up ?
अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्कापिंड वायुमंडल के किस परत में आने पर जल जाते हैं?
(a) Thermosphere/बाह्य वायुमंडल
(b) Exosphere/बर्हिमंडल
(c) Stratosphere/समतापमंडल
(d) Mesosphere/मध्यमंडल

Ans. (d) : मध्य मण्डल वायुमण्डल की तीसरी परत है जो समतापमण्डल सीमा के ऊपर स्थित है। इसकी ऊँचाई लगभग 80 किलोमीटर तक है। अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड इसी परत में आने पर जल जाते हैं।

25. Transhumance is related to :
ऋतु प्रवास जुड़ा हुआ है–
(a) Closely built area of houses
घरों की पास–पास बसावट से
(b) Artificial enclosures for keeping small house plants/एक छोटे; घर के पौधे रखने का कृत्रिम अहाता से
(c) Places where settlements develops
ऐसे स्थान जहाँ बस्तियाँ विकसित होती हैं।
(d) Movement of people/लोगों के आवागमन से

Ans. (d) : ऋतु प्रवास लोगों के आवागमन से जुड़ा हुआ है। दो भिन्न जलवायु दशाओं वाले क्षेत्रों में सामान्यतः पशुचारकों के द्वारा अपने पशुओं के साथ मौसम परिवर्तन के अनुसार किया जाने वाला प्रवास ऋतु प्रवास कहलाता है। मौसमी प्रवास अधिकांशतः शीतोष्ण कटिबंध में पर्वतीय तथा मैदानी घाटियों के मध्य होता है।

26. Consider the statement A and B on permanent winds and choose the correct option :
स्थायी पवनों के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. These winds blow constantly throughout the year in a particular direction/ये पवनें वर्षभर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं।
B. Westerlies and Easterlies are examples of these winds./पश्चिमी एवं पूर्वी पवनें इनके उदाहरण हैं।
(a) A is false, B is true/A गलत है, B सही है।
(b) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।
(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।
(d) A is true, B is false/A सही है, B गलत है।

Ans. (b) : स्थायी पवनें या भूमंडलीय पवनें वर्षभर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं तथा पश्चिमी पवनें, एवं पूर्वी पवनें इसके उदाहरण हैं। अतः उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) तथा (B) दोनों सही हैं।

27. Campos in Brazil and Lanos in Venezuela are examples of :/ब्राजील के कंपोस और वेनेजुएला के लानोस उदाहरण हैं–

(a) Tundra type of vegetation/टुंड्रा प्रकार की वनस्पति के
(b) Tropical grasslands/उष्ण कटिबंधीय घास स्थल के
(c) Mediterranean vegetation/भूमध्य सागरीय वनस्पति के
(d) Temperate grasslands
शीतोष्ण कटिबंधीय घास स्थल के

Ans. (b) : उष्ण कटिबंधीय घास का मैदान, उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों और मरुस्थलीय बायोम के बीच पाया जाता है। इस प्रकार के घास के मैदान में घास के अतिरिक्त कहीं–कहीं झाड़ियाँ और कुछ पेड़ भी पाए जाते हैं। उदाहरण– ब्राजील का कंपोस, वेनेजुएला के लानोस, पूर्वी अफ्रीका का सवाना आदि।

28. Consider the statements A and B about 'climate' and choose the correct answer :
'जलवायु' के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. Climate refers to the day to day changes in the atmosphere./जलवायु वायुमंडल में दिन प्रतिदिन होने वाला परिवर्तन है।

B. Climate of a place is affected only by its attitude and relief./किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी ऊँचाई तथा उच्चावच पर निर्भर करती है।

(a) A is false, B is true/A गलत है, B सही है।
(b) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।
(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।
(d) A is true, B is false/A सही है, B गलत है।

Ans. (c) : मौसम संबंधित दीर्घकालिक अवस्था ही जलवायु कहलाती है। जलवायु वायुमंडल में दिन–प्रतिदिन होने वाला परिवर्तन नहीं है अपितु एक निश्चित समय अंतराल पर होने वाला परिवर्तन है और किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी ऊँचाई तथा उच्चावच पर ही नहीं अपितु पवन की दिशा, समुद्र से दूरी, वर्षा, अक्षांश और देशांतर की स्थिति पर भी निर्भर करती है। अतः कथन (A) और (B) दोनों गलत हैं।

29. Identify the source of energy from the given features A and B :/दिये गए लक्षणों A और B के आधार पर ऊर्जा– स्रोत की पहचान करें :

A. It is a conventional source of energy
यह एक परम्परागत ऊर्जा का स्रोत है।

B. This source of energy is released when crude oil is brought to surface./यह ऊर्जा– स्रोत तब निर्मुक्त होती है जब अपरिष्कृत तेल को धरातल पर लाया जाता है।

(a) Natural gas/प्राकृतिक गैस
(b) Geo-thermal energy/भूतापीय ऊर्जा
(c) Wax/मोम
(d) Biogas/बायोगैस

Ans. (a) : प्राकृतिक गैस पेट्रोलियम निक्षेपों के साथ पायी जाती है और तब निर्मुक्त होती है जब अपरिष्कृत तेल को धरातल पर लाया जाता है। इसका प्रयोग घरेलू और वाणिज्यिक ईंधनों के रूप में किया जा सकता है। यह एक परंपरागत ऊर्जा का स्रोत है, जबकि अन्य भूतापीय ऊर्जा, मोम, बायोगैस आदि ऊर्जा के गैर–परंपरागत स्रोत हैं।

30. India's research station 'Maitri' is located in :
भारत का शोध संस्थान 'मैत्री' कहाँ अवस्थित है?

(a) Antarctica/अंटार्कटिका (b) Europe/यूरोप
(c) Asia/एशिया (d) Australia/ऑस्ट्रेलिया

Ans. (a) : 'मैत्री' अनुसंधान केन्द्र अंटार्कटिका में स्थित भारत का दूसरा स्थाई शोध संस्थान है। इसका निर्माण वर्ष 1984 में हुआ था।

31. The primary purpose of assessment in social science is :
सामाजिक विज्ञान में आकलन का मुख्य उद्देश्य है–

(a) Categorising and labelling learners
शिक्षार्थियों को वर्गीकृत करने एवं चिह्नित करने के लिए
(b) To highlight social differences amongst the learners/शिक्षार्थियों के बीच सामाजिक विभेदों को दर्शाने के लिए।
(c) To give learners feedback and setting standards for them to strive towards/शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि देना तथा मानक स्थापित करना जिनको पाने के लिए वे प्रयासरत रहें।
(d) To recall textbook knowledge and reduce exam stress for all learners/पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान को याद करने की क्षमताओं का परीक्षण तथा सभी शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा के तनाव को कम करना।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान में आकलन के निम्नलिखित उद्देश्य होने चाहिए–
- शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि देना तथा मानक स्थापित करना जिनको पाने के लिए वे प्रयासरत रहें।
- शिक्षण के जो उद्देश्य निश्चित किये जाते हैं, उनकी प्राप्ति किस सीमा तक हुई, इसका पता लगाना।
- आकलन द्वारा अध्यापक की योग्यता की जाँच करना।
- विशिष्ट बालकों की पहचान करना, जिससे उनकी क्षमता का विकास किया जा सके।
- शैक्षिक कार्यक्रम एवं शिक्षण विधियाँ उपयुक्त हैं या नहीं, इसका पता लगाना आदि।

32. Films can be used as an effective pedagogic tool in the social science classrooms because
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में फिल्मों को एक प्रभावी शैक्षणिक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि–

A. Films can bring the world into the classroom./फिल्में कक्षा के भीतर बाहरी दुनिया को ला सकती हैं।

B. films inspire us with the power of discovering the unseen and the unheard contexts./फिल्में अनदेखे और अनसुने संदर्भों को खोजने की शक्ति से प्रेरित करते हैं।

C. **films bring stories, voices and images that in life may be far removed from us/फिल्में ऐसी कहानियों, संवादों और छवियों को सामने लाती हैं, जो जीवन में हमसे दूर हो सकती हैं।**

D. **films are objective medium which can encourage learners to frame their views in a singular manner./फिल्में एक वस्तुनिष्ठ माध्यम हैं जो छात्रों को एक ही तरीके से अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B, D (b) A, C, D
(c) B, C, D (d) A, B, C

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में फिल्मों को एक प्रभावी शैक्षणिक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि–

- फिल्में कक्षा के भीतरी बाहरी दुनियाँ को ला सकती हैं।
- फिल्में अनदेखे और अनसुने संदर्भों को खोजने की शक्ति से प्रेरित करते हैं।
- फिल्में ऐसी कहानियों, संवादों और छवियों को सामने लाती हैं जो जीवन में हमसे दूर हो सकती हैं।
- फिल्मों से कार्य–करण विश्लेषण भली प्रकार से हो सकता है।
- विद्यार्थियों की कल्पना, निरीक्षण, तर्क, स्मृति आदि के विकास की दृष्टि से यह बहुत उपयोगी है।
- सामाजिक विज्ञान के संज्ञानात्मक, भावात्मक तथा कौशलात्मक तीनों प्रकार के पाठों के शिक्षण में फिल्मों का उपयोग लाभदायी होता है।

33. Which of the following statements is correct in the context of using map in a classroom ?
कक्षा में मानचित्र के प्रयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में सही कौन है?

A. **Map is socio-political construct./मानचित्र एक सामाजिक–राजनीतिक निर्मिति है।**

B. **From time immemorial, 'North' has always been shown at the top of a map in all socio-political contexts./चिरकाल से 'उत्तर' को सदा सभी सामाजिक–राजनीतिक संदर्भों में मानचित्र में ऊपर दर्शाया गया है।**

C. **Map is three dimensional device whereas we live in a two dimensional world./मानचित्र एक त्रि–आयामी साधन है जबकि हम दो–आयामी दुनिया में रहते हैं।**

D. **Map is an aid to develop a 'sense of time' in learners./शिक्षार्थियों में 'समय की अवधारणा' को विकसित करने के लिए मानचित्र एक सहायक सामग्री है।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) Only B/केवल B
(b) Only C and D/केवल C तथा D
(c) A, B and C/A, B तथा C
(d) Only A/केवल A

Ans. (d) : शिक्षार्थियों में 'समय की अवधारणा' को विकसित करने के लिए मानचित्र एक महत्त्वपूर्ण सहायक सामग्री है। इसलिए आवश्यक है कि मानचित्र मापक के अनुसार हों, जिसका उल्लेख उसमें हो, इसमें दिशा एवं संकेतक हो, मानचित्र उचित प्रक्षेप पर बने हों, जिसके भू–आकार में विकृति न हो, रंगों का प्रयोग भू–रचना को प्रदर्शित करने वाले मानचित्रों में अवश्य हो तथा मानचित्र में प्रदर्शित तथ्य सही हो आदि। यदि विद्यार्थी मानचित्र को देखकर उसमें निहित तथ्यों को समझते हैं और उन पर सही निर्णय ले पाते हैं तो सामाजिक विज्ञान उनके लिए जीवन्त विषय हो जायेगा।

34. In an effort to connect learning with learner's life, the social science teacher needs to
शिक्षार्थियों के जीवन से अधिगम को जोड़ने के प्रयास में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि–

A. **Intentionally and explicitly includes diverse cultural perspectives in the subject content./विषय–वस्तु में विविध सांस्कृतिक दृष्टिकोणों को इरादतन (जानबूझकर) एवं सुस्पष्ट शामिल करें।**

B. **point out the personal and family backgrounds of the learners in the class./कक्षा में शिक्षार्थियों को उनके निजी एवं पारिवारिक संदर्भ से चिह्नित करना।**

C. **give learners opportunity to share their examples and experiences in the class./शिक्षार्थियों को अपने उदाहरणों एवं अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए मौका दें।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A and C are correct/A तथा C सही हैं।
(b) B and C are correct/B तथा C सही हैं।
(c) Only B is correct/केवल B सही है।
(d) A and B are correct/A तथा B सही हैं।

Ans. (a) : शिक्षार्थियों के जीवन से अधिगम को जोड़ने के प्रयास में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि विषय–वस्तु में विविध सांस्कृतिक दृष्टिकोणों को इरादतन (जानबूझकर) एवं सुस्पष्ट शामिल करें तथा शिक्षार्थियों को अपने उदाहरणों एवं अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए मौका दें क्योंकि जब विषय–वस्तु को विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया जाता है, तो उनका ज्ञान स्थायी होता है और उन्हें रटन्त प्रणाली से मुक्ति मिलती है।

35. While teaching history, 'genealogy chart' is used to :/इतिहास पढ़ाते वक्त 'वंशावली चार्ट' का प्रयोग होता है–

A. **Represent the growth and development of an empire or a dynasty/किसी साम्राज्य या वंश के वर्धन एवं विकास को चित्रित करने के लिए।**

B. **Show sequence and functional relationship. अनुक्रम एवं प्रकार्यात्मक संबंधों को दर्शाने के लिए।**

C. **Provide a chronological framework. एक कालक्रमिक रूपरेखा देने के लिए।**

D. **Develop a sense of space in learners. शिक्षार्थियों में स्थान की अवधारणा विकसित करने के लिए।**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें–

(a) A, C and D are correct/A, C तथा D सही हैं।
(b) B, C and D are correct/B, C तथा D सही हैं।
(c) Only C and D are correct/केवल C तथा D सही हैं।
(d) A, B and C are correct/A, B तथा C सही हैं।

Ans. (d) : इतिहास पढ़ाते वक्त 'वंशावली चार्ट' का प्रयोग निम्न प्रकार के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है–
- किसी साम्राज्य या वंश के वर्धन एवं विकास को चित्रित करने के लिए,
- अनुक्रम एवं प्रकार्यात्मक संबंधों को दर्शाने के लिए,
- एक कालक्रमिक रूपरेखा देने के लिए

शिक्षार्थियों में स्थान की अवधारणा विकसित करने के लिए ग्लोब या मानचित्र का उपयोग किया जाता है।

36. What adaptations in the teaching learning process should a social science teacher make while engaging with learners who are visually challenged?
दृष्टि बाधित शिक्षार्थियों के साथ कार्य करते समय एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक को किस प्रकार से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अनुकूलन करना चाहिए?

A. Speak clearly and loudly with appropriate pauses and reiterations.
यथोचित विराम तथा पुनरावृत्ति के साथ स्पष्ट एवं उच्च आवाज में बोलना

B. Use a variety of visually appealing worksheets. /विविध प्रकार के आकर्षक दृश्यों वाले कार्यपत्रों का प्रयोग करना।

C. Give verbal clues to create opportunities to imagine./मौखिक संकेतों द्वारा कल्पना करने के अवसरों को उत्पन्न करना।

D. Introduce tactile materials during class room discussions./कक्षा में चर्चा के दौरान 'टेक्टाइल' (स्पर्श करने वाली) सामग्रियों को शामिल करना।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, C and D only/केवल A, C तथा D
(b) B only/केवल B
(c) B, C and D only/केवल B, C तथा D
(d) A and B only/केवल A तथा B

Ans. (a) : दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों के साथ कार्य करते समय एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को निम्न प्रकार से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अनुकूलन करना चाहिए–
- यथोचित विराम तथा पुनरावृत्ति के साथ स्पष्ट एवं उच्च आवाज में बोलना चाहिए।
- मौखिक संकेतों द्वारा कल्पना करने के लिए अवसरों को उत्पन्न करना चाहिए।
- कक्षा में चर्चा के दौरान 'टेक्टाइल' (स्पर्श करने वाली) सामग्रियों को शामिल करना चाहिए।
- शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा श्रव्य शिक्षण–सहायक सामग्रियों का प्रयोग करना चाहिए।

37. Consider the statements on project method in social science teaching :/सामाजिक विज्ञान शिक्षण में 'प्रोजेक्ट विधि' के कथनों पर विचार करें :

A. It is inspired by pragmatic perspective
यह उपयोगितावादी दृष्टिकोण से प्रेरित है।

B. It turns learners into a discoverer
यह शिक्षार्थियों को खोजी बना देता है।

C. It is entirely a teacher-centered method
यह पूर्णरूपेण एक शिक्षक केन्द्रित विधि है।

D. It allows learning through self-directed activity/यह स्व–निर्देशित क्रियाकलापों द्वारा अधिगम को मानती है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B and C are correct/A, B एवं C सही हैं।
(b) A, B and D are correct/A, B एवं D सही हैं।
(c) A, C and D are correct/A, C एवं D सही हैं।
(d) A and B are correct/A एवं B सही हैं।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण में 'प्रोजेक्ट विधि' या 'परियोजना विधि' के उपयोग करने के निम्न लाभ हैं–
- यह उपयोगितावादी दृष्टिकोण से प्रेरित है।
- यह शिक्षार्थियों को खोजी बना देता है।
- यह विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थिति में कार्य करने का अवसर देता है।
- यह स्व–निर्देशित क्रियाकलापों द्वारा अधिगम को मानती है।
- इसके द्वारा छात्रों के व्यावहारिक गुणों का विकास होता है।
- इस विधि द्वारा रटने की प्रवृत्ति को निरुत्साहित किया जाता है।
- यह विधि सीखने के सिद्धांतों जैसे– अभ्यास, तत्परता तथा परिणाम का नियम आदि पर आधारित होने के कारण मनोवैज्ञानिक है।

38. A social science teacher willing to enquire with a constructivist perspective would view the learners as :
अन्वेषण को इच्छुक रचनात्मक दृष्टिकोण से एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को किस रूप में देखेगी?

A. Curious to explore on social processes
सामाजिक प्रक्रियाओं में खोज करने को उत्सुक।

B. Imaginative on the basis of sources
स्त्रोतों के आधार पर कल्पनाशील।

C. Trying to suggest solutions to problems
समस्याओं के समाधान के सुझावों की कोशिश करने वाले।

D. Postponing discussions on controversial issues for higher education level/विवादास्पद मुद्दों को उच्चतर शिक्षा के स्तर पर चर्चा करने के लिए स्थगित करने वाले।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B and C only/केवल A, B एवं C
(b) A, B and D only/केवल A, B एवं C
(c) B, C and D only/केवल B, C एवं D
(d) A and B only/केवल A एवं B

Ans. (a) : अन्वेषण को इच्छुक रचनात्मक दृष्टिकोण से एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को निम्न रूप में देखेगी–

- सामाजिक प्रक्रियाओं में खोज करने को उत्सुक
- स्रोतों के आधार पर कल्पनाशील
- समस्याओं के समाधान के सुझावों की कोशिश करने वाला
- विचार–विमर्श द्वारा समस्याओं का समाधान करने वाला।

ध्यातव्य है कि शिक्षण के रचनात्मक उपागम में शिक्षक की भूमिका ज्ञान के प्रेषक के स्थान पर ज्ञान को बढ़ाने वाला, अन्वेषक, प्रबन्धक, ज्ञान की खोजबीन करने वाला मार्गदर्शक की होती है जबकि छात्र की भूमिका ज्ञान के सक्रिय निर्माता की होती है।

39. Which of the following may be helpful towards making social science curriculum more inclusive?
सामाजिक विज्ञान के पाठ्यचर्या को अधिक समावेशी बनाने में निम्न में से कौन सहायक हो सकता है?

A. Engendering the curriculum/पाठ्यचर्या को जेंडर सम्बन्धित मुद्दों से जोड़ना।

B. Uniform instructions and a fixed teaching way in classroom/कक्षा में एकरूप निर्देश एवं एक निश्चित शिक्षण शैली।

C. Engaging with different sources - official as well as of subaltern contexts/विभिन्न स्रोतों को शामिल करना अधिकारिक एवं निम्नवर्गीय प्रसंगों के।

D. One exam paper fitting all learners
एक परीक्षापत्र सभी विद्यार्थियों के लिए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A and C only/केवल A एवं C
(b) B and D only/केवल B एवं D
(c) B, C and D only/केवल B, C एवं D
(d) A and B only/केवल A एवं B

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के पाठ्यचर्या को अधिक समावेशी बनाने में निम्न कार्य सहायक हो सकते हैं–

- पाठ्यचर्या को जेंडर संबंधित मुद्दों से जोड़ना।
- विभिन्न स्रोतों को शामिल करना– अधिकारिक एवं निम्न वर्गीय प्रसंगों से।
- पाठ्यचर्या को लचीला बनाना।
- पाठ्यचर्या को जीवन के समसामयिक मुद्दों से जोड़ना।
- पाठ्यचर्या को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना आदि।

40. Why should students learn to be critical ?
विद्यार्थियों को विवेचनात्मक होना क्यों सीखना चाहिए?

(a) To maintain the status quo in society
समाज में यथा–स्थिति बनाए रखने के लिए।
(b) To understand how issues are related to their own lives/यह समझने के लिए कि मुद्दे उनकी खुद की जिंदगी से कैसे जुड़े हुए हैं।
(c) To appreciate uniform, homogeneous perspective/एकरूप, समशील दृष्टिकोण की कद्र करने के लिए।
(d) To point out flows and being cynical about everything/कमियों को इंगित करने के लिए एवं लगभग सभी चीजों पर दोषदर्शी होने के लिए।

Ans. (b) : विद्यार्थियों को विवेचनात्मक होना इसलिए सिखाया जाना चाहिए कि ताकि वे समझ सकें कि मुद्दे उनकी खुद की जिन्दगी से किस प्रकार जुड़े होते हैं। विवेचनात्मक शिक्षा विभिन्न मुद्दों पर उनके राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक व नैतिक पहलुओं के संदर्भ में आलोचनात्मक चिंतन का अवसर प्रदान करता है। इसके लिए आवश्यक है सामाजिक मुद्दों पर विविध विचारों की स्वीकृति और संवाद के लोकतांत्रिक रूप के प्रति प्रतिबद्धता। यह उन अनेक संदर्भों के दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है, जिनमें हमारे स्कूल चलते हैं। एक आलोचनात्मक रूपरेखा बच्चों को सामाजिक मुद्दों को अलग परिप्रेक्ष्य में देखने में सहायता करती है और यह भी स्पष्ट करती है कि किस तरह ये मुद्दे उनके जीवन से जुड़े हुए हैं।

41. Select the example that represents diversity from the following examples :
निम्नलिखित उदाहरणों में से विविधता को दर्शाने वाले उदाहरण का चयन करें :

(a) Allen belongs to a poor family, while Simon's family is very rich/एलेन एक गरीब परिवार से वास्ता रखता है, जबकि साईमन का परिवार बहुत अमीर है।
(b) Raghu does not want to include Suresh in the football team because he comes from a particular community of society/रघु सुरेश को फुटबॉल की टीम में शामिल नहीं करना चाहता है क्योंकि वह समाज के एक खास समुदाय से आता है।
(c) Paritosh known good Bangla; whereas Suchita speaks Hindi/परितोष को बांग्ला अच्छी आती है, वहीं सुचिता हिंदी बोलती है।
(d) Saroj got the chance to go to school while Nirmala did not get the chance to go to school/सरोज को स्कूल जाने का मौका मिला जबकि निर्मला को स्कूल जाने का मौका नहीं मिला।

Ans. (c) : 'परितोष को बांग्ला अच्छी आती है, वहीं सुचिता हिन्दी बोलती है।' कथन विविधता को दर्शाता है क्योंकि विविधता में भाषायी विविधता, सांस्कृतिक विविधता, रहन–सहन, वेश–भूषा आदि को शामिल किया जा सकता है जबकि गरीबी–अमीरी, जाति–पाति, शिक्षा–अशिक्षा, काला–गोरा आदि असमानता के अंतर्गत रखा जाता है। किसी समाज या देश की विविधता उस समाज या देश की पहचान होती है जबकि किसी समाज या देश में असमानता उसकी प्रगति में बाधक होती है।

42. A social science excursion trip in a school involved a visit to Ziro, Bombdila, Namdapha National Park, Tawang and Leisang village. On which medium could you ask the students to mark the two states they had visited ?
एक स्कूल के सामाजिक विज्ञान के शैक्षणिक भ्रमण में जीरो, बोमडिला, नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान, तवांग तथा लिसांग गाँव को शामिल किया गया। किस माध्यम से विद्यार्थियों को आप भ्रमण किए गए दो राज्यों को इंगित करने को कहेंगे?

(a) Manipur and Sikkim on a timeline
मणिपुर एवं सिक्किम एक समय रेखा पर
(b) Arunanchal Pradesh and Manipur on a map
अरुणाचल प्रदेश एवं मणिपुर एक मानचित्र पर
(c) Nagaland and Tripura on a time line
नागालैंड एवं त्रिपुरा एक समय रेखा पर
(d) Mizoram and Meghalaya on a map
मिजोरम एवं मेघालय एक मानचित्र पर

Ans. (b) : यदि एक स्कूल के सामाजिक विज्ञान के शैक्षणिक भ्रमण में जीरो, बोमडिला, नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान, तवांग तथा लिसांग गाँव को शामिल किया गया है तो इन स्थानों को प्रदर्शित करने वाला एक मानचित्र का होना आवश्यक है जिसमें अरुणांचल प्रदेश और मणिपुर एक ही मानचित्र पर हों। क्योंकि ये सभी स्थल अरुणांचल प्रदेश और मणिपुर के हैं तथा इससे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में भी सहूलियत होगी।

43. Contemporary understanding of social science pedagogy encourages teachers to do all of the following, <u>except</u> :
सामाजिक विज्ञान की समसामयिक समझ अध्यापकों को निम्नलिखित सभी को करने को प्रोत्साहित करती है, <u>केवल इसको छोड़कर</u> :
(a) Promoting all learners to give identical answers to questions so that all improve
प्रश्नों के समान उत्तर देने के लिए शिक्षार्थियों को प्रोत्साहन देना जिससे कि सभी बेहतर बन सकें।
(b) Appreciate learners ability to make questions on the given subject content and accepting it as a valid test of learning/शिक्षार्थियों को दिए गए विषयवस्तु पर प्रश्न बनाने की क्षमता के लिए प्रशंसा करना तथा उसे अधिगम की जाँच के लिए वैध स्वीकारना।
(c) Give opportunities to learners to use their knowledge developed in the classroom at concrete situations/शिक्षार्थियों को कक्षा में विकसित ज्ञान को मूर्त परिस्थितियों में उपयोग करने के लिए अवसर देना।
(d) Encourage learners to learn by reading local experiences of others and finding about their own/शिक्षार्थियों को दूसरों के स्थानीय अनुभवों को पढ़ने तथा स्वयं के अनुभवों को खोजने के लिए।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की सामाजिक समझ अध्यापकों को निम्नलिखित कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है–
- शिक्षार्थियों को दिये गये विषय–वस्तु पर प्रश्न बनाने की क्षमता के लिए प्रशंसा करना तथा उसे अधिगम की जाँच के लिए वैध स्वीकारना।
- शिक्षार्थियों को कक्षा में विकसित ज्ञान को मूर्त परिस्थितियों में उपयोग करने के लिए अवसर देना।
- शिक्षार्थियों को दूसरों के स्थानीय अनुभवों को पढ़ने तथा स्वयं के अनुभवों को खोजने के लिए।
- शिक्षार्थियों को सृजनात्मक चिंतन करने के लिए अवसर देना।

44. The following is not an example of gender stereotyping :/निम्नलिखित में से जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण नहीं है :
(a) Only the girls in class are asked to decorate the class boards/सिर्फ लड़कियों को कक्षा का बोर्ड सजाने के लिए कहा जाता है।
(b) While boys try to monopolies the class discussions, attention is given to both girls and boys to encourage participation/हालांकि लड़के कक्षागत चर्चा में दबदबा बनाने का प्रयास करते हैं लेकिन लड़कियों एवं लड़कों, दोनों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है।
(c) Boys and girls are made to sit in separate rows for ensuring discipline in class/कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लड़कों एवं लड़कियों को अलग–अलग पंक्तियों में बिठाना।
(d) Only boys being encouraged to participate in the football tournament/सिर्फ लड़कों को फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

Ans. (b) : जेंडर रूढ़िवादिता एक प्रकार की सामाजिक बुराई है जिसमें महिलाओं/पुरुषों को एक खास प्रकार की भूमिका में संदर्भित किया जाता है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं– जैसे सिर्फ लड़कियों को कक्षा का बोर्ड सजाने के लिए कहना या कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लिए लड़कों एवं लड़कियों को अलग–अलग पंक्तियों में बिठाना या सिर्फ लड़कों को फुटबॉल टूनामेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन सभी उदाहरणों में लैंगिक आधार पर कार्य–व्यवहार में विभेद किया गया है। दूसरी ओर इस उदाहरण में कि 'हालांकि लड़के कक्षागत चर्चा में दबदबा बनाने का प्रयास करते हैं लेकिन लड़कियों एवं लड़कों, दोनों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है', लैंगिक समानता को प्रोत्साहित किया गया है।

45. Effective teaching of social science would require :/सामाजिक विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक होगा :
A. Perpetuating all cultural practices of the past/अतीत के सभी सांस्कृतिक प्रथाओं को बनाए रखना।
B. Critical analysis of literary text, howsoever old they may be/साहित्यिक स्त्रोतों का समालोचनात्मक विश्लेषण करना चाहे वह कितनी भी पुरानी हो।
C. Discarding all sources which are non-textural/सभी गैर-शाब्दिक स्त्रोतों का निष्कासन करना।
D. Giving primary to triangulation of sources स्त्रोतों के ट्राई–एन्यूलेशन (त्रिकोणीयन) को प्रमुखता देना।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :
(a) B and C only /केवल B तथा C
(b) B and D only/केवल B तथा D
(c) C and D only/केवल C तथा D
(d) A and C only/केवल A तथा C

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित कार्यविधि आवश्यक है–

- साहित्यिक स्रोतों का समालोचनात्मक विश्लेषण करना, चाहे वह कितनी भी पुरानी हो।
- स्रोतों के ट्राइ–एन्न्यूलेशन (त्रिकोणीयन) को प्रमुखता देना।
- सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर देना।
- विद्यार्थियों को विविध तरीके से सोचने के अवसर देना आदि।

46. Sensitively on 'social justice' in a classroom can be encouraged by :
कक्षा में 'सामाजिक न्याय' के प्रति संवेदनशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है :

A. Incorporating contemporary excerpts from people's struggles and stories of advocacy during classroom discussions/कक्षा में विचार–विमर्श के दौरान समकालीन जन आंदोलनों और पक्षसमर्थन की कहानियों के अंशों को शामिल करके।

B. Keeping the understanding of the historical context of the Indian social milieu in the context of unequal power equations/भारतीय सामाजिक परिवेश के ऐतिहासिक सन्दर्भों को एक गैर–बराबर शक्ति समीकरण के रूप में देख कर।

C. Engaging in classroom discussions on the constitutional provisions on social justice/ सामाजिक न्याय पर आधारित संवैधानिक प्रावधानों को कक्षा चर्चाओं में शामिल करके।

D. Prompt corporal punishment on the defaulting children/कक्षा के दोषी बच्चों को तुरंत शारीरिक दंड देकर।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) C and D/C और D
(d) A and B/A और D

Ans. (a) : कक्षा में 'सामाजिक न्याय' के प्रति संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित कार्य किया जा सकता है–

- कक्षा में विचार–विमर्श के दौरान समकालीन जन आंदोलनों और पक्ष समर्थन की कहानियों के अंशों को शामिल करके।
- भारतीय सामाजिक परिवेश के ऐतिहासिक संदर्भों को एक गैर बराबर शक्ति समीकरण के रूप में देखकर।
- सामाजिक न्याय पर आधारित संवैधानिक प्रावधानों को कक्षा चर्चाओं में शामिल करके।
- लैंगिक मुद्दों पर परिचर्चा का अवसर देकर।
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता को कक्षा में संबोधित करके।

47. Pedagogy of history would try to :
इतिहास शिक्षणशास्त्र प्रयास करेगा कि :

A. Construct history on the basis of sources/ इतिहास का निर्माण स्रोतों पर आधारित होता है।

B. Trace continuity and change in the social processes in history/इतिहास सामाजिक प्रक्रियाओं में निरंतरता और बदलाव को खोजें।

C. History engage with differences in interpretations and accept the dominant community's views/इतिहास व्याख्यानों के विभेदों से संलग्न हो तथा प्रमुख समुदाय के विचारों को अनुमोदित करें।

D. History view events by situating them within socio-political contexts of a particular period/इतिहास घटनाओं को एक काल विशेष के सामाजिक राजनीतिक संदर्भों में रख कर देखें।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें :

(a) A, B, D only/केवल A, B, D
(b) A, C, D only/केवल A, C, D
(c) B, C, D only/केवल B, C, D
(d) A, B C only/केवल A, B, C

Ans. (a) : इतिहास शिक्षणशास्त्र निम्नलिखित प्रयास करता है–

- इतिहास का निर्माण स्रोतों पर आधारित होता है।
- इतिहास सामाजिक प्रक्रियाओं में निरंतरता और बदलाव की खोजबीन करता है।
- इतिहास घटनाओं को एक काल विशेष के सामाजिक राजनीतिक संदर्भों में रखकर देखता है।
- इतिहास अतीत की घटनाओं के आधार पर वर्तमान को समझने और भविष्य को सुधारने के लिए अवसर देता है।
- इतिहास सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता से परिचय कराता है।

48. The right to pollution free air has been recognized as part of which particular Fundamental Right in India ?
प्रदूषण रहित हवा का अधिकार, भारत में किस मौलिक अधिकार के भाग के रूप में स्वीकारा गया है?

(a) Life/जीवन (b) Justice/न्याय
(c) Freedom/आजादी (d) Equality/समानता

Ans. (a) : प्रदूषण रहित हवा का अधिकार, भारत में जीवन के मौलिक अधिकार के भाग के रूप में स्वीकारा गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक सरकार का दायित्व बनता है कि वह अपने नागरिकों को स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराये। इसके लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 संसद द्वारा पारित कराया तथा अक्टूबर 2010 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की स्थापना की गयी। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण देश में पर्यावरण से सम्बन्धित मामलों के लिए उत्तरदायी है।

49. Who coined the phrase 'Unity in Diversity' to describe India?/भारत का वर्णन करने के लिए 'विविधता में एकता' मुहावरे का निर्माण किसने किया था?

(a) B.R. Ambedkar/बी.आर. अम्बेडकर
(b) M.K. Gandhi/एम.के. गांधी
(c) Rajendra Prasad/राजेन्द्र प्रसाद
(d) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू

Ans. (d) : भारत का वर्णन करने के लिए 'विविधता में एकता' या 'अनेकता में एकता' मुहावरे का निर्माण पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने किया था। जवाहर लाल नेहरू ने अपनी किताब 'भारत की खोज' में लिखा कि भारतीय एकता कोई बाहर से थोपी हुई चीज नहीं है, बल्कि ''यह बहुत ही गहरी है जिसके अंदर अलग–अलग तरह से विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना है। इसमें विविधता को पहचाना और प्रोत्साहित किया जाता है।''

50. How many members in Lok Sabha are nominated and not elected ?
लोकसभा में कितने सदस्य मनोनीत होते हैं न कि मतदान द्वारा चुन कर आते हैं?

(a) 1 (one)/1 (एक) (b) 2 (two)/2 (दो)
(c) 0 (none)/0 (कोई भी नहीं) (d) 4 (four)/4 (चार)

Ans. (b) : लोकसभा की अधिकतम संख्या 552 निर्धारित की गयी है। इनमें 530 राज्यों के प्रतिनिधि, 20 संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं। एंग्लो–इण्डियन समुदाय के दो सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत कर सकता है। वर्तमान में लोकसभा में 545 सदस्य हैं। इनमें से 530 सदस्य राज्यों से, 13 सदस्य संघ राज्य क्षेत्रों से और 2 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा एंग्लो–इण्डियन समुदाय से मनोनीत हैं।

51. In 2006, the form of government in Nepal changed from Monarchy to..... :/2006 में नेपाल में सरकार का रूप राजतंत्र से बदल कर ..... हो गया।

(a) Tyranny/तानाशाही (b) Democracy/लोकतंत्र
(c) Oligarchy/अल्पतंत्र (d) Autocracy/एकतंत्र

Ans. (b) : 2006 में नेपाल में सरकार का रूप राजतंत्र से बदलकर लोकतंत्र हो गया। इससे पहले यहाँ राजतंत्र था।

52. What is known as the Costa Rican approach in the area of public health?/जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोस्टा रीका उपागम किसे कहा गया है?

(a) defence budget to be more than health budget
सुरक्षा बजट पर स्वास्थ्य बजट में ज्यादा खर्च करना।
(b) not having an army to maintain to be able to spend more on public health/सैन्य बल ना रखना ताकि जन स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च किया जा सके।
(c) spending on the health of the army men
सेना के जवानों के स्वास्थ्य पर खर्च करना।
(d) equal spending on health and defence
स्वास्थ्य और सुरक्षा पर एक समान खर्च करना।

Ans. (b) : कोस्टा रीका मध्य अमेरिका में कैरेबियाई क्षेत्र में स्थित एक देश है। 20वीं शताब्दी के मध्य में 44 दिन के भयंकर गृह युद्ध के बाद सन् 1949 में इस देश ने अपनी सेना समाप्त कर दी ताकि जन स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च किया जा सके।

53. In 1997, the Supreme Court in India formulated the Vishakha guidelines to protect women from sexual harassment ..... .
1997 में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने विशाखा निर्देश की रचना महिलाओं को ..... यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए की।

(a) at work places/कार्यस्थलों पर
(b) in marital relationship/वैवाहिक संबंधों में
(c) on streets/सड़कों पर
(d) in vehicles/गाड़ियों में

Ans. (a) : 1997 में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने विशाखा निर्देश की रचना महिलाओं को कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए की। विशाखा गाइड लाइन को विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान सरकार और भारत सरकार मामले के तौर पर भी जाना जाता है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) ने कहा था, कि यौन उत्पीड़न संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसके साथ ही इसके कुछ मामले स्वतंत्रता के अधिकार के उल्लंघन के तहत भी आते हैं।

54. Who amongst the following appoints the governor of a state in India ?
निम्नलिखित में से कौन, भारत में एक राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं?

(a) Members of the Parliament/संसद के सदस्य
(b) Central Government/केन्द्र सरकार
(c) Attorney General/अटार्नी जनरल
(d) Members of the Legislative Assembly
विधानसभा के सदस्य

Ans. (b) : राज्यपाल की नियुक्ति केन्द्र सरकार करती है लेकिन उच्चतम न्यायालय की 1979 की व्यवस्था के अनुसार, राज्य में राज्यपाल का कार्यकाल केन्द्र सरकार के अधीन रोजगार नहीं है। यह एक स्वतंत्र संवैधानिक कार्यकाल है और यह केन्द्र सरकार के अधीनस्थ नहीं है। ध्यातव्य है कि राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान अनुच्छेद 153 में है।

55. Who among the following is <u>not</u> a rural administration officer?/निम्नलिखित में से कौन ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी <u>नहीं</u> है?

(a) Municipal ward councilor
नगर निगम वार्ड काउंसिलर
(b) Land record/भूमि रिकार्ड अधिकारी
(c) Lekhpal/लेखपाल
(d) Patwari/पटवारी

Ans. (a) : नगर निगम वार्ड काउंसिलर ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी नहीं होता है बल्कि इसका चुनाव किया जाता है। नगर निगम वार्ड काउंसिलर का मुख्य कार्य शहर के स्थानीय समस्याओं से शहर के प्रशासनिक अधिकारी को अवगत कराना और कार्य कराना होता है, जबकि भूमि रिकार्ड अधिकारी, लेखपाल, पटवारी ये सभी ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी होते हैं, जिनका चुनाव नहीं किया जाता है बल्कि राज्य सरकारों द्वारा इनकी नियुक्ति/चयन किया जाता है।

56. What are the D.K. Basu guidelines which were laid down by the Supreme Court of India ?
भारतीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये डी.के. बासु निर्देश क्या हैं?

(a) guidelines related to protection of children from hazardous employment/बच्चों के हानिकारक रोजगारों से बचाव के लिए निर्देश।
(b) guidelines related to protection of women from domestic violence/घरेलू हिंसा से महिलाओं के बचाव के लिए निर्देश।
(c) guidelines related to the procedures to be followed by police for arrest, detention and interrogation/गिरफ्तारी, नजरबंदी और पूछ–ताछ के दौरान पुलिस द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं से जुड़े निर्देश।

(d) guidelines related to prevention of sexual harassment at workplace/कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए निर्देश।

Ans. (c) : भारतीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये डी.के. बसु निर्देश गिरफ्तारी, नजरबंदी और पूछ–ताछ के दौरान पुलिस द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं से जुड़े ग्यारह सूत्रीय निर्देश हैं। यह ग्यारह सूत्रीय दिशा निर्देश उच्चतम न्यायालय द्वारा डी.के. बसु बनाम स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल मामले में दिया गया था। इसमें से कुछ दिशा निर्देश इस प्रकार हैं–

- गिरफ्तारी या जाँच करने वाले पुलिस अधिकारी की पोशाक पर उसकी पहचान नामपट्टी तथा पद स्पष्ट व सटीक रूप से अंकित होना चाहिए।
- गिरफ्तार किये गये, हिरासत में रखे गये या जिससे पूछताछ की जा रही है, ऐसे व्यक्ति को अपने किसी सम्बन्धी या दोस्त या शुभचिंतक को जानकारी देने का अधिकार होता है।

57. The Forest Rights Act, 2006 in its title recognizes the rights of which category ?
वन अधिकार कानून–2006 अपने शीर्षक में कौन सी श्रेणी के अधिकारों को स्वीकारता है?

(a) Scheduled Castes/अनुसूचित जातियाँ
(b) Economically Backward Classes
आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग
(c) Most Backward Classes/अति पिछड़ी जातियाँ
(d) Scheduled Tribes/अनुसूचित जनजातियाँ

Ans. (d) : वन अधिकार कानून–2006 अपने शीर्षक में अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों को स्वीकारता है। इस कानून के तहत जंगलवासी अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वनवासियों द्वारा निवास या जीविका के लिए स्वयं खेती करने के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक अधिभोग के अधीन वन–भूमि को धारित करने और उसमें रहने का अधिकार होगा तथा वन संसाधनों पर नियंत्रण का अधिकार जिसमें स्वामित्व अधिकार के साथ गौण वनोपज के संग्रह, उपयोग और निपटान का अधिकार शामिल है।

58. An example of secondary source is :
द्वितीयक स्रोत का एक उदाहरण है–

(a) Census Report, 2011/जनगणना रिपोर्ट, 2011
(b) Record of Registration of Births and Deaths/ जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण रिकार्ड
(c) Our Pasts (I) – NCERT textbook in history for class 6/हमारे अतीत–(I)– कक्षा 6 के लिए एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्यपुस्तक
(d) The Constitution of India/भारत का संविधान

Ans. (c) : जिन प्रमाणों के आधार पर अतीत की घटनाओं का क्रमबद्ध अध्ययन किया जाता है उन्हें ही स्रोत कहते हैं। स्रोत मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं–
(i) प्राथमिक स्रोत (ii) द्वितीयक स्रोत
प्राथमिक स्रोत के अंतर्गत प्रत्यक्ष अवशेष सामग्री आती है,, उदाहरणार्थ– स्मारक, सिक्के, यंत्र, आज्ञा पत्र, आदेश, जनगणना, फरमान, संविधान, संधियाँ, जन्म एवं मृत्यु के जनगणना रिकार्ड न्यायालयों के निर्णय तथा व्यक्तिगत इतिहास आदि।
द्वितीयक स्रोत के अंतर्गत पुस्तकें, जीवन चरित्र, आत्मकथाएँ इतिहास की पाठ्य पुस्तकें आदि आती हैं।

59. Consider the two statements below :
नीचे दिए दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. Examinations are artificial situations created for the convenience of the system and not for the individual learner/परीक्षाएँ, तंत्र की सुविधा के लिए निर्मित कृत्रिम परिस्थितियाँ हैं, न कि व्यक्तिगत शिक्षार्थी के लिए।

B. A shift in emphasis on testing competencies and away from memory would reduce stress in social science classrooms
स्मृति परीक्षण से दूर दक्षताओं के परीक्षण पर जोर के रूप में बदलाव सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में तनाव को कम करेगा।

(a) Both statements A and B are true
दोनों कथन A एवं B सही हैं।
(b) Statement A is true but statement B is false
कथन A सही है, किन्तु कथन B गलत है।
(c) Statement B is true but statement A is false
कथन B सही है, किन्तु कथन A गलत है।
(d) Only statement A is true/केवल कथन A सही है।

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) और कथन (B) दोनों सही हैं क्योंकि परीक्षाएँ, तंत्र की सुविधा के लिए निर्मित कृत्रिम परिस्थितियाँ हैं, न कि व्यक्तिगत शिक्षार्थी के लिए। दूसरे, स्मृति परीक्षण या स्मृति पर आधारित परीक्षण के स्थान पर दक्षताओं पर आधारित परीक्षण पर ज्यादा जोर देना उचित होगा, इससे सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में तनाव को कम किया जा सकता है।

60. The main aim of a social science teacher should be :/सामाजिक विज्ञान के अध्यापक/अध्यापिका का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए :

(a) to develop an awareness of connections between all elements that shape society
सभी तत्त्व जो समाज का निर्माण करते हैं, उनके बीच के संबंधों का बोध कराना।
(b) to make learners memorize the socio-historical facts/शिक्षार्थियों को सामाजिक–ऐतिहासिक तथ्य याद करवाना।
(c) to prepare learners in maintaining the status quo is the society and accept all decisions of the government/समाज में यथास्थिति बनाए रखने तथा सरकार के सभी निर्णयों को स्वीकार करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार कराना।
(d) to develop competition among students
शिक्षार्थियों में प्रतिस्पर्धा जागृत करना।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के अध्यापक/अध्यापिका का मुख्य उद्देश्य, सभी तत्व जो समाज का निर्माण करते हैं, उनके बीच सम्बन्धों का बोध कराना, होना चाहिए। विद्यार्थियों को बताया जाना चाहिए कि देखने में सभी सामाजिक तत्व अलग–अलग भले दिखाई पड़ते हैं परन्तु उसमें बुनियादी एकता होती है। इसी बुनियादी एकता के आधार पर विश्व संस्कृति तथा वसुवैध कुटुम्बकम् की कल्पना की गयी है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2019

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 7 जुलाई, 2019)

Directions: Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. Assertion (A) : It will be 7:30 p.m. in India, when it is 2:00 p.m. in London.

Reason (R) : India is located east of Greenwich at 82°30'E

Select the correct option from the given alternatives.

अभिकथन (A) : जब लंदन में अपराह्न के 2:00 बजे हैं, तो भारत में 7:30 अपराह्न का समय होगा।

कारण (R) : भारत ग्रीनविच के पूर्व में 82°30' पू. में स्थित है।

दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) is false, but (R) is true
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या है (A) की।

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है, परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(d) (A) is true, but (R) is false
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

Ans. (b) : भारत ग्रीनविच के पूर्व में 82°30' पूर्व देशांतर में स्थित है। यह देशांतर रेखा इलाहाबाद के नैनी से होकर गुजरती है। भारत का मानक समय ग्रीनविच माध्य से 5 घंटा 30 मिनट आगे है। ग्रीनविच मीन टाइम से अभिप्राय उस सयम से है, जो ग्रेट ब्रिटेन का मानक समय है। यह इंग्लैण्ड के निकट शून्य देशांतर पर स्थित ग्रीनविच नामक स्थान से गुजरने वाली काल्पनिक रेखा है जिसे 'प्राइम मैरिडियन' या 'शून्य देशांतर' कहते हैं। अतः प्रश्नानुसार जब लंदन में अपराह्न के 2:00 बजेंगे तब भारत में 7:30 (2+5.30) अपराह्न का समय होगा। उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।

2. Consider the statements A, B, C on time zone and choose the correct answer :

समय क्षेत्र पर दिए गए A, B, और C कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. Some countries have a great longitudinal extent and so they adopted more than one standard time/कुछ देशों का देशांतरीय विस्तार अधिक होता है जिसके कारण वहाँ एक से अधिक मानक समय अपनाये गये हैं।

B. The earth has been divided into twenty-four time zones of one hour each/पृथ्वी को एक–एक घंटे वाले 24 समय क्षेत्रों में बाँटा गया।

C. Each time zone covers 15° of longitude
प्रत्येक समय क्षेत्र 15° देशान्तर तक के क्षेत्र में घेरता है।

(a) A and C are correct and B is incorrect
A और C सही है और B गलत है।

(b) B and C are correct and A is incorrect
B और C सही हैं और A गलत है।

(c) A, B, C all are correct/A, B, C सभी सही है।

(d) A and B are correct and C is incorrect
A और B सही हैं और C गलत है।

Ans. (c) : उपर्युक्त तीनों कथन सही हैं। कुछ देशों का देशांतरीय विस्तार अधिक होता है जिसके कारण वहाँ एक से अधिक मानक समय अपनाये गये हैं। उदाहरण के तौर पर रूस में 11 टाइम जोन हैं, अमरीका में 9 टाइम जोन हैं व ऑस्ट्रेलिया 8 टाइम जोनों में बटा है। विभिन्न देशों की समय पद्धतियों में आपसी संबंध दर्शाने के लिए 'मानक समय पद्धति' का शुभारम्भ किया गया। इस प्रयोजन हेतु संपूर्ण पृथ्वी को 24 समय क्षेत्रों में बाँटा गया। प्रत्येक समय क्षेत्र 15° देशांतर तक के क्षेत्र को घेरता है। 12वें जोन को 180वें याम्योत्तर रेखा यानी 'अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा' से बाँटा गया है।

3. Choose the correct arrangement of atmosphere's layers beginning from earth's surface :

पृथ्वी की सतह से शुरू कर वायुमंडल की परतों के सही क्रम का चयन कीजिए :

(a) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, exosphere/क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, बहिर्मंडल।

(b) Exosphere, Stratosphere, Mesosphere, Troposphere, Thermosphere/बहिर्मंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, क्षोभमंडल, बाह्य वायुमंडल।

(c) Mesosphere, Troposphere, Exosphere, Stratosphere, Thermosphere/मध्यमंडल, क्षोभमंडल, बाह्यमंडल, समतापमंडल, बाह्य वायुमंडल

(d) Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Exosphere, Troposphere,/समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, बहिर्मंडल, क्षोभमंडल

Ans. (a) : पृथ्वी की सतह से शुरू कर वायुमंडल की परतों का सही क्रम है– क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमण्डल, बहिर्मंडल। हमारी पृथ्वी चारों ओर से गैस की एक परत से घिरी हुई है। जिसे वायुमण्डल कहा जाता है। वायुमण्डल 1600 किमी. की ऊँचाई तक फैला है। वायुमंडल को उसके घटकों, तापमान तथा अन्य के आधार पर पाँच परतों में बाँटा जाता है। वायुमंडल एक भौतिक संरचना है, जिसमें ऊँचाई के साथ पर्याप्त संरचनात्मक विविधता पायी जाती है, जिसे निर्धारित करने में वायुमण्डल के संघटक तत्त्वों– गैस धूलकण और जलवाष्प का व्यापक योगदान होता है। वायुमण्डल की सबसे निचली परत क्षोभमण्डल है। यहाँ विभिन्न वायुमण्डलीय घटनाएँ जैसे बादलों का निर्माण, चक्रवात, प्रतिचक्रवात, पवन प्रवाह, कुहरा, वर्षा आदि दशाएं विकसित होती हैं। विषुवत रेखा पर इसकी ऊँचाई लगभग 18 किमी. तथा ध्रुवों पर लगभग 8 किमी. तक विस्तृत है। क्षोभमण्डल के ऊपर का भाग समतापमण्डल कहलाता है। यह लगभग 50 किलोमीटर की ऊँचाई तक फैला है। यह परत बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है। इसके फलस्वरूप यहाँ की परिस्थितियाँ हवाई जहाज उड़ाने के लिए आदर्श होती हैं। समतापमंडल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन गैस की परत होती है। यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक गैसों से हमारी रक्षा करती है। मध्यमंडल वायुमंडल की तीसरी परत है। यह समतापमंडल के ठीक ऊपर होती है। यह लगभग 80 किमी. की ऊँचाई तक फैली है। इसके पश्चात् वाह्य एवं बहिर्मण्डल आते है।

4. Seasons occur due to which of the following reasons?/ऋतुएँ निम्नलिखित कारणों में से किस कारण से होती हैं?

(a) Tropic of Capricorn receives direct rays of the sun, falling vertically at $23\frac{1}{2}^{o}$ S. /मकर रेखा पर सूर्य की सीधी किरणें $23\frac{1}{2}^{o}$ द. पर पड़ती हैं।

(b) Revolution of the Earth and inclination of its axis in the same direction/पृथ्वी का परिक्रमण और एक ही दिशा में उसके अक्ष का झुका होना।

(c) Circle of illumination caused due to rotation of the earth around its axis/पृथ्वी के अपने अक्ष पर इर्द–गिर्द घूर्णन के कारण आभामंडल बनता है।

(d) Axis of the Earth makes an angle of $66\frac{1}{2}^{o}$ with its orbital plane/पृथ्वी का अक्ष अपने कक्षीय सतह से $66\frac{1}{2}^{o}$ का कोण बनाता है।

Ans. (b) : ऋतुएँ पृथ्वी के परिक्रमण के कारण बदलती हैं, जबकि पृथ्वी के घूर्णन के कारण दिन और रात होता है। पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा पूरी करने में लगभग 365 दिन और 6 घण्टे लगते हैं। पृथ्वी की इस वार्षिक गति को परिक्रमण कहते हैं। सूर्य के परिक्रमण मार्ग पर पृथ्वी का अक्ष हमेशा एक ओर झुका रहता है। इसके कारण उत्तरी गोलार्द्ध 6 माह सूर्य की ओर झुका रहता है। इसलिए इस समय उत्तरी गोलार्द्ध में दिन बड़े होते हैं। इस अवधि में दक्षिणी गोलार्द्ध सूर्य से दूर होता है, इसलिए वहाँ दिन छोटे होते हैं।

5. The major constituents of earth's atmosphere by percentage is :/ प्रतिशत के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल में कौन सा प्रमुख संघटक है?

(a) Carbon dioxide/कार्बन डाइऑक्साइड

(b) Nitrogen/नाइट्रोजन

(c) Helium/हीलियम

(d) Oxygen/ऑक्सीजन

Ans. (b) : प्रतिशत के अनुसार पृथ्वी के वायुमण्डल में नाइट्रोजन प्रमुख संघटक है। भौतिक दृष्टि से वायुमंडल विभिन्न गैसों का सम्मिश्रण है। वायुमंडल के संघटक/संगठन में 10 प्रमुख गैसों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है जो निम्न हैं–

गैसे	**आयतन (%)**
नाइट्रोजन (N_2)	78.03
ऑक्सीजन (O_2)	20.99

आर्गन (Ar)	0.93
कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2)	0.03
हाइड्रोजन (H_2)	.01
नियोन (Ne)	.0018
हीलियम (He)	.0005
क्रिप्टान (Kr)	.0001
जेनान (Xe)	.000005
ओजोन (O_3)	.0000001

6. Which of the following statements about ocean currents is/are correct?
महासागरीय धाराओं के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. The cold currents carry water from polar or higher latitudes to tropical or lower latitudes/ठण्डी धाराएँ ध्रुवीय अथवा उच्च अक्षांशों से जल को उष्णकटिबंधीय अथवा निम्न अक्षांशों की ओर ले जाती हैं।

B. Labrador is a warm current
लेब्राडोर एक गर्म धारा है।

C. Areas where warm and cold currents meet provide world's best fishing grounds
जिस स्थान पर गर्म और ठंडी धाराएँ मिलती हैं, वह स्थान विश्व का सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है।

(a) A and C are correct/A और C सही हैं।
(b) B and C are correct/A और C सही हैं।
(c) Only A is correct/केवल A सही है।
(d) A and B are correct/A और B सही हैं।

Ans. (a) : ठंडी धाराएँ ध्रुवीय अथवा उच्च अक्षांशों से जल को उष्णकटिबंधीय अथवा निम्न अक्षांशों की ओर ले जाती हैं। अतः ये धाराएं प्रायः ध्रुवों से भूमध्यरेखा की ओर चलती है। ये धाराएँ जिन क्षेत्रों में चलती हैं वहाँ का तापमान घटा देती हैं। प्रमुख ठंडी जलधाराएँ हैं– बेंगुला, कैनारी, लेब्राडोर, फाकलैंड, हम्बोल्ट, क्युराइल, कैलीफोर्निया आदि।

- जिस स्थान पर गर्म और ठंडी धाराएँ मिलती हैं, वह स्थान विश्व का सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है। इसका प्रमुख कारण है, जहाँ ठंडी व गर्म जलधाराएँ मिलती हैं वहाँ ऑक्सीजन की आपूर्ति प्लैंकटन बढ़ोत्तरी में सहायक होती है जो मछलियों का प्रमुख भोजन है। संसार के प्रमुख मत्स्य क्षेत्र इन्हीं क्षेत्रों (जहाँ गर्म व ठंडी जलधाराएँ मिलती है) में पाए जाते हैं। जापान के आस–पास एवं उत्तर अमेरिका के पूर्वी तट इसके कुछ उदाहरण हैं। जहाँ गर्म एवं ठंडी जलधाराएं मिलती हैं, वहाँ कुहरे वाला मौसम बनता है। इसके फलस्वरूप नौसंचालन में बाधा उत्पन्न होती है।
- लेब्राडोर धारा अन्ध महासागर में बहने वाली एक ठंडी महासागरीय धारा है। अतः कथन B गलत है, कथन A और C सही है।

7. The depositional feature of a glacier is called :
हिमनद के निक्षेपण को कहा जाता है–

(a) Moraine/हिमोढ़
(b) Loess/लोयस
(c) Levees/तटबंध
(d) Sea cave/समुद्री गुफा

Ans. (a) : हिमनद के निक्षेपण को हिमोढ़ कहते हैं। बड़े–बड़े हिमखंडों को हिमनद कहते हैं, जो अपने भार के कारण नीचे खिसकते रहते हैं। हिमनद के पिघलने पर जो निक्षेप बनते हैं उन्हें हिमोढ़ कहते हैं। ये निक्षेप दो प्रकार के होते है। प्रथम प्रकार के वे निक्षेप होते हैं जो बर्फ को पिघलने के स्थान पर ही हिमानी द्वारा लाए गए पदार्थों के जमा होने से बनते हैं। दूसरे प्रकार के निक्षेप पर्तदार होते हैं।

लोयस– लोयस पवन द्वारा उड़ाकर लाए गए धूल व मिट्टी के महीन कणों के वृहद जमाव को कहा जाता है। इस तरह के जमावों को लोएस नाम जर्मनी के अल्सेस प्रान्त में स्थित 'लोएस ग्राम' के नाम पर पड़ा है। ये मिट्टी कृषि के लिए उपयुक्त व बहुत उपजाऊ होती हैं। ऑक्सीकरण के कारण इनका रंग पीला या भूरा होता है।

तटबंध– तटबंध ऐसे बाँध अथवा पत्थर या कंक्रीट के पलस्तर से सुरक्षित मिट्टी या मिट्टी तथा कंकड़ इत्यादि के मिश्रण से बनाए तटों या ऊँचे टीलों को कहते हैं, जिससे पानी के बहाव को रोकने या सीमित करने का काम लिया जाता है।

8. Statements A and B describe the features of which of the following vegetations?
कथन A और B निम्नलिखित वनस्पतियों में से किसकी विशेषताओं का वर्णन करते हैं?

A. This vegetation is found in the higher latitudes (50°–70°) of Northern Hemisphere./यह वनस्पति उत्तरी गोलार्ध के उच्च अक्षांशों (50° – 70°) में पाई जाती है।

B. It is also called as Taiga.
इसे टैगा के नाम से भी जाना जाता है।

(a) Temperate Deciduous Forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन

(b) Coniferous Forests/शंकुधारी वन

(c) Mediterranean Vegetation/भूमध्यसागरीय वनस्पति

(d) Temperate Grasslands/शीतोष्ण घासस्थल

Ans. (b) : शंकुधारी या कोणधारी वन उत्तरी गोलार्ध के उच्च अक्षांशों (50° – 70°) में पाए जाते हैं। इसे टैगा के नाम से भी जाना जाता है। ये वन अधिक ऊँचाईयों पर पाये जाते हैं। इन वनों के प्रमुख वृक्ष चीड़, देवदार, फर, हेमलॉक, स्प्रूस हैं। इसके उत्तर में टुण्ड्रा वन एवं दक्षिण में स्टेपीज (शीतोष्ण घास के मैदान) पाए जाते हैं। यहाँ सामान्यतः रजत लोमड़ी, मिंक, ध्रुवीय भालू जैसे जानवर पाये जाते हैं। टैगा वन प्रदेश की पत्तियाँ मोटी व सूइयों के आकार की होती हैं जो कम वाष्पोत्सर्जन करती है तथा शीत ऋतु में ठंड से बचाव में सहायक होती है।

9. Which of the following is not a feature of the Ganga-Brahmaputra Basin?/निम्नलिखित में से कौन सी गंगा–ब्रह्मपुत्र बेसिन की विशेषता नहीं है?

(a) The density of population of plain area is very high/मैदानी क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व अति अधिक है।

(b) The delta area is covered with mangrove forests/डेल्टा क्षेत्र मैंग्रूव वनों से आच्छादित है।

(c) Slash and Burn agriculture is practiced in this area for land cultivation/भूमि कृषि के लिए इस क्षेत्र में कर्तन और दहन कृषि की जाती है।

(d) Ox-Bow lakes dot the plain area/मैदानी क्षेत्र में 'ओक्स बो लेक (चाप झील) चिह्नित हैं।

Ans. (c) : गंगा ब्रह्मपुत्र बेसिन दुनिया में सबसे घनी आबादी वाला बेसिन है। इस बेसिन में हिमालय और सुन्दरवन का डेल्टा इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। इस बेसिन में मैंग्रोव वनस्पति प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। इस क्षेत्र में खेती की जाने वाली मुख्य फसलें धान है, जबकि मक्का, ज्वार, बाजरा और चने इस क्षेत्र में खेती की जाने वाली द्वितीयक फसले हैं। यहाँ टेरेस खेती की जाती है। इसके मैदानी क्षेत्र में चाप झील या गोखुर झील पायी जाती है।

10. Swimmers can float in Dead sea because :
तैराक मृत सागर में तैर सकते हैं, क्योंकि

(a) More warm currents than cold currents originate in the sea/इस सागर में ठंडी धाराओं की अपेक्षा गर्म धाराओं की उत्पत्ति अधिक है।

(b) The sea experiences more high tides than low tides/यह सागर निम्न ज्वार–भाटों की अपेक्षा उच्च ज्वार–भाटों को अधिक अनुभव करता है।

(c) The increased salt content makes the sea dense/नमक की मात्रा की अधिकता सागर को सघन बनाती है।

(d) Winds blow at a very high speed over the surface of sea water/पवनें सागर जल की सतह पर तीव्र गति से चलती हैं।

Ans. (c) : तैराक मृत सागर में तैर सकते हैं, क्योंकि नमक की मात्रा की अधिकता सागर को सघन बनाती है। मृत सागर में नमक की अधिकता के कारण इसे 'सॉल्ट सी' के नाम से भी जाना जाता है। यह दक्षिण-पश्चिम एशिया में इजराइल और जार्डन के मध्य स्थित है। इजराइल के मृत सागर में 340 ग्राम प्रति लीटर लवणता होती है।

11. Consider the statements A and B about land use and choose the correct answer :
भूमि उपयोग के संदर्भ में A और B कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. Land use refers to use of land exclusively for agriculture and forestry./भूमि उपयोग से आशय भूमि का केवल कृषि और वन के लिए उपयोग है।

B. Land use is primarily determined by its topography./भूमि उपयोग मुख्यतः अपनी स्थलाकृति के द्वारा निर्धारित होता है।

(a) A is false and B is true/A गलत है और B सही है।

(b) Both A and B are false/A और B दोनों सही हैं।

(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।

(d) A is true and B is false/A सही है और B गलत है।

Ans. (c) : भूमि उपयोग के सन्दर्भ में दोनों कथन गलत हैं। भूमि का उपयोग केवल कृषि और वन के लिए नहीं बल्कि चारागाह, बागवानी, भवन निर्माण, बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने आदि के लिए किया जाता है। भूमि उपयोग स्थलाकृति द्वारा निर्धारित नहीं होती है।

12. Shelter belts help in :
रक्षक मेखलाएँ मदद करती हैं :

(a) Retaining soil moisture/मृदा में नमी बनाए रखने में।

(b) Slowing down the flow of water over soil
मृदा के ऊपर से जल के प्रवाह को मंद करने में

(c) Preventing gullies and hence further soil loss/अवनालिकाओं को बनने से रोकने और मृदा क्षय को बचाने में

(d) Checking wind movement to protect soil cover/पवन की गति को रोकथाम कर मृदा आवरण के संरक्षण में।

Ans. (d) : रक्षक मेखलाएँ (Shelterbelts) पवन की गति को रोकथाम कर मृदा आवरण के संरक्षण में मदद करती है। तटीय प्रदेशों और शुष्क प्रदेशों में इस विधि द्वारा पवन गति रोकने के लिए वृक्ष कतारों में लगाए जाते हैं ताकि मृदा आवरण को बचाया जा सके।

13. What determines the thickness of soil profile?
मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को कौन निर्धारित करता है?

(a) Time/समय
(b) Flora-Fauna/वनस्पतिजात–प्राणिजात
(c) Climate/जलवायु
(d) Relief/उच्चावच

Ans. (a) : मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को समय निर्धारित करता है। मृदा की विभिन्न परतों से गुजरती हुई ऊर्ध्वाकाट मृदा परिच्छेदिका (Soil profile) कहलाती है। प्रत्येक परत स्पर्श (गठन), रंग, गहराई और रासायनिक संघटन में भिन्न होती है। ये परते संस्तर–स्थितियाँ कहलाती हैं। मृदा परिच्छेदिका को कुएँ की खुदाई करते समय देखा जा सकता है। इसे पहाड़ो पर, सड़कों के किनारे अथवा नदियों के खड़े किनारों पर भी देखा जा सकता है।

14. On the basis of their distribution, resources can be classified as :/वितरण के आधार पर संसाधनों को वर्गीकृत किया जा सकता है :

(a) Renewable and Non-renewable resources
नवीकरणीय संसाधन और अनवीकरणीय संसाधन
(b) Biotic and Abiotic resources
जैव संसाधन और अजैव संसाधन
(c) Ubiquitous and Localised resources
सर्वव्यापक संसाधन और स्थानिक संसाधन
(d) Actual and Potential resources
वास्तविक संसाधन और संभाव्य संसाधन

Ans. (c) : वितरण के आधार पर संसाधनों को वर्गीकृत किया जा सकता है– सर्वव्यापक संसाधन और स्थानिक संसाधन के रूप में। उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों को अजैविक एवं जैविक संसाधन के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। उपयोग की सततता के आधार पर नवीकरण योग्य, नवीनीकरण के अयोग्य व चक्रीय संसाधन के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

15. Which of the following statements about a 'diverse society' is correct?
'विविध समाज' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों से कौन सा सही है?

(a) It would have differences in culture and power
जिसमें संस्कृति और सत्ता में विभिन्नताएँ मिलती हों।
(b) It would have similarities of language, religion and culture
जिसमें भाषा, धर्म और संस्कृति में समानताएँ होती हों।
(c) It would have difference and similarities in language, culture and religion
जिसमें भाषा, संस्कृति और धर्म में विभिन्नताएँ और सममानताएँ पाई जाती हों।
(d) It would have differences and inequalities in language, religion and culture
वह समाज जिसमें भाषा, धर्म और संस्कृति में विभिन्नताएँ और असमानताएँ पाई जाती हों।

Ans. (c) : 'विविध समाज' उस समाज को कहा जाता है जिसमें भाषा, संस्कृति और धर्म में विभिन्नताएँ और समानताएँ पायी जाती हों। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में भाषा, संस्कृति, धर्म, रीति–रिवाज, खान–पान, क्षेत्र सम्बन्धी अनेक विभिन्नताएँ तो हैं किन्तु इन विभिन्नताओं के होते हुए भी उनमें असमानता नहीं है। सभी का अपना–अपना स्थान और महत्त्व है। इसलिए शिक्षण की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि विद्यार्थी अपने विविधतापूर्ण समाज के प्रति संवेदनशील हो और उनका सम्मान करें।

16. Which of the following statements challenges gender stereotypes?
निम्नलिखित कथनों में से कौन सा लिंग (जेंडर) रूढ़िबद्ध धारणा को चुनौती देता है?

(a) Women are fashion conscious
महिलायें फैशन परस्त होती हैं।
(b) Women are responsible bus drivers.
महिलायें जिम्मेवार वाहन चालक होती हैं।
(c) Women are nurturing
महिलायें पालन–पोषण करने वाली होती हैं।
(d) Women are very emotional
महिलायें बहुत भावुक होती हैं।

Ans. (b) : उपर्युक्त कथनों में "महिलायें जिम्मेवार वाहन चालक होती हैं।" लिंग रूढ़िबद्ध धारणा को चुनौती देता है। विकल्प में दिए गए अन्य कथन अर्थात महिलायें फैशन परस्त होती हैं। महिलायें पालन–पोषण करने वाली होती हैं। महिलायें बहुत भावुक होती हैं। लिंग रूढ़िबद्ध धारणा है।

17. Which of the following composed the main demand of the suffragettes?
नारी–मताधिकार आंदोलनकारियों की निम्नलिखित में से कौन सी मुख्य माँग है?

(a) Right to bureaucratic roles for women
महिलाओं के लिए नौकरशाही भूमिका का अधिकार

(b) Adult franchise for propertied women
धनी महिलाओं के लिए वयस्क मताधिकार

(c) Adult franchise for working class
श्रम वर्ग के लिए वयस्क मताधिकार

(d) Right to vote for women
महिलाओं के लिए मताधिकार

Ans. (d) : नारी मताधिकार आंदोलनकारियों की मुख्य मांग है– महिलाओं के लिए मताधिकार।

18. Which of the following statements about Jatakas is correct?/जातकों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा सही है?

(a) These were composed by ordinary people, written down and preserved by Jaina monks
इनकी रचना सामान्य लोगों द्वारा की गई थी, जिन्हें जैन साधुओं द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया।

(b) These were composed by Buddhist monks, written down and preserved by ordinary people/इनकी रचना बौद्ध भिक्षुओं द्वारा की गई थी, जिन्हें सामान्य लोगों द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया।

(c) These were composed by Jaina monks, written down and preserved by ordinary people/इनकी रचना जैन साधुओं द्वारा की गई थी, जिन्हें सामान्य लोगों द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया।

(d) These were composed by ordinary people, written down and preserved by Buddhist monks/इनकी रचना सामान्य लोगों द्वारा की गई थी, जिन्हें बौद्ध भिक्षुओं द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया।

Ans. (d) : जातकों के विषय में सही कथन है– इसकी रचना सामान्य लोगों द्वारा की गई थी, जिन्हें बौद्ध भिक्षुओं द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया। जातक कथाएँ भगवान बुद्ध के पूर्वजन्मों की लोकप्रिय कहानियाँ हैं, जिन्हें बौद्ध धर्म के सभी मतों में संरक्षित किया गया है।

19. Which of the following statements about Ain-i-Akbari is correct?/आइने-अकबरी के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

(a) It deals with Akbar's ancestors and records the events of Akbar's reign /इसमें अकबर के पूर्वजों और अकबर के शासन की घटनाओं का विवरण दिया गया है।

(b) It was written by Mirza Hakim, who was one of Akbar's courtiers./यह मिर्जा हाकिम द्वारा लिखी गई जो अकबर के दरबारियों में से एक था।

(c) It has rich statistical details about diverse aspects of Akbar's administration./यह अकबर के प्रशासन के विविध पहलुओं के विषय में संपन्न सांख्यिकीय विवरण प्रस्तुत करता है।

(d) It is the first volume of the three volume history of Akbar's reign titled Akbar Nama
यह अकबरनामा शीर्षक के अंतर्गत अकबर के शासन के इतिहास की तीन जिल्दों में से पहली जिल्द है।

Ans. (c) : आइने-अकबरी के विषय में सत्य कथन है– यह अकबर के प्रशासन के विविध पहलुओं के विषय में सम्पन्न सांख्यिकीय विवरण प्रस्तुत करता है। आइने-ए-अकबरी अबुल फजल द्वारा फारसी भाषा में रचित 'अकबरनामा' का एक भाग है। 'अकबरनामा' तीन भागों में है, जिसमें से तीसरे भाग को आइन-ए-अकबरी कहते हैं। इसकी रचना लगभग हिजरी 1006(1597-98 ई.) में हुई। इसमें अकबर कालीन हर एक सूबे, जिले और परगनों तक के आँकड़े दिए हुए हैं। आइने-अकबरी में 36 संगीतकारों के नाम हैं।

20. Who among the following compiled the compositions of Baba Guru Nanak in Gurumukhi, also adding his own compositions to it?/निम्नलिखित में से किसने अपनी कृतियों को भी शामिल करते हुए बाबा गुरुनानक की रचनाओं को गुरूमुखी में संकलित किया?

(a) Guru Angad/गुरु अंगद

(b) Guru Arjun/गुरु अर्जुन

(c) Guru Teg Bahadur/गुरु तेग बहादुर

(d) Guru Gobind Singh/गुरु गोविंद सिंह

Ans. (a) : गुरु अंगद सिक्खों के दूसरे गुरु थे। इनका मूल नाम लहना था। इन्होंने नानक द्वारा शुरू की गई लंगर व्यवस्था (संगत तथा पंगत) को आगे बढ़ाया। इन्होंने गुरूमुखी (पंजाबी लिपि) का आरम्भ किया तथा आगे इसी लिपि में गुरु नानक की रचनाओं को संकलित किया। तत्पश्चात् सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव (1663-1706 ई.) ने अपने से पहले के गुरुओं व अन्य संतों के विचारों को 'आदिग्रन्थ' में संकलित किया।

21. Which of the following was not a feature to athenian democracy?/ऐथीनियन लोकतंत्र की निम्नलिखित में से कौन सी एक विशेषता नहीं थी?

(a) All citizens were expected to serve in army and navy/सभी नागरिकों को सेना व नौसेना में अपनी सेवाएँ देनी होती थी।

(b) All the citizens attended assemblies that were held for deciding upon matters/मामलों के निर्णयों के लिए आयोजित की गई सभाओं में सभी नागरिक उपस्थित होते थे।

(c) Appointment for many positions were made through lottery./कई पदों पर नियुक्तियाँ लॉटरी के माध्यम की जाती थीं।

(d) All the free men and women above 30 years of age were recognised as full citizens/30 से अधिक उम्र के उन सभी पुरुषों और महिलाओं को पूर्ण नागरिकता प्राप्त थी, जो दास नहीं थे।

Ans. (d) : ऐथीनियन लोकतंत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ थीं–

- सभी नागरिको को सेना व नौसेना में अपनी सेवाएँ देनी होती थी।
- मामलों के निर्णयों के लिए आयोजित की गयी सभाओं में सभी नागरिक उपस्थित होते थे।
- कई पदों पर नियुक्तियाँ लॉटरी के माध्यम से की जाती थीं।
- एथिनियन लोकतंत्र नागरिक गुण के सिद्धांत के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को दिखाता है।

अतः विकल्प (d) में दी गयी विशेषता एथिनियन लोकतंत्र की नहीं थी।

22. Which of the following was Samudragupta's policy specifically towards the rulers of Dakshinapatha?
समुद्रगुप्त की निम्नलिखित में से कौन सी ऐसी नीति थी जो विशिष्ट रूप से दक्षिणापथ शासकों के लिए थी?

(a) They submitted to Samudragupta and offered daughters in marriage/उन्होंने समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार की और अपनी पुत्रियों का विवाह उससे किया।

(b) They brought tribute, followed his orders and attended his court/वे उपहार लाते थे, उसके आदेशों का पालन करते थे और उसके दरबार में उपस्थित होते थे।

(c) They surrendered after being defeated and then were allowed to rule again/इन्होंने हार स्वीकार की व इन्हें पुनः शासन करने के लिए अनुमति दी गयी।

(d) Their kingdoms were uprooted and make a part of samudragupta's empire/उनके साम्राज्यों को उखाड़ फेंका गया और उन्हें समुद्रगुप्त के साम्राज्य का अंग बनाया गया।

Ans. (c) : समुद्र गुप्त के सम्मुख दक्षिणापथ के शासकों ने हार स्वीकार की व उन्हें पुनः शासन करने के लिए अनुमति दी गयी। समुद्रगुप्त के दक्षिणापथ युद्ध का वर्णन प्रयाग प्रशस्ति की 19वीं व 20वीं पंक्ति में मिलता है। इस युद्ध में उसने बारह राज्यों को पराजित किया। इन राज्यों के प्रति 'ग्रहणमोक्षानुग्रह' की नीति अपनाई गई, अर्थात विजय के बाद उनके राज्य वापस कर दिये गये।

23. Match the following :
निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

	(Art form)/(कलारूप)		(Nomenclature)/(नामावली)
A.	Art technique that enabled making of image that looked real/कला की वह तकनीक जो 'असली जैसी तसवीरों' को बनाने में सहायक थी।	i.	Picturesque /नयनाभिराम
B.	Painting showing Indian landscape as quaint, unexplored land/चित्रकारी जिसमें भारतीय भू-दृश्यों को अनूठा, अनछुआ दिखया जाता था।	ii.	Portraiture/ रूप-चित्रण
C.	Painting displaying lavish lifestyles, wealth & status of Europeans in India/भारत में यूरोपवासियों की ऐश्वर्यपूर्ण जीवनशैली, धन-संपदा और रौब-दाब दर्शाती चित्रकला	iii.	History Painting/ इतिहास चित्रकला
D.	Paintings depicting scenes from British imperial history & victories/ब्रिटिश साम्राज्यवादी इतिहास और विजयी दृश्यों को चित्रित करने वाली चित्रकला	iv.	Oil Painting/तैल चित्रकला

	A	B	C	D
(a)	iii	iv	i	ii
(b)	ii	iii	iv	i
(c)	i	ii	iii	iv
(d)	iv	i	ii	iii

Ans. (d) : सही मिलान निम्नलिखित है–

कलारूप	नामावली
कला की वह तकनीक जो 'असली जैसी तसवीरों को बनाने में सहायक थी।	तैल चित्रकला
चित्रकारी जिसमें भारतीय भू-दृश्यों को अनूठा, अनछुआ दिखाया जाता था।	नयनाभिराम
भारत में यूरोपवासियों की ऐश्वर्यपूर्ण जीवनशैली, धन-संपदा और रौब-दाब दर्शाती चित्रकला	रूप चित्रण
ब्रिटिश साम्राज्यवादी इतिहास और विजयी दृश्यों को चित्रित करने वाली चित्रकला	इतिहास चित्रकला

24. In the late 18th century, the presidencies of Bombay, Madras and Bengal developed from which of the following East India Company's trading posts?

अठारहवीं शताब्दी के अंतिम चरण में बम्बई, मद्रास और बंगाल प्रेसीडेंसियों का विकास ईस्ट इण्डिया कम्पनी के किन व्यापारिक केन्द्रों से हुआ?

(a) Nagpur, Madurai, Delhi/नागपुर, मदुरै, दिल्ली

(b) Pune, Madras, Calcutta/पुणे, मद्रास, कलकत्ता

(c) Surat, Madurai, Delhi/सूरत, मदुरै, दिल्ली

(d) Surat, Madras, Calcutta/सूरत, मद्रास, कलकत्ता

Ans. (d) : अठारहवीं शताब्दी के अंतिम चरण में बम्बई, मद्रास और बंगाल प्रेसीडेंसियों का विकास ईस्ट इण्डिया कम्पनी के सूरत, मद्रास, कलकत्ता व्यापारिक केन्द्रों से हुआ।

25. Consider the statements (A) and (B) about Mahayana Buddhism and choose the correct answer.

(A) और (B) कथनों पर बौद्ध महायान के संदर्भ में विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) In this form of Buddhism, Budha's presence in sculptures was shown using certain signs./बौद्ध धर्म के इस रूप में, बुद्ध की उपस्थिति कुछ एक संकेतों का उपयोग करते हुए, मूर्तियों में दिखाई गई है।

(B) The belief in Bodhisattvas emerged with the coming of Mahayana Buddhism.
महायान बौद्ध के आने के साथ ही बोधिसत्व में विश्वास समाहित हुआ।

(a) (A) is false, (B) is true
(A) गलत है, (B) सही है।

(b) Both (A) and (B) are true
(A) और (B) दोनों सही हैं।

(c) Both (A) and (B) are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।

(d) (A) is true, (B) is false
(A) सही है, (B) गलत है।

Ans. (a) : बौद्ध धर्म के महायान रूप में बुद्ध की उपस्थिति कुछ एक संकेतों का उपयोग करते हुए मूर्तियों में दिखाई गई है। यह कथन गलत है। महायान का आदर्श बोधिसत्व है अर्थात महायान बौद्ध के आने के साथ ही बोधिसत्व में विश्वास समाहित हुआ। महायान का शाब्दिक अर्थ है– उत्कृष्ट मार्ग। इसे बोधिसत्वयान भी कहते हैं। बोधिसत्व ऐसे व्यक्ति हैं जो निर्वाण प्राप्त कर चुके परंतु अन्य लोगों के निर्वाण में सहायता करने के लिए आते हैं।
अतः कथन A गलत है तथा कथन B सही है।

26. Consider the statements (A) and (B) about Mahalwari and Ryotwari system of revenues and choose the correct answer.

महालवारी और रैयतवारी राजस्व प्रणालियों के संदर्भ में (A) और (B) कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) The Mahalwari was devised for North-Western provinces of Bengal Presidency, while the Ryotwari was devised for British territories in South.
महालवारी बंगाल प्रेसीडेंसी के उत्तर–पश्चिम प्रांतों के लिए युक्ति थी, जबकि रैयतवारी ब्रिटिश नियंत्रण वाले दक्षिण भारतीय इलाकों के लिए थी।

(B) While in Mahalwari, village headman collected and paid revenue of the whole village to the company, in Ryotwari direct settlements was made with cultivators.
महालवारी में गाँव का मुखिया पूरे गाँव के संकलित राजस्व को कंपनी को अदा करता था जबकि रैयतवारी में किसानों के साथ सीधा समझौता किया जाता था।

(a) Only (B) correctly explains differences between the two revenue systems
केवल (B) दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करता है।

(b) Both (A) and (B) correctly explain differences between the two revenue systems
(A) और (B) दोनों दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करते हैं।

(c) Neither (A) nor (B) correctly explain differences between the two revenue systems/ना तो (A) और ना ही (B) दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करते हैं।

(d) Only (A) correctly explains differences between the two revenue systems/केवल (A) दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करता है।

Ans. (b) : महालवारी भू–राजस्व व्यवस्था बंगाल प्रेसीडेंसी के उत्तर पश्चिमी प्रांतों अर्थात् उत्तर प्रदेश, मध्य प्रांत तथा पंजाब में लागू की गई थी, जिसके अंतर्गत कुल ब्रिटिश भारत के भू-क्षेत्र का 30 प्रतिशत हिस्सा शामिल था। इस व्यवस्था के तहत भूमि पर ग्राम समुदाय का सामूहिक अधिकार होता था तथा गाँव के मुखिया पूरे गाँव के संकलित राजस्व को कंपनी को अदा करता था। महालवाड़ी व्यवस्था का प्रस्ताव सर्वप्रथम 1819 ई. में 'हॉल्ट मैकेंजी' द्वारा लाया गया था।

रैयतवाड़ी भू-राजस्व व्यवस्था के जन्मदाता टॉमस मुनरों और कैप्टन रीड़ थे, जिन्होंने इसे सर्वप्रथम 1792 में तमिलनाडु के बारामहल जिलें में लागू किया। तत्पश्चात् यह व्यवस्था मद्रास, बम्बई के कुछ हिस्से, पूर्वी बंगाल, असम व कुर्ग में लागू की गई। इस व्यवस्था में किसानों के साथ सीधा समझौता किया जाता था। भूमि पर किसानों का मालिकाना हक होता था तथा वे स्वयं सरकार को भू-राजस्व भुगतान करने के लिए उत्तरदायी थे। यह व्यवस्था ब्रिटिश भारत के कुल भू-भाग के 51% क्षेत्र में लागू थी। उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि कथन A और B दोनों राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करता है।

27. A tomb of a Sufi saint is known as :
सूफी संत के मकबरे को जाना जाता है–

(a) Idgah/ईदगाह (b) Gulfaroshan/गुलफरोशां
(c) Dargah/दरगाह (d) Khanqah/खानकाह

Ans. (c) : सूफी संत के मकबरे को 'दरगाह' नाम से जाना जाता है जो एक सूफी-इस्लामी पुण्यस्थान है। किसी दरगाह के साथ अक्सर सूफी बैठकें और विश्राम गृह बने होते हैं जिन्हें खानकाह कहा जाता है। वह स्थान जहाँ ईद के मौके पर लोग इकट्ठा होकर नमाज अदा करते हैं 'ईदगाह' कहलाता है। 'गुलफरोशां' एक त्यौहार है।

28. The doctrine of Vishishtadvaita was propounded in eleventh century by :/विशिष्टाद्वैत का सिद्धांत ग्यारहवीं शताब्दी में प्रस्तावित किया गया–

(a) Basavanna/बासवन्ना द्वारा
(b) Eknath/एकनाथ
(c) Sakhubai/सखुबाई द्वारा
(d) Ramanuja/रामानुज द्वारा

Ans. (d) : विशिष्टाद्वैत का सिद्धांत ग्यारहवीं शताब्दी में रामानुज ने प्रस्तावित किया। वैष्णव मत की पुनः प्रतिष्ठा करने वालों में रामानुज का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इन्होंने भक्तिमार्ग का प्रचार करने के लिए संपूर्ण भारत की यात्रा की। इन्होंने गीता और ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखा। वेदान्त सूत्रों पर इनका भाष्य 'श्री भाष्य' के नाम से प्रसिद्ध है। इनकी प्रमुख पुस्तकें हैं– वेदान्तसार, वेदार्थसंग्रह, भगवद्गीता पर टीका आदि।

29. Consider the statements (A) and (B) on Diwani Adalat established in 1772 in India and choose the correct answer :
भारत में 1772 में स्थापित की गई दीवानी अदालत के संबंध में (A) और (B) कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) It was criminal court./यह एक फौजदारी अदालत थी।

(B) It was prsided over by the European district collectors./यह यूरोपियन जिलाधीशों की अध्यक्षता में चलता था।

(a) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है, (B) सही है।
(b) Both (A) and (B) are true
(A) और (B) दोनों सही हैं।
(c) Both (A) and (B) are false
(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(d) (A) is true, (B) is false/(A) सही है, (B) गलत है।

Ans. (a) : बंगाल के गवर्नर वारेन हेस्टिंग ने 1772 में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के श्रेणीबद्ध संगठन के जरिए न्याय प्रदान करने की एक नई व्यवस्था की। दीवानी अदालत में राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई होती थी। हर जिले में एक दीवानी अदालत स्थापित की गई जिसका प्रमुख जिला जज होता था जो नागरिक सेवा का सदस्य होता था। यह यूरोपीय जिलाधीशों की अध्यक्षता में चलता था। जिला अदालत के नीचे रजिस्ट्रार की अदालत थी, इसके प्रधान भी यूरोपवासी होते थे। इसके नीचे अनेक छोटी अदालते होती थी जिनके प्रधान भारतीय जज होते थे। अतः उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि कथन (A) गलत है और कथन (B) सही है।

30. A garisson town refers to :
गैरीसन नगर से अभिप्राय है–

(a) A fortified settlement with soldiers
किलेबंद बसाव जहाँ सैनिक रहते हैं

(b) A place where goods from different production centres are sold/वह स्थान जहाँ विभिन्न उत्पादन केन्द्रों के माल को बेचा जाता है।

(c) A town on an important trading port
एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक पत्तन नगर

(d) Land adjacent to a city that supplies goods to it/नगर से लगी हुई भूमि जो इसे माल की आपूर्ति करती है।

Ans. (a) : गैरीसन नगर से अभिप्राय किलेबंद बसाव से है जहाँ सैनिक रहते हैं। ब्रिटिश शासन काल में इन नगरों का उदय हुआ। इन्हें छावनी नगर भी कहते हैं। गैरीसन नगरों के रूप में विकसित प्रमुख नगर हैं– अंबाला, जालंधर, महू, बबीना, उधमपुर इत्यादि।

31. A Social Science teacher should aim towards
एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक/अध्यापिका का निम्न में से कौन सा लक्ष्य होना चाहिए?

(a) Building perspective
सापेक्ष महत्त्व का निर्माण कराना।

(b) Syllabus completion/पाठ्यचर्या को पूरा करना।

(c) Passive the examinations/परीक्षा उत्तीर्ण कराना।

(d) Rote memorisation/कंठस्थ कराना।

Ans. (a) : एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक/अध्यापिका का लक्ष्य होना चाहिए– सापेक्ष महत्त्व का निर्माण करना।

32. Which of the following apporaches have considered while developing social and political life textbooks?/सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्य–पुस्तकों को विकसित करते समय निम्नलिखित उपागमों में से किसे उपयुक्त समझा गया है?

(A) Learning through use of concrete examples and experiences./प्रत्यक्ष उदाहरणों तथा अनुभवों से सीखना।

(B) Learning through retention based on facts and data./तथ्यों और आँकड़ों का स्मरण आधारित सीखना।

(a) Only B/केवल B

(b) Both A and B/A और B केवल

(c) Neither A nor B/ A और B में से कोई नहीं

(d) Only A/केवल A

Ans. (d) : सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्य पुस्तकों को विकसित करते समय प्रत्यक्ष उदाहरणों तथा अनुभवों से सीखना उपयुक्त समझ गया है न कि तथ्यों और आँकड़ो का स्मरण आधारित सीखना।

33. Which of the following is true about Social Science?/निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सामाजिक विज्ञान के बारे में सही है?

(A) Memorising information will lead to conceptual development/जानकारी का स्मरण करने से अवधारणात्मक विकास होता है।

(B) The status of a 'fact' is always fixed./'तथ्य' का स्तर सदैव निश्चित होता है।

(a) Only B/केवल B

(b) Both A and B/A और B दोनों

(c) Neither A nor B/A और B में से कोई नहीं

(d) Only B/केवल B

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान में जानकारी का स्मरण करने मात्र से अवधारणात्मक विकास नहीं हो सकता, बल्कि बच्चों का सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों को अंतःसंबंधित करके देखने तथा अपने आस-पास में होने वाली विभिन्न घटनाओं को विस्तार से समझने से अवधारणात्मक विकास होता है। इसी प्रकार सामाजिक विज्ञान में तथ्य का स्तर सदैव निश्चित नहीं होता है बल्कि निरंतर अनुसंधानों और बदलते वातावरण एवं आवश्यकताओं के अनुसार तथ्यों में परिवर्तन भी होता रहता है।

अतः प्रश्न में दिये गये दोनों विकल्प सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में सही नहीं हैं।

34. The best practice for sensitising students towards wildlife conservation would be :
वन्य–जीव संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास कौन सा है?

(a) Preparing a play on wildlife conservation
वन्य -जीवन संरक्षण पर नाटक तैयार करना।

(b) Observing wildlife week at the school
विद्यालय में वन्य-जीवन उत्साह को मनाना।

(c) Pledging not to buy animal based products
पशु आधारित उत्पादों को न खरीदने की प्रतिज्ञा लेना।

(d) Reading about relevant policies and laws
संदर्भित नीतियों और कानूनों के बारे में पठन करना।

Ans. (c) : वन्य-जीवन संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए सर्वोत्तम होगा कि उनको पशु आधारित उत्पादों को न खरीदने की प्रतिज्ञा दिलवायी जाये। बच्चों को पशु आधारित उत्पादों को बनाने में प्रयुक्त जीवित पशुओं से होने वाले लाभों को बताया जाये साथ ही उनमें पशु–पक्षियों के प्रति दया, सहानुभूति, करुणा जैसी भावना का विकास किया जाये।

35. What is the main purpose of an Open-Book Evaluation?

खुली-किताब मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) Teachers need not undergo extra pressure to frame new questions
अध्यापकों को नये प्रश्न बनाने का दबाव नहीं रहेगा।

(b) Students need not read extra book
विद्यार्थियों को अतिरिक्त पुस्तकों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

(c) Students can answer exactly according to the textbook
विद्यार्थी उत्तर ठीक पाठ्यपुस्तकों के अनुसार कर सकते हैं।

(d) Students need not feed the burden to rote memorise all facts and details
विद्यार्थियों पर सभी तथ्यों और विवरणों को कंठस्थ करने का भार अनुभव नहीं होगा।

Ans. (d) : खुली किताब मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों पर सभी तथ्यों और विवरणों को कंठस्थ करने के भार को कम करना होता है। खुली किताब मूल्यांकन में ऐसे प्रश्नों को शामिल किया जाता है जिनका एक निश्चित उत्तर नहीं होता और जो बच्चों के सामने चुनौती पेश करते हैं। खुली-पुस्तक परीक्षा–पत्र बनाना एक चुनौती है जिसे स्कूल के प्रत्येक स्तर के पाठ्यचर्या प्रयासों में शामिल करना चाहिए लेकिन अध्यापकों से यह भी अपेक्षा होनी चाहिए कि वे व्याख्या करने और अधिगम के व्यवहारिक पहलू पर ज्यादा जोर दे न कि किताबों में दिये गये तर्क एवं तथ्यों पर।

36. Which of the following would be the best closure tasks after the teaching of the theme 'The Making of Regional Cultures'?

'क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण' विषय के शिक्षण के पश्चात्, समापन स्वरूप कौन–कौन से कार्य सर्वाधिक उचित रहेंगे?

A. Small group projects
छोटे समूह की परियोजनाएँ

B. Dance performance by an expert
विशेषज्ञ द्वारा नृत्य प्रस्तुति

C. Quiz competition/प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

D. Collage making
समुच्चित चित्र (कोलाज) बनाना

(a) A, B, D (b) A, C, D
(c) B, C, D (d) A, B, C

Ans. (b) : 'क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण' विषय के शिक्षण के पश्चात समापन स्वरूप निम्नलिखित कार्य सर्वाधिक उचित रहेंगे–

- छोटे समूह की परियोजनाएँ,
- विषय–वस्तु से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराना
- समुचित चित्र (कोलाज) बनाना।

37. Imagine you have inherited a kingdom. How would you make your kingdom stable and prosperous?

In context of the above question, as a teacher which skill would you emphasise upon while assessing the students?

कल्पना कीजिये आपको एक साम्राज्य वंशागत में मिला है। आप अपने साम्राज्य को किस प्रकार स्थायी और संपन्न बना सकेंगे?

ऊपर दिए गए प्रश्न के संदर्भ में, एक अध्यापक के रूप में आप विद्यार्थियों को जाँचते वक्त किस कुशलता पर बल देंगे?

(a) Ability to analyse/विश्लेषण करने की क्षमता

(b) Infer and extrapolate from situation
परिस्थितियों का अनुमान एवं निष्कर्ष

(c) Ability to reason/तर्क करने की क्षमता

(d) Comparing experiences/अनुभवों की तुलना

Ans. (b) : कल्पना कीजिए आपकों एक साम्राज्य वंशागत में मिला है। आप अपने साम्राज्य को किस प्रकार स्थायी और संपन्न बना सकेंगे?

इस प्रकार के प्रश्न के द्वारा एक शिक्षक बच्चों के परिस्थितियों का अनुमान एवं निष्कर्ष निकालने की कुशलता की जाँच कर सकता है। ऐसे प्रश्न बच्चों के सामने चुनौती पेश करते हैं तथा उनकों चिंतन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

38. A respectful way to introduce the theme 'Adivasis' would be to :

'आदिवासी' विषयक परिचय कराने के लिए सर्वोत्तम सम्मानजनक नीति होगी–

(a) Showcasing their colourful costumes
उनकी रंगीन वेशभूषा को प्रदर्शित करना।

(b) Screening a tribal song and dance
जनजातीय गानों और नृत्यों को पर्दे पर दिखाना।

(c) Discussing their primitive and rustic pasts
उनके आदिम और देहाती भूतकाल पर चर्चा करना।

(d) Portraying them as rich and powerful forest people/उन्हें सम्पन्न और शक्तिशाली वनवासी के रूप में चित्रित करना।

Ans. (d) : 'आदिवासी' विषयक परिचय कराने के लिए सर्वोत्तम सम्मानजनक नीति यह होगी कि– उन्हें सम्पन्न और शक्तिशाली वनवासी के रूप में चित्रित किया जाये। भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विषय को पढ़ाते समय बच्चों को अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाना चाहिए ताकि वे सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता का सम्मान करें।

39. While teaching controversial issues in social Science class, you should :

जब विवादास्पर मामलों को सामाजिक विज्ञान कक्षा में पढ़ा रहे हैं, आपको :

(a) Take them up occasionally and conduct brief discussions./समय–समय पर इन्हें उठाना चाहिए और संक्षिप्त चर्चा करनी चाहिए।

(b) Take them up with proper planning to initiate a dignified discussion/सही योजना के साथ सम्मानजनक चर्चा की पहल करनी चाहिए।

(c) Keep in mind students' background and discuss only non-hurtful aspects/विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए केवल ठेस न पहुँचाने वाले वस्तुओं पर चर्चा करनी चाहिए।

(d) Completely avoid confrontations
मुकाबला करने से पूरी तरह बचना चाहिए।

Ans. (b) : जब विवादास्पद मामलों को सामाजिक विज्ञान कक्षा में पढ़ा रहे हैं, आपकों सही योजना के साथ सम्मानजनक चर्चा की पहल करनी चाहिए।

40. The teaching of social and political life should focus on :

'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' अध्यापन का केन्द्र बिंदु होना चाहिए।

A. Study of Political Institutions
राजनीतिक संस्थानों का अध्ययन

B. Study of Basic Principles.
मूलभूत सिद्धांतों का अध्ययन

(a) Only B/केवल B

(b) Both A and B/A और B दोनों

(c) Neither A nor B/A और B में से कोई नहीं

(d) Only A/केवल A

Ans. (b) : 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' अध्यापन का केन्द्र बिन्दु होना चाहिए राजनीतिक संस्थानों का अध्ययन व मूलभूत सिद्धांतों का अध्ययन। अतः कथन (A) और (B) दोनों सही है।

41. While planning a small group activity with students, which of the following should be emphasised?

विद्यार्थियों के साथ एक छोटे समूह में योजना बनाते समय निम्न में से किस पर अधिक बल होना चाहिए?

A. To create a challenging task
एक चुनौतीपूर्ण कार्य की रचना।

B. To teach students to work together
विद्यार्थियों को साथ काम करना सिखाना।

C. To select groups thoughtfully.
समूहों का विचारपूर्वक चयन करना।

D. Completion of task./कार्य की पूर्ति करना।

(a) A, B, D (b) A, C, D
(c) B, C, D (d) A, B, C

Ans. (d) : विद्यार्थियों के साथ छोटे समूह में योजना बनाते समय निम्न पर अधिक बल होना चाहिए–

- एक चुनौतीपूर्ण कार्य की रचना।
- विद्यार्थियों के साथ काम करना सिखाना व
- समूहों का विचारपूर्वक चयन करना।

42. Which of the following statements are true about the study of Social Science?

सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन कथन सही है?

A. Helps in systemic analysis of issues.
समस्याओं के क्रमबद्ध विश्लेषण करने में मदद करता है।

B. Students will grow up and find out for themseleves./विद्यार्थी बड़े होंगे और अपने आप जानकारी ढूँढ़ लेंगे।

C. Focus should be on subject details rather than understanding/समझने की अपेक्षा विषय की विस्तृत जानकारी पर बल होना चाहिए।

D. Building sensitivity and curiosity as much as providing information./दी गई जानकारी के साथ संवेदनशीलता और जिज्ञासा पैदा करना।

(a) A, D (b) B, D
(c) C, D (d) A, C

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के संदर्भ में सही कथन है–
- समस्याओं के क्रमबद्ध विश्लेषण करने में मदद करता है।
- दी गई जानकारी के साथ संवेदनशीलता और जिज्ञासा पैदा करना।

43. The writing of the following cannot be attributed as a primary source?
निम्नलिखित में से किसके लेखन को प्राथमिक स्रोत के रूप में माना नहीं जा सकता है?

(a) Abul Fazl/अबुल फजल
(b) Rashsundari Devi/राससुंदरी देवी
(c) Ziyauddin Brani/जियाउद्दीन बरनी
(d) Muzaffar Alam/मुज्जफर आलम

Ans. (d) : मुजफ्फर आलम के लेखन को प्राथमिक स्रोत के रूप में माना नहीं जा सकता है।

44. Which of the following sources would be wrong to use if you have to introduce Ancient Indian History?/यदि आपको प्राचीन भारतीय भारतीय इतिहास पढ़ाना प्रारम्भ करना है तो निम्नलिखित स्रोतों में से किस स्रोत को प्रयुक्त करना गलत होगा?

(a) Miniature Paintings/लघु चित्रकारी
(b) Inscriptions/शिलालेख
(c) Manuscripts/हस्तलिपियाँ
(d) Cave paintings/गुफा चित्रकारी

Ans. (c) : यदि आपको प्राचीन भारतीय इतिहास पढ़ाना प्रारम्भ करना है तो हस्तलिपियाँ स्रोत को प्रयुक्त करना गलत होगा।

45. Which of the following can Social Science teacher critically address while discussing the theme, 'Advertisement'?/'विज्ञापन' की विषय–वस्तु पर चर्चा करते समय सामाजिक विज्ञान के अध्यापिका द्वारा निम्न में से कौन से उप–विषय वस्तुओं पर आलोचनात्मक चर्चा कर सकते हैं?

A. Appeal to the personal emotions.
व्यक्तिगत भावनाओं के प्रति अपील

B. Issues of equality./समता के मुद्दे

(a) Only B/केवल B
(b) Neither A nor B/A और B में से कोई नहीं
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) Only/केवल A

Ans. (c) : विज्ञापन की विषय वस्तु पर चर्चा करते समय सामाजिक विज्ञान के अध्यापिका द्वारा व्यक्तिगत भावनाओं के प्रति अपील व समता के मुद्दे जैसे उपविषय वस्तुओं पर आलोचनात्मक चर्चा कर सकते हैं।

46. 'Discuss few more reasons that are responsible for changes in land use pattern.'
In context of the above question, as a Social Science teacher you would be assessing student's skill of :
'भू-उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के उत्तरदायी कुछ और कारणों पर चर्चा कीजिए।'
ऊपर दिए गए प्रश्न के संदर्भ में एक सामाजिक विज्ञान के अध्यापक के रूप में आप विद्यार्थियों की किस कुशलता का मूल्यांकन कर रहे होंगे?

(a) Generalising/सामान्यीकरण करना।
(b) Inferring/परिमाण निकालना।
(c) Hypothesising/परिकल्पना करना।
(d) Classifying/वर्गीकरण करना।

Ans. (c) : 'भू–उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के उत्तरदायी कुछ और कारणों पर चर्चा कीजिए।'
इस प्रकार के प्रश्न के द्वारा एक सामाजिक विज्ञान का अध्यापक बच्चों के परिकल्पनात्मक कौशल का आकलन करना चाहता है। बच्चे उपर्युक्त प्रश्न के संदर्भ में भू–उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के उत्तरदायी कुछ कारणों के बारे में पहले से जानते हैं लेकिन कुछ और कारण जिनके बारे में वे नहीं जानते हैं उसके बारे में भी सोचने और कल्पना करने के लिए कहा गया है, जो उनके सृजनात्मकता के विकास में प्रभावी होगा।

47. To familiarise students with the theme, 'Natural Vegetation and Wildlife', which would be the best pedagogical method?
'प्राकृतिक वनस्पति और वन्य–विज्ञान' विषयवस्तु से छात्रों को परिचित कराने के लिये सर्वोत्तम शैक्षणिक विधि क्या होगी?

(a) Visit to a wildlife sanctuary
वन्यजीवन अभ्यारण्य का भ्रमण

(b) Inviting an expert for a lecture
व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ को आमंत्रित करना।

(c) Textbook reading and discussion
पाठ्यपुस्तक का पठन एवं चर्चा

(d) Screening a documentary on the theme
विषयवस्तु पर डाक्यूमेन्टरी फिल्म दिखाना।

Ans. (a) : 'प्राकृतिक वनस्पति और वन्य-जीव' विषयवस्तु से छात्रों को परिचित कराने के लिए सर्वोत्तम शैक्षणिक विधि यह होगी कि उन्हें वन्य-जीवन अभ्यारण्य का भ्रमण कराया जाये। शिक्षण की भ्रमण विधि शिक्षार्थियों को प्रत्यक्ष, मूर्त व व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के सिद्धांत पर आधारित है। बच्चों को इससे वन्य-जीवन अभ्यारण्य का सजीव आकर्षक तथा यथार्थ ज्ञान प्राप्त होगा साथ ही उनमें वन्य-जीवन के प्रति दया, करुणा, सद्भावना, संवेदनशीलता जैसी मानवीय गुणों का विकास होगा।

48. What is the role of cartoons in a Social Science textbooks?/सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में कार्टून की क्या भूमिका है?

(a) Mainly used as fillers so that textbooks look attractive/भरपाई करने के रूप में प्रयुक्त इससे पाठ्य-पुस्तक आकर्षित दिखती हैं।

(b) Makes class enjoyable as the subject is boring/कक्षा को आनंददायक बनाते हैं क्योंकि विषय नीरस है।

(c) Raises basis issues and makes it relatable to students/मूलभूत मामलों को उठाकर विद्यार्थियों को इनसे जोड़ना

(d) No role as cartoons are immature
कोई भूमिका नहीं, कार्टून अपरिपक्व है।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में कार्टून इसलिए शामिल किया जाता है ताकि मूलभूत मामलों को उठाकर विद्यार्थियों को इनसे जोड़ा जा सके। कार्टून के द्वारा समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों को रोचक तरीके से बच्चों के सामने प्रस्तुत किये जाते हैं ताकि उनमें अवधारणात्मक स्पष्टता का विकास हो सके।

49. Consider statements A and B on the practice of apartheid :/रंग-भेद प्रथा पर दिए गए A और B कथनों पर विचार कीजिए।

A. It discriminates between races but allowed all the right to vote./यह प्रथा जातियों के बीच भेद-भाव करती है, परन्तु सभी को मत देने की अनुमति प्रदान करती है।

B. It prevents mingling of races but gives equitable public facilities to all./यह प्रथा जातियों को एक–दूसरे से मिलने से रोकती है, परन्तु सभी को समान रूप से सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान करती हैं।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only B is true/केवल B सही है।

(b) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।

(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।

(d) Only A is true/केवल A सही है।

Ans. (c) : रंग-भेद की प्रथा जातियों के बीच भेद-भाव करती है, परन्तु सभी को मत देने की अनुमति प्रदान करती है। यह कथन सही नहीं है क्योंकि रंग-भेद की प्रथा में व्यक्तियों के साथ रंगों के आधार पर सभी स्तरों पर भेद-भाव किया जाता है। जैसे– उन्हें समाज में समानता के अधिकार से वंचित करना, उनके किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत अधिकारों की अवहेलना करना आदि।
रंग-भेद की प्रथा जातियों को एक-दूसरे से मिलने से रोकती है, परन्तु सभी को समान रूप से सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान करती है। यह कथन भी सही नहीं है। इसकी व्याख्या उपर्युक्त कथन में कर दी गयी है।
अतः प्रश्न में दिये गये दोनों कथन सही नहीं हैं।

50. Who among the following occupies elected office in a Garm Panchayat?
निम्नलिखित में से कौन ग्राम पंचायत में चुनकर आते हैं और कार्य संभालते हैं?

A. Sarpanch/सरपंच

B. Ward Members/वार्ड के सदस्य

C. Secretary/सचिव

D. Gram Sabha Member/ग्राम सभा सदस्य

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) A and C/A और C

(b) A, B and C/A, B और C

(c) B, C and D/B, C और D

(d) A and B/A और B

Ans. (d) : सरपंच और वार्ड के सदस्य ग्राम पंचायत में चुनकर आते हैं, जबकि ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ग्राम सभा के सदस्य होते हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पंचायत सचिव की नियुक्ति सरकारी नियमानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा की जाती है। अतः प्रश्नानुसार सचिव तथा ग्राम सभा सदस्य ग्राम पंचायत में चुनकर नहीं आते।

51. Which of the following work is the responsibility of a 'Patwari'?
निम्नलिखित कार्यों में से पटवारी/लेखपाल का उत्तरदायित्व कौन सा है?

(a) Executing employment schemes for land development/भूमि विकास के लिए रोजगार योजनाओं को लागू करना।
(b) Preventing land disputes by investigating complaints/शिकायतों की जाँच–पड़ताल के द्वारा भूमि संबंधी विवादों को रोकना।
(c) Measuring land and keeping records
भूमि मापन और आलेखों को सुरक्षित रखना।
(d) Construction and maintenance of common property/सामूहिक सम्पत्ति का निर्माण और रख–रखाव

Ans. (c) : लेखपाल का उत्तदायित्व है भूमि मापन और आलेखों को सुरक्षित रखना।

52. Which of the following statements on the functioning of a local urban administration is correct?/निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन स्थानीय शहरी प्रशासन के कार्य के संदर्भ में सही है?

(a) Commissioner is elected by ward councillors and reports to him/her /वार्ड के पार्षदों द्वारा आयुक्त चुना जाता है और उसे रिपोर्ट करते हैं।
(b) Ward councillors form committees to resolve issues of governance/शासन के मामलों के हल के लिए वार्ड पार्षदों की समितियाँ बनती हैं।
(c) Ward councillors are headed by the Sarpanch/वार्ड पारिषदों का सरपंच मुखिया होता है।
(d) Commissioner of a municipal corporation makes and decides the budget for the year
नगर निगम का आयुक्त वर्ष का बजट बनाता है और निर्णय लेता है।

Ans. (b) : शासन के मामलों के हल के लिए वार्ड पार्षदों की समितियाँ बनती हैं। यह समितियाँ संविधान के 74वें संशोधन के तहत ही बनायी जाती है। ताकि क्षेत्र स्तर पर नगरीय समस्याएँ हल की जा सके। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

53. Consider List–A and List-B.
A और B सूची पर विचार कीजिए :
List-A has different types of rural employment.
List-B has different kinds of loans taken.
सूची–A विभिन्न प्रकार के ग्रामीण रोजगार हैं।
सूची–B विभिन्न प्रकार के ऋण हैं।

List/सूची-A		List/सूची-B	
A.	Agricultural worker/ कृषीय श्रमिक	i.	Health and off-season consumption /स्वास्थ्य और बेमौसम उपभोग
B.	Large farmer/बड़ा किसान	ii.	Fertiliser, Pesticide, Seeds/उर्वरक, कीटनाशी, बीज
C.	Middle farmer/मध्यम किसान	iii.	Government loan for agro-processing plant/कृषि संसाधन संयंत्र के लिए सरकारी ऋण

Match items of List-A with List-B, based on most likely reason for loans :
सूची–A की मदों का सूची–B की मदों से मिलान (ऋणों के सर्वोचित कारण के आधार पर) कीजिए।

	A	B	C		A	B	C
(a)	ii	i	iii	(b)	i	iii	ii
(c)	iii	i	ii	(d)	i	ii	iii

Ans. (b) : सही मिलान निम्नलिखित है–

सूची-A		सूची-B
(a)	कृषीय श्रमिक	स्वास्थ्य और बेमौसम उपभोग
(b)	बड़ा किसान	कृषि संसाधन संयंत्र के लिए सरकारी ऋण
(c)	मध्यम किसान	उर्वरक, कीटनाशी, बीज

54. Which of the following forms the trading arrangement between as weaver and a merchant under the "Putting out" system? Choose the correct option.
दादन व्यवस्था (Putting out system) के अन्तर्गत बुनकर और सौदागर के बीच निम्नलिखित में से व्यापार का कौन सा रूप है?

(a) Yarn is sold to the weaver by the merchant; and weaver makes cloth for self-consumption
सौदागर द्वारा सूत बुनकर को बेचा जाता है, और बुनकर अपनी खपत के लिए कपड़ा बनाता है।

(b) Yarn is supplied by the merchant to the weaver and cloth produced is bought back from weaver at a low price/सौदागर द्वारा सूत की आपूर्ति बुनकर के लिए की जाती है और तैयार कपड़ा बुनकर से कम कीमत पर वापस खरीदा जाता है।

(c) Yarn is bought by weaver from the open market and cloth is sold to merchant at a low price/बुनकर सूत खुले बाजार से खरीदते हैं और कपड़ा कम कीमत पर सौदागर को बेचते हैं।

(d) Yarn is bought for the lowest bid from merchant; and cloth is sold at highest bid
सौदागर से न्यूनतम बोली पर सूत खरीदा जाता है और कपड़ा ऊँची बोली पर बेचा जाता है।

Ans. (b) : दादन व्यवस्था के अन्तर्गत बुनकर और सौदागर के बीच व्यापार का रूप है– सौदागर द्वारा सूत की आपूर्ति बुनकर के लिए की जाती है और तैयार कपड़ा बुनकर से कम कीमत पर वापस खरीदा जाता है। इस व्यवस्था में बुनकरों को सूत खरीदने के लिए अपना पैसा नहीं लगाना पड़ता है वे पूरी तरह सौदागर पर निर्भर होते हैं और वह तैयार कपड़ों को बेचने के लिए भी सौदागरों पर निर्भर रहता है। बुनकरों के पास यह जानने का कोई साधन नहीं रहता कि वे किसके लिए कपड़ा बना रहे हैं और वह किस कीमत पर बेचा जाएगा।

55. Consider the statements A to E. They form jumbled links in a chain of market, wherein 'Ketchup' reaches a consumer.
A से E तक के कथनों पर विचार कीजिए, जिसमें टमाटर का केच्चप उपभोक्ता तक पहुँचाती बाजार की श्रृंखला को आगे–पीछे करके लिखा गया है।

A. Sona orders ketchup from a neighborhood shop./सोना पड़ोसी दुकान से टमाटर का केच्चप ऑर्डर करता है।

B. Farmer buys tomato seeds from a local trader./किसान टमाटर का बीज स्थानीय व्यापारी से खरीदता है।

C. Wholesale merchant bids for tomatoes in the vegetable mandi./थोक विक्रेता व्यापारी सब्जी मंडी में टमाटरों के लिए बोली लगाता है।

D. A small city based food processing unit buys tomatoes./एक छोटे शहर की खाद्य संस्करण आधारित इकाई टमाटरों को खरीदती है।

E. Marketing company supplies ketchup to stores./विपणन करने वाली कंपनी भंडारों को केच्चप की आपूर्ति करती है।

Choose the option that represents the correct sequence in the chain of market :
सही विकल्प का चयन कीजिए जो बाजार की श्रृंखला का सही क्रम में प्रतिनिधित्व करता है।

(a) B, D, E, C, A (b) C, B, D, E, A
(c) A, B, D, C, E (d) B, C, D, E, A

Ans. (d) : बाजार की श्रृंखला का सही क्रम में प्रतिनिधित्व करता है–
B. किसान टमाटर का बीज स्थानीय व्यापारी से खरीदता है।
C. थोक विक्रेता व्यापारी सब्जी मंडी में टमाटरों के लिए बोली लगाता है।
D. एक छोटे शहर की खाद्य संस्करण आधारित इकाई टमाटरों को खरीदती है।
E. विपणन करने वाली कंपनी भंडारों को केच्चप की आपूर्ति करती है।
A. सोना पड़ोसी दुकान से टमाटर का केच्चप ऑर्डर करता है।

56. According to Appellate System, a person dissatisfied with the verdict given by the court of the District Judge could appeal to which of the following courts?/कोई व्यक्ति जिला जज के न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले से असंतुष्ट हुआ है जो अपील प्रणाली के अनुसार वह निम्नलिखित न्यायालयों में से किसमें अपील कर सकता है?

(a) Supreme Court/उच्चतम न्यायालय
(b) High Court/उच्च न्यायालय
(c) Trial Court/जाँच न्यायालय
(d) Session Court/सत्र न्यायालय

Ans. (b) : यदि कोई व्यक्ति जिला जज के न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले से असंतुष्ट हुआ है तो अपील प्रणाली के अनुसार वह उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है। भारतीय संविधान के अनुसार उच्च न्यायालय राज्य न्यायपालिका का सर्वोच्च न्यायालय है। संविधान के अनुच्छेद 214 के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए एक पृथक उच्च न्यायालय होगा। उच्च न्यायालय निम्न न्यायालय के निर्णयों के विरूद्ध उन दीवानी मुकदमों में अपील सुन सकता है, जिसमें पाँच हजार या इससे अधिक रकम या इतने मूल्य की सम्पत्ति का प्रश्न हो। उच्च न्यायालय निम्न न्यायालयों के निर्णय के विरूद्ध ऐसे फौजदारी मुकदमों की अपील सुन सकता है, जिसमें निम्न न्यायालयों में अपराधी को चार वर्ष अथवा इससे अधिक समय के लिए सजा दी गयी हो।

57. Consider the statements A and B on the Indian Parliament :/भारतीय संसद पर दिए गए A और B कथनों पर विचार कीजिए :

A. A political party that has any number of Member of Parliament in the Lok Sabha can form a government./कोई भी राजनीतिक दल जिसके पास लोकसभा में कितने भी संसदीय सदस्य हों, वह सरकार बना सकती है।

B. Lok Sabha, Rajya Sabha and President are part of the Parliament./लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति संसद के अंग हैं।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only B is true/केवल B सही है।
(b) Both A and B are true/A और B दोनों सही हैं।
(c) Both A and B are false/A और B दोनों गलत हैं।
(d) Only A is true/केवल A सही है।

Ans. (a) : भारत की संसद राष्ट्रपति और दोनों सदनों से मिलकर बनी है अर्थात लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति संसद के अंग हैं। निम्न सदन को लोकसभा और उच्च सदन को राज्य सभा कहते हैं। संसद के दोनों सदनों से पारित विधेयक राष्ट्रपति की अनुमति के बिना विधि नहीं बन सकता।
कोई भी राजनीतिक दल लोकसभा में बहुमत के आधार पर ही सरकार बना सकती है न कि कोई भी राजनीतिक दल जिसके पास लोकसभा में कितने भी संसदीय सदस्य हो। अतः कथन (A) गलत है व कथन (B) सही है।

58. Read the statement given below :
"The Indian State has many checks and balances to prevent the misuse of powers."
Choose the correct option that represents the meaning of 'Indian State' in the above statement.
नीचे दिए गए कथन का पठन कीजिए :
''सत्ता के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए भारतीय राज्य कई 'नियंत्रण और संतुलन' रखता है।''
ऊपर दिए गए कथन में 'भारतीय राज्य' के अर्थ को प्रदर्शित करने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) The Indian Bureaucracy/भारतीय अधिकारी तंत्र
(b) Any state Government/कोई भी राज्य सरकार
(c) The Indian Political System
भारतीय राजनीतिक व्यवस्था
(d) The Indian Central Government
भारतीय केन्द्रिय सरकार

Ans. (c) : ''सत्ता के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए भारतीय राज्य कई नियंत्रण और संतुलन' रखता है।'' इस कथन में 'भारतीय राज्य' के अर्थ को प्रदर्शित करने वाला सही विकल्प है भारतीय राजनीतिक व्यवस्था।

59. Which of the following should the teaching of History focus upon?/इतिहास का अध्यापन निम्नलिखित में से किस पर केंद्रीभूत होना चाहिए?

A. Concepts of Plural representations and building a sense of historical diversity.
बहु प्रदर्शनों की संकल्पना और ऐतिहासिक विविधता के भाव का निर्माण।

B. Encouraging students to imagine living in the past and relate to the experiences.
विद्यार्थियों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रहने की परिकल्पना के लिए प्रोत्साहित करना और अनुभवों के साथ जोड़ना।

(a) Only B/केवल B
(b) Both A and B/A और B दोनों
(c) Neither A nor B/ A और B में से कोई नहीं
(d) Only A/केवल A

Ans. (b) : इतिहास का अध्यापन केंद्रीभूत है– बहु प्रदर्शनों की संकल्पना और ऐतिहासिक विविधता के भाव के निर्माण में एवं विद्यार्थियों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रहने की परिकल्पना के लिए प्रोत्साहित करना और अनुभवों के साथ जोड़ने में। अतः विकल्प (b) सही है।

60. Two of the statements given below are false. Identify these statements./निम्नलिखित कथनों में से दो कथन गलत हैं। इन्हें पहचानें।

A. Natural and Physical basis of scientific inquiry can be used in Social Science also/वैज्ञानिक जाँच के प्राकृतिक और भौतिक आधार को सामाजिक विज्ञान में भी प्रयुक्त किया जा सकता है।

B. The teaching of Social Science has the responsibility towards value education only/सामाजिक विज्ञान के अध्यापन में केवल मूल्य आधारित शिक्षा का उत्तरदायित्व है।

C. The same methodology can be used to teach different disciplines of Social Science./सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों को पढ़ाने के तरीके समान हैं।

D. The teaching of Social Science concerns more with involvement with complexities rather than information./सामाजिक विज्ञान का अध्यापन सूचना देने की अपेक्षा जटिलताओं से जूझना है।

(a) B and C/ B और C (b) B and D/ B और D
(c) C and D/ C और D (d) A and C/ A और C

Ans. (a) : उपर्युक्त कथन में गलत कथन है– सामाजिक विज्ञान के अध्यापन में केवल मूल्य आधारित शिक्षा का उत्तरदायित्व है तथा सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों को पढ़ाने के तरीके समान है। जबकि सत्य कथन है- वैज्ञानिक जाँच के प्राकृतिक और भौतिक आधार को सामाजिक विज्ञान में भी प्रयुक्त किया जा सकता है तथा सामाजिक विज्ञान का अध्यापन सूचना देने की अपेक्षा जटिलताओं से जूझना है। अतः विकल्प (a) सही है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2018

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 9 दिसम्बर, 2018)

Directions: Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. Wind vane is used measuring–/वात–दिग्दर्शी का प्रयोग क्या मापने के लिए किया जाता है?

(a) wind velocity/वायु वेग
(b) air pressure/वायु दाब
(c) wind direction/वायु दिशा
(d) air temperature/वायु तापमान

Ans. (c) : वात दिग्दर्शक/दिग्दर्शी का प्रयोग वायु की दिशा मापने के लिए किया जाता है। इस यंत्र को आम तौर पर एक इमारत के उच्चतम बिन्दु पर एक वास्तु सज्जा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

→ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अनुसार दुनिया का सबसे बड़ा वात दिग्दर्शक 'जेरेज' स्पेन में स्थित 'टिओ पेपे शेरी' है।

2. Which one of the following layers of the atmosphere helps in the transmission of radio waves?/वायुमण्डल की निम्नलिखित में से कौन–सी परत रेडियो तरंगों के संरचण में मदद करती है?

(a) Stratosphere/समतापमंडल
(b) Mesosphere/मध्यमंडल
(c) Thermosphere/वाह्य वायुमंडल
(d) Exosphere/बहिर्मंडल

Ans. (c) : थर्मोस्फीयर (Thermosphere) के ऊपरी परत को आयनमण्डल (Ionosphere) कहा जाता है। आयनमण्डल रेडियो तरंगों के संचरण के लिए उत्तरदायी होता है। रेडियो तरंगें आयनमण्डल से परावर्तित होकर पृथ्वी पर लौटती हैं जो अधिक दूर तक संचार करने में सहायक होती हैं। इन रेडियो तरंगों के संचरण के फलस्वरूप रेडियो और टीवी कार्यक्रमों के प्रसारण किए जाते हैं।

3. Identify the various layers of the earth in order from interior to the outermost layer:
पृथ्वी की विभिन्न परतों को क्रम में आंतरिक से बाहरीतम परत तक पहचानिए:



(a) Crust, mantle, outer core, inner core
पर्पटी, मैंटल, बाहरी क्रोड, आंतरिक क्रोड
(b) Mantle, Crust, outer core, inner core
मैंटल, पर्पटी, बाहरी क्रोड, आंतरिक क्रोड
(c) Inner core, outer core, crust, mantle
आंतरिक क्रोड, बाहरी क्रोड, पर्पटी, मैंटल
(d) inner core, outer core, mantle, crust
आंतरिक क्रोड, बाहरी क्रोड, मैंटल, पर्पटी

Ans. (d) :



पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट (crust) कहते हैं। यह परत ठोस होती है। इसके नीचे एक अत्यंत गाढ़ी परत होती है, जिसे 'मेंटल' कहते हैं। सबसे आंतरिक संरचना को कोर कहते हैं।

4. Observe carefully the location of the sun, earth and moon in the given diagram and tell what it depicts:/दिए गए आरेख में सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा की स्थिति को ध्यान से देखिए और बताइए की यह क्या दर्शाता है :



(a) Solar eclipse/सूर्य–ग्रहण
(b) Lunar eclipse/चंद्र–ग्रहण
(c) Spring tide/बृहत् ज्वार–भाटा
(d) Neap tide/लघु ज्वार–भाटा

Ans. (d) : उपर्युक्त आरेख लघु ज्वार-भाटा (Neap tide) की स्थिति को दर्शाता है। सूर्य व चन्द्रमा के आकर्षण और पृथ्वी की अपकेन्द्रीय बल के कारण सागरीय जल का ऊपर उठना ज्वार व नीचे गिरना भाटा कहलाता है। जब सूर्य पृथ्वी व चंद्रमा समकोण बनाते हैं, ऐसे में सूर्य व चंद्रमा के आकर्षण का प्रभाव कम हो जाता है। इससे टाइड की ऊंचाई सामान्य टाइड से 20% कम होती है, इसे निम्न ज्वार कहते हैं।

5. When the river enters the plain, it bends and flows forming large bends known as–
जब नदी मैदान में प्रवेश करती है, तो यह मुड़ जाती है और बड़े मोड़ बनाकर बहती है, जो कहलाता है–

(a) levee/तटबंध
(b) floodplain/बाढ़ का मैदान
(c) meander/विसर्प
(d) oxbow lake/चापझील

Ans. (c) : मैदानी क्षेत्रों में नदी की धारा दाएँ–बाएँ, होते हुए प्रवाहित होती है और इस दौरान नदियों के मुड़ने से 'एस' (s) के आकार की संरचना बन जाती है, जिसे नदी विसर्प कहते हैं। नदियों का ये घुमाव अधिक अवसादी बोझ के कारण होता है।

6. Which means of transport is extremely useful in most inaccessible areas and in time of calamities for rescuing people and distributing food, water, clothes and medicines?
अधिकांश दुर्गम क्षेत्रों में और आपदाओं के समय लोगों को बचाने और भोजन, जल, कपड़े एवं दवाओं को वितरित करने के लिए यातायात का कौन–सा साधन बेहद उपयोगी है?

(a) Airways/वायुमार्ग (b) Railways/रेलमार्ग
(c) Roadways/सड़कमार्ग (d) Waterways/जलमार्ग

Ans. (a) : वायुमार्ग, रेलमार्ग, सड़कमार्ग व जलमार्ग परिवहन के मुख्य मार्ग हैं। इन सबमें वायुमार्ग अधिकांश दुर्गम क्षेत्रों में आपदाओं के समय लोगों को बचाने और भोजन, जल, कपड़े एवं दवाओं को वितरित करने के लिए सबसे अधिक उपयोगी होता है।

7. The branch of geography which deals with composition of a particular human population is called–
भूगोल की वह शाखा, जो विशिष्ट मानव जनसंख्या की संरचना के विषय से संबंधित है, कहलाती है–

(a) urban geography/नगरीय भूगोल
(b) biogeography/जैव भूगोल
(c) demography/जनसांख्यिकी
(d) human geography/मानव भूगोल

Ans. (c) : मानव जनसंख्या का सांख्यिकीय अध्ययन जनसांख्यिकी (Demography) कहलाता है। यह अध्ययन किसी भी गतिशील मानव आबादी पर किया जा सकता है। इसमें जनसंख्या के आकार, संरचना, वितरण, जन्म, प्रवास, वय वृद्धि व मृत्यु के संदर्भ में अध्ययन किया जाता है।

→ जनसांख्यिकीय विश्लेषण को शिक्षा, राष्ट्रीयता, धर्म और जातीयता जैसे मानदण्ड के आधार पर विभाजित कर पूरे समाज पर या समूहों पर लागू किया जा सकता है।

8. Assertion (A):
The sun sets in Gujarat about two hours after Arunachal Pradesh.
Reason (R):
Arunachal Pradesh is on a higher latitude than Gujarat.
Select the correct option from the higher latitude than Gujarat.
अधिकथन (A):
सूर्य गुजरात में अरूणाचल प्रदेश से लगभग दो घंटे बाद अस्त होता है।
कारण (R):
अरुणाचल प्रदेश, गुजरात की तुलना में उच्च अक्षांश पर स्थित है।
दिए गए विकल्पों से सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) explains (A)
(A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R) (A) को स्पष्ट करता है
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) does not explain (A)/(A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R) (A) को स्पष्ट नहीं करता है
(c) (A) is true and (R) is false
(A) सत्य है और (R) असत्य है
(d) (A) is false and (R) is true
(A) असत्य है और (R) सत्य है

Ans. (b) : भारत में देशांतरीय विस्तार 30^0 पूर्व तक है। सूरज की किरणें एक देशांतर को पार करने में 4 मिनट का समय लगाती हैं अर्थात् 30^0 के देशांतर को पार करने में कुल $30\times4 = 120$ मिनट = 2 घंटे का समय लगता है। पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है इसलिए अरुणांचल प्रदेश में सूर्य पहले दिखता है जबकि गुजरात में 2 घंटे बाद दिखाई देता है।

9. Which one of the following is a non–conventional source of energy?/निम्नलिखित में से कौन–सा ऊर्जा का गैर–परंपरागत स्रोत है?

(a) Firewood/ईंधन
(b) natural gas/प्राकृतिक गैस
(c) Solar energy/सौर ऊर्जा
(d) Coal/कोयला

Ans. (c) : ऊर्जा के परंपरागत स्रोत वे स्रोत होते हैं जिन्हें हम प्राचीन समय से इस्तेमाल करते आ रहे हैं। जैसे–ईंधन, कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस आदि।
ऊर्जा के गैर परंपरागत/वैकल्पिक स्रोत वे हैं जो आधुनिक युग में इजाद किए गए हैं। जैसे– सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, बायोगैस आदि।
ऊर्जा के पारम्परिक स्रोतों के संरक्षण के लिए ये आवश्यक है कि हम गैर परम्परागत स्रोतों का अधिक उपयोग करें।

10. The breeding of fish in specially constructed tanks and ponds is known as–/विशेष रूप से निर्मित टैंकों और तालाबों में मछली का प्रजनन कहलाता है–

(a) sericulture/सेरीकल्चर
(b) viticulture/विटिकल्चर
(c) horticulture/हॉर्टीकल्चर
(d) pisciculture/पिसीकल्चर

Ans. (d) : विशेष रूप से निर्मित टैंकों और तालाबों में मछली का प्रजनन 'पिसीकल्चर' कहलाता है। अंगूर की खेती 'विटिकल्चर' कहलाती है। 'हॉर्टीकल्चर' को उद्यान विज्ञान कहते हैं। 'हॉर्टीकल्चर' में उन पौधों का अध्ययन किया जाता है जिनसे हमें फल, सब्जी, नट, सजावटी पौधे तथा फूल आदि प्राप्त होते हैं। रेशम कीट पालन के द्वारा रेशम का निर्माण 'सेरीकल्चर' कहलाता है।

11. A narrow strip of land joining two landmasses is known as–/स्थल का एक संकरा भाग, जो दो बड़े स्थलीय भागों को एक–दूसरे से जोड़ता है, उसे क्या कहते हैं?

(a) strait/जलसंधि (b) isthmus/स्थलसंधि
(c) island/द्वीप (d) bay/खाड़ी

Ans. (b) : स्थलसंधि वह संकरी पट्टी है जो दो विशाल भूखंडों को आपस में जोड़ती है। जैसे पनामा स्थलसंधि उत्तर अमेरिका तथा दक्षिण अमेरिका को जोड़ती है।

12. Which one of the following continents is smallest in size?/निम्नलिखित में से कौन–सा महाद्वीप आकार में सबसे छोटा है?

(a) Australia/ऑस्ट्रेलिया
(b) South America/दक्षिण अमेरिका
(c) Africa/अफ्रीका
(d) Europe/यूरोप

Ans. (a) : आस्ट्रेलिया विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है। इसका क्षेत्रफल 77 लाख वर्ग किलोमीटर है जो विश्व के कुल भूभाग का 5.9 प्रतिशत है। विश्व में कुल 7 महाद्वीप हैं जिसमें एशिया सबसे बड़ा महाद्वीप है। एशिया का क्षेत्रफल 4 करोड़ 46 लाख वर्ग किलोमीटर है। एशिया के पश्चात् महाद्वीपों का क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम है- अफ्रीका (11677239 वर्ग मील), उत्तरी अमरीका (9361791 वर्ग मील), दक्षिणी अमरीका (6880706 वर्ग मील), अंटार्कटिका (5500000 वर्ग मील), यूरोप (3997929 वर्ग मील), आस्ट्रेलिया (2967909 वर्ग मील)।

13. At the upper primary stage, Social Science comprises of–/उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में शामिल हैं–

(a) History, Geography, Political Science Psychology/इतिहास, भूगोल, राजनीति–विज्ञान, मनोविज्ञान
(b) History, Geography, Economics, Sociology इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र
(c) History, Geography, Political Science Economics इतिहास, भूगोल, राजनीति–विज्ञान, अर्थशास्त्र
(d) History, Geography, Political Science Sociology इतिहास, भूगोल, राजनीति–विज्ञान, समाजशास्त्र

Ans. (c) : उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में शामिल विषय हैं– इतिहास, भूगोल, राजनीति–विज्ञान तथा अर्थशास्त्र। समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान विषय इंटर के स्तर पर पढ़ाए जाते हैं।

14. Inductive learning is contradictory to which one of the following approaches?
आगमनात्मक अधिगम निम्नलिखित में से किस विधा का विरोधाभासी है?

(a) Expository teaching/व्याख्यानात्मक शिक्षण
(b) Structure training/संरचनात्मक प्रशिक्षण
(c) Simulation/अनुकरण
(d) Mastery learning/निपुणात्मक अधिगम

Ans. (a) : आगमनात्मक अधिगम में विशेष तथ्यों तथा घटनाओं के निरीक्षण तथा विश्लेषण द्वारा सामान्य नियमों अथवा सिद्धांतों का निर्माण किया जाता है। इस विधि में ज्ञात से अज्ञात, विशिष्ट से सामान्य, मूर्त से अमूर्त शिक्षण सूत्र का प्रयोग होता है। इस विधि में शिक्षक छात्रों को अध्ययन करवाते हैं-
1. प्रत्यक्ष से प्रमाण की ओर
2. स्थूल से सूक्ष्म की ओर
3. विशिष्ट से सामान्य की ओर
इस पद्धति का सर्वप्रथम प्रयोग इटली के चिंतक लिओनारदो दा विन्ची ने किया तथा अंग्रेज चिंतक फ्रांसिस बेकन ने इसे एक सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित किया।
व्याख्यात्मक शिक्षक व्याख्या करता है तथा छात्र निष्क्रिय श्रोता बनकर सुनते रहते हैं। यह विधि उच्च कक्षाओं में प्रयोग की जाती है।

15. Read the given statements A and B and select the correct answer:
A. Critical thinking promotes the building of concepts, application and expansion of ideas.
B. It does not help in understanding and evaluating arguments and beliefs of others.
दिए गए कथनों A और B को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए:
A. आलोचनात्मक सोच धारणाओं के निर्माण तथा विचारों के अनुप्रयोग और विस्तार को बढ़ावा देती है।
B. यह दूसरों के तर्कों और विश्वासों को समझने और मूल्यांकन करने में मदद नहीं करती।

(a) A is true and B is false/A सत्य है और B असत्य है
(b) A is false and B is true/A असत्य है और B सत्य है
(c) Both A and B are false/A और B दोनों असत्य है
(d) Both A and B are true/A और B दोनों सत्य है

Ans. (a) : आलोचनात्मक सोच धारणाओं के निर्माण तथा विचारों के अनुप्रयोग और विस्तार को बढ़ावा देती है। यह कथन सत्य है। यह दूसरों के तर्कों और विश्वासों को समझने और मूल्यांकन करने में मदद नहीं करती यह कथन असत्य है।

16. What is an empirical evidence?
अनुभवजन्य साक्ष्य क्या है?

(a) Date gathered in the real world through the senses/इंद्रियों के माध्यम से वास्तविक दुनिया में एकत्रित आँकड़े
(b) A numeric approach for research अनुसंधान के लिए एक संख्यात्मक दृष्टिकोण
(c) Data measured in metric units मेट्रिक इकाइयों में मापे गए आँकड़े
(d) Data gathered using reliable method of data collection/आँकड़ों के संग्रह के विश्वसनीय तरीकों का उपयोग कर एकत्रित आँकड़े

Ans. (a) : अपनी इंद्रियों के माध्यम से वास्तविक दुनिया में एकत्रित आंकड़े अनुभवजन्य साक्ष्य कहलाते हैं।

17. The models/replicas of physical features are most suitable for teaching–
भौतिक विशेषताओं के मॉडल/प्रतिकृतियाँ ..... शिक्षण के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं।

(a) History/इतिहास
(b) Economics/अर्थशास्त्र
(c) Geography/भूगोल
(d) Political Science/राजनीति–विज्ञान

Ans. (c) : भौतिक विशेषताओं के मॉडल/ प्रतिकृतियाँ भूगोल शिक्षण के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं। भूगोल शिक्षण में हम कम्पास, ग्लोब, मानचित्र आदि का प्रयोग करते हैं।

18. The collection of weather information from the local newspaper is an example of which type of source?/स्थानीय समाचार–पत्र से मौसम की जानकारी का संग्रह किस प्रकार का स्रोत है?

(a) Primary/प्राथमिक
(b) Secondary/द्वितीयक
(c) Tertiary/तृतीयक
(d) Both primary and tertiary प्राथमिक और तृतीयक दोनों

Ans. (b) : स्थानी समाचार-पत्र से मौसम की जानकारी का संग्रह द्वितीयक प्रकार का स्रोत है। प्राथमिक ऑकड़े वे होते हैं जो पहली बार अन्वेषकों अथवा गणनाकारों द्वारा संग्रह किए जाते हैं। ये आँकड़े मौलिक रूप में होते हैं जैसे–जनसंख्या, उत्पादन की मात्रा आदि। द्वितीयक आँकड़े दूसरों द्वारा संग्रहित किये जाते हैं जैसे स्थानीय समाचार–पत्र से मौसम की जानकारी का संग्रह आदि।

19. In which type of classroom, the students with learning disabilities learn alongside other students?/सीखने की अक्षमता वाले शिक्षार्थी किस प्रकार की कक्षा में अन्य छात्रों के साथ सीखते हैं?

(a) Exclusive/अनन्य (b) Special/विशेष
(c) Inclusive/समावेशी (d) Modern/आधुनिक

Ans. (c) : सीखने की अक्षमता वाले छात्र समावेशी कक्षा में अन्य छात्रों के साथ सीखते हैं। समावेशी शिक्षा का तात्पर्य है समाज के सभी वर्गों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में समाविष्ट करके उन्हें शिक्षा के समान अवसर उपलबध कराना ताकि किसी भी बच्चे में हीनभावना का विकास न हो।

20. Who has given the following theory?
"All children go through the same sequence of development, but at different rates. Therefore

teacher must plan activities for individual children and small groups, not just for the class as a whole."
निम्नलिखित सिद्धांत किसने दिया है?
''सभी बच्चे विकास के समान अनुक्रम से गुजरते हैं, लेकिन विभिन्न दरों से। इसलिए शिक्षक को पूरी तरह से कक्षा के लिए नहीं बल्कि व्यक्तिगत बच्चों और छोटे समूहों के लिए गतिविधियों की योजना बनानी चाहिए।''

(a) C.L. Ogden/सी.एल. ओग्डेन
(b) D. Purcell/डी. पर्सेल
(c) J.H. Bell/जे.एच. बेल
(d) J. piaget/जे. पियाजे

Ans. (d) : उपर्युक्त कथन जीन पियाजे का है। जीन पियाजे द्वारा प्रतिपादित मानव विकास के सिद्धांत को संज्ञानात्मक विकास के नाम से जाना जाता है। उन्होंने मानव विकास पर ध्यान आकृष्ट करते हुए मानसिक क्रियाओं को महत्व दिया। पियाजे के अनुसार जैसे-जैसे बच्चे की आयु बढ़ती है, उसका कार्यक्षेत्र बढ़ता जाता है। उनका कथन है कि पहले बच्चा सरल प्रत्ययों के माध्यम से सीखता है, परन्तु जैसे-जैसे वह बड़ा होता है कठिन से कठिनतम प्रत्ययों को ग्रहण करने लगता है। पियाजे के अनुसार सीखना एक बौद्धिक प्रक्रिया है, एक संप्रत्यय निर्माण की प्रक्रिया है। सम्प्रत्यय निर्माण बालक की आयु के अनुसार होता है।

21. In order to promote cooperative learning in the classroom, a teacher should–
कक्षा में सहकारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक शिक्षक को चाहिए–

(a) engage students in debate and discussions
छात्रों को बहस और चर्चाओं में लगाएं
(b) give them individual projects
उन्हें व्यक्तिगत परियोजनाएँ दें
(c) divide the class in small groups for work
काम के लिए कक्षा को छोटे समूहों में विभाजित करें
(d) provide them various sources to do the project./परियोजना को करने के लिए उन्हें विभिन्न स्रोत प्रदान करें

Ans. (a) : कक्षा में सहकारी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को बहस व चर्चाओं में लगाना चाहिए। बहस व चर्चाओं द्वारा वे एक–दूसरे के विचारों को जान सकेंगे तथा स्वयं निष्कर्ष पर पहुँच सकेंगे। इससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होगा और शिक्षण बेहतर तरीके से हो सकेगा।

22. A self–guided, self–disciplined thinking which attempts to reason at the highest level of quality in a fair–minded way is called–
एक आत्म–निर्देशित, आत्म–अनुशासित सोच जो एक उचित तरीके से गुणवत्ता के उच्चतम स्तर पर तर्क करने का प्रयास होती है, उसे कहते हैं–

(a) critical thinking/आलोचनात्मक सोच
(b) complex thinking/जटिल सोच
(c) intelligent thinking/बुद्धिमान सोच
(d) abstract thinking/अमूर्त सोच

Ans. (a) : एक आत्म–निर्देशित, आत्म–अनुशासित सोच जो एक उचित तरीके से गुणवत्ता के उच्चतम स्तर पर तर्क करने का प्रयास होती है, आलोचनात्मक सोच कहलाती है।

23. The colours used in the Ajanta Caves Paintings have been derived from which of the following materials?
अजंता गुफा चित्रों में इस्तेमाल किए गए रंग निम्नलिखित में से किस सामग्री से प्राप्त किए गए हैं?

(a) Remains of animal organs/पशु अंगों के अवशेष
(b) Graphite/ग्रेफाइट
(c) Plants and minerals/पौधों और खनिज
(d) Slate/स्लेट

Ans. (c) : प्राकृतिक वस्तुओं जैसे पौधे तथा खनिज से निर्मित रंगों द्वारा अजंता की गुफाओं में चित्रकारी की गई है। अजंता की गुफाओं के चित्रों की चमक आज 1000 से अधिक वर्ष बीतने के बाद भी वैसी की वैसी है। यह भित्ति चित्रकारी के लिए विख्यात है। इन चित्रों में बौद्ध धार्मिक आख्यानों और देवताओं का जीवंतता से चित्रण किया गया है। यह भारतीय कला का अद्वितीय नमूना है।

24. The earliest manuscripts were written on–
सबसे पुरानी पांडुलिपियाँ..... पर लिखी गई थीं।

(a) palm leaves/ताड़ पत्रों (b) stones/पत्थरों
(c) paper/कागज (d) wood/लकड़ी

Ans. (a) : सबसे पुरानी पाण्डुलिपियाँ ताड़पत्रों पर लिखी गई थी। ताड़पत्र के बाद भोजपत्र, ताम्रपत्र और सुवर्णपत्र आदि का प्रयोग भी होने लगा। पांडुलिपियाँ (Manuscripts) उस दस्तावेज को कहते हैं जो एक व्यक्ति या अनेक व्यक्तियों द्वारा हाथ से लिखी गई हो। इसे हस्तप्रति, लिपिग्रन्थ इत्यादि नामों से भी जाना जाता है।

25. Which one of the following periods is longest in the human history?/मानव इतिहास में निम्नलिखित में में कौन–सी अवधि (काल) सबसे लंबी है?

(a) Paleolithic/पुरापाषाण काल
(b) Mesolithic/मध्यपाषाण काल
(c) Neolithic/नवपाषाण काल
(d) Megalithic/महापाषाण काल

Ans. (a) : पुरापाषाणकाल की अवधि मानव इतिहास में सबसे लम्बी है। यह प्राक्ऐतिहासिक युग का वह समय है जब मानव ने पत्थर के औजार बनाना सबसे पहले आरम्भ किया। यह काल आधुनिक काल से 25–20 लाख साल पूर्व से लेकर 12000 साल पूर्व तक माना जाता है। इस दौरान मानव इतिहास का 99 प्रतिशत विकास हुआ। इस काल के बाद मध्यपाषाण काल का प्रारम्भ हुआ जब मानव ने खेती करना शुरू किया।

26. Read the given statement A and B and select the correct answer:
A. Mehrgarh is located in a fertile plain near Bolan Pass of Pakistan.
B. Evidences of farming and herding are found here.
दिए गए कथनों A और B को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए:
A. मेहरगढ़ पाकिस्तान के बोलन दर्रे के पास एक उपजाऊ मैदान में स्थित है।
B. यहाँ खेती और पशुपालन के साक्ष्य पाए जाते हैं।

(a) A is true and B is false/A सत्य है और B असत्य है
(b) A is false and B is true/A असत्य है और B सत्य है
(c) Both A and B are false/A और B दोनों असत्य हैं
(d) Both A and B are true/A और B दोनों सत्य हैं

Ans. (d) : मेहरगढ़ पाकिस्तान के बोलन दर्रे के पास एक उपजाऊ मैदान में स्थित है। यह पुरातात्विक दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। जहाँ नवपाषाण युग (7000 ईसा–पूर्व से 3300 ईसा–पूर्व) के बहुत से अवशेष मिले हैं। यह स्थान वर्तमान में बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में है। यहाँ प्राचीनतम कृषि एवं पशुपालन से सम्बन्धित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं जिनसे पता चलता है कि यहाँ के लोग गेहूँ ओर जौ की खेती करते थे। यहाँ के लोग भेड, बकरी तथा अन्य जानवर भी पालते थे।

27. In which one of the following States of India, the largest number of Harappan sites have been found?/भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस एक राज्य में हड़प्पा के नगर सबसे बड़ी संख्या में मिले हैं?

(a) Punjab/पंजाब
(b) Haryana/हरियाणा
(c) Gujarat/गुजरात
(d) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर

Ans. (c) : भारत के गुजरात राज्य में हड़प्पा के नगर सबसे बड़ी संख्या में मिले हैं। गुजरात में लोथल के बाद अभी कुछ समय पूर्व खोजे गए धौलावीरा को भी नगर की संज्ञा दी गई है। लोथल सुरकोटदा तथा धौलावीरा प्रमुख पत्तन शहर की श्रेणी में आते हैं।

28. 'RigVeda' was originally composed in which one of the following languages?
'ऋग्वेद' मूल रूप से निम्नलिखित में से किस भाषा में रची गयी थी?
(a) Brahmi/ब्राह्मी (b) Pali/पाली
(c) Sanskrit/संस्कृत (d) Prakrit/प्राकृत

Ans. (c) : 'ऋग्वेद' मूल रूप से संस्कृत भाषा में रची गई थी। वेदों की रचना वैदिक काल में हुई थी। वैदिक सभ्यता आर्यों द्वारा निर्मित की गई थी और आर्यों की भाषा संस्कृत थी। ऋग्वेद को इतिहासकार हिन्दी–यूरोपीय भाषा–परिवार की अभी तक उपलब्ध पहली रचनाओं में से एक मानते हैं। यह एक प्रमुख हिन्दू धर्म ग्रंथ है।

29. The first ruler of Maghdha Mahajanapadas in the sixth century BC was–/छठी शताब्दी ईसा पूर्व में मगध महाजनपद के पहले शासक थे–
(a) Mahavira/महावीर (b) Prasenjit/प्रसेनजीत
(c) Bimbisara/बिम्बिसार (d) Ajatashatru/अजातशत्रु

Ans. (c) : बिम्बिसार 542 ई.पू. में मगध के प्रथम शासक बने। बिम्बिसार को मगध साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। वह हर्यक वंश के थे। बिम्बिसार ने मगध के यश और सम्मान को बढ़ाने में बहुत योगदान दिया। बिम्बसार एक कूटनीतिज्ञ और दूरदर्शी शासक था। बिम्बिसार की मृत्यु का कारण उनका अपना ही पुत्र अजातशत्रु था। जिसने उन्हें कैद करने के बाद भूखा मार दिया था।

30. Which one of the following is not among the three jewels of Buddhism?/निम्नलिखित में से कौन–सा बौद्ध–धर्म के त्रिरत्नों में से नहीं है?
(a) Buddha/बुद्ध (b) Dhamma/धम्म
(c) Ahimsa/अहिंसा (d) Sangha/संघ

Ans. (c) : बौद्ध धर्म के त्रिरत्न थे– बुद्ध, धम्म और संघ। इन तीन रत्नों पर ही बौद्ध धर्म आधारित है। ईसा पूर्व 6वीं शताब्दी में गौतम बुद्ध द्वारा बौद्ध धर्म की स्थापना हुई। अहिंसा जैन धर्म का मूल सिद्धान्त है। जैन धर्म भारत के प्राचीन धर्म में से से एक है।

31. Who among the following elects the Rajya Sabha Members?/निम्नलिखित में से कौन राज्यसभा सदस्यों का चुनाव करता है?
(a) Voters in Assembly Constituencies
विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्रों के मतदाता
(b) Voters in Parliamentary Constituencies
संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के मतदाता
(c) Lok Sabha Members/लोकसभा सदस्य
(d) Members of Legislative Assemblies (MLAs)
विधानसभा के सदस्य (विधायक)

Ans. (d) : राज्यसभा संसद का उच्च सदन होता है। राज्यसभा में कुल 245 सदस्य का चुनाव होता है। इनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति नामांकित करता है, बल्कि सदस्यों के लिए वोटिंग होती है जिसमें जनता द्वारा चुने गए जन–प्रतिनिधि यानि की विधायक ही हिस्सा लेते हैं। राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।

32. Which of the following system of government was adopted by India?
भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस शासन प्रणाली को अपनाया गया था?
(a) Parliamentary and Unitary/संसदीय और एकात्मक
(b) Presidential and Federal/राष्ट्रपति और संघीय
(c) Presidential and Unitary/राष्ट्रपति और एकात्मक
(d) Parliamentary and Federal/संसदीय और संघीय

Ans. (d) : भारत द्वारा संसदीय और संघीय शासन प्रणाली को अपनाया गया था। भारत के संविधान में सरकार के संसदीय रूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कुछ अपवादों के अतिरिक्त संघीय है।

33. How many Parliamentray Constituencies are reserved for the Scheduled Castes?
अनुसूचित जातियों के लिए कितने संसदीय निर्वाचन–क्षेत्र आरक्षित हैं?
(a) 48 (b) 84
(c) 47 (d) 74

Ans. (b) : लोकसभा की 545 सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। अतः लोकसभा में अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए कुल 131 सीटें आरक्षित हैं।

34. Which one of the following Fundamental Rights is violated due to practice of untouchability in India?
भारत में अस्पृश्यता प्रथा के कारण निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया जाता है?
(a) Right to Equality/समानता का अधिकार
(b) Right to Freedom/स्वतंत्रता का अधिकार
(c) Right against Exploitation
शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) Right to Constitutional Remedies
संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Ans. (a) : संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुसार विश्व के सभी लोग विधि के समक्ष समान हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में विधि के समक्ष समानता का अधिकार प्रत्येक भारतीय को प्राप्त है। भारत में अस्पृश्यता प्रथा के कारण समानता के अधिकार का उल्लंघन किया जाता था इसलिए अनुच्छेद 17 के द्वारा छुआछूत (अस्पृश्यता) का अंत कर दिया गया है।

35. As per the Constitution of India, which one of the following is not a Fundamental Right?
भारत के संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन–सा मौलिक अधिकार नहीं है?
(a) Right to education/शिक्षा का अधिकार
(b) Right against exploitation
शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) Right to Freedom of religion
धर्म की आजादी का अधिकार
(d) Right to property/संपत्ति का अधिकार

Ans. (d) : मूल अधिकार भारत के संविधान के तीसरे भाग में वर्णित भारतीय नागरिकों को प्रदान किए गए अधिकार हैं। संविधान द्वारा मूल रूप से सात अधिकार प्रदान किए गए थे–समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, सम्पत्ति का अधिकार, धर्म, संस्कृति एवं शिक्षा की स्वतंत्रता का अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार। सम्पत्ति के अधिकार को 1978 में 44वें संशोधन द्वारा संविधान के तृतीय भाग से हटा दिया गया था। वर्तमान में 6 मौलिक अधिकार हैं।

36. Untouchability refers to the discrimination on the basis of–/अस्पृश्यता ..... के आधार पर भेदभाव को संदर्भित करती है।

(a) physical disability/शारीरिक विकलांगता
(b) gender/लिंग
(c) caste/जाति
(d) race/वंश

Ans. (c) : अस्पृश्यता जाति के आधार पर भेदभाव को संदर्भित करती है। अस्पृश्यता मानव समाज के लिए का कलंक है। ऊँच–नीच का भाव एक रोग है, जो समाज में धीरे–धीरे पनपता है और सुसभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की नींव को हिला देता है। हिन्दू समाज में विद्यमान जाति–प्रथा को समाप्त करके इस कलंक से मुक्ति पाई जा सकती है।

37. Who appoints the Chief Minister?
मुख्यमंत्री को कौन नियुक्त करता है?

(a) The president/राष्ट्रपति
(b) The Prime Minister/प्रधानमंत्री
(c) The Governor/राज्यपाल
(d) The chief Justice of the High Court
उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Ans. (c) : मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल करते हैं। मुख्यमंत्री की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 163 के अंतर्गत की जाती है। मुख्यमंत्री भारतीय राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान होता है। मुख्यमंत्री की नियुक्ति आम चुनाव के बाद की जाती है या फिर तब होती है जब कोई मुख्यमंत्री त्यागपत्र दे दे या बर्खास्त कर दिया जाए।

38. Who appoints the Governor?
राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है?

(a) The prime Minister/प्रधानमंत्री
(b) The Chief Minister/मुख्यमंत्री
(c) The Chief Justice of India
भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) The President/राष्ट्रपति

Ans. (d) : राज्यपाल की नियुक्ति राज्यों में होती है जिनको राष्ट्रपति नियुक्त करता है। राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख राज्यपाल होता है जो मंत्रिपरिषद् की सलाह के अनुसार कार्य करता है। संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

39. Who elects the Prime Minister?
प्रधानमंत्री का चुनाव कौन करता है?

(a) The council of Ministers/मंत्रियों की परिषद्
(b) The chief Ministers/मुख्यमंत्री
(c) MPs/सांसद
(d) MPs and MLAs/सांसद और विधायक

Ans. (c) : प्रधानमंत्री का पद भारतीय संघ के शासन का प्रमुख पद है। प्रधानमंत्री का चुनाव सांसदों द्वारा किया जाता है। प्रधानमंत्री को संसदीय आम चुनाव के परिणाम के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।

40. Who among the following is called the first citizen of India/निम्नलिखित में से किसको भारत का प्रथम नागरिक कहा जाता है?

(a) The Chief Justice of India
भारत के मुख्य न्यायाधीश
(b) The Home Minister/गृहमंत्री
(c) The president/राष्ट्रपति
(d) The Prime Minister/प्रधानमंत्री

Ans. (c) : भारत के संविधान के अनुसार देश का प्रथम नागरिक राष्ट्रपति होता है। देश के वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द हैं। वह भारत के 14वें राष्ट्रपति हैं। देश का द्वितीय नागरिक देश का उपराष्ट्रपति होता है तथा देश का तृतीय नागरिक देश का प्रधानमंत्री होता है।

41. Who among the following is called the first citizen of a State in India?/निम्नलिखित में से किसको भारत में राज्य का पहला नागरिक कहा जाता है?

(a) The Chief Justice of the High Court
उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(b) The Home Minister/गृहमंत्री
(c) The Governor/राज्यपाल
(d) The Chief Minister/मुख्यमंत्री

Ans. (c) : भारत में राज्य का प्रथम नागरिक राज्यपाल होता है। राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख राज्यपाल होता है जो मंत्रिमण्डल की सलाह के अनुसार कार्य करता है। राज्यपाल अपने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी होते हैं। राज्यपाल देश का चौथा नागरिक होता है।

42. The current Lok Sabha (from 2014 onwards) is the–/वर्तमान लोकसभा (2014 के बाद) है–

(a) 13th/13वीं (b) 14th/14वीं
(c) 15th/15वीं (d) 16th/16वीं

Ans. (d) : लोकसभा (2014 के बाद) 16वीं लोकसभा है। सोलहवीं लोकसभा के सदस्य 2014 के आम चुनाव के बाद चुने गए हैं जो कि 7 अप्रैल, 2014 से 12 मई, 2014 के बीच 9 चरणों में सम्पन्न हुए थे। परिणाम 16 मई, 2014 को आया। भारतीय जनता पार्टी (जो कि राजग का हिस्सा है) ने 543 में 282 सीटें प्राप्त कर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। 17वीं लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल 2019 से 19 मई 2019 के मध्य सात चरणों में संपन्न हुए।

43. Who is the current President of India?
भारत का वर्तमान राष्ट्रपति कौन है?

(a) Narendra Modi/नरेन्द्र मोदी
(b) Pratibha Patil/प्रतिभा पाटिल
(c) M. venkaiah Naidu/एम. वेंकैया नायडू
(d) Ram Nath Kovind/रामनाथ कोविंद

Ans. (d) : भारत के वर्तमान राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द हैं। रामनाथ कोविन्द 20 जुलाई, 2017 को भारत के 14वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। 25 जुलाई, 2017 को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर ने भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। वे राज्यसभा सदस्य तथा बिहार के राज्यपाल रह चुके हैं।

44. Which of the following is not mentioned in the Constitution of India?/भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं किया गया है?

(a) Names of the States and Union Territories
राज्यों और केन्द्र–शासित प्रदेशों के नाम
(b) Structure of the Government/सरकार का ढाँचा
(c) Names of political parties/राजनीतिक दलों के नाम
(d) Rights of the citizens/नागरिकों के अधिकार

Ans. (c) : भारत के संविधान में राजनीतिक दलों के नाम का उल्लेख नहीं है। भारत के संविधान में सरकार का ढाँचा शामिल है। नागरिकों के अधिकार तथा राज्यों और केन्द्र–शासित प्रदेशों के नाम भी शामिल हैं। राजनीतिक दल शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1985 में 52वें संविधान संशोधन द्वारा पारित दल-बदल कानून में हुआ है।

45. Who nominates Members to the Rajya Sabha?
राज्यसभा में सदस्यों को कौन नामांकित करता है?

(a) The President/राष्ट्रपति
(b) The Vice President/उपराष्ट्रपति
(c) The Prime Minister/प्रधानमंत्री
(d) The Chief Justice of the Supreme Court/सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Ans. (a) : राज्यसभा संसद का उच्च सदन है जिसमें 245 सदस्य होते हैं। इन सदस्यों में से 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामांकित किए जाते हैं। इन्हें नामित सदस्य कहा जाता है अन्य सदस्यों का चुनाव विधायकों द्वारा किया जाता है। राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।

46. Who among the following was the President of the Constituent Assembly of India?
निम्नलिखित में से कौन भारत की संविधान सभा का अध्यक्ष था?

(a) C. Rajagopalachari/सी. राजगोपालचारी
(b) Dr. B.R. Ambedkar/डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(c) Dr. Rajendra Prasad/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू

Ans. (c) : डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे। इस सभा ने अपना कार्य 9 दिसम्बर, 1946 से प्रारम्भ किया था। संविधान सभा के 11वें सत्र के अंतिम दिन 26 नवम्बर, 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था। श्री सच्चिदानन्द सिन्हा संविधान सभा के अस्थाई अध्यक्ष निर्वाचित किए गए थे।

47. Who among the following was the only Indian Governor–General of India?/निम्नलिखित में से कौन भारत का एकमात्र भारतीय गवर्नर–जनरल था?

(a) Dr. Sarvepalli Radhakrishnan
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(b) B. Parrabhi Sitaramayya/बी. पट्टाभि सीतारमय्या
(c) T.T. Krishnamachari/टी.टी. कृष्णमाचारी
(d) C. Rajagopalachari/सी. राजगोपालाचारी

Ans. (d) : चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (10 दिसम्बर, 1878–25 दिसम्बर, 1972) राजाजी के नाम से भी जाने जाते थे। वे वकील, लेखक, राजनीतिज्ञ तथा दार्शनिक भी थे। वे स्वतंत्र भारत के द्वितीय गवर्नर–जनरल तथा प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे।

48. When was the Constitution of India adopted?
भारत का संविधन कब अपनाया गया था?

(a) August 15, 1947/15 अगस्त, 1947
(b) November 26, 1947/26 नवंबर, 1947
(c) November 26, 1949/26 नवंबर, 1949
(d) January 26, 1950/26 जनवरी, 1950

Ans. (c) : भारत का संविधान 26 नवम्बर, 1949 को अपनाया गया था इसलिए प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ इसलिए 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

49. Who among the following played a decisive role in integrating the Princely States of India?
निम्नलिखित में से किसने भारत की रियासतों को एकीकृत करने में निर्णायक भूमिका निभाई थी?

(a) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(b) Sardar Vallabhbhai Patel/सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) Dr. B.R. Ambedkar/डॉ बी.आर. अम्बेडकर
(d) C. Rajagopalachri/सी. राजगोपालाचारी

Ans. (b) : आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू–राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। इसके लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। भारत की आजादी के बाद वे प्रथम गृहमंत्री और उप–प्रधानमंत्री बने।

50. Which of the following deal with the matters in the Concurrent List of the Constitution of India?/निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान की समवर्ती सूची के मामलों में कार्य करता है?

(a) Union Government and State Governments
केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें
(b) State Governments and Local Governments Bodies/राज्य सरकारें और स्थानीय सरकारी निकाय
(c) Union Territories/केन्द्र–शासित प्रदेश
(d) Local Government Bodies
स्थानीय सरकारी निकाय

Ans. (a) : भारत के संविधान की समवर्ती सूची में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम करती हैं। संविधान लागू होने के समय समवर्ती सूची में 47 विषय थे परन्तु वर्तमान में इसमें 52 विषय हैं। समवर्ती सूची के मुख्य विषय हैं– शिक्षा, श्रम कल्याण, कारखानें, समाचार–पत्र, वन, प्रदूषण नियंत्रण आदि। भारतीय संविधान में समवर्ती सूची की अवधारणा आस्ट्रेलिया के संविधान से ली गई है।

51. Who among the following was the Chairman of the Drafting Committee in the Constituent Assembly of India./निम्नलिखित में से कौन भारत की संविधान सभा में मसौदा समिति के अध्यक्ष थे?

(a) C. Rajagopalachari/सी. राजगोपालाचारी
(b) Dr. B.R. Ambedkar/डॉ बी.आर. अम्बेडकर
(c) Dr. Rajendra Prasad/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू

Ans. (b) : डा. बी.आर. अम्बेडकर 29 अगस्त, 1947 से 24 जनवरी, 1950 तक भारत की संविधान सभा में मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री थे। वे भारतीय संविधान के जनक एवं गणराज्य के निर्माता भी थे। वे बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज–सुधारक थे।

52. In the 18th century, under whom did Bengal gradually break away from the Mughal control?/18वीं सदी में किसके नेतृत्व में बंगाल धीरे–धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया?

(a) Murshid Quli Khan/मुर्शिद कुली खान
(b) Nadir Shah/नादिरशाह
(c) Slivardi Khan/अलीवर्दी खान
(d) Burhan–ul–Mulk/बुरहान–उल–मुल्क

Ans. (a) : 18वीं सदी में मुर्शिद कुली खान के नेतृत्व में बंगाल धीरे-धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया। भारतीय प्रांतों में सम्पन्नता की दृष्टि से बंगाल का स्थान महत्त्वपूर्ण था। 1717 ई. में बंगाल का सूबेदार मुर्शिद कुली खान को बनाया गया। मुर्शिद कुली खान ने अपनी राजधानी ढाका से मुर्शिदाबाद (मकसूदाबाद) स्थानांतरित कर ली। मुर्शिद कुली खान की मृत्यु के बाद उनका दामाद शुजाउद्दीन बंगाल का नवाब बना।

53. Who among the following Governor–Generals decided that Bahadur Shah Zafar would be the last Mughal emperor and after his death none of the descendents would be recognized as a ruler?/निम्नलिखित में से किस गवर्नर–जनरल ने फैसला किया कि बहादुरशाह जफर आखिरी मुगल सम्राट होंगे और उनकी मृत्यु के बाद किसी भी वंशज को शासक के रूप में पहचाना नहीं जाएगा?

(a) Lord Delhousie/लॉर्ड डलहौजी
(b) William Bentinck/विलियम बेंटिक
(c) Lord Canning/लॉर्ड कैनिंग
(d) Lord Cornwallis/लॉर्ड कॉर्नवालिस

Ans. (c) : गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग ने यह फैसला किया कि बहादुरशाह जफर आखिरी मुगल सम्राट होंगे और उनकी मृत्यु के बाद किसी भी वंशज को शासक के रूप में नहीं पहचाना जाएगा। लॉर्ड कैनिंग को चार्ल्स कैनिंग भी कहा जाता है। इनका जन्म 14 दिसम्बर, 1812 लंदन (इंग्लैण्ड) में हुआ और मृत्यु 17 जून, 1862 को लंदन में हुई थी। ये एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। 1857 के सिपाही विद्रोह के दौरान वे भारत के गवर्नर–जनरल थे। 1858 में वे भारत के प्रथम वायसराय बने। भारत में इनका कार्यकाल वर्ष 1856 से 1862 तक था।

54. Which Governor–General declared that Awadh was being misgoverned and British rule was needed to ensure proper administration? किस गवर्नर जनरल ने घोषित किया कि अवध पर गलत तरीके से शासन किया जा रहा था और उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटिश शासन की आवश्यकता थी?

(a) Lord Ripon/लॉर्ड रिपन
(b) Lord Canning/लॉर्ड कैनिंग
(c) Lord Dalhousie/लॉर्ड डलहौजी
(d) Lord Mountbatten/लॉर्ड माउंटबेटन

Ans. (c) : जनवरी 1848 ई. में लॉर्ड डलहौजी को लॉर्ड हार्डिंग के स्थान पर भारत का गवर्नर जनरल बनाया गया। उनका प्रशासन चलाने का तरीका साम्राज्यवाद से प्रेरित था। उनके काल में राज्य का विस्तार अपने चरम पर था। लॉर्ड डलहौजी को ''अर्ल ऑफ डलहौजी'' भी कहा जाता था।

55. Which ruler of Kanpur called himself 'Peshwa'? कानपुर के किस शासन ने खुद को 'पेशवा कहा'?

(a) Nana Saheb/नाना साहेब
(b) Bajirao I/बाजीराव प्रथम
(c) Bajirao II/बाजीराव द्वितीय
(d) Bahadur Shah Zafar/बहादुरशाह जफर

Ans. (a) : नाना साहेब का मूल नाम 'धोधू पंत' था। इनका जन्म 19 मई, 1824 में बिठूर में हुआ था। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने नाना साहेब को अपना दत्रक पुत्र स्वीकार किया था। पेशवा के 28 जनवरी, 1851 में निधन के पश्चात् नाना साहेब ने खुद को पेशवा घोषित किया। स्वतंत्रता संग्राम में नाना साहेब ने कानपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोहियों का नेतृत्व किया।

56. The best methodology to teach the theme 'Factory' would be–/'कारखाने' के विषय में पढ़ाने के लिए सबसे उपयोगी विधि होगी–

(a) to narrate a story/एक कहानी सुनाना
(b) to invite a resource person
किसी विशेषज्ञ को निमंत्रित करना
(c) to organize a visit to an industrial plant
किसी औद्योगिक कारखाने की यात्रा आयोजित करना
(d) to screen a documentary film
एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाना

Ans. (c) : कारखानें के विषय को पढ़ाने की सबसे उपयोगी विधि किसी औद्योगिक कारखानें की यात्रा होगी। कारखानें की यात्रा से छात्र उसकी कार्यप्रणाली को उचित प्रकार से समझ सकेंगे तथा प्रत्यक्ष दर्शन द्वारा स्थायी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

57. What is EDUSAT? एडुसैट (EDUSAT) से क्या अभिप्राय है?

(a) The rocket that carries man–made satellites to be placed in the orbit around the sun/रॉकेट जिसका उपयोग मानव–निर्मित उपग्रहों को सूर्य की कक्षा में स्थापित करने के लिए किया जाता है
(b) A newly discovered planet in the solar system/सौरमंडल में खोजा गया एक नया ग्रह
(c) An asteroid found between the orbits of Mars and Jupiter/एक क्षुद्रग्रह जो मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाया जाता है
(d) A man–made Indian satellite
एक मानव–निर्मित भारतीय उपग्रह

Ans. (d) : जी सैट–3 (GSAT–3) भारतीय अन्तरिक्ष संगठन द्वारा 20 सितम्बर 2004 में स्थापित एक कृत्रिम उपग्रह है जिसे एडुसैट (EDUSAT) के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रक्षेपण शिक्षण–सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। यह पहला समर्पित ''शिक्षा उपग्रह'' (Educational Satellite) है।

58. The verses and ideas of which one of the following personalities have been preserved in 'Panchvani' and 'Bihak'?/'पंचवाणी' और 'बीजक' में निम्नलिखित में से किस महान हस्ती के छंद और विचारों को संरक्षित किया गया है?

(a) Mirabai/मीराबाई (b) Kabir/कबीर
(c) Guru Nanak/गुरुनानक (d) Ravidas/रविदास

Ans. (b) : कबीर का जन्म 1440 ई. में वाराणसी (उ.प्र.) में हुआ था तथा मृत्यु 1510 ई. में मगहर (उ.प्र.) में हुआ था। कबीर 15वीं सदी के भारतीय रहस्यवादी कवि और संत थे। संत कबीर भक्तिकालीन ज्ञानाश्रयी–निर्गुण शाखा की काव्यधारा के प्रवर्तक थे। इनकी मुख्य कृति है– ''बीजक–साखी, सबद, रमैनी''।

59. The moral painting from Elloro Caves which shows Vishnu as Narasimha, the man–lion, is a work of which period?/एलोरा की गुफा का भित्ति–चित्र, जिसमें विष्णु को नरसिंह अर्थात् पुरुष–सिंह के रूप में दिखाया गया है, किस काल की कृति है?

(a) Gurjara–Pratihara period/गुर्जर–प्रतिहार काल
(b) Rashtrakuta period/राष्ट्रकूट काल
(c) Chalukya period/चालुक्य काल
(d) Gupta period/गुप्त काल

Ans. (b) : एलोरा की गुफा का भित्ति-चित्र, जिसमें विष्णु को नरसिंह अर्थात् पुरुष सिंह के रूप में दिखाया गया है राष्ट्रकूट काल की कृति है। राष्ट्रकूट काल में कई राजा अध्ययन और कला के प्रति समर्पित थे। राष्ट्रकूट काल में ऐलोरा में चट्टान को काटकर कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किया गया। इसके अलावा ऐलोरा की गुफा में भित्तिचित्र, एलीफेंटा की गुफाओं में मूर्तिकला आदि का भी निर्माण कराया। यह सभी 'यूनेस्को' की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में भी शामिल हैं।

60. Which one of the following organizations believes in Upanishads?/निम्नलिखित में से कौन–सा संगठन उपनिषद् में आस्था रखता है?

(a) Brahma Samaj/ब्रह्म समाज
(b) Ramakrishna Mission/रामकृष्ण मिशन
(c) Satyashodhak Samaj/सत्यशोधक समाज
(d) Seva Samaj/सेवा समाज

Ans. (a) : ब्रह्म समाज हिन्दू धर्म से सम्बन्धित प्रथम धर्म सुधार आन्दोलन था। इसके संस्थापक राजा राम मोहन राय थे। जिन्होंने 20 अगस्त, 1828 ई. में इसकी स्थापना कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में की थी। ब्रह्म समाज उपनिषद में आस्था रखता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2016

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 18 सितम्बर, 2016)**

1. संसार में प्रचलित रोपण कृषि की सही विशेषता का चयन निम्नलिखित में से कीजिए–

(a) यह वाणिज्यिक प्रकार की कृषि है, जो विस्तृत क्षेत्रों पर की जाती है।

(b) इस प्रकार की कृषि में भूमि का गहन उपयोग करने के लिए कृषक अपने पूरे परिवार के साथ लगा रहता है।

(c) यह कृषि मध्य-अक्षांशों के आन्तरिक अर्ध-शुष्क प्रदेशों में की जाती है।

(d) इमसें प्रति एकड़ उपज कम होती है।

Ans. : (a) रोपड़ कृषि (Plantation farming) – रोपड़ कृषि के मुख्य क्षेत्र एशिया, अफ्रीका तथा दक्षिण एवं मध्य अमेरिका के उष्ण एवं उपोष्ण कटिबंधीय प्रदेश है। यह एक व्यापारिक कृषि है, इसके अन्तर्गत उगाई जाने वाली फसलें- चाय, कहवा, रबड़, कोको, नारियल, केला, गन्ना, आदि है। इसकी विशेषताएँ निम्न हैं–

(1) इसमें बागानों का आकार बहुत बड़ा होता है। (2) इसमें अधिक पूंजी निवेश उच्च प्रबंध तथा तकनीकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है। (3) इस कृषि का प्रारंभिक स्वरूप लैटिन अमेरिका के देशों में प्राप्त होता है।

2. मध्य और शीर्ष प्रबन्धन की प्रतिभा सर्वाधिक उपलब्ध होने का विशेष लाभ निम्नलिखित में से किस नगर को हमेशा प्राप्त है?

(a) कोच्चि (b) बेंगलुरू (बंगलौर)

(c) पुणे (d) चंड़ीगढ़

Ans. : (b) मध्य और शीर्ष प्रबन्धन की प्रतिभा सर्वाधिक उपलब्ध होने का विशेष लाभ बंगलुरू (बंगलौर) को हमेशा प्राप्त है। बंगलुरू दक्कन के पठार में अवस्थित है जहाँ से इसका नाम 'सिलिकॉन पठार' पड़ा। यह शहर वर्ष भर मृदु जलवायु के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ सर्वाधिक संख्या में सूचना प्रौद्योगिकी-महाविद्यालय और शैक्षिक संस्थान है, यहाँ कार्य अनुभव वाले कुशल प्रबंधक सर्वाधिक है। यहाँ महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र, उद्योग और शोध संस्थान है, जैसे– BEL, BHEL, HAL, NAL, DRDO, ISRO, ITI, IISC, NCBS और UAS।

3. राज्य की 'विधायिका' अंग से अभिप्राय है–

(a) देश का प्रत्येक नागरिक

(b) कानून लागू करने के लिए उत्तरदायी नौकरशाही

(c) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(d) नागरिकों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि

Ans. : (d) लोकतंत्र के चार स्तंभ होते हैं जिसमें कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका और प्रेस (चतुर्थ स्तंभ) । राज्य की 'विधायिका' अंग से अभिप्राय है कि नागरिकों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि -विधायक (एम.एल.ए)। प्रत्येक राज्य में विधायकों का चुनाव जनता द्वारा किया जाता है। फिर वे लेजिस्लेटिव असेंबली यानी विधान सभा के सदस्य बनकर सरकार बनाते हैं।

4. फौजदारी कानून के अन्तर्गत मामले के निवारण के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) सबसे पहले न्यायालय में मामले को दर्ज कराया जाता है और इसके बाद पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है।

(b) सबसे पहले पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है और इसके बाद केवल प्रभावित पक्ष की ओर से सम्बन्धित न्यायालय में याचिका दायर करानी होती है।

(c) सबसे पहले पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज कराई जाती है और इसके बाद ही अदालत में मामला दर्ज किया जाता है।

(d) प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जाती। केवल प्रभावित पक्ष की ओर से सम्बन्धित न्यायालय में याचिका दायर करानी होती है।

Ans. : (c) फौजीदारी कानून– ये ऐसे व्यवहार या क्रियाओं से संबंधित है जिन्हें कानून में अपराध माना गया है जैसे-चोरी, दहेज के लिए औरत को तंग करना, हत्या आदि।

इसमें सबसे पहले पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट/प्राथमिकी (F.I.R.) दर्ज कराई जाती है, इसके बाद पुलिस अपराध की जांच करती है, और मामला अदालत में दर्ज किया जाता है।

यदि व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसे जेल भेजा जा सकता है या जुर्माना भी किया जा सकता है।

5. अपराध की जाँच करने में पुलिस की भूमिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) अगर पुलिस को ऐसा लगता है कि सबूत आरोपी के दोषी होने का संकेत दे रहा है, तो वह अदालत में प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल कर सकती है।

(b) पुलिस-हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को पुलिस आरोपी के खिलाफ सबूत के रूप में इस्तेमाल कर सकती है।

(c) सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पुलिस को जाँच के दौरान किसी को सताने या पीटने या गोली मारने की अनुमति नहीं देते हैं।

(d) कोई व्यक्ति दोषी है या नहीं यह निर्धारित करना पुलिस का काम है।

Ans. : (a) अपराध की जांच करने में पुलिस की भूमिका– पुलिस का कार्य किसी अपराध के बारे में मिली शिकायत की जांच करना, जांच के लिए बयान दर्ज करना और सबूत इकट्ठे करना है और यदि सबूत आरोपी के दोषी होने का संकेत दे रहा है, तो वह अदालत में प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल कर सकती है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य–

सर्वोच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी, हिरासत और पूछताछ के लिए दिशा निर्देश पुलिस के लिए तय किये हैं– पुलिस को जांच के दौरान किसी को भी सताने, पीटने या गोली मारने का अधिकार नहीं है। किसी छोटे से छोटे अपराध के लिए भी पुलिस किसी को कोई सजा नहीं दे सकती।

6. मौलिक अधिकारों के विषय में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए–

A. भारत के संविधान में दिए गए सभी मौलिक अधिकार न्यायालय में बाध्यकारी हैं।

B. शोषण के विरुद्ध अधिकार नागरिक को उच्च स्तर के न्यायालय में जाने के लिए अनुमति प्रदान करता है यदि वह समझता है कि निचले स्तर के न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय अन्यायपूर्ण है।

सही विकल्प को चुनिए।

(a) A और B दोनों सही हैं (b) A और B दोनों गलत हैं

(c) A सही है, B गलत है (d) A गलत है, B सही है

Ans. : (a) संविधान के भाग 3 में अनु. 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण है। भाग-3 को 'भारत का मैग्नाकार्टा' की संज्ञा दी गयी है। मौलिक अधिकार न्यायालय में बाध्यकारी है, न्यायोचित है ये व्यक्तियों को अदालत जाने की अनुमति देते हैं, जब भी इनका उल्लंघन हो। शोषण के विरुद्ध अधिकार अथवा अन्य मौलिक अधिकार नागरिक को उच्च स्तर के न्यायालय में जाने के लिए अनुमति प्रदान करता है, यदि वह समझता है कि निचले स्तर के न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय अन्यायपूर्ण है, क्योंकि इन्हें उच्चतम न्यायालय द्वारा गांरटी व सुरक्षा प्रदान की जाती है। हालांकि पीड़ित व्यक्ति सीधे उच्चतम न्यायालय जा सकता है (अनु. 32)। यह आवश्यक नहीं कि केवल उच्च न्यायालय के खिलाफ ही वहाँ अपील को लेकर जाया जाये।

निर्देश (प्र.सं. 7 से 9) : नीचे दिए गए अवतरण को पढ़िए और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पहियेदार कुर्सी (वीलचेयर) का उपयोग करने वाले रंजन की कक्षा विद्यालय भवन की तीसरी मंजिल में लगती है। वह प्रत्येक दिन सहायक की प्रतीक्षा करता है जो उसे उठाकर विद्यार्थियों की भीड़ से होकर ले जाता है।

7. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद का उल्लंघन हो रहा है?

(a) अनुच्छेद 370 (b) अनुच्छेद 360

(c) अनुच्छेद 15 (d) अनुच्छेद 25

Ans. : (c) उपर्युक्त विद्यार्थी रंजन के संबंध में ये संविधान के अनुच्छेद–15 का उल्लंघन हो रहा है। अनुच्छेद 15 के अनुसार राज्य केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद नहीं करेगा। अनुच्छेद 15(3) राज्य को यह अधिकार देता है कि राज्य स्त्रियों और बालकों के लिए विशेष उपबंध कर सकता है।

8. विकलांगता अधिनियम, 1995 के किस प्रावधान का पालन विद्यालय नहीं कर रहा है?

(a) विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्यधारा वाली और संयोजित शिक्षा

(b) अनौपचारिक शिक्षा के लिए योजनाएँ और कार्यक्रम

(c) विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा के अधिकार

(d) रैम्प वाले सार्वजनिक स्थानों और भवनों तक सुरक्षित पहुँच

Ans. : (d) विकलांगता अधिनियम 1995 कहता है, कि विकलांग व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त है, और समाज में उनकी भागीदारी संभव बनाना सरकार का दायित्व है सरकार को उन्हें निःशुल्क शिक्षा देनी है, और विकलांग बच्चों को स्कूलों की मुख्य धारा में सम्मिलित करना है। कानून यह भी कहता है कि सभी सार्वजनिक स्थल, जैसे- भवन, स्कूल आदि में ढलान (रैम्प) बनाए जाने चाहिए जिससे वहाँ विकलांगों के लिए पहुँचना सरल हो। अतः विद्यालय रैम्प (ढलान) वाले सार्वजनिक स्थलों और भवनों तक पहुँच के प्रावधान का उल्लंघन कर रहा है।

9. रंजन के प्रति समानुभूति के विकास के लिए विद्यार्थियों के साथ किया गया निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप सबसे अधिक उपयुक्त होगा?

(a) 'विकलांगता अधिनियम' पर एक भाषण देने के लिए किसी वकील को आमंत्रित करना।

(b) वीलचेयर कैसे ऊपर उठाया जाए इस पर एक विचारावेश।

(c) रंजन को सीढ़ियों से ऊपर ले जाने और नीचे लाने के लिए विद्यार्थियों को कहना।

(d) एक भूमिका-निर्वाह नाटिका का आयोजन करना जिससे विद्यार्थी वीलचेयर में ले जाए जाने को अनुभव कर सकें।

Ans. : (d) रंजन के प्रति समानुभूति के विकास के लिए विद्यार्थियों के साथ किया गया सबसे अधिक क्रियाकलाप ये होगा कि एक भूमिका निर्वाह नाटिका का आयोजन किया जाये जिससे विद्यार्थी व्हीलचेयर में ले जाये जाने का अनुभव कर सकें।

10. किसी ऐतिहासिक वर्णन का चुनाव करते समय निम्नलिखित में से किस उद्देश्य पर विचार किया जाना चाहिए?

(a) कारणात्मक सम्बन्ध और निष्कर्ष स्थापित करना
(b) मूल्यपरक निर्णय देना
(c) लोकप्रिय घटनाओं को उजागर करना
(d) प्रसिद्ध व्यक्तियों का मूल्यवर्धन करना

Ans. : (a) किसी ऐतिहासिक वर्णन का चुनाव करते समय कारणात्मक सम्बन्ध और निष्कर्ष स्थापित करने के उद्देश्य पर विचार किया जाना चाहिए।

11. आप 'नए राज्य' पाठ में 'चोल' विषय पढ़ा रहे हैं। पाठ के अंत में 'अयन्त्र' में चीन के तांग राजवंश पर सूचना दी गई है। (कक्षा VII, हमारे अतीत II, पृष्ठ सं. 28)। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक होने के नाते इस पर विचार-विमर्श करते समय आपका शैक्षिक विचार क्या होगा?

(a) विद्यार्थियों को रोचक तथ्यों के प्रति जागरूक करना।
(b) विद्यार्थियों को चीन के अतीत पर कल्पना करने का अवसर प्रदान करना
(c) विभिन्न समाजों में ऐतिहासिक विकास की तुलना करना
(d) विद्यार्थियों को विश्व इतिहास से परिचित कराना।

Ans. : (c) चीन में तांग राजवंश के तहत एक साम्राज्य की स्थापना हुई, इसकी राजधानी 'शिआन' दुनिया के सबसे बड़े नगरों में से एक थी। तांग साम्राज्य परीक्षा के माध्यम से नियुक्त की गई नौकरशाही द्वारा प्रशासित होता था। इसके द्वारा हम विभिन्न समाजों में ऐतिहासिक विकास एवं सामाजिक प्रशासनिक स्तर की तुलना करने की क्षमता का विद्यार्थियों में विकास कर सकते हैं।

12. आप देखते हैं कि सामाजिक विज्ञान की कक्षा में विद्यार्थी कुछ पूर्वाग्रहों का प्रदर्शन करते है। आपकी सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया चुनिए–

(a) पढ़ाए जा रहे अध्याय को पढ़ाना बंद कर दूँगा।
(b) सामाजिक यथार्थ के आयामों पर एक परिचर्चा का आयोजन करूँगा।
(c) इन टिप्पणियों पर ध्यान नहीं दुँगा
(d) विद्यार्थियों को दंडित करूँगा।

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान की कक्षा में विद्यार्थी यदि पूर्वाग्रहों का प्रदर्शन करते हैं, तो सामाजिक यथार्थ के आयामों पर एक परिचर्चा का आयोजन करके उनके पूर्वाग्रहों को दूर करना चाहिए।

13. सामाजिक और राजनीतिक जीवन पढ़ाने के लिए दिए गए उपायों A, B और C में से सबसे उपयुक्त उपायों को चुनिए–

(1) व्यक्ति अध्ययन (2) परिभाषाएँ
(3) दृश्य सामग्रियाँ

(a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) 1और 3

Ans. : (d) सामाजिक और राजनीतिक जीवन को पढ़ाने के लिए परिभाषाओं का उपयोग करने से बचा गया है। इसकी बजाय वृत्तातों और व्यक्ति अध्ययन (केस स्टडीज) का उपयोग अवधारणाओं को समझाने के लिए किया गया है। लक्ष्य यह है कि सीखने वाले (विद्यार्थी) अपने स्वयं के अनुभवों से अवधारणाओं को समझें और उनके बारे में अपने ही शब्दों में लिखें।
दूसरे दृश्य सामग्रियाँ– इससे यह लाभ होता है कि बच्चे चित्रों को जीवन्त प्रस्तुति के सहारे विषय-वस्तु के साथ ज्यादा गहराई से जुड़ पाते हैं।

14. पाठांत प्रश्नों का सबसे उपयुक्त उपयोग हैं–

(a) परीक्षा के लिए प्रश्न सुझाना
(b) अध्याय से महत्त्वपूर्ण भागों की पहचान करना
(c) सीखे हुए को समझने में तथा अपने शब्दों में व्यक्त करने में विद्यार्थियों को सक्षम बनाना
(d) विद्यार्थियों के लिए अध्याय का सारांश प्रस्तुत करने में शिक्षकों की सहायता करना

Ans. : (c) पुस्तक में अध्यायों के बीच-बीच व अंत प्रश्न दिए गए है जिनमें चित्रों, कथाओं व अनुभवों की विषय वस्तु को आधार बनाया गया है, इनके अपने-अपने उपयोग है–
(1) अध्याय के बीच में आने वाले प्रश्न का उपयोग करते हुये शिक्षक यह भी आकलन कर सकते है कि बच्चों ने विषय वस्तु को किस रूप में ग्रहण किया है।
(2) जबकि अध्याय के अंत (पाठांत) के प्रश्न आमतौर पर अध्याय की मुख्य अवधारणाओं पर आधारित है, जिसका लक्ष्य सीखे हुये को समझने में तथा अपने शब्दो में व्यक्त करने में विद्यार्थियों को सक्षम बनाना है।

15. सतत और समग्र मूल्यांकन के अनुसार, आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य सबसे उपयुक्त है?

(a) विद्यार्थियों को अंक देकर प्रेरित करना
(b) विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करना
(c) विषय वस्तु के बारे में विद्यार्थियों के प्रत्यास्मरण का परीक्षण करना
(d) विद्यार्थियों की तुलना पर उनका रैंक निर्धारित करना

Ans. : (c) सतत और समग्र मूल्यांकन के अनुसार आकलन के बारे में सबसे उपयुक्त उद्देश्य है। विषयवस्तु के बारे में विद्यार्थियों के प्रत्यास्मरण का परीक्षण करना।

16. इतिहास आपके लिए सहायक होगा–

(1) वर्तमान का कैसे विकास हुआ यह समझने में
(2) हमारे भौतिक और सामाजिक विश्व की गतिविधि को समझने में
(3) अतीत का वर्तमान से तुलना करने में

उपर्युक्त में से कौन-से सही है?

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2

(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3

Ans. : (a) इतिहास हमें बताता है कि हम वर्तमान तक कैसे और किस प्रक्रिया से पहुँचे हैं। साथ ही इतिहास अतीत की तुलना में वर्तमान स्थिति के तुलनात्मक मूल्यांकन का बोध भी विकसित करता है।

17. एक शिक्षक 'भारत के विभाजन' पर प्राथमिक स्रोतों पर आधारित एक कार्ययोजना (प्रोजेक्ट) करवाना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्रोत नहीं है?

(a) आत्मकथाएँ (b) समाचार-पत्रों का पुरालेखागार

(c) मौखिक इतिहास (d) उपन्यास

Ans. : (c) 'भारत के विभाजन' पर प्राथमिक स्रोतों पर आधारित एक कार्ययोजना के लिए स्रोत है– (1) आत्मकथाएँ (2) समाचार पत्रों का पुरालेखागार (3) उपन्यास।

18. उच्च प्राथमिक स्तर पर, निम्नलिखित में से किस विषय को सामाजिक विज्ञान में सम्मिलित नहीं किया गया है?

(a) इतिहास (b) मनोविज्ञान

(c) राजनीति-विज्ञान (d) भूगोल

Ans. : (b) उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में मनोविज्ञान को नहीं सम्मिलित किया गया है। उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में शामिल किये गये विषय है– इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल।

19. जब विभिन्न संदर्भो में रहने वाले दो व्यक्तियों की स्थितियों पर कोई वर्णन दिया जाता है, तब सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए जिसमें कि वे–

(a) उनमें से आदर्श पात्र की पहचान करें

(b) उनमें जाति/वर्ग/लिंग विभेद करें

(c) उस वर्णन के बारे में मूल्यपरक निर्णय करें

(d) उनके माध्यम से प्रस्तुत सूचना का परीक्षण करें

Ans. : (c) जब विभिन्न संदर्भों में रहने वाले दो व्यक्तियों की स्थितियों पर वर्णन दिया जाता है, तो शिक्षक को अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए जिससे वे उस वर्णन के पात्रों के बारे में मूल्यपरक निर्णय करें।

20. उच्च प्राथमिक स्तर पर, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान का सही वर्णन करता है?

(a) यह ऐसे तथ्यों से भरपूर है, जिन्हें याद रखना जरूरी है

(b) यह विवेचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता को प्रेरित करता है

(c) यह कम वैज्ञानिक है और धारणाओं पर आधारित है

(d) यह वास्तविक जीवन और रोजागार दिलाने के लिए उपयोगी नहीं है

Ans. : (b) उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान विवेचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता को प्रेरित करता है। जिससे विद्यार्थी किसी विषय वस्तु के बारे में स्वंय अपनी समझ से वर्णन करने में सक्षम होते है।

21. सामाजिक समानता के सिद्धान्तों को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मानव-मूल्य सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होगा?

(a) परस्पर आदर (b) दक्षता

(c) उपभोक्तावाद (d) प्रतिस्पर्धा

Ans. : (a) सामाजिक समानता (Social Equality), किसी समाज की वह अवस्था है जिसके अंतर्गत उस समाज के सभी व्यक्तियों को सामाजिक आधार पर समान महत्व प्राप्त होता है।

सामाजिक समानता हेतु परस्पर आदर का मानव मूल्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

22. एक शिक्षक चाहता है कि उनके विद्यार्थी नगर निगम को उपलब्ध धनराशि के स्रोतों का पता लगाएँ। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक विश्वसनीय और उपयुक्त होगी?

(a) किसी विशेषज्ञ का भाषण आयोजित करना

(b) सरकारी वेब साइटों को ढूँढ़ना

(c) काउंसिलरो के साथ भेटवार्ताएँ

(d) आपस में विमर्श करना

Ans. : (b) विद्यार्थियों को नगर निगम को उपलब्ध धनराशि के स्रोतों का पता लगाने के लिए सबसे अधिक विश्वसनीय और उपयुक्त विधि 'सरकारी वेबसाइटों का ढूढ़ना' होगीं

23. निम्नलिखित में से किस विषय सामग्री को पाई रेखा के द्वारा सबसे अच्छी तरह प्रदर्शित किया जा सकता है?

(a) तापमान का वितरण (b) वायुदाब का वितरण

(c) जलाशयों का वितरण (d) समुद्री लहरों का वितरण

Ans. : (c) पाई आरेख–पाई या चक्रीय चित्र में वृत्त को प्रत्येक भाग की डिग्री में गणना करके सेक्टरों में विभाजित कर दिया जाता है। इसके द्वारा अच्छी तरह जलाशयों का वितरण प्रदर्शित किया जाता है।

24. कक्षा VI के स्तर पर 'पृथ्वी का परिक्रमण' पढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त अधिगम सहायक सामग्री क्या होगी?

(a) चार्ट (b) ग्लोब

(c) ऐट्लस (d) मानचित्र

Ans. : (a) कक्षा VI के स्तर पर 'पृथ्वी का परिक्रमण' पढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त अधिगम सहायक सामग्री 'चार्ट' होगी जबकि 'पृथ्वी का घूर्णन' एवं पृथ्वी की जानकारी के लिए सबसे उपयुक्त सामग्री 'ग्लोब' होगा।

25. दो विषयों A और B पर विचार कीजिए और लिंग समानता के बारे में चर्चा करने के लिए सही विषय/विषयों को चुनिए।

(1) श्रम की महत्ता

(2) गृह-व्यवस्था के उत्तरदायित्व

(a) 1 और 2 दोनों प्रासंगिक हैं

(b) 1 और 2 दोनों अप्रासंगिक है

(c) केवल 1 प्रासगिंक है

(d) केवल 2 प्रासगिंक है

Ans. : (a) लिंग और समानता के बारे में चर्चा करने के लिए सही विषय (A) श्रम की महत्ता (B) गृह व्यवस्था के उत्तरदायित्व दोनों प्रासंगिक है।

26. विद्यार्थियों को इतिहासकारों के समान सोचने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी?

(a) पूछताछ विधि (b) स्रोत विधि

(c) परियोजना विधि (d) कहानी सुनाने वाली विधि

Ans. : (c) विद्यार्थियों के इतिहासकारों के समान सोचने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु परियोजना (प्रोजेक्ट) विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी।

27. 'कारखाना' विषय को पढ़ाने के लिए सबसे उपयोगी विधि होगी–

(a) एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाना

(b) एक कहानी सुनाना

(c) किसी विशेष को निमंत्रित करना

(d) किसी औद्योगिक कारखाने की यात्रा आयोजित करना

Ans. : (a) 'कारखाना' विषय को पढ़ाने के लिए सबसे उपयोगी विधि 'एक डाक्यूमेंटरी दिखाना' होगी। जिससे वे कारखानों की कार्य प्रणाली को देखकर समझे एवं स्वयं वर्णन करें।

28. 'ऋग्वेद' के विषय में निम्नलिखित तीन कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए–

(1) यह 3500 वर्ष पूर्व लिखा गया था।

(2) इसकी रचना प्रकृति में की गई थी।

(3) इसमें एक हजार से अधिक प्रार्थनाएँ हैं।

(a) 3 सही है, 1 और 2 गलत है

(b) 1 गलत है, 2 और 3 सही है

(c) 1 सही है, 2 और 3 गलत है

(d) 2 सही है, 1 और 3 गलत है

Ans. : (b) वेद चार है– ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद। ऋग्वेद सबसे प्राचीन है, इसकी रचना लगभग 1200 ई. पू. में हुई थी। ऋग्वेद में एक हजार से अधिक प्रार्थनाएँ है। जिन्हें सूक्त कहा गया है। इसमें तीन देवता बहुत महत्वपूर्ण है- अग्नि, आग के देवता, इन्द्र युद्ध के देवता, और सोम देवता (सोम एक पौधा है जिससे एक खास पेय बनाया जाता था।) ऋग्वेद की भाषा प्राक् संस्कृत या वैदिक संस्कृत कहलाती है।

29. मॉनाकी पर्वत (हवाई द्वीप) सागर की सतह के नीचे स्थित है और इसकी ऊँचाई एवरेस्ट पर्वत से भी अधिक है। यह निम्नलिखित में से किसमें स्थित है?

(a) आर्कटिक महासागर (b) हिन्द महासागर

(c) अटलांटिक महासागर (d) प्रशान्त महासागर

Ans. : (d) मॉनाकी पर्वत हवाई द्वीप (संयुक्त राज्य अमेरिका) के नजदीक प्रशांत महासागर में स्थित है। यह प्रशांत महासागर की सतह के नीचे स्थित है और इसकी ऊँचाई एवरेस्ट पर्वत से भी अधिक है। यह एक एक ज्वालामुखी (सुप्त) पर्वत है।

30. 'विनय पिटक' एक ग्रंथ है जो अभिलेखित करता है–

(a) बौद्धों के नियम

(b) जैन धर्म की शिक्षाएँ

(c) वैदिक कर्मकांड

(d) शिक्षकों के मध्य बातचीत

Ans. : (a) त्रिपिटक (पाली भाषा में) बौद्ध धर्म का प्रमुख ग्रन्थ है जिसे सभी बौद्ध संप्रदाय (महायान थेरवाद वज्रयान आदि) मानते हैं। इसमें भगवान बुद्ध के उपदेशों को संग्रहीत किया गया है। त्रिपिटक को तीन भागों में विभाजित किया गया है। विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्म पिटक।

विनयपिटक– इसमें वे नियम दिये गये हैं, जो भिक्षु संघ के लिए बनाये गये थे।

सुत्तपिटक– इसमें बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों को स्पष्ट किया गया है। यह पांच निकायों में बांटा है। (1) दीघ निकाय (2) मज्झिम निकाय (3) संयुक्त निकाय (4) अगुत्तर निकाय

(5) खुद्दक निकाय

अभिधम्म पिटक– इसमें धर्म और क्रियाकलापों की व्याख्या दार्शनिक ढंग से की गई है। वेदों में जिस तरह ब्राह्मण ग्रन्थ है, उसी तरह पिटकों में अभिधम्म पिटक है।

31. 'पटवारियों' (लेखपालों) के कार्य की देखभाल निम्नलिखित में से कौन करता है?

(a) सम्बन्धित क्षेत्र के पुलिस स्टेशन का एस. एच. ओ.

(b) ग्राम पंचायत का सरपंच

(c) तहसीलदार

(d) जिलाधीश

Ans. : (c) जमीन को नापना और उसका रिकार्ड रखना पट्वारी (लेखपाल) का मुख्य कार्य होता है।

पटवारी किसानों से भूमि कर भी इकट्ठा करता है और सरकार को उगने वाली फसलों के बारे में जानकारी देता है।

'पटवारियों' के कार्य की देखभाल के लिए उपजिलाधिकारी होता है और उसके अधीन तहसीलदार होते हैं।

तहसीलदार के दफ्तर (कार्यालय) में जमीन से जुड़े मामले सुने जाते हैं।

32. महापाषाणों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) इनका उपयोग दफन करने की जगहों को चिन्हित करने के लिए किया जाता था।
(b) ये सभी भूमिगत और दृष्टि से ओझल रूप में पाए गए थे
(c) ये पत्थर के औजार बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराते थे
(d) ये भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में संकेन्द्रित थे

Ans. : (a) महापाषाणों का उपयोग दफन करने की जगहों को चिन्हित करने के लिए किया जाता था। महापाषाण (महा – बड़ा, पाषाण – पत्थर) कब्रें बनाने की प्रथा लगभग 3000 वर्ष पूर्व शुरू हुई। यह प्रथा दक्कन, दक्षिण भारत, उत्तर पूर्वी भारत और कश्मीर में प्रचलित थी। सामान्यतः मृतकों को खास किस्म के मिट्टी के बर्तनों के साथ दफनाया जाता था। साथ ही इनके साथ लोहे के औजार, घोड़ों के कंकाल, पत्थर और सोने के गहने आदि भी प्राप्त हुए हैं।

33. निम्नलिखित में से कौन-सी भूकंपीय तरंगे नहीं है?

(a) अनुप्रस्थ तरंगे (b) पृष्ठीय तरंगे
(c) अनुदैर्घ्य तरंगे (d) पोताश्रय तरंगें

Ans. : (d) पोताश्रय तरंगें भूकंपीय तरंगे नहीं हैं। भूकंपीय तरंगे निम्न तीन प्रकार की होती है–

(1) पी तरंगे अथवा अनुदैर्ध्य तरंगे– ये भूकंपीय तरंगे सर्वाधिक वेगवान होती है और सीस्मोग्राफ स्टेशन पर सर्वप्रथम पहुँचती है। ये ठोस द्रव और गैसीय तीनों माध्यमों से होकर यात्रा कर सकती है।

(2) एस तरंगे अथवा अनुप्रस्थ तरंगे– यह 'p' तरंगों के बाद प्रकट होती है, यह लहरें तरल पदार्थ से होकर नहीं गुजर पाती है।

(3) एल तरंगे अथवा पृष्ठीय तरंगे– यह तरंगे अधिकेन्द्र पर सबसे बाद में पहुँचती है। इनका वेग सबसे कम होता है। इनकी गति का प्रभाव जल एवं थल दोनों पर होता है। परिणामस्वरूप ये सर्वाधिक विनाशकारी होती है।

34. एडूसैट (EDUSAT) से क्या अभिप्राय है?

(a) एक मानव-निर्मित भारतीय उपग्रह
(b) रॉकेट जिसका उपयोग मानव-निर्मित उपग्रहों को सूर्च की कक्षा में स्थापित करने के लिए किया जाता है
(c) सौरमंडल में खोजा गया एक नया ग्रह
(d) एक क्षुद्र ग्रह जो मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाया जाता है

Ans. : (a) एडूसैट (EDUSAT) –एडूसैट को जी सैट-3 के नाम से भी जाना जाता है, यह मानव निर्मित भारतीय उपग्रह है। यह पाठशाला स्तर से उच्च शिक्षा के लिए बना है। यह प्रथम समर्पित 'शिक्षा उपग्रह' है। इसका सफल प्रक्षेपण सितम्बर 2004 में श्री हरिकोटा (आन्ध्र प्रदेश) स्थित 'सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र' से किया गया।

35. निम्नलिखित परिमंडलों में से किसमें मानव सहित जीवित जीव पाए जाते हैं जो बहुसंख्या में भूतापन के कारण प्रभावित होते हैं?

(a) वायुमंडल (b) जीवमंडल
(c) जलमंडल (d) स्थलमंडल

Ans. : (b) जीव मंडल– जीवमंडल एक सीमित क्षेत्र है, जहाँ स्थल, जल एवं हवा एक साथ मिलते हैं, जिसमें मानव सहित सभी जीव पाये जाते हैं जो बहुसंख्या में भू-तापन के कारण प्रभावित होते है।

भूमंडल–पृथ्वी के ठोस भाग को भू-मंडल कहा जाता है। यह भूपर्पटी की चट्टानों तथा मिट्टी की पतली परतों का बना होता है जिसमें जीवों के लिए पोषक तत्व पाये जाते है।

जल मंडल–पृथ्वी को नीला ग्रह कहा जाता है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल है। जल मंडल में जल के सभी रूप उपस्थित होते है। इसमें महासागर, नदियाँ, झीलें, हिमनदियाँ, भूमिगत जल तथा वायुमंडल की जल वाष्प सभी सम्मिलित है।

वायुमंडल– पृथ्वी चारो ओर से गैस की एक परत से घिरी हुई है जिसे वायुमंडल कहा जाता है यह परत हमें ऐसी वायुप्रदान करती है जिससे हम सांस लेते है।

36. भारत का दक्कन पठार, जो बेसाल्ट शैलों से बना है, निम्नलिखित में से शैलों की किस श्रेणी के अन्तर्गत आता है?

(a) कायांतरित शैल (b) अवसादी शैल
(c) बहिर्भेदी आग्नेय शैल (d) अन्तर्भेदी आग्नेय शैल

Ans. : (c) जब द्रवित लावा पृथ्वी की सतह पर आता है, तो यह तेजी से ठंडा होकर ठोस बन जाता है, पर्पटी पर बने इस प्रकार के शैल को बहिर्भेदी आग्नेय शैल कहते हैं। इनकी संरचना बहुत महीन दानों वाली होती है। दक्कन का पठार बेसाल्ट शैलों से निर्मित है। अतः ये बहिर्भेदी आग्नेय शैलों की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

37. निम्नलिखित स्थलरूपों में से किसमें खनिज निक्षेपों की प्रचुरता पाई जाती है?

(a) पठार (b) घाटी
(c) मैदान (d) पर्वत

Ans. : (a) धात्विक खनिज आग्नेय और कायातंरित शैल समूहों, जिनसे विशाल पठारों का निर्माण है, में पाये जाते हैं। जैसे–उत्तरी स्वीडन में लौह अयस्क, ओंटेरियो (कनाडा) में तांबा और निकेल के निक्षेप, दक्षिण अफ्रीका में लोहा, निकेल, क्रोमाइट और प्लेटिनम।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य–

प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाला पदार्थ जिसका निश्चित रासायनिक संघटन हो, खनिज कहलाता है।

मैदानों और नवीन वलित पर्वतों के अवसादी शैल समूहों में अधात्विक खनिज जैसे चूना पत्थर पाये जाते हैं।

38. लोकतंत्र में चुनावों के सम्बन्ध में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए–

(1) प्रतिनिधित्व लोकतंत्र में लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनकर अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेते हैं और वे प्रतिनिधि पूरे देश के लिए कानून और नियम बनाते हैं।
(2) सरकारें नियमित चुनावों द्वारा बदली जा सकती है।

सही विकल्प को चुनिए।

(a) 1 और 2 दोनों सही है

(b) 1 और 2 दोनों गलत है

(c) 1 सही है, 2 गलत है

(d) 1 गलत है, 2 सही है

Ans. : (a) लोकतंत्र का मूलभूत विचार यह होता है कि लोग नियमों को बनाने में भागीदार बनकर खुद ही शासन करें। वर्तमान समय में लोकतांत्रिक सरकार को प्रायः प्रतिनिधित्व लोकतंत्र कहते हैं। प्रतिनिधित्व लोकतंत्र में लोग सीधे भाग नहीं लेते हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा अपने प्रतिनिधि चुनते हैं और ये प्रतिनिधि पूरे देश के लिए कानून और नियम बनाते है।

प्रतिनिधित्व लोकतंत्र (भारत में) में प्रत्येक पांच वर्ष में नियमित चुनाव होते हैं जिनमें लोग दुबारा अपने प्रतिनिधि चुनते हैं तथा इस प्रकार सरकारें बदली जा सकती है।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल चारबाग का एक स्थल नहीं है?

(a) लाल महल बारी (b) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद

(c) हुमायूँ का मकबरा (d) शालीमार बाग

Ans. : (b) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद चारबाग शैली का स्थल नहीं है। मुगल चारबाग स्थल–

(1) हुमायू के मकबरे का चारबाग (दिल्ली)

(2) कश्मीर में शालीमार बाग का सीढ़ीदार चारबाग

(3) लाल महल बारी (राजस्थान) में चारबाग को तटीय बाग के रूप में अपनाया गया है।

40. भारत में पंचायती राज प्रणाली के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) संवैधानिक दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, देश के प्रत्येक राज्य में पंचायतों के सम्बन्ध में अपने कानून होते हैं

(b) ग्राम सभा के सचिव का चुनाव उसके सदस्यों द्वारा किया जाता है

(c) जिला परिषद् पंचायती राज प्रणाली का द्वितीय स्तर है

(d) ग्राम पंचायत की अवधि 4 वर्ष होती है।

Ans. : (a) पंयायती राजव्यवस्था लोकतांत्रिक सरकार की पहली सीढ़ी है। पंचायती राज व्यवस्था तीन स्तरों में बँटी होती है।

प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत होती है, द्वितीय स्तर पर विकास खंड (क्षेत्र पंचायत या पंचायत समिति), तृतीय स्तर पर जिला पंचायत (जिला परिषद) होती है।

संविधान में दिये हुए निर्देशों, के आधार पर देश के प्रत्येक राज्य ने पंचायत से जुड़े कानून बनाए हैं। इसलिए पंचायत संबंधी कानून प्रत्येक राज्य में कुछ अलग-अलग हो सकते हैं।

ग्राम पंचायत का गठन 5 वर्ष के लिए होता है।

ग्राम पंचायत का सचिव, ग्राम सभा का भी सचिव होता है। सचिव का चुनाव नहीं होता बल्कि उसकी सरकार द्वारा नियुक्ति की जाती है।

41. निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसकी कविताओं और विचारों को 'पंचवाणी' और 'बीजक' में संरक्षित किया गया है?

(a) रविदास (b) मीराबाई

(c) कबीर (d) गुरु नानक

Ans. : (c) कबीर संभवतः पद्रहंवी-सोलहवीं सदी में हुये थे। हमें इनके विचारों की जानकारी उनकी साखियों और पदों के विशाल संग्रह से मिलती है। जिनके बारे में यह कहा जाता है कि इनकी रचना तो कबीर ने की थी परन्तु ये घुमंतू भजन-गायकों द्वारा गाये जाते थे। इनमें से कुछ भजन गुरू-ग्रन्थ साहब, पंचवाणी और बीजक में संग्रहित और सुरक्षित है।

42. गढ़ कटंगा के गोंड राज्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) यह राज्य केवल नगरों से बना था।

(b) यह कमजोर बुंदेलों और मराठों के खिलाफ अधिक शक्तिशाली बना।

(c) यह एक समृद्ध राज्य था। इसने जंगली हाथियों को पकड़ कर और उनको दूसरे राज्यों में निर्यात करके धन कमाया।

(d) 1565 में मुगल सेनाओं ने गढ़ कटंगा पर हमला किया और उन्हें रानी दुर्गावती द्वारा हार का मुँह देखना पड़ा।

Ans. : (c) गढ़ कटंगा का गोंड एक समृद्ध राज्य था। इसने हाथियों को पकड़ने और दूसरे राज्यों में उनका निर्यात करने के व्यापार में खासा धन कमाया था। जब मुगलों ने गोडों को हराया तो उन्हें बेशकीमती सिक्के और हाथी बहुतायत में प्राप्त हुए। गढ़ कटंगा के पतन के बावजूद गोंड राज्य कुछ समय तक चलता रहा। लेकिन वे काफी कमजोर हो गये और बाद में अधिक शक्तिशाली बुदेंलों और मराठों के खिलाफ संघर्ष में असफल रहे।

43. एलोरा की गुफा 15 का भित्ति चित्र, जिसमें विष्णु को नरसिंह अर्थात् पुरुष-सिंह के रूप में दिखलाया गया है, किस काल की कृति है?

(a) गुप्त काल (b) गुर्जर-प्रतिहार काल

(c) राष्ट्रकूट काल (d) चालुक्य काल

Ans. : (c) एलोरा की गुफा 15 का भित्ति चित्र जिसमें विष्णु को नरसिंह अर्थात पुरुष-सिंह के रूप में दिखलाया गया है। यह राष्ट्रकूट काल की कृति है।

44. निम्नलिखित में से 'वस्तु-विनिमय पद्धति' की सही विशेषता कौन-सी है?

(a) यह धन का उपयोग किए बिना वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार है

(b) यह वह व्यापार है, जिसमें वस्तुओं की अदला-बदली में धन का प्रयोग किया जाता है

(c) यह वस्तुओं के लेन-देन को आसान बनाती है

(d) यह खर्चीली और समयसाध्य प्रक्रिया है

Ans. : (a) 'वस्तु विनिमय पद्धति' के अन्तर्गत धन का उपयोग किए बिना वस्तुओं की अदला-बदली करके व्यापार किया जाता है। प्राचीन काल में इसी पद्धति से व्यापार होता था।

45. निम्नलिखित स्थलाकृतियों में से किसमें 'छत्रक शैल' पाए जाते हैं?

(a) समुद्री गुफा (b) रेगिस्तान
(c) डेल्टा (d) हिमनद हिमोढ़

Ans. : (b) रेगिस्तान में पवन, अपरदन एवं निक्षेपण का प्रमुख कारक है। पवन शैल के ऊपरी भाग की अपेक्षा निचले भाग को आसानी से काटती है। इसलिए कुछ शैलों के आधार संकीर्ण एवं शीर्ष विस्तृत होते है और इन्हें सामान्यतः छत्रक शैल कहते हैं। अतः छत्रक शैल जैसी स्थलाकृतियाँ रेगिस्तान में पायी जाती हैं।

46. निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में बंगाल 18वीं सदी में धीरे-धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया?

(a) अलीवार्दी खान
(b) नादिर शाह
(c) मुर्शिद कुली खान
(d) निजाम-उल-मुल्क असफ जाह

Ans. : (c) मुर्शिद कुली खान के नेतृत्व में बंगाल धीरे-धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया।

47. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

वायुमंडल की परतें	**विशेषताएँ**
(1) क्षोभमंडल	(i) आयन मंडल इस परत का एक भाग है।
(2) समतापमंडल	(ii) अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड इस परत में आने पर जल जाते हैं।
(3) मध्यमंडल	(iii) इसमें ओजोन गैस की एक परत होती है
(4) बाह्य वायुमंडल	(iv) मौसम की लगभग सभी घटनाएँ इस परत में घटित होती है

(a)	1	2	3	4
	iii	iv	i	ii
(b)	1	2	3	4
	iv	iii	ii	i
(c)	1	2	3	4
	i	ii	iii	iv
(d)	1	2	3	4
	ii	i	iv	iii

Ans. : (b) क्षोभमंडल– यह वायुमण्डल का सबसे नीचे का संस्तर है, इसकी ऊँचाई सतह से लगभग 13 किमी0 है। क्षोभ मण्डल की मोटाई विषुवत वृत्त पर सबसे अधिक है, इस संस्तर में जलवाष्प तथा धूल कण मौजूद होते है। मौसम की लगभग सभी घटनाएँ इसी परत में घटित होती है।

समतापमंडल– क्षोभ सीमा से ऊपर 50 किमी. की ऊँचाई तक समताप मण्डल का विस्तार है। इस मण्डल की महत्वपूर्ण विशिष्टता ओजोन परत की उपस्थिति है। इस मण्डल के निचले भाग में 20 किमी. की ऊँचाई तक तापमान में कोई परिवर्तन नहीं होता है अतः इसे समताप मण्डल कहते है।

मध्यमंडल– यह समतापमण्डल के ठीक ऊपर होती है। यह लगभग 80 किमी की ऊँचाई तक फैली है। अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्कापिंड इस परत में आने पर जलने लगते हे।

ब्राह्यमंडल–इस मण्डल पर तापमान ऊंचाई के साथ बढ़ता जाता है। आयन मंडल इस परत का एक भाग है। रेडियो संचार के लिए इस परत का उपयोग होता है। पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगें इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर परिवर्तित कर दी जाती है।

48. भारत में चिकित्सा-पर्यटकों के संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए–

(1) वे विदेशी पर्यटक हैं, जो भारत के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए विशेष रूप से आते हैं, जहाँ उन्हें अपने देश की तुलना में कम मूल्य पर विश्व-स्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती है।

(2) वे भारत के भीतर के ही प्रवासी हैं, जो एक राज्य से दूसरे राज्य के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने क लिए जाते हैं, जहाँ उन्हें अपने राज्य की तुलना में कम मूल्य पर विश्व-स्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती हैं।

सही विकल्प को चुनिए।

(a) 1 और 2 दोनों सही है (b) 1 और 2 दोनों गलत है
(c) 1 सही है, 2 गलत है (d) 1 गलत है, 2 सही है

Ans. : (c) चिकित्सा पर्यटक–ये वे विदेशी पर्यटक है, जो देश के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए विशेष रूप से आते हैं जहाँ उन्हें अपने देश की तुलना में बहुत कम मूल्य पर विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती है।

49. रमाबाई, जो महिला शिक्षा की योद्धा थीं, कभी स्कूल नहीं गई। फिर भी उन्हें 'पण्डिता' की उपाधि दी गई, क्योंकि –

(a) उन्होंने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुणे के पास खेड़ागाँव में एक मिशन स्थापित किया
(b) उनके मिशन ने विधवाओं और गरीब महिलाओं को केवल पढ़ने-लिखने के लिए प्रोत्साहित किया, अपितु व्यवसायिक कुशलताओं की सहायता से स्वावलम्बी होने की शिक्षा भी दी
(c) उन्होंने अपने माता-पिता से पढ़ाना-लिखना सीखा
(d) वे संस्कृत पढ़ना-लिखना जानती थी, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि उनकें समय में महिलाओं को इस प्रकार का ज्ञान अर्जित करने की अनुमति नहीं थी।

Ans. : (d) रमाबाई ने अपने पिता से संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करके 12 वर्ष की उम्र में ही 20 हजार श्लोक कंठस्थ कर लिए थे, उनके समय में यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि उनके समय में महिलाओं को इस प्रकार का ज्ञान अर्जित करने की अनुमति नहीं थी। इसी कारण उन्हें 'सरस्वती' और 'पंण्डिता' जैसी उपाधियां प्राप्त हुई।

50. सन् 1856 में निम्नलिखित गवर्नर जनरलों में से किसने यह निर्णय किया था कि बहादुर शाह जफर आखिरी मुगल बादशाह होंगे और उनकी मृत्यु के बाद उनके किसी वंशज को बादशाह नहीं माना जाएगा?

(a) हेस्टिंग्स (b) कॉर्नवालिस
(c) कैनिंग (d) डलहौजी

Ans. : (c) 1856 में गवर्नर जनरल कैनिंग ने फैसला किया कि बहादुर शाह जफर आखिरी मुगल बादशाह होंगें उनकी मृत्यु के बाद उनके किसी भी वंशज को बादशाह नहीं माना जायेगा। उन्हें केवल राजकुमारों के रूप में मान्यता दी जायेगी।

51. औपनिवेशिक शिक्षा पर गांधी जी के विचारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) अंग्रेजी शिक्षा ने पढ़ने और लिखने की अपेक्षा मौखिक ज्ञान पर अधिक बल दिया
(b) अंग्रेजी में दी जा रही शिक्षा ने भारतीयों को अपने सामाजिक परिवेश से काट दिया।
(c) औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मस्तिष्क में हीनता का भाव पैदा कर दिया।
(d) पश्चिमी शिक्षा में जीवन के अनुभवों और व्यवहारिक ज्ञान की अपेक्षा पाठ्य-पुस्तकों पर अधिक बल दिया गया।

Ans. : (a) औपनिवेशिक शिक्षा पर गांधी जी के विचार निम्न थे–
(1) औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मस्तिष्क में हीनता का बोध पैदा कर दिया है।
(2) औपनिवेशिक शिक्षा भारतीयों को अपाहिज बना देती है, उसने उन्हें अपने सामाजिक परिवेश से काट दिया है।
(3) औपनिवेशिक शिक्षा मौखिक ज्ञान की बजाय केवल पढ़ने और लिखने पर केन्द्रित है। उसमें पाठ्य पुस्तकों पर तो जोर दिया जाता है, लेकिन जीवन के अनुभवों और व्यवहारिक ज्ञान की उपेक्षा की जाती है।

52. 1857 के विद्रोह के तत्काल बाद ब्रिटिश सरकार की प्रशासनिक नीतियों में आए परिवर्तनों के संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए।

(1) ब्रिटिश संसद ने 1858 में एक नया कानून पारित किया और ईस्ट इन्डिया कंपनी के सभी अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथों में सौंप दिए।
(2) यह तय किया गया कि सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात बढ़ाया जाय तथा यूरोपीय सिपाहियों की संख्या को कम किया जाय।

सही विकल्प को चुनिए।

(a) 1 और 2 दोनों सही है (b) 1 और 2 दोनों गलत है
(c) 1 सही है, 2 गलत है (d) 1 गलत है, 2 सही है

Ans. : (c) 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश संसद ने एक नया अधिनियम 'भारत सरकार अधिनियम 1858' पारित किया। जिसके प्रावधान निम्न हैं–
(1) ईस्ट इण्डिया कंपनी के सभी अधिकार ब्रिटिश साम्राज्ञी के हाथों में सौंप दिये गये।
(2) गवर्नर जनरल का पदनाम बदलकर 'भारत का वायसराय' कर दिया गया। प्रथम वायसराय लार्ड कैनिंग थे।
(3) भारत का प्रशासन साम्राज्ञी द्वारा नियुक्त 15 सदस्यीय एक परिषद को सौंप दिया गया जिसका अध्यक्ष मुख्य राज्य सचिव या भारत राज्य सचिव के नाम से विभूषित हुआ।

1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार द्वारा सेना के पुनर्गठन के लिए स्थापित पील कमीशन की रिपोर्ट पर सेना में भारतीय सैनिकों की तुलना में यूरोपियनों का अनुपात बढ़ा दिया गया।

53. दक्षिण भारत में 'नमक सत्याग्रह' के एक वयोवृद्ध राष्ट्रवादी नेता निम्नलिखित में से कौन थे?

(a) महात्मा गाँधी (b) सी. राजगोपालचारी
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) पोट्टि श्रीरामुलु

Ans. : (b) दक्षिण भारत (तमिलनाडु) में 'नमक सत्यग्रह' के एक वयोवृद्ध राष्ट्रवादी नेता सी. राजगोपालचारी थे। इन्होंने तिरूचेनगोड आश्रम से त्रिचुरापल्ली के वेदारण्यम तक नमक यात्रा की।

महात्मा गाँधी ने 12 मार्च 1930 को ऐतिहासिक नमक यात्रा की शुरूआत साबरमती आश्रम से की तथा 24 दिन बाद 5 अप्रैल 1930 को डांडी में सांकेतिक रूप से नमक कानून तोड़ा। यही से सविनय अवज्ञा आदोंलन की शुरूआत हुई।

54. ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक 'गुलामगीरी' को निम्नलिखित में से किन्हें समर्पित किया?

(a) उन महिलाओं को, जिन्होंने ब्रिटेन में नारी मताधिकार आंदोलन में भाग लिया
(b) उन भारतीय सैनिकों को जो द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए थे
(c) उन भारतीयों को, जिन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया
(d) उन अमरीकियों को, जिन्होंने गुलामों को मुक्ति दिलाने के लिए अमरीकी गृहयुद्ध में भाग लिया

Ans. : (d) वर्ष 1873 में फुले ने गुलामगीरी (गुलामी) नामक किताब लिखी। इससे लगभग दस वर्ष पूर्व अमेरिकी गृह युद्ध हो चुका था। जिसके फलस्वरूप अमरिकीयों में दास प्रथा खत्म कर दी गयी। फुले ने अपनी पुस्तक उन सभी अमेरिकाओं को समर्पित की जिन्होंने गुलामों को मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया था। इस तरह उन्होंने भारत की ''निम्न'' जातियों और अमेरिका के काले गुलामों की दुर्दशा को एक-दूसरे से जोड़ दिया। फुले ने भेदभाव खत्म करने के लिए और अछूतों के उद्धार के लिए 'सत्यसोधक' समाज नामक संगठन की स्थापना भी की।

55. भारत में उच्च न्यायालय के सम्बन्ध में दिए गए दो कथनों पर विचार कीजिए–

(1) उच्च न्यायालय राज्य सरकारों के अन्तर्गत आते हैं और उनकी ओर से ही कार्य करते हैं।

(2) उच्च न्यायालयों के सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्य के मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श करने के बाद की जाती है।

(a) 1 और 2 दोनों सही है (b) 1 और 2 दोनों गलत है
(c) 1 सही है, 2 गलत है (d) 1 गलत है, 2 सही है

Ans. : (b) अनु. 217 - उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में प्रावधान करता है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है। अन्य न्यायधीशों की नियुक्ति में संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशा से भी परामर्श किया जाता है। दो या अधिक राज्यों के साझा उच्च न्यायालय में नियुक्ति में राष्ट्रपति सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों से भी परामर्श करता है।

वर्तमान में भारत में कुल 25 उच्च न्यायालय है।

56. निम्नलिखित मदों में से कौन-सी मद 'कैलिको' के नाम से जानी गई, जिसे पुर्तगाली भारत से यूरोप ले गए थे?

(a) मस्लिन (मलमल) (b) फुटकर माल (पीस गुड्स)
(c) मसाले (d) सूती कपड़े

Ans. : (d) मसालों की तलाश में जब प्रथम बार पुर्तगाली भार आये तो उन्होंने दक्षिण पश्चिमी भारत में केरल के तट पर कालीकट में डेरा डाला। यहाँ से वे मसालों के साथ-साथ सूती कपड़ा भी लेते गये। कालीकट से निकले शब्द को 'कैलिको' कहने लगें। बाद में हर तरह के सूती कपड़े को 'कैलिको' ही कहा जाने लगा।

विशेष– अठारवीं सदी तक इंग्लैण्ड में भारतीय सूती-कपड़े की अत्यधिक मांग और लोकप्रियता के कारण इस पर पाबंदी लगाने के लिए 'कैलिको अधिनियम' पारित किया गया।

57. एक शिक्षक अनुभव करता है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर विषय का सुझाव दीजिए जो इस समस्या का समाधान करें–

(a) ऐसी विषय वस्तुएँ विकसित करें जो विषय सीमाओं को पार करके कई प्रत्ययों को सिखा सके।
(b) क्रियाकलाप छोड़ दें क्योंकि उनका परीक्षण नहीं होता।
(c) प्रत्येक अध्याय से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान कर इन पर नोट्स लिखाएँ।
(d) सारे पाठ्यक्रम को जल्दी-जल्दी पढ़ा दें।

Ans. : (c) एक शिक्षक जब यह अनुभव करता है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर विषय का भार बहुत है तो वह प्रत्येक अध्याय से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करके इन पर नोट्स लिखाएं।

58. अधिक गहराई में स्थित खनिज निक्षेपों तक पहुँचने के लिए गहरे छिद्र बनाए जाते हैं। इस प्रकार के खनन को कहा जाता है–

(a) प्रवेधन (b) उत्खनन
(c) विवृत खनन (d) कूपकी खनन

Ans. : (d) पृथ्वी की सतह के अंदर दबी शैलों से खनिज को बाहर निकालने की प्रक्रिया खनन कहलाती है। खनन निम्न प्रकार के होते हैं।

विवृत खनन– खनिज जो कम गहराई में स्थित है वे पृष्ठीय स्तर को हटाकर निकाले जाते हैं, इसे विवृत खनन कहते हैं।

कूपकी खनन– गहन वेधन जिन्हें कूपक कहते हैं, अधिक गहराई में स्थित निक्षेपों तक पहुँचने के लिए बनाये जाते है। इसे कूपकी खनन कहते हैं।

प्रवेधन– पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस धरातल के बहुत नीचे पाए जाते हैं, उन्हें बाहर निकालने के लिए गहन कूपों की खुदाई की जाती है, इसे प्रवेधन कहते हैं।

59. लद्दाख में पाया जाने वाला यूरेनियम एक उदाहरण है–

(a) भंडार संसाधन का (b) निक्षेप संसाधन का
(c) वास्तविक संसाधन का (d) संभाव्य संसाधन का

Ans. : (d) संभाव्य संसाधन– वे संसाधन जिनकी संपूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं हो सकती और इस समय इनका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। इन संसाधनों का उपयोग भविष्य में किया जा सकता है। इस समय जो हमारा प्रौद्योगिकी का स्तर है वह सम्भवतः इन संसाधनों को आसानी से प्रयोग करने के लिए पर्याप्त रूप से उन्नत नहीं है। लद्दाख में पाया गया यूरेनियम संभाव्य संसाधन का उदाहरण है।

60. गर्म जल के झरने ..... से प्राप्त ताप ऊर्जा के परिणामस्वरूप बनते हैं–

(a) पवन ऊर्जा (b) भूतापीय ऊर्जा
(c) सौर ऊर्जा (d) ज्वारीय ऊर्जा

Ans. : (b) भूतापीय ऊर्जा– ताप ऊर्जा जो पृथ्वी से प्राप्त की जाती है भूतापीय ऊर्जा कहलाती है। पृथ्वी के अंदर गहराई बढ़ने के साथ-साथ तापमान में लगातार वृद्धि होती जाती है। कभी-कभी यह तापमान ऊर्जा भू-सतह पर गर्म जल के झरनों के रूप में प्रकट होती है। यह ताप ऊर्जा शक्ति उत्पादन करने में प्रयुक्त की जाती है।

U.S.A. में विश्व का सबसे बड़ा भूतापीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित है।

भारत में भूतापीय ऊर्जा के संयंत्र हिमाचल प्रदेश में मणिकर्ण और लद्दाख में पूगा घाटी में स्थित है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2016

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 21 फरवरी, 2016)

निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. इन नाविकों में से किसने भारत को समुद्री रास्ता पाने के लिए पश्चिम की ओर प्रस्थान कर अटलांटिक महासागर को पार किया?

(a) वास्को-डि-गामा (b) जुयन जंग
(c) क्रिस्टोफर कोलम्बस (d) फा जियन

Ans. : (c) भारत में व्यापारिक लाभ को देखते हुए 15वीं शताब्दी में पुर्तगाल के लोगों ने भारत आने के मार्ग को ढूढ़ना प्रारम्भ किया इसी क्रम में क्रिस्टोफर कोलम्बस वर्ष 1492 ई. में अटलांटिक महासागर पार कर अमेरिका पहुँचा। कोलम्बस को ही अमेरिका की खोज का श्रेय दिया जाता है। भारत की खोज वास्कोडिगामा के द्वारा वर्ष 1498 ई. में किया गया।

2. निम्नलिखित राजवंशों में से किसने अपने अभिलेखों में मलयालम भाषा एवं लिपि का प्रयोग प्रारम्भ किया?

(a) चोल (b) कुशाण (c) चेर (d) पांड्य

Ans. : (c) मलयालम भाषा एवं लिपि का प्रयोग केरल राज्य में किया जाता है तथा मलयालम केरल की राज्य भाषा है। प्राचीन दक्षिणी भारत के केरल राज्य में चेर राजवंश का शासन था, अतः चेर राजवंश ने अपने अभिलेख में मलयालम भाषा एवं लिपि का प्रयोग किया था। चेर वंश का सबसे प्रतापी शासन शेनगुट्टवन था। इसे 'लालचेर' के नाम से भी जाना जाता है। दक्षिण भारत में पत्तिनी पूजा का प्रारम्भ शेनगुट्टवन ने ही कराया था।

3. 1906 में हुए सोग्राम संगमा के विद्रोह का कारण था–

(a) अंग्रेजों द्वारा निर्धारित व्यापार की असमान (भेदकारी) शर्तों के विरुद्ध बंगाल में मुस्लिम व्यापारियों का उठ खड़ा होना
(b) नील के बागान-मालिकों के विरुद्ध चम्पारण में किसानों ने विद्रोह किया
(c) गुजरात में पाटीदार किसानों का अंग्रेजों द्वारा थोपे गए भारी लगान के खिलाफ विद्रोह
(d) असम में आदिवासी समूहों द्वारा किया गया औपनिवेशिक वन कानूनों का विरोध

Ans. : (d) वर्ष 1906 में सोग्राम संगमा का विद्रोह असम में ब्रिटिश के विरुद्ध असम के आदिवासी समूहों के द्वारा औपनिवेशिक वन कानून के विरोध में किया गया। औपनिवेशिक वन कानून से आदिवासी समुदाय के संस्कृतियों का क्षरण हो रहा था तथा उनको जीवन निर्वाह में कठिनाई महसूस होने लगी। अतः अपने संस्कृति एवं जीवन की रक्षा के लिए असम तथा अन्य स्थलों के आदिवासी समूहों के द्वारा ब्रिटिशराज के विरुद्ध विद्रोह किया।

4. ब्रिटिश सरकार ने सन् 1927 में भारत में अपनी अगुवाई में साइमन कमीशन भेजा, जिसका विरोध किया गया, क्योंकि

(a) इस आयोग में कोई भारतीय प्रतिनिधि नहीं था
(b) इसमें केवल अंग्रेजी पढ़े-लिखे भारतीय प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था
(c) इस आयोग में अंग्रेजों की अपेक्षा भारतीय प्रतिनिधियों की संख्या न के बराबर थी
(d) इसमें कोई भी भारतीय महिला प्रतिनिधि नहीं थी

Ans. : (a) ब्रिटिश शासन में वर्ष 1919 में भारत में लागू किए गये मान्टेग्यू-चेम्सफोर्ड के सुधारों की समीक्षा के लिए वर्ष 1927 में साइमन कमीशन भारत आया। इस कमीशन में एक भी भारतीय प्रतिनिधि नहीं था इसलिए इस कमीशन को **White Man Commission** कहा गया तथा इस कमीशन का विरोध किया गया और **'साइमन गो बैक'** का नारा दिया गया। साइमन कमीशन का विरोध करते समय हुए लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय घायल हुए तथा उनकी मृत्यु हो गयी।

5. निम्नलिखित के सही जोड़े बनाइए :

	आंदोलन/संगठन		सुधारक
(A)	ब्रह्म समाज	(i)	स्वामी विवेकानंद
(B)	युवा बंगाल आंदोलन	(ii)	सैय्यद अहमद खाँ
(C)	रामकृष्ण मिशन	(iii)	हेनरी लुईस विवियन डिरजियो
(D)	अलीगढ़ आंदोलन	(iv)	केशव चंद्र सेन

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	iv	iii	i	ii	(b)	i	iv	iii	ii
(c)	iii	ii	iv	i	(d)	ii	i	iv	iii

Ans. : (a) सही सुमेलित है–

आंदोलन/संगठन		सुधारक
(a) ब्रह्म समाज	–	केशवचन्द्र सेन
(b) युवा बंगाल आंदोलन	–	हेनरी लुइस विवियन डिरोजियो
(c) राम कृष्ण मिशन	–	स्वामी विवेकानन्द
(d) अलीगढ़ आंदोलन	–	सर सैय्यद अहमद खाँ

6. वयोवृद्ध गाँधीवादी नेता पोट्टी श्रीरामुलु निम्नलिखित राज्यों में से किसके बनाने के लिए सन् 1952 में भूख हड़ताल पर बैठे?

(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना (c) केरल (d) आंध्र प्रदेश

Ans. : (d) वयोवृद्ध गाँधीवादी नेता पोट्टी श्रीरामुलु आन्ध्र प्रदेश को भाषाई आधार पर अलग राज्य बनाने के लिए वर्ष 1952 ई. में भूख हड़ताल पर बैठे तथा इसी दौरान दिसम्बर, 1952 में श्री रामुलु की मृत्यु हो गयी। भाषाई आधार पर वर्ष 1953 में आंध्र प्रदेश प्रथम राज्य घोषित किया गया।

7. *वहादत-ए-दीन* अर्थात् सभी धर्मों की बुनियादी एकता के हिमायती इनमें से कौन थे?

(a) मुहम्मद अली जिन्ना (b) बाजी मुहम्मद
(c) मौलाना आज़ाद (d) सैय्यद अहमद खाँ

Ans. : (c) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा कांग्रेस नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद वहादत-ए-दीन अर्थात् सभी धर्मों की बुनियादी एकता के प्रबल हिमायती थे। स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बनने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ।

8. भारत के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरने वाला प्रमुख अक्षांश है

(a) भूमध्य रेखा (विषुवत्-वृत्त) (b) आर्कटिक वृत्त
(c) मकर रेखा (मकर-वृत्त) (d) कर्क रेखा (कर्क-वृत्त)

Ans. : (d) भारत के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरने वाला प्रमुख अक्षांश कर्क रेखा (कर्क वृत्त) है। इसे $23\frac{1}{2}^0$ अक्षांश रेखा भी कहा जाता है। कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है ये राज्य हैं–राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम।

9. निम्नलिखित में से कौन-सी 'पृथ्वी दिन' की परिभाषा है?

(a) पृथ्वी की गति जो सूर्य के चारों ओर कक्ष में होती है
(b) वे दिन जिन पर पूरी पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते हैं
(c) देशांतरों के मध्य की दूरियाँ
(d) पृथ्वी का अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने में लगा समय

Ans. : (d) पृथ्वी जितने समय में अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा घूमती है उस समय को **'पृथ्वी दिन'** कहा जाता है। पृथ्वी अपने अक्ष पर लगभग 24 घण्टे में एक पूरा चक्कर लगाती है। पृथ्वी द्वारा अपने अक्ष पर घूमने की गति को भू-परिभ्रमण/घूर्णन कहते हैं।

10. निम्नलिखित के सही जोड़े बनाइए :

	वनस्पति के प्रकार		पौधों की प्रजातियाँ
(A)	उष्णकटिबंधीय वर्षा वन	(i)	सुंदरी
(B)	उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन	(ii)	बबूल
(C)	कंटीली झाड़ियाँ	(iii)	महोगनी
(D)	मैंग्रोव वन	(iv)	साल

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	iii	iv	ii	i	(b)	iv	iii	i	ii
(c)	i	ii	iii	iv	(d)	ii	i	iv	iii

Ans. : (a) सही सुमेलित है–

	वनस्पति के प्रकार		पौधों की प्रजातियां
(a)	उष्णकटिबंधीय वर्षा वन	–	महोगनी
(b)	उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन	–	साल
(c)	कंटीली झाड़ियाँ	–	बबूल
(d)	मैंग्रोव वन (गरान)	–	सुंदरी

11. 'मैत्री' और 'दक्षिण गंगोत्री' नामक भारत के शोध संस्थान निम्नलिखित महाद्वीपों में से कहाँ स्थित हैं?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूरोप
(c) अफ्रीका (d) अंटार्कटिका

Ans. : (d) जलवायु परिवर्तन पर शोध कार्य करने के लिए भारत ने अंटार्कटिका महाद्वीप पर अपने शोध संस्थानों की स्थापना की है। अंटार्कटिका महाद्वीप पर भारत का प्रथम शोध केन्द्र दक्षिण गंगोत्री, द्वितीय मैत्री तथा तृतीय भारती शोध केन्द्र हैं। अंटार्कटिका महाद्वीप विश्व का 5वाँ सबसे बड़ा महाद्वीप है।

12. महासागरीय धाराओं के संबंध में नीचे दिए गए दोनों कथनों A और B पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. उष्ण (गर्म) महासागरीय धाराएँ भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती हैं और ध्रुवों की ओर प्रवाहित होती हैं।
B. शीत (ठण्डी) महासागरीय धाराएँ निम्न अक्षांशों से उच्च अक्षांशों को जल ले जाती हैं।

(a) A सही है और B गलत है
(b) A और B दोनों गलत हैं
(c) A और B दोनों सही हैं
(d) A गलत है और B सही है

Ans. : (a) A सही है और B गलत है क्योंकि–गर्म महासागरीय धाराएँ भूमध्य रेखा के पास उत्पन्न होती हैं और ध्रुवों की ओर प्रवाहित हैं अतः कथन A सही है।
शीत या ठण्डी महासागरीय धाराएं उच्च अक्षांश अर्थात् ध्रुवों के पास से उत्पन्न होती है निम्न अक्षांश की ओर प्रवाहित होती है। अतः कथन B गलत है।

13. 'ऋतु-प्रवास' से अभिप्राय है

(a) लोगों की अपनी जीविका के लिए ऋतुवत् गतिशीलता
(b) फसल कटाई की अवधि के दौरान श्रमशक्ति का नगर से गाँव की ओर प्रवसन
(c) नये चारागाहों की खोज में अपने पशुधन के साथ लोगों की ऋतुवत् गतिशीलता
(d) वन्य प्राणियों की ऋतुवत् गतिशीलता

Ans. : (c) आजीविका की तलाश में ऋतु परिवर्तन के अनुसार अपने पशुधन के साथ चारागाहों की खोज में स्थान परिवर्तन ही ऋतु प्रवास कहलाता है।

14. निम्नलिखित के सही जोड़े बनाइए :

	शैलों के प्रकार		उदाहरण
(A)	अंतर्भेदी आग्नेय शैलें	(i)	चूना-पत्थर
(B)	बहिर्भेदी आग्नेय शैलें	(ii)	बलुआ पत्थर
(C)	अवसादी शैलें	(iii)	बेसाल्ट
(D)	कायांतरित शैलें	(iv)	ग्रेनाइट

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	iv	iii	ii	i	(b)	iii	iv	i	ii
(c)	i	ii	iii	iv	(d)	ii	i	iv	iii

Ans. : (*) सुमेलित हैं–

	शैल के प्रकार		उदाहरण
(a)	अंतर्भेदी आग्नेय शैलें	–	ग्रेनाइट
(b)	बहिर्भेदी आग्नेय शैलें	–	बेसॉल्ट
(c)	अवसादी शैलें	–	बलुआ पत्थर, चूना पत्थर
(d)	कायांतरित शैलें	–	-

बलुआ पत्थर और चूना पत्थर दोनों ही अवसादी चट्टाने हैं। इन दोनों के कायान्तरण से क्रमशः क्वार्टजाइट एवं संगमरमर बनता है। कायान्तरित का उदाहरण ही नहीं दिया गया है।

15. निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें 'चिनूक' स्थानीय पवन चलती है?

(a) वेल्ड (b) पम्पास (c) प्रेअरी (d) सवाना

Ans. : (c) चिनूक रॉकी पर्वत के पूर्व ढलान क्षेत्र से अमेरिका व कनाडा में चलने वाली पवनें हैं। अमेरिका के घास के मैदान को प्रेअरी कहा जाता है। अतः चिनूक स्थानीय पवन प्रेअरी क्षेत्र में बहती है। चिनूक को हिमभक्षी पवन भी कहते हैं क्योंकि इनके चलने से चारागाहों पर जमें हुए बर्फ पिघल जाते हैं तथा पशुओं के लिए चारा प्राप्त हो जाता है।

16. वायुमण्डलीय परतों में से कौन-सी परत रेडियो प्रसारण में सहायता करती है?

(a) समतापमण्डल (b) बाह्यमण्डल
(c) क्षोभमण्डल (d) मध्यमण्डल

Ans. : (b) वायुमण्डल का सबसे बाह्य परत बाह्यमण्डल रेडियो प्रसारण में सहायता प्रदान करती है। वस्तुतः रेडियो तरंगों का भूपृष्ठ पर परावर्तन आयनमण्डल से होता है, जो तापमण्डल का निचला भाग होता है। तापमण्डल के ऊपरी/वाह्य भाग को वाह्यमण्डल कहते हैं।

17. 'सुनहरी ज़री' निम्नलिखित में से किसकी एक किस्म है?

(a) सिल्क (b) जूट (c) सूती-वस्त्र (d) नायलॉन

Ans. : (b) 'सुनहरी जरी' जूट फसल की एक किस्म है।

18. जनसंख्या घनत्व से अभिप्राय है

(a) पृथ्वी के पृष्ठ के एक इकाई क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या
(b) भू-पृष्ठ पर लोगों के फैलने का स्वरूप
(c) किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाले लोगों की संख्या
(d) एक निश्चित अवधि के दौरान लोगों की संख्या

Ans. : (a) पृथ्वी के पृष्ठ के प्रति इकाई क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या जनसंख्या घनत्व कहलाती है। भारत का जनसंख्या घनत्व 382 है जबकि भारतीय राज्यों में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व बिहार राज्य में है।

19. पृथ्वी की सतह के निकट स्थित खनिजों को बाहर निकालने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का प्रयोग किया जाता है?

(a) विवृत खनन (b) कूपकी खनन
(c) आखनन (d) कूपक

Ans. : (c) पृथ्वी की सतह के निकट स्थित खनिजों को बाहर निकालने के लिए आखनन विधि का प्रयोग किया जाता है।

20. उद्योग के निम्नलिखित प्रकारों में से 'टोकरी बुनाई' किसका एक उदाहरण है?

(a) सहकारी क्षेत्र (b) बृहत् आकार
(c) लघु आकार (d) संयुक्त क्षेत्र

Ans. : (c) टोकरी बुनाई लघु उद्योग का उदाहरण है। लघु उद्योग वे होते हैं जहाँ 5–10 व्यक्ति के सीमित संख्या के द्वारा किसी वस्तु का उत्पादन किया जाता है।

21. तानाशाही के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

(a) तानाशाही में तानाशाह द्वारा लिए गए निर्णयों पर लोग प्रश्न उठा सकते हैं।
(b) तानाशाह द्वारा लिए गए निर्णयों पर तानाशाह को स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता नहीं होती है।
(c) तानाशाही में तानाशाह द्वारा लिए गए निर्णयों पर लोग प्रश्न नहीं कर सकते हैं।
(d) अंतिम निर्णय लेने की शक्ति तानाशाह में निहित होती है।

Ans. : (a) तानाशाही वह प्रवृति होती है जिसमे शक्ति का संकेन्द्रण एक ही व्यक्ति में निहित होता है। तानाशाही जिस व्यक्ति में निहित होगी वह सत्ता सम्पन्न होता है तथा वह अपने शासन शक्ति में किसी को भागीदार नहीं बनाता है। उसका निर्णय सर्वमान्य होता है तथा उसके किसी भी निर्णय पर लोग प्रश्न नहीं उठा सकते हैं।

22. कृष्ण राज सागर बाँध निम्नलिखित नदियों में से किस पर बनाया गया है?

(a) महानदी (b) कावेरी
(c) गोदावरी (d) कृष्णा

Ans. : (b) कृष्ण राज सागर बाँध कावेरी नदी पर बनाया गया है। इस बाँध का निर्माण वर्ष 1932 ई. में किया गया था। इस बाँध की ऊँचाई 38 मीटर तथा इसकी लम्बाई 3.5 किलोमीटर है।

23. हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, 2005 मृतक पिता की सम्पत्ति में समान अधिकार प्रदान करता है

(a) पुत्री/पुत्रियों, पुत्र/पुत्रों तथा भाई/भाइयों को
(b) पत्नी, पुत्री/पुत्रियों तथा बहन/बहनों को
(c) पत्नी, पुत्र/पुत्रों तथा पुत्री/पुत्रियों को
(d) पत्नी, पुत्र/पुत्रों तथा भाई/भाइयों को

Ans. : (c) हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, 2005 के अनुसार मृतक पिता की सम्पत्ति में उसके पत्नी, पुत्रों तथा पुत्रियों को समान अधिकार प्रदान किया गया है। इसके पूर्व यह अधिकार केवल पत्नी एवं पुत्रों को ही प्राप्त था।

24. भारतीय राष्ट्र-राज्य का वर्णन करने के लिए 'विविधता में एकता' मुहावरा इन राष्ट्रीय नेताओं में से किसने दिया?

(a) महात्मा गाँधी (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) सरदार बल्लभभाई पटेल (d) पण्डित जवाहर लाल नेहरू

Ans. : (d) सर्वप्रथम भारत के संदर्भ में 'विविधता में एकता' का मुहावरा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं प्रमुख राष्ट्रीय नेता पं. जवाहर लाल नेहरू ने दिया था। पं. नेहरू ने यह मुहावरा भारत में अलग-अलग भाषा, अलग-अलग धर्म एवं सम्प्रदाय, विभिन्न खान-पान, पहनावा आदि को देखते हुए प्रयोग किया था।

25. जनपद पंचायत के कार्यों के विषय में निम्नलिखित दो कथनों A और B पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. जनपद पंचायत जिला स्तर पर विकास योजनाएँ निर्धारित करती है।
B. जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों के मध्य धन वितरण नियमित करने में जिला परिषद् की सहायता करती है।

(a) A सही है और B गलत है
(b) A और B दोनों गलत हैं
(c) A गलत है और B सही है
(d) A और B दोनों सही हैं

Ans. : (b) जनपद पंचायत का मुख्य कार्य न्यायिक व्यवस्था देखना है न कि विकास योजनाओं का निर्धारण करना और न ही धन का वितरण करने में किसी प्रकार की सहायता करना, अतः कथन A एवं B दोनों असत्य हैं।

26. सूचना का अधिकार अधिनियम पर निम्नलिखित दो कथनों A और B पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से कोई भी नागरिक केवल केन्द्रीय सरकार के विभागों की कार्यप्रणाली के संदर्भ में सूचना प्राप्त कर सकता है।
B. सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिक को किसी स्तर के किसी न्यायालय में पहले याचिका दाखिल करनी पड़ती है।

(a) A सही है और B गलत है
(b) A और B दोनों गलत हैं
(c) A गलत है और B सही है
(d) A और B दोनों सही हैं

Ans. : (b) सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के द्वारा सरकार के किसी भी स्तर पर चाहे केन्द्र हो या राज्य सरकार के विभागों के संदर्भ में सूचना प्राप्त की जा सकती है।
सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिकों को किसी भी स्तर के किसी भी न्यायालय में याचिका दाखिल करने की आवश्यकता नहीं होती है।
अतः कथन (a) एवं (b) दोनों गलत हैं।

27. *सुल्ताना का स्वप्न* नामक कहानी की लेखिका इनमें से कौन थी?

(a) रुकैया सखावत हुसैन (b) पण्डिता रमाबाई
(c) मुमताज़ अली (d) राससुंदरी देवी

Ans. : (a) 'सुल्ताना का स्वप्न' नामक कहानी की लेखिका रुकैया सखावत हुसैन थी। यह पुस्तक स्त्रीवादिता को प्रदर्शित करती है। यह पुस्तक 1905 में लिखी गई तथा वर्ष 1908 में प्रकाशित की गई थी।

28. *गुलामगीरी* नामक पुस्तक इनमें से किसने लिखी?

(a) ई. वी. रामास्वामी पेरियार
(b) डॉ. बी. आर. अम्बेदकर
(c) ज्योतिराव फुले
(d) श्री नारायण गुरु

Ans. : (c) 'गुलामगीरी' नामक पुस्तक की रचना प्रसिद्ध समाज-सुधारक ज्योतिराव फुले ने की थी। ज्योतिराव फुले का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। इन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। इन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की।

29. भारतीय न्यायिक व्यवस्था के संदर्भ में अपील की व्यवस्था का अर्थ है

(a) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का बँटवारा
(b) कोई भी अपने मामले पर, बिना किसी कानूनी डिग्री के, न्यायालय में बहस कर सकता है
(c) ऊपरी अदालतों के फैसले, निचली अदालतों को मानने होते हैं
(d) किसी व्यक्ति को अगर ऐसा लगता है कि निचली अदालत द्वारा दिया गया फैसला सही नहीं है, तो वह उससे ऊपर की अदालत में अपील कर सकता है

Ans. : (d) भारतीय न्यायिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसमें अपीलीय व्यवस्था को शामिल किया गया है। अपीलीय व्यवस्था का तात्पर्य प्रार्थना करना है। न्यायिक व्यवस्था में अपीलीय व्यवस्था का तात्पर्य है कि अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि न्यायालय के द्वारा न्याय नहीं मिल पाया है तो उससे ऊपर के न्यायालय में याचिका डाल सकता है।

30. सरकार के कार्यपालिका अंग से अभिप्राय है

(a) निर्वाचित प्रतिनिधि
(b) देश का प्रत्येक नागरिक, जो सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का उपयोग करता है
(c) लोगों का समूह, जो कानूनों को लागू करने और शासन चलाने के लिए उत्तरदायी है
(d) उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश

Ans. : (c) सरकार के मुख्यतः तीन अंग होते हैं–विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका। विधायिका ऐसे लोगों का समूह है जो नियम एवं कानून का निर्माण करते हैं तथा कार्यपालिका ऐसे लोगों का समूह होता है जो विधायिका द्वारा बनाए गये कानूनों को लागू करता है तथा शासन चलाने के लिए उत्तरदायी होती है जबकि न्यायपालिका विधायिका तथा कार्यपालिका पर उपयुक्त नियंत्रण स्थापित करती है।

31. संविधान का अनुच्छेद 22 सुनिश्चित करता है

(a) संवैधानिक उपचार का अधिकार
(b) गिरफ्तारी के दौरान या हिरासत में दुर्व्यवहार से बचने का अधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) शिक्षा का अधिकार

Ans. : (b) भारतीय संविधान के भाग-3 मूल अधिकारों के अन्तर्गत अनु. 22 का वर्णन किया गया है। अनु. 22 के अन्तर्गत व्यक्ति को कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध में संरक्षण प्रदान किया गया है अर्थात् अगर किसी व्यक्ति को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है तो उसे तीन प्रकार की स्वतंत्रता दी गई है–

1. हिरासत में लेने का कारण बताना होगा।
2. 24 घण्टे के अन्दर दण्डाधिकारी के समक्ष पेश करना होगा। (आने-जाने का समय छोड़कर)।
4. उसे अपने पसंद के वकील से सलाह लेने का अधिकार होगा।

32. लोक सभा में सत्ताधारी दल का मुखिया इनमें से कौन होता है?

(a) राष्ट्रपति (b) उप-राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) अध्यक्ष

Ans. : (c) लोक सभा में बहुमत प्राप्त दल (सत्ताधारी दल) के सांसद सदस्य आपस में से ही एक मुखिया/नेता का चुनाव करते हैं जो लोक सभा का नेता भी कहलाता है वह प्रधानमंत्री होता है।

33. उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के स्वरूप पर A, B और C कथनों पर विचार कीजिए :

A. यह अपने वातावरण में लोगों का अध्ययन है।
B. यह लोगों के संबंधों और उनकी अंतःनिर्भरता का अध्ययन है।
C. यह अतीत और वर्तमान के साथ संबंधों का अध्ययन है।

उपर्युक्त कथनों में से सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A और B (b) A, B और C
(c) B और C (d) A और C

Ans. : (b) उच्च प्राथमिक स्तर पर समाजिक विज्ञान विषय का मुख्य उद्देश्य बालक को अपने समाज तथा आस-पास के वातावरण को समझाना होता है इससे बालक को सामाजिक सम्बन्धों की जानकारी मिलती है तथा बालक यह समझ पाता है कि समाज में रहने वाले लोग किस प्रकार एक-दूसरे पर निर्भर हैं साथ ही साथ बालक को प्राचीन समाज एवं वर्तमान समाज के निरन्तरता तथा आपसी सम्बन्धों का ज्ञान भी हो जाता है, अतः कथन (A), (B) तथा (C) तीनों सही हैं।

34. उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन के पाठ्य-पुस्तकों में निम्नलिखित विषयों में से किससे संबंधित विषयवस्तु सम्मिलित है?

(a) मनोविज्ञान (b) अन्तर्राष्ट्रीय संबंध
(c) अर्थशास्त्र (d) दर्शनशास्त्र

Ans. : (c) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा–2005 के अनुसार उच्च प्राथमिक स्तर के सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत चार (d) विषयों को सम्मिलित किया गया है ये चार विषय निम्न हैं–

1. इतिहास 2. नागरिक शास्त्र
3. भूगोल 4. अर्थशास्त्र

35. आप ऐतिहासिक कल्पना पर प्रश्न क्यों पूछेंगे? निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्प को चुनिए।

(a) यह दर्शाता है कि इतिहासकार इतिहास में अपनी कल्पना के साथ कैसे अन्तरों को पूरा करता है।
(b) यह तिथि और घटनाओं को याद रखने का रोचक तरीका है।

(c) यह वर्तमान का अतीत के साथ तुलना करने में प्रोत्साहित करता है।
(d) यह स्रोतों को पहचानने में शिक्षार्थियों की योग्यता को मूल्यांकित करता है।

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान विषय मुख्यतः प्राचीन समाज का नये समाज में स्थानान्तरण अध्ययन है अतः वर्तमान का अतीत के साथ तुलनात्मक अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए ऐतिहासिक कल्पना पर प्रश्न पूछना चाहिए।

36. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए आप वृत्तांतों का प्रयोग क्यों करेंगे? दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित कारण को चुनिए।
(a) शिक्षार्थियों को संवेदनशील बना सकें जिससे वे उचित आदर्श का पता कर सकें
(b) पाठ्यक्रम की पूर्णता को सुनिश्चित कर सकें
(c) कक्षा को मनोरंजक एवं सजीव बना सकें
(d) अवधारणाओं को सजीव वास्तविकताओं के साथ जोड़ सकें

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान शिक्षण में वृतांत का प्रयोग करना बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयुक्त माना जाता है। इससे बालक विषय की अवधारणाओं को वास्तविकता के साथ जोड़ सकता है तथा आसानी से समझ सकता है। अतः शिक्षक को इस प्रकार के कौशलों का प्रयोग करना सर्वाधिक उपयुक्त होता है।

37. राष्ट्रीय आधार समूह (2006) के अनुसार, सामाजिक विज्ञान का शिक्षण अपनी लोकप्रियता खो रहा है, क्योंकि-
(a) यह अत्यधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर बल देता है
(b) यह मानवीय मूल्यों में अन्तर्विरोध की कई स्थितियाँ प्रस्तुत करता है
(c) यह एक अनुपयोगी विषय के रूप में जाना जाता है
(d) यह कई विषयों के अध्ययन को प्रोत्साहित करता है

Ans. : (b) राष्ट्रीय आधार समूह (2006) के अनुसार सामाजिक विज्ञान का शिक्षण अपनी लोकप्रियता खो रहा है क्योंकि सामाजिक पाठ्य पुस्तकों में उल्लिखित आदर्श स्थिति कुछ और है तथा वास्तविक स्थिति कुछ और इस परिस्थिति में पाठ्य पुस्तकों के साथ समायोजन में कठिनाई होती है और मानवीय मूल्यों में अन्तर्विरोध की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

38. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विद्यालय आधारित आकलन का अनुपयुक्त वर्णन है?
(a) यह शैक्षिक पक्षों को सम्मिलित करता है।
(b) यह केवल सहगामी पक्षों को सम्मिलित करता है।
(c) यह गैर-शैक्षिक पक्षों को सम्मिलित करता है।
(d) यह सभी पक्षों को सम्मिलित करता है।

Ans. : (b) विद्यालय आधारित आकलन बच्चों के गुणों को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। इस आकलन के दो पक्ष होते हैं जो निम्न हैं–
1. इसमें छात्रों के शैक्षिक पक्ष को सम्मिलित किया जाता है।
2. छात्रों के गैर-शैक्षिक पक्ष को भी सम्मिलित किया जाता है।
अतः विद्यालय आधारित आकलन के तहत बालक के सभी शैक्षिक, गैर शैक्षिक तथा सामाजिक पक्षों का आकलन किया जाता है।

39. एक शिक्षक का सामाजिक विज्ञान के विषय को संपादित करने की भूमिका पर निम्नलिखित A और B कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :
A. शिक्षक सभी शिक्षार्थियों की गरिमा को अवश्य सुनिश्चित करें और संवेदनशीलता के साथ चर्चा को शुरू करें।
B. शिक्षक लड़कों के साथ तथ्यों और लड़कियों की भावनाओं पर अवश्य बल दें।
(a) केवल A (b) न तो A और न ही B
(c) केवल B (d) दोनों A और B

Ans. : (a) किसी भी विषय के शिक्षक को लैंगिक भेद नहीं करना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो लड़कियों की भावनाओं को ठेस पहुँचेगी तथा उनका अधिगम कार्य बाधित होगा। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को यह अवश्य ध्यान देना चाहिए कि शिक्षण कार्य के समय ऐसे प्रकरण की गलत तरीके से न व्याख्या करें जिससे किसी भी छात्र की गरिमा एवं आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचे। अतः शिक्षक को ऐसे मुद्दों पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चा के दौर संवेदनशीलता को बनाए रखें।

40. सामाजिक विज्ञान का अध्ययन 'वैज्ञानिक' क्यों है?
(a) यह पाठक को समाज के वैज्ञानिक अध्ययन करने में सहायता करता है।
(b) इसके अन्तर्गत क्रमबद्ध तरीके से प्रमाणित ज्ञान को अर्जित किया जाता है।
(c) इसकी विषयवस्तु में वैज्ञानिक शब्दावली का प्रयोग है।
(d) यह सामाजिक अध्ययन को विज्ञान कहने की माँग को पूरा करता है।

Ans. : (a) वैज्ञानिक अध्ययन वह होता है जिसमें ज्ञान विकास की क्रमबद्धता को सुव्यवस्थित ढंग से बताया गया हो। सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत सामाजिक संरचना एवं उसके कारकों का अध्ययन किया जाता, तथा इसका भी अध्ययन होता कि किस प्रकार कोई प्राचीन व्यवस्था धीरे-धीरे अपने स्वरूप में आवश्यक परिवर्तन करते हुए वर्तमान व्यवस्था के रूप में स्थापित हुई। इन परिवर्तनों में क्रमबद्धता दिखाई देती है इसलिए सामाजिक विज्ञान का अध्ययन वैज्ञानिक है।

41. आप एक वर्ष में नियोजित, अल्पनियोजित और अनियोजित ग्रामीण श्रमिक द्वारा बिताए गए समय के समानुपात को चित्रित करना चाहते हैं। निम्नलिखित में से आप कौन-से आरेखीय चित्रण को चुनेंगे?
(a) चक्र आरेख (b) दण्ड आरेख
(c) समय-रेखा आरेख (d) प्रवाह आरेख

Ans. : (a) किसी निश्चित समय में समानुपातिक चित्रण के लिए सबसे उपयुक्त आरेख चक्र आरेख होता है, क्योंकि इसमें विभिन्न क्षेत्रों के अनुपात को आसानी से प्रदर्शित कर सकते हैं अतः एक वर्ष में नियोजित, अल्पनियोजित तथा अनियोजित ग्रामीण श्रमिकों द्वारा बिताए गये समय के समानुपात को चित्रित करने के लिए चक्र-आरेख सबसे उपयुक्त होगा।

42. शिक्षार्थियों का सामाजिक विज्ञान विषय में कला के माध्यम से आकलन करने का सबसे उचित कारण चुनिए।
(a) यह शिक्षार्थियों की चित्रकला की योग्यता में सुधार लाता है।
(b) यह पाठ्य-पुस्तक में दर्शाई गई विभिन्न अभिव्यक्ति शैलियों के आनंद लेने का माध्यम है।
(c) यह एक आनंददायी मूल्यांकन का तरीका है।
(d) यह अवधारणाओं का एक व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण करने का अवसर प्रदान करता है।

Ans. : (d) शिक्षार्थियों का सामाजिक विज्ञान विषय में कला के माध्यम से आकलन करने से अध्यापक को अवधारणाओं का एक व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण करने का अवसर प्राप्त होता है।

43. निम्नलिखित में से 'भूमण्डलीय तापन' पर हुई परियोजनाओं में से कौन-सा द्वितीयक स्रोत पर आधारित है?

(a) एक क्षेत्र में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मौसम में होने वाले परिवर्तनों पर साक्षात्कार
(b) भूमण्डलीय तापन पर चित्रों का कोलाज बनाना
(c) मौसम वैज्ञानिक के कार्यालय द्वारा एकत्रित मौसम के अविश्लेषित आँकड़ों पर आधारित आरेखी निरूपण
(d) एक पुस्तक में उल्लिखित मौसम में हुए परिवर्तनों पर आधारित चर्चा करना

Ans. : (c) किसी भी घटना का प्राथमिक स्रोत प्रत्यक्षदर्शी होता हैं जो उस घटना की आँखों देखी बताते हैं तथा उनके द्वारा दिया गया वक्तव्य प्राथमिक स्रोत के अन्तर्गत आता है। इसी प्रकार भू-मण्डलीय तापन पर हुई परियोजनाओं का प्राथमिक स्रोत होगा जो निम्न है–

1. एक क्षेत्र में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मौसम में होने वाले परिवर्तनों पर साक्षात्कार
2. भूमण्डलीय तापन पर चित्रों का कोलाज बनाना
3. किसी पुस्तक में उल्लिखित मौसम में हुए परिवर्तनों पर आधारित चर्चा करना

मौसम वैज्ञानिक के कार्यालय द्वारा एकत्रित मौसम के अविश्लेषित आंकड़ों पर आधारित आरेखी निरुपण करना द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत आएगा।

44. एक शिक्षक शिक्षार्थियों को कुछ मानदंड देते हैं और कहते हैं कि वे उन पर आधारित अपनी परियोजना का आकलन करें। निम्नलिखित में से कौन-से आकलन के तरीके का प्रयोग शिक्षक द्वारा किया गया है?

(a) समकक्षी आकलन (b) रचनात्मक आकलन
(c) स्व-आकलन (d) संकलनात्मक आकलन

Ans. : (c) शिक्षक द्वारा कोई परियोजना छात्र को तभी दी जाती है जब शिक्षक उन आंकलन को स्वयं कर ले ताकि त्रुटियों के बारे में विद्यार्थी जानें, अतः शिक्षक द्वारा पूर्व में ही स्व-आकलन कर लिया जाता है।

45. नागरिक-शास्त्र की नामावली में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.), 2005 ने बदलाव का क्या सुझाव दिया है?

(a) इतिहास (b) भूगोल
(c) सामाजिक और राजनीतिक जीवन (d) अर्थशास्त्र

Ans. : (c) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा–2005 के अनुसार सामाजिक विज्ञान के चार विषयों का समावेश किया गया है– इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र तथा अर्थशास्त्र।
राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा–2015 के अनुसार नागरिकशास्त्र विषय के नाम के स्थान पर **सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन** रखने का सुझाव दिया है।

46. निम्नलिखित में से उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के कक्षा-कक्ष में आप किस मूल्य पर सबसे कम बल देंगे?

(a) प्रतियोगितात्मकता (b) सहयोग
(c) वैज्ञानिक दृष्टिकोण (d) समानता

Ans. : (a) उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा-कक्ष में छात्रों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं को दूर करने की किसी भी शिक्षक की प्राथमिकता होनी चाहिए। उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों में सहयोग की भावना का विकास करना चाहिए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए तथा आपसी समानता के द्वारा समायोजन की भावना का विकास करना चाहिए। अतः सहयोग, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा समानता जैसे मूल्यों पर शिक्षक द्वारा विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगात्मकता की भावना का विकास मानसिक परिपक्वता के काल में स्वयं हो जाता है। अतः इस पर विशेष ध्यान की जरूरत नहीं होती है।

47. शिक्षार्थियों के संकलनात्मक आकलन का उद्देश्य क्या है?

(a) कक्षा के दौरान आकलन
(b) सत्र के समाप्त होने पर आकलन
(c) परियोजना का आकलन
(d) पाठ के अन्त में आकलन

Ans. : (b) किसी कक्षा के सत्र के समाप्त हो जाने के पश्चात् विद्यार्थियों का सम्पूर्ण आकलन संकलनात्मक आकलन का मुख्य उद्देश्य होता है।

48. मान लीजिए एक शिक्षक को कक्षा VII में पाठ 'ठण्डा रेगिस्तान–लद्दाख' पढ़ाना है। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक उचित होगी?

(a) सर्वेक्षण विधि (b) कार्यशाला विधि
(c) प्रतीक अध्ययन विधि (d) क्षेत्रीय विधि

Ans. : (c) कक्षा VII के विद्यार्थियों को ठण्डा रेगिस्तान लद्दाख पढ़ाने के लिए सर्वाधिक उचित एवं प्रयुक्त विधि प्रतीक अध्ययन विधि होती है क्योंकि उस क्षेत्र का सर्वेक्षण एवं भ्रमण करना एवं कराना सम्भव नहीं होगा, अत; उन्हें प्रतीकों के माध्यम से समझाना सरल एवं आसान होगा।

49. उच्च प्राथमिक स्तर पर ऐतिहासिक तथ्यों/इतिहास-लेखन को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अधिक प्रासंगिक है?

(a) परियोजना विधि (b) मानचित्र विधि
(c) समस्या-समाधान विधि (d) स्रोत विधि

Ans. : (d) उच्च प्राथमिक स्तर पर ऐतिहासिक तथ्यों/इतिहास लेखन को पढ़ाने के लिए सर्वाधिक प्रमुख विधि स्रोत विधि होगी। क्योंकि इस विधि के अन्तर्गत पुरानी घटनाओं या ऐतिहासिक घटनाक्रम की जानकारी के प्रमुख स्रोत साहित्य, अभिलेख हैं जिसे छात्र रुचिपूर्वक समझ सकेंगे।

50. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन. सी. एफ.), 2005 की संस्तुति के अनुसार बच्चों का विद्यालयी जीवन निम्नलिखित में से किसके साथ जुड़ना चाहिए?

(a) विद्यालय के बाह्य वातावरण
(b) वार्षिक परीक्षा
(c) मुख्यधारा के विचार
(d) विद्यालय की आधारभूत संरचना

Ans. : (a) राष्ट्रीय पाठ्चर्या रूपरेखा–2005 के संस्तुति के अनुसार बच्चों को विद्यालयी जीवन के साथ-साथ विद्यालय के वाह्य वातावरण से भी जुड़ना चाहिए इसी से बालक को सामाजिक मूल्यों तथा सामाजिक सम्बन्धों का ज्ञान होता है और वे अपने भावी जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हो सकेंगे।

51. निम्नलिखित में से किस विकल्प को दण्ड आरेख द्वारा सबसे अच्छे तरीके से दर्शाया जा सकता है?

(a) तापमान (b) वायुदाब (c) वर्षा (d) आर्द्रता

Ans. : (c) वर्षा को दण्ड आरेख के माध्यम से सबसे अच्छे तरीके से दर्शाया जा सकता है।

52. लोकतांत्रिक संस्थाओं की समझ को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से सबसे उचित पाठ्यक्रम संबंधी उपागम को चुनिए।

(a) आदर्श स्थितियों को दर्शाना
(b) वास्तविक स्थितियों के साथ आदर्श स्थिति के उदाहरणों को प्रस्तुत करना
(c) मुख्य रूप से राष्ट्रस्तरीय उदाहरणों को प्रस्तुत करना
(d) शिक्षार्थियों को कठोर वास्तविक स्थितियों से परिचित कराना

Ans. : (b) बच्चों में लोकतांत्रिक संस्थाओं की समझ को विकसित करने के लिए सबसे बेहतर विधि यह होगी कि पुस्तक में उल्लिखित आदर्श स्थिति को वास्तविक स्थिति के साथ समायोजित करके उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाय। ताकि बच्चे स्वयं के साथ उस स्थिति को जोड़ सकें, इससे बच्चों में लोकतंत्र से सम्बंधित समझ विकसित होगी।

53. गणितज्ञ तथा खगोलशास्त्री आर्यभट ने *आर्यभट्टीयम्* नामक पुस्तक निम्नलिखित भाषाओं में से किसमें लिखी थी?

(a) हिन्दी (b) प्राकृत (c) पाली (d) संस्कृत

Ans. : (d) गणितज्ञ तथा खगोलशास्त्री आर्यभट्ट ने अपनी पुस्तक आर्यभट्टीयम संस्कृत भाषा में लिखी थी आर्यभट्ट गुप्तकालीन शासक चन्द्रगुप्त 'विक्रमादित्य' के नौ-रत्नों में से एक थे। इन्होंने ''दशमलव'' तथा "π" का आविष्कार किया। यह सर्वप्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।

54. निम्नलिखित स्तूपों में से किस एक को उस स्थान के रूप में चिह्नित किया गया है, जहाँ बुद्ध ने पहली बार उपदेश दिया था?

(a) सारनाथ (b) बोधगया (c) साँची (d) थोटलाकोंडा

Ans. : (a) बुद्ध द्वारा गया में ज्ञान प्राप्ति के बाद बौद्ध धर्म की स्थापना का प्रयास किया गया तथा बौद्ध धर्म की शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया गया। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के लिए सर्वप्रथम **सारनाथ** में उपदेश दिया तथा यही पर बौद्ध संघ की स्थापना की गई। बुद्ध द्वारा दिये गये प्रथम उपदेश को **'धर्मचक्र प्रवर्तन'** के नाम से भी जाना जाता है।

55. संगम कविताओं में किन तीन राजवंशों को 'मुवेन्दार' कहा गया है?

(a) चोल, राष्ट्रकूट, पांड्य (b) चेर, पाल, राष्ट्रकूट
(c) पाल, चोल, पांड्य (d) चोल, चेर, पांड्य

Ans. : (d) संगम कविताओं में **मुवेन्दार** शब्द प्राचीन दक्षिण भारत के तीन राजवंशों को सम्मिलित रूप में प्रयुक्त किया गया। यह तीन राजवंश थे–चोल, चेर पाण्डय।

56. रामपुरवा में मिला उत्कृष्ट पॉलिश वाले पत्थर पर बना साँड़, जिसे अब राष्ट्रपति भवन में रखा गया है, इनमें से किसके शासनकाल में बनाया गया था?

(a) मौर्य (b) पांड्य (c) चोल (d) कुशाण

Ans. : (a) रामपुरवा में मिला उत्कृष्ट पॉलिश वाले पत्थर पर बना साँड़ मौर्य कालीन स्थापत्य का उदाहरण है, इसे अशोक के शासनकाल में बनाया गया था। यह स्थापत्य अब भारत के राष्ट्रपति भवन में रखा गया है।

57. 'विशिष्टाद्वैत' के सिद्धान्त को इनमें से किसने विचारार्थ प्रस्तुत किया?

(a) शंकर (b) अल्लमा प्रभु (c) रामानुज (d) बसवन्ना

Ans. : (c) 'विशिष्टाद्वैत' का सिद्धांत वैष्णव संत रामानुज के द्वारा दिया गया। इस सिद्धांत के अन्तर्गत इस जगत में दो ही स्थिर तथ्य हैं–ईश्वर तथा आत्मा दोनों ही स्वयं में विशिष्ट हैं।

58. अभिलेखागार वह स्थान है, जहाँ

(a) खुदाई में पाई गई मूर्तियों को रखा जाता है
(b) पुरातत्त्वज्ञों द्वारा प्राप्त किए गए पत्थर और ईंटों से बनी इमारतों के अवशेषों को रखा जाता है
(c) ऐतिहासिक पांडुलिपियों तथा दस्तावेजों को रखा जाता है
(d) खुदाई में पाई गई पशुओं और पक्षियों की हड्डियों को रखा जाता है

Ans. : (c) अभिलेखागार दो शब्दों से मिलकर बना है–अभिलेख एवं आगार। अभिलेख का तात्पर्य ऐतिहासिक पाण्डुलिपि तथा दस्तावेज है जबकि आगार का तात्पर्य रखने का स्थान होता है। इस प्रकार अभिलेखागार वह स्थान होता है जहाँ ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों तथा दस्तावेजों को रखा जाता है।

59. बारहवीं शताब्दी के मध्य कर्नाटक में प्रारम्भ हुए वीरशैव आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) यह नामदेव और उनके साथियों द्वारा शुरू किया गया।
(b) इसने जाति और नारी के प्रति व्यवहार के बारे में ब्राह्मणवादी विचारधारा के विरुद्ध तर्क दिया।
(c) इसने बिठ्ठल की पूजा पर बल दिया।
(d) यह सभी प्रकार के कर्मकाण्ड का विरोधी था, परन्तु मूर्तिपूजा को बढ़ावा दिया।

Ans. : (b) 12वीं शताब्दी के मध्य कर्नाटक में वीरशैव आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। बसवन्ना इस आन्दोलन के प्रणेता थे। इस आंदोलन में कुछ ब्राह्मणवादी विचारधारा जैसे–जातिगत विचारधारा तथा नारी से संबंधित विचारों का विरोध किया गया।

60. दिल्ली की आरंभिक सल्तनत के समय में 'बंदगाँ' के बारे में निम्नलिखित दो कथनों A और B पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. 'बंदगाँ' विशेष गुलाम थे, जिन्हें सैनिक सेवा के लिए खरीदा जाता था और उन्हें राज्य के बहुत ही महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर काम करने के लिए बड़ी सावधानी से प्रशिक्षित किया जाता था।
B. 'बंदगाँ' पूरी तरह अपने मालिकों पर निर्भर होते थे, इसलिए सुल्तान उन पर विश्वास नहीं कर सकते थे और न उन पर निर्भर हो सकते थे।

(a) A गलत है और B सही है
(b) A सही है और B गलत हैं
(c) A और B दोनों सही हैं
(d) A और B दोनों गलत हैं

Ans. : (b) दिल्ली सल्तनत में **'बंदगाँ'** शब्द उन गुलाम मुसलमानों के लिए प्रयुक्त किया गया है जिन्हें खरीदा जाता था तथा आवश्यक प्रशिक्षण के द्वारा कुशल बनाया जाता था और उनकी योग्यता के आधार पर राज्य के उच्च पदों पर नियुक्त किया जाता था यह सुल्तान का विश्वासपात्र बन कर राज्य की सेवा करता था। अतः कथन (A) सही है और कथन (B) गलत है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2015

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 20 सितम्बर, 2015)**

1. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005) सामाजिक विज्ञान के सन्दर्भ में सुझाती है कि बच्चे के विद्यालयी जीवन का मेल–

(a) किताबी ज्ञान से जुड़ा होना चाहिए
(b) शिक्षकों की अपेक्षाओं के साथ होना चाहिए
(c) कक्षा के जीवन से होना चाहिए
(d) बाहर के जीवन के साथ होना चाहिए

Ans. : (d) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा-2005 (NCF-2005) सामाजिक विज्ञान के विषय के संदर्भ में यह सुझाव देता है कि बच्चे के विद्यालयी जीवन का मेल बाहर के जीवन के साथ होना चाहिए।

2. सबसे प्राथमिक विकल्प को चुनिए।
उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की परियोजना के तहत् 'क्षेत्र भ्रमण' करने को कहा जा सकता है जिससे कि

(a) विद्यार्थी व्यस्त रहते हैं और शिक्षक अन्य कार्यों को करने के लिए मुक्त हो जाते हैं
(b) यह परियोजना पूर्ण करने की अनिवार्य आवश्यकता को पूर्ण करता है
(c) यह विद्यार्थियों के लिए भागीदारी बढ़ाता है और आनन्दमय होता है
(d) यह अवधारणाओं और विचारों के साथ वास्तविकताओं की तुलना करने में योग्य बनाता है

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत छात्रों द्वारा क्षेत्र भ्रमण करने से उनमें स्वतंत्र विचार एवं नयी समझ का विकास होता है जिससे वह अवधारणाओं का वास्तविकता के साथ तुलना करके किसी स्पष्ट उद्देश्य तक पहुँच सकते है।

3. उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल के शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक उपयोगी है?

(a) कहानी सुनाना (b) वाद-विवाद
(c) परिचर्चा (d) क्षेत्र-भ्रमण

Ans. : (d) उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल के शिक्षण के लिए क्षेत्र भ्रमण सबसे उपयुक्त विधि होती है क्योंकि इससे छात्र उन वास्तविकताओं से परिचित होता है जिसे वह केवल किताबी अवधारणाओं के तहत जानता है। इससे छात्र स्वयं किसी नए विचार को उत्पन्न कर सकता है।

4. उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन की पाठ्य-पुस्तक का शिक्षण निम्नलिखित में से किस एक उपागम पर बल देता है?

(a) रट करके सीखना
(b) अवधारणाओं के संश्लेषण से सीखना
(c) वास्तविक जीवन की स्थितियों में सीखना
(d) परिभाषाओं द्वारा सीखना

Ans. : (c) उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन की पाठ्य पुस्तक का शिक्षण वास्तविक जीवन की स्थितियों के बारे में सिखाती है।

5. 'विभिन्न प्रकार के बाजार' विषय को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी परियोजना सबसे अधिक उचित होगी?

(a) दुकानदारों के उत्पादों को खदीदने व बेचने के दामों की तुलना करना
(b) कक्षा-कक्ष में बाजारों से खरीदे हुए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाना
(c) अखबारों और पत्रिकाओं से बाजार पर कोलाज तैयार करना
(d) शापिंग मॉल में बेचे जाने वाले उत्पादों को देखने के लिए जाना

Ans. : (a) 'विभिन्न प्रकार के बाजार' विषय को पढ़ाने के लिए छात्रों द्वारा विभिन्न दुकानदारों के उत्पादों को खरीदने एवं बेचने के दामों में तुलना काराया जाना सबसे उपयुक्त होगा।

6. अशोक के अधिकतर अभिलेख निम्नलिखित लिपियों में से किसमें लिखे गए थे?

(a) तमिल (b) ओचिकी
(c) देवनागरी (d) ब्राह्मी

Ans. : (d) अशोक के अभिलेख ब्राह्मी, खरोष्ठी, ग्रीक, अरमाइक आदि लिपियों में लिखे गये परन्तु ब्राह्मी लिपि में सर्वाधिक अभिलेख लिखे गये।

7. कुछ आरम्भिक हिन्दू मन्दिरों में एक हॉल होता था जहाँ लोग इकट्ठा हो सकते थे। इस स्थान को कहा जाता था–

(a) ग्रामभोजका (b) गर्भगृह
(c) प्रदक्षिणा पथ (d) मण्डप

Ans. : (d) आरम्भिक हिन्दू मंदिरों में निर्मित हाल जहाँ लोग उपस्थित होकर प्रार्थना या कोई सामूहिक समारोह करते थे, मण्डप कहलाता था। जिस स्थान पर मूर्ति स्थापित होती थी उसे गर्भगृह कहा जाता था तथा गर्भ गृह के चारो तरफ प्रदक्षिणा पथ बना होता था जहाँ लोग मंदिर की परिक्रमा करते थे।

8. विनयपिटक ग्रन्थ निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(a) जरतुश्त के विचार (b) बौद्ध संघ के नियम
(c) संस्कृत व्याकारण (d) महावीर के उपदेश

Ans. : (b) विनयपिटक एक बौद्ध ग्रंथ है जिसमे बौद्ध संघ के भिक्षुओ के आचरण सम्बंधी नियम और अनुशासन दिए गये हैं। बौद्ध धर्म के तीन पिटक है-सुत्त पिटक, विनयपिटक एवं अभिधम्म पिटक और तीनों पिटकों की भाषा पाली है।

9. राजा हर्षवर्धन के दरबारी कवि बाणभट्ट ने उनकी जीवनी 'हर्षचरित' निम्नलिखित भाषाओं में से किसमें लिखी?

(a) प्राकृत (b) हिन्दी
(c) उर्दू (d) संस्कृत

Ans. : (d) राजा हर्षवर्धन के दरबारी कवि बाणभट्ट ने राजा हर्ष वर्धन की जीवनी संस्कृत भाषा में 'हर्षचरित' के नाम से लिखी।

10. जैन और बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियों के लिए आरम्भिक 'विहार' बने होते थे–

(a) मिट्टी के (b) पत्थर के
(c) लकड़ी के (d) ईटों के

Ans. : (b) जैन एवं बौद्ध भिक्षुणियों के लिए आरम्भिक विहार पत्थरों से निर्मित होते थे। पत्थरों को काटकर गुफा का निर्माण कराया जाता था जहाँ भिक्षु एवं भिक्षुणियाँ निवास करते थे।

11. कन्नौज पर लम्बे समय तक 'त्रिपक्षीय संघर्ष' किन तीन राजवंशों के बीच चला?

(a) गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और चोल
(b) पाल, राष्ट्रकूट और गुर्जर-प्रतिहार
(c) गुर्जर-प्रतिहार, पाल और चोल
(d) राष्ट्रकूट, चोल और पाल

Ans. : (b) कन्नौज राजा हर्षवर्धन की राजधानी थी इसकी भव्यता के कारण इसे 'महोदय नगर' भी कहा जाता था। हर्ष की मृत्यु के बाद कन्नौज पर अधिकार को लेकर त्रिपक्षीय संघर्ष प्रारम्भ हुआ जिसमें तीन शक्तिशाली राजवंश शामिल थे- गुर्जर-प्रतिहार वंश, पालवंश तथा राष्ट्रकूट वंश। यह संघर्ष लगभग 200 वर्षों तक चला तथा अन्तिम विजय गुर्जर-प्रतिहार वंश की हुई।

12. सूफी मत के अनुसार 'खानकाहों' से अभिप्राय है–

(a) वे स्थान जहाँ सूफी सन्त बैठकों का आयोजन करते थे
(b) एक विशेष प्रकार का गाना
(c) नाम का गुणमान करना
(d) नीति-कक्षाओं पर चर्चा

Ans. : (a) मुस्लिम धर्म में खानकाह सूफियों के विभिन्न क्रियाकलापों का केन्द्र था। यही पर सूफी संत बैठक करते व उपदेश देते थे। यहां पर आगन्तुकों के ठहरने का भी प्रबन्ध रहा करता था।

13. चोल मन्दिरों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) चोल मन्दिर आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र थे
(b) लौह प्रतिमाओं का निर्माण चोल मन्दिरों की मुख्य विशेषता थी
(c) चोल मन्दिर प्रायः अपने आस-पास विकसित होने वाली केवल ग्रामीण बस्तियों के केन्द्र बन गये
(d) जनसाधारण द्वारा दी गई भूमि से चोल मन्दिर सम्पन्न हो गए

Ans. : (a) चोल मंदिर आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र हुआ करते थे। चोल मंदिर अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है।

14. दिल्ली सल्तनत के सुल्तानों के लिए लिखी गई तवारीख के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) तवारीख के लेखक शासकों को अच्छे शासन की आवश्यकता और न्यायसंगत शासन पर बल देते थे
(b) लेखकों द्वारा तवारीख सुल्तानों से ढेर सारे इनाम पाने के लिए नहीं लिखी गई
(c) ये दिल्ली सल्तनत की प्रशासनिक भाषा उर्दू में लिखी गई
(d) तवारीख उन लोगों द्वारा लिखी गई जो शायद ही नगरों में रहे

Ans. : (a) तवारीख की रचना सल्तनत काल में की गई थी यह शासकों के अच्छे शासन की आवश्यकता और न्यायसंगत शासन पर बल देते थे।

15. उन्नीसवीं सदी में निम्नलिखित में से किसने कुरान शरीफ की आयतों का हवाला देकर महिलाओं की शिक्षा के लिए तर्क किया?

(a) रूकैया सखावत हुसैन (b) मुमताज अली
(c) सैय्यद अहमद खाँ (d) जियाउद्दीन बरानी

Ans. : (a) 19वीं सदी में रूकैया सखावत हुसैन ने कुरान शरीफ की आयतों का हवाला देकर महिलाओं की शिक्षा के लिए तर्क दिया था।

16. कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों को खुली पुस्तक अभ्यास करवाने के उचित कारण को चुनिए।

(a) बिना तैयारी के विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना
(b) पाठ्य भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करना
(c) पाठ को विस्तृत रुप से याद कराना
(d) पाठ को किसी विशिष्ट प्रश्नों के सन्दर्भ में पढ़ना

Ans. : (d) कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों की खुली पुस्तक अभ्यास करवाने का उचित कारण पाठ को किसी विशिष्ट प्रश्न के संदर्भ में पढ़ना होता है।

17. सामाजिक विज्ञान के विषयों के अध्ययन का महत्व इसलिए है क्योंकि बच्चे इससे.....।

(a) लोकतन्त्र के बारे में विस्तार से सीख सकते हैं
(b) समाज और उसके पर्यावरण को समझ सकते हैं
(c) भूत की घटनाओं का मूल्यांकन कर सकते हैं
(d) प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित कर सकते हैं

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के विषयों के अध्ययन का महत्व इस लिए है क्योंकि सामाजिक विज्ञान से बच्चे समाज और उसके पर्यावरण को समझ सके।

18. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में चित्र कथा पट के प्रयोग के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण क्या है?

(a) एकपक्षीय सूचना प्रदान करना
(b) दिए गए वृतान्त पर चर्चा को प्रोत्साहित करना
(c) घटनाओं का वर्णन करना
(d) पाठ्य-पुस्तकों को आकर्षक बनाना

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में चित्र कथा पट का प्रयोग करके बच्चों को दिए गये वृतान्त पर चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिससे छात्र स्वतंत्र रूप से अधिगम कर सकता है।

19. भारतीय संसद की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की समझ को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे उचित क्रियाकलाप है?

(a) युवा संसद का आयोजन
(b) विषय-वस्तु का पठन
(c) कार्यो एवं जिम्मेदारियों का प्रवाह आरेख
(d) संसद के अवरोध पर समाचार-पत्र के लेखन पर चर्चा

Ans. : (a) युवा संसद का आयोजन करके बच्चों को भारतीय संसद की भूमिका एवं कार्य प्रणाली को समझाया जा सकता है जिससे बच्चे भारतीय संसद के विकास प्रक्रिया को समझ सकेंगे।

20. एक शिक्षिका विद्यार्थियों को सुझाव देती हैं कि वे एक तालिका बनाएँ, जिसमें उनके द्वारा एक सप्ताह में उपयोग किए जाने वाले पानी की बाल्टियों की संख्या लिखी गई हो। इस गतिविधि के बाद, वे पानी के प्रयोग और संरक्षण के बारे में चर्चा शुरू करती हैं। शिक्षिका कक्षा में किस प्रकार के अधिगम को प्रोत्साहित कर रही हैं?

(a) निगमनात्मक विधि (b) वृत्त अध्ययन विधि
(c) समस्या समाधान विधि (d) पूछ-ताछ विधि

Ans. : (b) पानी के प्रयोग एवं उसके संरक्षण के सम्बंध में शिक्षिका द्वारा बच्चों से तैयार करवाई गयी तालिका वृत्त अध्ययन विधि के अन्तर्गत आता है इससे छात्र पानी के संरक्षण एवं उसके सुदुपयोग के सम्बंध में जागरुक हो सकेंगे।

21. सबसे उचित विकल्प को रिक्त स्थान में भरिए।
ज्ञान और विचारों को व्यवस्थित करने के लिए अवधारणात्मक संसाधनों में समय रेखा, सारांश,.....और.....सम्मिलित हैं।

(a) शिक्षक प्रतिरूपण और दण्ड-आरेख
(b) स्मरण संकेत और समीक्षा प्रश्न
(c) सूचना मानचित्र और अवधारणा मानचित्र
(d) अन्वेषणात्मक सॉफ्टवेयर और प्रश्न-बैंक

Ans. : (c) रिक्त स्थानो में सूचना मानचित्र एवं अवधारणा मानचित्र लिख कर वाक्य को पूर्ण कर सकते है।

22. क्रिया-कलाप आधारित प्रश्न सामाजिक विज्ञान के पाठ को–

(a) आनन्ददायी बनाते हैं (b) विवादास्पद बनाते हैं
(c) लम्बा बनाते हैं (d) विस्तृत बनाते है

Ans. : (a) क्रिया-कलाप आधारित प्रश्न सामाजिक विज्ञान के पाठ को आनन्ददायी बनाते हैं।

23. सामाजिक समस्याओं की सामझदारी को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से सबसे उचित विधि कौन-सी है?

(a) चलचित्र प्रदर्शन (b) चित्र निबन्ध
(c) भूमिका निर्वाह (d) वृत्त अध्ययन

Ans. : (d) सामाजिक समस्याओं की समझदारी को विकसित करने के लिए वृत्त अध्ययन की विधि सर्वाधिक उपयुक्त विधि है।

24. एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को सरकारी परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राथमिक स्त्रोतों के माध्यम से देना चाहती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी योजना अनुपयुक्त होगी?

(a) विद्यार्थियों के पड़ोस में लागू होने वाली योजनाओं पर सर्वे
(b) विद्यार्थियों के पड़ोस में लागू होने वाली परियोजनाओं पर हुए खर्च पर एक रिपोर्ट
(c) सरकारी परियोजनाओं पर पुस्तक की समीक्षा
(d) एक खण्ड विकास अधिकारी के साथ साक्षात्कार

Ans. : (a) विद्यार्थियों के पड़ोस में लागू होने वाली योजनाओं पर सर्वे करना प्राथमिक स्रोत नहीं है अतः यह विधि अनुपयुक्त होगी।

25. सामाजिक विज्ञान पर निम्नलिखित में से एक उचित और अर्थपूर्ण दत्त अभ्यास को चुनिए।

(a) पाठ्य-पुस्तकों में से सही उत्तर ढूँढ़ना
(b) पिछले वर्ष का अभ्यास
(c) अवधारणाओं के परीक्षण का एक मौलिक अभ्यास
(d) पठन सामग्री का सार

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान विषय में एक उचित और अर्थपूर्ण दत्त अभ्यास पाठ्य-पुस्तकों में से सही उत्तर ढूँढ़ना है।

26. लोकतान्त्रिक संस्थाओं के प्रति विद्यार्थियों में दोषदर्शिता को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से दो विकल्प सबसे उचित होंगे?

I. आदर्श कार्यप्रणाली एवं सिद्धान्तों पर बल देना।
II. संस्थानों के बदलाव में असम्भावनाओं को इंगित करना।
III. सामाजिक विषमता की अपरिहार्यता पर बल देना
IV. जागरूक जनता की भूमिका को इंगित करना।

(a) दोनों III और IV (b) दोनों III और IV
(c) दोनों I और II (d) दोनों I और IV

Ans. : (d) लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विद्यार्थियों में दोषदर्शिता को रोकने के लिए सबसे उचित 2 विकल्प होंगे-
1. आदर्श कार्य प्रणाली एवं सिद्धांतों पर बल दिया जाए
2. जागरुक जनता की भूमिका को इंगित किया जाए

27. उच्च प्राथमिक स्तर के सामाजिक विज्ञान की कक्षा में लैंगिक भूमिका पर विद्यार्थियों को बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए सबसे उत्तम विधि निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?

(a) प्रदर्शनी में जाना
(b) विद्यार्थियों द्वारा इन्टरनेट में ढूँढ़ना
(c) अनुभवों पर निर्देशित चर्चा
(d) विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान

Ans. : (c) उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की कक्षा में लैंगिक भूमिका विद्यार्थियों को बातचीत को प्रोत्साहित करने की सबसे उत्तम विधि अनुभवों पर निर्देशित चर्चा है जिसमें विद्यार्थी अपने साथ घटित-घटनाओं की प्रस्तुति करते है।

28. पोर्टफोलियों सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है क्योंकि यह

(a) विद्यार्थियों में कौशल के विकास को इंगित करता है
(b) अनिवार्य है
(c) क्रियान्वित करना सरल होता है
(d) न्यूनतम सूचना प्रदान करता है

Ans. : (a) पोर्टफोलियों सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है जिसके द्वारा विद्यार्थियों में कौशल के विकास को इंगित किया जाता है।

29. जब आप विद्यार्थियों को एक ऐतिहासिक स्मारक दिखाते है तब आप उन्हें किस प्रकार के अधिगम के स्त्रोत से सीखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं?

(a) लेखा-चित्र कला संसाधन (b) पारम्परिक लोक संसाधन
(c) प्राथमिक स्त्रोत (d) पाठ्य स्त्रोत

Ans. : (c) ऐतिहासिक इमारतों का भ्रमण करना एवं उनका निरीक्षण करना अधिगम की दृष्टि से प्राथमिक स्त्रोत कहलाता है।

30. 'कल्पना कीजिए कि आपकों श्रीरंगपट्टनम के युद्ध और टीपू सुल्तान की मौत के बारे में खबर देने वाले दो पुराने अखबार मिलते है। एक अखबार ब्रिटेन का है और दूसरा मैसूर का है। दोनों अखबारों के लिए इन घटनाओं के बारे में एक-एक सुर्खी लिखिए।'

कक्षा 8 के इतिहास की पाठ्य–पुस्तक में इस क्रियाकलाप को शामिल करने का क्या कारण है?

(a) ब्रिटेन द्वारा राज्य में मिलाए जाने का अभिलेख तैयार करना
(b) लोगों को ब्रिटिश नीतियों के बारे में बताना
(c) विद्यार्थियों में लिखने के कौशल को विकसित करना
(d) विद्यार्थियों में विचारों की विविधता की अवधारण को विकसित करना

Ans. : (d) किसी घटना को दो अलग-अलग अखबारों द्वारा अलग-अलग तथ्य प्रस्तुत किए जाने का वर्णन छात्रों के अध्ययन का स्त्रोत हो सकता है इससे छात्रों में विचारों की विविधता की अवधारणा को विकसित करने में सहायता मिलती है।

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन लोकतन्त्र के सम्बन्ध में गलत है?

(a) लोकतंत्र में एक शासक के पास देश पर शासन करने की सम्पूर्ण ताकत होती है
(b) लोकतन्त्र में लोग लिए गए निर्णयों पर प्रश्न उठा सकते हैं
(c) लोकतन्त्र में देश के नागरिकों को अपनी पसन्द को नेता चुनने को छूट होती है
(d) लोकतन्त्र में नागरिकों को कुछ स्वतन्त्रताएँ प्राप्त होती हैं

Ans. : (a) लोकतंत्र लोगों का शासन होता है जिसमे लोग मिलकर किसी नेता का चयन करते है तथा बनाए गये नीतियों पर सवाल भी पूछ सकते है साथ ही नागरिकों को कुछ स्वतंत्रताए भी प्राप्त होती है। लोकतंत्र की व्यवस्था में सत्ता का विकेन्द्रीकरण होता है तथा किसी एक के पास शासन की शक्ति पूर्णतः निहित नहीं होती है।

32. अभियानों के फलस्वरूप महिलाओं के संरक्षण के लिए नए कानून बने।

निम्नलिखित प्रताड़नाओं में से किस एक के कारण महिलाओं को संरक्षित करने के लिए 2006 में एक कानून बना?

(a) बच्चों के साथ दुर्व्यवहार (b) असमान वेतन
(c) घरेलू हिंसा (d) यौन प्रताड़ना

Ans. : (c) महिलाओं के हितों की रक्षा करने एवं उनका संरक्षण करने के लिए भारत सरकार के द्वारा 2005 में अधिनियम बना तथा इसे 26 अक्टूबर, 2006 को लागू किया गया।

33. संचार माध्यम के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गलत है?

(a) जनसंचार का लोगों तक जानकारी पहुँचाना एक महत्वपूर्ण कार्य है
(b) संचार माध्यम की कार्यप्रणाली में नियमित सरकारी हस्तक्षेप रहता है
(c) विज्ञापनों द्वारा धन कमाया जाता है
(d) जनसंचार द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली तकनीकें बदलती रहती है

Ans. : (b) संचार माध्यम लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाता है इसकी कार्य प्रणाली में सरकारी हस्तक्षेप नहीं होता है।

34. समाचार चैनल पर विज्ञापन का मूल्य निर्भर होता है–

(a) बड़े व्यापारिक घरानों पर (b) कम्पनी क्षेत्र पर
(c) चैनल की लोकप्रियता पर (d) दर्शकों की माँग पर

Ans. : (c) समाचार चैनल पर विज्ञापन का मूल्य चैनल की लोकप्रियता पर निर्भर करता है क्योंकि चैनल की लोकप्रियता जितनी अधिक होगी उसके विज्ञापन का मूल्य भी उतना ज्यादा होगा।

35. जनहित याचिका (PIL) के सन्दर्भ में नीचे दिए गए दोनों कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से सरकार के क्रियाकलापों के विषय में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हैं।

II. यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति या संस्था को, जिनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, उन्हें न्याय पाने के लिए उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का अधिकार दिया गया है।

(a) I गलत है और II सही हैं (b) I और II दोनों गलत हैं
(c) I सही है और II गलत है (d) I और II दोनों सही हैं

Ans. : (a) जनहित याचिका (PIL) एक ऐसी व्यवस्था होती है जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति या संस्था को, जिनके अधिकारों का उल्लघंन हुआ है, उन्हे न्याय पाने के लिए उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का अधिकार दिया गया है। जबकि सरकार के क्रिया-कलापों के विषय में जानकारी प्राप्त करना सूचना के अधिकार 2005 (RTI) के अन्तर्गत आता है। अतः कथन (I) गलत है तथा (II) सही है।

36. संसद के 'प्रश्नकाल सत्र' के सम्बन्ध में I और II दोनों कथनों पर विचार कीजिए और निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. सांसद सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।

II. यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें कार्यकारिणी विधायिका को नियन्त्रित करती है।

(a) I गलत है और II सही है (b) I और II दोनों गलत हैं
(c) I सही है और II गलत है (d) I और II दोनों सही हैं

Ans. : (c) संसद में प्रश्न काल के दौरान सरकार के काम काज से सम्बंधित प्रश्न पूछे जाते है तथा उसकी जानकारी ली जाती है।

37. न्यायिक समीक्षा पर दिए गए निम्नलिखित दो कथनों I और II पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. संसद द्वारा पारित किया गया कोई कानून संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन करता है, तो न्यायपालिका ऐसे कानून को रद्द कर सकती है।

II. कोई विधेयक न्यायपालिका के द्वारा पास किए बिना कानून नहीं बन सकता है।

(a) I गलत है और II सही है (b) I और II दोनों गलत हैं
(c) I सही है और II गलत है (d) I और II दोनों सहीं हैं

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुसार संसद द्वारा पारित किया गया कोई विधेयक यदि संविधान के आधारभूत ढ़ाचे का उल्लघंन करता है तो न्यायपालिकों को उस कानून को रद्द करने का अधिकार है।

38. भारतीय संविधान के अनुसार 'भारतीय धर्मनिरपेक्ष राज्य' के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) राज्य सरकारी संस्थानों को धर्म विशेष विशिष्ट मूल्यों को प्रदर्शित और प्रोन्नत करने की अनुमति प्रदान करता है
(b) राज्य धर्म से एकदम पृथक नहीं है, परन्तु वह धर्म से एक निश्चित दूरी बनाता है
(c) भारतीय राज्य किसी एक विशिष्ट धार्मिक समूह द्वारा शासित नहीं है
(d) राज्य किसी धर्म विशेष को न तो थोपेगा और न ही लोगों की धार्मिक स्वतन्त्रता को छीनेगा

Ans. : (a) 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा संविधान के प्रस्तावना में **'धर्मनिरपेक्ष'** शब्द जोड़ा गया। इसके अनुसार राज्य सरकारी संस्थानों को धर्म विशेष के विशिष्ट मूल्यों को प्रदर्शित एवं प्रोन्नति करने की अनुमति नहीं देगा।

39. भारतीय राज्य की सरकार किस प्रकार की है?

(a) अध्यक्षात्मक सरकार (b) लोकतान्त्रिक सरकार
(c) साम्यवादी सरकार (d) पूँजीवादी सरकार

Ans. : (b) भारतीय राज्य की सरकार लोकतांत्रिक प्रकार की सरकार है।

40. जातीय समानता को प्रचारित करने के लिए निम्नलिखित में से किसने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की?

(a) हरिदास (b) ज्योतिबा फुले
(c) घासीदास (d) नारायण गुरु

Ans. : (b) जातीय समानता को प्रचारित करने के लिए महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक **ज्योतिबा फुले** ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की।

41. 29 मार्च, 1857 के बैरकपुर में अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में निम्नलिखित में से किसको फाँसी पर लटका दिया गया था?

(a) सुखदेव (b) मंगल पाण्डे
(c) भगतसिंह (d) राजगुरु

Ans. : (b) 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर में मंगल पाण्डे को अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में 8 अप्रैल, 1857 को फॉसी पर लटका दिया गया। 1857 की क्रांति में यह प्रथम मृत्युदण्ड की सजा थी।

42. अंग्रेजों की 'सर्वोच्चता' नीति के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) इसने इस बात पर बल दिया कि प्राच्य जानकारी के विपरीत यूरोपीय जानकारी देने का तरीका व्यावहारिक रूप से लाभकारी है
(b) इसने घोषित किया कि इंग्लैण्ड में कोई अन्य व्यापार करने वाला समूह ईस्ट इण्डिया कम्पनी से स्पर्धा नहीं कर सकेगा

(c) इसने घोषित किया कि यदि भारतीय शासक की मृत्यु बिना पुरुष वारिस के होती है तो उसके साम्राज्य का अधिग्रहण कर लिया जाएगा

(d) कम्पनी का दावा था कि उसकी सत्ता सर्वोच्च है इसलिए वह भारतीय राज्यों से ऊपर है

Ans. : (d) अंग्रेजों की 'सर्वोच्चता की नीति' के तहत अंग्रेज स्वयं को सर्वोच्च समझते थे तथा उनका मानना था कि सिर्फ वे ही भारतीय सत्ता के लिए उपयुक्त है अतः वह भारतीय राज्यों से भी ऊपर है।

43. ग्रहों के निम्नलिखित समूहों में से किस समूह के चारों ओर छल्ले हैं?

(a) शनि, नेप्च्यून, मंगल (b) शनि, शुक्र, नेप्च्यून

(c) शनि, शुक्र, मंगल (d) शनि, बृहस्पति, यूरेनस

Ans. : (d) सौर मण्डल में उपस्थित तीन ग्रह बृहस्पति, शनि एवं अरुण (यूरेनस) के चारो तरफ धूल कणों एवं गैसों के घेरे (छल्ले) पाए जाते हैं।

44. पृथ्वी को भू-आभ के रुप में क्यों वर्णित किया जाता है? निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए।

(a) पृथ्वी की दो तिहाई सतह जल से ढकी है

(b) जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ केवल पृथ्वी पर पाई जाती हैं

(c) पृथ्वी धुवों के पास थोड़ी चपटी है

(d) पृथ्वी न तो अधिक गर्म है और न ही अधिक ठण्डी है

Ans. : (c) पृथ्वी को भू-आभ के रुप में वर्णित किया जाता है क्योंकि पृथ्वी ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी होती है।

45. पृथ्वी से चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है, क्योंकि–

(a) चन्द्रमा केवल पृथ्वी का चक्कर लगाता है, परन्तु अपने अक्ष पर चक्कर नहीं लगाता है

(b) चन्द्रमा पृथ्वी का चक्कर नहीं लगाता है, केवल अपने अक्ष पर चक्कर लगाता है

(c) चन्द्रमा अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने से कहीं अधिक समय पृथ्वी का चक्कर पूरा करने में लेता है

(d) चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर पूरा करने में जितना समय लेता है, उतना ही समय अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने में लेता है

Ans. : (d) चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर पूरा करने में जितना समय लेता है, उतना ही समय अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने मे लेता है इसलिए पृथ्वी से चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई देता है।

46. यूराल पर्वत अलग करते हैं–

(a) अफ्रीका और यूरोप को

(b) उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका को

(c) अफ्रीका और एशिया को

(d) एशिया और यूरोप को

Ans. : (d) यूराल एवं काकेशस पर्वत एशिया महाद्वीप को यूरोप से पृथक करता है। यूरोप महाद्वीप में 49 देश हैं।

47. भू-पर्पटी में वह स्थान जहाँ से भूकम्पीय तरंगें आरम्भ होती है, उसे कहा जाता है–

(a) अभिकेन्द्र (b) क्रेटर

(c) केन्द्र (d) उद्गम केन्द्र

Ans. : (a) भू-पर्पटी का वह स्थान जहाँ भूकम्पीय तरंगे आरम्भ होती है उसे अधिकेन्द्र कहते है तथा जहाँ पर सर्वप्रथम भूकम्पीय तरंगे उत्पन्न होती है उसे भूकम्प मूल (Focus) या उद्गम केन्द्र कहते है।

48. वायुमण्डल की निम्नलिखित परतों में से कौन-सी परत हवाई जहाज उड़ाने के लिए सबसे आदर्श है?

(a) मध्यमण्डल (b) तापमण्डल

(c) क्षोभमण्डल (d) समतापमण्डल

Ans. : (d) वायुमण्डल के समताप मण्डल में समान ताप होने के कारण मौसम समान रहता है तथा किसी प्रकार की प्राकृतिक घटनाएँ नहीं घटती है इसलिए समताप मण्डल वायुयान उड़ाने के लिए आदर्श दशा प्रस्तुत करता है।

49. निम्नलिखित में से पृथ्वी पर तापमान के वितरण को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक कौन-सा हैं?

(a) पार्थिव विकिरण (b) समुद्र से दूरी

(c) सूर्यातपन (d) सौर विकिरण

Ans. : (a) सूर्य से पृथ्वी पर आने वाले सौर्यिक विकिरण को ही सूर्यातप कहते हैं। पृथ्वी पर तापमान के वितरण पर अक्षांशों, ऊँचाई, पार्थिव विकिरण, समुद्र से दूरी आदि का प्रभाव का पड़ता है। अतः विकल्प पार्थिव विकिरण सही है।

50. अमेजन बेसिन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) अमेजन नदी डेल्टा का निर्माण करती है जो मैंग्रूव वनों से ढका है।

(b) अमेजन नदी बेसिन ब्राजील, पेरु, बोलीविया, अर्जेटिना के भागों से अपवाहित होती है।

(c) अमेजन बेसिन भूमध्यरेखीय प्रदेश में आता है।

(d) अमेजन नदी भूमध्यरेखीय प्रदेश से होकर पश्चिम दिशा में बहती है।

Ans. : (c) अमेजन बेसीन भूमध्य रेखीय प्रदेश के अन्तर्गत आता है। अमेजन नदी ब्राजील, कोलाम्बिया एवं पेरु देश में बहती है न कि बोलीविया। अमेजन नदी डेल्टा का निर्माण नहीं करती है।

51. विश्व में भारत का सबसे ऊँचा सड़क मार्ग निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) शिलांग–सिलचर (b) ऊधमपुर–श्रीनगर

(c) ईटानगर–पासीघाट (d) मनाली–लेह

Ans. : (d) विश्व में भारत का सबसे ऊँचा सड़क मार्ग लेह-मनाली राजमार्ग है। यह राजमार्ग लगभग 4000 मीटर ऊँचाई पर है।

52. भूस्खलन को नियन्त्रित करने के लिए निम्नलिखित में से न्यूनीकरण क्रियाविधि कौन-सी नहीं है?

(a) भूस्खलन को रोकने के लिए वनस्पति आवरण को कम करना

(b) भूस्खलन की गतिशीलता को नियन्त्रित करने के लिए सतही अपवाह का नियंन्त्रण सुनिश्चित करना

(c) भूस्खलन प्रवण क्षेत्रों की पहचान के लिए संकट मानचित्रण

(d) भूमि को खिसकने से बचाने के लिए प्रतिधारी दीवार का निर्माण करना

Ans. : (a) भूस्खलन को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक वनस्पति के आवरण को बढ़ाना चाहिए न कि कम करना चाहिए वनस्पति आवरण को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए।

53. निम्नलिखित में से किसके उत्पादों को 'काला सोना' कहा जाता है?

(a) पेट्रोलियम (b) ताँबा

(c) कोयला (d) सोना

Ans. : (a) हमारे देश में ऊर्जा का प्रमुख स्रोत कोयला है। कोयले से देश के 67% ऊर्जा की पूर्ति होती है। जबकि पेट्रोलियम को 'काला सोना' कहा जाता है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का परमाणु ऊर्जा संयन्त्र नहीं है?

(a) नरोरा (b) पोखरण

(c) कल्पक्कम (d) तारापुर

Ans. : (b) नरोरा (उ.प्र.), कल्पक्कम (तमिलनाडु) तथा तारापुर (महाराष्ट्र) में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित है। पोखरण (राजस्थान) परमाणु परीक्षण स्थल है जहाँ 1974 तथा 1998 में परमाणु परीक्षण किया गया था।

55. निम्नलिखित देशों में से किसमें स्थानान्तरी कृषि को मिल्पा के नाम से जाना जाता है?

(a) मैक्सिको (b) ब्राजील

(c) भारत (d) मलेशिया

Ans. : (a) उत्तरी अमेरिकी देश मैक्सिको में स्थानान्तरी कृषि को 'मिल्पा' के नाम से जाना जाता है। भारत में यह **'झूम कृषि'** के नाम से प्रसिद्ध है।

56. निम्नलिखित उद्योगों में कौन-सा सार्वजनिक क्षेत्र के अर्न्तगत आता है?

(a) मारुति उद्योग लिमिटेड

(b) टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड

(c) हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड

(d) सुधा डेयरी

Ans. : (c) हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL) एक सार्वजनिक उपक्रम है जबकि मारुती उद्योग लिमिटेड, टाटा आयरन एण्ड स्टील तथा सुधा डेयरी सभी निजी क्षेत्र के उपक्रम है।

57. 'ग्राम सभा' के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) सभी ग्राम पंचायतों की विकास सम्बन्धी योजनाओं का ग्राम सभा में पुनरीक्षण किया जाता है

(b) ग्राम सभा सभी ग्राम पंचायतों को धनराशि के वितरण को नियमित करती है

(c) यह जिले में सभी गाँवों के सरपंचों की बैठक का स्थल है

(d) ग्राम सभा का सचिव ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने तथा कार्यवाही का आलेख रखने के लिए उत्तरदायी होता है

Ans. : (d) ग्राम सभा शासन की सबसे निचली संस्था है। ग्राम सभा का सचिव ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने तथा कार्यवाही का आलेख रखने के लिए उत्तरदायी होता है। अन्य सभी कथन असत्य है।

58. लोकतन्त्र में लोगों की सहभागिता पर दिए गए निम्नलिखित दो कथनों I और II पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. लोकतन्त्र में सामाजिक आन्दोलनों को संगठित करना, सरकार और उसके कार्यों को चुनौती देने का एक तरीका है।

II. लोकतन्त्र सभी लोगों को भागीदार होने की अनुमति देता है; लेकिन समाज के सभी वर्गों के लोग ऐसा करने में समर्थ नहीं होते हैं।

(a) I गलत है और II सही है (b) I और II दोनों गलत हैं

(c) I सही है और II गलत है (d) I और II दोनों सही हैं

Ans. : (d) लोकतंत्र से सम्बंधित दोनों कथन सत्य है।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा तिब्बत का राष्ट्रीय ग्रन्थ है?

(a) सिद्ध सागा (b) निर्वाण सागा

(c) बुद्ध सागा (d) केसर सागा

Ans. : (d) कविता के रुप में संकलित 'केसर सागा' तिब्बत का राष्ट्रीय ग्रंथ है।

60. पटवारी (लेखपाल) द्वारा किए गए कार्यों के विषय में I और II दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए और निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. पटवारी एक गाँव अथवा गाँवों के समूह की भूमि का अद्यतन लेखा-जोखा रहता है।

II. पटवारी अपने अधिकार-क्षेत्र में लगाई गई फसलों के बारे में सरकार को सूचना देने के लिए उत्तरदायी होता है।

(a) I गलत है और II सही है (b) I और II दोनों गलत हैं

(c) I सही है और II गलत है (d) I और II दोनों सही हैं

Ans. : (d) पटवारी (लेखपाल) के कार्य सम्बंधी दोनों कथन सत्य है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2015

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 22 फरवरी, 2015)**

1. पृथ्वी की सबसे आन्तरिक परत मुख्यतः बनी है

(a) सिलिका एवं लोहे से (b) निकिल एवं लोहे से

(c) निकिल एवं एल्युमिना से (d) सिलिका एवं एल्युमिना से

Ans. : (b) पृथ्वी की आन्तरिक परत को क्रोड कहते है इसे पृथ्वी का केन्द्र भी कहा जाता है। इसका विस्तार 2900 किमी. से 6371 किलोमीटर तक है। इसके निर्माण में मुख्यतः दो तत्वों का महत्वपूर्ण योगदान है- निकिल (Ni) तथा आयरन (Fe) इसलिए पृथ्वी के आन्तरिक परत को निफे (NiFe) कहा जाता है।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक केवल तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक विनाश कर सकता है?

(a) सुनामी (b) भूकम्प

(c) ज्वालामुखी (d) ज्वार भाटा

Ans. : (a) सुनामी से तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक विनाश होता है। सुनामी जापानी भाषा का शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ है-तट पर आती हुई या आने वाली लहरे। सुनामी का निर्माण समुद्र तल में उत्पन्न भूकम्प से होता है परिणामस्वरुप जल की लहरें तट की तरफ आती है। जैसे-जैसे समुद्र की गहराई कम होती जाती है वैसे-वैसे जल का वेग तथा लहरों की ऊँचाई अकस्मात् रुप से अत्यधिक तेज हो जाती है। जिसके कारण अपार जन-धन की हानि होती है।

3. निम्नलिखित में से किस एक को जीवाश्म ईधन नहीं माना जाता है?

(a) पेट्रोलियम (b) कोयला

(c) प्राकृतिक गैस (d) जलाऊ लकड़ी

Ans. : (d) जलाऊ लकडी को जीवाश्म ईधन नहीं माना जाता क्योंकि इसे वनों से प्राप्त किया जाता है। जीवाश्म ईधन वे होते है जो पृथ्वी के चट्टानो में जीव-जन्तु, लकड़ियों आदि के लम्बे समय से दबे रहने के कारण बनते है। जैसे पेट्रोलियम पदार्थ, प्राकृतिक गैस, कोयला आदि।

4. 21 मार्च और 23 सितम्बर को पूरी पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते है। इसका कारण है–

(a) सूर्य की किरणें विषुवत् वृत्त पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता है।

(b) सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता है।

(c) सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में एक ध्रुव का झुकाव सूर्य की ओर होता है।

(d) सूर्य की किरणें विषुवत् वृत्त पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में एक ध्रुव का झुकाव सूर्य की ओर होता हैं।

Ans. : (a) 21 March और 23 Sep को दिन और रात बराबर होते है क्योंकि इस तिथि को सूर्य का प्रकाश विषुवत रेखा पर सीधा पडता है और कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता है। इससे पृथ्वी पर एक साथ हर स्थान पर बराबर प्रकाश पड़ता है जो भाग सूर्य के सामने होता है। इस समय दिन व रात की अवधि दोनों गोलार्द्धों में 12-12 घण्टे की होती है।

5. किसी भूकम्प के दौरान रिक्टर स्केल की किस तीव्रता पर वस्तुएँ गिरने लगती हैं?

(a) 6.0 या उससे अधिक (b) 5.0 से अधिक

(c) 7.0 से अधिक (d) 2.0

Ans. : (a) रिक्टर स्केल भूकम्प मापने का पैमाना होता है जिसमें 0-9 तक के अंक प्रदर्शित होते है। प्रत्येक बढ़ता हुआ अंक भूकम्प की तीव्रता को दिखाता है रिक्टर स्केल पर 6.0 या उससे अधिक के अंक की भूकम्प तीव्रता इमारतों के लिए विनाशकारी होती है। इस तीव्रता पर पुल, इमारते आदि गिरने लगती है।

6. निम्नलिखित में से कौन–सी एक आकृति नदी के निक्षेपण कार्य का परिणाम है?

(a) विसर्प (b) बाढ़कृत मैदान

(c) चाप झील (d) जल प्रपात

Ans. : (b) नदी के निक्षेपण के फलस्वरुप बाढ़कृत मैदान का निर्माण होता है। नदी अपने साथ लाए हुए अवशेषो को छोड़ कर वापस चली जाती है तो इन अवशेषों से बाढ़ युक्त मैदान का निर्माण होता है। इसे कछार क्षेत्र भी कहते है।

7. बेरिंग जलडमरुमध्य पानी का संकरा भाग है जो जोड़ता है–

(a) प्रशान्त महासागर और अटलाण्टिक महासागर

(b) अटलाण्टिक महासागर और हिन्द महासागर

(c) आर्कटिक महासागर और प्रशान्त महासागर

(d) हिन्द महासागर और प्रशान्त महासागर

Ans. : (c) बेरिंग जलडमरुमध्य प्रशांत महासागर तथा चुकसी सागर (आर्कटिक महासागर) को जोड़ता है। यह एशिया एवं उत्तरी अमेरिका महाद्वीप की जलसंधि है।

8. विशेष रुप से निर्मित तालाबों और पोखरों में मत्स्य पालन को जाना जाता है–

(a) पिसीकल्चर (b) विटिकल्चर

(c) हॉर्टीकल्चर (d) सेरीकल्चर

Ans. : (a) पिसीकल्चर – मत्स्यपालन

विटीकल्चर - अंगूर की खेती

हार्टीकल्चर – बागवानी (फलों की खेती)

सेरीकल्चर – रेशम कीटपालन

9. निम्नलिखित घास भूमियों में से कौन-सी अमेरिकी मूल निवासियों का निवास स्थल है?

(a) स्टेपी (b) प्रेअरीज

(c) पम्पास (d) वेल्ड्स

Ans. : (b) अमेरिकी मूल निवासियों का निवास स्थल प्रेअरी है। प्रेअरी उत्तरी अमेरीका के घास के मैदान है। स्टेपी घास के मैदान यूरोप में, पम्पास घास के मैदान अर्जेंटीना में तथा वेल्ड्स घास के मैदान दक्षिण अफ्रीका में पाए जाते है।

10. 'सामाजिक विज्ञापनों' पर निम्नलिखित दो कथनों, A और B पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

A सामाजिक विज्ञापन वे विज्ञापन हैं जो समाज के लिए विस्तृत स्तर पर सन्देश का प्रसारण करते हैं।

B सामाजिक विज्ञापन केवल सरकार (राज्य) द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं।

(a) A और B दोनों गलत हैं

(b) A गलत है और B सही है

(c) A और B दोनो सही है

(d) A सही है और B गलत है

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञापन वे होते है जो समाज के लिए विस्तृत स्तर पर संदेश का प्रसारण करते है। अतः कथन (A) सत्य है। समाजिक विज्ञापन न केवल सरकार राज्य द्वारा प्रस्तुत किए जाते है बल्कि संस्था, NGO गैर सरकारी संगठन या व्यक्तिगत तौर पर भी प्रस्तुत किए जा सकते है। अतः कथन (B) गलत है।

11. 'जनपद पंचायत' के अन्तर्गत–

(a) कई जिला परिषद् होते हैं

(b) कई ग्राम पंचायतें होती हैं

(c) कई नगरपालिका वार्ड होते हैं

(d) कई ग्राम सभाएँ होती है।

Ans. : (b) जनपद पंचायत (जिला पंचायत) पंचायती राज्य व्यवस्था की शीर्षस्थ संस्था होती है। इसके अन्तर्गत कई ग्राम पंचायतें होती हैं। जिलापंचायत, ग्राम पंचायत तथा राज्य के बीच एक कड़ी (मध्यस्थ संस्था) होती है। इसके अन्तर्गत कई ग्राम पंचायते होती हैं।

12. अपने कक्षीय समतल पर पृथ्वी के अक्ष का झुकाव (आनति) कोण क्या है?

(a) $33\frac{1}{2}^\circ$ (b) 90^0

(c) 45^0 (d) $66\frac{1}{2}^\circ$

Ans. : (d) अपने कक्षीय समतल पर पृथ्वी के अक्ष का झुकाव $66\frac{1}{2}^o$ है जबकी पृथ्वी अपने अक्ष पर $23\frac{1}{2}^o$ झुकी हुई है। इसी झुकाव के कारण ऋतु परिवर्तन तथा दिन-रात छोटे-बड़े होते है।

13. निम्नलिखित में से मानचित्रों का कौन-सा एक घटक नहीं है?

(a) आकार (b) दिशा

(c) प्रतीक (d) दूरी

Ans. : (c) मानचित्र के महत्वपूर्ण घटक-आकार, दूरी, दिशा आदि होते हैं। प्रतीक मानचित्र का महत्वपूर्ण घटक नहीं होता है, इसे अन्य संकेतो के द्वारा भी निरुपित कर सकते है। परन्तु आकार, दूरी तथा दिशा के आभाव में मानचित्र का निर्माण संभव नही है।

14. रोलैट अधिनियम, 1919 का विरोध किया गया था क्योंकि

(a) इसने मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्रों का अधिकार प्रदान किया था

(b) प्रांतों में द्वैध शासन लागू किया था

(c) इसने भारतीयों के हथियार रखने पर रोक लगाई थी

(d) इसने अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता जैसे मौलिक अधिकारों को आघात पहुँचाया था।

Ans. : (d) रौलेट अधिनियम 1919 को काले कानून की संज्ञा दी जाती है इस अधिनियम को बिना वकील, बिना दलील तथा बिना अपील का अधिनियम कहा जाता है। इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया जा सकता था इसके लिए कानूनी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं थी इससे लोगों के मौलिक अधिकार को आघात पहुचा तथा पुलिस को और भी शक्ति प्राप्त हो गई।

15. चोल साम्राज्य में सभा का सदस्य बनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक शर्त नहीं थी?

(a) उनकी आयु 25 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए

(b) उन्हें भूमि का स्वामी होना चाहिए, जहाँ से भू-राजस्व वसूला जाता है

(c) उनके पास अपना घर होना चाहिए

(d) उन्हें वेदों का ज्ञान होना चाहिए

Ans. : (a) चोल सम्राज्य अपने स्थानीय स्वशासन के लिए जाना जाता है। स्थानीय स्वशासन में तीन प्रकार की ग्राम सभाएं विधमान थी- उर, सभा, नगरम।

सभा का सदस्य बनने के लिए निम्न योगयताएं अनिवार्य थी-

1– व्यक्ति की आयु 35 वर्ष से अधिक हो।

2– व्यक्ति के पास $1\frac{1}{2}$ एकड़ भूमि का मलिकाना हक हो।

3– व्यक्ति का पास स्वयं का मकान हो।

4– व्यक्ति को किन्ही दो वेदों का ज्ञान हो।

अतः विकल्प एक (a) गलत है।

16. बौद्ध धर्म में, बोधिसत्व थे–

(a) वे लोग जिन्होने निर्वाण (प्रबोध) प्राप्त किया

(b) बुद्ध की प्रतिमाएँ

(c) चीनी बौद्ध तीर्थ यात्री

(d) बौद्ध विद्वान

Ans. : (a) बौध धर्म की महायान शाखा द्वारा बोधिसत्व को स्वीकार किया गया। बोधिसत्व वे होते हैं जो निर्वाण प्राप्त कर लिए है तथा लोगों को निर्वाण प्राप्ति में सहायता पहुचाते हैं। वे जीवन-मरण के चक्र से मुक्त हो चुके होते हैं।

17. गर्भगृह, कुछ प्रारम्भिक हिन्दू मन्दिरों का सबसे महत्वपूर्ण भाग था–

(a) मन्दिरों में वह स्थान जहाँ लोग एकत्रित हो सकते थे
(b) वह स्थान जहाँ धार्मिक अनुष्ठन नहीं किए जाते थे
(c) गुफाएँ जिन्हें मूर्तियों तथा भित्ति चित्रों द्वारा पूरी तरह सजाया जाता था
(d) वह स्थान जहाँ मुख्य देवी या देवता की मूर्ति को रखा जाता है।

Ans. : (d) गर्भगृह प्राचीन हिन्दू मंदिरों का महत्वपूर्ण भाग था यहाँ पर मुख्य देवी देवताओं की स्थापना की जाती थी। प्राचीन हिन्दू मंदिरों का अन्य महत्वपूर्ण भाग गोपुरम (प्रवेश द्वार) मण्डपम (एकत्रित होने के लिए) आदि थे।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उष्णकटिबन्धीय घासस्थल है?

(a) सवाना (b) पम्पास
(c) स्टेपी (d) डाउन

Ans. : (a) उष्ण कटिबंधीय धास का मैदान सवाना है जो अफ्रीका महाद्वीप में पाया जाता है। पम्पास (अर्जेंटीना), स्टेपी (यूरोप), डाउन्स (आस्ट्रेलिया) के शीतोष्णकटिबंधीय घास के मैदान है।

19. हैंगियोग्राफी सम्बन्धित है–

(a) सन्त के जीवनी लेखन से
(b) शासक के आत्मकथा लेखक से
(c) सन्त के आत्मकथा लेखन से
(d) शासक के जीवनी लेखन से

Ans. : (a) संत के जीवनी लेखन को हैंगियोग्राफी कहा जाता है जिसमें संतो के चमत्कारिक व्यक्तित्व का वर्णन होता है।

20. खाद्य सुरक्षा के विषय में निम्नलिखित दो कथनों, A और B पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. कृषि के विकास का चरम लक्ष्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है।
B. खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय है प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जब खाद्य-सामग्री की कमी होती है, तब सभी लोगों को खाद्य-सामग्री उपलब्ध कराना।

(a) A और B दोनों सहीं हैं
(b) A गलत है और B सही है
(c) A और B दोनों गलत हैं
(d) A सही है और B गलत है

Ans. : (d) कृषि के विकास का चरम लक्ष्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है। कथन (A) सत्य है। खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य न केवल आपदाओं के समय बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी लोगों को खाद्य-सामग्री उपलब्ध कराना है। अतः कथन (B) गलत है।

21. अहोम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक तथ्य नहीं है?

(a) अहोम राज्य कुलों में विभाजित था, जिन्हें पाइक कहा जाता था
(b) अहोम राज्य बेगार पर निर्भर था
(c) अहोम समाज बहुत ही परिष्कृत था
(d) भुइयाँ लोगों की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था का दमन करके अहोम राज्य की स्थापना की गई

Ans. : (a) अहोम राज्य वर्तमान असम राज्य था। यह राज्य कई कुलों में विभाजित था यहाँ मुख्यतः भूमियाँ राजनीजिक व्यवस्था को समाप्त कर अहोम राज्य की स्थापना की गई। यह राज्य व्यवस्था बेगार पर आधारित थी। यह मूलतः आदिवासी थे परन्तु इन्होंने हिन्दू-रीति रिवाजों को अपनाकर समाज को परिष्कृत किया। पाइक पैदल चलने वाली सेना को कहा जाता है।

22. चाणक्य के अनेक विचार एक पुस्तक में लिखे गए, जिसे जाना जाता है।

(a) अथर्ववेद (b) अर्थशास्त्र
(c) यजुर्वेद (d) धर्मशास्त्र

Ans. : (b) चाणक्य द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'अर्थशास्त्र' है। यह पुस्तक राजनीति पर आधारित है।

23. पाण्डुलिपियों और अभिलेखों पर निम्नलिखित दो कथनों A और B पर विचार किजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

A पाण्डुलिपियाँ प्रायः ताड़पत्रो अथवा भूर्ज नामक वृक्ष की छाल से विशेष तरीके से तैयार भोजपत्र पर लिखी जाती थीं।
B अभिलेख पत्थर तथा धातु जैसी अपेक्षाकृत कठोर सतहों पर उत्कीर्ण किए जाते थे।

(a) A और B दोनों सहीं हैं
(b) A गलत है और B सही है।
(c) A और B दोनों गलत हैं
(d) A सही है और (B) गलत है।

Ans. : (a) पाण्डुलिपियाँ प्राचीन संहिताएं हैं जिसे ताड़पत्रों तथा भोज पत्रों पर लिखी गयी। अभिलेख भी एक प्रकार के संहिता ही है जिसे कठोर चट्टानो तथा पत्थरों पर लिखे गये। अतः कथन (A) एवं (B) दोनो सही है।

24. लगभग 2000 वर्ष पहले वाराणसी एक प्रसिद्ध शिल्प केन्द्र था जहाँ श्रेणी थे -

(a) बौद्ध मठ
(b) धातु के सिक्के जिन पर आकृतियाँ बनाई जाती थीं
(c) शिल्पकारों और व्यापारियों के संघ
(d) कृषि उत्पादन के लिए प्रयुक्त लोहे के हलों के फाल

Ans. : (c) लगभग 2000 वर्ष पहले वाराणसी एक प्रसिद्ध शिल्प केन्द्र था जहां शिल्पकारों तथा व्यापारियों के संघ स्थित थे। इन संघो को श्रेणी कहा जाता है।

25. औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में ब्रिटिश कला के आने के साथ निम्नलिखित में से किस एक का चलन प्रारम्भ हुआ था?

(a) भित्ति कला (b) लघुचित्र
(c) तैल चित्र (d) परिप्रेक्ष्य विधि

Ans. : (c) औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में ब्रिटिश कला के आने से चित्रकला क्षेत्र में तैलचित्रों का चलन प्रारम्भ हुआ त्रावनकोण के राजा, राजा रवि वर्मा द्वारा इसका संरक्षण किया गया। राजा रवि वर्मा स्वयं एक तैल चित्र कलाकार थे।

26. लगभग 2000 वर्ष पूर्व निम्नलिखित में से कौन-से शासक 'रेशम मार्ग' पर नियन्त्रण रखने के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध थे?

(a) कुषाण (b) चोल
(c) पाण्ड्य (d) चेर

Ans. : (a) लगभग 2000 वर्ष पूर्व रेशम मार्ग पर कुषाण शासकों का अधिकार था। इस रेशम मार्ग से उन्हें अत्यधिक राजस्व की प्राप्ति होती थी। यह मार्ग चीन से रोम को जाता था जिस पर कुषाण शासक कनिष्क ने अधिकार कर लिया था।

27. दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रशासनिक भाषा थी?

(a) फारसी (b) उर्दू
(c) हिन्दी (d) अरबी

Ans. : (a) दिल्ली सुल्तानों के शासनकाल में प्रशासनिक भाषा फारसी थी।

28. 'सहायक सन्धि' के अन्तर्गत, ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने राज्यों के भारतीय शासकों को बाध्य किया–

(a) वे अपनी स्वतन्त्र सैनिक शक्ति रखेंगे, कम्पनी द्वारा सुरक्षा प्रदान नहीं होगी, परन्तु फिर भी इसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन करना होगा
(b) उनकी कोई अपनी स्वतन्त्र सैनिक शक्ति नहीं होगी, परन्तु केवल कम्पनी द्वारा सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे और उसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन करना होगा
(c) वे अपनी स्वतन्त्र सैनिक शक्ति नही रखेंगे, बिना किसी रख-रखाव के खर्चे के वे कम्पनी द्वारा सुरक्षा प्राप्त करेंगे
(d) वे अपनी स्वतन्त्र सैनिक शक्ति रखेंगे और साथ-साथ उन्हें कम्पनी द्वारा सुरक्षा दी जाएगी और इसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन करना होगा

Ans. : (b) सहायक संधि व्यवस्था गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली (1798-1805) द्वारा शुरु की गई। इस व्यवस्था के अन्तर्गत सहायक संधि स्वीकार करने वाले राज्यों की कोई स्वयं की स्वतंत्र शक्ति नहीं होती थी परन्तु कम्पनी द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाती थी तथा इसके लिए राज्य द्वारा कम्पनी को धन दिया जाता था जो सुरक्षा के बदले होता था।

29. निम्नलिखित जनजातीय समूहों में से कौन-सा मुख्यतः उत्तराखण्ड में संकेन्द्रित है?

(a) गौण्ड (b) भोटिया
(c) माला इरुलर (d) भील

उत्तर (b) उत्तराखण्ड की प्रमुख जनजातियाँ - भोटिया, थारू, जौनसारी, बुक्सा आदि। गोंड तथा भील मध्यप्रदेश की जनजातियाँ है।

30. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 'कलमकारी छापे' के लिए लोकप्रिय है?

(a) तमिलनाडु (b) पंजाब
(c) कर्नाटक (d) आन्ध्र प्रदेश

Ans. : (d) कलमकारी छापे के लिए आंध्रप्रदेश राज्य प्रसिद्ध है। यह रंगोली का ही एक रूप है। पंजाब में इसे मेहदी, तमिलनाडु में कल्लम तथा कर्नाटक में रंगवल्ली कहा जाता है।

31. कक्षा में परिचर्चा के लिए दिए जाने वाले समाजिक आन्दोलन के प्रतीक अध्ययन (केस स्टडी) में निम्नलिखित का होना आवश्यक नहीं है–

(a) आन्दोलन के समाधान
(b) आन्दोलन से सम्बन्धित समस्याओं के क्षेत्र
(c) आन्दोलन की पृष्ठभूमि
(d) आन्दोलन के उद्देश्य

Ans. : (a) कक्षा में परिचर्चा के लिए दिए जाने वाले प्रतीक अध्ययन (केस स्टडी) के प्रमुख तत्व है-
1. समस्या 2. पृष्ठभूमि 3. उद्देश्य
समाधान परिचर्चा के पश्चात छात्र द्वारा दिया जाता है।

32. समाजिक विज्ञान की पाठ्य- पुस्तकों में मानचित्रों और आरेखों का प्रयोग प्रासंगिक है क्योंकि वे –

(a) आवधारणा में नये आयाम को जोड़ते हैं
(b) अवधारणा को स्पष्ट करते है
(c) याद करने को प्रोत्साहित करना
(d) पाठ्य- पुस्तक को आकर्षक बनाते हैं

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में मानचित्रों और आरेखों का प्रयोग प्रसांगिक होता है क्योंकि ये अवधारणा को स्पष्ट करने में सहायक होते है। जिससे छात्र आसानी से समझ सकता है।

33. सामाजिक विज्ञान शिक्षण का आधार-पत्र किस पर बल देता है?

(a) विभिन्न मतों का सम्मान करना तथा विचारों व अभ्यासों का परीक्षण करना
(b) याद करने को प्रोत्साहित करना
(c) विशेषज्ञों द्वारा बनाए जाते हैं
(d) पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग अधिक करना

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान शिक्षण का आधारपत्र विभिन्न मतो का सम्मान करना तथा विचारों व अभ्यासों का परीक्षण करने पर बल देता है ताकि छात्र स्वयं के विचारों को निर्मित कर सके तथा पक्षपातपूर्ण अभिव्यक्ति से बचे।

34. उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में शामिल हैं–

(a) भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा अर्थशास्त्र
(b) इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और पर्यावरण विज्ञान
(c) राजनीति विज्ञान, भूगोल, इतिहास तथा समाजशास्त्र
(d) इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान

Ans. : (a) उच्च प्राथमिक स्तर पर समाजिक विज्ञान में भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा अर्थशास्त्र विषय शामिल होते है।

35. मान लीजिए सामाजिक विज्ञान की प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तक विद्यार्थियों के लिए कठिन है। आप क्या करेंगे?

(a) विभिन्न प्रकार की पूरक सामग्रियाँ प्रदान करेंगे
(b) रटकर सीखने पर बल देंगे
(c) प्रत्येक पाठ का संक्षिप्त विवरण लिखवाएँगे
(d) प्रश्न-उत्तर तकनीक का प्रयोग करेंगे

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान की प्रस्तावित पाठ्य पुस्तकों को विद्यार्थियों के समझ में लाने के लिए पाठ्य पुस्तकों से संबंधित पूरक सामग्रियों का प्रयोग करना सर्वाधिक उपयुक्त होगा। इससे विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों की समझ आसानी से हो सकेगी।

36. सामाजिक विज्ञान के शिक्षा में ऐतिहासिक फिल्में उपयोगी हैं –

(a) व्यक्तिगत समस्या पर ध्यान केंद्रित करने में
(b) एक अच्छा मनोरंजन प्रस्तुत करने में
(c) इतिहास को कल्पित कथा के रुप में चित्रित करने में
(d) एक विशेष सामाजिक संरचना के विभिन्न आयामों का सजीव चित्रण करने में

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में ऐतिहासिक फिल्में उपयोगी होती है। इसके द्वारा किसी विशेष सामाजिक संरचना के विभिन्न आयामों का सजीव चित्रण आसानी से किया जा सकता है तथा विद्यार्थी भी संरचना के सभी पहलुओं पर ध्यान दे सकेगा।

37. मूल्यांकन का उद्देश्य क्या है?

(a) समस्यात्मक विद्यार्थियों की पहचान करना
(b) शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में सुधार लाना
(c) बच्चों को श्रेणियों में बाँटना
(d) प्रतियोगिता का प्रोत्साहित करना

Ans. : (b) मूल्यांकन वह प्रक्रिया है जिससे शिक्षक द्वारा यह आकलन किया जाता है कि उसके द्वारा किया गया शिक्षण कार्य कितना सफल रहा फलस्वरूप आवश्यकतानुसार वह अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार करता है।

38. एक क्षेत्र के इतिहास के पाठ को शिक्षक 'ब' अभी पढ़ा रही हैं। आपके विचार में 'ब' को क्या करना चाहिए?

(a) विभिन्न कालविधियों में समानताओं तथा परिवर्तनों पर प्रकाश डालना
(b) वर्तमान की भूतकाल से समानताओं पर प्रकाश डालना
(c) विभिन्न शासकों के व्यक्तित्वों पर प्रकाश डालना
(d) अवधि के मुख्य लक्षणों को विद्यार्थियों को याद करने के लिए प्रोत्साहित करना

Ans. : (a) इतिहास शिक्षक द्वारा जब एक क्षेत्र के इतिहास के बारे में पढ़ाया जा रहा है तो शिक्षक के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र विशेष के विभिन्न कालविधियों में समानताओं तथा परिवर्तन पर प्रकाश डाला जाय। इससे छात्र उस क्षेत्र के क्रमिक विकास को आसानी से समझ सकेंगे।

39. कक्षा-कक्ष में पक्षपात, भेदभाव और पूर्वाग्रहों को किसके द्वारा दूर किया जा सकता है?

(a) मानवता पर एक व्याख्यान का आयोजन करके
(b) संविधान के आमुख को प्रदान करके
(c) उनकी बातों पर ध्यान न देकर क्योंकि बच्चे एक-न-एक दिन अपने-आप इन्हें छोड देंगे
(d) सामाजिक वास्तविकताओं के विभिन्न आयामें के बारे में परिचर्चा करके

Ans. : (d) सामाजिक वास्तविकताओं के विभिन्न आयामों के बारे में चर्चा करके कक्षा-कक्ष के पक्षपात, भेदभाव और पूर्वाग्रहों को दूर किया जा सकता है।

40. रचनात्मक मूल्यांकन को कब किया जाता है?

(a) सत्र के अन्त में
(b) इकाई के अन्त में
(c) नई इकाई को पढ़ाने के पूर्व
(d) शिक्षण-अधिगम प्रकिया के दौरान

Ans. : (d) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान रचनात्मक मूल्यांकन किया जाता है। जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

41. उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल और अर्थशास्त्र एक साथ निम्नलिखित में सहायक हो सकते है

(a) पर्यावरण, संसाधन एवं विकास के मुद्दो के प्रति दृष्टिकोण विकसित करना
(b) संसाधनों के इष्टाम नियतन को समझना
(c) बहुलवाद को समझना
(d) पर्यावरण एवं स्थानों के बारे में ज्ञान को विकसित करना

Ans. : (a) भूगोल तथा अर्थशास्त्र सामाजिक विज्ञान के विषय होने के साथ-2 एक दूसरे के पूरक भी होते है इन विषयों का एक साथ शिक्षण कराने पर पर्यावरण, संसाधन एवं विकास के मुद्दो के प्रति दृष्टि विकसित की जा सकती है।

42. 'आप अलाउद्दीन खिलजी या मोहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में एक किसान हैं और आप सुल्तान द्वारा लगाया गया कर नहीं चुका सकते। आप क्या करेंगे? उपरोक्त प्रश्न में किसकों बढ़ावा दिया जा रहा है।

(a) इतिहास के सन्दर्भ में एक कल्पना
(b) साहित्य का महत्व
(c) स्त्रोतों का महत्व
(d) संस्कृति का सम्मान

Ans. : (a) उपरोक्त प्रश्न कल्पनाशील है क्योंकि स्वयं को सुल्तान के शासन काल में किसान के रुप में रखकर समस्या का समाधान खोजने की बात की जा रही है जो अतीत में है। यह मात्र कल्पना के द्वारा ही संभव है।

43. कक्षा VI की इतिहास की पाठ्य - पुस्तक के प्रत्येक पाठ की शुरुआत एक युवा लड़की या लड़के के द्वारा की गई है। आपके विचार में पाठ्य-पुस्तक निर्माता द्वारा यह रणनीति क्यों अपनाई गई है?

(a) यह दिखाना कि लड़के एवं लड़कियाँ इतिहास का अध्ययन कर सकते हैं
(b) यह बताना कि प्रस्तावना कैसे दी जा सकती है?
(c) पाठ की विषय- वस्तु का मुल्यांकन करना
(d) विद्यार्थियों में पूछताछ तथा खोज की भावना को विकसित करना

Ans. : (d) पाठय पुस्तक के प्रत्येक पाठ की शुरुआत लड़के या लड़की द्वारा की जा रही है इसके लिए पाठय-पुस्तक निर्माता की यह रणनीति रही होगी कि विद्यार्थियो में पूछताछ तथा खोज की भावना को विकसित किया जा सके।

44. सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों के प्रति क्या दृष्टिकोण होना चाहिए?

(a) याद करने योग्य एक अभिलेख के रूप में
(b) अन्तिम वक्तव्य के रुप में
(c) आगामी पूछताछ के अवसर के रूप में
(d) ज्ञान के भण्डार के रूप में

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान के पाठ्य-पुस्तकों के प्रति यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि आगामी प्रश्नों के पूछताछ के अवसर को बढ़ाया जाय।

45. वृत्त आरेख किसके लिए उपयोगी है?

(a) ऐतिहासिक अवधि की विशेषताओं को दर्शाना
(b) एक प्रतिरुप को प्रदर्शित करना
(c) विभिन्न मात्राओं की तुलना करना
(d) समग्र के सम्बन्ध में किसी एक मूल्य को प्रदर्शित करना

Ans. : (d) समग्र के सम्बंध में किसी एक मूल्य को प्रदर्शित करने के लिए वृत्त आरेख उपयोगी होते है।

46. संक्रियात्मक मूल्यांकन निम्नलिखित के लिए अनुपयुक्त है–

(a) ग्रेड का निर्धारण करना
(b) विद्यार्थी के सीखने का सारांशीकरण करना
(c) प्रस्तावित सत्र के अनंत में मूल्यांकन करना
(d) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान प्रगति का आकलन

Ans. : (a) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान सम्पूर्ण प्रगति का आकलन करने के लिए संक्रियात्मक मूल्यांकन सर्वाधिक उपयुक्त होता है।

47. लोकतान्त्रिक संस्थानों पर प्रोजेक्ट करके दिखाया जा सकता है कि

(a) इनका विश्लेषण करके इनकी विशेषताओं और चुनौतियों को पहचाना जा सकता है
(b) विद्यार्थियों को इन संस्थानों को जैसे हैं वैसे स्वीकार करना चाहिए
(c) वे जैसे पाठ्य-पुस्तकों में वर्धित हैं उसी प्रकार के हैं
(d) यह संस्थान प्रभावशाली नहीं हैं

Ans. : (a) लोकतांत्रिक संस्थानो पर प्रोजेक्ट कार्य द्वारा उन्हे विश्लेषित किया जा सकता है तथा उनकी विशेषताओं और चुनौतियों की पहचान की जा सकती है।

48. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में प्रयोग की जाने वाली भाषा कैसी होनी चाहिए?

(a) प्रमुख समूहों का प्रतिनिधित्व करती हुई
(b) मुश्किल
(c) पक्षपातपूर्ण
(d) तटस्थ और संवेदनशील

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में प्रयोग की जाने वाली भाषा तटस्थ तथा संवेदनशील होनी चाहिए ताकि कक्षा में उपस्थित सभी वर्ग एवं समुदाय के छात्रों को आसानी से समझ में आ सके तथा किसी प्रकार द्वेषपूर्ण भावना न विकसित हो।

49. सामाजिक विज्ञान पढ़ाते समय, एक शिक्षक का प्रयास होना चाहिए–

(a) विस्तृत रूप से याद करने पर बल देना
(b) केवल मूल्यों पर बल देना, लेकिन तथ्यों पर नहीं
(c) तथ्यों, मूल्यों तथा आदर्शो पर बल देना
(d) केवल तथ्यों पर बल देना, लेकिन मूल्यों पर नहीं

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान पढ़ाते समय शिक्षक को तथ्यो, मूल्यों तथा आदर्शों पर बल देना चाहिए क्योकि इन सभी तत्वों की उपस्थिति में ही शिक्षण-अधिगम में पूर्णता आ सकती है और शिक्षण कार्य सफल हो सकता है।

50. भारतीय संसद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(a) वित्त से सम्बन्धित मामलों में, संसद की मंजूरी सरकार के लिए महत्वपूर्ण नहीं होती
(b) हमारी व्यवस्था में संसद के पास महत्वपूर्ण शक्तियाँ हैं क्योकि यह जनता का प्रतिनिधित्व करती है
(c) जब संसद का सत्र चल रहा होता है, तो उसमें सबसे पहले प्रश्न-काल होता है
(d) भारतीय संसद के तीन अंग हैं - राष्ट्रपति, राज्यसभा और लोकसभा

उत्तर (a) वित्त से सम्बंधित मामलों में संसद को शक्ति भारतीय संविधान द्वारा दी गई है अतः वित्त सम्बन्धित मामलों में संसद की मंजूरी सरकार के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। अतः कथन (a) असत्य है।

51. संयुक्त राज्य अमेरिका में 'नागरिक अधिकार आन्दोलन' शुरु हुआ था

(a) सभी अफ्रीकी-अमेरिकन नागरिकों के लिए समान अधिकारों तथा जातीय विभेद की समाप्ति की माँग के लिए
(b) अफ्रीकी-अमेरिकन महिलाओं के मताधिकार की माँग के लिए
(c) अफ्रीकी-अमेरिकन पुरुषों के मताधिकार की माँग के लिए
(d) अफ्रीकी-अमेरिकन वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा की माँग के लिए

Ans. : (a) संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन 1955 से 1968 ई. के बीच हुआ था। इस आंदोलन की शुरुआत सभी अफ्रीकी अमेरिकी नागरिकों के लिए समान अधिकारों तथा जातीय विभेद की समाप्ति की मांग के लिए हुई थी।

52. कक्षा VIII के विद्यार्थियों को मानव संसाधन के अध्यापन के समय आप विद्याथियों में किस मुख्य सन्देश को विकसित करना चाहेंगे?

(a) संसाधन के रुप में लोगों का महत्व
(b) भौतिक संसाधनों का महत्व
(c) मानवों द्वारा संसाधनों का उपयोग
(d) जनसंख्या का वितरण

Ans. : (a) मानव संसाधन के अध्ययन के दौरान शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को यह संदेश देना चाहिए कि संसाधन के रुप में लोगों का महत्व कितना है। संसाधन को किस प्रकार उपयोग करें कि उनका क्षरण कम हो तथा संसाधनों का नियोजन अच्छे तरीके से हो सके।

53. न्यायपालिका के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) न्यायपालिका को संसद द्वारा पारित किए गए कानूनों को रद्द करने का अधिकार है

(b) यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है
(c) न्यायिक व्यवस्था नागरिकों तथा नागरिकों व सरकार के बीच पैदा होने वाले विवादों को हल करने की क्रियाविधि उपलब्ध कराती है, परन्तु दो राज्य सरकारों के बीच नहीं
(d) न्यायपालिका के कार्यक्षेत्र में विधायिका और कार्यपालिका हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं

Ans. : (c) न्यायपालिका की मुख्य विशेषताएं निम्न हैं -
- न्यायपालिका संसद द्वारा पारित सभी कानूनों को रद्द करने का अधिकार रखती है
- नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षक होती है।
- न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका से स्वतंत्र होती है।
- न्यायपालिका नागरिक, केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों के बीच विवादों का निपटारा करने का अधिकार रखती हैं, अतः विकल्प (c) गलत है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दीवानी (सिविल) कानून के दायरे में नहीं आता है?
(a) जमीन को बेचने से सम्बन्धित विवाद
(b) बच्चों को रखने का दावा करना
(c) दहेज के लिए महिला को परेशान करना
(d) तलाक का केस फाइल करना

Ans. : (c) दहेज के लिए महिला को परेशान करना फौजदारी कानून के तहत आता है।

55. संवैधानिक उपचार का अधिकार के अन्तर्गत–
(a) केवल भाषायी अल्पसंख्यक समुदायों को यह अधिकार दिया गया है कि यदि वे समझते हैं कि संविधान में दिए गए उनके सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का राज्य द्वारा उल्लंघन किया गया है, तो वे अदालत जा सकते है
(b) केवल धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों को यह अधिकार दिया गया है कि यदि वे समझते हैं कि संविधान में दिए गए उनके सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का राज्य द्वारा उल्लंघन किया गया है, तो वे अदालत जा सकते हैं
(c) सभी नागरिकों को अदालत में जाने का अधिकार है यदि वे समझते हैं कि राज्य द्वारा किसी एक राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्त का पालन नहीं हुआ है
(d) यदि किसी नागरिक को लगता है कि राज्य द्वारा उसके किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है, तो वह अदालत में जा सकता है

Ans. : (d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार संविधान में अनु.-32 में वर्णित है। इस अनु. के अनुसार यदि किसी नागरिक को लगता है कि राज्य द्वारा उसके किसी मौलिक अधिकारों का उलंघन हुआ है तो वह न्यायपालिका के शरण में जा सकता है।

56. विधानसभा के सदस्य–
(a) लोगों (जनता) द्वारा चुने जाते हैं
(b) मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त किए जाते हैं
(c) राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए जाते हैं
(d) प्रधानमन्त्री द्वारा नियुक्त किए जाते हैं

Ans. : (a) विधान सभा विधान मण्डल का निचला सदन है। विधान सभा के सदस्य जनता द्वारा चुने जाते है तथा इसके सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ग्राम पंचायत का कार्य नहीं है?
(a) गाँवों के लागों को रोजगार देने सम्बन्धी सरकारी योजनाएँ लागू करना
(b) ग्राम पंचायत अपने पंचायत सचिव को चुनती है
(c) गाँवों की बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और रख-रखाव
(d) स्थानीय कर लगाना और इकट्ठा करना

Ans. : (b) ग्राम पंचायत अपने पंचायत सचिव को नहीं चुनती है इसकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है।

58. गठबंधन सरकार से अभिप्राय है–
(a) चुनावों के बाद किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की साझेदारी
(b) कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता की साझेदारी
(c) राज्य सरकार तथा पंचायती राज संस्थानों के बीच सत्ता की साझेदारी
(d) केन्द्र और राज्य सरकार के बीच सत्ता की साझेदारी

Ans. : (a) चुनाव के बाद किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की साझेदारी गठबंधन सरकार कहलाती है।

59. संविधान के अनुच्छेद 22 में उल्लिखित फौजदारी (दण्ड) कानून के अन्तर्गत प्रत्येक गिरफ्तार व्यक्ति को निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार नहीं दिया गया है?
(a) पुलिस हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को आरोपी के खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है
(b) गिरफ्तारी के 24 घण्टें के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने का अधिकार
(c) गिरफ्तारी के दौरान या हिरासत में किसी भी तरह के दुर्व्यवहार या यातना से बचने का अधिकार
(d) गिरफ्तारी के समय उसे यह जानने का अधिकार है कि गिरफ्तारी किस कारण से की जा रही है?

Ans. : (a) संविधान के अनु.-22 में उल्लिखित फौजदारी कानून के अन्तर्गत प्रत्येक गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस हिरासत में दिए गये इकबालिया बयान को आरोपी के खिलाफ सबूत के तौर पर प्रयोग करने का मौलिक अधिकार नहीं मिलता है।

60. तवा मत्स्य संघ, मछुआरों की सहकारी समितियों का एक संघ, जो जंगलों से विस्थापित निवासियों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है, किस राज्य में है।
(a) उत्तराखण्ड में (b) मध्य प्रदेश में
(c) छत्तीसगढ़ में (d) झारखण्ड में

Ans. : (b) तवा मत्स्य संघ, मछुवारों की सहकारी समितियों का एक संघ है जो मध्य प्रदेश में है, ये संघ जंगलों से विस्थापित निवासियों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2014

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 21 सितम्बर, 2014)**

1. मनुष्य ने कुछ क्षेत्रों में लगभग 8000 वर्ष पहले गाँवों में रहना आरम्भ किया था। निम्नलिखित में से वे क्षेत्र कौन-से थे?

(a) नर्मदा के आस-पास के क्षेत्र
(b) सुलेमान तथा किरथर पहाड़िया
(c) गंगा तथा यमुना दोआब
(d) दंक्कन तथा कोंकण

Ans. : (b) सुलेमान तथा किरथर पहाड़ियों की खोज पुरातत्वों द्वारा की गयी जो लगभग 8000 ई.पू. मानव निवास की स्थिति को दर्शाता है। वर्तमान में यह स्थल क्रमशः पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में स्थित है। मेहरगढ़ यहीं स्थित था जहाँ पर प्राचीनतम मानव बस्ती के प्रमाण पाए गये है। यहाँ से नवपाषाण काल तथा हड़प्पा काल के साक्ष्य प्राप्त हुए है।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र प्राचीन काल में 'मगध' के नाम से जाना जाता था?

(a) गंगा का दक्षिणी क्षेत्र
(b) गंगा तथा यमुना के मध्य का क्षेत्र
(c) गंगा तथा उत्तरी क्षेत्र
(d) यमुना तथा चम्बल के मध्य का क्षेत्र

Ans. : (a) छठी शताब्दी ई.पू. गंगा के दक्षिणी तट पर मगध सम्राज्य का उदय हुआ। वर्तमान बिहार राज्य के गया, पटना तथा शाहाबाद जिले में मगध साम्राज्य में स्थित थे। इसकी राजधानी राजगिरि थी। मगध सम्राज्य की स्थापना हर्यक वंश के शासक बिम्बिसार द्वारा की गई थी। यह सम्राज्य तत्कालिक 16 महाजनपदों से सबसे शक्तिशाली महाजनपद था।

3. भरत लोगों का एक समूह था, जिसका उल्लेख 'ऋग्वेद' में मिलता हैं। वे .....में रहते थे।

(a) दक्षिण भारत (b) उत्तर भारत
(c) पश्चिम भारत (d) उत्तर-पश्चिमी भारत

Ans. : (d) 1500 ई.पू. भारत में कई अलग-2 कबीलों का आगमन भारत में हुआ जिन्हें आर्य कहा जाता है। इन्ही कबीलों में भरत कबीला भी था जो सरस्वती एवं यमुना नदी के बीच दोआब अर्थात् उत्तर उत्तर-पश्चिमी भारत क्षेत्र में बस गया। भरत कबीले का राजा सुदास था।

4. ऋग्वेद की मूल रचना.....भाषा में हुई थी।

(a) प्राकृत (b) संस्कृत
(c) ब्राह्मी (d) शौरसेनी

Ans. : (b) ऋचाओं के क्रमबद्ध ज्ञान के संग्रह को ऋग्वेद कहा जाता है। इसमें 10 मण्डल, 1028 सूक्त एवं 10462 ऋचाएं हैं तथा इसकी मूल रचना संस्कृत में की गई है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा आखेटक-खाद्य संग्राहक के एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर घूमते रहने का कारण नहीं था?

(a) एक स्थान पर रहने से संसाधनों में कमी हो जाती थी
(b) उन जानवरों का पीछा करना, जिसका वे शिकार करते थे
(c) संसाधनों के लिए अन्य आखेटक-खाद्य संग्राहक समूहों से संघर्ष करना
(d) जल संसाधनों की खोज के लिए

Ans. : (c) पाषाणकाल के प्रारम्भिक अवस्था में मानव का जीवन जंगल 'वन' तथा जानवरों पर आधारित था जिसके कारण उनका स्थानान्तरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता था। प्रारम्भिक अवस्था में मानव में सामाजिकता नही थी। वह अकेला रहता था तथा समाजिकता के न होने से समूहों का भी आभाव था अतः समूह संघर्ष मानव घूमने का कारण नहीं था।

6. मानव इतिहास में कौन-सा काल/युग सबसे लम्बा है?

(a) पुरापाषाण युग (b) महापषाण युग
(c) मध्यपाषाण युग (d) नवपाषाण युग

Ans. : (a) प्रागैतिहासिक (पाषाण काल) को तीन भागों में बाटा जा सकता है-

1 - पुरापाषाण काल (25 लाख ई.पू. -10000 ई.पू.)
2 - मध्य पाषाण काल (10000 ई.पू. -8000 ई.पू.)
3 - नवपाषाण काल (8000 ई.पू.-6000 ई.पू.)

इस प्रकार पुरापाषाण काल का समय सर्वाधिक लम्बा था।

7. .....में प्राचीन शैल चित्रकला मिली हैं।

(a) कर्नाटक तथा तमिलनाडु
(b) तमिलनाडु तथा आन्ध्र प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश तथा उड़ीसा
(d) मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश

Ans. : (d) मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश से शैलचित्र कला के अवशेष मिले है। मध्यप्रदेश में भीमबेटका तथा आदमगढ़ और उत्तर प्रदेश में चोपानीमांडो तथा महदहा से अनेक शैल चित्र मिले है जिन्हें चट्टानों पर बनाया गया है। यह चित्रकला पुरापाषाण काल से सम्बंधित है। इस चित्रकला का विषय आखेट तथा पशु-पक्षी है।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा हड़प्पा का स्थल नहीं है?

(a) राखीगढ़ी (b) सोत्काकोह
(c) गंवेरीवाला (d) चिराँद

Ans. : (d) चिरांद नवपाषाण कालीन स्थल है जो बिहार के सारण जिले में स्थित है यहाँ से हिरण सींग से निर्मित उपकरणें की प्राप्ति हुई है। जबकि राखीगढ़ी, सोत्काकोह तथा गंवेरीवाला हड़प्पा कालीन स्थल हैं।

9. पुरु, यदु और भरत वेदों में उल्लेख.....की तरह है।

(a) जन (b) राष्ट्र

(c) राजन (d) दस्यु

Ans. : (a) भारत में आर्यो का आगमन 1500 ई.पू. हुआ था जो कई कबीलों (जन) में विभक्त थे। प्रमुख कबीले थे- पुरु, यदु, अनु, तुर्वश, आलिन, भलानस, शिवि, विषाणी तथा भरत आदि। इनका उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है।

10. शफी तथा हनफी हैं–

(a) उस्लामी वास्तुकला शैलियाँ

(b) सऊदी अदब में स्थान

(c) न्याय के इस्लामी सिद्धान्त

(d) दो इस्लामी शासक

Ans. : (c) शफी व हनफी इस्लामिक न्याय सिद्वांत से सम्बंधित है। इस्लामिक परम्परा में किसी विवाद पर निपटारा इन्हीं इस्लामी सिद्धांतों पर किया जाता है।

11. दन्तिदुर्ग, जिसने 'हिरण्य-गर्भ' नामक एक अनुष्ठान किया वह था–

(a) चोल राजा (b) प्रतिहार प्रधान

(c) राष्ट्रकूट प्रधान (d) पल्लव प्रधान

Ans. : (c) दन्तिदुर्ग ने 752 ई. में राष्ट्रकूट वंश की स्थापना की एवं मान्यखेत को अपनी राजधानी बनाई। इन्होंने उज्जयिनी में हिरण्यगर्भ यज्ञ (महादान) का अनुष्ठान किया था।

12. यह किसने लिखा है कि रजिया अपने भाइयों से कहीं अधिक योग्य तथा सक्षम थी?

(a) अल–बरुनी (b) बदायूँनी

(c) मिन्हाज-उस-सिराज (d) जियाउद्दीन बरानी

Ans. : (c) मिनहाज-उस-सिराज ने अपनी पुस्तक तबकात-ए-नासिरी में गुलामवंश के शासकों तथा उनके प्रशासन का वर्णन किया है मिनहाज ने अपनी पुस्तक में वर्णन किया है कि ''रजिया अपने भाइयों से अधिक योग्य थी इसलिए इल्तुतमिश ने रजिया को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।'' मिनहाज के अनुसार रजिया के पतन का मुख्य कारण उसका स्त्री होना था।

13. एक शिलालेख में कहा गया है कि दिल्ली के सुल्तान को खुदा के द्वारा चुना गया है क्योंकि उसमें मोसिम तथा सोलोमन जैसे गुण विद्यमान हैं। दिल्ली का सुल्तान कौन था?

(a) सिकन्दर लोदी (b) फिरोज शाह तुगलक

(c) बलबन (d) अलाउद्दीन खिलजी

Ans. : (d) खिलजी वंश का वास्तविक संस्थापक अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316 ई.) था। इसके समकालीन एक शिला-लेख जोधपुर से प्राप्त हुआ है जिसमें वर्णित है कि दिल्ली के सुल्तान को खुदा द्वारा चुना गया क्योंकि उसमें मोसिम तथा सोलोमन जैसे गुण विद्यमान है।

14. ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन के दौरान किस राजस्व बन्दोबस्त के अन्तर्गत राजस्व एकत्र करने और उसे कम्पनी को अदा करने की जिम्मेदारी गाँव के मुखिया को सौपी गई?

(a) जमींदारी बन्दोबस्त (b) स्थायी बन्दोबस्त

(c) रैयतवारी बन्दोबस्त (d) महलवारी बन्दोबस्त

Ans (d) अंग्रेजी शासनकाल में हाल्ट मैकेंजी के द्वारा 1822 ई. में महलवाड़ी प्रथा का प्रतिपादन किया गया। यह प्रथा राजस्व वसूलने की एक व्यवस्था थी जिसे गंगा का दोआब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा मध्य भारत के कुछ भागों में लागू की गई। इस व्यवस्था के अन्तर्गत कम्पनी गाँव के मुखिया के साथ राजस्व के लिए अनुबंध करते तथा गाँव का राजस्व वसूलने तथा जमा करने का दायित्व गाँव के मुखिया को सौंप दिया जाता।

15. प्रथम विश्व युद्ध ने किस प्रकार भारत की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति बदल दी?

(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियों पर छः वर्ष के लिए रोक लगा दी गई

(b) कीमतों में भारी गिरावट होने से जन सामान्य लाभान्वित हुए

(c) अनेक देशी रियासतों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध बगावत कर दी

(d) युद्ध ने औद्योगिक वस्तुओं की माँग में वृद्धि कर दी जिससे भारतीय उद्योगों का विस्तार हुआ

Ans. : (d) प्रथम विश्व युद्ध 1914 से 1918 तक हुआ। युद्ध के परिणामस्वरुप वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई फलस्वरूप कीमतों में वृद्धि हुई। इससे भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ी तथा भारत का औद्योगिकरण तीव्र हो गया और भारत में आर्थिक तथा राजनैतिक परिवर्तन हुआ।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा मरुस्थल का एक उदाहरण है?

(a) लद्दाख (b) सुन्दरबन

(c) कोंकण (d) पश्चिमी घाट

Ans. : (a) लद्दाख एक शीत मरुस्थल है जो जम्मू कश्मीर राज्य में स्थित है। सुन्दरवन, कोंकण तथा पश्चिमी घाट समुद्रतटीय क्षेत्र है।

17. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन पृथ्वी की स्थिति के सम्बन्ध में सत्य है?

(a) पृथ्वी का अक्ष एक वास्तविक रेखा है जो इसके कक्षीय समतल से $66\frac{1}{2}^0$ का कोण बनाती है

(b) पृथ्वी का अक्ष एक वास्तविक रेखा है जो इसके कक्षीय समतल से $23\frac{1}{2}^0$ का कोण बनाती है।

(c) पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा है जो इसके कक्षीय समतल से $66\frac{1}{2}^0$ का कोण बनाती है।

(d) पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा है जो इसके कक्षीय समतल से $23\frac{1}{2}^0$ का कोण बनाती है।

Ans. : (c) पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा है जो इसके कक्षीय समतल से $66\frac{1}{2}^0$ का कोण बनाती है जबकि पृथ्वी अपने अक्ष पर $23\frac{1}{2}^0$ झुकी हुई है।

18. प्रदीप्ति वृत्त है

(a) वृत्त जो ग्लोब को दो भागों में विभाजित करता है
(b) वृत्त जो ग्लोब पर दिन को रात से विभाजित करता है
(c) विषुव पर पृथ्वी की स्थिति, जब दिन और रात बराबर होते हैं
(d) एक विशेष मध्याह्न रेखा पर दोपहर 12:00 बजे सूर्य की स्थिति

Ans. : (b) प्रदीप्ति वृत्त वह रेखा है जो दिन व रात को विभाजित करता है।

19.



दक्षिण

मुख्य दिशाएँ

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

Ans. : (d)



20. लक्षद्वीप द्वीपसमूह.....में स्थित है।

(a) हिन्द महासागर (b) अरब सागर
(c) बंगाल की खाड़ी (d) दक्षिण चीन सागर

Ans. : (b) लक्ष्यद्वीप द्वीपसमूह अरब सागर में स्थित है। इसमें द्वीपों की कुल संख्या 36 है तथा केवल 10 द्वीप पर ही मानव निवास करते हैं। यह द्वीप समूह मूगा द्वीप का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

21. ब्राजील में पाया जाने वाल 'कम्पोस'.....है।

(a) एक जनजाति
(b) एक उष्णकटिबन्धीय घास का मैदान
(c) एक परम्परागत नृत्य
(d) एक उष्णकटिबन्धीय पशु

Ans. : (b) कम्पोस ब्राजील में पाया जाने वाला उष्णकटिबंधीय घास का मैदान है।

22. कोलकाता बन्दरगाह.....पर/में स्थित है।

(a) गंगा सागर (b) बंगाल की खाड़ी
(c) हुगली नदी (d) भागीरथी नदी

Ans. : (c) कोलकाता बन्दरगाह हुगली नदी के तट पर स्थित है यह पश्चिमी बंगाल में स्थित है। इस बन्दरगाह का प्रमुख पोताश्रय खिदिरपुर है। समुद्र तट पर स्थित इस पोतश्रय को डायमण्ड हार्बर के नाम से जाना जाता है।

23. संसार में किस महाद्वीप पर सबसे कम जनसंख्या है?

(a) यूरोप (b) आस्ट्रेलिया
(c) दक्षिण अमेरिका (d) अफ्रीका

Ans. : (b) व्याख्या– आस्ट्रेलिया विश्व का सबसे छोटा (क्षेत्रफल) तथा सबसे कम जनसंख्या वाला महाद्वीप है। यह महाद्वीप दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है तथा मकर रेखा इस महाद्वीप के मध्य से होकर गुजरती है।

24. लद्दाख में पाए जाने वाले 'गम्पास'.....है।

(a) बौद्ध विहार/मन्दिर
(b) बकरी की प्रजाति/किस्म
(c) शॉल की किस्म
(d) बौद्ध भिक्षु

Ans. : (a) लद्दाख में पाए जाने वाले गम्पास बौद्व विहार तथा मंदिर होते है। यह विहार मंदिर तिब्बती शैली से निर्मित होते है। यहाँ पर भिक्षुओं के रहने के लिए निवास स्थान तथा पूजा गृह होता है।

25. चित्र प्रस्तुत करता है



(a) पर्वतीय वर्षा (b) संवहनी वर्षा
(c) चकवाती वर्षा (d) मानसून-पूर्व वर्षा

Ans. : (c) चक्रवातों द्वारा होने वाली वर्षा को चक्रवाती वर्षा कहते हैं। चक्रवात में निम्न वायुदाब का केन्द्र होता है। केन्द्र से बाहर की ओर सभी ओर वायुदाब बढ़ता जाता है। इस अवस्था में हवाएं बाहर से भीतर की ओर चलती है, इसको चक्रवात कहते हैं। हवाएं केन्द्र की ओर आती है और ऊपर उठकर ठंडी होती है और वर्षा करती है।

26. कौन-सा उद्योग अकसर आधुनिक उद्योगों की रीढ़ की हड्डी कहलाता है?

(a) पेट्रोलियम (b) ऊर्जा
(c) यातायात (d) इस्पात

Ans. : (d) इस्पात उद्योग को आधुनिक उद्योगों के रीढ़ की हड्डी माना जाता है क्योंकि अन्य उद्योगों के यंत्र एवं मशीनरी का निर्माण इस्पात से ही होता है।

27. ऑर्गेनिक खेती में

(a) फसल की पैदावार में वृद्धि करने हेतु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।

(b) फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए जीन्स में संशोधन किया जाता है।

(c) प्राकृतिक खाद तथा कीटनाशकों (पेस्टीसाइड) का प्रयोग किया जाता है।

(d) भारत में केवल कपास के उत्पादन की अनुमति दी गई है

Ans. : (c) आर्गेनिक खेती (जैविक खेती) में रासायनिक उर्वरकों तथा रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार की खेती में प्राकृतिक जीव जन्तु तथा पेड़ पौधों से बनी खाद (हरी खाद) तथा इनसे निर्मित कीटनाशकों का प्रयोग किया जाता है। हरी खाद को प्राकृतिक खाद भी कहा जाता है।

28. खाद्य-सुरक्षा के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है–

(a) खाद्य-सुरक्षा तभी बनी रहती है जब सरकार अगले पाँच वर्षो के लिए अनाज का सुरक्षित भण्डार बनाए रखती है

(b) सरकार अनाज का पर्याप्त भण्डार बनाए रखने के लिए अनाज के निर्यात पर रोक लगा देती है

(c) सरकार बेहतर तथा सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए ऑर्गेनिक खाद्यों के उत्पादन के लिए प्रात्साहित करती हैं

(d) खाद्य-सुरक्षा बनी रहती है जब सभी व्यक्तियों के लिए सभी समय पर्याप्त, सुरक्षित तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थ की सुविधा उपलब्ध हो

Ans. : (d) खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य सभी व्यक्तियों को हर समय पर्याप्त मात्रा में भोजन तथा पौष्टिक आहार के उपलब्धता की गारण्टी से है। इसके लिए वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया।

29. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रसिद्ध पर्यावरण-अनुकूल ऑटोमोबाइल ईंधन है?

(a) सी एन जी. (b) पी एन जी.

(c) एल पी जी (d) के जी -6

Ans. : (a) पर्यावरण अनुकूल आटोमोबाइल ईंधन CNG (Compresed Natural Gas) संपीडित प्राकृतिक गैस है। यह हाइड्रोकार्बन का मिश्रण होता है। CNG में 80-90% मेथेन (CH_4) गैस होती है।

30. बैरोमीटर का प्रयोग.....होता है।

(a) वर्षा को मापने के लिए

(b) तापमान को मापने के लिए

(c) वायुमण्डलीय दाब को मापने के लिए

(d) समुद्र के स्तर को मापने के लिए

Ans. : (c) वायुमण्डलीय दाब को मापने के लिए बैरोमीटर यंत्र का उपयोग किया जाता है। इसका निर्माण फोर्टिन द्वारा किया गया । बैरोमीटर में पारे का गिरना तूफान आने का संकेत होता है।

31. ऐसा विश्वास किया जाता है कि ईसा का शिष्य, सेण्ट थॉमस.....में आए।

(a) गोवा (b) कर्नाटक

(c) तमिलनाडु (d) केरल

Ans. : (d) ईसा के शिष्य सेण्ट थामस पहली सदी में पह्लव शासक गोण्डोफर्नीज के शासन काल में भारत आए तथा 42 ई. में केरल चले गये। यहीं पर इनकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार पहली सदी में ईसाई धर्म भारत में प्रवेश किया।

32. 'जूलू' क्या है?

(a) दक्षिण अफ्रीका की एक जनजाति

(b) दक्षिण अफ्रीका की एक भाषा

(c) दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्रीय पशु

(d) दक्षिण अफ्रीका का एक परम्परागत नृत्य

Ans. : (*) जूलू दक्षिण अफ्रीका के बटाल क्षेत्र में पाई जाने वाली एक जनजाति है तथा दक्षिण अफ्रीका की एक भाषा भी है जो बन्तू जनजातियों द्वारा बोली जाती है।
दिए गए विकल्प में, विकल्प (a) तथा (b) दोनो सही है।

33. संविधान के अनुसार राज्य के कितने अंग हैं?–

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

Ans. : (b) संविधान के अनुसार राज्य के तीन अंग होते है-

1. विधायिका
2. कार्यपालिका
3. न्यायपालिका

34. संघवाद से तात्पर्य है-

(a) देश में एक से ज्यादा स्तर की सरकार का होना

(b) देश को चलाने के लिए राज्यों का संघ होना

(c) केवल केन्द्रीय सरकार को कानून बनाने का अधिकार है

(d) न्यायपालिका देश में सर्वोच्च शक्ति है

Ans. : (b) संघवाद से तात्पर्य है देश को चलाने के लिए राज्यों का संघ होना। राज्यों द्वारा एक साथ मिलकर राज्य बनाने की प्रक्रिया को संघ कहते हैं। उल्लेखनीय है कि संघ शब्द लैटिन भाषा के (Foederis) से बना है जिसका अर्थ है 'लीग'। इस प्रणाली के अंतर्गत सरकारी अधिकार विभिन्न स्तरों पर बँटे हुए होते हैं।

35. एक राज्य में यदि एक राजनेता यह तय करता है कि उसके राज्य में दूसरे राज्य के कामगारों को कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, तो इससे कौन-से मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा?

(a) समानता का अधिकार

(b) स्वतन्त्रता का अधिकार

(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Ans. : (b) भारतीय संविधान का अनु. 19 भारतीय नागरिकों को पूरे भारत में अबाध संचरण की स्वतंत्रता देता है जिसमें निवास करने, व्यवसाय करने तथा घूमने की स्वतंत्रता शामिल है। अगर किसी राज्य के नागरिक को अन्य राज्य में कार्य नहीं मिल पाता तो भारतीय संविधान के अनु. 19 के तहत यह व्यक्ति के स्वतंत्रता का उल्लघंन है।

36. राज्यसभा में अधिकतम.....हो सकते हैं।

(a) 225 सदस्य (b) 235 सदस्य
(c) 245 सदस्य (d) 260 सदस्य

Ans. : (c) संविधान के अनु. 80 के तहत राज्य सभा का गठन किया गया है जिसमें सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है (238 निर्वाचित + 12 मनोनीत) वर्तमान समय में राज्य सभा सदस्यों की संख्या 245 है। (233 निर्वाचित + 12 मनोनीत)

37. हमारी व्यवस्था में संसद को बहुत अधिक अधिकार प्राप्त हैं क्योंकि–

(a) इसे कानून बनाने की शक्ति प्राप्त है
(b) इसे न्यायपालिका को नजरअन्दाज करने की शक्ति प्राप्त है
(c) यह जनता का प्रतिनिधित्व करती है
(d) संसद में सभी शक्तियाँ निहित/प्रदान हैं

Ans. : (c) संसद (लोकसभा + राज्यसभा + राष्ट्रपति) भारतीय जनता का प्रतिनिधित्व करती है क्योंकि संसद जनता द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से चुनी जाती है। जनता का प्रतिनिधि होने के कारण इसे पर्याप्त अधिकार भी दिए गये है।

38. भारतीय जनतन्त्र में कार्यकारी का कार्य.....है।

(a) अधिनियम बनाना
(b) संसद द्वारा बनाए गए अधिनियमों को लागू करना
(c) प्रधानमन्त्री को चुनना
(d) राष्ट्रपति को चुनना

Ans. : (b) भारतीय संविधान के भाग-V में एक संघीय कार्यपालिका के गठन का प्रावधान किया गया है। संघीय कार्यपालिका के अन्तर्गत राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रीपरिषद तथा महान्यायवादी आदि आते है। संघीय कार्यपालिका का मुख्य कार्य संसद (विधायिका) द्वारा पारित किए गये अधिनियम को लागू करना होता है।

39. मध्याह्न अल्पहार कार्यक्रम के बहुत से सकारात्क प्रभाव हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा इनमें से एक नहीं है?

(a) विद्यालयों में गरीब बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई है
(b) जाति पूर्वाग्रह/जातिगत पक्षपात में कमी आई है
(c) अब निर्धन विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं क्योंकि वे खाली पेट नहीं हैं
(d) निर्धन बच्चे परीक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त कर रहे है

Ans. : (d) मध्याह्न अल्पाहार योजना (मिड-डे-मील योजना) की शुरुआत 1995 में की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सर्वशिक्षा के उद्देश्यों को बढ़ावा देना था। इस योजना के कई सकारात्मक परिणाम सामने आए है।

जैसे- 1-बच्चों के नामांकंन दर में वृद्धि
2-पूर्वाग्रह/जाति पक्षपात में कमी
3-बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित होना
4-बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार

निर्धन बच्चों द्वारा अधिक अंक प्राप्त करना मिड-डे-मील योजना का सकारात्मक लक्ष्य नहीं है।

40. चक्रीय चित्र ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को प्राप्त विशेष रोजगार के अवसर प्रदर्शित करता है। वे कितने लम्बे समय तक नियमित रोजगार प्राप्त करने में अयोग्य हैं?



(a) तीन माह (b) चार माह
(c) पाँच माह (d) छः माह

Ans. : (c) दिए गये चक्रिय चित्र में लोगों को जनवरी से मई तक रोजगार उपलब्ध नही हो रहे है अतः ग्रामीण मजदूरों को हर पाँच माह तक नियमित रोजगार नहीं मिलेगा।

41. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में उपयोग होने वाली विधि जिसमें शिक्षार्थियों को एक-दूसरे के प्रति लगाव का मूल्यांकन करने के लिए कहते हैं,.....कहा जाता है।

(a) स्व-आकलन (b) समाजमितीय तकनीक
(c) केस अध्ययन (d) मनोमितीय तकनीक

Ans. : (b) समाजमितिय तकनीकी के द्वारा सामाजिक विज्ञान की कक्षा में उपयोग होने वाली विधि जिसमें विद्यार्थियों को एक दूसरे के प्रति लगाव का मूल्यांकन किया जाता है।

42. निम्नलिखित में से कौन-सा सृजनात्मक चिन्तन का अनिवार्य गुण है?

(a) अभिसारी (b) उत्पादक
(c) मनन (d) निगमन

Ans. : (b) सृजनात्मक चिंतन का अनिवार्य गुण उत्पादक (generative) है। इस गुण के अभाव में बालक निर्माणकारी कार्य करने में सक्षम नहीं होगा तथा सृजनात्मकता का विकास बहुत कम होगा।

43. एक चुनाव के दौरान उसके विभिन्न मुद्दो की भूमिका को समझने के लिए आप विद्यार्थियों को निम्न में से सबसे ज्यादा क्या पूछना पसन्द करेंगे?

(a) न्यूजपेपर के सम्पादनों में दिए गए विभिन्न पार्टियों द्वारा एक-दूसरे के प्रति तर्को का विश्लेषण करना
(b) प्रत्येक पार्टी की प्राथमिकताएँ और उसकी सर्वाधिक समर्थनकारी नीतियों के प्रकारों का विश्लेषण करना
(c) राजनीतिक पार्टियों की लोकप्रियता जानने के लिए अपने स्थानिक तौर पर सर्वे करना

(d) विभिन्न पार्टियों के लिए राष्ट्रीय न्यूज चैनलों द्वारा समर्पित समय की तुलना और विश्लेषण करना

Ans. : (b) चुनाव के दौरान विभिन्न मुद्दो के विषयों को समझने के लिए विद्यार्थियों को प्रत्येक पार्टी की प्राथमिकताए तथा उनके समर्थनकारी नीतियों को विश्लेषित करने के लिए कहेंगे। इस विधि द्वारा प्रत्येक पार्टी की योजनाओं को समझा जा सकेगा।

44. निम्नलिखित में से कौन–सा आप अपनी कक्षा में समवयस्क अधिगम के लिए अनुशंसित करेंगे?

(a) नाटक
(b) कम्प्यूटर-सहयोगी अधिगम
(c) केवल रोजमर्रा की गतिविधियों में भागीदारिता
(d) शोध प्रयोगशालाओं में भ्रमण

Ans. : (a) नाटक के द्वारा कक्षा में समवयस्क अधिगम को सर्वोत्तम रुप से बढ़ावा दिया जा सकता है।

45. सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) समाज के विविध सरोकारों से सामाजिक विज्ञान का कोई सम्बन्ध नहीं है
(b) सामाजिक विज्ञान सजातीयता और रीति-रिवाजों पर बल देता है
(c) सामाजिक विज्ञान एक विषयनिष्ठ अनुशासन है
(d) सामाजिक विज्ञान एक विश्लेषणात्मक और सृजनात्मक मानस की नींव रखता है

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान मनुष्य में विश्लेषणात्मकता तथा सृजनात्मकता की क्षमता का विकास करता है। विश्लेषणात्मक गुण के कारण मनुष्य में सृजनात्मक गुण का विकास होता है।

46. सामाजिक विज्ञान में, परीक्षा सुधार पर हाल ही का एन सी एफ आधार-पत्र.....पर बल देता है।

(a) खुली पुस्तक परीक्षा
(b) सतत् आकलन
(c) परीक्षा निष्पादन
(d) परीक्षा के समय बैठने की लचीली व्यवस्था

Ans. : (b) NCF-2015 (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा-2005) एक आधार पत्र है। जिसमें शिक्षण अधिगम से सम्बंधित क्रिया कलापों के लिए संस्तुति प्रस्तुत की गई हैं। जो निम्न है–
1- समावेशी शिक्षा
2- सतत एवं व्यापक मूल्यांक (सतत आकलन)
3- शिक्षण कौशल का विकास
NCF-2005 ने सर्वाधिक बल सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर दिया है।

47. छोटे बच्चों की शिक्षा को समझने के लिए एक ग्रामीण समुदाय के जीवन-इतिहास का अध्ययन करना किस प्रकार के आँकडे का उदाहरण है?

(a) गौण (द्वितीयक) आँकड़े
(b) वर्णनात्मक आँकड़े
(c) क्लीनिकल केस-अध्ययन आँकड़े
(d) प्राथमिक आँकड़े

Ans. : (d) छोटे बच्चों की शिक्षा को समझने के लिए ग्रामीण समुदाय के जीवन-इतिहास का अध्ययन प्राथमिक आकड़ा है। इन आकड़ों के विश्लेषण से निष्कर्ष तक पहुचा जा सकता है।

48. अवलोकनीय तथ्यों से निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया .....कही जाती है।

(a) विश्लेषण (b) प्रतिपादन
(c) निगमन (d) मस्तिष्क-आलोचन

Ans. : (c) निगमन (Deduction) अवलोकनीय तथ्यों से निष्कर्ष निकालने की एक प्रक्रिया है जिसमें तथ्यता प्रमुख होती है।

49. एक दशक में एक क्षेत्र विशेष में वर्षा में आने वाले बदलावों को प्रदर्शित करने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री उपयुक्त है?

(a) प्रवाह संचित्र (b) दण्ड आरेख
(c) आवृत्ति बहुभुज (d) वेन आरेख

Ans. : (b) किसी क्षेत्र विशेष में वर्ष में आने वाले परिवर्तन को दर्शाने का सबसे अच्छा तरीका दण्ड आरेख होता है क्योंकि इसे छात्र आसानी से समझ सकते है तथा तथ्यों के आधार पर विश्लेषण कर सकते है।

50. 'समवयस्कों के ज्ञान और पाण्डित्य के महत्व को समझने को किस परिप्रेक्ष्य में महत्व दिया गया है?

(a) संज्ञात्मक (b) संवेगात्मक
(c) व्यवहारवादी (d) रचनावादी

Ans. : (d) Constructive (रचनावादी) उपागम में समवयस्कों के ज्ञान एवं पाण्डित्य के महत्व को समझने की क्रिया को महत्व दिया जाता है।

51. सामाजिक विज्ञान में निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण पद्धति सबसे अधिक प्रभावी है, जिसे शिक्षकों को इस्तेमाल करना चाहिए?

(a) बार–बार परीक्षा देने से यह सुनिश्चित करना कि शिक्षार्थी विषय-वस्तु को सीख गए हैं
(b) उदार भाव से ग्रेड देना
(c) शिक्षार्थियों को आलोचनात्मक और विचारोत्तेजक गतिविधियों में शामिल करना
(d) गृहकार्य देना

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को शिक्षण कार्य करते समय शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को आलोचनात्मक तथा विचारोत्तेजक गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। इससे विद्यार्थियों में तार्किक तथा विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास होगा।

52. भारतीय बहुलतावादी समाज में, सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों को

(a) बहुसंख्यक की राय को प्रदर्शित करना चाहिए
(b) सरकार के विचारों को प्रदर्शित करना चाहिए
(c) विवादास्पद मुद्दों से बचना चाहिए
(d) सभी धर्मो और सामाजिक समूहों को शामिल करना और उनका प्रतिनिधित्व करना चाहिए

Ans. : (d) भारत एक बहुलतावादी देश है जिसमें अलग-अलग संस्कृतियों तथा धर्मो को मानने वाले लोग निवास करते है। इन्हीं लोगों को पाठ्यपुस्तकों के सभी धर्मों एवं सामाजिक समूहों में शामिल करना चाहिए और उनका प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

53. समता के बारे में पढ़ाने के लिए, निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त पद्धति कौन–सी है?

(a) व्याख्यान देना
(b) परियोजना देना
(c) गरीबी और पूँजीवाद के विचारों से सम्बन्धित क्षेत्र-कार्य देना
(d) समता को बढ़ावा देने के लिए संवैधानिक प्रावधानों को उभारना

Ans. : (c) Equality (समता) के बारे में शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को गरीबी तथा पूंजीवाद से सम्बंधित विचारों से अवगत करना चाहिए तथा इन्ही से सम्बंधित क्षेत्र कार्य (Project work) देना चाहिए। इससे विद्यार्थी सामाजिक असमानताओं, समानताओं के विषय में जान सकेंगे

54. निम्नलिखित में से कौन-सा नियमों, विनियमों और मूल्यों के सामाजिक अधिगम को बढ़ावा देगा?

(a) परियोजना कार्य (b) समूह-चर्चा
(c) किताब पढ़ना (d) निबन्ध लिखना

Ans. : (b) समूह चर्चा के द्वारा नियमों, विनियमों और मूल्यों के सामाजिक अधिगम को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे सामाजिक मूल्यों में सुधार किया जा सकता है।

55. शिक्षार्थी के व्यवहार के निम्नलिखित में से किस वर्णन को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अभिवृत्तियों और मूल्यों के आकलन में इस्तेमाल किया जा सकता है?

(a) शिक्षकों के सभी विचारों को स्वीकार करना
(b) अकेले कार्य करने के लिए जोर देना
(c) प्रश्न पूछने के लिए स्वतन्त्र अनुभूत करना
(d) शैक्षणिक कार्यो में अच्छे ग्रेड प्राप्त करना

Ans. : (c) प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता के द्वारा विद्यार्थी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में विद्यार्थी की अभिवृत्तियों और मूल्यों का आकलन किया जा सकता है क्योंकि इससे विद्यार्थियों के विचारों को उनके प्रश्नों के माध्यम से समझा जा सकता है।

56. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निदानात्मक और उपचारात्मक शिक्षण में शामिल होंगे

(a) शिक्षार्थी की कठिनाई विशेष की पहचान करना
(b) पढ़ने के लिए बहुत अधिक सामग्री उपलब्ध कराना
(c) चर्चा के लिए अनेक अवसर उपलब्ध करना
(d) शिक्षार्थियों की त्रुटियों में तुरन्त सुधार करना

Ans. : (a) निदानात्मक तथा उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के कठिनाईयों की पहचान की जा सकती है तथा उनके कठिनाईयों का निराकरण किया जा सकता है जिससे विद्यार्थी के अधिगम क्षमता का विकास होता है।

57. शिक्षक-शिक्षा के दौरान, सूक्ष्म-शिक्षण निम्नलिखित में से किसकी ओर संकेत करता है?

(a) शिक्षक-प्रशिक्षक का बारीकी से अवलोकन करने के द्वारा शिक्षण
(b) ऐसी छोटी कक्षा को पढ़ाना जिसमें सहपाठी शिक्षार्थियों की भूमिका निर्वाह कर रहे हों
(c) छोटे समूहों में शिक्षार्थियों को पढ़ाना
(d) एक समय में कम विषय- वस्तु को पढ़ाना

Ans. (b) ऐसी छोटी कक्षा जिसमें सहपाठी शिक्षार्थियों की भूमिका का निर्वाह करते हैं जिसे सूक्ष्म-शिक्षण कहते हैं। इसके द्वारा शिक्षण कौशल को विकसित किया जा सकता है।

58. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करते समय जब एक शिक्षक वैयक्तिक अनुभवों का प्रयोग करता है, तो वह–

(a) पाठ को भागीदार (दिलचस्प) बनाने वाला बनता है
(b) शिक्षार्थियों की ऊर्जा का सारणीकरण करता है
(c) उनकी स्थानीय वास्तविकता को वैश्विक सन्दर्भो के साथ जोड़ने की योग्यता को बढ़ावा देता है
(d) शिक्षार्थियों में भाषिक और सांस्कृतिक विविधता का ध्यान करता है।

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करते समय शिक्षक द्वारा वैयक्तिक अनुभवों का प्रयोग करता है तो वह उनकी स्थानीय वास्तविकता को वैश्विक संदर्भो के साथ योग्यता को बढ़ावा देता है जिससे विद्यार्थियों को अवधारणाएं आसानी से समझ में आ सकें।

59. निम्नलिखित में से कौन-से शिक्षार्थी की सांस्कृतिक पूँजी बनाते हैं?

(a) मौद्रिक तथा वित्तीय संसाधन
(b) शिक्षार्थी के द्वारा इस्तेमाल हेतु उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
(c) परिवार की शैक्षिक पृष्ठभूमि
(d) स्थानों की संख्या जिनका शिक्षार्थी ने भ्रमण किया है

Ans. : (c) किसी विद्यार्थी के परिवार की शैक्षिक पृष्ठभूमि उसके सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण करती है। परिवार का प्रत्यक्ष प्रभाव बालक पर पड़ता है, जैसा परिवार होगा बालक का व्यवहार भी उसी के अनुरुप होगा।

60. निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रगतिशील शिक्षा का आयाम हैं?

(a) शिक्षार्थियों को अलग करना
(b) प्रकार्यात्मक वृद्धि
(c) परीक्षा में अंक लाने पर बल देना
(d) बहुलता और विविधता के लिए सम्मान

Ans. : (d) बहुलता एवं विविधता के लिए सम्मान सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रगतिशील शिक्षा का आयाम है। इससे विद्यार्थियों में समायोजन की क्षमता तथा सहयोग की भावना का विकास होता है और एकता की भावना मजबूत होती है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2014

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 16 फरवरी, 2014)

1. निम्नलिखित में सें कौन-सा कार्य राज्य सरकार का है?

(a) नई दिल्ली और वस्को-डि-गामा के बीच नई गाड़ी चलाना
(b) ₹ 1000 के नोट का नया डिजाइन लागू करना
(c) पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाना
(d) दसवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा को बन्द करना

Ans. : (d) दसवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा का बन्द करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। करेंसी जारी करना, अन्य देशों के साथ सम्बंध स्थापित करना तथा ट्रेनों का संचालन करना भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता हैं

2. दलित और आदिवासी लड़कियों द्वारा स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है–

(a) लड़कियों के लिए अलग स्कूल नहीं मिलने के कारण
(b) शिक्षा का लाभ लड़की के ससुराल वालों को मिलने के कारण
(c) क्योंकि उनके माता-पिता शिक्षा को महत्व नहीं देते
(d) गरीबी और सामाजिक भेदभाव के कारण

Ans. : (d) गरीबी और सामाजिक भेदभाव के कारण दलित और आदिवासी लड़कियों द्वारा स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है

3. निम्नलिखित में से कौन-सा विज्ञापन सामाजिक नहीं है?

(a) लेन में गाड़ी चलाना बुद्धिमत्तापूर्ण है
(b) पानी की प्रत्येक बूँद बचाइए
(c) अतिथि देवो भव
(d) जीवन बीमा-जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी

Ans. : (d) जीवन बीमा-जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी सामाजिक विज्ञापन नहीं है। यह एक व्यावसायिक विज्ञापन है। सामाजिक विज्ञापन वे हैं जो समाज के अन्य लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं तथा उनमें समायोजन एवं सहयोग की भावना का विकास करते है।

4. ऐसे मुद्दे की पहचान कीजिए जिसके महत्वपूर्ण होने के बावजूद मीडिया ने शायद ही उस पर ध्यान दिया है।

(a) लैंगिक संवेदनशीलता (b) पीने का पानी
(c) हत्याएँ (d) भवनों को गिराना

Ans. : (b) वर्तमान समय में मीडिया उद्योग में जो खबर छापने की प्रतिद्वन्दिता शुरु हुई है उससे वास्तविक सामाजिक मुद्दों का लोप हो गया है जिनका असर क्षेत्र विशेष ही नही व्यापक स्तर पर पड़ता है जैसे - पीने का पानी।

5. न्यायपालिका के सन्दर्भ में निम्नलिखित प्रावधानों में से भिन्न को पहचानिए।

(a) न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकारी हस्तक्षेप के बिना होती है
(b) न्यायाधीशों का सेवा-काल निश्चित होता है
(c) शक्तियों का पृथक्करण
(d) एक बार नियुक्ति के बाद न्यायाधीश को हटाना बहुत कठिन है

Ans. : (c) शक्तियों का पृथक्करण न्यायपालिका के संदर्भ में नही होता है यह मुख्यतः भारतीय संसद का विषय होता है।

6. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित डी के बासु दिशा-निर्देश (Guidelines) निम्नलिखित में से किसके बारे में हैं?

(a) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने, रोके रखने तथा उनसे पूछताछ करने के लिए विभिन्न एजेन्सियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले तरीके
(b) किसी चुनाव-क्षेत्र में पुनः चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली विधियाँ
(c) कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न को रोकना
(d) स्कूलों में बच्चों को यौन अपराधों से बचाना

Ans. : (a) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने, रोके रखने तथा उनसे पुछताछ करने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले तरीकों के सम्बंध में डी.के. बासु दिशा-निर्देश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया है।

7. सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य (1991) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से क्या निर्णय दिया था?

(a) धार्मिक स्वतन्त्रता के अधिकार में अन्य धर्मो की आलोचना करना शामिल नहीं है
(b) समानता के अधिकार द्वारा प्राइवेट कम्पनियों पर नौकरियों में आरक्षण देने के लिए जोर दिया जाना चाहिए
(c) स्वतन्त्रता के अधिकार में सरकार की आलोचना करना शामिल है
(d) जीवन के अधिकार में प्रदूषण मुक्त पानी और हवा पर अधिकार शामिल है

Ans. : (d) सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य (1991) का मामला मानव जीवन से सम्बंधित है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया कि जीवन के अधिकार में प्रदूषण मुक्त पानी और हवा का अधिकार भी सम्मिलित है।

8. वर्तमान स्कूल आधारित आकलन में पारम्परिक बाह्य परीक्षा की किस विशेषता को शामिल नहीं किया जाता?

(a) शिक्षार्थी की आवश्यकताओं पर विचार करना
(b) एक-दूसरे के निकट शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सौहार्द
(c) सुव्यवस्थित क्रमबद्ध अधिगम पर बल
(d) अधिगम के केवल शैक्षिक पक्ष पर बल

Ans. : (d) वर्तमान स्कूल आधारित आकलन में पारम्परिक बाह्य परीक्षा की विशेषताओं में न केवल अधिगम के शैक्षिक पक्ष पर बल दिया गया है बल्कि अधिगम के सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक पक्ष पर भी बल दिया गया है।

9. एक नये प्रकार के कार्य को देने से पहले शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों को अवश्य बताना चाहिए

(a) कि इस कार्य को करने से प्राप्त अधिगम से उसकी (शिक्षिका) विद्यार्थियों से अपेक्षाएँ क्या है

(b) इस कार्य को करने के लिए आवश्यक पूर्व अनुभव के बारे में, जो विद्यार्थियों में अवश्य ही होना चाहिए

(c) कि आगामी आकलन इस कार्य पर आधारित होगा/नहीं होगा

(d) अन्तिम परिणाम में इस कार्य को दिए गए अधिभार के बारे में

Ans. : (a) नये प्रकार के कार्य देने के प्रक्रिया के तहत शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को उसके अधिगम उद्देश्य को स्पष्ट रुप से बताना अनिवार्य है तभी विद्यार्थी उस कार्य को पूरे मनोयोग से करेंगे।

10. आठवीं कक्षा के चार बच्चों से व्यर्थ सामग्री से कुछ रचनात्मक वस्तुएँ बनाने को कहा गया। कार्य पूरा होने पर शिक्षक ने निम्नलिखित टिप्पणियाँ की। इस सूचना के आधार पर सबसे अधिक रचनात्मक बच्चे को चुनिए।

(a) थोड़े से मार्गदर्शन से ही बहुत अच्छी चीजें बना सकता है

(b) कौशल से परिपूर्ण तथा व्यर्थ सामग्री को उत्पादक वस्तुओं में बदलने की दृष्टि रखता हैं

(c) अधिकांश समय कल्पना का प्रयोग करता है, महँगी सामग्री प्रयोग न करने के प्रति सचेत है

(d) शिक्षक के साथ निरन्तर चर्चा करता है और हर कदम पर उसकी स्वीकृति लेता है

Ans. : (b) रचनात्मकता का सम्बंध सृजन, नवीन वस्तु या विचार से है जिसमें बालक द्वारा अपने कौशल का प्रयोग करके निम्न वस्तुओं से उपयोगीपूर्ण वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।

11. सामाजिक विज्ञान में परियोजना कार्य (Projects) उपयोगी होते हैं

I. विषय-आधारित कार्यो में।

II. यदि उनमें संग्रहण और विश्लेषण नहीं करना हो।

III. यदि पाठ्य-सामग्री के अनतर्गत सन्दर्भो पर आधारित हों।

IV. कक्षा अथवा घर पर समूह में कार्य करने के लिए।

उपरोक्त विकल्पों में से कौन-से दो सहीं है?

(a) I और IV (b) III और IV

(c) II और IV (d) I और II

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान में परियोजना कार्य विषय आधारित तथा अपने परिवेश के हिसाब से सामूहिक होते हैं। यह परिवेश बालक का विद्यालय कक्ष एवं उसका घर होता है। अतः विकल्प (I) तथा (IV) दोनों उपयोगी है।

12. सामाजिक विज्ञान में अध्यापकों के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम अनिवार्य हैं, क्योंकि–

(a) अध्यापकों को व्यस्त रखने के लिए के.मा.शि. बोर्ड ने स्कूलों को ऐसे कार्यक्रम करने को कहा है

(b) उन्हें सामाजिक विज्ञान के विभिन्न घटकों की अवधारणाओं और शिक्षण-पद्धति में स्पष्टता की जरुरत है

(c) ये उनकी व्यावसायिक प्रगति से सम्बन्धित है

(d) उनके वेतन में वृद्धि क्षमता-निर्माण कार्यक्रम पर निर्भर करती है।

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम अनिवार्य होते हैं क्योंकि इससे अध्यापक सामाजिक विज्ञान के अवधारणाओं तथा उसके घटकों को अपने शिक्षण पद्यति द्वारा स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर सकें तथा अधिगम लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

13. सामाजिक विज्ञान की किसी कक्षा में निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका यह समझने के लिए उपयुक्त है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक और खुले स्थान तेजी से लुप्त हो रहे है?

(a) सर्वेक्षण परियोजना

(b) विषय पर समूह में चर्चा

(c) कम्प्यूटरों की सहायता से प्रस्तुति करना

(d) निर्धारित पाठ्य-सामग्री के आधार पर परिचर्चा

Ans. : (a) सर्वेक्षण परियोजना के द्वारा क्षेत्रों की स्थिति को आसानी से समझा तथा समझाया जा सकता है।

14. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE) 1986 ने निम्नलिखित में से किसके लिए 'एकीकृत कार्यक्रम' विकसित करने का सुझाव दिया था?

(a) विकलांग बच्चों के नियमित स्कूलों में पढ़ने के लिए

(b) विकलांग बच्चों के विशेष स्कूलों में पढ़ने के लिए

(c) लड़के और लड़कियों की सहशिक्षा के लिए

(d) मानसिक रुप से विकलांगों की शिक्षा के लिए

Ans. : (a) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में लाई गई। इस नीति में विकलांग बच्चों को नियमित स्कूलों में पढ़ाने के लिए एकीकृत कार्यक्रम विकसित करने का सुझाव दिया गया था।

15. आठवीं कक्षा की एक छात्रा किसी दिए गए विषय पर लिखने में अक्षम होने के कारण परेशान है। उसकी अध्यापिका उसे सलाह देती है कि वह दिए गए कार्य को ऐसे भागों में बाँटकर करे जिनकी उसको अच्छी तरह से समझ हो। इस तरीके के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिक उपयुक्त है?

(a) विषय से सम्बन्धित जानकारी देने वाले दो स्रोत खोजें और उनके बीच एक सी समानताएँ ढूँढे

(b) एक पत्र (पेपर) तैयार करें और इसे किसी मित्र को सुनाकर निर्धारित करें कि किन भागों में सुधार करने की जरूरत है

(c) शुरू में ही अच्छी तरह से आने वाले विषय को लिख लें तथा फिर उसमें सामग्री जोडें कि वह विषय किस प्रकार से दिए हुए कार्य से सम्बन्धित है?

(d) विषय से सम्बन्धित पुस्तकों, लेखों तथा वेब साइटों की एक निर्देशिका तैयार करें

Ans. : (a) विषय वस्तु को कई भागों में बाँटकर उसकों समानता तथा असमानता के आधार पर अध्ययन करने से उस विषय-वस्तु से सम्बंधित समझ विकसित होती है तथा उसके बारे में लिखना आसान हो जाता है।

16. निम्नलिखित में से किस उपागम को एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्य-पुस्तक 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' में निहित विचारों से विद्यार्थियों को अवगत करवाने के लिए अधिक प्रयोग किया गया है?

(a) चार्ट (b) कहानी-बोर्ड
(c) घटनाक्रम (d) ग्राफ

Ans. : (b) कहानी बोर्ड उपागम को NCERT द्वारा प्रकाशित पाठ्य-पुस्तक 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' में निहित विचारों से विद्यार्थी को अवगत कराने के लिए अधिक प्रयोग किया जाता है।

17. सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-सामग्री को–

(a) विद्यार्थियों की इतिहास, भूगोल और भारत की राजनीति के बारे में जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य तथा इनमें अन्तर्सम्बन्ध रखना चाहिए
(b) सुपरिचित सामाजिक वास्तविकताओं के बारे में गहन जानकारी एकत्र करने तथा प्रश्न पूछने के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य रखना चाहिए
(c) सामाजिक मुद्दो और उनके समाधान की व्यापक जानकारी देनी चाहिए
(d) केवल सामाजिक यथार्थ के मुद्दो पर अधिक ध्यान देना चाहिए और शोध के वैज्ञानिक तरीके को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए

Ans. : (b) समाजिक विज्ञान की पाठ्य सामग्री इस प्रकार होनी चाहिए कि छात्र उसे अपने वास्तविक जीवन से जोड़ सके साथ ही उससे सम्बंधित समस्याओं को पूछ कर उसका समाधान कर सके।

18. पाठ्य-पुस्तकों को सभी क्षेत्रों और सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली बनाने के लिए

(a) पाठ्य-पुस्तकें देश की सभी भाषाओं विशेषतः भारतीय संविधान की सूची VIII में दर्ज भाषाओं में लिखी जानी चाहिए
(b) क्षेत्रों के बीच समान मुद्दों को केवल इसलिए उजागर किया जाए ताकि संघात्मक गणतन्त्र की भावना को प्रोत्साहन मिले
(c) पाठ्य-पुस्तकों में सभी क्षेत्रों और सामाजिक समूहों से सम्बन्धित सामग्री जोड़ी जानी चाहिए
(d) स्थानीय संसाधनों से प्रासंगिक स्थानीय सामग्री शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का भाग होनी चाहिए

Ans. : (d) पाठ्य पुस्तकों को सभी क्षेत्रों और सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली बनाने के लिए उसमें ऐसी सामग्री का समावेश होना आवश्यक होता है जो स्थानीय संसाधन हो उससे बालक उस सामग्री के साथ तेजी से अधिगम करेगा।

19. विद्यार्थियों को लैंगिक मुद्दों तथा लैंगिक भेदभाव में समाजीकरण की भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए स्कूलों को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?

(a) अध्यापकों को केस अध्ययन के लिए कहना चाहिए तथा उनसे अच्छे उदाहरण माँगने चाहिए
(b) ऐसे नियम बनाने चाहिए जिससे लड़के लड़कियों के साथ भेदभाव का व्यवहार नहीं कर सके
(c) टीम शिक्षण को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा पुरुष और महिला अध्यापकों को शामिल करना चाहिए
(d) प्रख्यात और विद्धान वक्ताओं को आमन्त्रित करके लैंगिक संवेदनशीलता पर सेमिनार आयोजित करना चाहिए

Ans. : (a) लैंगिक भेद-भाव तथा सामाजिक मुद्दो के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए छात्र को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा अध्यापकों को केस अध्ययन के लिए कहना चाहिए तथा उनसे अच्छे उदाहरण माँगने चाहिए।

20. राज्य सरकार के कार्यो पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, जल, यातायात इत्यादि से सम्बन्धित मुद्दो पर चर्चा की जा सकती है, जिससे–

(a) शिक्षार्थी इन मुद्दों को समझने तथा इन पर आलोचनात्मक विचार बनाने के लिए स्वतन्त्र हों
(b) विद्यार्थियों को सभी के लिए बेहतर सुविधाएँ पाने हेतु आन्दोलन आयोजित करने के लिए सजग किया जा सके
(c) विद्याथियों को इन मद्दों पर उनके राज्य द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी मिल सके
(d) विद्यार्थियों का इन क्षेत्रों में सरकार की भूमिका को याद करवाया जा सके

Ans. : (a) राज्य सरकार के कार्यों के मुद्दे पर विद्यार्थियों की समझ बढ़ाने तथा आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए मूलभूत सुविधाओं जल, स्वास्थ्य, यातायात आदि पर कक्षा-कक्ष में व्यापक चर्चा करनी चाहिए।

21. राष्ट्रीय पाठ्य चर्या की रुपरेखा, 2005 प्रस्तावित करता है कि भूगोल पढ़ाया जाए, जिससे –

(a) प्राकृतिक संसाधनों की अधिकतम प्राप्ति और उपयोग पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके
(b) पर्यावरणीय चिन्ताओं तथा इसके संरक्षण के सम्बन्ध में आलोचनात्मक समझ पैदा की जा सके
(c) भारत की विविध भौगोलिक विशेषताओं की इसके आर्थिक विकास में भूमिका को जाना जा सके
(d) विद्यार्थियों का प्राकृतिक आपदाओं के भारत की अर्थव्यवस्था पर नष्टकारी प्रभावों के बारे में मार्गदर्शन किया जा सके

Ans. : (b) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा-2015 (NCF -2015) के अनुसार बच्चों को भूगोल की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरुक हो सकें तथा उसके संरक्षण के सम्बंध में कार्य के लिए प्रोत्साहित हो सके।

22. सामाजिक विज्ञान की शिक्षण पद्धति और संसाधनों के बारे में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 के अनुसार सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से किसकों अपनाना चाहिए?

(a) ऐसे तरीके, जो रचनात्मकता और आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्य को बढ़ाते हैं
(b) ऐसा उपागम, जिसमें बुद्धिमत्ता को बढ़ाने के लिए अधिक शिक्षण सहायक सामग्री शामिल हो
(c) ऐसी रणनीतियाँ, जो विद्यार्थियों को लम्बे समय तक तथ्य याद रखने में सहायता करती हैं
(d) मानसिक मानचित्र, जो सूचना को तुरन्त याद करने की क्षमता को बढ़ाते हैं

Ans. : (a) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा -2015 के अनुसार सामाजिक विज्ञान की शिक्षण पद्वति एवं संसाधन इस प्रकार होने चाहिए जो विद्यार्थियों में रचनात्मक तथा आलोचनात्मक गुणों का विस्तार करते है।

23. किसी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में ढाँचा का मुख्य लक्ष्य होता है
(a) आत्मसंयम के कौशल में सुधार को सुनिश्चित करना
(b) विद्यार्थियों को विचारों पर सोचने के योग्य बनाना
(c) योगज निर्धारण के वांछित परिणामों को मजबूत करना
(d) स्वतन्त्र सोच निर्मित होने तक विद्यार्थियों की सहायता करना

Ans. : (d) किसी सामाजिक विज्ञान की कक्षा का वातावरण इस प्रकार होना चाहिए कि बच्चों में स्वतंत्र सोच की प्रवृत्ति का विकास तथा सहयोग की भावना का विकास हो सके इसके लिए कक्षा-कक्ष का वातावरण अत्यन्त सुगम तथा प्रजातांत्रिक होना चाहिए।

24. सूचना को छोटे-छोटे भागों में बाँटकर, अंश तथा पूर्ण में सम्बन्ध स्थापित करने की योग्यता.....है।
(a) विश्लेषण करना (b) स्मरण रखना
(c) बोध (d) प्रयोग करना

Ans. : (a) सूचना को छोटे-छोटे भागों में बाट कर अंश तथा पूर्ण में सम्बंध स्थापित करने की योग्यता विश्लेषण करना कहलाती है।

25. शैक्षिक गतिविधियों पर विद्यार्थियों द्वारा खर्च किए जाने वाले समय को बढ़ाने के लिए अध्यापक को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?
(a) विद्यार्थियों को कक्षा में चर्चा करने से पहले नये विषयों को पढ़ने के लिए कहें
(b) नई विषय–सामग्री को सामग्री पर प्रश्नोत्तर सत्र के साथ प्रस्तुत करें
(c) कक्षा की गतिविधियों तथा संक्रमण काल के लिए योजना बनाएँ, पढाएँ और समय-सारणी लागू करें
(d) मूल विषयों में प्रति सप्ताह कम-से-कम दो बार गृहकार्य दें

Ans. : (c) कक्षा की गतिविधियों तथा संक्रमण काल के लिए योजनाए बनाना तथा समय सारणी लागू करने से समय का सदुपयोग हो सकेगा।

26. प्रेरक अधिगम (Inductive learning) निम्नलिखित में से किस उपागम के विपरीत हैं?
(a) निपुणता अधिगम (b) संरचनात्मक प्रशिक्षण
(c) अनुरूपण (नकल करना) (d) प्रतिपादक शिक्षण

Ans. : (d) प्रेरक अधिगम प्रतिपादक शिक्षण उपागम के विपरीत होता है।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान शिक्षण में प्रभावकारी चिन्तन व्यवहार के सन्दर्भ में सत्य है?
(a) चिन्तन को सैद्धान्तिक ढाँचे की ऐसी कड़ियों को निकाल देना चाहिए जो पूछताछ करने तथा समस्या-समाधान को सीमित करती हों
(b) अध्यापक को विश्वास तथा प्रत्येक अधिगम स्थिति के प्रति नमनीय वातावरण का निर्माण करना चाहिए
(c) समवयस्क-शिक्षण ध्यान से करना चाहिए क्योंकि इससे शिक्षक-विद्यार्थियों की अपनी वैचारिक क्षमता प्रभावित होती है
(d) चिन्तन प्रक्रिया को ऐसे विद्यार्थियों के निवेश को नकार देना चाहिए जो कक्षा में अनुशासन के लिए शिक्षण पद्धति को चुनौती देते हैं

Ans. : (b) अध्यापक को विश्वास तथा प्रत्येक अधिगम स्थिति के प्रति नमनीय वातावरण का निर्माण करना चाहिए तथा विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच की प्रवृत्ति विकसित हो सके।

28. आन्ध्र क्षेत्र में 'वन्दे मातरम' आन्दोलन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?
(a) सविनय अवज्ञा (b) खिलाफत
(c) असहयोग (d) स्वदेशी

Ans. : (d) बंगाल के विभाजन के फलस्वरुप भारत में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई। यह आंदोलन पूरे भारत में चल रहा था। इसी समय आंध्र प्रदेश में 'वन्देमातरम आंदोलन' चला जो स्वदेशी आंदोलन के रुप में ही चलाया गया।

29. निम्नलिखित में से किस विदुषी ने स्त्री और पुरुष के बीच सामाजिक अन्तरों की आलोचना पर आधारित पुस्तक स्त्री-पुरुष तुलना का लेखन किया था?
(a) ताराबाई शिन्दे (b) रामसुन्दरी देवी
(c) पण्डिता रमाबाई (d) बेगम रोकेया

Ans. : (a) ताराबाई शिन्दे द्वारा 'स्त्री-पुरुष तुलना' नामक पुस्तक का लेखन कार्य किया गया। इस पुस्तक पर लैगिंक भेद भाव की आलोचना की गई है जो स्त्री-पुरुष के बीच सामाजिक रुप से व्याप्त थी।

30. 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों ने भारत में क्रिश्चियन शिक्षा को क्यों लागू करना चाहा?
(a) जनसामान्य को शिक्षित करने के लिए
(b) भारतीयों को कम्पनी सरकार के प्रति वफादार बनाने के लिए
(c) सम्भ्रान्त वर्ग को शिक्षित करने के लिए
(d) लोगों के नैतिक चरित्र को सुधारने के लिए

Ans. : (b) भारत में 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियो द्वारा अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार किया गया इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे व्यक्ति को तैयार करना था जो क्लर्क के रुप में अपनी सेवा दे सके तथा कम्पनी के प्रति वफादार रहें।

31. 19वीं सदी में ब्रिटेन के उद्योगीकरण के साथ निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन हुआ?

(a) भारत ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादों के लिए बड़ा बाजार बन गया
(b) भारत में अनेक उद्योग स्थापित किए गए
(c) भारत ब्रिटिश उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश बन गया
(d) भारत ने ब्रिटिश उद्योगों को सस्ते मजदूर उपलब्ध करवाए

Ans. : (a) 19वीं शताब्दी में इंग्लैण्ड में औद्योगिक विस्तार हुआ और अंग्रेजों ने भारत को एक बड़े बाजार के रुप में प्रयोग किया जहाँ अंग्रेजी उद्योगों से निर्मित उत्पाद को बेचा जाता था।

32. भू-राजस्व के कौन-से समझौते में राजाओं और ताल्लुकादारों को जमींदारों के रुप में मान्यता दी गई?

(a) स्थाई समझौता (b) पट्टीदारी समझौता
(c) रैयतवारी समझौता (d) महालवारी समझौता

Ans. : (a) 1793 ई. में गवर्नर लार्ड कार्नवालिस द्वारा स्थायी भू-राजस्व व्यवस्था को लागू किया गया जिसमें कम्पनी एवं जमीदारों के बीच भू-राजस्व से सम्बंधित समझौता हुआ। इस व्यवस्था के तहत जमींदारों को ही भूमि का वास्तविक स्वामी माना गया। इस व्यवस्था को तालुकदारी व्यवस्था, इस्तमरारी तथा जमींदारी व्यवस्था के नाम से भी जाना जाता है।

33. बेगम हजरत महल ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह भड़काने में निम्नलिखित में से किस नगर से सक्रिय भाग लिया?

(a) फैजाबाद (b) इलाहाबाद
(c) कानपुर (d) लखनऊ

Ans. : (d) 1857 के विद्रोह में बेगम हजरत महल ने लखनऊ से अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की शुरुआत की थी।

34. निम्नलिखित में से किस अधिनियम (एक्ट) के अन्तर्गत भारतीय प्रशासन को ईस्ट इण्डिया कम्पनी से ब्रिटिश क्राउन को स्थानान्तरित किया गया?

(a) 1861 का अधिनियम (b) 1868 का अधिनियम
(c) 1833 का अधिनियम (d) 1858 का अधिनियम

Ans. : (d) 1857 के विद्रोह के परिणाम स्वरुप 1858 ई. में एक्ट पारित किया गया। इस एक्ट के तहत भारतीय प्रशासन के संचालन का कार्य कम्पनी से ब्रिटिश क्राउन को स्थानान्तरित कर दिया गया तथा क्राउन अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से भारत में प्रशासन का कार्य चलाने लगा।

35. मध्यकालीन असम में 'पाइक' निम्नलिखित में से क्या थे?

(a) पानी लाने वाले
(b) अनिवार्य सेना के सदस्य
(c) बलात् मजदूर
(d) बागान में काम करने वाले मजदूर

Ans. : (b) मध्यकालीन भारत में पाइक सेना के पैदल सैनिकों को कहा जाता था जो सेना के अनिवार्य सदस्य के रुप में होते थे।

36. 'मनीग्राम' और 'नानदेशी' निम्नलिखित में से क्या थे?

(a) चोल शासन की प्रशासनिक इकाइयाँ
(b) ब्राह्मणों को 'ब्रह्मदेय' के रुप में दिए गए प्रसिद्ध गाँव
(c) चोल काल के प्रसिद्ध शहर
(d) दक्षिण भारत के प्रसिद्ध व्यापार संघ

Ans. : (d) चोल शासक परांतक प्रथम के उत्तर मेरुर अभिलेख में मनीग्राम तथा नानदेशी संस्था का उल्लेख हुआ है यह व्यापारिक श्रेणिया थी। मनीग्राम व्यापारिक श्रेणी आन्तरिक व्यापार करती थी जबकि नानदेसी व्यापारिक श्रेणियां विदेशों से व्यापार करती थी।

37. नीचे कुछ स्थानों एवं वर्तमान राज्य के नाम दिए गए हैं जहाँ अनाज और पालतू पशुओं के प्रमाण/साक्ष्य पाए गए हैं

स्थान का नाम	वर्तमान राज्य
A. चिरान्द	I. कश्मीर
B. कोल्डिह्वा	II. उत्तर प्रदेश
C. बुर्जहोम	III. आन्ध्र प्रदेश
D. हालुर	IV. बिहार

उपरोक्त दो कॉलमों के सहीं जोड़े हैं

(a) I, III, IV, II (b) II, I, III, IV
(c) IV, II, I, III (d) III, IV, II, I

Ans. : (c)

स्थान	राज्य
चिरांद	बिहार
कोल्डिहवा	उत्तरप्रदेश
बुर्जहोम	कश्मीर
हालुर	आंध्रप्रदेश

38. ऋग्वेद में गंगा और यमुना नदी का .....बार नाम आया है।

(a) बारह (b) एक
(c) लगभग एक हजार (d) सौ

Ans. : (b) ऋग्वेद में गंगा व यमुना नदी का उल्लेख एक-एक बार हुआ है। वैदिक काल में सरस्वती नदी सबसे पवित्र नदी मानी जाती थी।

39. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बौद्ध और जैन दोनों धर्मो में है?

(a) मुक्ति पाने के लिए मनुष्य को अपने वस्त्रों सहित सब कुछ त्यागना होता है
(b) अधिक पाने की निरन्तर इच्छा को मध्य मार्ग अपनाकर समाप्त किया जा सकता है
(c) केवल वही सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सकत हैं जो घर त्याग देते हैं
(d) इन दोनों धर्मो को मुख्यतः व्यापारियों का समर्थन प्राप्त था

Ans. : (d)

40. निम्नलिखित में से किसने कहा था कि 'उच्च जातियों का उनकी भूमि पर कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वास्तव में भूमि का सम्बन्ध देशज लोगों से है अर्थात् तथाकथित निम्न जातियों से'?

(a) घासीदास (b) ज्योतिबा फूले
(c) श्रीनारायण गुरु (d) हरिदास ठाकुर

Ans. : (b) ज्योतिबा फूले महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक थे जिन्होंने निम्न जातियों के उत्थान एवं उनके हितों के लिए अथक प्रयास किया। इन्होंने अपनी पुस्तक 'गुलामगीरी' में लिखा कि उच्च जातियों का उनकी भूमि पर कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वास्तव में भूमि का सम्बन्ध देशज लोगों से है अर्थात् तथाकथित निम्न जातियों से है।''

41. शाहजहाँ द्वारा 'दीवाने आम' बनवाने के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त है?

(a) प्रजा में सन्तोष बेहतर शासन में सहायता करता है
(b) अपराध की दर को नियन्त्रित करना आवश्यक था
(c) ताजमहल का सफेद संगमरमर शान्ति का प्रतीक है
(d) राजा का न्याय छोटे-बड़े को एकसमान मानता है

Ans. : (a) दीवान-ए-आम, सामान्य लोगों के विवादों, समस्याओं को समाधान के लिए शाहजहाँ द्वारा निर्मित कराया गया था ताकि बेहतर शासन के द्वारा प्रजा को संतुष्टि प्रदान की जा सके।

42. तमिलनाडु के चिन्गलेपुट जिले में उत्तरमेरुर के शिलालेख में निर्धारित नियम के कारण निम्नलिखित में से कौन 'सभा' के सदस्य नहीं बन सकते?

(a) वे जिनके अपने घर थे
(b) वे जिन्होंने अपना हिसाब-किताब नहीं दिया था
(c) 35 से 70 वर्ष की आयु के लोग
(d) वेदों का ज्ञान रखने वाले लोग

Ans. : (b) उत्तरमेरुर के शिलालेख में निर्धारित नियम के कारण वे जिन्होंने अपना हिसाब-किताब नहीं दिया था 'सभा' के सदस्य नहीं बन सकते थे। उत्तरमेरुर शिलालेख में सभा के सदस्यों की योग्यता का उल्लेख किया गया है। जो निम्न है–

1- सदस्य की आयु 35-70 वर्ष के बीच हो
2- वेदों का ज्ञान रखता हो
3-$1\frac{1}{2}$ एकड़ भूमि का स्वामी हो
4- जिसका स्वयं का घर हो।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य भारत में उत्तरी भागों में गाँव-प्रमुख 'ग्राम-भोजका' के विषय में सत्य नहीं है?

(a) राजा ने उसकी कभी टैक्स एकत्र करने के लिए प्रयोग नहीं किया
(b) प्रायः उसके पास दास होते थे और वह भूमि पर खेती करने के लिए मजदूरों को लगया करता था
(c) वह प्रायः बड़ा भू-स्वामी होता था
(d) उसको पद विरासत में मिलता था

Ans. : (a) ग्राम प्रमुख 'ग्राम-भोजका' की नियुक्ति राजा द्वारा राजस्व एकत्रण के लिये किया गया था। यह पद वंशानुगत होता था।

44. मृदा के कौन-से गुण का निर्धारण जनक चट्टान करती है?

(a) मृदा का जमाव
(b) रासायनिक गुण, पारगम्यता एवं संरचना
(c) अपक्षय की दर और खाद-मिट्टी
(d) मृदा की मोटाई

Ans. : (b) मृदा के गुणों का निर्धारण उनकी जनक चट्टाने करती है। जैसा गुण जनक चट्टानों का होगा उसी आधार पर मिट्टी की संरचना, रासायनिक गुण तथा पारगम्यता होती है।

45. धरातल के निकट पाए जाने वाले खनिजों को साधारणतया खोदकर निकालने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(a) विवृद-खान खनन (b) सिन्टरन
(c) उत्खनन (d) निस्तापन

Ans. : (a) पृथ्वी की सतह के अंदर दबी शैलों से खनिजों को बाहर निकालने की प्रक्रिया खनन कहलाती है। खनिज जो कम गहराई (धरातल के निकट) में स्थित होते हैं, वे पृष्ठीय स्तर को हटाकर निकाले जाते हैं, इसे विवृत खनन कहते हैं।
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसें जो अत्यधिक गहराई में होती है, को खनन द्वारा निकालने की विधि को 'प्रवेधन' कहते हैं।

46. दुनिया की प्राचीनतम चट्टानें निम्न में से कहाँ स्थित हैं?

(a) दक्षिण भारत (b) हवाई द्वीप
(c) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिणी अफ्रीका

Ans. : (c) विश्व की प्राचीनतम चट्टानें आर्कियन चट्टाने हैं। ये दक्षिण भारत, प. आस्ट्रेलिया एवं दक्षिण अफ्रीका तीनों में पायी जाती हैं। इनमें प. आस्ट्रेलिया में पायी गई आर्कियन चट्टाने सर्वाधिक प्राचीन हैं।

47. कच्चे माल को अधिक मूल्यवान उत्पाद में बदलने वाली क्रिया को क्या कहा जाता है?

(a) आर्थिक क्रिया (b) तृतीयक क्रिया
(c) प्राथमिक क्रिया (d) द्वितीयक क्रिया

Ans. : (d) कच्चे माल का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का निर्माण किया जाता है। जैसे कपास से सूती कपड़ा। विनिर्मित वस्तुएं कच्चे माल की तुलना में अधिक मूल्यवान हो जाती हैं। कच्चे माल को अत्यधिक मूल्यवान उत्पाद में बदलना द्वितीयक क्रिया कहलाता है।
आर्थिक क्रियाओं के अंतर्गत उपभोग, उत्पादन, वितरण एवं विनिमय के तरीकों का अध्ययन किया जाता है।

48. अपैची और क्रो निम्नलिखित में से क्या है?

(a) अमेरिका के म्यूजिक बैण्ड
(b) पर्यावरण पर वृत्तचित्र
(c) उत्तरी अमेरिका के कबीले
(d) कीनिया के धुमनतू (खानाबदेश)

Ans. : (c) उत्तरी अमेरिका की जनजाति जो कबीलों में रहती है उनमें अपैची तथा क्रो मुख्य है।

49. निम्नलिखित में से कौन-सा सनराइज उद्योग का एक उदाहरण है?

(a) कागज उद्योग (b) पटसन उद्योग
(c) सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग (d) खाद्य तेल उद्योग

Ans. : (c) सूचना एवं प्रौद्योगिकी उद्योग सनराइज उद्योग का उदाहरण है।

50. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है?

(a) भूमध्य सागरीय क्षेत्र
(b) ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैण्ड
(c) दक्षिण अफ्रीका का ऑरेन्ज क्षेत्र
(d) भारत की कश्मीर घाटी

Ans. : (a) विश्व का फल-उद्यान भूमध्य सागरीय क्षेत्र को कहा जाता है क्योंकि यह क्षेत्र रसीले फलों जैसे - नींबू, संतरा आदि के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

51. निम्नलिखित में से कौन जहाजों के नौकायन में सहायता करता है?

(a) ऐसे क्षेत्र जहाँ गर्म समुद्री धाराएँ और शीत समुद्री धाराएँ मिलती हैं
(b) समुद्री धाराओं का क्षेत्र
(c) उच्च ज्वारीय क्षेत्र
(d) कम ज्वार का क्षेत्र

Ans. : (c) उच्च ज्वारीय क्षेत्र जहाजों के नौकायन में सहायता प्रदान करता है। इसके द्वारा जहाजों को बन्दरगाहों से आसानी से निकाला जाता है।

52. पृथ्वी द्वारा प्रसारित (प्रेषित) रेडियों तरंगों को वापस पृथ्वी पर कौन परावर्तित करता है?

(a) समताप मण्डल (b) ताप मण्डल
(c) बाह्य मण्डल (d) मध्य मण्डल

Ans. : (b) पृथ्वी द्वारा प्रसारित रेडियों तरंगों को वापस पृथ्वी पर आयनमण्डल द्वारा परावर्तित किया जाता है। आयनमण्डल तापमण्डल की एक परत है।

53. पर्यावरण में सन्तुलन बिगड़ जाता है, यदि

(a) जंगली जानवरों का विवेकहीन शिकार किया जाना निषेध हो
(b) निर्वनीकरण तथा भू-अपरदन चलता रहे
(c) प्रजातियों की सापेक्ष संख्या के साथ छेड़छाड़ न की जाए
(d) मानवीय गतिविधियाँ प्राकृतिक पर्यावास को संरक्षित करती रहें

Ans. : (b) निर्वनीकरण तथा भू-अपरदन से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाता है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पोषणीय (दीर्घजीवी) विकास का सिद्धान्त नहीं है?

(a) पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत रवैये और व्यवहार में परिवर्तन
(b) मानव-जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी
(c) प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम प्रयोग
(d) जीवन के प्रत्येक प्रकार का सम्मान और उसके देखभाल

Ans. : (c) 'सतत पोषणीय विकास' के द्वारा संसाधनों का ऐसा संतुलित उपयोग किया जाता है, जिससे हमारी वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संसाधन उपलब्ध रहे।

55. दो शहर N और M ग्रीनविच के क्रमशः 15^0 पूर्व तथा 15^0 पश्चिम पर स्थित हैं। इन दो शहरों के समय में कितना अन्तर होगा?

(a) 1:30 घण्टा (b) 2 घण्टे
(c) 30 मिनट (d) 1 घण्टा

Ans. : (b) 0° देशान्तर के दोनों तरफ 15° पू. तथा 15° पश्चिमी देशान्तर के मध्य दूरी = 15° +15° = 30°

∵ 1° देशान्तर तय करने में समय लगता है = 4 मि.

∴ 30° देशान्तर तय करने में समय लगेगा = 4 × 30
= 120 मि.
= 2 घंटा

56. न्यूनतम वेतन अधिनियम–

(a) नियोगकर्ताओं को कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन निश्चित करने की छूट देता है
(b) संगठित क्षेत्र के केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए है
(c) निश्चित करता है कि मजदूरों को न्यूनतम वेतन मिलना चाहिए
(d) निश्चित करता है कि वेतन एक निश्चित न्यूनतम से कम नहीं होना चाहिए

Ans. : (d) न्यूनतम वेतन अधिनियम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि वेतन, निश्चित न्यूनतम वेतन से कम नहीं होने चाहिए।

57. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत 'अस्पृश्यता' के कारण किसी अयोग्यता को लागू करना कानून के अनुसार एक दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है।

(a) अनुच्छेद 21 (b) अनुच्छेद 28
(c) अनुच्छेद 15 (d) अनुच्छेद 17

Ans. : (d) भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार के अन्तर्गत अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता को समाप्त करने की घोषणा की गई है। अस्पृश्यता अब दण्डनीय अपराध है।

58. भारत में असमानता का मुख्य कारण क्या है?

(a) जाति (b) लिंग
(c) गरीबी (d) धर्म

Ans. : (c) भारत में असमानता का मुख्य लक्षण गरीबी है।

59. संवैधानिक उपचारों का अधिकार–

(a) शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 को निष्कासित करता है
(b) न्यायपालिका को संसद द्वारा लागू कानून को निरस्त करने की शक्ति प्रदान करता है
(c) नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है
(d) संविधान संशोधन द्वारा स्वयं को सुधारने के विषय में है

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनु.-32 में संवैधानिक उपचारों का अधिकार दिया गया है। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन किया जाता है तो वह व्यक्ति अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय की मदद ले सकता है।

60. हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से क्या सत्य है?

(a) पुत्रों, पुत्रियों और उनकी माताओं का पारिवारिक सम्पत्ति में बराबर हिस्सा होता है
(b) आर्य समाज के अनुयायियों पर यह अधिनियम लागू नहीं होता
(c) परिवार के केवल पुत्रों अथवा पुरुष सदस्यों को ही पारिवारिक सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त है
(d) केवल पत्नी को अपने दिवंगत पति की सम्पत्ति में उत्तराधिकार है

Ans. : (a) हिन्दू उत्तराधिकार 'संशोधन' अधिनियम -2005 के अनुसार पुत्रों, पुत्रियों तथा उनकी माताओं का पारिवारिक सम्पत्ति में बराबर का हिस्सा होगा।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2013

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 28 जुलाई, 2013)**

1. अर्थशास्त्र के अनुसार मौर्यकाल में उत्तर-पश्चिम भारत ..... के लिए प्रसिद्ध था।

(a) कपास (b) सोना एवं बहुमूल्य पत्थर
(c) चाँदी एवं ताँबा (d) कम्बल

Ans : (d) अर्थशास्त्र के अनुसार मौर्य काल में उत्तर पश्चिमी भारत (उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत) कंबल निर्माण के लिए प्रसिद्ध था। इन कम्बलों को **भिंगिसी** कहा जाता था।

2. एम्फोरा एक.....था।

(a) इटली का सिक्का
(b) लाल चमकदार बर्तन
(c) लम्बा एवं दोनों तरफ हत्थे लगा जार
(d) छिद्रयुक्त बर्तन

Ans : (c) आकार में लम्बा तथा दोनों तरफ लगे हत्थे वाले जार को एम्फोरा जार कहा जाता है।

3. रोमन साम्राज्य में काली मिर्च की इतनी माँग थी कि इसे .....नाम से बुलाते थे।

(a) काला जादू (b) काला ताबीज
(c) काला पत्थर (d) काला सोना

Ans : (d) रोमन साम्राज्य में काली मिर्च को काला सोना कहा जाता था। रोमन (यवन) लोगों द्वारा इसे अधिक प्रयोग किए जाने के कारण 'यवन प्रिया' भी कहा जाता था।

4. रहट, चरखे एवं आग्नेयास्त्रों का आविष्कार.....में हुआ था।

(a) प्रागैतिहास काल (b) प्राचीन काल
(c) मध्यकाल (d) आधुनिक काल

Ans. : (c) रहट, चरखे एंव अग्नेयास्त्रों का अविष्कार मध्यकाल में 14वीं एवं 15वीं शताब्दी में हुआ था।

5. निम्नलिखित में से किस दिल्ली के सुल्तान की प्रशंसा में एक संस्कृत प्रशस्ति पाया गया है?

(a) इल्तुतमिश (b) बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोज तुगलक

Ans. : (c) खिलजी सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी की प्रशंसा में एक प्रशस्ति जोधपुर में पाया गया है, इसें जोधपुर शिलालेख के नाम से जाना जाता है। यह शिलालेख संस्कृत भाषा में लिखी गई है। इस शिलालेख में अलाउद्दीन खिलजी के विजयों का उल्लेख किया गया है।

6. हिरण्यगर्भ नामक अनुष्ठान किया जाता था–

(a) जब एक राजा किसी क्षेत्र को जीतता था
(b) राजा को क्षत्रिय घोषित करने के लिए चाहे वह जन्म से क्षत्रिय न हो
(c) हिरण का शिकार करने से पहले
(d) पुत्र के जन्म के लिए

Ans. : (b) राजा को क्षत्रिय घोषित करने के लिए चाहें वह जन्म से क्षत्रिय न हो हिरण्यगर्भ नामक अनुष्ठान किया जाता था। राष्ट्रकूट शासक दन्तिदुर्ग ने अपनी राजधानी उज्जैनी में हिरण्यगर्भ यज्ञ का अनुष्ठान किया था।

7. चोल काल में व्यापारियों के संघ को.....कहा जाता था।

(a) ग्रामम् (b) श्रेणी
(c) नगरम् (d) सभा

Ans. : (c) चोलकालीन व्यापारियों के संघ को **नगरम** कहा जाता था जबकि उत्तर भारत में व्यापारियों के संगठन को **श्रेणी** कहा जाता था।

8. नाथ साहित्य का सम्बन्ध है–

(a) बंगाली से (b) असमी से
(c) उड़िया से (d) मैथिली से

Ans. : (a) नाथ सहित्य का सम्बंध बंगाली भाषा से है। नाथ सम्प्रदाय से सम्बंधित साहित्य को नाथ साहित्य के नाम से जाना जाता है। नाथ सम्प्रदाय की स्थापना नाथ मुनि (मत्स्येन्द्र नाथ) ने की थी।

9. खान अब्दुल गफ्फार खान ने उत्तर-पश्चिमी सीमान्त प्रान्त में शक्तिशाली अहिंसक आन्दोलन चलाया जिसे.....के रूप में जाना जाता है।

(a) राम-रहीम आन्दोलन
(b) खिलाफत आन्दोलन
(c) खुदाई खिदमतगार आन्दोलन
(d) पख्तून आन्दोलन

Ans. : (c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन के समय उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत में खान अब्दुल गफ्फार खान ने खुदाई खिदमतगार नामक आंदोलन चलाया। इस अंदोलन के अंदोलनकारियों को लालकुर्ती दल के नाम से जाना जाता है।

10. कांग्रेस द्वारा पारित 'पूर्ण स्वराज' (1929) के लिए संघर्ष की प्रस्तावना के बाद.....को स्वतन्त्रता दिवस' मनाया गया।

(a) 15 अगस्त, 1930 (b) 26 जनवरी, 1930
(c) 1 जनवरी, 1930 (d) 2 अक्टूबर, 1930

Ans. : (b) कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन 1929 में रावी नदी के तट पर हुआ था तथा उस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1930 को स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

11. बिग बीयर एक उदाहरण है –

(a) आकाशगंगा का (b) नक्षत्रमण्डल का
(c) तारा का (d) गैलेक्सी का

Ans. : (b) बिग बियर एक नक्षत्रमण्डल है। इसे सप्तर्षि मण्डल कहते हैं।

12. पृथ्वी से चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है, क्योंकि–

(a) चन्द्रमा का दूसरा भाग केवल दिन के समय पृथ्वी की ओर होता है
(b) चन्द्रमा का दूसरा भाग केवल अमावस्या को पृथ्वी की ओर होता है
(c) चन्द्रमा का पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाने में तथा अपने अक्ष पर घूमने में समान समय लगता है
(d) चन्द्रमा को अपने अक्ष पर एक चक्कर लगाने में एक प्रकाश वर्ष लगता है

Ans. : (c) पृथ्वी से चन्द्रमा को केवल एक ही भाग दिखाई देता है क्योंकि चन्द्रमा को पृथ्वी के चारो और चक्कर लगाने में तथा उपने अक्ष पर घूमने में समान समय लगता है।

13. पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है–

(a) पश्चिम से पूर्व की ओर (b) उत्तर से दक्षिण की ओर
(c) पूर्व से पश्चिम की ओर (d) दक्षिण से उत्तर की ओर

Ans. : (a) पृथ्वी अपने अक्ष पर 'पश्चिम से पूर्व' की ओर घूमती है। पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना पृथ्वी का घूर्णन गति कहा जाता है। पृथ्वी अपने अक्ष पर 24 घण्टे में एक पूरा चक्कर लगा लेती है।

14. जैसे-जैसे हम पूर्वी गोलार्द्ध से पश्चिमी गोलार्द्ध की ओर जाते है, देशान्तर रेखाओं का आकार–

(a) बढ़ता जाता है
(b) घटता जाता है
(c) समान रहता है
(d) पहले बढ़ता जाता है फिर घटता जाता है

Ans. : (c) पूर्वी गोलार्द्ध से पश्चिमी गोलार्द्ध की ओर जाने पर देशान्तर रेखाओं का आकार समान रहता है। क्योंकि प्रत्येक देशान्तर रेखा समान होती है। दो देशान्तर रेखाओं के बीच की दूरी 111 किमी. होती है।

15. पृथ्वी-दिन कहलाता है–

(a) जितने समय तक सूर्य पृथ्वी पर एक विशेष स्थान पर चमकता है
(b) ग्रीनविच का मानक समय
(c) पृथ्वी द्वारा अपने अक्ष पर घूमने में लिया गया समय
(d) पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर परिक्रमा में लिया गया समय

Ans. : (c) पृथ्वी द्वारा अपने अक्ष पर घूमने में लगा समय पृथ्वी -दिन (Earth-day) कहलाता है। यह समय 24 घण्टे का होता है।

16. विषुव के दिन सूर्य की सीधी किरणें पड़ती हैं–

(a) कर्क रेखा पर (b) विषुवत् रेखा पर
(c) मकर देखा पर (d) आर्कटिक वृत्त पर

Ans. : (b) विषुव के दिन सूर्य की किरणे विषुवत रेखा पर सीधी पड़ती है। 21 मार्च एवं 23 सितम्बर को विषुव की स्थिति होती है। इस कारण 21 मार्च एवं 23 सितम्बर को दोनों गोलार्धो में दिन और रात बराबर होता है।

17. अटलाण्टिक महासागर में अनेक पोताश्रय एवं पतन है, क्योंकि–

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूरोप के बीच भारी मात्रा में समुद्री व्यापार होता है–
(b) अटलाण्टिक महासागर में मत्स्य उद्योग विकसित है
(c) अटलाण्टिक महासागर की तट रेखा अधिक दन्तुरित है
(d) अटलाण्टिक महासागर की तट रेखा अधिक छिछली है

Ans. : (c) अटलांटिक महासागर की तट रेखा अधिक तन्दुरित (कटी-फटी) है। अतः दन्तुरित तट रेखा का होना प्राकृतिक पोताश्रय एवं पत्तनों के लिए आदर्श स्थिति होती है। जिस कारण अटलांटिक महासागर में अनेक पोताश्रय एवं पत्तन है।

18. दुनिया की सबसे लम्बी पर्वत शृंखला कौन-सी है?

(a) हिमालय (b) रॉकी
(c) एण्डीज (d) आल्प्स

Ans. : (c) दुनिया की सबसे लम्बी पर्वत शृंखला एण्डीज है। यह दक्षिण अमेरिका में स्थित है। इसकी लम्बाई 7200 किमी. है।

19. भारत में उष्णकटिबन्धीय वर्षा वन पाए जाते हैं–

(a) मध्य प्रदेश में
(b) हिमाचल प्रदेश में
(c) अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूहों में
(d) राजस्थान में

Ans. : (c) अण्डमान-निकोबार द्वीप समूहों में उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन पाए जाते हैं।

20. लौटते मानसून के समय आर्द्र पवनें बहती हैं–

(a) घाटी से मैदान की ओर (b) स्थल से समुद्र की ओर
(c) समुद्र से स्थल की ओर (d) पठार से मैदान की ओर

Ans. : (b) लौटते मानसून के समय आर्द्र पवनें स्थल से समुद्र की ओर बहती है इसे स्थलीय समीर कहा जाता है।

21. निम्नलिखित में से किसे पृथ्वी के फेफड़े कहा जाता है?

(a) ब्राजील के उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन
(b) मध्य अमेरिका उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती वन
(c) चीन के शीतोष्ण सदाबहार बन
(d) चिली के शीतोष्ण पर्णपाती वन

Ans. : (a) ब्राजील के उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है, क्योंकि विषुवत रेखा पर स्थित होने के कारण यहाँ घने तथा सदाबहार बन पाए जाते है, जो अत्याधिक मात्रा में ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं।

22. विश्व का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौन-सा है?

(a) गंगा नदी बेसिन (b) नील नदी बेसिन
(c) मिसीसिपी नदी बेसिन (d) अमेजन नदी बेसिन

Ans. : (d) विश्व का सबसे बड़ी नदी बेसिन 'अमेजन नदी बेसिन' है। इसका विस्तार दक्षिण अमेरिका के ब्राजील देश में है।

23. 'मलोका' क्या है?

(a) एक जनजाति (b) एक प्रकार का घर
(c) एक वन्य पशु (d) मलक्का का निवासी

Ans. : (b) कोलम्बियन जनजातियों द्वारा बनाया गया घर **मलोका** कहा जाता है। यह जनजाति उत्तर-पूर्वी पेरु में निवास करती है।

24. संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना तथा उन्हें नवीकरण के लिए समय देना, ...कहलाता है।

(a) संसाधन संरक्षण (b) सतत्पोषणीय विकास
(c) संसाधन प्रबन्ध (d) विकास प्रबन्धन

Ans. : (a) संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना तथा उन्हे नवीकरण के लिए समय देना संसाधन संरक्षण कहलाता है। इसके अन्तर्गत संसाधनों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है।

25. रक्षक मेखला.....की एक विधि है–

(a) जल संरक्षण (b) मृदा निर्माण
(c) बागानी (d) मृदा संरक्षण

Ans. : (d) रक्षक मेखला, मृदा संरक्षण की एक विधि है। इस विधि में मृदा संरक्षित करने के लिए खेत में बार्डर एवं आड़ी-तिरछी रेखाएं बनाई जाती है। जिससे उनका बहाव नहीं होता हैं।

26. मध्य प्रदेश में स्थित भीमबेटका एक.....पुरास्थल है।

(a) पुरापाषाणिक (b) नवपाषाणिक
(c) महापाषाणिक (d) सूक्ष्मपाषाणिक

Ans. : (a) पुरापाषाणिक स्थल भीमबेटका मध्यप्रदेश में स्थित हैं भीमबेटका गुफा से शैलचित्रों के अवशेष मिलते है।

27. ऋग्वेद काल में कौन-से तीन देवता विशेषकर प्रमुख थे?

(a) रुद्र, विष्णु तथा इन्द्र (b) अग्नि, इन्द्र तथा सोम
(c) इन्द्र, वरुण तथा रुद्र (d) अग्नि, इन्द्र तथा विष्णु

Ans. : (b) ऋग्वैदिक काल के तीन प्रमुख देवता अग्नि, इन्द्र तथा सोम थे। इन्द्र सबसे प्रमुख देवता थे। ऋग्वेद में 250 बार इन्द्र का उल्लेख किया गया है जबकि 200 बार अग्नि का तथा 114 बार सोम का उल्लेख है। ऋग्वेद का 9वाँ मण्डल सोम देवता को समर्पित है।

28. संस्कृत को जिस भाषा-परिवार का हिस्सा माना जाता है, उसे .....कहते हैं।

(a) भारत-आर्य (b) भारत-यूनान
(c) भारत-यूरोप (d) भारत-अरब

Ans. : (c) संस्कृत को भारत-यूरोप (भारतीय) भाषा परिवार का हिस्सा माना जाता है। संस्कृत आर्यो की मूलभाषा थी।

29. किस स्थान पर मृतक को प्रायः उत्तर की ओर सिर करके दफनाया जाता था?

(a) इनामगाँव (b) बुर्जहोम
(c) मेहरगढ़ (d) भीमबेटका

Ans. : (a) ताम्रपाषाणिक स्थल इनामगाँव महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। यहाँ से कब्र के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं जिसमें मृतक को उत्तर-दक्षिण दिशा में दफनाया गया था जिसमें मृतक का सिर उत्तर की ओर था।

30. बुद्ध द्वारा लालसाओं व इच्छाओं की तृष्णा को निम्नलिखित में से क्या बताया गया?

(a) पिपासा (b) तृष्णा
(c) तन्हा (d) तीव्र इच्छा

Ans. : (b) लालसा व इच्छाओं की तृष्णा को बुद्ध ने तृष्णा नाम दिया था बुद्ध के अनुसार दुःख का मूल कारण तृष्णा है तथा इससे आशक्ति या राग का उद्भव होता है।

31. उत्पादों की ब्रांडिंग करने से –

(a) इसकी बिक्री की ब्रांडिंग करने से
(b) बाजार में उपलब्ध दूसरे उत्पादों में इसे भिन्न करता है
(c) उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक बन जाता है
(d) उपभोक्ताओं को खुदरा मूल्य पर छूट मिलती है

Ans. : (b) उत्पादों की ब्रांडिग से उसकी पहचान सुनिश्चित किया जाता है। इसके द्वारा बाजार में उपलब्ध दूसरे उत्पादों से भिन्नता प्रकट की जाती है।

32. भारतीय संविधान के किस खण्ड को अकसर संविधान की 'अन्तरात्मा' कहा जाता है?

(a) नीति-निदेशक सिद्धान्तों से सम्बन्धित खण्ड
(b) मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित खण्ड
(c) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण नीति से सम्बन्धित खण्ड
(d) संविधान की प्रस्तावना

Ans. : (d) भारतीय संविधान की प्रस्तावना को संविधान की अन्तरात्मा कहा जाता है। पं. जवाहर लाल नेहरु ने 13 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा में प्रस्तावना पेश किया। प्रस्तावना को प. नेहरु ने **'संविधान की आत्मा'** कहा है। जब किसी मामले में कोई निर्णय नही हो पाता तो **प्रस्तावना** का सहारा लिया जाता है।

33. लोकसभा के लिए कितने सदस्य मनोनीत हो सकते हैं?

(a) एक भी नहीं (b) दो
(c) चार (d) बारह

Ans. : (b) भारतीय संविधान अनु.-331 के अनुसार राष्ट्रपति को लोक सभा में 'दो सदस्य' आंग्ल-भारतीय समुदाय के मनोनीत करने का अधिकार है।

34. न्यायाधीश किसी मुकदमें पर निर्णय देता है–

(a) दलीलों के आधार पर
(b) दिए गए शुल्क के आधार पर
(c) सबूतों के आधार पर
(d) पुलिस तहकीकात के आधार पर

Ans. : (c) न्यायाधीश द्वारा किसी मामले पर निर्णय सबूतों (साक्ष्यों) के आधार पर दिया जाता है।

35. निम्नलिखित में से किस पंथ पर आदिवासी प्रभाव परिलक्षित होता है?

(a) वेंकटेश्वर पंथ (b) जगन्नाथ पंथ
(c) विश्वनाथ पंथ (d) अमरनाथ पंथ

Ans. : (b) आदिवासी प्रभाव सबसे ज्यादा जगन्नाथ पंथ पर दिखायी देता है। इस पंथ के लोग शिव के अनुयायी होते हैं। इनकी पूजा विधि में तंत्र, मंत्र, बलि आदि शामिल होते हैं।

36. दस्त, पेचिश, हैजा जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है–

(a) स्वास्थ्य शिक्षा के द्वारा
(b) बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के द्वारा
(c) सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराकर
(d) सस्ती दवाईयाँ उपलब्ध कराकर

Ans. : (c) दस्त, पेचिश एवं हैजा जैसी बीमारियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा कर नियंत्रित एवं रोका जा सकता है क्योंकि ये सभी बीमारियाँ दूषित जल के सेवन से उत्पन्न होते हैं।

37. सरकार एवं इसके कार्यों की चर्चा अकसर अतिवादी विचारों की तरफ ले जाती हैं, अतः शिक्षक को चाहिए कि वह–

(a) इस पर किसी भी वाद-विवाद अथवा चर्चा से बचे
(b) सरकार के तौर-तरीकों की आलोचना करे
(c) न्यायिक सक्रियता (Judicial activism) के लिए दलील दे
(d) उपदेशात्मक क्रियाओं की तुलना में अधिक वस्तुष्ठि अन्तः क्रियाओं का आयोजन करे

Ans. : (d) सरकार एवं इसके कार्यों की चर्चा अतिवादिता की ओर ले जाती है अतः इस समस्या के समाधान के लिए शिक्षक द्वारा उपदेशात्मक क्रियाओं की तुलना में अधिक से अधिक वस्तुनिष्ठ क्रियाओं का आयोजन किया जाना चाहिए।

38. निम्नलिखित में से किस कारक के विद्यार्थियों व किशोरियों/किशोरों के व्यवहार व प्रवृत्ति पर असर के विषय में समाज विज्ञानियों के विचार सबसे अधिक विविधता लिए हुए है?

(a) परिवार (b) विद्यालय
(c) टेलीविजन (d) सहपाठी

Ans. : (c) टेलीविजन एक ऐसा साधन है जो विद्यार्थियों किशोरो - किशोरियों के व्यवहार एवं प्रवृत्ति में व्यापक प्रभाव डालता है। इसके माध्यम से समाज विज्ञानी भी प्रभावित होते हैं। विद्यार्थियों में कभी-कभी नकारात्मक विचारों की उत्पत्ति हो जाती है। जिससे समाजविज्ञानियों को इस तरह की समस्या से निपटने के लिए संगोष्ठियाँ एवं सम्मेलन आयोजित करने पड़ते हैं।

39. निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक विज्ञान कक्षा में शिक्षार्थियों के शैक्षिक गतिविधियों पर बिताए गए समय को बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम है?

(a) सप्ताह में तीन बार गृहकार्य देना
(b) नये विषयों पर, उन पर चर्चा करने से पहले सभी शिक्षार्थियों को अलग-अलग परियोजना देना
(c) रुचि बनाए रखने हेतु दिए जा रह व्याख्यान में अधिक-से-अधिक नई सामग्री रखना
(d) ठीक पाठ योजना व प्रत्येक गतिविधि के लिए नियत समय का पालन

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के शिक्षक द्वारा समय का सर्वोत्तम सदुपयोग करने लिए विद्यार्थियों को शैक्षिक गतिविधियों के तहत अलग-अलग विषयों पर परियोजना देना जिस विषय वस्तु पर पूर्व में चर्चा नहीं की गई हो ताकि विद्यार्थी को अपनी स्मृति एवं बृद्धि क्षमता के आधार पर कार्य करने की स्वतंत्रता मिले इससे विद्यार्थियो में सृजनात्मक क्षमता का भी विकास होता है।

40. एक छात्रा भारतीय सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध में झेली कठिनाइयों के विषय में उत्सुक है। वह कुछ सैनिकों का इण्टरव्यू लेती है जिन्होंने इस युद्ध में हिस्सा लिया था। इन सैनिकों को निम्नलिखित में से क्या माना जा सकता है?

(a) गौण स्त्रोत (b) प्राथमिक स्त्रोत
(c) वास्तविक बयान करने वाले (d) आन्तरिक स्त्रोत

Ans. : (b) छात्र द्वारा उन सैनिकों का इन्टरव्यू लेना जो कारगिल के युद्ध में हिस्सा लिए थे अतः सैनिक घटना का प्रत्यक्षदर्शी है। अतः वह प्राथमिक स्त्रोत है।

41. एक शिक्षक कक्षा VII के छात्रों को गहन अध्ययन (Case study) के लिए प्रकरण देना चाहता है। निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कौन-सा होगा?

(a) भूकम्प
(b) भारत की प्रमुख फसलें
(c) भारत की पाए जाने वाले खनिज
(d) पृथ्वी की संरचना

Ans. : (b) गहन अध्ययन का तात्पर्य विषय वस्तु के प्रत्तेक घटक का अध्ययन करना होता है। कक्षा VII के विद्यार्थियों के लिए विषय-वस्तु विकल्प में भारत की प्रमुख फसले सर्वाधिक उपयुक्त होगी क्योंकि फसल से सम्बन्धित प्रत्येक घटक विद्यार्थी को आसानी से प्राप्त हो जाएंगे जैसे - क्षेत्र, तापमान, वर्षा, फसलों की विविधता आदि।

42. वैयक्तिक चुनाव की तुलना में अवलोकन योग्य तथ्यों को ध्यान में रख निगमन निकालना निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?

(a) तर्कना (b) मुक्त-संगत
(c) आत्मकेन्द्रिता (d) सामाजिक बुद्धि उत्तेजना

Ans. : (a) वैयक्तिक चुनाव की तुलना में अवलोकन योग्य तथ्यों को ध्यान में रख निगमन निकालना तर्कना कहलाता है।

43. विभिन्न देशों में भूमि उपयोग को दर्शाने के लिए निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कौन-सा होगा?

(a) फ्लो चार्ट (b) तुलनात्मक चार्ट
(c) समय-रेखा चार्ट (d) वेन आरेख

Ans. : (b) विभिन्न देशों में भूमि उपयोग को दर्शाने के लिए तुलनात्मक चार्ट की शिक्षण सामग्री सबसे उपयुक्त होती है।

44. एक शिक्षक अपनी पाठ-योजना में, ''छात्र मौर्य वंश की पतन के कारणों को बता सकेंगे'' अनुदेशनात्मक उद्देश्य लिखता-लिखती है। यह उद्देश्य किसके अन्तर्गत आएगा?

(a) ज्ञान (b) अवबोध
(c) अनुप्रयोग (d) संश्लेषण

Ans. : (b) किसी विषय-वस्तु से सम्बंधित अनुदेशात्मक उद्देश्य लिखना, अवबोधन को उच्च स्तर पर बनाने का प्रयास है। अवबोधन का तात्पर्य **समझ** होता है।

45. निम्नलिखित में से..... के अतिरिक्त सभी सृजनात्मक चिन्तन के अभिलक्षण हैं।

(a) दी गई समस्या के लिए सदा ठीक-ठीक उत्तर देने के सामर्थ्य
(b) विभिन्न स्त्रोतों से संश्लेषण
(c) किसी समस्या को हल करने हेतु कल्पनाशील व लचीली विधि का उपयोग
(d) अर्थपूर्ण व विचारशील निर्णय लेने की क्षमता

Ans. : (a) समस्या के लिए सदैव ठीक-ठीक उत्तर देने की सामर्थत्ता सृजनशीलता का लक्षण नहीं है। सृजनशीलता में नये विचारों की उत्पत्ति होती है सृजनशीलता के अन्तर्गत छात्र में विश्लेषण क्षमता, कल्पना शक्ति का विकास होता है।

46. एक सामाजिक विज्ञान कक्षा में शिक्षार्थी वह चर्चा आरम्भ करते हैं कि विद्यालय के निकट मोबाइल टावर लगना चाहिए कि नहीं! एक छात्रा कहती है कि टावर से निकलने वाला विकिरण छात्राओं को बीमार कर देगा। एक और छात्रा कहती है कि उसने समाचारों में सुना है कि मोबाइल टावर मनुष्यों को बीमार नहीं करते हैं। एक शिक्षिका के नाते आप–

(a) छात्राओं को, स्थानीय प्रशासन के कार्यालय के बाहर धरना देने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।
(b) छात्राओं को इस स्थिति पर साक्ष्य एकत्रित करने के लिए अभिप्रेरित करेंगी जिससे वह स्थिति का वस्तुनिष्ठ आकलन कर सकें।
(c) इस विषय पर कक्षा में एक संरचनात्मक बहस का आयोजन करवाएँगी।
(d) कक्षा में इस स्थिति को जानने के लिए पक्ष/विपक्ष में चुनाव करवाएँगी।

Ans. : (b) जब कक्षा में शिक्षक द्वारा कोई विषय वस्तु छात्रों के सम्मुख रखा जाता है तथा छात्रों में मतभेद की स्थिति उत्पन्न होती है तो छात्रों को विषय वस्तु की स्थित पर साक्ष्य एकत्रित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे छात्र समस्या को आकलन करने में सक्षम हो सकें।

47. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्रारुप 2005 के अनुसार उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से किन विषय से ली जानी चाहिए?

(a) इतिहास, नागरिकशास्त्र व भूगोल
(b) इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र व अर्थशास्त्र
(c) पर्यावरण विज्ञान, इतिहास, नागरिकशास्त्र व भूगोल
(d) आपदा प्रबन्धन, इतिहास, राजनीतिशास्त्र व मूल्यपरक शिक्षा

Ans. : (b) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2005 (NCF 2005) के अनुसार समाजिक विज्ञान के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र (राजनीतिशास्त्र) व अर्थशास्त्र के विषय वस्तु शामिल होंगे।

48. निम्नलिखित में से किस सन्दर्भ में समय-रेखा सबसे उपयुक्त होगा?

(a) किसी राजवंश का सारांश प्रस्तुत करने में
(b) किसी शासक की उपलब्धियों की व्याख्या करने में
(c) दो राजवंशों की तुलना करने में
(d) प्राचीन भारत के शिक्षण में

Ans. : (a) किसी राजवंश का सारांश प्रस्तुत करने में समय-रेखा चार्ट सबसे उपयुक्त होगा।

49. मानचित्र पर किसी स्थान को दर्शाना सम्बन्धित है–

(a) ज्ञान से (b) समझ से
(c) अनुप्रयोग से (d) कौशल से

Ans (d) मानचित्र पर किसी स्थान को दर्शाना 'कौशल' से सम्बंधित है। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान की अभिवृद्धि होती है।

50. बच्चों को कानून का बहुत कम अनुभव होता है, इसलिए कानून पर परिचर्चा करते समय यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षक–

(a) कानून के सभी पहलुओं को सुस्पष्ट करें
(b) परिचित सन्दर्भो से अधिक-से-अधिक उदाहरण दे
(c) केवल बाल अपराध से सम्बन्धित कानूनों की चर्चा करे
(d) कानून के प्रति डर पैदा करे

Ans. : (b) बच्चों को कानून का बहुत कम अनुभव होता है इसलिए कानून पर परिचर्चा करते समय शिक्षक को चाहिए कि छात्रों के परिचित संदर्भो से अधिक से अधिक उदाहरण देना चाहिए जिससे छात्रों में समझ विकसित हो सके।

51. एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका द्वारा कक्षा में प्रभावशील होने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि उपयोग में लाई जानी चाहिए?

(a) विचारोत्तेजक व रूचिपूर्ण गतिविधियों द्वारा शिक्षार्थियों का विषय के प्रति आकर्षण बढ़ाना
(b) प्रत्येक सोमवार को परीक्षा लेकर छात्राओं का ज्ञान वर्द्धन करना
(c) धीरे सीखने वाले शिक्षार्थियों के विश्वास को बढ़ाने हेतु ढीले टंग से ग्रेड्स देना
(d) माता-पिता को बच्चे की शिक्षा में सम्मिलित करने हेतु गृह परियोजना देना

Ans. : (a) एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका द्वारा कक्षा में प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए विचारोत्तेजक व रुचिपूर्ण गतिविधियों द्वारा शिक्षार्थियों का विषय के प्रति आकर्षण बढ़ाना चाहिए।

52. संविधान पर चर्चा करते समय यह महत्वपूर्ण है कि इसकी चर्चा ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में की जाए ताकि छात्र जागरुक हों सकें कि –

(a) लोकतन्त्र की जड़े भारत में हैं
(b) प्राचीन भारत में गणतन्त्र फल-फूल रहा था
(c) उपनिवेश के विरुद्ध संघर्षो का इस पर गहरा प्रभाव है
(d) भारतीय संविधान विश्व का सबसे पुराना संविधान है

Ans. : (c) संविधान पर चर्चा करते समय उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के विषय में बताते हुए यह बताना चाहिए कि उपनिवेश के विरुद्ध संघर्षो का इस पर गहरा प्रभाव है। इससे छात्रों में संविधान के प्रति जागरुकता बढेगी।

53. सामाजिक विज्ञान में परिणाम आधारित शिक्षार्थी अधिगम मॉडल निम्नलिखित में से किस पर प्राथमिक तौर पर केन्द्रित होगा?

(a) समूह गतिविधियाँ भ्रमण एवं संकलित परीक्षाएँ
(b) कक्षा में पाठ्यक्रम का पूर्ण अध्ययन करवाना, सूचना आधारित शिक्षण व संकलित आकलन
(c) अधिगम उद्देश्य, अधिगम गतिविधियाँ, रचनात्मक व संकलित आकलन
(d) शिक्षा उद्देश्य, नई शिक्षण पद्धतियाँ, बोर्ड परीक्षा

Ans. : (c) अधिगम उद्देश्य अधिगम गतिविधियाँ, रचनात्मक तथा संकलित आकलन ये सभी सामाजिक विज्ञान के अधिगम मॉडल का विभिन्न चरण है। इन चरणों से गुजरते हुए निष्कर्ष तक पहुँचा जा सकता है।

54. सामाजिक विज्ञान विषय-वस्तु का उद्देश्य होना चाहिए कि

(a) छात्रों को विश्व में होने वाली घटनाओं से परिचित करवाया जाए
(b) छात्रों को परिचित सामाजिक यथार्थो का आलोचनात्मक अन्वेषण एवं उन पर प्रश्न उठाकर जागरूक बनाया जाए
(c) छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास किया जाए
(d) विकसित देशों के बारे में जानकारी दी जाए

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के विषय-वस्तु का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि छात्र सामाजिक संरचना को समझ सके तथा सामाजिक समस्याओं को जान सके इससे छात्रों में समाज के प्रति जागरुकता प्रदर्शित होती है।

55. हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में पाठ्य-पुस्तकें इस प्रकार की होनी चाहिए कि –

(a) वे बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के सरकार के दृष्टिकोणों को प्रतिबिम्बित करे
(b) वे विवादित मुद्दो से दूर रहें
(c) सभी क्षेत्रों एवं सामाजिक समूहों का उनसे जुड़ाव हो
(d) अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पाठ्य-पुस्तकें हों

Ans. : (c) हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में पाठ्य-पुस्तकें इस प्रकार होनी चाहिए कि जिससे छात्रों में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रति जुड़ाव हो तथा समाज के प्रति भावनात्मक जुड़ाव हो सके।

56. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्रारूप 2005, समाजिक विज्ञान विषय में शिक्षण उद्देश्य शिक्षार्थियों को निम्नलिखित में से किस सामर्थ्य के लिए तैयार करना है?

(a) राजनैतिक निर्णयों की आलोचना
(b) सामाजिक-राजनैतिक वास्तविकता का विश्लेषण
(c) देश की सामाजिक-राजनैतिक स्थिति के विषय में सूचना का स्मरण
(d) राजनैतिक व सामाजिक सिद्धान्तों के विषय में ज्ञान को सरलतम विधि से प्रस्तुत करना ताकि शिक्षार्थी उसे सुविधाजनक तरीके से याद कर सके

Ans. : (b) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2005 (NCF-2005) में सामाजिक विज्ञान में शिक्षण का उद्देश्य शिक्षार्थियों को सामाजिक - राजनैतिक वास्तविकता का विश्लेषण करने के सामर्थ्य को बढ़ाना है।

57. संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आन्दोलन चलाया गया था–

(a) अफ्रीकी-अमेरिकी के लिए मौलिक अधिकारों की माँग लेकर
(b) समान अधिकार तथा नस्ल भेद को समाप्त करने की माँग लेकर
(c) महिलाओं के लिए मताधिकार की माँग लेकर
(d) वृद्धों के लिए सामाजिक सुरक्षा की माँग लेकर

Ans (b) संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन, समान अधिकार तथा नस्ल भेदभाव समाप्त करने की मांग को लेकर चलाया गया था। यह आंदोलन 1955-1968 के बीच चला था।

58. मुख्यमंत्री का चुनाव कैसे होता है?

(a) चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाली पार्टी के अध्यक्ष द्वारा
(b) चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाली पार्टी के विधायकों द्वारा
(c) प्रधानमन्त्री के सुझाव पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(d) गवर्नर की संस्तुति पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा

Ans. : (b) मुख्यमंत्री का चुनाव, चुनाव में बहुमत प्राप्त दल के विधायकों के द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री बहुमत प्राप्त दल का नेता होता है।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा लिंगमूलक भेद-भाव प्रदर्शित करता है?

(a) लड़कियाँ लड़कों से ज्यादा मेधावी होती हैं
(b) लड़कियाँ केवल घर के काम-काज कर सकती हैं
(c) लड़कियाँ उन तमाम कार्यो को कर सकती हैं जो एक लड़का कर सकता है
(d) लड़कियाँ को लड़कों के समान अवसर मिलने चाहिए

Ans. : (b) लड़कियाँ केवल घर का काम-काज कर सकती है। यह वाक्य लिंग मूलक भेदभाव को प्रदर्शित करता है क्योंकि लड़कियाँ घर के काम-काज के अलावा और भी कार्य कर सकती है जैसा कि वर्तमान में दिखाई देता है।

60. लोकतन्त्र में संचार माध्यम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं –

(a) देश और संसार के बारे में समाचार देने और उनमें होने वाली घटनाओं पर चर्चा करने में
(b) वस्तुओं का विज्ञापन करने में ताकि लोग अपनी पसन्द की वसतुओं को खरीद सकें
(c) क्रिकेट के आयोजनों का प्रसारण करना ताकि लोग घर बैठे इसे देख सकें
(d) विभिन्न प्रकार के मनोरंजन की चीजें प्रस्तुत करना

Ans. : (a) लोकतंत्र में संचार माध्यम देश और संसार के बारे में समाचार देते हैं और उनमें होने वाली घटनाओं पर परिचर्चा प्रसारित करके लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2012

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 18 नवम्बर, 2012)

1. किस काल में कर प्रथा का विशिष्ट महत्व था?

(a) महाजनपद (b) गुप्त
(c) हड़प्पा सभ्यता (d) वैदिक काल

Ans. : (b) प्राचीन भारत में गुप्तकाल में कर प्रथा का विशिष्ट महत्व था। गुप्त काल को प्राचीन भारत में स्वर्णकाल के नाम से जाना जाता था। इस काल में राज्य की आय का प्रमुख स्रोत कर (Tax) था।

2. पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर घूमने को कहा जाता है–

(a) कक्षीय समतल (b) प्रदीप्ति वृत्त
(c) घूर्णन (d) परिक्रमण

Ans. : (d) पृथ्वी सूर्य के चारों तरफ एक दीर्घवृत्ताकार पथ पर घूमती है। पृथ्वी के इस गति को परिक्रमण गति कहा जाता हैं पृथ्वी सूर्य के चारों तरफ गति करने के साथ-2 अपने अक्ष पर भी घूमती है इसे घूर्णन गति कहा जाता है।

3. निम्न में से किस भारतीय साहित्यिक धरोहर का अर्थ है.....(गुरू के) पास जाकर समीप बैठना?

(a) आरण्यक (b) पुराण
(c) उपनिषद (d) वेद

Ans. : (c) उपनिषद दो शब्दों से मिलकर बना है, उप+निषद। उप का अर्थ है समीप तथा निषद का अर्थ है बैठना। इस प्रकार उपनिषद का अर्थ है समीप बैठना। उपनिषदों की रचना वेदों की दार्शनिक व्याख्याओं के लिए की गई थी। उपनिषदों की संख्या 108 है।

4. भारत में, मुण्डा जनजाति किस क्षेत्र में निवास करती है?

(a) दुर्ग (b) कुल्लू
(c) छोटा नागपुर (d) बस्तर

Ans. : (c) भारत में मुण्डा जनजाति का निवास स्थल छोटा नागपुर का पठार है। मुण्डा जनजाति आस्ट्रो-एशियन परिवार से सम्बंध रखती है।

5. जब किस व्यक्ति या समूह को किसी प्रतिरुप (इमेज) के साथ जोड़ दिया जाता है, उसे कहा जाता है–

(a) प्रताड़ित (b) मूर्ति
(c) भेदभाव (d) रूढ़िबद्ध

Ans. : (d) जब किसी व्यक्ति या समूह को किसी प्रतिरुप 'इमेज' के साथ जोड़ दिया जाता है तो इसे रुढिबद्धता कहा जाता है तथा व्यक्ति या समूह का व्यवहार तथा आचरण इमेज (प्रतिरुप) के अनुसार परिलक्षित होता है।

6. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का सम्बन्ध है–

(a) जीवन के अधिकार से
(b) संविधानिक उपचार के अधिकार से
(c) धार्मिक स्वतन्त्रता के अधिकार से
(d) समानता के अधिकार से

Ans. : (a) भारतीय संविधान का अनु. 21 संविधान के भाग 3 के मौलिक अधिकार से सम्बंधित है। इसके अन्तर्गत नागरिकों को जीने का अधिकार दिया गया है।

7. 'खालसा' की स्थापना करने वाले निम्न में से कौन थे?

(a) गुरु गोविन्द सिंह (b) गुरु तेग बहादुर
(c) गुरु नानक देव (d) गुरु अंगद देव

Ans. : (a) खालसा पंथ की स्थापना सिखों के दसवें तथा अन्तिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने की थी। सिख धर्म की स्थापना गुरु नानक देव ने की थी।

8. 'विश्व शान्ति' का विचार किस मुगल शासक ने आगे बढ़ाया?

(a) हुमायूँ (b) जहाँगीर
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

Ans. : (c) विश्व शांति के विचार को मुगल बादशाह अकबर ने आगे बढ़ाया इसके लिए अकबर ने विशेष प्रयास किए तथा सभी धर्मो की विशेषताओं को मिलाकर एक नये धर्म दीन–ए–इलाही धर्म की स्थापना 1582 ई. में की थी और धार्मिक वैमनस्यता को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया।

9. कित्तूर के ब्रिटिश-विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया?

(a) रानी चेनम्मा (b) नाना फादानिस
(c) अहिल्याबाई होल्कर (d) रानी लक्ष्मीबाई

Ans. : (a) कित्तूर आंदोलन (विद्रोह) का नेतृत्व किट्टूर (कर्नाटक) रियासत की रानी चेनम्मा ने 1824 ई. में किया था। यह एक सैन्य विद्रोह था जो ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के विरुद्ध था।

10. स्थान, लोग, वस्तुएँ व प्रकृति जो किसी भी जीव को घेरे रहते हैं, कहलाते हैं–

(a) पर्यावरण (b) जैविक संसाधन
(c) स्थलमण्डल (d) परिवेश

Ans. : (a) पर्यावरण (परि + आवरण) का शाब्दिक अर्थ है- हमारे चारों तरफ का परिवेश। इस परिवेश के अन्तर्गत स्थान, लोग, वस्तुए तथा प्रकृति (स्थलमण्डल, वायुमण्डल तथा जलमण्डल) सभी आ जाते है।

11. पिण्ड जिनमें अपनी ऊष्मा व प्रकाश नही हो, लेकिन वे तारों की रोशनी से चमकते हैं, उन्हें कहा जाता है–

(a) ग्रह (b) खगोलीय पिण्ड
(c) तारे (d) तारामण्डल

Ans. : (a) ग्रह, वे खगोलीय पिण्ड होते हैं जिनका स्वयं का प्रकाश नहीं होता है परन्तु सूर्य के प्रकाश के कारण चमकते है। सूर्य भी एक तारा हैं।

12. निम्न में से वायुमण्डल की कौन-सी परत वायुयान उड़ान के लिए आदर्श है?

(a) समतापमण्डल (b) बाह्यमण्डल
(c) क्षोभमण्डल (d) आयनमण्डल

Ans. : (a) वायुयान उड़ाने की सबसे आदर्श दशा वायुमण्डल के समतापमण्डल में होती है क्योंकि समतापमण्डल में समान ताप होने के कारण प्रकृति में घटने वाली घटनाएँ जैसे-आंधी, वर्षा एवं तूफान) नहीं घटती है।

13. जब कोई शिलाखण्ड दबाव व कठोरता के कारण परतदार शैल में बदल जाते है, उन्हें कहते है–

(a) अवसादी शैल (b) प्रारम्भिक शैल
(c) आग्नेय शैल (d) कायान्तरित शैल

Ans. : (a) अवसादी शैल परतदार चट्टान होती है जो आग्नेय शैल व रुपान्तरित शैल के अपक्षय एवं अपरदन के कारण बनता है। इस प्रकार के शैल में जीवाश्म पाए जाते हैं।

14. जब बहुत-सी औद्योगिक इकाइयाँ एक-दूसरे के नजदीक स्थित होती हैं और अपनी नजदीकी का लाभ उठाती है, वह कहलाता है–

(a) बाजार अर्थव्यवस्था
(b) असेम्बली लाइन (समनुक्रम) उत्पादन
(c) औद्योगिक तन्त्र
(d) औद्योगिक क्षेत्र

Ans. : (d) औद्योगिक क्षेत्र वे होते हैं जहां बहुत सी औद्योगिक इकाइयां एक दूसरे के आस-पास स्थिति होती है तथा एक दूसरे की नजदीकी का लाभ उठाती है। इस क्षेत्र में यातायात एवं विकास की सभी प्रकार की सुविधाए उपलब्ध होती है।

15. निम्न में से कौन-से वनों की पत्तियों के गिरने का निश्चित समय नहीं होता, इसलिए वे कभी अनावृत नहीं दिखते है?

(a) शीतोष्ण सदाबहार (b) शीतोष्ण पर्णपाती
(c) उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती (d) उष्णकटिबन्धीय सदाबहार

Ans. : (d) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन उन क्षेत्रों में पाए जाते है जहाँ वार्षिक वर्षा लगभग 200 सेमी होती है तथा जलवायु अनुकूल होती है। इस प्रकार के वृक्षों की पत्तियाँ पेड़ से नहीं गिरती है। ऐसे वृक्ष है- रबर, महोगनी, रोजवुड आबनूस आदि हैं। इस प्रकार के वृक्ष उत्तर-पूर्वी भारत पश्चिमी घाट तथा अण्डमान निकोबार तथा विषुवतीय प्रदेश में पाए जाते है।

16. भारत की सर्वोच्च 'कानून निर्माण' संस्था है?

(a) राष्ट्रपति (b) न्यायपालिका
(c) संसद (d) प्रधानमन्त्री व उसका मन्त्रिपरिषद्

Ans. : (c) संसद भारत की सर्वोच्च कानून निर्माण संस्था है। इसे केन्द्रीय व्यवस्थापिका भी कहा जाता है। संसद का गठन लोकसभा, राज्यसभा तथा राष्ट्रपति से मिल कर होता है।

17. जब राज्य धार्मिक क्रियाओं में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता उसे कहा जाता है–

(a) प्रभुसत्ता (b) राजतन्त्र
(c) स्वेच्छाचारी (d) धर्मनिरपेक्षता

Ans. : (d) जब राज्य धार्मिक क्रियाओं में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता है तो उसे धर्मनिरपेक्ष कहा जाता है। इस प्रकार की स्थिति में प्रत्येक नागरिक को अपना धर्म मानने का अधिकार होता है।

18. संसाधन जो किसी क्षेत्र में पाए जाते हैं, परन्तु जिनका अभी उपयोग नहीं किया गया, उन्हें कहा जाता है–

(a) बेकार संसाधन (b) मूल्यवान संसाधन
(c) सम्भावित संसाधन (d) वास्तविक संसाधन

Ans. : (c) विशेष क्षेत्र में पाए जाने वाले संसाधन जिनका उपयोग अभी नहीं हुआ है उसे सम्भावित संसाधन कहे जाते है। इन संसाधनों का प्रयोग भविष्य में होने की संभावना होती है।

19. मुगल वास्तुशिल्प मिश्रण है–

(a) तुर्की व अफगान शैलियों का
(b) तुर्की व फारसी शैलियों का
(c) अरब व भारतीय शैलियों का
(d) फारसी व भारतीय शैलियों का

Ans. : (d) मुगलकालीन वस्तुशिल्प फारसी एवं भारतीय शैलियों का मिश्रण है। इस वास्तुशिल्प का उदाहरण है- मेहराब, गुम्बद, हाजल (सभा) बुर्ज आदि।

20. भारत की मानक देशान्तर है–

(a) 82^0 पूर्व देशान्तर (b) $83^0 30'$ पूर्व देशान्तर
(c) $82^0 30'$ पूर्व देशान्तर (d) $82^0 50'$ पूर्व देशान्तर

Ans. : (c) भारत का मानक देशान्तर रेखा $82^0 30'$ पूर्वी देशान्तर रेखा है। यह देशानतर रेखा इलाहाबाद के निकट नैनी से गुजरती है।

21. कृषि की एक पद्धति जिसमें व्यापक स्तर पर आधुनिक आगतों का उपयोग अधिक उत्पादकता प्राप्त करने के लिए किया जाता है, कहलाती है–

(a) स्थानान्तरी कृषि (b) निर्वाह कृषि
(c) वाणिज्यिक खेती (d) गहन कृषि

Ans. : (c) वाणिज्यिक कृषि के अन्तर्गत व्यापक स्तर पर आधुनिक आगतों का उपयोग अधिक उत्पादकता प्राप्त करने के लिए किया जाता है। इसमें अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम बीज एवं उर्वरक प्रयोग किया जाता है।

22. निम्न में से कौन-सा परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत है?

(a) सौर-ऊर्जा (b) ज्वारीय-ऊर्जा
(c) जीवाश्म-ऊर्जा (d) पवन

Ans. : (c) जीवाश्म ईधन परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत कहे जाते हैं। इस प्रकार के ईधन की प्राप्ति पृथ्वी के नीचे दबे जीवाश्म से होती है। जैसे -पेट्रोल, कोयला, प्राकृतिक गैस आदि।

23. जब एक देश पर दूसरे देश के दबदबे से राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव आते है, तो इस प्रक्रिया को हम कहते है–

(a) औपनिवेशीकरण (b) पुनर्जागरण
(c) महासंघ (d) व्यापारिक

Ans. : (a) औपनिवेशीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें कोई राष्ट्र पिछड़े तथा कमजोर राष्ट्र पर अपना, राजनीतिक, व आर्थिक नीतियों को जबरदस्ती लागू करता है तथा उस देश के आर्थिक व प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करता है।

24. उत्तरी अमेरिका का पूर्वी तट व जापान के आसपास समुद्र मत्स्य प्रचुर है क्योंकि–

(a) तट के साथ गर्म धारा बहती है
(b) गर्म व ठण्डी धाराओं का मिलन है
(c) तट के साथ एक ठण्डी धारा बहती है
(d) दन्तुरित तटीय क्षेत्र हैं

Ans. : (b) ठण्डी व गर्म जलधाराओं के मिलने से वहाँ का तापमान उन वनस्पतियों के लिए अनुकूल हो जाता है जो मछलियाँ अपने आहार के रुप में प्रयोग करती है।
जैसे - प्लैंकटन उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट पर तथा जापान के समुद्र तट पर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

25. एक निश्चित क्षेत्र जहाँ रहने वाले सभी मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते है, कहलाता है–

(a) राज्य (b) क्षेत्र
(c) सीमा (d) निर्वाचन क्षेत्र

Ans. : (d) वह निश्चित क्षेत्र जहॉ रहने वाले सभी मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते है वह क्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र कहलाता है। इस क्षेत्र का निर्धारण चुनाव आयोग करता है।

26. भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में 'दाण्डी यात्रा' को किसकी शुरुआत माना जाता है?

(a) स्वदेशी आन्दोलन (b) होमरूल आन्दोलन
(c) भारत छोड़ो आन्दोलन (d) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

Ans. : (d) महात्मा गाँधी द्वारा दांडी यात्रा की गयी, जिसके तहत नमक कानून तोड़ा गया इसी के साथ 6 अप्रैल 1930 को गांधी जी के द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की गई।

27. शास्त्रीय नृत्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) कथकली, कथक शैली का शास्त्रीय रुप हैं
(b) कथक शैली को शास्त्रीय नृत्य के रूप में मान्यता केवल स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात मिली है
(c) यह लोक नृत्यों से सदा श्रेष्ठ होते हैं
(d) शास्त्रीय नृत्यों के आठ मान्य रुप हैं

Ans. : (d) भारत में संगीत नाटक अकादमी के द्वारा आठ नृत्य शैलियों को शास्त्रीय नृत्य के रुप में मान्यता दी गई है- भारतनाट्यम (तमिलनाडु), मणिपुरी (मणिपुर) कत्थक (उत्तर प्रदेश), कथकली (केरल), कुचिपुड़ी (आन्ध्र प्रदेश), मोहिनी अट्टम (केरल), ओडिसी (ओडिशा) और सलारिया (असोम)।

28. निम्न में से कौन-सा अपरदन स्थल रुप है?

(a) हिमाढ (b) छत्रक शिला
(c) लोएस (d) डेल्टा

Ans. : (b) अपरदन के द्वारा छत्रक शिला का निर्माण हो जाता है। इसके निर्माण के लिए वायु, जल तथा भूस्खलन महत्वपूर्ण कारक होते है।

29. भारत में, राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है–

(a) प्रधानमन्त्री
(b) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) संसद

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनु.–155 के अनुसार किसी राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति को प्राप्त होता है। राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त अपना पद धारण करता है।

30. विश्व की 80% से अधिक जनसंख्या निवास करती है–

(a) उत्तरी अमेरिका व एशिया में
(b) एशिया व यूरोप में
(c) एशिया व अफ्रीका में
(d) एशिया व दक्षिण अमेरिका में

Ans. : (c) विश्व की 80% जनसंख्या मात्र दो महाद्वीप एशिया एवं अफ्रीका में निवास करती है। अकेले एशिया महाद्वीप में ही विश्व की 60% जनसंख्या निवास करती हे। चीन एवं भारत विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर है।

31. निम्नलिखित में से कौन-सा 'संसद के कार्य' प्रकरण को पढ़ाने का सर्वोत्कृष्ट तरीका है?

(a) मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए वाद-विवाद का आयोजन करना
(b) परियोजना कार्य
(c) व्याख्यान पद्धति
(d) कहानी पद्धति

Ans. : (a) संसद के कार्य प्रकरण के कक्षा में पढ़ाने के लिए शिक्षक द्वारा वाद विवाद शैली का प्रयोग करना सर्वोत्तम होता है। इसके तहत शिक्षक छात्र के मध्य किसी मुद्दे पर वाद-विवाद कराया जाता है किसी बिन्दु पर सहमति बनाने का प्रयास किया जाता है।

32. सतत् और व्यापक मूल्यांकन मुख्य रुप से.....पर बल देता है।

(a) मस्तिष्क, ह्रदय और हाथ की शिक्षा पर
(b) कमजोर आयोग्य विद्यार्थियों को उच्च स्तर (अगली कक्षा) पर प्रोन्नत करने
(c) बच्चे के सुधार के लिए लगातार परीक्षण करने
(d) बच्चे के व्यवहार का सतत् अवलोकन करने

Ans. : (d) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2005 (NCF-2005) में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की संस्तुति की गई हैं इसके अन्तर्गत बालकों के व्यवहार का सतत अवलोकन किया जाता है।

33. सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अकसर वस्तुनिष्ठ प्रकार वाला रूपात्मक आकलन करती है लेकिन उसे उसके

द्वारा विकसित परीक्षण की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए?

(a) यह पता लगाना कि अन्य शिक्षक क्या करते हैं
(b) प्रश्नों की संख्या बढ़ाना
(c) मानकीकृत परीक्षण का प्रयोग
(d) एन सी ई आर टी द्वारा प्रकाशित उदाहरणरुपी पुस्तिकाओं में दिए गए प्रश्नों का प्रयोग करना

Ans. : (c) मानकीकृत परीक्षण का प्रयोग करके वस्तुनिष्ठ प्रकार वाले रुपात्मक आकलन की विश्वसनीयता बढ़ायी जा सकती है।

34. सामाजिक विज्ञान को बच्चों को..... के साथ लैस करना चाहिए।

(a) स्वतन्त्र रुप से चिन्तन करने की योग्यता
(b) सामाजिक व्यवहारों का बचाव करने की योग्यता
(c) जेण्डर के बारे में सामाजिक नियमों का पालन करने की योग्यता
(d) सामाजिक दबावों को झेलने की योग्यता

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान शिक्षण का मुख्य उद्देश्य, विद्यार्थी को विभिन्न सामाजिक मुद्दे पर स्वतंत्र रुप से चिन्तन करने के योग्य बनाना होना चाहिए।

35. निम्नलिखित में से कौन-सी अन्योन्य (पारस्परिक) अधिगम की विशेषता है?

(a) शिक्षक सक्रिय रुप से शिक्षण-अधिगम-प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए परस्पर आदान-प्रदान करता है
(b) शिक्षिका विद्यालय में कार्य करते हुए अपनी शिक्षा को पूरा करती है
(c) सीखने का उत्तरदायित्व विद्यार्थियों और शिक्षक दोनों के द्वारा साझा किया जाता है
(d) भूलने के कारणों को सम्बोधित करते हुए सीखना अग्रसरित होता है

Ans. : (c) अन्योन्य (पारस्पारिक) अधिगम की विशेषता यह होती है कि इस प्रक्रिया में सीखने का उत्तरदायित्व विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों के द्वारा साझा किया जाता है।

36. समाज विज्ञानों के नियामक-मानदण्ड सम्बन्धी आयाम निम्नलिखित आयामों में से किसे शामिल करते हैं?

(a) उपयोगिता (b) अकाटयता
(c) प्रासंगिकता (d) समानता

Ans. : (d) समाज विज्ञानों के नियामक/मानदण्ड सम्बंधी आयामों में समानता को सम्मिलित किया जाता है।

37. मौसमी उपकरणों के द्वारा मौसम सम्बन्धी सूचनाएँ एकत्र करना उदाहरण है–

(a) तृतीयक आँकड़ो का (b) विधागत आँकड़ो का
(c) प्राथमिक आँकड़ो का (d) द्वितीयक आँकड़ो का

Ans. : (c) मौसमी उपकरणों के द्वारा मौसम सम्बंधी सूचनाएं एकत्रित करना, प्राथमिक ऑकड़ो के अन्तर्गत आता है।

38. प्रथम पीढ़ी के अधिगमकर्ता के अभिभावक, शिक्षक अभिभावक संघ (PTA) में अपने बच्चों की शैक्षिक समस्याओं से निपटने में अपनी अयोग्यता का अभिव्यक्त करते हैं। एक शिक्षक के रुप में आप–

(a) उन्हें यह बताते हुए तसल्ली देगे कि अपने बच्चों के बारे में उनका ज्ञान उन बच्चों से व्यवहार करने में सहायता करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है
(b) उन्हें घर पर विभिन्न प्रकार की अधिगम सामग्री से समृद्ध वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कहेंगे
(c) उन्हें प्रौढ़ शिक्षा के लिए स्थापित केन्द्रों में जाने के लिए कहेंगे
(d) उन्हें अपने बच्चों द्वारा घर पर पढ़ाई पर दिए जाने वाले समय को ध्यानपूर्वक देखने के लिए कहेंगे

Ans. : (d) यदि अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षिक समस्याओं से निपटने में अपनी अयोग्यता का अभिव्यक्त करते हैं, तो अध्यापक द्वारा उन्हें यह समझाना चाहिए कि घर पर इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे पढ़ाई पर पर्याप्त समय दे रहें है या नहीं।

39. लोकतान्त्रिक राजतन्त्र पढ़ाते समय सामाजिक विज्ञानों की शिक्षिका अपनी कक्षा से बातचीत करने के लिए स्थानीय कॉलेज से राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ को आमन्त्रित करती है। इससे पहले कि विशेषज्ञ उसकी कक्षा से बातचीत करे, शिक्षिका को निम्नलिखित में से किसकी साझेदारी उनके साथ करनी चाहिए?

(a) कक्षा में कुछ विद्यार्थी ऐसे है जो आरक्षित श्रेणियों से सम्बन्धित है
(b) इस प्रकरण के लिए अनुदेशनात्मक उद्देश्य
(c) कक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तक
(d) इस प्रकरण पर आधारित आकलनों का प्रकार

Ans. : (b) कक्षा में विषय विशेषज्ञ के विचार व्यक्त से पूर्व शिक्षिका को छात्रों से इसके अनुदेशनात्मक उद्देश्यों की चर्चा करनी चाहिए तथा वांछित दिशा निर्देशों को बताना चाहिए ताकि छात्र व्यक्तव्य से अधिकतम ज्ञानअर्जन कर सकें।

40. राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञानों की पुस्तक की निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता है?

(a) इसे ऐसा होना चाहिए ताकि सभी सामाजिक समूह उसके साथ सम्बन्धित हो सकें
(b) इसे विशेषतः इतिहास लिखने में, किसी विचारधारा विशेष का अनुगमन नहीं करना चाहिए
(c) इसमें अधिक लम्बी पाठ्य-सामग्री शामिल नहीं होनी चाहिए क्योंकि लम्बी पाठ्य-सामग्री को याद करने में बच्चों को कठिनाई होती है
(d) उसे स्पष्ट और व्यवस्थित रुप से सूचना उपलब्ध करानी चाहिए ताकि याद करने में मदद मिल सके

Ans. : (a) राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान की पुस्तक की पाठय-सामग्री इस प्रकार होनी चाहिए कि सभी विद्यार्थी तथा सामाजिक समूह इसके साथ सम्बंधित हो सके।

41. निम्न में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र व आकार को दर्शाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है?

(a) ग्लोब (b) विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(c) विश्व का भौतिक मानचित्र (d) पृथ्वी का पोस्टर

Ans. : (b) महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र व आकार को दर्शाने के लिए 'विश्व का राजनैतिक मानचित्र' का उपयोग एक अत्यधिक उपयुक्त सहायक शिक्षण सामग्री के रूप में किया जाता है।
विश्व के भौतिक मानचित्र के तहत नदी, झील, पर्वत, पठार आदि को प्रदर्शित किया जाता है।

42. एक कक्षा में कुछ आदिम जनजाति के बच्चे भी शामिल हैं तथा इसके कारण उस कक्षा में सांस्कृतिक विविधता का माहौल है। शिक्षक द्वारा इसका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका सबसे उपयुक्त होगा?

(a) विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति और उनके द्वारा सबसे अधिक मूल्यवान अथवा सम्मानित बिन्दुओं से जुड़े प्रकरणों पर क्रियात्मक शोध करने के लिए कहना
(b) आदिम जनजाति शिल्पकृतियों और पोशाकों को प्रदर्शित करना
(c) आदिम जनजाति के विद्यार्थियों से कहना कि वे अपनी जनजाति के बारे में बताएँ और पढ़ाए जाने वाले प्रकरणों के साथ उसे जोड़ना
(d) स्वतन्त्रता आन्दोलन में बिरसा मुण्डा जैसे स्वतन्त्रता सेनानियों की भूमिका को उजागर करना

Ans. : (a) कक्षा में उपस्थित सांस्कृतिक विविधता के माहौल का प्रभावी एवं सकारात्मक इस्तेमाल करने के लिए शिक्षक को विद्यार्थियों से अपनी सांस्कृतिक एवं उससे जुड़े मूल्यों पर क्रियात्मक शोध करने के लिए कहना चाहिए।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा 'पुरापाषाण स्थल' है?

(a) भीमबेटका (b) बुर्जहोम
(c) इनामगाँव (d) हल्लर

Ans. : (a) भीमबेटका एक समृद्ध पुरापाषाण कालीन स्थल है। भीमबेटका रायसेन जिला (म.प्र.) में स्थित है। भीमबेटका गुफा में शैलचित्रों के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

44. .....के अलावा निम्नलिखित कारक सामाजिक विज्ञान शिक्षण के आधार पर निर्माण करते हैं।

(a) पाठ्य-सामग्री पर सूचनाओं का स्थानान्तरित करने
(b) समाज की आलोचनात्मक समझ विकसित करने
(c) विश्लेषणात्मक कौशलों को बढ़ावा देने
(d) वैश्विक दुनिया में समायोजन के लिए सामाजिक कौशलों को बढ़ावा देने

Ans. : (a) सूचनाओं का स्थानान्तरण सामाजिक शिक्षण के आधार का निर्माण नहीं करते हैं।
सामाजिक विज्ञान शिक्षण का मुख्य उद्देश्य निम्न होता है-
1– विद्यार्थी में विश्लेषणात्मक कौशल का विकास करना।
2– वैश्विक समायोजन के लिए सामाजिक कौशलों को बढावा देना।
3– समाज की आलोचनात्मक समझ विकसित करना
4– स्वतंत्र सोच विकसित करना।

45. निम्न में से कौन-सा प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के सन्दर्भ में सही है?

(a) इतिहास - भूगोल - नागरिक शास्त्र - समाजशास्त्र
(b) इतिहास - भूगोल - अर्थशास्त्र - समाज शास्त्र
(c) इतिहास - भूगोल - राजनीति विज्ञान - अर्थशास्त्र
(d) इतिहास - भूगोल - राजनीति विज्ञान - समाजशास्त्र

Ans. : (c) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2005(NCF–2005) के अनुसार प्राथमिक स्तर पर समाजिक विज्ञान के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल, राजनीतिविज्ञान तथा अर्थशास्त्र विषय शामिल हैं।

46. निम्न में सें कौन-सा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 'फोर्मेटिव मूल्यांकन' के लिए सुझाव नहीं है?

(a) अधिक आवृत्ति से परीक्षण करना
(b) प्राथमिक पाठ्य-सामग्री के लिए प्रामाणिक स्त्रोतों का उपयोग
(c) स्त्रोत-आधारित विश्लेषण
(d) मॉडल व चार्ट

Ans. : (a) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा फार्मेटिव मूल्यांकन के लिए दिए गये सुझावों में स्त्रोतों का उपयोग आदि को सम्मिलित किया जाता है। फार्मेटिव मूल्यांकन अधिक आवृत्ति से परीक्षण करने का सुझाव नहीं देती है।

47. मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है–

(a) वर्णमाला अक्षरों द्वारा (b) विषय-सम्बन्धी मानचित्रों द्वारा
(c) रूढ़ि चिह्नों द्वारा (d) रेखाचित्रों द्वारा

Ans. : (c) मानचित्रों को समझने की सर्वव्यापी भाषा को रुढिबद्ध चिन्हों द्वारा समझा जा सकता है।

48. सूफी सन्तों के मकबरे को कहा जाता है–

(a) इबादतगाह (b) दरगाह
(c) ईदगाह (d) खानकाह

Ans. : (b) सूफी सन्तो के मकबरों को दरगाह कहा जाता है।

49. अटलाण्टिक महासागर के विषय में निम्नलिखित तथ्य पढ़ें

A. यह अंग्रेजी के 'S' अक्षर के आकार का है।
B. इसकी तट-रेखा सरल रेखीय व निर्बाध है।
C. व्यापारिक दृष्टि से यह सबसे व्यस्त महासागर है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/है?

(a) A तथा C (b) A तथा B
(c) B तथा C (d) ये सभी

Ans. : (a) अटलांटिक महासागर दूसरा सबसे बड़ा महासागर है। इसका क्षेत्रफल सम्पूर्ण पृथ्वी का लगभग 1/6 भाग है। इसका आकार अंग्रजी के 's'अक्षर के सदृश है। यह व्यापारिक दृष्टि सबसे व्यस्त महासागर है।

50. मौर्य शासक अशोक द्वारा लड़ी गई लड़ाई का स्थल कलिंग वर्तमान में कहाँ है?

(a) केरल (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) ओडिशा

Ans. : (d) अशोक द्वारा लड़ी गई लड़ाई का स्थल कलिंग वर्तमान में ओडिशा राज्य में स्थित है। यह स्थल दामोदर तथा गोदावरी नदी के बीच उपजाऊ स्थल है।

51. 'जीवन की उत्पत्ति (विकास)' के शिक्षण हेतु अध्यापक को अवश्य भ्रमण करना चाहिए–

(a) चिड़ियाघर
(b) जीव संरक्षण उद्यान (पशु अभयारण्य)
(c) प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय
(d) पुरातात्विक संग्रहालय

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को जीवन की उत्पत्ति (विकास) के शिक्षण हेतु बच्चों को प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय का भ्रमण अवश्य कराना चाहिए।

52. निम्नलिखित में से कहाँ, सभी अक्षांशों पर दोपहर का सूर्य वर्ष में कम-से-कम एक बार सीधा ऊपर से चमकता है?

(a) कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य
(b) आर्कटिक वृत्त और अन्टार्कटिक वृत्त के मध्य
(c) केवल कर्क रेखा और विषुवत् वृत्त के मध्य
(d) केवल मकर रेखा और विषुवत् वृत्त के मध्य

Ans. : (a) कर्क रेखा एवं मकर रेखा के मध्य अक्षाशों पर दोपहर को सूर्य वर्ष में कम से कम एक बार सीधा अवश्य चमकता है।

53. अभिवृत्ति और मूल्यों का आकलन करते समय सामाजिक विज्ञान के शिक्षक निम्नलिखित में से किस विवरण संकेत को अधिभार दे सकते हैं?

(a) दूसरे बच्चों के साथ श्रेय की साझेदारी न करना
(b) रोजाना शिक्षक का अभिवादन न करना
(c) दूसरों के विचारों को निष्क्रिय रूप से स्वीकार करना
(d) प्रश्न पूछने के लिए स्वतन्त्र महसूस करना

Ans. : (a) यदि विद्यार्थी दूसरे बच्चों के साथ श्रेय की साझेदारी नहीं करते है, तो अभिवृत्ति एवं मूल्यों का आकलन करते समय सामाजिक विज्ञान का शिक्षक विद्यार्थी की इस प्रवृत्ति की गणना कर सकता है।

54. सामाजिक विज्ञानों के किसी शिक्षक के लिए कक्षा में हाल ही में हुई चर्चा के बारे में कौन-सा तथ्य सर्वाधिक ध्यान देने योग्य है?

(a) कोई भी विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थियों से पूर्णरूपेण सहमत नहीं था
(b) विद्यार्थियों ने सह-विद्यार्थियों की बात सुनने से बिल्कुल मना कर दिया था
(c) विद्यार्थी सीधे ही अपने सह–विद्यार्थियों से प्रश्न करने लगे थे
(d) विद्यार्थियों ने अपने सह-विद्यार्थियों के बीच ही में टोकना शुरू कर दिया था

Ans. : (a) यदि किसी कक्षा में सामूहिक चर्चा सम्पन्न कराई जाए तो विद्यार्थी एक दूसरे को आँकते हैं सहमत व असहमत होते हैं तथा एक दूसरे से प्रश्न करते हैं। इन सब गतिविधिया से सबसे महत्वपूर्ण विद्यार्थियों द्वारा परस्पर प्रश्न पूछना है।

55. सामाजिक विज्ञानों में योगात्मक आकलन में 51 विद्यार्थियों की कक्षा का मध्यांक 36 है। यह सुझाव देता है कि–

(a) अधिकांश विद्यार्थियों ने 36-46 के बीच अंक प्राप्त किए हैं
(b) उनके द्वारा 36 प्रतिशत विषय-वस्तु सीखी गई
(c) अधिकांश विद्यार्थियों के अंक 36 से नीचे हैं
(d) 25 विद्यार्थियों के अंक 36 के बराबर या ऊपर है

Ans. : (d) यदि किसी कक्षा में सामाजिक विज्ञान में योगात्मक आकलन का मध्यांक 36 है तो, इसका अर्थ है कि 25 विद्यार्थियों के अंक 36 के बराबर या उपर है।

56. भूमि की एक संकरी पट्टी जो दो बड़े भूखण्डों को जोड़ती है, उसे जाना जाता है–

(a) द्वीप (b) जल-सन्धि
(c) भू-सन्धि (d) खाड़ी

Ans. : (c) भू-संधि भूमि की वह संकरी पट्टी है, जो दो बडे भूखण्डों को जोड़ती है यह अधिकांश नदी अथवा सागर के जल से होकर गुजरती है। काकेशस, पनामा, स्वेज, इंग्लिश चैनल आदि प्रमुख भू संधियां है।

57. जैवमण्डल के विषय में सबसे उपयुक्त कथन हैं–

(a) भूमि, जल, वायु, पौधे और पशु
(b) पर्यावरण के विभिन्न परिमण्डल
(c) मनुष्य का तात्कालिक परिवेश
(d) पौधे और पशु जगत

Ans. : (a) पृथ्वी के जिस भाग पर जीवन पाया जाता है उसे जैव मण्डल कहते हैं। जैव मण्डल में रहने वाले सभी जीव एक-दूसरे को प्रभावित करते है। भूमि, जल, वायु, वनस्पति और प्राणी जैवमण्डल के महत्वपूर्ण घटक हैं।

58. निम्न में से कौन-सा विविधता को बढ़ावा देता है?

(a) अपने गाँव जाना (b) रेलगाड़ी में यात्रा करना
(c) अपनी मातृ-भाषा में बोलना (d) अपने त्योहारों को मनाना

Ans. : (c) व्यक्तियों द्वारा अपनी मातृभाषा में बोलना विविधता को बढ़ावा देता है।

59. सन् 2012 निम्नलिखित में से किस प्रकार से भी लिखा जा सकता है?

(a) ए डी 2012 (b) ए पी 2012
(c) बी सी 2012 (d) ई सी 2012

Ans. : (a) जूलियन और ग्रेगेरियन कैलेण्डर में वर्ष को लिखने के लिए B.C. (Before Christ) और A.D. (Anno domini) का प्रयोग किया जाता है। अतः सन 2012 को ए.डी. 2012 लिखा जाएगा।

60. सामाजिक विज्ञानों में सर्पिल पाठ्यचर्या का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है?

(a) अन्तर्वस्तु (theme) आधारित सीखने को विकसित करने वाले अवसरों को बढ़ाना
(b) संकल्पनाओं को अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रासंगिक बनाना
(c) गहन समझ के साथ और एक लम्बी समयावधि के लिए संकल्पनाओं का संधारण
(d) सभी विषयों में संकल्पनाओं का अनुप्रयोग करना

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान में सर्पिल पाठ्यचर्या का समावेश विद्यार्थियों के संकल्पनाओं को गहन समझ के साथ लम्बी समयावधि के लिए संधारण करने के लिए प्रेरित करना है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2012

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल **(परीक्षा तिथि : 29 जनवरी, 2012)**

1. अहमदाबाद सूती वस्त्र उद्योग का गढ़ (केन्द्र) है। निम्नलिखित में से कौन-सा कारक अहमदाबाद में वस्त्र उद्योगों के फलने-फूलने के लिए उत्तरदायी है?

(a) भारत सरकार की औद्योगिक नीति
(b) सस्ते दामों पर श्रम-शक्ति की उपलब्धता
(c) यह कपास की खेती वाले क्षेत्र के पास है
(d) तूतीकोरिन पत्तन तक पहुँचना आसान है

Ans. : (c) अहमदाबाद सूती वस्त्र का केन्द्र है तथा सूती वस्त्र उद्योग के फलने-फूलने का मुख्य कारण वहाँ की मिट्टी है। क्योंकि अहमदाबाद के आस-पास के क्षेत्र में काली मिट्टी का विस्तार है जो कपास के लिए सर्वोत्तम मिट्टी मानी जाती है।

2. बागान, जो वाणिज्यिक कृषि का एक प्रकार है, को भारी मात्रा में किसकी आवश्यकता होती है?

(a) भूमि और पूँजी (b) केवल पूँजी
(c) भूमि और श्रम (d) श्रम और पूँजी

Ans. : (c) बागान एक वाणिज्यिक कृषि का प्रकार है। इसमें अधिकतम उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में भूमि और श्रम की आवश्यकता पड़ती है।

3. 'ब्लैकफुट इण्डियन' है–

(a) क्यूबा में बागान में काम करने वाला
(b) कनाडा में प्रवासी भारतीय
(c) निकोबार द्वीपसमूह में प्रचलित बीमारी
(d) उत्तरी अमेरिका में एक देशी जनजाति

Ans. : (d) ब्लैकफुट इण्डियन उत्तरी अमेरिका में रह रहे जनजातियों का एक प्रकार है।

4. भारतीय उपमहाद्वीप में उन मृत जीव-जन्तुओं को खाने के बाद गिद्ध किडनी (गुर्दे) के काम न करने के कारण मरने लगे, जिनका उपचार.....के साथ किया गया था।

(a) आइबूप्रोफेन (b) ऐल्ड्रिन
(c) डिक्लोफेनैक (d) ऐस्प्रिन

Ans. : (c) भारतीय उपमहाद्वीप में गिद्धों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। गिद्ध खाद्य शृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। गिद्धों की संख्या में कमी का कारण उनका भोजन है। गिद्धों का भोजन मृत जीव-जन्तु होते हैं जिनके उपचार में डिक्लोफेनैक नामक दवा का प्रयोग किया जाता है। गिद्धों में यह दवा उनके भोजन के द्वारा उनके शरीर में प्रवेश कर जाती है जो उनके लिए हानिकारक होती है। परिणामस्वरूप गिद्धों की मृत्यु हो जाती है। भारत में पशुओं के उपचार हेतु यह दवा प्रतिबंधित है।

5. पवन क्रियाएँ 'छत्रक शैल' बनाती है, जो प्रायः.....में पाए जाते हैं।

(a) रेगिस्तानों (b) उष्णकटिबन्धीय तटीय क्षेत्रों
(c) पहाड़ो (d) पठारों

Ans. : (a) पवन क्रियाएँ अपरदन के कारण रेगिस्तानी क्षेत्रो में छत्रक शैल का निर्माण करती हैं। यह छाता के आकार का होता है।

6. 1857 के विद्रोह के परिणाम के रुप में निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन ब्रिटिश संसद द्वारा लाया गया?

(a) ब्रिटिश कैबिनेट के एक सदस्य को भारत के लिए राज्य सचिव नियुक्त किया गया
(b) उन प्रभुत्वशाली हिन्दू और मुस्लिम नागरिकों की जमीन और सम्पत्ति जब्त कर ली गई जिन्होंने विद्रोह का समर्थन किया था
(c) पठान और सिक्ख सैनिकों के ब्रिटिश-भारतीय आर्मी में शामिल होने पर प्रतिबन्ध लगाया गया
(d) देश के सभी शासन अध्यक्षों को यह चेतावनी दी गई कि यदि वे किसी भी विद्रोह का समर्थन करते हैं, तो उनके विरुद्ध सैनिक कार्यवाही की जाएगी

Ans. : (a) 1857 के विद्रोह के परिणामस्वरूप कंपनी के शासन का अन्त हो गया तथा भारत का शासन अब ब्रिटिश क्राउन के अन्तर्गत आ गया तथा भारत में शासन का संचालन करने के लिए ब्रिटेन कैबिनेट के एक सदस्य को भारत सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

7. 1720 में ब्रिटिश सरकार ने.....के लिए 'कैलिकों अधिनियम' पारित किया।

(a) इंग्लैण्ड मे कैलिको (सूती कपड़ा) उद्योग को बढ़ावा देने
(b) इग्लैण्ड में कैलिको (सूती) कपड़ों का उत्पादन करने
(c) इंग्लैण्ड में छापेदार सूती कपड़ों-छींट-के उपयोग पर पाबन्दी लगाने
(d) कालीकट के विद्रोहियों को दण्ड देने

Ans. : (c) इंग्लैण्ड में भारतीय छापेदार सूती कपड़ों-छींट के उपयोग पर पाबन्दी लगाने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा 1720 ई. में इंग्लैण्ड में कैलिको अधिनियम पारित किया गया।

8. नीचे दिए गए आरेख में किस प्रकार की वर्षा को दर्शाया गया है?



(a) संवहनी वर्षा (b) सम्मुखीय (आग्र) वर्षा
(c) चक्रवाती वर्षा (d) पर्वतीय वर्षा

Ans. : (d) दिये गये चित्र में पर्वतीय वर्षा को दर्शाया गया है क्योंकि चित्र में आद्र वायु पर्वतों के ऊपर की ओर चढ़कर बादलों को संघनित कर रही है।

9. परमाणु ऊर्जा संयन्त्रों में बिजली.....की प्रक्रिया द्वारा उत्पादित की जाती है।

(a) नाभिकीय संघट्टन (b) परमाण्वीय कम्पन
(c) नाभिकीय संलयन (d) नाभिकीय विखण्डन

Ans. : (d) परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली का उत्पादन नाभिकीय विखण्डन की प्रक्रिया के द्वारा की जाती है।

10. नीचे दिया गया आरेख दिन विशेष पर पृथ्वी की स्थिति को दर्शाता है। A, B, C, D तथा E पृथ्वी पर स्थितियाँ है। कौन-सी स्थिति में दिन का प्रकाश सबसे ज्यादा घण्टों तक रहेगा?



(a) C (b) D
(c) A (d) B

Ans. : (b) पृथ्वी अपने अक्ष पर $23\frac{1}{2}^0$ झुकी हुई है। इसलिए D स्थिति में सूर्य का प्रकाश ज्यादा घण्टों तक रहेगा।

11. तंती, मोमिन और देवंग समुदाय.....में लगे हुए थे।

(a) लकड़ी के काम (b) बर्तन बनाने के काम
(c) चमड़े के काम (d) बुनने के काम

Ans. : (d) तंती, मोमिन एवं देवंग समुदाय बुनकर समुदाय के अन्तर्गत आते हैं। इसका मुख्य व्यवसाय कपड़ा बुनना है।

12. मोहम्मद-बिन-तुगलक ने अपनी राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद स्थानान्तरित क्यों किया?

(a) अपने साम्राज्य को प्रभावी तरीके से नियन्त्रित करने के लिए क्योंकि दौलताबाद केन्द्र में स्थित था
(b) उत्तरी भारत से उसे पर्याप्त राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा था
(c) मंगोलों से बचने के लिए
(d) दक्षिणी शासकों को दण्डित करने के लिए

Ans. : (a) मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी दिल्ली से दौलताबाद स्थानान्तरित कर दिया ताकि प्रशासन कार्य और प्रभावी रूप से संचालित कर सके क्योंकि दौलताबाद साम्राज्य के केन्द्र में स्थित था।

13. भारतीय इतिहास को 'प्राचीन', 'मध्य', और 'आधुनिक' कालों में विभाजित करने में समस्याएँ भी है। निम्नलिखित में से वह समस्या कौन-सी है?

(a) त्रिविभाजन भारतीय राज्यों की क्रमिक प्रगति को दर्शाता है
(b) तीन काल भारतीय इतिहास को वर्णित करने के लिए अपर्याप्त हैं
(c) यह संकल्पना पश्चिम से ली गई है जहाँ आधुनिक काल विज्ञान, तर्कणा, लोकतन्त्र, स्वतन्त्रता और समानता से सम्बन्धित है
(d) भारतीय इतिहास में 'प्राचीन काल', 'मध्यकाल' और 'आधुनिक काल' में अन्तर की स्पष्ट रेखाएँ प्रतीत होती हैं

Ans. : (c) भारतीय इतिहास को प्राचीन काल, मध्य काल तथा आधुनिक काल में विभाजन करने में कई समस्याएं आती हैं क्योंकि काल विभाजन की संकल्पना पश्चिमी विचारों से ग्रहण की गई है जहाँ काल का संबंध विज्ञान, तर्कणा, लोकतंत्र, स्वतंत्रता एवं समानता से है।

14. ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने 1651 में बंगाल में हुगली नदी के किनारे फैक्टरी स्थापित की–

(a) स्थानीय किसानों से नील खरीदकर उसे इंग्लैण्ड भेजने के लिए
(b) एक आधार (बेस) स्थापित करने के लिए जहाँ से फैक्ट्री अपना काम चला सकें
(c) इंग्लैण्ड को निर्यात करने हेतु सूती कपड़ो के उत्पादन के लिए
(d) मसालों को खदीरकर उन्हें इंग्लैण्ड भेजने के लिए

Ans. : (b) ईस्ट इण्डिया कंपनी ने 1651 ई. में बंगाल के हुगली नदी के किनारे फैक्ट्री स्थापित की ताकि कंपनी को व्यापार करने का एक आधार मिल जाए तथा वहाँ से फैक्टरी (कंपनी) अपना काम चला सके।

15. ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने मुख्य रुप से ..... के लिए बंगाल से दीवानी राजस्व का उपयोग किया।

(a) पुल और सड़कें बनाने
(b) स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बनाने
(c) भारत में सूती और रेशमी कपड़ो को खरीदने
(d) ब्रिटेन में इनके क्षीयमान भण्डारों की भरपाई करने के लिए सोने और चाँदी के भण्डारों को संचित करने

Ans. : (c) ईस्ट इण्डिया कंपनी मुख्य रूप से भारत में सूती एवं रेशमी कपड़ों को खरीदने के लिए बंगाल से दीवानी राजस्व का प्रयोग किया।

16. यदि अहमदाबाद $72^0 30'$ E देशान्तर पर स्थित है, तो अहमदाबाद का स्थानीय समय क्या होगा यदि भारतीय मानक समय 8:00 प्रातः

(a) 7:20 प्रातः (b) 7:00 प्रातः
(c) 8:40 प्रातः (d) 8:00 प्रातः

Ans. : (a) भारत का मानक समय रेखा = 82^0 30' पूर्वी देशांतर
अहमदाबाद की स्थिति = 72^0 30' पूर्वी देशान्तर
भारत का मानक समय रेखा तथा अहमदाबाद के देशान्तर में अन्तर
= 82^0 30' – 72^0 30' = 10^0 देशान्तर
1^0 देशान्तर = 4 मिनट
10^0 देशान्तर = 4 × 10 = 40 मिनट
अहमदाबाद मानक समय रेखा से पश्चिम में स्थित है अतः
अहमदाबाद का स्थानीय समय = भारत का मानक समय – देशांतर में अन्तर = 8:00 – 00:40 मिनट = 7:20 मिनट प्रातः

17. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने अनाज को शहर के बाजारों में भेजने के लिए बंजारों का प्रयोग किया?

(a) मोहम्मद-बिन-तुगलक (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) बलबल (d) फिरोज-शाह तुगलक

Ans. : (b) अलाउद्दीन खिजली ने बाजार नियंत्रण प्रणाली का प्रयोग किया ताकि वस्तुओं का मूल्य बाजार में नियंत्रित हो तथा वस्तुओं की उपलब्धता बनी रहे। उसने अनाज को शहर के बाजारों में भेजने के लिए बंजारों का प्रयोग किया।

18. बिदरी क्या था?

(a) बीदर में उत्पादित सूती कपड़े का एक प्रकार
(b) बीदर में उत्पादित ताँबे के बरतनों का एक प्रकार
(c) बीदर के दस्तकारों द्वारा ताँबे और चाँदी में किया गया जड़ाऊ काम
(d) बीदर में उत्पादित रेशमी कपड़े का एक प्रकार

Ans. : (c) दक्षिण भारतीय बीदर के दस्तकारों द्वारा तांबे तथा चांदी में की जाने वाली दस्तकारी को बिदरी कहा जाता था।

19. आदिवासी (जनजातीय) लोग अपना पिछला लिखित रिकॉर्ड नहीं रखते हैं। वर्तमान के इतिहासकार आदिवासी इतिहास कैसे लिखते है?

(a) प्राकृतिक परम्पराओं का प्रयोग करके
(b) आदिवासी पौराणिक-कथाओं का प्रयोग करके
(c) पुरातत्वीय स्त्रोतों का प्रयोग करके
(d) वाचिक परम्पराओं का प्रयोग करकें

Ans. : (d) आधुनिक इतिहासकार आदिवासी (जनजाति) लोगों का इतिहास लिखने के लिए वाचिक परम्परा का प्रयोग करते हैं।

20. पिइतरा ड्यूरा था/थी

(a) यूनानी देवता (b) धात्विकी तकनीक
(c) भवनों को सजाने की शैली (d) उत्तराधिकार की भूमिका

Ans. : (c) पिइतरा ड्यूरा भवनों को सजाने की एक शैली थी। इसे दक्षिण एशिया में प्राचीन कैरी के नाम से भी जाना जाता था जो पत्थरों पर नक्काशी करने से सम्बन्धित था। भारत में पिइतरा ड्यूरा का प्रथम प्रयोग एतमादुद्दौला के मकबरे में किया गया।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा नौवीं शताब्दी के मन्दिर स्थापत्य कला का हिस्सा था?

(a) सजावटी द्वार (द्वार)
(b) रंगशाला (नृत्य प्रस्तुत करने की जगह)
(c) यज्ञ वेदी (पवित्र मन्त्रों का उच्चारण करने की जगह)
(d) हवन कुण्ड (वर्ग पिरामिडाकार कुण्ड जिसमें अग्नि प्रज्वलित की जाती थी)

Ans. : (a) 9वीं शताब्दी में मंदिरों के सजावटी द्वार प्रमुख विशेषता थी। इस समय के मंदिर स्थापत्य कला के महत्वपूर्ण अंग थे।

22. ब्रिटिश सरकार द्वारा सन् 1857 में निम्नलिखित में से कौन-से तीन विश्वविद्यालय स्थापित किए गए?

(a) कलकत्ता, बम्बई तथा पंजाब
(b) कलकत्ता, बम्बई तथा दिल्ली
(c) कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई
(d) कलकत्ता, मद्रास तथा बनारस

Ans. : (c) ब्रिटिश सरकार द्वारा सन् 1857 में लंदन के आधार पर भारत में तीन विश्वविद्यालय (कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई) में स्थापित किये गये थे।

23. बारहवीं शताब्दी में कीरा मुखियाओं ने जिस क्षेत्र पर शासन किया वह वर्तमान में.....में स्थित है।

(a) उत्तराखण्ड/उत्तर प्रदेश (b) पंजाब/हरियाणा
(c) छत्तीसगढ़/मध्य प्रदेश (d) झारखण्ड/बिहार

Ans. : (c) 12वीं शताब्दी में कीरा मुखियाओं का शासन वर्तमान छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश राज्य में था।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्यों का संयोजन त्रिविभाजन संघर्ष में शामिल था?

(a) राष्ट्रकूट, पाल, गुर्जर-प्रतिहार
(b) पाल, चोल, गुर्जर-प्रतिहार
(c) चोल, राष्ट्रकूट, पाल
(d) पाल, पल्लव, राष्ट्रकूट

Ans. : (a) हर्ष की मृत्यु के बाद तीन प्रमुख शक्तियों (गुर्जर-प्रतिहार, पाल तथा राष्ट्रकूट) का उदय हुआ। कन्नौज पर अधिकार को लेकर इन तीनों शक्तियों के बीच संघर्ष हुआ। इस संघर्ष को त्रिपक्षीय संघर्ष की संज्ञा दी जाती है। यह संघर्ष लगभग 200 वर्षों तक चला। इस संघर्ष में अंतिम सफलता गुर्जर-प्रतिहार को प्राप्त हुई।

25. निम्नलिखित में से किस पर ब्रिटिश संसद द्वारा महाभियोग चलाया गया था?

(a) टी.बी. मैकॉले (b) कॉर्नवॉलिस
(c) चार्ल्स क्लाइव (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

Ans. : (d) पिट्स इण्डिया (1784 ई.) के विरोध में इस्तीफा देने के कारण वारेन हेस्टिंग्स पर ब्रिटिश सांसद बर्क के द्वारा महाभियोग लगाया गया परन्तु 1795 ई. में वारेन हेस्टिंग्स को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया।

26. निम्नलिखित में से ग्रहों का कौन-सा संयोजन 'गैसीय ग्रह' कहलाता है?

(a) बृहस्पति, शनि, यूरेनस, नेप्च्यून
(b) बृहस्पति, मंगल, पृथ्वी, नेप्च्यून
(c) शुक्र, बृहस्पति, मंगल, शनि
(d) मंगल, शुक्र, शनि, यूरेनस

Ans. : (a) सौर मण्डल के अन्तिम चार ग्रह (बृहस्पति, शनि, यूरेनस एवं नेप्च्यून) को गैसीय ग्रह कहा जाता है क्योंकि इन ग्रहों के निर्माण में गैस प्रमुख कारक है।

27. 'कॉमन एरा' क्या है?

(a) आदेश जारी करने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत भारतीय 'एरा'
(b) हिन्दू 'एरा' और इस्लामिक 'एरा' के सम्मिश्रण से विकसित एक नया 'एरा'
(c) ऐतिहासिक घटनाओं का अध्ययन करने का नया 'एरा'
(d) क्रिश्चियन 'एरा' जो अब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में स्वीकृत है

Ans. : (d) क्रिश्चियन एरा ही कॉमन एरा के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यह दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मान्य है।

28. ऐतिहासिक स्थल वह है जहाँ–

(a) अतीत के स्मृति शेष/अवशेष मिलते हैं
(b) उत्खनन के क्रियाकलाप होते हैं
(c) इतिहास-प्रिय लोग जुटते हैं
(d) इतिहासकार इतिहास लिखते हैं

Ans. : (a) वह स्थल जहाँ अतीत के स्मृति शेष/अवशेष मिलते हैं उसे ऐतिहासिक स्थल कहते हैं।

29. 'वर्णो' में 'जातियाँ' क्यों उत्पन्न हुई, जो भारतीय समाज को संगठित करने का आधार बन गई?

(a) आदिवासी लोगों को वर्ण-व्यवस्था में एकीकृत करने में समस्या थी
(b) जाति और वर्ण समान है
(c) वर्ण-व्यवस्था के विरुद्ध प्रबल विरोध था जिससे जातियों का विकास हुआ
(d) लोगों की सामाजिक व आर्थिक आवश्यकताओं में नियमित विस्तार के कारण, नए कौशलों से सम्पन्न लोगों की जरूरत थी

Ans. : (d) लोगों की सामाजिक व आर्थिक आवश्यकताओं में नियमित विस्तार के कारण नये कौशलों से सम्पन्न लोगों की जरूरत थी इस कारण वर्णों में जातियों की उत्पत्ति हुई जो समाज को संगठित करने का आधार बन गई।

30. निम्नलिखित में से किस आदिवासी समाज को 'खेल' में विभाजित किया गया?

(a) संथाल (b) भील
(c) गौंड (d) अहोम

Ans. : (d) असम में पाए जाने वाली आदिवासी समाज **अहोम** को खेल में विभाजित किया गया था।

31. 'मौसम और जलवायु' की संकल्पना पढ़ाते समय सबसे उपयुक्त गतिविधि कौन-सी होगी जिससे विद्यार्थी मौसम के विभिन्न प्रकार के तत्वों को समझ सकें?

(a) उन्हें मौसम के तत्वों के प्रतीक/संकेत का चित्र बनाने के लिए कहना
(b) नोटबुक में मौसम से जुड़े प्रश्नों के उत्तर लिखना
(c) मौसम के तत्वों पर आधारित शिक्षक द्वारा उपलब्ध कराए गए कार्य-पत्रक (वर्कशीट) को हल करना
(d) समाचार-पत्र से लगातार पाँच दिनों के मौसम की रिपोर्ट को एकत्र करना और उन्हें अपनी नोटबुक में चिपकाना

Ans. : (d) समाचार पत्र मौसम संबंधी जानकारी के सबसे अच्छे स्रोत माने जाते हैं। किसी शिक्षक द्वारा छात्रों को मौसम और जलवायु के संकल्पना को पढ़ाते समय पिछले कुछ दिनों की मौसम संबंधी रिपोर्ट जो समाचार पत्रों में दी गई हो उन्हें एकत्रित करके नोट बुक पर चिपकाने को कहना चाहिए ताकि छात्र आंकड़ों के आधार पर उनका विश्लेषण कर सकें।

32. सामाजिक विज्ञानों के शिक्षण में, बच्चों के संवेग बहुत आसानी से उजागर होते हैं-शब्दों से नहीं बल्कि दृश्यों और आवाजों से -इसके लिए शिक्षण का कौन-सा तरीका सबसे अधिक प्रभावी है?

(a) क्षेत्र-भ्रमण और सर्वेक्षण (b) कक्षीय चर्चाएँ
(c) परियोजना पद्धति (d) व्याख्यान पद्धति

Ans. : (a) बच्चों के संवेगों को सही दिशा देने का सबसे उपयुक्त तरीका नवाचारी विचार को अपनाना तथा विद्यार्थियों द्वारा उनका प्रयोग करना है। इसके अन्तर्गत शैक्षिक क्षेत्र भ्रमण तथा सर्वेक्षण शामिल है।

33. 'गरीबी' को पढ़ाते समय कौन-सी व्यूह-रचना सबसे ज्यादा उचित होगी?

(a) वाद-विवाद और चर्चाओं में विद्यार्थियों को शामिल करना
(b) विद्यार्थियों का पाठ्य-पुस्तक में से पढ़ने के लिए कहना और कठिन शब्दों के अर्थ की व्याख्या करना
(c) नोट्स तैयार करना और अच्छा व्याख्यान देना
(d) विद्यार्थियो को -हैण्ड-आउट्स' देना और व्याख्या करना

Ans. : (a) वाद-विवाद तथा चर्चा जैसे व्यूह रचना के द्वारा विद्यार्थियों के गरीबी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विचार जाना जा सकता है। इन विधियों के द्वारा छात्रों में स्वतंत्रता पूर्वक चिंतन एवं विचार व्यक्त करने का अवसर होता है तथा अधिगम प्रक्रिया तीव्र हो जाती है।

34. यह देखा गया है कि सांस्कृतिक, सामाजिक और वर्ग-विभेद कक्षीय सन्दर्भ में अपने पक्षपात, पूर्वाग्रहों और अभिवृत्तियों को उत्पन्न करते हैं। अतः शिक्षण का उपागम होना चाहिए–

(a) व्याख्यान पद्धति (b) परियोजना-उन्मुखी
(c) चर्चा-उन्मुखी (d) मुक्त-अन्त

Ans. : (c) चर्चा-उन्मुखी शिक्षण के माध्यम से एक शिक्षक सांस्कृतिक, सामाजिक और वर्ग विभेद कक्षीय संदर्भ में अपने पक्षपात, पूर्वाग्रहों और अपने अभिवृत्तियों से बच सकता है।

35. पाठ्य-पुस्तक में वर्णित, किसी समुदाय विशेष के लिए संवेदनशील मुद्दे को पढ़ाते समय–

(a) शिक्षक को सभी विद्यार्थियों की गरिमा का सम्मान करते हुए संकल्पना को संवेदनशील और पूर्ण निष्ठा के साथ व्याख्यायित करना चाहिए
(b) शिक्षक को विद्यार्थियों से कहना चाहिए कि वे इन पर पुस्तकालय में या घर पर नोट्स बनाएँ
(c) शिक्षक को पाठ्य-पुस्तक का सम्मान करना चाहिए और तथ्यों को उसी प्रकार व्याख्यायित करना चाहिए जैसे कि दिया गया है
(d) शिक्षक को सक्षम अधिकारियों को लिखना चाहिए कि वे पाठ्यचर्या में से ऐसे विवादास्पद प्रकरण को हटा दें

Ans. : (a) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में किसी समुदाय विशेष से सम्बन्धित मुद्दों को पढ़ाते समय एक शिक्षक को संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष रूप से मुद्दों को प्रकट करे ताकि समुदाय विशेष के विद्यार्थियों की गरिमा को ठेस न पहुँचे।

36. लोक सभा के प्रत्येक सत्र का प्रथम घण्टा .....से शुरू होता है।

(a) सार्वजनिक काल (b) विशेषाधिकार काल
(c) शून्य काल (d) प्रश्न काल

Ans. : (d) लोक सभा के प्रत्येक सत्र का पहला घण्टा प्रश्न काल से शुरू होता है।

37. सभी भारतीयों को मतदान का अधिकार होना चाहिए चाहें उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर कुछ भी हो। यह विचार .....द्वारा रखा गया।

(a) महात्मा गाँधी (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) बी.आर.अबेडकर (d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. : (c) डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अनुसार–''सभी भारतीयों को मतदान का समान अधिकार होना चाहिए चाहे उसकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति कैसी भी हो।''

38. प्रश्न-उत्तर तकनीक सामाजिक विज्ञान शिक्षण में काफी प्रभावी हो सकती है क्योंकि यह.....को सुनिश्चित करती है।

(a) परीक्षा को बेहतर तरीके से करने सम्बन्धी विद्यार्थियों की योग्यता
(b) विद्यार्थियों द्वारा अच्छी तैयारी के साथ कक्षा में आने
(c) अर्थिक अनुशासित कक्षा
(d) शिक्षार्थियों द्वारा सक्रिय सहभागिता

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों की कक्षा में सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए प्रश्न उत्तर तकनीक सर्वोत्तम उपाय होता है। इस तकनीक में उत्तर देने की स्वतंत्रता छात्र को प्राप्त होती है तथा विषय वस्तु को क्रमशः आसानी से समझा जा सकता है। इस तकनीक का प्रतिपादन सुकरात के द्वारा किया गया था।

39. एक शिक्षक-शिक्षिका कृषि के तरीकों को स्पष्ट करते हुए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि-तरीकों से जुडे केस-अध्ययनों पर चर्चा करता/करती है। वह सीखने के किस पहलू पर बल दे रहा/रही है?

(a) बेहतर परियोजना बनाने की योग्यता
(b) मूर्त उदाहरणों के माध्यम से तुलना और अन्तर करते हुए सीखने की योग्यता
(c) संकल्पना को समझने की योग्यता
(d) निर्वचन और व्याख्या करने की योग्यता

Ans. : (b) शिक्षक/शिक्षिका मूर्त उदाहरणों के माध्यम से तुलनात्मक अधिगम कार्य करते हुए विद्यार्थियों के सीखने की योग्यता पर बल देती है साथ ही बच्चे दोनो देशों के कृषि के तरीकों से अवगत भी हो रहे हैं।

40. अब मीडिया को.....के साथ निकटीय सम्बन्धों के कारण स्वतन्त्र नहीं माना जाता।

(a) गैर-सरकारी संस्थाओं (b) नागरिक समाज
(c) सरकारी एजेन्सियों (d) व्यापारिक घरानों

Ans. : (d) मीडिया देश/राज्य का चौथ स्तम्भ माना जाता है क्योंकि मीडिया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सूचनाओं द्वारा लोगों का अवगत कराता है। परन्तु वर्तमान समय में मीडिया को व्यापारिक घरानों के साथ निकट संबंध के कारण स्वतंत्र नहीं माना जाता।

41. निम्नलिखित में से किस समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर की जाँच करने के लिए न्यायाधीश राजिन्दर सच्चर की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा समिति का गठन किया गया?

(a) आंग्ल-भारतीय (b) मुस्लिम
(c) जैन (d) सिक्ख

Ans. : (b) मुस्लिम समुदाय के सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक स्तर की जाँच के लिए न्यायाधीश राजिन्दर सच्चर की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा सच्चर समिति का गठन किया गया था।

42. 'दादन-व्यवस्था' है–

(a) जहाँ व्यापारी राशि देता है और उत्पाद प्राप्त करता है
(b) जहाँ व्यापारी कच्चे माल की आपूर्ति करता है और तैयार माल प्राप्त करता है
(c) जहाँ व्यापारी अपने माल को किश्तों में बेचता है
(d) जहाँ व्यापारी श्रमिकों पर अतिरिक्त घण्टों के लिए काम करने हेतु जोर डालता है

Ans. : (b) ऐसी व्यवस्था जिसमें व्यापारी कच्चे माल की आपूर्ति के साथ-साथ तैयार माल प्राप्त करता है दादन व्यवस्था कहलाती है।

43. सी.के. जानू एक बहुत प्रतिष्ठित.....हैं।

(a) पटकथा लेखक (b) मानव-विज्ञानी
(c) आदिवासी कार्यकर्ता (d) पर्यावरणविद्

Ans. : (c) सी. के. जानू केरल के प्रतिष्ठित आदिवासी कार्यकर्त्ता थे। इन्होंने भूमिहीन आदिवासियों के पक्ष में एक सामाजिक आंदोलन की शुरूआत की थी।

44. एक शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी इस प्रकार एक अनुदेश-नात्मक उद्देश्य लिखती है -'विद्यार्थी लोकतन्त्र का अर्थ समझने योग्य हो पाएँगे।' यह उद्देश्य किस क्षेत्र में आता है?

(a) विश्लेषण (b) कौशल
(c) संश्लेषण (d) बोधन

Ans. : (d) ''विद्यार्थी लोकतंत्र का अर्थ समझने योग्य हो पाएँगे'' शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी द्वारा लिखा गया यह कथन अनुदेशात्मक उद्देश्य बोधन क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

45. 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' पाठ्य-पुस्तकें बच्चे के संसार के प्रति शिक्षा को सन्दर्भित करने के लिए निम्नलिखित में से किस पद्धति का उपयोग करती हैं?

(a) वे इस सन्दर्भ में किए गए अनेक सर्वेक्षणों के निष्कषों का उदाहरण देती हैं
(b) वे ध्यान भंग होने से बचने के लिए कम तस्वीरों को सम्मिलित करती हैं

(c) वे चतुराई से भारतीय व्यक्तियों के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को सम्मिश्रित करती हैं

(d) वे ग्रामीण और शहरी उदाहरणों के सम्मिश्रण के अनेक केस अध्ययनों एवं वर्णनों का प्रयोग करती हैं

Ans. : (d) सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन से सम्बन्धित पाठ्य पुस्तकें ग्रामीण और शहरी उदाहरणों के सम्मिश्रण के अनेक केस अध्ययनों एवं वर्णनों का प्रयोग करके बच्चों को संसार के प्रति शिक्षा को संदर्भित करती है।

46. पुस्तक 'सामाजिक व राजनैतिक जीवन भाग-II', अन्य पद्धतियों के साथ-साथ, निम्नलिखित में से कौन-सी मूल्यांकन-पद्धति का समर्थन करती है?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी (कम्प्यूटर) द्वारा मूल्यांकन

(b) लिखित परीक्षाएँ

(c) खुली पुस्तकों द्वारा अभ्यास हल करवाना

(d) निजी साक्षात्कार

Ans. : (c) NCERT की पुस्तक सामाजिक व राजनैतिक जीवन भाग-II में खुली पुस्तक द्वारा अभ्यास हल करवाती है। क्योंकि यह शिक्षार्थियों को उनके वातावरण से जोड़ने में भी सक्षम है।

47. शिक्षा बिना बोझ के (1993)' यह अनुशंसित करता है कि सामाजिक विज्ञानों में अधिगम को–

(a) व्यवसायों के लिए प्रासंगिक कुशलताओं का विकास करना चाहिए

(b) विकासात्मक मुद्दों को उद्घाटित करने के लिए ज्ञान-मीमांसीय रूपरेखा का लगातार अनुपालन करना चाहिए

(c) महत्वपूर्ण सूचनाओं के संधारण करने में सहायता करनी चाहिए

(d) सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं का विश्लेषण करने हेतु संकल्पनाओं और योग्यताओं के विकास को बढ़ावा देना चाहिए

Ans. : (d) शिक्षा बिना बोझ के (1993) यह अनुशंसित करता है कि सामाजिक विज्ञान के अधिगम को सामाजिक - राजनीतिक वास्तविकताओं का विश्लेषण करने हेतु संकल्पनाओं और योग्यताओं के विकास को बढ़ावा देना चाहिए।

48. 'बाल-केन्द्रित' शिक्षाशास्त्र है–

(a) बच्चों के अनुभवों, उनके विचारों और उनकी सक्रिय सहभागिता को प्राथमिकता देना

(b) वैयक्तिक ध्यान को सुनिश्चित करने के लिए छोटे शिशु देखभाल केन्द्रों पर बच्चों को पढ़ाना

(c) बच्चे की इच्छानुसार शिक्षण

(d) शिक्षक बच्चों के गोल घेरे में बीच में खड़ा होकर संकल्पनाओं को स्पष्ट करता है

Ans. : (a) बाल केन्द्रित शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अनुभवों, उनके विचारों और उनकी सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 (NCF-2005) में इसकी अनुशंसा की गई है।

49. सामाजिक विज्ञान में आकलन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए ।

(a) यह विश्वसनीय प्रतिपृष्टि (फीडबैक) उपलब्ध कराना कि किस सीमा तक शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति हुई है

(b) शिक्षार्थियों द्वारा मानविकी में सफल जीवन-वृत्ति को आगे बढ़ाने में सम्भावनाओं की भविष्यवाणी करना

(c) शिक्षार्थियों ने किस सीमा तक विषय-वस्तु सम्बन्धी ज्ञान अर्जित किया, यह मापना

(d) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में ज्ञान की वांछित शैक्षणिक गुणत्ता बनाए रखना

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान के आंकलन का मुख्य उद्देश्य उन तत्वों की प्रतिपुष्टि उपलब्ध कराना होता है जो शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति करते हैं। सामाजिक विज्ञान के शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नागरिकता की भावना तथा उसकी समझ का विकास करना होता है।

50. सामाजिक विज्ञान कक्षा में अन्योन्यक्रिया पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा उपागम सबसे उपयुक्त होगा?

(a) व्याख्यान और स्पष्टीकरण

(b) वृत्त-चित्र (डॉक्यूमेन्ट्रीज) दिखाना

(c) श्रुतलेखन एवं अभ्यास

(d) लगातार जाँच

Ans. : (b) सामाजिक विज्ञान के कक्षा में अन्योन्यक्रिया पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए वृत्त चित्र सर्वोत्तम उपाय है। इन वृत्त चित्र की सहायता से विद्यार्थी स्वयं को उससे जोड़ कर अधिगम करता है।

51. निम्नलिखित में से कौन-सा मौखिक तर्कणा से सम्बन्धित है?

(a) संकल्पनाओं का तत्काल अनुप्रयोग एवं वाग्विस्तार

(b) चरणबद्ध प्रक्रिया (ऐल्गोरिथ्म) का वर्णन करना

(c) समकक्ष व्यक्तियों का अनुकरण

(d) शब्दों का जोर से उच्चारण करते हुए एक लेख लिखना

Ans. : (a) संकल्पनाओं का तत्काल अनुप्रयोग तथा वाग्विस्तार मौखिक तर्कणा से सम्बन्धित होता है।

52. जन हित याचिका (PIL) द्वारा.....आई है।

(a) न्यायिक सक्रियता में गिरावट

(b) सरकारी काम-काज में बाधा

(c) न्याय मिलने में बढ़त

(d) न्याय मिलने में बाधा

Ans. : (c) जनहित याचिका (PIL) के द्वारा न्याय मिलने में बढ़त आई है। जनता की भावनाओं की रक्षा के लिए इसे लागू किया गया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. एन. भगवती द्वारा इसका प्रतिपादन किया गया।

53. 'शिक्षा का अधिकार' अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत एक मौलिक अधिकार है जो 'जीवन का अधिकार' से सम्बन्धित है क्योंकि–

(a) शिक्षा गरिमामय जीवन जीने में सहायता करती है
(b) केवल शिक्षित व्यक्तियों को जीवन का अधिकार है
(c) शिक्षा जीवन है
(d) सभी व्यक्तियों को शिक्षा का अधिकार नहीं है

Ans. : (a) शिक्षा व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। इसीलिए इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत शामिल किया गया है क्योंकि अनुच्छेद 21 व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने की स्वतंत्रता का अधिकार देता है।

54. आदिवासियों को रंग-बिरंगे कपड़े पहने, सिर पर मुकुट लगाए और नाचते-गाते हुए एक रूढ़िबद्ध रूप में प्रदर्शित करने के परिणामस्वरूप प्रायः–

(a) संसार का ध्यान गरीब आदिवासियों की समस्याओं की ओर आकर्षित होता है
(b) इस प्रकार से समूहों के प्रति भेदभाव होता है
(c) आदिवासी संस्कृति को प्रात्साहन मिलता है
(d) भारतीय संस्कृति की विविधता प्रदर्शित होती है

Ans. : (b) आदिवासियों द्वारा रंग-बिरंगे कपड़े पहनने, सिर पर मुकुट पहनने को रूढ़िबद्ध आचरण के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसका कारण इस विशेष समुदाय के प्रति भेद-भाव का आचरण प्रदर्शित किया जाता है।

55. भारतीय संविधान द्वारा दिया गया.....नागरिकों को यह अनुमति देता है कि वे उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय जा सकते हैं यदि उन्हें ऐसा लगता है कि उनके मौलिक अधिकारों का सरकार द्वारा उल्लंघन हुआ है।

(a) जीवन का अधिकार
(b) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) समानता का अधिकार

Ans. : (b) भारतीय संविधान के अनुच्छेद-32 संवैधानिक उपचारों के अधिकार से संबंधित है। इस अधिकार के द्वारा व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में जा सकता है।

56. सहयोगी अधिगम की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक को–

(a) कक्षा में समरूपी योग्यता-समूहों में विभाजित करना चाहिए
(b) प्रत्येक विद्यार्थी को व्यक्तिगत दत्त-कार्य देना चाहिए
(c) सामूहिक परियोजना-कार्य देने चाहिए
(d) वाद-विविद और चर्चाओं में विद्यार्थियों को शामिल करना चाहिए

Ans. : (c) सामूहिक परियोजना कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों में सहयोगी अधिगम को बढ़ावा मिलता है।

57. प्रारम्भिक स्तर पर इतिहास शिक्षण का सबसे महत्वपूण्र और प्रभावी तरीका है–

(a) प्रश्न-उत्तर प्रद्धति (b) कहानी-कथन पद्धति
(c) व्याख्यान पद्धति (d) चर्चा पद्धति

Ans. : (b) प्राथमिक स्तर पर इतिहास शिक्षण के लिए कहानी-कथन पद्धति सबसे उपयुक्त विधि है। इस विधि के द्वारा छात्रों में रोचकता पैदा की जाती है जिससे विद्यार्थी इसे ध्यान से सुनते हैं तथा आसानी से तथ्यों को याद कर सकते हैं।

58. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005, यह सुझाव देती है कि 'नागरिक शास्त्र' की जगह 'राजनीति विज्ञान' शब्दावली का प्रयोग किया जाए क्योंकि–

(a) 'राजनीति विज्ञान' एक अध्ययन क्षेत्र के रूप में वैश्विक रूप से स्वीकृत है
(b) 'राजनीति विज्ञान' राजनीतिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा
(c) 'नागरिक शास्त्र' शब्दावली राज 'एरा' में बनाई गई और जो आज्ञाकारिता तथा ईमानदारी के साथ जुड़ी हुई है
(d) 'राजनीति विज्ञान' शिक्षा के उच्च स्तर पर पढ़ाया जाता है, अतः विद्यालयों को उसके लिए आधार-भूमि तैयार करनी चाहिए

Ans. : (a) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 (NCF-2005) ने नागरिक शास्त्र के स्थान पर राजनीति विज्ञान को विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत शामिल किया गया इसका मुख्य कारण यह है कि राजनीति विज्ञान वर्तमान में वैश्विक विषय के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

59. 'सामाजिक समानता' पढ़ाते हुए शिक्षण का सबसे उपयुक्त उपागम क्या होना चाहिए?

(a) समुदायों से अनुभवों के दृष्टन्त देना जो बच्चे का सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश बनाते है
(b) अस्पृश्यता के व्यवहार की विस्तार से व्याख्या करना
(c) संकल्पना को व्याख्यायित करना जैसा पाठ्य-पुस्तक में वर्णन किया गया है
(d) 'सामाजिक समानता' से जुड़ी पाठ्य-सामग्रियों की समीक्षा के लिए विद्यार्थियों को परियोजना-कार्य देना

Ans. : (a) आस-पास के परिवेश तथा समाज से बच्चे बहुत प्रभावित होते हैं। इसलिए **सामाजिक समानता** विषय वस्तु को पढ़ाते समय शिक्षक द्वारा उन उदाहरणों तथा दृष्टांतों का प्रयोग करना सर्वाधिक उपयुक्त उपागम होता है जो बच्चों के सामाजिक परिवेश से संबंध रखता है।

60. 'समूह शिक्षण'

(a) संसाधनों, रूचि व विशेषज्ञता का इष्टतम उपयोग करने हेतु शिक्षकों के समूहों द्वारा शिक्षण है
(b) शिक्षकों की अनुपल्ब्धता से निपटने का एक उपाय है
(c) स्कूल में शिक्षकों के समूहों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करता है
(d) विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार छोटे समूहों में बाँटकर शिक्षण है

Ans. : (a) समूह शिक्षण में शिक्षकों का एक समूह साथ कार्य करते हुए संसाधनों, रुचियों तथा विशेषताओं का अधिकतम प्रयोग करने के साथ शिक्षण कौशलों का मूल्यांकन करता है।

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) - 2011

(CLASS : VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 26 जून, 2011)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा 'बाजार' शब्दावली की व्याख्या करता है?

(a) एक दुकान जहाँ उद्योगपति द्वारा निर्मित वस्तुएँ बेची जाती हैं।
(b) एक उद्योग द्वारा उत्पादित एक खास किस्म की वस्तु का सम्भावी व्यापार
(c) एक मॉल जो उत्पाद बेचता है
(d) एक स्थानीय जगह जहाँ उद्योग स्थापित करने की अनुकूलित/प्रेरक स्थितियाँ होती हैं

Ans. : (d) बाजार वह स्थान होता है जहाँ उद्योग स्थापित करने की अनुकूल तथा प्रेरक स्थितियाँ उपस्थित होती हैं तथा क्रेता व विक्रेता अपने माल को आसानी से बेच/खरीद सकते हैं।

2. निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक आर्थिक गतिविधि नहीं है?

(a) कृषि (b) व्यापार
(c) मछली पालन (d) खनन

Ans. : (b) व्यापार प्राथमिक आर्थिक गतिविधि नहीं है। अर्थव्यवस्था को तीन क्षेत्रों में बांटा जाता है–
1. प्राथमिक क्षेत्र – कृषि, मछली पालन, खनन
2. द्वितीयक क्षेत्र – निर्माण, विनिर्माण, उद्योग
3. तृतीयक क्षेत्र – बैंक, बीमा आदि।

3. PHC का क्या अर्थ है?

(a) पब्लिक हेल्थ कोर्ट (b) पब्लिक हेल्थ सेन्टर
(c) पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन (d) प्राइवेट हेल्थ सेन्टर

Ans. : (b) PHC→ Public Health Center (जन स्वास्थ्य केन्द्र)।

4. यदि जून में लन्दन में सुबह 10:00 बजे हैं, तो भारतीय मानक समय होगा दोपहर–

(a) 3:00 बजे (b) 3:30 बजे
(c) 2:00 बजे (d) 2:30 बजे

Ans. : (b) लंदन के मानक समय तथा भारतीय मानक समय के मध्य 5 घंटा 30 मिनट का अन्तर होता है। भारत का मानक समय लंदन के मानक समय से आगे होता है।
अतः लंदन का मानक समय = 10 : 00 प्रातः
भारत का मानक समय = 10:00 + 5:30
= 15:30 अपराह्न अर्थात् 3:30 बजे

निर्देश (प्र.सं. 5-6) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों को उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

''उन्नीसवीं सदी के आखिर तक खुद महिलाएँ भी सुधारों के लिए बढ़-चढ़ कर प्रयास करने लगी थीं। उन्होंने किताबें लिखीं, पत्रिकाएँ निकाली, स्कूल और प्रशिक्षण केन्द्र खोले तथा महिलाओं को संगठित किया। बीसवीं सदी की शुरुआत से वे महिलाओं को मताधिकार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा के अधिकार के बारे में कानून बनवाने के लिए राजनीतिक दबाव समूह बनाने लगी थीं। सभी समुदायों के महिलाओं ने 1920 के दशक के बाद विभिन्न प्रकार के राष्ट्रवादी और समाजवादी आन्दोलन में हिस्सा भी लिया।

बीसवीं शताब्दी में, जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस जैसे नेताओं ने महिलाओं के लिए और अधिक स्वतन्त्रता व समानता की माँगों का समर्थन किया। राष्ट्रवादी नेताओं ने आश्वासन दिया कि स्वतन्त्रता मिलने पर सभी पुरुषों व महिलाओं को वोट डालने का अधिकार दे दिया जाएगा। परन्तु उनका आह्वान था कि जब तक स्वतन्त्रता नहीं मिल जाती तब तक महिलाओं को अंग्रेजी राज विरोधी संघर्ष में ही जोर लगाना चाहिए।''

5. महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दिए गए अनुच्छेद के आधार पर गलत है?

(a) स्वतन्त्रता-संघर्ष से जुड़ने के लिए सभी समुदायों से अनेक महिलाएँ आगे आई
(b) महिलाओं को राष्ट्रवादी नेताओं का समर्थन प्राप्त हुआ
(c) महिलाओं के लेखन को सराहा नहीं गया
(d) अब महिलाओं ने अपने राजनीतिक अधिकारों सहित अपने अधिकारों की माँग के लिए आवाज उठाई

Ans. : (c) महिलाओं के अधिकार के संदर्भ में यह तथ्य गलत है कि महिलाओं के लेखन को सराहा नहीं गया।

6. भारत के राष्ट्रीय आन्दोलनों के नेताओं द्वारा प्रयुक्त रणनीति से सम्बन्धित ऊपर दिए गए सारांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे बेहतर निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) स्त्रियों और पुरुषों को 'लेन-देन' की नीति का अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया
(b) भारतीय महिलाएँ अपने भाषणों द्वारा अनेक लोगों को आन्दोलन में शामिल कर सकती थीं
(c) राष्ट्रवादी नेताओं ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के लिए समर्थन माँगा और वादा किया कि स्वतन्त्रता के बाद उन्हें वोट देने का अधिकार दिलवाएँगे
(d) स्त्रियों की भागीदारिता स्वतन्त्रता-संघर्ष को और अधिक आकर्षक बनाएगी

Ans. : (c) राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के लिए समर्थन मांगा तथा वादा किया कि स्वतंत्रता के बाद उन्हें वोट देने का अधिकार दिलवाएंगे।

7. संरचना और व्यवहार की वह प्रणाली जिसमें पुरुष स्त्री पर अपनी प्रधानता दिखाता है, उसे उत्पीड़ित और शोषित करता है.....कहलाती है।

(a) फासीवाद (b) राजतन्त्र
(c) पितृ सत्तात्मक (d) पदानुक्रमिक

Ans. : (c) पितृ सत्तात्मक प्रणाली के अन्तर्गत पुरुषों की प्रधानता होती है जो स्त्री को उत्पीड़ित एवं शोषित करता है। वर्तमान समाज पितृसत्तात्मक है।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'प्रशस्ति' के बारे में गलत है?

(a) राजा की प्रशंसा करने तथा उनका संरक्षण पाने के उद्देश्य से ये ज्ञानी/कवि/विद्वान व्यक्ति द्वारा लिखी जाती थीं
(b) प्रायः राजा इन्हें स्वयं लिखा करते थे
(c) ये जिस काल से सम्बन्धित हैं उस काल के इतिहास के मूल्यवान स्रोत हैं
(d) 'प्रशस्ति' में शासक या राजा की उपलब्धियों का वर्णन किया जाता था

Ans. : (b) प्रशस्ति एक प्रकार की प्रशंसा होती है जिसे राजा के दरबारी, कवि आदि राजा के प्रशंसा में लिखते थे जिसमें राजा की उपलब्धियों का वर्णन भी किया जाता था। राजा इसे स्वयं नहीं लिखते थे।

उदाहरण → प्रयाग प्रशस्ति की रचना हरिषेण द्वारा की गई जिसमें समुद्रगुप्त की प्रशंसा तथा उसकी उपलब्धियों का वर्णन किया गया है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञापन का उद्देश्य नहीं है?

(a) सामाजिक तन्त्रों और सामाजिक समूहों को लक्ष्य बनाना
(b) व्यक्तिगत वाणिज्यिक लाभ के लिए सामाजिक तन्त्रजाल वाली साइटों (Sites) पर उत्पादों का विज्ञापन देना
(c) जन साधारण के सदस्यों को ऐच्छिक सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहने हेतु अभिप्रेरित करना
(d) चूँकि व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं इसलिए उनकी अभिवृत्ति और मानसिक धारणा को बदलना

Ans. : (b) समाज में जागरुकता फैलाने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए जिस विज्ञापन की सहायता लेते हैं उसे सामाजिक विज्ञापन कहते हैं। व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य के लिए सामाजिक तंत्रजाल वाली साइटों का प्रयोग किया जाता है।

10. 19वीं शताब्दी के दौरान किस विकास ने बड़े पैमाने पर सामाजिक रीति-रिवाज और व्यवहार के बारे में वाद-विवाद तथा चर्चाओं को सुगम बनाया?

(a) रंगमंच (b) चलचित्र
(c) रेडियो (d) पत्रिकाएँ

Ans. : (d) 19वीं शताब्दी के दौरान पत्र-पत्रिकाओं के विकास ने सामाजिक रीति-रिवाजों और व्यवहार के बाद वाद-विवाद तथा चर्चाओं को सुगम बनाया।

11. बंगाल में, ...प्रायः उन व्यक्तियों अथवा समूहों द्वारा मन्दिरों और अन्य धार्मिक भवनों का निर्माण करवाया गया जो शक्तिशाली बन रहे थे।

(a) समाज में अद्भुत वास्तुकला का प्रदर्शन करने के लिए
(b) परिवेश का महत्व बढ़ाने के लिए
(c) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए, अपनी धर्मपरायणता घोषित करने तथा अनुयायी बनाने के लिए
(d) यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्होंने अच्छे 'कर्म' किए हैं

Ans. : (c) बंगाल में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए अपनी धर्मपरायणता घोषित करने तथा अनुयायी बनाने के लिए लोगों के द्वारा मंदिरों एवं धार्मिक भवनों का निर्माण कराया गया ताकि वे शक्तिशाली बने रहें।

12. राजा राम मोहन राय जैसे समाज सुधारक स्त्रियों के विरुद्ध प्रचलित सामाजिक अन्याय (जैसे सती होना) के बारे में प्रचार-प्रसार के लिए निम्नलिखित में से किस युक्ति का प्रयोग करते थे?

(a) वे सरकार के प्रभाव का प्रयोग करते थे
(b) अपनी सोच को सिद्ध करने के लिए प्राचीन धार्मिक पाठों में से श्लोक या वाक्य का प्रयोग करते थे
(c) वे लोकप्रिय राष्ट्रवादी नेताओं की सहायता लेते थे
(d) वे लोकप्रिय सामाजिक वातावरण की सहायता लेते थे

Ans. : (b) राजाराम मोहनराय सामाजिक अन्याय के प्रचार-प्रसार के लिए तथा उसके प्रति अपनी सोच को सिद्ध करने के लिए प्राचीन धार्मिक पाठ्य-पुस्तकों के श्लोकों को प्रमाण के तौर पर प्रयोग करते थे। इस प्रचार-प्रसार के लिए राजाराम मोहनराय ने 1828 ई. में ब्रह्म समाज की स्थापना की थी।

13. निम्नलिखित को मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए–

A. कृषि I. अंगूरों की खेती
B. उद्यान कृषि II. फसल उगाना और खेती करना
C. मत्स्य पालन III. फूल, फल और सब्जियाँ उगाना
D. द्राक्षा कृषि IV. मछली पालना

	A	B	C	D
(a)	II	III	IV	I
(b)	III	II	I	IV
(c)	II	IV	III	I
(d)	I	IV	II	III

Ans. : (a)

सूची I	सूची II
कृषि	फसल उगाना और खेती करना
उद्यान कृषि	फूल, फल और सब्जियां उगाना
मत्स्य पालन	मछली पालना
द्राक्षा कृषि	अंगूर की खेती करना।

14. ज्यादातर 'महाजनपदों' की मजबूत किलेबन्दी थी, क्योंकि–

(a) वे इनकी समृद्धि और शक्ति को प्रदर्शित करते थे
(b) शासकों को आक्रमण का भय था और वे स्वयं की रक्षा को सुनिश्चित करना चाहते थे

(c) ये उनके 'समृद्ध' योद्धा परम्पराओं के प्रतीक थे
(d) इनके आस-पास लकड़ी, ईटों या पत्थरों की उपलब्धि थी

Ans. : (b) महाजनपदों की उत्पत्ति महत्वाकांक्षा के कारण हुई। तत्कालीन परिस्थितियों में प्रत्येक महाजनपद अपनी सेना तथा साम्राज्य का विस्तार करना चाहता था। इस लिए प्रत्येक महाजनपद अपने राज्य की रक्षा के लिए अपने महाजनपदों की मजबूत किलेबंदी करते थे। बुद्ध काल में महाजनपदों की संख्या 16 थी।

15. उद्योगपति उद्योग स्थापित करते हैं जब–
(a) वे अनुकूल सरकारी नीतियाँ पाते हैं
(b) कस्बे विकसित हो सकें
(c) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन (Incentives) से उनका लाभ कम हो
(d) वे अपने मूल स्थान को विकसित कर सकें

Ans. : (a) सरकारी नीतियों के अनुकूल होने की स्थिति में उद्योगपति उद्योगों की स्थापना करते हैं।

16. लगभग 3900 वर्ष पूर्व, आरम्भिक नगर हड़प्पा और मोहनजोदड़ों, कई कारणों से समाप्ति की कगार पर आने लगे। निम्नलिखित में से कौन-सा उन कारणों में से एक कारण नहीं है?
(a) जंगलों के विनाश और बाढ़ के कारण नगर नष्ट हुए
(b) मवेशियों के बड़े-बड़े झुण्डों द्वारा चारागाह और घास वाले मैदानों को चराने से मृदा आवरण नष्ट हो गया
(c) नदियाँ सूख गई जिसके कारण नगर समाप्त हुए
(d) नगरों के बीच आपसी प्रतिद्वन्द्विता और लड़ाई

Ans. : (b) हड़प्पा सभ्यता की खुदाई से उसके पतन के कारणों का अनुमान लगाया गया तथा अलग-अलग पुरातत्वविदों द्वारा अलग-अलग कारणों का उल्लेख किया गया। पतन के निम्न कारण थे–
1. बाढ़
2. आक्रमण
3. नदियों के मार्ग परिवर्तन से सूखा
4. जलवायु परिवर्तन
मवेशियों के बड़े-बड़े झुण्डों द्वारा चारागाह और घास वाले मैदानों को चराने से मृदा आवरण का नष्ट होना हड़प्पा सभ्यता के पतन का कारण नहीं था।

17. ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत स्थानान्तरीय कृषकों को कौन-सी समस्याओं का सामना करना पड़ा?
(a) उनके कृषि-उत्पादन में गिरावट आई
(b) उनकी गतिविधि प्रतिबन्धित हो गई थी
(c) बेरोजगारी
(d) शोषण

Ans. : (b) ब्रिटिश शासन के समय स्थानान्तरीय कृषकों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

18. मध्यकालीन भारत में मन्दिरों को.....के केन्द्र के रूप में माना जाता था
(a) सांस्कृतिक गतिविधियों
(b) बड़े पैमाने पर विदेशी व्यापार
(c) सूफी आन्दोलन
(d) वास्तुकला

उत्तर (a) मध्यकालीन भारत के मंदिरों को सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र माना जाता था।

19. गजनी के सुल्तान महमूद द्वारा सोमनाथ मन्दिर को नष्ट करने के पीछे कौन-सा मुख्य कारण था?
(a) उसे मन्दिर की वास्तुकला पसन्द नहीं थी
(b) उसने इस्लाम के महान नायक के रुप में श्रेय लेने की कोशिश की
(c) वह किसी अन्य उद्देश्य के लिए मन्दिर का प्रयोग करना चाहता था
(d) वह वहाँ एक महल बनाना चाहता था

Ans. : (b) गजनी के सुल्तान महमूद गजनवी का भारत पर सबसे बड़ा आक्रमण सोमनाथ मंदिर (17वाँ आक्रमण) पर था। इसका मुख्य उद्देश्य स्वयं को इस्लाम के महानायक के रूप में श्रेय लेना था। वह इस्लाम के प्रसार तथा धन की लालसा से भारत पर कई आक्रमण किए।

20. निम्नलिखित में सें कौन-सा कथन 'प्राचीन हस्तलिपि' के सन्दर्भ में सही नहीं है?
(a) वे प्रायः ताड़-पत्रों पर लिखी हुई थीं
(b) वे जिस काल को प्रदर्शित करती हैं उस काल का मुख्य स्रोत हैं
(c) वे हस्तलिखित थीं और उसके बाद मुद्रित की गई थीं
(d) कुछ हस्तलिपियाँ पत्थर या धातु पर उकेरी गई थीं

Ans. : (b) प्राचीन हस्तलिपि किसी काल के इतिहास जानने का मुख्य स्रोत नहीं होता है।

निर्देश (प्र.स. 21-23) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले तीन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

एक चिट्ठी आपके नाम

''शायद आप ने अपने छात्र-छात्राओं या बच्चों को कहते सुना होगा कि 'नागरिकशास्त्र बड़ा बोरिंग है।' हो सकता है कि आपकों भी लगता हो कि बात में दम है। अपने देश में नागरिकशास्त्र के पाठ्यक्रम में शासन की औपचारिक राजनीतिक संस्थाओं की जानकारी पर जोर रहा है। पाठ्य-पुस्तकों में संवैधानिक, कानूनी पेचीदगियों के नीरस और उबाऊ व्यौरे भरे रहते हैं। जाहिर है, ऐसे में बच्चा जो कुछ अपने वास्तविक जीवन में देखता है और जो बातें किताबों में पढ़ता है, उनके बीच तालमेल नहीं बैठा पाता। शायद इसी कारण हमारे किशोर-किशोरियों को नागरिकशास्त्र की पढ़ाई 'बोरिंग' लगती है जबकि वास्तव में स्थिति यह है कि हमारे देश के नागरिकों की राजनीति में भागीदारी और रुचि बहुत गहरी है।''

21. इस अनुच्छेद में 'तालमेल नहीं बैठा पाता' वाक्यांश किस सन्दर्भ में प्रयुक्त हुआ है?
(a) वास्तविक जीवन में क्या होता है और पाठ्य-पुस्तकों में वे क्या पढ़ते हैं–बच्चें इनमें सम्बन्ध नहीं जोड़ पाते
(b) यह इससे सम्बन्धित है कि नागरिकशास्त्र की पाठ्य-पुस्तकें किस प्रकार लिखीं और प्रयोग में लाई जाती हैं

(c) सामान्यतः विद्यालयी शिक्षा और विशेष रूप से नागरिकशास्त्र के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति से सम्बद्ध है

(d) विद्यालयों में नागरिकशास्त्र का शिक्षण नीरस है

Ans. : (a) 'ताल मेल नहीं बैठा पाता' वाक्यांश का तात्पर्य है कि नागरिक शास्त्र पढ़ने वाले विद्यार्थी जो तथ्य किताबों में पढ़ते हैं उसे वास्तविक जीवन से एकदम अलग पाते हैं इस कारण नागरिक शास्त्र विषय का समायोजन अपने वास्तविक जीवन से नहीं कर पाते हैं।

22. नागरिकशास्त्र की पाठ्य-पुस्तकों में विषय-वस्तु की 'नीरस और उबाऊ' प्रस्तुति को शिक्षक.....के द्वारा जीवन्त बना सकता है।

(a) अमूर्त पक्षों पर कम महत्व देने

(b) नीरस अवधारणाओं की विस्तृत

(c) कठिन अवधारणाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लघु परीक्षाओं की सहायता

(d) वास्तविक जीवन के उदाहरण और किस्सों पर वाद-विवाद और चर्चा

Ans. : (d) नागरिकशास्त्र विषय की उबाऊ तथा नीरस प्रस्तुति को शिक्षक द्वारा रोचक बनाया जा सकता है। यदि शिक्षक नागरिकशास्त्र विषय को वास्तविक जीवन से जोड़ कर उसका उदाहरण प्रस्तुत करे तथा इस मुद्दे पर कक्षा-कक्ष में वार्तालाप (वाद-विवाद) विधि को अपनाए।

23. नागरिकशास्त्र के पाठ्यक्रमों को कक्षा में सम्पादित करने के लिए सबसे बेहतर शिक्षा-शास्त्रीय अभ्यास को निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है?

(a) शिक्षिका किस्सों और लघु कथाओं से जोड़ते हुए विषय को रोचक बनाती है लेकिन पाठ्य-पुस्तक और व्याख्यान पद्धति में उसका दृढ़ विश्वास है

(b) शिक्षिका अत्यन्त सतर्कता से पाठ-योजना का पालन करती है और नोट्स बनाने के लिए अनेक सन्दर्भ पुस्तकों का प्रयोग करती है

(c) शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को युवा संसद में शामिल करती है और वास्तविकता में वे क्या देखते है, इनके साथ पाठ्य-पुस्तक में दी गई विषय-वस्तु का आलोचानात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करती है

(d) शिक्षिका समस्त बातों को विस्तार से समझाते हुए नागरिकशास्त्र की पूरी पाठ्य-पुस्तक पढ़ाती है और विद्यार्थियों को भली प्रकार से तैयार करती है

Ans. : (c) नागरिकशास्त्र के पाठ्यक्रमों को कक्षा में सम्पादित करने के लिए सबसे बेहतर शिक्षाशास्त्रियों द्वारा दिए गए विकल्प में यह हो सकता है कि शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को युवा संसद में शामिल करती है और वास्तविकता में वे क्या देखते हैं, इनके साथ पाठ्य पुस्तक में दी गई विषय वस्तु का आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करती है।

24. भारत में प्रभावी प्रशासनिक प्रथा विकसित करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने निम्नलिखित में से किसे अपनाया?

(a) सर्वेक्षण करने की प्रथा

(b) भू-राजस्व संग्रह करने की प्रथा

(c) स्थानीय जनसंख्या का शोषण करने की प्रथा

(d) सैन्य अभियान

Ans. : (b) भारत में प्रभावी प्रशासनिक प्रथा विकसित करने के लिए भू-राजस्व संग्रह करने की प्रथा को अपनाया। इसके अन्तर्गत स्थायी बंदोबस्त प्रणाली, रैयतवाड़ी प्रथा तथा महालवाड़ी प्रथा आते हैं।

25. निम्नलिखित आरेख में कौन-सा तीर दक्षिण-पूर्व दिशा को दर्शाता है?



(a) B (b) F

(c) H (d) D

Ans. : (d) तीर 'D' दक्षिण-पूर्व दिशा को दर्शाता है। दक्षिण-पूर्व दिशा वह होती है जो दक्षिण दिशा तथा पूर्व दिशा के बीच में स्थित होती है। D की स्थिति वही है जो दक्षिण दिशा (E) तथा पूर्व दिशा (C) के मध्य स्थित है।

26. जल संरक्षण के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) वन अथवा वनस्पति आवरणों के द्वारा भूमिगत जल के स्तर को सुधारा जा सकता है

(b) पृष्ठीय प्रवाह को नियन्त्रित करना जल संरक्षण तरीकों में से एक है

(c) स्प्रिंक्लर वाष्पीकरण को प्रभावी तरीके से नियन्त्रित करते हैं

(d) जल अनवीकरणीय संसाधन है

Ans. : (d) ''जल एक अनवीकरणीय संसाधन है'' कथन गलत है। जल एक नवीकरणीय संसाधन है। इन्हें जल संरक्षण के रूप में पुनः शुद्धिकरण के द्वारा प्रयोग कर सकते हैं।

27. एक मानचित्र एक ऐसे पैमाने का प्रयोग करता है जिसमें मानचित्र में 1 सेमी धरती पर 20 मी के बराबर है। यदि मानचित्र पर दो स्थानों के बीच की दूरी 5 सेमी हो, तो उनके बीच की वास्तविक दूरी कितनी होगी?

(a) 150 मी (b) 200 मी

(c) 100 मी (d) 20 मी

Ans. : (c) मानचित्र पर निर्देशित 1 सेमी. = 20 मीटर
अतः मानचित्र पर 5 सेमी. की दूरी पर स्थित दो बिन्दुओं के बीच वास्तविक दूरी = 20 × 5 = 100 मीटर

28. 19वीं शताब्दी के मध्य में, ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को तीन कालों में बाँटा है- हिन्दू भारत, मुस्लिम भारत और ब्रिटिश भारत। इस विभाजन का क्या आधार है?

(a) यह इस विचार पर आधारित है कि शासकों का धर्म एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन था
(b) इंग्लैण्ड का इतिहास भी इसी रूप में लिखा गया है
(c) ब्रिटिश लोग समझते थे कि वे इतिहास के उस बिन्दु सर्वाधिक ज्ञानवान थे और इसलिए उन्होंने इस विभाजन का प्रयोग किया
(d) यह याद करने में सुविधाजनक और सरल है

Ans. : (a) 19वीं शताब्दी के मध्य में ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास को तीन कालों (हिन्दू भारत, मुस्लिम भारत, ब्रिटिश भारत) में बांटा है और इस विभाजन का आधार शासकों का धर्म एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन था।

29. 'औद्योगीकरण' को पढ़ाने के लिए चार अलग शिक्षिकाओं द्वारा प्रदर्शित निम्नलिखित शिक्षाशास्त्रीय उपागमों में से कौन-सा सबसे उचित है?

(a) शिक्षिका कक्षा को चुपचाप पूरा पाठ पढ़ने के लिए और यदि उन्हें कुछ समझ नहीं आया तो प्रश्न पूछने के लिए कहती है
(b) शिक्षिका पाठ्य-पुस्तक की समयातीत महत्ता में विश्वास करती है और वह प्रत्येक शब्द की व्याख्या करते हुए तथा विद्यार्थियों से बोध प्रश्न पूछते हुए पढ़ाती है
(c) शिक्षिका शिक्षाशास्त्र के बहु-उपागमों से परिचित है और वह आवधारणाओं को प्रदर्शित करने के लिए नजदीकी क्षेत्र के उद्योग का भ्रमण कराने की योजना बनाती है, समूहों में मुद्दो पर चर्चा और वाद-विवाद करवाती है और बाद में पूर्ण रूप से उपसंहार करते हुए निष्कर्ष निकालती है
(d) शिक्षिका का विश्वास है कि उसे औद्योगीकरण की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाना चाहिए और कक्षा में प्रचुर मात्रा में सामान लाना चाहिए

Ans. : (c) औद्योगीकरण को पढ़ाने के लिए सबसे उचित उपागम यह होता है कि शिक्षक/शिक्षिका शिक्षाशास्त्र के बहु-उपागमों से परिचित हो तथा अपनी अवधारणाओं को प्रदर्शित करने के लिए नजदीकी क्षेत्र के उद्योगों का भ्रमण करने की योजना बनाए तथा समूहों में मुद्दों पर चर्चा और वाद-विवाद का आयोजन करें और अंत में पूर्ण रूप से उपसंहार करते हुए निष्कर्ष बताएं।

30. नील खेती की दो मुख्य प्रणालियाँ थी–

(a) निज और रैयती
(b) खरीफ और रबी
(c) निज और सीढ़ीनुमा खेती
(d) निज और किज

Ans. : (a) निज और रैयती नील की कृषि की दो मुख्य प्रणालियाँ थीं।

निर्देश (प्र.सं. 31-32) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

''सामाजिक विज्ञान के बारे में यह आम धारणा है कि यह एक अनुपयोगी विषय है। इसके परिणामस्वरूप निम्न स्वाभिमान कक्षा-सम्पादन को प्रभावित करता है, इसकी विषय-वस्तु को समझने में शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में ही रूचि नहीं होती। विद्यालयी चरणों के आरम्भ से ही प्रायः विद्यार्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि प्राकृतिक विज्ञान सामाजिक विज्ञानों की अपेक्षा श्रेष्ठ है।''

31. निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त सारांश के सार को सबसे बेहतर तरीके से सम्प्रेषित करता है?

(a) प्राकृतिक विज्ञानों को विद्यालयी पाठ्यचर्या में महत्व देने की आवश्यकता है
(b) जो विद्यार्थी प्राकृतिक विज्ञानों में अच्छे समझे जाते हैं उन्हें होशियार माना जाता है
(c) चूँकि सामाजिक विज्ञान अनुपयोगी विषय है इसलिए वे प्राकृतिक विज्ञानों से हीन हैं
(d) जिस तरह से विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाता है, वह उन्हें सामाजिक विज्ञान को गम्भीरता से लेने में उत्साही नहीं बनाता

Ans. : (d)उल्लेखित सारांश का सबसे बेहतर सम्प्रेषण यह है कि जिस तरह से विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाता है उन्हें सामाजिक विज्ञान को गम्भीरता से लेने में उत्साही नहीं बनाता।

32. उपरोक्त सारांश में प्रयुक्त 'अनुपयोगी विषय' का सन्दर्भ क्या है?

(a) सामाजिक विज्ञान का अध्ययन करने से अच्छा पैसा देने वाली नौकरियाँ और भौतिक सम्पदा प्राप्त नहीं होगी
(b) सामाजिक विज्ञान एक विषय है जो इसकी उपयोगिता के लिए नहीं सीखा जाता
(c) सामाजिक विज्ञान एक नीरस और कठिन विषय है जिसका शिक्षकों या शिक्षार्थियों के लिए कोई उपयोग नहीं है
(d) सामाजिक विज्ञान के पास मानव सभ्यता में सुधार के लिए कुछ नहीं है

Ans. : (b)

33. आप कक्षा-VIII में विद्यार्थियों को 'विविधता में एकता' पढ़ा रहे हैं। आप विद्यार्थियों को प्रभावी तरीके से अवधारणा समझने के लिए निम्नलिखित में से किस गतिविधि को करेंगे?

(a) विद्यालय के समीप हाइड्रो-इलैक्ट्रिक परियोजना का मॉडल बनाना
(b) पाठ को अच्छी तरह से पढ़ा देने के बाद परीक्षा लेना

(c) हमारे देश के नृत्य के विभिन्न प्रकारों पर फीचर प्रस्तुत करना और उनमें निहित समानताओं तथा अन्तरों का मूल्यांकन करना

(d) भारत के राज्यों के बीच 'नदी विवादों' पर निबन्ध लिखना

Ans. : (c) विविधता में एकता हमारी अमूल्य धरोहर है। इस विषय वस्तु को पढ़ाने का सबसे बेहतर तरीका यह है कि शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को हमारे देश के नृत्य के विभिन्न प्रकारों पर फीचर प्रस्तुत करे तथा उसमें निहित समानताओं तथा अन्तरों का मूल्यांकन करे और उसको ज्ञान से अवगत करायें।

34. एन.सी.ई.आर.टी. की 'सामाजिक और राजनैतिक जीवन पाठ्य-पुस्तकों का उपागम है

(a) पाठ की तथ्यात्मक विषय-वस्तु पर शिक्षार्थियों का ध्यान आकर्षित करना

(b) अवधारणाओं का उपसंहार करने के लिए परिभाषाओं को प्रयोग करना

(c) अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए केस अध्ययनों और कथाओं का प्रयोग करना

(d) शिक्षार्थी को प्रश्न का एक सही उत्तर देना

Ans. : (c) एन. सी. ई. आर. टी. की सामाजिक और राजनैतिक जीवन पाठ्यपुस्तकों का उपागम अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए केस अध्ययनों और कथाओं का प्रयोग करना चाहिए।

35. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च ज्वार के कारण होने वाली लाभ नहीं है?

(a) इनसे विद्युत उत्पन्न की जा सकती है

(b) पर्यटकों को लाने के द्वारा यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में सहायक होते हैं

(c) नौसंचालन सरल होता है

(d) यह मछली पकड़ने में सहायक होते है

Ans. : (b) उच्च ज्वार से विद्युत उत्पादन के साथ-साथ नौसंचालन तथा मछली आसानी से पकड़ी जा सकती है। उच्च ज्वार स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत तो करता है परन्तु पर्यटकों के द्वारा नहीं बल्कि व्यापार के द्वारा।

36. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों के आलोचनात्मक (तर्किक) चिन्तन कौशल को विकसित करने में मदद करेगा?

(a) 'महिलाओं के कार्य पर दोगुना बोझ' पर टिप्पणी कीजिए

(b) प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले दो उपायों को लिखिए

(c) भारतीय स्वास्थ्य और भारतीय शिक्षा में सरकार की क्या भूमिका है?

(d) 'सभी संक्रामक रोग जल जनित होते हैं। सत्य अथवा असत्य बताइए

Ans. : (a) 'महिलाओं के कार्य पर दोगुना बोझ' टिप्पणी कीजिए। यह प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन कौशल (तार्किक) को विकसित करने में मदद करेगा।

निर्देश (प्र.सं. 37-38) नीचे दिए गए केस-अध्ययन को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

रश्मि जिन लोगों से पहली बार मिलती है उनसे उनका उपनाम पूछने की उसकी आदत है। उसे भारतीय समाज की वर्ण-व्यवस्था में उसे सम्बन्धित व्यक्ति को रखना होता है। जाति पहचान के बारे में पूछने पर लोगों में बहुत नाराजगी थी हालाँकि उन्होंने प्रकट रूप से इसे अभिव्यक्त नहीं किया। चीजें तब और जटिल हो जाती हैं जब वह भारत के किसी दूसरे हिस्से या क्षेत्र के व्यक्ति से मिलती है। यदि व्यक्ति अपना उपनाम भी बता देता, वह उसके जाति स्तर के बारे में पता नहीं लगा पाती। 'दुनिया को देखने का रश्मि का यह नजरिया' उसके अनुसार उसके शिक्षण-अधिगम सम्पादन प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करता। वह कहती है कि यह उसके प्राथमिक समाजीकरण का एक हिस्सा है और वह इसमें कुछ नहीं कर सकती।

37. रोष/नाराजगी उचित है क्योंकि शिक्षिका की अभिवृत्ति–

(a) विशुद्ध रुप से व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों पर आधारित है

(b) इसका साफ संकेत है कि इसमें पैदा हुई रूढ़बद्धताएँ गलत नहीं हैं

(c) सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक असमानताओं को जारी/कायम रखती है

(d) समाजीकरण की आवश्यकता को उजागर करती है

Ans. : (c) शिक्षिका द्वारा लोगों की जाति पूछने से लोगों में नाराजगी उचित है क्योंकि शिक्षिका की यह अभिवृत्ति सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक असमानताओं को कायम रखती है।

38. प्राथमिक समाजीकरण है–

(a) शुरुआती उम्र में परिवार और मित्रों से सीखना

(b) किशोरावस्था के दौरान समाज से सीखना

(c) याद करना और शिक्षकों का अनुकरण करना

(d) प्राथमिक स्तर पर सामाजिक सम्पर्क

Ans. : (a) जीवन के शुरुआती उम्र में अपने परिवार तथा मित्रों से सीखना ही प्राथमिक समाजीकरण है।

39. सामाजिक विज्ञान में निदानात्मक परीक्षण शिक्षक को क्या समझने में सहायता करेगा?

(a) सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थी सीखने सम्बन्धी किन कठिनाईयों का सामना कर रहा है

(b) पुनरावृत्ति किस प्रकार विद्यार्थी की सहायता करती है

(c) उसके विद्यार्थी कितने बुद्धिमान हैं

(d) प्रकरण का वह हिस्सा जिसे विद्यार्थी ने कंठस्थ नहीं किया है

Ans. : (a) निदानात्मक परीक्षण एक प्रकार का मूल्यांकन कार्यक्रम है जो समस्या के समाधान के लिए प्रयोग किया जाता है। यदि कोई बालक शारीरिक/मानसिक रूप से अस्वस्थ है तो उसके लिए यह परीक्षण बहुत ही कारगर होगा। सामाजिक विज्ञान में इस परीक्षण का प्रयोग कर शिक्षक/शिक्षिका यह जान सकेंगे कि छात्र अधिगम की प्रक्रिया में किस प्रकार की समस्या का सामना कर रहा है।

40. खनन को प्राथमिक क्रियाकलाप क्यों कहा जाता हे?

(a) यह मानवीय क्रियाकलापों के सबसे आरम्भिक रूपों में से एक है
(b) इससे सरकार को बहुत अधिक धन मिलता है
(c) यह कर्मचारियों की सबसे अधिक नियुक्ति करने वाला है
(d) इसमें भूमि के प्राकृतिक संसाधनों से उत्पादन शामिल है

Ans. : (d) खनन को अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में प्राथमिक क्षेत्र (प्राथमिक क्रिया कलाप) माना जाता है क्योंकि इसमें भूमि के प्राकृतिक संसाधनों का उत्पादन शामिल है।

41. ''19वीं शताब्दी के दौरान अधिकतर शिक्षित महिलाओं को स्कूल भेजने के बजाय उनके उदारवादी पिताओं तथा पतियों ने उन्हें स्कूल भेजने की बजाय घर पर पढ़ाया।''

(a) लड़कियों को घर पर पढ़ाने में पुरुषों को बहुत खुशी होती थी
(b) लड़कियों को स्कूल पहुँचने के लिए सार्वजनिक स्थानों से गुजरते हुए यात्रा करनी पड़ती थी और उनकी सुरक्षा एक चिन्ता थी
(c) उस समय इस बात का डर था कि स्कूल लड़कियों को घरेलू कार्य करने से रोकेगा
(d) लोगों को भय था कि स्कूल लड़कियों को घर से दूर ले जाएँगे

Ans. : (b) कथन 'लड़कियों को स्कूल पहुंचने के लिए सार्वजनिक स्थानों से गुजरते हुए यात्रा करनी पड़ती थी और उनकी सुरक्षा एक चिन्ता थी।' इसी कारण 19वीं शताब्दी के दौरान अधिकतर शिक्षित महिलाओं को स्कूल भेजने के बजाय उनके उदारवादी पिताओं तथा पतियों ने उन्हें स्कूल भेजने की बजाय घर पर पढ़ाया।

42. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज नहीं है?

(a) भोजन पकाने में इस्तेमाल होने वाला नमक
(b) गहनों में प्रयुक्त सोना और चाँदी
(c) शोधन के लिए प्रयुक्त अभ्रक
(d) पेन्सिल में विद्यमान ग्रेफाइट

Ans. : (a) भूगर्भ से प्राप्त होने वाले विशिष्ट रासायनिक यौगिक खनिज कहलाते हैं। जैसे–बहुमूल्य धातुएं, अभ्रक व ग्रेफाइट आदि। नमक खनिज नहीं है क्योंकि इसे भू-गर्भ से नहीं बल्कि समुद्र जल से प्राप्त किया जाता है।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान अनुदेशात्मक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होना चाहिए?

(a) तथ्यों का श्रुतलेख (b) प्रतिपुष्टि तन्त्र
(c) क्रियान्वयन (d) योजना

Ans. : (a) तथ्यों का श्रुतलेखन सामाजिक विज्ञान अनुदेशात्मक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होता बल्कि यह भाषा शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण होता है।

44. सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) सामाजिक विज्ञान स्वतन्त्रता, विविधता के प्रति सम्मान, आदि जैसे मानवीय मूल्यों का निर्माण एवं विस्तार करता है
(b) चूँकि सामाजिक विज्ञान मनुष्यों से सम्बद्ध है, इसलिए उनकी खोज की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है
(c) सामाजिक विज्ञान विश्लेषणात्मक और सृजनात्मक सोच के लिए नींव रखता है
(d) सामाजिक विज्ञान में ऐतिहासिक, भौगोलिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों से लेकर समाज के विविध सरोकर शामिल होते हैं

Ans. : (b) ''सामाजिक विज्ञान मनुष्यों से सम्बद्ध है इसलिए उनकी खोज की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है'' यह कथन सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में गलत है। सामाजिक विज्ञान मनुष्य में सामाजिक संरचना एवं समस्याओं को समझने तथा उसके समाधान करने में तार्किक चिंतन का विकास करती है।

45. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण-अधिगम में भाषा की सार्थकता पर अधिक बल देने की आवश्यकता ज्ञात है। निम्नलिखित में से कौन--सा कथन उपरोक्त विचार को सम्प्रेषित नहीं करता?

(a) सामाजिक विज्ञान जैसे तथ्य-उन्मुखी विषय में भाषा की सार्थकता सबसे कम होती है
(b) समाजिक विज्ञान की शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के प्रति केवल भाषा-शिक्षक ही न्याय कर सकते हैं
(c) चूँकि भाषा महत्वपूर्ण है अतः सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को सामाजिक विज्ञान की परीक्षाओं में अवबोधन और व्याकरण के प्रश्न शामिल करने चाहिए
(d) भाषा-प्रयोग और अर्थ की प्रभावी समझ सामाजिक विज्ञान अधिगम के संवर्धित करता है

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान तथ्य उन्मुखी विषय में भाषा की सार्थकता सबसे कम होती है। यह कथन दिये गये विचार को संप्रेषित नहीं करता है।

46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' के सार को स्पष्ट करता है?

(a) उत्पादन बढ़ाने और रोजगार पैदा करने में सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं
(b) अर्थव्यवस्था से प्राप्त लाभ को सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों द्वारा समान रूप में बाँटना
(c) देश की अर्थव्यवस्था को नियन्त्रित करने वाले कानून बनाने में केन्द्र और राज्य दोनों सरकारों की सुनवाई होना
(d) आर्थिक विकास के लिए राज्य और केन्द्र, दोनों के द्वारा उत्तरदायित्वों को बँटवारा

Ans. : (a) मिश्रित अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था होती है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र दोनों मिलकर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं।

47. कल्पना कीजिए कि आप खानाबदोश समुदाय के सदस्य हैं जो हर तीन महीने के उपरान्त अपना रहने का स्थान बदलती है। यह आपके जीवन को किस प्रकार परिवर्तित करेगा?

(a) यह प्रश्न विद्यार्थियों को कम अहमवादी बनाएगा तथा सार्वभौमिक भाईचारे का बढ़ावा देगा
(b) यह प्रश्न विद्यार्थियों पर बल देगा कि सामाजिक विज्ञान में मनन से ज्यादा तथ्य महत्वपूर्ण होते हैं
(c) यह प्रश्न विद्यार्थियों को इसमें शामिल अवधारणाओं को बेहतर रूप से समझने के लिए नई परिस्थितियों में स्वयं को रखने में सहायता करेगा
(d) यह प्रश्न यह सिद्ध करेगा कि विद्यार्थी का जीवन उस तरह की स्थितियों में जीने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आनन्दमय है

Ans. : (c) शिक्षिका द्वारा दिये गये खानाबदोश जीवन संबंधी प्रश्न से विद्यार्थियों को इसमें शामिल अवधारणाओं को बेहतर रूप से समझने के लिए नई परिस्थितियों में स्वयं को रखने में सहायता करेगा।

48. कक्षा में लैंगिक भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए आप किस बात पर बल देंगे?

(a) चूँकि लड़के आगे जाकर अपने परिवार के लिए धन-अर्जन करेंगे अतः उन्हें विद्यालय जाना चाहिए
(b) समाज में व्याप्त लैंगिक रूढ़िबद्धता को सार्थक रूप में सम्बोधित करने की आवश्यकता है
(c) घरेलू कामों को उत्पादक कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए
(d) स्त्री और पुरुषों के लिए भिन्न व्यवसाय हैं

Ans. : (b) लैंगिक भूमिका के बारे में चर्चा करते समय कक्षा में इस बात पर बल देने की आवश्यकता होती है कि समाज में व्याप्त लैंगिक रूढ़िबद्धता को सार्थक रूप में सम्बोधित करने की आवश्यकता है।

49. इनमें से कौन-से प्रश्न विद्यार्थियों के आलोचनात्मक - तार्किक) चिन्तन को विकसित नहीं करेंगे?

(a) मुक्त-उत्तर वाले प्रश्न
(b) अन्वेषणात्मक (प्रोबिंग) प्रश्न
(c) अभिसारी प्रश्न
(d) बन्द-उत्तर वाले प्रश्न

Ans. : (d) आलोचनात्मक चिंतन प्राप्त करने के लिए मुक्त उत्तर वाले प्रश्न लिखना चाहिए ताकि स्वतंत्र रूप से चिंतन विश्लेषण किया जा सके। बन्द उत्तर वाले प्रश्न विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन को विकसित नहीं करेगी।

50. अपने ग्रह 'पृथ्वी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या नहीं कहा जा सकता?

(a) यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है
(b) इसके बीच में उभार होता है
(c) इसे 'नीला ग्रह' कहा जाता है
(d) यह पूर्णतः गोल है

उत्तर (d) पृथ्वी का आकर पूर्णतः गोल नहीं है।

51. निम्नलिखित में से कौन-सी 'स्थलमण्डल' की विशेषता नहीं है?

(a) स्थल-आकृतियाँ महासागर की सतह पर भी पाई जाती है
(b) इस मण्डल में खनिज सम्पदा भी पाई जाती है
(c) पहाड़, पठार और घाटियाँ मिलकर स्थलमण्डल का निर्माण करती हैं
(d) पृथ्वी का 97% जल स्थलमण्डल में पाया जाता है

Ans. : (d) पृथ्वी पर जल एवं थल दोनों स्थित हैं जिसमें जलमण्डल लगभग 71% तथा स्थलमण्डल 29% होता है।

52. हालाँकि भारत ने स्वतन्त्र होने के बाद सार्वभौम वयस्क मताधिकार की प्रक्रिया का चयन किया, कुछ मानदण्डों के आधार पर कुछ सम्प्रभु राष्ट्रों में इसे रोक लिया गया। निम्नलिखित में से कौन-सा उन मानदण्डों में से एक नहीं है?

(a) धर्म (b) लिंग
(c) सम्पत्ति (d) शिक्षा

Ans. : (c) भारत में स्वतंत्रता के बाद सार्वभौम वयस्क मताधिकार की अवधारणा को अपनाया गया अर्थात् जन्म, लिंग, धर्म, सम्पत्ति आदि के आधार पर किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। किन्तु कुछ राष्ट्रों में मताधिकार से संबंधित कुछ नियम बनाये गये हैं जिनमें स्त्री, अशिक्षितों तथा कुछ धर्म विशेष के लोगों को मताधिकार से वंचित रखा गया है। सम्पत्ति को मताधिकार का आधार नहीं बनाया गया है।

53. महासागर का जल तालाब और झील के शान्त जल के विपरीत लगातार गतिमान रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा जल का प्रवाह या गति नहीं है?

(a) जल चक्र (b) ज्वार-भाटा
(c) धाराएँ (d) तरंगें

Ans. : (a) जल चक्र जल का प्रवाह/गति नहीं है। जल चक्र एक क्रिया है जिसमें जल वाष्प के रूप में ऊपर जाता है तथा वर्षा के रूप में पुनः पृथ्वी पर आता है। ज्वार-भाटा, धाराएं तथा तरंगें वायुगति के प्रभाव तथा अन्य बलों के कारण गतिमान होती हैं।

54. मौखिक इतिहास को लिखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्त्रोत-सामग्री नहीं है?

(a) सैन्य विद्रोह के बारे में एक ब्रिटिश सैनिक का मौखिक वर्णन
(b) उस व्यक्ति की स्मृतियाँ जो विभाजन के समय भारत से पाकिस्तान गया था
(c) एक विद्वान जो वर्तमान शिक्षा-व्यवस्था पर बात करता है
(d) उन व्यक्तियों के घटना-वृतान्त जिन्होंने -भारत छोड़ो आन्दोलन' में हिस्सा लिया था

Ans. : (c) वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर किसी विद्वान द्वारा बात करना मौखिक इतिहास लेखन का स्त्रोत नहीं हो सकता क्योंकि विद्वान वर्तमान संदर्भ में अपनी बात कह रहा है न कि अतीत के संदर्भ में।

55. बच्चों के साथ गतिविधियाँ केवल तभी प्रभावी होती हैं जब–

(a) शिक्षिका उन्हें अपनी 'पाठ-योजना' को पूरा करने के लिए करवाती है

(b) शिक्षिका गतिविधि-आधारित अधिगम के लिए अपने प्रधानाचार्य के आदेश के पूरा करने हेतु दिखावे के लिए करती है

(c) उसका विश्वास है कि गतिविधि-आधारित शिक्षा बच्चों को अवधारणा समझने में मदद करती हे

(d) शिक्षिका यह नहीं जानती कि वह यह क्यों कर रही है

Ans. : (c) बच्चों के साथ गतिविधियाँ तभी प्रभावी हो सकती हैं जब शिक्षिका को यह समाधान हो जाये कि यह गतिविधि बच्चों के अधिगम में सहायक हो सकता है।

56. माध्यमिक विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सर्वाधिक अनुचित है?

(a) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक यथार्थ के बारे में बच्चों को संवेदनशील बनाने में मदद करता है

(b) सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक मुद्दों पर वाद-विवाद करने और अपने विचार अभिव्यक्त करने में विद्यार्थियों की मदद करता है

(c) सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्चा का हिस्सा होना चाहिए ताकि शिक्षार्थी राजाओं के जीवन और उनके बीच हुए युद्धों के बारे में जान सकें

(d) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह मानवीय सम्बन्धों की समझ अर्जित करने में मदद करता है

Ans. : (c) सामाजिक विज्ञान छात्रों को अपने सामाजिक मुद्दों पर वाद-विवाद करने और अपने विचार अभिव्यक्त करने में मदद करता है। किन्तु यह कहा जाए कि सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या का हिस्सा केवल इसलिए होना चाहिए कि शिक्षार्थी राजाओं के जीवन और उनके बीच हुए युद्धों के बारे में जान सकें, तो यह कथन सर्वाधिक अनुचित होगा।

57. स्वतन्त्रता के तुरन्त बाद भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस समस्या का सामना नहीं किया गया?

(a) राजाओं द्वारा शासित राज्यों को भारतीय संघ में सम्मिलित करने का प्रयास

(b) आर्थिक विकास

(c) पाकिस्तान में आने वाले शरणार्थी

(d) भारत, पाकिस्तान और ग्रेट ब्रिटेन में समान रूप से सम्पदा और कर्ज का बँटवारा

Ans. : (d) भारतीय स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा जैसे–रियासतों का एकीकरण, पाकिस्तान से आए शरणार्थी, आर्थिक विकास आदि। पाकिस्तान तथा ग्रेट ब्रिटेन के साथ समान रूप से सम्पदा एवं कर्ज का बंटवारा जैसी समस्या स्वतंत्रता के समय नहीं थी।

58. नीचे दिया गया प्रश्न पाठ के अन्त में 'आओं चर्चा करें, शीर्षक के अन्तर्गत दिया गया है

'आपके विचार में साधारण पुरुष तथा स्त्री अपने कार्यो का विवरण सामान्यतया क्यों नहीं रखते थे? इस प्रश्न को पूछने की सार्थकता क्या है?

(a) साधारण स्त्री-पुरुष साधारण जीवन जीते थे। उनके पास ऐसा कुछ महान या महत्वपूर्ण-सार्थक नहीं था जिसके बारे में वे लिखते

(b) यह अच्छा है कि चर्चा प्रारम्भ की जाए और विद्यार्थी अपने तर्क प्रस्तुत करें

(c) वे प्रश्न जिनके तयशुदा उत्तर नहीं हैं उन्हें नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि ये प्रश्न विद्यार्थियों को भ्रमित करेंगे

(d) इस प्रकार के प्रश्न अनुमान लगाने को प्रोत्साहित करते हैं इसलिए इन्हें नहीं देना चाहिए

Ans. : (b) 'आओ चर्चा करें' जैसे शीर्षक के मुद्दों की सार्थकता यह होती है कि इस चर्चा में सभी विद्यार्थी अपने-अपने बुद्धि स्तर के आधार पर अपने-अपने तर्क देते हैं।

59. लेखकों द्वारा अभिव्यक्त एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्य-पुस्तक के शीर्षक 'हमारे अतीत' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) यह केवल राजाओं और रानियों के समय के बारे में बात नहीं करता

(b) यह किसान और शिल्पकारों जैसे कई समूहों और समुदायों के योगदान को बताने की कोशिश है

(c) यह इस विचार पर बल देता है कि भारत का केवल 'एक अतीत' नहीं बल्कि 'अनेक अतीत' हैं

(d) यह पड़ोसी देशों के अतीत के बारे में है

Ans. : (d) NCERT की इतिहास की पाठ्य-पुस्तक के शीर्षक 'हमारे अतीत' के अन्तर्गत भारतीय इतिहास की झलक प्रस्तुत किया जाता है जिसमें महापुरुषों तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारी दी जाती है जो हमारे देश से संबंधित थे। इसके मुद्दे के अन्तर्गत पड़ोसी देश नहीं शामिल किये जाते हैं।

60. 19वीं शताब्दी के दौरान ज्यादातर लोगों को लगता था कि शिक्षा से स्त्रियाँ 'बिगड़' जाएँगी।

उपरोक्त वाक्य में 'बिगड़' जाना शब्द का सन्दर्भगत अर्थ बताने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा कथन है?

(a) यह उन्हें और अधिक धन देगा

(b) शिक्षा के कारण उन्हें जो शक्ति मिलती उसके कारण वे अपनी पारम्परिक भूमिकाओं से दूर हो जातीं

(c) वे अपवित्र हो जाएँगी

(d) स्त्रियाँ पुरुषों की तुलना में ज्यादा बिगड़ी हुई थीं

Ans. : (b) 19वीं शताब्दी के दौरान ज्यादातर लोगों को लगता था कि शिक्षा से स्त्रियाँ बिगड़ जाएंगी, यहाँ **बिगड़ जाना** शब्द का अर्थ है कि शिक्षा के कारण स्त्रियों को जो शक्ति मिलती उसके कारण वे अपनी पारम्परिक भूमिकाओं से दूर हो जाएंगी।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2018

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 18 नवम्बर, 2018)

1. भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की किस घटना का चित्रण चक्र द्वारा हुआ है?

(a) संबोधि (b) महाभिनिष्क्रमण (c) प्रथम उपदेश (d) निर्वाण

Ans. (c) : भारतीय कला में बुद्ध के जीवन के 'प्रथम उपदेश' की घटना का चित्रण चक्र द्वारा हुआ है। गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ (वाराणसी) में दिया, जिसे 'धर्म चक्र प्रवर्तन' कहा गया। बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक निम्नलिखित हैं-

घटना	प्रतीक	घटना	प्रतीक
जन्म	कमल एवं सांड़	गृहत्याग	घोड़ा
ज्ञान	पीपल (बोधि वृक्ष)	निर्वाण	पद् चिह्न
मृत्यु	स्तूप		

2. गौतम बुद्ध का जन्म लुम्बिनी में हुआ था, इसकी पुष्टि किसके अभिलेख से होती है?

(a) अशोक (b) समुद्रगुप्त (c) हर्ष (d) पुल्केशिन II

Ans. (a) : गौतम बुद्ध का जन्म लुम्बिनी में हुआ था, इसकी पुष्टि अशोक के लुम्बिनी अभिलेख से होती है। लुम्बिनी वर्तमान में नेपाल के कपिलवस्तु में है। सम्राट अशोक के लगभग 40 अभिलेख प्राप्त हुए हैं, ये अभिलेख बौद्ध धर्म के अस्तित्व के सबसे प्राचीन प्रमाणों में से हैं। ये अभिलेख ब्राह्मी, खरोठी और आर्मेइक-ग्रीक लिपियों में लिखे गए हैं। अशोक के ब्राम्ही लिपि में लिखे अभिलेख को सर्वप्रथम जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा था।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल प्रागैतिहासिक चित्रकला के लिए प्रसिद्ध है?

(a) अमरावती (b) साँची (c) भीमबेटका (d) बाघ

Ans. (c) : भीमबेटका स्थल प्रागैतिहासिक चित्रकला के लिए प्रसिद्ध है। होशंगाबाद और भीमबेटका क्षेत्रों में कंदराओं और गुफाओं में मानव चित्रण के प्रमाण मिले हैं।
भीमबेटका भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। इस स्थल की खोज विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी।

4. 'आत्मीय सभा' की स्थापना इनमें से किसने की थी?

(a) देवेन्द्रनाथ टैगोर (b) राजा राममोहन राय
(c) एम. जी. रानाडे (d) आत्माराम पांडुरंग

Ans. (b) : आत्मीय सभा की स्थापना राजा राममोहन राय ने 1815 ई. में कलकत्ता में की। राजा राममोहन राय को 'भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत' और 'आधुनिक भारत का जनक' कहा जाता है। राजा राममोहन राय ने ब्रह्ममैनिकल मैग्जीन, संवाद कौमुदी, मिरात-उल-अखबार, बंगदूत जैसे पत्रों का सम्पादन किया। इन्होंने 1828 ई. में ब्रह्मसमाज की स्थापना की थी।

5. किसके वायसरॉय काल में भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानान्तरित हुई?

(a) लॉर्ड रीडिंग (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड हार्डिंग II (d) लॉर्ड चेम्सफोर्ड

Ans. (c) : लार्ड हार्डिंग II के काल में भारत की राजधानी सन् 1912 ई. में कलकत्ता से दिल्ली स्थानान्तरित हुई। इसके समय में 1911 में ब्रिटेन के राजा जार्ज पंचम भारत आए। 12 दिसम्बर, 1911 में दिल्ली में एक भव्य दरबार का आयोजन हुआ। यहाँ बंगाल-विभाजन को रद्द करने व भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की गई।

6. इनमें से किस मुगल सम्राट ने राजा राममोहन राय को अपने दूत के रूप में लंदन भेजा था?

(a) शाहआलम I (b) शाहआलम II
(c) बहादुरशाह I (d) अकबर II

Ans. (d) : अकबर द्वितीय नामक मुगल सम्राट ने सन् 1830 ई. में राजा राम मोहन राय को अपने दूत के रूप में पेन्शन और भत्ते के लिए लन्दन भेजा था। अकबर II ने राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि प्रदान की थी।

7. हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम निम्न में से किस वर्ष पारित हुआ?

(a) 1816 (b) 1856 (c) 1846 (d) 1826

Ans. (b) : हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 को पारित किया गया था। इसका श्रेय ईश्वरचन्द विद्यासागर को है। गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग द्वारा इसको पारित किया गया था। जिसमें विधवा विवाह को मान्यता दी गयी और उससे उत्पन्न पुत्र को भी वैध घोषित किया गया। वर्ष 1872 ई. में 'ब्रह्म मैरेज एक्ट' या 'नेटिव मैरेज एक्ट' गवर्नर जनरल नार्थ ब्रुक के समय पारित किया गया जिसका उद्देश्य अन्तर्जातीय विवाह तथा विधवा विवाह को विधिक मान्यता प्रदान करना था।

8. ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना के समय भारत का शासक कौन था?

(a) अकबर (b) जहाँगीर (c) शेरशाह सूरी (d) औरंगज़ेब

Ans. (a) : ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना के समय भारत का शासक अकबर (1556-1605) था। ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना सन् 1600 ई. में महारानी एलिजाबेज प्रथम के एक घोषणा पत्र के द्वारा हुई थी। यह लन्दन के व्यापारियों की कम्पनी थी। इसका प्रमुख उद्देश्य धनार्जन करना था।

9. शेख निज़ामुद्दीन औलिया इनमें से किस सूफ़ी सन्त के शिष्य थे?

(a) मकदूम याह्या मनेरी (b) बाबा फरीदुद्दीन गंजे शकर
(c) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी (d) अब्दुल कादिर गिलानी

Ans. (b) : शेख निजामुद्दीन औलिया, बाबा फरीदुद्दीन गंजे शकर (बाबा फरीद) सूफी संत के शिष्य थे। बाबा फरीद उच्च कोटि के पंजाबी सूफी संत थे। सिख गुरुओं ने इनकी रचनाओं को गुरु ग्रन्थ साहिब में स्थान दिया था।

10. इन बादशाहों में से 'कलंदर' के नाम से कौन विख्यात था?

(a) बाबर (b) हुमायूँ (c) अकबर (d) शाहजहाँ

Ans. (a) : बाबर 'कलंदर' के नाम से विख्यात था। बाबर मुगलवंश का संस्थापक था। बाबर ने पद-पादशाही की स्थापना की, जिसके तहत् शासक को बादशाह कहा जाता था। बाबर के 4 पुत्र थे-
(1) हुमायूँ (2) कामरान (3) असकरी (4) हिंदाल
बाबर ने भारत पर 5 बार आक्रमण किया। बाबर का भारत के विरुद्ध प्रथम अभियान 1519 ई. में युसूफ जाई कबीले के विरुद्ध हुआ था। पानीपत का प्रथम युद्ध सन् 1526 ई. में बाबर और इब्राहिम लोदी के मध्य हुआ था जिसमें बाबर विजयी हुआ था। इस युद्ध में बाबर ने तुगलमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था।

11. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2011 की जनगणना में जनसंख्या का ह्रास अभिलिखित हुआ है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार (c) मणिपुर (d) नागालैण्ड

Ans. (d) : नागालैण्ड राज्य में 2011 की जनगणना में जनसंख्या का ह्रास हुआ है। जनगणना 2011 को दो चरणों में पूरा किया गया। जनगणना 2011 के जनगणना आयुक्त सी. चन्द्रमौली थे। 2011 की जनगणना देश की 15वीं राष्ट्रीय जनगणना थी। जनगणना 2011 के महत्वपूर्ण तथ्य निम्नलिखित हैं-
(1) भारत का जनसंख्या घनत्व 382 है।
(2) 1991 की जनगणना के बाद सर्वाधिक लिंगानुपात 2011 में रहा है।
(3) 2000 से 2011 के दौरान महिला साक्षरता में पुरुषों की तुलना में ज्यादा वृद्धि हुई है।
(4) जनगणना 2011 में जनसंख्या घनत्व अवरोही क्रम में - बिहार < पं. बंगाल < केरल
(5) सर्वाधिक महिला साक्षरता दर केरल में है।

12. हैदराबाद ..... नदी पर स्थित है।
(a) मूसी (b) महानदी
(c) गोदावरी (d) कृष्णा

Ans. (a) : हैदराबाद मूसी नदी पर स्थित है। कहा जाता है कि किसी समय में इस खूबसूरत शहर को कुतुबशाही परम्परा के पांचवें शासक मुहम्मद कुली कुतुबशाह ने अपनी प्रेमिका भागवती को उपहार स्वरूप भेंट किया था। हैदराबाद को 'निजाम का शहर' तथा 'मोतियों का शहर' भी कहा जाता है। हैदराबाद और सिकंदराबाद जुड़वा शहर हैं।

13. 'कोयला' एक उदाहरण है
(a) आग्नेय शैल का (b) अवसादी शैल का
(c) रूपान्तरित शैल का (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : कोयला एक अवसादी शैल का उदाहरण है। अवसादी चट्टानों की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-
(1) अवसादी चट्टानें परतदार होती हैं।
(2) अवसादी चट्टानों में जीवाश्म पाया जाता है।
(3) अवसादी चट्टानों में खनिज तेल पाया जाता है।
(4) एन्थ्रासाइट कोयले में 90% से ज्यादा कार्बन होता है।
(5) इन चट्टानों में लौह अयस्क, फॉस्फेट, कोयला, पीट, बालू का पत्थर एवं सीमेन्ट बनाने की चट्टान पाई जाती है।

14. वे दो ग्रह, जिनके उपग्रह नहीं हैं, हैं
(a) पृथ्वी और बृहस्पति (b) बुध और शुक्र
(c) बुध और शनि (d) शुक्र और मंगल

Ans. (b) : बुद्ध और शुक्र वे दो ग्रह हैं, जिनके उपग्रह नहीं हैं। बुद्ध, सौरमण्डल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य के निकटतम है। शुक्र सूर्य से दूसरा निकटतम ग्रह है। यह पृथ्वी का निकटतम, सबसे चमकीला एवं सबसे गर्म ग्रह है। इसे 'सांझ का तारा' या 'भोर का तारा' भी कहा जाता है। यह अन्य ग्रहों के विपरीत दक्षिणावर्त (Clockwise) चक्रण करता है। इसे पृथ्वी का भगिनी ग्रह कहते हैं। यह घनत्व, आकार एवं व्यास में पृथ्वी के समान है।

15. लक्षद्वीप द्वीपसमूह ..... में स्थित हैं।
(a) बंगाल की खाड़ी (b) प्रशांत महासागर
(c) अरब सागर (d) हिन्द महासागर

Ans. (c) : लक्षद्वीप द्वीपसमूह अरब सागर में स्थित है। लक्षद्वीप का निर्माण प्रवाल संरचना से हुआ है। इसमें 36 द्वीप हैं जिनमें केवल 11 द्वीपों पर मानवीय अधिवास पाया जाता है। इसका सबसे बड़ा द्वीप एड्रोत द्वीप है। लक्षद्वीप का प्रशासनिक मुख्यालय कवरत्ति में है।

16. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है?
(a) भूमध्यसागरीय क्षेत्र (b) भूमध्यरेखीय क्षेत्र
(c) सवाना क्षेत्र (d) टुण्ड्रा क्षेत्र

Ans. (a) : भूमध्यसागरीय क्षेत्र को 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है। भूमध्यसागर को रूम सागर के नाम से भी जाना जाता है। पश्चिम की तरफ ये सागर एक बेहद संकरी खाड़ी से, अटलांटिक महासागर से जुड़ा है जिसे जिब्राल्टर की खाड़ी कहा जाता है। भूमध्यसागर से 21 देशों की तट रेखाएं मिलती हैं। विशिष्ट मौसमी दशाओं के कारण यहाँ रसदार फलों का सर्वाधिक उत्पादन होता है।

17. निम्नलिखित में से किसे 'संसार की छत' कहते हैं?
(a) अरावली (b) सतपुड़ा
(c) पामीर (d) म्यांमार

Ans. (c) : पामीर को 'संसार की छत' कहते हैं। पामीर मध्य एशिया में स्थित पठार और पर्वत श्रृंखला है। यहाँ उगने वाले जंगली प्याज के नाम पर इन्हें 'प्याजी पर्वत' भी कहा जाता है। पामीर का शाब्दिक अर्थ ''पर्वत शीर्ष में स्थित घाटी'' है। फारसी भाषा में इसे 'बॉम-ए-दुनिया' कहते हैं।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा संसार का सबसे बड़ा मरुस्थल है?
(a) कालाहारी (b) गोबी (c) सहारा (d) थार

Ans. (c) : सहारा संसार का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है। सहारा शब्द अरबी शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ होता है मरुस्थल या रेगिस्तान। यह 11 देशों में फैला है। विश्व की सबसे बड़ी नदी नील इसके पूर्वी भाग से गुजरती है।

19. 'पाकल दुल' पनबिजली ऊर्जा परियोजना कहाँ स्थित है?
(a) झारखण्ड (b) उत्तराखण्ड
(c) जम्मू-कश्मीर (d) कर्नाटक

Ans. (c) : 'पाकल दुल' पनबिजली ऊर्जा परियोजना जम्मू-कश्मीर में स्थित है। 19 मई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता 1000 मेगावाट होगी। यह जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी पन बिजली परियोजना होगी। यह परियोजना किश्तवाड़ जिले में 'चिनाब' नदी की सहायक मरूसरा नदी पर निर्मित की जा रही है।

20. निम्नलिखित में से कौन-सी एक रोपण फसल नहीं है?
(a) कॉफी (b) गेहूँ (c) चाय (d) रबड़

Ans. (b) : गेहूँ एक रोपण फसल नहीं है। रोपण कृषि, वाणिज्य कृषि का एक प्रकार है। जहाँ चाय, कहवा, काजू, रबड़, केला, कपास की एकल फसलें उगाई जाती हैं। ऐसी फसलें जिन्हें एक बार रोपण कर देने पर लम्बे समय तक उपज देती रहती हैं। ऐसी फसलों को रोपण फसलें (Plantation crops) कहते हैं।

21. नाटो (एन.ए.टी.ओ.) का मुख्यालय स्थित है
(a) ब्रुसेल्स में (b) न्यूयॉर्क में
(c) लंदन में (d) पेरिस में

Ans. (a) : नाटो का मुख्यालय 'ब्रुसेल्स' (बेल्जियम) में है। नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) एक सैन्य गठबन्धन है, जिसकी स्थापना 4 अप्रैल, 1949 को हुई। इसकी अधिकारिक भाषा अंग्रेजी, फ्रांसीसी है। इसके वर्तमान महासचिव जेम्स स्टोल्टेनबर्ग हैं।

22. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं का उल्लेख है?
(a) 18 (b) 28 (c) 24 (d) 22

Ans. (d) : भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है। इनमें से 14 भाषाओं को संविधान में शामिल किया गया था। 1967 में सिंधी को और 1992 में कोंकणी, मणिपुरी, नेपाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। 2004 में मैथली, संथाली, डोंगरी, बोडो को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय संविधान की प्रस्तावना का भाग नहीं है?
(a) धर्मनिरपेक्षता (b) समाजवाद
(c) प्रजातांत्रिक (d) संघात्मकता

Ans. (d) : 'संघात्मकता' भारतीय संविधान की प्रस्तावना का भाग नहीं है। संविधान की प्रस्तावना-
हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को :
सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, सम्वत् दो हजार छह विक्रमी) को एतदद्वारा इस सविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

24. सामाजिक अध्ययन के शिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण सहायक साधन कौन-सा है?
(a) व्याख्यान (b) श्रव्य-दृश्य (c) कार्य-निर्धारण (d) वाद-विवाद

Ans. (b) : सामाजिक अध्ययन के शिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण सहायक साधन श्रव्य-दृश्य है।
अध्यापन के दौरान पाठ्य सामग्री को समझाते समय शिक्षक जिन-जिन सामग्रियों का प्रयोग करता है वह सहायक सामग्री कहलाती है। शिक्षण में अधिगम हेतु तीन प्रकार की सहायक सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है।
(1) श्रव्य साधन (2) दृश्य साधन (3) श्रव्य-दृश्य साधन

25. उच्च प्राथमिक स्तर पर कौन-सा विषय सामाजिक अध्ययन में सम्मिलित नहीं है?
(a) राजनीतिशास्त्र (b) दर्शनाशास्त्र (c) इतिहास (d) भूगोल

Ans. (b) : उच्च प्राथमिक स्तर पर दर्शनशास्त्र विषय सामाजिक अध्ययन में सम्मिलित नहीं है। उच्च प्राथमिक स्तर पर राजनीतिशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र आदि विषयों को सम्मिलित किया जाता है।

26. संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे
(a) डॉ. सच्चिदानन्द सिंहा (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (d) डॉ. के. एम. मुंशी

Ans. (c) : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। सन् 1962 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इनकी प्रमुख रचनाएँ-इण्डिया डिवाइडेड, सत्याग्रह ऐट चम्पारण, गाँधी जी की देन आदि थी। 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक नई दिल्ली स्थित कौंसिल चैम्बर के पुस्तकालय भवन में हुई। सभा के सबसे बुजुर्ग सदस्य डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा को सभा का अस्थायी अध्यक्ष चुना गया था।

27. राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उसके समस्त कार्य किसके द्वारा किए जाते है?
(a) प्रधानमंत्री (b) उपराष्ट्रपति
(c) राज्यपाल (d) भारत का मुख्य न्यायाधीश

Ans. (b) : राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उसके समस्त कार्य उपराष्ट्रपति द्वारा किए जाते हैं। भारत में राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का पद कार्यकारिणी में दूसरा सबसे बड़ा पद होता है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। भारत के उपराष्ट्रपति की तुलना यू.एस.ए. के उपराष्ट्रपति से की जाती है। उपराष्ट्रपति को पद व गोपनीयता की शपथ राष्ट्रपति दिलाता है। उपराष्ट्रपति अपना त्याग पत्र राष्ट्रपति को देता है। उपराष्ट्रपति के चुनाव सम्बन्धी विवाद को सर्वोच्च न्यायालय देखता है। संविधान के अनुच्छेद 63 में उपराष्ट्रपति का वर्णन है।

28. निम्नलिखित में से किस नाभिकीय संधि का भारत सदस्य है?
(a) सी.टी.बी.टी. (b) एन. पी. टी.
(c) पी.टी.बी.टी. (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : पी.टी.बी.टी. (आंशिक परीक्षण प्रतिबंध संधि) का भारत सदस्य है। इसे L.T.B.T. (सीमित परीक्षण प्रतिबन्ध संधि) के रूप में भी जाना जाता है। यह एक हथियार नियंत्रण समझौता है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के परीक्षण को प्रतिबंधित करना और परमाणु प्रसार को सीमित करना है। यह प्रारम्भ में यू.एस.ए., सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम के मध्य त्रिपक्षीय समझौता था। 24 सितम्बर, 1963 को संयुक्त राज्य के सीनेट द्वारा प्रमाणित L.T.B.T. लागू हुआ और 10 अक्टूबर, 1969 को अन्य देशों द्वारा हस्ताक्षर के लिए खोला गया।

29. हाल ही में कहाँ शांति स्थापना हेतु भारतीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक' मिला है?
(a) सोमालिया (b) दक्षिण सूडान
(c) कांगो (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : दक्षिण सूडान में शांति स्थापना हेतु भारतीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक मिला। यह पुरस्कार भारतीय सैनिकों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और शांति बहाली में योगदान के लिए प्रदान किया गया।

30. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र संघ का अभिकरण नहीं है?
(a) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(b) खाद्य और कृषि संगठन
(c) संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन
(d) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

Ans. (d) : संयुक्त राष्ट्र एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई थी। 'अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय' संयुक्त राष्ट्र संघ का अभिकरण नहीं है।
संयुक्त राष्ट्र संघ के अंतर्गत निम्नलिखित अभिकरण शामिल हैं-
(1) खाद्य एवं कृषि संगठन
(2) अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण
(3) अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन
(4) अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष
(5) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ
(6) अंतर्राष्ट्रीय सागरीय संगठन
(7) I.M.F.
(8) अंतर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ, वैश्विक डाक संघ, विश्व बैंक, W.H.O., WIPO, W.T.O. आदि।

31. कौन-सा उर्वरक 'किसान खाद' के नाम से जाना जाता है?
(a) कैल्सियम नाइट्रेट (b) कैल्सियम अमोनियम नाइट्रेट
(c) अमोनियम सल्फेट (d) अमोनियम सल्फेट नाइट्रेट

Ans. (b) : कैल्सियम अमोनियम नाइट्रेट को 'किसान खाद' के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग उर्वरक के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग अमोनियम नाइट्रेट के रूप में भी किया जाता है।

32. एक हेक्टेयर सेन्टीमीटर में पानी की कुल मात्रा होगी
(a) 1000 लीटर (b) 10000 लीटर
(c) 100000 लीटर (d) 1000000 लीटर

Ans. (c) : 1 Hectare cm = 10^8 cm^3
1 A cm^3 = 10^{-3} liter
10^9 cm^3 = $10^8 \times 10^{-3}$ liter
$\therefore$ 1 Hectare cm = 10^8 cm^3
$\therefore$ 1 Hectare cm = 10^5 liter = 100000 liter

33. केला का कायिक प्रवर्धन होता है
(a) बीज द्वारा (b) तने द्वारा
(c) पत्ती द्वारा (d) सकर द्वारा

Ans. (b) : केले के भूमिगत तने को प्रकंद कहा जाता है जिसमें कई कलियाँ (Bud) निकली होती हैं। इनमें से प्रत्येक कलिका अंकुरित होकर एक नए बल्बनुमा प्रकंद का निर्माण करती हैं। इस प्रकार के बने 'बेबी प्लांट' को सुकर (Sucker) कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि केले का कायिक प्रवर्धन कलिकाओं द्वारा होता है जो कि तने से निकलती है।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा उर्वरक तीव्र आर्द्रताग्राही होता है?

(a) अमोनियम सल्फेट (b) कैल्सियम अमोनियम नाइट्रेट
(c) सोडियम नाइट्रेट (d) यूरिया

Ans. (d) : यूरिया उर्वरक तीव्र आर्द्रताग्राही होता है। यूरिया एक कार्बनिक यौगिक है जिसका रासायनिक सूत्र $(NH_2)_2CO$ होता है। इसे कार्बामाइड भी कहा जाता है। यह एक रंगहीन, गन्धहीन, सफेद, रवेदार, जहरीला ठोस पदार्थ है। यह स्तनपायी और सरीसृप प्राणियों के मूत्र में पाया जाता है। यूरिया को सर्वप्रथम 1773 में मूत्र में फ्रेंच वैज्ञानिक हिलेरी राउले ने खोजा था। परन्तु कृत्रिम विधि से सबसे पहले यूरिया बनाने का श्रेय जर्मन वैज्ञानिक वोहलर को जाता है।

35. खेत में हरी खाद वाली फसल की पलटाई की उपयुक्त अवस्था कौन-सी है?

(a) प्रारम्भिक अवस्था
(b) फूल आने से पूर्व की अवस्था
(c) फूल आने के पश्चात् की अवस्था
(d) परिपक्व अवस्था

Ans. (b) : खेत में हरी खाद वाली फसल की पलटाई की उपयुक्त अवस्था 'फूल आने से पूर्व की अवस्था' है। कृषि में हरित खाद डालने से जमीन की उर्वरकता में वृद्धि होती है। इससे मृदा क्षरण में कमीं आती है। हरित खाद के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है।

36. फल के रस में चीनी की सांद्रता मापी जाती है

(a) चीनोमीटर द्वारा (b) पोटोमीटर द्वारा
(c) रिफ्रैक्टोमीटर द्वारा (d) टेन्ड्रोमीटर द्वारा

Ans. (c) : फल के रस में चीनी की सांद्रता रिफ्रैक्टोमीटर द्वारा मापी जाती है। रिफ्रैक्टोमीटर का उपयोग सान्द्रता मापन के (तरल पदार्थों के) लिए किया जाता है। साथ ही इसका प्रयोग रक्त प्रोटीन एकाग्रता, चीनी सामग्री, लवणता आदि को मापने के लिए एवं पोटोमीटर का उपयोग वाष्पोत्सर्जन की दर मापने में किया जाता है।

37. जेली बनाने में पेक्टिन का प्रमुख कार्य है

(a) फलों के रस को मीठा बनाना
(b) फलों के रस को साफ करना
(c) फलों के रस का थक्का बनाना
(d) फलों के रस को रंगीन करना

Ans. (c) : जेली बनाने में पेक्टिन का प्रमुख कार्य फलों के रस का थक्का बनाना है। पेक्टिन एक तरह का घुलनशील फाइबर होता है जो कि पौधों की कोशिकाभित्ति और कोशिकाओं के मध्य पाए जाने वाले ऊतकों में पाया जाता है।

38. टमाटर का लाल रंग किस रंजक के कारण होता है?

(a) एन्थोसाइएनिन (b) सायनाइड
(c) जैन्थोफिल (d) लाइकोपिन

Ans. (d) : टमाटर का लाल रंग लाइकोपिन रंजक के कारण होता है। लाइकोपिन टमाटर के अतिरिक्त अन्य लाल फलों और सब्जियों, जैसे लाल गाजर, तरबूज, पपीता आदि में पाया जाता है। लाइकोपिन पानी में अघुलनशील है यह केवल जैव द्रावकों तथा तेल में ही घोला जा सकता है। रासायनिक दृष्टि से लाइकोपिन (Lycopene) एक कैरोटीन है।

39. नींबू का फल प्रचुर स्रोत है

(a) टार्टरिक अम्ल का (b) मैलिक अम्ल का
(c) सिट्रिक अम्ल का (d) ऐसीटिक अम्ल का

Ans. (c) : नींबू का फल सिट्रिक अम्ल का प्रचुर स्रोत है। सिट्रिक अम्ल एक दुर्बल कार्बनिक अम्ल है। नींबू के रस में 6 से 7 प्रतिशत तक सिट्रिक अम्ल होता है। सिट्रिक अम्ल प्राकृतिक संरक्षक है। यह भोजन एवं मृदु पेयों में खट्टापन लाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

40. 'केन्द्रीय एगमार्क प्रयोगशाला' कहाँ अवस्थित है?

(a) नागपुर (b) पुणे (c) बेंगलुरु (d) लखनऊ

Ans. (a) : 'केन्द्रीय एगमार्क प्रयोगशाला' नागपुर में अवस्थित है। एगमार्क एक प्रमाणचिन्ह है जो भारत में कृषि/खाद्य पदार्थों पर लगाया जाता है। एगमार्क का प्रयोग कृषि उत्पाद अधिनियम 1937 द्वारा लागू हुआ था जिसे 1986 में संशोधित किया गया। वर्तमान एगमार्क मानक में 205 विभिन्न जिन्सों के गुणवत्ता के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं।

41. अचल स्वर कौन-से हैं?

(a) स-प (b) स-म (c) स-ग (d) स-ध

Ans. (a) : सा, रे, ग, म, प, ध, नि शुद्ध स्वर कहे जाते हैं। इनमें 'सा' और 'प' अचल स्वर माने गये हैं क्योंकि ये अपनी जगह पर कायम रहते हैं। बाकी पाँच स्वरों के दो-दो रूप कर दिये गये हैं क्योंकि ये अपनी जगह पर से हटते हैं, इसलिए इन्हें कोमल व तीव्र नामों से या विकृत स्वर के नाम से सम्बोधित किया जाता है।

42. राग यमन किस थाट से उत्पन्न है?

(a) बिलावल (b) कल्याण (c) भैरवी (d) खमाज

Ans. (b) : राग यमन को राग कल्याण के नाम से भी जाना जाता है। इस राग की उत्पत्ति कल्याण थाट से होती है। इसे आश्रय राग भी कहा जाता है। इस राग को रात्रि के प्रथम प्रहर या संध्या के समय गाया जाता है।

43. संगीत में समान गति के सतत् प्रवाह को कहते हैं

(a) लय (b) ताल (c) सम (d) छन्द

Ans. (a) : संगीत में समान गति के सतत प्रवाह अर्थात् कोई चीज गाने या बजाने का विशेष और सुंदर ढंग जिसमें स्वरों का उतार-चढ़ाव अन्य प्रकारों या शैलियों से बिल्कुल अलग हो लय कहलाता है।

44. ग म प नि नि सं नि ध प, म प , ग म ग किस राग का स्वर समूह है?

(a) राग यमन (b) राग कल्याण
(c) राग विहाग (d) राग बिलावल

Ans. (c) : 'ग म प नि नि सं नि ध प, म प, ग म ग' राग विहाग का स्वर समूह है। राग विहाग अत्यंत ही प्रचलित और मधुर राग है। यह पूर्वांग प्रधान राग हैं इसमें ख्याल, तराने, ध्रुवपद आदि गाये जाते हैं।

45. झण्डा गान 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता कौन हैं?

(a) रबीन्द्रनाथ टैगोर (b) श्यामलाल गुप्ता 'पार्षद'
(c) हरिवंश राय बच्चन (d) हरिशंकर परसाई

Ans. (b) : झण्डा गान 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता श्यामलाल गुप्ता 'पार्षद' हैं। 7 पद वाले इस मूल गीत से बाद में कांग्रेस ने तीन पद (पद सं. 1, 6 व 7) में संशोधन करके 'झण्डागीत' के रूप में मान्यता दी। 1938 में कांग्रेस के अधिवेशन में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने झण्डा गीत के रूप में इसे स्वीकृति दी। यह ऐतिहासिक अधिवेशन हरिपुरा में हुआ था।

46. थाइरॉयड से निकलने वाला हार्मोन है

(a) पाराथाइकलिन (b) थायरॉक्सिन
(c) इन्सुलिन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : थाइरॉयड से निकलने वाला हार्मोन थायरॉक्सिन है। यह शरीर के उपापचय को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और दिल के कार्यों और पाचन तंत्र को नियंत्रित करता है। यह हड्डियों को भी मजबूत करता है।

47. जल के माध्यम से भोजन पकाने की विधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(a) खदकाना (b) उबालना (c) स्ट्यूइंग (d) उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : जल के माध्यम से भोजन पकाने की विधि उपर्युक्त में से सभी हैं। इसके अंतर्गत खदकाना, उबालना, स्ट्यूइंग विधियों का प्रयोग किया जाता है।

48. ढोकला बनाने में प्रयुक्त विधि है

(a) खमीरीकरण (b) उथली चिकनाई विधि
(c) गहरी चिकनाई विधि (d) उबालना

Ans. (a) खमीरीकरण के द्वारा 'ढोकला' नामक व्यंजन तैयार किया जाता है। खमीरीकरण की प्रक्रिया के दौरान सूक्ष्मजीव जैसे यीस्ट या फफूंद आर्गेनिक यौगिक में बदल जाते हैं। इससे भोजन में नेचुरल और फायदेमंद जीवाणु बढ़ जाते हैं। खमीरीकरण से भारत में बनने वाले व्यंजन - इडली, डोसा, ढोकला, भटूरे आदि।

49. दो वर्ष से छः वर्ष की आयु को कहते हैं

(a) शैशवावस्था (b) बाल्यावस्था (c) किशोरावस्था (d) प्रौढ़ावस्था

Ans. (a)

अवस्था	आयु काल
शैशवावस्था	जन्म से 6 वर्ष
बाल्यावस्था	6 से 12 वष्र
किशोरावस्था	12 वर्ष से 18 वर्ष

रॉस नामक विद्वान के अनुसार, 1 से 3 वर्ष तक की आयु को शैशवावस्था कहा जाता है।

50. जल प्रदूषण का कारण है

(a) बढ़ती जनसंख्या (b) कीटनाशक
(c) मनुष्य के क्रियाकलाप (d) उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : जल प्रदूषण झीलों, नदियों, तालाबों, समुद्रों और भूजल में अवांछित पदार्थों के मिलने से होता है। जो पदार्थ जल को प्रदूषित करते हैं, वे प्रदूषक कहलाते हैं। जल प्रदूषण - बढ़ती जनसंख्या, कीटनाशकों के प्रयोग, मनुष्य के क्रियाकलाप आदि कारणों द्वारा होता है। जल प्रदूषण से स्किन कैंसर, पोलियो, टाइफाइड, गुर्दे के रोग, पीलिया आदि रोग उत्पन्न होते हैं।

51. शारीरिक शिक्षा का उद्देश्य है

(a) शारीरिक विकास (b) मनोवैज्ञानिक विकास
(c) मानसिक विकास (d) उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : शारीरिक शिक्षा का उद्देश्य शारीरिक विकास, मनोवैज्ञानिक विकास, मानसिक विकास करना है। अर्थात् यह व्यक्ति के बहुमुखी विकास से सम्बन्धित है।

52. बैडमिंटन से सम्बन्धित खिलाड़ी हैं

(a) पी.वी. सिन्धू (b) सानिया मिर्जा (c) दीपा कर्मकार (d) दुती चन्द

Ans. (a) : पी.वी. सिंधु बैडमिंटन से सम्बन्धित खिलाड़ी हैं ये ओलम्पिक में महिला एकल बैडमिंटन का रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। पी.वी. सिंधु ने एरो इंडिया एयर शो के दौरान स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस से उड़ान भरकर इतिहास रच दिया।

53. दालों में सबसे ज्यादा क्या पाया जाता है?

(a) प्रोटीन (b) विटामिन (c) वसा (d) खनिज

Ans. (a) : दालों में सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। सर्वाधिक प्रोटीन सोयाबीन में पाया जाता है। प्रोटीन एक कार्बनिक पदार्थ है जिसका निर्माण कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन तत्वों के अणुओं से मिलकर होता है। रासायनिक गठन के अनुसार प्रोटीन को सरल प्रोटीन, संयुक्त प्रोटीन तथा व्युत्पन्न प्रोटीन नामक तीन श्रेणियों में बांटा गया है। सरल प्रोटीन का गठन केवल अमीनो अम्ल द्वारा होता है। प्रोटीन द्वारा ही प्रतिजैविक (एन्टीबॉडीज) का निर्माण होता है जिससे शरीर की प्रतिरक्षा होती है। जे.जे. मूल्डर ने 1840 में प्रोटीन का नामकरण किया।

54. LSD के सेवन से होता है

(a) कैन्सर (b) किडनी का रोग
(c) यकृत का रोग (d) मानसिक विभ्रम

Ans. (d) : L.S.D. के सेवन से मानसिक विभ्रम होता है। L.S.D. का पूरा नाम लिसर्सिक एसिड डायथिलेमाइड होता है। यह एक तरह का ड्रग होता है। इसे नशे के आदी लोग ब्लॉटर पेपर के रूप में स्वाद लेते हैं। इसे एसिड, ब्लॉटर या डॉट्स भी कहा जाता है।

55. व्यायाम का लाभ है

(a) रक्त प्रवाह में वृद्धि (b) भूख लगना
(c) फुर्तीलापन (d) उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : व्यायाम, मानव शरीर को स्वस्थ रखने वाली गतिविधि है। व्यायाम करने से रक्त प्रवाह में वृद्धि, प्रतिरक्षा प्रणाली की मजबूती, फुर्तीलापन, भूख लगना तथा मोटापा जैसे रोगों से छुटकारा पाने में सहायता मिलती है।

56. वृत्त आरेख उपयोगी है

(a) एक प्रतिरूप को प्रदर्शित करने के लिए
(b) विभिन्न मात्राओं की तुलना करने के लिए
(c) समग्र के सम्बन्ध में किसी एक के मूल्य को प्रदर्शित करने के लिए
(d) ऐतिहासिक अवधि की विशेषताओं को दर्शाने के लिए

Ans. (b) : वृत्तारेख विभिन्न मात्राओं की तुलना करने के लिए उपयोगी होती हैं। वृत्त आरेख को 'पाई चार्ट' भी कहते हैं। इसमें आम तौर पर मानों के बीच के अनुपात को एक स्लाइस के रूप में विभक्त किया जाता है। प्रत्येक स्लाइस के चाप की लम्बाई राशि का प्रतिनिधित्व करने वाले मान के आनुपातिक होती है।

57. सामाजिक विज्ञान में परीक्षा सुधार पर हाल ही का एन.सी.एफ. आधार पत्रक बल देता है

(a) परीक्षा निष्पादन पर
(b) खुली-पुस्तक परीक्षा पर
(c) परीक्षा के समय बैठने की लचीली व्यवस्था पर
(d) सतत् आकलन पर

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान में परीक्षा सुधार हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (N.C.F.) 2005 में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया गया है, ताकि छात्रों के मन से परीक्षा के भय को कम किया जा सके।

58. सामाजिक अध्ययन शिक्षा का उद्देश्य है

(a) सांस्कृतिक विरासत का विकास करना
(b) राष्ट्रीय एकता और अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करना
(c) अच्छे नागरिक होना
(d) उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : सामाजिक अध्ययन शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वाधिक विकास करना साथ ही मानव ने इस सृष्टि पर जीवन कैसे प्रारम्भ किया, उसका भौतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक वातावरण क्या था आदि की समझ विकसित करना ताकि अपने अतीत और वर्तमान को ध्यान में रखकर वे प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में ला सकें।

59. परियोजना कार्य महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि

(a) यह विद्यार्थियों को रचनात्मक बनाता है
(b) यह शिक्षकों को रचनात्मक बनाता है
(c) करके सीखना, सीखने का महत्वपूर्ण तरीका है
(d) यह विद्यार्थियों के लिए एक क्रियाकलाप के रूप में हाता है

Ans. (c) : परियोजना कार्य महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह करके सीखने पर आधारित होता है जो सीखने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

60. भारतीय बहुलतावादी समाज में, सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों को

(a) सरकार के विचारों को प्रदर्शित करना चाहिए
(b) बहुसंख्यक की राय को प्रदर्शित करना चाहिए
(c) विवादास्पद मुद्दों से बचना चाहिए
(d) सभी धर्मों और सामाजिक समूहों को शामिल करना और उनका प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

Ans. (d) : भारतीय बहुलवादी समाज में सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों को सभी धर्मों और सामाजिक समूहों को शामिल करना और उनका प्रतिनिधित्व करना चाहिए ताकि बच्चों में सभी धर्मों एवं उनके अनुयायियों के प्रति आदर का भाव उत्पन्न किया जा सके।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2017

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 15 अक्टूबर, 2017)

1. भिलाई इस्पात कारखाना स्थित है

(a) छत्तीसगढ़ में (b) झारखंड में
(c) मध्य प्रदेश में (d) ओडिशा में

Ans. (a) : स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के अन्तर्गत इस्पात कारखाने (संयंत्र) हैं- भिलाई इस्पात कारखाना (स्थित-छत्तीसगढ़), राउरकेला इस्पात कारखाना (स्थित-उड़ीसा), बोकारो इस्पात कारखाना (स्थित-झारखण्ड), दुर्गापुर इस्पात कारखाना (स्थित- पश्चिम बंगाल), इस्को इस्पात कारखाना (स्थित- पश्चिम बंगाल), सलेम इस्पात कारखाना (स्थित- तमिलनाडु), विश्वैश्वरैया आयरन एडं स्टील कारखाना, भद्रावती (स्थित- कर्नाटक)।

2. निम्नलिखित शैलों में से कौन-सा अवसादी शैल का उदाहरण है?

(a) स्लेट (b) संगमरमर
(c) शेल (d) ग्रेनाइट

Ans. (c) : अवसादी चट्टानों का निर्माण प्राचीन चट्टानों के टुकड़ों, जीवों के अवशेष, खनिज पदार्थो तथा अन्य वस्तुओं के अवसादों से होता है। वायु, जल आदि तत्व जब लगातार इन वस्तुओं को बढाकर एक जगह पर एकत्रित करते जाते है, एवं बाद में ताप और दाब के कारण यह एकत्र अवसाद चट्टान का रूप ले लेती है। अवसादी चट्टान के उदाहरण है- शेल, जिप्सम, डोलोमाइट, कोयला आदि।

3. पुच्छलतारे की पूँछ की दिशा सदैव होती है

(a) सूर्य की ओर (b) सूर्य से दूर
(c) उत्तर-पूर्व की ओर (d) दक्षिण-पूर्व की ओर

Ans. (b) : धूल, बर्फ, जलकणों और हिमानी गैसों का वह चट्टानी पिण्ड जो सूर्य के चारों ओर परवलयाकार एवं अति परवलाकार पथ पर घूमते हुये पृथ्वी से कुछ दिन से कुछ महीनों तक नग्न आखों से चमकीले रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। धूमकेतू या पुच्छल तारे कहलाते हैं। सूर्य के समीप आने पर यह सूर्य से गर्मी (ऊष्मा) प्राप्त कर अपने पीछे की ओर लंबी पूंछ का निर्माण करते है। इनकी पूँछ सदैव सूर्य के विपरीत दिशा में अर्थात् सूर्य से दूर होती है।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा भ्रंश से सम्बन्धित है?

(a) समपनति (b) नतिलम्ब घाटी
(c) हॉगबैक (d) ग्राबेन

Ans. (d) : जब दो समानान्तर भ्रंशों का मध्यवर्ती भाग नीचे धंस जाता है तो उसे द्रोणी या भ्रंश घाटी कहते है। जर्मन भाषा में इस प्रकार की घाटी को ग्राबेन (Graben) कहा जाता है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है?

(a) आटाकामा (b) अरबिया
(c) गोबी (d) कालाहारी

Ans. (c) : गोबी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है। यह मरुस्थल चीन और मंगोलिया में स्थित है। गोबी दुनिया के ठंडे रेगिस्तानों में से एक है जहाँ तापमान शून्य से 40^0 नीचे तक चला जाता है। उष्ण कटिबंधीय मरुस्थल महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में 20^0 से 30^0 उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षाशों के मध्य स्थित है। ये उष्ण कटिबंधीय सन्मार्गी पवन क्षेत्र के उच्चदाब क्षेत्र में स्थित है। जिस कारण से इन्हें उष्णकटिबंधीय उच्चदाब मरुस्थल भी कहते हैं। इसके अन्तर्गत आने वाले मरुस्थल है- सहारा, कालाहारी, अरबिया, अटाकामा, थार मरुस्थल। ध्यातत्व है कि विश्व के अधिकांश उष्णकटिबंधीय मरुस्थल महाद्वीपों के पश्चिमी भागों में स्थित है।

6. तापक्रम विलोमता का अर्थ है

(a) बढ़ती ऊँचाई के साथ घटता तापक्रम
(b) बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम
(c) बढ़ती ऊँचाई के साथ स्थिर तापक्रम
(d) बढ़ती ऊँचाई के साथ अस्थिर तापक्रम

Ans. (b) : तापक्रम विलोमता का अर्थ बढ़ती ऊंचाई के साथ बढ़ता तापक्रम है। सामान्य परिस्थितियों में ऊँचाई बढ़ने के साथ-साथ तापमान घटता जाता है। जिस दर से यह तापमान कम होता है, इसे सामान्य ह्रास दर कहते हैं। परन्तु कुछ विशेष परिस्थितियों में धरातल के निकट कम तापमान तथा ऊपर अधिक तापमान होता है तो उसे तापक्रम की विलोमता कहते हैं। तापक्रम विलोमता मुख्यतः अन्तरापर्वतीय घाटियों में उत्पन्न होती हैं, क्योंकि यहाँ जाड़े की ठण्डी रातों में आकाश साफ व वायु शुष्क एवं शान्त होती है।

7. निम्नलिखित जलाशयों में से कौन-सा रिहन्द परियोजना से सम्बन्धित है?

(a) गाँधी सागर (b) गोविन्द बल्लभ पंत सागर
(c) जवाहर सागर (d) गोविन्द सागर

Ans. (b) : रिहन्द बांध परियोजना उत्तर प्रदेश में सोन की प्रसिद्ध घाटी में उसकी सहायक नदी रिहन्द पर मिर्जापुर जिले में पिपरी नामक स्थान पर बनाया गया है। इस बांध के पीछे 'गोविंद बल्लभपंत सागर' नामक एक कृत्रिम झील बनायी गयी है जो भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है। यह मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है।

8. शिपकी ला प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है

(a) जम्मू एवं कश्मीर का (b) उत्तराखण्ड का
(c) सिक्किम का (d) हिमाचल प्रदेश का

Ans. (d) :

स्थान	पर्वतीय दर्रे
(1) हिमाचल प्रदेश -	शिपकी ला, रोहतांग
(2) जम्मू एवं कश्मीर -	काराकोरम, जोजिला, बुर्जिल
(3) उत्तराखण्ड -	माना दर्रा, नीति दर्रा
(4) सिक्किम -	नाथूला, जौलेप्ला

9. सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषयवस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए

(a) शिक्षा के उद्देश्यों का (b) शिक्षण विधियों का
(c) शिक्षण तकनीक का (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषयवस्तु के साथ-साथ शिक्षण विधियों का भी ज्ञान होना चाहिए।

10. भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री है

(a) कैलेन्डर (b) मानचित्र
(c) फ्लैश कार्ड (d) बैरोमीटर

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री मानचित्र है। मानचित्रों से एक ग्लोब की अपेक्षा अधिक जानकारी प्राप्त होती है। मानचित्र दो प्रकार के होते है। (1) भौतिक मानचित्र- पृथ्वी की आकृतियों जैसे- पर्वतों, पठारों, मैदानों, नदियों, महासागरों इत्यादि को दर्शाने वाले मानचित्रों को भौतिक मानचित्र कहा जाता है। (2) राजनैतिक मानचित्र- राज्यों, नगरों तथा गांवो और विश्व के विभिन्न देशों व राज्यों तथा उनकी सीमाओ को दर्शाने वाले मानचित्र को राजनीतिक मानचित्र कहा जाता है।

11. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित है?

(a) भाग I (b) भाग II
(c) भाग III (d) भाग IV

Ans. (c) : भारतीय संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद -12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण दिया गया है। मूल रूप से संविधान ने सात प्रकार के मूल अधिकार प्रदान किये थे किन्तु 44वाँ संविधान संशोधन द्वारा 'संपत्ति के अधिकार' को मूल अधिकारों की सूची से हटा दिया गया है अतः वर्तमान 6 प्रकार के मूल अधिकार नागरिकों को प्राप्त है। जो है- (1) समता का अधिकार, (2) स्वतंत्रता का अधिकार, (3) शोषण के विरुद्ध अधिकार, (4) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

12. पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन किया गया?

(a) 42वाँ संशोधन (b) 44वाँ संशोधन
(c) 73वाँ संशोधन (d) 86वाँ संशोधन

Ans. (c) : भारतीय संविधान के राज्य नीति निदेशक तत्वों में शामिल अनु-40 ग्राम पंचायतों के गठन का उपबंध करता है। अतः 1992 के 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज का गठन किया गया। तथा भारतीय संविधान में एक नया भाग '9' पंचायतें नाम से जोड़ा गया।

13. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है

(a) न्यूयॉर्क में (b) लंदन में
(c) हेग में (d) पेरिस में

Ans. (c) : अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख न्यायिक अंग है। यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा जून 1945 में स्थापित किया गया था। इसका मुख्यालय हेग (नीदरलैण्ड) में शांति पैलेस में है। यह न्यायालय संयुक्त राष्ट्र संघ के छः प्रमुख अंगों में से एक मात्र ऐसा अंग है जो कि न्यूयार्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) में स्थित नहीं है।

14. जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अंतर्गत किस सूची में शामिल है?

(a) राज्य सूची (b) संघ सूची
(c) समवर्ती सूची (d) अवशिष्ट विषय

Ans. (c) : जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अंतर्गत समवर्ती सूची में शामिल है। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में केन्द्र व राज्य के मध्य विधायी विषयों के संबंध में त्रिस्तरीय व्यवस्था की गयी है, जिसके अंतर्गत संघ सूची, राज्य सूची व समवर्ती सूची को शामिल किया गया है। संघ सूची के विषयों में केन्द्र, राज्य सूची के शामिल विषयों में राज्य व समवर्ती सूची के शामिल विषयों में केन्द्र व राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। समवर्ती सूची में शामिल प्रमुख विषय हैं - जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन, विवाह व तलाक, आर्थिक एवं सामाजिक योजना, आपराधिक कानून प्रक्रिया आदि।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा निदेशक सिद्धान्त विदेश नीति से सम्बन्धित है?

(a) अनुच्छेद 48 (b) अनुच्छेद 49
(c) अनुच्छेद 50 (d) अनुच्छेद 51

Ans. (d) : भारतीय संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों को उल्लेख किया गया है। अनुच्छेद-51 अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना तथा राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाए रखना, अन्तर्राष्ट्रीय विधि और बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाना और अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थ द्वारा निपटाने के लिए प्रोत्साहन देना उपबधों का उल्लेख करता है। अतः यह विदेश नीति से संबंधित हैं।

16. 'सामुदायिक विकास कार्यक्रम' शुरू किया गया था वर्ष-

(a) 1952 में (b) 1955 में
(c) 1957 में (d) 1960 में

Ans. (a) : सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत 2 अक्टूबर 1952 के प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-55) के दौरान की गयी। सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में कृषि विकास, सिंचाई साधनों का विकास, शैक्षिक विकास, यातायात के साधनों का विकास, कारीगरों एवं कृषकों तथा अन्य व्यवसायों हेतु प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य, सफाई, अवास तथा मनोरंजन की व्यवस्था के तत्व सम्मिलित किए गये।

17. भारत के उच्चतम न्यायालय ने भारतीय संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त दिया-

(a) शंकरी प्रसाद के मामले में
(b) सज्जन सिंह के मामले में
(c) गोलकनाथ के मामले में
(d) केशवानंद भारतीय के मामले में

Ans. (d) : संविधान के भाग-20 के अनुच्छेद-368 में संसद को संविधान एवं इसकी व्यवस्था में संशोधन की शक्ति प्रदान की गयी है। किन्तु संविधान की उन व्यवस्थाओं को संशोधित, समाप्त या कम नही किया जा सकता जो संविधान के मूल ढाँचे से संबंधित हो। यह व्यवस्था उच्चतम न्यायालय द्वारा केशवानंद भारती मामले (1973) में दी गयी थी।

18. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत, राज्यपाल एक विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है?

(a) अनुच्छेद 52 (b) अनुच्छेद 108
(c) अनुच्छेद 200 (d) अनुच्छेद 213

Ans. (c) : अनुच्छेद-200 उपबंध करता है कि राज्यों की विधायिका द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इस पर वह अपनी सहमति दे सकता है या उसे अस्वीकृत कर सकता है। वह विधेयक पुर्नविचार हेतु विधायिका को वापस भेज सकता है। इसके अतिरिक्त वह विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रख सकता है।

19. भारतीय उपराष्ट्रपति का निर्वाचन निर्वाचक-मण्डल द्वारा किया जाता है, जिसके सदस्य होते हैं-

(a) राज्य सभा के सभी सदस्य
(b) संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य
(c) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य
(d) राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य

Ans. (b) : उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च पद होता है। यह संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के निर्वाचक मण्डल द्वारा चुना जाता है। इस निर्वाचक मण्डल में संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य (निर्वाचित और मनोनीत दोनों) शामिल होते है। जबकि राज्यविधान सभाओं के सदस्य शामिल नहीं होते हैं। ध्यातव्य है कि उपराष्ट्रपति का पद अमेरिका के उपराष्ट्रपति के आधार पर बनाया गया है।

20. कौन-सा देश दक्षेस (सार्क) का सदस्य नहीं है?

(a) भूटान (b) नेपाल
(c) बांग्लादेश (d) जापान

Ans. (d) : दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस/सार्क) के भारत, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल एवं अफगानिस्तान कुल 8 सदस्य देश है। इसकी स्थापना ढाका शिखर सम्मेलन, 7-8 दिसम्बर, 1985 के अन्तर्गत हुयी। इसका मुख्यालय काठमाण्डू में है। ध्यातव्य है कि दक्षेस की स्थापना का विचार सर्वप्रथम बांग्लादेश के तत्कालीन राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने वर्ष 1980 में दिया था। अफगानिस्तान दक्षेस का नवीनतम सदस्य है।

21. 'राजपूत पेंटिंग' के लेखक कौन हैं?

(a) आनन्द के. कुमारस्वामी (b) राय कृष्ण दास
(c) डॉ. मोती चन्द्र (d) डब्ल्यू. जी. आर्चर

Ans. (a) : 'राजपूत पेटिंग' नामक पुस्तक के लेखक आनन्द के. कुमारस्वामी है।

22. लोक कला का सम्बन्ध है

(a) क्षेत्रीय कला से (b) चित्रकला से
(c) आधुनिक कला से (d) प्रागैतिहासिक कला से

Ans. (a) : लोक कला मूलतः ग्रामीण अचंलो में जनसामान्य आदिवासी विशिष्ट समूहो द्वारा धारित एवं संरक्षित कला है। या दूसरे शब्दों में लोककला किसी क्षेत्र के समुदाय विशेष के लोगों द्वारा किया गया वह कला कर्म है जिसके मूल में शुभ का विचार होता है और जो अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठानों एवं आवश्यकताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। यह क्षेत्र विशेष से जुड़े होने के कारण क्षेत्रीय कलायें है।

23. ज्यामितीय डिजाइन कहते हैं

(a) ज्यामितीय आकारों को
(b) ज्यामितीय आकारों से बनी डिजाइन को
(c) वर्ग में बनी डिजाइन को
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : ज्यामितीय आकारों से बनी डिजाइन को, ज्यामितीय डिजाइन कहते हैं। त्रिभुज, चतुर्भुज, वर्ग, आयत, घन आदि ज्यामितीय आकृतियां या आकार है।

24. ऐपण का सम्बन्ध किस राज्य से है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) उत्तराखण्ड

Ans. (d) : उत्तराखण्ड में शुभ अवसरों पर बनायी जाने वाली रंगोली/चित्रकला को ऐपण कहते हैं। यहाँ पर किसी भी प्रकार के शुभ कार्य जैसे विवाह, जनेऊ, कर्णवेध, नामकरण संस्कार, गृह प्रवेश आदि में ऐपण कलात्मक रूप से बनाए जाते हैं। इनके बनाने की विधि हर शुभ कार्य के लिए अलग होती है। पहले ऐपण चावल के आटे व गेरु रंग से बनाए जाते थे, परन्तु आजकल आयल पेंट से बनाए जाते हैं। मुख्यतः यह कुमाऊं की स्थानीय चित्रकला शैली है।

25. हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल कितनी संख्या मानी गई है?

(a) 22 (b) 13
(c) 12 (d) 9

Ans. (a) : संगीत के मूलभूत तत्व नाप, श्रुति, स्वर, ग्राम, थाट, राग, वर्ण, अलंकार, लय तथा ताल है। श्रुति वह ध्वनि या नाद है जो गीत में प्रयुक्त की जा सके तथा एक-दूसरे से अलग व स्पष्ट सुनी जा सके। हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुत्रियों की कुल संख्या 22 मानी गयी है। 22 श्रुतियों में से मुख्य बारह श्रुतियों को स्वर कहते हैं। इन स्वरों के नाम हैं- सा (षडज), रे (ऋषभ), ग (गंधार), म (मध्यम), प (पंचम),ध (धैवत), नि (निषाद) अर्थात् सा, रे, ग, म, प, ध, नि।

26. हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर कितने स्वर होते हैं?

(a) 12 (b) 8
(c) 7 (d) 11

Ans. (a) : जब स्वर अपने निश्चित स्थान पर होते है तो वे शुद्ध अथवा प्राकृतिक स्वर कहलाते है। इनकी संख्या सात होती है। जबकि जब स्वर अपनी निश्चित अवस्था से नीचे या ऊपर गाये या बजाये जाते तो विकृत स्वर कहलाते है। इनकी संख्या 5 होती है। इस प्रकार कुल स्वरों (शुद्ध और विकृत) की संख्या 12 होती हैं। उदाहरणार्थ - यदि शुद्ध ग आठवीं श्रुति पर है और वो सातवीं श्रुति पर आ जाए और वैसे ही गाया या बजाया जाय तो उसे विकृत ग कहते हैं।

27. चार ताल का प्रयोग किस गायकी के साथ किया जाता है?

(a) धमार (b) तराना
(c) ध्रुपद (d) ख्याल

Ans. (c) : चार ताल का प्रयोग ध्रुपद गायन के साथ किया जाता है। ध्रुपद एक गंभीर प्रकृति का गीत है, जिसे गाते समय कंठ और फेफड़े पर बल पड़ता है। इस गायन शैली में भक्ति रस, वीर रस, शांत रस तथा श्रृंगार रस की प्रधानता रहती है। ऐसा माना गया है कि ध्रुपद गायन शैली का अविष्कार राजा मानसिंह तोमर ने किया था। नाट्यशास्त्र के अनुसार वर्ण, अलंकार, गान-क्रिया, यति, वाणी, लय आदि जहाँ परस्पर संबद्ध रहें उन गीतों को 'ध्रुव' कहा जाता है। जिन पदों में यह नियम शामिल हों, उन्हें 'ध्रुवपद' या 'ध्रुपद' कहा जाता है। संगीत में मात्राओं को नापने के लिए ताल बनाए गए हैं। ताल कई प्रकार के होते हैं जैसे त्रिताल, झप ताल, रूपक, चार ताल, दादरा, कहरवा इत्यादि। गीत के प्रकारों के आधार पर ताल की रचना की गई है। जैसे खयाल के लिए तीन ताल, एक ताल, झप ताल, तिलवारा इत्यादि। ठुमरी के लिए जल ताल, ध्रुपद के लिए चार ताल, शुल ताल, ब्रह्म ताल आदि।

28. इनमें से कौन तबला वादक नहीं हैं?

(a) पं. किशन महाराज (b) जाकिर हुसैन
(c) रामदास शर्मा (d) अहमद जान थिरकवा

Ans. (c) : तबला भारतीय वाद्य यन्त्रों में एक है। इसे बजाने वाले को तबला वादक कहा जाता है। प्रसिद्ध तबला वादक है- प. किशन महाराज, अहमद जान थिरकवा, जाकिर हुसैन, उस्ताद अल्ला रक्खा खाँ, कंठे महाराज, अनोखे लाल, गुदई महाराज।

29. प्रथम राष्ट्रीय खेल कहाँ आयोजित हुए?

(a) दिल्ली (b) बॉम्बे
(c) कलकत्ता (d) मद्रास

Ans. (a) : पहला राष्ट्रीय खेल वर्ष 1985 में दिल्ली में आयोजित किया गया। ओलंपिक खेलों के लिए चुनी जाने वाली राष्ट्रीय प्रतिभाओं को पहचानने की आवश्यकता ने राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत के लिए प्रेरित किया। डॉ. ए.जी. नोहरेन और हैरी क्रो बक के प्रयासों के फलस्वरूप 1924 में लाहौर में भारतीय ओलंपिक खेलों का पहला संस्करण आयोजित हुआ। वर्ष 1938 में कलकत्ता में आठवें संस्करण के बाद इस आयोजन को राष्ट्रीय खेल नाम दिया गया। स्वतंत्रता के बाद ओलंपिक की तर्ज पर पहला राष्ट्रीय खेल 1985 में आयोजित हुआ।

30. ''आज भारत को गीता की नहीं, बल्कि फुटबॉल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह किस विचारक ने प्रस्तुत किया है?

(a) राधाकृष्णन् (b) स्वामी विवेकानन्द
(c) प्लेटो (d) रूसो

Ans. (b) : ''आज भारत को गीता की नहीं, बल्कि फुटबॉल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह विचार स्वामी विवेकानन्द ने प्रस्तुत किया था। ध्यातव्य है कि स्वामीविवेकानंद ने ही रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जिसका कलकत्ता के वेल्लूर और अल्मोड़ा के मायावती नामक स्थानों पर मुख्यालय खोले गये। सुभाष चन्द्र बोस ने इन्हे आधुनिक राष्ट्रीय आन्दोलन का 'आध्यात्मिक पिता' कहा है।

31. खेल दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 25 अगस्त (b) 29 अगस्त
(c) 30 अगस्त (d) 31 अगस्त

Ans. (b) : राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर अर्थात 29 अगस्त को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इनका जन्म 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद (प्रयागराज) में हुआ था।

32. योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ 'योग दर्शन' के लेखक कौन हैं?

(a) महर्षि भरत (b) महर्षि नारद
(c) महर्षि पंतजलि (d) महर्षि देवदत्त

Ans. (c) : योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ 'योगदर्शन' के लेखक 'महर्षि पंतजलि' है।

33. 'जीइन' नामक प्रोटीन किस फसल से सम्बन्धित है?

(a) धान (b) सोयाबीन
(c) मक्का (d) जई

Ans. (c) : मक्का में 'जीइन' (Zein) नामक प्रोटीन पाया जाता है। मक्का खरीफ, रबी एवं जायद अर्थात तीनों ऋतुओं की फसल है। धान्य फसलों के मुकाबले में इसमें स्टार्च की मात्रा सर्वाधिक पायी जाती है।

34. गाय की कौन-सी नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है?

(a) गीर (b) जर्सी
(c) सिंधी (d) थारपारकर

Ans. (d) : गाय की थारपारकर नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है। देश में गायों की मान्यता प्राप्त 27 नस्लें हैं। उपयोग के आधार पर गायों को दुधारू (Milch), भारवाही (Draught), और द्विकाजी (Dual purpase) तीन वर्गो में बांटा गया है। गायों की नस्लें जो कार्यशील बछड़े एवं दूध उत्पादन दोनों के लिए पाली जाती हैं, द्विकाजी (दुकाजी) कहलाती हैं। यह भारत में मुख्यतः जोधपुर, कच्छ और जैसलमेर क्षेत्रों में पायी जाती हैं। इसे ग्रे सिंधी, वाइट सिंधी और थारी के नाम से जाना जाता है।

35. भारत को कुल कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है?

(a) 9 (b) 12
(c) 15 (d) 22

Ans. (c) : भारत को कुल 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया है जो है- पश्चिमी हिमालय श्रेणी, पूर्वी हिमालय श्रेणी, निम्न गागेंय मैदानी क्षेत्र, मध्य गांगेय मैदानी क्षेत्र, उच्च गागेंय मैदानी क्षेत्र, गंगा पार का मैदानी क्षेत्र, पूर्वी पठार तथा पर्वतीय क्षेत्र, केन्द्रीय पठार तथा पर्वतीय क्षेत्र, पूर्वी तटीय मैदान और पर्वतीय क्षेत्र, पश्चिमी तटीय मैदान और पर्वतीय क्षेत्र, गुजरात के मैदानी और पर्वतीय क्षेत्र, पश्चिमी मैदानी और पर्वतीय क्षेत्र, द्वीप क्षेत्र। इसका निर्धारण किसी क्षेत्र की भौतिक दशाओं एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर किया जाता है।

36. केन्द्रिक बीज की संतति है-

(a) प्रजनक बीज (b) आधारीय बीज
(c) प्रमाणित बीज (d) पंजीकृत बीज

Ans. (a) : शुद्धता के आधार पर बीजों को चार वर्गो में विभाजित किया गया है- (1) प्रजनक बीज (2) आधार बीज (3) पंजीकृत बीज (4) प्रमाणित बीज। प्रजनक बीज केन्द्रिक बीज की संतति है एवं यह जिस पादप या संस्था द्वारा पैदा किया जाता है, उससे सीधा सम्बन्धित होता है। प्रजनक बीज में सबसे अधिक आनुवंशिक शुद्धता होती है। प्रजनक बीज ही आगामी पीढ़ियों यानि आधार बीज और प्रमाणित बीज के वर्धन का मुख्य स्रोत होता है। इसका उत्पादन सिर्फ प्रजनक बीज उत्पादन इकाई के तहत कृषि शोध संस्थानों द्वारा ही किया जा सकता है।

37. केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान स्थित है-

(a) हैदराबाद में (b) नई दिल्ली में
(c) भोपाल में (d) लखनऊ में

Ans. (d) :

संस्थान	स्थान
(1) केन्द्रीय औषधीय एवं सुगन्धित पौधा संस्थान -	लखनऊ
(2) राष्ट्रीय भू-भौतिक अनुसंधान संस्थान -	हैदराबाद
(3) भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान -	नयी दिल्ली
(4) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय-	भोपाल

38. मार्मलेड बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त फल है

(a) केला (b) जामुन
(c) माल्टा (d) बेल

Ans. (c) : मार्मलेड निम्बुवंशीय (Citrus) फलों जैसे- माल्टा, ऑरेन्ज, नीबू आदि जिसमें पेक्टिन और एसिड होता है, का निर्मल जलीय रस या गूदे को शक्कर के साथ एक निश्चित अवधि तक उबालकर तथा संतरा या माल्टा के छोटे एवं पतले तैयार किये हुये छिलके मिलाकर तैयार किया जाने वाला पदार्थ है।

39. केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान स्थित है

(a) नई दिल्ली में (b) इलाहाबाद में
(c) मैसूर में (d) लखनऊ में

Ans. (c) : संस्थान — स्थान
(1) केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थान - मैसूर
(2) भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान - नयी दिल्ली
(3) औद्योगिक विष विज्ञान अनुसंधान केन्द्र - लखनऊ

40. जेली बनाने में किस परिरक्षक का प्रयोग होता है?
(a) शर्करा (b) पेक्टिन
(c) सल्फाइट (d) सल्फर डाइऑक्साइड

Ans. (a) : जैली पेक्टिन और एसिडयुक्त फलों के निर्मित जलीय रस को परिरक्षक शर्करा (Sugar) के साथ एक निश्चित अवधि तक उबालकर तैयार किया जाने वाला पदार्थ है, जो ठण्डा होने पर अर्द्धठोस की अवस्था में हो जाता है। इस पदार्थ में निम्नतम कुल विलेय ठोस 65% होते हैं।

41. केसर प्राप्त किया जाता है
(a) कलिका से (b) पत्ती से
(c) पुष्प वर्तिकाग्र से (d) बाह्य-दलपुंज से

Ans. (c) : केसर पुष्पवर्तिकाग्र (Stigma) से प्राप्त किया जाता है। केसर इरिडेशियेई (Iridaceae) कुल का पौधा है। इसका वानस्पतिक नाम क्रोकस सैटाइवस है। इसका मूल स्थान दक्षिण यूरोप है। विश्व में केसर उगाने वाले प्रमुख देश हैं- स्पेन, इरान, फ्रांस, इटली, ग्रीस, जर्मनी, भारत आदि। विश्व के कुल केसर उत्पादन का 80% उत्पादन स्पेन और ईरान द्वारा किया जाता है। भारत में यह केवल जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ (जम्मू), बारामुला जिला (कश्मीर) क्षेत्रों में पैदा किया जाता है।

42. मानव शरीर में कुल कितनी पसलियाँ होती हैं?
(a) 22 (b) 26
(c) 24 (d) 28

Ans. (c) : मानव शरीर में पसलियों की संख्या कुल 12 जोड़ी अर्थात् 24 होती है। प्रत्येक पसली वक्ष के सामने की ओर उरोस्थि (Strenum) से तथा पीछे की ओर किसी एक वक्ष कशेरूका से जुड़ी होती है। ये सभी पसलियां मिलकर लगभग बेलनाकार एवं पिंजड़ा (Cage) बनाती है, जिसमें फेफड़ें तथा हृदय होते है।

43. टी. ए. बी. का टीका किस रोग से बचाव करता है?
(a) तपेदिक (b) डिप्थीरिया
(c) मियादी बुखार (d) काली खाँसी

Ans. (c) : टी.ए.बी. का टीका मियादी बुखार (Typhoid) रोग से बचाव करता है। मियादी बुखार (Typhoid) सालमोनेला टाइफोसा नामक जीवाणु से होता है। यह रोग पानी की गंदगी से फैलता है। इसे मोतीझरा और आंत बुखार के नाम से भी जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए शिशुओं को T.A.B का टीका लगवाना चाहिए।

44. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस किस दिन मनाया जाता है?
(a) 21 जून (b) 20 जून
(c) 25 जून (d) 28 जून

Ans. (a) : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। ध्यातव्य है कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने '21 जून' को प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की थी। ध्यातव्य है कि 21 जून को विश्व संगीत दिवस भी मनाया जाता है।

45. किन वस्त्रों में गोंद के कलफ का उपयोग होता है?
(a) ऊनी वस्त्र (b) सूती वस्त्र
(c) रेशमी वस्त्र (d) नायलॉन वस्त्र

Ans. (c) : रेशमी वस्त्रों में गोंद के कल्फ (स्टार्च) का प्रयोग किया जाता है। रेशम प्राकृतिक प्रोटीन से बना एक रेशा है। ध्यातव्य है कि विश्व में भौगोलिक दृष्टि से एशिया में रेशम का सर्वाधिक उत्पादन होता है। जो विश्व के कुल उत्पाद का 95% है। रेशम के उत्पादन में भारत द्वितीय स्थान पर है रेशम की कुल 5 किस्मे व्यवसायिक महत्व की है- शहतूत, ओक, टसर एवं उष्णकटिबंधीय टसर, मूंगा, इरी।

46. 'अष्टाध्यायी' के लेखक थे
(a) वेदव्यास (b) पाणिनि
(c) शुकदेव (d) वाल्मीकि

Ans. (b) : ग्रन्थ/पुस्तक — लेखक
(1) अष्टाध्यायी - पाणिनी
(2) महाभारत - वेदव्यास
(3) रामायण - वाल्मीकि

47. द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किसके शासनकाल में हुआ था?
(a) उदयभद्र (b) महापद्मनन्द
(c) शिशुनाग (d) कालाशोक

Ans. (d) :

बौद्ध संगीति	शासनकाल	स्थान	अध्यक्ष
(1) प्रथम	(483 ई.पू.)-अजातशत्रु -	राजगृह -	महाकस्सप
(2) द्वितीय	(383 ई.पू.)-कालाशोक -	वैशाली -	साबकमीर
(3) तृतीय	(250 ई.पू.)-अशोक -	पाटलिपुत्र-	मोग्गलिपुत्ततिस्स
(4) चतुर्थ	(72 ई.) - कनिष्क -	कश्मीर के कुण्डलवन में -	वसुमित्र

48. अकबर ने 'इबादत खाना' का निर्माण करवाया था
(a) आगरा में (b) फतेहपुर सीकरी में
(c) दिल्ली में (d) सिकंदरा में

Ans. (b) : अकबर ने दार्शनिक एवं धर्मशास्त्रीय विषयों पर वाद-विवाद के लिए अपनी राजधानी फतेहपुर सीकरी में 1575 ई. में एक 'इबादतखाना' की स्थापना करवायी थी। अकबर प्रारंभ में 'इबादतखाने' में केवल इस्लाम धर्मोपदेशंको को ही आमंत्रित करता था। किन्तु 1578 ई. में उसने सभी धर्मों के विद्वानों को आमंत्रित किया और उसे धर्मससंद बना दिया। अकबर कालीन अन्य इमारतें हैं- हुमायूँ का मकबरा (दिल्ली), आगरा का किला, जहांगीरी महल (फतेहपुर सीकरी), पंचमहल (हवामहल)।

49. आर्य समाज की स्थापना हुई थी वर्ष
(a) 1865 में (b) 1870 में
(c) 1875 में (d) 1880 में

Ans. (c) : वर्ष 1875 में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। कुछ वर्ष पश्चात आर्य समाज का मुख्यालय लाहौर में स्थापित किया गया। इनके गुरू दण्डी स्वामी पूर्णानन्द ने इनका नाम दयानन्द सरस्वती (बचपन का नाम-मूलशंकर) रखा। इन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया एवं वेदों को 'भारत का आधार स्तंभ' बताया। स्वामी दयानन्द द्वारा लिखी महत्वपूर्ण कृतियां है- सत्यार्थ प्रकाश, पाखण्ड खण्डन, वेद भाष्य भूमिका आदि।

50. इनमे से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित नहीं था?
(a) रामप्रसाद बिस्मिल (b) राजेन्द्र लाहिड़ी
(c) अशफाकउल्ला खाँ (d) सूर्यसेन

Ans. (d) : काकोरी कांड से सूर्यसेन संबंधित नहीं हैं, जबकि इनका संबंध चटगाँव केस से है। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.R.A) द्वारा 9 अगस्त 1925 को उत्तर रेलवे के सहारनपुर संभाग के काकोरी नामक स्थान पर '8 डाउन ट्रेन' पर डकैती डालकर सरकारी खजाने को लूट लिया गया। यह घटना काकोरी काण्ड के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस घटना से संबंधित प्रमुख व्यक्ति थे- चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी, अशफाकउल्ला खाँ, रोशन लाल आदि। जिसमें रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी, रोशन सिंह और अशफाकउल्ला खाँ को फाँसी की सजा हुई।

51. 'दीन-ए-इलाही' की स्थापना किसने की?

(a) मुहम्मद गजनवी (b) हुमायूँ
(c) अकबर (d) शेरशाह सूरी

Ans. (c) : अकबर ने सभी धर्मों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए 1582ई. में तौहीद-ए-इलाही' या 'दीन-ए-इलाही' नामक नये धर्म स्थापना की। इस नवीन धर्म का प्रधान पुरोहित अबुल-फजल था। हिन्दुओं में इसे केवल महेशदास (वीरबल) ने स्वीकार किया था। इस धर्म में हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, पारसी तथा इसाई धर्म की मुख्य-मुख्य बातों का समावेश किया गया था। यद्यपि इसका मूल आधार एकेश्वरवाद था, परन्तु बहुदेववाद की झलक भी इसमें थी।

52. ह्वेन सांग किसके शासनकाल में भारत आया था?

(a) समुद्रगुप्त (b) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(c) हर्षवर्धन (d) स्कन्दगुप्त

Ans. (c) : ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया। यह चीन का बौद्ध भिक्षु था। इसने गंधार, कश्मीर, पंजाब, कपिलवस्तु, बनारस, गया एवं कुशीनगर की यात्रा की। यह हर्षवर्धन के शासनकाल में 635 से 643 ईसवी तक आठ वर्ष कन्नौज में रहा। उसने छः वर्षों तक नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन भी किया। ह्वेनसांग को 'प्रिंस ऑफ ट्रेवलर्स' अर्थात् 'यात्रियों का राजकुमार' कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि ह्वेनसांग भारत से 657 पुस्तकों की पांडुलिपियां अपने साथ चीन ले गया।

53. इन बादशाहों में से किसे 'कलन्दर' कहा जाता था?

(a) बाबर (b) हुमायूँ
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

Ans. (a) : पानीपत के प्रथम युद्ध (अप्रैल 1526) में विजय के उपलक्ष्य में बाबर ने काबुल के प्रत्येक निवासी को एक-एक चांदी का सिक्का दान में दिया था। अपनी उदारता के कारण इसे 'कलन्दर' भी कहा जाता था। बाबर मुगल साम्राज्य का संस्थापक था। बाबर ने ही सर्वप्रथम 'सुल्तान' की परंपरा को तोड़कर स्वयं को बादशाह घोषित किया। महत्वपूर्ण है कि मार्च 1527 ई. में राणा सांगा के विरुद्ध लड़े गये खानवा के युद्ध में बाबर ने अपने सैनिकों को 'जिहाद' का नारा दिया था।

54. बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर-जनरल था

(a) कर्जन (b) कैनिंग
(c) मिन्टो (d) मेयो

Ans. (a) : बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर- जनरल लार्ड कर्जन था। 19 जुलाई 1905 को बंगाल विभाजन की घोषणा हुयी एवं 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन योजना प्रभावी हुयी। इसके विरोध में 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता के टाउन हाल में 'स्वदेशी आन्दोलन' की घोषणा की गयी एवं 'बहिष्कार प्रस्ताव' पारित हुआ। इसके अतिरिक्त 16 अक्टूबर, 1905 को समूचे बंगाल में शोक दिवस के रूप में मनाया गया। गोपाल कृष्ण गोखले ने बंगाल विभाजन पर कहा कि 'यह एक निर्मम भूल है।'

55. कुँवर सिंह किस राज्य के जमींदार थे?

(a) बैरकपुर (b) जगदीशपुर
(c) अवध (d) बिठूर

Ans. (b) : कुँवर सिंह जगदीशपुर (बिहार) के जमींदार थे। इन्होंने 1857 के विद्रोह में भाग लिया। इन्हे अदम्य साहस, वीरता जैसे गुणों के कारण 'बिहार का सिंह' कहा गया है। अंग्रेजों से युद्ध करते समय जख्मी होने के कारण 26 अप्रैल 1858 को इनकी मृत्यु हो गयी।

56. निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(b) विश्व का प्राकृतिक मानचित्र
(c) ग्लोब
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : ग्लोब, महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त है। ध्यातव्य है कि ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है। इस पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दर्शाया जाता है।

57. भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि है

(a) भ्रमण विधि (b) वार्तालाप विधि
(c) कहानी विधि (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि, भ्रमण विधि है। यह विधि पृथ्वी की स्थलाकृतियां जैसे- पर्वत, पठार, मैदान, नदियां आदि को एवं प्राकृतिक वनस्पतियों के बारे में जानने का सबसे अच्छा साधन है।

58. मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है

(a) रेखाचित्रों से (b) रूढ़ चिह्नों से
(c) वर्णमाला के अक्षरों द्वारा (d) थीमैटिक मानचित्रों से

Ans. (b) : मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। मानचित्रों की एक सर्वव्यापी भाषा होती है, इसे रुढ़ चिन्हों द्वारा आसानी से समझ सकते है। रूढ़ चिन्हों द्वारा भवनों, सड़कों, पुलों, वृक्षों नदी मैदान, पर्वत आदि दर्शाये जाते हैं।

59. U -आकार की घाटी का निर्माण होता है

(a) हिमनदी द्वारा (b) नदी द्वारा
(c) पवन द्वारा (d) सागरीय तरंग द्वारा

Ans. (a) : U -आकार की घाटी का निर्माण हिमनदों द्वारा होता है। इसका नामकरण अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर 'U' के आधार पर हुआ है जिससे इस घाटी की आकृति मिलती है। पर्वतीय भागों में हिमानियों द्वारा बनायी गयी घाटियां पार्श्वतली और तली अपरदन के कारण सपाट तल वाली तथा चौरस खुली होती हैं। अपरदन के कारण इनके दोनों किनारे काफी समानान्तर एवं उन्नतोदर ढाल वाले बन जाते हैं। V-आकार की घाटी का निर्माण नदी अपनी युवावस्था में पर्वतीय क्षेत्रों में लम्बवत अपरदन द्वारा करती है।

60. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी है

(a) सिडनी (b) कैनबरा
(c) मेलबर्न (d) ब्रिसबेन

Ans. (b) : ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है। आट्रेलिया एक ऐसा देश है जो विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है। यहां का सर्वाधिक प्राचीन तथा वृहद शहर सिडनी है। ऑस्ट्रेलिया की खोज सर्वप्रथम 1770 में जेम्स कुक ने की थी। ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को 'एबोजिन्स' कहते हैं। सिडनी शहर की स्थापना 1788 में हुई थी।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2016

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 19 दिसम्बर, 2016)

1. निम्नांकित महासागरीय धाराओं में किसका पड़ोसी तट पर गर्म प्रभाव पड़ता है?

(a) आयोसिओ (b) केनारीज
(c) ब्राजील (d) बेंगुएला

Ans : (c) निम्नलिखित विकल्पों में ब्राजील धारा, अंध महासागर में बहने वाली एक गर्म धारा है। इसकी उत्पत्ति दक्षिण विषुवत रेखीय धारा से केप डी साओ रॉक के पास ब्राजील तट से टकराने के बाद होता है। यह धारा उच्च तापक्रम और उच्च लवणता वाली धारा है। इसीलिए इसका पड़ोसी तट पर गर्म प्रभाव पड़ता है। आयोसिओ, केनारीज व बेंगुला ठंडी महासागरीय धारा हैं।

2. ड्राकेन्सबर्ग पर्वत निम्न में से कहाँ स्थित है?

(a) चीन (b) स्विटजरलैण्ड
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) श्रीलंका

Ans : (c) ड्राकेन्सबर्ग पर्वत दक्षिण अफ्रीका में अवस्थित है। इस पर्वत का जुलू भाषा में स्थानीय नाम 'क्वाथालम्बा' है। इस पर्वत का पूर्वी ढाल तीव्र है। ऑरेंज, लिम्पोपो आदि नदियों का उद्गम इसी पर्वत से होता है। वास्तव में यह पर्वत दक्षिण अफ्रीका में पूर्व से पश्चिम की तरफ विस्तृत पठार का पूर्वी उच्च भाग है।

3. निम्नलिखित ग्रहों में वह कौन सा है, जिसका कोई उपग्रह नहीं है?

(a) पृथ्वी (b) मंगल
(c) बृहस्पति (d) बुध

Ans : (d) सौर मण्डल में बुध एवं शुक्र दो ऐसे ग्रह हैं जिनका कोई उपग्रह नहीं है। बुध सूर्य का सबसे निकटतम ग्रह है। शुक्र सूर्य से निकटवर्ती दूसरा ग्रह है। पृथ्वी का एक मात्र उपग्रह चन्द्रमा है। जबकि सौर मण्डल में सर्वाधिक उपग्रह (79) बृहस्पति के हैं। मंगल ग्रह के दो उपग्रह डीमोस और फोबोस है।

4. सिलवासा राजधानी है

(a) लक्षद्वीप की (b) दादरा एवं नगर हवेली की
(c) दमन एवं दीव की (d) अरुणाचल प्रदेश की

Ans : (b)

राज्य /के.शा.प्र.	राजधानी
दादरा एवं नगर हवेली	सिलवासा
लक्षद्वीप	कवारत्ती
दमन दीव	दमन
अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर

5. निम्न में से कौन सी मिट्टी भारत में कपास की खेती के लिए आदर्श है?

(a) जलोढ मिट्टी (b) लाल मिट्टी
(c) काली मिट्टी (d) लैटेराइट मिट्टी

Ans : (c) कपास की खेती के लिए काली मिट्टी आदर्श मानी जाती है। इसे रेगूर के नाम से भी जान जाता है। इसका निर्माण ज्वालामुखी लावा के अपक्षप एवं अपरदन से हुआ है। 5.46 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत जलोढ़ मिट्टी के बाद दूसरा सबसे बड़ा मृदा वर्ग है। इसका सर्वाधिक विस्तार प. घाट एवं महाराष्ट्र राज्य में है। इसमें कपास, मोटे अनाज, तिलहन, सूर्यमुखी आदि का विशेष रूप से उत्पादन किया जाता है।

6. निम्न स्थलाकृतियों में से किसका निर्माण भ्रंशन द्वारा होता है?

(a) छत्रक शिला (b) हिमोढ़
(c) विभ्रंश-घाटी (d) डोलाइन

Ans : (c) विभ्रंश घाटियों का निर्माण स्थलाकृतियों में तनाव या खिचाव की शक्तियों द्वारा होता है। इसमें धरातल का कुछ भाग धँस जाता है तथा कुछ भाग ऊपर उठ जाता है। धँसाव के कारण विभ्रंश घाटी का निर्माण तथा उठे हुए भाग को भ्रंशोत्य पर्वत या ब्लाक पर्वत कहा जाता है। ऊपरी राइन की विभ्रंश घाटी इसका आदर्श उदाहरण है।

7. चन्द्रग्रहण निम्नलिखित में से कब पड़ता है?

(a) पूर्णमासी (b) अमावास
(c) प्रथम चतुर्थ (d) तृतीय चतुर्थ

Ans : (a) चन्द्रग्रहण,सूर्य और चन्द्रमा के बीच पृथ्वी के आ जाने के कारण होता है। जब पृथ्वी सूर्य और चन्द्रमा के बीच आ जाती है तब सूर्य की रोशनी चन्द्रमा तक नहीं पहुंच पाती है तथा पृथ्वी की छाया के कारण चन्द्रमा पर अंधेरा छा जाता है, इस स्थिति को चन्द्रग्रहण कहा जाता है। यह सदैव पूर्णिमा को होता है।

8. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?

(a) 24 अक्टूबर, 1945 (b) 25 अक्टूबर, 1945
(c) 26 अक्टूबर,1945 (d) 25 अक्टूबर, 1948

Ans : (a) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई। वर्तमान में इसके 193 सदस्य देश हैं। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क (अमेरिका) में है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव एंटेनियो गुटेरास (पुर्तगाल) हैं।

9. ग्राम पंचायत का सदस्य बनने के लिये न्यूनतम आयु सीमा क्या है?

(a) 18 वर्ष (b) 21 वर्ष
(c) 25 वर्ष (d) 30 वर्ष

Ans : (b) ग्राम पंचायत का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है।

सूची-I	सूची-II
(1) मतदान की आयु	18 वर्ष
(2) पंचायत सदस्य हेतु आयु	21 वर्ष
(3) लोकसभा/विधानसभा सदस्य आयु	25 वर्ष
(4) राज्यसभा/विधान परिषद हेतु आयु	30 वर्ष

10. भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त दिया-

(a) केशवानंद भारती के मामले में
(b) शंकरी प्रसाद के मामले में
(c) सज्जन सिंह के मामले में
(d) गोलकनाथ के मामले में

Ans : (a) भारत में उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान के बुनियादी ढांचे का सिद्धांत सर्वप्रथम केशवानन्द भारती मामले (1971) में दिया था। इस सिद्धांत के अनुसार भारतीय संसद संविधान के मूलभूत ढांचे में नकारात्मक परिवर्तन नहीं कर सकती है।

11. भारतीय संविधान तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की व्यवस्था करता है

(a) उच्च न्यायालय में (b) जिला एवं सत्र न्यायालय में
(c) संसद में (d) सर्वोच्च न्यायालय में

Ans : (d) संविधान के अनुच्छेद 127 के अंतर्गत भारत का मुख्य न्यायाधीश किसी उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को अस्थायी समय के लिए उच्चतम न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीश नियुक्त कर सकता है। ऐसा वह संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श एवं राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी के बाद ही कर सकता है।

12. यह कौन निश्चित करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं?

(a) भारत का राष्ट्रपति (b) भारत का वित्त मंत्री
(c) राज्य सभा का सभापति (d) लोकसभा का स्पीकर

Ans : (d) संविधान के अनुच्छेद 110 के अंतर्गत धन विधेयक सें संबंधित प्रावधान है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय लोकसभा अध्यक्ष करता है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति संसद द्वारा पारित धन विधेयक को पुनर्विचार हेतु वापस नहीं कर सकता है। क्योंकि इसकी पूर्व अनुमति से ही धन विधेयक प्रस्तुत किया जाता है।

13. शिक्षा को 'द्वि-ध्रुवीय' किसने कहा है?

(a) एडम्स (b) फ्रोबेल
(c) डी.वी. (d) ओ.बी. स्मिथ

Ans : (a) प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री एडम्स ने अपनी पुस्तक 'इवोल्यूशन ऑफ एजुकेशन थ्योरी' में स्पष्ट तौर पर कहा है कि– ''शिक्षा एक द्वि-ध्रुवीय प्रक्रिया है।
इस सिद्धांत के अनुसार यह माना गया है कि शिक्षा की प्रक्रिया में दो व्यक्ति शामिल होते हैं – (1) शिक्षक, (2) शिक्षित।

14. उच्च-प्राथमिक स्तर पर कौन सा विषय सामाजिक अध्ययन में सम्मिलित नहीं है?

(a) दर्शन-शास्त्र (b) राजनीति-शास्त्र
(c) भूगोल (d) इतिहास

Ans : (a) प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम में दर्शनशास्त्र विषय को नहीं रखा गया है। प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम में इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र जैसे मानविकी विषयों को स्थान दिया गया है। दर्शन शास्त्र को स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाता है।

15. निम्नांकित में कौन सा व्याख्यान विधि का गुण नहीं है?

(a) समय व शक्ति की बचत होती है।
(b) तर्क एवं चिन्तन शक्ति का विकास होता है।
(c) पाठ्य-पुस्तक को अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।
(d) विद्यार्थियों में स्वाध्याय की आदत पड़ती है।

Ans : (d) व्याख्यान विधि का प्रयोग उच्चतर स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक विधि के रूप में होता है, जिसमें विषय विशेषज्ञ द्वारा कक्षा में व्याख्यान दिया जाता है। इस विधि से तर्क शक्ति एवं चिंतन का विकास, पाठ्य वस्तु का अधिक स्पष्ट होना तथा व्याख्यान विधि से समय व शक्ति की बचत होती है।

16. शिक्षक को श्यामपट्ट पर लिखते समय कितने अंश के कोण पर खड़ा होकर लिखना चाहिए?

(a) 55^0 (b) 65^0 (c) 45^0 (d) 35^0

Ans : (c) एक शिक्षक को श्यामपट्ट पर लिखते समय 45^0अंश के कोण पर खड़ा होना चाहिए साथ ही श्यामपट्ट पर विषय वस्तु लिखने से पूर्व छात्रों के सम्मुख होकर विषय वस्तु को स्पष्ट शब्दों में बोलना आवश्यक होता है।

17. सामाजिक अध्ययन शिक्षण का उद्देश्य है

(a) सांस्कृतिक विरासत का विकास करना।
(b) राष्ट्रीय एकता और अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करना।
(c) अच्छे नागरिक होना।
(d) उपर्युक्त सभी

Ans : (d) सामाजिक अध्ययन शिक्षण के उद्देश्यों में सांस्कृतिक विरासत का विकास करना, राष्ट्रीयता एवं अंतर्राष्ट्रीयता की समझ का विकास करना, एक अच्छे नागरिक का विकास करना, वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास इत्यादि तत्व शामिल हैं।

18. निम्नलिखित में से कौन सा धर्म 'त्रिरत्न' में विश्वास करता है?

(a) बौद्ध धर्म (b) वैष्णव धर्म (c) शैव धर्म (d) जैन धर्म

Ans : (d) त्रिरत्न का संबंध जैन धर्म से है। जैन धर्म के त्रिरत्न है- सम्यक श्रद्धा, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक आचरण। जैन धर्म पुनर्जन्म एवं कर्मवाद में विश्वास करता है। उसके अनुसार कर्मफल ही जन्म तथा मृत्यु का कारण है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी थे। इसमें सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय तथा ब्रह्मचर्य पाँच महाव्रत है। यद्यपि त्रिरत्नों का उल्लेख बौद्ध धर्म (बुद्ध, धम्म तथा संघ) में भी है, परंतु त्रिरत्न सिद्धांत की वृहद व्याख्या जैन धर्म में की गयी है।

19. 'मालतीमाधव' नामक नाटक की रचना किसने की थी?

(a) भास (b) कालिदास (c) भवभूति (d) बाणभट्ट

Ans : (c) 'मालतीमाधव' नामक नाटक की रचना भवभूति ने किया था। जबकि भास नामक कवि ने 'स्वप्नवासवदत्ता' एवं 'चारुदत्ता' नामक ग्रंथों की रचना किया था। इसी प्रकार हर्षचरित एवं कादम्बरी नामक ग्रंथों की रचना बाणभट्ट, एवं ऋतुसंहार, मेघदूत, रघुवंश, कुमारसंभव आदि ग्रंथों की रचना कालिदास ने की थी।

20. दिल्ली में जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?

(a) कीर्ति सिंह ने (b) अजीतमल ने
(c) विजय सिंह ने (d) जयसिंह II ने

Ans : (d) मिर्जा राजा सवाई जय सिंह एक कुशल शासक होने के साथ-साथ महान विधिवेत्ता, खगोलशास्त्री, एवं नगर-नियोजक थे। इन्होंने मथुरा, उज्जैन, वाराणसी, जयपुर और दिल्ली में आधुनिक उपकरणों से युक्त वेधशालाओं का निर्माण करवाया था। जय सिंह द्वारा दिल्ली में निर्मित जंतर-मंतर प्रसिद्ध है।

21. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट कब पारित हुआ?

(a) 1878 (b) 1880
(c) 1885 (d) 1888

Ans : (a) देशी भाषा समाचार पत्र अधिनियम, 1878 में पारित किया गया। जिसे वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट के नाम से जाना जाता है। 1878 ई. के देशी समाचार पत्र अधिनियम के माध्यम से सरकार ने समाचार पत्रों को अधिक नियंत्रण में लाने का प्रयत्न किया और इसे राजद्रोही लेखों को दबाने और दंडित करने का अधिक सफल अस्त्र बनाया। इस अधिनियम के तहत सोम प्रकाश, सहचर जैसे कई समाचार पत्रों को प्रतिबंधित किया गया। यह अधिनियम लार्ड लिटन के समय पारित किया गया था।

22. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के प्रथम अध्यक्ष थे

(a) ए.ओ.ह्यूम (b) डब्ल्यू सी. बनर्जी
(c) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (d) महात्मा गाँधी

Ans : (b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई। इसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे। इसका प्रथम अधिवेशन 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित किया गया था। इस अधिवेशन में कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया था। कांग्रेस की स्थापना ए.ओ. ह्यूम के प्रयासों से हुई थी।

23. भूदान आन्दोलन किसने प्रारंभ किया?

(a) जयप्रकाश नारायण (b) विनोबा भावे
(c) जे.बी. कृपलानी (d) नरसी मेहता

Ans : (b) भूदान आन्दोलन आचार्य विनोबा भावे द्वारा 18 अप्रैल 1951 में प्रारंभ किया गया। विनोबा भावे को पहला भूदान आन्ध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र के पंचमपल्ली ग्राम में मिला। इसके बाद यह आन्दोलन बिहार एवं उत्तर प्रदेश में फैल गया। 1955 ई. के अन्त तक भूदान आन्दोलन ग्रामदान में बदल गया। ग्रामदान आन्दोलन का आरंभ उड़ीसा में हुआ और वह बहुत सफल रहा।

24. निम्न में से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित नहीं है?

(a) भगत सिंह (b) अशफाकउल्ला खाँ
(c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) राजेन्द्र लाहिड़ी

Ans : (a) काकोरी कांड से भगत सिंह संबंधित नहीं थे। हिन्दुस्तान रिपब्लिक एशोसिएशन के क्रांतिकारियों द्वारा 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर लखनऊ लाइन पर काकोरी जाने वाली 8 डाउन मालगाड़ी को लूटा गया। इस कांड में 29 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर उन पर काकोरी षड्यंत्र कांड में मुकदमा चलाया गया। इसमें 4 क्रांतिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, असफाक उल्ला खान, रोशन लाल तथा राजेन्द्र लाहिड़ी को फांसी दे दी गई थी।

25. सुबन्धु, घटखर्पर, क्षपणाक, वीरसेन इन सभी में क्या समानता थी?

(a) यह सभी गुजरात के शासक थे।
(b) यह सभी बौद्ध धर्म के प्रचारक थे।
(c) यह सभी चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के दरबार में थे।
(d) यह सभी जैन-धर्म के प्रचारक थे।

Ans : (c) प्रश्नानुसार उपर्युक्त सभी चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के दरबार से संबंधित हैं। ऐतिहासिक अनुश्रुतियों के अनुसार गुप्त सम्राट चन्दगुप्त विक्रमादित्य–II के दरबार में इतिहास दर्शन, साहित्य, विज्ञान आदि से संबंधित नौ (9) विद्वान निवास करते थे। जिन्हें नवरत्न कहा गया। इनमें, कालिदास, धनवन्तरि, क्षपणक, अमर सिंह, शंकु, बेताल भट्ट, वाराह मिहिर, वरुरुचि, घटखर्पर जैसे विद्वान थे। इन नवरत्नों के अतिरिक्त सुबन्धु (वासवदत्ता के रचयिता) एवं वीरसेन भी चन्द्रगुप विक्रमादित्य के दरबार में थे। चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय पाटलिपुत्र एवं उज्जैयिनी विद्या के प्रमुख केन्द्र थे। चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय चीनी यात्री फाह्यान भारत आया था।

26. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है?

सूची-I	सूची-II
A. चौसा का युद्ध	1. 1540 ई.
B. घाघरा का युद्ध	2. 1539 ई.
C. कन्नौज का युद्ध	3. 1576 ई.
D. हल्दीघाटी का युद्ध	4. 1529 ई.

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	4	3	2	1	(b)	1	4	2	3
(c)	2	4	1	3	(d)	2	1	4	3

Ans : (c)

सूची-I घटना	सूची-II वर्ष
(1) चौसा का युद्ध	1539 ई.
(2) घाघरा युद्ध	1529 ई.
(3) कन्नौज का युद्ध	1540 ई.
(4) हल्दी घाटी का युद्ध	1576 ई0

27. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:

1. वॉरेन हेस्टिंग्स 2. क्लाइव
3. लॉर्ड कार्नवालिस 3. लॉर्ड वेलेजली

(a) 4, 3, 2 ,1 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 3, 1, 4, 2 (d) 2, 1, 3, 4

Ans : (d)

सूची-I गवर्नर जनरल	सूची-II शासनकाल
(1) क्लाइव	प्रथम कार्यकाल 1757-1760 ई. द्वितीय कार्यकाल 1765-1767 ई.
(2) वॉरेन हेस्टिंग्स	1772-1785 ई.
(3) कार्नवालिस	1786-1793ई.
(4) लॉर्ड वेलेजली	1798-1805 ई.

28. भारत के निम्न में से किस राज्य में 'सुन्दरवन' पाए जाते हैं?

(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
(c) उत्तर प्रदेश (d) प. बंगाल

Ans : (d) भारत में सुन्दरवन पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित है। इसका विस्तार 1400 हेक्टेयर में है। यह गंगा, ब्रह्मपुत्र एवं मेघना नदी के डेल्टा में स्थित एक ज्वारीय (मैंग्रोव) वन है। सुन्दरी नामक वृक्षों की अधिकता के कारण इसे सुन्दरवन कहा जाता है। यूनेस्को द्वारा सुन्दर वन को 1987 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया गया। इसमें बंगाल टाईगर सर्वाधिक पाये जाते हैं।

29. निम्न में से किस नदी पर हीराकुण्ड बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण हुआ है?

(a) महानदी (b) चम्बल
(c) सतलज (d) यमुना

Ans : (a) हीराकुण्ड बाँध ओडिशा में सम्भलपुर के निकट महानदी पर बनाया गया है। यह विश्व का सबसे लम्बा बाँध है। इसकी लम्बाई 4777 मीटर तथा ऊँचाई 160 मीटर है। सतलज नदी पर भाखड़ा नांगल परियोजना स्थापित है। भाखड़ा बाँध संसार का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बाँध, (226 मी.) है, जबकि चम्बल परियोजना चम्बल नदी पर निर्मित है।

30. निम्न में से कौन सा विश्व का सबसे बड़ा उष्ण मरुस्थल है?

(a) कालाहारी मरुस्थल (b) अटाकामा मरुस्थल
(c) सहारा मरुस्थल (d) थार मरुस्थल

Ans : (c) विश्व का सबसे बड़ा उष्ण मरुस्थल सहारा मरुस्थल है। यह अफ्रीका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित लगभग 9000000 वर्ग किमी. क्षेत्र पर विस्तृत है। कालाहारी मरुस्थल दक्षिणवर्ती अफ्रीका के बोत्सवाना, नामीबिया तथा दक्षिण अफ्रीका देशों की सीमा से लगभग 9 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र पर विस्तृत है। आटाकामा मरुस्थल उत्तरी चिली में स्थित है। थार मरुस्थल भारतीय महाद्वीप के पश्चिम में स्थित है।

31. 'मधुबनी' लोककला शैली किस राज्य से सम्बन्धित है?

(a) बिहार (b) उत्तराखण्ड
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

Ans : (a) 'मधुबनी' लोककला शैली बिहार के दरभंगा, मधुबनी एवं नेपाल से संबंधित चित्रकला है। 'मधुबनी' शब्द में निहित 'मधुबन' का अर्थ है 'शहद का वन'। यह कला राधा कृष्ण की मधुर लीलाओं के लिए प्रसिद्ध है। इन कलाकृतियों में गुलाबी, पीला, नीला, सिंदूरा (लाल) और सुगापंखी (हरा) रंगों का प्रयोग किया जाता है। प्रारम्भ में घरों की दीवारों पर बनाई जाती थी परन्तु आज कागजों व कपड़ों पर भी चित्रित की जा रही है।

32. धान का खैरा रोग किस तत्त्व की कमी से होता है?

(a) नाइट्रोजन (b) लोहा
(c) जिंक (d) पोटाश

Ans : (c) धान का खैरा रोग जिंक (जस्ता) की कमी से होता है। इस रोग में धान की पत्तियों पर हल्के पीले रंग के धब्बे बनते हैं, जो बाद में कत्थई रंग के हो जाते हैं। इसमें पौधे बौने हो जाते हैं और व्यात कम होती है। यह रोग उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों की मुख्य समस्या बना हुआ है।

33. आलू है

(a) जड़ (b) तना
(c) पुष्प (d) पत्ती

Ans : (b) 'आलू' एक तना है। इसका उद्गम स्थान दक्षिण अमेरिका का पेरू है। इसे सब्जियों का राजा कहा जाता है। आलू में प्रोटीन, स्टार्च, विटामिन सी के अलावा अमीनो अम्ल जैसे ट्रिप्टोफेन, ल्यूसीन, आइसोल्यूसीन आदि पाये जाते हैं।

34. खरीफ की फसल है

(a) गेहूँ (b) धान
(c) आलू (d) चना

Ans : (b) भारत में तीन प्रकार की फसलें बोयी जाती हैं–

1. **खरीफ** – इसके अन्तर्गत धान, ज्वार, बाजरा, गन्ना, मूंगफली आदि आते हैं।
2. **रबी** – इसके अन्तर्गत गेहूँ, जौ, चना, मसूर, सरसों आदि आते हैं।
3. **जायद** – इसके अंतर्गत खरबूज, तरबूज, ककड़ी आदि को रखा जाता है।

35. मक्का का जन्म स्थान है

(a) भारत (b) चीन
(c) अमेरिका (d) रूस

Ans : (c) मक्का (Maize) का जन्म स्थान मध्य अमेरिका है। भारत में यह वर्ष भर बोयी जाने वाली फसल है। यह सभी प्रकार की मिट्टियों में उगायी जाती है। इसमें स्टार्च, कार्बोहाइड्रेट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। भारत के राज्यों जैसे– आन्ध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर के राज्यों, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड आदि में मक्के की खेती होती है।

36. प्रमाणित बीज के थैले पर लगे टैग का रंग होता है

(a) नीला (b) सफेद
(c) लाल (d) पीला

Ans : (a) आधार बीज से द्विगुणन कर प्रमाणित बीज तैयार किया जाता है। प्रमाणित बीज की थैलियों पर बीज प्रमाणीकरण संस्था का 'नीले रंग' का प्रमाणीकरण टैग लगा होता है। जिस पर संस्था के अधिकृत अधिकारी का हस्ताक्षर होता है।

37. ओलरीकल्चर शब्द का सम्बन्ध है

(a) सब्जी विज्ञान से (b) पुष्प विज्ञान से
(c) फसल विज्ञान से (d) फल विज्ञान से

Ans : (a)

सूची-I		सूची–II
1. ओलरीकल्चर	–	सब्जी विज्ञान
2. पोमोलॉजी	–	फल विज्ञान
3. फ्लोरीकल्चर	–	पुष्प विज्ञान
4. एग्रीकल्चर	–	फसल विज्ञान

38. फलों को पकाने में उपयोग किया जाने वाला रसायन है

(a) मेथैन (b) एथिलीन
(c) सल्फ्यूरिक अम्ल (d) ग्लूकोज

Ans : (b) एथिलीन गैसीय रुप में पौधों में पाया जाने वाला एक पादप हार्मोन है। इस हार्मोन का निर्माण पौधे के प्रत्येक भाग में होता है। यह पौधों की पत्तियों एवं फलों के झड़ने की क्रिया को नियंत्रित करता है। एथिलीन हार्मोन फलों को पकाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका प्रयोग कृत्रिम रुप से फलों को पकाने में किया जाता है।

39. पपैन का स्त्रोत है

(a) आम (b) बेल
(c) पपीता (d) केला

Ans : (c) पपैन पपीता में पाया जाने वाला एक प्रोटियोलिटिक एन्जाइम है। पपीता विटामिन A का प्रमुख स्रोत है। इसकी मध्य फल भित्ति खाने योग्य भाग होता है। कच्चे परन्तु परिपक्व पपीते के फलों से निकलने वाले दूध को सुखाकर पपेन बनाया जाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से मांस को मुलायम करने, सौंदर्य प्रसाधन के सामान बनाने, त्वचा के दाग दूर करने, औषधि निर्माण आदि में किया जाता है। पपेन पाचकीय औषधि के रूप में कार्य करता है। इसलिए कच्चे पपीते का प्रयोग पेट की परेशानियों को दूर करने में किया जाता है।

40. लीची फल का कौन सा भाग खाया जाता है?

(a) फल-भित्ति (b) मध्य फल-भित्ति
(c) मांसल एरिल (d) अंतः फल-भित्ति

Ans : (c)

फल	–	खाने योग्य भाग
लीची	–	मांसल एरिल
अमरुद	–	फल भित्ति और बीजांडासन
पपीता	–	मध्य फल भित्ति
बेल	–	अंतः फल भित्ति

41. राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है

(a) 25 अगस्त (b) 29 अगस्त
(c) 30 अगस्त (d) 31 अगस्त

Ans : (b) राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस भारतीय हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है।

42. आधुनिक ओलम्पिक खेल प्रारंभ हुए

(a) सन् 1886 (b) सन् 1896
(c) सन् 1906 (d) सन् 1916

Ans : (b) आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 ई. में एथेंस में हुई। 31वाँ ओलंपिक वर्ष 2016 में ब्राजील के शहर रियो डि जनेरो में संपन्न हुआ। 32 वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक वर्ष 2020 में टोकियो, जापान में आयोजित होगा।

43. खिलाड़ियों में डोपिंग परीक्षण किया जाता है

(a) रक्त द्वारा (b) मूत्र द्वारा
(c) रक्त एवं मूत्र द्वारा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (c) डोपिंग परीक्षण खिलाड़ियों द्वारा प्रयुक्त प्रतिबंधित सप्लीमेंट और एनर्जी ड्रिंक के प्रयोग की जांच हेतु किया जाता है। इसके परीक्षण के लिए नमूना (सैंपल) के रुप में रक्त एवं मूत्र दोनों को लिया जाता है। डोपिंग टेस्ट के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नाडा (NADA - National Antidoping Agency) अधिकृत संस्था है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाडा (WADA- World Antidoping Agency)- कार्यरत है। वाडा की स्थापना वर्ष 1999 में की गई और उसके बाद हर देश में नाडा की स्थापना हुई। इन संस्थाओं द्वारा डोपिंग के दोषी पाये जाने वाले खिलाड़ियों के लिए 2 साल की सजा से लेकर आजीवन बैन तक की सजा का प्रावधान है।

44. द्रोणाचार्य पुरस्कार किसको दिया जाता है?

(a) खिलाड़ी (b) कोच
(c) शिक्षक (d) वैज्ञानिक

Ans : (b) द्रोणाचार्य पुरस्कार कोच को प्रदान किया जाता है। इसकी शुरुआत 1985 ई. में हुई। द्रोणाचार्य पुरस्कार के अंतर्गत 5 लाख रुपया एवं गुरु द्रोणाचार्य की कांस्य प्रतिमा, पारंपरिक पोषाक, प्रमाणपत्र प्रदान की जाती है।

45. किस संशोधन द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया?

(a) 41वाँ संशोधन (b) 42वाँ संशोधन
(c) 43वाँ संशोधन (d) 44वाँ संशोधन

Ans : (b) 'पंथ निरपेक्ष' शब्द 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा 'प्रस्तावना' में जोड़ा गया। इसी संशोधन अधिनियम के तहत 'समाजवादी' और 'अखंडता' शब्द भी जोड़े गए। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता (पंथ निरपेक्षता) की सभी अवधारणाएं विद्यमान है अर्थात् देश में सभी धर्म समान हैं और सरकार किसी धर्म विशेष को प्रोत्साहन नहीं प्रदान करती है।

46. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का सत्रहवाँ सम्मेलन कहाँ हुआ?

(a) काहिरा (b) मार्गेरीटा
(c) दिल्ली (d) लुसाका

Ans : (b) गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) का 17वां सम्मेलन वेनेजुएला के मार्गेरीटा द्वीप में सम्पन्न हुआ। भारत का प्रतिनिधित्व तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया था। गुट निरपेक्ष आंदोलन का 18वां सम्मेलन 2019 में अजरबेजान में प्रस्तावित है।

47. सूचना का अधिकार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

(a) यह एक राजनीतिक अधिकार है।
(b) यह एक संवैधानिक अधिकार है।
(c) यह एक विधिक अधिकार है।
(d) यह एक सामाजिक अधिकार है।

Ans : (c) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 दिनांक 15 जून 2005 को अधिनियमित हुआ और पूर्णतया 12 अक्टूबर, 2005 को संपूर्ण धाराओं के साथ लागू किया गया। सूचना का अधिकार एक विधिक अधिकार है, चूँकि यह अधिनियम संसदीय प्रस्ताव के माध्यम से पारित हुआ है इसलिए यह एक विधिक अधिकार है न कि संवैधानिक अधिकार।

48. निम्नांकित में से किस राज्य की व्यवस्थापिका में द्वितीय सदन नहीं है?

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

Ans : (a) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत राज्यों में विधान परिषद का सृजन एवं उत्सादन किया जाता है। अब तक कुल सात राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में विधान परिषद है।

49. संविधान के किस संशोधन के अन्तर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा मौलिक अधिकार बन गई है?

(a) 52 वाँ संविधान संशोधन
(b) 73 वाँ संविधान संशोधन
(c) 42 वाँ संविधान संशोधन
(d) 86 वाँ संविधान संशोधन

Ans : (d) 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा को मूल अधिकार बनाया गया। नए अनुच्छेद 21 (क) के तहत ''राज्यों को 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था करने को अनिवार्य कर दिया गया।

50. मानव शरीर में सबसे लम्बी और मजबूत अस्थि कौन सी है?

(a) उर्वास्थि (b) अन्तर्जंघास्थि
(c) बहिर्जंघास्थि (d) प्रगण्डास्थि

Ans : (a) मनुष्य के पैर में फीमर, टिबियो फिबुला, टार्सल्स तथा मेटाटार्सल्स अस्थियां होती है। इनमें फीमर (उर्वास्थि) सबसे लम्बी और मजबूत अस्थि होती है। फीमर तथा टिबियोफिबुला के संधिस्थल पर एक गोल अस्थि होती है जिसे घुटने की अस्थि या पटेला (Patella) कहते हैं।

51. निम्नलिखित में से कौन सा विटामिन जल में घुलनशील है?

(a) विटामिन डी (b) विटामिन ए
(c) विटामिन ई (d) विटामिन सी

Ans : (d) जल में घुलनशील विटामिन – विटामिन सी (एस्कार्बिक एसिड), विटामिन बी। वसा में घुलनशील विटामिन – विटामिन- ए (रेटिनॉल का पालियटेट फार्म) + विटामिन A का बीटा कैरोटीन फार्म, विटामिन-डी (केल्सीफेरोल), विटामिन-ई (टोकोफेरोल), विटामिन-के (नैफ्थोक्विनोन)

52. एक छात्रा मेज पर रखी पुस्तक को पढ़ने में कठिनाई अनुभव करती है किन्तु श्यामपट्ट पर लिखे शब्दों को ठीक से पढ़ लेती है। उसका दृष्टि दोष है

(a) दूरदृष्टि दोष (b) निकटदृष्टि दोष
(c) असमान दृष्टि दोष (d) वर्णान्धता

Ans : (a) दूर दृष्टि दोष में व्यक्ति को दूर की वस्तुयें तो साफ दिखाई देती है किन्तु निकट की वस्तुयें धुंधली दिखाई पड़ती है। इसमें नेत्र गोलक (Eye Balls) का व्यास कम हो जाता है एवं पास की वस्तुओं से आयी प्रकाश किरणें अपवर्तन के बाद केन्द्रीभूत होने से पहले ही रेटिना पर पड़ जाती है अर्थात् फोकस बिन्दु रेटिना के पीछे हो जाता है। फलतः निकट रखी वस्तुयें धुंधली दिखाई पड़ती है। उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि छात्रा को दूर दृष्टि दोष है। इस दृष्टि दोष के निवारण के लिए उत्तल लेंस का प्रयोग किया जाता है।

53. बी.सी.जी. का टीका किस रोग से बचाव करता है?

(a) चेचक या बड़ी माता (b) डिफ्थीरिया
(c) तपेदिक या टी.बी. (d) टायफाइड

Ans : (c) बी.सी.जी. बैसिलस कैल्मेट गुएरिन (Bascillus Calmette Guerin) का संक्षिप्त रूप है। यह तपेदिक या टी.बी. से बचाव करता है। बी.सी.जी. का टीका बच्चों को जन्म के समय लगाया जाता है।

54. भारतीय संगीत में कुल कितने स्वर (शुद्ध एवं विकृत) होते हैं?

(a) सात (b) नौ (c) दस (d) बारह

Ans : (d) भारतीय संगीत में कुल स्वर (शुद्ध एवं विकृत) 12 होते हैं। सात शुद्ध स्वरों के समूहों को सप्तक कहते हैं। सातों स्वरों के नाम क्रमशः है– सा, रे, गा, म, प, ध और नि है। इसके अतिरिक्त इसमें 5 विकृत स्वर भी होते हैं।

55. 'स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन' प्रति वर्ष होता है

(a) मुम्बई (b) अमृतसर
(c) आगरा (d) जोधपुर

Ans : (a) स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन एक उल्लेखनीय हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत और नृत्य समारोह है जो प्रतिवर्ष सुर सिंगार संसद द्वारा मुम्बई में आयोजित किया जाता है। स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन का प्रथम आयोजन 1952 में किया गया था।

56. तानसेन दरबारी गायक थे

(a) हुमायूँ (b) बहादुर शाह जफर
(c) अकबर (d) औरंगजेब

Ans : (c) तानसेन अकबर के दरबारी गायक एवं नवरत्नों में से एक थे, जिसे अकबर ने रीवां के राजा रामचन्द्र से प्राप्त किया था। अकबर ने तानसेन को 'कण्ठा भरण वाणी विलास' की उपाधि प्रदान की थी। ये ध्रुपद गायन के शीर्ष गायक थे। इनकी मुख्य रचनाएँ संगीत सार, रागमाला, बुध-प्रकाश आदि है।

57. 'जयदेव' किस ग्रन्थ के रचयिता हैं?

(a) राग तरंगिणी (b) स्वरमेल-कलानिधि
(c) गीत गोविन्द (d) हृदय कौतुक

Ans : (c)

रचयिता		ग्रंथ
जयदेव	-	गीत गोविन्द, रति मंजरी
रामामात्य	-	स्वरमेल-कलानिधि
हृदय नारायण देव	-	हृदय कौतुक, हृदय प्रकाश
कविलोचन	-	राग तरंगिणी

58. परिप्रेक्ष्य होता है

(a) पटल की गहराई (b) चित्र की ऊँचाई
(c) चित्र की लम्बाई (d) चित्र की गोलाई

Ans : (a) परिप्रेक्ष्य वस्तुओं के आयाम को प्रदर्शित करने का माध्यम है। वस्तुओं, दृश्यों आदि की दूरी/लम्बाई का ठीक-ठाक अनुपात दिखाने वाला चित्र परिप्रेक्ष्य कहलाता है।

हालांकि परिप्रेक्ष्य अलग-अलग विषयों के लिए अलग-अलग सन्दर्भ में प्रयुक्त होता है। जैसे – किसी वस्तु, पदार्थ,मत,मूल्य आदि को देखने के अर्थ में भी परिप्रेक्ष्य (Perspective) को देखा जाता है।

59. अजन्ता के चित्र किस धर्म से सम्बन्धित हैं?

(a) जैन (b) सनातन (c) बौद्ध (d) ईसाई

Ans: (c) अजन्ता की गुफाओं के चित्र बौद्ध धर्म से संबंधित है। ये गुफायें महाराष्ट्र में औरंगाबाद शहर से लगभग 107 किमी. दूर पहाड़ों को काटकर बनाई गयी है। प्रारंभ में अजन्ता में 29 गुफाओं में चित्र बने थे परन्तु वर्तमान में (1-2-9-10-16-17) के चित्र ही शेष हैं। 16 वीं गुफा के चित्रों में 'मरणासन्न राजकुमारी' नामक चित्र सर्वाधिक सुन्दर है। 1983 में यूनेस्को द्वारा अजन्ता एवं एलोरा को विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है।

60. पास-पास रेखाएँ खींचकर छाया-प्रकाश के प्रभाव को दर्शाना कहलाता है

(a) स्फूमैटो (b) एचिंग (c) हैचिंग (d) चेरास्क्यूरो

Ans : (c) पास-पास रेखाएँ खींचकर छाया प्रकाश के प्रभाव को दर्शाना हैचिंग कहलाता है।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2016

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 2 फरवरी, 2016)

1. कालीबंगा किस राज्य में है?

(a) गुजरात (b) पंजाब
(c) राजस्थान (d) हरियाणा

Ans. : (c) कालीबंगा हड़प्पा कालीन स्थान है। कालीबंगा का शाब्दिक अर्थ है काले रंग की चूड़ियाँ। यह स्थल राजस्थान के गंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले में घघ्घर नदी के किनारे स्थित है। इस स्थल की खोज 1952 में **अमलानन्द घोष** ने की थी। इस स्थल की खुदाई **बी.बी. लाल एवं बी. के. थापड़** ने की थी। इस स्थल से हड़प्पाकालीन कृषि के साक्ष्य प्राप्त हुए है साथ ही यज्ञ वेदियाँ भी प्राप्त हुई है। यहाँ से प्राक् हड़प्पा के साक्ष्य भी मिले हैं।

2. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की?

(a) दयानन्द सरस्वती (b) स्वामी विवेकानन्द
(c) राजा राममोहन राय (d) दादाभाई नौरोजी

Ans. : (b) रामकृष्ण मिशन की स्थापना 1 मई 1897 में स्वामी विवेकानन्द के द्वारा कलकत्ता के समीप **बराह नगर** में की गई थी कुछ समय पश्चात इसे स्थानान्तरित कर **बेलूर (कलकत्ता)** में स्थापित कर दिया गया। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सुधारों के साथ आध्यात्मिक विचारों का प्रचार व प्रसार करना है।

3. आजाद हिंद फौज के सैनिकों पर चले मुकदमे की पैरवी करने वाले दल की अध्यक्षता किसने की?

(a) भूलाभाई देसाई (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) मुहम्मद अली जिन्ना (d) सी.आर. दास

Ans. : (a) आजाद हिन्द फौज के सैनिकों तथा अधिकारियों को गिरफ्तार कर ब्रिटिश सरकार द्वारा नवम्बर 1945 ई. में लाल किले में उन पर मुकदमा चलाया गया। यह घटना **लाल किले के मुकदमें** के नाम से प्रसिद्ध है। भारत के विभिन्न दलों ने इसका विरोध किया तथा गिरफ्तार सैनिकों की पैरवी के लिए वकीलों का एक समूह बनाया गया जिसमें भूलाभाई देसाई, प. नेहरू, तेजबहादुर सप्रू, कैलाश नाथ काटजू आदि थे। इस समूह का नेतृत्व/अध्यक्षता एडवोकेट भूलाभाई देसाई ने किया।

4. वक्राकार ईंटें सिन्धु सभ्यता में कहाँ से मिली है?

(a) कालीबंगा (b) लोथल
(c) चन्हूदड़ो (d) हड़प्पा

Ans. : (c) चन्हूदड़ों एक मात्र हड़प्पा कालीन स्थल है जहाँ से वक्राकार ईटें मिली है। इस स्थल की खोज वर्ष 1931 में **एन. गोपाल मजूमदार** के द्वारा की गई तथा इसका उत्खनन वर्ष 1935 ई. में **जे. एच. मैके** के द्वारा की गई। इस स्थल से प्रसाधन सामग्री की भी प्राप्ति हुई है। यह स्थल सिंधु नदी के बाएं किनारे पर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित था।

5. 1959 में पंचायती राज को किन राज्यों ने सर्वप्रथम लागू किया?

(a) राजस्थान और आन्ध्र प्रदेश
(b) आन्ध्र प्रदेश और गुजरात
(c) राजस्थान और बिहार
(d) तमिलनाडु और केरल

Ans. : (a) भारत सरकार ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए **बलवंत राय मेहता** समिति का गठन किया। इस समिति ने वर्ष 1957 में सत्ता के विकेन्द्रीकरण का त्रिस्तरीय सुझाव दिया। इस सुझाव को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के **नागौर जिले** में पंचायती राज की स्थापना की तथा दूसरा राज्य आंध्र प्रदेश हुआ जहाँ पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की गई।

6. कौन निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नही?

(a) लोक सभा का अध्यक्ष (स्पीकर)
(b) राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री
(d) संसदीय समिति

Ans. : (a) कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसके निर्णय का अधिकार भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 110** के द्वारा लोकसभा अध्यक्ष को दिया गया है। वर्तमान में लोकसभा अध्यक्ष **ओम बिरला** हैं।

7. 'सभी भारतीयों को मतदान का अधिकार होना चाहिये चाहे उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर कुछ भी हो।' यह किसका विचार था?

(a) महात्मा गाँधी (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) बी. आर. अम्बेडकर (d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. : (d) उपर्युक्त कथन 15 अगस्त, 1947 को राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए जवाहरलाल नेहरू ने कहा था।

8. संवैधानिक सरकार का अर्थ है

(a) संविधान की शर्तों के अनुसार सरकार
(b) कानून के अनुसार सरकार
(c) लोकतांत्रिक सरकार
(d) इनमें से सभी

Ans. : (a) संविधान में लिखी गई बातों तथा शर्तो पर गठित सरकार तथा उन शर्तो के अनुसार कार्य करने वाली सरकार को संवैधानिक सरकार कहते है।

9. राज्य सभा के कितने सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करता है?

(a) 2 (b) 10
(c) 12 (d) 15

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(a) के अनुसार राष्ट्रपति को राज्य सभा में 12 ऐसे सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार है जो कला, साहित्य, विज्ञान तथा समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योग्यता रखते हैं। यह व्यवस्था भारतीय संविधान में **आयरलैण्ड के संविधान** से ग्रहण किया गया है।

10. निम्नलिखित में से किसने शिक्षा के एक महान केन्द्र विक्रमशिला महाविहार का निर्माण करवाया था?

(a) धर्मपाल (b) गोपाल
(c) हर्ष (d) बालादित्य

Ans. : (a) बंगाल के पाल वंश का शासक धर्मपाल एक उत्साही बौद्ध समर्थक था। उसने विक्रमशिला एवं सोमपुर महाविहार का निर्माण करवाया जो आगे चलकर प्रसिद्ध बौद्ध शिक्षा के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया। **1193 ई.** में **बख्तियारउद्दीन खिलजी** के द्वारा इस **विश्वविद्यालय** को नष्ट कर दिया गया।

11. कक्षा शिक्षण होना चाहिए

(a) सघन (b) एकतरफा
(c) परस्पर-संवाद (d) सरल

Ans. : (c) कक्षा शिक्षण सरल एवं सुगम्य बनाने के लिए परस्पर शिक्षक-छात्र संवाद होना आवश्यक है। इस संवाद के परिणाम स्वरूप छात्र कक्षा में सहज अनुभव कर सकेंगे तथा अपनी विषय सम्बंधी समस्याओं को बिना संकोच के अध्यापक से पूछ सकते है साथ ही परस्पर संवाद से शिक्षक छात्रों के वैयक्तिक भिन्नता का पता लगा कर उसी के अनुसार अधिगम कार्य सफलता पूर्वक कर सकता है।

12. सामाजिक अध्ययन के शिक्षण में सबसे महत्त्वपूर्ण सहायक साधन कौन सा है?

(a) व्याख्यान (b) श्रव्य-दृश्य
(c) कार्य-निर्धारण (d) वाद-विवाद

Ans. : (b) सामाजिक अध्ययन के विषय के शिक्षण कार्य में श्रव्य- दृश्य सामग्री सबसे उपयुक्त होगी। क्योंकि श्रव्य-दृश्य सामग्री के द्वारा छात्र स्वयं उस परिस्थितियों का अवलोकन कर सकता है। सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल एवं राजनीति विज्ञान जैसे शब्द आते है। उदाहरण स्वरूप इतिहास विषय पर आधारित फिल्मों के माध्यम से छात्र को उस विषय विशेष पर न भूलने वाला एक आधार प्राप्त हो जाता है उसी प्रकार भूगोल विषय में श्रव्य-दृश्य सामग्री के द्वारा छात्रों को स्थल विशेष से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त हो जाएगी उसी प्रकार श्रव्य दृश्य सामग्री के सहायता से संसद की कार्यवाही का अवलोकन करा कर उसकी जानकारी छात्रों को दी जा सकती है जिसे छात्र आसानी से समझ सकते है।

13. शैक्षिक क्षेत्र में पाठ्यचर्या का तात्पर्य है

(a) पढ़ाने का तरीका
(b) मूल्यांकन प्रक्रिया
(c) विद्यालय का सम्पूर्ण कार्यक्रम
(d) कक्षा में प्रयुक्त हेतु विषयसामग्री

Ans. : (c) शैक्षिक क्षेत्र में पाठ्यचर्या के अन्तर्गत वे सभी शिक्षण कार्यक्रम, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली आदि आते हैं जो अधिगम प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाता है। पाठ्यचर्या इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वैयक्तिक भिन्नता होने के बाद भी सभी छात्रों के लिए अधिगम प्रक्रिया सुगम हो सके।

14. सामाजिक विषय में टी.एल.एम. प्रयुक्त नहीं होता है

(a) चुम्बकीय कम्पास (b) ग्लोब
(c) मानचित्र (d) नेपियर पट्टी

Ans. : (d) T.L.M. का तात्पर्य है Teaching Learning Method अर्थात अधिगम प्रक्रिया। सामाजिक विज्ञान के विषय के अधिगम प्रक्रिया में प्रयुक्त सहायक सामग्री ग्लोब, चुम्बकीय कम्पास तथा मानचित्र भूगोल विषय से सम्बंधित है। जबकि **नेपियर पट्टी गणित** विषय के अधिगम प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली शिक्षण सामग्री (सहायक सामग्री) है। नेपियर पट्टी का निर्माण सर्वप्रथम **1617 ई.** में **स्काटलैण्ड** के **गणितज्ञ जॉन नेपियर** ने किया था।

15. निम्न में से किस जलवायु प्रदेश में एस्किमो पाए जाते हैं?

(a) टुण्ड्रा प्रदेश (b) भूमध्यरेखीय प्रदेश
(c) भूमध्यसागरीय प्रदेश (d) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश

Ans. : (a) टुण्ड्रा जलवायु प्रदेश में पाए जाने वाली मानव प्रजाति एस्किमो कहलाती है। इनके घर बर्फ से बने होते हैं। जिसे **इग्लू** कहते हैं। एस्किमो जनजाति का मुख्य व्यवसाय मछली का शिकार करना है। इनका मुख्य हथियार **हारपुन** है तथा इनका मुख्य पालतू पशु **रेण्डियर** होता है जो **हिरन प्रजाति** का जानवर होता है। टुण्ड्रा जलवायु ध्रुवीय क्षेत्रों ($66\frac{1}{2}^0$ उ. एवं द.) में पायी जाती है।

16. निम्नलिखित में से किसने विश्व के 'प्राकृतिक प्रदेशों' की योजना को सर्वप्रथम प्रतिपादित किया?

(a) हम्बोल्ट ने (b) हेटनर ने
(c) हार्टशोर्न ने (d) हरबर्टसन ने

Ans. : (d) विश्व की प्राकृतिक प्रदेशों की योजना का सर्वप्रथम प्रतिपादन हरबर्टसन ने किया था। हरबर्टसन आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रथम भूगोल के प्रोफेसर थे। हरबर्टसन ने 1905ई. में पृथ्वी को जलवायु मापन को आधार बना कर कई प्राकृतिक प्रदेशों में विभाजित किया।

17. 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है

(a) 31 मई को (b) 21 मार्च को
(c) 5 जून को (d) 11 जुलाई को

Ans. : (c) विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है। जलवायु परिवर्तन पर प्रथम सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में **5 जून 1972 ई.** को **स्टाकहोम** में आयोजित किया गया। इसलिए पर्यावरण जागरुकता फैलाने के लिए 1974 से प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। विश्व पर्यावरण दिव 2019 का आयोजन चीन द्वारा किया गया, जिसका विषय था 'वायु प्रदूषण'।

18. विश्व में सर्वाधिक अवसाद ढोने वाली नदी है

(a) अमेजन (b) नील
(c) ब्रह्मपुत्र (d) गंगा

Ans. : (a) विश्व से सर्वाधिक अवसाद ढोने वाली नदी अमेजन (1200×106 टन/वर्ष अवसाद) है। इसके पश्चात् ब्रह्मपुत्र नदी का स्थान आता है। ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम तिब्बत के दक्षिण में मानसरोवर के निकट चेमायुंगदुंग ग्लेशियर से हुआ है। यह नदी तिब्बत से निकलकर चीन से होते हुए भारत में प्रवेश करती है तत्पश्चात बांग्लादेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है। तिब्बत से ब्रह्मपुत्र नदी को **सांग्पो, चीन** में **यारलांगजांग** के नाम से जाना जाता है। बांग्लादेश में बह्मपुत्र नदी को **जमुना** कहा जाता है जहाँ गंगा नदी से मिल कर बंगाल की खाड़ी में विश्व के सबसे बड़े डेल्टा (गंगा ब्रह्मपुत्र नदी का डेल्टा) का निर्माण करती है।
नोट- उत्तर-पत्रक UP TET के अनुसार इसका उत्तर विकल्प (c) है।

19. निम्न में से कौन शान्त ज्वालामुखी का उदाहरण है?

(a) किलीमन्जारो (b) विसुवियस
(c) क्राकाटोआ (d) स्ट्राम्बोली

Ans. : (a) किलीमन्जारो शांत ज्वालामुखी का उदाहरण है। शांत ज्वालामुखी वे ज्वालामुखी होते है जिनमे वर्षों पहले उदगार हुआ था परन्तु अब भविष्य में उदगार होने की कोई संभावना नहीं है। शांत ज्वालामुखी के उदाहरण है- किलीमंजारो (तंजानिया), पोपा (म्यांमार), तथा चिम्बाराजो (इक्वाडोर) आदि। विसुवियस (इटली) तथा क्राकाटाओ (इण्डोनेशिया) सुषुप्त ज्वालामुखी का उदाहरण है जबकि स्ट्राम्बोली (लेपारी द्वीप) सक्रिय ज्वालामुखी का उदाहरण है।

20. मूल्यांकन सम्बन्धित है

(a) छात्रों के कौशलों के विकास से
(b) छात्रों की उपलब्धियों से
(c) छात्रों की रुचि से
(d) छात्रों के गुणों से

Ans. : (a) मूल्यांकन का सम्बंध छात्रों के कौशलों के विकास से सम्बन्धित है। मूल्यांकन वह प्रक्रिया होती है जिसके द्वारा यह पता लगाया जाता है कि अधिगम प्रक्रिया में छात्र कहाँ तक सीख चुका है तथा उसी के अनुरुप अधिगम कार्य किया जाता है ताकि छात्रों के व्यवहार का शोधन किया जा सके।

21. निम्न में से भारत की कौन-सी नदी एक विभ्रंश घाटी से होकर बहती है?

(a) गंगा (b) नर्मदा
(c) कावेरी (d) कृष्णा

Ans. : (b) नर्मदा नदी विभ्रंश घाटी से होकर बहती है। विभ्रंश का तात्पर्य दो पहाड़ियों के मध्य सकंरा धँसा हुआ क्षेत्र। **नर्मदा नदी सतपुड़ा एवं विंध्यन पहाड़ियों के बीच** से होकर बहती है। इस नदी का उदगम स्थल मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित **अमरकंटक** पहाड़ी है। यह नदी जबलपुर में भेड़ाघाट के समीप **कपिलधारा (धुआँधार) जल प्रपात** का निर्माण करती है। नर्मदा और ताप्ती नदी अन्य नदियों के विपरीत पश्चिम में बहते हुए गुजरात के खम्भात की खाड़ी में गिर जाती है। यह नदी डेल्टा की जगह **एश्चुअरी** का निर्माण करती है।

22. 'ऑपरेशन फ्लड' सम्बन्धित है

(a) बाढ़ नियंत्रण से (b) दुग्ध उत्पादन से
(c) सिंचाई विकास से (d) मृदा-संरक्षण से

Ans. : (b) आपरेशन फ्लड का सम्बंध दुग्ध उत्पादन से है। ऑपरेशन फ्लड की शुरुआत वर्ष 1970ई. में शुरू किया गया। यह परियोजना राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के द्वारा प्रारम्भ किया गया। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी डेयरी विकास कार्यक्रम है। इस परियोजना के संस्थापक अध्यक्ष **वर्गीज कुरियन** थे जिन्होंने गुजरात में **AMUL (Anand Milk Union Ltd)** की स्थापना की।

23. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना में क्रोड (CORE) का निर्माण निम्न में से किन तत्त्वों द्वारा हुआ है?

(a) सिलिका एवं ऐलुमिनियम
(b) सिलिका एवं मैग्नीशियम
(c) लोहा एवं निकिल
(d) सिलिका एवं लोहा

Ans. : (c) पृथ्वी के आन्तरिक संरचना को जानने के लिए पृथ्वी के आन्तरिक भाग को तीन भागों में बांटा गया है। पृथ्वी के सबसे ऊपरी भाग को भूपर्पटी कहते है जिसमे सिलिका एवं एल्यूमिनियम की अधिकता होती है। दूसरे भाग को मेंटल कहते है जिसमें **सिलिका** एवं **मैग्नीशियम** की अधिकता होती है तथा पृथ्वी के तीसरे एवं सबसे आन्तरिक भाग जिसे क्रोड कहते हैं। उसमें निकिल एवं लोहा की अधिकता होती है। सबसे ऊपरी भाग को सिआल (SiAl) दूसरे भाग को सीमा (SiMa) तथा क्रोड को निफे (NiFe) के नाम से जाना जाता है।



24. निम्नलिखित में से वायुमण्डल की सबसे निचली परत कौन सी है?

(a) आयनमण्डल (b) क्षोभमण्डल
(c) ओजोनमण्डल (d) समतापमण्डल

Ans. : (b) वायुमण्डल की सबसे निचली परत क्षोभमण्डल है। पृथ्वी के ऊपर उपस्थित वायुमण्डल को 5 भागों में बांटा गया क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, आयनमण्डल एवं बहिर्मण्डल। इस मण्डल में तापान्तर अधिक होने के कारण दाबांतर भी अधिकतम होता है इसके परिणाम स्वरूप इस मण्डल में आंधी, तुफान, वर्षा आदि जैसी प्राकृतिक घटनाए घटती है। इस मण्डल में प्रति 165 मीटर की ऊँचाई के साथ 1^oC तापमान में वृद्धि होती है।

25. लॉर्ड मैकाले सम्बन्धित हैं

(a) सेना के सुधार से (b) सती प्रथा की समाप्ति से
(c) अंग्रेजी शिक्षा से (d) स्थायी बन्दोबस्त से

Ans. : (c) लार्ड मैकाले अंग्रेजी शिक्षा से संबंधित हैं। लार्ड मैकाले ब्रिटिशकालीन गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक के परिषद का विधि सदस्य था। मैकाले को भारतीय शिक्षा पद्यति पर नियुक्त समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मैकाले अंग्रेजी शिक्षा का पक्षधर था। उसके द्वारा प्रस्तुत घोषणा पत्र को **'मैकाले मिनट'** की संज्ञा दी जाती है। मैकाले का कथन था कि- ''अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से हम ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करेंगे जो तन से तो भारतीय होगा परन्तु मन अंग्रेज का रहेगा।''

26. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं

(a) सुचेता कृपलानी (b) राजकुमारी अमृत कौर
(c) नेली सेनगुप्ता (d) ऐनी बेसेण्ट

Ans. : (d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष श्रीमती एनी बेसेंट थी जो वर्ष 1917 के कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की। भारत को अंग्रेजी दासता से मुक्त कराने के लिए एक व्यवस्थित संगठन कांग्रेस का गठन वर्ष 1885 में किया गया। कांग्रेस का अधिवेशन प्रत्येक वर्ष भारत में अलग-अलग स्थानों पर होता था। कांग्रेस का गठन मुम्बई में किया गया तथा प्रथम अधिवेशन भी मुम्बई में हुआ था। इसके प्रथम अध्यक्ष **व्योमेश चन्द्र बनर्जी** को बनाया गया जबकि सरोजनी नायडू 1925 में प्रथम भारतीय महिला थीं जो कांग्रेस अध्यक्ष बनी।

27. भारतीय इतिहास में 'स्वर्ण-युग' किस काल को कहते हैं?

(a) मौर्य काल (b) वैदिक काल
(c) गुप्त काल (d) वर्धन काल

Ans. : (c) भारतीय इतिहास में स्वर्णयुग की संज्ञा गुप्तकाल को दी जाती है। स्वर्णयुग (स्वर्णकाल) वह संकल्पना होती है जो अपने आगे वाले समय के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करे जिस पर आने वाली सभ्यता का विकास हो सके। गुप्तकाल में कला, साहित्य, स्थापत्य, गणित, खगोलिकी एवं धर्म के क्षेत्र में अपार वृद्धि हुई जो मील का पत्थर साबित हुई।

28. दिल्ली के लाल किले में मोती मस्जिद का निर्माण किया था।

(a) अकबर ने (b) जहाँगीर ने
(c) शाहजहाँ ने (d) औरंगजेब ने

Ans. : (d) दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण मुगल शासक औरंगजेब के द्वारा कराया गया था। मुगल काल में तीन मोती मस्जिद का निर्माण कराया गया था।
1. लाहौर की मोती मस्जिद- जहाँगीर
2. आगरा की मोती मस्जिद- शाहजहाँ
3. दिल्ली की मोती मस्जिद- औरंगजेब

29. सिकन्दर लोदी ने किस नगर की स्थापना की?

(a) इलाहाबाद (b) सिकन्दराबाद
(c) कानपुर (d) आगरा

Ans. : (d) आगरा नगर की स्थापना वर्ष 1504 ई. में सुल्तान सिकन्दर लोदी के द्वारा की गई थी उसने आगरा को अपनी दूसरी राजधानी बनाई। सिकन्दर लोदी के समय आगरा **'भारत के शिराज'** के नाम से जाना जाता था। मुगल शासक अकबर ने आगरा के समीप ही 'फतेहपुर सिकरी' नामक नगर की स्थापना की तथा आगरे के किले का निर्माण कराया। यहाँ पर शाहजहाँ द्वारा निर्मित कराया गया 'ताजमहल' विश्व प्रसिद्ध है।

30. पृथ्वी और चन्द्रमा के मध्य की दूरी लगभग है

(a) 484000 किमी. (b) 384400 किमी.
(c) 340400 किमी. (d) 364400 किमी.

Ans. : (b) पृथ्वी एवं चन्द्रमा के मध्य दूरी 384400 किलोमीटर है। चन्द्रमा पृथ्वी का एक मात्र प्राकृतिक उपग्रह है। यह सौर मण्डल का पाँचवा सबसे विशाल प्राकृतिक उपग्रह है। यह दूरी पृथ्वी के परिधि के 30 गुनी है। चन्द्रमा पर गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के 1/6 है। चन्द्रमा का परिक्रमण काल 27 दिन का होता है।

31. किसका उपनाम गलत है?

(a) वाजिद अली - 'अख्तर पिया'
(b) सामता प्रसाद मिश्र- 'गुदई महाराज'
(c) महबूब खाँ - 'दरस पिया'
(d) इनायत हुसैन- 'प्राण पिया'

Ans. : (d) विलायत हुसैन का उपनाम प्राण पिया था इन के पिता का नाम इनायत हुसैन था। यह आगरा घराने से सम्बंधित थे। वाजिद अली खाँ अवध के नबाब थे जो 'अख्तर पिया' के नाम से संगीत तैयार करते थे। सामता प्रसाद मिश्र प्रसिद्ध तबला वादक थे जो गुदई महाराज के नाम से प्रसिद्ध थे महबूब खां प्रसिद्ध संगीतकार थे जो दरस पिया के नाम से विख्यात हुए।

32. भोजन में सबसे अधिक कैलोरी किसमें होती है?

(a) वसा (b) कार्बोहाइड्रेट्स
(c) प्रोटीन (d) खनिज लवण

Ans. : (a) हम भोजन में कई प्रकार के तत्व ग्रहण करते है जैसे-वसा कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन आदि। इन तत्वों से हमे ऊर्जा की प्राप्ति होती है। इन तत्वों से सबसे अधिक ऊर्जा वसा से प्राप्त होती है। प्राप्त ऊर्जा को कैलोरी में मापा जाता है। सर्वाधिक मात्रा में वसा से ऊर्जा प्राप्त होने के कारण वसा को कैलोरी का राजा कहा जाता है।

तत्व	ऊर्जा (कैलोरी/ग्राम)
वसा	9
कार्बोहाइड्रेट्स	4
प्रोटीन	4.1

33. मांसपेशियाँ किस कार्य में सहायक होती हैं?

(a) शरीर को सुडौल और आकर्षक बनाने में
(b) शरीर की गतिशीलता में
(c) रक्त परिसंचरण में
(d) उपर्युक्त सभी

Ans. : (b) मांसपेशियाँ हमारे शरीर को एक निश्चित आकार प्रदान करती है जिससे हमारे शरीर को एक संरचना प्राप्त होती है और मुख्य रूप से हमारे शरीर को गतिशीलता प्रदान होती है।

34. मनुष्य को व्यायाम कब करना चाहिए?

(a) भोजन के पश्चात (b) रात्रि में
(c) प्रातःकाल खाली पेट (d) जब भी समय मिले

Ans. : (c) व्यायाम का मुख्य कार्य हमारे शरीर को स्वस्थ रखना होता है। इसके लिए कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है परन्तु प्रातः काल में खाली पेट व्यायाम करना सबसे उपयुक्त माना गया है। इसका मुख्य कारण है कि प्रातः काल में मनुष्य का शरीर थोड़ा शिथिल होता है और व्यायाम के पश्चात् हमारे शरीर में उपस्थित वसा एवं कार्बोहाइड्रेट के टूटने के पश्चात् हमें ऊर्जा प्राप्त होती है जो सभी शिथिल अंगों को पुनः सक्रिय कर देती है।

35. मनुष्य का मस्तिष्क कहाँ स्थित होता है?

(a) उदर गुहा में (b) वक्षीय गुहा में
(c) कपाल में (d) मुख गुहा में

Ans. : (c) मनुष्य का मस्तिष्क कपाल (क्रेनियम) के अन्दर स्थित रहता है। कपाल हड्डियों का एक ढ़ाँचा होता है जो मानव के सिर को आकार प्रदान करता है तथा मस्तिक को बाहरी चोटों से बचाता है।

36. फुटबॉल का पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच कब हुआ था?

(a) 1872 (b) 1873
(c) 1876 (d) 1871

Ans. : (a) फुटबाल का पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच 30 नवम्बर, 1872 ई. में वेस्ट ऑफ स्कॉटलैण्ड क्रिकेट क्लब ग्राउंड्स, **ग्लासगो** में स्काटलैण्ड एवं इंग्लैड के मध्य हुआ था। यह मैच 0-0 स्कोर पर ड्रा रहा था। 21 मई, 1904 ई. में फीफा (FIFA) की स्थापना हुई तब से फुटबाल मैंच का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालन यही संस्था करता है।

37. सैय्यद मोदी को किस खेल के लिए भारतीय राष्ट्रीय पदक मिला था?

(a) बैडमिन्टन (b) वालीबॉल
(c) फुटबॉल (d) बास्केटबॉल

Ans. : (a) सैय्यद मोदी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे। इनका जन्म 1962 ई. में उत्तर प्रदेश के **गोरखपुर जिले** में हुआ था। वह आठ बार (1980-87) राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियन तथा तीन अन्तर्राष्ट्रीय पदक भी जीते थे। सैय्यद मोदी की स्मृति में गोरखपुर जिले में सैय्यद मोदी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। वर्ष 1988 के लखनऊ में बाबु के. डी. सिंह स्टेडियम में इनकी हत्या कर दी गई।

38. ओलम्पिक ध्वज में कितने चक्र हैं?

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) पाँच

Ans. : (d) ओलम्पिक ध्वज में सफेद पृष्ठ पर पाँच अलग-अलग रंग के एक दूसरे से जुड़े हुए छल्ले (चक्र) बने होते हैं यह पाँचों चक्र अलग-अलग महाद्वीप को इंगित करते हैं। दायें भाग से प्रथम स्थान पर लाल चक्र होता है जो अमेरिका (उत्तरी एवं दक्षिणी) महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करता है उसके बाद हरे रंग का चक्र होता है जो आस्ट्रेलिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करता है **तत्पश्चात काले रंग का चक्र होता है जो अफ्रीका महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करता है** तथा उसके बाद पीले रंग का चक्र होता है जो एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करता है तथा अन्त में सबसे बाए नीले रंग का चक्र होता है जो यूरोप महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करता है।

39. कबड्डी में कितने खिलाड़ी होते है?

(a) आठ (b) सात
(c) नौ (d) बारह

Ans. : (b) कबड्डी मूलतः भारतीय खेल है। इस खेल की शुरूआत भारत के तमिलनाडु राज्य में हुई। इस खेल में दो टीम होती है और प्रत्येक टीम में 7-7 खिलाड़ी कोर्ट में होते हैं जबकि 5-5 खिलाड़ी सुरक्षित खिलाड़ी के रूप में होते हैं। वर्ष 1950 ई. में कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय कबड्डी फेडरेशन की स्थापना की गई। पुरुषों के लिए पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1952 में मद्रास (चेन्नई) में आयोजित की गई। महिलाओं की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1955 में कलकत्ता में हुई।

40. राग़ पीलू किस वर्ग से आता है?

(a) शुद्ध
(b) संकीर्ण
(c) दोनों में (उपरोक्त 1 एवं 2 में)
(d) किसी में नहीं

Ans. : (b) राग पीलू में अनेक रागों की छाया यदा-कदा दिखाई पड़ती है, इसलिए इसे संकीर्ण जाति का राग कहा जाता है। यह चंचल और शृंगार प्रकृति का राग है। अतः ठुमरी, टप्पा, भजन आदि इस राग में बहुत जनप्रिय हैं।

41. कौन सा विषय राज्य सूची में उल्लिखित नहीं है?

(a) कृषि (b) कानून व्यवस्था
(c) नागरिकता (d) भूमि एवं राजस्व

Ans. : (c) नागरिकता राज्य सूची का विषय न होकर संघ सूची का विषय है। भारतीय संविधान के सातवीं अनुसूची में केन्द्र एवं राज्यों के बीच शक्ति का विभाजन किया गया है। शक्ति के विभाजन के लिए तीन सूचियों संघ-सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची का वर्णन किया गया है। संघ सूची के अन्तर्गत वे विषय शामिल किए गये हैं जिस पर कानून बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार को है। इस सूची में कुल प्रारम्भ में **97 (अभी 100) विषय** शामिल किए गये हैं। राज्य सूची के अंतर्गत वे विषय सम्मिलित किए गये है जिन पर कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार को है। इसमे **कुल 66 (अभी 61) विषय** सम्मिलित हैं।

तथा अन्तिम सूची समवर्ती सूची है। इस सूची में सम्मिलित विषय पर राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों कानून बना सकते है परन्तु अन्तर्विरोध की स्थिति में संघ द्वारा बनाया गया कानून मान्य होता है। इस सूची में **कुल 47 (अभी 52) विषय** हैं। समवर्ती सूची की संकल्पना **आस्ट्रेलिया** के संविधान से ग्रहण किया गया है। अतः कृषि, कानून व्यवस्था एवं भूमि और राजस्व, राज्य सूची का विषय है जबकि नागरिकता संघ सूची का विषय है।

42. किन आधारों पर राष्ट्रपति राज्यपाल को पद्च्युत कर सकेगा?

(a) कदाचार
(b) असमर्थता
(c) संविधान का उल्लंघन
(d) राज्यपाल की पद्च्युति के आधार का संविधान में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

Ans. : (d) राज्यपाल राज्य की कार्यपालिका का वैधानिक प्रधान होता है इसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 के तहत की जाती है। राज्यपाल अपने पद पर राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त बना रहता है। सामान्यतः राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। राज्यपाल के पदच्युति का आधार संविधान में वर्णित नहीं है।

43. राज्य विधान सभा की अधिकतम सदस्य संख्या है

(a) 400 (b) 500
(c) 450 (d) 550

Ans. : (b) राज्य विधानमण्डल का निम्न सदन विधान सभा कहलाता है किसी भी विधान सभा में अधिकतम 500 सदस्य हो सकते हैं तथा न्यूनतम सदस्यों की संख्या 60 हो सकती है। परन्तु तीन राज्य इसके अपवाद है- **गोवा (40) सदस्य, मिजोरम (40 सदस्य), सिक्किम (32 सदस्य) एवं पुडुच्चेरी (30 सदस्य)**। विधान सभा के सदस्यों की न्यूनतम उम्र सीमा **25 वर्ष** निर्धारित की गई है।

44. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने निम्न में से कौन से अधिकारों को ''संविधान का हृदय और आत्मा'' कहा है?

(a) समानता का अधिकार
(b) स्वतंत्रता का अधिकार
(c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(d) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. : (c) भारतीय संविधान के संवैधानिक उपचारों के अधिकार **(अनुच्छेद-32)** को डॉ भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का 'हृदय और आत्मा' कहा है, जबकि **पं. जवाहर लाल नेहरू ने प्रस्तावना को संविधान की आत्मा** कहा है।

45. सोनालिका किस फसल की प्रजाति है?

(a) मक्का (b) जौ
(c) गेहूँ (d) धान

Ans. : (c) सोनालिका एवं कल्याण सोना गेहूँ की अधिक उपज वाली प्रजाति है। यह प्रजाति मैक्सिको से आई है। गेहूँ की अन्य प्रजातियाँ है- PBW 343, UP 2338, लोक -1, Raj, WH-147, WH-511 आदि।

46. बाज़रा के लिए बीज दर है

(a) 8 किग्रा./हे. (b) 4 किग्रा./हे.
(c) 12 किग्रा./हे. (d) 16 किग्रा./हे.

Ans. : (b) बाजरे की बुआई के लिए बीज दर 4-5 किलोग्राम/हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। बाजरा खरीफ की फसल है जिसकी बुआई जुलाई के माह में की जाती है। अतः सर्वाधिक नजदीक का उत्तर 4 किलोग्राम/हेक्टेयर सही होगा।

47. सिंचाई की किस विधि में सर्वाधिक पानी की बचत होती है?

(a) टपक सिंचाई विधि (b) कूँड़ विधि
(c) छल्ला विधि (d) प्रवाह विधि

Ans. : (a) टपक सिचाई विधि में पानी की सर्वाधिक बचत होती है इस विधि के अन्तर्गत खेतों में पानी के पाइप का जाल बिछा दिया जाता है तथा पेड़ों के जड़ों के पास पानी निकलने की एक टोटी लगा दी जाती है जहाँ से बूंद-बूंद करके जल पौधों के जड़ों में जाता है इससे पौधों को पर्याप्त जल भी मिल जाता है और पानी की बचत भी हो जाती है। इस विधि का सर्वप्रथम आरम्भ इजराइल में हुआ था।

48. गेहूँ की प्रथम क्रान्तिक अवस्था है

(a) बालियाँ निकलना (b) दुग्धावस्था
(c) कल्ले निकलना (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (d) क्रांतिक अवस्था का निर्धारण फसल में सिंचाई की आवश्यकता के अनुसार किया जाता है। इस आधार पर गेहूँ को बोने के 20-25 दिन बाद क्राउन रूट निकलते समय की अवस्था को प्रथम क्रान्तिक अवस्था कहते हैं। कल्ले के विकास की अवस्था (40-45 दिन) द्वितीय अवस्था होती है। इस आधार पर उत्तर (d) सही है। **जबकि UP TET उत्तर-पत्रक** में कल्ले निकलने की अवस्था अर्थात् विकल्प (c) को माना है।

49. मृदा विज्ञान की वह शाखा जिसमें मृदा का अध्ययन पादप वृद्धि के दृष्टिकोण से किया जाता है, उसे कहते हैं

(a) पारिस्थितिकी (b) भूगर्भ विज्ञान
(c) पेडॉलोजी (d) इडैफोलोजी

Ans. : (d) मृदाविज्ञान की वह शाखा जिसमें मृदा का अध्ययन पादप वृद्धि के दृष्टिकोण से किया जाता है उसे मिट्टी विशेष ज्ञान कहते है। मिट्टी विशेष ज्ञान को अंग्रेजी शब्द Edaphalogy (इडैफोलॉजी) शब्द से प्रदर्शित किया जाता है।

50. वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं है। इस पर कब प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है?

(a) राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के पक्ष में।
(b) संसद और न्यायालय की अवमानना या मानहानि।
(c) लोक व्यवस्था, शिष्टाचार एवं सदाचार।
(d) उपरोक्त सभी आधारों पर।

Ans. : (d) वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान के भाग 3 में निहित मूल अधिकारों की श्रेणी के अन्तर्गत आती है। सामान्यतः मौलिक अधिकारों को सीमित या कम नहीं किया जा सकता परन्तु कुछ विशेष परिस्थितियों को वाक और अभिव्यक्ति के अधिकार को सीमित, कम या समाप्त किया जा सकता है। वह विशेष परिस्थितियां निम्न हैं-
1. राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के पक्ष में
2. संसद और न्यायालय की अवमानना की दृष्टि से
3. लोक व्यवस्था, शिष्टाचार एवं सदाचार की दृष्टि से

51. फर्टीगेशन का सम्बन्ध है
(a) परागण से (b) निषेचन से
(c) संकरण से (d) जल एवं उर्वरक देने से

Ans. : (d) फर्टीगेशन का अर्थ है **सिचाई जल के द्वारा उवर्रक देना।** ताकि उर्वरक एवं सिचाई जल दोनों की ही उर्वरक क्षमता बढ़ जाए। फर्टीगेशन विधि व्यापारिक दृष्टि से 20 वीं शताब्दी के मध्य में प्रारम्भ हुई लेकिन सिंचाई के साथ तत्वों को घोलकर देना एक पुरानी पद्यति है। इसका प्रयोग **400 ई. पू. एथेंस में किया** जाता था।

52. मुरब्बा बनाने के लिए अनुपयुक्त फल है
(a) बेल (b) आँवला
(c) सन्तरा (d) सेब

Ans. : (c) मुरब्बा ऐसे फल से बनाया जाना उपयुक्त होगा जिसका गुदा ठोस अवस्था में हो जैसे- आम, आँवला, बेल एवं सेब आदि। क्योंकि अगर फल ठोस नहीं होगा तो उसका गुदा विलयन की तरह व्यवहार करने लगेगा और मुरब्बा नहीं बन पाएगा। सन्तरा फल मुरब्बे के लिए अनुपयुक्त होगा।

53. जेली में कितना प्रतिशत कुल घुलनशील ठोस पाया जाता है?
(a) 65 (b) 75
(c) 45 (d) 55

Ans. : (a) जेली एक प्रकार से पदार्थ की अवस्था है जिसमें ठोस पदार्थ एवं द्रव पदार्थ का मिश्रण होता है। जेली में उपस्थित ठोस पदार्थ घुलनशील होते है इस अवस्था में पदार्थ को किसी भी आकार में ढ़ाला जा सकता है। इस प्रकार के पदार्थ में घुलनशील ठोस पदार्थ एवं द्रव का अनुपात 65:35 को होता है। अर्थात 100 इकाई जेली में 65 इकाई घुलनशील ठोस पदार्थ तथा 35 इकाई द्रव पदार्थ होते है।

54. चित्रकला के तत्त्व होते हैं
(a) वर्ण एवं तान
(b) पोत एवं अन्तराल
(c) रेखा एवं रूप
(d) उपर्युक्त सभी

Ans. : (d) चित्रकला एक प्रकार की कला है जिसमें चित्र के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति की जाती है। इस कला के मुख्य तत्व रेखा एवं रूप, वर्ण एवं तान, तथा पोत और अंतराल होते हैं।

55. विरोधी रंग कौन से हैं?
(a) लाल-हरा (b) हरा-नीला
(c) पीला-लाल (d) नीला-बैंगनी

Ans. : (a) विरोधी रंग लाल व हरा हैं। प्राथमिक व द्वितीयक रंगों के मिश्रण से जो रंग बनते हैं उन्हें विरोधी रंग कहा जाता है। आस्टवाल्ड वर्ण चक्र में प्रदर्शित किए गए आमने-सामने के रंग विरोधी रंग कहलाते हैं। जैसे नीले का विरोधी रंग पीला, नारंगी का वरिोधी रंग आसमानी व बैगनी का विरोधी रंग धानी आदि।

56. आधुनिक भारतीय कला का पितामह कौन था?
(a) एम.एफ. हुसैन (b) अवनीन्द्र नाथ
(c) अमृता शेरगिल (d) नन्दलाल बोस

Ans. : (b) अवनीन्द्र नाथ टैगोर को आधुनिक भारतीय कला का पितामह कहा जाता है। इन्होंने ही चित्रकला में स्वदेशी मूल्यों को स्थापित किया। अवनीन्द्र नाथ ने बंगाल में **'बंगाल स्कूल आफ आर्ट'** की स्थापना की जिसके द्वारा आधुनिक भारतीय चित्रकला की शुरूआत हुई।

57. कालानुक्रम के अनुसार सही क्रम में चुनें-
(a) पहाड़ी शैली, मुगल शैली, बंगाल शैली, कम्पनी शैली
(b) कम्पनी शैली, मुगल शैली, पहाड़ी शैली, बंगाल शैली
(c) बंगाल शैली, मुगल शैली, कम्पनी शैली, पहाड़ी शैली
(d) मुगल शैली, पहाड़ी शैली, कम्पनी शैली, बंगाल शैली

Ans. : (d) भारतीय चित्रकला की विभिन्न शैलियों का विकास अलग-अलग समय में हुआ जिनका सही क्रम इस प्रकार है-
मुगलशैली-पहाड़ीशैली-कम्पनीशैली-बंगाल शैली
मुगल चित्रकला शैली का विकास मुगल काल में हुमायूँ के द्वारा प्रारम्भ किया गया तथा जहाँगीर के काल में चित्रकला का विकास अपने चर्मोत्कर्ष पर पहुँच गया तथा जहाँगीर के कला को मुगल चित्रकला शैली का स्वर्ण काल कहा जाता है।

58. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ शांरगदेव द्वारा रचित है?
(a) संगीत रत्नाकर (b) राग मंजरी
(c) गीत गोविन्द (d) संगीत मकरन्द

Ans. : (a) शारंगदेव द्वारा रचित ग्रंथ 'संगीत रतनाकर' है। इस ग्रंथ में संगीत व नृत्य का विस्तार से वर्णन मिलता है। शारंगदेव यादव राजा सिंघण (1210-1247) के दरबारी थे। शारंगदेव पर दक्षिण भारतीय संगीत का विशेष प्रभाव था। इनका मुख्य मेल 'मुखारि' है यह दक्षिणी संगीत का मुख्य मेल है। संगीत रत्नाकर में सात अध्याय है इसलिए इसे सप्ताध्यायी भी कहते हैं।

59. 'आमद' शब्द संबंधित है
(a) तबला से (b) गायन से
(c) सितार से (d) नृत्य से

Ans. : (d) आमद शब्द **नृत्य से सम्बंधित** है जो कत्थक नृत्य का प्रारम्भिक भाग है। कत्थक नृत्य उत्तर भारत एवं मुख्यतः उत्तर प्रदेश राज्य का नृत्य है।

60. बन्चीटॉप एक बीमारी है
(a) आम की (b) लीची की
(c) केला की (d) सेब की

Ans. : (c) बन्चीटॉप केले के फसल में होने वाली बीमारी है जो बन्चीटॉप वायरस (विषाणु) से फैलती है। इस बीमारी में केले के फल प्रभावित होते है जिसमें उनकी वृद्धि अवरोधित हो जाती है। इस बीमारी की पहचान सर्वप्रथम 1879 ई. में फिजी देश में की गई।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2014

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 23 फरवरी, 2014)

1. 'दीन-ए-इलाही' की स्थापना किसने की?

(a) मोहम्मद गजनवी (b) हुमायूँ
(c) अकबर (d) शेरशाह सूरी

Ans : (c) दीन ए-इलाही धर्म की स्थापना अकबर के द्वारा 1582 ई. में की गई। यह सभी धर्मो के अच्छे गुणों का मिश्रित स्वरुप है। दीन-ए-इलाही को तौहीद-ए-इलाही के नाम से भी जाना जाता है।

2. निम्नलिखित मे से किसे 'भारतीय नेपोलियन' कहा जाता है?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) हर्षवर्द्धन
(c) चन्द्रगुप्त विकमादित्य (d) समुद्रगुप्त

Ans : (d) गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त (335-380 ई.) के विजय अभियान को देखते हुए इतिहासकार विसेंट स्मिथ ने उसे 'भारत का नेपोलियन' कहा है।

3. 'त्रिपिटक' ग्रंथ किस धर्म से सम्बन्धित है?

(a) वैदिक धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) जैन धर्म (d) शैव धर्म

Ans : (b) 'त्रिपिटक' बौध धर्म का ग्रंथ है। इस बौध ग्रंथ में तीन पिट्क है-
1. सुत्त-पिटक (बौद्र धर्म का सिद्धान्त)
2. विनय-पिटक (बौद्ध संघ के नियम)
3. अभिधम्म पिट्क (बौद्र दर्शन)

4. 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण करने वाला प्रथम गुप्त शासक था-

(a) श्रीगुप्त (b) घटोत्कच
(c) चन्दगुप्त प्रथम (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

Ans. : (c) चन्द्रगुप्त प्रथम (319-335) गुप्त वंश का प्रथम स्वतंत्र शासक था तथा इसी के द्वारा सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की पद्वी (उपाधि) धारण की गई।

5. हुमायूँनामा किसने लिखा?

(a) अबुल फजल (b) बदायूँनी
(c) गुलबदन बेगम (d) हुमायूँ

Ans : (c) 'हुमायूँनामा' की रचना हुमायूँ की बहन गुलबदन बेगम के द्वारा की गई। अबुलफजल के द्वारा 'आइन-ए-अकबरी' तथा 'अकबरनामा' की रचना की गई थी। बदायूँनी की प्रमुख रचना 'मुंतखाब अत तवारीख' है।

6. भारत में परमाणु शक्ति का केन्द्र कौन-सा है?

(a) डिगबोई (b) चन्द्रपुर
(c) रानीगंज (d) कलपक्कम

Ans : (d) कलपक्कम परमाणु विद्युत केन्द्र तमिलनाडु राज्य में स्थित है। इसकी स्थापना 1983 ई. में रुस के सहयोग से की गई।

7. पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य अधिकतम दूरी की स्थिति को किस नाम से जानते है?

(a) उपसौर (b) अपसौर
(c) विषुव (d) संचालन

Ans : (b) 4 July को पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर स्थित होती है यह घटना **अपसौर** (Aphelion) कहलाती है तथा 3 Jan को पृथ्वी सूर्य से निकटतम दूरी पर स्थित होती है, यह घटना **उपसौर** (Perihelion) कहलाती है।

8. निम्नलिखित तिथियों मे से किस पर ग्रीष्म अयनान्त होता है?

(a) 22 दिसम्बर (b) 21 मार्च
(c) 23 सितम्बर (d) 21 जून

Ans : (d) 21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत चमकता है परिणामस्वरुप उत्तरी गोलार्ध मे सबसे बड़ा दिन होता है तथा ग्रीष्म ऋतु होती है। यह घटना कर्क संक्रांति या ग्रीष्म अयनान्त कहलाती है। 22 दिसम्बर को सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है परिणामस्वरूप उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन होता है तथा शीत ऋतु होती है।

9. निम्नलिखित पर्वत प्रकारों में से कौन भ्रंशन द्वारा उत्पन्न होता है?

(a) वलित पर्वत (b) ज्वालामुखी पर्वत
(c) गुम्बदाकार पर्वत (d) अवरोधी पर्वत

Ans : (d) अवरोधी (Block) पर्वत का निर्माण भ्रंशन के द्वारा होता है इसका ढाल तीव्र तथा शिखर समतल होता है। जैसे-ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी) साल्टरेंज (पाकिस्तान)।

10. निम्नलिखित देशों मे से किसमें मेयान ज्वालामुखी पर्वत स्थित है?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका में
(b) फिलीपीन्स में
(c) चीली में
(d) जापान में

Ans : (b) मेयान ज्वालामुखी एक सक्रिय ज्वालामुखी है जो फिलीपीन्स के लुजोन द्वीप पर स्थित है।

11. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित नही है?

(a) एश्चुअरी - नदी (b) लटकती घाटी - हिमानी
(c) नूनाटक - भूमिगत जल (d) यारडंग - पवन

Ans : (c)
(a) एश्चुअरी - नदी
(b) लटकती घाटी - हिमानी
(c) नूनाटक - किसी हिमानी (ग्लेशियर) हिमचादर या अन्य बर्फ से पूरी तरह ढके हुए विस्तृत क्षेत्र में एक बर्फ रहित खुला हुआ पथरीला पहाड़ या चट्टान होता है। इन्हें हिमानी भी कहा जाता है।
(d) यारडंग - पवन

12. बिजली चमक एवं मेघ गर्जन विशेषताएँ है

(a) क्षोभमण्डल की (b) समतापमण्डल की
(c) मध्यमण्डल की (d) आयनमण्डल की

Ans : (a) वायुमण्डल में घटने वाली सभी प्रकार की घटनाएँ (मेघ गर्जन, आँधी, वर्षा आदि) वायुमण्डल के सबसे निचले परत क्षोभमण्डल में घटित होती हैं। समतापमण्डल में वायुयान उड़ाने की सबसे आदर्श दशाएँ होती है।

13. निम्नलिखित मे से कौन-सी शीत महासागरीय धारा है?

(a) ब्राजील धारा (b) क्यूरोशियो धारा
(c) बेंगुएला धारा (d) गल्फ स्ट्रीम

Ans : (c) बेंगुएला जल धारा, दक्षिणी अटलांटिक महासागर की ठण्डी जल धारा होती है जो दक्षिणी अटलांटिक में अफ्रीका के पश्चिमी तट के सहारे उत्तर की ओर चलती है। ब्राजील धारा अटलांटिक महासागर में ब्राजील तट पर चलने वाली गर्म जलधारा है। क्यूरोशियो धारा जापान तट पर चलने वाली गर्म जलधारा है। गल्फस्ट्रीम अटलांटिक महासागर में मैक्सिको की खाड़ी से उत्पन्न गर्म जलधारा है।

14. 'सूचना का अधिकार' अधिनियम कब पारित किया गया?

(a) जुलाई, 2007 (b) जून, 2006
(c) मार्च, 2005 (d) जून, 2005

Ans : (d) सूचना का अधिकार अधिनियम **15 जून, 2005** को संसद में पारित किया गया तथा यह अधिनियम **12 अक्टूबर, 2005** से देश में प्रभावी हुआ।

15. भारत मे दल विहीन लोकतन्त्र का प्रस्ताव सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया?

(a) जयप्रकाश नारायण (b) एम.एन.राय
(c) महत्मा गाँधी (d) विनोबा भावे

Ans : (a) भारत में सर्वप्रथम दलविहिन लोकतंत्र का प्रस्ताव लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा प्रस्तुत किया गया। जयप्रकाश नारायण द्वारा भारत में इंदिरा गांधी के शासनकाल में 1975 में सम्पूर्ण क्रांति की शुरुआत की गयी थी।

16. संविधान मे मूल कर्त्तव्यों को किस समिति की अनुशंसा पर शामिल किया गया?

(a) कर्ण सिंह समिति (b) कृपलानी समिति
(c) स्वर्ण सिंह समिति (d) अशोक मेहता समिति

Ans : (c) सरदार स्वर्ण सिंह की सिफारिश पर भारत के संविधान में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम (1976) के द्वारा अनु. 51(क) के रुप में मौलिक कर्त्तव्य को शामिल किया गया। भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य रुस के संविधान से ग्रहण किया गया है।

17. वित्त आयोग के गठन का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(a) अनुच्छेद 280 (b) अनुच्छेद 270
(c) अनुच्छेद 380 (d) अनुच्छेद 180

Ans : (a) भारतीय संविधान के अनु. 280 के तहत वित्त आयोग का गठन किया गया है। वित्त आयोग का मुख्य कार्य राज्य तथा केन्द्र सरकारों के बीच वित्त का आवंटन करना है। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह हैं।

18. संवैधानिक प्रश्नों की सुनवाई निम्न में से कितने न्यायाधीश करते हैं?

(a) 5 (b) 10
(c) 7 (d) 9

Ans : (a) संवैधानिक प्रश्नों की सुनवाई के लिए 5 न्यायाधीशों की बेंच गठित की जाती है।

19. लोक अदालत द्वारा पहली बार मुकदमों की सुनवाई कब की गई?

(a) 6 अक्टूबर, 1985 (b) 4 अप्रैल, 1977
(c) 26 जनवरी, 1950 (d) 23 सितम्बर, 2013

Ans : (a) भारत में आधिकारिक रूप से लोक अदालत की पहली सुनवाई 6 अक्टूबर 1985 को दिल्ली में की गई। इस लोक अदालत का उद्घाटन तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायधीश पी.एन.भगवती द्वारा किया गया।

20. संविधान सभा किसके अन्तर्गत स्थापित की गई थी?

(a) क्रिप्स मिशन (b) कैबिनेट मिशन
(c) वैवेल प्लान (d) नेहरू रिपोर्ट

Ans : (b) मार्च 1946 में कैबिनेट मिशन भारत आया जिसका मुख्य कार्य भारतीयों को सत्ता हस्तानान्तरित करने के उपाय सुझाना था। इसी मिशन की सिफारिश पर July 1946 में संविधान सभा का गठन किया गया। संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 Dec 1946 को आयोजित की गई थी जिसकी अध्यक्षता डा. सच्चिदानन्द सिन्हा द्वारा की गई थी।

21. दक्षेस के किस देश में संविधान निर्मात्री सभा का हाल में चुनाव हुआ?

(a) बांग्लादेश (b) नेपाल
(c) मलदीव (d) भूटान

Ans : (b) दक्षेस (दक्षिण एशियाई देशों का क्षेत्रीय संगठन) समूह के सदस्य देश नेपाल में नवम्बर (2013) को संविधान निर्माण हेतु संविधान निर्मात्री सभा के लिए चुनाव सम्पन्न कराये गये। वर्तमान में दक्षेस में 8 सदस्य देश हैं।

22. पं. शारंगदेव द्वारा रचित ग्रन्थ का नाम है

(a) संगीत सुधारकर (b) संगीत दिवाकर
(c) संगीतशास्त्र (d) संगीत रत्नाकर

Ans : (d) भारतीय संगीतशास्त्र के विद्वान प. शारंगदेव के द्वारा संगीत एवं नाटक की प्रसिद्ध पुस्तक 'संगीत रत्नाकर' की रचना की गई।

23. भारत में सांगीतिक विकास के क्रम में किस काल को स्वर्णयुग कहा जाता है?

(a) मध्य काल (b) प्राचीन काल
(c) ब्रिटिश काल (d) आधुनिक काल

Ans : (a) मध्यकाल को भारतीय संगीत का स्वर्ण काल कहा जाता है क्योंकि इस काल के शासकों द्वारा प्रसिद्ध संगीत विद्वानों को प्रश्रय दिया गया। जिनके द्वारा संगीत के क्षेत्र में अभूतपूर्व खोज हुई तथा संगीत की कई नवीन शैलियों का विकास हुआ।

24. क्रमिक पुस्तक मालिका किसने लिखी है?

(a) पं. वि ना भातखण्डे (b) पं. ना ल गुणे
(c) पं. वि दि पलुष्कर (d) पं. दि कैंकणी

Ans : (a) क्रमिक पुस्तक मालिका, हिन्दुस्तानी संगीत के पुनरुद्धारक पण्डित विष्णुनारायण भातखण्डे द्वारा लिखी गयी। पं. भातखण्डे की अन्य रचनाएँ प्रमुख हैं- श्री कमलकस्य संगीतम् तथा अभिनव राग-मंजरी। प. विष्णुनारायण भातखण्डे की स्मृति में लखनऊ में भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है।

25. इनमें एक सन्धि प्रकाश राग है-

(a) जौनपुरी (b) भैरवी
(c) बिहाग (d) वृन्दावनी सारंग

Ans : (b) राग भैरव (राग भैरवी) संधि प्रकाश (उषा काल) में गाया जाने वाला राग है। रागों का समय सिद्धांत यह बताता है कि राग को किस प्रहर में गाना है, जो राग में लगे स्वरों से पता चलता है। यहाँ संधि से आशय जोड़ना व प्रकाश से आशय रोशनी से। संधि प्रकाश का अर्थ है वह रोशनी जहाँ रात और दिन मिलते हैं। रागों का समयानुसार विभाजन निम्न हैं-

1. **प्रातःकाल में गाया जाने वाला राग -** गंधार, पटमंजरी, ललित, मल्लार, सामवेदी, बसंत, सैंधवी आदि।
2. **मध्यान काल में गाया जाने वाला राग -** मनोहारी, शंकराभरण, दोम्भली, कैशिकी, बाहुली, मुखारी, मंगल कौशिक आदि।
3. **सायंकाल में गाया जाने वाला राग -** रंजनी, नाटी, गौल, श्रीराम, अहीर, शुद्धनट।
4. **सूर्योदय व सूर्यास्त के तीन घण्टे पहले गाये जाने वाले राग -** देशाक्षी, भैरव, वराटिका, शुद्ध द्रावटिराग।
5. **सूर्योदय व सूर्यास्त के तीन घण्टे बाद गाये जाने वाले राग -** मल्लारी, आन्दोली, रामकृति, छायानट।

26. इनमें एक संगीतमय माना जाता है–

(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद

Ans : (b) सामवेद को भारतीय संगीत का प्रारम्भिक स्रोत माना जाता है। इसमें संगीत की विभिन्न विधियों एवं पक्षों का उल्लेख किया गया है।

27. 'अल्फांसो' एक प्रचलित किस्म है–

(a) नाशपाती की (b) केला की
(c) आम की (d) सेब की

Ans : (c) अल्फांसों आम की एक प्रचलित प्रजाति है। इस प्रजाति के आमों का निर्यात यूरोपीय देशों में होता है। रत्नागिरि (महाराष्ट्र) का अल्फांसों आम सर्वाधिक प्रसिद्ध है।

28. पहाड़ी क्षेत्रों में बाग लगाने की कौन-सी विधि अपनाई जाती है?

(a) षट्भुजाकार विधि (b) आयताकार विधि
(c) कण्टूर विधि (d) पूरक विधि

Ans. : (c) कण्टूर विधि- सीढ़ीनुमा खेती होती है जो पहाड़ी ढ़ालों पर बनायी जाती है तथा इस विधि द्वारा पहाड़ों पर खेतो में बाग लगाए जाते है। षट्भुजाकार विधि में 6 पौधे मिलकर षट्भुजाकार आकार बनाते हैं और 7वां पौध इनके बीच में लगाया जाता है। इस विधि में पौधों को फैलने व बढ़ने के लिए सही जगह मिलती है। आयताकार विधि में 2 लाइनों में 4 पौधे मिलकर एक आयत बनाते हैं।

29. जेली बनाने के लिए अति आवश्यक है

(a) साइट्रिक एसिड (b) फल का गूदा
(c) नमक (d) पेक्टिन

Ans. : (d) जेली बनाने के लिए अतिआवश्यक तत्व पेक्टिन है। पेक्टिन फलों से प्राप्त होता है। ऐसे फल जिनमें पेक्टिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है वे हैं - अमरूद, सेब, करौंदा, आम, कैथा, खट्टे अंगूर, निम्बू, संतरा आदि।

30. आम की कौन-सी किस्म बहुभ्रूणीय है?

(a) अल्फांसो (b) नीलम
(c) चन्द्रकली (d) दसहरी

Ans : (c) चन्द्रकली, आम की एक प्रजाति है जो बहुभ्रूणीय होती है यह प्रजाती मुख्यतः केरल में उगायी जाती है।

31. 'गार्डेन रेक' का उपयोग किया जाता है

(a) कृन्तन हेतु
(b) पौध प्रसारण हेतु
(c) खरपतवार एकत्रीकरण हेतु
(d) काट-छाँट हेतु

Ans : (c) 'गार्डेन रेक' एक मशीनी संयत्र होता है जिसकी सहायता से खरपतवार को एक जगह एकत्र किया जाता है।

32. अचल सन्धि पाई जाती है

(a) कोहनी में (b) कपाल में
(c) कलाई में (d) घुटने में

Ans : (b) अचल संधि कपाल (सिर) की हड़िडयों में पाया जाता है। अचल संधियों में दोनों अस्थियों के बीच में खाली स्थान नहीं होता। इस कारण अस्थियों के संगम स्थान पर किसी प्रकार की गति नहीं होती है। दोनों अस्थियाँ तंतु-ऊतक (Fibre Tissue) द्वारा आपस में जुड़ी रहती हैं। ये संधियां तीन प्रकार की होती हैं- सीवन (Sutures), दंतमूलसंधि (Gomphosis) तथा तांतव संधि (Syndesmosis)।

33. जल का रासायनिक सूत्र है–

(a) H_2O_2 (b) H_2O
(c) HO_2 (d) 2HO

Ans : (b) जल का रासायनिक सूत्र H_2O होता है। जिसमें हाइड्रोजन परमाणु के दो अणु तथा आक्सीजन परमाणु के एक अणु संयुग्मित होते है।

34. रक्त की शुद्धि किस अंग में होती है?

(a) गुर्दा (b) हृदय
(c) अमाशय (d) फेफड़े

Ans : (a) गुर्दा (Kidneys) मानव शरीर के रक्त को शुद्ध करने का कार्य करता है। किडनी में मौजूद अनेकों छोटी-छोटी छन्नियों से रक्त छनकर शुद्ध होता है। किडनी खराब होने पर डायलिसिस द्वारा रक्त का शुद्धि करण किया जाता है।

35. लार ग्रन्थियों द्वारा कौन-सा पाचक रस स्रावित होता है?

(a) टायलिन (b) रेनिन
(c) एमाइलेज (d) पेप्सिन

Ans : (a) लार ग्रंथियो द्वारा टायलिन नामक पाचक रस (एंजाइम) श्रावित किया जाता है जो भोजन को पचाता है। यह भोजन में उपस्थित 30% माल्टोज को शर्करा में बदल देता है।

36. किस प्रकार के वस्त्रों में अरारोट का कलफ लगाया जाता है?

(a) ऊनी (b) सूती
(c) रेशमी (d) कृत्रिम तन्तु

Ans : (b) सूती वस्त्रों में अरारोट का कलफ लगाया जाता है जिससे वस्त्र कड़ा एवं चमकीला हो जाता है।

37. निम्न में किस प्रकार का मृदा जल पौधों द्वारा ग्रहण किया जाता है।

(a) गुरुत्वीय जल (b) केशिका जल
(c) आर्द्रताग्राही जल (d) इनमें से कोई नहीं

Ans : (b) मृदा में उपस्थित केशिका जल को पौधों के जड़ों द्वारा ग्रहण किया जाता है।

38. दूध में सर्वाधिक वसा (प्रतिशत) उत्पादन वाली भैंस की नस्ल है।

(a) जाफराबादी (b) मुर्रा
(c) मेहसाना (d) भदावरी

Ans : (d) दूध में सर्वाधिक वसा (प्रतिशत) उत्पादन करने वाली भैस भदावरी नस्ल की होती है। इस नस्ल की भैसों में वसा का प्रतिशत मात्रा 6-12% होता है।

39. गुल्ली-डण्डा (फैलेरिस माइनर) किस फसल का प्रमुख खरपतवार है?

(a) मटर (b) बाजरा
(c) मक्का (d) गेहूँ

Ans : (d) गुल्ली-डंडा (फैलेरिस माइनर) गेहूँ की फसल का प्रमुख खरपतवार है जो गेहूँ के साथ ही खेतों में उगता है। इसे बलूरी/बरुली या गेहूँ का मामा के नाम से भी जाना जाता हैं।

40. भण्डारण के समय बीज में नमी प्रतिशत होना चाहिए–

(a) 8-10 (b) 20-25
(c) 30-35 (d) 40-45

Ans : (a) भण्डारण के समय बीज में नमी प्रतिशत लगभग 8-10% तक होना चाहिए।

41. निम्न में कौन भू-क्षरण का कारक नहीं है?

(a) जल (b) वायु
(c) ढाल के विपरीत जुताई (d) तृण रहित खेती

Ans : (c) भू-क्षरण के कारक
-जल - वायु
-तृण रहित खेती - वर्षा
-मेड़वंदी का न होना - उचित प्रबंधन का न होना
ढाल के विपरीत जुताई भूक्षरण को कम करने में सहायक होता है।

42. इन्द्रधनुष में नीले रंग के बाद कौन-सा रंग आता है?

(a) लाल रंग (b) बैंगनी रंग
(c) हरा रंग (d) गहरा नीला रंग

Ans : (c) इन्द्रधनुष में सात रंग होते हैं जिनका क्रम – बैगनी, जामुनी (Indigo), नीला (Blue), हरा, पीला, नारंगी तथा लाल रंग। अतः नीले रंग के बाद हरा रंग आता है।

43. 'रस्किन' के अनुसार कला क्या है?

(a) कला जीवन है (b) कला सौन्दर्य है
(c) कला अभिव्यक्ति है (d) कला अनुकृति है

Ans : (a) रस्किन बाण्ड प्रसिद्ध लेखक तथा कहानीकार थे। इनके अनुसार जीवन एक कला है अर्थात कला जीवन है।

44. राज्य ललित कला अकादमी कहाँ स्थित है?

(a) आगरा (b) लखनऊ
(c) इलाहाबाद (d) कानपुर

Ans : (b) उत्तर प्रदेश में राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ में स्थित है।

45. 'बाज' पक्षी नामक चित्र का चित्रण किस मुगल शासक के काल में हुआ था।

(a) अकबर (b) बाबर
(c) हुमायूँ (d) जहाँगीर

Ans : (d) 'बाज' पक्षी के चित्र का चित्रण मुगल शासक जहाँगीर के शासन काल में की गई थी। जहाँगीर के शासन काल को चित्रकला का स्वर्ण काल कहा जाता है। इसे उस्ताद मंसूर ने बनाया था।

46. प्राथमिक रंग कितने होते है?

(a) दो (b) तीन
(c) पाँच (d) एक

Ans : (b) प्राथमिक रंग तीन होते है-लाल, हरा एवं नीला । इसे मूल रंग भी कहा जाता है।

47. पेनाल्टी स्ट्रोक किस खेल से सम्बन्धित है?

(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) क्रिकेट (d) वॉलीबॉल

Ans : (a) पेनाल्टी स्ट्रोक हॉकी के खेल से सम्बन्धित है

48. टेक ऑफ बोर्ड किस स्पर्द्धा से सम्बन्धित है?

(a) ऊँची कूद (b) लम्बी कूद
(c) जैवलिन (d) शॉट पुट

Ans : (b) टेक आफ बोर्ड शब्द लम्बी कूद स्पर्धा से सम्बंधित है। टेक आफ बोर्ड एक स्थान होता है जहाँ से खिलाड़ी कूदता है।

49. बोनस लाइन (Bonus Line) किस खेल से सम्बन्धित है।

(a) खो-खो (b) कबड्डी
(c) बैडमिण्टन (d) वॉलीबॉल

Ans : (b) बोनस लाइन शब्द कबड्डी के खेल से सम्बंधित है।

50. फुटबॉल टीम में खिलाड़ियों की संख्या होती है–

(a) 13 (b) 11
(c) 7 (d) 9

Ans : (b) फुटबाल के प्रत्तेक टीम में खिलाडियों की संख्या 11 (ग्यारह) होती है।

51. लॉबी किस खेल से सम्बन्धित है?

(a) कबड्डी (b) खो-खो
(c) बैडमिण्टन (d) वॉलीबाल

Ans : (a) लॉबी शब्द कबड्डी खेल से सम्बंधित है। कबड्डी के मैदान के दोनों ओर एक मीटर चौड़ी पट्टी होती है जिसे 'लॉबी' कहते हैं।

52. सामाजिक अध्ययन शिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में निम्नलिखित भावना का विकास करना हैं–

(a) राष्ट्रीयता की भावना का
(b) प्रान्तीयता की भावना का
(c) स्थान विशेष की भावना का
(d) जातीयता की भावना का

Ans : (a) सामाजिक अध्ययन शिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना है ताकि वे राष्ट्र के गौरव को समझने तथा राष्ट्रीय एकता व समृद्धि में अपना योगदान दे सके।

53. निम्नलिखित में से कौन-सा ऐसा विषय है, जो सामाजिक अध्ययन को विषय-वस्तु प्रदान नहीं करता है?

(a) नागरिकशास्त्र (b) इतिहास
(c) भूगोल (d) रसायनशास्त्र

Ans : (d) सामाजिक अध्ययन को रसायनशास्त्र विषय-वस्तु प्रदान नहीं करता है। सामाजिक अध्ययन को विषय वस्तु प्रदान करने वाले विषय इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र है।

54. ''सामाजिक अध्ययन लोगों तथा सामाजिक एवं भौतिक वातावरण के प्रति उनकी पारस्परिक क्रिया से सम्बन्धित है।''

(a) एम पी मुफात
(b) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्
(c) माध्यमिक शिक्षा आयोग
(d) आर सी एडविन

Ans : (b) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) के अनुसार – ''सामाजिक अध्ययन लोगों तथा सामाजिक एवं भौतिक वातावरण के प्रति उनकी पारस्परिक क्रिया से सम्बन्धित है।''

55. सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक शिक्षण सामग्री है।

(a) मानचित्र (b) समय रेखाचित्र
(c) फ्लैश कार्ड (d) बैरोमीटर

Ans : (a) सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक शिक्षण सामग्री मानचित्र होती है क्योंकि भूगोल भौगोलिक स्थितियों से सम्बंधित है जो मानचित्रों पर अंकित होते है।

56. ''इतिहास हमारे सम्पूर्ण भूतकाल का वैज्ञानिक अध्ययन तथा लेखा-जोखा है।'' कथन किसका है?

(a) डॉ. राधाकृष्णन (b) रेपसन
(c) प्रो.घाटे (d) जोन्स

Ans : (c) प्रो. घाटे के अनुसार- ''इतिहास हमारे सम्पूर्ण भूतकाल का वैज्ञानिक अध्ययन तथा लेखा-जोखा है।''

57. खजुराहों मन्दिरों को निर्मित कराया–

(a) होल्कर (b) पल्लव
(c) बुन्देला (d) चन्देल

Ans : (d) खजुराहो विश्व प्रसिद्ध मंदिर मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित है इसका निर्माण 950ई. से 1050ई. में चंदेल शासकों द्वारा किया गया। चंदेल शासकों में धंग, गंड तथा यशोवर्मन प्रमुख है।

58. कनिष्क का दरबारी चिकित्सक था–

(a) नागसेन (b) सुश्रुत
(c) चरक (d) अश्वघोष

Ans : (c) कुषाण शासक कनिष्क को कुषाण वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। इसके दरबार में प्रसिद्ध चिकित्सक चरक रहते थे।

59. निम्नलिखित में से किसे शाहजहाँ द्वारा निर्मित नहीं कराया गया था?

(a) ताजमहल
(b) दिल्ली का लाल किला
(c) दिल्ली का जामा मस्जिद
(d) बुलन्द दरवाजा

Ans : (d) शाहजहाँ द्वारा निर्मित प्रमुख स्थापत्य- ताजमहल, दिल्ली का लाल किला, दिल्ली की जामा मास्जिद आदि। बुलंद दरवाजा का निर्माण मुगल बादशाह अकबर द्वारा 1571 ई. में गुजरात विजय के स्मृति में फतेहपुर सिकरी में करवाया गया।

60. गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन कब शुरु किया?

(a) 1920 में (b) 1930 में
(c) 1940 में (d) 1941 में

Ans : (a) महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन 1 अगस्त 1920 को शुरु किया गया।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2013

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 27 जून, 2013)

1. वर्तमान में अंकोरवाट स्थित है–

(a) कम्पूचिया (कम्बोडिया) में (b) श्रीलंका में
(c) चीन में (d) म्यांमार में

Ans. : (a) अंकोरवाट मंदिर कम्पूचिया (कम्बोडिया) में स्थित है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में खमेर शासक सूर्यवर्मन II द्वारा कराया गया था।

2. भारत में मध्य युग में किस साम्राज्य ने कन्नौज पर शासन किया?

(a) राठौर (b) गुर्जर-प्रतिहार
(c) चौहान (d) पाल

Ans. : (b) मध्यकालीन भारत में गुर्जर-प्रतिहार वंश द्वारा कन्नौज पर शासन किया गया। इस वंश का वास्तविक संस्थापक नागभट्ट था तथा सबसे प्रतापी शासक मिहिरभोज था। गुर्जर-प्रतिहार वंश के बाद कन्नौज पर गहड़वाल वंश का शासन स्थापित हुआ।

3. वृहदेश्वर मन्दिर स्थित है–

(a) तंजौर में (b) ओडिशा में
(c) कालीकट में (d) डक्कन में

Ans. : (a) वृहदेश्वर मंदिर की स्थापना 1010 ई. में चोल शासक राजराज I द्वारा तंजौर (तमिलनाडु) में कराया गया। इस मंदिर को राजराजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर पूरी तरह ग्रेनाइट से निर्मित है। इस मंदिर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में स्थान मिला है।

4. शाहनामा किसके द्वारा लिखी गई?

(a) उमर खय्याम (b) फिरदौसी
(c) शेख खादी (d) कौण्डिल्य

Ans. : (b) फारसी भाषा में 'शाहनामा' पुस्तक की रचना महमूद गजनवी का दरबारी लेखक फिरदौसी द्वारा किया गया।

5. निम्न में से कौन-सा सुमेलित है?

(a) लॉर्ड कार्नवालिस-स्थायी बन्दोबस्त
(b) लॉर्ड विलियम बैंटिक-विलय नीति
(c) लॉर्ड कैनिंग-सती प्रथा का अन्त
(d) लॉर्ड डलहौजी-सहायक सन्धि प्रणाली

Ans. : (a)

लार्ड कार्नवालिस	-	स्थायी बंदोबस्त (जमींदारी/ इस्तमरारी व्यवस्था
लार्ड विलियम बैंटिक	-	सती प्रथा का अन्त
लार्ड कैनिंग	-	1857 की क्रांति के समय गवर्नर जनरल
लार्ड डलहौजी	–	विलय नीति
लार्ड वेलेजली	-	सहायक संधि प्रणाली

6. मार्कोपोलो कौन था?

(a) अन्वेषक (b) वैज्ञानिक
(c) लेखक (d) प्रकाशक

Ans. : (a) मार्कोपोलो वेनिस (इटली) का यात्री/अन्वेषक था जो 13वीं शताब्दी के अन्त में दक्षिण भारत आया था।

7. निम्नलिखित में से प्रथम भारतीय समाचार-पत्र था–

(a) दि ट्रिब्यून (b) टाइम्स ऑफ इण्डिया
(c) बंगाल गजट (d) दि यंग इण्डिया

Ans. : (c) प्रथम भारतीय समाचार पत्र बंगाल गजट था जिसे 1816 ई. में गंगाधर भट्टाचार्य ने कलकत्ता में प्रकाशित किया। यह अंग्रेजी में प्रकाशित साप्ताहिक समाचार पत्र था।

8. प्रथम भूमिगत रेलवे का निर्माण हुआ था

(a) न्यूयॉर्क में (b) दिल्ली में
(c) लन्दन में (d) दुबई में

Ans. : (c) विश्व में प्रथम भूमिगत रेलवे का निर्माण लंदन में हुआ था। इस भूमिगत रेलवे सेवा का प्रारम्भ 10 जनवरी 1863 में किया गया।

9. अमेरिका ने नागासाकी में परमाणु बम गिराया

(a) 6 अगस्त, 1945 को (b) 9 अगस्त, 1945 को
(c) 7 अगस्त, 1944 को (d) 15 अगस्त,1945 को

Ans. : (b) द्वितीय विश्वयुद्ध (1939-45) के दौरान अमेरिका ने जापान के दो शहरों हिरोशिमा पर 6 अगस्त 1945 तथा नागासाकी पर 9 अगस्त 1945 को क्रमशः लिटिल ब्वाय एवं फैटमैन नामक परमाणु बम गिराया था।

10. नागरिक सुरक्षा संगठन की स्थापना किस वर्ष की गई?

(a) 1960 (b) 1961
(c) 1962 (d) 1963

Ans. : (c) भारत में नागरिक सुरक्षा संगठन की स्थापना 1962 ई. को भारत-चीन युद्ध के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरु द्वारा किया गया। वर्ष 1968 में एक अधिनियम पारित करके नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 लागू किया गया।

11. बाल कल्याण से सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है–

(a) आई एल ओ (b) डब्ल्यू एच ओ
(c) यूनीसेफ (d) एफ ए ओ

Ans. : (c) अन्तर्राष्ट्रीय बाल संकट कोष (UNICEF), (UNO) की एक विशिष्ट संस्था है। इसकी स्थापना 11 दिसम्बर 1946 ई. को की गयी। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण विश्व विशेषकर अविकसित देशों के बालकों का विकास एवं संरक्षण प्रदान करना है। इसका मुख्यालय न्यूयार्क (USA) में है।

12. कौन-सा देश दक्षेस (सार्क) का सदस्य नहीं है?

(a) अफगानिस्तान (b) म्यांमार
(c) मालदीव (d) भूटान

Ans. : (b) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस SAARC) की स्थापना 1985 ई. में बांग्लादेश के राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के प्रयासों से की गई। स्थापना के समय SAARC में सदस्य देशों की संख्या 7 (सात) थी परन्तु वर्तमान में सदस्य देशों की संख्या 8 (आठ) है। जो भारत, बाग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, मालदीव, श्रीलंका एवं अफगानिस्तान है। इसका मुख्यालय नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित है।

13. निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे लम्बी नदी है?

(a) गोदावरी (b) महानदी
(c) कृष्णा (d) कावेरी

Ans. : (a) उपर्युक्त विकल्प के अनुसार सबसे लम्बी नदी गोदावरी (1465 किमी.) है।

नदी	लम्बाई	उद्गम स्थल
गोदावरी	1465 किमी.	नासिक (त्रयंबकेश्वर)
कृष्णा	1401 किमी.	महाबलेश्वर (महाराष्ट्र)
महानदी	858 किमी.	सिहावा पहाड़ी (छत्तीसगढ़)
कावेरी	800 किमी.	ब्रह्मगिरि पर्वत (कर्नाटक)

14. निम्नलिखित में से किसका उपयोग पृथ्वी की आयु के परिकलन में नहीं किया जाता है?

(a) चन्द्रमा का ज्वारीय बल (b) महासागरों में लवणता
(c) पृथ्वी का आकर्षण बल (d) अवसादन की दर

Ans. : (c) पृथ्वी की आयु के परिकलन के लिए निम्न घटकों का प्रयोग किया जाता है- चन्द्रमा का ज्वारीय बल, महानगरों में लवणता एवं अवसादन की दर। पृथ्वी की आयु का आकलन करने में पृथ्वी के आकर्षण बल की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

15. संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया में स्थित 'मृतक घाटी' (डेथ वैली) निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(a) अपनत घाटी का (b) पूर्ववर्ती घाटी का
(c) रिफ्ट घाटी का (d) अवसादन की दर

Ans. : (c) संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के दक्षिण कैलिफोर्निया में स्थित मृतक घाटी (डेथ वैली), रिफ्ट घाटी (भ्रंश घाटी) का उदाहरण है।

16. मेयान ज्वालामुखी पर्वत स्थित है–

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका में (b) हवाई द्वीप में
(c) चिली में (d) फिलीपींस में

Ans. : (d) मेयान ज्वालामुखी फिलीपींस के लुजोन द्वीप पर अल्बे प्रान्त में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है।

17. निम्नलिखित में से किन जिलों में भारत की सबसे बड़ी अभ्रक (Mica) मेखला पाई जाती है?

(a) बालघाट और छिन्दवाड़ा
(b) उदयपुर, अजमेर और अलवर
(c) हजारीबाग, गया और मुंगेर
(d) सलेम और धर्मपूरी

Ans. : (c) अभ्रक उत्पादन में विश्व में भारत को प्रथम स्थान प्राप्त है यहाँ से पूरे विश्व की लगभग 80% अभ्रक का उत्पादन किया जाता है। भारत में अभ्रक की सबसे बड़ी मेखला हजारीबाग (झारखण्ड), गया, मुंगेर (बिहार), जिले में पायी जाती है।

18. संयुक्त राज्य अमेरिका के वृहद मैदान में प्रवाहित होने वाली गर्म, शुष्क एवं धूल भरी पवन को कहा जाता है–

(a) ब्रिक फील्डर (b) ब्लैक रोलर
(c) सिरोको (d) मिस्ट्राल

Ans. : (b) USA 'संयुक्त राज्य अमेरिका' के बृहद मैदान में प्रवाहित होने वाली गर्म, शुष्क एवं धूल भरी पवन को ब्लैक रोलर कहा जाता है। ब्रिक फील्डर आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में चलने वाली गर्म और शुष्क हवा है। सिरॉको सहारा मरुस्थल से भूमध्य सागर की ओर बहने वाली गर्म हवा है। इसके स्थानीय नाम भी हैं। जैसे- मिस्र में इसे खमसिन, लीबिया में गिबिली, ट्यूनिशिया में चिली, इटली में सिरॉको व स्पेन में लेबेक कहते हैं। मिस्ट्रल रोनघाटी (फ्रांस) में जाड़े में चलने वाली ठंडी हवा है।

19. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है?

(a) लन्दन-थेम्स (b) पेरिस-डेन्यूब
(c) न्यूयॉर्क-मिसीसिपी (d) दिल्ली-यमुना

Ans. : (b&c) उपर्युक्त विकल्प में विकल्प (b) तथा (c) दोनों गलत है अतः प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) & (c) दोनों होगा।

शहर		नदी
लन्दन	–	थेम्स
पेरिस	–	सीन
न्यूयार्क	–	हडसन
दिल्ली	–	यमुना

20. वायु की गति सामान्यतः जिस यन्त्र से मापते हैं, उसे कहते हैं –

(a) स्पीडमीटर (b) विण्डवेन
(c) बैरोमीटर (d) एनिमोमीटर

Ans. : (d) एनिमोमीटर की सहायता से वायु की गति एवं शक्ति को मापा जाता है। बैरोमीटर से वायुदाब तथा स्पीडोमीटर से वाहनों की गति की माप की जाती है।

21. कोयले का सर्वाधिक उपयोग होता है–

(a) ऊर्जा उत्पादन में
(b) लोहा एवं इस्पात संयंत्रों में
(c) रेलवें में
(d) वाष्पीय जहाजों में

Ans. : (a) भारत में कोयले का सर्वाधिक उपभोग उर्जा उत्पादन के लिए विद्युत उत्पादन कम्पनी NTPC (National Thermal Power Corporation) करती है।

22. बैलाडिला खदान जानी जाती है–

(a) सोना (b) अभ्रक
(c) लौह-अयस्क (d) हीरा

Ans. : (c) बैलाडिला खान छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले में स्थित है। इस खान में लौह अयस्क की प्रचुर मात्रा विद्यमान है।

23. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की घोषणा कब की थी?

(a) 10 दिसम्बर, 1949 (b) 10 दिसम्बर, 1948
(c) 10 दिसम्बर, 1947 (d) 10 दिसम्बर, 1946

Ans. : (b) संयुक्तराष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र संघ का एक विशेष अधिकरण है। इस सभा द्वारा 10 दिसम्बर, 1948 ई. को मानव अधिकारों की घोषणा की गई। इस अधिकार पत्र में उद्देशिका के साथ 30 अनुच्छेद भी है।

24. किन राज्यों में 1959 में सर्वप्रथम पंचायती राज को लागू किया?

(a) राजस्थान और आन्ध्र प्रदेश
(b) राजस्थान और कर्नाटक
(c) आन्ध्र प्रदेश और गुजरात
(d) तमिलनाडु और राजस्थान

Ans. : (a) भारत में पंचायती राज की स्थापना बलवंतराय मेहता समिति की सिफारिश पर 2 अक्टूबर 1959 को सर्वप्रथम नागौर 'राजस्थान' में की गई। 20 अक्टूबर 1959 को आन्ध्र प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई। अन्य राज्यों में यह व्यवस्था स्थापित की गई असम, कर्नाटक व तमिलनाडु (1960 में) महाराष्ट्र (1962 में), गुजरात (1963 में), पश्चिम बंगाल (1964 में)।

25. 73वाँ भारतीय संविधान संशोधन सम्बन्धित है–

(a) केन्द्र राज्य सम्बन्ध से
(b) सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों से
(c) निर्वाचन आयोग की शक्तियों से
(d) पंचायती राज प्रणाली से

Ans. : (d) 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम-1993 - इसके अंतर्गत संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची जोड़ी गयी। इसमें पंचायतीराज सम्बन्धी प्रावधानों को सम्मिलित किया गया। इस संशोधन के द्वारा संविधान में भाग-9 जोड़ा गया। इसमें अनुच्छेद 243क से 243ण है।

26. अस्पृश्यता की समाप्ति का सम्बन्ध है–

(a) अनुच्छेद 16 से (b) अनुच्छेद 17 से
(c) अनुच्छेद 18 से (d) अनुच्छेद 19 से

Ans. : (b) भारतीय संविधान के भाग 3 के मूल अधिकारों में अनु.–17 के द्वारा अस्पृश्यता की समाप्ति की घोषणा की गई। अस्पृश्यता की समाप्ति समानता के अधिकार के अन्तर्गत आता है। वर्तमान में अस्पृश्यता एक दण्डनीय अपराध है। अनुच्छेद 16 लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता, अनुच्छेद 18 उपाधियों का अंत तथा अनुच्छेद 19-22 स्वतंत्रता का अधिकार।

27. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कर निम्न कूटों से सही उत्तर का चयन करें -

सूची I		सूची II	
A.	वित्त आयोग	(i)	अनुच्छेद 360
B.	वित्तीय आपात कालीन स्थिति	(ii)	अनुच्छेद 312
C.	राज्यसभा	(iii)	अनुच्छेद 368
D.	संवैधानिक संशोधन	(iv)	अनुच्छेद 280

	A	B	C	D
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

Ans. : (d)
(A) वित्त आयोग – अनु.- 280
(B) वित्तीय आपात कालीन स्थिति – अनु.- 360
(C) राज्य सभा को प्राप्त विशेष अधिकार – अनु.- 312
(D) संवैधानिक संशोधन - अनु - 368

28. राष्ट्रीय ध्वज में लम्बाई तथा चौड़ाई का उचित अनुपात है–

(a) 2:1 (b) 3:2
(c) 4:3 (d) 5:4

Ans. : (b) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की लम्बाई - चौड़ाई का अनुपात 3 : 2 है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में समान अनुपात में तीन क्षैतिज पट्टियां हैं जिसमें गहरा केसरिया रंग सबसे ऊपर है, जो देश की ताकत और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथा शांति और सत्य को व हरा रंग देश के शुभ, विकास और उर्वरता को दर्शाता है। सफेद पट्टी के बीच में स्थित चक्र का प्रारूप सारनाथ में अशोक के सिंह स्तंभ पर बने चक्र से लिया गया है जिसमें 24 तीलियां हैं। भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप 22 जुलाई 1947 को अपनाया।

29. वर्तमान में योजना आयोग के उपाध्यक्ष हैं–

(a) मनमोहन सिंह (b) मोंटेक सिंह अहलूवालिया
(c) पी. चिदम्बरम् (d) सुषमा स्वराज

Ans. : (b) तत्कालीन समय में प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) होगा। परन्तु वर्तमान समय में योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर नीति (NITI AYOG) आयोग का गठन 1 जनवरी 2015 को किया गया। वर्तमान में नीति आयोग के उपाध्याक्ष डॉ. राजीव कुमार हैं।

30. निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती?

(a) मणिपुर (b) मेघालय
(c) मिजोरम (d) त्रिपुरा

Ans. : (a) उपर्युक्त दिये गये विकल्पों में मणिपुर की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है। मणिपुर की सीमा पूर्व में म्यांमार से, पश्चिम में असम, उत्तर में नागालैण्ड व दक्षिण में मिजोरम से मिलती है। बांग्लादेश की सीमा से लगे भारतीय राज्य हैं- प. बंगाल, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय व असम।

31. भारत में कौन-सा जन्तु लुप्त हो गया ?

(a) बाघ (b) शेर
(c) चीता (d) तेन्दुआ

Ans. : (c) चीता भारत में विलुप्त प्राय हो गया है। भारत समेत एशिया के लगभग हर देश (ईरान को छोड़कर) से ये जानवर विलुप्त हो चुका है। वर्तमान में केवल अफीका व ईरान में ही इनकी संख्या गिनती में बची हुई है।

32. एकत्रित वर्षा जल वर्षा के 30 से 40 मिनट बाद पीने योग्य नहीं होता है, क्योंकि–

(a) उसमें जीवाणु और धूल होती है
(b) उसमें विषैले रसायन घुले होते हैं
(c) उसमें खनिज नहीं होते हैं
(d) अम्लीय होता है

Ans. : (d) वर्षा जल की प्रकृति अम्लीय होती है जिसका पी. एच. स्तर 5·3-6·0 होता है। इसलिए एकत्रित वर्षा जल, वर्षा के 30-40 मिनट बाद पीने योग्य नहीं रह पाता है। वर्षा के जल का अम्लीय होने का कारण है कार्बन डाईऑक्साइड और वायु में मौजूद पानी का कार्बोनिक एसिड बनाने के लिए एक साथ प्रतिक्रिया करना, जो खुद एक कमजोर एसिड है। जब बारिश के पानी का पीएच स्तर इस सीमा से नीचे आता है, तो यह एसिड रेन में तब्दील हो जाता है।

33. दिल्ली के किस सुल्तान ने ब्राह्मणों पर भी जजिया लगाया था–

(a) मोहम्मद बिन तुगलक ने (b) अलाउद्दीन खिलजी ने
(c) फिरोज तुगलक ने (d) बलबल ने

Ans. : (c) तुगलक वंश का सुल्तान फिरोज तुगलक (1351-88 ई.) दिल्ली का प्रथम सुल्तान था जिसने ब्राह्मणों पर जजिया कर लगाया था।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) देवीपाटन मन्दिर–तुलसीपुर
(b) वृन्दावन मन्दिर–मथुरा
(c) जे.के. मन्दिर - लखनऊ
(d) विश्वनाथ मन्दिर-वाराणसी

Ans. : (c) कानपुर में जे. के. मंदिर निर्मित है। इसकी स्थापना 1960 ई. में जे. के ट्रस्ट द्वारा कराया गया था।

35. 'सोना' का लैटिन नाम है–

(a) अर्जेन्टम् (b) प्लम्बम
(c) नोट्रियम (d) ऑरम

Ans. : (d) बहुमूल्य धातु 'सोना' का लैटिन नाम 'ऑरम' है। ऑरम का शाब्दिक अर्थ सूर्योदय की चमक होता है।

36. शारदा अधिनियम के अन्तर्गत लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमशः कितनी निर्धारित की गई थी?

(a) 14 वर्ष एवं 18 वर्ष (b) 15 वर्ष एवं 21 वर्ष
(c) 16 वर्ष एवं 22 वर्ष (d) 12 वर्ष एवं 16 वर्ष

Ans. : (a) बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम-1929 जिसे शारदा अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है के अनुसार विवाह के लिए लड़कियों की आयु 14 वर्ष तथा लड़कों की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई थी।

37. उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं–

(a) माता प्रसाद पाण्डेय (b) नियाज हसन
(c) स्वामी प्रसाद मौर्य (d) बी.एल. जोशी

Ans. : (a) प्रश्नानुसार उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय थे, परन्तु वर्तमान विधान सभा (17वीं) के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित (30 मार्च 2017 से वर्तमान) हैं।

38. 59वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया है?

(a) विद्या बालन को (b) करीना कपूर को
(c) प्रियंका चोपड़ा को (d) रानी मुखर्जी को

Ans. : (a) 59वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार विद्या बालन को 'द डर्टी पिक्चर' फिल्म के लिए दिया गया।

39. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने विश्व बैंक के साथ 220 मिलियन डॉलर का समझौता किया?

(a) केरल ने (b) महाराष्ट्र ने
(c) बिहार ने (d) तमिलनाडु ने

Ans. : (c) 12 जनवरी 2011 को बिहार राज्य ने कोसी रिकवरी प्रोजेक्ट के लिए विश्व बैंक के साथ 220 मिलियन डालर का समझौता किया। इस समझौते का उद्देश्य वर्ष 2008 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त कोसी के आस-पास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण करना था।

40. कौन-सा ऊर्जा स्त्रोत पारम्परिक नहीं है?

(a) कोयला (b) नाभिकीय ऊर्जा से प्राप्त विद्युत
(c) सौर किरणें (d) पेट्रोल

Ans. : (c) ऊर्जा के पारम्परिक स्रोत वह हैं जो पृथ्वी के भूगर्भ से प्राप्त संसाधनों द्वारा ऊर्जा प्रदान करते है। जैसे- कोयला, पेट्रोल, नाभिकीय ऊर्जा आदि। सौर विकिरण, ऊर्जा का पारम्परिक स्रोत नहीं है।

41. रिंग कुशन का प्रयोग कब किया जाता है?

(a) सर्दी लगने पर (b) हैजा होने पर
(c) मोच आने पर (d) शैय्या घाव होने पर

Ans (d) शैय्या घाव होने पर घाव को बिस्तर पर स्पर्श न करने देने के लिए रिंग कुशन का प्रयोग किया जाता है।

42. गोंद का कलफ किस प्रकार के वस्त्र में लगाया जाता है?

(a) ऊनी (b) सूती
(c) रेशमी (d) नायलॉन

Ans. : (b) गोंद के कलफ का प्रयोग सूती वस्त्रों में किया जाता है।

43. टायलिन नामक एंजाइम किसमें पाया जाता है?

(a) जठर रस (b) अग्न्याशय रस
(c) लार रस (d) पित्त रस

Ans. : (c) टायलिन नामक एंजाइम लार रस में उपस्थित रहता है। यह भोजन को पचाने में सहायक होती है। यह एंजाइम भोजन में उपस्थित स्टार्च को माल्टोज तथा डैक्सट्रीन (जटिल शर्करा) में बदल देता है।

44. द्वितीयक रंग है

(a) नारंगी, हरा, बैंगनी (b) लाल, हरा, बैंगनी
(c) नारंगी, नीला, हरा (d) नारंगी, बैंगनी, नीला

Ans. : (*) वे रंग जिन्हें अन्य रंगों के मिश्रण से नहीं प्राप्त किया जा सकता उन्हें प्राथमिक रंग कहते है। लाल, हरा तथा नीला प्राथमिक रंग है। प्राथमिक रंगों से बने रंग द्वितीयक रंग कहलाते है। नारंगी, बैंगनी तथा पीला आदि द्वितीयक रंग है दिए गये विकल्प में कोई उत्तर सहीं नहीं है।

45. इनमें से एक वेद संगीतमय है–

(a) यजुर्वेद (b) सामवेद
(c) ऋग्वेद (d) अथर्ववेद

Ans. : (b) सामवेद संगीतमय वेद है, इसकी रचना गायन शैली में की गई है। संगीत शास्त्र की यह प्राचीनतम पुस्तक मानी जाती है। इस पुस्तक का पाठ करने वाले पुरोहित को उद्गाता कहते है।

46. जलोढ़ मिट्टी कहाँ मिलती है?

(a) उत्तरी भारत (b) दक्षिण भारत
(c) गंगा-यमुना मैदान (d) पूर्वी भारत

Ans. : (c) नदियों के दोआब क्षेत्र में जलोढ़ मिट्टी का विस्तार पाया जाता है। भारत के गंगा-यमुना दोआब में जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है।

47. निम्नलिखित में से कौन-सा रसायन फल परिरक्षण में प्रयोग नहीं किया जाता है?

(a) पोटैशियम मेटा बाई सल्फाइट
(b) सोडियम बेंजोएट
(c) सोडियम मेटा बाई सल्फेट
(d) कैल्शियम बाई कार्बोनेट

Ans. : (d) फलों के परिरक्षण में पोटैशियम मेटाबाई सल्फेट, सोडियम मेटा बाई सल्फेट तथा सोडियम बेंजोएट जैसे रासायनों का प्रयोग किया जाता है। कैल्शियम बाई कार्बोनेट का प्रयोग फल परिरक्षण में नही किया जाता है।

48. एक सप्तक में कितने स्वर होते हैं?

(a) 14 (b) 12
(c) 11 (d) 17

Ans. : (b) एक सप्तक में 12 स्वर होते हैं।

49. एक किलोबाइट (1 KB) किसके तुल्य होता है?

(a) 1000 बाइट (b) 10000 बाइट
(c) 1024 बाइट (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (c) 1 किलोबाइट = 1024 बाइट

50. 83वें ऑस्कर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता–

(a) द सोशल नेटवर्क ने (b) द फाइटन ने
(c) ब्लैक स्वान ने (d) द किंग्स स्पीच ने

Ans. : (d) 83वें आस्कर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार टॉम हूपर की फिल्म 'द किंग स्पीच' को दिया गया।

51. कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या उपयोगी नहीं है?

(a) कृषि का यंत्रीकरण
(b) उर्वरक प्रयोग में बढ़ोत्तरी
(c) सिंचाई क्षमता में विस्तार
(d) जंगल काटना

Ans. : (d) कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए निम्न उपाय अपनाए जाते हैं-
1– कृषि में यंत्रीकरण
2– उर्वरक प्रयोग में बढोत्तरी
3- सिचाई क्षमता का विस्तार
4- गुणवत्तापूर्ण बीजों का प्रयोग

52. निम्नलिखित में से किस सागर में लवणता सबसे अधिक है?

(a) लाल सागर (b) मृत सागर
(c) भूमध्य सागर (d) कैस्पियन सागर

Ans. : (b) दिए गये विकल्प में सर्वाधिक लवणता मृत सागर (238%) में पाई जाती है। उल्लेखनीय है कि सबसे अधिक लवणता तुर्की की वान झील (330%) में पाई जाती है।

53. आई.पी.एल. किस खेल से सम्बन्धित है?

(a) फुटबॉल (b) हॉकी
(c) क्रिकेट (d) बास्केटबॉल

Ans. : (c) आई.पी.एल. (इण्डियन प्रीमियर लीग) भारत में खेल प्रतिस्पर्धा है। इसका संबंध क्रिकेट से है। इसकी शुरुआत भारत में सन् 2008 से हुई।

54. भारत में एशियाई खेल सर्वप्रथम कहाँ आयोजित किए गए?

(a) कलकत्ता (b) दिल्ली
(c) चेन्नई (d) मुम्बई

Ans. : (b) एशियाई खेल की शुरुआत 1951 ई. हुई। प्रथम एशियाई खेल दिल्ली में 4-11 मार्च 1951 को आयोजित किया गया।

55. भारत का राष्ट्रीय खेल क्या है?

(a) हॉकी (b) बास्केटबॉल
(c) वॉलीबॉल (d) बैडमिण्टन

Ans. : (a) हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है।

56. किसके द्वारा वायुमण्डल का प्रदूषण नहीं हो सकता?

(a) हाइड्रोजन (b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) सल्फर डाइऑक्साइड (d) कार्बन डाइऑक्साइड

Ans. : (a) हाइड्रोजन से वायुमण्डल का प्रदूषण नहीं होता। कार्बन मोनोआक्साइड (CO) सल्फर डाईआक्साइड (SO_2) तथा कार्बन डाईआक्साइड(CO_2) वायुमण्डलीय प्रदूषक है।

57. जलीय प्रदूषण में कौन-सा कारक प्रमुख है?

(a) धुआँ (b) औद्योगिक रसायन
(c) अमोनिया (d) साबुन

Ans. : (b) औद्योगिक रसायन जलीय प्रदूषण का सबसे प्रमुख कारक है।

58. भारत में वायु-प्रदूषण की नवीनतम घटना जो भयंकर विनाश का कारण हुई है–

(a) एम.आई.सी. गैस दुर्घटना (b) हीरोशिमा-बमबारी
(c) ईरान में भूकम्प (d) चेरनोबिल-विध्वंस

Ans. : (a) MIC (मिथाइल आइसो साइनाइट) गैस दुर्घटना वर्ष 1984 में भोपाल (म.प्र.) में घटित हुई। इसे भोपाल गैस त्रासदी के नाम से भी जाना जाता है। यूनियन कार्बाइड इण्डिया लिमिटेड के कीटनाशक प्लांट से बड़ी मात्रा में MIC गैस का रिसाव हुआ था जिसमें लगभग पाँच लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे।

59. गत वर्षों में उत्तर भारत में बाढ़ की घटनाएँ बढ़ने लगी हैं क्योंकि–

(a) बाँधों में सिल्टिंग दर बढ़ी है
(b) नदियों के तटीय भागों में वन नष्ट हुए हैं
(c) अधिकाधिक भूमि का कृषि में उपयोग हुआ है
(d) वार्षिक वर्षा की मात्रा बढ़ी है।

Ans. : (b) नदियों के तटीय भागों में वनों के नष्ट होने से उत्तर भारत में बाढ़ की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

60. बिहू नृत्य भारत के किस राज्य से है?

(a) अण्डमान तथा निकोबार (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) असोम (d) छत्तीसगढ़

Ans. : (c) बिहू असम राज्य का लोक नृत्य है।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 13 नवम्बर, 2011)

1. केले और अनान्नास मुख्यतया उगाए जाते हैं –

(a) उष्णकटिबन्धीय क्षेत्रों में (b) भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में
(c) पहाड़ी क्षेत्रों में (d) मरुद्यानों में

Ans. : (a) केला और अनान्नास मुख्यतः उष्णकटिबंधीय फसल हैं। इसके लिए पर्याप्त वर्षा की आवश्यकता होती है। भारत में इसकी पैदावार मुख्यतः दक्षिण एवं पूर्वी भारत में होती है।

2. निम्न में से किस समूह की भाषा को भारत में सबसे अधिक लोग बोलते है?

(a) भारतीय-आर्य (b) द्रविड़
(c) ऑस्ट्रो-एशियाटिक (d) चीन-तिब्बती

Ans. : (a) भारतीय आर्य समूह की भाषा भारत में सर्वाधिक बोली जाती है।

3. निम्न में से कौन से जुड़वा नगर है?

(a) दिल्ली तथा फरीदाबाद
(b) मुम्बई तथा पूणे
(c) बंगलोर तथा मैसूर
(d) हैदराबाद तथा सिकन्दराबाद

Ans. : (d) हैदराबाद एवं सिकन्दराबाद नगर को भारत का जुड़वा नगर की संज्ञा दी जाती है। ये दोनों नगर तेलंगाना राज्य में स्थित है।

4. सबसे अधिक मात्रा में केसर मिलता है–

(a) उत्तर प्रदेश से (b) जम्मू-कश्मीर से
(c) केरल से (d) असम से

Ans. : (b) केसर का उत्पादन भारत में जम्मू-कश्मीर राज्य में होता है। केसर के उत्पादन के लिए निम्न तापमान की आवश्यकता होती है। जम्मू-कश्मीर को किश्तवाड़ व पंपोर में इसकी खेती होती है।

5. भारत के संविधान द्वारा कितनी भाषाएँ स्वीकृत हैं?

(a) 15 (b) 20
(c) 22 (d) 28

Ans. : (c) भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में कुल 22 भाषाओं का उल्लेख किया गया है।

6. असम के काजीरंगा नेशनल पार्क का आकर्षण कौन-सा प्राणी है?

(a) गैण्डा (b) शेर
(c) बाघ (d) भालू

Ans. : (a) असम के काजीरंगा नेशनल पार्क का मुख्य आकर्षण गैण्डा जानवर है।

7. वह स्थान, जो किसी समय फ्रांसीसी उपनिवेश था, अब अरविन्द आश्रम की मंजिल है, कौन-सा है?

(a) चेन्नई (b) अण्डमान
(c) पॉण्डिचेरी (d) गोवा

Ans. : (c) स्वतंत्रता संग्राम के सेनानायक अरविन्द घोष का आश्रम में स्थित है। आश्रम को ऑरोविले आश्रम के नाम से जाना जाता है। पुडुचेरी पूर्व में फ्रांसीसी उपनिवेश था।

8. बॉम्बे-हाई सन्दर्भित है–

(a) अपतट तेल क्षेत्र से (b) तटवर्ती तेल क्षेत्र से
(c) अपतट गैस क्षेत्र से (d) तटवर्ती गैस क्षेत्र से

Ans. : (a) बॉम्बे-हाई अपतटीय तेल क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध है जो मुम्बई (महाराष्ट्र) के पास स्थित है।

9. भारत का छब्बीसवाँ राज्य निम्न में से कौन-सा है?

(a) उत्तराखण्ड (b) झारखण्ड
(c) गोवा (d) छत्तीसगढ़

Ans. : (d) भारत का 26वाँ राज्य छत्तीसगढ़ है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 1 नवम्बर 2000 को हुई थी। उत्तराखण्ड भारत का 27वाँ राज्य बना (9 नवम्बर 2000) तथा झारखण्ड भारत का 28वाँ राज्य (15 नवम्बर 2000) बना। भारत का नवनिर्मित राज्य तेलंगाना (29वाँ) राज्य है। इसे 2 जून, 2014 को राज्य का दर्जा दिया गया।

10. निम्न में से कौन-सी नदी का उद्गम भारत में नहीं है?

(a) कावेरी (b) नर्मदा
(c) ब्रह्मपुत्र (d) गंगा

Ans. : (c) ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम स्थल तिब्बत (चीनी स्वायत्त प्रांत) में स्थित मानसरोवर झील है। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत (चीन), भारत तथा बांग्लादेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है। तिब्बत में इस नदी को चारलांग जांगपो, भारत में ब्रह्मपुत्र तथा बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है।

11. महाभारत के लेखक कौन थे?

(a) कालिदास (b) वेदव्यास
(c) तुलसीदास (d) कौटिल्य

Ans. : (b) महाभारत के लेखक महर्षि वेदव्यास को माना जाता है। महाभारत में कुल एक लाख श्लोक हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा ग्रंथ माना जाता है।

12. लाल किले का निर्माण किसने कराया था?

(a) शेरशाह (b) हुमायूँ
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

Ans. : (d) लालकिला (दिल्ली) का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ के द्वारा 1648 ई. में करवाया गया तथा आगरे का लालकिला (आगरे का किला) का निर्माण अकबर के द्वारा 1573 ई. में करवाया गया था।

13. भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(c) जाकिर हुसैन (d) जवाहरलाल नेहरु

Ans. : (a) स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न प्राप्तकर्त्ता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। इनका कार्यकाल 1950-62 तक था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एक मात्र राष्ट्रपति हैं जो दो कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गये।

14. ताजमहल का निर्माण किसकी याद में कराया गया था?

(a) नूरजहाँ (b) अनारकली
(c) मुमताज महल (d) शाहजहाँ

Ans. : (c) ताजमहल का निर्माण शाहजहाँ द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में 1653 ई. में आगरा में करवाया गया। ताजमहल का निर्माण सफेद संगमरमर से किया गया है।

15. किस धर्म में तीर्थंकर के नाम से 24 महान आचार्य है?

(a) हिन्दू धर्म (b) सिक्ख धर्म
(c) जैन धर्म (d) बौद्ध धर्म

Ans. : (c) जैन धर्म में 24 महान आचार्य हुए हैं जिन्हें तीर्थंकर कहा जाता है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे। प्रारम्भिक 22 तीर्थंकरों की ऐतिहासिकता संदिग्ध है। मात्र अंतिम दो तीर्थंकरों की ऐतिहासिकता प्रमाणित होती है वे हैं–पार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामी। महावीर स्वामी जैन धर्म के अन्तिम (24वें) तीर्थंकर हैं।

16. भारत में प्रथम आण्विक परीक्षण वर्ष 1974 में हुआ था। इसे किस नाम से जाना जाता है?

(a) शक्ति–I (b) टॉरेनेडो
(c) चगाई (d) हँसते हुए बुद्ध

Ans. : (d) भारत का प्रथम आण्विक परीक्षण इंदिरा गाँधी के काल में 1974 ई. में पोखरण (राजस्थान) में किया गया था। इस परीक्षण को 'हँसते हुए बुद्ध' (Laughing Buddha) नाम दिया गया था।

17. 'शाकुन्तलम्' लिखी थी–

(a) कालिदास ने (b) भास ने
(c) कम्बन ने (d) अश्वघोष ने

Ans. : (a) अभिज्ञान शाकुन्तलम् कालीदास द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध महाकाव्य है जो वियोग श्रृंगार रस शैली में लिखी गयी है। इस महाकाव्य का नायक राजा दुष्यंत तथा नायिका ऋषिकन्या शकुंतला थी।

18. पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठों को पराजित किया था–

(a) मुगलों ने (b) अफगानों ने
(c) अंग्रेजों ने (d) सिक्खों ने

Ans. : (b) पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 ई. में पानीपत (हरियाणा) के मैदान में अहमद शाह अब्दाली (अफगान) एवं मराठों के बीच लड़ी गई। इस युद्ध में मराठे बुरी तरह से परास्त हुए। इस युद्ध ने यह निर्णय कर दिया कि मराठे अब भारत में शासन नहीं कर सकते।

19. किसने कहा ''स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार'' है?

(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) लाला लाजपत राय

Ans. : (a) बाल गंगाधर तिलक भारतीय स्वतंत्रता के प्रमुख नायक थे। यह कांग्रेस के गरम दल के नेतृत्वकर्त्ता थे। बाल गंगाधर ने यह घोषणा की कि 'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।'

20. राणा सांगा सम्बन्धित है –

(a) मालवा से (b) खजुराहो से
(c) मेवाड़ से (d) माण्डु से

Ans. : (c) राणा सांगा मेवाड़ साम्राज्य का प्रसिद्ध शासक था। 1527 ई. में खानवा युद्ध राणा सांगा एवं बाबर के मध्य लड़ा गया जिसमें राणा सांगा पराजित हुए और भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया।

21. पंचायती राज संस्थाओं का निर्माण सर्वप्रथम किस राज्य ने किया था?

(a) राजस्थान (b) महाराष्ट्र
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

Ans. : (a) पंचायती राज संस्था की स्थापना सर्वप्रथम 2 अक्टूबर 1959 ई. को नागौर (राजस्थान) में की गई। बलवंतराय मेहता समिति की सिफारिश पर भारत में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाया गया है। 73वें संविधान संशोधन के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

22. संवैधानिक सरकार का अर्थ है –

(a) संविधान की शर्तों के अनुसार सरकार
(b) कानून के अनुसार सरकार
(c) लोकतान्त्रिक सरकार
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत संवैधानिक शर्तों के अनुसार शासन व्यवस्था संवैधानिक सरकार कहलाती है।

23. 'पंचशील' पर हस्ताक्षर हुए थे–

(a) नेहरू और चाऊ एन-लाई के बीच
(b) नेहरू और मुण्डेला के बीच
(c) गाँधी और चाऊ एन-लाई के बीच
(d) गाँधी और मण्डेला के बीच

Ans. : (a) भारत-चीन के मध्य 1954 ई. में समझौता हुआ। जिसे पंचशील समझौता के नाम से जाना जाता था। इस समझौते पर भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू तथा तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन. लाई ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत तिब्बत को चीन का हिस्सा मान लिया गया।

24. संविधान सभा के सदस्यों द्वारा भारत के संविधान पर अन्त में कब हस्ताक्षर हुए थे?

(a) 26 नवम्बर, 1949 (b) 24 जनवरी, 1950
(c) 26 जनवरी, 1950 (d) 28 फरवरी, 1950

Ans. : (b) संविधान को 26 नवम्बर, 1949 ई. को पूर्ण कर लिया गया। संविधान सभा के सदस्यों द्वारा 24 जनवरी, 1950 ई. को संविधान पर हस्ताक्षर किया गया तथा 26 जनवरी, 1950 ई. को संविधान लागू किया गया। इसी के साथ भारत एक गणतंत्र देश के रूप में स्थापित हुआ।

25. संविधान सभा के प्रधान कौन थे?

(a) बी.आर. अम्बेडकर (b) बी.एन. राव
(c) जे.एल. नेहरू (d) बी. पटेल

Ans. : (*) दिये गये विकल्पों में कोई विकल्प उत्तर के रूप में सही नही है। संविधान सभा के प्रथम अस्थाई अध्यक्ष सच्चिदानन्द सिन्हा थे जबकि प्रथम स्थायी अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे।

26. राजा हर्षवर्धन की राजधानी थी–

(a) प्रयाग (b) कन्नौज
(c) उज्जैन (d) पाटलिपुत्र

Ans. : (b) राजा हर्षवर्धन पुष्यभूति वंश का सबसे प्रतापी राजा था। हर्षवर्धन ने कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया। हर्ष की मृत्यु के बाद कन्नौज पर अधिकार करने के लिए तीन शक्तियों (पाल, गुर्जर-प्रतिहार एवं राष्ट्रकूट) के मध्य त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ जो लगभग 200 वर्षों तक चला।

27. एलोरा के कैलाश मन्दिर का निर्माण कराया गया था–

(a) चालुक्यों द्वारा (b) चोलों द्वारा
(c) पल्लवों द्वारा (d) राष्ट्रकूटों द्वारा

Ans. : (d) एलोरा महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। यहां पर राष्ट्रकूटों के द्वारा कई मंदिरों का निर्माण करवाया गया जिसमें कैलाश मंदिर सर्वाधिक प्रसिद्ध है। इसे पहाड़ को ऊपर की तरफ से काटकर आकार दिया गया है। इसका निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम के द्वारा करवाया गया था।

28. ग्राम पंचायत के कितने पक्ष है?

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. : (c) भारत में पंचायतीराज व्यवस्था को त्रिस्तरीय रूप में अपनाया गया है–

1. जिला पंचायत
2. खण्ड पंचायत
3. ग्राम पंचायत

भारतीय संविधान में अनुच्छेद 40 के तहत पंचायती राज व्यवस्था का वर्णन किया गया है।

29. नगरपालिका कमेटी का प्रधान कहलाता है–

(a) पार्षद (b) मेयर
(c) कलेक्टर (d) अध्यक्ष

Ans. : (d) नगर पालिका कमेटी का प्रधान अध्यक्ष (Chairman) कहलाता है।

30. ग्राम न्यायालय कहलाता है–

(a) ग्राम सभा (b) न्याय पंचायत
(c) ग्राम पंचायत (d) ग्राम अदालत

Ans. : (b) ग्राम न्यायालय को न्याय पंचायत कहते हैं। इसमें ग्राम स्तर के विवादों को सुलझाया जाता है। न्याय पंचायत में गांव के वरिष्ठ जन शामिल होते हैं इन्हें पंच कहा जाता है।

31. सूर्य के चारों ओर किसी उपग्रह का मार्ग कहलाता है इसका–

(a) परिक्रमण (b) परिभ्रमण
(c) कक्षा (d) प्रचक्रण

Ans. : (c) सूर्य के चारो तरफ, सभी ग्रह चक्कर लगाते हैं। ग्रहों द्वारा जिस पथ पर सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाते हैं वह 'कक्षा' कहलाता है। प्रत्येक ग्रह का कक्ष एक निश्चित पथ होता है।

32. पृथ्वी के सबसे निकटतम खगोलीय पिण्ड है–

(a) सूर्य (b) चन्द्रमा
(c) शुक्र (d) प्रॉक्सिमा सेण्टोरी

Ans. : (b) पृथ्वी के सबसे निकट खगोलीय पिण्ड चन्द्रमा है। चन्द्रमा पृथ्वी का एक मात्र उपग्रह है जबकि शुक्र पृथ्वी के सबसे नजदीक का ग्रह है। चंद्रमा की पृथ्वी से दूरी 3,84,403 किमी. है और शुक्र की दूरी पृथ्वी से चार करोड़ किमी. है।

33. भूमध्य रेखा नहीं गुजरती है–

(a) उत्तरी अमेरिका से होकर
(b) दक्षिणी अमेरिका से होकर
(c) अफ्रीका से होकर
(d) उपरोक्त मे से कोई एक महाद्वीप

Ans. : (a) भूमध्य रेखा उत्तरी अमेरिका से होकर नहीं गुजरती है। भूमध्य रेखा पृथ्वी के 0^0 अक्षांश रेखा को कहते हैं। यह रेखा तीन महाद्वीपों से होकर 13 देशों से गुजरती है। यह तीन महाद्वीप दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका तथा एशिया हैं।

34. महासागर से छोटा वृहत लवणीय जलाशय कहलाता है–

(a) झील (b) द्वीप
(c) सागर (d) नदी

Ans. : (c) महासागर से छोटा वृहद लवणीय जलाशय को सागर कहा जाता है। जैसे–अरब सागर, चीन सागर, काला सागर तथा लाल सागर आदि।

35. किसी नदी और उसके सहायकों द्वारा अपवाह क्षेत्र कहलाता है–

(a) नदी घाटी (b) नहर
(c) बाँध (d) जलडमरू

Ans. : (a) किसी नदी तथा उसके सहायकों के अपवाह क्षेत्र को संयुक्त रूप से नदी घाटी के नाम से जाना जाता है। इन क्षेत्रो में भूमि बहुत ही उर्वरा होती है तथा जनसंख्या का संकेन्द्रण यहां ज्यादा होता है।

36. भारत की वृहत्तम नदीं कौन-सी है?

(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) महानदी (d) गंगा

Ans. : (d) भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा है। इसके द्वारा सिंचित क्षेत्र लगभग 9 लाख वर्ग किलोमीटर है तथा इस नदी की लम्बाई 2525 किलोमीटर है। गंगा नदी का उद्गम स्थल गंगोत्री ग्लेशियर है।

37. ग्रीनविच माध्य समय तथा भारतीय प्रमाणिक समय के बीच समयान्तराल कितना है?

(a) 4 घण्टें, 30 मिनट
(b) 5 घण्टें, 30 मिनट
(c) 6 घण्टें
(d) 6 घण्टें, 30 मिनट

Ans. : (b) ग्रीनविच मानक समय रेखा 0^0 देशांतर रेखा कहलाती है। भारत का मानक समय रेखा $82^{1/2^0}$ पूर्वी देशांतर है जो नैनी (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश) से होकर गुजरती है। ग्रीनविच तथा भारतीय प्रमाणिक समय के बीच का अन्तराल 5 घण्टा 30 मिनट का होता है।

38. निम्न में से कौन-सी भू-आकृति भारत में नही पाई जाती है?

(a) समुद्र तल (b) हिमनदी
(c) हिमशैल (d) मरुस्थल

Ans. : (c) हिमशैल भू-आकृति भारत में नहीं पाई जाती है। हिमशैल मुख्यतः ध्रुवों के समीप स्थित देशों में पाई जाती है।

39. भारतीय मुख्य भू-भाग में कितने महासागर मिलते है?

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

Ans. : (b) भारत का मुख्य भू-भाग (दक्षिण क्षेत्र) मात्र एक महासागर, हिंद महासागर से मिलता है। हिन्द महासागर को दो भागों में बाँटा गया है एक अरब सागर और दूसरा बंगाल की खाड़ी।

40. 'शान्त घाटी' किस राज्य में स्थित है?

(a) महाराष्ट्र
(b) केरल
(c) उत्तराखण्ड
(d) कर्नाटक

Ans. : (b) शान्त घाटी केरल राज्य में स्थित है। यह घाटी जैव विविधता की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

41. गौतम बुद्ध ने पहला प्रवचन दिया था–

(a) प्रयाग में (b) लुम्बिनी में
(c) गया में (d) सारनाथ में

Ans. : (d) गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला प्रवचन (उपदेश) सारनाथ में दिया। यह घटना **धर्मचक्र प्रवर्तन** के नाम से जानी जाती है। सारनाथ में ही गौतम बुद्ध ने बौद्ध संघ का निर्माण किया था। सारनाथ को पूर्व में ऋषिपत्तनम तथा मृगदाव के नाम से जाना जाता था।

42. अन्तिम मौर्य शासक कौन था?

(a) बिन्दुसार (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) देववर्मन (d) वृहद्रथ

Ans. : (d) मौर्य वंश का अन्तिम शासक वृहद्रथ था जिसकी हत्या उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग द्वारा 185 ई.पू. में कर दी गयी तथा उसने शुंग वंश की स्थापना की।

43. प्राचीन रोम कब गणतन्त्र हुआ है–

(a) छठी सदी ईसा पूर्व (b) तीसरी सदी ईसा पूर्व
(c) पहली सदी इसवी (d) दूसरी सदी ईसवी

उत्तर (a)

Ans. : (a) छठी शताब्दी ई. पू. में प्राचीन रोम गणतंत्र हुआ तथा उसी समय भारत में द्वितीय नगरीय क्रांति की शुरूआत हुई।

44. सिन्धु घाटी सभ्यता की लिपि है–

(a) अवाचनीय (b) संस्कृत
(c) फारसी (d) द्रविड़

Ans. : (a) सिन्धु घाटी सभ्यता से लिपियाँ तो मिली हैं परन्तु उसका वाचन अभी तक नहीं हो पाया इसलिए इसे अवाचनीय कहा जाता है। लिपियों के लिखावट के आधार पर हड़प्पा लिपि को बेस्त्रोफेदोन भी कहा जाता है।

45. हड़प्पा के लोग प्रयोग करना नहीं जानते थे–

(a) सोने का (b) चाँदी का
(c) लोहे का (d) काँस्य का

Ans. : (c) हड़प्पा के लोगों को लौह धातु की जानकारी नहीं थी। हड़प्पा काल में मुख्य धातु कांसा (टिन + तांबा) थी। इसलिए इसे कांस्ययुगीन सभ्यता भी कहा जाता है। लोहे के प्रथम प्रयोग का साक्ष्य अतरंजी खेड़ा (उ. प्र.) से प्राप्त हुआ है जो लगभग **1000** ई. पू. की है।

46. शक काल की शुरूआत कनिष्क ने की थी–

(a) 62 ई. में (b) 78 ई. में
(c) 82 ई. में (d) 88 ई. में

Ans. : (b) शक काल की शुरूआत 78 ई. में कुषाण शासक कनिष्क ने की थी।

47. भारत के प्रथम ब्रिटिश गर्वनर जनरल कौन थे?

(a) डलहौजी (b) हेस्टिंग्स
(c) क्लाइव (d) कैनिंग

Ans. : (*) दिये गये विकल्प में कोई उत्तर सही नहीं है।
भारत का प्रथम ब्रिटिश गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक था। जबकि वारेन हेंस्टिग्स (1774) को बंगाल का गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।

48. किस क्षेत्र में अंग्रेज अधिग्रहण के कारण सिपाही विद्रोह हुआ था?

(a) अवध (b) बंगाल
(c) मैसूर (d) दिल्ली

Ans. : (a) लार्ड डलहौजी द्वारा अवध का अधिग्रहण कर अंग्रेजी राज्य में विलयन करना उसकी सबसे बड़ी भूल थी क्योंकि अवध के लगभग प्रत्येक घर का एक सदस्य अंग्रेजी सेना में था। इस कारण सिपाही विद्रोह (1857) का यह एक प्रमुख कारण था।

49. स्वतन्त्र होने पर भारत एक रियासत बन गया था। रियासत का दर्जा किस वर्ष खत्म हुआ?

(a) वर्ष 1947 में (b) वर्ष 1948 में
(c) वर्ष 1949 में (d) वर्ष 1950 में

Ans. : (d) भारत की स्वतंत्रता के बाद भारत की सभी रियासत को मिलाकर भारत को एक रियासत में परिवर्तित कर दिया गया। वर्ष 1950 में भारत को रियासत के रूप में मान्यता को समाप्त कर दिया गया।

50. स्वतन्त्र भारत के अन्तिम गवर्नर जनरल कौन थे?

(a) माउण्टबेटन (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) सरदार पटेल (d) जवाहरलाल नेहरु

Ans. : (b) स्वतंत्र भारत का अंतिम गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी थे। स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल लार्ड माउण्टबेटन थे तथा माउण्टबेटन ही भारत में ब्रिटिश शासन के अन्तिम गवर्नर जनरल भी थे।

51. असम का प्राचीन नाम है–

(a) पावा (b) कामरूप
(c) पिप्पलीवन (d) रामग्राम

Ans. : (b) असम का प्राचीन नाम कामरूप था। कामरूप का शासक हर्षवर्धन का मित्र दिवाकर वर्मा था।

52. दिलवाड़ा मन्दिर उदाहरण हैं–

(a) जैन स्थापत्य के
(b) बौद्ध स्थापत्य के
(c) मुगल स्थापत्य के
(d) सल्तनत स्थापत्य के

Ans. : (a) दिलवाड़ा मंदिर जैन स्थापत्य का उदाहरण है। इस मंदिर का निर्माण 1031 में विमलशाह के द्वारा माउंट आबू (राजस्थान) में करवाया गया था।

53. चाणक्य को किस नाम से भी जाना जाता है?

(a) भट्टस्वामी (b) राजशेखर
(c) विष्णुगुप्त (d) विशाखदत्त

Ans. : (c) चाणक्य का मूल नाम विष्णुगुप्त था। इनका एक अन्य नाम कौटिल्य भी था। चाणक्य मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु तथा तक्षशिला विश्वविद्यालय के प्रधान आचार्य थे। चाणक्य ने राजनीति पर प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र की रचना की। इन्हें 'भारत का मैकियावेली' कहा जाता है।

54. औषधि से किसका सम्बन्ध नहीं है?

(a) धनवंतरी (b) भास्कराचार्य
(c) चरक (d) सुश्रुत

Ans. : (b) औषधि का सम्बन्ध धनवंतरी से है। इन्हें औषधि विज्ञान का पिता कहा जाता है। चरक तथा सुश्रुत का सम्बन्ध भी औषधि से था। भास्कराचार्य गणितज्ञ एवं ज्योतिषशास्त्री तथा खगोलशास्त्री थे।

55. भारत के राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल से हटाया जा सकता है–

(a) प्रधानमन्त्री द्वारा
(b) उच्चतम न्यायालय द्वारा
(c) मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा
(d) संसद द्वारा

Ans. : (d) भारत के राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल से पूर्व संसद द्वारा महाभियोग लगाकर हटाया जा सकता है। अनुच्छेद 61 में महाभियोग प्रक्रिया का वर्णन किया गया है।

56. भारत में राज्यों की संख्या कितनी है?

(a) 29 (b) 28
(c) 27 (d) 26

Ans : (a) वर्तमान में भारत में **29 राज्य तथा 7 केन्द्रशासित राज्य** हैं। नवनिर्मित राज्य तेलंगाना (2 जून, 2014) है।

57. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?

(a) स्वामी दयानन्द (b) शंकराचार्य
(c) स्वामी विवेकानन्द (d) राजा राममोहन राय

Ans : (a) आर्य समाज की स्थापना दयानन्द सरस्वती द्वारा 1875 ई. में बम्बई में की गई थी। स्वामी दयानन्द सरस्वती का प्रसिद्ध वाक्य है– वेदों की ओर लौटो।

58. किसकी सलाह पर राज्य मन्त्रिपरिषद की नियुक्ति होती है?

(a) राज्यपाल (b) प्रधानमन्त्री
(c) राष्ट्रपति (d) उपराष्ट्रपति

Ans. : (a) राज्यपाल की सलाह पर राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य मंत्रिपरिषद की नियुक्ति की जाती है।

59. मौर्य साम्राज्य का संस्थापक कौन था?

(a) अशोक (b) बिन्दुसार
(c) चन्द्रगुप्त (d) पुष्यमित्र

Ans. : (c) मौर्य साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से की थी।

60. फाहियान ने किसके शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया था?

(a) हर्षवर्धन (b) अशोक
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (c) फाहियान एक चीनी यात्री था जो गुप्त शासक चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के समय भारत आया था।

उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2013

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 12 नवम्बर, 2013)

1. भूमि की माप के आधार पर भू-राजस्व और 'प्रति बिस्वा' उपज का आकलन सबसे पहले किसके शासन काल में किया गया?

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) मोहम्मद-बिन-तुगलक
(c) फिरोज शाह तुगलक (d) सिकन्दर लोदी

Ans. : (a) अलाउद्दीन खिलजी के द्वारा सर्वप्रथम भूमि के माप के आधार पर भू-राजस्व का निर्धारण किया गया और यह राजस्व प्रति बिस्वा ($\frac{1}{20}$ बीघा) के आधार पर आकलित किया गया था और इसके लिए 'मसाहत पद्धति' अपनाया गया।

2. निम्न में से कौन-सा विकल्प आदर्श पाठ योजना की विशेषता को प्रदर्शित करता है?

(a) उदाहरणों का प्रयोग (b) भाषा की सरलता
(c) व्यक्तिगत पथ प्रदर्शन (d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) आदर्श पाठ योजना के द्वारा छात्रों में आसानी से ज्ञान का स्थानान्तरण किया जा सकता है। आदर्श पाठ योजना की विशेषताएँ निम्न हैं–

1. उदाहरण का सही प्रयोग,
2. भाषा में सरलता हो,
3. शिक्षक को व्यक्तिगत पथ प्रदर्शक की भूमिका का निर्वहन,
4. शिक्षक-छात्र में सौहार्दपूर्ण व्यवहार,
5. कक्षा का प्रजातांत्रिक वातावरण।

3. 'डूरण्ड कप' किस खेल से सम्बन्धित है?

(a) हॉकी (b) टेनिस
(c) फुटबॉल (d) बैडमिण्टन

Ans. : (c) डूरण्ड कप का संबंध फुटबाल खेल से है।

4. आवेदक, 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' में किस धारा के अन्तर्गत वंछित सूचना प्राप्त कर सकता है?

(a) 6 (1) (b) 7 (1)
(c) 8 (1) (d) 11 (1)

Ans. : (a) RTI Act, 2005 (सूचना का अधिकार अधिनियम-2005) के धारा 6(1) के अनुसार कोई व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा करके वांछित सूचना प्राप्त कर सकता है।

5. निम्न में से किसका प्रावधान 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' में नहीं किया गया?

(a) 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना
(b) कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा तथा डोनेशन पर प्रतिबन्ध
(c) बच्चे को रोजगार की गारण्टी देना
(d) प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने की स्थिति में सार्वजनिक परीक्षा लेना

Ans. : (c) शिक्षा का अधिकार अधिनियम अप्रैल, 2009 में पारित किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य शिक्षा का सामान्यीकरण करना था ताकि सभी को शिक्षा प्राप्त हो सके। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की मुख्य बातें निम्न हैं–

1→ 6-14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना।

2 → प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण होने के बाद उनका मूल्यांकन करना।

3 → कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा तथा डोनेशन पर प्रतिबंध लगाना।

4 → बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान से अवगत करना आदि।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 रोजगार की गारण्टी नहीं देता है।

6. संसद का सदस्य न होते हुए भी निम्न में से कौन संसद की कार्यवाही में प्रतिभाग कर सकता है?

(a) महालेखा परीक्षक (b) महान्यायवादी
(c) मुख्य निर्वाचन आयुक्त (d) सॉलिसिटर जनरल

Ans. : (b) भारत का महान्यायवादी भारत का प्रथम विधि अधिकारी होता है और भारत के राष्ट्रपति का कानूनी सलाहकार होता है। महान्यायवादी संसद का सदस्य नहीं होता है परन्तु संसद की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार होता है। उसे संसद के मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार नहीं होता है।

7. भारत के संविधान की प्रस्तावना में किस संविधान संशोधन के द्वारा 'समाजवादी और पंथनिरपेक्ष' शब्द को सम्मिलित किया गया है?

(a) 42वाँ संशोधन (b) 52वाँ संशोधन
(c) 46वाँ संशोधन (d) 43वाँ संशोधन

Ans. : (a) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा इसमें समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और राष्ट्र की अखण्डता शब्द जोड़े गये।

8. सर्वोच्च न्यायालय ने किस केस (वाद) में निर्णय देते हुए स्पष्ट किया कि संसद, संविधान के मूल स्वरुप में परिवर्तन नहीं कर सकती?

(a) गोलकनाथ केस में (b) केशवानन्द भारती केस में
(c) मिनरवा मिल्स केस में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (b) केशवानन्द भारती बनाम भारत संघ, वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि संविधान में परिवर्तन किया जा सकता है पर संविधान की मूल भावना में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। इसे ही संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत कहते हैं।

9. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है?

(a) अनुच्छेद 370 (b) अनुच्छेद 352
(c) अनुच्छेद 356 (d) अनुच्छेद 360

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352, 356 तथा 360 के तहत राष्ट्रपति आपात काल लागू कर सकता है।
अनुच्छेद 352–राष्ट्रीय आपात की घोषणा।
अनुच्छेद 356–किसी राज्य के संवैधानिक तंत्र की विफलता पर उस राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा (राज्यपाल की सिफारिश पर)।
अनुच्छेद 360–वित्तीय आपात काल (कभी नहीं लगाया गया है)।

10. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित हुआ–

(a) सन् 1966 में (b) सन् 1976 में
(c) सन् 1986 में (d) सन् 1996 में

Ans. : (c) भारत में उपभोक्ता (ग्राहक) के हितों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम सन् 1986 में संसद द्वारा पारित किया गया। इस अधिनियम की पंच लाइन है–'जागो ग्राहक जागो'।

11. सामाजिक विज्ञान विषय की विषय-वस्तु के शिक्षण में बालक की अवधारणात्मक समझ विकसित की जाए, तो बालक में कौन-सा परिलक्षित नहीं होगा?

(a) सामाजिक मुद्दो पर स्वतन्त्र रुप से सोचने का विकास
(b) सामाजिक मुद्दो की आलोचनात्मक समीक्षा करने की क्षमता का विकास
(c) रटने की क्षमता का विकास
(d) नैतिक क्षमता का विकास

Ans.: (c) सामाजिक विज्ञान शिक्षण से बालक में अवधारणात्मक चिंतन का विकास होता है जैसे–सामाजिक मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से चिंतन तथा सोचने की क्षमता का विकास, आलोचनात्मक समीक्षा की क्षमता का विकास तथा नैतिक क्षमता का विकास। इन सब गुणों के विकसित होने पर विषय-वस्तु का अधिगम करने पर रटने की आवश्यकता नहीं होती है।

12. भारत में जल संग्रहण से सम्बन्धित 'नीरू-मीरू' कार्यक्रम किस प्रदेश में चलाया जाता है?

(a) राजस्थान (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) उत्तराखण्ड (d) मणिपुर

Ans. : (b) आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा 1 मई, 2000 में जल संग्रहण को बढ़ावा देने तथा संरक्षित करने के लिए नीरू-मीरू कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

13. वह देश जहाँ पर शत-प्रतिशत जनसंख्या नगरों में वास करती है–

(a) जापान (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) न्यूजीलैण्ड (d) सिंगापुर

Ans. : (d) विश्व में शत-प्रतिशत नगरीय जनसंख्या वाला देश सिंगापुर एवं हांगकांग है।

14. भारत में ग्रीष्मकालीन मानसूनी हवाएँ किस दिशा की ओर चलती है?

(a) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व
(b) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम
(d) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पश्चिम

Ans. : (a) भारत में ग्रीष्मकाल में अधिक तापमान के कारण निम्न वायुदाब की स्थिति उत्पन्न होने से हवाएँ समुद्री क्षेत्र (दक्षिण-पश्चिम) से स्थली क्षेत्र (उत्तर-पूर्व) की ओर चलती हैं।

15. जब दिन और रात की अवधि बराबर होती है, तो सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है–

(a) उत्तरी ध्रव पर (b) भूमध्य रेखा पर
(c) दक्षिणी ध्रुव पर (d) कर्क रेखा पर

Ans. : (b) जब सूर्य की किरणें विषुवत रेखा (भूमध्य रेखा) पर लम्बवत पड़ती हैं तो सूर्य का प्रकाश उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक एक समान पड़ता है परिणामस्वरूप उत्तरी गोलार्ध तथा दक्षिणी गोलार्ध में दिन और रात बराबर होते हैं। यह स्थिति 21 मार्च एवं 23 सितम्बर को उत्पन्न होती है।

16. सामाजिक विज्ञान के अध्यापक का उद्देश्य होना चाहिए–

(a) सामाजिक समरसता का विकास करना
(b) सामाजिक व्यवस्था का नवनिर्माण करना
(c) सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूँढना
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य–
1. बालकों में समरसता (सौहार्द) की भावना का विकास करना।
2. बालकों में समायोजन की क्षमता का विकास करना।
3. बालकों में समस्या समाधान की क्षमता का विकास करना।
4. व्यवस्था का विकल्प ढूंढ़ने की क्षमता का निर्माण करना।
5. सामाजिक संरचना की जानकारी देना।
6. स्वतंत्र अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना।

17. कक्षा में सामाजिक रुप से अपेक्षित बच्चों के प्रोत्साहन के लिए आप क्या करेंगे?

(a) सामाजिक कुरीतियों पर कटाक्ष करेंगे
(b) अन्धविश्वासों की उपेक्षा करेंगे

(c) समाज के रीति-रिवाजों का विश्लेषण करेंगे
(d) समाज की बुराइयों को कम करने एवं अच्छाइयों को प्रोत्साहित करने को कहेंगे

Ans. : (d) कक्षा में सामाजिक रूप से उपेक्षित बच्चों के प्रोत्साहन का सबसे सर्वोत्तम तरीका यह होगा कि बालकों की उस क्षमता का विकास किया जाये जिससे बालक अच्छे एवं बुरे कार्यों को पहचान सके तथा बालक को अच्छे कार्यों के लिये प्रोत्साहित किया जाए।

18. सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों को छात्रों को देना चाहिए–
(a) सामाजिक समस्याओं का ज्ञान
(b) सामाजिक कुरीतियो के निदान का ज्ञान
(c) नये सामाजिक संरचनात्मक परिवर्तनों का ज्ञान
(d) संस्कारी व्यवस्था/समाज के निर्माण हेतु उपरोक्त सभी प्रकार का ज्ञान

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों द्वारा छात्रो को इस प्रकार शिक्षा देना चाहिए कि छात्रों में–
–सामाजिक संरचना का ज्ञान हो सके।
–सामाजिक समस्याओं की पहचान हो सके।
–परिवर्तन की समझ पैदा हो सके।
–समाज के प्रति योगदान की भावना का विकास हो।

19. तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ स्थलीय भाग कहलाता है–
(a) तट (b) द्वीप
(c) प्रायद्वीप (d) डेल्टा

उत्तर (c) तीन ओर से घिरे स्थल को प्रायद्वीप की संज्ञा दी जाती है। जैसे–भारतीय प्रायद्वीप पूर्व, दक्षिण तथा पश्चिम से हिन्द महासागर द्वारा घिरा है।

20. अस्पृश्यता का अन्त भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 18 (d) अनुच्छेद 14

Ans. : (b) भारतीय संविधान के अनुच्छेद-17 के द्वारा अस्पृश्यता का अन्त किया गया है। अस्पृश्यता एक दण्डात्मक अपराध है।

21. संसद में 'प्रश्नकाल' के समय किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं?
(a) अतारांकित प्रश्न (b) तारांकित प्रश्न
(c) (a) एवं (b) दोनों (d) ये सभी

Ans. : (c) प्रतिदिन संसदीय कार्यवाही का पहला घण्टा प्रश्नकाल होता है जिसमें जनता के प्रतिनिधि को प्रश्न करने का अधिकार होता है जिसमें दो प्रकार के प्रश्न होते हैं–तारांकित तथा अतारांकित। तारांकित प्रश्नों का उत्तर मौखिक रूप से दिया जाता है तथा अतारांकित प्रश्नों का उत्तर लिखित रूप से दिया जाता है।

22. लॉर्ड कार्नवालिस ने राजस्व बन्दोबस्त की निम्न में से किस व्यवस्था को लागू कराया?
(a) रैयतवाड़ी (b) काश्तकारी
(c) महालवाड़ी (d) इस्तमरारी

Ans. : (d) लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल में राजस्व व्यवस्था की स्थायी बंदोबस्त लागू किया। इसे जमींदारी व्यवस्था या इस्तमरारी व्यवस्था भी कहते हैं। इस व्यवस्था में जमींदार को भूमि का स्वामी माना गया था।

23. जब भारत में सायं के 8:30 बज रहे हों, तो इग्लैण्ड में मानक समय होगा–
(a) 3:00 सायं (b) 3:00 प्रातः
(c) 7:30 प्रातः (d) 3:30 सायं

Ans. : (a) ग्रीनविच टाइम (0^0 देशांतर रेखा) लंदन से होकर गुजरती है तथा यहीं से पृथ्वी के सभी स्थानों के समय का निर्धारण किया जाता है। ग्रीनविच मीन टाइम से भारत की स्थिति 5:30 घण्टा आगे है अतः लंदन का समय भारत से 5:30 घण्टा पीछे रहेगा। इस प्रकार
लंदन का समय = भारत का समय – 5:50 घण्टा
= 8:30 – 5:30
= 3 बजे सायं

24. नैनीताल झील को स्कन्द पुराण में निम्न में से किस नाम से जाना गया है?
(a) सप्तऋषि सरोवर (b) अगस्त्य सरोवर
(c) त्रृशी सरोवर (d) पंचऋषि सरोवर

Ans. : (c) स्कन्द पुराण में नैनीताल झील को 'त्रृशी सरोवर' कहा गया है क्योंकि यह झील तीन ऋषियों से सम्बन्धित है–ऋषि अत्रि, ऋषि पुलस्त्य एवं ऋषि पुलाघ।

25. उत्तराखण्ड का वह लोक गीत जो विरह, वियोग, व्याकुलता में गाया जाता है, वह है-
(a) चांचरी (b) न्यौली
(c) झुमेलों (d) चौंफला

Ans. : (c) उत्तराखण्ड के गढ़वाल जिले में प्रचलित झुमेलों गीत को विरह, वियोग एवं व्याकुलता का प्रतीक माना जाता है। झुमेलों गीत वियोग श्रृंगार रस का गीत है।

26. निम्न देशों में से कौन आसियान (ASEAN) का सदस्य नहीं है?
(a) इण्डोनेशिया (b) सिंगापुर
(c) दक्षिण कोरिया (d) फिलीपीन्स

Ans. : (c) उपर्युक्त विकल्प में दक्षिण कोरिया आसियान का सदस्य नहीं है। 'आसियान' दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन है। इसका पूरा नाम 'एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियान नेशंस'-(ASEAN) है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का समूह है जो आपस में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता करने के लिए कार्य करते हैं। इस संगठन की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक में की गई थी। इसका मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में है। इसके सदस्य देश हैं– इण्डोनेशिया, थाइलैण्ड, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रुनेई, लाओस, वियतनाम, म्यांमार, कम्बोडिया।

27. वर्तमान विश्व अर्थव्यवस्था में उभरता हुआ उद्योग कौन-सा है?
(a) सूती वस्त्र उद्योग (b) लोहा-इस्पात उद्योग
(c) सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग (d) सीमेण्ट उद्योग

Ans. : (c) वर्तमान सदी को सूचना एवं संचार का युग कहा जाता है। इससे स्थलों की दूरी नगण्य हो गयी। लोगों के बीच संवाद तेजी से होने लगा है। वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है।

28. 'स्वर्णिम चतुर्भुज' परियोजना है–

(a) जल-विद्युत शक्ति परियोजना
(b) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना
(c) वन्य जन्तु संरक्षण परियोजना
(d) नदी संयोजन परियोजना

Ans. : (b) स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से सम्बन्धित है। इसकी शुरूआत 1998-99 में की गई। इस परियोजना के तहत देश के प्रमुख चार महानगरों (कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली तथा चेन्नई) को एक सड़क मार्ग से जोड़ा गया है।

29. प्रोजेक्ट कार्य के अंग हैं

1. रिपोर्ट लेखन
2. स्थल का अवलोकन
3. सम्बन्धित जानकारी का संकलन
4. स्थल का चिन्हीकरण

कूट

(a) 1, 2 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 1, 3, 4, 2

Ans. : (c) प्रोजेक्ट कार्य के प्रमुख क्रमबद्ध चरण निम्न हैं–
प्रथम चरण – स्थल का चिन्हीकरण
द्वितीय चरण – स्थल का अवलोकन
तृतीय चरण – स्थल से संबंधित जानकारी का संकलन
चतुर्थ चरण – रिपोर्ट लेखन

30. छात्रों में सृजनात्मकता का निर्माण करने के लिए आप क्या करेंगे?

(a) छात्रों को कक्षा में पढ़ाएँगे
(b) छात्रों को गृहकार्य देंगे
(c) छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य देंगे
(d) नवाचार सम्बन्धी कार्य देंगे

Ans. : (c) प्रोजेक्ट कार्यों के सहयोग से छात्रों में सृजनात्मकता का विकास किया जा सकता है क्योंकि इस कार्य में छात्र सभी प्रकार की गतिविधियों को करने के लिए स्वतंत्र होता है जो कार्य से संबंधित होती है।

31. 'गन्धार कला' पर किस विदेशी कला का प्रभाव है?

(a) मिस्र (b) चीनी
(c) रोमन (d) यूनानी

Ans. : (d) गंधार कला पर यूनानी कला का प्रभाव है। गंधार कला कुषाण शासन काल में विकसित हुई। इस समय यूनानी समाज का संपर्क भारतीय समाज से था। इसलिए यूनानी प्रभाव गांधार कला पर स्पष्ट दिखाई देती है। गांधार कला में निर्मित मूर्तियों का रूपांकन तथा विषय-वस्तु यूनान आधारित होने लगी थी।

32. 'खुजराहों मन्दिर' किस राजवंश के राजाओं द्वारा निर्मित किए गए?

(a) राजपूत वंश के (b) चोल वंश के
(c) चन्देल वंश के (d) पल्लव वंश के

Ans. : (c) चंदेल वंश के द्वारा खजुराहो मंदिर का निर्माण किया गया। इस वंश के प्रमुख शासक निम्न थे –गंड, धंग तथा यशोवर्मन।

33. 'इल्तुतमिश' किस वंश का शासक था?

(a) सैय्यद वंश (b) खिलजी वंश
(c) गुलाम वंश (d) लोदी वंश

Ans. : (c) इल्तुतमिश गुलाम वंश का शासक था। इल्तुतमिश (इल्बरी तुर्क) को गुलाम वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। पूर्व में यह कुतुबुद्दीन ऐबक का गुलाम था। इल्तुतमिश का शासन काल 1210-1236 ई. तक था।

34. 'सत्यमेव जयते' लिया गया है–

(a) हितोपदेश से (b) ऋग्वेद से
(c) मुण्डक उपनिषद् से (d) महाभारत से

Ans. : (c) भारत का राष्ट्रीय वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुण्डक उपनिषद से लिया गया है।

35. 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक थे–

(a) डॉ. बी आर अम्बेडकर (b) नारायण गुरु
(c) ज्योतिबा फुले (d) दयानन्द सरस्वती

Ans. : (c) सत्यशोधक समाज की स्थापना प्रसिद्ध समाज सुधारक ज्योतिबा फूले द्वारा की गई। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक गुलामगिरी है जिसमें दलित जातियों के सामाजिक समस्याओं को प्रकट किया गया है।

36. निम्न में से कौन-सी भारतीय कम्पनी बहुराष्ट्रीय कम्पनी नहीं है?

(a) टाटा मोटर्स (b) रेनबेक्सी
(c) एशियन पेन्ट्स (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (d) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ वे कम्पनियाँ होती हैं जो एक से अधिक देशों में वस्तुओं का उत्पादन व उसका व्यापार करती हैं। टाटा मोटर, रेनबेक्सी एवं एशियन पेंट बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ है।

37. आई एस आई चिह्न सम्बन्धित है–

(a) वस्तुओं की गुणत्ता से
(b) खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता से
(c) आभूषणों की गुणवत्ता से
(d) जीवन मूल्यों की गुणवत्ता से

Ans. : (a) ISI एक गुणवत्ता प्रमाणिक चिह्न होता है।

38. विश्व में गन्ने का उत्पादन सर्वाधिक किस देश में होता है?

(a) ब्राजील (b) भारत
(c) क्यूबा (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

Ans. : (a) गन्ने के उत्पादन में विश्व में देशों का स्थान निम्न है–
ब्राजील 〉 भारत 〉 चीन 〉 थाईलैण्ड 〉 पाकिस्तान।

39. वर्ष 1893 में अमेरिका के किस शहर में स्वामी विवेकानन्द ने भारत के प्रतिनिधि के रुप में विश्व धर्म संसद में प्रेरणादायक भाषण दिया?

(a) न्यूयॉर्क (b) शिकागों
(c) वाशिंगटन (d) कैलिफोर्निया

Ans. : (b) 1893 ई. में अमेरिका के **शिकागो** शहर में स्वामी विवेकानन्द ने भारत के प्रथम प्रतिनिधि के रूप में विश्व धर्म संसद में प्रेरणादायक भाषण दिया था।

40. समताप मण्डल में ओजोन परत का कार्य है–

(a) वायुमण्डलीय दाब को स्थिर रखना
(b) भूकम्पों की आवृत्ति को घटाना
(c) मानसूनों की विफलता को बचाना
(d) भू-तल पर आने वाली पराबैंगनी विकिरण को थामना

Ans. : (d) ओजोन परत समताप मण्डल के नीचले भाग में पायी जाती है। यह परत सूर्य से आने वाली पराबैगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। इसलिए इसे ''पृथ्वी का सुरक्षा कवच'' कहते हैं।

41. 'लोथल'.....था।

(a) हड़प्पा सभ्यता का बन्दरगाह एवं व्यापारिक केन्द्र
(b) हड़प्पा की कृषि तकनीक का केन्द्र
(c) हड़प्पा सभ्यता की मूर्तिकला का केन्द्र
(d) सिन्धु सभ्यता का शिक्षा केन्द्र

Ans. : (a) लोथल गुजरात राज्य में भोगवा नदी पर स्थित एक हड़प्पाकालीन बंदरगाह एवं व्यापारिक स्थल था। यहाँ से गोदीबाड़ा (बंदरगाह) के साक्ष्य पाये गये हैं।

42. 'पंचसिद्धान्तिका' के रचयिता कौन थे?

(a) आर्यभट्ट (b) अश्वघोष
(c) ब्रह्मगुप्त (d) वराहमिहिर

Ans. : (d) पंचसिद्धांतिका पुस्तक के लेखक वाराहमिहिर थे। यह पुस्तक मुख्यतः खगोलशास्त्र से सम्बन्धित है तथा गुप्त काल में लिखी गई थी। वराहमिहिर के दो अन्य महत्वपूर्ण ग्रन्थ हैं- वृहज्जातक व वृहत्संहिता।

43. निम्न में से वह कौन-सा शहर है जो एशिया और यूरोप दोनो महाद्वीपों में है?

(a) बर्लिन (b) रोम
(c) इस्ताम्बुल (d) प्राग

Ans. : (c) तुर्की का शहर इस्ताम्बुल जिसे तुर्की की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। एशिया एवं यूरोप दोनों महाद्वीपों में स्थित है। जबकि बर्लिन (जर्मनी), रोम (इटली) तथा प्राग (चेक गणराज्य) यूरोप में स्थित है। 1923 में तुर्की के गणराज्य घोषित होने के बाद अंकारा को राजधानी बनाया गया।

44. वह कौन-सी एकमात्र भाषा है जो चीनी-तिब्बती लिपि में भारतीय नोटों पर छपी है?

(a) असमी (b) बंगला
(c) मणिपुरी (d) उड़िया

Ans. : (a) असमी एकमात्र भाषा है जो चीनी-तिब्बती लिपि में भारतीय नोटों पर छपी है।

45. वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ो के अनुसार उत्तराखण्ड की जनसंख्या है–

(a) 8460942 (b) 8975454
(c) 10116752 (d) 120151900

Ans. : (*) जनगणना, 2011 के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य की कुल जनसंख्या 1,00,86,292 है, जिसमें पुरुषों की जनसंख्या 51,37,773 (50.93%) और महिलाओं की जनसंख्या 49,48,519 (49.07%) है।

46. निम्न में से कोंकणी किस प्रदेश की मुख्य भाषा है?

(a) केरल (b) मिजोरम
(c) गोवा (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. : (c) गोवा की मुख्य प्रादेशिक भाषा कोंकणी है तथा दूसरी मुख्य भाषा मराठी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक व केरल के कुछ क्षेत्रों में भी कोंकणी भाषा बोली जाती है।

47. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के 'योजना प्रपत्र' में समुदाय के अनुरूप कार्यप्रणाली का विवेचन किया गया है, जिसमें अध्यापक शिक्षा के सुझाव दिए गए हैं। निम्न में से कौन-सा सुझाव 'योजना प्रपत्र' में वर्णित नहीं है?

(a) विशिष्ट संस्तुतियाँ
(b) स्तरों के अनुसार उद्देश्य एवं पाठ्यक्रम का प्रारूप
(c) मूल्यांकन प्रक्रिया
(d) माध्यमिक विद्यालयों के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया

Ans. : (d) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के योजना-प्रपत्र में अध्यापकों को शिक्षा में माध्यमिक विद्यालयों के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया का उल्लेख नहीं किया गया है।

48. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय स्थित है–

(a) हेग में (b) प्राग में
(c) जेनेवा में (d) वियना में

Ans. : (c) विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना 1995 ई. में गयी थी। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में स्थित है। वर्तमान में WTO की सदस्य संख्या 164 है। यह विश्व के व्यापार पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। इसके वर्तमान प्रमुख रावर्टो अजीवीडो हैं।

49. प्रथम वित्त आयोग ने आयकर के शुद्ध आगमन का कितने प्रतिशत संघ द्वारा राज्यों को दिए जाने की संस्तुति की?

(a) 40% (b) 55%
(c) 80% (d) 25%

Ans. : (b) प्रथम वित्त आयोग का गठन 1951 में के. सी. नियोगी की अध्यक्षता में किया गया था। इस आयोग में आयकर के शुद्ध आगम का 55% संघ द्वारा राज्यों को दिए जाने की संस्तुति की थी।

50. विद्यालय में शिक्षक द्वारा सक्षम वातावरण बनाने के लिए किन बातों का पोषण करना चाहिए?

(a) सामाजिक विविधता के प्रति सम्मान का
(b) बच्चों के अधिकारों और गरिमा के प्रति सजगता के भाव का
(c) सभी धर्मो के प्रति सहिष्णुता व आदर का भाव
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) विद्यालय में शिक्षक द्वारा सक्षम वातावरण बनाने के लिए निम्न बातों का पोषण करना चाहिए–
1. सामाजिक विविधता के प्रति सम्मान
2. बच्चों के अधिकारों और गरिमा के प्रति सजगता के भाव
3. सभी धर्मों के प्रति सौहार्दपूर्ण तथा आदर का भाव
4. कक्षा में प्रजातांत्रिक स्वरूप स्थापित करना।

51. उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है

(a) लाखामण्डल, देहरादून में (b) द्वाराहाट, अल्मोड़ा में
(c) कनखल, हरिद्वार में (d) कटारमल, अल्मोड़ा में

Ans. : (d) उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध सूर्य मंदिर अल्मोड़ा जिले के कटारमल नामक स्थान पर स्थित है। इसी कारण इस मंदिर को 'कटारमल सूर्य मंदिर' कहते हैं। कटारमल सूर्य मंदिर ओडिशा के 'कोणार्क सूर्य मंदिर' के बाद भारत का एकमात्र प्राचीन सूर्य मंदिर है। कटारमल सूर्यमंदिर 'बड़ादित्य' के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर का निर्माण मध्ययुगीन काल में कत्युरी राजा 'कतर्मल्ला' द्वारा करवाया गया था।

52. भारत की मानक समय (याम्योत्तर) रेखा है–

(a) $82^0 30'$ पूर्वी देशान्तर (b) $97^0 25'$ पूर्वी देशान्तर
(c) $68^0 7'$ पूर्वी देशान्तर (d) $76^0 5'$ पूर्वी देशान्तर

Ans. : (a) भारत का मानक समय (याम्योत्तर) रेखा $82^0 30'$ पूर्वी देशांतर रेखा है। यह रेखा उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले के नैनी नामक स्थान से गुजरती है।

53. भारत में ब्रह्मपुत्र नाम से पुकारी जाने वाली नदी चीन में किस नाम से जानी जाती है?

(a) सिन्धु (b) अवांग
(c) सांगपो (d) तांगवो

Ans. : (c) भारत में ब्रह्मपुत्र नाम से पुकारी जाने वाली नदी चीन (तिब्बत) में **सांगपो** या **त्सांग-पो** नाम से, बांग्लादेश में **जमुना** व अरुणाचल प्रदेश में **दिहांग** नाम से जानी जाती हैं।

54. सरदार सरोवर बाँध बना है–

(a) कावेरी नदी पर (b) कृष्णा नदी पर
(c) महानदी पर (d) नर्मदा नदी पर

Ans. : (d) सरदार सरोवर बाँध गुजरात राज्य में नर्मदा नदी पर स्थित है। यह एक बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजना है जो मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा गुजरात की संयुक्त परियोजना है।

55. 'वेदों की ओर लौटो' किसके द्वारा कहा गया?

(a) विवेकानन्द (b) रामकृष्ण परमहंस
(c) दयानन्द सरस्वती (d) बाल गंगाधर तिलक

Ans. : (c) 'वेदों की ओर लौटो' वाक्य का नारा दयानन्द सरस्वती द्वारा दिया गया। दयानन्द सरस्वती ने 1875 ई. में बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की थी।

56. मुगल शासन प्रणाली में 'दीवान-ए-तन' नामक अधिकारी का क्या कार्य था।

(a) बंजर भूमि का प्रबन्ध करना
(b) सब अधिकारियों पर नजर रखना
(c) वेतन सम्बन्धी मामलों को देखना
(d) जागीरों का हिसाब रखना

Ans. : (c) दीवान-ए-तन नामक अधिकारी मुगलकाल का प्रमुख वित्त से संबंधित अधिकारी था जो जागीरों एवं वेतन सम्बन्धित विभागों की देखभाल करता था।

57. 'खानवाँ का युद्ध' किनके बीच लड़ा गया?

(a) बाबर और राणा साँगा (b) बाबर और इब्राहिम लोदी
(c) बाबर और सिकन्दर लोदी (d) बाबर और हयात खाँ

Ans. : (a) 'खानवाँ का युद्ध' मुगल शासक बाबर तथा मेवाड़ के शासक राणा साँगा के बीच 17 मार्च, 1527 ई. में हुई थी। इस युद्ध में बाबर विजयी रहा।

58. इम्पीरियल बैंक का नाम उसके राष्ट्रीयकरण के बाद बदलकर.....रख दिया गया।

(a) पंजाब नेशनल बैंक (b) बैंक ऑफ बड़ौदा
(c) इलाहाबाद बैंक (d) भारतीय स्टेट बैंक

Ans. : (d) इम्पीरियल बैंक की स्थापना 27 जनवरी, 1921 ई. में हुई थी। 1955 में इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया तथा इसका नाम भारतीय स्टेट बैंक (SBI) कर दिया गया।

59. उत्तराखण्ड में निम्न में से वह कौन-सा आवासीय विद्यालय है, जिसमें केवल अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश की व्यवस्था की गई?

(a) राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय
(b) जवाहर नवोदय विद्यालय
(c) कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय
(d) एकलव्य आवासीय विद्यालय

Ans. : (d)उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 'एकलव्य आवासीय विद्यालय' की योजना शुरू की गई। इस तरह के विद्यालय में केवल अनुसूचित जनजातियों (ST) के विद्यार्थियों के प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

60. समुद्रगुप्त के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय मगध की गद्दी पर बैठा। उसने शकों को पराजित कर निम्न में से कौन-सी उपाधि धारण की?

(a) महाराजा (b) चक्रवर्ती
(c) शकारि विक्रमादित्य (d) महासम्राट

Ans. : (c) समुद्रगुप्त के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय शासक बना। इसने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की। शकों को पराजित करने के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय ने **शकारि विक्रमादित्य** की उपाधि धारण की। इस उपलक्ष्य में **व्याघ्र शैली** में रजत मुद्राओं का प्रचलन किया।

पंजाब शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

1. इतिहास कब प्रारम्भ हुआ?
(a) जब मानव सभ्यता का प्रारम्भ हुआ
(b) जब मानव स्मृति प्रारम्भ हुई
(c) जब लिखित स्रोत उपलब्ध होने लगे
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (a) मानव की उत्पत्ति तथा मानव सभ्यता के प्रारम्भ के साथ ही इतिहास का प्रारम्भ माना जाता है। इतिहास को तीन भागों में बांटा गया है– 1. प्राक् ऐतिहासिक काल 2. आद्य ऐतिहासिक काल 3. ऐतिहासिक काल

2. इतिहास के सन्दर्भ में सही कालक्रम है–
(a) पैलियोलिथिक, मेगालिथिक, माइक्रोलिथिक, नियोलिथिक
(b) नियोलिथिक, मेगालिथिक, पैलियोलिथिक, माइक्रोलिथिक
(c) पैलियोलिथिक, माइक्रोलिथिक, नियोलिथिक, मेगालिथिक
(d) माइक्रोलिथिक, नियोलिथिक, मेगालिथिक, पैलियोलिथिक

Ans. : (c) इतिहास का सही कालक्रम है–पैलियोलिथिक (पुरा पाषाण काल)–माइक्रोलिथिक (मध्य पाषाण काल) – नियोलिथिक (नव पाषाण काल) – मेगालिथिक (वृहद पाषाण काल)।

पुरापाषाण काल (Paleolithic Age) की शुरूआत प्रतिनूतन युग (2000000 ई.पू. से 10000 ई.पू.) में हुई। भारत में सर्वप्रथम पुरापाषाणकालीन चट्टान की खोज राबर्ट ब्रूस फूट ने 1863 में की।

मध्यपाषाण (Meselithic/Maekrolithik Age) का काल 10000 से 4000 ई.पू. तक है। इस काल की मुख्य विशेषता लघु पाषाण उपकरण (माइक्रोलिथिक) है। इस कारण इस युग को 'माइक्रोलिथिक युग' भी कहते हैं।

नवपाषाण काल (Neolithic Age) 4000 ई.पू. से 1800 ई.पू. तक था। 'नवपाषाण' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 'सर वॉन ल्यूबक' ने अपनी पुस्तक 'प्रागैतिहासिक थीम्स' में किया था। नवपाषाण संस्कृति की प्रमुख विशेषता कृषि-कार्यों की शुरूआत पशुपालन, पत्थरों के चिकने औजार और मिट्टी के बर्तनों का निर्माण हैं।

3. चावल का कृषिगत उत्पादन सर्वप्रथम कहाँ हुआ था?
(a) अण्टार्कटिका (b) दक्षिण एशिया
(c) अमेरिका (d) यूरोप

Ans. : (b) चावल के कृषिगत उत्पादन के सर्वप्रथम साक्ष्य यांग्सी नदी (चीन) घाटी में मिले हैं जो 10,000 वर्ष पुराने हैं। पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि भारत में सबसे पुराने चावल की कृषि के साक्ष्य कौल्डिहवा (बेलन नदी घाटी) इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुए हैं जो लगभग 7,000 वर्ष पुराने हैं। यह क्षेत्र एशिया महाद्वीप के अन्तर्गत आते हैं।

4. भारत में द्वितीय नगरीकरण 6वीं सदी ईसा पूर्व हुआ था, परन्तु पहला नगरीकरण लगभग कब हुआ था?
(a) 2500 ई.पू. (b) 1200 ई.पू.
(c) 1000 ई.पू. (d) 900 ई. पू.

Ans. : (a) भारत में प्रथम नगरीकरण के साक्ष्य सैंधव सभ्यता के स्थलों हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, कालीबंगा तथा लोथल से प्राप्त होते हैं। सैंधव सभ्यता का काल 2500 ई. पू.–1750 ई. पू. माना जाता है।

5. भारत में सर्वप्रथम किस क्षेत्र में राज्य प्रणाली का उदय हुआ?
(a) कावेरी घाटी (b) नर्मदा घाटी
(c) गंगा-यमुना दोआब (d) ये सभी

Ans. : (c) भारत में सर्वप्रथम राज्य प्रणाली का उदय गंगा-यमुना दोआब क्षेत्र में महाजनपद के रूप में हुआ। यही महाजनपद आगे चलकर साम्राज्य में परिवर्तित हो गये।

6. अशोक का 'धम्म' था–
(a) अच्छे व्यवहार का सिद्धान्त
(b) एक आदर्श
(c) सम्राट अशोक द्वारा प्रतिपादित विचारों की एक समष्टि
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) अशोक के धम्म में प्रश्नानुसार सभी विकल्प अर्थात् अच्छे व्यवहार का सिद्धांत, एक आदर्श व सम्राट अशोक द्वारा प्रतिपादित विचारों की एक समष्टि समाहित थे।

7. प्लिनी कौन था?
(a) एक कवि जिसने भारत के इतिहास के बारे में लिखा है
(b) एक योद्धा राजा जो अफगानिस्तान में बस गया था
(c) एक रोमन विद्वान् जिसने भारत के रोमन साम्राज्य के साथ व्यापार का उल्लेख किया है
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (c) प्लिनी प्रसिद्ध रोमन विद्वान् एवं दार्शनिक था जिसने रोम एवं भारत के मध्य व्यापार का उल्लेख किया है। रोम साम्राज्य के धन का बहाव भारत की तरफ होने से प्लिनी दुःख व्यक्त करता है। प्लिनी कहता है कि ''रोम के सोने से भारत सोने की चिड़िया बन चुका है पर रोम उजाड़ हो गया है।''

8. राजा हर्ष का साम्राज्य फैला था –
(a) दक्षिणी सागर से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तक
(b) पश्चिमी सागर से पूर्वी सागर तक
(c) गंगा यमुना घाटी में
(d) अफगानिस्तान से असोम तक

Ans. : (b) हर्षवर्धन का साम्राज्य पश्चिमी सागर से पूर्वी सागर तक फैला था अर्थात् पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में उड़ीसा व असम तक तथा दक्षिण में नर्मदा नदी तक फैला था। इसके साम्राज्य की राजधानी कन्नौज थी।

9. निम्न विद्वानों में समान क्या है? आपस्तम्भ, बौधायन, कात्यायन, मानव, पाणिनी, पिंगल, याज्ञवल्क्य–
(a) सभी खगोलविद् थे (b) सभी व्याकरणाचार्य थे
(c) सभी कवि थे (d) सभी गणितज्ञ थे

Ans. :(b) व्याकरण के माध्यम से भाषा का स्वरूप निर्धारित किया गया। व्याकरण पर लिखी गई प्रथम पुस्तक अष्टाध्यायी पाणिनी द्वारा लिखी गई तथा कात्यायन ने व्याकरण की पुस्तक वर्तिका लिखी थी। आपस्तम्भ, बौधायन, मानव, पिंगल तथा याज्ञवल्क्य ने अपने ग्रंथों में व्याकरण का उल्लेख किया है।

10. गुलाम वंश बना था–
(a) एक परिवार जिसने दासता से मुक्ति पा ली थी
(b) कुछ असम्बन्धित परिवार जिनके संस्थापक दास सैनिक के रूप में राजा के लिए सेवा देते थे
(c) भारतीय शासकों के दास
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (b) गुलाम वंश की स्थापना से दिल्ली सल्तनत की शुरूआत हुई। इसमें जितने भी शासक हुए वे अलग-अलग परिवार से सम्बन्धित थे तथा राजा के दास के रूप में राजा को सेवा प्रदान करते थे।

11. बुलन्द दरवाजा बनवाया गया था–

(a) आगरा में गद्दी की स्थापना के उपलक्ष्य में
(b) गुजरात विजय के उपलक्ष्य में
(c) चिश्ती सन्त के सम्मान में
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (b) बुलंद दरवाजा का निर्माण अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष्य में 1602 में करवाया था। यह उत्तर प्रदेश के आगरा शहर से करीब 43 किमी. दूर फतेहपुर सीकरी में स्थित है। हिन्दू और फारसी स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण होने के कारण इसे 'भव्यता के द्वार' के नाम से जाना जाता है। इसके पूर्वी तोरण पर फारसी में शिलालेख अंकित है जो 1601 में दक्कन पर अकबर की विजय का अभिलेख है। यह 53.63 मीटर ऊँचा व 35 मीटर चौड़ा लाल बलुआ पत्थर से बना है जिसे सफेद संगमरमर से सजाया गया है।

12. अकबर का प्रशासक कौन था?

(a) हुमायूँ (b) बाबर (c) बैरम खाँ (d) सलीम

Ans. : (c) बैरम खाँ अकबर का प्रशासक था। बैरम खाँ अकबर का वकील तथा अकबर का संरक्षक था। बैरम खाँ के संरक्षण में अकबर ने 1556-60 ई. तक शासन किया। अकबर ने बैरम खाँ को खान-ए-खाना की उपाधि से विभूषित किया था।

13. गेटवे ऑफ इण्डिया, इण्डिया गेट तथा तीन मूर्ति की स्थापना हुई थी–

(a) क्रमशः जार्जपंचम के स्वागत में, युद्ध में मारे गए भारतीय सैनिकों की स्मृति में, प्रथम विश्वयुद्ध में मारे गए सैनिकों की स्मृति में
(b) क्रमशः आंग्ल राजा के स्वागत में, अंग्रेजों के विजय के उपलक्ष्य में, प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत में
(c) क्रमशः आंग्ल महारानी विक्टोरिया के सम्मान में, प्रथम विश्वयुद्ध की विजय के अवसर पर, द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए लोगों की याद में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (d) गेटवे ऑफ इण्डिया, इण्डिया गेट तथा तीन मूर्ति भवन की स्थापना हुई है क्रमशः गेटवे ऑफ इण्डिया के निर्माण की योजना 1911 ई. में दिल्ली दरबार के पहले किंग जार्ज पंचम और क्वीन मैरी की मुंबई यात्रा के उपलक्ष्य में बनी थी जिसका निर्माण कार्य 1920 में शुरू हुआ व 1924 में बनकर पूरा हुआ। 4 दिसम्बर 1924 को वायसराय अर्ल ऑफ रीडिंग ने इसका उद्घाटन किया। इंडिया गेट उन सैनिकों की याद में नई दिल्ली में बना है जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। इसकी डिजाइन एड्विन लैंडसियर लूट्यन्स ने तैयार की थी तथा इसका निर्माण 1931 में पूरा हुआ। तीनमूर्ति भवन का निर्माण 1930 में हुआ। यह ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ का निवास था, साथ ही यह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी पूर्व निवास रह चुका है।

14. मुगल साम्राज्य प्रणाली की सुदृढ़ता का कारण था–

(a) इसके कठोर नियम
(b) मनसबदारी प्रणाली
(c) पैतृक वंशागत नियम
(d) अन्य भारतीय राजाओं के साथ सहयोग का सम्बन्ध

Ans. : (b) मनसबदारी प्रणाली ने मुगल साम्राज्य को दृढ़ता प्रदान की तथा इसी प्रणाली के कारण मुगलों के साम्राज्य का विघटन भी प्रारम्भ हुआ। 1575 ई. में अकबर के द्वारा मनसबदारी प्रणाली की शुरूआत की गई थी।

15. सिंह सभा आन्दोलन विस्तृत रूप से कब प्रारम्भ हुआ?

(a) 18वीं शताब्दी (b) 20वीं शताब्दी
(c) 19वीं शताब्दी (d) 21वीं शताब्दी

Ans. : (c) सिंह सभा आंदोलन विस्तृत रूप से 19वीं शताब्दी में प्रारम्भ हुआ। इसकी शुरूआत ठाकुर सिंह संहावालिया एवं ज्ञानी सिंह के द्वारा 1 अक्टूबर, 1873 में अमृतसर में की गई। इसके दो प्रमुख उद्देश्य थे। प्रथम सिक्खों के लिए आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा द्वितीय सिक्ख धर्म के हितों को नुकसान पहुँचाने वाली रूढ़ियों के खिलाफ संघर्ष करना। आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा के प्रसार के लिए सिंह सभा ने पूरे पंजाब में खालसा महाविद्यालय की स्थापना की थी।

16. निम्नलिखित में सही कालक्रम की पहचान कीजिए–

(a) गुरू हर किशन, गुरु हर राय, गुरु हर गोविन्द
(b) गुरु अंगद, गुरु हर गोविन्द, गुरु अमर दास
(c) गुरु नानक, गुरु अंगद, गुरु हर गोविन्द
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (c) उपर्युक्त विकल्प में सही कालक्रम है- गुरु नानक (1469-1539), गुरु अंगद (1539-1552), गुरु हरगोविंद (1606-1645)। सिख धर्म के लोग गुरुनानकदेव के अनुयायी हैं। गुरुनानक की मृत्यु के बाद सिखों का मुखिया गुरु कहलाने लगा। सिख धर्म के गुरुओं की कुल संख्या 10 है जिनका कालखण्ड निम्न हैं- गुरु नानक देव (1469-1539), गुरु अंगद (1539-1552), अमरदास (1552-1574), रामदास (1574-1581), अर्जुन देव (1581-1606), हरिगोविन्द सिंह (1606-1645), गुरु हरराय (1645-1661), गुरु हरकिशन (1661-1664), गुरु तेगबहादुर (1664-1675) तथा गुरु गोविन्द सिंह (1675-1708)।

17. फकीर अजीजुद्दीन, दीवान मोतीराम और क्लाउड ऑगस्ट कोर्ट के सम्बन्ध में समान हैं–

(a) वे खगोलविद् थे
(b) महाराजा रणजीत सिंह के अधिकारी/कर्मचारी थे
(c) वे भाग्य के सिपाही थे
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (b) फकीर अजीजुद्दीन तथा दीवान मोतीराम राजा रणजीत सिंह के प्रतिनिधि थे तथा ऑगस्ट क्लाउड एक फ्रांसीसी सैनिक था जिससे रणजीत सिंह के सेना को प्रशिक्षित करने का कार्य किया। इस प्रकार तीनों महाराजा रणजीत सिंह के अधिकारी/कर्मचारी थे।

18. जब सरकार का ऐसी रीतियों (रिवाजों) से सामना होता है जो कानून की दृष्टि से भिन्न होती हैं, तो इन्हें व्यावहारिक कानून के अन्तर्गत रखा जाता है। यहाँ 'रिवाज' की परिभाषा है–

(a) ऐसे रीति (रिवाज) जो 'चिरकाल' से चलन में है
(b) ऐसी परिपाटी (परम्परा) जिस पर सामाजिक मतैक्यता हो
(c) ऐसा विचार जो खाप द्वारा समर्थित है
(d) ऐसी प्रथा जो मानव इतिहास का एक हिस्सा है

Ans. : (a) हमारे देश के व्यावहारिक कानूनों में उन्हीं रीति-रिवाजों व परम्पराओं को स्थान मिलता है जो लम्बे समय (चिरकाल) से चले आ रहे हैं।

19. वर्ष 1857 की क्रान्ति को सिपाही विद्रोह तथा भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संघर्ष भी कहा जाता है। समान घटनाक्रम के पीछे अलग नाम होने के क्या कारण हैं?

(a) इस घटना के मुख्य कारकों को चिह्नित करना
(b) भारतीय लोगों में उपनिवेश विरोधी भावना की माप करना
(c) विभिन्न परिणामों को समझना
(d) अपने द्वारा दिए गए नामों का प्रचार करवाना

Ans. : (a) 1857 की क्रांति को इतिहासकारों ने एक जटिल क्रांति का रूप दिया। साम्राज्यवादी लेखकों ने इसे सैनिक विद्रोह कहा तो राष्ट्रवादी लेखक वी. डी. सावरकर ने इस क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष की संज्ञा दी। क्रांति के ये नाम अलग-अलग कारकों की प्रकृति पर आधारित है।

20. जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद प्रधानमन्त्री का कार्यभार किसने सम्भाला?

(a) गुलजारी लाल नन्दा (b) मोरारजी देशाई
(c) लाल बहादुर शास्त्री (d) इन्दिरा गाँधी

Ans. : (a) जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु (27 मई, 1964) के पश्चात् गुलजारी लाल नन्दा ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला। ताशकंद में श्री लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद दोबारा 11 जनवरी, 1966 को उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

21. वह विज्ञान जो पृथ्वी तथा उसके क्षेत्रों, गुणधर्म, वासियों और स्वरुप का अध्ययन करता है, कहलाता है–

(a) पुरा विज्ञान (b) भूगोल
(c) जीव विज्ञान (d) सामाजिक विज्ञान

Ans. : (b) भूगोल सामाजिक विज्ञान का वह विषय है जिसके अन्तर्गत पृथ्वी तथा उसके क्षेत्रों, गुणधर्म, वहाँ के निवासियों और उनके स्वरूप के विषय में अध्ययन किया जाता है।

22. सौरमण्डल में तीसरा ग्रह कहा जाता है

(a) शुक्र (b) मंगल (c) पृथ्वी (d) अरुण

Ans. : (c) सौरमण्डल में वर्तमान समय में कुल 8 ग्रह हैं। सूर्य से बढ़ती दूरी के क्रम में क्रमशः बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, वृहस्पति, शनि, अरुण एवं वरुण हैं। इस प्रकार सौर मण्डल का तीसरा ग्रह पृथ्वी है।

23. पृथ्वी का झुकाव अपने अक्ष पर 23'.4' है, इसका अर्थ है–

(a) पृथ्वी अपने अक्ष के परितः घूमती है
(b) पृथ्वी पर वर्ष भर में मौसम में परिवर्तन होता है
(c) पृथ्वी के गोलार्द्ध इसी के कारण वर्ष के विभिन्न समयों में सूर्य के सामने आते हैं
(d) पृथ्वी एक गोला है

Ans. : (c) पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव 23'.4' होता है। पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव का अर्थ है कि पृथ्वी का प्रत्येक गोलार्ध पृथ्वी के झुकाव के कारण वर्ष के विभिन्न समयों में सूर्य के सामने आता है।

24. पृथ्वी के पर्यावरण पर सबसे बड़ा प्रभाव होता है–

(a) परमाणु विस्फोटों से (b) मानवीय क्रिया-कलापों से
(c) रासायनिक प्रदूषण से (d) सौर विकिरण से

Ans. : (b) मानव क्रिया-कलापों का सबसे ज्यादा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है। मानव क्रिया-कलापों के अन्तर्गत औद्योगीकरण, अत्यधिक यातायात तथा अत्यधिक मात्रा में हरित गृह गैस (Green house gases) का उत्सर्जन शामिल है।

25. वायु प्रदूषण का नियन्त्रण यह सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण है कि–

(a) फसलें बर्बाद नहीं हों
(b) उद्योगों को पर्याप्त स्वच्छ हवा प्राप्त हो
(c) हमें श्वसन के लिए स्वच्छ वायु मिले
(d) पशुओं की जनसंख्या कम न हो

Ans. : (c) वायु प्रदूषण का नियंत्रण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होता है कि मानव को श्वसन के लिए स्वच्छ वायु मिले। वायु प्रदूषण के कारण कई अवांछनीय गैसें मानव शरीर में प्रवेश करके उनमें दोष पैदा कर देती है।

26. हाल ही में भारत में ग्लेशियरों की स्थिति पर बड़ा विवाद रहा है। भय है कि ग्लेशियर–

(a) वृद्धिमान हैं (b) गहराते जा रहे हैं
(c) घट रहे हैं (d) स्थूल हो रहे हैं

Ans. : (c) वर्तमान शोध से पता चलता है कि भारत में स्थित ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। ग्लेशियर नदियों में जल के स्रोत होते हैं। इनके घटने (गलने) से नदियों के अस्तित्व पर संकट आ सकता है।

27. रणजीत सागर बाँध इस गाँव के समीप है–

(a) नाबडेरा (b) थेन (c) नाथपा (d) झाकरी

Ans. : (b) रणजीत सागर बाँध पंजाब राज्य में स्थित है परन्तु यह बाँध जम्मू-कश्मीर के **थेन** गाँव के सबसे नजदीक है। इसे थीन बांध के रूप में भी जाना जाता है। यह देश के उच्चतम मृदा बांधों में से एक है। यह रावी नदी पर स्थित पंजाब का सबसे बड़ा जल विद्युत बांध है।

28. भारत में सर्वाधिक ऊँचा अर्थ फिल्ड बाँध है-

(a) रणजीत सागर (b) भाखड़ा बाँध
(c) टिहरी (d) हीराकुड

Ans. : (c) भारत का सबसे ऊँचा अर्थ फिल्ड बाँध उत्तराखण्ड में स्थित टिहरी बाँध है जो पहाड़ियों पर स्थित है। यह भागीरथी नदी पर स्थित है।

29. दक्षिणी भारत में उत्तर भारत की तुलना में चीनी उत्पादन में तीव्र वृद्धि के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारण हैं–

1. प्रति एकड़ अधिक गन्ना का उत्पादन
2. गन्ने में चीनी की मात्रा अधिक होना,
3. कम श्रमिक लागत
4. पेराई का लम्बा सत्र

(a) 1 और 2 (b) 1,2 और 4
(c) 1,3 और 4 (d) 1,2 और 3

Ans. : (b) दक्षिण भारत में गन्ने का उत्पादन उत्तर भारत की तुलना में अधिक होने, गन्ने में शर्करा की मात्रा अधिक होने तथा पेराई सत्र लम्बा चलने के कारण दक्षिण भारत में उत्तर भारत की अपेक्षा अधिक चीनी उत्पादन करता है।

30. भारत एक बड़ा देश है। यह पृथ्वी का कितना प्रतिशत भाग घेरता है?

(a) 1.4 (b) 4.4 (c) 3.4 (d) 2.4

Ans. : (d) भारत संपूर्ण पृथ्वी का 2.4% क्षेत्रफल घेरता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व का सातवां बड़ा देश है तथा जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

31. निम्न के मध्य रेडक्लिफ रेखा सीमा निर्धारित करती है–

(a) भारत एवं पाकिस्तान (b) भारत एवं म्यांमार
(c) भारत एवं अफगानिस्तान (d) भारत एवं चीन

Ans. : (a) रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान की सीमा रेखा है। इस सीमा रेखा का निर्धारण सर रेडक्लिफ के द्वारा किया गया था। भारत व अफगानिस्तान के मध्य डूरंड रेखा, भारत एवं चीन के मध्य मैकमोहन रेखा स्थित है।

32. किस जनगणना के बाद यह पता चला कि भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है?

(a) 1921 (b) 1931 (c) 1951 (d) 1901

Ans. : (a) वर्ष 1921 ई. को भारत में जनसंख्या की दृष्टि से विभाजक वर्ष माना जाता है। इसके पश्चात् भारत की जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि हुई। भारत में प्रथम जनगणना **1872 में लार्ड मेयो** के काल में प्रारम्भ हुई जबकि प्रथम नियमित जनगणना **1881 ई. में लार्ड रिपन** के काल में प्रारम्भ हुई।

33. केसर का उत्पादन होता है–

(a) असोम (b) पश्चिम बंगाल
(c) गुजरात (d) जम्मू एवं कश्मीर

Ans. : (d) भारत में केसर का उत्पादन मात्र जम्मू-कश्मीर राज्य में होता है।

34. मानसरोवर झील क्षेत्र से निम्न में से कौन-कौन सी नदियाँ निकलती हैं?

(a) ब्रह्मपुत्र, सतलज, यमुना (b) ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, सतलज
(c) सिन्धु, झेलम, सतलज (d) झेलम, सतलज, यमुना

Ans. : (b) मानसरोवर झील तिब्बत में स्थित है। यह झील तीन नदियों सिंध, सतलज एवं ब्रह्मपुत्र का उद्गम स्थल है।

35. निम्न में से भारत में कौन-सी फसलें, उत्पादन में सर्वाधिक क्षेत्रफल घेरती हैं?

(a) जौ और मक्का (b) ज्वार व बाजरा
(c) गेहूँ (d) चावल

Ans. : (d) भारत में सर्वाधिक क्षेत्रफल पर उगायी जाने वाली फसल चावल है। भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में चावल का सर्वाधिक उत्पादन किया जाता है।

36. वर्तमान लोकसभा है–

(a) 13वीं (b) 15वीं (c) 14वीं (d) 16वीं

Ans. : (b) प्रश्नकाल के दौरान 15वीं लोकसभा थी किन्तु वर्तमान में 17वीं लोकसभा है। 17वीं लोकसभा में महिलाओं की संख्या 78 है।

37. मौलिक अधिकार भारत में अपनाए गए हैं–

(a) मानव अधिकारों की सुनिश्चितता हेतु
(b) भारत में नागरिक के तौर पर सभी लोग शान्ति और सद्भाव के साथ रह सकें
(c) आजादी की सुरक्षा हेतु
(d) स्वतन्त्रता की सुरक्षा हेतु

Ans. : (a) भारत में मौलिक अधिकार मानव अधिकारों की सुनिश्चितता हेतु अपनाए गए हैं। भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों की अवधारणा संयुक्त राज्य अमेरिका से ली गई है। भारतीय संविधान के भाग-III में 6 प्रकार के मौलिक अधिकारों का उल्लेख है, जो निम्न हैं- (1) समता का अधिकार (अनु. 14-18), (2) स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 19-22), (3) शोषण के खिलाफ अधिकार (अनु. 23-24), (4) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 25-28), (5) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार (अनु. 29-30), (6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनु. 32-35)।

38. सम्पत्ति का अधिकार हैं–

(a) मौलिक अधिकार (b) नागरिक अधिकार
(c) वैधानिक अधिकार (d) ये सभी

Ans. : (c) सम्पत्ति का अधिकार एक वैधानिक अधिकार है। पूर्व में संवैधानिक अधिकार को मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा गया था। परन्तु 44वें संविधान संशोधन (1978) के द्वारा इसे मौलिक अधिकारों की श्रेणी से निकाल कर अनुच्छेद 300 (क) के रूप में वैधानिक अधिकार के रूप में स्वीकृत किया गया।

39. भारतीय संसद में, जेपीसी का अर्थ है–

(a) ज्वॉइन्ट पार्लियामेन्ट्री कौन्सिल
(b) जस्ट पार्लियामेन्ट कान्सल्टिंग
(c) ज्वॉइन्ट पार्लियामेन्ट्री कमेटी
(d) ज्वॉइन्ट पार्लियामेन्ट्री कान्सल्टिंग

Ans. : (c) भारतीय संसद में जेपीसी (ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी) संयुक्त संसदीय समिति है। यह दोनों सदनों के सहमति पर बनती है। इस समिति में लोकसभा के 10 तथा राज्यसभा के 5 सदस्य सम्मिलित होते हैं।

40. अनुच्छेद 370 सम्बन्धित है–

(a) हिमाचल (b) झारखण्ड
(c) जम्मू एवं कश्मीर (d) तमिलनाडु

Ans. : (c) भारतीय संविधान में उल्लिखित अनुच्छेद-370 के द्वारा जम्मू एवं कश्मीर राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया गया है। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया गया। अब जम्मू एवं कश्मीर भारत का केन्द्रशासित राज्य बन गया है।

41. लोक अदालत होती है–

(a) समझौतों और सुलहों के द्वारा विवादों का निपटारा करने वाली
(b) विवादों को सुलझाने का एक अधिकरण जो कम समय लेता है
(c) लोगों के द्वारा चलाई जाने वाली अदालत
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) लोक अदालत भारत में पूर्व से ही चली आ रही है। वर्तमान लोक-अदालत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों के अनुसार चलती है। यह अदालत राज्य तथा जिला अधिकरण द्वारा गठित की जाती है। इस अदालत के द्वारा आपसी विवाद को सुलह एवं समझौते द्वारा निपटाया जाता है तथा इस अदालत के फैसले में कम समय लगता है।

42. भाषा के आधार पर लोगों का विभाजन इस सिद्धान्त पर कार्य करता है

(a) अपनी भाषा में प्रशासन अच्छा होता है
(b) भाषा वह संयोजक है जो लोगों को आपस में जोड़ती है तथा उन्हें चिह्नित करती है।
(c) प्रशासनिक सरलता के लिए स्थानीय भाषा का प्रयोग
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) नये राज्य के स्थापना के संदर्भ में भाषाई आधार पर दी गई सभी बातें सम्मिलित होती हैं।

43. जीने का अधिकार है–

(a) सरकार द्वारा प्रदत्त अधिकार
(b) दैवीय अधिकार
(c) न्यायालय द्वारा प्रदत्त अधिकार
(d) मौलिक अधिकार

Ans. : (d) जीवन जीने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। जिसका वर्णन भारत के संविधान के अनुच्छेद-21 में किया गया है। अनुच्छेद-21 के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक तथा व्यक्तियों को गरिमापूर्वक जीने का अधिकार है।

44. आयकर, केन्द्रीय कर, सीमा शुल्क राजस्व के द्वारा जुटाया गया धन जाता है–

(a) भारत सरकार का (b) आकस्मिक निधि में
(c) संचित निधि में (d) ये सभी

Ans. : (c) आयकर, केन्द्रीय कर, सीमा शुल्क, राजस्व द्वारा जुटाया गया धन संचित निधि में जमा किया जाता है जहाँ से अधिकारियों तथा पदाधिकारियों को वेतन दिया जाता है।

45. भारत की संसदीय प्रणाली इस सिद्धान्त पर कार्य करती है–

(a) बहुमत की जीत (b) आनुपातिक प्रतिनिधित्व
(c) बहुमत (d) लोकप्रिय लोकतन्त्र

Ans. : (a) भारत में संसदीय प्रणाली बहुमत के जीत के सिद्धांत पर कार्य करती है।

46. प्रसार भारती है–

(a) भारत की लोक सेवा प्रसारण प्रदाता
(b) एक NGO
(c) एक टीवी संगठन
(d) एक रेडियों संगठन

Ans. : (a) प्रसार भारती भारत की लोक सेवा प्रसारण प्रदाता तथा नियामक सस्था है। इसकी स्थापना 23 नवम्बर, 1997 को भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन की गई थी।

47. नारीवाद (Feminism) से आशय है–
(a) एक विचार जो महिलाओं की समानता के पक्ष में हो
(b) एक विचार जिसके अनुसार महिलाएँ शासन करें
(c) एक विचार जिसमें पुरुष शासन करें
(d) एक विचार जिसके अनुसार महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा अधिक अवसर मिलना चाहिए।

Ans. : (a) नारीवाद एक विचार है जो महिलाओं के समानता के पक्ष की वकालत करता है।

48. भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है–
(a) भारत के प्रधानमन्त्री द्वारा (b) संसद द्वारा
(c) राष्ट्रपति द्वारा (d) लोकसभा द्वारा

Ans. : (c) भारत में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-124(2) में इसका वर्णन किया गया है।

49. भारतीय सेना का सर्वोच्च कमाण्डर कौन होता है?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमन्त्री
(c) गृहमन्त्री (d) रक्षामन्त्री

Ans. : (a) भारतीय संविधान के अनुच्छेद-53 (2) में भारत के राष्ट्रपति को सर्वोच्च कमाण्डर घोषित किया गया है। भारत का राष्ट्रपति तीनों सेनाओं (जल, वायु तथा थल) का सेनाध्यक्ष होता है।

50. नागरिक अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम (The Protection of Civil Rights Act) सम्बन्धित है–
(a) व्यक्तियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से
(b) छुआछूत के खिलाफ सजा के प्रावधान से
(c) सामाजिक समुदायों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से
(d) नागरिकों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से

Ans. : (b) नागरिक अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम समाज में फैली कुरीतियों तथा छुआ-छूत के संबंध में सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1955 के नाम से भी जाना जाता है। 1 मई, 1955 से यह अधिनियम पूरे भारत में लागू है।

51. सामाजिक विज्ञान अध्ययन करता है–
(a) समाजों का (b) व्यक्तियों का
(c) सरकारों का (d) दर्शनों का

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत समाज की संरचना, उसके विकास एवं उसकी समस्याओं का अध्ययन करता है तथा उन कारकों की समस्या के समाधान का रास्ता बताता है जो समाज के विकास में अवरोध उत्पन्न करते हैं।

52. ''जहाँ मस्तिष्क बिना भय के हो'' कथन है–
(a) महात्मा गाँधी का (b) स्वामी विवेकानन्द का
(c) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का (d) सरदार भगत सिंह का

Ans. : (c) उपर्युक्त कथन रवीन्द्रनाथ टैगोर का है। रवीन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार–''जहाँ मस्तिष्क बिना भय के हो, जहाँ ज्ञान निःशुल्क हो, जहाँ विश्व टुकड़ों में न बंटा हो.....ऐसी विश्वात्मा के बारे में सोचता हूँ।''

53. सामाजिक विज्ञान पढ़ाने में आने वाली कठिनाइयों में से प्रमुख है–
(a) परिवर्तित होते रहना (b) बहुत जटिल होना
(c) अस्तित्वहीन होना (d) स्थानिक होना

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान का केन्द्र बिन्दु समाज होता है। समय परिवर्तन से समाज में परिवर्तन आते हैं तो सामाजिक विज्ञान को भी परिवर्तित होना स्वाभाविक है। अतः सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के लिए कोई निश्चित मापदण्ड नहीं अपनाया जा सकता है।

54. एक बच्चे की शिक्षा का स्थान है–
(a) स्कूल, समाज और घर तीनों (b) स्कूल
(c) समाज (d) घर

Ans. : (a) एक बच्चे की शिक्षा का स्थान उसका स्कूल, उसका समाज एवं उसका घर होता है।

55. एक शिक्षक को निम्न गुणों को अपनाना चाहिए–
(a) अभिनय (b) अधिगम
(c) संवाद कला (d) विभिन्न भूमिका निभाने वाला

Ans. : (d) शिक्षक में विभिन्न भूमिका निभाने का गुण होना चाहिए ताकि अलग-अलग परिस्थितियों में शिक्षक अलग-अलग तरीके से बच्चों को ज्ञानार्जन करने को प्रोत्साहित कर सके तथा उन्हें रोचक जानकारियाँ उपलब्ध करा सके।

56. प्राथमिक व द्वितीयक स्त्रोतों में अन्तर है–
(a) प्राथमिक स्त्रोत प्राथमिक है जबकि द्वितीयक स्त्रोत द्वितीयक है
(b) द्वितीयक स्त्रोत व्यक्ति से, सूचना से, काल से और अध्ययन किए जाने वाले विचारों से गहन सम्बन्ध रखता है
(c) प्राथमिक स्त्रोत व्यक्ति से, सूचना से, काल से और अध्ययन किए जाने वाले विचारों से गहन सम्बन्ध रखता है
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (c) प्राथमिक स्त्रोत एवं द्वितीयक स्त्रोत में मुख्य अन्तर यह होता है कि प्राथमिक स्त्रोत वास्तविक एवं तथ्यात्मक होते हैं जबकि द्वितीयक स्त्रोत प्राथमिक स्त्रोत पर आधारित होते हैं। प्राथमिक स्त्रोत व्यक्ति से, सूचना से, काल से और अध्ययन किए जाने वाले विचारों से गहन सम्बन्ध रखता है।

57. प्रोजेक्ट वर्क महत्वपूर्ण होता है क्योंकि–
(a) यह बच्चों को रचनात्मक बनाता है
(b) बच्चों के लिए एक कार्यकलाप के रूप में होता है
(c) करके सीखना, सीखने का महत्वपूर्ण तरीका है
(d) यह शिक्षकों को रचनात्मक बनाता है

Ans. : (c) प्रोजेक्ट वर्क बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसमें बच्चों को स्वतंत्रता पूर्वक करके सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

58. कक्षा में शिक्षण कार्य होना चाहिए–
(a) गहन (b) एक पक्षीय
(c) पारस्परिक क्रिया द्वारा (d) सरल

Ans. : (c) किसी भी कक्षा में शिक्षण कार्य तभी रोचक एवं सजीव होगा जब शिक्षक-छात्र परस्पर अन्तर्क्रिया करें तथा आपसी समायोजन की भावना द्वारा ज्ञान अर्जन करें।

59. डीपीआई (DPI) शब्द-संक्षेप है–
(a) डायरेक्टर ऑफ प्रॉसीक्यूशन एण्ड इण्टेलीजेंस
(b) डिपार्टमेनट ऑफ पर्सनल एण्ड इन्वेस्टिगेशंस
(c) डायरेक्टर ऑफ प्राइवेट इंस्ट्रक्शन
(d) डायरेक्टर ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन

Ans. : (d) DPI का विस्तृत रूप है–Director of Public Instruction (डायरेक्टर ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन)।

60. सामाजिक विज्ञानों की शिक्षण तकनीकों में शामिल किया जा सकता है–
(a) वार्तालाप गतिविधि (b) लेक्चर्स
(c) प्रोजेक्ट (d) ये सभी

Ans. : (d) सामाजिक विज्ञान की शिक्षण तकनीकों में वार्तालाप विधि, प्रोजेक्ट, लेक्चर विधि आदि सम्मिलित होते हैं। इससे शिक्षण कार्य में विविधता आती है तथा अधिगम प्रक्रिया रोचक हो जाती है।

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

1. भू-अभिलेखन (रिकॉर्ड) के रख-रखाव के लिए कौन जिम्मेदार होता है?

(a) पटवारी (b) तहसीलदार
(c) नम्बरदार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (a) भू-अभिलेखन (रिकॉर्ड) के रखरखाव की जिम्मेदारी पटवारी नामक कर्मचारी की होती है।

2. किस प्रांत में रैय्यतवाड़ी राजस्व प्रणाली को लागू किया गया था?

(a) बम्बई प्रांत (b) बंगाल प्रांत
(c) मद्रास प्रांत (d) केन्द्रीय प्रांत

Ans : (c) रैय्यतवाड़ी राजस्व प्रणाली की शुरूआत दक्षिण भारत के मद्रास प्रांत में थामस मुनरो द्वारा किया गया। इस व्यवस्था के अन्तर्गत राजस्व के लिए सरकार तथा किसानों के मध्य सीधा सम्बंध था।

3. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार' वर्णित किया गया है?

(a) अनुच्छेद 12 में (b) अनुच्छेद 21 में
(c) अनुच्छेद 22 में (d) अनुच्छेद 20 में

Ans : (b) भारतीय संविधान के भाग 3 में मौलिक अधिकारो का वर्णन किया गया है। मूल अधिकारों में अनु-21 के अन्तर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकारों का वर्णन किया गया है।

4. भारत में चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के लिए निर्धारित अवधि है

(a) तीन सप्ताह (b) दो सप्ताह
(c) एक सप्ताह (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (b) भारत में चुनाव कराने का उत्तरदायित्व चुनाव आयोग का होता है। चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव प्रक्रिया का निर्धारण किया जाता है। इस आयोग के द्वारा चुनाव प्रचार के अभियान की अवधि दो सप्ताह निर्धारित की गई है।

5. लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा खर्च की जाने वाली निर्वाचन आयोग द्वारा तय अधिकतम राशि है

(a) 25 लाख और 10 लाख (b) 10 लाख और 25 लाख
(c) 30 लाख और 15 लाख (d) 15 लाख और 30 लाख

Ans : (a) लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा खर्च की जाने वाली निर्वाचन आयोग द्वारा तय अधिकतम राशि वर्तमान समय में क्रमशः 70 लाख एवं 28 लाख है। प्रश्नकाल के समय खर्च की सीमा 25 लाख एवं 10 लाख है।

6. यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय का कारण था

(a) फ्रांस क्रान्ति का प्रेरणादायी प्रभाव
(b) नेपोलियन के प्रशासनिक सुधारों का प्रभाव
(c) मध्यम वर्ग का उदय
(d) उपर्युक्त सभी

Ans : (d) यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय का कोई एक विशेष कारण नही था बल्कि राष्ट्रवाद के उदय में अनेक तत्वों का योगदान था।

जैसे- 1. फ्रांस की क्रान्ति का प्रभाव
2. नेपोलियन के प्रशासनिक सुधारों का प्रभाव
3. मध्यम वर्ग का उदय
4. दार्शनिकों का प्रभाव
5. निरंकुश राजतंत्रात्मक एवं तानशाही व्यवस्था।

7. हरियाणा में लोक सभा की कितनी सीटें हैं?

(a) 10 (b) 15
(c) 20 (d) 25

Ans : (a) हरियाणा राज्य के लिए लोकसभा में 10 सीटों का प्रावधान किया गया। लोकसभा की सर्वाधिक सीट उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं।

8. राष्ट्रीय अभिलेखागार अवस्थित है

(a) मुम्बई में (b) कोलकाता में
(c) नई दिल्ली में (d) पूना में

Ans : (c) राष्ट्रीय अभिलेखागार नई दिल्ली में अवस्थित है। इसकी स्थापना 11 मार्च, 1831 ई. को इंपीरियल रिकार्ड डिपार्टमेंट के रूप में कलकत्ता (कोलकाता) की इंपीरियल सेक्रेटेयियट बिल्डिंग में हुई। वर्ष 1911 में राष्ट्रीय राजधानी कलकत्ता से नई दिल्ली स्थानांतरित हो जाने के बाद वर्ष 1926 में इस विभाग को भी दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय अभिलेखागार कर दिया गया तथा इसके प्रमुख का नाम 'कीपर ऑफ रिकार्ड्स' के स्थान पर अभिलेखागार निदेशक कर दिया गया।

9. निम्न में से शहरों के किस युग्म में 'अग्नि कुण्ड' मिले हैं?

(a) कालीबंगा-लोथल (b) मोहनजोदड़ो-हड़प्पा
(c) धौलावीरा-लोथल (d) आमरी-कोटदीजी

Ans : (a) सैंधव स्थल कालीबंगा एवं लोथल से अग्निकुण्ड के साक्ष्य पाए गये है। यह कुण्ड धार्मिक कर्मकाण्डों का साक्ष्य प्रस्तुत करता है। कालीबंगा राजस्थान में घग्घर नदी के किनारे स्थित था तथा लोथल गुजरात राज्य में भोगवा नदी के किनारे स्थित पत्तन नगर था। लोथल से गोदीवाड़ा के साक्ष्य भी प्राप्त हुए है।

10. सुमेलित कीजिए:

A. पं. मोतीलाल नेहरू	(i) संविधान सभा के सदस्य
B. बी. आर. अम्बेडकर	(ii) संविधान सभा के अध्यक्ष
C. राजेन्द्र प्रसाद	(iii) प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष
D. सरोजिनी नायडू	(iv) 1928 में संविधान प्रस्ताव बनाया

	A	B	C	D
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(c)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

Ans : (a) प. मोतीलाल नेहरू - 1928 में संविधान प्रस्ताव बनाया
बी.आर. अम्बेडकर - प्रारुप कमेटी के अध्यक्ष
राजेन्द्र प्रसाद - संविधान सभा के अध्यक्ष
सरोजनी नायडू - संविधान सभा के सदस्य

11. संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष हैं

(a) प्रणब मुखर्जी (b) सुषमा स्वराज
(c) लालकृष्ण आडवाणी (d) मुरली मनोहर जोशी

Ans : (d) प्रश्नकाल के समय संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी थे। वर्तमान समय में संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष जुलाई 2019 को काग्रेंस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को बनाया गया। यह समिति भारत सरकार के खर्च का लेखांकन करती है। इस समिति में 22 सदस्य होते हैं जिनमें 15 सदस्य लोकसभा के तथा 7 सदस्य राज्य सभा से चुने जाते हैं।

12. 'पेटेन्ट' से आप क्या समझते हैं?
(a) सम्पत्ति पर एकमात्र अधिकार
(b) शिक्षा पर एकमात्र अधिकार
(c) किसी विचार या आविष्कार पर एकमात्र अधिकार
(d) सूचना के अधिकार पर एकमात्र अधिकार

Ans : (c) किसी विचार या अविष्कार पर एकमात्र अधिकार प्राप्त करना ही पेटेंट कहलाता है। यह पेटेंट नियम किसी विचार या अविष्कार पर 20 वर्षो तक लागू रहता है।

13. निम्न में से कौन-सा औद्योगीकरण का परिणाम नहीं था?
(a) शहरीकरण (b) मॉस प्रोडक्शन
(c) उपनिवेशीकरण (d) अंध-राष्ट्रवाद

Ans : (d) 18वीं शताब्दी के औद्योगीकरण के परिणाम स्वरूप शहरीकरण, मास प्रोडक्शन तथा उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का जन्म हुआ तथा इसके विकास में तीव्रता आई। अंध राष्ट्रवाद औद्योगिकरण का परिणाम नहीं होता है।

14. बक्सर की लड़ाई हुई थी
(a) 1674 में (b) 1746 में (c) 1774 में (d) 1764 में

Ans : (d) बक्सर की लड़ाई वर्ष 1764 ई. में अंग्रेज तथा मुगलों (शाहआलम, सिराजउद्दौला तथा मीर कासिम की संयुक्त सेना) के मध्य हुआ था। अंग्रेजी सेना का नेतृत्व हेक्टर मुनरो ने किया था। इस युद्ध में अंग्रेजी सेना की विजय हुई।

15. जैन धार्मिक ग्रंथों का पहला संकलन तैयार हुआ था
(a) अमरावती में (b) वल्लभी में (c) प्रयाग में (d) उज्जैन में

Ans : (b) जैन धार्मिक ग्रंथों का पहला संकलन बल्लभी में हुआ था। जब बल्लभी में वर्ष 512 ई. में द्वितीय जैन संगिति का आयोजन किया गया था।

16. नई दिल्ली का वास्तुकार कौन था?
(a) चार्ल्स कोरिया (b) एडवर्ड लुटियन
(c) ली कार्बुजियर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (b) नई दिल्ली का वास्तुकार एडवर्ड लुटियन था। वर्ष 1913 में लुटियन ने नई दिल्ली की डिजाइन तैयार कर उसका वास्तविक स्वरूप प्रदान किया था।

17. निम्न में से कौन-सा देश 'बाल्कन क्षेत्र' का भाग नहीं है?
(a) रोमानिया (b) बुल्गारिया (c) यूनान (d) इटली

Ans : (d) इटली बाल्कन क्षेत्र का भाग नहीं है। पृथ्वी के कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनका नामकरण उनके अक्षांश, देशांतर, सागर, झीलों, संस्कृति, भाषा, जातीयता व जलवायु के आधार पर नामित किया जाता है। उन्हीं में से बाल्कन देश हैं। बाल्कन क्षेत्र दक्षिण पूर्व यूरोप के अन्तर्गत आता है। इस क्षेत्र में अल्बानिया, बुल्गारिया, क्रोएशिया, कोसोव, मोण्टेनिग्रो, रोमानिया, सर्बिया, स्लोवानिया, ग्रीस (यूनान) आदि देश आते हैं।

18. लोकतंत्र (Democracy) शब्द किस भाषा से लिया गया है?
(a) स्पेनिश (b) फ्रेंच (c) यूनानी (d) डच

Ans : (c) लोकतंत्र (Democracy) शब्द यूनानी भाषा का शब्द है।

19. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
(a) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् (b) वराहगिरी वेंकट गिरि
(c) डॉ. जाकिर हुसैन (d) बी. डी. जत्ती

Ans : (a) भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। इन्हे सर्वप्रथम भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

20. हिन्द- चीन उपनिवेश था
(a) इटली का (b) जर्मनी का (c) फ्रांस का (d) इंग्लैण्ड का

Ans : (d) हिन्द-चीन इग्लैण्ड का उपनिवेश था।

21. अनुच्छेद 368 का संबंध है
(a) आपातकाल से (b) राष्ट्रपति के चुनाव से
(c) संविधान संशोधन से (d) मूल अधिकारों से

Ans : (c) भारतीय संविधान के अनु. 368 में संविधान का संशोधन करने की संसद की शक्ति और इसकी प्रक्रिया के बारे में वर्णन किया गया है।

22. भारत की संसद मिलकर बनती है
(a) लोकसभा, राज्यसभा व मंत्रिपरिषद् से
(b) लोकसभा, राज्यसभा व प्रधानमंत्री से
(c) लोकसभा व राज्यसभा से
(d) लोकसभा, राज्यसभा व राष्ट्रपति से

Ans : (d) भारत के संसद के तीन अंग है- लोकसभा, राज्यसभा एवं राष्ट्रपति। लोक सभा को निम्न सदन तथा राज्य सभा को उच्च सदन कहा जाता है। राष्ट्रपति देश का कार्यपालिका प्रमुख होता है।

23. बौद्ध धार्मिक ग्रंथ 'विनयपिटक' की विषयवस्तु है
(a) धार्मिक प्रवचन (b) बुद्ध का जीवन चरित्र
(c) भिक्षुओं के नियम (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (c) बौध धार्मिक ग्रंथ को पिटक कहते है। बौद्ध धर्म ग्रंथ में तीन पिटक है-
सुत्त पिटक - बुद्ध के उपदेशों का संग्रह
विनय पिटक - बौद्ध संघ के नियम
अभिधम्म पिटक - गृहस्थ जीवन के नियम जो बौद्ध है।

24. निम्न में से कौन-सा अधिकार 'मौलिक अधिकार' नहीं है?
(a) हड़ताल करने का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार

Ans : (a) हड़ताल करना मौलिक अधिकार नहीं है। यह एक दण्डनीय अपराध है। भारतीय संविधान के भाग 3 में नागरिकों को 6 प्रकार के मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। जो निम्न हैं-
(1) समता का अधिकार (अनु. 14-18)
(2) स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 19-22)
(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनु. 23-24)
(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 25-28)
(5) संस्कृति और शिक्षा से संबंधित अधिकार (अनु. 29-30)
(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनु. 32-35)।

25. निम्न में से कौन इटली के एकीकरण से संबद्ध नहीं है?
(a) मेजिनी (b) गैरीबाल्डी (c) काबूर (d) मुसोलिनी

Ans : (d) इटली के एकीकरण में मुसोलिनी संबद्ध नहीं था। इटली के एकीकरण में मेजिनी, गैरीबाल्डी तथा काबूर का महत्वपूर्ण योगदान था। मुसोलिनी द्वितीय विश्व युद्ध के समय इटली का तानाशाह था। मुसोलिनी को फाँसीवाद का जनक माना जाता है।

26. ''भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस'' की स्थापना कब हुई
(a) 1885 में (b) 1889 में (c) 1887 में (d) 1881 में

Ans : (a) 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना वर्ष 1885 ई. में किया गया था। कांग्रेस की स्थापना के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड डफरिन था। कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन बम्बई में हुआ तथा व्योमेश चन्द्र बनर्जी इसके प्रथम अध्यक्ष नियुक्त किए गये।

27. सीधू व कान्हू का संबंध है
(a) मुण्डा विद्रोह से (b) संथाल विद्रोह से
(c) भील विद्रोह से (d) कोया विद्रोह से

Ans : (b) सीधू एवं कान्हू ने वर्ष 1855 में संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था। यह आंदोलन छोटा नागपुर में जमींदारी प्रथा के खिलाफ प्रारम्भ किया गया था।

28. किस राज्य में मिड डे मील योजना सर्वप्रथम शुरू की गई थी?
(a) तमिलनाडु में (b) आंध्र प्रदेश में
(c) हरियाणा में (d) पंजाब में

Ans : (a) मिड डे मील योजना की शुरूआत सर्वप्रथम तमिलनाडु राज्य में वर्ष 1962 में प्रारम्भ की गई थी। गुजरात दूसरा राज्य बना जहाँ वर्ष 1984 में मिड डे मिल योजना की शुरूआत की गई थी। हरियाणा में मिड डे मिल योजना की शुरूआत वर्ष 2004 में की गई थी तथा उत्तर प्रदेश में मिड डे मिल योजना की शुरूआत वर्ष 1995 में की गई थी।

29. निम्न में से किस राजवंश ने मध्यकालीन भारत में शानदार उद्यानों का निर्माण किया?

(a) मुगल (b) तुगलक (c) खिलजी (d) सैय्यद

Ans : (a) मध्यकालीन भारत में शानदार उद्यानों का निर्माण मुगल राजवंश के द्वारा किया गया। मुगलों के द्वारा चार बाग पद्धति का विकास भी किया गया।

30. यूरोप में प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कारक कौन था?

(a) गुटेनबर्ग (b) कैक्सटन
(c) रेमिंग्टन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (a) 15वीं शताब्दी में जर्मन निवासी जॉन गुटेनवर्ग के द्वारा यूरोप में प्रिंटिंग प्रेस का अविष्कार किया गया था।

31. जब लोग रोजगार युक्त लगते हैं परन्तु वे वास्तव में नहीं होते.....बेरोजगारी कहलाती है।

(a) खुली (b) मौसमी (c) छुपी हुई (d) संरचनात्मक

Ans : (c) छुपी बेरोजगारी वह स्थिति होती है जब रोजगार होने का भ्रम रहता है परन्तु वास्तव में वह बेरोजगार होते हैं। इस तरह की बेरोजगारी कृषि क्षेत्र में अधिकतर पाई जाती है।

32. ग्लोब पर भूमध्यरेखा के समानान्तर खींची जाने वाली रेखाएँ कहलाती है-

(a) ट्रॉपिक्स (b) देशान्तर (c) अक्षांश (d) मेरिडियन्स

Ans : (c) ग्लोब पर भूमध्य रेखा के समानान्तर खीची जाने वाली रेखाएं अक्षांश रेखाएँ कहलाती हैं। इन रेखाओं की संख्या 180 होती है। ध्रुवो से ध्रुवों को मिलाने वाली रेखा देशान्तर रेखा कहलाती है जो कि 360^0 होती है।

33. संसार का सबसे लंबा रेल मार्ग है

(a) ट्रांस साईबेरियन रेलवे (b) ट्रांस अरेबियन रेलवे
(c) ट्रांस यूरोपियन रेलवे (d) ट्रांस एशियन रेलवे

Ans : (a) संसार का सबसे लम्बा रेलमार्ग ट्रांस साइबेरियन रेल मार्ग है। यह रेल मार्ग रुस के सेंटपीटर्सवर्ग शहर को ब्लडिवोस्टक नगर से जोड़ती है। इस रेल मार्ग की लम्बाई 9289 किमी. है।

34. भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?

(a) 2.4 (b) 3.5 (c) 3.2 (d) 3.7

Ans : (a) भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.42% है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील व आस्ट्रेलिया के बाद सातवाँ है। भारत का कुल क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किमी. है।

35. देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है-

(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(b) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(c) आई. सी. आई. सी. आई. बैंक
(d) आई. डी. बी. आई.

Ans : (b) भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' (S.B.I) है। इस बैंक की स्थापना वर्ष 1921 में 'इम्पिरियल बैंक ऑफ इण्डिया' के नाम से की गई। वर्ष 1955 में इसे 'स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया' के नाम से जाना गया तथा वर्ष 1956 में इस बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

36. भारत में किस राज्य की सर्वाधिक तटीय सीमा है?

(a) उड़ीसा (b) आंध्र प्रदेश (c) गुजरात (d) केरल

Ans : (c) भारत के गुजरात राज्य की तटीय सीमा सभी तटीय राज्यों से सर्वाधिक है। गुजरात राज्य की तटीय सीमा रेखा 1214.7 किमी. लम्बी है। भारत की कुल तटीय सीमा लगभग 7516.6 किमी. है। भारत के कुल 9 राज्यों तथा चार तटीय केन्द्रशासित प्रदेशों (पुडुचेरी, लक्षद्वीव, दमन और द्वीव, अंडमान निकोबार द्वीव) की सीमा समुद्र से लगी हैं, जो निम्नलिखित हैं-

भारत के कुल नौ राज्यों की समुद्र तट से लगी सीमा-

राज्य		समुद्र तट से लगी सीमा (किमी. में)
1. गुजरात	-	1214·7
2. आंध्र प्रदेश	-	1037
3. तमिलनाडु	-	864·73
4. केरल	-	560
5. महाराष्ट्र	-	510·31
6. उड़ीसा	-	457·2
7. पश्चिम बंगाल	-	374
8. कर्नाटक	-	258·15
9. गोवा	-	160

37. 'सर्व शिक्षा अभियान'.....वर्ष तक आयु समूह के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक कदम है।

(a) छः से चौदह (b) आठ से दस
(c) दस से बारह (d) चार से पन्द्रह

Ans : (a) सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य भारत के 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चो को निःशुल्क एवं अनिवार्य रूप से शिक्षा देना है।

38. हिमालय तथा आल्प्स किस प्रकार के पर्वत हैं?

(a) वलित पर्वत (b) भ्रंशोत्थ पर्वत
(c) ज्वालामुखी पर्वत (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (a) हिमालय तथा आल्पस वलित पर्वत के उदाहरण हैं।

39. पृथ्वी की घूर्णन दिशा है

(a) पूर्व से पश्चिम (b) पश्चिम से पूर्व
(c) उत्तर से दक्षिण (d) दक्षिण से उत्तर

Ans : (b) पृथ्वी की घूर्णन की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर होती है।

40. निम्न में से कौन-सा आंतरिक ग्रह नहीं है

(a) बुध (b) शुक्र (c) पृथ्वी (d) बृहस्पति

Ans : (d) आन्तरिक ग्रह वह होते हैं जिनकी स्थिति बृहस्पति तथा सूर्य के बीच होती है। बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल आन्तरिक ग्रहों की श्रेणी में आते हैं। बृहस्पति बाह्य ग्रह है।

41. निम्न में से कौन-सा ऊर्जा का परंपरागत स्त्रोत है?

(a) जलीय ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा
(c) पवन ऊर्जा (d) ज्वारीय ऊर्जा

Ans : (a) जलीय ऊर्जा (Hydro Energy) ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत के अन्तर्गत आता है।

42. 'गिर राष्ट्रीय उद्यान' स्थित है

(a) राजस्थान में (b) गुजरात में (c) महाराष्ट्र में (d) असम में

Ans : (b) गिर राष्ट्रीय उद्यान गुजरात राज्य में स्थित है। यह उद्यान एशियाई शेरों के लिए प्रसिद्ध है।

43. 'झूम कृषि' भारत में कौन-से भाग में की जाती है?

(a) पश्चिमी घाट (b) दक्षिण भारत
(c) मध्यवर्ती भारत (d) उत्तर पूर्वी भारत

Ans : (d) झूम कृषि, कृषि की एक पद्धति है जो भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों (नागालैण्ड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा आदि) में की जाती है। इस कृषि पद्धति में जंगलों को काट कर खेती की जाती है।

44. 'चिनूक' है

(a) शीत ऋतु में बहने वाली शीत पवन
(b) शीत ऋतु में बहने वाली गर्म पवन
(c) गर्म ऋतु में बहने वाली शीत पवन
(d) गर्म ऋतु में बहने वाली गर्म पवन

Ans : (b) चिनूक उत्तरी अमेरिका में शीत ऋतु में बहने वाली गर्म पवन होती है जो रॉकी पर्वत के सहारे चलती है। इससे कनाडा सर्वाधिक प्रवाहित होता है। इनके चलने से चारागाहों में जमी बर्फ पिघल जाती है इसलिए इन्हें 'हिमभक्षी' भी कहते हैं।

45. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन-सा है?

(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (b) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(c) केन्द्रीय सहकारी बैंक (d) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

Ans : (a) भारत का केन्द्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (RBI) है। इसकी स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई। वर्ष 1949 में

इसका राष्ट्रीयकरण किया गया। वर्तमान में इस पर भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व है। इसका मुख्यालय प्रारम्भ में कोलकाता में था जो वर्ष वर्ष 1937 में स्थायी रूप से मुम्बई में स्थानांतरित कर दिया गया।

46. 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है

(a) 2009-2014 (b) 2012-2017
(c) 2011-2016 (d) 2010-2015

Ans : (b) 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 2012 से 2017 तक है। वर्तमान समय में योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया है तथा इसके स्थान पर 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग का गठन किया गया। इसके वर्तमान अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उपाध्यक्ष राजीव कुमार हैं।

47. भारत की पूरब से पश्चिम की चौड़ाई है

(a) 3214 किमी (b) 3516 किमी
(c) 5200 किमी (d) 2933 किमी

Ans : (d) भारत की पूरब से पश्चिम की चौड़ाई 2933 किमी है। भारत का पूर्वी छोर कीबीथु (अरुणाचल प्रदेश) तथा पश्चिमी छोर गौर मोता (गुजरात) है व उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 3214 किमी. है।

48. 'बुग्याल' से आशय है

(a) पहाड़ों में स्थित घास के मैदान
(b) सूखे जंगल
(c) रेगिस्तानी प्रदेश
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (a) बुग्याल पहाड़ों में स्थित घास के मैदान को कहा जाता है। आमतौर पर ये 8 से 10 हजार फीट की ऊँचाई पर स्थित होते हैं। भारत में उत्तराखण्ड के गढ़वाल हिमालय में हिमशिखरों की तलहटी में जहाँ टिम्बर रेखा (पेड़ों की पंक्तियां) समाप्त होती है वहाँ से बुग्याल आरम्भ होते हैं।

49. जनगणना 2011 के अनुसार भारत में लिंगानुपात है

(a) 933 (b) 920 (c) 861 (d) 940

Ans : (d) जनगणना 2011 के अनंतिम आँकड़ों के अनुसार भारत का लिंगानुपात 940 था। किंतु 2011 के जनगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार लिंगानुपात 943 प्रदर्शित किया गया है।

50. निम्न में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला एशिया को यूरोप से अलग करती है?

(a) एण्डीज (b) हिमालय (c) यूराल (d) पिरेनीज

Ans : (c) यूराल पर्वत श्रृंखला एशिया एवं यूरोप महाद्वीप की सीमा रेखा को निर्धारण करती है तथा इन दोनों महाद्वीपों को अलग करती है।

51. राष्ट्रपति की मृत्यु के कारण रिक्त हुए राष्ट्रपति पद पर उपराष्ट्रपति रहता है

(a) शेष रही अवधि तक
(b) एक साल तक
(c) अधिकतम छः माह तक
(d) उस दिन तक जब नव निर्वाचित राष्ट्रपति पदभार ग्रहण करता है

Ans : (d) राष्ट्रपति की मृत्यु के कारण रिक्त हुए राष्ट्रपति पद पर उपराष्ट्रपति की नियुक्ति तब तक के लिए की जाती है जब तक नये राष्ट्रपति का निर्वाचन नहीं कर लिया जाता है।

52. जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या में 'दशकीय वृद्धि' है

(a) 21.02% (b) 17.64% (c) 19.5% (d) 19.6%

Ans : (b) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 17.64% की रही।

53. भारत में सेवाकर है

(a) प्रत्यक्ष कर (b) अप्रत्यक्ष कर
(c) आरोही कर (d) अवरोही कर

Ans : (b) भारत में सेवा कर (सर्विस टैक्स) अप्रत्यक्ष कर है वर्तमान समय में भारत में सेवा कर को समाप्त कर दिया गया है तथा 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर लागू है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(a) कलपक्कम-तमिलनाडु (b) तारापुर-राजस्थान
(c) नरोरा-उत्तर प्रदेश (d) कैगा-कर्नाटक

Ans : (b)

कलपक्कम	-	तमिलनाडु
तारापुर	-	महाराष्ट्र
नरोरा	-	उत्तर प्रदेश
कैगा	-	कर्नाटक

राजस्थान में रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केन्द्र है।

55. देश, जिसकी भारत के साथ सबसे लंबी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है-

(a) बांग्लादेश (b) चीन (c) म्यांमार (d) पाकिस्तान

Ans : (a) बांग्लादेश के साथ भारत की सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। इस सीमा रेखा की लम्बाई 4096.7 किलोमीटर है।

56. निम्नलिखित किस कारण से केरल में शिशु मृत्युदर न्यूनतम है?

(a) बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ
(b) प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित प्रबंध
(c) रोजगार के बेहतर अवसर
(d) उपरोक्त सभी

Ans : (d) बेहतर शैक्षणिक सुविधा, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं रोजगार के बेहतर अवसर के कारण केरल में शिशु मृत्युदर सबसे कम है तथा मध्य प्रदेश में सर्वाधिक है। इसलिए मध्य प्रदेश को भारत का इथोपिया कहा जाता है।

57. निम्नलिखित में से सबसे लंबी नदी कौन-सी है?

(a) गंगा (b) ब्रह्मपुत्र (c) यमुना (d) चम्बल

Ans : (b)

नदी	लम्बाई (किमी. में)
गंगा	2,525
ब्रह्मपुत्र	2,900
यमुना	1,376
चम्बल	9,60

58. पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्रह है

(a) मंगल (b) शुक्र
(c) पृथ्वी (d) शनि

Ans : (c) पृथ्वी सौरमण्डल का 5वाँ सबसे बड़ा ग्रह है। इसे नीला ग्रह भी कहा जाता है। आकार के अनुसार ग्रहों का क्रम (घटते हुए क्रम में) - बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण, पृथ्वी, शुक्र, मंगल, बुद्ध।
सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रहों का क्रम - बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण।

59. UNDP द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट देशों की किस आधार पर तुलना करती है?

(a) नागरिकों का शैक्षिक स्तर (b) उनका स्वास्थ्य स्तर
(c) देश की प्रतिव्यक्ति आय (d) उपरोक्त सभी

Ans : (d) UNDP द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट को मुख्य तीन आधार पर तैयार किया जाता है -
1. शिक्षा 2. स्वास्थ्य 3. प्रतिव्यक्ति आय

60. 'विषुव' का तात्पर्य है-

(a) संपूर्ण पृथ्वी पर समान दिन-रात
(b) उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन
(c) दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans : (a) विषुव उस स्थिति को कहते हैं जब पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते है। यह स्थिति प्रतिवर्ष 21 मार्च एवं 23 सितम्बर को होती है। पृथ्वी अपनी धुरी पर $23\frac{1}{2}^0$ झुके हुए सूर्य के चक्कर लगाती है, इस प्रकार वर्ष में एक बार पृथ्वी इस स्थिति में होती है, जब वह सूर्य की ओर झुकी रहती है व एक बार सूर्य से दूसरी ओर झुकी रहती है। इसी प्रकार वर्ष में दो बार (21 मार्च एवं 23 सितम्बर) ऐसी स्थिति भी आती है, जब पृथ्वी का झुकाव न सूर्य की ओर ही होता है और न ही सूर्य से दूसरी ओर बल्कि बीच में होता है। इस स्थिति को विषुव (इक्विनॉक्स) कहा जाता है। इन दोनों तिथियों में दिन और रात की लम्बाई बराबर होती है।

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2012-13

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

1. प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु सर्व शिक्षा अभियान का लक्ष्य है

(a) वे सभी बच्चे, जो 6 से 14 वर्ष की आयु समूह में हैं।
(b) वे सभी व्यक्ति, जो 6 से 55 वर्ष की आयु समूह में हैं।
(c) जनजाति क्षेत्र की बालिकाओं को।
(d) गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों के सभी बच्चों को।

Ans: (a) प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु भारत सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत भारत के सभी 6-14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

2. भारत में सकल राष्ट्रीय उत्पाद में सबसे अधिक योगदान है

(a) प्राथमिक क्षेत्र का (b) द्वितीयक क्षेत्र का
(c) तृतीयक क्षेत्र का (d) सरकारी क्षेत्र का

Ans: (c) भारत के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में सबसे अधिक योगदान तृतीयक क्षेत्र का है। वर्तमान में हिस्सेदारी को निम्नवत् स्पष्ट कर सकते हैं -

क्षेत्रक	कुल GVA में हिस्सेदारी
प्राथमिक	17%
द्वितीयक	31%
तृतीयक	53.66%

3. भारतीय संविधान का मुख्य आधार है

(a) इंग्लैण्ड का संविधान
(b) आयरलैण्ड का संविधान
(c) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1919 का संविधान
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans: (d) भारतीय संविधान का मुख्य आधार भारत सरकार अधिनियम-1935 है। भारतीय संविधान के अधिकतम अनुच्छेद भारत सरकार अधिनियम-1935 से ही ग्रहण किए गये हैं।

4. एक दिश नौपथ संबंधित है

(a) बोन प्रक्षेप से (b) मॉलविड प्रक्षेप से
(c) खमध्यीय प्रक्षेप से (d) मॅरकेटर प्रक्षेप से

Ans: (d) एक दिश नौपथ का सम्बंध मॅरकेटर प्रक्षेपण से है। मर्केटर प्रक्षेप एक भौगोलिक प्रक्षेपण विधि है। इस विधि की खोज गिरारडस मर्केटर ने किया था इसलिए इसे मर्केटर प्रक्षेप के नाम से जाना जाता है। इस प्रक्षेप में अक्षांशों के बीच की दूरी ध्रुव की ओर क्रमशः बढ़ती जाती है। इसका बड़े पैमाने पर उपयोग नौसंचालन चार्टों में किया जाता है। इसके अन्य उपयोग हैं- अपवाह प्रतिरूप, समुद्री धाराएं, तापमान, पवन की दिशा व संपूर्ण विश्व में बरसात का वितरण आदि को मानचित्र पे प्रदर्शित करना।

5. सामान्यतः प्रवाल उष्णकटिबन्धीय सागर के मध्य में पाये जाते हैं

(a) 20^0 उत्तर एवं 15^0 दक्षिण के मध्य
(b) 10^0 उत्तर एवं 10^0 दक्षिण के मध्य
(c) 30^0 उत्तर एवं 30^0 दक्षिण के मध्य
(d) 23.5^0 उत्तर एवं 23^0 दक्षिण के मध्य

Ans: (c) 30^0 उत्तर एवं 30^0 दक्षिण के मध्य प्रवाल उष्णकटिबंधीय सागर पाए जाते है क्योंकि इन दोनो अक्षांशों के बीच का जलवायु उष्णकटिबधीय प्रकार का होता है तथा साथ ही इस प्रकार के जलवायु में प्रवाल के लिए आदर्श जलवायु दशाएं पायी जाती है। प्रवाल भित्ति एक समुद्री कैल्सियम युक्त प्रवाली जीवों के क्रमशः मृत होने एवं इसके अवशेषों के क्रमशः एकत्रित होने से होती है।

6. अधिकांश ज्वालामुखी पाये जाते है

(a) अन्ध महासागर में (b) हिन्द महासागर में
(c) प्रशान्त महासागर में (d) आर्कटिक महासागर में

Ans: (c) प्रशांत महासागर के तट पर विश्व के सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते है। क्योंकि प्रशांत महासागर विनाशात्मक पेटी के अन्तर्गत आता है। इसलिए प्रशांत महासागर को अग्नि मेखला भी कहा जाता है।

7. उपभोक्ता संरक्षण कानून अधिनियम भारत में लागू किया गया

(a) 1986 में (b) 1996 में
(c) 1990 में (d) 2010 में

Ans: (a) ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए 24 दिसम्बर, 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद ने पारित किया और राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू हुआ। यह अधिनियम उपभोक्ता के हितों को उनकी शिकायतों के शीघ्र एवं बिना किसी व्यय के निवारण कर संरक्षण एवं प्रवर्तन की व्यवस्था करता है।

8. कश्मीर को शेष भारत में जोड़ने वाला दर्रा है

(a) नोट दर्रा (b) बोलन दर्रा
(c) बनिहाल दर्रा (d) कराकोरम दर्रा

Ans: (c) कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाला दर्रा 'बनिहाल दर्रा' है। यह दर्रा समुद्र तल से 2832 मीटर की ऊँचाई पर पीर पंजाल पर्वतश्रेणी पर स्थित है। यह जम्मू को श्रीनगर से जोड़ता है। शीत ऋतु में बनिहाल दर्रा बर्फ से ढका रहता है। वर्ष पर्यन्त सड़क परिवहन व्यवस्था करने के उद्देश्य से यहाँ 'जवाहर सुरंग' बनायी गई है।

9. निम्न में से कौन-से देश अफ्रीका के प्रमुख यूरेनियम निर्यातक है?

(a) अल्जीरिया एवं लीबिया (b) जायरे एवं दक्षिण अफ्रीका
(c) चाड एवं इथोपिया (d) सूडान एवं अंगोला

Ans: (b) जायरे तथा दक्षिण अफ्रीका देश अफ्रीका महाद्वीप के प्रमुख यूरेनियम निर्यातक देश है।

10. अधिसंख्य कुषाण मूर्तियाँ प्राप्त हुई है

(a) तक्षशिला से (b) पेशावर से
(c) मथुरा से (d) पाटलिपुत्र से

Ans: (c) मथुरा से अधिसंख्यक कुषाण मूर्तियों की प्राप्ति हुई है। कुषाण काल में मथुरा कला का प्रमुख केन्द्र था जहाँ अनेक स्तूपों, विहारों एवं मूर्तियों का निर्माण हुआ। यहाँ से अनेक हिन्दू, बौद्ध एवं जैन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं।

11. निम्न में से कौन-सी महाद्वीप-पर्वत की स्थिति सही है?

(a) दक्षिण अमेरिका-आल्पस (b) उत्तरी अमेरिका- रॉकी
(c) यूरोप-एटलस (d) एशिया- एण्डीस

Ans: (b)

पर्वत	महाद्वीप
आल्पस	यूरोप
रॉकी	उत्तरी अमेरिका
एटलस	अफ्रीका
एण्डीज	दक्षिण अमेरिका
हिमालय	एशिया

12. सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के वर्गीकरण का आधार है

(a) कार्य स्थिति
(b) आर्थिक क्रियाओं की प्रकृति
(c) उद्यम का मालिकाना हक
(d) उद्यम में रोज़गाररत श्रमिको की संख्या

Ans: (c) उद्यमों के मालिकाना हक के आधार पर सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों का वर्गीकरण किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र पर सरकार का आधिपत्य रहता है तथा निजी क्षेत्र पर किसी व्यक्ति विशेष का आधिपत्य रहता है।

13. भूकम्प उत्पत्ति स्थल को कहा जाता है

(a) अभिकेन्द्र (b) मूल केन्द्र
(c) सीस्मिक क्षेत्र (d) घाटी

Ans: (b) भूकम्प उत्पत्ति स्थल को मूलकेन्द्र (Focus या Hypocenter) कहते हैं। इस स्थल से भूकम्प में अवमुक्त ऊर्जा तरंगों के रूप में चारों ओर फैलती हैं। भूकम्प के केन्द्र के ठीक ऊपर पृथ्वी की सतह पर स्थित बिन्दु को भूकंप का अधिकेन्द्र (Epicenter) कहते हैं। जिन यंत्रों से भूकंपीय तरंगों की तीव्रता मापी जाती है उन्हें भूकंपलेखी या सीस्मोग्राफ (Seismograph) कहते हैं। इसके तीन स्केल हैं - (1) रॉसीफेरल स्केल, (2) मरकेली स्केल, (3) रिक्टर स्केल।

14. पृथ्वी की आयु (लगभग) है

(a) 1.9 अरब वर्ष (b) 4.6 अरब वर्ष
(c) 6.3 अरब वर्ष (d) 2.6 अरब वर्ष

Ans: (b) पृथ्वी की आयु लगभग 4.6 अरब वर्षं है। पृथ्वी की आयु ज्ञात करने के लिए यूरेनियम के आइसोटोप का प्रयोग किया जाता है।

15. निम्न में से कौन-सा राज्य भारत का सर्वाधिक चाँदी उत्पादक राज्य है?

(a) कर्नाटक (b) झारखण्ड
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) गोवा

Ans: (a) दिये गये विकल्पों में कर्नाटक भारत का सर्वाधिक चाँदी उत्पादक राज्य है जबकि भारत में राजस्थान का चाँदी उत्पादन में प्रथम स्थान है।

16. रबी की फसल बोई जाती है

(a) जून से जुलाई तक (b) अक्टूबर से नवम्बर तक
(c) जनवरी से मार्च तक (d) मार्च से मई तक

Ans: (b) भारत में तीन प्रकार की फसलों की बुआई की जाती है।

फसल	बुआई का समय
1. रबी की फसल	-अक्टूबर-नवम्बर
2. खरीफ की फसल	-जून-जुलाई
3. जायद की फसल	-अप्रैल-मई

17. मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है

(a) यू एन डी पी द्वारा (b) विश्व बैंक द्वारा
(c) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा (d) यूनेस्को द्वारा

Ans: (a) मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट यूएनडीपी (United Nations Development Programme) के द्वारा जारी किए जाते है। मानव विकास सूचकांक की परिकल्पना पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक की है। मानव विकास सूचकांक में मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों यथा स्वास्थ्य, शिक्षा व रहन-सहन के सतर का आंकलन किया जाता है। 14 सितम्बर, 2018 को यू.एन.डी.पी. द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक में भारत का स्थान 189 देशों में 130वां था।

18. प्राथमिक क्षेत्र में सम्मिलित है

(a) कृषि एवं वन लगाना (b) मछली एवं मुर्गी पालन
(c) पशुपालन (d) उपरोक्त सभी

Ans: (d) अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि तथा कृषि से सम्बन्धित सभी क्रिया कलाप आते है जैसे- वन, मछली पालन व मुर्गीपालन, पशुपालन तथा खनन आदि। द्वितीयक क्षेत्र में विनिर्माण व तृतीयक क्षेत्र में विभिन्न सेवाएं आती हैं।

19. भारत में खाद्य प्रबंधन का निम्न में से कौन-सा एक उद्देश्य नहीं है?

(a) खाद्यान्नों का संग्रहण
(b) खाद्यान्नों का वितरण
(c) खाद्यान्नों को निर्यात
(d) खाद्यान्नों के बफर स्टॉक का रखरखाव

Ans: (c) खाद्यान्न प्रबंध के अन्तर्गत खाद्यान्नों का संग्रहण वितरण एवं उनका रख-रखाव किया जाता है। खाद्यान्नों का निर्यात करना खाद्यान्न प्रबंधन के अन्तर्गत नहीं आता है।

20. शहबाजगढ़ी में अवस्थित अशोक के शिलालेख हैं

(a) खरोष्ठी लिपि में (b) अरमाइक लिपि में
(c) यूनानी लिपि में (d) ब्राहमी लिपि में

Ans: (a) शहबाजगढ़ी पाकिस्तान के पेशावर जिला में स्थित है यहाँ से अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए है। इस शिलालेख की लिपि खरोष्ठी है। सम्राट अशोक के सभी लेख प्राकृत भाषा में लिखे गए हैं, जिन्हें लिखने के लिए दो लिपियों का उपयोग किया गया है- ब्राह्मी लिपि व खरोष्ठी लिपि। पाकिस्तान स्थित शहबाजगढ़ी व मान सेहरा को छोड़कर जितने भी शिलालेख हैं वे सभी ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं। शहबाजगढ़ी व मानसेहरा के शिलालेख खरोष्ठी लिपि में लिखे गए हैं।

21. वायुमण्डल में तापमान गिरावट की दर होती है

(a) प्रति 100 मीटर पर 4^0C
(b) प्रति 1500 मीटर पर 6.5^0C
(c) प्रति 165 मीटर पर 1^0C
(d) प्रति 111 मीटर पर 1^0C

Ans: (c) वायुमण्डल में पृथ्वी से ऊपर की ओर जाने पर तापमान में कमी आती है। तापमान में कमी प्रत्येक 165 मीटर पर 1^0C की होती है।

22. जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाले चार राज्य चयन कीजिए

(a) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल
(b) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश, बिहार, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु
(d) उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार और आन्ध्र प्रदेश

Ans: (a) 2011 के जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाले चार राज्य है-

1. उत्तर प्रदेश (16.51%) 2. महाराष्ट्र (9.28%)
3. बिहार (8.6%) 4. प. बंगाल (7.54%)

23. गल्फ स्ट्रीम पायी जाती है

(a) प्रशान्त महासागर में
(b) हिन्द महासागर में
(c) आर्कटिक महासागर में
(d) अन्ध महासागर के पश्चिमी किनारे पर

Ans: (d) गल्फ स्ट्रीम की धारा अन्ध महासागर (अटलांटिक महासागर) के पश्चिमी किनारे पर मैक्सिको की खाड़ी से उत्पन्न होकर पश्चिमी यूरोप के पश्चिम तट तक प्रवाहित होती है। यह धारा गर्म जल धारा होती है।

24. उच्च प्राथमिक कक्षाओं में सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन उचित नहीं है?

(a) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह मानवीय संबंधों की समझ हासिल करने में मदद करता है।
(b) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह बच्चों को सामाजिक यथार्थ के प्रति संवेदनशील बनाता है।
(c) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह विद्यार्थियो को सामाजिक मुद्दों पर विमर्श व चिन्तन के लिए प्रेरित करता है
(d) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी पुराण एवं इतिहास के बारे में जान सके।

Ans: (d) उपर्युक्त दिए हुए विकल्पों में असत्य कथन है- सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी पुराण एवं इतिहास के बारे में जान सके।

25. 97 प्रतिशत वायुमण्डल पृथ्वीतल से.....तक पाया जाता है।

(a) 50 किमी (b) 8 किमी
(c) 18 किमी (d) 29 किमी

Ans: (d) पृथ्वी से 29 किमी. की ऊचाई तक वायुमण्डल का 97% स्थित है।

26. घाटी की गहराई का सामान्यतः कारण होता है

(a) अपघर्षण (b) संक्षारण
(c) संकर्षण (d) अपरदन

Ans : (d) घाटी की गहराई का सामान्य कारण अपरदन होता है।

27. किसी राज्य के नाम से परिवर्तन किया जा सकता है

(a) प्रधानमंत्री द्वारा (b) संसद द्वारा
(c) राज्य विधान सभा द्वारा (d) राष्ट्रपति द्वारा

Ans: (b) किसी राज्य के नाम में परिवर्तन संसद द्वारा किया जा सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-3 में राज्यों के निर्माण एवं पुनर्गठन के संबंध में प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार संसद कानून बनाकर निम्न कार्य कर सकती है-

1. नए राज्य का निर्माण
2. किसी राज्य का क्षेत्र विस्तार
3. किसी राज्य के क्षेत्र को घटाना
4. किसी राज्य की सीमा बदलना
5. किसी राज्य के नाम में परिवर्तन

28. भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाता है

(a) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(b) योजना आयोग
(c) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण
(d) भारत सरकार का वित्त मंत्रालय

Ans: (a) भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने का उत्तरदायित्व केन्द्रिय सांख्यिकी संगठन (CSO) को हो। केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन की स्थापना 2 मई 1951 को की गई थी।

29. निम्न में से कौन-सा सिन्धु समाज का सबसे मानकीकृत उत्पाद था?

(a) मृद्भाण्ड (b) मृण्मूर्तियाँ
(c) ईंटे (d) मूर्तियाँ

Ans: (c) सिन्धु समाज का सबसे मानकीकृत उत्पाद ईंट थे। सभी प्रकार की ईंटें निश्चित अनुपात में बनायी गयी थीं। इनकी लंबाई, चौड़ाई और मोटाई का अनुपात 4 : 2 : 1 था।

30. रोम के साथ दक्षिण भारत के व्यापार का सजीव वर्णन करने वाला ग्रंथ है

(a) मणिमेबलै (b) शिलप्पदीकारम
(c) पुरनानूरु (d) मदुरईकंजी

Ans: (b) रोम के साथ दक्षिण भारत के व्यापार का सजीव वर्णन करने वाला ग्रंथ शिलप्पदीकारम था। इस ग्रंथ का लेखक इलंगो आदिगल था। इस ग्रंथ का नायक कोवलन तथा नायिका कन्नगी थी।

31. निम्न में से किस शासक वंश ने कभी भी जैन धर्म को संरक्षण नहीं दिया?

(a) राष्ट्रकूट (b) कदम्ब
(c) चोल (d) मौर्य

Ans: (c) चोल वंश के शासक शैव थे। इनके द्वारा कभी भी जैन धर्म को संरक्षण नहीं दिया गया। उन्होंने शैव धर्म के प्रचार-प्रसार में गहरी रूचि ली। चोल शासक राजराज ने तंजौर में 'राजराजेश्वर' अथवा 'बृहदीश्वर' मंदिर का निर्माण करवाया, साथ ही 'शिवपादशेखर' की उपाधि धारण की। राजराज के समय शैव सन्त 'नम्बिआण्डारनम्बि' ने शैव मंत्रों को धर्मग्रन्थ में संग्रहित किया।

32. चोल राजवंश के प्रवर्तक थे

(a) विजयालय (b) आदित्य
(c) परांतक (d) उत्तम चोल

Ans (a) चोल वंश का प्रवर्तक विजयालय था। इसे ही चोल वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। चोल आरम्भ में पल्लवों के सामंत थे।

33. निम्न में से कौन-सी विशेषता संसदीय प्रणाली का तत्व है?

(a) प्रधानमंत्री की निश्चित कार्य अवधि
(b) सामूहिक उत्तरदायित्व
(c) कार्यपालिका व व्यवस्थापिका का पृथक्करण
(d) नाममात्र व वास्तविक कार्यपालिका का सम्मिश्रण

Ans: (b) सामूहिक उत्तरदायित्व की विशेषता संसदीय प्रणाली का तत्व है। मंत्री परिषद संसद के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार होती है। संसद का निचला सदन अविश्वास प्रस्ताव पारित कर सरकार को बर्खास्त कर सकता है। भारत में जब तक लोकसभा में बहुमत रहता है तभी तक सरकार रहती है। इसलिए लोकसभा के पास सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का अधिकार होता है।

34. लोकसभा के विघटन होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष कार्यरत रहता है

(a) नई लोकसभा के गठन तक
(b) राष्ट्रपति द्वारा नये लोकसभा अध्यक्ष की नियुक्ति तक
(c) नये लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक
(d) नयी सरकार के गठन तक

Ans: (c) लोकसभा अध्यक्ष नये लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक अपने पद पर बना रहता है तथा अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करता है। भारत में लोकसभा का अध्यक्ष संसद के निम्न सदन (लोकसभा) का सभापति होता है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लोकसभा चुनावों के बाद, लोकसभा की प्रथम बैठक में ही कर लिया जाता है, जो संसद के सदस्यों में से ही पाँच वर्ष के लिए चुना जाता है। जी.वी. मावलंकर लोकसभा के पहले अध्यक्ष थे। वर्तमान (17वीं) लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला हैं।

35. मलयालम पुस्तक 'लीला तिलकम्' की विषय-वस्तु है

(a) इतिहास (b) धर्म
(c) कला (d) व्याकरण

Ans: (d) मलयालम पुस्तक 'लीला तिलक्म' की विषयवस्तु व्याकरण है।

36. भारत के राष्ट्रपति के बारे में क्या सत्य है?

(i) वह मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है
(ii) वह सैन्य बलों का मुख्य कमाण्डर होता है।
(iii) यह राज्य का मुखिया होता है।
(iv) वह संघीय विधान मण्डल का हिस्सा होता है।

(a) (i) और (iii) (b) (i) और (ii)
(c) (ii), (iii) और (iv) (d) (i), (ii), (iii) और (iv)

Ans: (b) भारत का राष्ट्रपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है साथ ही सैन्य बलों का मुख्य कमाण्डर होता है। राष्ट्रपति संघीय विधान मण्डल का अंग नहीं होता है। राज्य का मुखिया राज्यपाल को माना जाता है।

37. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ अधिसूचित है?

(a) 18 (b) 20
(c) 22 (d) 23

Ans: (c) भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को अधिसूचित किया गया है। इस अनुसूची में आरम्भ (वर्ष 1950) में 14 भाषाएँ (असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मराठा, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलगू, उर्दू) थी। वर्ष 1967 में सिंधी, वर्ष 1992 कोंकणी, मणिपुरी, नेपाली व वर्ष 2003 में बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली को शामिल किया गया।

38. निम्न में से कौन-सा मौलिक अधिकार भारत की भूमि पर एक विदेशी को भी उपलब्ध है?

(a) सार्वजनिक सेवाओं के मामले में अवसर की समानता
(b) संचरण, निवास व व्यवसाय की स्वतंत्रता
(c) मात्र धर्म, प्रजाति, जाति व लिंग के आधार पर भेदभाव से संरक्षण
(d) जीवन व वैयक्तिक स्वतंत्रता का संरक्षण

Ans: (d) जीवन व वैयक्तिक स्वतंत्रता के संरक्षण का अधिकार भारतीय नागरिकों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों को भी उपलब्ध है।

39. निम्न में से किस सिंधु शहर के दो के स्थान पर तीन हिस्से थे?

(a) सुरकोटड़ा (b) लोथल
(c) कालीबंगा (d) धोलावीरा

Ans: (d) सिंधु सभ्यता के शहर सामान्यतः दो भागों में बटे थे। परन्तु धोलाबीरा शहर तीन भागों में विभक्त था। यह शहर गुजरात राज्य में स्थित था।

40. राष्ट्रपति सदस्य मनोनीत कर सकता है

(a) राज्यसभा में
(b) लोकसभा में
(c) राज्यसभा व लोकसभा दोनों में
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans: (c) राष्ट्रपति को लोक सभा एवं राज्य सभा के सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार प्राप्त है। राष्ट्रपति लोक सभा में 2 सदस्यों (आंग्ल भारतीय) को तथा राज्य सभा में 12 सदस्यों (कला, संस्कृति, फिल्म में विशेष स्थान प्राप्त) को मनोनीत करता है।

41. निम्न में से कौन एक 'क्षेत्र भ्रमण' का उदाहरण है?

(a) पुस्तक (b) पंचायत घर
(c) नक्शा (d) ग्लोब

Ans: (b) पंचायत घर क्षेत्र भ्रमण का उदाहरण होता है।

42. संविधान की 11वीं अनुसूची में पंचायत राज संस्थाओं के लिए कितने विषय सूचीबद्ध है?

(a) 29 (b) 30
(c) 35 (d) 37

Ans: (a) 73वें संविधान संशोधन (1993) के द्वारा 11वीं अनुसूची के द्वारा पंचायती राजव्यवस्था को कार्य करने के लिए 29 विषय प्रदान किए गये है।

43. निम्न में से कौन 'पेरियार' के नाम से प्रसिद्ध है?

(a) सी. बी. रमन पिल्लई (b) सी. एन. मुदालियर
(c) ई. वी. रामास्वामी नायकर (d) के. रामाकृष्ण पिल्लई

Ans: (c) दक्षिण भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा समाज सुधारक ई.वी. रामास्वामी नायकर को परियार के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने 'आत्मसम्मान' आंदोलन प्रारम्भ किया तथा 'जस्टिस पार्टी' का गठन किया।

44. हैदराबाद की निजामशाही के प्रवर्तक थे

(a) चिन किलिच खान (b) सआदत खान
(c) मुर्शीद कुली खान (d) सफदरजंग

Ans: (a) मुगल बादशाह मुहम्मदशाह के शासन काल में चिन किलिच खान ने 1724 ई. में स्वतंत्र हैदराबाद राज्य में निजामशाही वंश की स्थापना की तथा स्वयं 'निजाम-उल-मुल्क' की उपाधि धारण की।

45. कंदरिया महादेव मंदिर के निर्माता थे

(a) चौहान (b) तोमर
(c) चंदेल (d) गुर्जर प्रतिहार

Ans: (c) कंदरिया महादेव मंदिर मध्य प्रदेश के खजुराहो जिले में स्थित है। इस मन्दिर की स्थापना चंदेल शासक विद्याधर के द्वारा 1025-1050 ई. के मध्य की गई थी।

46. भारत में चार बाग शैली के प्रवर्तक थे

(a) लोदी (b) खिलजी
(c) मुगल (d) तुगलक

Ans: (c) भारत में चारबाग शैली के प्रवर्तन मुगल थे तथा हुमायूं के द्वारा इसे बड़े पैमाने पर प्रयोग किया गया।

47. पुरापाषाण युग की कालावधि है

(a) 1,00,000 से 30,000 ई.पू.
(b) 30,000 से 10,000 ई.पू.
(c) 20,00,000 से 10,000 ई.पू.
(d) 5,00,000 से 10,000 ई.पू.

Ans : (d) पुरापाषाण युग की कालावधि 5,00,000 से 10,000 ई.पू. है। पुरापाषाण काल को भी तीन भागों में विभाजित किया गया है- **प्रथम-** आरम्भिक पुरापाषाण काल (500000 से 40000 ई.पू.), **द्वितीय,** मध्य पुरापाषाण काल (40000 से 23000 ई.पू.), **तृतीय-** उत्तर पुरापाषाण काल (23000 से 10000 ई.पू.)।

48. भारत में साम्प्रदायिक मतदान क्षेत्र आरम्भ किये गये

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1892 द्वारा
(b) माले-मिन्टो सुधार, 1909 द्वारा
(c) मान्टेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार, 1991 द्वारा
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा

Ans: (b) भारत में सम्प्रदायिक मतदान क्षेत्र की शुरूआत मार्ले-मिन्टो सुधार 1909 के द्वारा की गई। इसके तहत सर्वप्रथम मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण किया गया।

49. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है।

	इतिहासकार	पुस्तक
(a)	मिन्हाज-उस-सिराज-	तबकाते नासिरी
(b)	फख्र-ए-मुदब्बिर-	फुतूहुस सलातीन
(c)	जियाउद्दीन बरनी-	तारीख-ए-फिरोजशाही
(d)	इब्नबतूता-	किताब-उल-रेहला

Ans: (b)

इतिहासकार		पुस्तक
मिन्हाज उस सिराज	-	तबकाते नासिरी
फख्र- ए- मुदब्बिर	-	अदाब-उल-हर्ब
जियाउद्दीन बरनी	-	तारीख-ए- फिरोजशाही
इब्नबतूता	-	किताब-उल-रेहला
ख्वाजा अबूबक्र इसामी	-	फुतुहुस सलातीनी

50. आईन-ए-अकबरी की विषयवस्तु है

(a) अकबर के पूर्वजों का वर्णन
(b) अकबर के शासन के किस्से
(c) अकबर के प्रशासन का वर्णन
(d) उपर्युक्त सभी

Ans: (c) आइन-ए-अकबरी के लेखक अबुल फजल थे। इस पुस्तक की विषय वस्तु अकबर का प्रशासन है तथा इसका वर्णन बहुत बढ़िया तरीके से किया गया है।

51. किस राज्य में द्वि-सदनात्मक विधानमंडल है?

(a) गुजरात (b) पश्चिम बंगाल
(c) तमिलनाडू (d) बिहार

Ans: (d) भारत के मात्र 7 राज्यों में द्विसदनात्मक, विधान मण्डल स्थित है। ये राज्य है- उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना।

52. 'कुनबी' के रूप में जाने जाते थे

(a) मुगल सैन्य कमांडर (b) मराठा कृषक योद्धा
(c) सिक्ख योद्धाओं का समूह (d) जाट वंश का प्रमुख

Ans: (b) मराठा कृषक योद्धा को 'कुनबी' के रूप में जाना जाता था।

53. संविधान के किस भाग में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को महत्व दिया गया है?

(a) प्रस्तावना (b) मौलिक अधिकार
(c) मौलिक कर्त्तव्य (d) नीति निदेशक तत्त्व

Ans: (d) संविधान में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा नीति निदेशक तत्व में प्रदर्शित होती है।

54. किस प्रकरण में उच्चतम न्यायालय ने 'मूल ढाँचा सिद्धांत' का सर्वप्रथम प्रतिपादन किया?

(a) गोलकनाथ प्रकरण, 1967
(b) प्रीवी पर्स प्रकरण, 1970
(c) केशवानंद भारती प्रकरण, 1973
(d) मिनवा मिल्स प्रकरण, 1980

Ans: (c) केशवानंद भारती प्रकरण, 1973 में उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान के सम्बंध में मूल ढ़ाचे का सिद्धांत दिया गया। इस सिद्धांत के अनुसार संविधान में संशोधन किया जा सकता है परन्तु संविधान की मूल भावना में कोई भी परिवर्तन अस्विकार्य है।

55. निम्न में से कौन-सा सुमेलित है?

(a) प्रसेनजित - मगध
(b) प्रद्योत - कौसल
(c) परांतक - अवंति
(d) उदयन - वत्स

Ans: (d) सही सुमेल निम्न प्रकार हैं-

शासक		राज्य
प्रसेनजित	-	कौसल
प्रद्योत	-	अवन्ति
कालाशोक	-	मगध
उदयन	-	वत्स (कौशाम्बी)

56. भारत की प्राचीनतम नवपाषाणिक बस्ती है

(a) बुर्जहोम (b) चिरांद
(c) ब्रह्मगिरी (d) मेहरगढ़

Ans: (d) भारत की प्राचीनतम नवपाषाणिक बस्ती के साक्ष्य मेहरगढ़ से मिले है। यह पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 'बोलन दर्रे' के निकट स्थित है। यहाँ से कृषक समुदाय के उद्भव के भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे प्राचीन प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

57. निम्न में से किसका उद्देश्य भारत को एक संघीय ढाँचा प्रदान करना था?

(a) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909
(b) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1919
(c) साइमन कमीशन, 1927
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans: (d) भारत सरकार अधिनियम 1935 का उद्देश्य भारत को संघीय ढ़ाचा प्रदान करना था। इस अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्वैध शासन की स्थापना की गई।

58. निम्न में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में गलत है?

(a) सामाजिक विज्ञान ऐतिहासिक, भौगोलिक आदि समाज के विभिन्न आयामों से संबद्ध है।
(b) सामाजिक विज्ञान विद्यार्थियों में मूल्य व आदर्शों की प्रतिस्थापना करती है।
(c) चूँकि सामाजिक विज्ञान का प्रतिपाद्य मनुष्य है अतएव सामाजिक संधान की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है।
(d) सामाजिक विज्ञान एक विश्लेषणात्मक व रचनात्मक मस्तिष्क के लिए आधार तैयार करती है।

Ans: (c) सामाजिक विज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक होती है भले ही इस विषय का प्रतिपादन मनुष्य ने ही किया है।

59. लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का भू-भाग निर्धारित किया जाता है

(a) परिसीमन आयोग द्वारा (b) निर्वाचन आयोग द्वारा
(c) जनगणना आयुक्त द्वारा (d) राष्ट्रपति द्वारा

Ans: (a) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का भू-भाग का निर्धारण परिसीमन आयोग के द्वारा किया जाता है। परिसीमन आयोग को भारतीय सीमा आयोग भी कहते हैं। परिसीमन का अर्थ किसी देश या प्रांत में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुनर्निर्धारण है। इसके अंतर्गत सीटों की संख्या के आबंटन और क्षेत्रों में उनके सीमांकन का काम किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार सरकार हर एक दशक (10 साल) बाद परिसीमन आयोग का गठन कर सकती है। सर्वप्रथम 1952 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया था। इसके बाद 1962, 1972 और 2002 में इस आयोग का गठन किया गया था।

60. कार्यशील पूँजी में सम्मिलित है

(a) टूल्स, मशीनें एवं भवन
(b) कच्चा माल एवं पास में नकदी
(c) भूमि एवं श्रम
(d) मानवीय पूँजी

Ans: (b) कच्चा माल एवं नकदी कार्यशील पूंजी के अन्तर्गत आते हैं।

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2014

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 2 फरवरी, 2014)

1. GNP एवं GDP में अन्तर का कारण है–

(a) सकल विदेशी निवेश
(b) विशुद्ध विदेशी निवेश
(c) विशुद्ध निर्यात
(d) विदेशों से प्राप्त विशुद्ध साधन आय

Ans. : (d) : GDP (सकल घरेलू उत्पाद) एक वर्ष में देश के अन्दर सभी प्रकार के सेवाओं और उत्पाद का मौद्रिक मूल्य होता है जिसमें देश के अन्दर विदेशियों द्वारा अर्जित आय भी शामिल है परन्तु विदेशों से भारतीयों द्वारा भेजी गयी आय शामिल नहीं होती। GNP (सकल राष्ट्रीय उत्पाद) के अंतर्गत वे सभी चीजें आती हैं जो किसी देश के अन्दर उत्पादित की जाती हैं तथा जो आय विदेशों से अर्जित की गई है। दूसरे शब्दों में किसी देश की कुल GDP में उस देश के नागरिकों द्वारा विदेशों से कमाई गई इनकम को जोड़ दिया जाता है और विदेशी नागरिकों द्वारा की गई कमाई को घटा दिया जाता है।

सूत्र, GNP = GDP + विदेशी निवेश से घरेलू निवासियों द्वारा प्राप्त शुद्ध आय - घरेलू निवेश से विदेशी निवासियों द्वारा अर्जित शुद्ध आय।

2. निम्नलिखित में से कौन–सा अकबर का समकालीन शासक था/थी?

(a) ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया
(b) फारस के शाह अब्बास प्रथम
(c) रुस की कैथरीन महान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (b) फारस के शाह अब्बास मुगल शासक अकबर का समकालीन था तथा अकबर के साथ उसके मित्रतापूर्ण संबंध थे।

3. रुस में प्रमुख शून्यवादी चिन्तक था–

(a) तुर्गनेव (b) लेनिन
(c) टाल्सटॉय (d) प्रिंस कॉप्टिकिन

Ans. : (a) रूस के प्रमुख शून्यवादी चिंतक तुर्गनेव थे। इस चिंतन का सर्वाधिक प्रसार तुर्गनेव के उपन्यास Fathers and Sons से हुआ जो 1862 में प्रकाशित हुई थी। तुर्गनेव का जन्म 9 नवम्बर, 1818 को रूस के ओरयाल प्रांत में हुआ था। इनकी मृत्यु 3 सितम्बर, 1883 को हुई।

4. उद्योग किस क्षेत्र में सम्मिलित है?

(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र
(c) सेवा क्षेत्र (d) इनमें से किसी में नहीं

Ans. : (b) अर्थव्यवस्था को तीन क्षेत्रों में बांटा गया है–
1. प्राथमिक क्षेत्र – कृषि, वन क्षेत्र, मत्स्य क्षेत्र और खाने
2. द्वितीय क्षेत्र – उद्योग, विनिर्माण एवं खनन
3. तृतीयक क्षेत्र – बैंक एवं बीमा, परिवहन, संचार, शिक्षा, होटल भण्डारण आदि।

5. भारत में वित्तीय वर्ष शुरु होता है–

(a) जनवरी से (b) अप्रैल से
(c) जून से (d) अक्टूबर से

Ans. : (b) भारत का एक वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष की शुरूआत 1 अप्रैल को तथा समापन 31 मार्च को होता है।

6. प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत हुई–

(a) वर्ष 1973 में (b) वर्ष 1975 में
(c) वर्ष 1976 में (d) वर्ष 1977 में

Ans. : (a) भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत 7 अप्रैल, 1973 ई. को हुई। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत में टाइगर की विलुप्ति की प्रक्रिया को रोक कर उनका संरक्षण करना तथा उनकी संख्या को बढ़ाना है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

7. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम भारतीय संसद ने कब पारित किया?

(a) 15 दिसम्बर, 1985 (b) 24 दिसम्बर, 1986
(c) 15 मार्च, 1985 (d) 24 दिसम्बर, 1987

Ans. : (b) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए भारतीय संसद द्वारा 24 दिसम्बर, 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इस अधिनियम का नारा है–**'जागो ग्राहक जागो'**।

8. भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रथम सर्वेयर जनरल थे–

(a) सर विलियम जोन्स (b) जेम्स प्रिन्सेप
(c) जेम्स फर्गुसन (d) अलेक्जेण्डर कनिंघम

Ans. : (d) भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण का प्रथम सर्वेयर जनरल 1861 ई. को अलेक्जेण्डर कनिंघम को नियुक्त किया गया। सर्वेयर जनरल द्वारा प्राचीन भारतीय स्थलों का पुरातात्विक सर्वेक्षण किया जाता है। भारत में सर्वप्रथम पुरातत्व विभाग की स्थापना वायसराय लार्ड कर्जन के शासन काल में 1905 में किया गया था। संस्कृति मंत्रालय के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासतों के पुरातत्वीय अनुसंधान तथा संरक्षण के लिए एक प्रमुख संगठन है। राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों का रख-रखाव के लिए संपूर्ण देश को 24 मंडलों में विभाजित किया गया है।

9. मानववाद का अग्रदूत था–

(a) बोकेसिओ (b) दान्ते
(c) पेट्रार्क (d) बेकन

Ans. : (c) पेट्रार्क (फ्रांसिस्को पेट्रास्का) को मानववादी चिंतन का अग्रदूत माना जाता है। पेट्रार्क इटली के प्रसिद्ध विद्वान् थे।

10. भारत में सिक्कों की ढलाई की जाती है–

(a) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा (b) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा
(c) भारत सरकार द्वारा (d) योजना आयोग द्वारा

Ans. : (c) भारत में सिक्कों की ढलाई भारत सरकार द्वारा की जाती है। टकसाल अधिनियम 1906 के द्वारा ढलाई का एकाधिकार भारत सरकार के पास है। भारत में चार टकसाल केन्द्र हैं। ये हैं– मुम्बई, कोलकाता, हैदराबाद, नोएडा।

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

I. महात्मा गाँधी नरेगा भारत सरकार ने 2005 में लागू किया।

I. यह ग्रामीण परिवारों के वयस्कों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने की गारण्टी देता है।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?

(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (d) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजागर गारण्टी अधिनियम (नरेगा) 2 अक्टूबर 2005 में संसद द्वारा पारित किया गया और 2 फरवरी, 2006 में इसे लागू कर दिया गया। 2009 में इसका नामकरण महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया। प्रारम्भ में ग्रामीण परिवारों के एक वयस्क को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारण्टी देता था परन्तु अब यह 150 दिन के रोजगार की गारण्टी देता है।

प्रश्न पूछने के समय रोजगार की गारण्टी 100 दिन थी परन्तु वर्तमान में यह 150 दिन कर दिया गया है।

12. मानव विकास सूचकांक के घटक हैं

(a) जीवन प्रत्याशा, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद और लिंगानुपात
(b) लिंगानुपात, शैक्षिक उपलब्धि और शुद्ध पेयजल
(c) जीवन प्रत्याशा, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद और शैक्षिक उपलब्धि
(d) प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, आधारभूत संरचना और लिंगानुपात

Ans. : (c) मानव विकास सूचकांक की अवधारणा पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महमूद-उल-हक के द्वारा 1990 में दिया गया। इसके अन्तर्गत वे घटक शामिल किए जाते हैं जो मानव विकास की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। यह घटक निम्न हैं–

–जीवन प्रत्याशा
– शैक्षिक उपलब्धि
– प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद

मानव विकास सूचकांक सयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

13. निम्नांकित में से कौन-सा भ्रंशित पर्वत का उदाहरण है?

(a) नीलगिरि पर्वत (b) अरावली पर्वत
(c) सतपुड़ा पर्वत (d) सह्याद्री पर्वत

Ans. : (c) भारत में स्थित सतपुड़ा पर्वत भ्रंशित पर्वत का उदाहरण है जो नर्मदा एवं ताप्ती नदियों के बीच स्थित है। इसका सर्वोच्च शिखर धूपगढ़ (1350 मी.) है।

भ्रंशित पर्वत (Block Mountain) पृथ्वी के भ्रंशन (चट्टानों के टूटने) से निर्मित होते हैं जिनका ढाल तीव्र तथा शिखर समतल होता है। विश्व का प्रमुख भ्रंशित पर्वत ब्लैक फारेस्ट पर्वत (जर्मनी) है।

14. चौरी-चौरा की घटना का सम्बन्ध जिससे है, वह है–

(a) असहयोग आन्दोलन (b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(c) भारत छोड़ो आन्दोलन (d) क्रान्तिकारी आन्दोलन

Ans. : (a) चौरी-चौरा की घटना का संबंध असहयोग आंदोलन से है। 4 फरवरी, 1922 को उत्तर प्रदेश में स्थित चौरी-चौरा (गोरखपुर) में भीड़ द्वारा पुलिस थाने को जला दिया गया जिसमें 23 पुलिस कर्मी मारे गये। इस हिंसात्मक प्रक्रिया को देखते हुए गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया तथा आंदोलन को स्थगित कर दिया।

15. कृषि उत्पादन में खाद्यान्नों में सम्मिलित हैं–

(a) केवल अनाज (b) अनाज एवं दालें
(c) अनाज एवं तिलहन (d) दालों एवं तिलहन

Ans. : (b) कृषि उत्पादन में खाद्यान्नों के अंतर्गत वे सारे अन्न आते हैं जिन्हें खाया जाता है। उक्त विकल्पों में (b) सबसे उपयुक्त है।

16. स्वराज्य पार्टी के संस्थापकों में एक थे–

(a) मदन मोहन मालवीय (b) मोतीलाल नेहरु
(c) राजेन्द्र प्रसाद (d) लाला लाजपत राय

Ans. : (b) 1922 में गाँधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन समाप्त करने के बाद प्रमुख कांग्रेसी नेता मोतीलाल नेहरू तथा सी. आर. दास ने 1923 ई. में इलाहाबाद में 'स्वराज पार्टी' की स्थापना की।

17. भारत में किन राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में लिंगानुपात स्त्रियों के पक्ष में है?

(a) केरल व पुदुचेरी
(b) केरल, पुदुचेरी व लक्षद्वीप
(c) पुदुचेरी व तमिलनाडु
(d) तमिलनाडु व लक्षद्वीप

Ans. : (a) 2011 की जनगणना के अनुसार–

राज्य	लिंगानुपात
केरल	1084
पुदुचेदी	1037
लक्षद्वीप	947
तमिलनाडु	996

18. भारतीय रिजर्व बैंक के बारे में आधोलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/है?

(a) यह एक राष्ट्रीयकृत बैंक है
(b) यह भारत का केन्द्रीय बैंक है
(c) इसकी स्थापना 1935 में हुई
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 ई. को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के आधार पर किया गया। इसका राष्ट्रीयकरण 1949 में हो गया। यह भारत का केन्द्रीय बैंक है जो अन्य वाणिज्यिक बैंकों के निर्देशक का कार्य करता है।

19. आर्थिक शब्दावली में किसी एक राष्ट्र में एक वर्ष में उत्पादित अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं के कुल बाजार मूल्य को जाना जाता हैं

(a) सकल घरेलू उत्पाद के रुप में
(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद के रुप में
(c) राष्ट्रीय आय के रुप में
(d) विशुद्व राष्ट्रीय उत्पाद के रुप में

Ans. : (a) किसी देश की घरेलू सीमा के भीतर किसी एक वर्ष में उत्पादित की गई सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के बाजार मूल्य के समग्र योग को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहते हैं।

20. किन जनगणना दशक में भारतीय दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर अधिकतम आँकी गई?

(a) 1951-61 (b) 1961-71
(c) 1971-81 (d) 1981-91

Ans. : (b) 1961-71 की जनगणना में भारत में सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई। इस जनगणना में दशकीय वृद्धि दर (24.8%) थी। इसके पश्चात् सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि 1971-81 में 24.66% व 1981-91 में 23.87% थी।

21. वर्ष 1789 से पूर्व फ्रेंच चर्च द्वारा वसूल किया जाने वाला धार्मिक कर था–

(a) टाइल (b) गेबुल
(c) टाइथ (d) कोर्वी

Ans. : (c) वर्ष 1789 से पूर्व फ्रेंच चर्च द्वारा वसूल किया जाने वाला धार्मिक कर **टाइथ** (Tithe) था जो वार्षिक आय का 10वाँ हिस्सा होता था। प्रत्यक्ष कर को **टाइल** कहा जाता था।

22. भारत में कृषि क्षेत्र में पाई जाने वाली बेरोजगारी है–

(a) संरचनात्मक (b) घर्षणात्मक
(c) खुली (d) मौसमी

Ans. : (d) मौसम के परिवर्तन के अनुसार रोजगार मिलना तथा बेरोजगारी की स्थिति उत्पन्न होना मुख्यत; कृषि क्षेत्र में पाई जाती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न बेरोजगारी मौसमी बेरोजगारी कही जाती है। कृषि की बुआई तथा कटाई के समय मजदूर वर्ग को रोजगार तो मिलता है परन्तु अन्य समय वे बेरोजगारी की स्थिति में रहते हैं।

23. एक वैयक्तिक खाता नहीं खोला जा सकता–

(a) एक सहकारी बैंक में
(b) एक अनुसूचित बैंक में
(c) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया में
(d) एक निजी बैंक में

Ans. : (c) 1 अप्रैल, 1935 ई. को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना की गई। इसका मुख्यालय मुम्बई में है। सन् 1949 ई. में इस बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि आरबीआई देश का केन्द्रीय बैंक है। देश में करेंसी नोटों के निर्गमन का अधिकार आरबीआई को प्राप्त है।

24. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं–

(a) डॉ. डी सुब्बाराव (b) विमल जालान
(c) सी रंगराजन (d) रघुराम राजन

Ans. : (d) भारतीय रिजर्व बैंक भारत का राष्ट्रीकृत केन्द्रीय बैंक है। इसके प्रश्नकाल में गवर्नर **श्री रघुराम राजन** थे। वर्तमान में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास हैं।

25. सूची I को सूची I से सुमेलित कीजिए।

सूची I	सूची II
A. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी	I. हिन्द स्वराज
B. दादाभाई नौरोजी	II. द इण्डियन स्ट्रगल
C. सुभाषचन्द्र बोस	III. पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रुल इन इण्डिया
D. महत्मा गाँधी	IV. ए नेशन इन मेकिंग

कूट :

	A	B	C	D
(a)	IV	III	II	I
(b)	I	II	III	IV
(c)	II	III	IV	I
(d)	III	IV	I	II

Ans. :(a)

सूची I (लेखक)	सूची II (पुस्तक)
सुरेन्द्रनाथ बनर्जी	ए नेशन इन मेकिंग
दादाभाई नौरोजी	पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया
सुभाषचन्द्र बोस	द इण्डियन स्ट्रगल
महात्मा गाँधी	हिन्द स्वराज

26. भारत में कृषि आधारित उद्योगों में सूती वस्त्र उद्योग के बाद दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है–

(a) जूट उद्योग (b) सिल्क उद्योग
(c) ऊनी वस्त्र उद्योग (d) चीनी उद्योग

Ans. : (d) भारत में कृषि आधारित उद्योगों में सूती वस्त्र के बाद सबसे बड़ा उद्योग चीनी उद्योग है।

सूती वस्त्र उद्योग 〉 चीनी उद्योग 〉 जूट उद्योग

27. भारत में कृषि ऋणों का शीर्ष निकाय है–

(a) भारतीय रिजर्व बैंक
(b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) राज्य सहकारी बैंक
(d) राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक

Ans. : (d) भारत में कृषि ऋणों का शीर्ष निकाय राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) है। इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1982 को हुई। नाबार्ड की आरंभिक पूँजी रु. 100 करोड़ थी, जो 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार रु. 5000 करोड़ है।

28. निम्न में से किसे 'ब्रेटनवुड्स ट्विन' के रुप में जाना जाता है?

(a) आई एम एफ एवं इब्लयू टी ओ
(b) वर्ल्ड बैंक एवं आई एम एफ
(c) डब्ल्यू टी ओ एवं डब्ल्यू एल ओ
(d) डब्ल्यू एल ओ एवं आई एफ ओ

Ans. : (b) वर्ल्ड बैंक तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) को ब्रेटनवुड्स ट्विन कहा जाता है क्योंकि जुलाई, 1944 को ब्रेटनवुड्स कान्फ्रेन्स संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ। इस कान्फ्रेन्स के आधार पर विश्व बैंक तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का गठन किया गया।

29. निम्नलिखित में से किस वस्तु के आयात पर भारत सर्वाधिक व्यय करता है?

(a) लौह एवं स्टील (b) खद्यान्न
(c) कच्चा तेल (d) सोना व चाँदी

Ans. : (c) भारत द्वारा कच्चे तेल के आयात पर सर्वाधिक व्यय किया जाता है।

30. वर्ष 1913 में दादा साहेब फाल्के ने जो फिल्म बनाई, वह थी–

(a) सी आई डी (b) हैंगिंग गार्डन
(c) राजा हरिश्चन्द्र (d) गेस्ट हाउस

Ans. : (c) वर्ष 1913 में दादा साहब फाल्के द्वारा भारत की प्रथम फिल्म बनाई गई जिसका नाम 'राजा हरिश्चन्द्र' था जो मूक फिल्म थी। दादा साहेब फाल्के की स्मृति में फिल्म उद्योग में 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' शुरू किया गया।

31. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा राज्य लोकसभा में सर्वाधिक सांसद भेजता है?

(a) महाराष्ट्र (b) बिहार
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

Ans. : (a) प्रश्नानुसार दिए गए विकल्पों में महाराष्ट्र राज्य लोकसभा में सर्वाधिक 48 सांसद भेजता है, जबकि लोकसभा में सर्वाधिक 80 सांसद उत्तर प्रदेश भेजता है। सर्वाधिक सांसदों का राज्य में प्रतिनिधित्व क्रमशः निम्न हैं-

क्रम संख्या	राज्य	लोकसभा सीटें
1.	उत्तर प्रदेश	80
2.	महाराष्ट्र	48
3.	पश्चिम बंगाल	42
4.	बिहार	40
5.	तमिलनाडु	39
6.	मध्य प्रदेश	29
7.	कर्नाटक	28
8.	गुजरात	26
9.	राजस्थान	25
10.	आंध्र प्रदेश	25

32. राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकता है?

(a) 10 (b) 12
(c) 17 (d) 15

Ans. : (b) अनुच्छेद–80 के अनुसार भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए 12 ऐसे सदस्यों को मनोनीत कर सकता है जो कला, साहित्य, विज्ञान व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य किए हों। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार **आयरलैंड** के संविधान से लिया गया है।

33. सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था जिस विचारधारा का मूल सिद्धान्त है, वह है–

(a) अहस्तक्षेप सिद्धान्त (b) कल्याणकारी सिद्धान्त
(c) बहुलवादी सिद्धान्त (d) विकासवादी सिद्धान्त

Ans. : (b) सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था कल्याणकारी राज्य के सिद्धांत का मूल लक्ष्य है।

34. मंगला तेल कुआँ स्थित है –

(a) हरियाणा में (b) राजस्थान में
(c) गोवा में (d) असोम में

Ans. : (b) मंगला तेल क्षेत्र राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित है। 1 जनवरी 2004 में इन तेल क्षेत्रों की खोज की गई थी।

35. चुनावों में आदर्श आचार संहिता किस तिथि से प्रभावी होती है?

(a) अधिसूचना की तिथि से
(b) नामांकन भरने के अन्तिम दिन से
(c) उम्मीदवारी वापस लेने की अन्तिम तिथि से
(d) चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तिथि से

Ans. : (d) चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दिन से ही आचार संहिता लागू हो जाती है और चुनाव नतीजे आने तक जारी रहती है। आचार संहिता में नैतिक आचरण से संबंधित बिन्दु शामिल किए जाते हैं कि चुनाव के समय चुनाव प्रत्याशी द्वारा कौन से आचरण को नहीं अपनाने चाहिए।

36. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा की सदस्य नहीं थी?

(a) जी दुर्गाबाई देशमुख (b) श्रीमति हंसा मेहता
(c) श्रीमति रेणुका राय (d) विजयालक्ष्मी पण्डित

Ans. : (*) उपर्युक्त विकल्पों में वर्णित सभी महिलाएं संविधान सभा की सदस्य थी। भारत की संविधान सभा में 15 महिला सदस्य थी जिनके नाम निम्न हैं- दुर्गाबाई देशमुख, राजकुमारी अमृतकौर, हंसा मेहता, बेगम एजाज रसूल, अम्मू स्वामीनाथन, सुचेता कृपलानी, दकश्यानी वेलयुद्धन, रेनुका राय, पुनिर्माबनर्जी, एमी मसकैरिनी, कमला चौधरी, लीला रॉय, मालती चौधरी, सरोजिनी नायडू व विजय लक्ष्मी पण्डित। अतः प्रश्नानुसार उपर्युक्त सभी विकल्प गलत हैं।

37. भारत में 1960 के दशक में आई हरित क्रान्ति का सर्वाधिक उत्पादन किन फसलों का बढ़ा?

(a) गेहूँ व चावल (b) तिलहन
(c) दलहन (d) ये सभी

Ans. : (a) भारत में 1960 के दशक में हरित क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव चावल व गेहूँ के उत्पादन पर पड़ा तथा सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र पंजाब, हरियाणा तथा प. उत्तर प्रदेश थे। भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय एम.एस. स्वामीनाथन को जाता है। इसलिए इन्हें भारत में 'हरित क्रांति का जनक' कहा जाता है।

38. निम्न में कौन-सा सही सुमेलित युग्म नहीं है?

(a) कार्नवालिस-स्थायी बन्दोबस्त
(b) विलियम बैंटिक-सती प्रथा उन्मूलन एक्ट
(c) लिटन- वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
(d) रिपन-रोलैट एक्ट

Ans. : (d) 1. कार्नवालिस – स्थायी बंदोबस्त
2. विलियम बैंटिक – सती प्रथा का उन्मूलन
3. लिटन – वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
4. चेम्सफोर्ड – रौलेट एक्ट

1919 में वायसराय चेम्सफोर्ड के शासन काल में रौलेट एक्ट पारित किया गया। रिपन को आधुनिक भारत में स्थानीय स्वशासन की स्थापना का श्रेय दिया जाता है।

39. औरंगजेब ने लगभग 25 वर्ष दक्कन में बिताए, क्योंकि-

(a) वह उत्तर भारत में निश्चिंत था
(b) वह अपनी राजधानी दक्षिण में बदलना चाहता था
(c) वह मराठा विस्तार पर नियन्त्रण करना चाहता था
(d) वह अपनी राजधानी में सुरक्षित नहीं था

Ans. : (c) मराठा विस्तार को रोकने तथा उन्हें नियंत्रित करने के लिए अपने जीवन के लगभग 25 वर्ष औरंगजेब ने दक्कन में ही व्यतीत किए। उल्लेखनीय है कि शाहजहाँ के द्वारा औरंगजेब को दक्कन का सूबेदार नियुक्त किया गया था।

40. जिस सिद्धान्त ने फ्रांस और अमेरिका की क्रान्ति को जन्म दिया, वह है–

(a) अधिकारों का वैधानिक सिद्धान्त
(b) अधिकारों का प्राकृतिक सिद्धान्त
(c) समाज कल्याण सिद्धान्त
(d) अधिकारों का ऐतिहासिक सिद्धान्त

Ans. : (b) अधिकारों के प्राकृतिक सिद्धान्त (मूल अधिकार) के आधार पर ही अमेरिका तथा फ्रांस में क्रान्ति का जन्म हुआ।

41. हरियाणा में एक ग्राम सभा बनती है–

(a) ग्राम सभा के निर्वाचित सदस्यों से
(b) पंचायत समिति के सदस्यों से
(c) पंचायतसमिति में आने वाले गाँव/गाँवों के पंजीकृत मतदाताओं से
(d) पंचायत समिति में आने वाले गाँव/गाँवो के पंजीकृत

Ans. : (c) हरियाणा में ग्राम सभा पंचायत समिति में आने वाले गाँव/गाँवों के पंजीकृत मतदाताओं को मिलाकर बनती है।

42. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रुप में मान्यता प्राप्त है?

(a) बहुजन समाज पार्टी
(b) कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
(c) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) विकल्प में दिए गए उपर्युक्त सभी राजनीतिक दल भारत के राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं। वर्तमान में (2019 में) भारत में **8** राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं, जो निम्न हैं-

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस)
2. भारतीय जनता पाटी (भाजपा)
3. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा)
4. बहुजन समाज पार्टी (बसपा)
5. मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा)
6. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)
7. अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस
8. नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी)

43. किन प्लेट किनारों के सहारे सर्वाधिक भूकम्प व ज्वालामुखी आते हैं?

(a) विनाशकारी प्लेट किनारे (b) रचनात्मक प्लेट किनारे
(c) संरक्षी प्लेट किनारे (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (a) विनाशकारी प्लेटों के किनारों पर सर्वाधिक भूकम्प एवं ज्वालामुखी आते हैं क्योंकि विनाशकारी प्लेटों के किनारे कमजोर होते हैं।

44. निम्न वनों में से भारतीय भूमि पर सर्वाधिक क्षेत्रफल किसका पाया जाता है?

(a) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन
(b) उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन
(c) पर्वतीय वन
(d) मैंग्रोव वन

Ans. : (b) उष्ण कटिबंधीय पर्णतापी वन भारत में सबसे ज्यादा विस्तृत वन हैं।

45. निम्न में से किसका अर्थ है ''विधि के किस प्राधिकार से''?

(a) बन्दी प्रत्याक्षीकरण (b) अधिकार पृच्छा
(c) उत्प्रेषण (d) परमादेश

Ans. : (b) अधिकार पृच्छा (Quo Warranto) रिट सर्वोच्च तथा उच्च न्यायालय द्वारा जारी किया जाता है तथा ऐसे अधिकारी के लिए जारी किया जाता है जो अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर क्रिया-कलाप करता है तो न्यायालय द्वारा इस रिट के माध्यम से उसका कारण पूछा जाता है।

46. 180^0 देशान्तर कहलाता है–

(a) प्रधान देशान्तर (b) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा
(c) ग्रीनविच रेखा (d) भूमध्य रेखा

Ans. : (b) 1884 ई. में वाशिंगटन में एक संधि के द्वारा 180^0 देशांतर को एक काल्पनिक रेखा निर्धारित किया गया। इसे ही अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा भी कहते हैं।

47. निम्नलिखित दिल्ली सुल्तानों को काल क्रमानुसार संयोजित कीजिए।

I. कुतुबुद्दीन ऐबक II. इल्तुतमिश
III. रजिया IV. नासिरूद्दीन महमूद

सही उत्तर को चुनिए

(a) I, II, III, IV (b) I, IV, II, III
(c) II, I, III, IV (d) I, II, IV, III

Ans. : (a) गुलाम वंश के शासकों का क्रम–

कुतुबुद्दीन ऐबक → इल्तुतमिश → रजिया → नासिरुद्दीन महमूद
कुतुबुद्दीन ऐबक ने गुलाम वंश की स्थापना की परन्तु गुलाम वंश का वास्तविक संस्थापक इल्तुतमिश को माना जाता है।

48. कर्ण प्रयाग, संगम है

(a) भागीरथी व अलकनन्दा का
(b) भागीरथी व पिण्डर का
(c) धोली गंगा व अलकनन्दा का
(d) अलकनन्दा व पिण्डर का

Ans. : (d) उत्तराखण्ड में अलकनन्दा तथा पिण्डर नदी के संगम पर कर्ण प्रयाग स्थित है। यह उत्तराखण्ड के पंच प्रयाग स्थलों में से एक है।

पंच प्रयाग		**नदियों का संगम**
विष्णु प्रयाग	-	धौली गंगा तथा अलकनन्दा
नन्द प्रयाग	-	नंदाकिनी तथा अलकनन्दा
कर्ण प्रयाग	-	अलकनन्दा तथा पिंडर
रुद्र प्रयाग	-	मंदाकिनी तथा अलकनन्दा
देव प्रयाग	-	अलकनन्दा तथा भागीरथी

49. भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन वाले क्षेत्रों में कौन-सी मिट्टी पाई जाती है?

(a) काली (b) लैटेराइट
(c) जलोढ़ (d) पर्वतीय

Ans. : (b) भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन वाले क्षेत्रों में लैटेराइट प्रकार की मिट्टी पाई जाती है। इस प्रकार की मिट्टी में आयरन (लोहा) तथा एल्युमिनियम की अधिकता पाई जाती है। इस प्रकार की मिट्टी का विस्तार मुख्यतः केरल, मालाबार क्षेत्र, छोटा नागपुर एवं मेघालय में हैं।

50. आई एम एफ के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है?

I. आई एम एफ में 188 सदस्य राष्ट्र है।
II. यह राष्ट्र संघ का एक विशिष्ट अधिकरण है।
III. आई एम एफ में सदस्य राष्ट्रों को समान वोटिंग अधिकार नहीं है।
IV. यह भूगतान सन्तुलन संकट के समय सदस्य देशों को ऋण व तकनीकी सलाह उपलब्ध कराता है।

(a) I और II (b) I और III
(c) I और IV (d) ये सभी

Ans. : (b) IMF (अन्तर्राष्ट्री मुद्रा कोष) एक वैश्विक बैंक है जिसके सदस्य राष्ट्रों की संख्या 188 (वर्तमान में 189) है। इस बैंक में सदस्य राष्ट्रों को समान वोटिंग का अधिकार नहीं दिया गया है, वोटिंग का अधिकार सदस्य राष्ट्रों को उनके मौद्रिक अनुपात में दिया गया है। IMF भुगतान संतुलन की व्यवस्था तो करता है परन्तु सदस्य देशों के लिए इसका उपाय नहीं सुझाता है।

51. वेम्बनाद है-

(a) एक बन्दरगाह (b) लैगून झील
(c) पर्वत चोटी (d) बहुउद्देशीय परियोजना

Ans. : (b) वेम्बनाद एक लैगून झील है जो केरल के विक्टोरिया झील में स्थित है। यहाँ पर भारत का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-47 स्थित है जो मात्र छः किलोमीटर है।

52. एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल के संस्थापक थे–

(a) सर जेम्स ग्राण्ट (b) मैक्स मूलर
(c) सर विलियम जोन्स (d) मैकाले

Ans. : (c) एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल की स्थापना 1784 ई. में सर विलियम जोंस द्वारा कलकत्ता में की गई।

53. लक्षण जो दबाव समूह पर तो लागू होता है किन्तु राजनीतिक दल पर नहीं, वह है–

(a) निर्वाचन में अपने प्रत्याशी खड़े करना
(b) सम्पूर्ण समाज की हित साधना का उद्देश्य
(c) सदस्यता अनन्य होती है
(d) राजनीतिक प्रक्रिया का स्वयं भाग नही बनते

Ans. : (d) दबाव समूह ऐसी संस्था होती है जो चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लेती तथा गैर राजनीतिक होती है तथा किसी वर्ग विशेष के हितों की रक्षा के लिए सरकार को प्रोत्साहित करती है।

54. अधिकार जो कानूनी अधिकार के रुप में तो है, किन्तु मौलिक अधिकार के रुप में नहीं –

(a) अबाध भ्रमण की स्वतन्त्रता
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) अल्पसंख्यक वर्गो को शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना का अधिकार
(d) सम्पत्ति का अधिकार

Ans. : (d) सम्पत्ति का अधिकार वर्तमान में कानूनी अधिकार है मौलिक अधिकार नहीं। पूर्व में सम्पत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार था। परन्तु 44वें संविधान संशोधन (1978) द्वारा इसे कानूनी अधिकार के रूप में अनुच्छेद 300 (क) में शामिल कर दिया गया।

55. भारतीय उपमहाद्वीप में लौटता हुआ मानसून कहलाता है–

(a) दक्षिण-पश्चिम मानसून (b) दक्षिण-पूर्व मानसून
(c) उत्तर-पूर्व मानसून (d) उत्तर-पश्चिम मानसून

Ans. : (c) उत्तर-पूर्व मानसून को भारतीय उपमहाद्वीप में लौटता हुआ मानसून कहते हैं।

56. 'कर्तन दहन प्रणाली' कृषि को इण्डोनेशिया में कहते हैं

(a) झूम (b) रोके
(c) मिल्पा (d) लदांग

Ans. : (d) कर्तन दहन प्रणाली को इण्डोनेसिया में लदांग कहते हैं। कर्तन दहन प्रणाली/झूम कृषि के तहत किसान जमीन के टुकड़े साफ करके उन पर अनाज व अन्य खाद्य फसल उगाते हैं। जब मृदा की उर्वरा कम हो जाती है तो किसान उस भूमि के टुकड़े को छोड़कर कृषि के लिए भूमि का दूसरा टुकड़ा साफ करते हैं। इस पद्धति को मेक्सिको और मध्य अमेरिका में मिल्पा, वेनेजुएला में कोनुको, ब्राजील में रोका, मध्य अफ्रीका में मसोले। भारत के असम, मेघालय, मिजोरम और नागालैण्ड में झूम कहा जाता है। मणिपुर में पामलू और छत्तीसगढ़ के बस्तर व अंडमान निकोबार में दीपा कहा जाता है।

57. प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पृथ्वी सम्मेलन क्रमशः 1992, 2002 व 2012 में कहाँ-कहाँ हुए?

(a) जोहान्सबर्ग, दोहा, रियो-डि-जेनेरो
(b) दियो-डि-जेनेरो, जोहान्सबर्ग, दोहा
(c) रियो-डि-जेनेरो, क्योटो, जोहान्सबर्ग
(d) रियो-डि-जेनेरो, जोहान्सबर्ग, रियो-डि-जेनेरो

Ans. : (d) 1992 प्रथम पृथ्वी सम्मेलन – रियो-डि-जेनेरो (ब्राजील)
2002 द्वितीय पृथ्वी सम्मेलन – जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)
2012 तृतीय पृथ्वी सम्मेलन – रियो-डि-जेनेरो (ब्राजील)
यह सभी सम्मेलन जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित हैं।

58. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकसभा का एक सत्र नही है।

(a) बजट सत्र (b) ग्रीष्मकालीन सत्र
(c) शीतकालीन सत्र (d) मानसून सत्र

Ans. : (a) लोकसभा में तीन सत्र आयोजित किये जाते हैं–
1. ग्रीष्मकालीन सत्र
2. मानसून सत्र
3. शीतकालीन सत्र

बजट सत्र लोकसभा में नहीं बुलाया जाता।

59. संवैधानिक अनुसूची जिसमें मान्यता प्राप्त भाषाओं की सूची दी गई है–

(a) 7वीं अनुसूची (b) 8वी अनुसूची
(c) 9वीं अनुसूची (d) 10वीं अनुसूची

Ans. : (b) संविधान की 8वीं अनुसूची में भारत की भाषाओं को भारतीय भाषा के रूप में वर्णित किया गया है। 8वीं अनुसूची में अब तक 22 भाषाओं को सम्मिलित किया गया है।

60. भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के युग में राष्ट्रीय प्रयोजन का पक्षधर समाचार-पत्र था।

(a) द लीडर (b) द सिविल एण्ड मिलिट्री गजट
(c) डॉन (d) द स्टेट्समैन

Ans. : (a) पंडित मदन मोहन मालवीय के द्वारा प्रकाशित समाचार-पत्र 'द लीडर' था जो इलाहाबाद से प्रकाशित होता था। यह स्वतंत्रता संघर्ष के समय राष्ट्रीय प्रयोजन का पक्षधर था।

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2015

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

1. जून, 1789 ई. में फ्रांस में थर्ड इस्टेट और नेशनल असेम्बली का नेतृत्व किया

(a) दाँतो ने (b) रोबेस्पियर ने
(c) मिराब्यु (मिराबो) ने (d) मरात ने

Ans: (c) जून, 1789 ई. के फ्रांस में थर्डस्टेट और नेशनल असेम्बली का नेतृत्व मिराब्यु (मिराबो) के द्वारा किया गया।

2. निम्न में से अलौह धातु है

(a) मैंगनीज (b) कोबाल्ट
(c) स्टील (d) सीसा

Ans: (d) अलौह धातु वे होते है जिसमे लौह तत्व नही पाए जाते हैं। सीसा एक अलौह धातु है।

3. बंगाल की खाड़ी से लगे भारत के तटीय मैदानों को कहा जाता है

(a) कोरोमण्डल एवं उत्तरी सरकार (b) कोरोमण्डल एवं मालाबार
(c) उत्तरी सरकार एवं कोंकण (d) मालाबार एवं कन्नड़

Ans: (a) बंगाल की खाड़ी से लगे भारत के तटीय मैदानो को उत्तरी सरकार एवं कोरोमण्डल कहा जाता है।

4. बिरसा मुंडा निवासी था

(a) कलकत्ता का (b) पटना का
(c) छोटा नागपुर का (d) मुंगेर का

Ans: (c) बिरसा मुण्डा छोटा नागपुर (झारखण्ड) का निवासी था इसके नेतृत्व में मुण्डा आंदोलन वर्ष 1899 में चलाया गया।

5. भारत में प्रथम अंग्रेजी फैक्ट्री प्रारंभ हुई

(a) मद्रास में (b) हुगली में
(c) बम्बई में (d) सूरत में

Ans: (d) भारत में प्रथम अंग्रेज फैक्ट्री वर्ष 1611 में सूरत में स्थापित की गई थी।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनीतिक दल राष्ट्रीय दल की श्रेणी में नहीं है?

(a) शिवसेना (b) भारतीय जनता पार्टी
(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (d) बहुजन समाज पार्टी

Ans: (a) वर्तमान समय में 8 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिया गया है-

1. भारतीय जनता पार्टी
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
3. बहुजन समाज पार्टी
4. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी
5. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी
6. मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी
7. तृणमूल कांग्रेस पार्टी
8. नेशनल पीपुल्स पार्टी

शिव सेना राज्य स्तर की पार्टी है।

7. हिटलर द्वारा घोषित नाज़ी कार्यक्रम में निम्न में से कौन-सा नहीं था?

(a) वर्साय की संधि को संशोधित कराना
(b) जर्मनी द्वारा खोये गये प्रदेश पुनः प्राप्त करना
(c) जर्मनी के प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करना
(d) जर्मन स्त्रियों को पुरुषों के समकक्ष बनाना

Ans: (d) हिटलर द्वारा घोषित नाज़ी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वसीय में हुई संधि को संशोधित कराना, जर्मनी के खोए हुए प्रदेशों को पुनः प्राप्त कराना तथा जर्मनी के गौरव को पुनः प्राप्त करना शामिल थी। नाज़ी कार्यक्रम में स्त्री-पुरुषों की समानता की बात नहीं की गई थी।

8. भारतीय मानसून 'दक्षिण-पश्चिम का मानसून' कहलाता है, क्योंकि

(a) मानसूनी हवाएँ उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहती है।
(b) मानसूनी हवाएँ दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है।
(c) मानसून सबसे पहले भारत के दक्षिण-पश्चिम भाग में आता है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans: (b) मानसूनी हवाओं के दक्षिण-पश्चिम से बहने के कारण भारतीय मानसून दक्षिण-पश्चिम का मानसून कहलाता है जो दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की दिशा में बहती है।

9. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त के अनुसार, हिमालय पर्वत का निर्माण किस सागर के मलबे-संकुचन से हुआ है?

(a) हिन्द महासागर (b) टेथिस सागर
(c) केस्पियन सागर (d) भूमध्य सागर

Ans: (b) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार, हिमालय पर्वत का निर्माण टेथिस सागर के मलबे संकुचन से हुआ है। हिमालय पर्वत के निर्माण की प्रक्रिया आज भी जारी है।

10. वह देश जहाँ पर बुद्ध धर्म का प्रचार नहीं हुआ

(a) थाईलैण्ड (b) श्रीलंका (c) इण्डोनेशिया (d) ग्रीस

Ans: (d) ग्रीस में बौद्ध धर्म का प्रसार नहीं हुआ। बौद्ध धर्म का प्रचार दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों (थाइलैंड, सिंगापुर, इन्डोनेशिया, श्रीलंका, भूटान, नेपाल आदि) के साथ भारत के पश्चिमोत्तर सीमा पर सटे देशों में हुआ। बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार यूरोपियन देशों में नहीं हुआ।

11. असहयोग आंदोलन का निर्णय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में लिया गया?

(a) अहमदाबाद (b) बम्बई (c) नागपुर (d) पटना

Ans: (c) असहयोग आंदोलन चलाने का निर्णय कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में लिया गया। यह अधिवेशन वर्ष 1920 में किया गया तथा इस अधिवेशन के अध्यक्ष विजयराघवाचारी थे।

12. 1930 ई. में डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन किसने स्थापित की?

(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (b) महात्मा गाँधी
(c) ज्योतिबा फूले (d) मौलाना आज़ाद

Ans: (a) दलितों के उत्थान के लिए डा. बी. आर. अम्बेडकर ने वर्ष 1930 ई. में डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन की स्थापना की थी।

13. दबाव समूह द्वारा अपनाये जाने वाले साधन हैः

(i) प्रचार (ii) लॉबीइंग (iii) प्रदर्शन

उचित उत्तर चुनिए

(a) (i) और (ii) (b) (i) और (iii)
(c) (ii) और (iii) (d) (i), (ii) और (iii)

Ans: (d) दबाव समूह एक गैर राजनीतिक संस्था होती है जो वर्ग विशेष के हितो की रक्षा के लिए सरकार पर दबाव डालती है। इसके लिए दबाव समूह द्वारा प्रचार, लॉबीइंग एवं प्रदर्शन आदि साधनों का सहारा लिया जाता है।

14. बहुउद्देशीय जलविद्युत् परियोजना के अन्तर्गत निम्न में से कौन-से उद्देश्य पूरे किये जा सकते हैं?

(अ) जलविद्युत् उत्पादन (ब) नहरी सिंचाई
(स) बाढ़ नियंत्रण (द) जल-क्रीड़ा विकास
(य) पेयजल आपूर्ति

सही उत्तर चुनिए

(a) अ, ब, द और य (b) अ, ब, स और य
(c) अ, ब और य (d) अ, ब, स, द और य

Ans: (d) बहुद्देशीय जल विद्युत परियोजना वे होती हैं जो एक से अधिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बनाई जाती है। बहुद्देशीय जल विद्युत परियोजनाओं से कई लक्ष्य की पूर्ति हो सकती है जैसे-
* विद्युत उत्पादन * सिंचाई
* बाढ़ नियंत्रण * जल-क्रीड़ा विकास
* पेय जल की आपूर्ति आदि

15. 'वेल्लनवगई' भूमि का एक प्रकार था जो चोल अभिलेखों में उल्लिखित है, इससे तात्पर्य है

(a) ब्राह्मणों को अनुदान में दी गई भूमि
(b) विद्यालयों को प्रदत्त भूमि
(c) मंदिरों को दी गई भूमि
(d) गैर-ब्राह्मण कृषक की भूमि

Ans: (d) चोल सम्राज्य में गैर-ब्राह्मण कृषकों की भूमि को वेल्लनवगई कहा जाता था। इसका उल्लेख तंजावुर अभिलेख में मिलता है।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा ज्वारीय वन है?

(a) कोणधारी वन (b) मैंग्रोव वन
(c) उष्णकटिबंधी पर्णपाती वन (d) उष्णकटिबंधी वर्षा वन

Ans: (b) मैग्रोव वन ज्वारीय वन होते है। ज्वारीय वन वे वन होते हैं जो क्षारीय, दलदली एवं तटीय क्षेत्रों में होते हैं।

17. संविधान के अनुसार, प्रधानमंत्री है

(a) राज्यों का प्रमुख (b) संघ की मंत्रीपरिषद् का प्रमुख
(c) संघ सरकार का प्रमुख (d) संघ प्रशासन का प्रमुख

Ans: (b) भारतीय संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री लोक सभा में बहुमत प्राप्त दल का नेता होता है। प्रधानमंत्री संसद के मंत्रीपरिषद का भी प्रमुख होता है।

18. बंगाल में 'नील विद्रोह' कब हुआ?

(a) मार्च, 1859 में (b) मई, 1857 में
(c) अप्रैल, 1776 में (d) मार्च, 1880 में

Ans: (a) बंगाल में नील विद्रोह की शुरुआत वर्ष 1859 में किया गया यह आंदोलन बंगाल के नादिया जिले से प्रारम्भ किया गया था। नील आंदोलन का वर्णन दीन बंधु मित्र ने अपनी पुस्तक नील दर्पण में किया है।

19. शेरशाह ने हुमायूँ को परास्त किया

(a) चौसा (1539) के युद्ध में
(b) चन्देरी (1528) के युद्ध में
(c) गोलकुण्डा (1687) के युद्ध में
(d) दोहारिया (1532) के युद्ध में

Ans: (a) शेरशाह एवं हुमायूँ के बीच कई युद्ध हुए जिसमें वर्ष 1539 में चौसा का युद्ध लड़ा गया। इस युद्ध में हुमॉयू की पराजय हुई और हुमायूँ ने गंगा नदी में कूद कर अपनी जान बचाई। चौसा स्थल बिहार राज्य में स्थित है।

20. कौन-सा राजनीतिक दल का उद्देश्य नहीं है?

(a) अपनी विचारधारा का प्रचार करना
(b) लोगों का आध्यात्मिक विकास करना
(c) लोकमत का निर्माण करना
(d) सरकार बनाने की आकांक्षा

Ans: (b) राजनीतिक दल का उद्देश्य मुख्यतः लोक मत का निर्माण कर सत्ता पर अधिकार करना है साथ ही अपनी विचारधारा का प्रचार करना है। लोगों की आध्यात्मिकता का विकास करना राजनैतिक दल का उद्देश्य नहीं होता है।

21. हिमालय में दून घाटियाँ पायी जाती है

(a) वृहत् हिमालय एवं निम्न हिमालय के मध्य
(b) वृहत् हिमालय एवं कराकोरम पर्वतों के मध्य
(c) निम्न हिमालय एवं शिवालिक पर्वतों के मध्य
(d) निम्न हिमालय एवं कराकोरम पर्वतों के मध्य

Ans: (c) निम्न हिमालय एवं शिवालिक पर्वतों के मध्य में दून घाटियाँ पाई जाती है-दून घाटी के उदाहरण हैं- देहरादून ।

22. ब्रिटिश गवर्नर जनरल जिसने 'सर्वोच्च सत्ता' की नीति अपनाई

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड ऑकलैण्ड
(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) लॉर्ड हैस्टिंग्स

Ans: (d) ब्रिटिश गवर्नर जनरल लार्ड हैस्टिंग्ज के द्वारा 18वीं शताब्दी में भारत में 'सर्वोच्च सत्ता' की नीति अपनाई गई। लार्ड हेस्टिंग्स बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल था।

23. पड़ोसी देशों में से कौन-से देशों की भारत से लगी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्रमशः अधिकतम व न्यूनतम लम्बाई वाली है?

(a) चीन एवं भूटान (b) बांग्लादेश एवं भूटान
(c) चीन एवं अफगानिस्तान (d) बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान

Ans: (d) पड़ोसी देशो में बांग्लादेश के साथ भारत की सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा है जबकि अफगानिस्तान के साथ भारत की सबसे छोटी अन्तराष्ट्रीय सीमा रेखा है।

24. भारत में प्रथम सूती कपड़ा मिल स्थापित हुई थी

(a) सूरत (1700) में (b) मुर्शिदाबाद (1765) में
(c) अहमदाबाद (1919) में (d) बम्बई (1854) में

Ans: (d) भारत में प्रथम सूती कपड़ा मिल 1854 में पारसी उद्योगपति कावसजी के द्वारा बम्बई में स्थापित किया गया।

25. भारतीय जनगणना इतिहास में कौन-से दशक में भारतीय की जनसंख्या वृद्धि अधिकतम आंकी गई?

(a) 1951-1961 (b) 1961-1971
(c) 1971-1981 (d) 1981-1991

Ans: (b) भारतीय जनगणना के इतिहास में 1961-71 के दशक सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि आंकी गई थी।

26. इतिहास में तिथियों के साथ B.C.E. प्रयुक्त होता है, इसका तात्पर्य है

(a) बिफोर क्रिश्चियन एम्पायर (b) बिफोर कॉमन इरा
(c) बिफोर क्राइस्ट एन्टिटि (d) बिफोर सेन्चुरी इरा

Ans: (b) BCE का तात्पर्य Before the Common Era (बिफोर कॉमन एरा) से है।

27. चौहान शासक, जिसने मुहम्मद गोरी को 1191 में पराजित किया था

(a) अजयराज (b) अर्णोराज
(c) पृथ्वीराज-III (d) हरिराज

Ans: (c) चौहान शासन पृथ्वीराज-III (पृथ्वीराज चौहान) ने मुहम्मद गोरी को वर्ष 1191 ई. में तराइन के प्रथम युद्ध में पराजित किया था।

28. एल-नीनो है

(a) हिन्द महासागर की एक गर्म धारा
(b) हिन्द महासागर की एक गर्म हवा
(c) दक्षिणी प्रशान्त महासागर की एक गर्म धारा
(d) दक्षिणी प्रशान्त महासागर की एक गर्म हवा

Ans: (c) दक्षिणी प्रशान्त महासागर की गर्मधारा को अल-नीनो कहा जाता है।

29. 1780 ई. में प्रारंभ किये गये बंगाल गज़ट साप्ताहिक पत्रिका के संपादक कौन थे?

(a) जेम्स ऑगस्टस हिक्की (b) विलियम बोल्ट्स
(c) गंगाधर भट्टाचार्य (d) राजा राममोहन राय

Ans: (a) जेम्स ऑगस्टस हिक्की के द्वारा 1780 ई. में कलकत्ता से साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गजट का सम्पादन किया गया। यह भारत की अंग्रेजी में छपने वाली प्रथम साप्ताहिक पत्रिका थी।

30. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति-2000 के लक्ष्यों के अनुसार कौन-से वर्ष में भारतीय जनसंख्या स्थायी जनसंख्या का स्तर प्राप्त कर लेगी?

(a) 2015 (b) 2025 (c) 2035 (d) 2045

Ans: (d) राष्ट्रीय जनसंख्या नीति-2000 के लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 2045 तक भारत की जनसंख्या स्थायी जनसंख्या का स्तर प्राप्त कर लेगी।

31. संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान किया गया है?

(a) अनुच्छेद 368 (b) अनुच्छेद 370
(c) अनुच्छेद 369 (d) अनुच्छेद 371

Ans: (b) भारतीय संविधान के अनुच्छेद-370 के द्वारा जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया गया।

32. मुद्रास्फीति होती है

(a) वस्तुओं के निर्गमन में वृद्धि से
(b) सरकार के पास नकदी की बढ़ोत्तरी से
(c) मुद्रा निर्गमन में कमी से
(d) मुद्रा निर्गमन में वृद्धि से

Ans: (d) मुद्रास्फिति का तात्पर्य मुद्रा निर्गमन में वृद्धि हो जाना है अर्थात् मुद्रा की कीमत घट जाती है तथा मुद्रा की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में महंगाई दर बढ़ने लगती है।

33. भारत का संविधान भारत को किस रूप में इंगित करता है?

(a) राज्यों का संघ (b) स्वैच्छिक संघ
(c) परिसंघ (d) संघ

Ans: (a) भारतीय संविधान के अनु.1 में वर्णित है कि भारत राज्यों का संघ है।

34. कांग्रेस ने कौन-से आम चुनाव में पहली बार संसद में बहुमत खोया था?

(a) 1967 में (b) 1977 में
(c) 1980 में (d) इनमें से कोई नहीं

Ans: (b) वर्ष 1977 में पहली बार कांग्रेस पार्टी ने संसद में अपना बहुमत खोया था उस समय लोकदल के नेता मोरार जी देसाई को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

35. चैक जारी किया जा सकता है

(a) बैंक में माँग जमा के विरुद्ध
(b) बैंक में मियादी जमा के विरुद्ध
(c) बैंक में बिना जमा के विरुद्ध
(d) पोस्ट ऑफिस में मियादी जमा के विरुद्ध

Ans: (a) बैंक में मांग जमा के विरुद्ध चैक जारी किया जा सकता है।

36. संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन हुआ

(a) 9 दिसम्बर, 1946 को (b) 11 दिसम्बर, 1946 को
(c) 3 जून, 1947 को (d) 26 जनवरी, 1946 को

Ans: (a) संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 9 दिसम्बर 1946 को हुआ था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता डा. सच्चिदानन्द सिन्हा के द्वारा की गई थी।

37. अधिकार जो कानूनी अधिकार के रूप में तो है लेकिन संवैधानिक अधिकार के रूप में नहीं है

(a) अबाध भ्रमण की स्वतंत्रता
(b) सम्पत्ति का अधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) अल्पसंख्यक वर्गों को शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना का अधिकार

Ans: (b) सम्पत्ति का अधिकार एक कानूनी अधिकार है परन्तु संवैधानिक अधिकार नहीं है। पूर्व में सम्पत्ति के अधिकार को अनु. 31 के द्वारा मौलिक अधिकार का दर्जा प्राप्त था परन्तु 44वें संविधान संशोधन 1978 के द्वारा इसे मौलिक अधिकार की श्रेणी से निकाल दिया गया तथा अनु. 300 (क) के द्वारा कानूनी अधिकार के रूप में स्थापित किया गया।

38. निम्न में से कौन-सी मृदा में नमी ग्रहण करने की क्षमता बहुत अधिक होती है?

(a) मरुस्थलीय मृदा (b) जलोढ़ मृदा
(c) काली मृदा (d) पर्वतीय मृदा

Ans: (c) काली मिट्टी में नमी धारण करने की क्षमता बहुत अधिक होती है। इसे रेगुर मिट्टी के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रकार की मिट्टी कपास उत्पादन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मानी जाती है।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा एक नवीकरणीय संसाधन नहीं है?

(a) भू-तापीय ऊर्जा (b) ज्वार ऊर्जा
(c) जल विद्युत् (d) जीवाश्म ईंधन

Ans: (d) जीवाश्म ईंधन नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन नहीं है। नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन वह होते है जिन्हे बार-बार प्रयोग में लाया जा सके।

40. निम्नलिखित में से सरकार का रेवेन्यू व्यय कौन-सा है?

(a) ब्याज का भुगतान (b) भवन की खरीद
(c) मशीन की खरीद (d) राज्य सरकार को ऋण

Ans: (a) व्याज का भुगतान करना सरकार के रेवेन्यू व्यय राजस्व व्यय के अन्तर्गत आता है।

41. हाल के वर्षों में भारत में GDP विभिन्न क्षेत्रों से निम्नलिखित अवरोही क्रम में प्राप्त हो रही हैं

(a) कृषि, विनिर्माण एवं तृतीयक क्षेत्र
(b) विनिर्माण, कृषि एवं तृतीयक क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र, विनिर्माण एवं कृषि क्षेत्र
(d) तृतीयक क्षेत्र, कृषि एवं विनिर्माण क्षेत्र

Ans: (c) हाल के वर्षो के GDP (सकल घरेलू उत्पाद) अलग-अलग क्षेत्र से प्राप्त हुए जो अवरोही क्रम में है ये निम्न है- तृतीयक क्षेत्र, विनिर्माण एवं कृषि क्षेत्र।

42. बजट एक विवरण है

(a) आय और व्यय का
(b) वस्तुओं की खरीद एवं बिक्री का
(c) वस्तुओं की कीमतों का
(d) संभावित आय और संभावित व्यय का

Ans: (d) बजट संभावित आय एवं संभावित व्यय का विवरण होता है।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास सूचकांक (HDI) का घटक नहीं है?

(a) प्रति व्यक्ति आय (सकल राष्ट्रीय आय के आधार पर)
(b) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
(c) सकल पंजीयन दर
(d) स्वास्थ्य एवं पोषण

Ans: (d) मानव विकास सूचकांक के तीन घटक होते है-
1. प्रति व्यक्ति आय
2. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
3. संकल पंजीयन दर (शिक्षा)

स्वास्थ्य एवं पोषण मानव विकास सूचकांक का घटक नहीं है।

44. लोकतांत्रिक समाजवाद का प्रमुख भारतीय विचारक कौन था?
(a) पण्डित नेहरू (b) एम. एन. राय
(c) एस. ए. डांगे (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans: (a) पं. जवाहर लाल नेहरू लोकतांत्रिक समाजवाद के प्रमुख विचारक थे।

45. भारत में किसी राज्य की विधानसभा में अधिकतम सदस्य हो सकते है
(a) 400 (b) 450 (c) 500 (d) 600

Ans: (c) किसी राज्य के विधान सभा में अधिकतम 500 सदस्य तथा न्यूनतम 60 सदस्य हो सकते है।

46. भारत में राष्ट्रीय आय अनुमानित की जाती है
(a) योजना आयोग द्वारा
(b) भारतीय सांख्यिकी संस्थान द्वारा
(c) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा
(d) राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण द्वारा

Ans: (c) भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के द्वारा किया जाता है। इस संगठन का मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

47. एजेण्डा-21 की घोषणा हुई
(a) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन, 1992 में
(b) द्वितीय पृथ्वी सम्मेलन, 2002 में
(c) तृतीय पृथ्वी सम्मेलन, 2012 में
(d) प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन, 1979 में

Ans: (a) संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण के लिए वर्ष 1992 में प्रथम पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) में हुआ। इसी सम्मेलन में एजेण्डा-21 की घोषणा की गई थी। एजेंडा-21 टिकाऊ विकास के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की एक गैर-बाध्यकारी कार्य योजना है।

48. जनगणना-2011 के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व एवं लिंगानुपात क्रमशः है
(a) 382, 943 (b) 380, 930
(c) 424, 830 (d) 390, 935

Ans: (a) 2011 के जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व 382 तथा लिंगानुपात 943 है।

49. राज्यसभा के एक-तिहाई (1/3) सदस्य पदमुक्त होते हैं
(a) प्रत्येक वर्ष (b) प्रत्येक दो वर्ष में
(c) प्रत्येक तीन वर्ष में (d) कभी नहीं

Ans: (b) राज्य सभा संसद का उच्च सदन एवं स्थायी सदन है। इसके एक तिहाई (1/3) सदस्य प्रत्येक 2 वर्ष में पदमुक्त होते हैं।

50. भारतीय संविधान के निर्माण को किस भारतीय शासन अधिनियम ने सर्वाधिक प्रभावित किया?
(a) भारतीय शासन अधिनियम, 1909
(b) भारतीय शासन अधिनियम, 1919
(c) भारतीय शासन अधिनियम, 1935
(d) भारतीय शासन अधिनियम, 1947

Ans: (c) भारत के संविधान के अधिकतर अनुच्छेद भारत शासन अधिनियम 1935 से लिए गये है तथा इसी से सर्वाधिक प्रभावित है।

51. असम्बन्धित को बाहर कीजिए
(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) केनरा बैंक
(c) एचडीएफसी बैंक (d) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

Ans: (c) भारतीय स्टेट बैक, केनरा बैक तथा सेन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया ये सभी राष्ट्रीकृत वाणिज्यिक बैंक है जबकि एच डी एफ सी बैंक निजी क्षेत्र का वाणिज्यिक बैंक है।

52. भौगोलिक सीमाओं से अलग विशेष क्षेत्रों में पायी जाने वाली जातियाँ कहलाती है
(a) संकटग्रस्त जातियाँ (b) लुप्त जातियाँ
(c) दुर्लभ जातियाँ (d) स्थानिक जातियाँ

Ans: (d) भौगोलिक सीमाओं से अलग विशेष क्षेत्रों में पायी जाने वाली जातियां स्थानिक जातियाँ कहलाती है जो केवल एक निश्चित क्षेत्र के ही अनुकूल होती हे।

53. भारत में वित्त आयोग है
(a) एक स्वायत्तशासी संस्था (b) एक सलाहकार संस्था
(c) एक संवैधानिक संस्था (d) एक वैधानिक संस्था

Ans: (c) भारत में वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है। केन्द्र तथा राज्यों के मध्य धन (कर) का बटवारा करना इसी संस्था का उत्तरदायित्व है।

54. निम्नलिखित में से रिज़र्व बैंक निर्धारित नहीं करता है
(a) बैंक रेट (b) रेपो रेट
(c) रिवर्स रेपो रेट (d) आयकर दर

Ans: (d) रिजर्व बैंक द्वारा बैंको से सम्बंधित दरों का निर्धारण करता है जैसे- बैंक रेट, रेपो रेट तथा रिवर्स रेपोरेट आदि। जबकि आय कर का निर्धारण भारत सरकार के द्वारा किया जाता है।

55. जनगणना-2011 के अनुसार भारत में 0-6 वर्ष के आयु वर्ग में जनसंख्या है अनुमानतः
(a) 14 करोड़ (b) 16 करोड़
(c) 18 करोड़ (d) 12 करोड़

Ans: (c) 2011 के जनगणना के अनुसार भारत में 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की जनसंख्या लगभग 18 करोड़ है।

56. जिस मौलिक अधिकार को आपातकाल में भी समाप्त नहीं किया जा सकता, वह है
(a) शांतिपूर्वक सम्मेलन की स्वतंत्रता
(b) निवास की स्वतंत्रता
(c) जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण
(d) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

Ans: (c) जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी स्थिति (आपात काल में भी) समाप्त नहीं किया जा सकता है। यह अधिकार भारतीय नागरिकों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों को भी प्राप्त है।

57. राष्ट्रपति के विरुद्ध संविधान के उल्लंघन पर महाभियोग की पहल हो सकती है
(a) संसद के किसी भी सदन में (b) लोकसभा में
(c) राज्यसभा में (d) उच्चतम न्यायालय में

Ans: (a) राष्ट्रपति के विरुद्ध संविधान के उलघंन पर संसद के किसी भी सदन में महाभियोग की पहल हो सकती है। संविधान के अनु. 61 में राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया का वर्णन किया गया है।

58. किसी अर्थव्यवस्था में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में वर्गीकरण का आधार होता है
(a) कार्यगत परिस्थितियाँ (b) आर्थिक गतिविधियों की प्रकृति
(c) उद्यमिता का स्वामित्व (d) उपर्युक्त सभी

Ans: (c) उद्यमिता एवं स्वामित्व के आधार पर निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का वर्गीकरण किया जाता है। जिस क्षेत्र पर सरकार का स्वामित्व होता है उसे सार्वजनिक क्षेत्र तथा जिस क्षेत्र पर व्यक्ति विशेष का स्वामित्व होता है उसे निजी क्षेत्र कहते है।

59. निम्न में से कौन-सा कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक का नहीं है?
(a) मुद्रा निर्गमन करना (b) सरकार का बैंकर
(c) समाशोधन गृह का कार्य (d) जनता को ऋण देने वाला

Ans: (d) जनता को ऋण देने का कार्य वाणिज्यिक बैक करते हैं न कि रिजर्व बैंक।

60. वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है, जब
(a) आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती हैं।
(b) लोगों की बचतें बढ़ जाती हैं।
(c) अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति बढ़ जाती है।
(d) अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन बढ़ जाता है।

Ans: (d) अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन बढ़ने पर वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि हो जाती है।

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 31 जुलाई, 2011)

1. भारतीय समाज की प्रमुख विशेषता है–

(a) अनेकता में एकता (b) अशिक्षा
(c) स्वावलम्बन (d) प्रादेशिकता

Ans. : (a) भारत देश में भाषाओं, जातियों एवं धर्मों की बहुलता है तथा सभी लोग एक साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं। यही तथ्य भारतीय समाज में अनेकता में एकता को दर्शाती है तथा यही भारतीय समाज की मुख्य विशेषता है।

2. नगरीकरण परिणाम है–

(a) शैक्षिक विकास का
(b) ग्रामीण विकास का
(c) ग्रामों से नगरों की ओर जनसंख्या पलायन का
(d) कृषि विकास का

Ans. : (c) नगरीकरण का तात्पर्य है कि वह स्थान जहाँ सभी प्रकार की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ग्रामीण जनसंख्या का पलायन होना।

3. क्षेत्रीयतावाद मुख्य कारण है–

(a) गरीबी का (b) सामाजिक तनावों का
(c) बेरोजगारी का (d) वैश्वीकरण का

Ans. : (b) सामाजिक तनाव से क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिलता है। इसी सामाजिक तनाव के कारण भारतीय स्वतंत्रता में क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिला तथा भारत एवं पाकिस्तान जैसे देशों का उदय हुआ।

4. सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय-वस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए–

(a) शिक्षा के उद्देश्यों का (b) शिक्षण विधियों का
(c) शिक्षण तकनीक का (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (b) सामाजिक अध्ययन के शिक्षक को अपने विषय वस्तु के साथ-साथ शिक्षण विधियों का भी ज्ञान होना आवश्यक है ताकि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुगमता पूर्वक चलती रहे।

5. भारत में गरीबी के लिए कौन-सा कारण नहीं है?

(a) बेरोजगारी (b) तीव्र जनसंख्या वृद्धि
(c) शिक्षा (d) वृहत परिवार

Ans. : (c) शिक्षा के कारण गरीबी नहीं होती बल्कि शिक्षा गरीबी दूर करने का एक मात्र हथियार है। गरीबी के लिए बेरोजगारी, तीव्र जनंसख्या वृद्धि तथा वृहद परिवार जैसे कारक जिम्मेदार हैं।

6. किस हड़प्पाकालीन इमारत को सर जॉन मार्शल ने विश्व का एक अद्‌भुत निर्माण कहा?

(a) वृहत् स्नानागार (b) अन्नागार
(c) सभा भवन (d) दुर्ग महल

Ans. : (a) हड़प्पाकाल में मोहनजोदड़ो से वृहद स्नानागार के साक्ष्य पाये गये। जॉन मार्शल ने इस वृहद स्नानागार को एक अद्‌भुत निर्माण कहा है। हड़प्पा स्थल से प्राप्त अन्नागार सैंधव सभ्यता की संभवतः सबसे बड़ी इमारत थी।

7. 'भारत में एकता में अनेकता और अनेकता में एकता है।''यह कथन किसका है?

(a) ए. एल. वाशम का (b) वी. ए. स्मिथ का
(c) मैक्स मूलर का (d) जवाहरलाल नेहरू का

Ans. : (b) वी. ए. स्मिथ के अनुसार – ''भारत में एकता में अनेकता और अनेकता में एकता है।''

8. निम्न में से किस सैन्धव स्थल से 'अग्नि कुण्ड' के साक्ष्य मिले हैं?

(a) हड़प्पता (b) मोहनजोदड़ो
(c) लोथल (d) कालीबंगा

Ans. : (d) सैंधव स्थल कालीबंगा से अग्निकुण्ड के साक्ष्य पाये गये हैं। यह स्थल राजस्थान के गंगानगर जिले में घग्घर नदी के किनारे स्थित था। इस स्थल की खोज 1952 में अमलानन्द घोष के द्वारा की गयी एवं वी.के. थापर और वी.वी. लाल द्वारा 1961-62 में उत्खनन किया गया। यहाँ से हड़प्पा, पूर्व हड़प्पा तथा उत्तर हड़प्पा, काल के अवशेष प्राप्त होते हैं।

9. हिन्द-यूनानी शासकों के बारे में जानकारी का मुख्य स्त्रोत क्या है?

(a) यात्रियों का वृत्तान्त (b) सिक्के
(c) बौद्ध (d) जैन साहित्य

Ans. : (b) हिन्द-यूनानी (Indo-Greek) शासकों के बारे में जानकारी का महत्वपूर्ण स्त्रोत सिक्के हैं। हिन्द-यूनानी शासकों ने ही सर्वप्रथम भारत में सोने के सिक्कों का प्रचलन किया।

10. गीता है–

(a) वेद (b) स्वतन्त्र महाकाव्य
(c) रामायण का एक भाग (d) महाभारत का एक भाग

Ans. : (d) गीता महाभारत का एक भाग है जिसमें भगवान श्री कृष्ण के उपदेश हैं। महाभारत विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य है। इसमें लगभग 1,00,000 श्लोक हैं।

11. गुप्त काल में सुदूर पश्चिम में प्रसिद्ध व्यापारिक केन्द्र था–

(a) विदिशा (b) पुरुषपुर
(c) अहिच्छत्र (d) पैठन

Ans. : (d) गुप्त काल में सुदूर पश्चिम में प्रसिद्ध व्यापारिक केन्द्र पैठन था जो गुजरात राज्य में स्थित था। इसका एक अन्य नाम **प्रतिष्ठान** भी था।

12. भारत का राष्ट्रीय चिह्न लिया गया है–

(a) साँची स्तम्भ से (b) सारनाथ स्तम्भ से
(c) इलाहाबाद स्तम्भ से (d) लुम्बिनी स्तम्भ से

Ans. : (b) भारत का राष्ट्रीय चिन्ह सारनाथ के अशोक स्तम्भ से लिया गया है। इस चिन्ह में चार शेर एक दूसरे की तरफ पीठ किए हुए बैठे हैं। 26 जनवरी, 1950 को इसे राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में घोषित किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे लिखा राष्ट्रीय वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुण्डकोपनिषद से लिया गया है।

13. 'लोग घरों में ताला नहीं लगाते थे। 'फह्यान ने किस शासक के बारे में ऐसा लिखा है?

(a) रामगुप्त (b) चन्द्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (d) समुद्रगुप्त

Ans. : (c) प्रसिद्ध चीनी यात्री फाह्यान गुप्त शासक चन्द्रगुप्त II विक्रमादित्य के समय में उनके दरबार में आया। फाह्यान ने यहाँ के समाज का वर्णन अपनी पुस्तक में लिखा तथा बताया कि भारतीय लोगों का आचरण बहुत अच्छा होता था तथा ''वे अपने घरों में ताला नहीं लगाते थे।''

14. महाबलीपुरम के प्रसिद्ध मन्दिर किस शासक के शासन के अन्तर्गत बने?

(a) पल्लव (b) चोल
(c) चालुक्य (d) काकतीय

Ans. : (a) महाबलीपुरम तमिलनाडु राज्य में स्थित है। यह स्थल मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। रथ मंदिरों का निर्माण पल्लव वंश के शासक नरसिंह वर्मन प्रथम के द्वारा करवाया गया था।

15. भारतीय इतिहास में पहली बार लोगों के जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन किस काल में किया गया?

(a) महाजनपद काल (b) गुप्त काल
(c) कुषाण काल (d) मौर्य काल

Ans. : (d) मौर्य काल में पहली बार भारत में जनगणना कराई गई। इसके तहत लोगों ने पहली बार जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन कराया। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि ज्ञात जनसंख्या के आधार पर उचित कर व्यवस्था को लागू करना। मौर्य साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से की थी।

16. शेख सलीम चिश्ती का मकबरा कहाँ स्थित है?

(a) आगरा में (b) दिल्ली में
(c) फतेहपुर सीकरी में (d) अजमेर में

Ans. : (c) शेख सलीम चिश्ती का मकबरा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्थित फतेहपुर सीकरी में स्थित है। यह अकबर के समकालीन थे। इन्हीं के आशीर्वाद से सलीम (जहाँगीर) का जन्म हुआ था। शेख सलीम चिश्ती मुइनुद्दीन चिश्ती के शिष्य थे।

17. 'नूहे सिपिहर' के रचनाकार हैं–

(a) अमीर खुसरो (b) मलिक मोहम्मद जायसी
(c) दारा शिकोह (d) शेख निजामुद्दीन औलिया

Ans. : (a) नूहे सिपिहर की रचना अमीर खुसरो के द्वारा की गई थी। अमीर खुसरो ने सल्तनत काल के 7 सुल्तानों का शासन काल देखे थे। नूहे सिपिहर के अलावा इनकी अन्य पुस्तक है– आशिका, खजाइनुल-फुतुह, तुगलकनामा आदि।

18. दक्षिणी भारत में चिश्ती सिलसिले का प्रमुख केन्द्र था–

(a) गुलबर्गा (b) गोलकुण्डा
(c) बीजापुर (d) बीदर

Ans. : (a) दक्षिण में चिश्ती सिलसिले की स्थापना 1340 ई. में बुरहानुद्दीन गरीब ने की थी। दक्षिण में चिश्ती सिलसिला का प्रमुख केन्द्र गुलबर्गा (कर्नाटक) था।

19. सन्त दादू की मृत्यु किस स्थल पर हुई?

(a) साम्भर (b) आम्बेर
(c) नारायण (d) पुष्कर

Ans. : (c) संत दादू दयाल की मृत्यु 1603 ई. को राजस्थान के अजमेर के समीप नारायण नामक स्थान पर हुई थी।

20. सन्त जाम्भोजी का जन्म कहाँ हुआ था?

(a) पीपासर (b) गागरोन
(c) जैतारण (d) नागौर

Ans. : (a) बिश्नोई सम्प्रदाय के संस्थापक सन्त जाम्भोजी को गुरु जाम्भेश्वर भगवान भी कहा जाता है। इनका जन्म 1451 ई. में राजस्थान के नागौर जिले के पीपासर गाँव में हुआ था। इनका मकबरा राजस्थान के नागौर जिले में स्थित है।

21. 'दस्तक' शब्द से क्या तात्पर्य है?

(a) गुलामी (b) फैक्टरी
(c) बन्दरगाह (d) शुल्क मुक्त व्यापार

Ans. : (d) दस्तक शब्द का तात्पर्य **शुल्क मुक्त व्यापार** से है। बंगाल में इसी दस्तक का प्रयोग करके ब्रिटिश कंपनी ने अपने व्यापार को आगे बढ़ाया जिसे वारेन हेस्टिंग्स द्वारा समाप्त कर दिया गया।

22. अकबर के चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण (1567-68) के समय वहाँ का शासक कौन था?

(a) महाराणा प्रताप (b) महाराणा उदय सिंह
(c) जयमल (d) महाराणा अमर सिंह

Ans. : (b) अकबर द्वारा चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण के समय (1567-68) के समय वहाँ का शासक महाराणा उदय सिंह था। इनकी माता का नाम कर्णावती तथा पिता का नाम महाराणा सांगा था। इस युद्ध में मुगल बादशाह अकबर की विजय हुई।

23. किस मुगल बादशाह के काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है?

(a) औरंगजेब (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

Ans. : (b) मुगल बादशाह अकबर के शासन काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहा जाता है। 'स्थापत्यकला का स्वर्ण काल' शाहजहाँ के शासन काल को तथा चित्रकला का स्वर्ण काल जहाँगीर के शासन काल को कहा जाता है।

24. कौन-से फ्रान्सीसी यात्री ने छह बार भारत की यात्रा की?

(a) मनूची (b) बर्नियर
(c) थेवनोट (d) ट्रेवरनियर

Ans. : (d) ट्रेवरनियर फ्रांसीसी यात्री था जो मुगल काल में भारत की 6 बार यात्रा की थी।

25. 'आइन-ए-अकबरी में अबुल फजल ने मनसबदारों की कितनी श्रेणियों का उल्लेख किया है?

(a) 22 (b) 33
(c) 44 (d) 66

Ans. : (b) आइन-ए-अकबरी की रचना अबुल फजल के द्वारा की गई थी। इस पुस्तक में प्रशासन संबंधी बातों का उल्लेख किया गया है। इसमें मनसबदारों की 33 श्रेणियों का उल्लेख है।

26. भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम (1857) का कानपुर में नेतृत्व किसने किया था?

(a) तांत्या टोपे (b) लक्ष्मीबाई
(c) नाना साहब (d) कुँवर सिंह

उत्तरः (c) भारत के प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष (1857) में कानपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोहियों का नेतृत्व नाना साहब ने किया था। नाना साहब के सेनापति तात्या टोपे थे। नाना साहब का मूल नाम धुधू पंत था। 1857 के क्रांति के समय कई अन्य जगहों पर भी विद्रोह हुआ–

स्थान	नेतृत्वकर्त्ता
कानपुर	नाना साहब
लखनऊ	बेगम हजरतमहल
जगदीशपुर	कुंवर सिंह
इलाहाबाद	लियाकत अली
फैजाबाद	मौलवी अहमद उल्ला
दिल्ली	खान बहादुर खान
बरेली	खान बहादुर खान

27. 1857 के दौरान लिखित पुस्तक 'माझा प्रवास' के लेखक हैं–

(a) विष्णुभट्ट गोडसे (b) सीताराम पाण्डेय
(c) नारगेट (d) मंगल पाण्डेय

Ans. : (a) 1857 के दौरान लिखी गई पुस्तक 'माझा प्रवास' के लेखक विष्णुभट्ट गोडसे थे।

28. महान नागा महिला गिंडाल्यू को 'रानी' की उपाधि किसने दी थी?

(a) रविन्द्रनाथ टैगोर (b) महात्मा गाँधी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) सुभाष चन्द्र बोस

Ans. : (c) महान नागा महिला रानी गिंडाल्यू ने मणिपुर में जियालरांग आंदोलन का नेतृत्व अंग्रेजों के विरुद्ध किया था। पं. जवाहर लाल नेहरू ने इन्हें रानी की उपाधि दिया था।

29. महात्मा गाँधी ने अपनी आत्मकथा किस भाषा में लिखी?

(a) हिन्दी (b) मराठी
(c) गुजराती (d) अंग्रेजी

Ans. : (c) महात्मा गाँधी ने अपनी आत्मकथा मूलतः गुजराती भाषा में लिखा था। गाँधी जी की आत्मकथा है–My experiment with truth (माई एक्सपेरिमेन्ट विद ट्रुथ)। इस पुस्तक का हिन्दी रूपातंर है–सत्य के साथ मेरा प्रयोग। गांधी जी की आत्मकथा का अंग्रेजी में अनुवाद महादेव देसाई ने किया था।

30. ब्रिटिश संसद ने किस वर्ष कानून पास कर ईस्ट इण्डिया कम्पनी के सारे अधिकार छीन लिए?

(a) 1858 (b) 1859
(c) 1860 (d) 1861

Ans. : (a) 1857 के विद्रोह के परिणामस्वरूप 1858 में ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार छीन लिए। भारत से कंपनी का शासन समाप्त कर दिया गया तथा भारतीय सत्ता ब्रिटिश क्राउन को स्थानान्तरित कर दिया गया। ब्रिटिश सरकार द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप में वायसराय की नियुक्ति की तथा प्रथम वायसराय लार्ड कैनिंग बना।

31. भारतीय संविधान लागू किया गया–

(a) 15 अगस्त, 1947 को (b) 26 जनवरी, 1950 को
(c) 26 जनवरी, 1949 को (d) 26 जुलाई, 1950 को

Ans. : (b) भारतीय संविधान 26 नवम्बर, 1949 को बन कर पूर्ण हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया। भारतीय संविधान को बनने में कुल 2 वर्ष, 11 माह एवं 18 दिन का समय लगा।

32. भारतीय संविधान भाग-4 अनुच्छेद 51-ए में नागरिकों के कितने मूल कर्त्तव्य वर्णित हैं?

(a) 10 (b) 12
(c) 15 (d) 11

Ans. : (d) भारतीय संविधान के भाग 4क में अनुच्छेद 51-ए में कुल 11 मौलिक कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है। 42वें संविधान 1976 में संशोधन के तहत स्वर्ण सिंह के सुझाव पर मौलिक कर्त्तव्य को भारतीय संविधान में सम्मिलित किया गया। प्रारम्भ में मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 10 थी।

33. संविधान निर्मात्री सभा की पहली बैठक कब आयोजित की गई थी?

(a) 15 अगस्त, 1947 को (b) 26 जनवरी, 1949 को
(c) 9 दिसम्बर, 1949 को (d) 26 जनवरी, 1930 को

Ans. : (c) संविधान निर्मात्री सभा की प्रथम बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को आयोजित की गई तथा इस सभा के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा को बनाया गया जो अस्थायी अध्यक्ष थे। 11 दिसम्बर 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को प्रथम स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

34. भारतीय संविधान में 44 वें संशोधन के पश्चात् मूल अधिकारों की संख्या है–

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 5

Ans. : (a) भारतीय संविधान में प्रारम्भ में मूल अधिकारों की संख्या 7 थी परन्तु 44वें संविधान संशोधन (1978) के द्वारा सम्पत्ति के मूल अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी से निकाल कर अनुच्छेद 300 (क) के रूप में वैधानिक कानून के तहत स्थापित कर दिया गया। वर्तमान समय में मूल अधिकारों की संख्या 6 है।

35. भारतीय संविधान की कौन-सी विशेषता नहीं है?

(a) प्रजातान्त्रिक पद्धति
(b) मूल अधिकार एवं कर्त्तव्य

(c) प्रत्येक नागरिक को रोजगार की सुरक्षा
(d) स्वतन्त्र न्यायपालिका

Ans. : (c) भारतीय संविधान प्रजातांत्रिक पद्धति का प्रतिनिधित्व करती है जिसके अन्तर्गत नागरिक कर्त्तव्य एवं अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करती है। स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना भी संविधान के तहत की गई है। संविधान प्रत्येक नागरिकों को रोजगार की सुरक्षा की गारण्टी नहीं प्रदान करता है।

36. राजस्थान में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की संख्या है–
(a) 21 (b) 26
(c) 30 (d) 25

Ans. : (d) राजस्थान में लोकसभा के लिए 25 सीटें निर्धारित की गई हैं।

37. भारत का राष्ट्रपति चुना जाता है–
(a) भारत के नागरिकों द्वारा
(b) संसद के दोनों सदनों एवं राज्य विधानसभा के निर्वाचन सदस्यों द्वारा
(c) प्रधानमन्त्री एवं मन्त्रिपरिषद् के सदस्यों द्वारा
(d) समस्त मुख्यमन्त्रियों द्वारा

Ans. : (b) भारत के राष्ट्रपति चुनाव में दोनों सदनों के सदस्य राज्यों के विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य तथा दिल्ली एवं पुडुचेरी के विधान सभाओं के सदस्य शामिल होते हैं। राष्ट्रपति के चुनाव की पद्धति अनुपातिक प्रतिनिधित्व एवं एकल संक्रमणीय पद्धति होती है।

38. भारत का सर्वोच्च सेनापति कौन है?
(a) प्रमुख सेनाध्यक्ष (b) मुख्य न्यायाधीश
(c) राष्ट्रपति (d) प्रधानमन्त्री

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुसार भारत का राष्ट्रपति तीनों सेनाओं (जल, थल एवं वायु) का प्रधान सेनापति होता है।

39. भारत में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करता है–
(a) उप–राष्ट्रपति (b) राष्ट्रपति
(c) प्रधानमन्त्री (d) राष्ट्रपति एवं प्रधानमन्त्री

उत्तरः (b) भारत में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में कुल 31 न्यायाधीश हैं।

40. राज्यसभा का सभापति कौन होता है?
(a) उप-राष्ट्रपति
(b) विपक्ष का नेता
(c) गृह मन्त्री
(d) राज्यसभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचित व्यक्ति

Ans. : (a) उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति होता है परन्तु वह राज्यसभा का सदस्य नहीं होता है। इसका कार्यकाल सभापति के रूप में तब तक होता है जब तक उसका उपराष्ट्रपति का कार्यकाल होता है। वर्तमान में राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू (8 अगस्त 2017 से) हैं। उपराष्ट्रपति अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंपता है।

41. पृथ्वी का सबसे बड़ा महाद्वीप है–
(a) अफ्रीका (b) उत्तरी अमेरिका
(c) एशिया (d) एण्टार्कटिका

Ans. : (c) पृथ्वी पर कुल सात महाद्वीप हैं। इनके क्षेत्रफल के घटने के क्रम में क्रमशः हैं– एशिया 〉 अफ्रीका 〉 उ. अमेरिका 〉 द. अमेरिका 〉 अंटार्कटिका 〉 यूरोप 〉 ऑस्ट्रेलिया।
एशिया पृथ्वी का सबसे बड़ा महाद्वीप तथा ऑस्ट्रेलिया विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है।

42. 'U' आकार की घाटी निर्मित होती है–
(a) नदियों द्वारा (b) हिमानी द्वारा
(c) हवाओं द्वारा (d) भूमिगत जल द्वारा

Ans. : (b) U आकार की घाटी **हिमानी** द्वारा निर्मित होती है।

43. परतें किन चट्टानों में होती हैं?
(a) आग्नेय (b) रुपान्तरित
(c) अवसादी (d) ये सभी

Ans. : (c) अवसादी चट्टानों को परतदार चट्टान कहते हैं क्योंकि इनमें परतें पाई जाती हैं। इसी प्रकार की चट्टानों में जीवाश्मों की उपस्थिति होती है जिससे जीवाश्म ईंधन प्राप्त किया जाता है। अवसादी-चट्टानों का निर्माण आग्नेय एवं रूपान्तरित चट्टानों के अपक्षय एवं अपरदन से निर्मित होती है।

44. वायुमण्डल की सबसे निचली परत है–
(a) समतापमण्डल (b) क्षोभमण्डल
(c) ओजोनमण्डल (d) आयनमण्डल

Ans. : (b)



पृथ्वी से ऊपर की ओर जाने पर सबसे पहले तथा पृथ्वी से नजदीक क्षोभ मण्डल होता है। इस मण्डल में सभी प्रकार की प्राकृतिक घटनाएं होती हैं। जैसे–आंधी, वर्षा, तूफान, बिजली का कड़कड़ाना आदि। इस मण्डल के ऊपर समताप मण्डल की उपस्थिति होती है। इस मण्डल में ताप समान होने से किसी प्रकार की प्राकृतिक घटनाएं नहीं घटित होती हैं। इस लिए यह मण्डल वायुयान उड़ाने की आदर्श दशा (स्थिति) उपलब्ध कराता है।

45. विश्व में सर्वाधिक लवणता वाला सागर है–
(a) लाल सागर (b) अरब सागर
(c) मृत सागर (d) बाल्टिक सागर

Ans. : (c) विश्व में सर्वाधिक लवणता वाला सागर मृत सागर है। मृत सागर की लवणता 238% होती है।

46. भारत का कौन-सा प्रदेश गोंडवाना भू-भाग सम्बन्धित है?
(a) हिमालय (b) गंगा का मैदान
(c) थार मरुस्थल (d) दक्षिण का पठार

Ans. : (d) भारत का दक्षिण का पठार गोण्डवाना भू-भाग का हिस्सा है।

47. सुन्दरी वृक्ष किस प्रकार के वनों में पाया जाता है?
(a) ज्वारीय वन (b) शीतोष्ण वन
(c) मरुस्थली वन (d) भूमध्यसागरीय वन

Ans. : (a) सुन्दरी वृक्ष ज्वारीय वनों में पाए जाते हैं। इस प्रकार के वृक्षों के वनों को सदाबहार वन कहते हैं। गंगा-ब्रह्मपुत्र के डेल्टा पर ज्वारीय वन पाये जाते हैं।

48. उत्तरी भारत में शीतकालीन वर्षा का कारण है–

(a) दक्षिणी पश्चिमी मानसून
(b) पश्चिमी चक्रवातीय विक्षोभ
(c) शीत लहर
(d) उपरोक्त में से सभी

Ans. : (b) पश्चिमी चक्रवाती विक्षोभ के कारण उत्तरी भारत में शीतकाल में वर्षा होती है।

49. सिन्द्री किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(a) पेट्रो-रसायन (b) सूती वस्त्र
(c) रासायनिक उर्वरक (d) सीमेण्ट

Ans. : (c) सिंदरी रासायनिक उर्वरक के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। सिन्द्री झारखण्ड राज्य में स्थित है। यह भारत का पहला अमोनियम सल्फेट उत्पादन करने वाला रासायनिक उर्वरक उत्पादक केन्द्र है।

50. भाखड़ा-नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है?

(a) सतलज (b) गंगा
(c) रावी (d) व्यास

Ans. : (a) भाखड़ा नांगल परियोजना भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है। यह परियोजना सतलज नदी पर निर्मित की गई है। इस परियोजना के द्वारा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान लाभान्वित होते हैं।

51. राजस्थान में सोयाबीन के प्रमुख उत्पादक जिले हैं–

(a) गंगानगर – हनुमानगढ़ (b) कोटा – बाराँ
(c) बूँदी – टोंक (d) जयपुर – दौसा

Ans. : (b) राजस्थान में सोयाबीन उत्पादक जिले कोटा (प्रथम स्थान) तथा बाराँ (द्वितीय स्थान) है। राजस्थान का गंगानगर जिला गेहूँ उत्पादन तथा हनुमानगढ़ जिला चावल उत्पादन में प्रथम है।

52. राजस्थान के किस जिले में टंगस्टन का उत्पादन होता है?

(a) भीलवाड़ा (b) उदयपुर
(c) नागौर (d) जयपुर

Ans. : (c) राजस्थान के नागौर जिले में टंगस्टन का उत्पादन किया जाता है। भीलवाड़ा तथा उदयपुर में चांदी उत्पादन और जयपुर में लौह अयस्क का उत्पादन किया जाता है।

53. वर्षा जल संग्रहण लाभदायक है–

(a) सिंचाई के लिए
(b) कृषि के लिए
(c) जल विद्युत उत्पादन के लिए
(d) भूमिगत जल स्तर सुधारने के लिए

Ans. : (d) भूमिगत जल स्तर सुधारने के लिए वर्षा जल संग्रहण बड़ा ही उपयोगी होता है।

54. राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर स्थित नगर है

(a) बीकानेर – नागौर – जोधपुर – पाली
(b) गंगानगर – बीकानेर– जैसलमेर – बाड़मेर
(c) जयपुर – अजमेर– उदयपुर – डूंगरपुर
(d) जयपुर – टोंक – बूँदी – कोटा

Ans. : (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-15 गंगानगर–बीकानेर–जैसलमेर–बाड़मेर को जोड़ता है। इसके अतिरिक्त जोधपुर व जालौर भी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-15 पर स्थित है। यह राजमार्ग पठानकोट (पंजाब) से काण्डला (गुजरात) तक जाती है। इस राजमार्ग की लम्बाई राजस्थान में 875 किलोमीटर है।

55. अरावली का दूसरा उच्चतम शिखर है–

(a) जरगा (b) सेर
(c) तारागढ़ (d) अचलगढ़

Ans. : (b) अरावली का दूसरा सबसे ऊँचा शिखर **सेर** (सिरोही जिला) है। इस पर्वतमाला की सबसे ऊँची शिखर गुरु शिखर (आबू-सिरोही जिला) है। अरावली पर्वतमाला विश्व की प्राचीनतम पर्वतमाला है।

56. 1857 की क्रान्ति के समय कोटा का शासक था–

(a) महाराव राम सिंह I (b) महाराव राम सिंह II
(c) महाराव माधो सिंह I (d) महाराव उम्मेद सिंह I

Ans. : (b) 1857 की क्रान्ति के समय कोटा का शासक महाराव राम सिंह II (1827-1866) था।

57. प्रसिद्ध सालिम सिंह हवेली स्थित है–

(a) नवलगढ़ में (b) मुकनदगढ़ में
(c) पिलानी में (d) जैसलमेर में

Ans. : (d) प्रसिद्ध सालिम सिंह हवेली राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित है।

58. किस जिले में गौगामेढ़ी मेला लगता है?

(a) बीकानेर (b) गंगानगर
(c) हनुमानगढ़ (d) चूरू

Ans. : (c) राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गौगामेढ़ी मेले का आयोजन किया जाता है।

59. वह किला, जिस पर अंग्रेज जनरल लार्ड लेक ने पाँच बार चढ़ाई की, किन्तु असफल हुआ, है–

(a) लोहागढ़, भरतपुर (b) बाला किला, अलवर
(c) माण्डलगढ़ (d) अचलगढ़, आबू

Ans. : (a) लोहागढ़ का किला राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। इस दुर्ग पर अधिकार करने के लिए अंग्रेज जनरल लार्ड लेक ने पाँच बार चढ़ाई की परन्तु पाँचों बार वह असफल रहा। इस किले का निर्माण जाट शासक महाराजा सूरजमल ने करवाया था।

60. मेवाड़ प्रजा मण्डल के प्रथम अध्यक्ष थे–

(a) माणिक्य लाल वर्मा (b) बलवन्त सिंह मेहता
(c) भूरेलाल बया (d) रमेश चन्द्र व्यास

Ans. : (b) मेवाड़ प्रजा मण्डल की स्थापना माणिक्य लाल वर्मा ने 25 अप्रैल 1938 में की थी। इसके प्रथम अध्यक्ष बलवन्त सिंह मेहता को नियुक्त किया गया। भूरेलाल उपाध्यक्ष तथा माणिक्यलाल वर्मा महामंत्री नियुक्त किये गये। इस समय मेवाड़ में महाराजा भोपाल सिंह का शासन था। इस संस्था की स्थापना का उद्देश्य अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता प्राप्त करना था।

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा-2012

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

निर्देश : इस खण्ड में कुल 60 प्रश्न हैं। जिन अभ्यर्थियों ने इस विषय का चयन किया है उन्हें सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

1. भारतीय इतिहास में 20वीं शताब्दी का तीसरा दशक महत्वपूर्ण रहा क्योंकि

(a) कर्नल टॉड की 'एनल्स' का प्रकाशन हुआ
(b) कौटिल्य लिखित 'अर्थशास्त्र' की प्रतिलिपि मिली
(c) अशोक के शिलालेखों को पढ़ा गया
(d) सिन्धु सभ्यता की खोज हुई।

Ans: (d) भारतीय इतिहास में 20वीं शताब्दी का तीसरे दशक में सिंधु सभ्यता की खोज की गई थी। सिंधु सभ्यता की खोज सर्वप्रथम 1921 ई. में दयाराम साहनी ने की थी। इसकी खोदाई सर जॉन हरबर्ट मार्शल के नेतृत्व में दयाराम साहनी, माधो स्वरूप वत्स द्वारा की गई।

2. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) वैदिक युगीन समाज में संस्कारों का ह्रास हो गया था
(b) 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना वैदिक संस्कृति की देन है
(c) रामायण महाभारत की अपेक्षा लघु ग्रंथ है
(d) भारतीय समाज में बड़े-बुजुर्गो को परिवार का मुखिया माना जाता है।

Ans: (a) वैदिक युगीन समाज में संस्कारों की पुष्टि हुई न कि संस्कारों का ह्रास हुआ।

3. निम्न में से शहरीकरण का कौन-सा प्रमुख कारण नहीं है?

(a) कुटीर उद्योगों का ह्रास (b) तीव्र जनसंख्या वृद्धि
(c) बढ़ती महंगाई (d) आवश्यक सुविधाओं का अभाव

Ans: (c) बढ़ती महंगाई शहरीकरण का प्रमुख कारण नहीं है। शहरीकरण के कारण है- कुटीर उद्योगों का ह्रास, तीव्र जनसंख्या वृद्धि, आवश्यक सुविधाओं का आभाव।

4. निम्न में से कौन-सी सभ्यता हड़प्पा सभ्यता की समकालीन थी?

(a) क्रीट सभ्यता (b) मिस्र सभ्यता
(c) यूनानी सभ्यता (d) रोमन सभ्यता

Ans: (b) मिस्र की सभ्यता हड़प्पा सभ्यता के समकालीन थी। मिस्र सभ्यता स्थल से हड़प्पा कालीन वस्तुओं के अवशेष प्राप्त हुए है जो समकालीन होने का साक्ष्य प्रस्तुत करते है।

5. भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार की दिशा में किये गये प्रयासों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) मद्रास प्रेसिडेंसी में वीरेशलिंगम पंतुलु ने विधवा-विवाह के समर्थन में एक संगठन बनाया था
(b) जवाहरलाल नेहरू एवं सुभाष चन्द्र बोस ने महिलाओं के लिए अधिक स्वतन्त्रता एवं मांगों का समर्थन किया
(c) पंडिता रमाबाई ने ऊँची जातियों की महिलाओं की दुर्दशा सुधारने का प्रयास किया
(d) ताराबाई शिंदे ने 'स्त्री-पुरुष तुलना' नाम से किताब प्रकाशित कर स्त्री के बारे में रूढ़िवादी विचारों का समर्थन किया।

Ans: (d) भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार की दिशा में किये गये प्रयासों के संदर्भ में सत्य नहीं है। ताराबाई शिंदे ने अपनी पुस्तक 'स्त्री-पुरुष तुलना' में स्त्री के बारे में रूढ़िवादी विचारों का समर्थन न कर महिलाओं के प्रति पुरुषों की रूढ़िवादी विचारधारा की कटु आलोचना की है। उन्होंने अपनी पुस्तक के माध्यम से सवाल उठाया है कि ''स्त्री की स्वतंत्रता छीनने का अधिकार पुरुष के पास कैसे आया?''

6. ''कर्मचारी वेतनभोगी है जबकि किसान राजा की भूमि जोतते हैं।'' चीनी यात्री का यह कथन किस शासक के सन्दर्भ में कहा गया?

(a) हर्षवर्धन (b) चन्द्रगुप्त I
(c) चन्द्रगुप्त II (d) समुद्रगुप्त I

Ans: (c) फाह्यान चीनी यात्री चन्द्रगुप्त II के शासन काल में भारत आया तथा समाज एवं राज्य का वर्णन अपनी पुस्तक में किया। उसका कथन था कि ''कर्मचारी वेतन भोगी हैं जबकि किसान राजा की भूमि जोतते है।''

7. किस चोल शासक ने पल्लवों को हराकर कांची पर अधिकार कर लिया?

(a) परान्तक I (b) आदित्य I
(c) विजयालय (d) राजेन्द्र चोल II

Ans: (b) विजयालय चोल वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है आदित्य I (विजयालय के पुत्र) ने पल्लवों को हराकर कॉची पर अधिकार कर लिया।

8. दक्षिण भारत के किस राजवंश ने राज्य को राष्ट्र, कोट्टम तथा ग्राम में विभाजित किया?

(a) चोल (b) पल्लव (c) राष्ट्रकूट (d) चालुक्य

Ans: (a) दक्षिण भारत के चोल राजवंश के राज्य को राष्ट्र, कोट्टम तथा ग्राम में विभाजित किया गया था।

9. किस राजवंश के समय कन्हेरी विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हुआ?

(a) राष्ट्रकूट (b) चोल (c) चालुक्य (d) पल्लव

Ans: (d) पल्लव राजवंश के समय कन्हेरी विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हुआ। यह विश्वविद्यालय महाराष्ट्र राज्य में स्थित था।

10. रामपुरवा का वृषभ शीर्षवाला अशोक स्तम्भ किस राज्य में है?

(a) बिहार (b) बंगाल (c) असम (d) उत्तर प्रदेश

Ans: (a) रामपुरवा का वृषभ शीर्ष वाला अशोक स्तम्भ बिहार राज्य में पश्चिमी चम्पारन जिले में स्थित है।

11. निम्न में से सगुण भक्ति का प्रचारक संत था

(a) कबीर (b) नानक (c) निम्बार्क (d) दादू

Ans: (c) निम्बार्क संगुण भक्ति के प्रचारक थे जबकि कबीर, नानक एवं दादू निर्गुण भक्ति के प्रचारक थे।

12. मुगल कालीन कला के बारे में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) बीजापुर में 'इब्राहीम रोजा' है
(b) अकबर ने फतेहपुर सीकरी 1585 ई. के बाद बनवाई
(c) अकबर का मकबरा सिकन्दरा में है
(d) शाहजहाँ ने दिल्ली में तख्ते ताउस बनवाया

Ans: (b) फतेहपुर सीकरी की स्थापना मुगल बादशाह अकबर ने वर्ष 1569 में की थी। बीजापुर में इब्राहिम रोजा का निर्माण इब्राहिम आदिल शाह II ने करवाया था।

13. महाराणा प्रताप की मृत्यु के समय आयु थी
(a) 67 वर्ष (b) 54 वर्ष (c) 57 वर्ष (d) 49 वर्ष

Ans: (c) महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 ई. में हुआ था तथा इनकी मृत्यु वर्ष 1597 ई. में हुई थी। इस प्रकार महाराणा प्रताप का जीवन काल 57 वर्ष था।

14. सन् 1800 के आस-पास भारतीय निर्यात में सूती कपड़े का प्रतिशत 30 था, जो 1870 ई. तक घटकर कितना प्रतिशत रह गया?
(a) 25 (b) 13 (c) 8 (d) 3

Ans: (b) अंग्रेज नीतियों के फलस्वरूप सूती कपड़े का निर्यात में हिस्सा जहाँ 1800 ई में 30% था वही 1870 में घट कर मात्र 13% हो गया।

15. महिलाओं ने भी जागरण एवं सामाजिक सुधार हेतु आधुनिक काल में लेखन कार्य को प्रोत्साहन दिया। इसी क्रम में उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं। 1876 ई. में प्रकाशित ग्रंथ 'आमार जीबन' की लेखिका थीं
(a) रससुन्दरी देवी (b) कैलाश बासिनी देवी
(c) रोकैया शेखावत (d) पंडिता रमाबाई

Ans: (a) रससुन्दरी देवी के द्वारा आमार जीबन (My life-आत्मकथा) नामक पुस्तक की रचना की गई। इस पुस्तक में महिलाओं के जागरण एवं सामाजिक सुधारों का वर्णन किया गया है।

16. भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया
(a) संविधान सभा द्वारा (b) संसद द्वारा
(c) लोक सभा द्वारा (d) राज्य सभा द्वारा

Ans: (a) भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था। भारतीय संविधान 26 नवम्बर 1949 को बन कर पूर्ण हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

17. 'पंथ निरपेक्ष' शब्दावली, जिसे बाद में जोड़ा गया, का उल्लेख भारतीय संविधान के किस भाग में मिलता है?
(a) मौलिक अधिकार में (b) नीति निदेशक तत्वों में
(c) प्रस्तावना (उद्देशिका) में (d) इनमें से सभी में।

Ans: (c) 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा भारतीय संविधान के 'प्रस्तावना' में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया।

18. बालकों के अधिकार बिल (1992) का कौन-सा अनुच्छेद यह कहता है, ''मुझे मेरे अधिकारों को जानने का अधिकार है''?
(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 12,13
(c) अनुच्छेद 23,28,29 (d) अनुच्छेद 36

Ans: (a) बालकों के अधिकार बिल (1992) के अनु. 42 के अनुसार प्रत्येक बालक को उसे अपने अधिकार को जानने का अधिकार है।

19. निम्न में से कौन-सा मौलिक अधिकार नहीं है?
(a) समानता का अधिकार
(b) स्वतन्त्रता का अधिकार
(c) मतदान का अधिकार
(d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Ans: (c) भारतीय संविधान में छः (6) प्रकार के मौलिक अधिकार प्रदान किए गये है। जिसमें मतदान का अधिकार शामिल नहीं है मतदान का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है।

20. मूल कर्त्तव्य संविधान के भाग 'IV क' के किस अनुच्छेद में समाहित है?
(a) 51 क (b) 42 (c) 50 क (d) 52

Ans : (a) मूल कर्तव्य संविधान में स्वर्ण सिंह समिति के सिफारिश पर 76वां संविधान संशोधन माता-पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना अनु. 51(क) के रूप में शामिल किया गया है। संविधान में 11 मौलिक कर्तव्यों का वर्णन किया गया है।

21. राष्ट्रपति चुनाव से सम्बन्धित गलत तथ्य है
(a) चुनाव से सम्बन्धित विवाद सिर्फ उच्चतम न्यायालय में ही उठा सकते हैं
(b) सभी विधायकों के मत समान मूल्य रखते हैं
(c) सभी सांसदों के मत समान मूल्य रखते हैं
(d) मनोनीत सदस्य मतदान में भाग नहीं ले सकते हैं।

Ans: (b) राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित गलत तथ्य हैं- सभी विधायकों के मत समान मूल्य रखते हैं। राज्यों के विधायकों के मत की गणना के लिए उस राज्य की जनसंख्या देखी जाती है। साथ ही उस राज्य के विधानसभा सदस्यों की संख्या को भी देखा जाता है। वोट का अनुपात निकालने के लिए राज्य की कुल आबादी से चुने गए विधायकों की संख्या से विभाजित किया जाता है। उसके बाद जो अंक मिलता है, उसे फिर 1000 से भाग दिया जाता है, तत्पश्चात् जो अंक प्राप्त होता है उससे राज्य के एक विधायक के वोट का अनुपात निकलता है।

22. पंचायती राज संस्थाओं को प्रभावी एवं सशक्त बनाने के लिए 73वाँ संविधान संशोधन किस वर्ष पारित हुआ?
(a) 1990 (b) 1991 (c) 1992 (d) 1993

Ans: (d) पंचायती राज व्यवस्था को प्रभावी एवं सशक्त बनाने के लिए 73वाँ संविधान संशोधन वर्ष 1993 में पारित हुआ।

23. राजस्थान में अगस्त, 2010 में हुए स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं ने आरक्षण का कितना प्रतिशत का लाभ उठाया?
(a) 30 (b) 33 (c) 50 (d) 10

Ans: (c) राजस्थान में अगस्त 2010 में हुए स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओ ने आरक्षण का 50% का लाभ उठाया।

24. राजस्थान में नगर निगम के प्रमुख को कहते हैं
(a) अध्यक्ष (b) महापौर (c) सभापति (d) नगर प्रमुख

Ans: (a) राजस्थान में नगर प्रमुख को अध्यक्ष (नगर अध्यक्ष) कहा जाता है।

25. राजस्थान में विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या है-
(a) 200 (b) 180 (c) 160 (d) 210

Ans: (a) राजस्थान विधान सभा में कुल सदस्यों की संख्या 200 है।

26. किस महासागर में 'मेरियाना गर्त' स्थित है?
(a) हिन्द महासागर (b) प्रशान्त महासागर
(c) अन्ध महासागर (d) उत्तरी ध्रुव सागर।

Ans: (b) मारियाना गर्त प्रशांत महासागर में स्थित हैं। यह विश्व का सबसे गहरा गर्त है। इसकी गहराई लगभग 11 किमी. है।

27. क्षेत्रफल के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा और सबसे छोटा महाद्वीप हैं
(a) अफ्रीका एवं आस्ट्रेलिया
(b) एशिया एवं एन्टार्कटिका
(c) एशिया एवं आस्ट्रेलिया
(d) उत्तरी अमेरिका एवं एन्टार्कटिका।

Ans: (c) क्षेत्रफल के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप एशिया महाद्वीप तथा सबसे छोटा महाद्वीप आस्ट्रेलिया महाद्वीप है। क्षेत्रफल के आधार पर महाद्वीपों का क्रम क्रमशः निम्नलिखित है- एशिया, अफ्रीका महाद्वीप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अंटार्कटिका, यूरोप व आस्ट्रेलिया।

28. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पृथ्वी का परिमण्डल नहीं है?
(a) वायुमण्डल (b) ओजोन मण्डल
(c) जैव मण्डल (d) स्थल मण्डल।

Ans: (b) पृथ्वी का परिमण्डल वायुमण्डल, स्थलमण्डल एवं जैवमण्डल हैं। ओजोन मण्डल पृथ्वी पर नहीं समताप मण्डल में स्थित है।

29. संगमरमर एक उदाहरण है
(a) कायान्तरित चट्टान का (b) अवसादी चट्टान का
(c) आग्नेय चट्टान का (d) प्लूटोनिक चट्टान का।

Ans: (a) संगमरमर कायान्तरित चट्टान का उदाहरण है।

30. अपक्षय एवं अपरदन की संयुक्त क्रिया को कहते हैं

(a) अपघटन (b) जलीकरण
(c) कार्बोनेशन (d) अनाच्छादन

Ans: (d) अपक्षय एवं अपरदन की संयुक्त क्रिया को अनाच्छादन कहा जाता है।

31. निम्नलिखित में से कौन-सा एक धात्विक खनिज नहीं है?

(a) बॉक्साइट (b) ताँबा
(c) क्रोमाइट (d) अभ्रक।

Ans: (d) अभ्रक धात्विक खनिज नहीं है। खनिज तीन प्रकार के होते हैं - धात्विक, अधात्विक और ऊर्जा खनिज।
धात्विक खनिज-लौह अयस्क, मैगनीज, निकेल, कोबाल्ट, तांबा, लेड, टिन, बाक्साइट, सोना, चाँदी आदि।
अधात्विक खनिज- अभ्रक, लवण, पोटाश, सल्फर, ग्रेनाइट, चूना पत्थर, संगमरमर, बलुआ पत्थर।
ऊर्जा खनिज- क्रोल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस।

32. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

संसाधन का प्रकार	उदाहरण
(a) अनवीकरणीय संसाधन -	प्राकृतिक गैस
(b) प्राकृतिक संसाधन -	जल
(c) जैव संसाधन -	वन
(d) सर्वव्यापक संसाधन -	ताँबा।

Ans: (d) ताँबा सर्वव्यापक संसाधन नहीं है क्योंकि ताँबा विश्व के कुछ भागों में ही मिलता है।

33. सतत् पोषणीय विकास की अवधारणा का सम्बन्ध है

(a) संसाधनों के अधिकतम उपयोग से
(b) संसाधनों के संरक्षण से
(c) संसाधनों के औद्योगिक उपयोग से
(d) ऊर्जा संसाधनों के विकास से।

Ans: (b) सतत पोषणीय विकास की अवधारणा का सम्बंध संसाधनों के संरक्षण से है। इसके तहत संसाधनों को युक्तिपूर्ण उपयोग पर जोर दिया जाता है।

34. वन्य जीवों के कम होने का एक प्रमुख कारण है

(a) प्राकृतिक आवासों का नष्ट होना (b) बांधों का निर्माण
(c) बाढ़ (d) नगरीकरण

Ans: (a) वन्य जीवों के कम होने का प्रमुख कारण प्राकृतिक आवासों का नष्ट होना है।

35. विश्व में निम्नलिखित में से किस एक प्रदेश में गहन निर्वाह कृषि अधिक प्रचलित है?

(a) शीतोष्ण प्रदेश (b) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(c) मानसूनी प्रदेश (d) अर्द्धशुष्क प्रदेश

Ans: (c) विश्व में गहन निर्वाह कृषि का सर्वाधिक प्रचलन मानसूनी प्रदेशों में है क्योंकि यहाँ पर कृषि की उत्पादकता अधिक होती है।

36. कौन-सा भू-आकार 'विश्व की छत' के नाम से जाना जाता है?

(a) महा हिमालय (b) पामीर का पठार
(c) तिब्बत का पठार (d) दक्षिण का पठार

Ans: (b) पामीर के पठार को विश्व की छत के नाम से जाना जाता है।

37. भारत के किस राज्य में ग्रीष्म ऋतु में सामान्यतया 'काल वैशाखी' हवायें चलती हैं?

(a) पश्चिम बंगाल (b) असम (c) उड़ीसा (d) बिहार

Ans: (a) पश्चिमी बंगाल में ग्रीष्म ऋतु में सामान्यतः काल वैशाखी हवाएं चलती है।

38. भारत के किस क्षेत्र में याक पशु मिलता है?

(a) सुन्दरवन (b) अरुणाचल प्रदेश (c) दार्जीलिंग (d) लद्दाख

Ans: (d) जम्मू कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में याक पशु मिलता है।

39. निम्नलिखित में से किस एक स्थान पर एण्टीबायोटिक दवाओं की उत्पादक इकाई है?

(a) ऋषिकेश (b) देहरादून (c) शिमला (d) चंडीगढ़

Ans: (a) उत्तराखण्ड राज्य के ऋषिकेश नामक स्थान पर एण्टीबायोटिक दवाओं की कम्पनी स्थापित की गई है।

40. भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम' किस वर्ष में लागू किया गया?

(a) 1982 (b) 1986 (c) 1988 (d) 1991

Ans: (b) भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में पारित किया गया। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा करना है।

41. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन अरावली श्रेणियों के लिए सही है?

(a) वर्षा में सहायक
(b) जल विद्युत उत्पादन के लिए उपयुक्त
(c) जल विभाजक का कार्य करता है
(d) परिवहन के लिए अवरोधक।

Ans: (c) अरावली पर्वत श्रृंखला प्राचीनतम अपशिष्ट पर्वत श्रेणी है। यह पर्वत जल विभाजक का कार्य करती है। इस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी गुरु शिखर पर्वत है।

42. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण की परम्परागत विधि है?

(a) तालाब (b) कुआँ (c) नदी (d) टांका

Ans: (d) टांका राजस्थान में वर्षा जल संग्रह करने की परम्परागत विधि है।

43. राजस्थान के किस जिले में छबड़ा तापीय ऊर्जा केन्द्र स्थित है?

(a) कोटा (b) बाँरा (c) झालावाड़ (d) सवाई माधोपुर

Ans: (b) छबड़ा तापीय ऊर्जा केन्द्र राजस्थान के बांरा जिले के चौकी मोतीपुर गांव में स्थित है।

44. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

उद्योग		स्थान
(a) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी)	-	अजमेर
(b) बॉल बियरिंग	-	अलवर
(c) सीमेन्ट	-	मोड़क
(d) विद्युत मीटर	-	जयपुर

Ans: (b) बॉल बियरिंग उद्योग अलवर में न होकर जयपुर में है।

उद्योग	स्थान
हिन्दुस्तान मशीन टूल्स	अजमेर
बॉल बियरिंग	जयपुर
सीमेंट	मोड़क
विद्युत मीटर	जयपुर

45. राजस्थान में प्रमुख अभ्रक उत्पादक जिले हैं

(a) अजमेर, भीलवाड़ा और जयपुर
(b) उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और राजसमन्द
(c) भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और कोटा
(d) जयपुर, दौसा और टोंक

Ans: (a) अजमेर, भीलवाड़ा तथा जयपुर, राजस्थान के प्रमुख अभ्रक उत्पादक जिले हैं।

46. विरासत के संरक्षण हेतु स्मारक, पुराशेष स्थान एवं प्राचीन वस्तु अधिनियम राजस्थान में कब लागू हुआ?

(a) 1961 (b) 1971 (c) 1947 (d) 1952

Ans: (a) राजस्थान में विरासत के संरक्षण के लिए स्मारक, पुरावशेष स्थान एवं प्राचीन वस्तु अधिनियम वर्ष 1961 में लागू किया गया।

47. 'बालद' क्या है?
(a) मांड गायन की परम्परा
(b) बिणजारों का वह बैल समूह, जिसकी पीठ पर माल लादकर विक्रय हेतु ले जाया जाता है
(c) 'ओलयूं' का पर्यायवाची
(d) अकाल पड़ने पर मवेशियों को चारे-पानी की खोज में अन्य भू-भागों में ले जाने की घटना।

Ans: (b)

48. राजस्थान के जननायक माणिक्यलाल वर्मा के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) इनका जन्म बिजौलिया में हुआ था
(b) इन्होंने अपना जीवन एक किसान के रूप में शुरू किया था
(c) वे बिजौलिया किसान आन्दोलन से लम्बे समय तक सम्बद्ध रहे
(d) स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् वे वृहत्तर राजस्थान के प्रधानमंत्री बने।

Ans: (b) जननायक माणिक्यलाल वर्मा का जन्म 4 दिसम्बर, 1897 ई. को बिजौलिया (भीलवाड़ा) राजस्थान में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन एक किसान के रूप में प्रारम्भ न कर शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत नौकरी कर ली। वे बिजौलिया किसान आंदोलन से लम्बे समय तक जुड़े रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वे वृहत्तर राजस्थान के प्रधानमंत्री (1948-1949) बने।

49. राजस्थान की अमूल्य साहित्यिक धरोहर 'वातां री फुलवाड़ी' कितने खण्डों में उपलब्ध है?
(a) 8 (b) 10 (c) 12 (d) 16

Ans: (*) राजस्थान की अमूल्य साहित्यिक धरोहर 'वातां री फुलवाड़ी' 14 खण्डों में उपलब्ध है। इसकी रचना विजयदान देथा ने की थी।

50. ऐतिहासिक स्थल 'मानगढ़' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) डूंगरपुर (b) प्रतापगढ़ (c) राजसमन्द (d) बाँसवाड़ा

Ans: (d) ऐतिहासिक स्थल मानगढ़ राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में स्थित है।

51. सामाजिक विज्ञान अध्ययन की आवश्यकता है
(a) सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना एवं उसके पर्यावरण से सम्बन्ध को समझने के लिए
(b) ढाँचागत सुविधाओं के विकास के लिए
(c) तीव्र आर्थिक विकास के लिए
(d) शैक्षणिक समस्याओं को समझने के लिए

Ans: (a) सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना एवं उसके पर्यावरण से सम्बंध को समझने के लिए सामाजिक विज्ञान का अध्ययन आवश्यक है।

52. निम्नलिखित में से सामाजिक विज्ञान की नवीन संकल्पना कौन-सी है?
(a) तथ्यात्मक सूचनाओं को एकत्र करना
(b) सामाजिक प्रथाओं का अध्ययन
(c) मानवीय सम्बन्धों का अध्ययन एवं समाज को श्रेष्ठ बनाना
(d) अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का अध्ययन।

Ans: (c) मानवीय सम्बंधों का अध्ययन एवं समाज को श्रेष्ठ बनाना सामाजिक विज्ञान की नवीन संकल्पना है।

53. सामाजिक विज्ञान कक्षा-कक्ष की प्रमुख आवश्यकता क्या है?
(a) स्थिति, बनावट एवं स्थान
(b) पुस्तकालय एवं वाचनालय का संलग्न होना
(c) प्रदर्शन की सुविधा
(d) प्रयोगों की सुविधा

Ans: (c) सामाजिक विज्ञान कक्षा-कक्ष की प्रमुख आवश्यकता कक्षा में पर्याप्त स्थान होना है ताकि शिक्षक सामाजिक विज्ञान के विषय वस्तु के अनुरूप प्रदर्शन कर सके।

54. सामाजिक विज्ञान में कक्षा-कक्ष प्रक्रिया विकसित करने में सहायक होता है
(a) ज्ञान (b) कुशलता
(c) अभिव्यक्ति (d) इनमें से सभी

Ans: (d) सामाजिक विज्ञान से बालक में सामाजिक चेतना का विकास होता है तथा मानसिक चिंतन स्तर का भी विकास होता है। इससे बालक में ज्ञान कुशलता तथा अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित हो जाती है।

55. सामाजिक विज्ञान अध्ययन की प्रमुख समस्या है
(a) छोटे कक्षा-कक्ष
(b) अध्यापक-छात्र अनुपात में वृद्धि होना
(c) अप्रशिक्षित अध्यापक
(d) पुस्तकालय सुविधाओं में कमी

Ans: (c) सामाजिक विज्ञान अध्ययन की प्रमुख समस्या अप्रशिक्षित अध्यापक का होना है। अप्रशिक्षित अध्यापक विषय वस्तु का अच्छी तरह से व्याख्या कर पाने में असफल रहता है।

56. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रायोजना का प्रकार थॉमस एम. रिस्क ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रतिपादित किया था?
(a) सामाजिक प्रायोजनाएँ (b) आर्थिक प्रायोजनाएँ
(c) उत्पादक प्रयोजनाएँ (d) पर्यावरणीय प्रायोजनाएँ

Ans: (c) थॉमस एम. रिस्क ने माध्यमिक विद्यालय के लिए उत्पादक प्रायोजनाओं का प्रतिपादन किया था।

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है?
(a) छात्रों के ज्ञान की जाँच (b) उत्तम कक्षा-कक्ष अध्यापन
(c) शैक्षिक नियोजन (d) सामाजिक विकास

Ans: (a) सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के ज्ञान की जाँच करना होता है।

58. अच्छे मूल्यांकन की कौन-सी एक विशेषता नहीं है?
(a) वैधता (b) विश्वसनीयता
(c) निदानात्मकता (d) नकारात्मकता।

Ans: (d) नकारात्मकता अच्छे मूल्यांकन की विशेषता नहीं होती है। अच्छे मूल्यांकन की प्रमुख विशेषता उसकी वैधता, विश्वसनीयता एवं निदानात्मकता होती है।

59. सामाजिक विज्ञान में क्षेत्रीय भ्रमण उपयोगी होता है
(a) मूल्यांकन के लिये (b) आनुभविक साक्ष्य के लिए
(c) मनोरंजन के लिए (d) इनमें से सभी

Ans: (b) आनुभविक साक्ष्य के लिए सामाजिक विज्ञान में क्षेत्रीय भ्रमण कराया जाता है क्योंकि अनुभव द्वारा प्राप्त ज्ञान बालकों को अधिक समय तक याद रहता है।

60. सामाजिक विज्ञान में किस प्रकार की शिक्षण सामग्री सबसे उपयोगी होती है?
(a) मॉडल (b) संग्रहालय
(c) दृश्य-श्रव्य सामग्री (d) ड्राइंग उपकरण।

Ans: (c) दृश्य-श्रव्य सामग्री सामाजिक विज्ञान में सबसे उपयुक्त सामग्री होती है। इससे सामाजिक विज्ञान विषय को समझाने में आसानी तथा स्पष्टता होती है।

बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

1. चीन और भारत के मध्य की रेखा का नाम है–

(a) डूरण्ड रेखा (b) मैकमोहन रेखा
(c) रेडक्लिफ रेखा (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (b) भारत और चीन के मध्य सीमा रेखा का नाम मैकमोहन रेखा है। इस रेखा का निर्धारण 1914 ई. में शिमला में मैकमोहन के द्वारा निर्धारित किया गया था। डूरण्ड, भारत और अफगानिस्तान के मध्य तथा रेडक्लिफ भारत और पाकिस्तान के मध्य सीमा रेखा है।

2. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद प्रारम्भिक शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार बताता है?

(a) 20-ए (b) 21–ए
(c) 45 (d) 45–ए

Ans. : (b) 86वें संविधान संशोधन (वर्ष 2002) के द्वारा देश के 6-14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है तथा इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21(क) के अंतर्गत मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किया गया है।

3. प्रगतिशील शिक्षा पद्धति होती है –

(a) अध्यापक केन्द्रित (b) पाठ्यक्रम केन्द्रित
(c) पुस्तक केन्द्रित (d) बाल केन्द्रित

Ans. : (d) प्रगतिशील शिक्षा पद्धति बाल केन्द्रित होती है। इस पद्धति के अन्तर्गत शिक्षण सामग्री, पाठ्य-पुस्तक, शिक्षण विधि आदि सभी बालकों के अनुकूल होते हैं ताकि बच्चों को आसानी से बोध हो सके तथा अधिगम प्रक्रिया तेज हो सके।

4. शिक्षा को संविधान के किस संशोधन द्वारा समवर्ती सूची में डाला गया है?

(a) 15वें संविधान संशोधन (b) 21वें संविधान संशोधन
(c) 42वें संविधान संशोधन (d) 45वें संविधान संशोधन

Ans. : (c) 42वें संविधान संशोधन (वर्ष 1976) के द्वारा शिक्षा, वन, जनसंख्या नियंत्रण तथा परिवार नियोजन, बाट तथा माप, जानवर तथा पक्षियों की सुरक्षा आदि विषयों को समवर्ती सूची में शामिल कर दिया गया।

5. बोल्शेविक क्रान्ति के नायक थे–

(a) मार्क्स (b) लेनिन
(c) माओ (d) स्टॉलिन

Ans. : (b) बोल्शेविक क्रांति की शुरूआत 7 नवम्बर, 1917 को रूस में हुई थी। इस क्रांति के नेता (नायक) **लेनिन** थे। इसे रूसी क्रांति के नाम से भी जाना जाता है।

6. माँग और पूर्ति का संप्रत्यय सम्बन्धित है–

(a) राजनीतिशास्त्र से (b) इतिहास से
(c) अर्थशास्त्र से (d) समाजशास्त्र से

Ans. : (c) माँग एवं आपूर्ति का संप्रत्यय अर्थशास्त्र से संबंधित है। मांग और आपूर्ति में सीधा संबंध होता है अर्थात् मांग बढ़ने पर आपूर्ति बढ़ जाती है तथा माँग घटने पर आपूर्ति घट जाती है।

7. उज्जैन नगरी बसी है–

(a) नर्मदा के किनारे (b) सतलज के किनारे
(c) ताप्ती के किनारे (d) शिप्रा के किनारे

Ans. : (d) उज्जैन (म. प्र.) शिप्रा नदी के किनारे पर स्थित है। इस नदी के तट पर कुम्भ स्नान का आयोजन किया जाता है। उज्जैन को **महाकाल की नगरी** के नाम से भी जाना जाता है।

8. निम्नलिखित में से कौन दलहन फसल नहीं है?

(a) चना (b) मूंग
(c) मखाना (d) अरहर

Ans. : (c) चना, मूंग और अरहर दलहनी फसल के अन्तर्गत आते हैं जबकि मखाना दाल वाली फसल नहीं है।

9. अजन्ता की गुफा स्थित है–

(a) गुजरात में (b) महाराष्ट्र में
(c) मध्य प्रदेश में (d) राजस्थान में

Ans. : (b) अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है। इस गुफा का निर्माण गुप्त शासकों के द्वारा करवाया गया था।

10. भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की प्रक्रिया को प्रारंभ करने का श्रेय दिया जाता है–

(a) श्रीमती इन्दिरा गाँधी को (b) राजीव गाँधी को
(c) पी वी नरसिंहा राव को (d) अटल बिहारी वाजपेयी को

Ans. : (c) पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंहा राव को भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की प्रक्रिया का श्रेय दिया जाता है। इनके शासन काल में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) के द्वारा अर्थव्यवस्था में उदारीकरण की नीति अपनाई गई।

11. मराठा शासक शिवाजी का जन्म हुआ था–

(a) 1605 ई. में (b) 1556 ई. में
(c) 1627 ई. में (d) 1680 ई. में

Ans. : (c) मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्म 1627 ई. में शिवनेर के दुर्ग में हुआ था। शिवाजी की माता का नाम जीजाबाई तथा पिता का नाम शाहजी भोसले था। शिवाजी के राजनैतिक गुरु दादा कोण्डदेव तथा धार्मिक गुरु रामदास थे।

12. सामाजिक अध्ययन का अर्थ है–

(a) परिवार का अध्ययन (b) पर्यावरण का अध्ययन
(c) समाज का अध्ययन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (c) सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत समाज की संरचना एवं विकास का अध्ययन किया जाता है। **एम. पी. मुफात** के अनुसार ''सामाजिक अध्ययन ज्ञान का वह क्षेत्र है जो युवकों को आधुनिक सभ्यता के विकास को समझने में सहायक होता है।''

13. सामाजिक विज्ञान का अध्यापक निर्माता है–

(a) राष्ट्र का (b) परिवार का
(c) राजनेताओं का (d) अर्थव्यवस्था का

Ans. : (a) सामाजिक विज्ञान का अध्यापक राष्ट्र का निर्माता है क्योंकि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के द्वारा अध्यापक बालकों में लोकतंत्र की भावना, एकता की भावना, सौहार्द आदि की भावना का विकास करता है जो राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

14. समाज की प्रयोगशाला माना जाता है–

(a) अर्थशास्त्र को (b) भूगोल को
(c) इतिहास को (d) साहित्य को

Ans. : (c) समाज की प्रयोगशाला इतिहास को कहा जाता है क्योंकि इतिहास के द्वारा समाज की संरचना एवं इसके विकास के क्रम को समझा जा सकता है।

15. अध्यापक को कक्षा-शिक्षण का प्रारम्भ करना चाहिए–

(a) छात्रों का हाल-चाल पूछ कर
(b) पूर्व ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न पूछ कर
(c) नये पाठ की घोषणा कर
(d) नये पाठ के विषय-वस्तु से प्रश्न पूछ कर

Ans. : (b) कक्षा शिक्षण प्रारम्भ करते समय शिक्षक को अपने कौशलों का प्रयोग करते हुए छात्रों से पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों को पूछना चाहिए इससे छात्रों को विषय-वस्तु से सम्बन्धित जिज्ञासा उत्पन्न होती है तथा छात्र स्वयं को विषय-वस्तु से समायोजित कर लेते हैं।

16. सामाजिक विज्ञान के अध्यापन में ग्लोब का उपयोग आवश्यक है–

(a) दिन-रात का प्रत्यय समझाने के लिए
(b) पृथ्वी का आकार बताने हेतु
(c) स्थल-जल का अनुपात बताने हेतु
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) ग्लोब का प्रयोग सामाजिक विज्ञान के भूगोल विषय को समझने के लिए सर्वोत्तम शिक्षण सामग्री है। ग्लोब पृथ्वी का त्रिविमीय प्रतिरूप होता है। इसके द्वारा पृथ्वी से जुड़े सभी तथ्य (जैसे दिन-रात का होना, मौसम परिवर्तन, स्थल-जल अनुपात तथा पृथ्वी के आकार एवं स्थिति) को आसानी से समझा जा सकता है।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा सही युग्म नहीं है?

(a) बॉक्साइट-एल्युमीनियम
(b) अभ्रक-विद्युत
(c) कोयला-पेयजल
(d) बलुआ पत्थर -भवन निर्माण

Ans. : (c) कोयला किसी प्रकार से पेयजल से सम्बन्धित नहीं है जैसे अन्य विकल्पों में बॉक्साइट एल्युमिनियम के अयस्क के रूप में, अभ्रक विद्युत के कुचालक के रूप में तथा बलुआ पत्थर भवन निर्माण के रूप में सम्बन्धित है।

18. निम्नलिखित में से कौन वर्षण का रूप नहीं है?

(a) वर्षा (b) ओस
(c) हिमपात (d) आँधी

Ans. : (d) वर्षा, ओस, हिमपात वर्षण से सम्बन्धित हैं परन्तु आंधी हवाओं के तेज गति से बहने को कहते हैं।

19. पृथ्वी पर सबसे अधिक जल पाया जाता है–

(a) नदियों में (b) अंटार्टिका में
(c) महासागर में (d) झीलों में

Ans. : (c) पृथ्वी के कुल 2/3 भाग पर जल उपस्थित है। इनमें से मात्र 2.5% जल ही पीने योग्य है जो झरनों, नदियों तथा झीलों में पाए जाते हैं। शेष सभी जल महासागरों में पाए जाते हैं जो खारा होने के कारण पीने योग्य नहीं है।

20. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की विशेषता है?

(a) यह सबसे विशाल है
(b) इसमें अनेक देशों के संविधान से प्रावधानों को लिया गया है
(c) यह लचीला है
(d) उपरोक्त सभी

उत्तर (d) उपरोक्त सभी कथन भारतीय संविधान की विशेषता है। भारतीय संविधान की विशेषताएँ निम्न हैं–

1. यह विश्व का सबसे विशाल संविधान है,
2. कठोरता एवं लचीलेपन का समन्वय,
3. अनेक देशों के संविधानों से प्रावधानों को ग्रहण किया गया है,
4. मौलिक अधिकारों को संरक्षित किया गया है,
5. संसदात्मक व्यवस्था का उल्लेख किया गया है।

21. भारतीय सेना के तीनों अंगों का प्रमुख होता है–

(a) राष्ट्रपति (b) उप-राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) रक्षा मंत्री

Ans. : (a) भारत का राष्ट्रपति भारत के तीनों सेनाओं (जल, थल एवं वायु) का अध्यक्ष होता है।

22. भारत का एकमात्र क्रियाशील ज्वालामुखी है–

(a) मेघालय में
(b) लक्षद्वीप में
(c) अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में
(d) गोवा में

Ans. : (c) भारत का एकमात्र क्रियाशील ज्वालामुखी बैरन है जो अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह राज्य में स्थित है।

23. प्रजातन्त्र को 'जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा शासन' किसने कहा?

(a) अब्राहम लिंकन ने (b) जार्ज वाशिंगटन ने
(c) रुजवेल्ट ने (d) चर्चिल ने

Ans. : (a) अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति थे। लिंकन ने प्रजातंत्र की परिभाषा इस प्रकार दी है–"प्रजातंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है।"

24. सेलूलर जेल को किस नाम से जाना जाता था?

(a) अंग्रेजी जेल (b) काला पानी
(c) बड़ी जेल (d) रुग्ण जेल

Ans. : (b) सेलुलर जेल को कालापानी के नाम से जाना जाता था। यह जेल अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में स्थित है। अंग्रेजी शासन काल में यहाँ पर कैदियों को रखा जाता था।

25. किस जानवर को 'रेगिस्तान का जहाज' कहा जाता है?

(a) गधा (b) घोड़ा
(c) ऊँट (d) हाथी

Ans. : (c) ऊँट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है क्योंकि ऊँट के पैर गद्दीदार होते हैं इस कारण रेगिस्तान में आसानी से चल सकता है तथा साथ ही भोजन एवं जल को संचित रखने की क्षमता के कारण रेगिस्तान में कई दिनों तक बिना भोजन एवं जल के रह सकता है।

26. सती प्रथा को समाप्त कराने में किनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी?

(a) केशव चन्द्र सेन की (b) राजा राममोहन राय की
(c) डी के कर्वे की (d) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की

Ans. : (b) राजा राममोहन राय के प्रयासों से भारत के गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक ने 1829 में सती प्रथा को समाप्त करने की घोषणा की तथा विनियम XVII के द्वारा स्त्री को सती होने/कराने को अवैध ठहराया।

27. बौद्ध धर्म भारत से निकलकर किन देशों में गया?

(a) जापान (b) चीन
(c) कोरिया (d) ये सभी

Ans. : (d) उपर्युक्त सभी देशों में बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार हुआ। गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए अनेक देशों (चीन, नेपाल, श्रीलंका, अफगानिस्तान आदि) में अपने शिष्यों को भेजा। बुद्ध के इन कार्यों को मौर्य शासक अशोक ने आगे बढ़ाया।

28. भारत में प्रथम परमाणु परीक्षण किया गया–

(a) श्रीहरिकोटा में (b) पोखरन में
(c) चाँदीपुर में (d) ट्राम्बे में

Ans. : (b) भारत में पहला परमाणु परीक्षण 18 मई, 1974 को श्रीमती इन्दिरा गाँधी के काल में पोखरन (राजस्थान) में किया गया। इस परीक्षण को 'हँसते हुए बुद्ध' का नाम दिया गया।

29. बिस्मिल्ला खाँ सम्बन्धित थे–

(a) तबला वादन से (b) सन्तूर वादन से
(c) बाँसुरी वादन से (d) शहनाई वादन से

Ans. : (d) बिस्मिल्ला खाँ शहनाई वादन से सम्बन्धित थे। इनका सम्बन्ध बनारस घराने से था।

30. चन्द्र गुप्त मौर्य के गुरु थे–

(a) वात्स्यायन (b) चाणक्य
(c) पराशर (d) कणाद

Ans. : (b) मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु चाणक्य थे। चाणक्य का मूल नाम विष्णुगुप्त था। इन्हें कौटिल्य के नाम से भी जाना जाता है। चाणक्य ने राजनीति पर आधारित 'अर्थशास्त्र' नामक पुस्तक की रचना की। इन्हें भारत का **मैकियावेली** कहा जाता है।

31. भारत का सबसे ऊँचाई पर स्थित नागरिक हवाई अड्डा है–

(a) लेह (b) शिमला
(c) श्रीनगर (d) गुवाहाटी

Ans. : (a) भारत का सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित नागरिक हवाई अड्डा लेह (लद्दाख) में स्थित है।

32. सबसे कम श्रमिकों की आवश्यकता वाला उद्योग है–

(a) वस्त्र उद्योग (b) इस्पात उद्योग
(c) कृषि (d) रेलवे

Ans. : (b) दिये गये विकल्पों में इस्पात उद्योग में सबसे कम श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

33. 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता वाला प्रदेश है–

(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) गुजरात

Ans. : (c) 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य केरल (94%) है तथा सबसे कम साक्षरता वाला राज्य बिहार (61.8%) है। महाराष्ट्र की साक्षरता 82.3% व गुजरात की साक्षरता 78% है।

34. सर्च इंजन क्या है–

(a) इन्टरनेट खोजी (b) खोजी वाहन
(c) खोजी मोटर (d) ये सभी

Ans. : (a) इन्टरनेट खोजी को सर्च इंजन की संज्ञा दी जाती है। इसके माध्यम से एक स्थान पर बैठे-बैठे विभिन्न जानकारियाँ कम्प्यूटर के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। गूगल, मोजिला फाक्स, बिंग प्रमुख सर्च इंजन हैं।

35. चुनाव आयोग का मुख्यालय कहाँ है?

(a) मुम्बई में (b) चेन्नई में
(c) कोलकाता में (d) दिल्ली में

Ans. : (d) चुनाव आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसका प्रमुख कार्य चुनाव कराना होता है। यह तीन सदस्यीय संस्था है जिसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त तथा दो चुनाव आयुक्त होते हैं।

36. कौन-सी संस्था बैकों के कामकाज पर नियन्त्रण रखती है?

(a) रिजर्व बैंक (b) सी.बी.आई.
(c) सरकार (d) ये सभी

Ans. : (a) रिजर्व बैंक (RBI) की स्थापना बैंकों पर नियंत्रण तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से की गई थी। RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी तथा 1 जनवरी, 1949 को RBI का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

37. निम्नलिखित में से कौन व्यापारिक फसल नहीं है?

(a) मखाना (b) मक्का
(c) जूट (d) कपास

Ans. : (b) मखाना, जूट, कपास तथा गन्ना आदि भारत की प्रमुख वाणिज्यिक फसले हैं जबकि मक्का वाणिज्यिक फसल नहीं है। यह एक खाद्य फसल है।

38. गरीब रथ क्या है–

(a) दूल्हा गाड़ी (b) गरीबों की गाड़ी
(c) यात्री गाड़ी (d) ये सभी

Ans. : (c) गरीब रथ एक यात्री गाड़ी (ट्रेन) है। इसकी शुरूआत पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने की थी। यह एयर कंडीशन युक्त ट्रेन है जो कम आय वाले व्यक्तियों को ध्यान में रखकर चलायी गई है।

39. भारत का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफार्म है–

(a) पटना में (b) सोनपुर में
(c) दिल्ली में (d) खड़गपुर में

उत्तरः (d) प्रश्न पूछने के समय खड़गपुर (प. बंगाल) भारत का सबसे लम्बा प्लेटफार्म था। वर्तमान में भारत के साथ-साथ विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म गोरखपुर (उ. प्र.) में है। गोरखपुर में उत्तर-पूर्व रेलवे का मुख्यालय है।

40. भारत का सबसे शुष्क क्षेत्र है–

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

Ans. : (b) भारत का सबसे शुष्क क्षेत्र पश्चिम में है। इस क्षेत्र में संपूर्ण राजस्थान का मरुस्थलीय भू-भाग आता है।

41. निम्न में कौन-सा भिन्न है?

(a) सागर (b) झील
(c) नदी (d) तालाब

Ans. : (d) दिये गये विकल्पों में तालाब सबसे भिन्न है। क्योंकि अन्य विकल्प प्राकृतिक हैं जबकि तालाब एक कृत्रिम स्रोत है।

42. बिहार राज्य में केला उत्पादन का प्रसिद्ध क्षेत्र है–

(a) भागलपुर (b) हाजीपुर
(c) मुंगेर (d) पटना

Ans. : (b) हाजीपुर (बिहार) केला उत्पादन का प्रसिद्ध क्षेत्र है।

43. सोनपुर के अतिरिक्त भारत में पशु मेला कहाँ आयोजित किया जाता है?

(a) दिल्ली में (b) लालपुर में
(c) पुष्कर में (d) जालौर में

Ans. : (c) सोनपुर (बिहार) में भारत का सबसे बड़ा पशु मेला लगता है। सोनपुर के अतिरिक्त पुष्कर (राजस्थान) में भी प्रसिद्ध पशु मेले का आयोजन किया जाता है।

44. विष्णुपद मन्दिर कहाँ स्थित है?

(a) पटना में (b) दानापुर में
(c) जमुई में (d) गया में

Ans. : (d) विष्णुपद मंदिर बिहार के गया जिले में स्थित है। बिहार के पटना जिले में महावीर मंदिर स्थित है।

45. बिहार का शोक निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है?

(a) अजय को (b) बागमती को
(c) सोन को (d) कोसी को

Ans. : (d) कोसी नदी को बिहार के शोक के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह नदी दिशा परिवर्तन के लिए प्रसिद्ध है। वर्षा के समय दिशा परिवर्तन के कारण बड़ी मात्रा में कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो जाती है तथा जन-धन की हानि होती है। कोसी नदी का उद्गम स्थल **सप्तकौशिकी (पूर्वी नेपाल)** है।

46. मानचित्र एवं स्केच में मुख्य अन्तर होता है–

(a) कीमत का (b) समझ का
(c) पैमाने का (d) ये सभी

Ans. : (c) मानचित्र तथा स्केच में प्रमुख अन्तर पैमाने का होता है क्योंकि मानचित्र बनाने में पैमाने का प्रयोग अनिवार्य होता है जबकि स्केच में पैमाने की अनिवार्यता नहीं होती।

47. बिहार के लिए कक्षा 6 से 8 तक का पाठ्यक्रम कौन बनाता है?

(a) एन सी टी ई (b) एन सी ई आर टी
(c) न्यूपा (d) एस सी ई आर टी

उत्तरः (d) बिहार के लिए कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के पाठ्यक्रम का निर्माण एस. सी. ई. आर. टी. (राजकीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान) द्वारा किया जाता है।

48. सम्पूर्ण बिहार राज्य स्थित है–

(a) पठारी क्षेत्र में (b) मैदानी क्षेत्र में
(c) पर्वतीय क्षेत्र में (d) ताल क्षेत्र में

Ans. : (b) पूरे भारत भूमि के 43% भू-भाग पर मैदानी क्षेत्र का विस्तार है। इस मैदानी क्षेत्र के अन्तर्गत बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब राज्य स्थित है।

49. बिहार की प्रचलित कला है–

(a) मधुबनी (b) मुगल
(c) अवधी (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (a) बिहार राज्य की प्रचलित चित्रकला शैली मधुबनी शैली है। इस शैली में स्त्री चित्र की प्रमुखता है।

50. बिहार का प्रसिद्ध पर्व है–

(a) दुर्गा पूजा (b) छठ पूजा
(c) वैशाखी (d) ये सभी

Ans. : (b) बिहार का प्रमुख पर्व छठ पर्व (उत्सव) है। यह पर्व अक्टूबर-नवम्बर में दिवाली के बाद मनाया जाता है जिसमें सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

51. सामाजिक अध्ययन से सम्बन्धित समसामयिक विषय का ज्ञान दिया जा सकता है–

(a) वाद-विवाद प्रतियोगिता द्वारा
(b) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता द्वारा
(c) दैनिक समाचार विश्लेषण द्वारा
(d) उपरोक्त सभी

Ans. : (d) सामाजिक अध्ययन से सम्बन्धित समसामयिक विषय का ज्ञान देने के लिए शिक्षक द्वारा निम्न क्रिया-कलाप को अपनाया जा सकता है-
1. वाद-विवाद प्रतियोगिता के द्वारा।
2. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता द्वारा।
3. दैनिक समाचार पत्रों के विश्लेषण द्वारा।

52. 'बाल संसद' छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देता हैं–
(a) अर्थशास्त्र का
(b) इतिहास का
(c) भूगोल का
(d) राजनीति विज्ञान का

Ans. : (d) बाल संसद का आयोजन कर छात्रों में राजनीति विज्ञान से सम्बन्धित लोकतंत्र एवं प्रशासन सम्बन्धी ज्ञान का स्थानान्तरण किया जा सकता है तथा छात्र देश को चलाने के लिए आवश्यक कार्य प्रणाली से परिचित हो सकते हैं।

53. सामाजिक विज्ञान के किस उप-विषय में विभिन्न देशों के मध्य के सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता है?
(a) अर्थशास्त्र (b) राजनीति विज्ञान
(c) इतिहास (d) भूगोल

उत्तरः (b) सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान तथा अर्थशास्त्र विषय का अध्ययन किया जाता है। राजनीति विज्ञान के अन्तर्गत प्रशासन तथा दो देशों के मध्य सम्बन्धों की जानकारी प्राप्त होती है। इसे अन्तर्राष्ट्रीय संबंध के नाम से जाना जाता है।

54. सामाजिक विज्ञान के किस उप-विषय में स्त्रोत विधि का प्रयोग किया जाता है–
(a) अर्थशास्त्र (b) इतिहास
(c) भूगोल (d) राजनीति विज्ञान

Ans. : (b) स्त्रोत विधि का प्रयोग सामाजिक विज्ञान के इतिहास विषय के लिए किया जाता है। स्त्रोत विधि के अन्तर्गत विभिन्न विषयों तथा विकास के मूल उत्पत्ति तथा सिद्धांत का अध्ययन किया जाता है तथा प्राचीन वस्तुओं एवं अवशेषों के द्वारा अध्ययन किया जाता है।

55. समाचार पत्र कैसी शिक्षण सामग्री है?
(a) दृश्य (b) श्रव्य
(c) श्रव्य-दृश्य (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (a) समाचार पत्र दृश्य शिक्षण सामग्री होती है। दृश्य शिक्षण सामग्री वह होती है जिसमें दृश्य इन्द्रियों (आँख) का प्रयोग किया जाता है। श्रव्य सामग्री के अन्तर्गत रेडियो एवं टेपरिकार्डर आते हैं तथा दृश्य-श्रव्य सामग्री के अन्तर्गत टेलीविजन आते हैं।

56. 'सामाजिक अध्ययन वह क्षेत्र है जो मूलभूत मूल्यों, वांछित आदतों, स्वीकृत वृत्तियों तथा उन महत्वपूर्ण कुशलताओं के निर्माण के लिए आवश्यक है जिनकों प्रभावशाली नागरिकता का आधार माना जाता है। यह कथन किसका है?
(a) ई बी वेस्ले का (b) एम पी मफात का
(c) क्रो एण्ड क्रो का (d) जेम्स हेमिंग का

Ans. : (b) सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र में एम. पी. मफात का महत्वपूर्ण योगदान है। एम. पी. मफात के अनुसार–''सामाजिक अध्ययन वह क्षेत्र है जो मूलभूत तथ्यों, वांछित आदतों, स्वीकृत वृत्तियों तथा उन महत्वपूर्ण कुशलताओं के निर्माण के लिए आवश्यक है जिनको प्रभावशाली नागरिकता का आधार माना जाता है।''

57. राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय शिक्षा के पाठ्यक्रम को तैयार करता है–
(a) एन सी ई आर टी
(b) एन सी टी ई
(c) न्यूपा
(d) मानव संसाधन विकास मन्त्रालय

Ans. : (a) राष्ट्रीय स्तर पर पाठ्यक्रम का निर्माण एन. सी. ई. आर. टी. (NCERT–राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान) द्वारा किया जाता है।

58. सामाजिक अध्ययन का उद्देश्य है–
(a) ज्ञानात्मक विकास
(b) भावनात्मक विकास
(c) सृजनात्मक विकास
(d) ये सभी

Ans. : (d) सामाजिक अध्ययन के द्वारा छात्रों में ज्ञानात्मक, भावनात्मक तथा सृजनात्मकता का विकास किया जा सकता है।

59. कौन सी शिक्षण विधि 'करके सीखने' का अवसर प्रदान करती है?
(a) कहानी विधि
(b) व्याख्यान विधि
(c) योजना विधि
(d) ये सभी

Ans. : (c) योजना विधि 'करके सीखने' का अवसर प्रदान करता है। इस विधि के प्रतिपादक **फिलपैट्रिक** थे। फिलपैट्रिक के अनुसार शिक्षा सप्रयोजन होनी चाहिए तथा अनुभवों से सीखने की प्रधानता दी जानी चाहिए।

60. इकाई परीक्षा का मुख्य उद्देश्य होता है–
(a) पता लगाना कि छात्रों ने इकाई से सम्बन्धित सामग्री को समझा है या नहीं
(b) अगली इकाई को पढ़ना
(c) छात्रों को हमेशा परीक्षा के लिए तैयार रखना
(d) छात्रों को अनुशासित रखना

Ans. : (a) कक्षा शिक्षण के दौरान इकाई परीक्षण (Unit Test) का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि छात्र ने इकाई से सम्बन्धित सामग्री को कहाँ तक और कितना सीख लिया है। इसके आधार पर ही शिक्षक कक्षा में अगली इकाई पढ़ाने से पूर्व अपने शिक्षण की कमियों को दूर करने का प्रयास करता है।

बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा-2013

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

निर्देश : इस खण्ड में कुल 60 प्रश्न हैं। जिन अभ्यर्थियों ने इस विषय पर चयन किया है उन्हें सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

1. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?

(a) 3 (b) 6
(c) 7 (d) 9

Ans: (c) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में 7वाँ स्थान है। विश्व में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला देश रूस है उसके बाद क्रमशः कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, भारत है।

2. अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली बैठक कहाँ हुई?

(a) दिल्ली (b) बम्बई
(c) नागपुर (d) कलकत्ता।

Ans: (b) अखिल भारतीय कांग्रेस का गठन 1885 में लार्ड डफरिन के काल में हुआ था। इसकी प्रथम बैठक 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस अधिवेशन के अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

3. सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,
देखना है जोर कितना बाजूए कातिल में है।
इसके लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?

(a) बिस्मिल अजीमाबाद (b) अल्लामा इकबाल
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद (d) खुसरो।

Ans: (a) सरफरोशी की तमन्ना.....में है। इसके लेखक प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री राम प्रसाद बिस्मिल थे। इनका जन्म उत्तर प्रदेश शाहजहाँपुर जिले के अजीमाबाद नाम के ग्राम में हुआ था। काकोरी लूट काण्ड के ये प्रमुख अभियुक्त थे। 19 दिसम्बर 1927 को गोरखपुर में इन्हे फॉसी दे दी गई।

4. शैक्षिक सुधार हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब लागू की गई?

(a) 1986 (b) 1987
(c) 1998 (d) 2006

Ans: (a) शैक्षिक सुधार हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के काल 1986 में लागू की गई थी। इस नीति के तहत ही 1987 में ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड की शुरूआत की गई थी।

5. वर्तमान में भारत में कौन-सा मूल अधिकार नागरिकों को प्राप्त नहीं है?

(a) स्वतंत्रता का अधिकार (b) मताधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार (d) सम्पत्ति का अधिकार

Ans: (d) भारतीय संविधान के अनुसार नागरिकों को छः मूल अधिकार प्राप्त है। पूर्व में सात प्रकार के मूल अधिकारो का वर्णन था परन्तु 44वें संविधान संशोधन (1978) के द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी से निकाल दिया गया। अब सम्पत्ति का अधिकार वैधानिक (कानूनी) अधिकार है। इसका वर्णन संविधान के अनु. 300 (क) में है।

6. सामाजिक सर्वेक्षण क्या है?

(a) व्यक्तियों के समूह में परिवार की भूमिका का अध्ययन
(b) व्यक्तियों के समूह की सामाजिक संस्थाओं एवं क्रियाओं का अध्ययन
(c) व्यक्तियों के समूह में समाज के उत्तरदायित्व का अध्ययन
(d) व्यक्तियों के शैक्षिक अनुभवों का अध्ययन।

Ans: (b) व्यक्तियों के समूहों द्वारा सामाजिक संस्थाओ एवं उनकी क्रियाओं का अध्ययन करना ही सामाजिक सर्वेक्षण कहलाता है।

7. निम्नलिखित में से अर्थशास्त्र का सम्बन्ध किससे है?

(a) शासन से (b) राजनीति से
(c) शिक्षा से (d) धन से।

Ans: (b) कौटिल्य द्वारा लिखी गई पुस्तक अर्थशास्त्र का सम्बंध राजनीति से था जिसमे शासन प्रणाली से सम्बंधित जानकारी प्राप्त होती है।

8. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई थी?

(a) 1 अप्रैल, 1935 (b) 1 मार्च, 1935
(c) 1 जुलाई, 1955 (d) 24 अक्टूबर, 1945

Ans: (a) भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना केन्द्रीय बैंक अधिनियम- 1934 के तहत 1 अप्रैल 1935 को बम्बई में की गई थी। वर्ष 1949 ई. को भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इस बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बैंको के कार्य प्रणाली को निर्देशित तथा नियंत्रित करना है। वर्तमान में इसके गवर्नर श्री शक्तिकांत दास है।

9. भारत में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम कब लागू किया गया?

(a) 1972 (b) 1975
(c) 1985 (d) 1992

Ans: (a) भारत में जन्तुओ की विलुप्त होती प्रजातियो को संरक्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा 1972 ई. में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम लागू किया गया।

10. संसाधन संरक्षण की दिशा में 'नर्मदा बचाओ अभियान' किसने शुरू किया था?

(a) सुन्दर लाल बहुगुणा (b) मेधा पाटकर
(c) संदीप पाण्डेय (d) उमा भारती।

Ans: (b) संसाधन संरक्षण की दिशा में नर्मदा बचाओ अभियान एक सामाजिक आंदोलन था। इस आंदोलन की शुरूआत 1980 के दशक में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर के द्वारा किया गया।

11. मुगल सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में निम्नलिखित में से कौन नहीं थे?

(a) बैरम खाँ (b) अबुल फजल
(c) मानसिंह (d) फैजी।

Ans: (a) मुगल सम्राट अकबर के नवरत्नों में शामिल थे-
- भगवानदास - फैजी
- मानसिंह - तानसेन
- टोडर मल - अब्दुल रहीम खानखाना
- बीरबल - मुल्ला दो प्याजा
- अबुल फजल - हकीम-हुकाम

बैरम खाँ अकबर के नवरत्नों में नही शामिल था। बैरम खाँ अकबर का संरक्षक तथा वकील (प्रधानमंत्री) था।

12. सन् 1878 ई. के 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' के माध्यम से ब्रिटिश सरकार ने क्या किया?

(a) भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगा दिया
(b) शोषण की खुली छूट अंग्रेजों को दी गई
(c) भारतीय प्रेस को स्वतंत्रता प्रदान किया गया
(d) अंग्रेजी समाचार पत्रों पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया।

Ans: (a) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट ब्रिटिश भारत में वर्ष 1878 में लार्ड लिट्न के शासन काल में लाया गया था। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगाना था। लार्ड रिपन ने वर्नाकुलर प्रेस एक्ट को 1882 में समाप्त कर दिया।

13. जनसंख्या नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की घोषणा कब की गई?

(a) 8 फरवरी, 2000 ई. (b) 15 फरवरी, 2000 ई.
(c) 26 जनवरी, 2001 ई. (d) 26 दिसम्बर, 2004 ई.

Ans: (b) जनसंख्या नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 फरवरी वर्ष 2000 को राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की घोषणा की गई।

14. 'फॉल ऑफ द मुगल इम्पायर' (Fall of the Mughal Empire) नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(a) डॉ. कालीकिंकर दत्ता (b) सर यदुनाथ सरकार
(c) प्रो. सैयद हसन अस्करी (d) प्रो. रामशरण शर्मा।

Ans: (b) सर यदुनाथ सरकार के द्वारा मुगल सम्राज्य के पतन पर आधारित पुस्तक (Fall of the Mughal Empire) की रचना की।

15. भोपाल गैस त्रासदी कब हुई थी?

(a) 1984 (b) 1986
(c) 1992 (d) 1994

Ans: (a) भोपाल गैस त्रासदी की घटना 3 दिसम्बर 1984 को हुई। रासायनिक कीटनाशक फैक्ट्री से मिथाइल आइसो सायनेट (MIC) गैस के रिसाव हो जाने से हजारो लोगों की मृत्यु हो गई। मिथाइल आइसो सायनेट गैस एक विषैली गैस होती है।

16. भारत में राष्ट्रीय विकास परिषद (N.D.C.) का गठन कब हुआ था?

(a) 15 फरवरी, 2000 (b) 15 मार्च, 1950
(c) 6 अगस्त, 1952 (d) 1 अप्रैल, 1951

Ans: (c) राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) की स्थापना 6 अगस्त 1952 को की गई। NDC का कार्य योजना आयोग के द्वारा तैयार किए गये बजट का सर्वेक्षण करना है। वर्तमान में योजना आयोग की जगह नीति आयोग की स्थापना की गई है। NDC का अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होता है।

17. नेपाल की सीमा निम्न में से भारत के किस राज्य से मिलती है?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) मणिपुर
(c) सिक्किम (d) पंजाब।

Ans: (c) नेपाल भारत का पड़ोसी देश है भारत के बिहार, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल राज्यों की सीमा नेपाल के साथ अंतराष्ट्रीय सीमा का निर्माण करती है।

18. 'किताब-उल-हिन्द' नामक पुस्तक के रचना किसने की?

(a) बीरबल (b) अल बेरुनी
(c) अबुल फजल (d) फिरदौसी।

Ans: (b) किताब-उल-हिन्द की रचना अल बेरुनी ने किया था। अल बेरुनी गजनी का निवासी था तथा महमुद गजनवी के साथ भारत आया व भारत की संस्कृतियों तथा समाज का अध्ययन किया था। इसी के आधार पर अपनी पुस्तक किताब-उल-हिन्द की रचना की।

19. कृषि के क्षेत्र में 'तीन कठिया व्यवस्था' का सम्बन्ध किस राज्य से था?

(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) गुजरात (d) उड़ीसा

Ans: (a) कृषि के क्षेत्र में 'तीन कठिया व्यवस्था' का सम्बंध बिहार राज्य से था। इस व्यवस्था के अन्तर्गत ब्रिटिश शासन के समय बिहार में किसानों को अपने भूमि के एक बीघे जमीन में 3 कट्ठे भूमि पर नील की खेती करना अनिवार्य था। इस व्यवस्था के विरोध में वर्ष 1917 में महात्मा गांधी के द्वारा चम्पारण सत्याग्रह चलाया गया।

20. ''मेरे शरीर पर किया गया लाठी का एक-एक प्रहार ब्रिटिश साम्राज्य के कफन की कील सिद्ध होगा।'' यह कथन किसका है?

(a) लाला लाजपत राय (b) वीर सावरकर
(c) भगत सिंह (d) चन्द्र शेखर आजाद

Ans: (a) साइमन कमीशन वर्ष 1928 में भारत आया जिसका विरोध पूरे भारत में किया जा रहा था। इस विरोध के फलस्वरूप लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय घायल हो गये तथा उनकी मृत्यु हो गयी। लाजपत राय ने अपनी मृत्यु से पूर्व कहा था- ''मेरे शरीर पर किया गया लाठी का एक-एक प्रहार ब्रिटिश सम्राज्य के कफन की कील सिद्ध होगा।''

21. भारत में सूती वस्त्र का पहला कारखाना कब खोला गया?

(a) 1854 ई. (b) 1869 ई.
(c) 1907 ई. (d) 1910 ई.

Ans: (a) भारत में सूतीवस्त्र का पहला कारखाना बम्बई में सन् 1854 ई. में ववेई (बाम्बे स्पिनिंग मिल) स्थापित किया गया। इसकी स्थापना कावसजी नानाभाई ढावर ने की थी।

22. प्राचीन काल में किस स्थल मार्ग से एशिया और यूरोप का व्यापार होता था?

(a) रेशम मार्ग (b) सूती मार्ग
(c) हो-ची-मिन्ह मार्ग (d) उत्तरापथ

Ans: (a) प्राचीन काल में रेशम मार्ग से एशिया और यूरोप का व्यापार होता था। इस मार्ग का निर्माण कुषाण शासन कनिष्क ने करवाया था।

23. सन् 1991 में भारत सरकार ने आर्थिक सुधारों के लिए नई आर्थिक नीति अपनाई। निम्नलिखित में से कौन-सी नीति आर्थिक सुधार के लिए अनिवार्य नहीं था?

(a) औद्योगीकरण (b) उदारीकरण
(c) निजीकरण (d) वैश्वीकरण

Ans: (a) वर्ष 1991 में भारत सरकार ने आर्थिक सुधारो के लिए प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के काल में नई आर्थिक नीति अपनाई गयी। इस नई आर्थिक नीति में L.P.G (Liberalization Privatization Globalization) अर्थात उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण पर जोर दिया गया।

24. भारत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की घोषणा कब हुई थी?

(a) 1980 (b) 1986
(c) 1987 (d) 1988

Ans: (b) भारतीय उपभोक्ताओं के हितो की रक्षा के लिए भारत सरकार के द्वारा वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की घोषणा की गई। इस अधिनियम का ध्येय वाक्य है- जागो ग्राहक जागो।

25. हिन्द महासागर में सुनामी नामक प्राकृतिक आपदा कब आई थी?

(a) 21 जनवरी, 2001 (b) 26 दिसम्बर, 2004
(c) 11 सितम्बर, 2001 (d) 15 जनवरी, 2000

Ans: (b) हिन्द महासागर में 26 दिसम्बर 2004 में सुनामी आयी थी। सुनामी एक जापानी भाषा का शब्द है जिसमे समुद्र की तली में उत्पन्न भूकम्प के कारण सागर का जल स्थल की तरफ चलने लगता है जिससे अपार जन-धन की हानि होती है। हिन्द महासागर में उत्पन्न सुनामी में दक्षिण एशिया के 11 देश प्रभावित हुए थे। इसमे भारत के तमिलनाडू राज्य का नागापट्टिनम, कन्याकुमारी जिले सर्वाधिक प्रभावित हुए थे।

26. भरतपुर पक्षी विहार भारत के किस राज्य में स्थित है?

(a) गुजरात (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

Ans: (c) भरतपुर पक्षी बिहार राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। इसे केवलादेव घाना पक्षी विहार के नाम से भी जाना जाता है।

27. भारत को कुल कितने डाक क्षेत्रों में बाँटा गया है?

(a) 4 (b) 6
(c) 8 (d) 9

Ans: (d) भारत को कुल 9 डाक क्षेत्रों में बाटा गया है।

28. निम्नलिखित में से भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?

(a) एस. वाई. कुरैसी (b) वी. एस. सम्पथ
(c) नवीन चावला (d) के. जे. राव

Ans: (b) प्रश्न काल के समय मुख्य चुनाव आयुक्त वी.एस. सम्पत थे। जबकि भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा (2 दिसम्बर 2018 से) हैं।

29. किण्डरगार्डन विधि का दूसरा नाम क्या है?

(a) बाल विधि (b) बालोद्यान शिक्षण पद्धति
(c) प्रोजेक्ट पद्धति (d) माण्टेसरी पद्धति

Ans: (b) किण्डरगार्डन विधि, बच्चों के प्राथमिक स्तर की अधिगम विधि है। इस विधि का प्रतिपादन जर्मनी के फ्रोबेल ने किया था। किण्डर गार्डन विधि को बालोद्यान शिक्षण पद्धति भी कहा जाता है।

30. भारत में सी.एन.जी. आधारित वाहनों का सर्वप्रथम परिचालन कहाँ हुआ?

(a) बम्बई में (b) दिल्ली में
(c) कलकत्ता में (d) मद्रास में।

Ans: (b) भारत में 1993 में सी.एन.जी. आधारित वाहनों का सर्वप्रथम परिचालन दिल्ली में किया गया। सी. एन. जी. (दाबित प्राकृतिक गैस) वाहनों में ईधन के रूप में प्रयोग किया जाता है।

31. 'भू-मंडलीकरण' शब्द का इस्तेमाल विश्व में सर्वप्रथम किसने और कब किया?

(a) जॉन विलियम्सन, 1990 (b) लेनिन, 1917
(c) मिखाईल गोर्वाचोव, 1991 (d) जार्ज बुश, 1992

Ans: (a) 'भू-मंडलीकरण' शब्द का इस्तेमाल विश्व में सर्वप्रथम वर्ष 1990 में जॉन विलियम्सन के द्वारा किया गया था। वस्तुतः भू-मंडलीकरण शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम थ्योडोर लेविट ने 1983 में किया था, परन्तु प्रश्न में उक्त नाम नहीं है। अतः सही उत्तर विकल्प (a) होगा। जॉन विलियम्सन ने उदारीकरण एवं भूमंडलीकरण के विरोधी के रूप में इस शब्द का प्रचार किया था।

32. अठारहवीं शताब्दी में किस मुगल राजकुमार ने पटना का नाम बदलकर अजीमाबाद कर दिया?

(a) फर्रूखसियर (b) अजीमुशान
(c) औरंगजेब (d) अली इमाम।

Ans: (b) 18वीं शताब्दी में मुगल राजकुमार अजीमुशान ने पटना का नाम बदलकर अजीमाबाद कर दिया था। अजीमुशान औरंगजेब का पौत्र था तथा 1703 में पटना का गवर्नर बनाया गया था।

33. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना कब हुई?

(a) 1919 (b) 1920
(c) 1927 (d) 1931

Ans: (b) अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना 31 अक्टूबर, 1920 में एम.एन. जोशी के द्वारा की गई थी। इसके प्रथम अध्यक्ष लाला लाजपत राय थे।

34. संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(a) डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (d) जवाहरलाल नेहरू।

Ans: (c) संविधान सभा संविधान निर्मात्री संस्था थी। संविधान के पारुप का निर्धारण करने के लिए प्रारूप समिति का गठन किया गया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर का इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. अम्बेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है।

35. संविधान के किस संशोधन द्वारा वयस्क मताधिकार के लिए वयस्कता की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई?

(a) 42वें, 1976 (b) 66वें, 1989
(c) 86वें, 2002 (d) 44वें, 1978

Ans: (*) दिये गये विकल्प में कोई उत्तर सही नही है। 61वें संविधान संशोधन (1989) के द्वारा वयस्क मताधिकार के लिए वयस्कता की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

36. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन कब हुआ?

(a) 1990 (b) 1991
(c) 1993 (d) 1995

Ans: (c) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन 12 अक्टूबर 1993 में किया गया। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। इस आयोग के प्रथम अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा थे। वर्तमान में इस आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एच. एल. दत्तु है।

37. भारतीय संसद की बैठक बुलाने, स्थगित करने एवं लोकसभा को भंग करने का अधिकार निम्नलिखित में से किसे है?

(a) प्रधानमंत्री (b) वित्तमंत्री
(c) राष्ट्रपति (d) लोक सभा के अध्यक्ष।

Ans: (c) भारतीय संसद की बैठक बुलाने स्थगित करने व लोकसभा को भंग करने का अधिकार राष्ट्रपति को है।

38. नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना किस शासक के द्वारा की गयी थी?

(a) कुमारगुप्त (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) हर्षवर्धन।

Ans: (a) नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त ने 5वीं शताब्दी में की थी।

39. भारत में पूर्ण स्वराज्य की मांग कांग्रेस के किस अधिवेशन में पारित किया गया था?

(a) नागपुर, 1920 (b) लाहौर, 1929
(c) कलकत्ता, 1928 (d) लखनऊ, 1936

Ans: (b) भारत में पूर्ण स्वराज की माग कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन (1929) में की गई थी। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पं. जवाहर लाल नेहरू के द्वारा की गई थी।

40. अखिल भारतीय किसान सभा का गठन कब हुआ था?

(a) 1928 (b) 1929
(c) 1936 (d) 1939

Ans: (c) वर्ष 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन लखनऊ में किया गया था। इसके अध्यक्ष स्वामी सहजानन्द थे। यह सभा जमीदारों तथा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ गठित की गई थी।

41. बिहार विधान सभा में अनुसूचित जाति के लिए कितनी सीटें सुरक्षित हैं?

(a) 48 (b) 37
(c) 40 (d) 08

Ans: (c) बिहार विधान सभा में अनुसूचित जाति के लिए 40 सीटें आरक्षित की गई है।

42. बारदोली आन्दोलन का नेतृत्वकर्त्ता कौन था?

(a) महात्मा गाँधी (b) सरदार बल्लभ भाई पटेल
(c) सहजानन्द सरस्वती (d) राजकुमार शुक्ल।

Ans: (b) बारदोली आंदोलन 1928 में गुजरात के बारदोली तालुके में चलायी गई थी। इसके नेतृत्वकर्त्ता सरदार बल्लभ भाई पटेल थे। इसी आंदोलन में बारदोली की महिलाओं द्वारा बल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि दी गई थी।

43. 'यंग इंडिया' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गाँधी
(c) फिरोजशाह मेहता (d) भीमराव अम्बेदकर।

Ans: (b) यंग इण्डिया नामक पुस्तक के लेखक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे।

44. निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है?

(a) अजैव संसाधन (b) जैव संसाधन
(c) अनवीकरणीय संसाधन (d) चक्रीय संसाधन।

Ans: (a) जल संसाधन अजैव संसाधन होता है। प्राकृतिक भौतिक संसाधनों को अजैव संसाधन कहते हैं। यथा-भूमि, जल, ऊर्जा, धातु, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस आदि।

45. भारत में हरित क्रांति के जनक कौन हैं?

(a) इन्दिरा गाँधी (b) अमर्त्य सेन
(c) एम.एस. स्वामीनाथन (d) लाल बहादुर शास्त्री।

Ans: (c) भारत में हरित क्रांति की शुरूआत वर्ष 1967 में की गई। हरित क्रांति का श्रेय एम. एस. स्वामीनाथन को जाता है इसलिए इन्हे हरित क्रांति का जनक कहा जाता है।

46. 'जेलियांगरांग' नामक आदिवासी आन्दोलन का नेता निम्नलिखित में से कौन था?

(a) जादोनांग (b) तिलका मांझी
(c) बिरसा मुंडा (d) जतरा भगत।

Ans: (a) जेलियांगरांग, आंदोलन अंग्रेजो के विरुद्ध मणिपुर में जादोनांग के द्वारा शुरू किया गया था।

47. मुगल साम्राज्य का अन्तिम मुगल सम्राट कौन था?

(a) औरंगजेब (b) बहादुरशाह जफर-II
(c) अलीवर्दी खाँ (d) इब्राहिम लोदी।

Ans: (b) मुगल सम्राज्य का अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-II था। इन्होंने 1857 की क्रांति में दिल्ली में सैनिको का नेतृत्व किया तथा अंग्रेजो द्वारा गिरफ्तार कर उसे रंगून (वर्मा) भेज दिया गया जहाँ उसकी मृत्यु हो गई।

48. भारत को गणराज्य कब घोषित किया गया?

(a) 15 अगस्त, 1947 (b) 26 जनवरी, 1930
(c) 26 जनवरी, 1950 (d) 1 अप्रैल, 1952

Ans: (c) भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बन कर पूर्ण हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को लागू कर दिया गया इसी के साथ भारत एक गणराज्य देश बन गया।

49. पटना उच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई थी?

(a) सन् 1916 (b) सन् 1917
(c) सन् 1919 (d) सन् 1920

Ans: (a) पटना हाई कोर्ट की स्थापना 3 फरवरी 1916 को किया गया था।

50. भाखड़ा-नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है?

(a) नर्मदा (b) ताप्ती
(c) सतलज (d) सावरमती।

Ans: (c) भाखड़ा-नांगल परियोजना सतलज नदी पर स्थित है। इस परियोजना की स्थापना 1963 में की गई थी। यह भारत का सबसे ऊँचा बाध है। इस परियोजना से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब राज्य लाभान्वित होते है।

51. भारत और चीन को विभाजित करने वाली रेखा निम्नलिखित में से कौन है?

(a) मैकमोहन रेखा (b) डुरण्ड रेखा
(c) रेडक्लिफ रेखा (d) कर्क रेखा।

Ans: (a) भारत और चीन को विभाजित करने वाली रेखा मैकमोहन रेखा है।

52. विद्यालय में अध्यापन विधि के तहत 'सामान्य से विशिष्ट की ओर' की शिक्षा निम्नलिखित में से किस विधि में दी जाती है?

(a) आगमन विधि (b) निगमन विधि
(c) क्रिया-कलाप विधि (d) खेल विधि।

Ans: (b) 'सामान्य से विशिष्ट की ओर' शिक्षा निगमन विधि के तहत दी जाती है। जिसमें कोई सामान्य सिद्धांत बताकर उसकी जाँच या पुष्टि हेतु अनेक उदाहरण दिये जाते हैं।

53. विद्यालयों में सृजनात्मकता आधारित शिक्षा हेतु निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है?
(a) रटन्त शिक्षा को प्रोत्साहन देना
(b) साइकिल योजना को प्रोत्साहन देना
(c) विद्यालय की प्रशासन व्यवस्था में सुधार करना
(d) मूल्यांकन प्रणाली में सुधार करना।

Ans: (d) सृजनात्मकता का तात्पर्य नवीन विचार से है। सृजनात्मकता का विकास स्वतंत्र वातावरण में होता है अतः छात्रों में सृजनात्मकता के विकास के लिए शिक्षक को प्रभावी वातावरण का निर्माण करना चाहिए तथा समय-समय पर छात्रों की उपलब्धियों तथा अधिगम का मूल्यांकन करना चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार मूल्यांकन पद्धति में भी सुधार लाना चाहिए।

54. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में शिक्षक द्वारा छात्रों की जाँच परीक्षा लेने से शिक्षक को क्या समझने में मदद मिलती है?
(a) छात्र ने पाठ के किसी भाग को ठीक से याद नहीं किया है
(b) छात्र कितने तेज और बुद्धिमान हैं
(c) पुनरावृत्ति कार्य से छात्रों को मदद मिलती है
(d) सामाजिक विज्ञान को समझने में छात्रों की क्या समस्यायें हैं।

Ans: (d) सामाजिक विज्ञान की कक्षा में शिक्षक द्वारा छात्रों की जाँच परीक्षा से शिक्षक को छात्र की उपलब्धियों का पता चलेगा तथा साथ ही शिक्षक को यह समझने में आसानी होगी कि छात्र को सामाजिक विज्ञान को समझने में किस प्रकार की समस्याएं हो रही है।

55. विद्यालय स्तर पर सामाजिक विज्ञान में प्रोजेक्ट विधि द्वारा शिक्षण से छात्रों में किस तरह की प्रवृत्ति नहीं जागृत होती है?
(a) सहनशीलता की (b) सृजनशीलता की
(c) संवेदनशीलता की (d) वाक्पटुता की।

Ans: (b) सामाजिक विज्ञान ने प्रोजेक्ट विधि द्वारा शिक्षण से छात्रों में सृजनशीलता की प्रवृत्ति को जागृत किया जा सकता है। जिससे छात्र सामाजिक संरचना एवं उसकी समस्याओं के प्रति छात्र की उत्सुकता बढ़ेगी।

56. यदि एक शिक्षक वर्ग में अपने छात्रों से यह प्रश्न पूछता है कि- ''कल्पना करो कि तुम खानाबदोश समाज के एक सदस्य हो, जो प्रति तीन महीने पर अपना आवास बदलते हैं, यह तुम्हारे जीवन में क्या परिवर्तन लायेगा?'' यह छात्रों में निम्नलिखित में से किस तरह की मनोवृत्ति पैदा करेगा?
(a) यह प्रश्न यह सिद्ध करेगा कि छात्रों का जीवन खानाबदोश जाति के जीवन की अपेक्षा अधिक सुखी और सुरक्षित है
(b) यह प्रश्न छात्रों की अंह भाव को कम करके भ्रातृत्व की भावना को विकसित करेगा
(c) यह प्रश्न छात्रों को प्रभावित करेगा कि किताब की बातों को पढ़ने से ज्यादा महत्वपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना होता है
(d) यह प्रश्न छात्रों में नई परिस्थितियों में रहने की समझदारी, व्यावहारिकता और जीवन में विषम परिस्थितियों का सामना करने का उत्साहवर्धन करेगा।

Ans: (d) उपर्युक्त प्रश्न से छात्रों में नई परिस्थितियों में रहने की समझदारी, व्यवहारिकता और जीवन में विषम परिस्थितियो का सामना करने की शक्ति का विकास होगा।

57. निम्नलिखित में से सामाजिक विज्ञान शिक्षण के सम्बन्ध में कौन-सा तथ्य उपयुक्त नहीं है?
(a) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह मानवीय सम्बन्धों को समझने में मदद करता है
(b) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह समाज के प्रति छात्रों को संवेदनशील बनाने में मदद करता है
(c) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह छात्रों को वाद विवाद और परिचर्चा के द्वारा सामाजिक समस्याओं को समझने में मदद करता है
(d) सामाजिक विज्ञान इसलिए पढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि यह पाठ्यक्रम का एक भाग है, जिसके द्वारा छात्र राजाओं एवं उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों की जानकारी प्राप्त करते हैं।

Ans: (d) सामाजिक विज्ञान विषय का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सामाजिक संरचना एवं समस्या से परिचित कराना तथा उसे समझने में सहायता प्रदान करना होता है।

58. राष्ट्रीय महिला आयोग की पहली अध्यक्षा निम्नलिखित में से कौन थी?
(a) श्रीमती ममता शर्मा (b) श्रीमती जयन्ती पटनायक
(c) श्रीमती इंदिरा गाँधी (d) श्रीमती एनी बेसेंट।

Ans: (b) महिला आयोग की स्थापना वर्ष 1992 में की गई थी। इस आयोग की प्रथम अध्यक्ष श्रीमती जयंती पटनायक थी। वर्तमान में इस आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा हैं।

59. ब्रिटिश सरकार ने आदिवासियों के लिए पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के लिए 'भारतीय वन अधिनियम' कब पारित किया?
(a) सन् 1864 (b) सन् 1865
(c) सन् 1870 (d) सन् 1875

Ans: (b) ब्रिटिश सरकार ने आदिवासियों के लिए पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के लिए वर्ष 1865 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया।

60. ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित रॉलेट एक्ट के विरोध में सभा कहाँ हो रही थी?
(a) रामलीला मैदान (b) प्रगति मैदान
(c) शालीमार बाग (d) जालियाँवाला बाग।

Ans: (d) ब्रिटिश सरकार द्वारा वर्ष 1919 में रॉलेट एक्ट पारित किया गया था। इस एक्ट को काला कानून की संज्ञा दी गई थी। इसी एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित जलियॉवाला बाग में सभा बुलाई गई थी।

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा-2011

(Class VI-VIII) भाग-II

सामाजिक अध्ययन

व्याख्या सहित द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल

1. नगरीकरण से किन सामाजिक समस्याओं में वृद्धि हुई है?

(a) वेश्यावृत्ति (b) गन्दी बस्ती
(c) बाल अपराध (d) ये सभी

Ans. : (d) नगरीकरण वह प्रक्रिया होती है जिसमें किसी पिछड़े स्थान में रह रहे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होता है तथा उन सभी सुविधाओं को लोग प्राप्त करने लगते हैं जो उनके जीवन को आरामदायक बना सके। इस प्रक्रिया में कई सामाजिक दोष भी उत्पन्न होते हैं जैसे वेश्यावृत्ति, बाल अपराध तथा बस्तियों का गंदा होना, क्योंकि नगरीकरण के दौर में जनसंख्या का संकेन्द्रण एक ही स्थान पर होने लगता है तथा लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गलत रास्ते का भी चुनाव कर लेते हैं।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा वेद आंशिक रूप से गद्य में है?

(a) ऋग्वेद (b) यजूर्वेद
(c) सामवेद (d) अथर्ववेद

Ans. : (b) यजुर्वेद आंशिक रूप से गद्य में लिखा गया है। इसके दो मुख्य भाग हैं- शुक्ल यजुर्वेद व कृष्ण यजुर्वेद। यजुर्वेद में अनेक प्रकार के यज्ञों को संपन्न कराने की विधियों का उल्लेख है।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा 'राजनीतिक शक्ति' का मुख्य स्त्रोत है?

(a) संविधान
(b) जनता
(c) संसद
(d) संसद एवं राज्य विधान मण्डल

Ans. : (b) राजनीतिक शक्ति का स्त्रोत जनता होती है। इसलिए भारतीय संविधान की शुरूआत 'हम भारत के लोग' शब्द से होती है जिसमें जनता को ही सर्वोच्च माना जाता है।

4. भोरम देव का मन्दिर किस वंश के राजा के काल में निर्मित हुआ?

(a) चिन्दक नाग वंश (b) नल वंश
(c) फणिनाग वंश (d) कलचुरि वंश

Ans. : (c) भोरम देव का मंदिर फणिनाग वंश के शासक रामचन्द्र के शासन काल में निर्मित हुआ था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले में यह मंदिर स्थित है।

5. भारतीय संविधान के अनुसार लड़की-लड़के की उम्र विवाह के समय होनी चाहिए-

(a) 18 वर्ष - 20 वर्ष (b) 17 वर्ष - 21 वर्ष
(c) 18 वर्ष - 21 वर्ष (d) 21 वर्ष - 25 वर्ष

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुसार विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़कों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होती है।

6. धर्म निरपेक्षता से ताप्तर्य है–

(a) धर्म से धर्म निरपेक्षता का कोई सम्बन्ध नहीं है
(b) अधार्मिकता
(c) राज्य का सम्बन्ध किसी धर्म से नहीं है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (c) धर्म निरपेक्षता का संबंध धार्मिक रूप से तटस्थ होना है। भारतीय संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द का तात्पर्य राज्य का किसी धर्म विशेष से संबंध न होना है बल्कि सभी धर्मों का समान आदर करना है।

7. मुगल शासन काल में भारत में व्यापार के लिए आने वाले प्रथम यूरोपियन कौन थे?

(a) पुर्तगाली (b) डच
(c) अंग्रेज (d) फ्रांसीसी

Ans. : (a) मुगलकालीन भारत में आने वाले प्रथम यूरोपियन देश पुर्तगाल था। 20 मई 1498 को पुर्तगाली यात्री वास्कोडिगामा भारत पहुंचा। भारत आने वाली यूरोपीय कंपनियों का क्रम इस प्रकार है- पुर्तगाली → डच → अंग्रेज → डेन → फ्रांसीसी

8. 'सतनाम पंथ' के संस्थापक थे–

(a) गुरु घासीदास (b) कबीरदास
(c) रामदास (d) ठाकुर प्यारेलाल सिंह

Ans. : (a) सतनाम पंथ की स्थापना गुरु घासीदास ने किया था। इनका जन्म 1756 में छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर के समीप गिरोधपुर गांव में हुआ था।

9. भारतीय संविधान के अनुसार किस वर्ष में महिला को परिवार के 'कर्ता' का स्थान दिया गया?

(a) 2007 (b) 1947
(c) 2005 (d) 2010

Ans. : (c) भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत 'हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, 2005 के द्वारा महिला को भी संयुक्त हिन्दू परिवार में कर्त्ता होने का अधिकार दिया गया।

10. राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति से सम्बन्धित चुनाव में किसी प्रकार का 'शक-शुबहा' होने पर इस पर जाँच एवं निर्णय किसके द्वारा किया जाता है?

(a) चुनाव आयोग
(b) सर्वोच्च न्यायालय
(c) संसद
(d) सर्वोच्च न्यायालय एवं संसद

Ans. : (b) राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव संबंधी विवाद का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा किया जाता है तथा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का उत्तरदायित्व चुनाव आयोग का होता है।

11. अकबर की राजस्व व्यवस्था उसके अधिकारी के नाम से जानी जाती है। उसका नाम है–

(a) टोडरमल (b) बीरबल
(c) बैरम खाँ (d) आसफ खाँ

Ans. : (a) अकबर की राजस्व व्यवस्था अकबर के दीवान राजा टोडरमल के नाम से जानी जाती है। टोडरमल ने दहशाला पद्धति की शुरूआत की थी। यह अकबर के काल की महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है।

12. ताजमहल का निर्माण किसके शासन काल में किया गया?

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) बाबर (d) शाहजहाँ

Ans. : (d) ताजमहल का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी प्रिय पत्नी मुमताज की याद में 1653 ई. में करवाया था। ताजमहल का स्थापत्यकार **उस्ताद अहमद लाहौरी** था।

13. निम्नलिखित कायान्तरित कौन-सा चट्टान है?

(a) आर्कोस (b) ग्रेनाइट
(c) चार्नोकाइट (d) संगमरमर

Ans. : (d) आग्नेय तथा अवसादी चट्टानों में ताप, दाब के कारण जो परिवर्तन होता है तथा परिणाम स्वरूप जिन चट्टानों का निर्माण होता है वह रूपान्तरित (कायांतरित) चट्टान कहलाती हैं। उदाहरण – संगमरमर तथा चूना पत्थर।

14. सेना का 'सर्वोच्च सेनापति' कौन होता है?

(a) थल सेनाध्यक्ष (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) भारत के प्रधान मन्त्री (d) मन्त्रिमण्डल

Ans. : (b) भारतीय संविधान के अनुसार तीनों सेनाओं (जल, थल एवं वायु) का सर्वोच्च कमाण्डर राष्ट्रपति होता है।

15. त्रिस्तरीय (पंचायती राज एवं नगरीय प्रशासन) प्रशासनिक व्यवस्था का विरोधी कौन था?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) के.एम. मुन्शी
(c) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (d) जमुना लाल बजाज

Ans. : (c) पंचायती राज व्यवस्था में त्रिस्तरीय संरचना का सुझाव बलवंत राय मेहता समिति ने दिया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इस त्रिस्तरीय संरचना का विरोध किया था।

16. निम्नलिखित में कौन-सा भक्ति सन्त कृष्ण का उपासक नहीं था?

(a) मीराबाई (b) सूरदास
(c) वल्लभाचार्य (d) रामानन्द

Ans. : (d) भगवान कृष्ण की उपासना करने वाले लोग कृष्ण भक्त कहे जाते हैं जिनमें सूरदास, मीराबाई तथा वल्लभाचार्य प्रमुख थे। रामानन्द वैष्णव थे तथा भगवान विष्णु के उपासक थे।

17. इस राज्य में किस स्थान पर प्रतिवर्ष कुम्भ मेला लगता है?

(a) शिवरी नारायण (b) राजिम
(c) दामाखेड़ा (d) चम्पारण

Ans. : (b) छत्तीसगढ़ के राजिम नामक स्थान पर प्रतिवर्ष कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। राजिम नामक स्थान को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है। यह स्थान प्राचीन मंदिरों तथा विरासत के लिए प्रसिद्ध है।

18. लोहे एवं इस्पात उद्योग में प्रयुक्त होने वाला प्रमुख अयस्क है–

(a) लेटेराइट (b) बाक्साइट
(c) हेमेटाइट (d) चेल्कोपाइराइट

Ans. : (c) लोहे एवं इस्पात उद्योग में प्रयुक्त होने वाला प्रमुख अयस्क हेमेटाइट है। बाक्साइट एल्युमिनियम का अयस्क है तथा लेटेराइट मिट्टी का प्रकार है।

19. सन् 1857 की क्रान्ति के समय गवर्नर-जनरल कौन थे?

(a) लार्ड कर्जन (b) लार्ड रिपन
(c) लार्ड डफरिन (d) लार्ड कैनिंग

Ans. : (d) 1857 की क्रांति के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग था। इस क्रांति के परिणामस्वरूप भारत में कंपनी का शासन समाप्त कर दिया गया तथा भारत का शासन ब्रिटिश क्राउन के हांथ में आ गया। अब ब्रिटिश प्रतिनिधि भारत में वायसराय के नाम से जाने गये। भारत का प्रथम वायसराय लार्ड कैनिंग बना।

20. इस राज्य में बाल श्रमिक की आयु सीमा क्या है?

(a) 15 वर्ष (b) 14 वर्ष
(c) 16 वर्ष (d) 18 वर्ष

Ans. : (b) छत्तीसगढ़ राज्य में बाल श्रमिक की आयु 14 वर्ष है।

21. किस मौलिक अधिकार को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने संविधान का 'हृदय स्थल तथा आत्मा' कहा है?

(a) पूरे देश में घूमने की आजादी
(b) पिछड़ों को आरक्षण
(c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

Ans. : (c) भारतीय संविधान का अनु.-32 (संवैधानिक उपचारों का अधिकार) को डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का हृदय स्थल तथा आत्मा कहा है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे तथा इन्हें संविधान का जनक माना जाता है।

22. सती प्रथा व्यवस्था का विरोध सर्वप्रथम किसने किया था?

(a) महात्मा गाँधी
(b) राजा राम मोहन राय
(c) अकबर
(d) पण्डित जवाहर लाल नेहरू

Ans. : (c) अकबर के द्वारा सर्वप्रथम सती प्रथा का विरोध किया गया। जबकि आधुनिक भारत में राजा राम मोहन राय के प्रयासों के फलस्वरूप लार्ड विलियम बैंटिक के द्वारा 1829 ई. में सती प्रथा का अन्त कर दिया गया।

23. सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए श्रीलंका किसे भेजा?

(a) बुद्ध गुप्त (b) अश्वघोष
(c) वसुमित्र (d) महेन्द्र

Ans. : (d) मौर्य सम्राट अशोक ने श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए अपने पुत्र (महेन्द्र) तथा पुत्री (संघमित्रा) को श्रीलंका भेजा।

24. चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रधानमन्त्री कौन था?

(a) बाणभट्ट (b) चाणक्य
(c) सम्प्रति (d) धनानन्द

Ans. : (b) चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य (विष्णुगुप्त)/कौटिल्य की सहायता से नन्द वंश के अंतिम शासक घनानन्द को पराजित कर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।

25. हड़प्पा सभ्यता का सम्बन्ध किस विदेशी सभ्यता से था?

(a) इन्का (b) एजटेक
(c) बेबीलोनिया (d) माया

Ans. : (c) हड़प्पा सभ्यता का संबंध बेबीलोनिया सभ्यता से था। बेबीलोनिया सभ्यता का उद्भव फारस में हुआ था।

26. प्रधानमन्त्री है–

(a) राष्ट्र प्रमुख (b) राष्ट्र एवं शासन प्रमुख
(c) शासन प्रमुख (d) उपरोक्त सभी

Ans. : (c) भारतीय संविधान के अनुसार भारत का प्रधानमंत्री शासन प्रमुख होता है जो लोकसभा में बहुमत दल का नेता होता है। इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति को देश का प्रमुख माना जाता है।

27. इस राज्य में कुल राष्ट्रीय उद्यान वन्य जीव अभ्यारण्यों की संख्या है–

(a) 3-11 (b) 4-7
(c) 5-8 (d) 6-10

Ans. : (a) छत्तीसगढ़ राज्य में 3 राष्ट्रीय उद्यान तथा 11 वन्य जीव अभ्यारण्य हैं।

28. महाराष्ट्र में संत तुकाराम ने किस पंथ की स्थापना की?

(a) वारकरी (b) नाथपंथी
(c) ज्ञानपंथी (d) नरहरी

Ans. : (a) संत तुकाराम महाराष्ट्र के प्रमुख समाज सुधारक थे। इन्होंने महाराष्ट्र में वारकरी सम्प्रदाय की स्थापना की थी।

29. वायुमण्डल में सबसे अधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?

(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन (d) हाइड्रोजन

Ans. : (c) वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा में नाइट्रोजन गैस पाई जाती है। वायुमण्डल में इस गैस की मात्रा लगभग 78% होती है जबकि ऑक्सीजन की मात्रा वायुमण्डल में लगभग 21% तथा कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 0.03% होती है।

30. सिन्धु घाटी सभ्यता के किस स्थान की सर्वप्रथम खुदाई की गई?

(a) मोहनजोदड़ो (b) कालीबंगन
(c) हड़प्पा (d) लोथल

Ans. : (c) सिंधु घाटी सभ्यता में सर्वप्रथम खुदाई हड़प्पा स्थल पर की गई। 1921 ई. में दयाराम साहनी द्वारा इस स्थल की खुदाई की गई। हड़प्पा स्थल की प्रथम खदान होने के कारण इस सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है।

31. सातवाहन वंश के शासकों की कार्यालयी भाषा थी–

(a) संस्कृत (b) तमिल
(c) प्राकृत (d) मगधी

Ans. : (c) सातवाहन वंश के शासकों की कार्यालयी भाषा प्राकृत थी जबकि लिपि ब्राह्मी थी। सातवाहन महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश के हिस्सों पर शासन करते थे। इस वंश का संस्थापक **सिमुक** तथा इस वंश के सबसे प्रतापी शासक गौतमीपुत्र शातकर्णी थे।

32. मलिक मोहम्मद जायसी किस ग्रंथ के रचयिता थे?

(a) राणावत (b) पद्मावत
(c) कुसुमावत (d) कृष्णावत

Ans. : (b) मलिक मुहम्मद जायसी हिन्दी के प्रसिद्ध भक्तिकालीन कवि थे। इनका निवास स्थान जायस (रायबरेली, उत्तर प्रदेश) था इस कारण इन्हें जायसी उपनाम से जाना जाता है। इनकी प्रमुख रचना है–पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम आदि।

33. निम्नलिखित में से ऊँचाई पर स्थित सामरिक स्थल (हिम क्षेत्र) कौन-सा है?

(a) सियाचिन (b) सिक्किम
(c) गंगोत्री (d) यमुनोत्री

Ans. : (a) सियाचिन ग्लेशियर लद्दाख संघशासित क्षेत्र में पड़ता है। यह ऊँचाई पर स्थित सामरिक स्थल (हिम क्षेत्र) है।

34. भारत में हरित क्रान्ति के तहत चावल बोया गया। सही राज्य चुनें–

(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

Ans. : (d) भारत में हरित क्रांति के तहत चावल की कृषि तमिलनाडु राज्य में की गई। भारत में हरित क्रांति की शुरूआत 1967 में की गई। हरित क्रांति का जनक एम. एस. स्वामीनाथन को माना जाता है। इस क्रांति के तहत भारत में खाद्यान्न कृषि को बढ़ाने का प्रयास किया गया तथा यह प्रयास सफल भी रहा।

35. निम्नलिखित में कौन-सा शहर मौर्य साम्राज्य की राजधानी थी?

(a) पाटिलीपुत्र (b) सांची
(c) सारनाथ (d) रतनपुर

Ans. : (a) मौर्य साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से 322 ई. पू. में मगध में की थी तथा अपने साम्राज्य की राजधानी पाटिलीपुत्र को बनाया।

36. बहुद्देशीय बाँधों में भारत का सबसे लम्बा बाँध है–

(a) हीराकुड बाँध (b) भाखड़ा नांगल बाँध
(c) नागार्जुन सागर बाँध (d) कोयला बाँध

Ans. : (a) भारत में सबसे लम्बा बाँध हीराकुंड बाँध है। यह बाँध ओडिशा में महानदी पर बनाया गया है। इस बाँध की लम्बाई 4.8 किमी. है। इस बाँध का निर्माण बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजना के तहत किया गया है।

37. भारत के कितने राज्यों से कर्क रेखा होकर गुजरती है?

(a) 5 (b) 8
(c) 7 (d) 6

Ans. : (b) कर्करेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है। ये राज्य हैं–गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम।

38. प्राचीन भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण साहित्यिक स्त्रोत क्या है?

(a) फारसी साहित्य (b) संस्कृत साहित्य
(c) उर्दू साहित्य (d) हिन्दी साहित्य

Ans. : (b) प्राचीन भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण साहित्यिक स्त्रोत संस्कृत साहित्य है क्योंकि प्राचीन काल में लिखे गये वेद, पुराण, उपनिषद, आरण्यक आदि साहित्य संस्कृत भाषा में ही लिखे गये थे।

39. बाबर और राणा सांगा के बीच कौन-सा युद्ध हुआ था?

(a) पानीपत का युद्ध
(b) चन्देरी का युद्ध
(c) खानवा का युद्ध
(d) कन्नौज का युद्ध

Ans. : (c)बाबर और राणा सांगा के बीच 1527 ई. में खानवा का युद्ध हुआ था। इस युद्ध में बाबर को विजय मिली।

40. राजाओं के पुत्र न होने की स्थिति में भारतीय राज्यों के अधिग्रहण की ब्रिटिश नीति कहलाती थी–

(a) मुनरो सिद्धान्त (b) हड़प का सिद्धान्त
(c) बल का सिद्धान्त (d) त्याग का सिद्धान्त

Ans. : (b) राजाओं के पुत्र न होने पर भारतीय राज्यों के अधिग्रहण की नीति 'हड़प का सिद्धान्त' कहलाती है। इस नीति का प्रतिपादन लार्ड डलहौजी के द्वारा किया गया। इस नीति के तहत सतारा राज्य का अधिग्रहण सर्वप्रथम 1848 ई. में किया गया। अन्य राज्यों नागपुर, झांसी, अवध आदि का अधिग्रहण भी इसी नीति के तहत किया गया।

41. निम्नलिखित में से कौन-सा मूल अधिकार नहीं है?

(a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(b) सम्पत्ति का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) शान्तिपूर्ण तरीके से एकत्रित होने का अधिकार

Ans. : (b) वर्तमान समय में सम्पत्ति का अधिकार मूल अधिकार नहीं है। यह वैधानिक एवं कानूनी अधिकार अनुच्छेद–300 (क) है। पूर्व में सम्पत्ति का अधिकार मूल अधिकार के अन्तर्गत आता था परन्तु 44वें संविधान संशोधन (1978) में इसे मूल अधिकार से निकाल दिया गया।

42. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में स्थापित इस राज्य की प्रमुख औद्योगिक नगरी कहाँ स्थित है?

(a) कोरबा (b) नायगढ़
(c) भिलाई (d) बिलासपुर

Ans. : (c) द्वितीय पंचवर्षीय योजना को महालनोविस मॉडल भी कहा जाता है। इस योजना के तहत भारत में औद्योगीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया तथा प्रमुख स्थानों पर बड़े-बड़े इस्पात उद्योगों की स्थापना की गई जिनमें भिलाई (छत्तीसगढ़), बोकारो (झारखण्ड), राउरकेला (ओडिशा), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) आदि प्रमुख हैं।

43. माना, पाखांजूर और मैनपाट का सम्बन्ध किससे है?

(a) धार्मिक स्थल (b) शरणार्थी स्थल

(c) ऐतिहासिक स्थल (d) युद्ध स्थल

उत्तर (b) माना, पाखांजूर और मैनपाट का सम्बन्ध शरणार्थी स्थल से है। यह सभी स्थल छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित हैं।

44. इस राज्य में अस्पृश्यता उन्मूलन के कार्य को करने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे?

(a) माधवराव सप्रे

(b) सुंदरलाल शर्मा

(c) ठाकुर छेदीलाल

(d) प्यारोलाल सिंह

Ans. : (b) छत्तीसगढ़ राज्य में अस्पृश्यता का उन्मूलन का कार्य करने वाले व्यक्ति सुन्दरलाल शर्मा थे। इनका जन्म 1881 ई. में राजिम (रायपुर) में हुआ था। महात्मा गाँधी को सर्वप्रथम (1920 ई.) छत्तीसगढ़ लाने का श्रेय सुन्दरलाल शर्मा जी को ही है।

45. कौन-सा सूफी सन्त सम्राट अकबर के दरबार में था?

(a) शेख सलीम

(b) शेख नगौरी

(c) ख्वाजा मोईनुद्दीन

(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (d) विकल्पों में दिए गए सभी संत चिश्ती सूफी सिलसिले से संबंधित थे तथा चिश्ती सूफी दरबार में नहीं रहते थे। वे शान-ओ-शौकत से दूर रहते थे। शेख सलीम चिश्ती अकबर के शासन काल के थे तथा इनका निवास स्थल फतेहपुर सीकरी था। इन्हीं के आशीर्वाद से सलीम (जहाँगीर) का जन्म हुआ था।

46. सूर्य की किन किरणों का अवशोषण ओजोन परत द्वारा किया जाता है?

(a) पराबैंगनी किरण

(b) एक्स किरण

(c) गामा किरण

(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (a) सूर्य की किरणों में आने वाली पराबैंगनी किरणों का अवशोषण ओजोन परत के द्वारा कर लिया जाता है। ओजोन परत समताप मण्डल के निचले सतह पर स्थित होती है। पराबैंगनी किरणों के पृथ्वी पर आने पर अनेक प्रकार की शारीरिक एवं प्राकृतिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जैसे–त्वचा कैंसर, वनस्पतियों का नष्ट होना, आँख की रोशनी खराब हो जाना आदि।

47. समुद्री भूकम्पीय तरंग को क्या कहते हैं?

(a) सुनामी

(b) पनामी

(c) सिसमी

(d) मियामी

Ans. : (a) समुद्री भूकम्पीय तरंगों को सुनामी कहा जाता है। सुनामी जापानी भाषा का शब्द होता है। इसका अर्थ है तट पर आती हुई/आने वाली लहरें। सुनामी से अत्यधिक मात्रा में जन-धन की हानि होती है।

48. किस स्थान में 1857 के सिपाही विद्रोह की प्रथम घटना हुई ?

(a) मेरठ

(b) कानपुर

(c) बैरकपुर

(d) लखनऊ

Ans. : (c) 1857 के सिपाही विद्रोह की प्रथम घटना बैरकपुर में सैनिक मंगल पाण्डे के द्वारा की गई। चर्बीयुक्त कारतूस के प्रयोग से इंकार की घटना 1857 की क्रांति की तात्कालिक कारण मानी जाती है।

49. संसद का निर्माण होता है–

(a) लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों से

(b) राष्ट्रपति, लोकसभा एवं राज्यसभा से

(c) सिर्फ लोकसभा से

(d) सिर्फ राज्यसभा से

Ans. : (b) भारतीय संविधान के अनुसार संसद का निर्माण राष्ट्रपति, लोकसभा तथा राज्यसभा से मिलकर होता है। लोकसभा को निम्न सदन तथा राज्यसभा को उच्च सदन माना जाता है।

50. किस मौर्य सम्राट ने जैन भिक्षु बनने के पश्चात् सिंहासन त्याग दिया?

(a) चन्द्रगुप्त

(b) अशोक

(c) कुणाल

(d) बिन्दुसार

Ans. : (a) मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अन्तिम समय में अपने पुत्र के पक्ष में सिंहासन त्याग दिया तथा अपने गुरु भद्रबाहु से जैन धर्म की दीक्षा ग्रहण की तथा श्रवणवेलगोला पहाड़ी पर चले गये तथा वहीं संलेखना क्रिया के द्वारा अपने शरीर का त्याग कर दिया।

51. अगस्त 1930 में इस राज्य के किस स्थान में जंगल सत्याग्रह हुआ?

(a) रुद्री नवागाँव (b) गट्टा सिल्ली

(c) तमोरा (d) पोड़ीगाँव

Ans. : (a) छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम जंगल सत्याग्रह 1922 ई. में 'सिहाबा नगरी' रायपुर में तथा द्वितीय सत्याग्रह अगस्त 1930 ई. को रुद्री नवागाँव में हुआ था।

52. भक्ति आन्दोलन में किसका योगदान नहीं था?

(a) मीराबाई
(b) कबीरदास
(c) एकनाथ
(d) बाबर

Ans. : (d) बाबर भारत में मुगल वंश का संस्थापक था। भक्ति आंदोलन से इसका कोई संबंध नहीं था। भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत– कबीर, सूरदास, तुलसीदास, मीराबाई, रामानन्द, बल्लभाचार्य आदि थे।

53. सती प्रथा के विरुद्ध कानून बनाने वाले गवर्नर-जनरल का नाम था–

(a) लार्ड बैंटिक
(b) लार्ड डलहौजी
(c) लार्ड रिपन
(d) लार्ड कार्नवालिस

Ans. : (a) राजाराम मोहनराय के अथक प्रयासों से भारत के गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक ने सती प्रथा के विरुद्ध कानून बना कर उसे अवैध घोषित कर दिया। 1829 ई. में सती प्रथा का अन्त कर दिया गया।

54. 'इण्डिका' का लेखक था–

(a) अलबरुनी
(b) जस्टिन
(c) मेगास्थनीज
(d) स्ट्रोबो

उत्तर (c) मेगास्थनीज के द्वारा **इण्डिका** नामक पुस्तक की रचना की गई। मेगास्थनीज सेल्यूकस का दूत था तथा चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। मेगास्थनीज ने अपनी पुस्तक इण्डिका में भारतीय समाज का अच्छी तरह से वर्णन किया है।

55. रिक्टर पैमाने का आधार है–

(a) तीव्रता
(b) घनत्व
(c) आकार (परिणाम)
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. : (a) रिक्टर पैमाने का प्रयोग भूकम्प की तीव्रता मापने के लिए किया जाता है। यह पैमाना सिस्मोग्राफ यंत्र में लगा होता है जो तरंगों के आयामों की गणना करता है।

56. निम्नलिखित में से सही जोड़ी कौन-सी है?

(a) SAIL - कोरबा
(b) पावर ग्रिड - कुम्हारी
(c) एनटीपीसी - बस्तर
(d) एस.ई.सी.एल. - राजनांदगाँव

Ans. : (b) सही मिलान

SAIL	–	भिलाई (दुर्ग) (छत्तीसगढ़)
पावर ग्रिड	–	कुम्हारी (दुर्ग) (छत्तीसगढ़)
NTPC	–	कोरबा (छत्तीसगढ़)
एस. ई. सी. एल.	–	बिलासपुर। (छत्तीसगढ़)

57. किस मुगल सम्राट ने फतेहपुर सीकरी में बुलन्द दरवाजा बनवाया था?

(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर (d) औरंगजेब

Ans. : (a) मुगल बादशाह अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष्य में 1602 ई. में फतेहपुर सीकरी में बुलन्द दरवाजे का निर्माण करवाया।

58. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य किस संविधान संशोधन में जोड़ा गया?

(a) 44वाँ संविधान संशोधन
(b) 42वाँ संविधान संशोधन
(c) 46वाँ संविधान संशोधन
(d) 43वाँ संविधान संधोधन

Ans. : (b) स्वर्ण सिंह समिति के सुझाव पर 42वें संविधान संशोधन (1976 ई.) के द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्य के रूप में संविधान में भाग 4 'क' जोड़ा गया। मौलिक कर्त्तव्य की अवधारणा रूस के संविधान से ग्रहण की गई है।

59. दुर्ग जिले में स्थित 'जामुल' किस उद्योग के लिए जाना जाता है?

(a) एल्युमीनियम उद्योग
(b) सीमेन्ट उद्योग
(c) लोह एवं इस्पात उद्योग
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. : (b) छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित जामुल सीमेंट उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

60. किस गवर्नर जनरल ने भारतीय राज्यों के प्रति सहायक सन्धि की नीति अपनाई थी?

(a) वारेन हेस्टिंग्स
(b) लार्ड कार्नवलिस
(c) लार्ड वेलेजली
(d) लार्ड मिन्टो

Ans. : (c) गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली द्वारा भारतीय राज्यों के प्रति सहायक संधि की नीति का प्रतिपादन किया। सहायक संधि करने वाला भारत का प्रथम राज्य हैदराबाद (1798 ई.) था।